श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला

स्वामि-कुमार-विरचिता

कार्त्तिकेयानुप्रेक्षा

(कत्तिगेयाणुप्पेक्खा)

प्रामाणिकरीत्या शुभचन्द्रविरचितया संस्कृतटीकया समेता
पाठान्तरादिभिः प्रस्तावनादिभिश्च समलंकृता

•

'कोल्हापुर' 'राजाराम कॉलेज' महाविद्यालये
अर्धमागधीभाषाध्यापकेन
उपाध्यायोपाह्व-नेमिनाथतनय-आदिनाथ
इत्यनेन
पं. कैलाशचन्द्र शास्त्रिकृत
हिन्दीभाषानुवादेन सह संपादिता ।

•

प्रकाशक
श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल
श्रीमद् राजचंद्र आश्रम, अगास

श्री वीरनिर्वाण संवत्
२५१६

मूल्य रू. २८/-

श्री विक्रम संवत्
२०४६

Śrīmad
Rājachandra Jaina Śāstramālā

SVĀMI-KUMĀRA'S

KĀRTTIKEYĀNUPREKṢĀ

(Kattigeyāṇuppekkhā)

— AN EARLY TREATISE ON JAINA DOCTRINES, ESPECIALLY ANUPREKṢĀS—

The Prākrit Text Critically Edited, along with the Sanskrit Commentary of Śubhacandra, With Various Readings, Introduction, Appendices etc.

By

Professor A. N. UPADHYE, M. A., D. Litt.
Rajaram College, Kolhapur,

With the Hindī Anuvāda of

Pt. KAILĀSHCHANDRA SHĀSTRI
Syādvāda-mahāvidyālaya, Banāras.

Published by :-
Srī Parama-Śruta Prabhāvaka Mandal
Shrīmad Rājchandra Āshram, Agās

1990

Price Rs 28/-

"भगवान तीर्थंकर भी बारह भावनाओके स्वभावका चिन्तन करके संसार, देह एवं भोगसे विरक्त हुए हैं। ये चिन्तनाएँ वैराग्यकी माता है। समस्त जीवोंका हित करनेवाली है। अनेक दुःखोंसे व्याप्त संसारी जीवोके लिये ये चिन्तनाएँ अति उत्तम शरण है। दुःखरूप अग्निसे संतप्त जीवोके लिये शीतल पद्मवनके मध्यमे निवासके समान है। परमार्थमार्गको दिखानेवाली है। तत्त्वका निर्णय करानेवाली है। सम्यक्त्व उत्पन्न करनेवाली है। अशुभ ध्यानका नाश करनेवाली हैं। इन द्वादश चिन्तनाओंके समान इस जीवका हित करनेवाला दूसरा कोई नहीं है। ये द्वादशांगका रहस्य है।"

– श्रीमद् राजचद्र

"कर्मगति विचित्र है। निरन्तर मैत्री, प्रमोद, करुणा और उपेक्षा भावना रखियेगा।

मैत्री अर्थात् सर्व जगतसे निर्वैरबुद्धि; प्रमोद अर्थात् किसी भी आत्माके गुण देखकर हर्षित होना, करुणा अर्थात् संसार-तापसे दु.खी आत्माके दु.खसे अनुकम्पा आना; और उपेक्षा अर्थात् निःस्पृहभावसे जगतके प्रतिबन्धको भूलकर आत्महितमें आना। ये भावनाएँ कल्याणमय और पात्रता देनेवाली हैं।"

—श्रीमद् राजचद्र

भावयामि भवावर्ते भावनाः प्रागभाविता।

भावये भाविता नेति भवाभावाय भावनाः॥

गुणभद्र—आत्मानुशासन, २३८

Table of Contents

Preface by the Editor VII

प्रकाशकीय निवेदन VIII

श्रीमद् राजचंद्र IX-XVI

Introduction 1–88

1) Critical Apparatus 1–6

2) Anuprekṣās 6–10

- a) Etymology and Meaning 6
- b) What They are in General 7
- c) Their Position in Jaina Ideology 7
- d) Their Purpose and Scope 9
- e) Their Twofold Enumeration 10

3) Anuprekṣā in Jaina Literature 11–42

- a) Canonical Strata 11–20
- b) The Tattvārthasūtra and Its Commentaries 20
- c) Detailed Exposition 21–30
- d) Incidental Exposition 30–38
- e) Use of the Term Bhāvanā 38–40
- f) Concluding Remarks 40
- g) Counterparts of Anuprekṣā in Buddhism 40–42

4) Kattigeyāṇuppekkhā 43–79

- a) Its Genuine Title 43
- b) Formal Description 43
- c) Summary of the Contents 44–60
- d) A Comparative Study 60–62
- e) A Compendium of Jaina Dogmatics 63–64
- f) Its Author 64–67
- g) Its Age 67–72
- h) Its Prākrit Dialect 72–78

5) Śubhacandra and His Sanskrit Commentary 79–80

- a) Details about Śubhacandra 79
- b) His Various Works 82
- c) His Ṭīkā on the K.-Anuprekṣā 83–88
  - i) Its General Nature 83
  - ii) Its Striking Indebtedness to Others 84
  - iii) Some Works and Authors mentioned by Śubhacandra 85
  - iv) Value of the Ṭīkā for K.-Anuprekṣā 86
  - v) Śubhacandra as an Author and Religious Teacher 87–88

Index to Introduction 89–90

कार्त्तिकेयानुप्रेक्षाकी विषयसूची ९१-९९
Prākrit Text, Sanskrit Commentary and Hindī Anuvāda 1-396
Kattigeyāṇuppekkhā. Text with Various Readings 397-440
Index of Gāthās 441-448
Alphabetical Index of quotations in the Sanskrit commentary with their sources 449-465
Index of Technical Terms 466-69
Index of Proper Names 469-71
Index of Works Referred to 472

Preface
(First Edition)

The *Bārasa-Anuvĕkkhā*, or what is usually known as *Kārttikeyānuprekṣā* (in Prākrit, *Kattigeyāṇuppĕkkhā*), of Svāmi Kumāra is an exhaustive treatise dealing with Jaina doctrines, especially the twelve Anuprekṣās. By virtue of Jayacandra's Vacanikā in Hindī, it attained great popularity among the Jainas; and it had already attracted the attention of R. G. BHANDARKAR and R. PISCHEL among the oriental scholars. A critical edition of it was a long-felt desideratum.

I yearned since long to bring out a critical edition of the *Kattigeyāṇuppĕkkhā*; and after long-drawn and chequered labours I feel relieved that I am putting in the hands of scholars its critically edited Text along with the (only available) Sanskrit commentary of Śubhacandra. For the general reader, the Hindī Translation also is included here.

The Anuprekṣās, as topics of reflection, are of great religious significance; and in Jainism, they have played a fruitful rôle. Their significance, scope and purpose and their evolution through and exposition in different strata of Jaina literature are discussed in detail in the Introduction. Different aspects of the text are critically studied, and fresh light is thrown on the personality and age of Svāmi Kumāra. Śubhacandra's commentary is presented as satisfactorily as possible from the available Mss. Personal details about him and his literary activities are collected; and the contents, sources and language of his commentary are critically scrutinised.

For reasons beyond my control, the work lingered in the press for a long time; and I feel sorry that many of my friends and colleagues were kept waiting for it. But for the personal interest of the Managers of the Nirṇaya Sāgara Press, especially Shri R. L. SHIRSEKAR and F. S. KALE, the Introduction would not have been printed so speedily.

I offer my sincere thanks to the late Br. SHITALPRASADAJI who was keenly interested in this edition and secured two Mss. from Lucknow for my use. My thanks are also due to Svasti Śrī LAKṢMĪSENA Bhaṭṭāraka, Kolhapur, Shri PANNALAL JAINA AGRAWAL, Delhi, and the Curator, Bhandarkar Oriental Research Institute for the loan of Mss. It was very kind of Pt. KAILASHCHANDRA SHASTRI, Banaras, who prepared the Hindī Anuvāda and extended his cooperation to me in various ways. Thanks are also due to Muni Śrī PUNYAVIJAYAJI, Ahmedabad, Dr. P. L. VAIDYA, Poona, Pt. DALASUKHABHAI MALAVANIA, Ahmedabad, Dr. P. K. GODE, Poona, Dr. HIRALAL JAIN, Muzaffarpur, Pt. BALACHANDA SHASTRI, Sholapur, and Pt. JINADAS SHASTRI, Sholapur, for their suggestions etc. in different contexts.

Lately, the management of the Rāyacandra Jaina Śāstramālā has changed hands, and it is looked after by Shri Raojibhai Desai of Śrīmad Rājacandra Āśrama, Agas, who is pushing its publications with keen interest and great zeal. My thanks are due to him for all his kind cooperation, and also to the Trustees of the Āśrama, Agas, who are making worthy efforts for the progress of this Śāstramālā.

During the last thirty years, I have uniformly drawn upon the scholarship and goodness of Pt. Jugalkishore Mukthar, Delhi, and Pt. Nathuram Premi, Bombay, throughout my scholastic activities; and if I dedicate this book to them on the eve of my retirement from service, I am only doing, in my humble way, a little of duty which I owe to these great scholars. What pains me most and moves me is that Pt. Premiji did not live to see this book published.

The Editor acknowledges his indebtedness to the University of Poona for the grant-in-aid given towards the publication of this book.

karmaṇyevādhikārs te ।

Rājārām College,
Kolhāpur
Mahāvīra Jayanti
9-4-1960

A. N. Upādhye

प्रकाशकीय निवेदन

(प्रथम संस्करण)

श्री स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षाकी नवीन आवृत्ति आज इस संस्थाकी ओरसे प्रकाशित हो रही है। इसमें श्रीशुभचन्द्रकी संस्कृत टीका तथा जैन समाजके प्रसिद्ध विद्वान पं. कैलाश चन्द्रजी शास्त्रीका हिन्दी अनुवाद भी दे दिया गया है। इससे इसमें सोनेमें सुगन्ध आगई है। यह आवृत्ति पाठकोंके लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी। संस्कृत अभ्यासी भी इससे लाभ उठा सकेंगे। अभी तक इसकी कोई संस्कृत टीका प्रकाशमें नहीं आई थी। संस्थाधिकारियोंने इसको प्रकाशित कराके वीतराग वाणीकी अपूर्व सेवा द्वारा पुण्यानुबन्धी पुण्य का संचय किया है।

इसके सम्पादन तथा संशोधनमें श्रीमान् डॉक्टर आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय, प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापुर, ने काफी परिश्रम उठाया है। आपने अपनी सर्व शक्ति से इसे सुन्दर तथा रोचक बनानेका जो प्रयत्न किया है उसके लिये यह संस्था सदा आपकी आभारी है। श्री उपाध्यायजी आज विश्वके साहित्यकारोंमें मुख्य माने जाते हैं। आपके द्वारा अनेक ग्रन्थोंका सम्पादन हुआ है, तथा वर्तमानमें हो रहा है।

हमें आशा है कि भविष्यमें भी आप इस ग्रन्थमालाको अपनी ही समझकर सेवामें सहयोग देते रहेंगे।

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम,
अगास, वाया आणंद,
फाल्गुन शुक्ला पूर्णिमा
ता. १३-३-६०

निवेदक
रावजीभाई देसाई

श्रीमद् राजचंद्र

जन्म . ववाणिया
वि. सं १९२४, कार्तिक पूर्णिमा, रविवार

देहविलय . राजकोट
वि स. १९५७ चैत्र वदी ५, मंगलवार

इस युगके महान् तत्ववेत्ता

श्रीमद् राजचन्द्र

जिस महापुरुषकी विश्वविहारी प्रज्ञा थी, अनेक जन्मोंमें आराधित जिसका योग था अर्थात् जन्मसे ही योगीश्वर जैसी जिसकी निरपराध वैराग्यमय दशा थी तथा सर्व जीवोंके प्रति जिसका विश्वव्यापी प्रेम था, ऐसे आश्चर्यमूर्ति महात्मा श्रीमद् राजचन्द्रका जन्म महान् तत्त्वज्ञानियोंकी परम्परारूप इस भारतभूमिके गुजरात प्रदेशान्तर्गत सौराष्ट्रके ववाणिया बंदर नामक एक शान्त रमणीय गाँवके वणिक कुटुम्बमें विक्रम संवत् १९२४ (ईस्वी सन् १८६७) की कार्तिकी पूर्णिमा रविवारको रात्रिके दो बजे हुआ था। इनके पिताका नाम श्री रवजीभाई पंचाणभाई मेहता और माताका नाम श्री देवबाई था। इनके एक छोटा भाई और चार बहनें थी। श्रीमद्जीका प्रेम-नाम 'लक्ष्मीनन्दन' था। बादमें यह नाम बदलकर 'रायचन्द' रखा गया और भविष्यमें आप 'श्रीमद् राजचन्द्र' के नामसे प्रसिद्ध हुए।

बाल्यावस्था, समुच्चय वयचर्या

श्रीमद्जीके पितामह श्रीकृष्णके भक्त थे और उनकी माताजी देवबाई जैनसंस्कार लाई थी। उन सभी संस्कारोंका मिश्रण किसी अद्भुत ढंगसे गंगा-यमुनाके संगमकी भाँति हमारे बाल-महात्माके हृदयमें प्रवाहित हो रहा था। अपनी प्रौढ़ वाणीमें बाईस वर्षकी उम्रमें इस बाल्यावस्थाका वर्णन 'समुच्चयवयचर्या' नामके लेखमें उन्होंने स्वयं किया है—

"सात वर्ष तक एकान्त बालवयकी खेलकूदका सेवन किया था। खेलकूदमें विजय पानेकी और राजेश्वर जैसी उच्च पदवी प्राप्त करनेकी परम अभिलाषा थी। वस्त्र पहननेकी, स्वच्छ रखनेकी, खाने-पीनेकी, सोने-बैठनेकी, सारी विदेही दशा थी; फिर भी अन्तःकरण कोमल था। वह दशा आज भी बहुत याद आती है। आजका विवेकी ज्ञान उस वयमें होता तो मुझे मोक्षके लिये विशेष अभिलाषा न रहती।

सात वर्षसे ग्यारह वर्ष तकका समय शिक्षा लेनेमें बीता। उस समय निरपराध स्मृति होनेसे एक ही बार पाठका अवलोकन करना पड़ता था। स्मृति ऐसी बलवत्तर थी कि वैसी स्मृति बहुत ही थोड़े मनुष्योंमें इस कालमें, इस क्षेत्रमें होगी। पढ़नेमें प्रमादी बहुत था। बातोंमें कुशल, खेलकूदमें रुचिवान और आनन्दी था। जिस समय शिक्षक पाठ पढ़ाता, उसी समय पढ़कर उसका भावार्थ कह देता। उस समय मुझमें प्रीति—सरल वात्सल्यता—बहुत थी। सबसे ऐक्य चाहता, सबमें भ्रातृभाव हो तभी सुख, यह मैंने स्वाभाविक सीखा था। उस समय कल्पित बातें करनेकी मुझे बहुत आदत थी। आठवें वर्षमें मैंने कविता की थी, जो बादमें जाँचने पर समाप थी।

अभ्यास इतनी त्वरासे कर सका था कि जिस व्यक्तिने मुझे प्रथम पुस्तकका बोध देना शुरू किया था उसीको गुजराती शिक्षण भली-भाँति प्राप्त कर उसी पुस्तकका पुनः मैंने बोध किया था।

मेरे पितामह कृष्णकी भक्ति करते थे। उनसे उस वयमें कृष्णकीर्तनके पद मैंने सुने थे तथा भिन्न-भिन्न अवतारोंके संबंधमें चमत्कार सुने थे, जिससे मुझे भक्तिके साथ-साथ उन अवतारोंमें प्रीति हो गई थी, और रामदासजी नामके साधुके पास मैंने बाल-लीलामें कंठी बँधवाई थी। ···उनके सम्प्रदायके महन्त होवें, जगह-जगह पर चमत्कारसे हरिकथा करते होवें और त्यागी होवें तो कितना आनन्द आये ? यही कल्पना हुआ करती; तथा कोई वैभवी भूमिका देखता कि समर्थ वैभवशाली होनेकी इच्छा होती।····गुजराती भाषा-की वाचनमालामें जगतकर्ता सम्बन्धी कितने ही स्थलोंमें उपदेश किया है वह मुझे दृढ़ हो गया था, जिससे

जैन लोगोंके प्रति मुझे बहुत जुगुप्सा आती थी''''तथा उस समय प्रतिमाके अश्रद्धालु लोगोंकी क्रियाएँ मेरे देखनेमें आई थी, जिससे वे क्रियाएँ मलिन लगनेसे मैं उनसे डरता था अर्थात् वे मुझे प्रिय न थी।

लोग मुझे पहलेसे ही समर्थ शक्तिशाली और गाँवका नामांकित विद्यार्थी मानते थे, इसलिए मैं अपनी प्रशंसाके कारण जानबूझकर वैसे मंडलमें बैठकर अपनी चपल शक्ति दर्शानेका प्रयत्न करता। कंठीके लिए बार-बार वे मेरी हास्यपूर्वक टीका करते; फिर भी मैं उनसे वाद करता और उन्हें समझानेका प्रयत्न करता। परन्तु धीरे-धीरे मुझे उनके (जैनके) प्रतिक्रमणसूत्र इत्यादि पुस्तकें पढ़नेके लिए मिली; उनमें बहुत विनयपूर्वक जगतके सब जीवोंसे मित्रता चाही है। अतः मेरी प्रीति इसमें भी हुई और उसमें भी रही। धीरे-धीरे यह प्रसग बढा। फिर भी स्वच्छ रहनेके तथा दूसरे आचार-विचार मुझे वैष्णवोंके प्रिय थे और जगतकर्त्ताकी श्रद्धा थी। उस अरसेमें कंठी टूट गई; इसलिए उसे फिरसे मैंने नहीं बाँधा। उस समय बाँधने, न बाँधनेका कोई कारण मैंने ढूँढ़ा नही था। यह मेरी तेरह वर्षकी वयचर्या है। फिर मैं अपने पिताकी दूकान पर बैठता और अपने अक्षरोंकी छटाके कारण कच्छ-दरबारके उतारे पर मुझे लिखनेके लिए बुलाते तब मैं वहाँ जाता। दूकान पर मैंने अनेक प्रकारकी लीला-लहर की है, अनेक पुस्तकें पढ़ी हैं, राम इत्यादिके चरित्रो पर कविताएँ रची है, सांसारिक तृष्णाएँ की हैं, फिर भी किसीको मैंने न्यून-अधिक भाव नहीं कहा या किसीको न्यून-अधिक तोल कर नही दिया, यह मुझे निश्चित याद है।'' (पत्रांक ८९)

जातिस्मरणज्ञान और तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति

श्रीमद्‌जी जिस समय सात वर्षके थे उस समय एक महत्त्वपूर्ण प्रसग उनके जीवनमें बना। उन दिनों ववाणियामें अमीचन्द नामके एक गृहस्थ रहते थे जिनका श्रीमद्‌जीके प्रति बहुत प्रेम था। एक दिन साँपके काट खानेसे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। यह बात सुनकर श्रीमद्‌जी पितामहके पास आये और पूछा—'अमीचन्द गुजर गये क्या ?' पितामहने सोचा कि मरणकी बात सुननेसे बालक डर जायेगा, अत उन्होंने, ब्यालू कर ले, ऐसा कहकर वह बात टालनेका प्रयत्न किया। मगर श्रीमद्‌जी बार-बार वही सवाल करते रहे। आखिर पितामहने कहा—'हाँ, यह बात सच्ची है।' श्रीमद्‌जीने पूछा—'गुजर जानेका अर्थ क्या ?' पितामहने कहा—'उसमेंसे जीव निकल गया, और अब वह चल-फिर या बोल नही सकेगा; इसलिए उसे तालाबके पासके स्मशानमें जला देंगे।' श्रीमद्‌जी थोडी देर घरमें इधर-उधर घूमकर छिपे-छिपे तालाब पर गये और तटवर्ती दो शाखावाले बबूल पर चढ कर देखा तो सचमुच चिता जल रही थी। कितने ही मनुष्य आसपास बैठे हुए थे। यह देखकर उन्हें विचार आया कि ऐसे मनुष्यको जला देना यह कितनी क्रूरता ! ऐसा क्यो हुआ ? इत्यादि विचार करते हुए परदा हट गया, और उन्हे पूर्वभवोंकी स्मृति हो आई। फिर जब उन्होने जूनागढ़का गढ देखा तब उस (जातिस्मरणज्ञान) में वृद्धि हुई।

इस पूर्वस्मृतिरूप ज्ञानने उनके जीवनमें प्रेरणाका अपूर्व नवीन अध्याय जोड़ा। इसीके प्रतापसे उन्हें छोटी उम्रसे वैराग्य और विवेककी प्राप्ति द्वारा तत्त्वबोध हुआ। पूर्वभवके ज्ञानसे आत्माकी श्रद्धा निश्चल हो गई। संवत् १९४९, कार्तिक वद १२ के एक पत्रमें लिखते हैं—''पुनर्जन्म है—जरूर है। इसके लिए 'मैं' अनुभवसे हाँ कहनेमें अचल हूँ। यह वाक्य पूर्वभवके किसी योगका स्मरण होते समय सिद्ध हुआ लिखा है। जिसने पुनर्जन्मादि भाव किये है, उस पदार्थको किसी प्रकारसे जानकर यह वाक्य लिखा गया है।'' (पत्रांक ४२४)

एक अन्य पत्रमें लिखते हैं—''कितने ही निर्णयोंसे मैं यह मानता हूँ कि इस कालमें भी कोई-कोई महात्मा गतभवको जातिस्मरणज्ञानसे जान सकते हैं, यह जानना कल्पित नही किंतु सम्यक् (यथार्थ) होता है ! उत्कृष्ट संवेग, ज्ञानयोग और सत्संगसे भी यह ज्ञान प्राप्त होता है अर्थात् पूर्वभव प्रत्यक्ष अनुभवमें आ जाता है। जब तक पूर्वभव अनुभवगम्य न हो तब तक आत्मा भविष्यकालके लिए सशंकित धर्मप्रयत्न किया करता है, और ऐसा सशंकित प्रयत्न योग्य सिद्धि नही देता।'' (पत्रांक ६४)

अवधान-प्रयोग, स्पर्शनशक्ति

वि० सं० १९४० से श्रीमद्जी अवधान-प्रयोग करने लगे थे। धीरे-धीरे वे *शतावधान तक पहुँच गये थे। जामनगरमें बारह और सोलह अवधान करने पर उन्हें 'हिन्दका हीरा' ऐसा उपनाम मिला था। वि० सं० १९४३ में १९ वर्षकी उम्रमें उन्होंने बम्बईकी एक सार्वजनिक सभामें डॉ० पिटर्सनकी अध्यक्षतामें शतावधानका प्रयोग दिखाकर बड़े-बड़े लोगोंको आश्चर्यमें डाल दिया था। उस समय उपस्थित जनताने उन्हें 'सुवर्णचन्द्रक' प्रदान किया था और 'साक्षात् सरस्वती' की उपाधिसे सम्मानित किया था।

श्रीमद्जीकी स्पर्शनशक्ति भी अत्यन्त विलक्षण थी। उपरोक्त सभामें उन्हें भिन्न-भिन्न प्रकारके बारह ग्रन्थ दिये गये और उनके नाम भी उन्हें पढ कर सुना दिये गये। बादमें उनकी आँखोंपर पट्टी बाँध कर जो-जो ग्रन्थ उनके हाथ पर रखे गये उन सब ग्रन्थोंके नाम हाथोंसे टटोलकर उन्होंने बता दिये।

श्रीमद्जीकी इस अद्भुत शक्तिसे प्रभावित होकर तत्कालीन बंबई हाईकोर्टके मुख्य न्यायाधीश सर चार्ल्स सारजन्टने उन्हें यूरोपमें जाकर वहाँ अपनी शक्तियाँ प्रदर्शित करनेका अनुरोध किया, परन्तु उन्होंने इसे स्वीकार नही किया। उन्हें कीर्तिकी इच्छा न थी, बल्कि ऐसी प्रवृत्ति आत्मोन्नतिमें बाधक और सन्मार्ग-रोधक प्रतीत होनेसे प्राय बीस वर्षकी उम्रके बाद उन्होंने अवधान-प्रयोग नहीं किये।

महात्मा गांधीने कहा था

महात्मा गाधीजी श्रीमद्जीको धर्मके सम्बन्धमें अपना मार्गदर्शक मानते थे। वे लिखते हैं—

"मुझ पर तीन पुरुषोने गहरा प्रभाव डाला है—टालसटॉय, रस्किन और रायचन्दभाई। टाल्सटॉयने अपनी पुस्तकों द्वारा और उनके साथ थोडे पत्रव्यवहारसे, रस्किनने अपनी एक ही पुस्तक 'अन्टु दि लास्ट' से—जिसका गुजराती नाम मैंने 'सर्वोदय' रखा है, और रायचन्दभाईने अपने गाढ परिचयसे। जब मुझे हिन्दुधर्ममें शंका पैदा हुई उस समय उसके निवारण करनेमें मदद करनेवाले रायचन्दभाई थे''''

जो वैराग्य (अपूर्व अवसर एवो क्यारे आवशे ?) इस काव्यकी कडियोंमें झलक रहा है वह मैंने उनके दो वर्षके गाढ परिचयमें प्रतिक्षण उनमें देखा है। उनके लेखोंमें एक असाधारणता यह है कि उन्होने जो अनुभव किया वही लिखा है। उसमें कही भी कृत्रिमता नही है। दूसरे पर प्रभाव डालनेके लिए एक पंक्ति भी लिखी हो ऐसा मैंने नही देखा।''''

खाते, बैठते, सोते, प्रत्येक क्रिया करते उनमें वैराग्य तो होता ही। किसी समय इस जगतके किसी भी वैभवमें उन्हें मोह हुआ हो ऐसा मैंने नही देखा।'''

व्यवहारकुशलता और धर्मपरायणताका जितना उत्तम मेल मैंने कविमें देखा उतना किसी अन्यमें नही देखा।"

'श्रीमद् राजचन्द्र जयन्ती' के प्रसग पर ईस्वी सन् १९२१ में गाधीजी कहते हैं—"बहुत बार कह और लिख गया हूँ कि मैंने बहुतोके जीवनमेंसे बहुत कुछ लिया है। परन्तु सबसे अधिक किसीके जीवनमेंसे मैंने ग्रहण किया हो तो वह कवि (श्रीमद्जी) के जीवनमेंसे है। दयाधर्म भी मैंने उनके जीवनमेंसे सीखा है।''' खून करनेवालेसे भी प्रेम करना यह दयाधर्म मुझे कविने सिखाया है।"

---

* शतावधान अर्थात् सौ कामोको एक साथ करना। जैसे शतरज खेलते जाना, मालाके मनके गिनते जाना, जोड बाकी गुणाकार एवं भागाकार मनमें गिनते जाना, आठ नई समस्याओंकी पूर्ति करना, सोलह निर्दिष्ट नये विषयोंपर निर्दिष्ट छंदमें कविता करते जाना, सोलह भाषाओंके अनुक्रमविहीन चार सौ शब्द कर्ताकर्मसहित पुन अनुक्रमबद्ध कह सुनाना, कतिपय अलंकारोंका विचार, दो कोठोंमें लिखे हुए उल्टे-सीधे अक्षरोंसे कविता करते जाना इत्यादि। एक जगह ऊँचे आसनपर बैठकर इन सब कामोंमें मन और दृष्टिको प्रेरित करना, लिखना नहीं या दुबारा पूछना नही और सभी स्मरणमें रख कर इन सौ कामोंको पूर्ण करना। श्रीमद्जी लिखते हैं—"अवधान आत्मशक्तिका कार्य है यह मुझे स्वानुभवसे प्रतीत हुआ है।" (पत्रांक १८)

गृहस्थाश्रम

वि० सं० १९४४ माघ सुदी १२ को २० वर्षकी आयुमें श्रीमद्‌जीका शुभ विवाह जौहरी रेवाशंकर जगजीवनदास मेहताके बडे भाई पोपटलालकी महाभाग्यशाली पुत्री झबकबाईके साथ हुआ था। इसमें दूसरोंकी 'इच्छा' और 'अत्यन्त आग्रह' ही कारणरूप प्रतीत होते है। विवाहके एकाध वर्ष बाद लिखे हुए एक लेखमें श्रीमद्‌जी लिखते हैं—''स्त्रीके सबधमें किसी भी प्रकारसे रागद्वेष रखनेकी मेरी अशमात्र इच्छा नहीं है। परन्तु पूर्वोपार्जनसे इच्छाके प्रवर्तनमें अटका हूँ।'' (पत्रांक ७८)

स० १९४६ के पत्रमें लिखते हैं—''तत्त्वज्ञानकी गुप्त गुफाका दर्शन करनेपर गृहाश्रमसे विरक्त होना अधिकतर सूझता है।'' (पत्राक ११३)

श्रीमद्‌जी गृहवासमें रहते हुए भी अत्यन्त उदासीन थे। उनकी मान्यता थी—''कुटुंबरूपी काजलकी कोठडीमें निवास करनेसे ससार बढता है। उसका कितना भी सुधार करो, तो भी एकान्तवाससे जितना संसारका क्षय हो सकता है उसका शताश भी उस काजलकी कोठडीमें रहनेसे नही हो सकता, क्योंकि वह कषायका निमित्त है और अनादिकालसे मोहके रहनेका पर्वत है।'' (पत्राक १०३) फिर भी इस प्रतिकूलतामें वे अपने परिणामोंकी पूरी सम्भाल रखकर चले।

सफल एवं प्रामाणिक व्यापारी

श्रीमद्‌जी २१ वर्षकी उम्रमें व्यापारार्थ ववाणियासे बबई आये और सेठ रेवाशकर जगजीवनदासकी दुकानमें भागीदार रहकर जवाहिरातका व्यापार करने लगे। व्यापार करते हुए भी उनका लक्ष्य आत्माकी ओर अधिक था। व्यापारसे अवकाश मिलते ही श्रीमद्‌जी कोई अपूर्व आत्मविचारणामें लीन हो जाते थे। ज्ञानयोग और कर्मयोगका इनमें यथार्थ समन्वय देखा जाता था। श्रीमद्‌जीके भागीदार श्री माणेकलाल घेलाभाईने अपने एक वक्तव्यमें कहा था—''व्यापारमें अनेक प्रकारकी कठिनाइयाँ आती थी, उनके सामने श्रीमद्‌जी एक अडोल पर्वतके समान टिके रहते थे। मैंने उन्हें जड वस्तुओंकी चितासे चितातुर नहीं देखा। वे हमेशा शान्त और गम्भीर रहते थे।''

जवाहिरातके साथ मोतीका व्यापार भी श्रीमद्‌जीने शुरू किया था और उसमें वे सभी व्यापारियोंमें अधिक विश्वासपात्र माने जाते थे। उस समय एक अरब अपने भाईके साथ मोतीकी आढतका धन्धा करता था। छोटे भाईके मनमें आया कि आज मै भी बडे भाईकी तरह बडा व्यापार करूँ। दलालने उसकी श्रीमद्‌जीसे भेंट करा दी। उन्होने कस कर माल खरीदा। पैसे लेकर अरब घर पहुँचा तो उसके बडे भाईने पत्र दिखाकर कहा कि वह माल अमुक किमतके बिना नही बेचनेकी शर्त की है और तूने यह क्या किया? यह सुनकर वह घबराया और श्रीमद्‌जीके पास जाकर गिडगिडाने लगा कि मै ऐसी आफतमें आ पड़ा हूँ। श्रीमद्‌जीने तुरन्त माल वापस कर दिया और पैसे गिन लिये। मानो कोई सौदा किया ही न था ऐसा समझकर होनेवाले बहुत नफ़ेको जाने दिया। वह अरब श्रीमद्‌जीको खुदाके समान मानने लगा।

इसी प्रकारका एक दूसरा प्रसग उनके करुणामय और निस्पृही जीवनका ज्वलंत उदाहरण है। एक बार एक व्यापारीके साथ श्रीमद्‌जीने हीरोका सौदा किया कि अमुक समयमें निश्चित किये हुए भावसे वह व्यापारी श्रीमद्‌जीको अमुक हीरे दे। उस विषयका दस्तावेज भी हो गया। परन्तु हुआ ऐसा कि मुद्दतके समय भाव बहुत बढ गये। श्रीमद्‌जी खुद उस व्यापारीके यहाँ जा पहुंचे और उसे चिन्तामग्न देखकर वह दस्तावेज फाड डाला और बोले—''भाई, इस चिट्ठी (दस्तावेज) के कारण तुम्हारे हाथ-पाँव बँधे हुए थे। बाजार भाव बढ जानेसे तुमसे मेरे साठ-सत्तर हजार रुपये लेने निकलते हैं, परन्तु मैं तुम्हारी स्थिति समझ सकता हूँ। इतने अधिक रुपये मैं तुमसे ले लूँ तो तुम्हारी क्या दशा हो? परन्तु राजचन्द्र दूध पी सकता है, खून नही।'' वह व्यापारी कृतज्ञभावसे श्रीमद्‌जीकी ओर स्तब्ध होकर देखता ही रह गया।

भविष्यवक्ता, निमित्तज्ञानी

श्रीमद्जीका ज्योतिष-संबंधी ज्ञान भी प्रखर था। वे जन्मकुंडली, वर्षफल एवं अन्य चिह्न देख कर भविष्यकी सूचना कर देते थे। श्री जूठाभाई (एक मुमुक्षु) के मरणके बारेमें उन्होंने सवा दो मास पूर्व स्पष्ट बता दिया था। एक बार सं० १९५५ की चैत्र वदी ८ को मोरबीमें दोपहरके ४ बजे पूर्व दिशाके आकाशमें काले बादल देखे और उन्हें दुष्काल पडनेका निमित्त जानकर उन्होंने कहा—''ऋतुको सन्निपात हुआ है।'' तदनुसार सं० १९५५ का चौमासा कोरा रहा और सं० १९५६ में भयकर दुष्काल पडा। श्रीमद्जी दूसरेके मनकी बातको भी सरलतासे जान लेते थे। यह सब उनकी निर्मल आत्मशक्तिका प्रभाव था।

कवि-लेखक

श्रीमद्जीमें, अपने विचारोंकी अभिव्यक्ति पद्यरूपमें करनेकी सहज क्षमता थी। उन्होंने 'स्त्रीनीति-बोधक', 'सद्बोधशतक', आर्यप्रजानी पडती' 'हुन्नरकला वधारवा विषे' आदि अनेक कविताएँ केवल आठ वर्षकी वयमें लिखी थीं। नौ वर्षकी आयुमें उन्होने रामायण और महाभारतकी भी पद्य-रचना की थी जो प्राप्त न हो सकी। इसके अतिरिक्त जो उनका मूल विषय आत्मज्ञान था उसमें उनकी अनेक रचनाएँ हैं। प्रमुखरूपसे 'आत्मसिद्धि', 'अमूल्य तत्त्वविचार', भक्तिना वीस दोहरा' 'परमपदप्राप्तिनी भावना (अपूर्व अवसर)', 'मूलमार्ग-रहस्य', 'तृष्णानी विचित्रता' हैं।

'आत्मसिद्धि-शास्त्र'के १४२ दोहोकी रचना तो श्रीमद्जीने मात्र डेढ घंटेमें नडियादमें आश्विन वदी १ (गुजराती) स० १९५२ को २९ वर्षकी उम्रमें की थी। इसमें सम्यग्दर्शनके कारणभूत छ. पदोंका बहुत ही सुन्दर पक्षपातरहित वर्णन किया है। यह कृति नित्य स्वाध्यायकी वस्तु है। इसके अंग्रेजीमें भी गद्य पद्यात्मक अनुवाद प्रगट हो चुके हैं।

गद्य-लेखनमें श्रीमद्जीने 'पुष्पमाला', 'भावनाबोध' और 'मोक्षमाला'की रचना की। इसमें 'मोक्ष-माला' तो उनकी अत्यन्त प्रसिद्ध रचना है जिसे उन्होंने १६ वर्ष ५ मासकी आयुमें मात्र तीन दिनमें लिखी थी। इसमें १०८ शिक्षापाठ हैं। आज तो इतनी आयुमें शुद्ध लिखना भी नही आता जबकि श्रीमद्जीने एक अपूर्व पुस्तक लिख डाली। पूर्वभवका अभ्यास ही इसमें कारण था। 'मोक्षमाला'के संबंधमें श्रीमद्जी लिखते हैं—''जैनधर्मको यथार्थ समझानेका उसमें प्रयास किया है, जिनोक्त मार्गसे कुछ भी न्यूनाधिक उसमें नही कहा है। वीतराग मार्गमें आबालवृद्धकी रुचि हो, उसके स्वरूपको समझें तथा उसके बीजका हृदयमें रोपण हो, इस हेतुसे इसकी बालावबोधरूप योजना की है।''

श्री कुन्दकुन्दाचार्यके 'पचास्तिकाय' ग्रंथकी मूल गाथाओंका श्रीमद्जीने अविकल (अक्षरशः) गुजराती अनुवाद भी किया है। इसके अतिरिक्त उन्होने श्री आनन्दघनजीकृत चौबीसीका अर्थ लिखना भी प्रारम्भ किया था, और उसमें प्रथम दो स्तवनोका अर्थ भी किया था; पर वह अपूर्ण रह गया है। फिर भी इतने से, श्रीमद्जीकी विवेचन शैली कितनी मनोहर और तलस्पर्शी है उसका ख्याल आ जाता है। सूत्रोंका यथार्थ अर्थ समझने-समझानेमें श्रीमद्जीकी निपुणता अजोड थी।

मतमतान्तरके आग्रहसे दूर

श्रीमद्जीकी दृष्टि बडी विशाल थी। वे रूढ़ि या अन्धश्रद्धाके कट्टर विरोधी थे। वे मतमतान्तर और कदाग्रहादिसे दूर रहते थे, वीतरागताकी ओर ही उनका लक्ष्य था। उन्होने आत्मधर्मका ही उपदेश दिया। इसी कारण आज भी भिन्न-भिन्न सम्प्रदायवाले उनके वचनोंका रुचिपूर्वक अभ्यास करते हुए देखे जाते हैं।

श्रीमद्जी लिखते हैं—

''मूलतत्त्वमें कही भी भेद नही है, मात्र दृष्टिका भेद है ऐसा मानकर आशय समझकर पवित्र धर्ममें प्रवृत्ति करना।'' (पुष्पमाला–१४)

"तू चाहे जिस धर्मको मानता हो इसका मुझे पक्षपात नही, मात्र कहनेका तात्पर्य यही कि जिस मार्गसे ससारमलका नाश हो उस भक्ति, उस धर्म और उस सदाचारका तू सेवन कर।" (पुष्पमाला–१५)

"दुनिया मतभेदके बन्धनसे तत्त्व नही पा सकी।" (पत्रांक–२७)

"जहाँ तहाँसे रागद्वेषरहित होना ही मेरा धर्म है मैं किसी गच्छमें नही हूँ, परन्तु आत्मामें हूँ यह मत भूलियेगा।" (पत्रांक–३७)

श्रीमद्‌जी ने प्रीतम, अखा, छोटम, कबीर, सुन्दरदास, सहजानन्द, मुक्तानन्द, नरसिंह मेहता आदि सन्तोकी वाणीको जहाँ-तहाँ आदर दिया है और उन्हें मार्गानुसारी जीव (तत्त्वप्राप्तिके योग्य आत्मा) कहा है। फिर भी अनुभवपूर्वक उन्होने जैनशासनकी उत्कृष्टताको स्वीकार किया है—

"श्रीमत् वीतराग भगवन्तोका निश्चितार्थ किया हुआ ऐसा अचिन्त्य चिन्तामणिस्वरूप, परम-हितकारी, परम अद्‌भुत, सर्व दुःखका नि सशय आत्यन्तिक क्षय करनेवाला, परम अमृतस्वरूप ऐसा सर्वोत्कृष्ट शाश्वतधर्म जयवन्त वर्तो, त्रिकाल जयवन्त वर्तो। उस श्रीमन् अनन्तचतुष्टयस्थित भगवानका और उस जयवन्त धर्मका आश्रय सदैव कर्तव्य है।" (पत्रांक–८४३)

परम वीतराग दशा

श्रीमद्‌जीकी परम विदेही दशा थी। वे लिखते हैं—

"एक पुराणपुरुष और पुराणपुरुषकी प्रेमसम्पत्ति सिवाय हमें कुछ रुचिकर नही लगता, हमे किसी पदार्थमें रुचिमात्र रही नही है हम देहधारी हैं या नही—यह याद करते हैं तब मुश्केलीसे जान पाते हैं।" (पत्रांक–२५५)

"देह होते हुए भी मनुष्य पूर्ण वीतराग हो सकता है ऐसा हमारा निश्चल अनुभव है। क्योंकि हम भी अवश्य उसी स्थितिको पानेवाले हैं, ऐसा हमारा आत्मा अखण्डतासे कहता है और ऐसा ही है, जरूर ऐसा ही है।" (पत्रांक–३३४)

"मान लें कि चरमशरीरीपन इस कालमें नही है, तथापि अशरीरी भावसे आत्मस्थिति है तो वह भावनयसे चरमशरीरीपन नही, अपितु सिद्धत्व है, और यह अशरीरीभाव इस कालमें नही है ऐसा यहाँ कहे तो इस कालमें हम खुद नही हैं, ऐसा कहने तुल्य है।" (पत्रांक–४११)

अहमदाबादमें आगाखानके बँगलेपर श्रीमद्‌जीने श्री लल्लुजी तथा श्री देवकरणजी मुनिको बुलाकर अन्तिम सूचना देते हुए कहा था—"हमारेमें और वीतरागमें भेद न मानियेगा।"

एकान्तचर्या, परमनिवृत्तिरूप कामना

मोहमयी (बम्बई) नगरीमें व्यापारिक काम करते हुए भी श्रीमद्‌जी ज्ञानाराधना तो करते ही रहते थे और पत्रों द्वारा मुमुक्षुओंकी शंकाओका समाधान करते रहते थे, फिर भी बीच-बीचमें पेढीसे विशेष अवकाश लेकर वे एकान्त स्थान, जंगल या पर्वतोंमें पहुंच जाते थे। मुख्यरूपसे वे खभात, वडवा, काविठा, उत्तरसडा, नडियाद, वसो, रालज और ईडरमें रहे थे। वे किसी भी स्थान पर बहुत गुप्तरूपसे जाते थे, फिर भी उनकी सुगन्धी छिप नही पाती थी। अनेक जिज्ञासु-भ्रमर उनके सत्समागमका लाभ पानेके लिए पीछे-पीछे कही भी पहुंच ही जाते थे। ऐसे प्रसगों पर हुए बोधका यत्किंचित् सग्रह 'श्रीमद् राजचन्द्र' ग्रन्थमें 'उपदेशछाया' 'उपदेशनोध' और 'व्याख्यानसार' के नामसे प्रकाशित हुआ है।

यद्यपि श्रीमद्‌जी गृहवास-व्यापारादिमें रहते हुए भी विदेहीवत् थे, फिर भी उनका अन्तरङ्ग सर्व-सगपरित्याग कर निर्ग्रन्थदशाके लिए छटपटा रहा था। एक पत्रमें वे लिखते हैं—"भरतजीको हिरनके संग-से जन्मकी वृद्धि हुई थी और इस कारणसे जडभरतके भवमें असग रहे थे। ऐसे कारणोसे मुझे भी असगता बहुत ही याद आती है, और कितनी ही बार तो ऐसा हो जाता है कि उस असगताके बिना परम दुःख होता है। यम अन्तकालमें प्राणीको दु खदायक नही लगता होगा, परन्तु हमें सग दु खदायक लगता है।" (पत्रांक २१७)

फिर हाथनोंधमें वे लिखते हैं—"सर्वसंग महास्रवरूप श्री तीर्थंकरने कहा है सो सत्य है। ऐसी मिश्रगुणस्थानक जैसी स्थिति कहाँ तक रखनी ? जो बात चित्तमें नहीं सो करनी; और जो चित्तमें है उसमें उदास रहना ऐसा व्यवहार किस प्रकारसे हो सकता है ? वैश्यवेषमें और निर्ग्रन्थभावसे रहते हुए कोटि-कोटि विचार हुआ करते हैं।" (हाथनोंध १–३८) "आकिंचन्यतासे विचरते हुए एकान्त मौनसे जिनसदृश ध्यानसे तन्मयात्मस्वरूप ऐसा कब होऊँगा ?" (हाथनोंध १–८७)

संवत् १९५६ में अहमदाबादमें श्रीमद्‌जीने श्री देवकरणजी मुनिसे कहा था—"हमने सभामें स्त्री और लक्ष्मी दोनोंका त्याग किया है, और सर्वसंगपरित्यागकी आज्ञा माताजी देंगी ऐसा लगता है।" और तदनुसार उन्होंने सर्वसंगपरित्यागरूप दीक्षा धारण करनेकी अपनी माताजीसे अनुज्ञा भी ले ली थी। परन्तु उनका शारीरिक स्वास्थ्य दिन-पर-दिन बिगड़ता गया। ऐसे ही अवसर पर किसीने उनसे पूछा—"आपका शरीर कृश क्यों होता जाता है ?" श्रीमद्‌जीने उत्तर दिया—"हमारे दो बगीचे हैं, शरीर और आत्मा। हमारा पानी आत्मारूपी बगीचेमें जाता है, इससे शरीररूपी बगीचा सूख रहा है।" अनेक उपचार करने पर भी स्वास्थ्य ठीक नहीं हुआ। अन्तिम दिनोंमें एक पत्रमें लिखते हैं—"अत्यन्त त्वरासे प्रवास पूरा करना था, वहाँ बीचमें सेहराका मरुस्थल आ गया। सिर पर बहुत बोझ था उसे आत्मवीर्यसे जिस प्रकार अल्पकालमें सहन कर लिया जाय उस प्रकार प्रयत्न करते हुए, पैरोंने निकाचित उदयरूप थकान ग्रहण की। जो स्वरूप है वह अन्यथा नहीं होता यही अद्भुत आश्चर्य है। अव्याबाध स्थिरता है।" (पत्रांक ९५१)

अन्त समय

स्थिति और भी गिरती गई। शरीरका वजन १३२ पौंडसे घटकर मात्र ४३ पौंड रह गया। शायद उनका अधिक जीवन कालको पसन्द नहीं था। देहत्यागके पहले दिन शामको अपने छोटे भाई मनसुखलाल आदिसे कहा—"तुम निश्चिन्त रहना। यह आत्मा शाश्वत है। अवश्य विशेष उत्तम गतिको प्राप्त होनेवाला है। तुम शान्ति और समाधिपूर्वक रहना। जो रत्नमय ज्ञानवाणी इस देहके द्वारा कही जा सकनेवाली थी उसे कहनेका समय नहीं है। तुम पुरुषार्थ करना।" रात्रिको ढाई बजे वे फिर बोले—"निश्चिन्त रहना, भाईका समाधिमरण है।" अवसानके दिन प्रात. पौने नौ बजे कहा—"मनसुख, दुःखी न होना। मैं अपने आत्मस्वरूपमें लीन होता हूँ।" फिर वे नहीं बोले। इस प्रकार पाँच घंटे तक समाधिमें रहकर संवत् १९५७ की चैत्र वदी ५ (गुजराती) मंगलवारको दोपहरके दो बजे राजकोटमें इस नश्वर शरीरका त्याग करके उत्तम गतिको प्राप्त हुए। भारतभूमि एक अनुपम तत्त्वज्ञानी सन्तको खो बैठी। उनके देहावसानके समाचारसे मुमुक्षुओंमें अत्यन्त शोकके बादल छा गये। जिन-जिन पुरुषोंको जितने प्रमाणमें उन महात्माकी पहचान हुई थी उतने प्रमाणमें उनका वियोग उन्हें अनुभूत हुआ था।

उनकी स्मृतिमें शास्त्रमालाकी स्थापना

वि० सं० १९५६ में भादों मासमें परम सत्श्रुतके प्रचार हेतु बम्बईमें श्रीमद्‌जीने परमश्रुतप्रभावक-मण्डलकी स्थापना की थी। श्रीमद्‌जीके देहोत्सर्गके बाद उनकी स्मृतिस्वरूप 'श्री रायचन्द्रजैनग्रन्थमाला' की स्थापना की गई जिसके अन्तर्गत दोनों सम्प्रदायोंके अनेक सद्‌ग्रन्थोंका प्रकाशन हुआ है जो तत्त्वविचारकोंके लिए इस दुषमकालको बितानेमें परम उपयोगी और अनन्य आधाररूप है। महात्मा गांधीजी इस संस्थाके ट्रस्टी और श्री रेवाशंकर जगजीवनदास मुख्य कार्यकर्ता थे। श्री रेवाशंकरके देहोत्सर्ग बाद संस्थामें कुछ शिथिलता आ गई परन्तु अब उस संस्थाका काम श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम अगासके ट्रस्टियोंने सम्भाल लिया है और सुचारुरूपसे पूर्वानुसार सभी कार्य चल रहा है।

श्रीमद्‌जीके स्मारक

श्रीमद्‌जीके अनन्य भक्त आत्मनिष्ठ श्री लघुराजस्वामी (श्री लल्लुजी मुनि) की प्रेरणासे श्रीमद्‌जीके स्मारकके रूपमें और भक्तिधामके रूपमें वि० सं० १९७६ की कार्तिकी पूर्णिमाको अगास स्टेशनके पास

'श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम' की स्थापना हुई थी। श्री लघुराज स्वामीके चौदह चातुर्मासोंसे पावन हुआ यह आश्रम आज बढ़ते-बढ़ते गोकुल-सा गाँव बन गया है। श्री स्वामीजी द्वारा योजित सत्संगभक्तिका क्रम आज भी यहाँ पर उनकी आज्ञानुसार चल रहा है। धार्मिक जीवनका परिचय करानेवाला यह उत्तम तीर्थ बन गया है। सक्षेपमें यह तपोवनका नमूना है। श्रीमद्जीके तत्वज्ञानपूर्ण साहित्यका भी मुख्यत यहीसे प्रकाशन होता है। इस प्रकार यह श्रीमद्जीका मुख्य जीवंत स्मारक है।

इसके अतिरिक्त वर्तमानमें निम्नलिखित स्थानोंपर श्रीमद् राजचन्द्र मंदिर आदि सस्थाएँ स्थापित हैं जहाँ पर मुमुक्षु-बन्धु मिलकर आत्म-कल्याणार्थ वीतराग-तत्त्वज्ञानका लाभ उठाते हैं—ववाणिया, राजकोट, मोरबी, बढवा, खभात, काविठा, सीमरडा, बडाली, भादरण, नार, सुणाव, नरोडा, सडोदरा, धामण, अहमदाबाद, ईडर, सुरेन्द्रनगर, वसो, बटामण, उत्तरसडा, बोरसद, बम्बई (घाटकोपर एव चौपाटी), देवलाली, बैंगलोर, इन्दौर, आहोर (राजस्थान), मोम्बासा (आफ्रिका) इत्यादि।

अन्तिम प्रशस्ति

आज उनका पार्थिव देह हमारे बीच नहीं है मगर उनका अक्षरदेह तो सदाके लिये अमर है। उनके मूल पत्रों तथा लेखोंका संग्रह गुर्जरभाषामें 'श्रीमद् राजचन्द्र' ग्रन्थमें प्रकाशित हो चुका है (जिसका हिन्दी अनुवाद भी प्रगट हो चुका है) वही मुमुक्षुओके लिए मार्गदर्शक और अवलम्बनरूप है। एक-एक पत्रमें कोई अपूर्व रहस्य भरा हुआ है। उसका मर्म समझनेके लिए सन्तसमागमकी विशेष आवश्यकता है। इन पत्रोंमें श्रीमद्जीका पारमार्थिक जीवन जहाँ-तहाँ दृष्टिगोचर होता है। इसके अलावा उनके जीवनके अनेक प्रेरक प्रसंग जानने योग्य है, जिसका विशद वर्णन श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम प्रकाशित 'श्रीमद् राजचन्द्र जीवनकला' में किया हुआ है। यहाँ पर तो स्थानाभावसे उम महान विभूतिके जीवनका विहगावलोकनमात्र किया गया है।

श्रीमद् लघुराजस्वामी (श्री प्रभुश्रीजी) 'श्रीसद्गुरुप्रसाद' ग्रन्थकी प्रस्तावनामें श्रीमद्जीके प्रति अपना हृदयोद्गार इन शब्दोंमे प्रगट करते हैं—"अपरमार्थमें परमार्थके दृढ आग्रहरूप अनेक सूक्ष्म भूलभूलैयाँके प्रसंग दिखाकर, इस दासके दोष दूर करनेमें इन आप्तपुरुषका परम सत्सग और उत्तम बोध प्रबल उपकारक बने हैं ··· संजीवनी औषध समान मृतको जीवित करें, ऐसे उनके प्रबल पुरुषार्थ जागृत करनेवाले वचनोंका माहात्म्य विशेष विशेष भास्यमान होनेके साथ ठेठ मोक्षमें ले जाय ऐसी सम्यक् समझ (दर्शन) उस पुरुष और उसके बोधकी प्रतीतिसे प्राप्त होती है; वे इस दुषम कलिकालमें आश्चर्यकारी अवलम्बन है।··· परम माहात्म्यवत सद्गुरु श्रीमद् राजचन्द्रदेवके वचनोंमें तल्लीनता, श्रद्धा जिसे प्राप्त हुई है, या होगी उसका महद् भाग्य है। वह भव्य जीव अल्पकालमें मोक्ष पाने योग्य है।"

ऐसे महात्माको हमारे अगणित वन्दन हों!

INTRODUCTION

1) CRITICAL APPARATUS

The *Bārasa-Anuvekkhā* of Svāmi Kumāra, or as it is generally known, the *Kārttikeyānuprekṣā*[1], is indeed a popular work from which Jaina laymen and monks have drawn their religious inspiration; and consequently, so many *manuscripts of this text, with or without* the Sanskrit commentary of Śubhacandra, are reported from various Mss.-collections· many more must be lying in other collections of which proper catalogues are not prepared as yet.

The Mss.[2] of *K.-anuprekṣā* are found in the Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona; in the Jaina Siddhānta Bhavana, Arrah; in the Ailaka Pannālāla Sarasvatī Bhavana and Candraprabh Jaina Mandira, Bhulesvara, Bombay, in the Temples at Karanja, at Amera in Rājasthān; at Moodabidri in South Kanara, in the Lakshmīsena Bhaṭṭāraka's Maṭha at Kolhapur, in the Jaina Gurukula at Bāhubali (Kolhapur); in the Bhaṭṭāraka's Matha at Śravana Belgoḷ (Mysore), and in the Jaina temples at Lucknow. Those at Bāhubali and Moodabidri are on palm-leaf and written in Old-Kannada characters and those at Śravaṇa Beḷgoḷa in Grantha characters. Most of the other Mss. are on paper and in Devanāgarī characters.

The information noted above is gleaned from various Reports etc. Most of the Mss from Poona, Bāhubali and Kolhapur I have personally

1) Edited by PANNALAL BAKALIVAL, Prākrit Text, Sanskrit Chāyā and Jayacandra's Hindī Com., Jaina Grantha Ratnākara Kāryālaya, Bombay 1904, Another ed., without the Sanskrit Chāyā, published by Bhāratīya Jain Siddhānta Prakāśinī Saṁsthā, Calcutta 1920; Text, Hindī Anvayārtha by MAHENDRAKUMARA JAIN, Maroth (Rajasthan) 1950.

2) H. D. VELANKAR *Jinaratna-Kośa*, Poona 1944, HIRALAL *Catalogue of Sanskrit and Prākrit Mss. in C. P. and Berar*, Nagpur 1926. K KASALIVAL. *Āmera Śāstra Bhaṇḍāra, Jayapura kī Grantha-sūcī*, Jayapur 1949; also *Rājasthānake Jaina Śāstra-bhaṇḍārōkī Granthasūcī*, part ii, Jayapur 1954, K. BHUJABALI SHASTRI. *Kannada-prāntīya Tāḍapatrīya Granthasūcī*, Banaras 1948. I have used private lists for the Mss. at Kolhapur, Bāhubali and Belgol.

handled. As far as I have seen, there is only one Ms.[1] at Poona which is older than Śubhacandra whose Sanskrit commentary is found in some of the Mss.

A detailed description of the Mss. used by me in preparing this edition is given below:

Ba This is a paper Ms. (10 by 4. 8 inches) belonging to the Deccan College, Poona, now deposited in the Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona, No. 1500 of 1886-92. It has 41 folios written on both sides; each page contains 10 lines; and each line has about 25 letters. The Ms. is pretty old and preserved in a good condition, though some of its edges are eaten by ants. It is throughout written in black ink; the opening sentence, some of the titles, numerals and Daṇḍas etc are, however, written in red ink. The colour of the paper has changed into brown, and the folios are growing brittle. It contains only the Prākrit text, with topical headings here and there in corrupt language. It is written in a uniform hand The hand-writing is fairly readable though not graceful. There are many apparent scribal errors, and most of them have been corrected later on sometimes with white paste and sometimes in black ink which is more brilliant than the original one. Possibly these corrections were made after a long time after the Ms. was originally written. One who made these corrections has followed the text with the commentary of Śubhacandra, and at times, even correct or plausibly accurate readings are corrected. In some places it is possible to conjecture the original readings. Many third p. sing. terminations in *di* are changed into *i*. The corrector has eliminated most of the scribal errors, and he also adds missing verses. This Ms. is partial for *v* in preference to *b* It is not particular about *n* or *ṇ*, without any reference to its position in a word. It often writes *u* for *o* and conjunct groups for single consonants, and confuses between *uṁ* and *o*, *cch* and *tth* etc. At times *ś* is retained, and *ṇh*, *nh* or *hṇ* is indiscriminately used. There are some marginal remarks in Sanskrit, and terms like *yugma*, *yugala* etc. are used to mark the groups of gāthās. The Ms. opens like this with the symbol of *bhale* which looks like ६० in Devanāgarī ओनमो वीतरागाय नमः ॥ स्वामि कार्तिक अणुप्रेक्षा लिखते ॥. Then follows the first gāthā. It is concluded thus. स्वामि कुमारानुप्रेक्षा समाप्तः ॥ Then follows the *lekhaka-praśasti* which is copied here exactly as it is: संवत् १६०३ वर्षे: । कार्तिकमासे शुक्लपक्षे । तृतीयां तिथै । बुधवासरे । पातिसाह श्रीसलेमसाहरज्ये । अलवरगढमहादुर्गेवास्तव्य । श्रीकाष्ठासंघे । मथुरान्वये श्रीपुष्करगणे श्रीवर्द्धमानजिनगोतमस्वामिमाम्नाय. । गुरुश्च भटारक श्रीसहंसकीर्तिदेवा तत् । पट्ट अनुक्रमेन् वादीभकुंभस्थलविदारणैकपंचमुषान्ः । समस्तगुणविराजमान् भट्टारकश्रीगुणभद्रसूरिदेवात् । तत् मनायः । अलवर-वास्तव्य. । गर्गगोत्रे गंगाजलपवित्रे । साहचांदणवील्वली: । The reference to Salemasāha has in

1) See *Peterson Reports* IV. of 1886-92, No. 1500; it is described below as *Ba*.

view Islīm Shāh or Salīm Shāh (original name, Jalāl khān) who succeeded Sher Shāh of the Sūr dynasty and ruled as the emperor of Delhi from 1545 to 1554 during the absence of Humāyūn. This king is mentioned in Candrakīrti's Com. on the Sārasvata grammar[1] and at the end of a Ms, *Śrāvakācāra Dohaka* (at Delhi), of which I have seen a transcript. On the first page we have the following sentence in a different hand: इह पोथी घरमदास चौधरी जिहानाबादमधे जैसंघपुरांमे तेरापंथ्यांके चैताले पधराई मि. भादवा सुकल १३ सं १८०१.

La. This is a paper Ms. (13 by 5 inches) belonging to Śrī Lakṣmīsena Bhaṭṭāraka of Kolhapur (Regd. No. 50 in the list of the Maṭha). It has 262 folios written on both the sides excepting the first and the last pages which are blank. Each page has nine lines with some fortyfive letters or so in each line. The Prākrit text is accompanied by the Sanskrit commentary of Śubhacandra. The writing is fairly good but for the typical scribal errors noted below. It is written in a tolerably fair Devanāgarī hand: the first thirtythree and the last seven folios show a different hand of slightly perpendicular and rough style. It is written in black ink on indigenous paper. The gāthās are scored with red pencil or powder and marginal lines and daṇḍas are in red ink. In this Ms. *ṇṇ* is written as *n* and *o* as *u*, and *ch* and *tth* are often confused. The copyist has not properly read the Ms. in which some of these letters had close similarity for one who does not understand the subtle differences between them. The punctuations in the commentary are not regularly put. A folio, No. 256, is missing; and in the middle some folios, though numbered correctly, are misplaced. Beginning with the symbol of *bhale* the Ms. opens thus ॥ ६० ॥ श्रीपरमात्मने नमः ॥ शुभचंद्रं जिनं नत्वा etc. After the *praśasti* of Śubhacandra, there is the following colophon at the end: सवत् १८९४ वर्षे चैत्र कृष्णातिथौ २। भौमवासरे। लिप्पकृतं श्रीमथुराजीमध्ये ब्राह्मण प्राणसुखहस्तेन ॥ श्रावक पन्नालाल ॥ पूज्य श्रीशांतिश्येन मुनि महाराजुकीदान दत्तं ।.

Ma. This belongs to the Terāpanthi Mandira, Bombay, and bears the No. 98, the earlier No. being 58/3. The paper shows signs of decay, and the edges of folios are broken here and there. It measures 12 by 5. 2 inches. The script is Devanāgarī with the use of *padimātrā* here and there. It has the Prākrit text, and in between the lines the Sanskrit chāyā is written. The opening words for the gāthās are: श्री वितरागायनम. and for the chāyā are. श्री अर्हते नमः. The Ms. ends thus: इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयकृतानुप्रेक्षा समाप्ताः । ६ ॥ १२६ ॥ स्मृतेर्वैशात् यदत्र लिखितं कूटं तच्छोध्यं बुधपुंगवैः १। संवत् १६३५ जेष्ठ वदी ८ भौमे लिखितं ।

Sa: This is a paper Ms. from Lucknow belonging to Śrī Digambara Jaina Mandira there and received through Sheth Santoomal Samerachand

1) S. K. BELVALKAR *Systems of Sanskrit Grammar*, p. 98.

Jain, Lucknow It is a well preserved Ms. written on indigenous paper. It cantains gāthās and the Vacanikā of Jayacandra in Hindī. It measures 5 4 by 11 4 inches In all it has 161 folios. There are ten lines on each page and 40 to 45 letters in each line The Devanāgarī writing is uniform. Marginal lines, opening and concluding sentences, topical and metrical titles, daṇḍas, numerals etc are in red ink. Variants for the gāthās only are noted The Ms opens thus ॥ ६० ॥ ओ नम सिद्देभ्य ॥ अथ स्वामि कार्त्तिकेयानुप्रेक्षानाम ग्रंथकी देशभाषामयवचनिका लिखिये है ॥ दोहा ॥ प्रथमरिषभ etc. After the *prasasti* of Jayacandra (already printed in the Bombay edition) the Ms. adds at the end the following sentence मासोतमासे उत्तममासे फागुणमासे कृष्णपक्षे पंचमी सोमवार सवत ॥ १८८५ ॥ का ॥ इति श्री स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा नाम ग्रथकी देशभाषामयवचनिका संपूर्ण ॥ ॥

Ga This is a paper Ms from the Digambara Jaina Mandira, Chaukapurīvālī Galī, Lucknow, received by me along with the Ms. *Sa* described above Though the leaves are brown and show patches of moisture, it is well preserved on the whole It measures 12 by 6·4 inches and contains 210 folios written on both the sides excepting the first folio which has a blank page It is written in uniform Devanāgarī script the style of which is different from folio No. 172 onwards where the number of scribal errors also increases The topical titles, daṇḍas, nos of gāthās, marginal lines etc. are written in red ink but the running matter in black. The daṇḍas are not at the same places as in *La.* This Ms is more accurate in Sanskrit portions than in Prākrit gāthās It begins with ॥ ६० ॥ श्रीपरमात्मने नम ॥ and ends in this way इनि श्री स्वामिकार्त्तिकेयटीकाया त्रिविद्यविद्याधरषट्भाषाकविचक्रवर्त्तिभट्टारकश्रीशुभचंद्रविरचितायां धर्म्मानुप्रेक्षाया द्वादशोधिकार ॥ १२ ॥

Pa This is a paper Ms from the Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona, No 290 of 1883-84. It measures 12·5 by 5·5 inches and contains 277 folios Each page has ten lines, with about 40 letters in a line. In this Ms the Prākrit text is accompanied by the Sanskrit commentary of Śubhacandra It is written in uniform Devanāgarī hand in black ink, the marginal lines and some dandas are in red ink, and reddish powder is rubbed over the gāthās, titles, quotations etc Separation of words is indicated by small strokes on the head-lines both in the text and in the commentary. It begins thus ॥ ६० ॥ ओ नमः सिद्धेभ्य ॥ १ ॥ शुभचंद्रं etc and ends thus on p. 277: इति श्रीस्वामिकार्त्तिकयानुप्रेक्षाया त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषाकविचक्रवर्त्तिश्रीशुभचंद्रविरचितटीकायां धर्म्मानुप्रेक्षायां द्वादशोधिकार. ॥ १२ ॥ अथ शुभमनच्छरे संवत १७८४ पोससुदि ५ दिने लिपीकृतम् । लिखतं ब्रांह्मण हरियाए पांचेडीका बासी पेमराजलिपीकृतम् । मंगलं भूयात् । श्री. । [Then in a different hand] दिवसामध्ये लिषाइतं ॥ सा × × × ह वालचंद सावडा कूसलस्यंधसुत् । श्लोक सख्या ७२५६ ॥ ॥ सोरठा ॥ पुस्तग लई लिषाय । स्वपरहेतकै कारणै । पढै सुणै मनलाय ईह द्वादस जो भावना ॥ १ ॥.

Of the six Mss. described above, *Ba* and *Ma* have only the Prākrit text. *La, Ga* and *Pa* are accompanied by Śubhacandra's Sanskrit commentary and *Sa* by Jayacandra's Hindī Vacanikā. *Ba* is the oldest Ms. of our group, being written in Saṁvat 1603, and significantly indeed older than Śubhacandra's commentary which was completed in Saṁvat 1613. Next in age comes Ms. *Ma* which too has only the Prākrit text. *Pa* is written in Saṁ. 1785, *Sa* in Saṁ. 1886 and *La* in Sam. 1894, *Ga* bears no date, but it may be as old as, if not older than, *Pa* from Poona.

So far as the Prākrit text is cancerned, and it is for this that our collation has been thorough, *Ba* occupies a unique position by virtue of its age though some of its readings are corrected under the influence of the text adopted by Śubhacandra for his commentary. It shows some striking common readings with *Ma* which obviously go back to a common codex older than Śubhacandra. *La, Ga* and *Pa* show close affinity, all of them being accompanied by the Sanskrit commentary. The text in *La* is nearer the one adopted by Śubhacandra whom Jayacandra follows.

The Prākrit text is constituted after collating five Mss., *Ba, Ma, La, Sa* and *Ga*, described above. Variants arising out of scribal slips, presence or absence of *anusvāra*, *ś* and *s*, *b* and *v*, *n* and *ṇ*, *a* or *ya*, *nh* or *ṇh*, *i* or *ī* at the end of a *pāda*, *o* and *uṁ*, *cch* and *tth* etc. found in a stray manner in some Ms. or the other are not recorded. However, no reading which has even the remotest dialectal signification is ignored. For facility of understanding hyphens are added to separate words in a compound expression. Some emendations are suggested in square brackets in the foot-notes. Grammatical forms are not tampered with for metrical needs. so Present 3rd p. sing. termination would be *i*, though at the end of a *pāda* it may pronounced long. The *anusvāra* is shown when some Mss. give it; but it is shown as *anunāsika* when its pronunciation is metrically short.

The text of the Sanskrit commentary is constituted primarily with the help of two Mss., *La* and *Ga*, which between themselves show variations about *saṁdhi* and punctuations etc. with which intelligent copyists appear to have taken some liberty. The readings are noted only when they show fundamental variants affecting the contents. What is agreed upon by both the Mss. is accepted, and in cases of crucial difference, the readings are decided after consulting the Ms. *Pa*. The rules of Saṁdhi are not rigorously enforced. Sanskrit expressions, if found in both the Mss., are not tampered with, even if they violate the recognised grammatical standard: obviously, strange forms and expressions are met with here and there. *Ga*

gives Daṇḍas more sensibly, but there is no system as such. So Daṇḍas are adjusted, and if necessary added, and now and then commas also put for facility of understanding Quotations are shown in inverted commas, single or double The Prākrit verses quoted in the Sanskrit commentary are often very corrupt, they are scrutinised in the light of their sources whenever possible; and plausible readings are allowed to remain in doubtful cases. Whatever is added by the editor, say in the form of chāyā or missing portion, is shown in square brackets. The Ms. *Ga* often adds the term Vyākhyā at the beginning of the commentary on each gāthā, but it is not found in all the Mss On the whole the Editor's attempt is to present an authentic and readable text of the Commentary on the basis of two (in some cases three) Mss noted above without meticulously noting the various readings which do not affect the meaning in any way. Some diagrams in the discussion of Dhyāna in Śubhacandra's commentary could not be reproduced, because they are not identical in all the Mss.

2) ANUPREKṢĀS

a) ETYMOLOGY AND MEANING

Though the term shows different spellings in Prākrit, namely, *anuppehā*, *anupehā*, *anuvehā*, *anuppekkhā*, *anupekkhā* and *anuvekkhā* (some of which are already recorded in Mss.), the Sanskrit counterpart of it is *anuprekṣā* (and not *anūtprekṣā*) from the root *īkṣ* with the prepositions *anu* and *pra*, meaning, to ponder, to reflect, to think repeatedly etc. The commentators have endorsed this meaning, now and then amplifying it according to the context Pūjyapāda in his commentary on the *Tattvārthasūtra* [1] interprets *anuprekṣā* as 'pondering on the nature of the body and other substances'. According to Svāmi Kumāra[2], *anuprekṣā* is defined as 'pondering on the right principles'. According to Siddhasena[3], this repeated pondering develops suitable mental states (*vāsanā*). Nemicandra[4] explains it as *cintanikā*, reflecting That *anuprekṣā* covers comprehension-cum-visualisa-

1) *Sarvārthasiddhi* on IX 2-शरीरादीना स्वभावानुचिन्तनम् अनुप्रेक्षा ।

2) *Svāmi-Kārttikeyānuprekṣā 97* सुनत्तचिंता अणुप्पेहा ।

3) *Bhāsya-ṭīkā* (Bombay 1930), part II. 181-अनुप्रेक्षणम् अनुचिन्तनम् अनुप्रेक्षा, अनुप्रेक्ष्यन्ते भाव्यन्त इति वानुप्रेक्षा । तादृशानुचिन्तनेन तादृशीभिर्वा वासनाभि संवर सुलभो भवति ।

4) On the *Uttarādhyayana* 29.22.

tion with a concentrated mind is clearly hinted by Āśādhara[1]. Śubhacandra[2] further expands its scope by saying that one has to reflect on the various principles, and this continued reflection involves constant awareness of the nature of things. There is also another aspect for its meaning when it is used in connection with *svādhyāya* or study of scripture, *anuprekṣā* or pondering on what one has learnt being one of its important factors. The *Bhāṣya* and *Sarvārtha-siddhi* have stressed this meaning while discussing *svādhyāya*.[3]. Sometimes both the aspects, especially with later commentators, have got mixed up.

b) What They Are in General

The Anuprekṣās are, in general, topics of meditation or for reflection, twelve in number, and embrace a wide range of subjects practically covering all the principles and cardinal teachings of Jainism. They are in the form of reflections on 1) the transient character of things (*anitya-anuprekṣā*), 2) helplessness (*aśaraṇa-a.*), 3) the cycle of rebirth (*saṁsāra-a.*), 4) loneliness (*ekatva-a.*), 5) separateness of the self and non-self (*anyatva-a.*), 6) the impurity of the body (*aśuci-a.*), 7) the inflow of Karmas (*āsrava-a.*), 8) stoppage of the inflow of Karmas (*saṁvara-a.*), 9) the shedding of Karmas (*nirjarā-a.*), 10) the constitution of the universe (*loka-a.*), 11) the difficulty of attaining enlightenment about true religion (*bodhi-durlabha-a.*), and 12) the Law expounded by the Arhat (*dharma-svākhyātatva-a.*).[4]

c) Their Position in Jaina Ideology

It is interesting to study the position of Anuprekṣā in Jaina ideology or in the scheme of Jain principles.

[छाया–जन्म मरणेन सम संपद्यते यौवनं जरासहितम् । लक्ष्मीः विनाशसहिता इति सर्वं भङ्गुरं जानीहि ॥] इति अमुना उक्तप्रकारेण, सर्वं समस्तं वस्तु भङ्गुरम् अनित्यं जानीहि विद्धि त्वं, हे भव्य । इति किम् । जन्म उत्पत्तिः मरणेन समं मरणेन सहाविनाभावि संपद्यते जायते, यौवनं यौवनावस्था जरासहितं जरसा वार्धक्येन सहितं युतम्, लक्ष्मीः विनाशसहिता भङ्गुरयुक्ता विपत्त्युपलक्षिता ॥ ५ ॥

अथिरं परियण-सयणं पुत्त-कलत्तं सुमित्त-लावण्णं ।
गिह-गोहणाइ सव्वं णव-घण-विंदेण सारिच्छं ॥ ६ ॥

[छाया–अस्थिरं परिजनस्वजनं पुत्रकलत्रं सुमित्रलावण्यम् । गृहगोधनादि सर्वं नवघनवृन्देन सदृशम् ॥] अस्थिरं विनश्वरम् । किं तत् । परिजनः परिवारलोकः हस्तिघोटकपदातिप्रमुखः, स्वजनः स्वकीयबन्धुवर्गः उत्तमपुरुषश्च, पुत्र आत्मजः, कलत्रं दाराः, सुमित्राणि सुहृज्जनाः, लावण्यं शरीरस्य लवणिमगुणः, गृहगोधनादि गृहम् आवासहट्टापवरकादि गोधनानि गोकुलानि, आदिशब्दात् महिषीकरभखरप्रमुखाः । एतत् सर्वं समस्तं सदृशम् । केन । नवघनवृन्देन नूतनमेघसमूहेन ॥ ६ ॥

सुरधणु-तडिव्व चवला इंदिय-विसया सुभिच्च-वग्गा य ।
दिट्ठ-पणट्ठा सव्वे तुरय-गया रहवरादी य ॥ ७ ॥

[छाया–सुरधनुस्तडिद्वत् चपलाः इन्द्रियविषयाः सुभृत्यवर्गाश्च । दृष्टप्रनष्टाः सर्वे तुरगगजाः रथवरादयश्च ॥] इन्द्रियाणि स्पर्शनादीनि, विषयाः स्पर्शादयः, सुभृत्यवर्गाः सुसेवकसमूहाः, च पुनः, चपलाः चञ्चलाः । किंवत् । सुरधनुस्तडिद्वत् यथा इन्द्रधनुः चञ्चलम्, तडिद्वत् यथा विद्युत् चञ्चला, च पुनः, तुरगगजरथवरादयः तुरगाः घोटकाः

अनित्य ॥ ४ ॥ **अर्थ**–जन्म मरणके साथ अनुबद्ध होता है, यौवन बुढ़ापेके साथ सम्बद्ध होता है और लक्ष्मी विनाशके साथ अनुबद्ध होती है । इस प्रकार सभी वस्तुओको क्षणभङ्गुर जानो ॥ **भावार्थ**–प्रसिद्ध कहावत है कि जो जन्म लेता है वह अवश्य मरता है । आजतक कोई भी प्राणी ऐसा नहीं देखा गया जो जन्म लेकर अमर हुआ हो । अतः जीवन और मरणका साथ है । जीवन और मरणकी ही तरह जवानी और बुढ़ापेका भी साथ है । आज जो जवान है, कुछ दिनोंके बाद वह बूढ़ा होजाता है । सदा जवान कोई नहीं रहता । अतः जवानी जब आती है तो अकेली नहीं आती, उसके पीछे पीछे बुढ़ापा भी आता है । इसी प्रकार लक्ष्मी और विनाशका भी साथ है । आज जो धनी है, कल उसे ही निर्धन देखा जाता है । सदा धनवान कोई नहीं रहता । यदि ऐसा होता तो राजसिंहासनपर बैठनेवाले नरेशोंको पथका भिखारी न बनना पड़ता । अतः क्या जीवन, क्या यौवन और क्या लक्ष्मी, सभी वस्तुएँ नष्ट होनेवाली हैं ॥ ५ ॥ **अर्थ**–परिवार, बन्धु-बान्धव, पुत्र, स्त्री, भले मित्र, शरीरकी सुन्दरता, घर, गाय, बैल वगैरह सभी वस्तुएँ नये मेघपटलके समान अस्थिर हैं । अर्थात् जैसे नये मेघोंका पटल क्षणभरमें इधर उधर उड़कर नष्ट होजाता है, वैसे ही कुटुम्ब वगैरह भी जीते जीकी माया है ॥ ६ ॥ **अर्थ**–इन्द्रियोंके विषय, भले नौकरोंका समूह तथा घोड़े, हाथी, उत्तम रथ वगैरह सभी वस्तुएँ इन्द्रधनुष और बिजलीकी तरह चञ्चल हैं, पहले दिखाई देते हैं, बाद

---

१ क म स ग जुव्वणं ।

गजा दन्तिनः रथवराः स्यन्दनश्रेष्ठाः द्वन्द्वः त एवादिर्येषां ते तथोक्ताः, सर्वे समस्ताः दृष्टप्रणष्टाः पूर्वं दृष्टाः पश्चात्प्रणष्टाः यथा इन्द्रधनुर्विद्युत् ॥ ७ ॥

पंथे पहिय-जणाणं जह संजोओ हवेई खणमित्तं ।
बंधु-जणाणं च तहा संजोओ अद्धुओ होई ॥ ८ ॥

[छाया-पथि पथिकजनानां यथा संयोगः भवति क्षणमात्रम् । बन्धुजनानां च तथा संयोगः अध्रुवः भवति ॥] यथा उदाहरणोपन्यासे, पथि मार्गे पथिकजनानां मार्गप्राप्तपुरुषाणां संयोगः संश्लेषः क्षणमात्रं स्वल्पकालं भवेत्, तथा बन्धुजनानां पितृमातृपुत्रकलत्रमित्रादीनां संयोगः संबन्धः अध्रुवः अनित्यो भवति ॥ ८ ॥

अइलालिओ वि देहो ण्हाण-सुयंधेहिँ विविह-भक्खेहिँ ।
खणमित्तेण वि विहडइ जल-भरिओ आम-घडओ व ॥ ९ ॥

[छाया-अतिलालितः अपि देहः स्नानसुगन्धैः विविधभक्ष्यैः। क्षणमात्रेण अपि विघटते जलभृतः आमघटः इव ॥] देहः शरीरम् अतिलालितोऽपि अत्यर्थं लालितः पालितः । कैः । स्नानसुगन्धैः मज्जनसुगन्धद्रव्यैः । पुनः कैः । विविधभक्ष्यैः अनेकप्रकारभोजनपानादिभिः क्षणमात्रेण अतिस्वल्पकालेन विघटते विनाशमेति । क इव । यथा जलभृतः आमघटः अपक्वघटः तथा देहः ॥ ९ ॥

जा सासया ण लच्छी चक्कहराणं पि पुण्णवंताणं ।
सा किं बंधेइ रइं इयर-जणाणं अपुण्णाणं ॥ १० ॥

[छाया-या शाश्वता न लक्ष्मीः चक्रधराणामपि पुण्यवताम् । सा किं बध्नाति रतिम् इतरजनानामपुण्यानाम् ॥] या चक्रधराणामपि चक्रवर्तिनामपि, [अपि-]शब्दात् अन्येषां नृपादीनां, लक्ष्मीः गजाश्वरथपदातिनिधानरत्नादिसंपदा शाश्वता न भवति । कथंभूतानाम् । पुण्यवतां प्रशस्तकर्मोदयप्राप्तानाम् । इतरजनानाम् अन्यपुंसां सा लक्ष्मी रतिं प्रीतिं रागं बध्नाति कुरुते [किम् ।] अपि तु न । कीदृक्षाणाम् । अपुण्यानाम् अप्रशस्तकर्मोदयप्राप्तानाम् ॥ १० ॥

नष्ट होजाते है ॥ **भावार्थ**—जैसे आकाशमें इन्द्रधनुष और बिजली पहले दिखाई देती है, पीछे तुरन्त ही नष्ट होजाती है, वैसे ही स्पर्शन आदि इन्द्रियोंके विषय, आज्ञाकारी सेवक तथा अन्य ठाठ-बाट चार दिनो का मेला है ॥ ७ ॥ **अर्थ**—जैसे मार्गमें पथिकजनोका संग-साथ क्षणभरके लिये होजाना है, वैसे ही बन्धुजनोका संयोग भी अस्थिर होता है ॥ **भावार्थ**—यह संसार एक मार्ग है, और उसमें भ्रमण करनेवाले सभी प्राणी उसके पथिक हैं। उसमें भ्रमण करते हुए किन्हीं प्राणियोंका परस्परमें साथ होजाता है, जिसे हम सम्बन्ध कहते है । उस सम्बन्धके बिछुड़नेपर सब अपने अपने मार्गसे चले जाते हैं । अतः कुटुम्बीजनोका संयोग पथिकजनोके संयोगके समान ही अस्थिर है ॥ ८ ॥ **अर्थ**—स्नान और सुगंधित द्रव्योसे तथा अनेक प्रकारके भोजनोंसे लालन-पालन करनेपर भी जलसे भरे हुए कच्चे घड़ेके समान यह शरीर क्षणमात्रमें ही नष्ट होजाता है ॥ **भावार्थ**—यह शरीर भी अस्थिर है । इसे कितना ही शृङ्गारित करो और पुष्ट करो, किन्तु अन्तमें एक दिन यह भी मिट्टीमें मिल जाता है ॥ ९ ॥ **अर्थ**—जो लक्ष्मी पुण्यशाली चक्रवर्तियोंके भी सदा नहीं रहती, वह भला पुण्यरहित अन्य साधारण जनोंसे प्रेम कैसे कर सकती है ? **भावार्थ**—चक्रवर्ती और 'अपि' शब्दसे अन्य राजागण बड़े पुण्यशाली होते हैं, किन्तु उनकी भी लक्ष्मी-हाथी, घोड़ा, रथ, प्यादे, कोष, रत्न, वगैरह सम्पदा स्थायी नहीं होती है । ऐसी दशामें जिन साधारण मनुष्योंके पुण्यका उदय ही नहीं है, उनसे वह चंचललक्ष्मी

---

१ ब हवइ । २ ब हवेइ । ३ ब य । ४ ल म स ग रई । ५ ब विपुण्णाणं ।

कत्थं वि ण रमइ लच्छी कुलीण-धीरे वि पंडिए सूरे ।
पुज्जे धम्मिट्ठे वि य सुवत्त-सुयणे महासत्ते ॥ ११ ॥

[छाया–कुत्रापि न रमते लक्ष्मीः कुलीनधीरे अपि पण्डिते शूरे । पूज्ये धर्मिष्ठे अपि च सुवृत्तसुजने महासत्त्वे ॥] न रमते न रतिं गच्छति । का । लक्ष्मीः संपदा । कुत्रापि कस्मिन्नपि पुरुषे । कीदृशे । कुलीनधीरे कुलीनः उत्तमकुलजातः धीरः अक्षोभ्यः कुलीनश्चासौ धीरश्च कुलीनधीरः तस्मिन्, अपि पुनः पण्डिते सकलशास्त्रज्ञे शूरे सुभटे पूज्ये जगन्मान्ये धर्मिष्ठे धर्मकार्यकरणकुशले सुरूपस्वजने सुरूपे कामदेवादिरूपसहिते स्वजने परोपकारकरणचतुरपुरुषे महासत्त्वे महापराक्रमाक्रान्तपुरुषे ॥ ११ ॥

ता भुंजिज्जउ लच्छी दिज्जउ दाणे दया-पहाणेण ।
जा जल-तरंग-चवला दो तिण्णि दिणाइं चिट्ठेइ ॥ १२ ॥

[छाया–तावत् भुज्यतां लक्ष्मीः दीयतां दानं दयाप्रधानेन । या जलतरङ्गचपला द्वित्रिदिनानि तिष्ठति ॥] ता तावत्कालं भुज्यतां भोगविषयीक्रियताम् । का । लक्ष्मीः संपत् । दानं वितरणं त्यागं दीयतां वितीर्यताम् । केन । दयाप्रधानेन कृपापरत्वेन, या लक्ष्मीः द्वित्रिदिनानि द्वित्रिदिवसान् चेष्टते तिष्ठति । कथंभूता । जलतरङ्गचपला सलिलकल्लोलवत् चञ्चला ॥ १२ ॥

जो पुण लच्छिं संचदि ण य भुंजदि णेयं देदि पत्तेसु ।
सो अप्पाणं वंचदि मणुयत्तं णिप्फलं तस्स ॥ १३ ॥

[छाया–यः पुनर्लक्ष्मीं सञ्चिनोति न च भुङ्क्ते नैव ददाति पात्रेषु । स आत्मानं वञ्चयति मनुजत्वं निष्फलं तस्य ॥]

कैसे प्रीति कर सकती है ? साराश यह है कि जब बड़े बड़े पुण्यशालियोकी विभूति ही स्थिर नहीं है तब साधारण जनोकी लक्ष्मीकी तो कथा ही क्या है ? ॥ १० ॥ **अर्थ**–यह लक्ष्मी कुलीन, धैर्यशील, पण्डित, शूरवीर, पूज्य, धर्मात्मा, सुन्दर, सज्जन, पराक्रमी आदि किसी भी पुरुषमें अनुरक्त नहीं होती ॥ **भावार्थ**–यह लक्ष्मी गुणीजनोंसे भी अनुराग नहीं करती है । सम्भवतः गुणीजन ऐसा सोचें कि हम उत्तम कुलके हैं, धीरजवान हैं, समस्त शास्त्रोके जाननेवाले हैं, बड़े शूरवीर हैं, संसार हमें पूजता है, हम बड़े धर्मात्मा हैं, हमारा रूप कामदेवके समान है, हम सदा दूसरोका उपकार करनेमें तत्पर रहते हैं, बड़े पराक्रमी है, अतः हमारी लक्ष्मी सदा बनी रहेगी । हमारे पाण्डित्य, शूरवीरता, रूप और पराक्रम वगैरहसे प्रभावित होकर कोई उसे हमसे न छीनेगा । किन्तु ऐसा सोचना मूर्खता है; क्योकि ऐसे पुरुषोंमें भी लक्ष्मीका अनुराग नहीं देखा जाता, वह उन्हे भी छोड़कर चली जाती है ॥ ११ ॥ **अर्थ**–यह लक्ष्मी पानीमें उठनेवाली लहरोंके समान चञ्चल है, दो तीन दिन तक ठहरनेवाली है । तब तक इसे भोगो और दयालु होकर दान दो ॥ **भावार्थ**–जैसे पानीकी लहरें आती और जाती हैं, वैसे ही इस लक्ष्मीकी भी दशा जाननी चाहिये । यह अधिक दिनों तक एक स्थानपर नहीं ठहरती है । अतः जबतक यह बनी हुई है, तब तक इसे खूब भोगो और अच्छे कामोमें दान दो । यदि ऐसा नहीं करोगे तो यह यों ही नष्ट हो जायेगी । क्यों कि कहा है कि धनकी तीन गति होती हैं–दान दिया जाना, भोग होना और नष्ट होजाना । जो उसे न दूसरोको देता है और न स्वयं भोगता है, उसके धनकी तीसरी गति होती है । अतः सम्पत्ति पाकर उसका उचित उपयोग करो ॥ १२ ॥ **अर्थ**–जो मनुष्य

---

१ ब कया वि । २ ल म स ग सुरूवसु० । ३ ब महासुत्ते । ४ ल म स ग दाण । ५ ब दिणाण तिट्ठेइ । ६ ब ल पुणु । ७ ब लच्छीं, ल ग लच्छि, म स लच्छी । ८ ब णेव । ९ ब मणुयत्तण ।

पुनः अथ च विशेषे, यः पुमान् संचिनोति संचयं करोति। काम्। लक्ष्मीम्। न च भुङ्क्ते न च भोगविषयीकरोति, पात्रेषु जघन्यमध्यमोत्तमपात्रेषु नैव ददाति न प्रयच्छति, स पुमान् आत्मानं स्वजीवं वञ्चयति प्रतारयति, तस्य पुंसः मनुष्यत्वं निष्फलं वृथा भवेत् ॥ १३ ॥

जो संचिऊण लच्छिं[1] धरणियले संठवेदि अइदूरे ।
सो पुरिसो तं लच्छिं पाहाण-समाणियं कुणदि ॥ १४ ॥

[छाया-यः संचित्य लक्ष्मीं धरणितले संस्थापयति अतिदूरे । स पुरुषः तां लक्ष्मीं पाषाणसमानिकां करोति ॥] यः पुमान् संस्थापयति मुञ्चति । क्व । अतिदूरे अत्यर्थमधःप्रदेशे, धरणीतले महीतले । काम् । लक्ष्मीं स्वर्णरत्नादिसंपदाम् । किं कृत्वा । संचयीकृत्य संग्रहं कृत्वा, स पुरुषः तां प्रसिद्धां निजां लक्ष्मीं पाषाणसदृशीं करोति विधत्ते ॥ १४ ॥

अणवरयं जो संचदि लच्छिं ण य देदि णेयं[2] भुंजेदि ।
अप्पणिया वि य लच्छी पर-लच्छि-समाणिया तस्स ॥ १५ ॥

[छाया-अनवरतं यः संचिनोति लक्ष्मीं न च ददाति नैव भुङ्क्ते । आत्मीयापि च लक्ष्मीः परलक्ष्मीसमानिका तस्य ॥] यः पुमान् अनवरतं निरन्तरं संचिनोति संग्रहं कुरुते । काम् । लक्ष्मीं धनधान्यादिसंपदां, च पुनः, न ददाति न प्रयच्छति, नैव भुङ्क्ते भोगविषयीकुरुते, तस्य पुंसः आत्मीयापि च स्वकीयापि च लक्ष्मीः रमा परलक्ष्मीसमानिका अन्यपुरुषलक्ष्मीसदृशी ॥ १५ ॥

लक्ष्मीका केवल संचय करता है, न उसे भोगता है और न जघन्य, मध्यम अथवा उत्तम पात्रोंमें दान देता है, वह अपनी आत्माको ठगता है और उसका मनुष्यपर्यायमें जन्म लेना वृथा है ॥ **भावार्थ**–मनुष्यपर्याय केवल धनसञ्चय करनेके लिये नहीं है । अतः जो मनुष्य इस पर्यायको पाकर केवल धन एकत्र करनेमें ही लगा रहता है, न उसे भोगता है और न पात्रदानमें ही लगाता है, वह अपनेको ही ठगता है; क्योंकि वह धनसञ्चयको ही कल्याणकारी समझता है, और समझता है कि यह मेरे साथ रहेगा । किन्तु जीवनभर धनसञ्चय करके जब वह मरने लगता है तो देखता है कि उसके जीवनभर की कमाई वहीं पड़ी हुई है और वह उसे छोड़े जाता है तब वह पछताता है । यदि वह उस सञ्चित धनको अच्छे कामोमें लगाता रहता तो उसके शुभ कर्म तो उसके साथ जाते । किन्तु उसने तो धनको ही सब कुछ समझकर उसीके कमानेमें अपना सारा जीवन गँवा दिया । अतः उसका मनुष्य-जन्म व्यर्थ ही गया ॥ १३ ॥ **अर्थ**–जो मनुष्य लक्ष्मीका सञ्चय करके पृथिवीके गहरे तलमें उसे गाड़ देता है, वह मनुष्य उस लक्ष्मीको पत्थरके समान कर देता है ॥ **भावार्थ**–प्रायः देखा जाता है कि मनुष्य रक्षाके विचारसे धनको जमीनके नीचे गाड़ देते हैं । किन्तु ऐसा करके वे मनुष्य उस लक्ष्मीको पत्थरके समान बना देते हैं । क्यो कि जमीनके नीचे ईंट पत्थर वगैरह ही गाड़े जाते हैं ॥ १४ ॥ **अर्थ**–जो मनुष्य सदा लक्ष्मीका संचय करता रहता है, न उसे किसीको देता है और न स्वयं ही भोगता है । उस मनुष्यकी अपनी लक्ष्मी भी पराई लक्ष्मीके समान है ॥ **भावार्थ**–जैसे पराये धनको हम न किसी दूसरेको दे ही सकते हैं और न स्वयं भोग ही सकते हैं, वैसे ही जो अपने धनको भी न किसी दूसरेको देता है और न अपने ही लिये खर्च करता है, उसका अपना धन भी पराये धनके समान ही जानना चाहिये । वह तो उसका केवल रखवाला है ॥ १५ ॥

१ लच्छि इति पाठोऽनिश्चितः । २ ब णेव ।

लच्छी-संसत्तमणो जो अप्पाणं धरेदि कट्ठेण ।
सो राइ-दाइयाणं कज्जं साहेदि[1] मूढप्पा ॥ १६ ॥

[छाया-लक्ष्मीसंसक्तमनाः यः आत्मानं धरति कष्टेन । स राजदायादीनां कार्यं साधयति मूढात्मा ॥] यः पुमान् लक्ष्मीसंसक्तमनाः लक्ष्म्यां संसक्तम् आसक्तं मनश्चित्तं यस्य स तथोक्तः, आत्मानं स्वप्राणिनं कष्टेन बहिर्गमनजलयानकृषिकरणसंग्रामप्रवेशनादिदुःखेन धरति बिभर्ति, स मूढात्मा अज्ञानी जीवः साधयति निष्पादयति । किम् । कार्यं कर्तव्यम् । केषाम् । राजदायादीनां राज्ञां भूपतीनां गोत्रिणां च ॥ १६ ॥

जो वड्ढारदि[2] लच्छिं बहु-विह-बुद्धीहिं णेय तिप्पेदि[3] ।
सव्वारंभं कुव्वदि रत्ति-दिणं तं पि चिंतेई[4] ॥ १७ ॥
ण य भुंजदि वेलाए[5] चिंतावत्थो ण सुवदि[6] रयणीए ।
सो दासत्तं कुव्वदि विमोहिदो लच्छि-तरुणीए[7] ॥ १८ ॥[8]

[छाया-यः वर्धापयति लक्ष्मीं बहुविधबुद्धिभिः नैव तृप्यति । सर्वारम्भं कुरुते रात्रिदिनं तमपि चिन्तयति ॥ न च भुङ्क्ते वेलायां चिन्तावस्थः न स्वपिति रजन्याम् । स दासत्वं कुरुते विमोहितः लक्ष्मीतरुण्याः ॥] यः पुमान् वर्धापयति वृद्धिं नयति । काम् । लक्ष्मीं धनधान्यसंपदाम् । काभिः । बहुविधबुद्धिभिः अनेकप्रकारमतिभिः, नैव तृप्यति लक्ष्म्या तृप्तिं संतोषं न याति, सर्वारम्भं असिमषिकृषिवाणिज्यादिसमस्तव्यापारं कुरुते करोति रात्रिदिनं अहोरात्रं, तमपि सर्वारम्भं चिन्तयति स्मरयति, च पुनः, चिन्तावस्थः चिन्तातुरः सन् वेलायां भोजनकाले न भुङ्क्ते न

अर्थ—जो मनुष्य लक्ष्मीमें आसक्त होकर कष्टसे अपना जीवन बिताता है, वह मूढ, राजा और अपने कुटुम्बियोंका काम साधता है ॥ **भावार्थ**—मनुष्य धन कमानेके लिये बड़े बड़े कष्ट उठाता है। परदेश गमन करता है, समुद्र-यात्रा करता है, कड़कड़ाती हुई धूपमें खेतमें काम करता है, लड़ाईमें लड़ने जाता है। इतने कष्टोंसे धन कमाकर भी जो अपने लिये उसे नहीं खर्चता, केवल जोड़ जोड़कर रखता है, वह मूर्ख, राजा और कुटुम्बियोंका काम बनाता है; क्योंकि मरनेके बाद उसके जोड़े हुए धनको या तो कुटुम्बी बाँट लेते हैं या लावारिस होनेपर राजा ले लेता है ॥ १६ ॥ **अर्थ**—जो पुरुष अनेक प्रकारकी चतुराईसे अपनी लक्ष्मीको बढ़ाता है, उससे तृप्त नहीं होता, असि, मषि, कृषि, वाणिज्य आदि सब आरम्भोंको करता है, रात-दिन उसीकी चिन्ता करता है, न समयपर भोजन करता है और न चिन्ताके कारणसे सोता है, वह मनुष्य लक्ष्मीरूपी तरुणीपर मोहित होकर उसकी दासता करता है ॥ **भावार्थ**—जिस मनुष्यको कोई तरुण स्त्री मोह लेती है, वह मनुष्य उसके इशारेपर नाचने लगता है। उसके लिये वह सब कुछ करनेको तैयार रहता है। रात-दिन उसे उसीका ध्यान रहता है, खाते, पीते, उठते, बैठते, सोते, जागते उसे उसीकी चिन्ता सताती रहती है, वह उसका खरीदा हुआ दास बन जाता है। इसी प्रकार जो मनुष्य लक्ष्मीके संचयमें ही दिन-रात लगा रहता है, उसके लिये अच्छे-बुरे सभी काम करता है, उसकी चिन्ताके कारण न खाता है और न सोता है, वह लक्ष्मीका दास है। उसके भाग्यमें लक्ष्मीकी दासता ही करना लिखा है,

---

१ ब साहेहि । २ ब ग वड्ढारय, म स वाड्डूरइ । ३ ब तप्पेदि, म तेप्पेदि । ४ ब ग म चिंतवदि, स चंतवदि । ५ ब वेलाइ चिंता गच्छेण । ६ ब सुयदि, ब म ग सुअदि । ७ ब तरुणीइ । ८ कुछ प्रतियोंमें यहाँ युग्मम् या युगलम् शब्द मिलता है ।

वल्लभते, रजन्यां रात्रौ न सुप्यति न निद्रां विदधाति, स पुमान् विमोहितः मूढत्वं गतः सन् करोति विदधाति। किम्। दासत्वं किंकरत्वम्। कस्याः। लक्ष्मीतरुण्याः रमारमायाः॥ १७-१८॥

जो वड्ढमाण-लच्छिं अणवरयं देदि[1] धम्म-कज्जेसु।
सो पंडिएहिँ[2] थुव्वदि तस्स वि सहला हवे[3] लच्छी॥ १९॥

[छाया-यः वर्धमानलक्ष्मीमनवरत ददाति धर्मकार्येषु। स पण्डितैः स्तूयते तस्यापि सफला भवेत् लक्ष्मीः॥] स पुमान् स्तूयते स्तवनविषयीक्रियते। कैः। पण्डितैः पण्डा बुद्धिर्येषां ते पण्डितास्तैः विद्वज्जनैः, अपि पुनः, तस्य पुंसः लक्ष्मीः सफला सार्थका भवेत् जायेत। तस्य कस्य। यः अनवरतं निरन्तरं देदि ददाति प्रयच्छति। काम्। वर्धमानलक्ष्मीम् उदीयमानरमाम्। केषु। धर्मकार्येषु धर्मस्य पुण्यस्य कार्याणि प्रासादप्रतिमाप्रतिष्ठायात्राचतुर्विधदानपूजाप्रमुखानि तेषु॥ १९॥

एवं जो जाणित्ता विहलिय-लोयाण धम्म-जुत्ताणं।
णिरवेक्खो तं देदि[4] हु तस्स हवे जीवियं सहलं॥ २०॥

[छाया-एवं यः ज्ञात्वा विफलितलोकेभ्यः धर्मयुक्तेभ्यः। निरपेक्षः तां ददाति खलु तस्य भवेत् जीवितं सफलम्॥] तस्य पुंसः जीवितं जीवितव्यं सफलं सार्थकं भवेत् जायेत। तस्य कस्य। यः पुमान् ददाति प्रयच्छति तां लक्ष्मीं धनधान्यादिसंपदाम्। कीदृक् सन्। निरपेक्षः तत्कृतोपकारवाञ्छारहितः। केभ्यः। विफलितलोकेभ्यः निर्धनजनेभ्यः। किंभूतेभ्यः। धर्मयुक्तेभ्यः सम्यक्त्वव्रतादिगुणयुक्तेभ्यः। किं कृत्वा। एवं पूर्वोक्तमनित्यत्वं ज्ञात्वा अवगम्य॥ २०॥

मालिकी नहीं लिखी॥ १७-१८॥ **अर्थ**-जो मनुष्य अपनी बढ़ती हुई लक्ष्मीको सर्वदा धर्मके कामोंमें देता रहता है, उसकी लक्ष्मी सफल है और पण्डित जन भी उसकी प्रशंसा करते हैं॥ **भावार्थ**-पूजा, प्रतिष्ठा, यात्रा और चार प्रकारका दान आदि शुभ कार्योंमें लक्ष्मीका लगाना सफल है। अतः धनवानोंको धर्म और समाजके उपयोगी कार्योंमें अपनी बढ़ती हुई लक्ष्मीको लगाना चाहिये॥ १९॥ **अर्थ**-इस प्रकार लक्ष्मीको अनित्य जानकर जो उसे निर्धन धर्मात्मा व्यक्तियोंको देता है और बदलेमें उनसे किसी प्रत्युपकारकी वाञ्छा नहीं करता, उसीका जीवन सफल है॥ **भावार्थ**-ग्रन्थकारने इस गाथाके द्वारा उस उत्कृष्ट दानकी चर्चा की है, जिसकी वर्तमानमें अधिक आवश्यकता है। हमारे बहुतसे साधर्मी भाई आज गरीबी और बेकारीसे पीड़ित हैं। किन्तु उनकी ओर कोई आँख उठाकर भी नहीं देखता। धनी लोग नामके लिये हजारों रुपये व्यर्थ खर्च करदेते हैं, पदवियोंकी लालसासे अधिकारियोंको प्रसन्न करनेके लिये पैसेको पानीकी तरह बहाते हैं। आवश्यकता न होनेपर भी, मान कषायके वशीभूत होकर नये नये मन्दिरों और जिनबिम्बोंका निर्माण कराते हैं। किन्तु अपने ही पड़ोसमें बसनेवाले गरीब साधर्मियोंके प्रति सहानुभूतिके चार शब्द कहते हुए भी उन्हें सङ्कोच होता है। जो उदार धनिक वात्सल्यभावसे प्रेरित होकर, किसी प्रकारके स्वार्थके विना अपने दीन-हीन साधर्मी भाईयोंकी सहायता करते हैं, उनकी जीविकाका प्रबन्ध करते हैं, उनके बच्चोंकी शिक्षामें धन लगाते हैं, उनकी लड़कियोंके विवाहमें सहयोग देते हैं और कष्टमें उनकी बात पूछते हैं, उन्हींका जीवन सफल है॥ २०॥

---

१ ल म स देहि। २ ल ग पण्डियेहिं। ३ ब हवइ। ४ ल म स ग देहि।

जल-बुब्बुयं-सारिच्छं धण-जोव्वणं-जीवियं पि पेच्छंता[1] ।
मण्णंति तो वि णिच्चं अइ-बलिओ मोह-माहप्पो ॥ २१ ॥

[छाया-जलबुद्बुदसदृशं धनयौवनजीवितमपि पश्यन्तः । मन्यन्ते तथापि नित्यमतिबलिष्ठं मोहमाहात्म्यम् ॥] तो वि तथापि मनुते जानन्ति । किम् । धनयौवनजीवितमपि नित्यं शाश्वतम् । कीदृक्षाः सन्तः । प्रेक्षमाणा अवलोकयन्तः । किम् । धनयौवनजीवितं जलबुद्बुदसदृशम् अम्भोगतबुद्बुदसमानम् । एतत्सर्वं अतिबलिष्ठम् अतिपराक्रमयुक्तं मोहमाहात्म्यं मोहनीयकर्मणः सामर्थ्यम् ॥ २१ ॥

चइऊण महामोहं विसए मुणिऊणं भंगुरे सव्वे ।
णिव्विसयं कुणह मणं जेण सुहं उत्तमं लहह ॥ २२ ॥

[छाया-त्यक्त्वा महामोहं विषयान् ज्ञात्वा भङ्गुरान् सर्वान् । निर्विषयं कुरुत मनः येन सुखमुत्तमं लभध्वे ॥] कुणह कुरुष्व त्वं विधेहि निर्विषयं विषयातीतम् । किम् । मनः चित्तं, येन मनोवशीकरणेन लभस्व प्राप्नुहि । किम् । उत्तमं सर्वोत्कृष्टं सुखं सिद्धसुखम् । किं कृत्वा । श्रुत्वा आकर्ण्य । कान् । सर्वान् समस्तान् विषयान् इन्द्रियगोचरान् भङ्गुरान् विनश्वरान् । पुनः किं कृत्वा । चइऊण त्यक्त्वा विहाय । कम् । महामोहं महान् समर्थः स चासौ मोहश्च ममत्वपरिणामः [तम्] । माहप्पं माहात्म्यम् ॥ २२ ॥

अर्थ–धन, यौवन और जीवनको जलके बुलबुलेके समान देखते हुए भी लोग उन्हें नित्य मानते हैं । मोहका माहात्म्य बड़ा बलवान् है ॥ **भावार्थ**–सब जानते हैं कि धन सदा नहीं रहता है, क्योंकि अपने जीवनमें सैकड़ो अमीरोंको गरीब होते हुए देखते हैं । सब जानते हैं, कि यौवन चार दिनकी चाँदनी है, क्योंकि जवानोंको बूढ़ा होते हुए देखते हैं । सब जानते हैं, कि जीवन क्षणभङ्गुर है, क्योंकि प्रतिदिन बहुतसे मनुष्योंको मरते देखते हैं । यह सब जानते और देखते हुए भी हमारी चेष्टाएँ बिल्कुल विपरीत देखी जाती हैं । इसका कारण यह है, कि धन वगैरहको अनित्य देखते हुए भी उन्हें हमने नित्य समझ रखा है । आँखोसे देखते और मुखसे कहते हुए भी उनकी क्षणभङ्गुरता अभी हृदयमें नहीं समाई है । यह सब बलवान मोहकी महिमा है । उसीके कारण हम वस्तुकी ठीक ठीक स्थितिका अनुभव नहीं करते ॥ २१ ॥ **अर्थ**–हे भव्यजीवों ! समस्त विषयोंको क्षणभङ्गुर जानकर महामोहको त्यागो और मनको विषयोंसे रहित करो, जिससे उत्तम सुख प्राप्त हो ॥ **भावार्थ**–अनित्यभावनाका वर्णन करके, उसका उपसंहार करते हुए आचार्य अनित्यभावनाका फल बतलानेके बहानेसे भव्यजीवोंको उपदेश करते हैं कि हे भव्यजीवो ! अनित्य-अनुप्रेक्षाका यही फल है कि संसारके विषयोंको विनाशी जानकर उनके बारेमें जो मोह है, उसे त्यागो और अपने मनसे विषयोंकी अभिलाषाको दूर करो । जबतक मनमें विषयोंकी लालसा बनी हुई है, तबतक मोहका जाल नहीं टूट सकता । और जबतक मोहका जाल छिन्न-भिन्न नहीं होता, तबतक विषयोंका वास्तविक स्वरूप अंतःकरणमें नहीं समा सकता और जबतक यह सब नहीं होता तबतक सच्चा सुख प्राप्त नहीं होसकता । अतः यदि सच्चा सुख प्राप्त करना चाहते हो तो अनित्य-अनुप्रेक्षाका आश्रय लो ॥ २२ ॥ इति अनित्यानुप्रेक्षा ॥ १ ॥ अब नौ गाथाओंसे अशरणअनुप्रेक्षाका वर्णन करते हैं–

---

१ ब ल स बुब्बुय, म बुबुय, ग ब्बुब्बुय । २ ल म स ग जुव्वण । ३ ब पिच्छंता । ४ ल म स ग मुणिऊण । ५ माहप्पं यह शब्द ऊपरकी गाथामें आया है ।

भट्टारक श्रीशुभचन्द्रदेव सुरासुरेन्द्रैः कृतसारसेव । विद्यादिदामिन् जय जीव नन्द युक्त्यागमादिकृतशास्त्रवृन्द ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविधविद्याधरषड्भाषा-
कविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रविरचितटीकायाम्
अनित्यानुप्रेक्षायां प्रथमोऽधिकारः ॥ १ ॥

२. अशरणानुप्रेक्षा

अथाशरणानुप्रेक्षां गाथानवकेन विवृणोति-[1]

तत्थ भवे किं सरणं जत्थ सुरिंदाण दीसदे[2] विलओ ।
हरि-हर-बंभादीया कालेण य कवलिया जत्थ ॥ २३ ॥

[छाया-तत्र भवे किं शरणं यत्र सुरेन्द्राणां दृश्यते विलयः । हरिहरब्रह्मादिकाः कालेन च कवलिताः यत्र ॥] तत्र तस्मिन् भवे जन्मनि किं, किमित्याक्षेपे, शरणं आश्रयः । न किमपि । यत्र भवे दृश्यते अवलोक्यते । कः । विलयः विनाशः । केषाम् । सुरेन्द्राणां सुरपतीनाम्, च पुनः, यत्र भवे कालेन कृतान्तेन कवलिताः कवलीकृताः मरणं नीता इत्यर्थः । के । हरिहरब्रह्मादयः हरि कृष्णः हर ईश्वरः ब्रह्मा विधाता द्वन्द्वः, त एवादिर्येषां तेऽमरनरेन्द्रादीनां ते तथोक्ताः ॥ २३ ॥

सीहस्स कमे पडिदं सारंगं जह ण रक्खदे को वि ।
तह मिच्चुणा य गहिदं[3] जीवं पि ण रक्खदे को वि ॥ २४ ॥

[छाया-सिंहस्य क्रमे पतितं सारङ्गं यथा न रक्षति कः अपि । तथा मृत्युना च गृहीतं जीवमपि न रक्षति कः अपि ॥] यथोदाहरणोपन्यासे, कोऽपि नरः सुरेन्द्रो वा न रक्षति न रक्षां विदधाति । कम् । सारङ्गं मृगम् । कीदृक्षम् । सिंहस्य पञ्चाननस्य क्रमे चरणाधःप्रदेशे पतितं प्राप्तम् । तथा कोऽपि सुरेन्द्रो वा नरेन्द्रो वा न रक्षति न पालयति । कम् । जीवं संसारिणं प्राणिनम् । अपिशब्द एवकारार्थेऽत्र । कीदृक्षं जीवम् । मृत्युना मरणेन गृहीतं स्वविषयीकृतम् ॥ २४ ॥

जइ देवो वि य रक्खदि[4] मंतो तंतो य खेत्तपालो[5] य ।
मियमाणं पि मणुस्सं तो मणुया अक्खया होंति ॥ २५ ॥

[छाया-यदि देवः अपि च रक्षति मन्त्रः तन्त्रः च क्षेत्रपालः च । म्रियमाणमपि मनुष्यं तत् मनुजाः अक्षयाः भवन्ति ॥] यदि चेत् देवोऽपि, अपिशब्दात् इन्द्रधरणेन्द्रचक्रवर्त्यादिकः, रक्षति पालयति, च पुनः, मन्त्रः मृत्युंजयो

अर्थ-जिस संसारमें देवोंके स्वामी इन्द्रोंका विनाश देखा जाता है और जहाँ हरिहर, ब्रह्मा वगैरह तक कालके ग्रास बन चुके हैं, उस संसारमें क्या शरण है? **भावार्थ**-प्राणी सोचता है, कि यह संसार मेरा शरण है, इसमें रहकर मैं मृत्युसे बच सकता हूँ। किन्तु आचार्य कहते हैं, कि जिस संसारमें इन्द्र, हरिहर, ब्रह्मा जैसे शक्तिशाली देवतातक मृत्युके मुखसे नहीं बच सके, वहाँ कौन किसका शरण हो सकता है? ॥ २३ ॥ **अर्थ**-जैसे शेरके पंजेमें फँसे हुए हिरनको कोई भी नहीं बचा सकता, वैसे ही मृत्युके मुखमें पड़े हुए प्राणीको भी कोई नहीं बचा सकता ॥२४॥ **अर्थ**-यदि मरते हुए भी मनुष्यको देव, मंत्र, तंत्र और क्षेत्रपाल बचा सकते होते तो मनुष्य अमर होजाते ॥ **भावार्थ**-मनुष्य अपनी और

१ ब गाथाके आरंभमें 'असरणाणुवेक्खा'। २ ल म स ग दीसये। ३ ल म ग गहियं। ४ ल म स रक्खइ। ५ ब खित्त

मन्त्रः, तन्त्रम् औषधादिकम्, च पुनः, क्षेत्रपालः क्षेत्रप्रतिपालकः कोऽपि सुरः। कम्। मनुष्यं नरम्। अपिशब्दात् सुरमसुरं च। कीदृशम्। म्रियमाणं मरणावस्थां प्राप्तम्। तो तर्हि मनुष्याः नराः अक्षयाः क्षयरहिता मरणातीता अविनाशिनो भवन्ति ॥ २५ ॥

अइ-बलिओ वि रउद्दो मरण-विहीणो ण दीसदे[1] को वि।
रक्खिज्जंतो वि सया रक्ख-पयारेहिं विविहेहिं ॥ २६ ॥

[छाया-अतिबलिष्ठः अपि रौद्रः मरणविहीनः न दृश्यते कः अपि। रक्ष्यमाणः अपि सदा रक्षाप्रकारैः विविधैः ॥] कोऽपि नरः सुरो वा न दृश्यते न विलोक्यते। कीदृक्षः। मरणविहीनः मृत्युरहितः। कीदृक्षः। अतिबलिष्ठः शतबलसहस्रबललक्षबलकोटिबलादिशक्तियुक्तः। अपिशब्दात् न केवलं निर्बलः। रौद्रः भयानकः। पुनः कथंभूतः। सदा सर्वदा रक्ष्यमाणोऽपि, अपिशब्दात् अरक्ष्यमाणोऽपि। कैः। विविधैः अनेकैः रक्षाप्रकारैः प्रतिपालनभेदैः गजतुरगसुभटादिप्रकारैः मन्त्रतन्त्रादिभिश्च ॥ २६ ॥

एवं पेच्छंतो[2] वि हु गह-भूय-पिसाय[3]-जोइणी-जक्खं।
सरणं मण्णइ[4] मूढो सुगाढ-मिच्छत्त-भावादो ॥ २७ ॥

[छाया-एवं पश्यन्नपि खलु गृहभूतपिशाचयोगिनीयक्षम्। शरणं मन्यते मूढः सुगाढमिथ्यात्वभावात् ॥] मन्यते जानाति। कः। मूढो अज्ञानी मोही च। किम्। शरणं श्रियते आर्तिपीडितेनेति शरणम्। किम्। ग्रहभूतपिशाचयोगिनीयक्षं, ग्रहाः आदित्यसोममङ्गलबुधबृहस्पतिशुक्रशनिराहुकेतवः, भूता व्यन्तरदेवविशेषाः, पिशाचास्तथा योगिन्यः चण्डिकादयः, यक्षा मणिभद्रादयः, द्वन्द्वः तेषां समाहारः ग्रहभूतपिशाचयोगिनीयक्षम्। कुतः। सुगाढमिथ्यात्वभावात्, सुगाढम् अत्यर्थं मिथ्यात्वस्य परिणामात्, हु स्फुटम्। कीदृशः। एवं पूर्वोक्तमशरणं पश्यन्नपि प्रेक्षमाणोऽपि ॥ २७ ॥

अपने प्रियजनोंकी रक्षाके लिये देवी-देवताओंकी मनौती करते हैं। कोई महामृत्युञ्जय आदि मंत्रोंका जप करवाते हैं। कोई टोटका करवाते हैं। कोई क्षेत्रपालको पूजते हैं। कोई राजाकी सेवा करते हैं। किन्तु ग्रन्थकार कहते हैं, कि उनकी ये सब चेष्टाएँ व्यर्थ हैं, क्योंकि इनमेंसे कोई भी उन्हें मृत्युके मुखसे नहीं बचा सकता। यदि ऐसा होता तो सब मनुष्य अमर होजाते, किसी न किसीके शरणमें जाकर सभी अपनी प्राणरक्षा कर लेते ॥ २५ ॥ **अर्थ**-अत्यन्त बलशाली, भयानक, और रक्षाके अनेक उपायोंसे सदा सुरक्षित होते हुए भी कोई ऐसा दृष्टिगोचर नहीं होता, जिसका मरण न होता हो ॥ **भावार्थ**-कोई कितना ही बलशाली हो, कितना ही भयानक हो, और सदा अपनी रक्षाके लिये हाथी, घोड़े, तीर, तलवार, मंत्र, तंत्र आदि कितने ही रक्षाके उपायोंसे सुसज्जित रहता हो, किन्तु मृत्युसे बचते हुए किसीको नहीं देखा ॥ २६ ॥ **अर्थ**-ऐसा देखते हुए भी मूढ जीव प्रबल मिथ्यात्वके प्रभावसे ग्रह, भूत, पिशाच, योगिनी और यक्षको शरण मानता है ॥ **भावार्थ**-मनुष्य देखता है, कि संसारमें कोई शरण नहीं है, एक दिन सभीको मृत्युके मुखमें जाना पड़ता है, इस विपत्तिसे उसे कोई भी नहीं बचा सकता। फिर भी उसकी आत्मामें मिथ्यात्वका ऐसा प्रबल उदय है, कि उसके प्रभावसे वह अरिष्ट निवारणके लिये ज्योतिषियोंके चक्करमें फँस जाता है, और सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, और केतु नामके ग्रहोंको तथा भूत, पिशाच, चण्डिका

---

१ छ म स ग दीसए। २ ब पिच्छंतो। ३ स भूइपिसाय। ४ ग मण्णइ।

आउ-क्खएण मरणं आउं दाउं ण सक्कदे को वि।
तम्हा देविंदो वि य मरणाउ ण रक्खदे को वि॥ २८॥

[छाया-आयुःक्षयेण मरणम् आयुः दातुं न शक्नोति कः अपि। तस्मात् देवेन्द्रः अपि च मरणात् न रक्षति कः अपि॥] यस्मादित्यध्याहार्यम्। आयु क्षयेण आयुष्कर्मणः क्षयेण विनाशेन मरणं पञ्चत्वं भवेत्। कोऽपि इन्द्रो वा नरेन्द्रो वा आयुः जीवितव्यं दातुं वितरितुं न शक्नोति समर्थो न भवति। तस्मात्कारणात्, अपि च विशेषे, कोऽपि देवेन्द्रः सुरपतिर्वा मरणात् मृत्योः न रक्षति नावति॥ २८॥

अप्पाणं पि[1] चवंतं[2] जइ सक्कदि रक्खिदुं[3] सुरिंदो वि।
तो किं छंडदि[4] सग्गं सव्वुत्तम-भोय-संजुत्तं॥ २९॥

[छाया-आत्मानमपि च्यवन्तं यदि शक्नोति रक्षितुं सुरेन्द्रः अपि। तत् किं त्यजति स्वर्गं सर्वोत्तमभोग-संयुक्तम्॥] अपि च पुनः[5], यदि चेत् सुरेन्द्रोऽपि देवलोकपतिः न केवलमन्य[6], आत्मानमपि, अपिशब्दात् अन्यमपि च्यवन्तं स्वर्गादिपतितं, रक्षितुं पालयितुं शक्तः समर्थो भवति, तो तर्हि स्वर्गं देवलोकम् इन्द्र किं कथं त्यजति मुञ्चति। कीदृक्षं तम्। सर्वोत्तमभोगसंयुक्तं सर्वोत्कृष्टभोग्यदेवीविमानवैक्रियादिसमुद्भवास्तैः संयुक्तं सहितम्॥ २९॥

वगैरह व्यन्तरोंको शरण मानकर उनकी आराधना करता है॥ २७॥ **अर्थ**-आयुके क्षयसे मरण होता है, और आयु देनेके लिये कोई भी समर्थ नहीं है। अतः देवोंका स्वामी इन्द्र भी मरणसे नहीं बचा सकता है॥ **भावार्थ**-अभीतक ग्रन्थकार यही कहते आये थे, कि मरणसे कोई नहीं बचा सकता। किन्तु उसका वास्तविक कारण उन्होंने नहीं बतलाया था। यहाँ उन्होने उसका कारण बतलाया है। उनका कहना है, कि आयुकर्मके समाप्त होजानेसे ही मरण होता है, जबतक आयुकर्म बाकी है, तबतक कोई किसीको मार नहीं सकता। अतः प्राणीका जीवन आयुकर्मके आधीन है। किन्तु आयुका दान करनेकी शक्ति किसीमें भी नहीं है; क्योंकि उसका बन्ध तो पहले भवमें स्वयं जीव ही करता है। पहले भवमें जिस गतिकी जितनी आयु बँध जाती है, आगामी भवमें उस गतिमें जन्म लेकर जीव उतने ही समयतक ठहरा रहता है। बँधी हुई आयुमें घट-बढ़ उसी भवमें हो सकती है, जिस भवमें वह बाँधी गई है। नया जन्म ले लेनेके बाद वह बढ़ तो सकती ही नहीं, घट जरूर सकती है। किन्तु घटना भी मनुष्य और तिर्यञ्चगतिमें ही संभव है, क्योंकि इन दोनों गतियोंमें अकालमरण हो सकता है। किन्तु देवगति और नरकगतिमें अकालमरण भी नहीं होसकता, अतः वहाँ आयु घट भी नहीं सकती। शङ्का-यदि आयु बढ़ नहीं सकती तो मनुष्योंका मृत्युके भयसे औषधी सेवन करना भी व्यर्थ है। समाधान-ऊपर बतलाया गया है, कि मनुष्यगतिमें अकालमरण हो सकता है। अतः औषधीका सेवन आयुको बढ़ानेके लिये नहीं किया जाता, किन्तु होसकनेवाले अकालमरणको रोकनेके लिये किया जाता है। अतः मृत्युसे कोई भी नहीं बचा सकता॥ २८॥ **अर्थ**-यदि देवोंका स्वामी इन्द्र मरणसे अपनी भी रक्षा करनेमें समर्थ होता तो सबसे उत्तम भोगसामग्रीसे युक्त स्वर्गको क्यों छोड़ता? **भावार्थ**-दूसरेको मृत्युसे बचानेकी तो बात ही दूर है। किन्तु

---

१ ल ग च। २ ब चवतो। ३ ब रक्खिय, ग रक्खिदो। ४ ग छंडिदि। ५ ल अपि न पुनः। ६ ल अन्यत्र किमपि च्यवन्तं।

दंसण-णाण-चरित्तं सरणं सेवेहं परम-सद्धाए।
अण्णं किं पि ण सरणं संसारे संसरंताणं ॥ ३० ॥

[छाया-दर्शनज्ञानचारित्रं शरणं सेवध्वं परमश्रद्धया। अन्यत् किमपि न शरणं संसारे संसरताम् ॥] हे भव्य इत्यध्याहार्यम्, परमश्रद्धया सर्वोत्कृष्टपरिणामेन सेवस्व भजस्व। किम्। दर्शनज्ञानचारित्रं शरणं व्यवहारनिश्चय-सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रं शरणं, संसारे भवे संसरतां भ्रमतां जीवानाम् अन्यत् किमपि न शरणम् आश्रयः ॥ ३० ॥

अप्पा णं पि य सरणं खमादि-भावेहिँ परिणदो[2] होदि।
तिव्व-कसायाविट्ठो अप्पाणं हणदि अप्पेण ॥ ३१ ॥[3]

[छाया-आत्मा ननु अपि च शरणं क्षमादिभावैः परिणतः भवति। तीव्रकषायाविष्ट आत्मानं हन्ति आत्मना ॥] भवति क्षमादिभावैः उत्तमक्षमादिस्वभावैः परिणतम् एकत्वभावं गतम् आत्मानं स्वस्वरूपम्, अपि एवकारार्थे, संशरणम् आश्रयः। च पुनः, तीव्रकषायाविष्टः तीव्रकषाया अनन्तानुबन्धिक्रोधादयः तैराविष्टः युक्त. हन्ति हिनस्ति। कम् आत्मानं स्वस्वरूपम्। केन। आत्मना स्वस्वरूपेण ॥ ३१ ॥

स जयतु शुभचन्द्रश्चन्द्रवत्सत्कलापः स्वमतसुमतिकीर्तिः सन्मतिः सत्पदो यः।
प्रतपतु तपनार्तेस्तापकः स्वात्मवेत्ता हरतु भवसमुत्थां वेदनां वेदनाढ्यः ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषाकवि-
चक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम्
अशरणानुप्रेक्षायां द्वितीयोऽधिकारः ॥ २ ॥

इन्द्र अपनेको भी मृत्युसे नहीं बचा सकता। यदि वह ऐसा कर सकता तो कभी भी उस स्थानको न छोड़ता, जहाँ संसारके उत्तमसे उत्तम सुख भोगनेको मिलते हैं, जिन्हें प्राप्त करनेके लिये संसारके प्राणी लालायित रहते हैं ॥ २९ ॥ **अर्थ**-हे भव्य! सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र शरण हैं। परम श्रद्धाके साथ उन्हींका सेवन कर। संसारमें भ्रमण करते हुए जीवोंको उनके सिवाय अन्य कुछ भी शरण नहीं है। **भावार्थ**-संसारकी अशरणताका चित्रण करके ग्रन्थकार कहते हैं, कि संसारमें यदि कोई शरण हैं तो व्यवहार और निश्चयरूप सम्यक्दर्शन, सम्यक्ज्ञान और सम्यक्चारित्र है। अतः प्रत्येक भव्यको उन्हींका सेवन करना चाहिये। जीव, अजीव आदि तत्त्वोंका श्रद्धान करना व्यवहार-सम्यक्त्व है, और व्यवहारसम्यक्त्वके द्वारा साधने योग्य वीतरागसम्यक्त्वको निश्चयसम्यक्त्व कहते हैं। आत्माके और परपदार्थोंके संशय, विपर्यय और अनध्यवसायसे रहित ज्ञानको व्यवहार-सम्यग्ज्ञान कहते हैं, और अपने स्वरूपके निर्विकल्प रूपसे जाननेको अर्थात् निर्विकल्पस्व संवेदन-ज्ञानको निश्चयज्ञान कहते हैं। अशुभ कार्योंसे निवृत्त होना और शुभकार्योंमें प्रवृत्त होना व्यवहार सम्यक्चारित्र है, और संसारके कारणोंको नष्ट करनेके लिये ज्ञानीके बहिरङ्ग और अन्तरङ्ग क्रियाओंके रोकनेको निश्चयचारित्र कहते हैं॥ ३० ॥ **अर्थ**-आत्माको उत्तम क्षमा आदि भावोंसे युक्त करना भी शरण है। जिसकी कषाय तीव्र होती है, वह स्वयं अपना ही घात करता है॥ **भावार्थ**-संसारके मूढ प्राणी शरीरको ही आत्मा समझकर उसकी रक्षाके लिये शरणकी खोजमें भटकते फिरते हैं। किन्तु

---

१ ल म स ग सेवेहि। २ ल स ग परिणदं। ३ म गाथाके अन्तमें 'असरणाणुप्रेक्षा ॥ २ ॥' ४ ल स्वरूपम्।

३. संसारानुप्रेक्षा

अथ संसारानुप्रेक्षां गाथाद्वयेन भावयति–

एक्कं चयदि सरीरं अण्णं गिण्हेदि णव-णवं जीवो।
पुणु पुणु अण्णं अण्णं गिण्हदि मुंचेदि[2] बहु-वारं ॥ ३२ ॥
एवं जं संसरणं णाणा-देहेसु होदि[3] जीवस्स।
सो संसारो भण्णदि मिच्छ-कसाएहिँ जुत्तस्स ॥ ३३ ॥

[छाया-एकं त्यजति शरीरमन्यत् गृह्णाति नवनवं जीवः। पुनः पुनः अन्यत् अन्यत् गृह्णाति मुञ्चति बहुवारम् ॥ एवं यत्संसरणं नानादेहेषु भवति जीवस्य। स संसारः भण्यते मिथ्याकषायैः युक्तस्य ॥] एवं पूर्वोक्तगाथाप्रकारेण, नानादेहेषु एकेन्द्रियाद्यनेकशरीरेषु जीवस्य आत्मनः यत्संसरणं परिभ्रमणं स प्रसिद्धः संसारो भवो भण्यते

आत्मा शरीरसे पृथक् वस्तु है। वह अजर और अमर है। शरीरके उत्पन्न होनेपर न वह उत्पन्न होता है और न शरीरके छूटनेपर नष्ट होता है। अतः उसके विनाशके भयसे शरणकी खोजमें भटकते फिरना और अपनेको अशरण समझकर घबराना अज्ञानता है। वास्तवमें आत्मा स्वयं ही अपना रक्षक है, और स्वयं ही अपना घातक है; क्योंकि जब हम काम क्रोध आदिके वशमें होकर दूसरोंको हानि पहुँचानेपर उतारू होते हैं, तो पहले अपनी ही हानि करते हैं; क्योंकि काम क्रोध आदि हमारी सुख और शान्तिको नष्ट कर देते हैं, तथा हमारी बुद्धिको भ्रष्ट करके हमसे ऐसे ऐसे दुष्कर्म करा डालते हैं, जिनका हमें बुरा फल भोगना पड़ता है। अतः आत्मा स्वयं ही अपना घातक है। तथा यदि हम काम क्रोध आदिको वशमें करके, उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य आदि सद्गुणोंको अपनाते हैं और अपने अन्दर कोई ऐसा विकार उत्पन्न नहीं होने देते, जो हमारी सुख-शान्तिको नष्ट करता हो, तथा हमारी बुद्धिको भ्रष्ट करके हमसे दुष्कर्म करवा डालता हो, तो हम स्वयं ही अपने रक्षक हैं। क्योंकि वैसा करनेसे हम अपनेको दुर्गतिके दुःखोंसे बचाते हैं और अपनी आत्माकी उन्नतिमें सहायक होते हैं। यह स्मरण रखना चाहिये, कि आत्माका दुर्गुणोसे लिप्त होजाना ही उसका घात है और उसमें सद्गुणोंका विकास होना ही उसकी रक्षा है; क्योंकि आत्मा एक ऐसी वस्तु है जो न कभी मरता है और न जन्म लेता है। अतः उसके मरणकी चिन्ता ही व्यर्थ है। इसीसे ग्रन्थकारने बतलाया है, कि रत्नत्रयका शरण लेकर आत्माको उत्तम क्षमादि रूप परिणत करना ही संसारमें शरण है, वही आत्माको संसारके कष्टोंसे बचा सकता है ॥ ३१ ॥ इति अशरणानुप्रेक्षा ॥ २ ॥ अब दो गाथाओंसे संसारअनुप्रेक्षाको कहते हैं–

अर्थ–जीव एक शरीरको छोड़ता है और दूसरे नये शरीरको ग्रहण करता है। पश्चात् उसे भी छोड़कर दूसरा नया शरीर धारण करता है। इस प्रकार अनेक बार शरीरको ग्रहण करता है और अनेक बार उसे छोड़ता है। मिथ्यात्व कषाय वगैरहसे युक्त जीवका इस प्रकार अनेक शरीरोंमें जो संसरण (परिभ्रमण) होता है, उसे संसार कहते हैं ॥ **भावार्थ**–तीसरी अनुप्रेक्षाका वर्णन प्रारम्भ

---

१ स पुण पुण। २ ब मुंचेदि। ३ छ म ग हवदि।

कथ्यते। कथंभूतस्य जीवस्य। मिथ्यात्वकषायैर्युक्तस्य, मिथ्यात्वं नास्तिकता कषायाः क्रोधादयस्तैः संयुक्तस्य। एवं कथम्। आत्मा त्यजति मुञ्चति। किम्। एकं शरीरं पूर्वकर्मोपात्तं शरीरम्। अन्यत् अपरं उत्तरभवसंबन्धि नवं नवं भवे भवे नूतनं नूतनं गृह्णाति अङ्गीकरोति, पुनः पुनः अन्यदन्यत् शरीरं बहुवारं गृह्णाति मुञ्चति च ॥ ३२-३३ ॥ अथ नरकगतौ महद्दुःखं गाथाषट्केनोद्दीकते-

पाव-उदयेण[1] णरए जायदि जीवो सहेदि बहु-दुक्खं।
पंच-पयारं विविहं अणोवमं[2] अण्ण-दुक्खेहिं ॥ ३४ ॥

[छाया-पापोदयेन नरके जायते जीवः सहते बहुदुःखम्। पञ्चप्रकारं विविधमनौपम्यमन्यदुःखैः ॥] जायते उत्पद्यते। कः। जीवः संसारात्मा। क। नरके सप्तनरके। केन। पापोदयेन अशुभकर्मोदयेन। तथा चोक्तम्-'जो घायइ सत्ताइं अलियं जंपेइ परधणं हरइ। परदारं चिय वच्चइ बहुपावपरिग्गहासत्तो ॥ चंडो माणी थद्धो मायावी णिट्ठुरो खरो पावो। पिसुणो संगहसीलो साहूणं णिंदओ अहमो ॥ आलप्पालपसंगी दुट्ठो बुद्धीएँ जो कयग्घो य ॥ बहुदुक्खसोगपउरे मरिउं णरयम्मि सो जाइ ॥' सहते क्षमते। किम्। बहुदुःखं तीव्रतरमशर्म। कियत्प्रकारम्। पञ्चप्रकारम् असुरोदीरितादि-पञ्चभेदं, विविधम् अनेकप्रकारम्, अन्यदुःखैः अन्येषां तिर्यगादीनां दुःखैरनुपमम् उपमातिक्रान्तम् ॥ ३४ ॥ अथ तान् पञ्चप्रकारान् व्याकरोति-

असुरोदीरिय-दुक्खं सारीरं माणसं तहा विविहं।
खित्तुब्भवं च तिव्वं अण्णोण्णं[3]-कयं च पंचविहं ॥ ३५ ॥

[छाया-असुरोदीरितदुःखं शारीरं मानसं तथा विविधम्। क्षेत्रोद्भवं च तीव्रम् अन्योन्यकृतं च पञ्चविधम् ॥] एतत्पञ्चप्रकारं दुःखम्। एकम् असुरोदीरितदुःखम् असुरैरसुरकुमारैरुदीरितं प्रकटीकृतं तथा तद्दुःखं च असुरोदीरितदुःखम्।

करते हुए ग्रन्थकारने पहले संसारका स्वरूप बतलाया है। बार बार जन्म लेने और मरनेको संसार कहते हैं। अर्थात्, जन्म और मरणके चक्रमें पड़कर जीवका भ्रमण करना ही संसार है। यह संसार चार गतिरूप है और उसका कारण मिथ्यात्व और कषाय हैं। मिथ्यात्व और कषायका नाश होनेपर जीवकी इस संसारसे मुक्ति होजाती है ॥ ३२-३३ ॥ अब छह गाथाओंसे चार गतियोंमेंसे पहले नरकगतिके दुःखोंका वर्णन करते हैं। **अर्थ**-पापकर्मके उदयसे यह जीव नरकमें जन्म लेता है, और वहाँ पाँच प्रकारके अनेक दुःखोंको सहता है, जिनकी उपमा अन्य गतियोंके दुःखोंसे नहीं दी जा सकती ॥ **भावार्थ**-शास्त्रमें कहा है, कि जो प्राणियोंका घात करता है, झूठ बोलता है, दूसरोंका धन हरता है, परनारियोंको बुरी निगाहसे देखता है, परिग्रहमें आसक्त रहता है, बहुत क्रोधी, मानी, कपटी और लालची होता है, कठोर वचन बोलता है, दूसरोंकी चुगली करता है, रात-दिन धनसञ्चयमें लगा रहता है, साधुओंकी निन्दा करता है, वह नीच और खोटी बुद्धिवाला है, कृतघ्नी है, और बात बातपर शोक तथा दुःख करना जिसका स्वभाव है, वह जीव मरकर नरकगतिमें जन्म लेता है। वहाँ उसे ऐसे ऐसे कष्ट सहने पड़ते हैं, जिनकी तुलना किसी अन्य गतिके कष्टोंसे नहीं की जा सकती ॥ ३४ ॥ अब दुःखके पाँच प्रकारोंको बतलाते है। **अर्थ**-पहला असुरकुमारोंके द्वारा दिया गया दुःख, दूसरा शारीरिक दुःख, तीसरा मानसिक दुःख, चौथा क्षेत्रसे उत्पन्न होनेवाला अनेक प्रकारका दुःख और पाँचवाँ परस्परमें दिया गया दुःख, दुःखके ये पाँच प्रकार हैं ॥ **भावार्थ**-भवनवासी देवोंमें एक असुरकुमारजातिके देव होते हैं। ये बड़े कलहप्रिय होते हैं। इन्हें

१ छ म ग पावदयेण, स पाओदएण। २ ब मनोवम अन्न'। ३ छ म स ग अण्णुण्ण।

द्वितीयं शारीरं शरीरे देहे छेदनभेदनादिभवम्। तथा मानसं मनसि भवम्। विविधम् अनेकप्रकारं क्षेत्रोद्भवं भूमिस्पर्श-शीतोष्णवातवैतरणीमज्जनशाल्मलीपत्रपातकुम्भीपाकादिभवम्। च पुनः, [तीव्रं] दुःसहं सोढुमशक्यम् अन्योन्यकृतं नारकैः परस्परं शूलारोपणकुन्तखड्गच्छेदनादिकृत निष्पादितम्। च-शब्दः समुच्चयार्थे ॥ ३५ ॥

छिज्जइ तिल-तिल-मित्तं भिंदिज्जइ तिल-तिलंतरं सयलं ।
वज्जग्गीऍ कढिज्जइ णिहप्पए पूय-कुंडम्हि[1] ॥ ३६ ॥

[छाया-छिद्यते तिलतिलमात्रं भिद्यते तिलतिलान्तरं सकलम्। वज्राग्निना क्वथ्यते निधीयते पूतिकुण्डे ॥] छिद्यते खण्डीक्रियते शरीरं तिलतिलमात्रं तिलतिलप्रमाणखण्डम्, भिद्यते विदार्यते सकलं तराँमतिशयेन समस्तं तिलतिलम्। पूर्वं तिलतिलमात्रं कृतं तदपि पुनः पुनः छिद्यते। कढिज्जइ क्वथ्यते पच्यते, क्वथ् निष्पाके, अस्य धातोः प्रयोगः। क्व। वज्राग्नौ वज्ररूपवैश्वानरे निक्षिप्यते प्रक्षेपः क्रियते। क्व। पूयकुण्डे ॥ ३६ ॥

इच्चेवमाइ-दुक्खं जं णरएँ[3] सहदि एय-समयम्हि[4] ।
तं सयलं वण्णेदुं ण सक्कदे सहस-जीहो वि ॥ ३७ ॥

दूसरोंको लड़ाने- भिड़ानेमें बड़ा आनन्द आता है। ये तीसरे नरकतक जा सकते हैं। वहाँ जाकर ये नारकियोंको अनेक तरहका कष्ट देते हैं और उन्हें लड़ने झगड़नेके लिये उकसाते हैं। एक तो वे यों ही आपसमें मारते काटते रहते हैं, उसपर इनके उकसानेसे उनका क्रोध और भी भड़क उठता है। तब वे अपनी विक्रियाशक्तिके द्वारा बनाये गये भाला तलवार आदि शस्त्रोंसे परस्परमें मार-काट करने लगते हैं। इससे उनके शरीरके टुकड़े टुकड़े होजाते हैं, किन्तु बादको वे टुकड़े पारेकी तरह आपसमें पुनः मिल जाते हैं। अनेक प्रकारकी शारीरिक वेदना होनेपर भी उनका अकालमें मरण नहीं होता। कभी कभी वे सोचते हैं, कि हम न लड़ें, किन्तु समयपर उन्हें उसका कुछ भी ध्यान नहीं रहता। इस लिये भी उनका मन बड़ा खेदखिन्न रहता है। इन दुःखोंके सिवाय उन्हें नरकके क्षेत्रके कारण भी बहुत दुःख सहना पडता है। क्योकि ऊपरके नरक अत्यन्त गर्म हैं तथा पाँचवें नरकका नीचेके कुछ भाग, छट्ठे तथा सातवें नरक अत्यन्त ठंडे हैं। उनकी गर्मी और सर्दीका अनुमान इससे ही किया जा सकता है, यदि सुमेरुपर्वतके बराबर ताम्बेके एक पहाड़को गर्म नरकोंमें डाल दिया जाये तो वह क्षणभरमें पिघलकर पानीसा होसकता है। तथा उस पिघले हुए पहाड़को यदि शीत नरकोंमें डाल दिया जाये तो वह क्षणभरमें कड़ा होकर पहलेके जैसा हो सकता है। इसके सिवाय वहाँकी घास सुईकी तरह नुकीली होती है। वृक्षोंके पत्ते तलवारकी तरह पैने होते हैं। वैतरणी नामकी नदी खून, पीव जैसी दुर्गन्धित वस्तुओंसे परिपूर्ण होती है। उसमें अनेक प्रकारके कीड़े बिलबिलाते रहते हैं। जब कोई नारकी उन वृक्षोंके नीचे विश्राम करनेके लिये पहुँचता है तो हवाके झोकेसे वृक्षके हिलते ही उसके तीक्ष्ण पत्ते नीचे गिर पड़ते हैं और विश्राम करनेवालेके शरीरमें घुस जाते हैं। वहाँसे भागकर शीतल जलकी इच्छासे वह नदीमें घुसता है, तो दुर्गन्धित पीव और कीड़ोंका कष्ट भोगना पड़ता है। इस प्रकार नरकमें पाँच प्रकारका दुःख पाया जाता है॥ ३५॥ **अर्थ**–शरीरके तिल तिल बराबर टुकड़े कर दिये जाते हैं। उन तिल तिल बराबर टुकड़ोंको भी भेदा जाता है। वज्राग्निमें पकाया जाता है। पीवके कुण्डमें फेंक दिया जाता है॥ ३६॥ **अर्थ**–इस प्रकार नरकमें छेदन-भेदन आदिका जो दुःख

---

१ ब वज्जग्गिइ। २ ब कुडमि, स कुंडम्मि। ३ ब निरइ। ४ ब समियंमि, म समयंमि(?)।

[छाया-इत्येवमादिदुःखं यत् नरके सहते एकसमये। तत् सकलं वर्णयितुं न शक्नोति सहस्रजिह्वः अपि ॥] सहते क्षमते एकस्मिन् समये क्षणे। क। नरके रत्नप्रभादौ, यत् इत्येवमादि दुःखं पूर्वोक्तं छेदनभेदनाद्यशर्म, तत् सकलदुःखं वर्णयितुं कथयितुं न समर्थो भवति। कः। सहस्रजिह्वः सहस्रं जिह्वा रसना यस्य स तथोक्तः। अपिशब्दात् न केवलम् एकजिह्वः ॥ ३७ ॥

सव्वं पि होदि णरए खेत्त-सहावेण दुक्खदं असुहं।
कुविदा वि सव्व-कालं अण्णोण्णं होंति णेरइया ॥ ३८ ॥

[छाया-सर्वमपि भवति नरके क्षेत्रस्वभावेन दुःखदमशुभम्। कुपिताः अपि सर्वकालमन्योन्यं भवन्ति नैरयिकाः ॥] नरके घर्मादिनरके क्षेत्रस्वभावेन सर्वमपि वस्तु दुःखदं दुःखानां दायकं भवति, अशुभम् अप्रशस्तम्। यत्र नारकाः सर्वकालमपि सर्वदापि अन्योन्यं परस्परं कुपिताः क्रोधाक्रान्ताः भवन्ति ॥ ३८ ॥

अण्ण-भवे जो सुयणो सो वि य णरएँ हणेइ अइ-कुविदो।
एवं तिव्व-विवागं बहु-कालं विसहदे दुक्खं ॥ ३९ ॥

[छाया-अन्यभवे यः सुजनः स अपि च नरके हन्यते अतिकुपितः। एवं तीव्रविपाकं बहुकालं विषहते दुःखम् ॥] यो जीवः *अन्यभवे मनुष्यभवे तिर्यग्भवे वा स्वजनः स्वकीयजनः आत्मीयः, अपि च स स्वजनः नरके* रत्नप्रभादौ उत्पन्नः सन् अतिकुपितः क्षेत्रस्वभावात् अतिक्रुद्धः सन् हन्ति पूर्वभवसंबन्धिनस्तत्र जातान् हिनस्ति। एवं पूर्वोक्तप्रकारेण दुःखम् असातं बहुकालं पल्योपमादिसागरोपमादिकालं सहते क्षमते। कथंभूतं दुःखम्। तीव्रविपाकम् अनेकप्रकारेण पञ्चकोट्यष्टषष्टिलक्षनवतिनवसहस्रपञ्चशतचतुरशीतिसंख्यरोगादीनां तीव्रविपाक उदयो यत्र तत्तथोक्तम् ॥ ३९ ॥ अथ तिर्यग्गतिं सार्धचतुर्गाथाभिः कथयति-

तत्तो णीसरिदूणं जायदि तिरिएसु बहु-वियप्पेसु।
तत्थ वि पावदि दुक्खं गब्भे वि य छेयणादीयं ॥ ४० ॥

[छाया-ततः निःसृत्य जायते तिर्यक्षु बहुविकल्पेषु। तत्रापि प्राप्नोति दुःखं गर्भे अपि च छेदनादिकम् ॥] जायते उत्पद्यते। क। तिर्यक्षु एकेन्द्रियविकलत्रयसंज्ञ्यसंज्ञिपञ्चेन्द्रियादिबहुविकल्पेषु। किं कृत्वा। ततः नरकेभ्यः निःसृत्य

जीव एक समयमें सहता है, उस सबका वर्णन करनेके लिये हजार जिह्वावाला भी समर्थ नहीं है ॥ **भावार्थ**-जब नरकमें एक समयमें होनेवाले दुःखोंका भी वर्णन करना शक्य नहीं है, तब जीवनभरके दुःखोंकी तो कथा ही क्या है ? ॥ ३७ ॥ **अर्थ**-नरकमें सभी वस्तुएँ दुःखको देनेवाली और अशुभ होती हैं, क्योंकि वहाँके क्षेत्रका ऐसा ही स्वभाव है। तथा नारकी सदा ही परस्परमें क्रोध करते रहते हैं ॥ ३८ ॥ **अर्थ**-पूर्वभवमें जो जीव अपना सगा-सम्बन्धी था, नरकमें वह भी अति क्रुद्ध होकर घात करता है। इस प्रकार जीव बहुत समयतक दुःखके तीव्र उदयको सहता है। [इसकी संस्कृतटीकामें ५६८९९५८४ प्रकारके रोग बतलाये हैं। अनु०] **भावार्थ**-पूर्वभवका मित्र भी नरकमें जाकर शत्रु होजाता है, इसे वहाँके क्षेत्रका और अपने अशुभ कर्मोंका ही परिणाम समझना चाहिये ॥ ३९ ॥ अब साढ़े चार गाथाओंसे तिर्यञ्चगतिका वर्णन करते हैं। **अर्थ**-नरकसे निकलकर जीव अनेक प्रकारके तिर्यञ्चोंमें जन्म लेता है। वहाँ भी गर्भज अवस्थामें भी छेदन वगैरहका दुःख पाता है ॥ **भावार्थ**-तिर्यञ्चगतिमें दो जन्म होते हैं, एक सम्मूर्छन और दूसरा गर्भ। एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय,

१ छ म ग खित्त। २ छ म स ग अण्णुण्ण। ३ [हंति]। ४ ब नेरइया। ५ ब नरइ। ६ छ म स ग णीसरिऊणं। ७ ब तिरइह्मु।

निर्गत्य, तत्रापि तिर्यग्गतौ गर्भे, अपिशब्दात् न केवलं गर्भे, संमूर्च्छने छेदनादिकम्, आदिशब्दात् शीतोष्णक्षुधातृषादिकम्, दुःखं प्राप्नोति लभते ॥ ४० ॥

तिरिएहिँ खज्जमाणो दुट्ठ-मणुस्सेहिँ हम्ममाणो वि ।
सव्वत्थ वि संतट्ठो भय-दुक्खं विसहदे भीमं ॥ ४१ ॥

[छाया-तिर्यग्भिः खाद्यमानः दुष्टमनुष्यैः हन्यमानः अपि । सर्वत्र अपि संत्रस्तः भयदुःखं विषहते भीमम् ॥] विषहते विशेषेण क्षमते। किम् । भयदुःखं भीतिकृतमसुखं सर्वत्रापि तिर्यग्गतौ, जीव इत्यध्याहार्यम्, दुःखं भीमं रौद्रम्। कथंभूतो जीवः । तिर्यग्गतिखाद्यमानैः व्याघ्रसिंहवृकभल्लूकमार्जारकुर्कुरमत्स्यादिभिः भक्ष्यमाणः, अपि पुनः, हन्यमानः मार्यमाणः । कैः । दुष्टमनुष्यैः म्लेच्छभिल्लधीवरपापिष्ठैर्मानुषैः । कीदृक्षः । सर्वत्रापि प्रदेशेषु संत्रस्तः भयभीतः ॥ ४१ ॥

अण्णोण्णं[1] खज्जंता तिरिया पावंति दारुणं दुक्खं ।
माया वि जत्थ भक्खदि अण्णो को तत्थ रक्खेदि ॥ ४२ ॥

[छाया-अन्योन्यं खादन्तः तिर्यञ्चः प्राप्नुवन्ति दारुणं दुःखम् । मातापि यत्र भक्षति अन्यः कः तत्र रक्षति ॥] तिर्यञ्चः एकेन्द्रियादयो जीवाः प्राप्नुवन्ति लभन्ते । किम् । दारुणं दुःखं रौद्रतरमसुखम् । कीदृक्षाः । अन्योन्यं खाद्यमानाः परस्परं भक्षयन्तः, यत्र तिर्यग्भवे मातापि, अपिशब्दात् अन्यापि, सर्पिणीमार्जारीप्रमुखवत् भक्षति खादति तत्र तिर्यग्भवे अन्यः परः मनुष्यादिः को रक्षति । न कोऽपि ॥ ४२ ॥

तिव्व-तिसाएँ तिसिदो तिव्व-विभुक्खाइ भुक्खिदो संतो ।
तिव्वं पावदि दुक्खं उयर-हुयासेणँ डज्झंतो ॥ ४३ ॥

[छाया-तीव्रतृषया तृषितः तीव्रबुभुक्षया बुभुक्षितः सन् । तीव्रं प्राप्नोति दुःखम् उदरहुताशेन दह्यमानः ॥] प्राप्नोति लभते । किम् । तीव्रं दुःखम् । कः । तिर्यग्जीवः इत्यध्याहार्यम् । कीदृक्षः सन् । तृषितः तृषाक्रान्तः सन् ।

चतुरिन्द्रिय वगैरहके सम्मूर्छन जन्म होता है और पञ्चेन्द्रियोंके सम्मूर्छन और गर्भ दोनो जन्म होते हैं। दोनों ही प्रकारके तिर्यञ्चोंको छेदन-भेदनका दुःख सहना पड़ता है। अपि शब्दसे ग्रन्थकारने यही बात प्रकट की है ॥ ४० ॥ **अर्थ**–अन्य तिर्यञ्च उसे खा डालते हैं। दुष्ट मनुष्य उसे मार डालते हैं। अतः सब जगहसे भयभीत हुआ प्राणी भयके भयानक दुःखको सहता है ॥ **भावार्थ**–तिर्यञ्चगतिमें भी जीवको अनेक कष्टोंका सामना करना पड़ता है। सबसे प्रथम उसे उससे बलवान व्याघ्र, सिंह, भालू, बिलाव, कुत्ता, मगर-मच्छ वगैरह हिंस्र जन्तु ही खा डालते हैं। यदि किसी प्रकार उनसे बच जाता है, तो म्लेच्छ, भील, धीवर आदि हिंसक मनुष्य उसे मार डालते हैं। अतः बेचारा रात-दिन भयका मारा मरा जाता है ॥ ४१ ॥ **अर्थ**–तिर्यञ्च परस्परमें ही एक दूसरेको खाजाते हैं, अतः दारुण दुःख पाते हैं। जहाँ माता ही भक्षक है, वहाँ दूसरा कौन रक्षा कर सकता है ॥ **भावार्थ**–'जीव जीवका भक्षक है' यह कहावत तिर्यञ्चजातिमें अक्षरशः घटित होती है। क्योंकि पृथ्वीपर वनराज सिंह वनवासी पशुओंसे अपनी भूख मिटाता है, आकाशमें गिद्ध चील वगैरह उड़ते हुए पक्षियोंको झपटकर पकड़ लेते हैं, जलमें बड़े बड़े मच्छ छोटी-मोटी मछलियोंको अपने पेटमें रख लेते हैं। अधिक क्या, सर्पिणी, बिल्ली वगैरह अपने बच्चोंको ही खा डालती हैं। अतः पशुगतिमें यह एक बड़ा भारी दुःख है ॥ ४२ ॥ **अर्थ**–तिर्यञ्च जीव तीव्र प्याससे प्यासा होकर और तीव्र भूखसे भूखा होकर पेटकी आगसे जलता हुआ बड़ा कष्ट पाता है ॥ **भावार्थ**–तिर्यञ्चगतिमें भूख

१ म भयचक्क । २ [तिर्यग्भिः खाद्यमानः]। ३ ल म स ग अण्णुण्ण । ४ ग भिक्खदि यण्णो । ५ ब तिसाइ । ६ ग उवर । ७ ल म स ग हुयासेहिं ।

कया । तीव्रतृषया अतिदुःसहपिपासया । पुनः कीदृक्षः । तीव्रबुभुक्षादिबुभुक्षितः तीव्रतरक्षुधादिभिः क्षुधाक्रान्तः । पुनः कीदृक्षः । दहन् ज्वाल्यमानः । कैः । उदरहुताशैः जठरवैश्वानरैः ॥ ४३ ॥

एवं बहु-प्पयारं दुक्खं विसहेदि तिरिय-जोणीसु ।
तत्तो णीसरिदूणं लद्धि-अपुण्णो णरो होदि ॥ ४४ ॥

[छाया-एवं बहुप्रकारं दुःखं विषहते तिर्यग्योनिषु । ततः निःसृत्य लब्ध्यपूर्णः नरः भवति ॥] तिर्यग्योनिषु विषहते क्षमते । किम् । दुःखम् । कीदृशं दुःखम् । एवं पूर्वोक्तप्रकारेण बहुप्रकारम् अनेकभेदभिन्नम् । नरः मनुष्यो भवति लब्ध्यपूर्णः लब्ध्यपर्याप्तकः, लब्धिः प्राप्तिः अपूर्णस्य अपर्याप्तिनामकर्मणः यस्य स तथोक्तः । किं कृत्वा । ततः तिर्यग्भ्यः निःसृत्य निर्गत्य ॥ ४४ ॥

अह गब्भे वि य जायदि तत्थ वि णिवडीकयंग-पच्चंगो ।
विसहदि तिव्वं दुक्खं णिग्गममाणो वि जोणीदो ॥ ४५ ॥

[छाया-अथ गर्भेऽपि च जायते तत्रापि निबिडीकृताङ्गप्रत्यङ्गः । विषहते तीव्रं दुःखं निर्गच्छन् अपि योनितः ॥] अथ अथवा जायते उत्पद्यते । क्व । गर्भे स्त्रीणामुदरे, तत्रापि गर्भेऽपि तीव्रं घोरं दुःखं विषहते क्षमते । कीदृक्षः सन् । निबिडीकृतानि संकुचितानि अङ्गानि नलकबाहुशिरःपृष्ठिनितम्बोरांसि । शेषाणि अङ्गुलीनासिकादीनि प्रत्यङ्गानि यस्य स तथोक्तः, अपि पुनः, निर्गममानः निस्सरन् । कुतः । जन्मकाले योनितः स्त्रीभगात् ॥ ४५ ॥

बालो वि पियर-चत्तो पर-उच्छिट्ठेणँ वड्ढदे दुहिदो ।
एवं जायण-सीलो गमेदि कालं महादुक्खं ॥ ४६ ॥

[छाया-बालोऽपि पितृत्यक्तः परोच्छिष्टेन वर्धते दुःखितः । एवं याचनशीलः गमयति कालं महादुःखम् ॥] बालोऽपि शिशुरपि दुःखितः दुःखाक्रान्तः वर्धते वृद्धिं याति । केन । परोच्छिष्टेन परभुक्तमुक्तान्नेन । कीदृक्षः सन् ।

और प्यासकी असह्य वेदना सहनी पड़ती है। जो पशु पालतू होते हैं, उन्हें तो कुछ दाना-पानी मिल भी जाता है, किन्तु जो पालतू नहीं होते, उन बेचारोंकी तो बुरी हालत होती है, वे खानेकी खोजमें इधर उधर भटकते हैं, और जहाँ किसीके चारेपर मुँह मारते हैं, वहीं उन्हें मार खानी पड़ती है ॥ ४३ ॥ अब तिर्यञ्चगतिके दुःखोंका उपसंहार करते हुए साढ़े सोलह गाथाओंसे मनुष्यगतिका वर्णन करते हैं– **अर्थ**–इस प्रकार तिर्यञ्चयोनिमें जीव अनेक प्रकारके दुःख सहता है। वहाँसे निकलकर लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य होता है। [स्त्रियोंके काँख वगैरह प्रदेशोंमें ये मनुष्य नामके प्राणी उत्पन्न होजाते हैं । इनका सम्मूर्छन जन्म होता है। तथा शरीर पर्याप्तिपूर्ण होनेसे पहले ही अन्तर्मुहूर्तकालतक जीवित रहकर मर जाते हैं] ॥ ४४ ॥ **अर्थ**–अथवा यदि गर्भमें भी उत्पन्न होता है तो वहाँ भी शरीरके अङ्ग–उपाङ्ग सङ्कुचित रहते हैं, तथा योनिसे निकलते हुए भी तीव्र दुःख सहना पड़ता है॥ **भावार्थ**–तिर्यञ्चयोनिसे निकलकर लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्यपर्यायमें जन्म लेनेका कोई नियम नहीं है। यही इस गाथामें 'अह' पदसे सूचित किया गया है। यदि लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य न होकर गर्भज मनुष्य होता है तो गर्भमें भी नौमास तक हाथ, पैर, सिर, अंगुली, नाक वगैरह अङ्ग-प्रत्यङ्गोंको समेटकर रहना पड़ता है, और जब बाहर आता है तो सङ्कुचित द्वारसे बाहर निकलते समय बड़ी वेदना सहनी पड़ती है ॥ ४५ ॥ **अर्थ**–बाल अवस्थामें ही यदि माता-पिता छोड़कर मर जाते हैं या विदेश चले जाते हैं, तो दुःखी होता हुआ दूसरोंके उच्छिष्ट

१ ग तीव्र बिभुक्षादि। २ ल म स ग णीसरिऊणं। ३ ग लद्धिअपुण्णो। ४ ब सव्वंगो। ५ ब णिग्गवमाणो। ६ ग निबडी°। ७ ब उच्छट्टेण।

पितृत्यक्तः पापवशात् मातृपितृभ्यां मृतिवशात् देशान्तरादिगमनेन वा त्यक्तः मुक्तः, एवमुक्तप्रकारेण महादुःखं महाकष्टं यथा भवति तथा कालं समयं गमयति नयति । कीदृक्षः सन् । याञ्चाशीलः परपुरुषेभ्यः याञ्चां कर्तुं स्वभावः ॥ ४६ ॥

पावेण जणो एसो दुक्कम्म-वसेण जायदे सव्वो ।
पुणरवि करेदि पावं ण य पुण्णं को वि अज्जेदि ॥ ४७ ॥

[छाया-पापेन जनः एष दुष्कर्मवशेन जायते सर्वः । पुनरपि करोति पापं न च पुण्यं कोऽपि अर्जयति ॥] जायते उत्पद्यते सर्वः समस्तः एष प्रत्यक्षीभूतः जनो लोकः । केन । पापेन अशुभेन । कीदृक्षेण । [दुष्कर्मवशेन] दुष्कर्माणि द्व्यशीतिप्रकृतय. तेषां वशम् अधीनं यत् तत् तेन, पुनरपि मुहुर्मुहुः पापं दुरितं हिंसादिकं करोति विदधाति, च पुनः, कोऽपि पुमान् पुण्यं दानपूजातपश्चरणध्यानादिलक्षणं न अर्जयति नोपार्जयति ॥ ४७ ॥

विरलो[1] अज्जदि[2] पुण्णं सम्मादिट्ठी[3] वएहिँ संजुत्तो ।
उवसम-भावेँ सहिदो णिंदण-गरहाहिँ संजुत्तो[4] ॥ ४८ ॥

[छाया-विरलः अर्जयति पुण्यं सम्यग्दृष्टिः व्रतैः संयुक्त. । उपशमभावेन सहितः निन्दनगर्हाभ्यां संयुक्तः ॥] विरलः स्वल्पो जनः पुण्यं द्वाचत्वारिंशत्प्रकृतिभेदभिन्नं प्रशस्तं कर्म अर्जयति उपार्जयति संचिनोति । कीदृक्षः सन् । सम्यग्दृष्टिः उपशमवेदकक्षायिकसम्यक्त्वयुक्तः । पुनः कीदृक्. । व्रतैः द्वादशप्रकारैः पञ्चमहाव्रतैर्वा संयुक्तः सहित , उपशमस्वभावेन उत्तमक्षमादिलक्षणेन सहितः परिणतः । पुनरपि कीदृक्षः । निन्दनेत्यादि निन्दनम् आत्मकृतदुष्कर्मणः स्वयंप्रकाशनं, गर्हणं गुरुसाक्षिकात्मदोषप्रकाशनं ताभ्यां संयुक्तः ॥ ४८ ॥

अन्नसे बड़ा होता है, और इस तरह भिखारी बनकर बड़े दुःखसे समय बिताता है। **भावार्थ**–गर्भ और प्रसवकी वेदना सहकर जिस किसी तरह बाहर आता है। किन्तु यदि बाल्यकालमें ही माता-पिताका विछोह हो जाता है तो दूसरोंका जूठा अन्न खाकर पेट भरना पड़ता है ॥ ४६ ॥ **अर्थ**–ये सभी जन बुरे कामोंसे उपार्जित पापकर्मके उदयसे जन्म लेते हैं, किन्तु फिर भी पाप ही करते हैं। पुण्यका उपार्जन कोई भी नहीं करता ॥ [आठ कर्मोंकी उत्तरप्रकृतियोंमेंसे ८२ पापप्रकृतियाँ होती हैं और ४२ पुण्यप्रकृतियाँ होती हैं। इनके नाम जाननेके लिये देखो गोम्मटसार कर्मकाण्ड-गाथा ४१-४४। अनु०] **भावार्थ**–संसारके जीव रात-दिन पापके कामोंमें ही लगे रहते हैं। अतः पापकर्मका ही बन्ध करते हैं। इस पापकर्मके कारण उन्हें पुनः जन्म लेना पड़ता है। किन्तु पुनः जन्म लेकर भी वे पापके ही सञ्चयमें लगे रहते हैं। उनका समस्त जीवन खाने कमाने और इन्द्रियोंकी दासता करनेमें ही बीत जाता है। कोई भी भला आदमी दान, पूजा, तपस्या वगैरह शुभ कामोंके करनेमें अपने मनको नहीं लगाता है ॥ ४७ ॥ **अर्थ**–सम्यग्दृष्टि, व्रती, उपशमभावसे युक्त तथा अपनी निन्दा और गर्हा करनेवाले विरले जन ही पुण्यकर्मका उपार्जन करते हैं ॥ **भावार्थ**–जीव अजीव आदि सात तत्त्वोंके श्रद्धानको सम्यक्दर्शन कहते हैं। यह सम्यग्दर्शन तीन प्रकारका होता है–औपशमिक, क्षायिक, और क्षायोपशमिक । मिथ्यात्व, सम्यङ्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व तथा अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ, इन सात कर्मप्रकृतियोंके उपशमसे जो सम्यग्दर्शन होता है उसे औपशमिक सम्यग्दर्शन कहते हैं। इन सातोंके क्षयसे जो सम्यग्दर्शन होता है उसे क्षायिक कहते हैं। तथा देशघातिसम्यक्त्वप्रकृतिका उदय रहते हुए मिथ्यात्व, सम्यङ्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्क प्रकृतियोंके

१ ब म विरला । २ ब अज्जहि । ३ ब सम्माइट्ठी । ४ ब संयुत्ता ।

पुण्ण-जुदस्स वि दीसदि[1] इट्ठ-विओयं अणिट्ठ-संजोयं।
भरहो वि साहिमाणो परिज्जिओ लहुय-भाएण ॥ ४९ ॥

[छाया-पुण्ययुतस्यापि दृश्यते इष्टवियोगः अनिष्टसंयोगः। भरतोऽपि साभिमानः पराजितः लघुकभ्रात्रा ॥] दृश्यते ईक्ष्यते [ईक्षते ?]। कम्। इष्टवियोगम् इष्टानां धनधान्यपुत्रकलत्रपौत्रमित्रादीनां वियोगः विप्रयोगः तम्, अनिष्टसंयोगं च अनिष्टानाम् अहिकण्टकशत्रुप्रमुखानां संयोगः मेलापकः तम्। कस्य। पुण्ययुतस्य शुभप्रकृतिविपाकसहितस्य, अपिशब्दात् न केवलम् अपुण्ययुतस्य, इष्टोऽपि अनिष्टतामेति। तत्र कथां कथयति। भरतोऽपि श्रीमदादिदेवपुत्रोऽपि प्रथमचक्रवर्त्यपि साभिमानः सन् सगर्वः सम् पराजितः पराजयं नीतः। केन। लघुकभ्रात्रा अनुजेन श्रीबाहुबलिना ॥४९॥

सर्वघाती स्पर्द्धकोंके उदयाभावी क्षय और सदवस्थारूप उपशमसे जो सम्यग्दर्शन होता है, उसे क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन कहते हैं। जिसके तीनोंमेंसे कोई भी एक सम्यक्त्व होता है, उसे सम्यग्दृष्टि कहते हैं। गोम्मटसार जीवकाण्डमें सम्यग्दृष्टिका स्वरूप बतलाते हुए लिखा है-"णो इंदियेसु विरदो णो जीवे थावरे तसे वा पि। जो सद्दहदि जिणुत्तं सम्माइट्ठी अविरदो सो ॥ २९ ॥" अर्थात्, जो न तो इन्द्रियोंके विषयोंसे विरत है, न त्रस अथवा स्थावर जीवकी हिंसासे ही विरत है। किन्तु जो जिन-भगवानके वचनोंपर श्रद्धान करता है, वह अविरतसम्यग्दृष्टि है। जो सम्यग्दृष्टि व्रतसे युक्त होता है, उसे व्रती कहते हैं। व्रती दो प्रकार के होते हैं-एक अणुव्रती श्रावक और दूसरे महाव्रती मुनि। श्रावकके १२ व्रत होते हैं-[इन व्रतोंका स्वरूप जाननेके लिये देखो सर्वार्थसिद्धिका ७ वाँ अध्याय अथवा रत्नकरंडश्रावकाचारका ३, ४, ५ वाँ परिच्छेद। अनु० ।] पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत। तथा महाव्रती मुनिके पाँच महाव्रत होते हैं-अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। इन्हीं पाँच महाव्रतोंके एकदेश पालन करनेको अणुव्रत कहते हैं। अपने किये हुए पापोंके स्वयं प्रकट करनेको निन्दा कहते हैं, और गुरुकी साक्षीपूर्वक अपने दोषोंके प्रकट करनेको गर्हा कहते हैं। कषायोंके मन्द होनेसे उत्तम क्षमा आदि रूप जो परिणाम होते हैं, उन्हें उपशम भाव कहते हैं। इन सम्यक्त्व, व्रत, निन्दा, गर्हा, आदि भावोंसे पुण्यकर्मका बन्ध होता है। किन्तु उनकी ओर विरले ही मनुष्योंकी प्रवृत्ति होती है। अतः विरले ही मनुष्य पुण्यकर्मका बन्ध करते हैं ॥ ४८ ॥ **अर्थ**-पुण्यात्मा जीवके भी इष्टका वियोग और अनिष्टका संयोग देखा जाता है। अभिमानी भरत चक्रवर्तीको भी अपने लघुभ्राता बाहुबलिके द्वारा पराजित होना पड़ा॥ **भावार्थ**-पहली गाथाओंमें पापकर्मसे पुण्यकर्मको उत्तम बतलाकर पुण्यकर्मकी और लोगोंकी प्रवृत्ति न होनेकी शिकायत की थी। किन्तु इसमें कोई यह न समझे कि पुण्यात्मा जीवोंको सुख ही सुख मिलता है। जिन जीवोंके पुण्यकर्मका उदय है, वे भी संसारमें दुःखी देखे जाते हैं। उन्हें भी अपने धन, धान्य, स्त्री, पुत्र, पौत्र, मित्र वगैरह इष्ट वस्तुओंका वियोग सहना पड़ता है, और सर्प, कण्टक, शत्रु वगैरह अनिष्ट वस्तुओंका संयोग होजानेपर उन्हें दूर करनेके लिये रात-दिन चिन्ता करनी पड़ती है। अतः यह नहीं समझना चाहिये कि जिनके पुण्यकर्मका उदय है, वे सब सुखी ही हैं। देखो, भगवान आदिनाथके बड़े पुत्र सम्राट् भरतको अपने ही छोटे भाई

---

१ ल म स ग दीसइ।

सयलट्ठ-विसय-जोओ[1] बहु-पुण्णस्स वि ण सव्वहा होदि ।
तं पुण्णं पि ण कस्स वि सव्वं [2]जेणिच्छिदं लहदि ॥ ५० ॥

[छाया-सकलार्थविषययोगः बहुपुण्यस्यापि न सर्वथा भवति । तत्पुण्यमपि न कस्यापि सर्वं येनेप्सितं लभते ॥] भवति सर्वतः साकल्येन, न इति निषेधे । कः । सकलार्थविषययोगः, अर्था धनधान्यादिपदार्थाः विषयाः पञ्चेन्द्रियगोचराः सकलाः सर्वे च ते च अर्थविषयाश्च सकलार्थविषयाः तेषां योगः संयोगः । कस्य । बहुपुण्यस्य प्रचुरवृषस्य, अपिशब्दात् न केवलं स्वल्पपुण्यस्य अपुण्यस्य च, कस्यापि प्राणिनः तत्पुण्यं न विद्यते येन पुण्येन सर्वं समस्तम् ईप्सितं वाञ्छितं वस्तु लभते प्राप्नोति ॥ ५० ॥ अथात्र संसारे मनुष्याणां सर्वसामग्रीदुर्लभत्वं गाथादशकेनाह-

कस्स वि णत्थि कलत्तं अहव कलत्तं ण पुत्त-संपत्ती ।
अह तेसिं संपत्ती तह वि सरोओ[5] हवे देहो ॥ ५१ ॥

[छाया-कस्यापि नास्ति कलत्रं अथवा कलत्रं न पुत्रसंप्राप्तिः । अथ तेषां संप्राप्तिः तथापि सरोगः भवेत् देहः ॥] कस्यापि मनुष्यस्य कलत्रं भार्या नास्ति न विद्यते, अथवा कलत्रं चेत् तर्हि पुत्रसंपत्तिः पुत्राणां प्राप्तिर्न विद्यते, अथवा तेषां पुत्राणां प्राप्तिश्चेत् तथापि देहः शरीरं सरोगः श्वासोच्छ्वासभगंदरकुष्टोदरकुष्ठादिव्याधिभिर्भवेत् ॥ ५१ ॥

अह णीरोओ[6] देहो तो धण-धण्णाण णेयं संपत्ती ।
अह धण-धण्णं होदि हु तो मरणं झत्ति ढुक्केदि[9] ॥ ५२ ॥

[छाया-अथ नीरोगः देहः तत् धनधान्यानां नैव संप्राप्तिः । अथ धनधान्यं भवति खलु तत् मरणं झगिति ढौकते ॥] अथ अथवा देहः शरीरं नीरोगः रोगरहितः तो तर्हि धनधान्यानां संपत्तिर्नैव, अथवा धनधान्यानां संपत्तिर्भवति चेत् तर्हि, हु स्फुटं, झगिति बाल्यकुमारयौवनावस्थादिषु मरणं मृत्युः ढौकते प्राप्नोति ॥ ५२ ॥

बाहुबलीसे पराजित होना पड़ा और उनका सब अभिमान धूलमें मिल गया [इनकी कथाके लिये आदिपुराण सर्ग ३५-३६ देखना चाहिये । अनु०] ॥ ४९ ॥ **अर्थ**-बहुत पुण्यशालीको भी सकल धन, धान्य, आदि पदार्थ तथा भोग पूरी तरहसे प्राप्त नहीं होते हैं । किसीके भी ऐसा पुण्य ही नहीं है, जिससे सभी इच्छित वस्तुएँ प्राप्त हो सकें ॥ **भावार्थ**-पूर्वोक्त शुभकार्योंमें प्रवृत्ति करनेसे पुण्यकर्मका बन्ध होता है, यह पहले कहा है । किन्तु प्रवृत्तिपरक मनुष्यमें वे बुराईयाँ वर्तमान रहती है, जिनसे पापकर्मका बन्ध होता है । अतः शुभ कार्योंमें प्रवृत्ति करते हुए भी कुछ न कुछ पापकर्म भी बँधते ही रहते हैं । फलतः जबतक जीवके साथ घातिकर्म लगे हुए हैं, तबतक पुण्यप्रकृतियोंके साथ पापप्रकृतियाँ भी बँधती ही रहती हैं, अतः ऐसा कोई क्षण ही नहीं होता जिसमें पुण्य ही पुण्यकर्मका बन्ध होता हो, इसलिये पुण्यात्मासे पुण्यात्मा जीवके साथ भी पापकर्म लगे ही रहते है और उनके कारण महापुण्यशाली जीवको भी संसारके सभी इच्छित पदार्थ प्राप्त नहीं हो सकते ॥ ५० ॥ **अर्थ**-किसी मनुष्यके तो स्त्री नहीं है, किसीके स्त्री है तो उसके पुत्र नहीं होता है, किसीके पुत्र भी हुआ तो शरीर रोगी रहता है ॥ ५१ ॥ **अर्थ**-किसीका शरीर नीरोग हुआ तो धन धान्य सम्पदा नहीं होती । किसीके धन धान्य भी हुआ तो उसकी मृत्यु शीघ्र होजाती है ॥५२॥

---

१ ब सयलिट्ठ विसंजोउ । २ ल स ग सव्वदो, म सव्वदा । ३ ब जो णिच्छिद । ४ ल संसारि । ५ ब स सरोवो । ६ म अहवणी । ७ ब निरोओ । ८ ब णेव । ९ ल म स ग ढुकेर ।

कस्स वि दुट्ठ-कलत्तं[1] कस्स वि दुव्वसण-वसणिओ पुत्तो ।
कस्स वि अरि-सम-बंधू कस्स वि दुहिदा वि दुच्चरिया[2] ॥ ५३ ॥

[छाया-कस्यापि दुष्टकलत्रं कस्यापि दुर्व्यसनव्यसनिकः पुत्रः । कस्यापि अरिसमबन्धुः कस्यापि दुहितापि दुश्चरिता॥] कस्यापि नरस्य दुष्टं कलत्रं दुष्टं दुःशीलं दुश्चरित्रं मनोवचनकायकुटिलं तच्च तत् कलत्रं च दुष्टकलत्रं दुराचारिणी भार्या । कस्यापि नरस्यापि पुत्रः अङ्गजः दुर्व्यसनव्यसनिकः दुर्व्यसनेन द्यूतपलमद्यपण्याङ्गनापरवधूस्तेयमृगयाभिधानेन व्यसनिकः व्यसनयुक्तः । कस्यापि अरिसमबन्धुः शत्रुसदृशबन्धुजनः कुटुम्बवर्गः । कस्यापि दुहितापि सुतापि दुश्चरित्रा दुःशीला दुराचारिणी ॥ ५३ ॥

मरदि सुपुत्तो कस्स वि[3] कस्स वि महिला विणस्सदे[4] इट्ठा ।
कस्स वि अग्गि-पलित्तं गिहं कुडंबं[5] च डज्झेइ ॥ ५४ ॥

[छाया-म्रियते सुपुत्रः कस्यापि कस्यापि महिला विनश्यति इष्टा । कस्यापि अग्निप्रदीप्तं गृहं कुटुम्बं च दह्यते ॥] कस्यापि म्रियते विनश्यति सुपुत्रः त्रिवर्गसाधनस्तनुजः । कस्यापि नरस्यापि महिला भार्या इष्टा वल्लभा विनश्यति म्रियते । कस्यापि गृहं कुटुम्बं च बन्धुवर्गं दह्यते दाहं प्राप्नोति । कीदृक्षम् । अग्निप्रलिप्तम् अग्निना परीतं व्याप्तम् अग्निज्वलितमित्यर्थः ॥ ५४ ॥

एवं मणुय-गदीए णाणा-दुक्खाइँ विसहमाणो वि ।
ण वि धम्मे कुणदि मइं आरंभं णेय परिचयइ ॥ ५५ ॥

[छाया-एवं मनुजगतौ नानादुःखानि विषहमाणः अपि । नापि धर्मे करोति मतिम् आरम्भं नैव परित्यजति ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण मनुष्यगत्यां धर्मे वृषे पुमान् मतिं बुद्धिं नापि कुरुते । नैव परित्यजति नैव परिहरति । कम् । आरम्भं गृहव्यापारजं प्रारम्भम् । कीदृक्षः सन् । नानादुःखानि अनेकक्षुधातृषायोगवियोगभवानि अशर्माणि विषहमाणः क्षममाणः ॥ ५५ ॥ किं च इत्थं संसारे, अत्र संसारे किंचिद्विशेषं दर्शयति–[6]

सधणो वि होदि णिधणो धण-हीणो तह य ईसरो होदि ।
राया वि होदि भिच्चो भिच्चो वि य होदि णर-णाहो ॥ ५६ ॥

[छाया-सधनोऽपि भवति निर्धनः धनहीनः तथा च ईश्वरः भवति । राजापि भवति भृत्यः भृत्योऽपि च भवति नरनाथः॥] सधनोऽपि धनवानपि कालतः निर्धनो धनहीनः दरिद्री भवति, तथा च धनहीनः निर्धनः ईश्वरः अनेकैश्वर्य-

---

अर्थ–किसीकी स्त्री दुष्टा है । किसीका पुत्र जुआ आदि दुर्व्यसनोंमें फँसा हुआ है । किसीके भाई-बन्धु शत्रुके समान वैरी हैं । किसीकी पुत्री दुराचारिणी है ॥ ५३ ॥ **अर्थ**–किसीका सुपुत्र मर जाता है। किसीकी प्रिय स्त्री मर जाती है । किसीका घर कुटुम्ब आगमें पड़कर भस्म होजाता है ॥ ५४ ॥ **अर्थ**–इस प्रकार मनुष्यगतिमें अनेक दुःखोंको सहते हुए भी जीव न तो धर्ममें ही मन लगाता है, और न आरम्भको ही छोड़ता है ॥ ५५ ॥ इस संसारकी कुछ और भी विशेषता दिखाते हैं । **अर्थ**–धनवान निर्धन हो जाता है । निर्धन धनवान हो जाता है । राजा सेवक हो जाता है और सेवक भी राजा हो जाता है ॥ **भावार्थ**–इस संसारकी दशा बड़ी विचित्र है । जो आज धनवान है, कल वही निर्धन हो जाता है, और आज जो निर्धन है कल वही मालिक बन जाता है । अधिक क्या ? पलभरमें राजा रङ्क हो जाता है और रङ्क राजा हो जाता है । इसका दृष्टान्त जीवन्धरकुमारके पिता राजा सत्यन्धरकी कथा है । विषयासक्त राजा सत्यन्धरने राज-काजका भार अपने मंत्री काष्ठाङ्गारको सौंप दिया था । काष्ठाङ्गारके

---

१ म कलत्ता । २ ग दुच्चरिआ । ३ ल म स ग कस्स वि मरदि सुपुत्तो । ४ ब विणिस्सदे । ५ ब कुणइ रई आ । ६ गाथाके आरंभमें, ब किंच इत्थ संसारे स्वरूपं ।

संपदा युक्तः राजापि भूपतिरपि भृत्यः सेवको भवति, च पुनः, भृत्योऽपि दासोऽपि नरनाथः समस्तपृथ्वीपालको राजा काष्ठाङ्गारवत् भवति ॥ ५६ ॥

सत्तू वि होदि मित्तो मित्तो वि य जायदे तहा सत्तू ।
कम्म-विवाग[1]-वसादो एसो संसार-सब्भावो ॥ ५७ ॥

[छाया-शत्रुः अपि भवति मित्र मित्रमपि च जायते तथा शत्रुः । कर्मविपाकवशतः एष संसारस्वभावः ॥] शत्रुरपि वैर्यपि मित्रं सखा भवति । रामस्य विभीषणवत् । अपि च तथापि मित्रमपि शत्रुः वैरी जायते । रावणस्य विभीषणवत् । कुतः । कर्मविपाकवशात् कर्मणामुदयवशात् । एष पूर्वोक्तः ससारसद्भावः संसारस्वरूपम् ॥ ५७ ॥ अथ देवगतिस्वरूपं विवृणोति-

अह कह वि हवदि देवो तस्स वि[2] जाएदि माणसं दुक्खं ।
दट्ठूण महड्ढीणं[3] देवाणं रिद्धि-संपत्ती ॥ ५८ ॥

[छाया-अथ कथमपि भवति देवः तस्यापि जायते मानसं दुःखम् । दृष्ट्वा महर्द्धीनां देवानां ऋद्धिसंप्राप्तिम् ॥] अह अथवा, कथमपि महता कष्टेन भवति जायते । कः । देवः चतुर्णिकायदेवः । तस्य च देवस्य जायते उत्पद्यते । किं तत् । मानसं मनोभवं दुःखम् असातम् । किं कृत्वा । दृष्ट्वा अवलोक्य । काः । ऋद्धिसंपत्तीः ऋद्धीनां वैक्रियादीनां संपत्तीः संपदाः । केषाम् । देवानां सुराणां महर्द्धिकानाम् इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशादिसुराणाम् ॥ ५८ ॥

इट्ठ-विओगं[4]-दुक्खं होदि महड्ढीणं[5] विसय-तण्हादो ।
विसय-वसादो सुक्खं जेसिं तेसिं कुदो तित्ती ॥ ५९ ॥

मनमें धूर्तता आई और उसने राजद्रोही बनकर राजमहलको जा घेरा। उस समय रानी गर्भवती थी। राजाने रानीको तो मयूरयंत्रमें बैठाकर आकाशमार्गसे चलता कर दिया और स्वयं युद्धमें मारा गया। मयूरयंत्र रानीको लेकर स्मशानभूमिमें जा गिरा और वहींपर रानीने पुत्र प्रसव किया। इस घटनाका वर्णन करते हुए क्षत्रचूडामणिकारने ठीक ही कहा है, कि प्रातःकालके समय जिस रानीकी पूजा स्वयं राजाने की थी, सन्ध्याके समय उसी रानीको स्मशानभूमिकी शरण लेनी पड़ी। अतः समझदारोंको पापसे डरना चाहिये ॥ ५६ ॥ **अर्थ**-कर्मके उदयके कारण शत्रु भी मित्र हो जाता है और मित्र भी शत्रु हो जाता है। यही संसारका स्वभाव है ॥ **भावार्थ**-इस संसारमें सब कुछ कर्मका खेल है। शुभ कर्मका उदय होनेसे शत्रु भी मित्र हो जाता है। जैसे, रावणका भाई विभीषण रामचंद्रजीका मित्र बन गया था। और अशुभ कर्मका उदय होनेसे मित्र भी शत्रु हो जाता है। जैसे, वही विभीषण अपने सहोदर रावणका ही शत्रु बनगया था। संसारका यही नग्न स्वरूप है ॥ ५७ ॥ अब देवगतिका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**-अथवा जिस किसी तरह देव होता है, तो महर्द्धिक देवोंकी ऋद्धिसम्पदाको देखकर उसे मानसिक दुःख होता है ॥ **भावार्थ**-मनुष्यगतिसे निकलकर जिस किसी तरह बड़ा कष्ट सहकर देव होता है, क्योंकि देव पर्याय पाना सहज नहीं है, तो वहाँ भी अपनेसे बड़े महाऋद्धिके धारक इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश आदि देवोंकी विभूतिको देखकर मन ही मन झूरता है ॥ ५८ ॥ **अर्थ**-महर्द्धिक देवोंको विषयसुखकी बड़ी तृष्णा होती है, अतः उन्हें भी अपने प्रिय देव-देवाङ्गनाओंके वियोगका दुःख होता है। जिनका सुख विषयोंके अधीन है, उनकी तृप्ति

---

१ ब म स विवाय। २ ल म स ग य। ३ ल म स ग महड्ढीणं। ४ ब विडयं, म विओगे। ५ ब महड्ढीण ल म स ग महड्ढीण।

[छाया-इष्टवियोगदुःखं भवति महर्द्धीनां विषयतृष्णातः । विषयवशात् सुखं येषां तेषां कुतः तृप्तिः ॥] होदि भवति । किं तत् । दुःखम् । कीदृक्षम् । इष्टवियोगम् इष्टानां देवाप्सरोविषयादीनां वियोगजं विप्रयोगस्तत्संभवम् । केषाम् । महर्द्धीनां महर्द्धिकानाम् इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशादिदेवानाम् । कुतः । विषयतृष्णातः पञ्चेन्द्रियविषयसुखवाञ्छातः । येषां जीवानां विषयवशात् स्पर्शनादिविषयसुखवशतः सुखं शर्म तेषां जीवानां कुतः तृप्तिः संतोषः । न कुतोऽपि ॥ ५९ ॥

सारीरिय-दुक्खादो माणस-दुक्खं हवेइ अइ-पउरं ।
माणस-दुक्ख-जुदस्स हि[1] विसया वि दुहावहा हुंति ॥ ६० ॥

[छाया-शारीरिकदुःखतः मानसदुःखं भवति अतिप्रचुरम् । मानसदुःखयुतस्य हि विषयाः अपि दुःखावहाः भवन्ति ॥] ननु देवानां शारीरिकं दुःखं प्रायेण न संभवति मानसदुःखं कियन्मात्रम् इत्युक्ते व्यवक्तीति । मानसदुःखम् अतिप्रचुरम् अतिघनं भवेत् । कुतः । शारीरिकदुःखात् शरीरसंभवाशर्मतः । हि यस्मात्, मानसदुःखयुतस्य पुंसः विषया अपि इन्द्रियगोचरा अपि दुःखावहाः दुःखकारिणो भवन्ति ॥ ६० ॥

देवाणं पि य सुक्खं मणहर-विसएहिँ कीरदे[3] जदि हि ।
विसयँ-वसं[4] जं सुक्खं दुक्खस्स वि कारणं तं पि ॥ ६१ ॥

[छाया-देवानामपि च सुखं मनोहरविषयैः क्रियते यदि हि । विषयवशं यत्सुखं दुःखस्यापि कारणं तदपि ॥] हि स्फुटम्, यदि चेत्, क्रियते निष्पाद्यते । किं तत् । सुखं शर्म । केषाम् । देवानाम्, अपिशब्दात् न केवलमन्येषाम् । कैः । मनोहरविषयैः देवीनवशरीरविक्रियाप्रमुखैः । यद् विषयवशं विषयाधीनं सुखं तदपि विषयवशं सुखम् । कालान्तरे द्रव्यान्तरसंबन्धे च तदपि सुख दुःखस्य कारणं हेतुर्जायते ॥ ६१ ॥

कैसे हो सकती है ? **भावार्थ**–स्वर्गमें केवल सामान्य देव ही दुःखी नहीं हैं, किन्तु महर्द्धिक देव भी दुःखी हैं । उन्हें भी विषयोंकी तृष्णा सतत सताती रहती है । अतः जब कोई उनका प्रियजन स्वर्गसे च्युत होता है, तो उन्हें उसका बड़ा दुःख होता है । ग्रन्थकार कहते हैं, कि यह ठीक ही है, क्योंकि जिनका सुख स्वाधीन नहीं है, पराधीन है, तथा जो विषयोंके दास हैं, उनको सन्तोष कैसे हो सकता है ? ॥ ५९ ॥ **अर्थ**–शारीरिक दुःखसे मानसिक दुःख बड़ा होता है । क्योंकि जिसका मन दुःखी होता है, उसे विषय भी दुःखदायक लगते हैं । **भावार्थ**–शायद कोई यह कहे कि देवोंको शारीरिक दुःख तो प्रायः होता ही नहीं है, केवल मानसिक दुःख होता है, और वह दुःख साधारण है । तो आचार्य कहते हैं, कि मानसिक दुःखको साधारण नहीं समझना चाहिये, वह शारीरिक दुःखसे भी बड़ा है; क्योंकि शारीरिक सुखके सब साधन होते हुए भी यदि मन दुःखी होता है तो सब साधन नीरस और दुःखदायी लगते हैं । अतः देव भी कम दुःखी नहीं हैं ॥ ६० ॥ **अर्थ**–यदि देवोंका भी सुख मनको हरनेवाले विषयोंसे उत्पन्न होता है, तो जो सुख विषयोंके आधीन है, वह दुःखका भी कारण है ॥ **भावार्थ**–सब समझते हैं कि देवलोकमें बड़ा सुख है और किसी दृष्टिसे ऐसा समझना ठीक भी है, क्योंकि वैषयिक सुखकी दृष्टिसे सब गतियोंमें देवगति ही उत्तम है । किन्तु वैषयिक सुख विषयोंके अधीन है और जो विषयोंके अधीन है वह दुःखका भी कारण है । क्योंकि जो विषय आज हमें सुखदायक प्रतीत होते हैं, कल वे ही दुःखदायक लगने लगते हैं । जब तक हमारा मन उनमें लगता है, या जब तक वे हमारे मनके अनुकूल रहते हैं, तब तक तो वे

---

१ ब वि । २ छ ग अतिइन्द्रिय । ३ छ म स ग कीरए । ४ ब विसइ । ५ ग विसं ।

एवं सुट्ठु असारे संसारे दुक्ख-सायरे घोरे ।
किं कत्थ वि अत्थि सुहं वियारमाणं सुणिच्छयदो ॥ ६२ ॥

[छाया-एवं सुष्ठु असारे संसारे दुःखसागरे घोरे । किं कुत्रापि अस्ति सुखं विचार्यमाणं सुनिश्चयतः ॥] एवं चतुर्गतिषु दुःखसुखभावस्योपसंहारं दर्शयति । एवं पूर्वोक्तप्रकारेण सुनिश्चयतः परमार्थतः विचार्यमाणं चर्च्यमानं कुत्रापि चतुर्गतिसंसारे सुखं किमस्ति । अपि तु नास्ति । कथंभूते संसारे । सुष्ठु असारे अतिशयेन सारवर्जिते । पुनः कीदृक्षे । दु खसागरे असुखसमुद्रे, घोरे रौद्रे ॥ ६२ ॥ अथ जीवानाम् एकत्र स्थितौ नियतत्वं नास्तीत्यावेदयति-

दुक्किय-कम्म-वसादो राया वि य असुइ-कीडओ होदि ।
तत्थेव य कुणइ रई पेक्खह[१] मोहस्स माहप्पं ॥ ६३ ॥

[छाया-दुष्कृतकर्मवशात् राजापि च अशुचिकीटकः भवति । तत्रैव च करोति रतिं प्रेक्षध्वं मोहस्य माहात्म्यम् ॥] च पुन , राजापि भूपतिरपि न केवलमन्यः भवति जायते । क । अशुचिकीटकः विष्ठाकीटकः । कुतः । दुःकर्मवशात् पापकर्मोदयवशात , च पुन॰, तत्र विष्ठामध्ये रतिं रागं कुरुते सुखं कृत्वा मन्यते। पश्यत यूयं प्रेक्षध्वं मोहस्य मोहनीय-कर्मण॰ माहात्म्यं प्राबल्यं यथा ॥ ६३ ॥ येन अथैकस्मिन् भवे अनेके सम्बन्धा जायन्ते इति प्ररूपयति -

---

हमें सुखदायक मालूम होते हैं, किन्तु मनके उधरसे उचटते ही वे दुःखदायक लगने लगते हैं । या आज हमें जो वस्तु प्रिय है, उसका वियोग हो जानेपर वही दुःखका कारण बन जाती है । अतः विषयसुख दुःखका भी कारण है ॥ ६१ ॥ **अर्थ**–इस प्रकार परमार्थसे विचार करनेपर, सर्वथा असार, दुःखोंके सागर इस भयानक संसारमें क्या किसीको भी सुख है ? ॥ **भावार्थ**–चारगतिरूप संसारमें सुख-दुःखका विचार करके आचार्य पूछते हैं, कि निश्चयनयसे विचार कर देखो कि इस संसारमें क्या किसीको भी सच्चा सुख प्राप्त है ? जिन्हें हम सुखी समझते हैं, वस्तुतः वे भी दुःखी ही हैं । दुःखोके समुद्रमें सुख कहाँ ? ॥ ६२ ॥ अब यह बतलाते हैं कि जीवोंका एक पर्यायमें रहना भी नियत नहीं है । **अर्थ**–पापकर्मके उदयसे राजा भी मरकर विष्ठाका कीड़ा होता है, और उसी विष्ठामें रति करने लगता है । मोहका माहात्म्य तो देखो ॥ **भावार्थ**–विदेह देशमें मिथिला नामकी नगरी है । उसमें सुभोग नामका राजा राज्य करता था । उसकी पत्नीका नाम मनोरमा था । उन दोनोंके देवरति नामका युवा पुत्र था । एक बार देवकुरु नामके तपस्वी आचार्य संघके साथ मिथिला नगरीके उद्यानमें आकर ठहरे । उनका आगमन सुनकर राजा सुभोग मुनियोंकी वन्दना करनेके लिये गया । और आचार्यको नमस्कार करके उनसे पूछने लगा–मुनिराज ! मैं यहाँसे मरकर कहाँ जन्म लूँगा ? राजाका प्रश्न सुनकर मुनिराज बोले–'हे राजेन्द्र ! आजसे सातवें दिन बिजलीके गिरनेसे तुम्हारी मृत्यु हो जायेगी और तुम मरकर अपने अशौचालयमें टट्टीके कीड़े होओगे । हमारे इस कथनकी सत्यताका प्रमाण यह है, कि आज जब तुम यहाँसे जाते हुए नगरमें प्रवेश करोगे तो तुम मार्गमें एक भौंरेकी तरह काले कुत्तेको देखोगे ।' मुनिके वचन सुनकर राजाने अपने पुत्रको बुलाकर उससे कहा, 'पुत्र ! आजसे सातवें दिन मरकर मैं अपने अशौचालयमें टट्टीका कीड़ा हूँगा । तुम मुझे मार देना ।' पुत्रसे ऐसा कहकर राजाने अपना राजपाट छोड़ दिया और बिजली गिरनेके भयसे जलके अन्दर बने हुए महलमें छिपकर बैठ गया । सातवे दिन बिजलीके गिरनेसे राजाकी मृत्यु हो गई

---

१ ब पेक्खहु, ल म ग पिक्खह ।

पुत्तो वि भाउ जाओ सो चिय भाओ वि देवरो होदि।
माया होदि सवत्ती जणणो वि य होदि भत्तारो ॥ ६४ ॥
एयम्मि भवे एदे संबंधा होंति एय-जीवस्स।
अण्ण-भवे किं भण्णइ जीवाणं धम्म-रहिदाणं ॥ ६५ ॥ युगलम्

[छाया-पुत्रोऽपि भ्राता जातः स एव भ्रातापि देवरः भवति। माता भवति सपत्नी जनकोऽपि च भवति भर्ता ॥ एकस्मिन् भवे एते संबन्धाः भवन्ति एकजीवस्य। अन्यभवे किं भण्यते जीवानां धर्मरहितानाम् ॥] एकजीवस्य एकप्राणिनः एकस्मिन्नेव भवे जन्मनि एते पूर्वोक्ताः संबन्धा भ्रातृपुत्रादिरूपेण संयोगा भवन्ति जायन्ते। ते के। पुत्रः तनुजः भ्राता बान्धवो जातः अभूत्। सोऽपि च भ्राता देवरः भवति। माता जननी सपत्नी भर्तृभार्या भवति। जनकोऽपि च पितापि भर्ता वल्लभो भवति। अन्यभवे परभवे धर्मरहितानां किं भण्यते किं कथ्यते। वसन्ततिलकायाः वेश्यायाः धनदेवस्य कमलायाश्च एते पूर्वोक्ता दृष्टान्ताः॥ उक्तं च। मालवदेशे उज्जयिन्यां राजा विश्वसेनः, श्रेष्ठी सुदत्तः षोडशकोटिद्रव्यस्वामी, वसन्ततिलका वेश्या। सा सुदत्तेन गृहवासे धृता। सा गुर्विणी सती कण्डूकासश्वासादिरोगाक्रान्ता तेन त्यक्ता। स्वगृहे सा वसन्ततिलका बालयुगलं पुत्रं पुत्रीं प्रसूता। उद्विग्नया रत्नकम्बलेनावृत्य दक्षिणदिशि प्रतोल्यां सा कमला पुत्री मुक्ता। प्रयागवासिसुकेतुसार्थवाहेन सुप्रभाप्रियायाः दत्ता। तथैवोत्तरदिशि प्रतोल्यां पुत्रो धनदेवो मुक्तः सन् साकेतपुरस्थसुभद्रेण सुव्रतायाः दत्तः। पूर्वोपार्जितपापात् तयोः धनदेवकमलयोः दम्पतीत्वं जातम्। धनदेवः उज्जयिन्यां व्यापारार्थं गतः तया वसन्ततिलकया वेश्यया सह लुब्धः। ततस्तयोर्वरुणनामा बालो जातः। कमलया श्रीमुनिदत्तः पृष्टः। तेन श्रीमुनिदत्तेन सर्वं संबन्धः कथितः। कथं तत्। उज्जयिन्यां विप्रः सोमशर्मा, भार्या काश्यपी,

और वह मरकर अपने अशौचालयके विष्ठामें सफेद कीड़ा हुआ। पुत्रने जैसे ही उसे देखा और वह उसे मारनेको प्रवृत्त हुआ, वह कीड़ा विष्ठामें घुस गया। संसारकी यह विचित्रता देखकर पुत्रको बड़ा अचरज हुआ और वह विचारोंमें डूब गया। संसारकी यह स्थिति कितनी करुणाजनक है॥ ६३ ॥ अब कहते हैं कि एक ही भवमें अनेक नाते हो जाते हैं। **अर्थ**–पुत्र भी भाई होता है। वह भाई भी देवर होता है। माता सौत होती है। पिता भी पति होता है। जब एक जीवके एकही भवमें ये नाते होते हैं, तो धर्मरहित जीवोंके दूसरे भवमें कहना ही क्या है? **भावार्थ**–जैन शास्त्रोंमें अठारह नातेकी कथा प्रसिद्ध है। उसी कथाके प्रमुख पात्र धनदेव और पात्री वसन्ततिलका वेश्या तथा उसकी पुत्री कमलाके पारस्परिक सम्बन्धोंको लेकर उक्त बातें कही गई हैं। कथा इस प्रकार है–मालवदेशकी उज्जैनी नगरीमें राजा विश्वसेन, सेठ सुदत्त और वसन्ततिलका वेश्या रहती थी। सेठ सुदत्त सोलह करोड़ द्रव्यका स्वामी था। उसने वसन्ततिलका वेश्याको अपने घरमें रखलिया। वह गर्भवती हुई और खाज, खाँसी, श्वास आदि रोगोंने उसे घेर लिया। तब सेठने उसे अपने घरसे निकाल दिया। अपने घरमें आकर वसन्ततिलकाने एक पुत्र और एक पुत्रीको जन्म दिया। खिन्न होकर उसने

१ ल म स ग विय। २ ल म स ग होइ। ३ एषा गाथा ल-पुस्तके नास्ति। ४ इस गाथाके अनन्तर नीचे लिखा हुआ अधिक पाठ, जैसा मिला, लिखा है। ब-"वसंततिलयाधाणदेवपउमाइणि इत्थि दिट्ठता। भाया मतिजय देवरो सि पुत्तो सि पुत्तपुत्तो सि। पित्तव्वउ सि बालय होसि णत्तछक्केणं॥ ६६॥ तुज्झ पिया मम भाया ससुरो पुत्तो पइ य जणणो य। तह य पियामहु होइ बालयणत्तणत्थकेण॥ ६७॥ माया य तुज्झ बालय मम जणणी सासुय सवक्की य। बहु माउजया य पियामही य इत्थेव जाया या ॥ ६८॥"। म-वसंततिलया धणदेवपउमाएइणि दिट्ठता बालाय णिसुणहि वयण तुहु सरिसइं हुति अट्ठदह नत्ता॥ ६४॥ पुत्तु भत्तीजउ भायउ देवरु पित्तियउ पुत्तो जो॥ ६६॥ तुहु पियरो महु पियरो पियामहो तहइ [य] हवइ भत्तारो। भायउ तहा वि पुत्तो ससुरु हवय [इ] बालया मज्झ॥ ६७॥ तुहु जणणी हुइ भज्जा पियामहि तह य मायरी। सवई हवइ बहु तह सा सुष कहिया अट्ठदह णत्ता॥ ६८॥। ५ ल संबंधा जायंते उत्पद्यन्ते। ६ फ देवरः भर्त्रनुजो भवति।

तयोः पुत्रौ अग्निभूतिसोमभूतिनामानौ द्वावपि बहिः पठित्वा आगच्छन्तौ जिनदत्तपुत्रमुनेः मातरं जिनमत्यार्यिकां शरीरसमाधानं पृच्छन्तीम् आलोक्य जिनभद्रश्वशुरमुनेश्च वधूटिकासुभद्रार्यिकां शरीरसमाधानं पृच्छन्तीमालोक्य द्वाभ्यां भ्रातृभ्याम् उपहास्यं कृतम् । तरुणस्य[वृद्धा] वृद्धस्य तरुणी धात्रा विपरीतं कृतमिति । तथोपार्जितकर्मवशात् कालेनाऽऽज्जयिन्यां सोमशर्मा मृत्वा वसन्तसेनासुता वसन्ततिलका जाता, अग्निभूतिसोमभूतिद्वन्द्वं मृत्वा तस्याः शिशुयुग्मं कमलाधनदेवपुत्रपुत्रीयुग्मं यथासंख्यं जातम्, काश्यपीत्यरीवरुणशिशुत्वं प्राप्ता । सर्वमेतच्छ्रुत्वा जातिस्मरी भूत्वाऽणुव्रतं लात्वा[1] उज्जयिनीं गत्वा वसन्ततिलकागृहं प्रविश्य पालणस्थं वरुणम् आन्दोलयति। उक्तं च । 'बालेय[2] णिसुणसु वयणं तुज्झ सरिस्सा हि अट्ठदह णत्ता। पुत्तु भतिज्जउ भायउ देवरु पित्तियउ पोत्तेज्जु[3] ॥' मम भर्तुः पुत्रत्वात् त्वं पुत्रः । १ । धनदेवभ्रातुः पुत्रत्वात् त्वं बालो भ्रातृव्यः । २ । त्वन्मदेकमातृत्वात् त्वं मम भ्राता । ३ । धनदेवस्य लघुभ्रातृत्वात् त्वं मम देवरः । ४ । धनदेवो मम तातः तद्भ्राता त्वं तेन मे पितृव्यः । ५ । अहं वेश्यासपत्नी तेन धनदेवो मत्पुत्रः तस्यापि त्वं पुत्रः तस्मान्मम पौत्रस्त्वम् । ६ । इति शिशुना सह संबन्धः ॥ 'तुह पियरो मह[4] पियरो पियामहो तह य हवइ भत्तारो। भायउ तह वि य पुत्तो ससुरो हवई स बालया मज्झ॥' धनदेवो वसन्ततिलकाभर्तृत्वात् मम पिता । १ । त्वं मम पितृव्यस्तवापि स धनदेवः तातत्वात् मे पितामहः । २ । तथा मम सोऽपि भर्ता । ३ । एकमातृत्वात् स च मम भ्राता । ४ । अहं वेश्यायाः सपत्नी, स च तस्या वेश्यायाः पुत्रत्वात् ममापि पुत्रः । ५ । वेश्या मे श्वश्रूरहं तस्या वधूः, धनदेवो वेश्याभर्तृत्वात् मदीयः श्वशुरः । ६ । इति धनदेवेन सह संबन्धः ॥ 'भाउज्जा मि तुमं था पियामही तह य मायरी सवई । हवइ बहू तह सासू[5] एकहिया अट्ठदह णत्ता॥' तव भ्रातृभार्यात्वात् मम भ्रातृजाया । १ । तव मम च

रत्नकम्बलमें लपेट कर कमला नामकी पुत्रीको तो दक्षिण ओरकी गलीमें डाल दिया। उसे प्रयागका व्यापारी सुकेत लेगया और उसने उसे अपनी सुपुत्रा नामकी पत्नीको सौंप दिया। तथा धनदेव पुत्रको उसी तरह रत्नकम्बलसे लपेटकर उत्तर ओरकी गलीमें रख दिया। उसे अयोध्यावासी सुभद्र ले गया और उसने उसे अपनी सुव्रता नामकी पत्नीको सौंप दिया। पूर्वजन्ममें उपार्जित पापकर्मके उदयसे धनदेव और कमलाका आपसमें विवाह होगया। एक बार धनदेव व्यापारके लिये उज्जैनी गया। वहाँ वसन्ततिलका वेश्यासे उसका सम्बन्ध होगया। दोनोंके सम्बन्धसे वरुण नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। एक बार कमलाने श्रीमुनिदत्तसे अपने पूर्वभवका वृत्तान्त पूछा। श्रीमुनिदत्तने सब सम्बन्ध बतलाया, जो इस प्रकार है। उज्जैनीमें सोमशर्मा नामका ब्राह्मण था। उसकी पत्नीका नाम काश्यपी था। उन दोनोंके अग्निभूति और सोमभूति नामके दो पुत्र थे। वे दोनों परदेशसे विद्याध्ययन करके लौट रहे थे। मार्गमें उन्होंने जिनमति आर्यिकाको अपने पुत्र जिनदत्तमुनिसे कुशलक्षेम पूछते हुए देखा, तथा सुभद्रा आर्यिकाको अपने श्वशुर जिनभद्रमुनिसे कुशलक्षेम पूछते हुए देखा। इसपर दोनों भाईयोंने उपहास किया 'जवानकी स्त्री बूढ़ी और बूढ़ेकी स्त्री जवान, विधाताने अच्छा उलट फेर किया है।' कुछ समय पश्चात् अपने उपार्जित कर्मोंके अनुसार सोमशर्मा ब्राह्मण मरकर उज्जैनीमें ही वसन्तसेनाकी पुत्री वसन्ततिलका हुई और अग्निभूति तथा सोमभूति दोनों मरकर उसके धनदेव और कमला नामके पुत्र और पुत्री हुए। ब्राह्मणकी पत्नी व्यभिचारिणी काश्यपी मरकर धनदेवके सम्बन्धसे वसन्ततिलकाके वरुण नामका पुत्र हुई। इस कथाको सुनकर कमलाको जातिस्मरण हो आया। उसने मुनिराजसे अणुव्रत ग्रहण किये और उज्जैनी जाकर वसन्ततिलकाके घरमें घुसकर पालनेमें पड़े हुए वरुणको झुलाने लगी और उससे कहने लगी–१ मेरे पतिके पुत्र होनेसे तुम मेरे

---

१ फ लीत्वा। २ सर्वत्र बालहेय इति पाठः। ३ सर्वत्र पौत्तुज्ज इति पाठः। ४ सर्वत्र मुह इति पाठः। ५ सर्वत्र तह य सासू इति पाठः।

धनदेवः पिता, तस्यापि वेश्या माता, तेन मे पितामही सा । २ । धनदेवस्य तथापि सा मातृत्वात् ममापि माता । ३ । मद्भर्तृभार्यात्वात् सा मे सपत्नी । ४ । धनदेवो मत्सपत्नीपुत्रत्वात् ममापि पुत्रस्तद्भार्यात्वात् मदीया सा वेश्या वधू । ५ । अहं धनदेवभार्या तस्य सा माता तेन मे श्वश्रूः । ६ । एतच्छ्रुत्वा वेश्याधनदेवकमलावरुणादयः ज्ञात-वृत्तान्ताः जातस्मरीभूताः प्रतिबुद्धाः तपो गृहीत्वा च स्वर्गं गता इति धनदेवादिदृष्टान्तकथा ॥ ६४-६५ ॥ अथ पञ्चविध-संसारस्य नामानि निर्दिशति–

संसारो पंच-विहो दव्वे खेत्ते तहेव काले य ।
भव-भमणो य चउत्थो पंचमओ भाव-संसारो ॥ ६६ ॥

[छाया–संसारः पञ्चविधः द्रव्ये क्षेत्रे तथैव काले च । भवभ्रमणश्च चतुर्थः पञ्चमकः भावसंसारः ॥] संसरणं संसारः परिवर्तनं भ्रमणमिति यावत् पञ्चविधः पञ्चप्रकारः । प्रथमो द्रव्यसंसारः १, द्वितीयः क्षेत्रसंसारः २, तथैव तृतीयः कालसंसारः ३, च पुनः चतुर्थो भवभ्रमणः भवससारः ४, पञ्चमो भावसंसारः ५ ॥ ६६ ॥ अथ प्रथमद्रव्य-परिवर्तनस्वरूपं निरूपयति–

बंधदि मुंचेदि जीवो पडिसमयं कम्म-पुग्गला विविहा ।
णोकम्म-पुग्गला वि य मिच्छत्त-कसाय-संजुत्तो ॥ ६७ ॥[1]

पुत्र हो । २ मेरे भाई धनदेवके पुत्र होनेसे तुम मेरे भतीजे हो । ३ तुम्हारी और मेरी माता एक ही है, अतः तुम मेरे भाई हो । ४ धनदेवके छोटे भाई होनेसे तुम मेरे देवर हो । ५ धनदेव मेरी माता वसन्ततिलकाका पति है, इसलिये धनदेव मेरा पिता है । उसके भाई होनेसे तुम मेरे काका हो । ६ मै वेश्या वसन्ततिलकाकी सौत हूँ । अतः धनदेव मेरा पुत्र है । तुम उसके भी पुत्र हो, अतः तुम मेरे पौत्र हो । यह छह नाते बच्चेके साथ हुए । आगे–१ वसन्ततिलकाका पति होनेसे धनदेव मेरा पिता है । २ तुम मेरे काका हो और धनदेव तुम्हारा भी पिता है, अतः वह मेरा दादा है । ३ तथा वह मेरा पति भी है । ४ उसकी और मेरी माता एक ही है; अतः धनदेव मेरा भाई है । ५ मै वेश्या वसन्ततिलकाकी सौत हूँ और उस वेश्याका वह पुत्र है; अतः मेरा भी पुत्र है । ६ वेश्या मेरी सास है, मै उसकी पुत्रवधू हूँ और धनदेव वेश्याका पति है; अतः वह मेरा श्वशुर है । ये छह नाते धनदेवके साथ हुए । आगे–१ मेरे भाई धनदेवकी पत्नी होनेसे वेश्या मेरी भावज है । २ तेरे मेरे दोनोके धनदेव पिता है और वेश्या उनकी माता है; अतः वह मेरी दादी है । ३ धनदेवकी और मेरी भी माता होनेसे वह मेरी भी माता है । ४ मेरे पति धनदेवकी भार्या होनेसे वह मेरी सौत है । ५ धनदेव मेरी सौतका पुत्र होनेसे मेरा भी पुत्र कहलाया । उसकी पत्नी होनेसे वह वेश्या मेरी पुत्रवधू है । ६ मैं धनदेवकी स्त्री हूँ और वह उसकी माता है; अतः मेरी सास है । इन अट्ठारह नातोंको सुनकर वेश्या, धनदेव आदिको भी सब बातें ज्ञात होजानेसे जाति-स्मरण हो आया । सभीने जिनदीक्षा लेली और मरकर स्वर्ग चले गये । इस प्रकार एक ही भवमें अट्ठारह नाते तक होजाते हैं, तो दूसरे भवकी तो कथा ही क्या है ! ॥ ६४-६५ ॥ अब पाँच प्रकारके संसारके नाम बतलाते हैं । **अर्थ–**संसार पाँच प्रकारका होता है–द्रव्यसंसार, क्षेत्रसंसार, काल-संसार, भवसंसार और भावसंसार ॥ **भावार्थ–**परिभ्रमणका नाम संसार है, और द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके निमित्तसे वह पाँच प्रकारका होता है ॥ ६६ ॥ पहले द्रव्य परिवर्तन या द्रव्यसंसारका

१ ब म भवणो । २ ब मुचदि । ३ गाथान्ते ब म 'दव्वे' ।

[छाया-बध्नाति मुञ्चति च जीवः प्रतिसमयं कर्मपुद्गलान् विविधान्। नोकर्मपुद्गलानपि च मिथ्यात्वकषायसंयुक्तः॥] जीवः संसारी प्राणी पञ्चमिथ्यात्वपञ्चविंशतिकषायवशात् प्रतिसमयं, समयं समयं प्रति, कर्मपुद्गलान् ज्ञानावरणादि-सप्तकर्मयोग्यान् कर्मवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान्, स्निग्धरूक्षवर्णगन्धादिभिः तीव्रमन्दमध्यमभावेन यथावस्थितान् योग्यान् अनेकप्रकारान्, अपि च, नोकर्मपुद्गलान्, शरीरत्रयस्य षट्पर्याप्तियोग्यपुद्गलान् बध्नाति योगवशात् बन्धं नयति, मुञ्चति स्वस्थितिकाल स्थित्वा जीर्णयति। उक्तं च। 'सर्वेऽपि पुद्गला. खल्वेकेनात्तोज्झिताश्च जीवेन। ह्यसकृद्वानन्तकृत्वः पुद्गलपरिवर्तसंसारे ॥' इति 'अगहिदमिस्सयगहिदं मिस्समगहिदं तहेव गहिदं च। मिस्सं गहिदागहिदं गहिदं मिस्सं अगहिदं च ॥' ० ० ×, ० ० ×, ० ० १, ० ० ×, ० ० ×, ० ० १। × × ०, × × ०, × × १, × × ०, × × ०, × × १। × × १, × × १, × × ०, × × १, × × १, × × ०। १ १ ×, १ १ ×, १ १ ०, १ १ ×, १ १ ×, १ १ ० ॥ ६७ ॥ अथ क्षेत्रपरिवर्तनमाह-

---

स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**-मिथ्यात्व और कषायसे युक्त संसारी जीव प्रतिसमय अनेक प्रकारके कर्म-पुद्गलों और नोकर्मपुद्गलोंको भी ग्रहण करता और छोड़ता है ॥ **भावार्थ**-कर्मबन्धके पाँच कारण हैं-मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग। इनमें मिथ्यात्व और कषाय प्रधान हैं, क्योंकि ये मोहनीयकर्मके भेद हैं और सब कर्मोंमें मोहनीयकर्म ही प्रधान और बलवान है। उसके अभावमें शेष सभी कर्म केवल निस्तेज ही नहीं होजाते, किन्तु संसार परिभ्रमणका चक्र ही रुक जाता है। इसी लिये आचार्यने मिथ्यात्व और कषायका ही ग्रहण किया है। मिथ्यात्वके पाँच भेद हैं और कषायके पचीस भेद हैं। इन मिथ्यात्व और कषायके आधीन हुआ संसारी जीव ज्ञानावरण आदि सात कर्मोंके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको प्रतिसमय ग्रहण करता है। लोकमें सर्वत्र कार्माणवर्गणाएँ भरी हुई हैं, उनमेंसे अपने योग्यको ही ग्रहण करता है। तथा आयुकर्म सर्वदा नहीं बँधता, अतः सात ही कर्मोंके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको प्रतिसमय ग्रहण करता है। और आबाधाकाल पूरा होजानेपर उन्हें भोगकर छोड़ देता है। जैसे प्रतिसमय कर्मरूप होनेके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको ग्रहण करता है, वैसे ही औदारिक, वैक्रियिक और आहारक, इन तीन शरीरोंकी छह पर्याप्तियोंके योग्य नोकर्मपुद्गलोंको भी प्रतिसमय ग्रहण करता है और छोड़ता है। इस प्रकार जीव प्रतिसमय कर्मपुद्गलों और नोकर्म-पुद्गलोंको ग्रहण करता और छोड़ता है। किसी विवक्षित समयमें एक जीवने ज्ञानावरण आदि सात कर्मोंके योग्य पुद्गलस्कन्ध ग्रहण किये और आबाधाकाल बीतजानेपर उन्हें भोगकर छोड़ दिया। उसके बाद अनन्त बार अगृहीतका ग्रहण करके, अनन्त बार मिश्रका ग्रहण करके और अनन्त बार गृहीतका ग्रहण करके छोड़ दिया। उसके बाद जब वे ही पुद्गल वैसे ही रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि भावोंको लेकर, उसी जीवके वैसे ही परिणामोंसे पुनः कर्मरूप परिणत होते हैं, उसे कर्मद्रव्य परिवर्तन कहते हैं। इसी तरह किसी विवक्षित समयमें एक जीवने तीन शरीरोंकी छह पर्याप्तियोंके योग्य नोकर्मपुद्गल ग्रहण किये और भोगकर छोड़ दिये, पूर्वोक्त क्रमके अनुसार जब वे ही नोकर्म-पुद्गल उसी रूप-रस आदिको लेकर उसी जीवके द्वारा पुनः नोकर्मरूपसे ग्रहण किये जाते हैं, उसे नोकर्म द्रव्यपरिवर्तन कहते हैं। कर्मद्रव्य परिवर्तन और नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनको द्रव्यपरिवर्तन या द्रव्यसंसार कहते हैं। कहा भी है-'पुद्गलपरिवर्तनरूप संसारमें इस जीवने सभी पुद्गलोंको क्रमशः अनन्त बार ग्रहण किया और छोड़ा।' जो पुद्गल पहले ग्रहण किये हों उन्हें गृहीत कहते हैं।

सो को वि णत्थि देसो लोयायासस्स णिरवसेसस्स ।
जत्थ ण सव्वो[1] जीवो जादो[2] मरिदो य बहुवारं ॥ ६८ ॥[3]

[छाया-स कोऽपि नास्ति देशः लोकाकाशस्य निरवशेषस्य। यत्र न सर्वः जीवः जातः मृतश्च बहुवारम् ॥] लोकाकाशस्य श्रेणि छ घनमात्रस्य (≡ ३४३) निरवशेषस्य समग्रस्य स कोऽपि देशः प्रदेशो नास्ति न विद्यते। स कः। यत्र सर्वो जीवः समस्तसंसारी जीव', बहुवारम् अनेकवारं यथा भवति तथा, न जातः न उत्पन्नः, न मृतश्च न मरणं प्राप्तः। क्षेत्रपरिवर्तनं द्वेधा स्वपरभेदात्। तत्र स्वक्षेत्रपरिवर्तनं कश्चित्सूक्ष्मनिगोदजीवः सूक्ष्मजघन्यनिगोदावगाहेन उत्पन्नः स्वस्थितिं जीवित्वा मृतः पश्चात् प्रदेशोत्तरावगाहनेन प्रदेशोत्तरक्रमेण [4]महामत्स्यावगाहपर्यन्तं अवगाहनानि करोति। परक्षेत्रपरिवर्तनं तु सूक्ष्मनिगोदोऽपर्याप्तकः सर्व जघन्यावगाहनशरीरो लोकमध्याष्टप्रदेशान् स्वशरीरमध्याष्टप्रदेशान् कृत्वोत्पन्नः क्षुद्रभवकालं $\frac{१}{१८}$ जीवित्वा मृतः। स एव पुनस्तेनैवावगाहनेन द्विवारं त्रिवारम् एवं यावत् घनाङ्गुलासंख्येय-भागवारं तत्रैवोत्पन्नः पुनः एकैकप्रदेशाधिकभावेन सर्व लोकं त्रिचत्वारिंशदधिकत्रिशत ३४३ रज्जुप्रमाणं स्वजन्म-क्षेत्रभावं नयति इति परक्षेत्रपरिवर्तनम्। उक्तं च। 'सव्वम्हि लोयखेत्ते कमसो तं णत्थि जं ण उच्छिण्णो। उग्गाहणाउ बहुसो हिंडंतो खेत्तसंसारे ॥' ६८ ॥ अथ कालपरिवर्तनं प्रतनोति–

जो पहले ग्रहण न किये हों, उन्हें अगृहीत कहते हैं। दोनोंके मिलावको मिश्र कहते हैं। इनके ग्रहणका क्रम पूर्वोक्त प्रकार है। [इस क्रमको विस्तारसे जाननेके लिये इसी शास्त्रमालासे प्रकाशित गो० जीवकाण्ड (पृ० २०४) देखना चाहिये। श्वेताम्बर सम्प्रदायमें द्रव्यपरिवर्तनके दो भेद किये गये हैं–बादर द्रव्यपरिवर्तन और सूक्ष्म द्रव्यपरिवर्तन। दोनोंके स्वरूपमें भी अन्तर है, जो इस प्रकार है–'जितने समयमें एक जीव समस्त परमाणुओंको औदारिक, वैक्रिय, तैजस, भाषा, आनप्राण, मन और कार्मणशरीर रूप परिणमाकर, उन्हें भोगकर छोड़ देता है, उसे बादर द्रव्यपरावर्त कहते हैं। और जितने समयमें समस्त परमाणुओंको औदारिक आदि सात वर्गणाओंमेंसे किसी एक वर्गणारूप परिणमाकर उन्हें भोगकर छोड़ देता है, उसे सूक्ष्म द्रव्यपरावर्त कहते हैं।' देखो हिन्दी पंचमकर्मग्रन्थ गाथा ८७ का, अनु०] ॥ ६७ ॥ अब क्षेत्रपरिवर्तनको कहते हैं। **अर्थ–**समस्त-लोकाकाशका ऐसा कोई भी प्रदेश नहीं है, जहाँ सभी जीव अनेक बार जिये और मरे न हों ॥ **भावार्थ–**यह लोक जगतश्रेणीका घनरूप है। सात राजूकी जगतश्रेणी होती है। उसका घन ३४३ राजू होता है। इन तीनसौ तेतालीस राजुओंमें सभी जीव अनेक बार जन्म ले चुके और मर चुके हैं। यही क्षेत्रपरिवर्तन है। वह दो प्रकारका होता है–स्वक्षेत्रपरिवर्तन और परक्षेत्रपरिवर्तन। कोई सूक्ष्मनिगोदियाजीव सूक्ष्मनिगोदियाजीवकी जघन्य अवगाहनाको लेकर उत्पन्न हुआ और आयु पूर्ण करके मर गया। पश्चात् अपने शरीरकी अवगाहनामें एक एक प्रदेश बढ़ाते बढ़ाते महामत्स्यकी अवगाहनापर्यन्त अनेक अवगाहना धारण करता है। इसे स्वक्षेत्रपरिवर्तन कहते हैं। अर्थात् छोटी अवगाहनासे लेकर बड़ी अवगाहना पर्यन्त सब अवगाहनाओंको धारण करनेमें जितना काल लगता है उसको स्वक्षेत्रपरिवर्तन कहते हैं। कोई जघन्य अवगाहनाका धारक सूक्ष्मनिगोदिया-लब्ध्यपर्याप्तकजीव लोकके आठ मध्यप्रदेशोंको अपने शरीरके आठ मध्यप्रदेश बनाकर उत्पन्न हुआ। पीछे वही जीव उस ही रूपसे उस ही स्थानमें दूसरी तीसरी बार भी उत्पन्न हुआ ॥

१ ब सव्वे। २ ब जादो य मदो य इति पाठः परिवर्तितः। ३ गाथान्ते ब खेत्त, म खेत्ते। ४ सर्वत्र 'महामत्स्या १८ वगाह" इति पाठः।

उवसप्पिणि-अवसप्पिणि-पढम-समयादि-चरम-समयंतं ।
जीवो कमेण जम्मदि मरदि य सव्वेसु कालेसु ॥ ६९ ॥

[छाया-उत्सर्पिणीअवसर्पिणीप्रथमसमयादिचरमसमयान्तम् । जीवः क्रमेण जायते म्रियते च सर्वेषु कालेषु ॥] जीवः संसारी प्राणी उत्सर्पिण्यवसर्पिण्योः दशदशकोटाकोटिसागरोपमस्थित्योः प्रथमसमये जायते, क्रमेण स्वस्थितिं जीवित्वा मृतः, पुनस्तयोर्द्वितीयादिवारागतयोः द्वितीयतृतीयादिसमयेषु उत्पद्य उत्पद्य मृतः चरमसमयपर्यन्तं सर्वकालं जन्मना संपूर्णतां नयति । एवं मरणेनोत्सर्पिण्यवसर्पिण्योः सर्वान् समयान् परिपूर्णतां नयति । उक्तं च । 'उवसप्पिणि-अवसप्पिणिसमयावलियासु णिरवसेसासु । जादो मुदो य बहुसो हिंडंतो कालसंसारे' ॥६९॥ अथ भवपरिवर्तनं विभावयति–

इसी प्रकार घनाङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण जघन्य अवगाहनाके जितने प्रदेश हैं, उतनी बार उसी स्थानपर क्रमसे उत्पन्न हुआ और श्वासके अट्ठारहवें भाग प्रमाण क्षुद्र आयुको भोगकर मरणको प्राप्त हुआ। पीछे एक एक प्रदेश बढ़ाते बढ़ाते सम्पूर्ण लोकको अपना जन्मक्षेत्र बना ले, यह परक्षेत्रपरिवर्तन है। कहा है-'समस्त लोकमें ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहाँ क्षेत्ररूप संसारमें परिभ्रमण करते हुए अनेक अवगाहनाओको लेकर वह जीव क्रमशः उत्पन्न न हुआ हो।' [श्वेताम्बरसाहित्यमें क्षेत्रपरावर्तके भी दो भेद हैं-बादर और सूक्ष्म। कोई जीव भ्रमण करता करता आकाशके किसी एक प्रदेशमें मरण करके पुनः किसी दूसरे प्रदेशमें मरण करता है, फिर किसी तीसरे प्रदेशमें मरण करता है। इस प्रकार जब वह लोकाकाशके समस्त प्रदेशोंमें मर चुकता है तो उतने कालको बादरक्षेत्रपरावर्त कहते हैं। तथा कोई जीव भ्रमण करता करता आकाशके किसी एक प्रदेशमें मरण करके पुनः उस प्रदेशके समीपवर्ती दूसरे प्रदेशमें मरण करता है, पुनः उसके समीपवर्ती तीसरे प्रदेशमें मरण करता है। इस प्रकार अनन्तर अनन्तर प्रदेशमें मरण करते करते जब समस्त लोकाकाशके प्रदेशोंमें मरण कर चुकता है, तब सूक्ष्म क्षेत्रपरावर्त होता है। अनु०] ॥ ६८ ॥ अब कालपरिवर्तनको कहते हैं। **अर्थ**–उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय पर्यन्त सब समयोंमें यह जीव क्रमशः जन्म लेता और मरता है ॥ **भावार्थ**–कोई जीव उत्सर्पिणी कालके प्रथम समयमें उत्पन्न हुआ और आयुपूर्ण करके मर गया। फिर भ्रमण करके दूसरी उत्सर्पिणीके दूसरे समयमें उत्पन्न हुआ और आयु पूर्ण करके मर गया। फिर भ्रमण करके तीसरी उत्सर्पिणीके तीसरे समयमें उत्पन्न हुआ और उसी तरह मर गया। यही क्रम अवसर्पिणी कालके सम्बन्धमें भी समझना चाहिये। इस क्रमसे उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणीके बीस कोड़ाकोड़ी-सागरके जितने समय है, उनमे उत्पन्न हुआ, तथा इसी क्रमसे मरणको प्राप्त हुआ। अर्थात् उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके प्रथम समयमें मरा, फिर दूसरी उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके दूसरे समयमें मरा। इसे कालपरिवर्तन कहते है। कहा भी है-"काल संसारमें भ्रमण करता हुआ यह जीव उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके सब समयोमें अनेक बार जन्मा और मरा।" [श्वेताम्बर साहित्यमें कालपरावर्तके भी दो भेद हैं। जितने समयमें एक जीव अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी कालके सब समयोंमें क्रम या विना क्रमके मरण कर चुकता है, उतने कालको बादरकालपरावर्त कहते हैं। सूक्ष्म कालपरावर्त दिगम्बर साहित्यके कालपरिवर्तनके जैसा ही है। अनु०] ॥ ६९ ॥

---

१ ब समएसु सव्वेसु। २ ब म काले।

णेरइयादि-गदीणं अवर-ट्ठिदिदो वर-ट्ठिदी जाव[1] ।
सव्व-ट्ठिदिसु वि जम्मदि जीवो गेवेज्ज-पज्जंतं ॥ ७० ॥[2]

[छाया-नैरयिकादिगतीनाम् अपरस्थितितः वरस्थितिं यावत् । सर्वस्थितिष्वपि जायते जीवः ग्रैवेयकपर्यन्तम् ॥] जीवः संसार्यात्मा नरकादिगतीनां चतसृणाम् अवरस्थितितः जघन्यस्थितिमारभ्य उत्कृष्टस्थितिपर्यन्तम् । तथा हि नरकगतौ जघन्यायुर्दशसहस्रवर्षाणि, तेनायुषा तत्रोत्पन्नः पुनः ससारे भ्रान्त्वा तेनैवायुषा तत्रोत्पन्नः । एवं दशवर्षसहस्रसमयवारं तत्र चोत्पन्नो मृतश्च । पुनः एकैकसमयाधिक्येन त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमाप्यन्ते । पश्चात्तिर्यग्गतौ अन्तर्मुहूर्तायुषोत्पन्नः प्राग्वत् तत्समयवारम् उत्पन्नः समयाधिक्येन त्रिपल्योपमानि तेनैव जीवेन परिसमाप्यन्ते । एवं मनुष्यगतावपि । नरकगतिवत् देवगतावपि । तत्रायं विशेषः । उत्कर्षतः एकत्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमाप्यन्ते । एवं भ्रान्त्वागत्य पूर्वोक्तजघन्यस्थितिको नारको जायते । तदेतत्सर्वं समुदितं भवपरिवर्तनम् । उक्तं च । 'णिरयाउवा जहण्णा जीवर्दु उवरिल्लयादु गेवज्जो । जीवो मिच्छत्तवसा भवट्ठिदे हिंडिदो बहुसो ॥' ७० ॥ अथ भावपरिवर्तनं निरूपयति-

परिणमदि सण्णि-जीवो विविह-कसाएहिं ठिदि-णिमित्तेहिं ।
अणुभाग-णिमित्तेहि य वट्टंतो भाव-संसारे[5] ॥ ७१ ॥[6]

अब भवपरिवर्तनको कहते हैं । **अर्थ**—संसारी जीव नरकादिक चार गतियोंकी जघन्य स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थितिपर्यन्त सब स्थितियोंमें ग्रैवेयक तक जन्म लेता है ॥ **भावार्थ**—नरकगतिमें जघन्य आयु दस हजार वर्षकी है । उस आयुको लेकर कोई जीव प्रथम नरकमें उत्पन्न हुआ और आयु पूर्ण करके मर गया । पुनः उसी आयुको लेकर वहाँ उत्पन्न हुआ और मर गया । इस प्रकार दस हजार वर्षके जितने समय हैं, उतनी बार दस हजार वर्षकी आयु लेकर प्रथम नरकमें उत्पन्न हुआ । पीछे एक समय अधिक दस हजार वर्षकी आयु लेकर वहाँ उत्पन्न हुआ । फिर दो समय अधिक दस हजार वर्षकी आयु लेकर उत्पन्न हुआ । इस प्रकार एक एक समय बढ़ाते बढ़ाते नरकगतिकी उत्कृष्ट आयु तेतीस सागर पूर्ण करता है । फिर तिर्यञ्चगतिमें अन्तर्मुहूर्तकी जघन्य आयु लेकर उत्पन्न हुआ और पहलेकी ही तरह अन्तर्मुहूर्तके जितने समय होते हैं, उतनी बार अन्तर्मुहूर्तकी आयु लेकर वहाँ उत्पन्न हुआ । फिर एक एक समय बढ़ाते बढ़ाते तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्य समाप्त करता है । फिर तिर्यञ्चगति ही की तरह मनुष्यगतिमें भी अन्तर्मुहूर्तकी जघन्य आयुसे लेकर तीन पल्यकी उत्कृष्ट आयु समाप्त करता है । पीछे नरकगतिकी तरह देवगतिकी आयुको भी समाप्त करता है । किन्तु देवगतिमें इतनी विशेषता है कि वहाँ इकतीस सागरकी ही उत्कृष्ट आयुको पूर्ण करता है, क्योंकि ग्रैवेयकमें उत्कृष्ट आयु इकतीस सागरकी होती है, और मिथ्यादृष्टियोंकी उत्पत्ति ग्रैवेयक तक ही होती है । इस प्रकार चारों गतियोंकी आयु पूर्ण करनेको भवपरिवर्तन कहते हैं । कहा भी है—'नरककी जघन्य आयुसे लेकर ऊपरके ग्रैवेयक पर्यन्तके सब भवोंमें यह जीव मिथ्यात्वके आधीन होकर अनेक बार भ्रमण करता है ।' ॥ ७० ॥ अब भावपरिवर्तनको कहते हैं । **अर्थ**—सैनीजीव जघन्य आदि उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कारण तथा अनु-

---

१ ग अवरिट्ठिदिदो वरिट्ठिदी । २ ब जाम । ३ म भावे[भवे] । ब प्रतिमें इस गाथाके बीच और बाद नातेके कुछ शब्द लिखे गये हैं, इसलिए किसी दूसरेने हासियेमें यह गाथा लिखी है । गाथाके अन्तमें 'भवो' शब्द है । ४ [जावदु] ५ क स ग संसारो । ६ ब भावसंसारो, म भाव ।

[छाया-परिणमते संज्ञिजीवः विविधकषायैः स्थितिनिमित्तैः । अनुभागनिमित्तैश्च वर्तमानः भावसंसारे ॥] भावसंसारः भावपरिवर्तनम्। संज्ञिजीवः मिथ्यादृष्टिः पञ्चेन्द्रियपर्याप्तकः प्राणी स्वयोग्यसर्वजघन्यां ज्ञानावरणप्रकृतिमन्तः-कोटाकोटिप्रमितां बध्नाति । तस्य जीवस्य कषायाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयलोकमात्राणि जघन्यस्थितियोग्यानि । तत्र सर्वजघन्यकषायाध्यवसायस्थानं सर्वजघन्यानुभागबन्धाध्यवसायस्थानं च प्राप्तस्य तद्योग्यसर्वजघन्यं योगस्थानं भवति । तेषामेव स्थितिकषायाध्यवसायानुभागस्थानानां द्वितीयमसंख्येयभागयुक्तं योगस्थानम्। एवमसंख्यातभागवृद्धि-संख्यात-भागवृद्धि-संख्यातगुणवृद्धि-असंख्यातगुणवृद्ध्याख्यचतु स्थानवृद्धिपतितानि श्रेण्यसंख्येयभागप्रमितानि योगस्थानानि भवन्ति । तथा तामेव स्थितिं तदेव कषायाध्यवसायस्थानमास्कन्दतो द्वितीयमनुभागबन्धाध्यवसायस्थानं भवति । तस्यापि योगस्थानानि पूर्वोक्तान्येव ज्ञातव्यानि । एवं तृतीयादिष्वप्यनुभागाध्यवसायस्थानेष्वसंख्यातलोकपरिसमाप्ति-पर्यन्तेषु प्रत्येकं योगस्थानानि नेतव्यानि । एवं तामेव स्थितिं बध्नतो द्वितीयं कषायाध्यवसायस्थानं भवति । तस्याप्यनु-भागबन्धाध्यवसायस्थानानि योगस्थानानि च प्राग्वत् ज्ञातव्यानि । एवं तृतीयादिकषायाध्यवसायस्थानेष्वसंख्यातलोकमात्र-परिसमाप्तिपर्यन्तेष्वावृत्तिक्रमो ज्ञातव्यः । ततः समयाधिकस्थितेरपि स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानानि प्राग्वदसंख्येयलोक

भागबन्धके कारण अनेक प्रकारकी कषायोंसे, तथा 'च'शब्दसे श्रेणीके असंख्यातवें भाग प्रमाण योग-स्थानोसे वर्धमान भावसंसारमें परिणमन करता है ॥ **भावार्थ**–योगस्थान, अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान कषायाध्यवसायस्थान और स्थितिस्थान, इन चारके निमित्तसे भावपरिवर्तन होता है। प्रकृतिबन्ध और प्रदेश-बन्धके कारण आत्माके प्रदेशपरिस्पन्दरूप योगके तरतमरूप स्थानोको योगस्थान कहते हैं। अनु-भागबन्धके कारण कषायके तरतमस्थानोको अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान कहते हैं। स्थितिबन्धके कारण कषायके तरतमस्थानोंको कषायस्थान या स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान कहते हैं। बँधनेवाले कर्मकी स्थितिके भेदोंको स्थितिस्थान कहते हैं। योगस्थान श्रेणीके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान असंख्यातलोकप्रमाण हैं। तथा कषायाध्यवसायस्थान भी असंख्यातलोकप्रमाण हैं। मिथ्यादृष्टी, पञ्चेन्द्रिय, सैनी, पर्याप्तक कोई जीव ज्ञानावरणकर्मकी अन्तःकोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण जघन्यस्थितिको बाँधता है। उस जीवके उस स्थितिके योग्य जघन्य कषायस्थान, जघन्य अनुभाग०स्थान और जघन्य ही योगस्थान होता है। फिर उसी स्थिति, उसी कषाय० स्थान और उसी अनुभाग० स्थानको प्राप्तजीवके दूसरा योगस्थान होता है। जब सब योगस्थानोको समाप्त कर लेता है तब उसी स्थिति और उसी कषाय० स्थानको प्राप्तजीवके दूसरा अनुभाग० स्थान होता है। उसके योगस्थान भी पूर्वोक्त प्रकार ही जानने चाहिये। इस प्रकार प्रत्येक अनुभाग० स्थानके साथ सब योगस्थानोंको समाप्त करता है। अनुभाग० स्थानोके समाप्त होनेपर, उसी स्थितिको प्राप्त जीवके दूसरा कषाय० स्थान होता है। इस कषाय० स्थानके अनुभाग० स्थान तथा योगस्थान पूर्ववत् जानने चाहिये। इस प्रकार सब कषाय० स्थानोंकी समाप्तितक अनुभाग० स्थान और योगस्थानोकी समाप्तिका क्रम जानना चाहिये। कषाय० स्थानोंके भी समाप्त होनेपर वही जीव उसी कर्मकी एक समय अधिक अन्तःकोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण स्थिति बाँधता है। उसके भी कषाय० स्थान, अनुभागस्थान तथा योगस्थान पूर्ववत् जानने चाहिये। इस प्रकार एक एक समय बढ़ाते बढ़ाते उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ीसागर पर्यन्त प्रत्येक स्थितिके कषाय० स्थान, अनुभाग०स्थान और योगस्थानोंका क्रम जानना चाहिये। इसी प्रकार समस्त मूल और उत्तरप्रकृतियोंमें समझना चाहिये। अर्थात् प्रत्येक मूलप्रकृति और प्रत्येक उत्तरप्रकृतिकी जघन्य स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थिति पर्यन्त प्रत्येक स्थितिके साथ पूर्वोक्त सब कषाय० स्थानों, अनुभाग० स्थानों

मात्राणि भवन्ति। एवं समयाधिकक्रमेणोत्कृष्टस्थितिपर्यन्तं त्रिंशत्सागरोपमकोटाकोटिप्रमितस्थितेरपि स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानान्यनुभागबन्धाध्यवसायस्थानानि योगस्थानानि च ज्ञातव्यानि। एवं मूलप्रकृतीनाम् उत्तरप्रकृतीनां च परिवर्तनक्रमो ज्ञातव्यः। तदेतत्सर्वं समुदितं भावपरिवर्तनं भवति। परिणमति परिणामान् प्राप्नोतीति भावसंसारः। कीदृक्षः सन्। वर्धमानः सन्। कैः। विविधकषायैः, असंख्यातलोकमात्रकषायाध्यवसायैः। कीदृक्षैः। स्थितिनिमित्तैः, कर्मणां जघन्याद्युत्कृष्टस्थितिबन्धकारणैः। पुनः कीदृक्षैः। अनुभागनिमित्तैः, अनुभागः फलदानपरिणतिः तस्य निमित्तैः कारणैः। चशब्दात् श्रेण्यसंख्येयभागयोगस्थानैः। इति भावसंसारः ॥ ७१ ॥ एवं पञ्चपरिवर्तनान्युपसंहरति–

एवं अणाइ-काले[1] पंच-पयारे[2] भमेइ संसारे।
णाणा-दुक्ख-णिहाणो जीवो मिच्छत्त-दोसेण ॥ ७२ ॥

[छाया–एवम् अनादिकाले पञ्चप्रकारे भ्रमति संसारे। नानादुःखनिधानः जीवः मिथ्यात्वदोषेण ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण, संसारे भवे, जीवः अनादिकालं भ्रमति भ्रमणं करोति। केन। मिथ्यात्वदोषेण, मिथ्यात्वलक्षणदोषतः। कीदृक्षे। पञ्चप्रकारे, द्रव्यादिपञ्चभेदभिन्ने। पुनः कीदृक्षे। नानादुःखनिधाने, अनेकाशर्मोत्पत्तिनिमित्ते ॥ ७२ ॥

इय संसारं जाणिय मोहं सव्वायरेण चइऊणं।
तं झायह स-सरूवं[3] संसरणं[4] जेण णासेइ ॥ ७३ ॥[5]

[छाया–इति संसारं ज्ञात्वा मोहं सर्वादरेण त्यक्त्वा। तं ध्यायत स्वस्वरूपं संसरणं येन नश्यति ॥] तं प्रसिद्धं स्वस्वभावं शुद्धबोधमयस्वरूपं ध्यायत यूयं स्मरत, येन ध्यातेन नश्यति विनाशमेति। किम्। संसरणं पञ्चसंसारभ्रमणम्। किं कृत्वा। सर्वादरेण सम्यक्त्वव्रतध्यानादिसर्वोद्यमेन त्यक्त्वा मुक्त्वा। कम्। मोहं, ममत्वपरिणाममोहनीयकर्म च। किं कृत्वा पुनः। इति पूर्वोक्तं सर्वं ज्ञात्वा अवगम्य। कम्। संसारम् ॥ ७३ ॥

संसरन्त्यत्र संसारे जीवा मोहविपाकतः। स्तवीमि तत्परित्यक्तं सिद्धं शुद्धं चिदात्मकम् ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषाकवि-
चक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां
संसारानुप्रेक्षायां तृतीयोऽधिकारः ॥ ३ ॥

और योगस्थानोंको पहलेकी ही तरह लगा लेना चाहिये। इस प्रकार सब कर्मोंकी स्थितियोंको भोगनेको भावपरिवर्तन कहते हैं। इन परिवर्तनोंको पूर्ण करनेमें जितना काल लगता है, उतना काल भी उस उस परावर्तनके नामसे कहाता है ॥ ७१ ॥ [श्वे० सा० में भावपरावर्तके भी दो भेद हैं। असंख्यातलोकप्रमाण अनुभागबन्धस्थानोंमेंसे एक एक अनुभागबन्धस्थानमें क्रमसे या अक्रमसे मरण करते करते जीव जितने समयमें समस्त अनुभागबन्धस्थानोंमें मरण कर चुकता है, उतने समयको बादर भावपरावर्त कहते हैं। तथा जघन्य अनुभागस्थानसे लेकर उत्कृष्ट अनुभाग स्थान पर्यन्त प्रत्येक स्थानमें क्रमसे मरण करनेमें जितना समय लगता है, उसे सूक्ष्मभाव परावर्त कहते हैं। श्वे० सा० में प्रत्येक परावर्तके नामके साथ पुद्गल शब्द भी जुड़ा रहता है। यथा–द्रव्य पुद्गल परावर्त, क्षेत्र पुद्गल परावर्तकाल पुद्गल परावर्त आदि। अनु०] पाँच परिवर्तनोंका उपसंहार करते हैं। अर्थ–इस प्रकार अनेक दुःखोंकी उत्पत्तिके कारण पाँच प्रकारके संसारमें, यह जीव मिथ्यात्वरूपी दोषके कारण अनादि कालतक भ्रमण करता रहता है ॥ ७२ ॥ अर्थ–इस प्रकार संसारको जानकर और सम्यक्त्व, व्रत, ध्यान आदि समस्त उपायोंसे मोहको त्यागकर अपने उस शुद्ध ज्ञानमय स्वरूपका ध्यान करो, जिससे पाँच प्रकारके संसारभ्रमणका नाश होता है ॥ ७३ ॥ इति संसारानुप्रेक्षा ॥ ३ ॥

---

१ ब अणायकाले, क म स ग अणाइकालं। २ ब पयारेहिं भमए सं०। ३ क म स ग ससहावं। ४ ब संसार। ५ ब म संसारानुप्रेक्षा।

४. एकत्वानुप्रेक्षा

अथैकत्वानुप्रेक्षां गाथाषट्केनाह-

इक्को जीवो जायदि एक्को[1] गब्भम्हि[2] गिण्हदे देहं ।
इक्को बाल-जुवाणो इक्को वुड्ढो जरा-गहिओ ॥ ७४ ॥

[छाया-एकः जीवः जायते एकः गर्भे गृह्णाति देहम् । एकः बालः युवा एकः वृद्धः जरागृहीतः ॥] जायते उत्पद्यते । कः । जीवः जन्तुरेकः अद्वितीय एव नान्यः । गृह्णाति अङ्गीकरोति । कम् । देहं शरीरम् । क । गर्भे मातृजठरे । एक एव बालः शिशुः, एक एव युवा यौवनेनाद्युन्नशाली, एक एव वृद्धः जरागृहीतः स्थविरः जराजर्जरितः एक एव ॥ ७४ ॥

इक्को[1] रोई सोई इक्को[1] तप्पेइ माणसे दुक्खे ।
इक्को[1] मरदि वराओ णरय[3]-दुहं सहदि इक्को वि ॥ ७५ ॥

[छाया-एकः रोगी शोकी एकः तप्यते मानसे दुःखे । एकः म्रियते वराकः नरकदुःखं सहते एकोऽपि ॥] एक एव जीवः रोगी रोगाक्रान्तः । एक एव शोकी शुचाक्रान्तः । मानसैर्दुःखैः तप्यति तापं संतापं गच्छति । एक एव म्रियते मरणदुःखं प्राप्नोति । एक एव वराकः दीनः जीवः नरकदुःखं रत्नप्रभादिदुस्सहवेदनादुःखं सहते क्षमते ॥ ७५ ॥

इक्को[1] संचदि पुण्णं एक्को[1] भुंजेदि विविह-सुर-सोक्खं ।
इक्को[1] खवेदि कम्मं इक्को[1] वि य पावए[5] मोक्खं ॥ ७६ ॥

[छाया-एकः सञ्चिनोति पुण्यम् एकः भुनक्ति विविधसुरसौख्यम् । एकः क्षपयति कर्म एकोऽपि च प्राप्नोति मोक्षम् ॥] एक एव पुण्यं शुभकर्म सम्यक्त्वं व्रतदानादिलक्षणं संचिनोति सङ्ग्रहीकरोति । एक एव भुंक्ते विविधसुरसौख्यं चतुर्णिकायदेवानाम् अनेकप्रकारसुखम् । एक एव क्षपकश्रेण्यामारूढः सन् कर्म ज्ञानावरणादिकं क्षपयति क्षयं करोति । अपि पुनः, एक एव सकलकर्मविप्रमुक्तः सन् मोक्षं सकलकर्मविप्रमुक्तिं प्राप्नोति लभते ॥ ७६ ॥

सुयणो पिच्छंतो वि हु ण दुक्ख-लेसं पि सक्कदे गहिदुं ।
एवं जाणंतो वि हु तो वि ममत्तं ण छंडेई[8] ॥ ७७ ॥

छह गाथाओसे एकत्वानुप्रेक्षाको कहते हैं । **अर्थ**–जीव अकेला ही उत्पन्न होता है, अकेला ही माताके उदरमें शरीरको ग्रहण करता है, अकेला ही बालक होता है, अकेला ही जवान होता है, और अकेला ही बुढ़ापेसे बूढ़ा होता है ॥ ७४ ॥ **अर्थ**–अकेला ही रोगी होता है, अकेला ही शोक करता है, अकेला ही मानसिक दुःखसे संताप पाता है, अकेला ही मरता है, और बेचारा अकेला ही नरकके असह्य दुःखको सहता है ॥ ७५ ॥ **अर्थ**–अकेला ही पुण्यका संचय करता है, अकेला ही देवगतिके अनेक प्रकारके सुखोंको भोगता है । अकेला ही कर्मका क्षय करता है, और अकेला ही मुक्तिको प्राप्त करता है ॥ ७६ ॥ **अर्थ**–कुटुम्बीजन देखते हुए भी दुःखके लेशमात्रको भी ग्रहण करनेमें समर्थ नहीं होते हैं । किन्तु ऐसा जानते हुए भी ममत्वको नहीं छोड़ता है ॥ **भावार्थ**–यह जीव जानता है, कि जब मुझे कोई कष्ट सताता है तो कुटुम्बीजन उसे देखते हुए भी बाँट नहीं सकते हैं । शरीरमें पीड़ा होनेपर उसका कष्ट मुझे ही भोगना पड़ता है, अन्य वस्तुओंकी तरह उसमें कोई चाहनेपर भी हिस्सादार नहीं कर सकता । किन्तु फिर भी माता, पिता, भाई, पुत्र वगैरह कुटुम्बियोंसे

---

१ क म स ग इक्को । २ ब गब्भम्मि.. देहो । ३ ब एक्को । ४ ब निरय । ५ ब एक्को । ६ क म स ग इक्को । ७ ब म पावए । ८ स छेडेइ ।

[छाया-स्वजनः पश्यन्नपि खलु न दुःखलेशमपि शक्नोति ग्रहीतुम् । एवं जानन्नपि खलु ततः अपि ममत्वं न त्यजति ॥] अपि पुनः, शक्नोति समर्थो भवति, न ग्रहीतुं लातुम् । किम् । दुःखलेशं स्वकीयजनजातासातलेशं कणिकाम् । कः । सुजनोऽपि मातृपितृभ्रातृपुत्रायात्मजनोऽपि । अपिशब्दात् अन्योऽपि हु स्फुटं, पश्यन्नपि प्रेक्षमाणोऽपि, एवं जानन् अपि, हु स्फुटं, तो वि तथापि, ममत्वं न त्यजति ॥ ७७ ॥

जीवस्स णिच्छयादो धम्मो दह-लक्खणो हवे सुयणो ।
सो णेइ देव-लोए सो चिय दुक्ख-क्खयं कुणइ ॥ ७८ ॥

[छाया-जीवस्य निश्चयतः धर्मः दशलक्षणः भवेत् स्वजनः । सः नयति देवलोके स एव दुःखक्षयं करोति ॥] स्वजनः आत्मीयजनः, निश्चयतः परमार्थेन , भवेत् । कस्य । जीवस्य आत्मनः । कः । दशलक्षणः उत्तमक्षमादिदशलाक्षणिकधर्मः । स धर्मो जिनोक्तः, नयति प्रापयति, देवलोके सौधर्मादिनाकलोके । स एव दशलाक्षणिकधर्मः करोति विदधाति । कम् । दुःखक्षयं चतुर्गतिदुःखानां विनाशम् ॥ ७८ ॥

सव्वायरेण जाणेह एक्कं जीवं सरीरदो भिण्णं ।
जम्हि दु मुणिदे जीवे होदि असेसं खणे हेयं ॥ ७९ ॥

[छाया-सर्वादरेण जानीत एकं जीवं शरीरतः भिन्नम् । यस्मिन् तु ज्ञाते जीवे भवति अशेषं क्षणे हेयम् ॥] सर्वादरेण समस्तोद्यमेन, जानीहि विद्धि, एकमद्वितीयं जीवं चिदानन्दम् । कीदृशम् । शरीरतः नोकर्मकर्मभ्यो भिन्नं पृथक् । तु पुनः । यस्मिन् जीवे शुद्धचिद्रूपे ज्ञाते सति, क्षणे क्षणतः , अशेषं शरीरमित्रकलत्रधनधान्यादि सर्वं, हेयं त्याज्यं, भवति जायते ॥ ७९ ॥

एकं श्रीशुभचन्द्रमिन्द्रनिकरैः सेव्यं जिनं संभज, एकं सन्मतिकीर्तिदायकमरं तत्त्वं स्मर स्मारय ।
एकं जैनमतानुशास्त्रनिकरं श्रव्यं कुरु प्रीतये, एकं ध्यानगतं विशुद्धममलं चिद्रूपभावं धर ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषा-
कविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम्
एकत्वानुप्रेक्षायां चतुर्थोऽधिकारः ॥ ४ ॥

उसे जो मोह है, वह उसे नहीं छोड़ता है ॥ ७७ ॥ **अर्थ**—यथार्थमें जीवका आत्मीय जन उत्तम क्षमादिरूप दशलक्षणधर्म ही है। वह दशलक्षणधर्म सौधर्म आदि स्वर्गमें लेजाता है, और वही चारों गतियोंके दुःखोंका नाश करता है ॥ **भावार्थ**—अपना सच्चा आत्मीय वही है, जो हमें सुख देता है और दुःखोंको दूर करता है। लौकिक सम्बन्धी न तो हमें सुख ही देते हैं और न दुःखोंसे ही हमारी रक्षा कर सकते हैं। किन्तु धर्म दोनों काम कर सकनेमें समर्थ है। अतः वही हमारा सच्चा बन्धु है, और उसीसे हमें प्रीति करना चाहिये ॥ ७८ ॥ **अर्थ**—पूरे प्रयत्नसे शरीरसे भिन्न एक जीवको जानो। उस जीवके जान लेनेपर क्षणभरमें ही शरीर, मित्र, स्त्री, धन, धान्य वगैरह सभी वस्तुएँ हेय होजाती हैं ॥ **भावार्थ**—संसारकी दशा देखते हुए भी अपने कुटुम्बीजनोंसे जीवका मोह नहीं छूटता है। इसका कारण यह है, कि जीव अपनेको अभी नहीं जान सका है। जिस समय वह अपनी शुद्ध चैतन्यमय आत्माको जान लेगा, उसी समय उसे सभी परवस्तुएँ हेय प्रतीत होने लगेगीं। अतः सब कुछ छोड़कर अपनेको जाननेका पूरा प्रयत्न करना चाहिये ॥ ७९ ॥ इति एकत्वानुप्रेक्षा ॥ ४ ॥

---

१ ग सजणोवि। २ म सुवणो। ३ स वि य। ४ सर्वत्र 'विनासं करोति' इति पाठः। ५ ब जाणह। ६ ल म स ग एक्कं। ७ ब म जीवो। ८ ल म स ग होइ। ९ ब एकत्ताणुवेक्खा, म एकत्वानुप्रेक्षा।

५. अन्यत्वानुप्रेक्षा

अथ त्रिभिर्गाथाभिरन्यत्वानुप्रेक्षामुत्प्रेक्षते-

अण्णं देहं गिण्हदि[1] जणणी अण्णा य होदि कम्मादो ।
अण्णं होदि कलत्तं अण्णो वि य जायदे पुत्तो ॥ ८० ॥

[छाया-अन्यं देहं गृह्णाति जननी अन्या च भवति कर्मणः । अन्यत् भवति कलत्रं अन्योऽपि च जायते पुत्रः ॥] अन्यं भिन्नं, देहं शरीरं, गृह्णाति अङ्गीकरोति, जीवः इत्यध्याहार्यम् । जननी सवित्री माता अन्या च भिन्ना च भवति । कुतः । कर्मतः स्वकीयकृतकर्मविपाकात् । कलत्रम् आत्मनः स्वभावात् अन्यत् पृथग्भवति । अपि च पुत्रः आत्मजः अन्यः शरीरादेः पृथक् जायते उत्पद्यते ॥ ८० ॥

एवं बाहिर दव्वं जाणदि रूवादु अप्पणो भिण्णं ।
जाणंतो वि हु जीवो तत्थेव हि रच्चदे मूढो ॥ ८१ ॥

[छाया-एवं बाह्यद्रव्यं जानाति रूपात् आत्मनः भिन्नम् । जानन्नपि खलु जीवः तत्रैव हि रज्यति मूढः ॥] एवं शरीरजननीकलत्रपुत्रादिवत् बाह्यद्रव्यं गजतुरगरथद्रव्यगृहादिकं आत्मनः स्वरूपात् चिद्रूपस्य स्वभावात् भिन्नं पृथक् जानाति वेत्ति । हु स्फुटम् । भिन्नं जानन्नपि मूढो जीवः अज्ञः प्राणी तत्रैव बाह्यद्रव्ये पुत्रमित्रकलत्रधनधान्यादौ रज्यति रागं गच्छति ॥ ८१ ॥

जो जाणिऊण देहं जीव-सरूवादु[2] तच्चदो भिण्णं ।
अप्पाणं पि य सेवदि कज्जकरं तस्स अण्णत्तं ॥ ८२ ॥[4]

[छाया-यः ज्ञात्वा देहं जीवस्वरूपात् तत्त्वतः भिन्नम् । आत्मानमपि च सेवते कार्यकरं तस्य अन्यत्वम् ॥] तस्य जीवस्य अन्यत्वम् अन्यत्वानुप्रेक्षाचिन्तनं कार्यकरं मोक्षपर्यन्तसाध्यसाधकम् । तस्य कस्य । यः सेवते भजते । कम् । आत्मानं शुद्धचिद्रूपम् । किं कृत्वा । ज्ञात्वा परिज्ञाय । कम् । देहं शरीरं, जीवस्वरूपात् आत्मस्वरूपात्, तत्त्वतः परमार्थतः, भिन्नं पृथक् ॥ ८२ ॥

भिन्नं जिनं जगति कर्मशरीरगेहात् ज्ञानादितो न खलु भिन्नमिमं भजध्वम् ।
भिन्नं जगद्वदति यो जगता जितात्मा भिन्नेतरादिघटनां घटयन् स भाति ॥

इति श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषा-
कविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम्
अन्यत्वानुप्रेक्षायां पञ्चमोऽधिकारः ॥ ५ ॥

तीन गाथाओंसे अन्यत्वानुप्रेक्षाको कहते हैं । **अर्थ**-अपने उपार्जित कर्मोंके उदयसे जीव भिन्न शरीरको ग्रहण करता है । माता भी उससे भिन्न होती है । स्त्री भी भिन्न होती है और पुत्र भी भिन्न ही पैदा होता है ॥ **भावार्थ**-आत्मासे शरीर, स्त्री, पुत्र, आदिके भिन्न चिन्तन करनेको अन्यत्वानुप्रेक्षा कहते हैं । आत्मासे ये सभी वस्तुएँ भिन्न हैं ॥ ८० ॥ **अर्थ**-इस प्रकार शरीर, माता, स्त्री, पुत्र आदिकी तरह हाथी, घोड़ा, रथ, धन, मकान वगैरह बाह्य द्रव्योंको यद्यपि आत्मासे भिन्न जानता है, किन्तु भिन्न जानते हुए भी मूर्ख प्राणी उन्हींसे राग करता है ॥ **भावार्थ**-यह सब जानते हैं, कि संसारकी सब विभूति हमसे पृथक् है, किन्तु फिर भी सब उनसे प्रीति करते देखे जाते हैं ॥ ८१ ॥ **अर्थ**-जो आत्मस्वरूपसे शरीरको यथार्थमें भिन्न जानकर अपनी आत्माका ही ध्यान करता है, उसीकी अन्यत्वानुप्रेक्षा कार्यकारी है ॥ **भावार्थ**-शरीरादिकसे

---

[1] ब गिण्हदि । [2] ब जाण सरूवादि अं । [3] ब जीवस्स रूवादि । [4] ब अनुत्ताणप्रेषा, म अन्यत्वानुप्रेक्षा ।

६. अशुचित्वानुप्रेक्षा

अथ गाथाषट्केनाशुचित्वानुप्रेक्षां सूचयति–

सयल-कुहियाण पिंडं किमि-कुल-कलियं अउव्व-दुग्गंधं ।
मल-मुत्ताण य गेहं देहं जाणेहि[1] असुइमयं ॥ ८३ ॥

[छाया–सकलकुथितानां पिण्डं कृमिकुलकलितमपूर्वदुर्गन्धम्। मलमूत्राणां च गेहं देहं जानीहि अशुचिमयम्॥] जानीहि त्वं, हे भव्य प्रतीहि। कम्। देहं शरीरम्। किंभूतम्। अशुचिमयम् अपवित्रद्रव्यनिष्पादितम्। कीदृक्षम्। सकलकुथितानां पिण्डं समस्तकुत्सितानां द्रव्याणां निचयम्। पुनः कीदृक्षम्। क्रिमिकुलकलितं, क्रिमयः जठरजद्वीन्द्रियजीवाः जन्तवः यूकादयः निगोदादयः तेषां कुलानि वृन्दानि तैः कलितं युक्तम्। अतीवदुर्गन्धम्। मलमूत्राणां गृहं, मला विष्ठादयः मूत्राणि प्रस्रवादयस्तेषां गृहं स्थानम्॥ तथा श्रीभगवत्याराधनायां शरीरस्य निष्पत्त्यादिकं प्रोक्तं च। तद्यथा। 'कलिल १० कलुष १० स्थिरत्वं १० पृथग्दशाहेन बुद्बुदोऽथ घनः। तदनु ततः पलपेश्यः क्रमेण मासेन पुलकमतः॥' १॥ 'चर्मनखरोमसिद्धेः स्यादङ्गोपाङ्गसिद्धिश्च। स्पन्दनमष्टममासे नवमे दशमेऽथ निस्सरणम्॥' २॥ कलिलं दिन १०, कलुषीकृतं (दिन १०) पांशुरससदृशं दिन १०, स्थिरभूतं दिन १०, मास १। बुद्बुदभूतं मास १। घनभूतं मास १। मांसपेशी मास १। पञ्चपुलकानि मास १। अङ्गोपाङ्गानि मास १। चर्मनखरोमनिष्पत्तिः मास १। चलनम्। मासे नवमे निर्गमनम्॥ शरीरस्य अवयवानाचष्टे। त्रिशतानि अस्थीनि ३००, तानि सर्वाणि मज्जाधातुभिर्भृतानि। तावन्ति संधयः ३००। स्नायूनां नवशतानि ९००। शिराणां सप्तशतानि ७००। पञ्चशतानि मांसपेश्यः ५००। चत्वारि शिराजालानि ४। षोडशखण्डसंज्ञानि १६। शिरामूलानि षडेव ६। मांसरज्जुद्वयं २। त्वचः सप्त ७। कालेयानि सप्त ७। रोमकोटीनामशीतिशतसहस्राणि ८००००००००००००। आमाशये अवस्थिता अन्त्रयष्टयः षोडश १६।

आत्माके भिन्न चिन्तन करनेको अन्यत्वानुप्रेक्षा कहते हैं। अन्यत्वका चिन्तन करते हुए भी यदि यथार्थमें भेदज्ञान न हुआ तो वह चिन्तन कार्यकारी नहीं है॥ ८२॥ इति अन्यत्वानुप्रेक्षा॥ ५॥

छह गाथाओंसे अशुचित्वअनुप्रेक्षाका सूचन करते हैं। **अर्थ**–इस शरीरको अपवित्र द्रव्योंसे बना हुआ जानो। क्योंकि यह शरीर समस्त बुरी वस्तुओंका समूह है। उदरमें उत्पन्न होनेवाले दोइन्द्रिय लट, जूं तथा निगोदियाजीवोंके समूहसे भरा हुआ है, अत्यन्त दुर्गन्धमय है, तथा मल और मूत्रका घर है॥ **भावार्थ**–श्रीभगवतीआराधनामें गाथा १००७ से शरीरकी उत्पत्ति वगैरह इस प्रकार बतलाई है–"गर्भमें दस दिनतक वीर्य कलल अवस्थामें रहता है। अर्थात् गले हुए ताम्बे और चाँदीको परस्परमें मिलानेसे उन दोनोंकी जो अवस्था होती है, वैसी ही अवस्था माताके रज और पिताके वीर्यके मिलनेसे होती है। उसे ही कलल अवस्था कहते हैं। उसके पश्चात् दस दिनतक वह काला रहता है। उसके पश्चात् दस दिनतक स्थिर रहता है। इस प्रकार प्रथम मासमें रज और वीर्यके मिलनेसे ये तीन अवस्थाएँ होती हैं। दूसरे मासमें बुलबुलेकी तरह रहता है। तीसरे मासमें कड़ा होजाता है। चौथे मासमें मांसका पिण्ड होजाता है। पाँचवे मासमें हाथ, पैर और सिरके स्थानमें पाँच अङ्कुर फूटते हैं। छठे मासमें अङ्ग और उपाङ्ग बन जाते हैं। सातवें मासमें चमड़ा, रोम और नाखून बन जाते हैं। आठवें मासमें बच्चा पेटमें घूमने लगता है। नवें अथवा दसवें मासमें बाहर आजाता है।" शरीरके अवयव इस प्रकार हैं–"इस शरीर में तीनसौ हड्डियाँ हैं। वे सभी मज्जा नामकी धातुसे भरी हुई हैं। तीन सौ ही सन्धियाँ हैं। नौसौ स्नायु हैं। सात सौ सिराएँ हैं

---

1 ल म स जाणेह, ग जाणेह। 2 म असुइरत्तं।

कुथितस्याश्रयाः सप्तैव भवन्ति ७। स्थूणाः तिस्रो भवन्ति ३। मर्मणां शतं सप्ताधिकं १०७ भवति। व्रणमुखानि नव भवन्ति ९, नित्यं कुथितं स्रवन्ति यानि। मस्तिष्कं स्वाञ्जलिप्रमाणं, मेदोऽञ्जलिप्रमाणम्, ओजो निजाञ्जलिप्रमाणं, शुक्रं स्वाञ्जलिप्रमाणं, वसा धातवः तिस्रोऽञ्जलयः, पित्ताञ्जलित्रिकं ३, श्लेष्माञ्जलित्रिकं ३। रुधिरं सेर ८, मूत्रं सेर १६, विष्टा सेर २४। नख २०, दन्ता ३२। 'क्रिमिकीटनिगोदादिभिर्भृतमिदं शरीरम्। रसा १ ऽसृक् २ मांस ३ मेदो ४ ऽस्थि ५ मज्जा ६ शुक्राणि ७ धातवः ॥' सप्तधातुभिर्निष्पन्नम् ॥ ८३ ॥

सुट्ठु पवित्तं दव्वं सरस-सुगंधं[1] मणोहरं जं पि।
देह-णिहित्तं जायदि घिणावणं सुट्ठु दुग्गंधं ॥ ८४ ॥

[छाया-सुष्ठु पवित्रं द्रव्यं सरससुगन्धं मनोहरं यदपि। देहनिहितं जायते घृणास्पदं सुष्ठु दुर्गन्धम् ॥] यदपि द्रव्यं चन्दनकर्पूरागरुकस्तूरीसुगन्धपुष्पप्रमुखम्। कीदृक्षम्। सुष्ठु अतिशयेन पवित्रं शुचिः। कीदृक्षं पुनः। सरससुगन्धम् अपूर्वरसगन्धसहितम् अन्नपानादि, मनोहरं चेतश्चमत्कारकम्, तदपि द्रव्यं देहनिक्षिप्तं शरीरसंस्पृष्टं जायते भवति। कीदृक्षम्। घृणास्पदं सुगोत्पादकं [जुगुप्सोत्पादकं], सुष्ठु अतिशयेन दुर्गन्धं पूतिगन्धम् ॥ ८४ ॥

मणुयाणं[2] असुइमयं विहिणा देहं विणिम्मियं[3] जाण।
तेसिं विरमण-कज्जे ते पुण तत्थेव[4] अणुरत्ता ॥ ८५ ॥

[छाया-मनुजानामशुचिमयं विधिना देहं विनिर्मितं जानीहि। तेषां विरमणकार्ये ते पुनः तत्रैव अनुरक्ताः ॥] जाण जानीहि, मनुष्याणां देहं शरीरं विधिना पूर्वोपार्जितकर्मणा अशुचिमयम् अपवित्रतामयं विनिर्मितं निष्पादितम्। तेषां मनुष्याणां विरमणकार्ये वैराग्योत्पत्तिनिमित्तं पुनः ते मनुष्याः तत्रैव शरीरे अनुरक्ताः प्रेमसंबद्धाः ॥ ८५ ॥

एवंविहं पि देहं पिच्छंता वि य कुणंति अणुरायं।
सेवंति आयरेण य अलद्ध-पुव्वं[5] ति मण्णंता ॥ ८६ ॥

पाँच सौ मांसपेशियाँ हैं। सिराओंके चार समूह हैं। रक्तसे भरी १६ महासिराएँ हैं। सिराओंके छह मूल हैं। पीठ और उदरकी ओर दो मासरज्जु हैं। चर्मके सात परत हैं। सात कालेयक अर्थात् मांस खण्ड हैं। अस्सी लाख करोड़ रोम हैं। आमाशयमें सोलह आँतें हैं। सात दुर्गन्धके आश्रय हैं। तीन स्थूणा हैं–वात, पित्त और कफ। एक सौ सात मर्मस्थान हैं। नौ मलद्वार हैं, जिनसे सर्वदा मल बहता रहता है। एक अञ्जलि प्रमाण मस्तक है। एक अञ्जलिप्रमाण मेद है। एक अञ्जलिप्रमाण ओज है। एक अञ्जलिप्रमाण वीर्य है। ये अञ्जलियाँ अपनी अपनी ही लेनी चाहिये। तीन अञ्जलिप्रमाण वसा है। तीन अञ्जलिप्रमाण पित्त है। [भगवती० में पित्त और कफको ६–६ अञ्जलिप्रमाण बतलाया है। देखो, गा० १०३४। अनु०] ८ सेर रुधिर है। १६ सेर मूत्र है। २४ सेर विष्ठा है। बीस नख हैं। ३२ दाँत हैं। यह शरीर कृमि, लट तथा निगोदिया जीवोंसे भरा हुआ है। तथा रस, रुधिर, माँस, मेद, हड्डी, मज्जा और वीर्य इन सात धातुओंसे बना हुआ है। अतः गन्दगीका घर है ॥ ८३ ॥ **अर्थ**–जो द्रव्य अत्यन्त पवित्र, अपूर्व रस और गंध से युक्त, तथा चित्तको हरनेवाले हैं, वे द्रव्य भी देहमें लगनेपर अति घिनावने तथा अति दुर्गन्धयुक्त होजाते हैं ॥ **भावार्थ**–चन्दन, कपूर, अगरु, कस्तूरी, सुगन्धित पुष्प वगैरह पवित्र और सुगन्धित द्रव्य भी शरीरमें लगनेसे दुर्गन्धयुक्त होजाते हैं ॥ ८४ ॥ **अर्थ**–मनुष्योंको विरक्त करनेके लिये ही विधिने मनुष्योंके शरीरको अपवित्र बनाया है, ऐसा प्रतीत होता है। किन्तु वे उसीमें अनुरक्त हैं ॥ ८५ ॥ **अर्थ**–शरीरको इस प्रकारका देखते हुए भी मनुष्य उसमें अनुराग करते हैं। और मानों इससे पहले

१ ब सु(य)ध। २ छ म ग। स मणुआण। ३ ब विणिम्मिदं [?]। ४ ब पुणु तित्थेव। ५ छ ग पुव्व पि, म सेव पि।

[छाया-एवंविधम् अपि देहं पश्यन्तः अपि च कुर्वन्ति अनुरागम्। सेवन्ते आदरेण च अलब्धपूर्वम् इति मन्यमानाः ॥] कुर्वन्ति। कम्। अनुरागं शरीरे अतिस्नेहम्। के। मनुष्याः। कीदृक्षाः। एवंविधमपि रसधातुमलमूत्रदुर्गन्धत्वादिनिवृत्तमपि देहं शरीरं पश्यन्तः प्रेक्षमाणाः, अपि च पुनः, आदरेण च उद्यमेन सेवन्ते स्त्रीशरीरादिकं भजन्ति। कीदृक्षाः सन्तः। अलब्धपूर्वमिति मन्यमानाः, अतः पूर्वं कदाचिदपि न प्राप्तमिति जानन्तः ॥ ८६ ॥

जो पर-देह-विरत्तो णिय-देहे ण य करेदि अणुरायं।
अप्प-सरूव-सुरत्तो असुइत्ते भावणा तस्स ॥ ८७ ॥[1]

[छाया-यः परदेहविरक्तः निजदेहे न च करोति अनुरागम्। आत्मस्वरूपसुरक्तः अशुचित्वे भावना तस्य ॥] तस्य मुनेः अशुचित्वे भावना अशुचित्वानुप्रेक्षा भवतीत्यर्थः। तस्य कस्य। यः पुमान् परदेहविरक्तः, परेषां स्त्रीप्रमुखानां देहे शरीरे विरक्तः विरतिं प्राप्तः। च पुनः, न करोति न विदधाति। कम्। अनुरागम् अतिस्नेहम्। क। निजदेहे स्वकीयशरीरे। कीदृक्षः सन्। आत्मस्वरूपे शुद्धचिद्रूपे, सुरक्तः ध्यानेन लीनः ॥ ८७ ॥

देहाशुचिं चेतसि भावयन्तं शुभेन्दुदेवं प्रणमामि भक्त्या। सुसन्मतिं कीर्तिमितं प्रयत्नात् सद्भावनाभावकृते सुभावात् ॥

इति श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायां भट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेव-
विरचितटीकायाम् अशुचित्वानुप्रेक्षाप्रतिपादकः
षष्ठोऽधिकारः ॥ ६ ॥

७. आस्रवानुप्रेक्षा

अथास्रवानुप्रेक्षां गाथासप्तभिराह-

मण-वयण-काय-जोया जीव-पएसाण फंदण-विसेसा।
मोहोदएण जुत्ता विजुदा वि य आसवा होंति ॥ ८८ ॥

[छाया-मनोवचनकाययोगाः जीवप्रदेशानां स्पन्दनविशेषाः। मोहोदयेन युक्ताः वियुताः अपि च आस्रवाः भवन्ति ॥] अथास्रवाणां निमित्तानि योगान् युनक्ति। मनोवचनकाययोगाः, मनोयोगाः सत्यादिचत्वारः, वचनयोगाः

कभी मिला ही नहीं, ऐसा मान कर आदरसे उसका सेवन करते हैं ॥ ८६ ॥ **अर्थ**-जो दूसरोंके शरीरसे विरक्त है और अपने शरीरसे अनुराग नहीं करता है, तथा आत्माके शुद्ध चिद्रूपमें लीन रहता है उसीकी अशुचित्वमें भावना है ॥ **भावार्थ**-आचार्य कहते हैं, कि उसीकी अशुचित्वभावना है, जो न अपने शरीरसे अनुराग करता है और न स्त्री-पुत्रादिकके शरीरसे अनुराग करता है। तथा आत्मध्यानमें लीन रहता है। किन्तु जो अशुचित्वका चिन्तन करते हुए भी अपने या परके शरीरमें अनुरक्त है, उसकी अशुचित्वभावना केवल विडम्बना है॥ ८७ ॥ इति अशुचित्वानुप्रेक्षा ॥ ६ ॥

सात गाथाओंसे आस्रवानुप्रेक्षाको कहते हैं। **अर्थ**-जीवके प्रदेशोंके हलन चलनको योग कहते हैं। योग तीन हैं-मनोयोग, वचनयोग और काययोग। ये योग मोहनीयकर्मके उदयसे युक्त भी रहते हैं और वियुक्त भी रहते हैं। इन योगोंको ही आस्रव कहते हैं ॥ **भावार्थ**-आस्रव नाम आनेका है और शरीरनामकर्मके उदयसे मन, वचन और कायसे युक्त जीवकी जो शक्ति कर्मोंके आगमनमें कारण है, उसे योग कहते हैं। अतः योग आस्रवका कारण है। योगके निमित्तसे ही कर्मोंका आस्रव होता है। इसलिये योगको ही आस्रव कहा है। वह योग तीन प्रकारका है-मनोयोग, वचनयोग और

---

१ क ग स अप्पसुरूवसु॰। २ ब असुइत्तो। ३ ब असुइत्ताणुवेक्खा, म असुचित्वानुप्रेक्षा। ४ ब जीवापएसाण। ५ ब मोहोदएण।

सत्यादयश्चत्वारः, काययोगा औदारिकादयः सप्त। कीदृक्षास्ते। जीवप्रदेशानाम् आत्मप्रदेशानां लोकमात्राणां स्पन्दनविशेषाः चलनरूपाः। तत्र केचन मिथ्यादृष्ट्यादिसूक्ष्मसांपरायगुणस्थानपर्यन्तानां जीवानां योगाः मोहोदयेन अष्टाविंशतिभेदभिन्नमोहकर्मविपाकेन युक्ताः। अपि पुनः। ततः उपरि त्रिषु गुणस्थानेषु तेन मोहोदयवियुक्ता रहिताः आस्रवाः, आस्रवन्ति संसारिणं जीवमिति आस्रवाः, भवन्ति ॥ ८८ ॥

मोह-विवाग-वसादो जे परिणामा हवंति जीवस्स।
ते आसवा मुणिज्जसु[1] मिच्छत्ताई[2] अणेय-विहा ॥ ८९ ॥

[छाया-मोहविपाकवशात् ये परिणामाः भवन्ति जीवस्य। ते आस्रवाः जानीहि मिथ्यात्वादयः अनेकविधाः ॥] जीवस्य संसारिण. ते प्रसिद्धाः मिथ्यात्वादयः, मिथ्यात्व ५, अविरति १२, कषाय २५, योगाः १५, अनेकविधाः शुभाशुभभेदेन बहुप्रकाराः, तान् आस्रवान् मन्यस्व, हे भव्य, त्वं जानीहि। ते के। ये जीवस्य भावाः परिणामा भवन्ति। कुतः। मोहविपाकवशात् मोहनीयकर्मोदयवशात् ॥ ८९ ॥

कम्मं पुण्णं पावं हेउं[3] तेसिं च होंति सच्छिदरा।
मंद-कसाया सच्छा तिव्व-कसाया असच्छा हु ॥ ९० ॥

काययोग। मनोवर्गणाके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंमें जो हलन चलन होता है, उसे मनोयोग कहते हैं। वचनवर्गणाके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोमे जो हलन चलन होता है, उसे वचनयोग कहते हैं। और कायवर्गणाके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंमें जो परिस्पद होता है, उसे काययोग कहते हैं। मनोयोगके चार मेद हैं–सत्यमनोयोग, असत्यमनोयोग, उभयमनोयोग और अनुभयमनोयोग। वचनयोगके भी चार भेद है–सत्यवचनयोग, असत्यवचनयोग, उभयवचनयोग और अनुभयवचनयोग। काययोगके सात भेद हैं–औदारिककाययोग, औदारिकमिश्रकाययोग, वैक्रियिककाययोग, वैक्रियिकमिश्रकाययोग, आहारककाययोग, आहारकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग। योग तेरहवें गुणस्थानतक होता है, और मोहनीयकर्मका उदय दसवें गुणस्थानतक होता है। अतः दसवें गुणस्थानतक तो योग मोहनीयकर्मके उदयसे सहित होता है। किन्तु उसके आगे ग्यारहवे, बारहवे और तेरहवे गुणस्थानमें जो योग रहता है, वह मोहनीयकर्मके उदयसे रहित होता है ॥ ८८ ॥ **अर्थ–**मोहनीयकर्मके उदयसे जीवके जो अनेक प्रकारके मिथ्यात्व आदि परिणाम होते हैं, उन्हे आस्रव जानो ॥ **भावार्थ–**आस्रवपूर्वक ही बन्ध होता है। बन्धके पॉच कारण हैं- मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग। इनमेंसे योगके सिवाय शेष कारण मोहनीयकर्मके उदयसे होते हैं। और मोहनीयकर्मका उदय दसवें गुणस्थानतक रहता है। दसवें गुणस्थानमें मोहनीयकर्मकी बन्धव्युच्छित्ति होजानेसे ग्यारहवें आदि गुणस्थानोंमें योगके द्वारा केवल एक सातावेदनीयका ही बन्ध होता है। शेष ११९ प्रकृतियाँ मोहनीयकर्मजन्य भावोके ही कारण बँधती हैं। अतः यद्यपि आस्रवका कारण योग है, तथापि प्रधान होनेके कारण योगके साथ रहनेवाले मोहनीयकर्मके मिथ्यात्व आदि भावोंको भी आस्रव कहा है ॥ ८९ ॥ **अर्थ–**कर्म दो तरह के होते हैं—पुण्य और पाप। पुण्यकर्मका कारण शुभास्रव कहाता है और पापकर्मका कारण अशुभास्रव कहाता है। मन्दकषायसे जो आस्रव होता है, वह शुभास्रव है और तीव्रकषायसे जो आस्रव होता है, वह अशुभास्रव है ॥ **भावार्थ–**कषाय चार हैं—क्रोध, मान, माया और लोभ। इनमेंसे प्रत्येककी चार जातियाँ होती हैं। अनन्तानुबन्धी,

---

१ स मुणिज्जइ। २ ब म मिच्छत्ताई। ३ ग हेउ [हेऊ]।

[छाया-कर्म पुण्यं पापं हेतवः तेषां च भवन्ति स्वच्छेतराः । मन्दकषायाः स्वच्छाः तीव्रकषायाः अस्वच्छाः खलु ॥] एवं पुण्यं कर्म प्रशस्तप्रकृतिद्वाचत्वारिंशत्‌ । परं पापं कर्माप्रशस्तप्रकृतिद्वाचत्वारिंशत्‌ । तयोः शुभाशुभकर्मणोः हेतवः कारणानि स्वच्छेतराः स्वच्छाः निर्मलाः इतरे अस्वच्छाः आस्रवा भवन्ति । स्वच्छास्रवाः पुण्यहेतवः, अस्वच्छास्रवाः पापहेतव इत्यर्थः । हु स्फुटम्‌ । के स्वच्छाः के अस्वच्छाश्च । मन्दकषायाः प्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधादयो नोकषायाश्च स्वच्छाः निर्मलाः । तीव्रकषायाः अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानक्रोधादयः मिथ्यात्वं तु अस्वच्छाः अनिर्मलाः ॥९०॥ अथ मन्दकषायाणां दृष्टान्तं दर्शयति-

सव्वत्थ वि पिय-वयणं दुव्वयणे दुज्जणे वि खम-करणं ।
सव्वेसिं गुण-गहणं मंद-कसायाण दिट्ठंता ॥ ९१ ॥

[छाया-सर्वत्र अपि प्रियवचनं दुर्वचने दुर्जने अपि क्षमाकरणम्‌ । सर्वेषां गुणग्रहणं मन्दकषायाणां दृष्टान्ताः ॥] मन्दकषायाणां स्वच्छकषायाणां जीवानां दृष्टान्ताः उदाहरणानि । सर्वत्रापि शत्रुमित्रादिष्वपि प्रियवचन कोमलं वाक्यम्‌ । दुर्वचने दुष्टवचने उक्ते सति, अपि पुनः, दुर्जने दुष्टलोके क्षमाकरणम्‌, मम दोषं क्षमस्वेति कर्तव्यम्‌ । सर्वेषां जीवानां शुभाशुभानां गुणग्रहणं तेषां ये ये गुणाः सन्ति केवलं तेषामेव ग्रहणम्‌ ॥ ९१ ॥

अप्प-पसंसण-करणं पुज्जेसु वि दोस-गहण-सीलत्तं ।
वेरं-धरणं च सुइरं तिव्व-कसायाण लिंगाणि ॥ ९२ ॥

[छाया-आत्मप्रशंसनकरणं पूज्येषु अपि दोषग्रहणशीलत्वम्‌ । वैरधरणं च सुचिरं तीव्रकषायाणां लिङ्गानि ॥] तीव्रकषायाणां लिङ्गानि लिङ्गयति, लिङ्गानि चिह्नानि उदाहरणानीति यावत्‌ । केषाम्‌ । तीव्रकषायाणाम्‌ अस्वच्छकषायाणाम्‌ । तानि कानि । आत्मप्रशंसनकरणम्‌, आत्मनः स्वकीयस्य प्रशंसनं स्वमाहात्म्योद्घाटनं स्वगुणप्रकाशनं च, तस्य करणं कर्तव्यम्‌ । अपि पुनः, पूज्येषु गुर्वादिषु दोषग्रहणशीलत्वम्‌, अवगुणग्रहणस्वभावत्वम्‌ । च पुनः । सुचिरं चिरकालं, वेरंधरणं वैरधरणम्‌ ॥ ९२ ॥

अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण और संज्वलन । उनमेंसे अनन्तानुबन्धी और अप्रत्याख्यानावरणको तीव्र कषाय कहते हैं और प्रत्याख्यानावरण तथा संज्वलनको मन्द कषाय कहते हैं । तीव्र कषाय सहित योगसे जो आस्रव होता है, उसे अशुभास्रव कहते हैं और मन्द कषाय सहित योगसे जो आस्रव होता है, उसे शुभास्रव कहते हैं । आठों कर्मोंकी १२० बन्धप्रकृतियोंमेंसे ४२ पुण्यप्रकृतियाँ हैं और ८२ पापप्रकृतियाँ हैं । [वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्शनामकर्म पुण्यरूप भी होते हैं और पापरूप भी होते हैं । अतः उन्हें दोनोंमें गिना जाता है । अनु०] वैसे तो जीवके शुभास्रवसे भी दोनों ही प्रकारकी प्रकृतियोंका बन्ध होता है और अशुभास्रवसे भी दोनों प्रकारकी प्रकृतियोका बन्ध होना संभव है । किन्तु शुभास्रवसे पुण्य प्रकृतियोंमें स्थिति और अनुभाग अधिक पड़ता हैं, और अशुभास्रवसे पापप्रकृतियोंमें स्थिति और अनुभाग अधिक पड़ता है । इसीसे शुभास्रवको पुण्यकर्मका और अशुभास्रवको पापकर्मका कारण कहा जाता है ॥ ९० ॥ मन्दकषायी जीवोंके चिह्न बतलाते हैं । **अर्थ**-सभीसे प्रिय वचन बोलना, खोटे वचन बोलनेपर दुर्जनको भी क्षमा करना, और सभीके गुणोंको ग्रहण करना, ये मन्दकषायी जीवोंके उदाहरण हैं ॥ **भावार्थ**-जिस जीवमें उक्त बातें पाई जायें, उसे मन्दकषायी समझना चाहिये ॥ ९१ ॥ तीव्रकषायी जीवोंके चिह्न बतलाते हैं । **अर्थ**-अपनी प्रशंसा करना, पूज्यपुरुषोंमें भी दोष निकालनेका स्वभाव होना, और बहुत कालतक वैरका धारण करना, ये तीव्रकषायी जीवोंके चिह्न हैं ॥

---

१ क वेरिधरणं, म वेरिध' । २ ग वेरधरणं, प वेवधरणं ।

एवं जाणंतो वि हु परिचयणीए वि जो ण परिहरइ ।
तस्सासवाणुवेक्खा सव्वा वि णिरत्थया होदि ॥ ९३ ॥

[छाया-एवं जानन् अपि खलु परित्यजनीयान् अपि यः न परिहरति । तस्य आस्रवानुप्रेक्षा सर्वा अपि निरर्थका भवति ॥] तस्य जीवस्य सर्वापि समस्तापि आस्रवानुप्रेक्षा निरर्थका निष्फला भवति । तस्य कस्य । हु स्फुटम् । यः पुमान् एवं पूर्वोक्तं जानन्नपि परित्यजनीयानपि परिहार्यान् मिथ्यात्वकषायादीन् न परिहरति ॥ ९३ ॥

एदे मोहय-भावा जो परिवज्जेइ उवसमे लीणो ।
हेयं ति मण्णमाणो आसव-अणुवेहणं तस्स ॥ ९४ ॥

[छाया-एतान् मोहजभावान् यः परिवर्जयति उपशमे लीनः । हेयम् इति मन्यमानः आस्रवानुप्रेक्षणं तस्य ॥] तस्य योगिनः आस्रवानुप्रेक्षणं आस्रवाणां सप्तपञ्चाशतां ५७ अनुप्रेक्षणम् अवलोकनं विचारणं च । तस्य कस्य । यः पुमान् परिवर्जयति परित्यजति । कान् । एतान् पूर्वोक्तान् आत्मप्रशंसादीन् मोहजभावान् मोहकर्मजनितपरिणामान् । कीदृक्ष. सन् । उपशमे लीनः उपशमपरिणामे स्वशाम्ये लीनः लयं प्राप्तः । पुनः कीदृक्षः । हेयमिति मन्यमानः सर्वं शरीरादि त्याज्यमिति जानन् ॥ ९४ ॥

सर्वास्रवपरित्यक्तं सम्यक्त्वादिगुणैर्युतम् । शुभचन्द्रनुतं सिद्धं वन्दे सुमतिकीर्तये ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषाकविचक्र-
वर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम् आस्रवानु-
प्रेक्षायां सप्तमोऽधिकारः ॥ ७ ॥

८. संवरानुप्रेक्षा

अथ संवरानुप्रेक्षां गाथासप्तकेनाह-

सम्मत्तं देस-वयं महव्वयं तह जओ कसायाणं ।
एदे संवर-णामा जोगाभावो तहा चेव ॥ ९५ ॥

भावार्थ-जिस जीवमें उक्त बातें पाई जायें, उसे तीव्रकषायवाला समझना चाहिये ॥ ९२ ॥ **अर्थ**-इस प्रकार जानते हुए भी जो मनुष्य छोड़ने योग्य भी मिथ्यात्व, कषाय वगैरहको नहीं छोड़ता है, उसकी सभी आस्रवानुप्रेक्षा निष्फल है ॥ **भावार्थ**-किसी बातका विचार करना तभी सार्थक है, जब उससे कुछ लाभ उठाया जाये । आस्रवका विचार करके भी यदि उससे बचनेका प्रयत्न नहीं किया जाता, तो वह विचार निरर्थक है ॥ ९३ ॥ **अर्थ**-जो मुनि साम्यभावमें लीन होता हुआ, मोहकर्मके उदयसे होनेवाले इन पूर्वोक्त भावोंको त्यागने योग्य जानकर, उन्हें छोड़ देता है, उसीके आस्रवानुप्रेक्षा है ॥ **भावार्थ**-उसी योगीकी आस्रवानुप्रेक्षा सफल है, जो आस्रवके कारण पाँच प्रकारके मिथ्यात्व, बारह प्रकारकी अविरति, पचीस प्रकारकी कषाय और पन्द्रह प्रकारके योग को छोड़ देता है ॥ ९४ ॥ इति आस्रवानुप्रेक्षा ॥ ७ ॥

सात गाथाओंसे संवरअनुप्रेक्षाको कहते हैं । **अर्थ**-सम्यक्त्व, देशव्रत, महाव्रत, कषायोंका जीतना और योगोंका अभाव, ये सब संवरके नाम हैं ॥ **भावार्थ**-आस्रवके रोकनेको संवर कहते हैं । आस्रवानुप्रेक्षामें मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय, और योगको आस्रव

---

१ ब परच°, क परिवयणीये, स ग °णीये । २ ल म स ग °णुपिक्खा । ३ क म स ग मोहयभावा । ४ क म स ग हेयमिदि म° । ५ क म स ग अणुपेहण । ६ ब आसवाणुवेक्खा, म आसवानुप्रेक्षा । ७ क म ग तह चेव, स तह चेव ।

[छाया-सम्यक्त्वं देशव्रतं महाव्रतं तथा जयः कषायाणाम् । एते संवरनामानः योगाभावः तथा एव ॥] एते पूर्वोक्ताः संवरनामानः, आस्रवनिरोधः संवरः, तदभिधानाः । ते के । सम्यक्त्वम् उपशमवेदकक्षायिकदर्शनं, देशव्रतं देशसंयमं श्रावकद्वादशव्रतादिरूपम्, तह तथा, महाव्रतम् अहिंसादिपञ्चमहाव्रतरूपम्, तथा कषायाणां क्रोधादीनां पञ्चविंशतिभेदभिन्नानां जयः निग्रहः, तथैव योगाभावः मनोवचनकाययोगानां निरोधः ॥ ९५ ॥

गुत्ती समिदी धम्मो अणुवेक्खा[1] तह य परिसेह-जओ[2] वि ।
उक्किट्ठं चारित्तं संवर-हेदू[3] विसेसेण ॥ ९६ ॥

[छाया-गुप्तयः समितयः धर्मः अनुप्रेक्षाः तथा च परीषहजयः अपि । उत्कृष्टं चारित्रं संवरहेतवः विशेषेण ॥] विशेषेण उत्कर्षेण, एते संवरहेतवः आस्रवनिरोधकारणानि । ते के । गुप्तयः मनोवचनकायगोपनलक्षणास्तिस्रः, समितयः ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपणोत्सर्गलक्षणाः पञ्च, धर्मः उत्तमक्षमादिदशप्रकारः, तथा अनुप्रेक्षाः अनित्यादयो द्वादश, अपि पुनः, परीषहजयः परीषहाणां क्षुधादीनां जयः विजयः उत्कृष्टं चारित्रं सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसांपराययथाख्यातलक्षणम् । तथा चोक्तं श्रीउमास्वामिदेवेन । 'स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः ।' ॥ ९६ ॥ अथ गुप्त्यादीन् विशदयति-

गुत्ती जोग-णिरोहो समिदी य पमाद[4]-वज्जणं चेव ।
धम्मो दया-पहाणो सुतत्त[5]-चिंता अणुप्पेहा[6] ॥ ९७ ॥

कहा था। सो चौथे गुणस्थानमें सम्यक्त्वके होनेपर मिथ्यात्वका निरोध होजाता है । पाँचवें गुणस्थानमें पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत, इस प्रकार बारह व्रतरूप देशसंयमके होनेपर अविरतिका एकदेशसे अभाव होजाता है। छट्ठे गुणस्थानमें अहिंसादि पाँच महाव्रतोंके होने पर अविरतिका पूर्ण अभाव होजाता है। सातवें गुणस्थानमें अप्रमादी होनेके कारण प्रमादका अभाव होजाता है। ग्यारहवें गुणस्थानमें २५ कषायोंका उदय न होनेसे कषायोंका संवर होजाता है। और चौदहवें गुणस्थानमें योगोंका निरोध होनेसे योगका अभाव होजाता है॥ अतः मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योगके विरोधी होनेके कारण सम्यक्त्व, देशव्रत, महाव्रत, कषायजय और योगाभाव संवरके कारण हैं । इसी लिये उन्हें संवर कहा है ॥ ९५ ॥ **अर्थ**-गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परीषहजय, और उत्कृष्ट चारित्र, ये विशेषरूपसे संवरके कारण हैं ॥ **भावार्थ**-पूर्व गाथामें जो संवरके कारण बतलाये हैं, वे साधारण कारण हैं, क्योंकि उनमें प्रवृत्तिको रोकनेकी मुख्यता नहीं है। और जबतक मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको रोका नहीं जाता, तबतक संवरकी पूर्णता नहीं हो सकती । किन्तु इस गाथामें संवरके जो कारण बतलाये हैं, उनमें निवृत्तिकी ही मुख्यता है। इसी लिये उन्हें विशेष रूपसे संवरके कारण कहा है। मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको रोकनेको गुप्ति कहते हैं। इसीसे गुप्तिके तीन भेद होगये हैं—मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति। समितिके पाँच भेद हैं—ईर्या, भाषा, एषणा, आदाननिक्षेपण और उत्सर्ग। धर्म उत्तम क्षमादि रूप दस प्रकारका है। अनुप्रेक्षा अनित्य, अशरण आदि बारह हैं। परीषह क्षुधा, पिपासा आदि बाईस हैं। उत्कृष्ट चारित्रके पाँच भेद हैं-सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यात। तत्त्वार्थसूत्रके ९ वें अध्यायमें उमास्वामी महाराजने संवरके यही कारण विस्तारसे बतलाये हैं ॥ ९६॥ गुप्ति आदिको स्पष्ट करते हैं। **अर्थ**-मन, वचन, और कायकी

---

१ ब अणुवेहा, स ग °विक्खा। २ ल म ग तह परीसह, स तह य परीसह। ३ ब हेऊ। ४ म स पमाय- ५ ब सुतत्थ-, ल स ग सुतच-। ६ ब अणुवेहा।

[छाया-गुप्तिः योगनिरोधः समितिः च प्रमादवर्जनम् एव । धर्मः दयाप्रधानः सुतत्त्वचिन्ता अनुप्रेक्षा ॥] योगनिरोधः योगानां मनोवचनकायानां निरोधो गोपनं गुप्तिः कथ्यते । च पुनः, प्रमादानां विकथाकषायादिविकाराणां वर्जनं त्यजनं समितिः कथ्यते । च पुनः, दयाप्रधानः दयायाः प्राणिकृपायाः प्राधान्यं मुख्यत्वं यत्र दयाप्रधानः धर्मो भवेत् । सुतत्त्वचिन्ता आत्मादिपदार्थानां चिन्ता चिन्तनम् अनुप्रेक्षा भवेत् ॥ ९७ ॥

सो वि परीसह-विजओ छुहादि[1]-पीडाण अइ-रउद्दाणं ।
सवणाणं च मुणीणं उवसम-भावेण जं सहणं ॥ ९८ ॥

[छाया-स अपि परीषहविजयः क्षुधादिपीडानाम् अतिरौद्राणाम् । श्रमणानां च मुनीनाम् उपशमभावेन यत् सहनम् ॥] सोऽपि संवरः श्रवणानां [श्रमणानां] मुनीनां यत् उपशमभावेन क्षमादिपरिणामेन सहनं परामर्षणम् । केषाम् । अतिरौद्राणाम् अतिभीमानां क्षुधादिपीडानां बुभुक्षादिवेदनानां, सोऽपि परीषहविजयः द्वाविंशतिपरीषहाणां जयः कथ्यते ॥ ९८ ॥

अप्प-सरूवं वत्थुं चत्तं रायादिएहि दोसेहिं ।
सज्झाणम्मि णिलीणं[2] तं जाणसु उत्तमं चरणं ॥ ९९ ॥

[छाया-आत्मस्वरूपं वस्तु त्यक्तं रागादिकैः दोषैः । स्वध्याने निलीनं तत् जानीहि उत्तमं चरणम् ॥] तत् उत्तमं चरणम् उत्तमं श्रेष्ठं चारित्रं जानीहि विद्धि, भो भव्य त्वम् । तत् किम् । आत्मस्वरूपं स्वचिदानन्दं वस्तु, वसन्ति अनन्तगुणानिति वस्तु, आत्मानम्, स्वध्याने धर्मध्याने शुक्लध्याने वा निलीनं लयं प्राप्तम् । कीदृक्षम् । रागादिदोषैः त्यक्तं रागद्वेषादिदोषैर्निर्मुक्तम् ॥ ९९ ॥

एदे संवर-हेदूं[3] वियारमाणो वि जो ण आयरइ ।
सो भमई[4] चिरं कालं संसारे दुक्ख-संतत्तो ॥ १०० ॥

[छाया-एतान् संवरहेतून् विचारयन् अपि यः न आचरति । स भ्रमति चिरं कालं संसारे दुःखसंतप्तः ॥] यः पुमान् न आचरति न प्रवर्तयति । कीदृक्षः सन् । विचारयन्नपि चर्चयन्नपि । कान् । एतान् गुप्त्यादीन् संवरहेतून् आस्रवनिरोधकारणानि । स पुमान् चिरं कालं दीर्घकालं संसारे पञ्चविधे भवे भ्रमति । कीदृक्षः । दुःखसंतप्तः दुःखैः तापं नीतः ॥ १०० ॥

प्रवृत्तिके रोकनेको गुप्ति कहते हैं । विकथा कषाय वगैरह प्रमादोंके छोड़नेको समिति कहते हैं । जिसमें दया ही प्रधान है, वह धर्म है । जीव, अजीव आदि तत्त्वोंके चिन्तन करनेको अनुप्रेक्षा कहते हैं ॥ **भावार्थ**—प्रवृत्तिको रोकनेके लिये गुप्ति है । जो मुनि प्रवृत्तिको रोकनेमें असमर्थ हैं उन्हें प्रवृत्तिका उपाय बतलानेके लिये समिति है । प्रवृत्ति करते हुए प्रमाद न करनेके लिये धर्म है । और उस धर्मको दृढ करनेके लिये अनुप्रेक्षा है ॥ ९७ ॥ **अर्थ**—अत्यन्त भयानक भूख आदिकी वेदनाको ज्ञानी मुनि जो शान्त भावसे सहन करते हैं, उसे परीषहजय कहते हैं । वह भी संवररूप ही है ॥ ९८ ॥ **अर्थ**—रागादि दोषोंसे रहित शुभध्यानमें लीन आत्मस्वरूप वस्तुको उत्कृष्ट चारित्र जानो ॥ **भावार्थ**—रागादि दोषोंको छोड़कर, धर्मध्यान या शुक्लध्यानके द्वारा आत्माका आत्मामें लीन होना ही उत्कृष्ट चारित्र है ॥ ९९ ॥ **अर्थ**—जो पुरुष इन संवरके कारणोंका विचार करता हुआ भी उनका आचरण नहीं करता है, वह दुःखोंसे संतप्त होकर चिरकाल तक संसारमें भ्रमण करता

---

१ ल म ग छुहाइ-। २ ब विलीण [?]। ३ ब हेदूं, ल स ग हेदुं, म हेदु। ४ ब भमेइ [भमइ] य चिरकालं।

जो पुण विसये-विरत्तो अप्पाणं सव्वदो[1] वि संवरइ।
मणहर-विसएहिंतो[4] तस्स फुडं संवरो होदि ॥ १०१ ॥[5]

[छाया-यः पुनः विषयविरक्तः आत्मानं सर्वतः अपि संवृणोति। मनोहरविषयेभ्यः तस्य स्फुटं संवरः भवति ॥] स्फुटं निश्चितं, तस्य मुनेः संवरः कर्मणां निरोधः भवति। तस्य कस्य। यः मुनिः पुनः संवृणोति संवरविषयीकरोति सर्वदा सर्वकालमपि। कम्। आत्मानं स्वचिदानन्दम्। कुतः। मनोहरविषयेभ्यः मनोज्ञपञ्चेन्द्रियगोचरेभ्यः। कीदृक्षः सन्। विषयविरक्तः विषया अष्टाविंशतिभेदभिन्नाः तेभ्यो विरक्तः निर्वृतः ॥ १०१ ॥

स वरं संवरं सारं कर्तुकामो विचेष्टते। शुभचन्द्रः सदात्मानं सदा सुमतिकीर्तिना ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविधविद्याधरषड्भाषा-
कविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां
संवरानुप्रेक्षायामष्टमोऽधिकारः ॥ ८ ॥

---

९. निर्जरानुप्रेक्षा

अथ निर्जरानुप्रेक्षां प्रकाशयति-

बारस-विहेण तवसा णियाण-रहियस्स णिज्जरा होदि।
वेरग्ग-भावणादो णिरहंकारस्स णाणिस्स ॥ १०२ ॥

[छाया-द्वादशविधेन तपसा निदानरहितस्य निर्जरा भवति। वैराग्यभावनातः निरहंकारस्य ज्ञानिनः ॥] भवति। का। निर्जरा निर्जरणम् एकदेशेन कर्मणां गलनम्। कस्य। ज्ञानिनः स्वात्मज्ञस्य। कीदृक्षस्य। निदानरहितस्य इहामुत्रसुखकांक्षारहितस्य। पुनः कीदृक्षस्य। निरहंकारिणः अभिमानरहितस्य मदाष्टकरहितस्य। केन। द्वादशविधेन तपसा अनशनावमोदर्यादिद्वादशप्रकारतपश्चरणेन। कुतः। वैराग्यभावनातः, भवाङ्गभोगविरतिर्वैराग्यं तस्य भावना अनुभवनम्, अथवा भावना स्वस्वरूपश्रद्धानम्, वैराग्यं च भावना च वैराग्यभावने, ताभ्यां कर्मणां निर्जरा स्यात्। 'तपसा निर्जरा च।' इति सूत्रात् ॥ १०२ ॥ अथ निर्जरालक्षणं लक्षयति-

---

है ॥ १०० ॥ **अर्थ**-किन्तु जो मुनि विषयोंसे विरक्त होकर, मनको हरनेवाले पाँचो इन्द्रियोंके विषयोंसे अपने को सदा दूर रखता है, उनमें प्रवृत्ति नहीं करता, उसी मुनिके निश्चयसे संवर होता है ॥ १०१ ॥ इति संवरानुप्रेक्षा ॥ ८ ॥

अब निर्जरानुप्रेक्षाको कहते हैं। **अर्थ**-निदानरहित, निरभिमानी ज्ञानी पुरुषके वैराग्यकी भावनासे अथवा वैराग्य और भावनासे बारह प्रकारके तपके द्वारा कर्मोंकी निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-आत्मासे कर्मोंके एकदेशसे झड़नेको निर्जरा कहते है। सामान्य निर्जरा तो प्रत्येक जीवके प्रतिसमय होती ही रहती है, क्योंकि जिन कर्मोंका फल भोग लिया जाता है, वे आत्मासे पृथक् हो जाते हैं। किन्तु विशेष निर्जरा तपके द्वारा होती है। वह तप बारह प्रकारका है। अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन और कायक्लेश ये छह बाह्य तप हैं। और, प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान, ये छह अन्तरंग तप हैं। इन तपोंके द्वारा निर्जरा होती है। किन्तु ज्ञानी पुरुषका ही तप निर्जराका कारण है, अज्ञानीका तप तो उलटे कर्मबन्धका ही कारण होता है। तथा तप करके यदि कोई उसका मद करता है, कि मैं बड़ा तपस्वी हूँ तो वह तप बंधका ही कारण होता है। अतः निरभिमानी ज्ञानी का ही तप निर्जराका कारण होता है। तथा यदि इस लोकमें ख्याति पूजा वगैरहके लोभसे और परलोकमें इन्द्रासन वगैरह

---

१ ब पुणु। २ ग विसइ। ३ ल म स ग सव्वदा। ४ म विसयेहिंतो। ५ ब संवराणुवेक्खा। ६ क स कारिस्स। ७ ग सहणं।

सव्वेसिं कम्माणं सत्ति-विवाओ[1] हवेइ अणुभाओ।
तदणंतरं तु सडणं[3] कम्माणं णिज्जरा जाण ॥ १०३ ॥

[छाया-सर्वेषां कर्मणां शक्तिविपाकः भवति अनुभागः। तदनन्तरं तु शटनं कर्मणां निर्जरां जानीहि ॥] कर्मणां ज्ञानावरणादीनां निर्जरां निर्जरणम् एकदेशेन शटनं गलन जानीहि। शक्तिविपाकः शक्तिः सामर्थ्यं तस्य विपाकः उदयः अनुभागः फलदानपरिणतिः। केषाम्। सर्वेषां कर्मणां ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मणां वा मूलप्रकृतीनाम् उत्तरप्रकृतीनाम् उत्तरोत्तरप्रकृतीनां च। तु पुन.। तदनन्तरं कर्मविपाकादनन्तरं शटनं निषेकरूपेण गलनम् ॥ १०३ ॥ अथ तस्याः द्वैविध्यमभिधत्ते-

सा पुणं[4] दुविहा णेया सकाल-पत्ता तवेण कयमाणा।
चादुगदीणं[5] पढमा वय-जुत्ताणं हवे बिदिया ॥ १०४ ॥

[छाया-सा पुनर् द्विविधा ज्ञेया स्वकालप्राप्ता तपसा क्रियमाणा। चातुर्गतिकानां प्रथमा व्रतयुक्तानां भवेत् द्वितीया ॥] सा पुनः निर्जरा द्विविधा द्विप्रकारा ज्ञेया ज्ञातव्या, सविपाकाविपाकभेदात्। तत्र सविपाका स्वकालप्राप्ता स्वोदयकालेन निर्जरणं प्राप्ता, समयप्रबद्धेन बद्धं कर्म स्वाबाधाकालं स्थित्वा स्वोदयकालेन निषेकरूपेण गलति, पक्वाम्रफलवत्। द्वितीया तु अविपाकनिर्जरा तपसा क्रियमाणा अनशनादिद्वादशप्रकारेण विधीयमाना, यथा अपक्वानां कदलीफलानां हठात्पाचनं विधीयते तथा अनुदयप्राप्तानां कर्मणां तपश्चरणादिना त्रिद्रव्यनिक्षेपेण कर्मनिषेकानां गालनम्। तत्र प्रथमा सविपाकनिर्जरा चातुर्गतिकाना सर्वेषां प्राणिनां साधारणा। द्वितीया च अविपाकनिर्जरा व्रतयुक्तानां सम्यक्त्वदेशव्रतमहाव्रतादिसहितानां भवेत् ॥ १०४ ॥ अथ निर्जरावृद्धिं दर्शयति-

की प्राप्तिके लोभसे कोई तपस्या करता है तो वह निरर्थक है। अतः निदानरहित तप ही निर्जराका कारण है। तथा यदि कोई संसार, शरीर और भोगोमें आसक्त होकर तप करता है तो वह तपभी बन्धका ही कारण है। अतः वैराग्यभावनासे किया गया तप ही निर्जराका कारण होता है ॥ १०२ ॥ अब निर्जराका लक्षण कहते है। **अर्थ**–सब कर्मोंकी शक्तिके उदय होनेको अनुभाग कहते हैं। उसके पश्चात् कर्मोंके खिरनेको निर्जरा कहते है ॥ **भावार्थ**–उदयपूर्वक ही कर्मोंकी निर्जरा होती है। पहले सत्तामें वर्तमान कर्म उदयमें आते हैं। उदयमें आनेपर वे अपना फल देकर झड़ जाते हैं। इसीका नाम निर्जरा है ॥ १०३ ॥ अब उसके दो भेदोको कहते है। **अर्थ**–वह निर्जरा दो प्रकारकी है–एक स्वकालप्राप्त और दूसरी तपके द्वारा की जानेवाली। पहली निर्जरा चारो गतिके जीवोंके होती है और दूसरी निर्जरा व्रती जीवोंके होती है ॥ **भावार्थ**–निर्जरा के दो भेद हैं–सविपाकनिर्जरा और अविपाकनिर्जरा। सविपाकनिर्जराको स्वकालप्राप्त कहते हैं; क्योंकि बँधे हुए कर्म अपने आबाधाकालतक सत्तामें रहकर, उदयकाल आने पर जब अपना फल देकर झड़ते हैं, तो अपने समयपर ही झड़नेके कारण उसे स्वकालप्राप्त निर्जरा कहते हैं। जैसे वृक्षपर पका हुआ आमका फल अपने समयपर पक कर टपक पड़ता है। दूसरी अविपाकनिर्जरा है, जो बारह प्रकारके तपके द्वारा की जाती है। जैसे कच्चे आमोको समयसे पहले पका लिया जाता है, वैसे ही जो कर्म उदयमें नहीं आए हैं उन्हें तपस्या आदिके द्वारा बलपूर्वक उदयमें लाकर खिरा दिया जाता है। पहले प्रकारकी निर्जरा सभी जीवोके होती है, क्योंकि बाँधे गये कर्म समय आनेपर सभीको फल देते हैं और पीछे अलग हो जाते है। किन्तु दूसरे प्रकारकी निर्जरा व्रतधारियोके ही होती है; क्योंकि वे तपस्या वगैरहके द्वारा कर्मोको बलपूर्वक उदयमें लासकते हैं ॥ १०४ ॥

१ ब सत्त। २ ल विवागो। ३ ग सडनं। ४ ब पुणु। ५ ब चाउगदीणं, स चाउ°।

उवसम-भाव-तवाणं जह जह वड्ढी[1] हवेई[2] साहूणं।
तह तह णिज्जर-वड्ढी[3] विसेसदो धम्म-सुक्कादो ॥ १०५ ॥

[छाया-उपशमभावतपसां यथा यथा वृद्धिः भवति साधोः। तथा तथा निर्जरावृद्धिः विशेषतः धर्मशुक्लाभ्याम् ॥] साधूनां योगिनां, यथा यथा येन येन प्रकारेण, उपशमभावतपसाम् उपशमभावस्य उपशमसम्यक्त्वादेः तपसाम् अनशनादीनां वृद्धिर्वर्धनं भवेत्, तथा तथा तेन तेन प्रकारेण निर्जरावृद्धिर्जायते, असंख्यातगुणा कर्मनिर्जरा स्यात्, धर्मशुक्लाभ्यां धर्मध्यानात् आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयभेदभिन्नात्, शुक्लध्यानाच्च पृथक्त्ववितर्कविचारादेः, विशेषतः असंख्यातगुणा असंख्यातगुणा कर्मणां निर्जरा जायते ॥ १०५ ॥ अथैकादशनिर्जराणां स्थाननियमं गाथात्रयेण निर्दिशति-

मिच्छादो सद्दिट्ठी असंख-गुण-कम्म-णिज्जरा होदि।
तत्तो अणुवय-धारी तत्तो य महव्वई णाणी ॥ १०६ ॥
पढम-कसाय-चउण्हं विजोजओ तह य खवय-सीलो य।
दंसण-मोह-तियस्स य तत्तो उवसमग-चत्तारि ॥ १०७ ॥
खवगो य खीण-मोहो सजोइ-णाहो तहा अजोईया।
एदे उवरिं उवरिं असंख-गुण-कम्म-णिज्जरया ॥ १०८ ॥

[छाया-मिथ्यात्वतः सदृष्टिः असंख्यगुणकर्मनिर्जरो भवति। ततः अणुव्रतधारी ततः च महाव्रती ज्ञानी ॥ प्रथमकषायचतुर्णां वियोजकः तथा च क्षपकशीलः च। दर्शनमोहत्रिकस्य च ततः उपशमकचत्वारः ॥ क्षपकः च क्षीणमोहः सयोगिनाथः तथा अयोगिनः। एते उपरि उपरि असंख्यगुणकर्मनिर्जरकाः ॥] प्रथमोपशमसम्यक्त्वोत्पत्तौ करणत्रयपरिणामचरमसमये वर्तमानविशुद्धविशिष्टमिथ्यादृष्टेः आयुर्वर्जितज्ञानावरणादिसप्तकर्मणां यद्गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यं,

अब निर्जराकी वृद्धिको दिखलाते है। **अर्थ**—साधुओके जैसे जैसे उपशमभाव और तपकी वृद्धि होती है, वैसे वैसे निर्जराकी भी वृद्धि होती है। धर्मध्यान और शुक्लध्यानसे विशेषकरके निर्जराकी वृद्धि होती है॥ **भावार्थ**—जैसे जैसे साधुजनोमें साम्यभाव और तपकी वृद्धि होती है, अर्थात् साम्यभावके आधिक्यके कारण मुनिगण तपमें अधिक लीन होते हैं, वैसे वैसे कर्मोंकी निर्जरा भी अधिक होती है। किन्तु, आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय नामके धर्मध्यानसे तथा पृथक्त्ववितर्कविचार, एकत्ववितर्कविचार, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती और व्युपरतक्रियानिवृती नामके शुक्लध्यानसे कर्मोंकी और भी अधिक निर्जरा होती है। साराश यह है, कि ध्यानमें कर्मोंको नष्ट करनेकी शक्ति सबसे अधिक है॥ १०५॥ तीन गाथाओंमे निर्जराके ग्यारह स्थानोंको बतलाते हैं। **अर्थ**—मिथ्यादृष्टिसे सम्यग्दृष्टीके असंख्यात गुणी कर्मनिर्जरा होती है। सम्यग्दृष्टिसे अणुव्रतधारीके असंख्यातगुणी कर्म निर्जरा होती है। अणुव्रतधारीसे ज्ञानी महाव्रतीके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। महाव्रतीसे अनन्तानुबन्धी कषायका विसंयोजन करनेवालेके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे दर्शनमोहनीयका क्षपण--विनाश करनेवालेके असंख्यातगुणी कर्म निर्जरा होती है। उससे उपशमश्रेणिके आठवें, नौवें तथा दसवें गुणस्थानमें चारित्रमोहनीयका उपशम करनेवालेके असंख्यात गुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे ग्यारहवें गुणस्थान वाले उपशमकके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे क्षपकश्रेणिके आठवें, नौवें और दसवे गुणस्थानमें चारित्रमोहनीयका क्षय करने वालेके

१ म वुड्ढी। २ ब हवइ। ३ द वुड्ढी। ४ प असंख्यागुणा। ५ स खवइ। ६ ब उवसमग्ग। ७ ब सयोगिणाहो, म सजोयणाणो। ८ ब तह अयोगी य। ९ द पदो।

ततः असंयतसम्यग्दृष्टिगुणस्थानगुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणं भवति । १ । ततः देशसंयतस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । २ । ततः सकलसंयतस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ३ । ततोऽनन्तानुबन्धिकषायविसंयोजकस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ४ । ततो दर्शनमोहक्षपकस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ५ । ततः कषायोपशमत्रयस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ६ । ततः उपशान्तकषायस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ७ । ततः क्षपकत्रयस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ८ । ततः क्षीणकषायस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ९ । ततः स्वस्थानकेवलिजिनस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । १० । ततः समुद्घातकेवलिजिनस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ११ । इत्येकादशस्वस्थाने गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यस्य प्रतिस्थानमसंख्यातगुणितत्वमुक्तम् ॥ १०६-८ ॥ अथाधिकनिर्जराकारणं गाथाचतुष्केनाह-

जो विसहदि दुव्वयणं साहम्मिय-हीलणं च उवसग्गं ।
जिणिऊण कसाय-रिउं तस्स हवे णिज्जरा विउला ॥ १०९ ॥

असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है । उससे बारहवें क्षीणमोह गुणस्थानवालेके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है । उससे सयोगकेवली भगवानके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है । उससे अयोगकेवली भगवानके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है । इस प्रकार इन ग्यारह स्थानोंमें ऊपर ऊपर असंख्यात गुणी असंख्यातगुणी कर्मोंकी निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-प्रथम उपशम सम्यक्त्वके प्रकट होनेसे पहले सातिशय मिथ्यादृष्टिजीवके अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण नामके तीन परिणाम होते हैं। जब वह जीव उन परिणामोंके अन्तिम समयमें वर्तमान होता है, तो उसके परिणाम विशुद्ध होते हैं, और वह अन्य मिथ्यादृष्टियोंसे विशिष्ट कहाता है । उस विशिष्ट मिथ्यादृष्टिके आयुकर्मके सिवाय शेष सातकर्मोंकी जो गुणश्रेणि निर्जरा होती है, उससे असंयतसम्यग्दृष्टिके असंख्यातगुणी निर्जरा होती है । इसी प्रकार आगेभी समझना चाहिये । सारांश यह है कि जिन जिन स्थानोंमें विशेष विशेष परिणाम विशुद्धि है, उन उनमें निर्जरा भी अधिक अधिक होती है, और ऐसे स्थान ग्यारह हैं । यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि ग्रन्थकारने ग्यारहवाँ स्थान अयोगकेवलीको बतलाया है । किन्तु सं. टीकाकारने सयोगकेवलीके ही दो भेद करके स्वस्थान-सयोगकेवलीको दसवाँ और समुद्घातगत सयोगकेवलीको ग्यारहवाँ स्थान बतलाया है । और, 'अजोइया' को एक प्रकार से छोड़ ही दिया है । इन स्थानोंको गुणश्रेणि भी कहते हैं, क्योंकि इनमें गुणश्रेणिनिर्जरा होती है । [तत्त्वार्थसूत्र ९-४५ में तथा गो. जीवकाण्ड गा० ६७ में केवल 'जिन' पद आया है । तत्त्वार्थसूत्रके टीकाकारोंने तो उसका अर्थ केवल जिन ही किया है और इस तरह दसही स्थान माने है (देखो, सर्वार्थ० और राजवार्ति०) किन्तु जीवकाण्डके सं. टीकाकारोने 'जिन' का अर्थ स्वस्थानकेवली और समुद्घातकेवली ही किया है । श्वे० साहित्य पंचम कर्मग्रन्थ, पञ्चसंग्रह वगैरहमें सयोगकेवली और अयोगकेवलीका ग्रहण किया है । अनु०] ॥ १०६-८ ॥ चार गाथाओंसे अधिक निर्जरा होनेके कारण बतलाते हैं । **अर्थ**-जो मुनि कषायरूपी शत्रुओंको जीतकर, दूसरोंके दुर्वचन, अन्य साधर्मी मुनियोंके द्वारा किये गये अनादर और देव वगैरहके द्वारा किये गये उपसर्गको सहता है, उसके बहुत निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-जीवके साथ दूसरे लोग जो कुछ दुर्व्यवहार करते है, वह उसके ही पूर्वकृत कर्मोंका फल है । ऐसा समझकर जो मुनि दूसरोंपर

१ ब साहम्मिही । २ ब णिजर विउल ।

[छाया-यः विषहते दुर्वचनं साधर्मिकहीलनं च उपसर्गम् । जित्वा कषायरिपुं तस्य भवेत् निर्जरा विपुला ॥] तस्य मुनेः, विपुला प्रचुरा विस्तीर्णा, निर्जरा कर्मणां गलनं भवेत् । तस्य कस्य । यः मुनिः विषहते क्षमते । किम् । दुर्वचनम् अन्यकृतगालिप्रदानं हननम् अपमानम् अनादरं साधर्मिकानादरं विषहते । च पुनः, उपसर्गं देवादिकृतचतुर्विधोपसर्गं सहते । किं कृत्वा । जित्वा निगृह्य कषायरिपुं क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिशत्रुम् ॥ १०९ ॥

रिण-मोयणं वं मण्णइ जो उवसग्गं परीसहं तिव्वं ।
पाव-फलं मे एदं मया वि जं संचिदं[2] पुव्वं ॥ ११० ॥

[छाया-ऋणमोचनम् इव मन्यते यः उपसर्गं परीषहं तीव्रम् । पापफलं मे एतत् मया अपि यत् संचितं पूर्वम् ॥] यः मुनिः मन्यते जानाति । कम् । उपसर्गं देवादियष्टिमुष्टिमारणादिकं कृतं, च पुनः, तीव्रं घोरं परीषहं क्षुधा-दिजनितम् । किंवत् । ऋणमोचनवत्, यथा येन केनोपायेन ऋणमोचनं क्रियते तथा उपसर्गादिसहनं पापऋणमोचनार्थं कर्तव्यम् । अपि पुनः, मे मम, एतत्पापफलम् एतदुपसर्गादिकं मम पापफलम्, यत् पापफलं मया पूर्वम् अतः प्राक्संचितम् उपार्जितम् इति मन्यते ॥ ११० ॥

जो चिंतेइ सरीरं ममत्त-जणयं विणस्सरं असुइं[3] ।
दंसण-णाण-चरित्तं सुह-जणयं णिम्मलं णिच्चं ॥ १११ ॥

[छाया-यः चिन्तयति शरीरं ममत्वजनकं विनश्वरम् अशुचिम् । दर्शनज्ञानचरित्रं शुभजनकं निर्मलं नित्यम् ॥] यो मुनिः चिन्तयति । किं तत् । शरीरं कायम् । कीदृक्षम् । ममत्वजनकं ममत्वोत्पादकम् । पुनः कीदृक्षम् । विनश्वरं भङ्गुरं क्षणिकम् । पुनः कीदृक्षम् । अशुचि अपवित्रद्रव्यजनितम् अपवित्रधातुपूरितं च एवंभूतं शरीरं चिन्तयति । दर्शनज्ञान-चारित्रं चिन्तयति । कीदृक्षम् । शुभजनकं प्रशस्तकार्योत्पादकम् । पुनः निर्मलं, सम्यक्त्वस्य पञ्चविंशतिः मलाः, ज्ञानस्य अनर्थपाठादयोऽष्टौ मलाः, चारित्रस्य अनेके मलाः, तेभ्यः निःक्रान्तम् । कीदृक्षम् । नित्यं शाश्वतं स्वात्मगुणत्वात् ॥१११॥

क्रोध नहीं करता और दुर्वचन, निरादर तथा उपसर्गको धीरतासे सहता है, उसके कर्मोंकी अधिक निर्जरा होती है । अतः उपसर्ग वगैरहको धीरतासे सहना विशेष निर्जराका कारण है । उपसर्ग चार प्रकारका होता है । देवकृत-जो किसी व्यन्तरादिकके द्वारा किया जाये, मनुष्यकृत-जो मनुष्यके द्वारा किया जाये, तिर्यञ्चकृत-जो पशु वगैरहके द्वारा किया जाये, और अचेतनकृत-जो वायु वगैरहके द्वारा किया जाये ॥ १०९ ॥ **अर्थ**-'मैंने पूर्वजन्ममें जो पाप कमाया था, उसीका यह फल है', ऐसा जानकर जो मुनि तीव्र परीषह तथा उपसर्गको कर्जसे मुक्त होनेके समान मानता है, उसके बहुत निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-जैसे पहले लिये हुए ऋणको जिस किसी तरह चुकाना ही पड़ता है, उसमें अधीर होनेकी आवश्यकता नहीं है । वैसे ही पूर्वजन्ममें संचित पापोंका फल भी भोगना ही पड़ता है, उसमें अधीर होनेकी आवश्यकता नहीं है, ऐसा समझकर जो उपसर्ग आनेपर अथवा भूख प्यास वगैरहकी तीव्र वेदना होनेपर उसे शान्त भावसे सहता है, व्याकुल नहीं होता, उस मुनिके बहुत निर्जरा होती है ॥ ११० ॥ **अर्थ**-जो मुनि शरीरको ममत्वका उत्पादक, नाशमान और अपवित्र धातुओंसे भरा हुआ विचारता है, तथा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको शुभ कार्योंका उत्पादक, अविनाशी और मलरहित विचारता है, उसके अधिक निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-शरीरके दोषोंका और सम्यग्दर्शन वगैरहके गुणोंका चिन्तन करनेसे शरीरादिकसे मोह नहीं होता और सम्यग्दर्शनादि गुणोंमें प्रवृत्ति दृढ होती है, अतः ऐसा चिन्तन भी निर्जराका कारण है । सम्यग्दर्शनके २५ मल हैं, सम्यग्ज्ञानके आठ मल हैं और सम्यक् चारित्रके अनेक मल हैं

१ ल म स ग 'मोयणुव्व । २ ब संचयं । ३ ब असुइं

अप्पाणं जो णिंदइ गुणवंताणं करेई बहुमाणं ।
मण-इंदियाण विजई स सरूव-परायणो होउ ॥ ११२ ॥

[छाया-आत्मानं यः निन्दति गुणवतां करोति बहुमानम् । मनइन्द्रियाणां विजयी स स्वरूपपरायणो भवतु ॥] यः निर्जरापरिणतः पुमान् निन्दयति निन्दां विदधाति, अप्पाणं आत्मानम्, अहं पापीति कृत्वा आत्मानं निन्दयतीत्यर्थः । करोति विदधाति । कम् । बहुमानं प्रचुरमानसम्मानम् । केषाम् । गुणवतां सम्यक्त्वव्रतज्ञानादियुक्तानां श्रावकाणां मुनीनां च । कीदृक्षः सन् । मनइन्द्रियाणा विजयी, मन· चित्तम् इन्द्रियाणि स्पर्शनादीनि तेषां विजयी जेता वशीकर्ता । किं कृत्वा । भूत्वा । कीदृक्षः । स्वस्वरूपपरायणः स्वशुद्धचिदानन्दध्याने परायणः तत्परः ॥ ११२ ॥

तस्स य सहलो जम्मो तस्स वि[3] पावस्स[4] णिज्जरा होदि ।
तस्स वि[5] पुण्णं वड्ढदि तस्स वि[6] सोक्खं परं[7] होदि ॥ ११३ ॥

[छाया-तस्य च सफलं जन्म तस्य च पापस्य निर्जरा भवति । तस्य च पुण्यं वर्धते तस्य अपि सौख्यं परं भवति ॥] [तस्य मुने· सफलं जन्म, तस्य च पापस्य] या ईदृग्विधा निर्जरा निर्जरणं भवति जायते । अपि पुनः, तस्य मुने· वर्धते वृद्धिं याति । किम् । पुण्यं प्रशस्तकर्म, च पुनः, तस्य मुनेः भवति जायते । किं तत् । परम् उत्कृष्टं सौख्यं शर्म मोक्षसौख्यमित्यर्थः । इति गाथाचतुष्केण संबन्धो विधीयताम् ॥ ११३ ॥ अथ परमनिर्जरामभिधत्ते-

जो सम-सोक्ख-णिलीणो वारंवारं सरेइ अप्पाणं ।
इंदिय-कसाय-विजई तस्स हवे णिज्जरा परमा ॥ ११४ ॥[8]

[छाया-यः समसौख्यनिलीनः वारंवारं स्मरति आत्मानम् । इन्द्रियकषायविजयी तस्य भवेत् निर्जरा परमा ॥] तस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य मुने, परमा उत्कृष्टा, निर्जरा कर्मणां निर्जरणं गलनं भवेत् । तस्य कस्य । यो मुनिः वारंवारं पुनः पुनः स्मरति ध्यायति चिन्तयति । कम् । आत्मानं शुद्धबोधनिधानं शुद्धचिद्रूपम् । कीदृक्षः सन् । समसौख्यनिलीनः साम्यसुखे लयं प्राप्त. । पुन· कीदृक्षः । इन्द्रियकषायविजयी इन्द्रियाणि स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणि, कषायाः अनन्तानुबन्ध्यादिक्रोधमानमायालोभाः पञ्चविंशति·, तेषां विजयी जेता वशीकर्ता ॥ ११४ ॥

ये बध्यन्ते प्रकृतिनिचया योगयोगेन युक्ता निर्जीर्यन्ते स्वकृतसुकृतैः कर्मणां ते निषेकाः ।
संशायन्ते विशदहृदयैर्ध्यानतस्ते समस्ताः संत्यज्यन्ते भवहतियुतैर्युक्तकर्मानुभागाः ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायाः त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषाकवि-
चक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां
निर्जरानुप्रेक्षायां नवमोऽधिकारः ॥ ९ ॥

॥ १११ ॥ **अर्थ**-जो मुनि अपने स्वरूपमें तत्पर होकर मन और इन्द्रियोंको वशमें करता है, अपनी निन्दा करता है और गुणवानोंकी-सम्यक्त्व, व्रत और ज्ञानसे युक्त मुनियों और श्रावकोंकी प्रशंसा करता है, उसके बहुत निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-अपनी निन्दा करना, गुणवानोंकी प्रशंसा करना तथा मन और इन्द्रियोंपर विजय पाना अधिक निर्जराके कारण हैं ॥ ११२ ॥ **अर्थ**-जो साधु निर्जराके पूर्वोक्त कारणोंमें तत्पर रहता है, उसीका जन्म सफल है, उसीके पापोंकी निर्जरा होती है, उसीके पुण्यकी बढ़ती होती है, और उसीको उत्कृष्ट सुख-मोक्षसुख प्राप्त होता है ॥ ११३ ॥ अब परम निर्जराको कहते हैं । **अर्थ**-जो मुनि समतारूपी सुखमें लीन हुआ, बार बार आत्माका स्मरण करता है, इन्द्रियों और कषायोंको जीतनेवाले उसी साधुके उत्कृष्ट निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-परम वीतरागता ही परम निर्जराका कारण है ॥ ११४ ॥ इति निर्जरानुप्रेक्षा ॥ ९ ॥

---

१ ल म स ग करेदि। २ ग होउ [होइ]। ३ ल म स ग वि। ४ ग पावस्स। ५ ल म स ग वि। ६ ल म स ग य। ७ ब परो। ८ ल म स ग सुक्ख। ९ ब निजराणुवेखा।

१०. लोकानुप्रेक्षा

सिद्धं शुद्धं जिनं नत्वा लोकालोकप्रकाशकम्। वक्ष्ये व्याख्यां समासेनानुप्रेक्षाया जगत्स्थितेः ॥
अथ लोकानुप्रेक्षां व्याख्यायमानः श्रीस्वामिकार्त्तिकेयो लोकाकाशस्वरूपं प्ररूपयति-

सव्वायासमणंतं[१] तस्स य बहु-मज्झ-संठिओ[२] लोओ।
सो केण वि णेव[३] कओ ण य धरिओ हरि-हरादीहिं ॥ ११५ ॥

[छाया-सर्वाकाशमनन्तं तस्य च बहुमध्यसंस्थितः लोकः। स केनापि नैव कृतः न च धृतः हरिहरादिभिः ॥] सर्वाकाशं लोकाकाशम् अनन्तम् अनन्तानन्तं द्विकवारानन्तमानं सर्वं नभोऽस्ति। तस्य च सर्वाकाशस्य बहुमध्यसंस्थितो लोकः। बहुमध्ये अनन्तानन्ताकाशबहुमध्यप्रदेशे सप्तघनरज्जुमात्रे सम्यक्प्रकारेण स्थितः संस्थितः लोक्यते इति लोकः। घनोदधिघनवाततनुवाताभिधानवातत्रयवेष्टितः लोकः जगत्। तथा त्रैलोक्यसारे एवमप्युक्तमस्ति। 'बहुमज्झदेसभागम्हि'। तेनायमर्थः। बहुमध्यदेशभागे बहव अतिशयितारचनीकृताः असंख्याताः वा आकाशस्य मध्यदेशा यस्य स बहुमध्यदेशः स चासौ भागश्च खण्डः तस्मिन् बहुमध्यदेशभागे। अथवा बहवः अष्टौ गोस्तनाकाराः आकाशस्य मध्यदेशे यस्य स तथोक्तस्तस्मिन् लोकोऽस्ति। ननु स लोकः केनापि ब्रह्मादिना कृतो भविष्यति, तच्छङ्कानिरासार्थमाह। सो केण वि णेय कओ, स लोकः केनापि महेश्वरादिना कृतो नैव। केचन एवं वदन्ति। शेषीभूतैर्हरिहरादिभिर्धृतः इति। तच्छङ्कानिरासार्थमाह। ण य धरिओ हरिहरादीहिं, न च धृतो हरिहरादिभिः, हरिर्विष्णुः हरो महेश्वरः आदिशब्दात् कपिलपरिकल्पिता प्रकृतिः ब्रह्मा च तैर्धृतो न च ॥ ११५ ॥ अथ सर्वाकाशे लोकाकाश इति विशेषः कुत इति चेदाह-

अब लोकानुप्रेक्षाका व्याख्यान करते हुए श्री स्वामिकार्त्तिकेय लोकाकाशका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**-यह समस्त आकाश अनन्तप्रदेशी है। उसके ठीक मध्यमें भले प्रकारसे लोक स्थित है। उसे किसीने बनाया नहीं है, और न हरि, हर वगैरह उसे धारण ही किये हुए हैं॥ **भावार्थ**-लोकका क्षेत्रफल सातराजुका घन अर्थात् ३४३ राजु प्रमाण है। अतः आकाशके बीचोबीच ३४३ राजु क्षेत्रमें यह जगत स्थित है। उसे चारों ओरसे घनोदधि, घनवात और तनुवात नामकी तीन वायु घेरे हुए हैं। वे ही लोकको धारण करती हैं। त्रिलोकसार ग्रन्थमें 'बहुमज्झदेसभागम्हि' लिखा है, और उसका अर्थ किया है-'आकाशके असंख्यात प्रदेशवाले मध्यभागमे', क्योंकि लोकाकाश-जितने आकाशमें लोक स्थित है आकाशका उतना भाग-असंख्यातप्रदेशी है। इसका दूसरा अर्थ इस प्रकार भी किया है-'बहु' अर्थात् 'आठ गौके स्तनके आकारके आकाशके मध्य प्रदेश जिस भागमें पाये जाते है, उस भागमें'। आशय यह है कि लोकके ठीक मध्यमें सुमेरुपर्वतके नीचे गौके स्तनके आकार आठ प्रदेश स्थित हैं। जिस भागमें वे प्रदेश स्थित हैं, वही लोकका मध्य है। और जो लोकका मध्य है, वही समस्त आकाशका मध्य है, क्योंकि समस्त आकाशके मध्यमें लोक स्थित है, और लोकके मध्यमें वे प्रदेश स्थित हैं। अन्य दार्शनिक मानते हैं कि यह जगत महेश्वर वगैरहका बनाया हुआ है, और विष्णु आदि देवता उसे धारण किये हुए हैं। उनका निराकरण करनेके लिये ग्रन्थकार कहते हैं कि इस जगतको न किसीने बनाया है और न कोई उसे धारण किये हुए है। वह अकृत्रिम है और वायु उसको धारण किये हुए है। [त्रिलोकसारमें लोकका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है-"सव्वागासमणंतं तस्स य बहुमज्झदेसभागम्हि। लोगोसंखपदेसो जगसेढिघणप्पमाणो हु ॥ ३ ॥" अर्थ-सर्व आकाश अनन्तप्रदेशी है, उसके 'बहुमध्य-देश भागमें' लोक है। वह असंख्यातप्रदेशी है, और जगतश्रेणीके घन प्रमाण ३४३ राजु है। अनु०]

---

१ ग सव्वागासम°। २ ब म संठिउ, छ ग संठियो, स संट्ठिगो। ३ म ण्णेय, स ग णेय।

अण्णोण्ण-पवेसेण य दव्वाणं अच्छणं हवे[1] लोओ ।
दव्वाणं णिच्चत्तो लोयस्स वि मुणह[2] णिच्चत्तं[3] ॥ ११६ ॥

[छाया-अन्योन्यप्रवेशेन च द्रव्याणाम् आसनं भवेत् लोकः । द्रव्याणां नित्यत्वतः लोकस्यापि जानीत नित्यत्वम् ॥] लोकः त्रिभुवनं भवेत् । अन्योन्यप्रवेशेन द्रव्याणां परस्परप्रवेशेन जीवपुद्गलधर्माधर्मादिवस्तूनाम् अच्छणं स्थितिः अस्तित्वं भवेल्लोकः । द्रव्याणां जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालरूपाणां णिच्चत्तो नित्यत्वात् कथंचित् ध्रुवत्वात् लोकस्यापि णिच्चत्तं नित्यत्वं कथंचिद्ध्रुवत्वं मुणह जानीहि विद्धि ॥ ११६ ॥ ननु यदि लोकस्य सर्वथा नित्यत्वं तर्हि स्याद्वादमतभङ्गः स्यात् इति वदन्तं प्रति प्राह-

परिणाम-सहावादो पडिसमयं परिणमंति दव्वाणि[4] ।
तेसिं परिणामादो लोयस्स वि मुणह[5] परिणामं ॥ ११७ ॥

[छाया-परिणामस्वभावतः प्रतिसमयं परिणमन्ति द्रव्याणि । तेषां परिणामात् लोकस्यापि जानीत परिणामम् ॥] द्रव्याणि यथा स्वपर्यायैः द्रूयन्ते द्रवन्ति वा तानीति द्रव्याणि जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालरूपाणि, प्रतिसमयं समयं समयं प्रति, परिणमन्ति उत्पादव्ययध्रौव्यरूपेण परिणमन्ति परिणामं पर्यायान्तरं गच्छन्ति । कुतः । परिणामस्वभावात् अतीतानागतवर्तमानानन्तपर्यायस्वभावेन परिणमनात् । तेषां जीवपुद्गलादिद्रव्याणां परिणामात् परिणमनात् अनेकस्वभावविभाव-

---

॥ ११५ ॥ समस्त आकाशके मध्यमें लोकाकाश है, इत्यादि विशेषताका क्या कारण है, यह बतलाते हैं । अर्थ-द्रव्योंकी परस्परमें एकक्षेत्रावगाहरूप स्थितिको लोक कहते है । द्रव्य नित्य है, अतः लोकको भी नित्य जानो ॥ भावार्थ-जितने आकाशमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, ये छहों द्रव्य पाये जाते हैं, उसे लोक कहते है । छहो द्रव्य अनादि और अनन्त हैं, अतः लोकको भी अनादि और अनन्त जानना चाहिये [त्रिलोकसारमें भी लिखा है-"लोगो अकिट्टिमो खलु अणाइणिहणो सहावणिव्वत्तो । जीवाजीवेहिं फुडो सव्वागासवयवो णिच्चो ॥ ४ ॥" अर्थ-लोक अकृत्रिम है, अनादि अनन्त है, स्वभावसे निष्पन्न है, जीव-अजीव द्रव्योसे भरा हुआ है, समस्त, आकाशका अङ्ग है और नित्य है ।] शङ्का-यदि लोक सर्वथा नित्य है तो स्याद्वादमतका भङ्ग होता है, क्योकि स्याद्वादी किसी भी वस्तुको सर्वथा नित्य नहीं मानते हैं। इसका उत्तर ॥११६॥ अर्थ-परिणमन करना वस्तुका स्वभाव है अतः द्रव्य प्रतिसमय परिणमन करते है । उनके परिणमनसे लोकका भी परिणमन जानो ॥ भावार्थ-जो पर्यायोंके द्वारा प्राप्त किये जाते है, या पर्यायोंको प्राप्त करते है, उन्हें द्रव्य कहते हैं। जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, इन छहों द्रव्योमें उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य रूपसे प्रतिसमय परिणमन होता रहता है। प्रतिसमय छहो द्रव्योकी पूर्व पूर्व पर्याय नष्ट होती है, उत्तर उत्तर पर्याय उत्पन्न होती हैं, और द्रव्यता ध्रुव रहती है । इस तरह भूत, भविष्यत् और वर्तमानकालमें अनन्तपर्यायरूपसे परिणमन करना द्रव्यका स्वभाव है । जो इस तरह परिणमनशील नहीं है, वह कभी सत् हो ही नहीं सकता । अतः नित्य होनेपर भी जीव, पुद्गल आदि द्रव्य अनेक स्वभावपर्याय तथा विभावपर्यायरूपसे प्रतिसमय परिणमन करते रहते है । परिणमन करना उनका स्वभाव है । स्वभावके बिना कोई वस्तु स्थिर रह ही नहीं सकती । उन्हीं परिणामी द्रव्योके समुदायको लोक कहते है । अतः जब द्रव्य परिणमनशील हैं तो उनके समुदायरूप लोकका परिणामी होना सिद्ध ही है, अतः द्रव्योंकी तरह लोकको भी परिणामी नित्य जानना चाहिये । [गो० जीवकाण्डमें द्रव्योकी स्थिति बतलाते हुए लिखा है-"एयदवियम्मि जे

---

१ क स ग भवे । २ ब मुणहि । ३ ग णिचित्तं । ४ ल तच्चाणि । ५ ब मुणहि । ६ ग हवंति ।

पर्यायरूपेण परिणमनात् लोकस्यापि परिणामं परिणमनं पर्यायरूपेण कथंचित् अनित्यत्वं सपर्यायत्वं च मन्यस्व जानीहि विद्धि। ननु यत्र नित्यत्वं प्रागुक्तं तत्रानित्यत्वं कथं विरोधात् इति चेन्न, वस्तुनः अनेकान्तात्मकत्वं सत्त्वात्। अथ द्रव्याणां नित्यत्वेनानित्यत्वेन किं नाम पर्याया इति चेदाह। जीवद्रव्यस्य नरनारकादिविभावव्यञ्जनपर्यायाः, पुद्गलस्य शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातपोद्योतसहिताः विभावव्यञ्जनपर्याया भवन्ति। एवमन्येषामपि ज्ञेयम् ॥ ११७ ॥ अथ लोकस्य परपरिकल्पितस्थानमानविप्रतिपत्तिनिरासार्थमाह–

सत्तेक्क[1]-पंच-इक्का मूले मज्झे तहेव बंभंते।
लोयंते रज्जूओ पुव्वावरदो[2] य वित्थारो ॥ ११८ ॥

अत्थपज्जया वियणपज्जया चावि। तीदाणागदभूदा तावदियं तं हवदि दव्वं ॥५५१॥" अर्थ–एकद्रव्यमें त्रिकालसम्बन्धी जितनी अर्थपर्याय और व्यञ्जनपर्याय हैं, उतना ही द्रव्य है। अर्थात् त्रिकालवर्ती पर्यायोंको छोड़कर द्रव्य कोई चीज नहीं है। अनु०] शङ्का–जो नित्य है, वह अनित्य किसप्रकार हो सकता है? नित्यता और अनित्यतामें परस्परमें विरोध है। उत्तर–वस्तु अनेकधर्मात्मक होती है, क्यों कि वह सत् है। यदि एकवस्तुमें उन अनेकधर्मोंको अपेक्षाभेदके विना योंही मान लिया जाये तो उनमें विरोध हो सकता है। किन्तु भिन्न भिन्न अपेक्षाओंसे विरोधी दिखाई देनेवाले धर्म भी एक स्थानपर विना किसी विरोधके रह सकते हैं। जैसे, पिता, पुत्र, भ्राता, जामाता आदि लौकिक सम्बन्ध परस्परमें विरोधी प्रतीत होते हैं। किन्तु भिन्न भिन्न सम्बन्धियोंकी अपेक्षासे यह सभी सम्बन्ध एकही मनुष्यमें पाये जाते हैं। एकही मनुष्य अपने पिताकी अपेक्षासे पुत्र है, अपने पुत्रकी अपेक्षासे पिता है अपने भाईकी अपेक्षासे भ्राता है, और अपने श्वशुरकी अपेक्षासे जामाता है। इसी प्रकार प्रत्येक द्रव्य द्रव्यरूपसे नित्य है, क्योंकि द्रव्यका नाश कभी भी नहीं होता। किन्तु प्रतिसमय उसमें परिणमन होता रहता है, जो पर्याय एकसमयमें होती है, वही पर्याय दूसरे समयमें नहीं होती, जो दूसरे समयमें होती है वह तीसरे समयमें नहीं होती, अतः पर्यायकी अपेक्षासे अनित्य है। पर्याय दो प्रकारकी होती हैं, एक व्यञ्जनपर्याय और दूसरी अर्थपर्याय। इन दोनों प्रकारोंकेभी दो दो भेद होते हैं–स्वभाव और विभाव। जीवद्रव्यकी नर, नारक आदि पर्याय विभाव व्यञ्जनपर्याय है, और पुद्गलद्रव्यकी शब्द, बन्ध, सूक्ष्मता, स्थूलता, आकार, खण्ड, अन्धकार, छाया, धूप, चांदनी वगैरह पर्याय विभावव्यञ्जन पर्याय हैं। [प्रदेशवत्त्वगुणके विकारको व्यञ्जनपर्याय और अन्य शेष गुणोंके विकारको अर्थपर्याय कहते हैं। तथा जो पर्याय परसम्बन्धके निमित्तसे होती है उसे विभाव, तथा जो परसम्बन्धके निमित्तके विना स्वभावसे ही होती है उसे स्वभावपर्याय कहते हैं। हम चर्मचक्षुओंसे जो कुछ देखते हैं, वह सब विभाव व्यञ्जन पर्याय है। अनु०] सारांश यह है कि द्रव्योंके समूहका ही नाम लोक है। द्रव्य नित्य हैं, अतः लोक भी नित्य है। द्रव्य परिणामी हैं, अतः लोक भी परिणामी है ॥ ११७ ॥ अर्थ–पूरब–पश्चिम दिशामें लोकका विस्तार मूलमें अर्थात् अधोलोकके नीचे सात राजू है। अधोलोकसे ऊपर क्रमशः घटकर मध्यलोकमें एक राजूका विस्तार है। पुनः क्रमशः बढ़कर ब्रह्मलोक स्वर्गके अन्तमें पाँच राजूका विस्तार है। पुनः क्रमशः घटकर लोकके अन्तमें एकराजूका विस्तार है ॥ भावार्थ–लोक पुरुषाकार है। कोई पुरुष दोनों पैर फैलाकर और दोनों हाथोंको कटिप्रदेशके दोनों

१ क ग सत्तेक, म सत्तिक, स सत्तेक। २ ग पुव्वापरदो।

[छाया-सप्तैकपञ्चैकाः मूले मध्ये तथैव ब्रह्मान्ते । लोकान्ते रज्जवः पूर्वापरतश्च विस्तारः ॥] लोकस्पेस्या-हार्यम् । पूर्वापरतः पूर्वां दिशामाश्रित्य पश्चिमां दिशामाश्रित्य च विस्तारः व्यासः । मूले त्रिलोकस्याधोभागे पूर्वपश्चिमेन सप्तरज्जुविस्तारः ७ । तथैव प्रकारेण मध्ये अधोभागात्क्रमहानिरूपेण हीयते यावन्मध्यलोके पूर्वापरतः एका एकरज्जुप्रमाणविस्तारः । तथैव ब्रह्मान्ते, ततो मध्यलोकादूर्ध्वं क्रमवृद्ध्या वर्तते यावद् ब्रह्मलोकान्ते पूर्वपश्चिमेन रज्जुपञ्चविस्तारः ५ । लोयते, ततश्चोर्ध्वं पुनरपि हीयते यावल्लोकान्ते लोकोपरिमभागे पूर्वापरतः एकरज्जुप्रमाणविस्तारो १ भवति ॥ ११८ ॥ अथ दक्षिणोत्तरतः कियन्मात्र इत्युक्ते प्राह-

दक्खिण-उत्तरदो पुण सत्त वि रज्जू हवंति[2] सव्वत्थ ।
उड्ढं[3] चउदह[4] रज्जू सत्त वि रज्जू घणो लोओ ॥ ११९ ॥

[छाया-दक्षिणोत्तरतः पुनः सप्तापि रज्जवः भवन्ति सर्वत्र । ऊर्ध्वः चतुर्दश रज्जवः सप्तापि रज्जवः घनः लोकः ॥] पुनः दक्षिणोत्तरपार्श्वमाश्रित्य स चतुर्दश १४ रज्जूत्सेधपर्यन्तं व्यास आयामः सप्तरज्जुरेव भवति ७ । लोकस्योदयः कियन्मात्र इति चेदूर्ध्वं चतुर्दशरज्जूदयरूपः १४ लोको भवति । सर्वलोकस्य क्षेत्रं कियन्मात्रम् । सप्तरज्जुघनः सप्तरज्जूनां घनः त्रिवारगणनम् । 'त्रिसमाहतिर्घनः' स्यादिति वचनात् । जगच्छ्रेणि ≡ । ७ घनः = ३४३ प्रमाणः सर्वलोकः त्रिशतरज्जुमात्रः त्रिचत्वारिंशदधिकः ३४३ इत्यर्थः । तावदधोलोकस्य मानमानीयते । 'मुहभूमीजोगदले पदगुणिदे पदघणं होदि ।' मुखं एकरज्जु १, भूमिस्तु सप्तरज्जु ७, तयोर्योगः ८, तद्दलं ४, पदेन सप्तभिः ७, गुणिते २८, वेधेन ७ गुणिते १९६ । एवमूर्ध्वलोकमानमानेतव्यम् १४७ । सर्वं इत्यर्थः ३४३ ॥११९ ॥ अथ त्रिलोकस्योदयं विभजति-

मेरुस्स हिट्ठ-भाए[5] सत्त वि रज्जू हवेइ अह-लोओ[6] ।
उड्ढम्मि उड्ढ-लोओ मेरु-समो मज्झिमो लोओ ॥ १२० ॥

ओर रखकर यदि खड़ा हो तो उसका जैसा आकार होता है, वैसा ही आकार लोकका जानना चाहिये अतः पुरुषका आकार लोकके समान कल्पना करके उसका पूरब-पश्चिम विस्तार इस प्रकार जानना चाहिये । पञ्जोंके अन्तरालका विस्तार सातराजू है । कटिप्रदेशका विस्तार एक राजू है । दोनो हाथोंका-एक कोनीसे लेकर दूसरी कोनी तकका-विस्तार पाँच राजू है । और ऊपर, शिरोदेशका विस्तार एक राजू है ॥ ११८ ॥ अब लोकका दक्षिण-उत्तरमें विस्तार कहते हैं । **अर्थ**-दक्षिण-उत्तर दिशामें सब जगह लोकका विस्तार सात राजू है । ऊँचाई चौदह राजु है और क्षेत्रफल सात राजूका घन अर्थात् ३४३ राजू है ॥ **भावार्थ**-पूरब-पश्चिम दिशामें जैसा घटता बढ़ता विस्तार है, वैसा दक्षिण-उत्तर दिशामें नहीं है । दक्षिण उत्तर दिशामें सब जगह सात राजू विस्तार है । तथा लोककी नीचेसे ऊपर तक ऊँचाई चौदह राजू है और लोकका क्षेत्रफल सात राजूका घन है । तीन समान राशियोंको परस्परमें गुणा करनेसे घन आता है । अतः सात राजूका घन ७×७×७=३४३ राजू होता है । इस क्षेत्रफलकी रीति निम्न प्रकार है । पहले अधोलोकका क्षेत्रफल निकालते हैं । त्रिलोकसारमें कहा है कि "जोगदले पदगुणिदे फलं घणो वेधगुणिदफलं ॥ ११४ ॥" मुख और भूमिको जोड़कर उसका आधा करो, और उस आधेको पदसे गुणा करदो तो क्षेत्रफल होता है और क्षेत्रफलको ऊँचाईसे गुणाकरनेपर घन फल होता है । इस रीतिके अनुसार मुख १ राजू, भूमि ७ राजू, दोनो को जोडकर ७+१=८ आधा करनेसे ४ होते हैं । इस ४ राजूको पद-दक्षिण उत्तर विस्तार ७ राजूसे गुणा करनेपर ४×७=२८ राजू क्षेत्रफल होता है । और इस क्षेत्रफलको अधोलोककी ऊँचाई सात राजूसे गुणा

१ ब पुणु । २ ल स ग हवंति । ३ ब उड [?], ल म ग उड्ढो, स उढो । ४ ल स ग चउदस, म चउद्दस । ५ ल ग भागे । ६ ब हवेइ अहो लोउ [?], ल स ग हवे अहो लोओ, म हवेह अह लोउ ।

[छाया-मेरोः अधोभागे सप्तापि रज्जवः भवति अधोलोकः। ऊर्ध्वे ऊर्ध्वलोकः मेरुसमः मध्यमः लोकः ॥] मेरोरधस्तनभागे अधोलोकः। सप्तरज्जुमात्रो भवेत्। तथा हि, अधोभागे मेर्वाधारभूता रत्नप्रभाख्या प्रथमा पृथिवी। तस्या अधोऽधः प्रत्येकमेकैकरज्जुप्रमाणमाकाशं गत्वा यथाक्रमेण शर्करावालुकापङ्कधूमतमोमहातमःसंज्ञाः षड् भूमयो भवन्ति। तस्मादधोभागे रज्जुप्रमाणक्षेत्रं भूमिरहितं निगोदादिपञ्चस्थावरभृतं च तिष्ठति। रत्नप्रभादिपृथिवीनां प्रत्येकं घनोदधिघनवाततनुवातत्रयमाधारभूतं भवतीति विज्ञेयम्। उड्ढम्हि उड्ढलोओ ऊर्ध्वे ऊर्ध्वलोकः, मेरोरुपरिभागे ऋजु-पटलमारभ्य त्रैलोक्यशिखरपर्यन्तम् ऊर्ध्वलोकः सप्तरज्जुमात्रो भवति। मध्यमो लोकः मेरुसमः। मेरोरुदयमात्रः लक्ष-योजनप्रमाण इत्यर्थः ॥ १२० ॥ लोकशब्दस्य निरुक्तिमाह-

---

करनेपर २८×७=१९६ राजू अधोलोकका घनफल होता है। इसी प्रकार ऊर्ध्वलोकका भी घन-फल निकाल लेना चाहिये। अर्थात् मुख १ राजू, भूमि ५ राजू, दोनोंका जोड़ ६ राजू, उसका आधा ३ राजू, इस ३ राजूको पद ७ राजूसे गुणा करनेपर ७×३=२१ राजू आधे ऊर्ध्वलोकका क्षेत्रफल होता है। इसे उँचाई साढ़ेतीन राजूसे गुणा करनेपर २१×७/२=१४७/२ राजू आधे ऊर्ध्वलोकका घन फल होता है। इसको दूना करदेने से १४७ राजू पूरे ऊर्ध्वलोकका घन फल होता है। अधोलोक और ऊर्ध्वलोकके घन फलोको जोड़नेसे १९६+१४७=३४३ राजू पूरे लोकका घनफल होता है। गाथामें आये क्षेत्रफल शब्दसे घन क्षेत्रफल ही समझना चाहिये ॥११९॥ तीनों लोकोंकी उँचाईका विभाग करते हैं। **अर्थ**–मेरुपर्वतके नीचे सात राजूप्रमाण अधोलोक है। ऊपर ऊर्ध्वलोक है। मेरुप्रमाण मध्य लोक है॥ **भावार्थ**–'मेरु' शब्दका अर्थ 'माप करनेवाला' होता है। जो तीनो लोकोका माप करता है, उसे मेरु कहते हैं। ["लोकत्रयं मिनातीति मेरुरिति।" राजवा॰पृ. १२७] जम्बूद्वीपके बीचमें एक-लाख योजन ऊँचा मेरुपर्वत स्थित है। वह एक हजार योजन पृथ्वीके अन्दर है और ९९ हजार योजन बाहर। ['जम्बूद्वीपे महामन्दरो योजनसहस्रावगाहो भवति नवनवतियोजनसहस्रोच्छ्रायः। तस्याधस्ता-दधोलोकः। बाहुल्येन तत्प्रमाणः तिर्यक्प्रसृतस्तिर्यग्लोकः। तस्योपरिष्टादूर्ध्वलोकः। मेरुचूलिका चत्वारिंश-द्योजनोच्छ्राया तस्या उपरि केशान्तरमात्रे व्यवस्थितमृजुविमानमिन्द्रकं सौधर्मस्य।" सर्वार्थ॰ पृ. १५७ अनु॰] उसके ऊपर ४० योजनकी चूलिका है। रत्नप्रभा नामकी पहली पृथिवीके ऊपर यह स्थित है। इस पृथिवीके नीचे शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तमप्रभा और महातमप्रभा नामकी छह पृथिवीयाँ और है। सातवीं पृथिवीके नीचे १ राजूमें निगोदस्थान है। ये सभी पृथिवियाँ घनोदधि, घनवात और तनुवात नामके तीन वातवलयोंसे वेष्ठित हैं। मेरुसे नीचेका सात राजू प्रमाण यह सब क्षेत्र, अधोलोक कहलाता है। तथा ऊपर सौधर्मस्वर्गके ऋजुविमानके तलसे लेकर लोकके शिखरपर्यन्त सात राजू क्षेत्रको ऊर्ध्वलोक कहते हैं। [मेरुपर्वतकी चूलिका और ऋजुविमानमें एक बाल मात्रका अन्तर है]। सोलह स्वर्ग, नौ ग्रैवेयक, पाँच अनुत्तर तथा सिद्धशिला, ये सब ऊर्ध्वलोकमें सम्मिलित हैं। तथा, अधोलोक और ऊर्ध्वलोकके बीचमें सुमेरुपर्वतके तलसे लेकर उसकी चूलिकापर्यन्त एक लाख चालीस योजन प्रमाण ऊँचा क्षेत्र मध्यलोक कहलाता है। **शङ्का**–लोककी ऊँचाई चौदह राजू बतलाई है। उसमें सात राजू प्रमाण अधोलोक बतलाया है और सात राजू प्रमाण ऊर्ध्वलोक बतलाया है। ऐसी दशामें मध्यलोककी ऊँचाई एकलाख चालीस योजन अधोलोकमें सम्मिलित है या ऊर्ध्वलोकमें या दोनोंसे पृथक् ही है? **उत्तर**–मेरुपर्वतके तलसे नीचे सातराजू प्रमाण अधोलोक है और तलसे ऊपर सातराजू प्रमाण ऊर्ध्वलोक है। अतः मध्यलोककी ऊँचाई ऊर्ध्वलोकमें सम्मिलित है। सात राजूकी

दीसंति जत्थ अत्था जीवादीया स भण्णदे[1] लोओ ।
तस्स सिहरम्मि सिद्धा अंत-विहीणा विरायंते[2] ॥ १२१ ॥

[छाया-दृश्यन्ते यत्र अर्थाः जीवादिकाः स भण्यते लोकः । तस्य शिखरे सिद्धाः अन्तविहीनाः विराजन्ते ॥] स लोकः भण्यते, यत्र जीवादिका अर्थाः जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालरूपपदार्थाः द्रव्याणि षट् दृश्यन्ते लोक्यन्ते इति स लोकः कथ्यते सर्वज्ञैः । तस्य लोकस्य शिखरे तनुवातमध्ये सिद्धाः सिद्धपरमेष्ठिनः द्रव्यभावनोकर्मरहिता निरञ्जनाः परमात्मानः सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेता विराजन्ते शोभन्ते । कथंभूतास्ते सिद्धाः । अन्तविहीना विनाशरहिताः, अथवा अनन्तानन्तमानोपेताः सन्ति ॥ १२१ ॥ अत्र च कैः कैर्जीवैर्भृतो लोक इति चेदुच्यते-

एइंदिएहिँ[3] भरिदो पंच-पयारेहिँ सवदो लोओ ।
तस-णाडीएँ वि तसा ण बाहिरा होंति सवत्थ ॥ १२२ ॥

[छाया-एकेन्द्रियैः भृतः पञ्चप्रकारैः सर्वतः लोकः । त्रसनाड्याम् अपि त्रसा न बाह्याः भवन्ति सर्वत्र ॥] लोकः त्रिभुवनम्, सर्वतः श्रेणिघने, त्रिचत्वारिंशदधिकत्रिशत ३४३ रज्जुप्रमाणे पञ्चप्रकारैः पञ्चविधैः एकेन्द्रियैः पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिकैर्जीवैर्भृतः । तर्हि त्रसाः क तिष्ठन्तीति चेत्, त्रसनाड्यामपि । तस्यैव लोकस्य मध्ये पुनरुदूखलस्य मध्याधो भागे छिद्रे कृते सति निक्षिप्तवंशनलिकेव चतु कोणा त्रसनाडी भवति । सा चैकरज्जूविष्कम्भा चतुर्दशरज्जूत्सेधा विज्ञेया, तस्यां त्रसनाड्यामेव त्रसाः द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रिया जीवा भवन्ति तिष्ठन्ति । ण बाहिरा होंति

तुलनामें एक लाख योजन ऐसेही हैं, जैसे पर्वतकी तुलनामें राई । अतः उन्हें अलग नहीं किया है । यथार्थमें ऊर्ध्वलोककी ऊँचाई एक लाख चालीस योजन कम सातराजू जाननी चाहिये ॥ १२० ॥ लोकशब्दकी निरुक्ति कहते हैं । **अर्थ**–जहाँपर जीव आदि पदार्थ देखे जाते हैं, उसे लोक कहते हैं । उसके शिखरपर अनन्त सिद्धपरमेष्ठी विराजमान हैं ॥ **भावार्थ**–'लोक' शब्द 'लुक्' धातुसे बना है, जिसका अर्थ देखना होता है । अतः जितने क्षेत्रमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, ये छहों द्रव्य देखे जाते है, उसे लोक कहते हैं । ["धर्माधर्मादीनि द्रव्याणि यत्र लोक्यन्ते स लोकः ।" सर्वार्थ०, पृ. १७६] लोकके मस्तक पर तनुवातवलयमें कर्म और नोकर्मसे रहित तथा सम्यक्त्व आदि आठ गुणोंसे सहित सिद्धपरमेष्ठी विराजमान है । जो अन्तरहित–अविनाशी हैं, अथवा जो अन्तरहित–अनन्त हैं ॥ १२१ ॥ जिन जीवोंसे यह लोक भरा हुआ है, उन्हें बतलाते हैं । **अर्थ**–यह लोक पाँच प्रकारके एकेन्द्रिय जीवोंसे सर्वत्र भरा हुआ है । किन्तु त्रसजीव त्रसनालीमें ही होते हैं, उसके बाहर सर्वत्र नहीं होते ॥ **भावार्थ**–पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक, ये पाँच प्रकारके एकेन्द्रिय जीव ३४३ राजू प्रमाण सभी लोकमें भरे हुए हैं । किन्तु त्रस अर्थात् दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, और पञ्चेन्द्रिय जीव त्रसनालीमें ही पाये जाते हैं । उदूखल [कोशकारोंने उदूखलका अर्थ ओखली और गूगुलवृक्ष किया है । यहां वृक्ष लेना ठीक प्रतीत होता है, क्योंकि त्रिलोकप्रज्ञप्ति तथा त्रिलोकसारमें त्रसनालीकी उपमा वृक्षके सार अर्थात् छाल वगैरह के मध्यमें रहनेवाली लकड़ीसे दी है । अनु०] के बीचमें छेदकरके उसमें रखी हुई बाँसकी नलीके समान लोकके मध्यमें चौकोर त्रसनाली है । उसीमें त्रसजीव रहते है । [उपपाद और मारणान्तिक समुद्घातके सिवाय त्रसजीव उससे बाहर नहीं रहते है "उववादमारणंतियपरिणदतसमुज्झिऊण सेसतसा । तसणालिबाहिरम्हि य

---

१ ब भण्णइ । २ ल म स ग विरायति । ३ भनु वा अनू इति मूलपाठः । ४ ब स 'दिपहि । ५ ब नाडिए ।

सव्वत्थ, त्रसनाड्या बाह्ये सर्वत्र लोके उपपादमारणान्तिकपरिणतत्रसान् विहाय त्रसा न भवन्तीत्यर्थः । ण बादरा होंति सव्वत्थ इति पाठे सर्वत्र लोके बादराः स्थूलाः पृथ्वीकायिकादयस्त्रसाश्च न सन्ति । 'आधारे थूलाओ' इति च वचनात् । ननु त्रसनाड्यां सर्वत्र त्रसास्तिष्ठन्ति इति चेत्प्राह । त्रसनाड्यां त्रसा इति सामान्यवचनम् । विशेषवाक्यं त्रिलोकप्रज्ञप्तौ प्रोक्तं च । 'लोयबहुमज्झदेसे तरुम्मि सारं व रज्जुपदरजुदा । तेरसरज्जुस्सेहा किंचूणा होदि तसणाली ॥'

णत्थि त्ति जिणेहिं णिदिट्ठं ॥ १९२ ॥" गो० जीवकाण्ड] त्रसनालीसे बाहरका कोई एकेन्द्रिय जीव त्रसनामकर्मका बन्ध करके, मृत्युके पश्चात् त्रसनालीमें जन्म लेनेके लिये गमन करता है, तब उसके त्रसनामकर्मका उदय होनेके कारण उपपादकी अपेक्षासे त्रसजीव त्रसनालीके बाहर पाया जाता है। तथा, जब कोई त्रसजीव त्रसनालीसे बाहर एकेन्द्रियपर्यायमें जन्म लेनेसे पहले मारणान्तिक समुद्घात करता है, तब त्रसपर्यायमें होते हुएभी उसकी आत्माके प्रदेश त्रसनालीके बाहर पाये जाते हैं। 'ण बाहिरा होंति सव्वत्थ' के स्थानमें 'ण बादरा होंति सव्वत्थ' ऐसा भी पाठ है। इसका अर्थ होता है कि बादर जीव अर्थात् स्थूल पृथ्वीकायिक वगैरह एकेन्द्रिय जीव तथा त्रसजीव सर्वलोकमें नहीं रहते हैं। क्योंकि जीवकाण्डमें लिखा है-'स्थूलजीव आधारसे ही रहते हैं' ['आधारे थूलाओ' ॥१९३॥] शङ्का-क्या त्रसनालीमें सर्वत्र त्रसजीव रहते हैं? उत्तर-त्रसनालीमें त्रसजीव रहते हैं, यह सामान्यकथन है। त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें इसका विशेष कथन किया है। ["लोयबहुमज्झदेसे तरुम्मि सारं व रज्जुपदरजुदा । तेरस रज्जुस्सेहा किंचूणा होदि तसणाली ॥ ६ ॥" द्वि. अधि.] उसमें कहा है-"वृक्षमें उसके सारकी तरह, लोकके ठीक मध्यमें एक राजू लम्बी, एक राजू चौड़ी और कुछ कम तेरह राजू ऊँची त्रसनाली है।" शङ्का-त्रसनालीको कुछ कम तेरह राजू ऊँची कैसे कहा है? उत्तर-सातवीं महातमःप्रभा नामकी पृथिवी आठ हजार योजनकी मोटी है [देखो, त्रिलोकसार गा. १७४ की टीका]। उसके ठीक मध्यमें नारकियोंके श्रेणीबद्ध बिले बने हुए हैं। उन बिलोंकी मोटाई $\frac{४}{३}$ योजन है। इस मोटाईको समच्छेद करके पृथिवीकी मोटाईमें घटानेसे $\frac{२४०००}{३}-\frac{४}{३}=\frac{२३९९६}{३}$ योजन शेष बचता है। इसका आधा $\frac{११९९८}{३}$ योजन होता है। भाग देनेपर ३९९९$\frac{१}{३}$ योजन आते हैं। इतने योजनोंके ३१९९४६६६$\frac{२}{३}$ धनुष होते हैं। यह तो नीचेकी गणना हुई। अब ऊपरकी लीजिये। सर्वार्थसिद्धि विमानसे ऊपर १२ योजनपर ईषत्प्राग्भार नामकी आठवीं पृथ्वी है, जो आठ योजन मोटी है। ["तिहुवणमुद्धारूढा ईसिपभारा धरट्ठमी रुंदा । दिग्घा इगिसगरज्जू अडजोयणपमिदबाहल्ला ॥ ५५६ ॥" त्रिलोकसार. अर्थ-'तीनों लोकोंके मस्तकपर आरूढ ईषत्प्राग्भार नामकी आठवीं पृथ्वी है। उसकी चौड़ाई एक राजू लम्बाई सात राजू और मोटाई आठ योजन है।'] १२ योजनके ९६००० धनुष होते हैं। और आठवीं पृथ्वीके ८ योजनके ६४००० धनुष होते हैं। ["कोसाणं दुगमेक्कं देसूणेक्कं च लोयसिहरम्मि। ऊणधणूणपमाणं पणुवीसज्झहियचारिसयं ॥ १२६ ॥" त्रिलोकसार. अर्थ-'लोकके शिखरपर तीनों वातवलयोंका बाहुल्य दो कोस, एक कोस और कुछ कम एक कोस है। कुछ कमका प्रमाण ४२५ धनुष है।' अतः तीनों वातवलयोंका बाहुल्य ४०००+२०००+१५७५=७५७५ धनुष होता है। क्योंकि एक कोसके २००० धनुष होते हैं।] उसके ऊपर तीनो वातवलयोंकी मोटाई ७५७५ धनुष है। इन सब धनुषोंका जोड़ ३२१६२२४१$\frac{२}{३}$ धनुष होता है। [ऊणपमाणं दंडा कोडितियं एक्कवीस-लक्खाणं । बासट्ठिं च सहस्सा दुसमा इगिदाल दुतिभाया ॥ ७ ॥" त्रिलोकप्र०, २ य अधि० ।

किंचूणा होदि तसणाली इत्यत्र ऊनदण्डप्रमाणं कथमिति, सप्तमपृथिव्याः श्रेणिबद्धादधोयोजनानां ३९९९$\frac{1}{3}$, दंडाः ३१९९४६६६$\frac{2}{3}$। सर्वार्थसिद्धेरुपरियोजनानां १२, [दण्डाः ९६०००,] अष्टमपृथ्व्यां योजनानां ८, दण्डाः ६४००० । तस्या उपरि वायुत्रयदण्डाः ७५७५। एते सर्वे दण्डाः ३२१६२२४१$\frac{2}{3}$। किंचिन्न्यूनत्रयोदशरज्जुप्रमाणत्रसनाड्यां त्रसास्तिष्ठन्तीत्यर्थः ॥ १२२ ॥ अथ स्थूलसूक्ष्मादिभेदेन जीवान् विभजति–

पुण्णा वि [1]अपुण्णा वि य थूला जीवा हवंति साहारा ।
छविहे-सुहुमा[2] जीवा लोयायासे वि सव्वत्थ ॥ १२३ ॥

[छाया-पूर्णाः अपि अपूर्णाः अपि च स्थूलाः जीवाः भवन्ति साधाराः । षड्विधसूक्ष्माः जीवाः लोकाकाशे अपि सर्वत्र ॥] स्थूलाः बादराः बादरनामकर्मोदयनिष्पादितपर्यायाः । कथंभूतास्ते स्थूलाः । पूर्णाः अपि च अपूर्णा अपि च, पर्याप्ताः अपर्याप्ता अपि च जीवाः प्राणिनः । साहारा साधाराः पृथिव्यादिकमाधारमाश्रित्य भवन्ति तिष्ठन्तीत्यर्थः । अथवा जायन्ते उत्पद्यन्ते । 'आधारे थूलाओ' आधारे आश्रये वर्तमानशरीरविशिष्टा ये जीवास्ते सर्वेऽपि स्थूलाः बादरा इत्यर्थः इति गोम्मटसारे । सुहुमा सूक्ष्माः सूक्ष्मनामकर्मोदयापादितपर्याया जीवाः प्राणिनः षड्विधा. षड्भेदाः । पृथिवीकायिकसूक्ष्मः १, जलकायिकसूक्ष्मः २, तेजस्कायिकसूक्ष्मः ३, वायुकायिकसूक्ष्मः ४, नित्यनिगोदवनस्पतिकायिकसूक्ष्मः ५, इतरनिगोदवनस्पतिकायिकसूक्ष्मजीवाः ६, इति षोढा । लोकाकाशे सर्वत्र सर्वलोके, जले स्थले आकाशे वा, निरन्तरा· आधारानपेक्षितशरीराः जीवाः सूक्ष्मा भवन्ति । जलस्थलरूपाधारेण तेषां शरीरगतिप्रतिघातो नास्ति, अत्यन्तसूक्ष्मपरिणामत्वात् । ते जीवाः सूक्ष्मा· निराधारा निरन्तरास्तिष्ठन्ति उत्पद्यन्ते च ॥ १२३ ॥

पुढवी[4]-जलग्गि-वाऊ चत्तारि वि होंति[5] बायरा सुहुमा[3] ।
साहारण-पत्तेया वणप्फदी[6] पंचमा दुविहा ॥ १२४ ॥

[छाया-पृथ्वीजलाग्निवायवः चत्वार· अपि भवन्ति बादराः सूक्ष्माः । साधारणप्रत्येका वनस्पतय पञ्चमाः द्विविधा. ॥] पृथिवीजलाग्निवायवश्चत्वारोऽपि जीवा बादराः सूक्ष्माश्च भवन्ति । पृथिवीकायिकजीवा बादरा· सूक्ष्माश्च

अर्थ—कमधनुषोंका प्रमाण ३२१६२२४१$\frac{2}{3}$ है। अनु०] इतने धनुष कम तेरह राजूप्रमाण त्रसनालीमें त्रसजीव रहते हैं। सारांश यह है कि लोककी ऊँचाई १४ राजू है। इतनीही ऊँचाई त्रसनालीकी है। उसमेंसे सातवे नरकके नीचे एक राजूमें निगोदिया जीव ही रहते हैं। अतः एकराजू कम होनेसे १३ राजू रहते हैं। उनमेंभी सातवीं पृथ्वीके मध्यमें ही नारकी रहते हैं, नीचेके ३९९९$\frac{1}{3}$ योजन प्रमाण पृथ्वीमें कोई त्रस नहीं रहता है। तथा ऊर्ध्वलोकमें सर्वार्थसिद्धि विमानतकही त्रसजीव रहते हैं। सर्वार्थसिद्धिसे ऊपरके क्षेत्रमें कोई त्रसजीव नहीं रहता है। अतः सर्वार्थसिद्धिसे लेकर आठवीं पृथिवीतकका अन्तराल १२ योजन, आठवीं पृथिवीकी मोटाई ८ योजन और आठवीं पृथ्वीके ऊपर ७५७५ धनुष प्रमाण क्षेत्र त्रसजीवोंसे शून्य है। अतः नीचे और ऊपरके उक्तधनुषोंसे कम १३ राजू प्रमाण त्रसनालीमें त्रसजीव जानने चाहिये ॥ १२२ ॥ अब स्थूल, सूक्ष्म आदि भेदसे जीवोंका विभाग करते हैं। **अर्थ**—पर्याप्तक और अपर्याप्तक, दोनोंही प्रकारके बादरजीव आधारके सहारेसे रहते हैं। और छह प्रकारके सूक्ष्मजीव समस्त लोकाकाशमें रहते हैं ॥ **भावार्थ**—जीव दो प्रकारके होते हैं–बादर और सूक्ष्म। बादर नामकर्मके उदयसे बादर पर्यायमें उत्पन्न जीवोंको बादर कहते है, और सूक्ष्मनामकर्मके उदयसे सूक्ष्म पर्यायमें उत्पन्न जीवोंको सूक्ष्म कहते हैं। सूक्ष्मजीवोंके भी छह भेद हैं–पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजकायिक, वायुकायिक, नित्यनिगोद वनस्पतिकायिक और इतरनिगोद वनस्पतिकायिक। ये सब जीव पर्याप्त कभी होते हैं। और अपर्याप्त कभी होते हैं। जो बादर होते हैं,

---

१ ब क म स ग यपुण्णा। २ ब क स ग छविह। ३ ब सुहमा। ४ क ग पुढवि। ५ ब हुंति। ६ ब वणप्फदि।

भवन्ति । अप्कायिका जीवा बादराः सूक्ष्माश्च भवन्ति । तेजस्कायिका जीवा बादराः सूक्ष्माश्च सन्ति । वायुकायिका जीवा बादराः सूक्ष्माश्च भवन्तीत्यर्थः । पञ्चमाः पृथिव्यादिसंख्यया पञ्चमत्वं प्राप्ताः वनस्पतयः द्विविधा द्विप्रकाराः । कुतः । साधारणप्रत्येकात्, साधारणवनस्पतिप्रत्येकवनस्पतिभेदात् । ये तु साधारणवनस्पतिकायिकास्ते नित्यचतुर्गति-निगोदजीवाः बादराः सूक्ष्माश्च भवन्ति । ये प्रत्येकवनस्पतिकायिका जीवास्ते तु बादरा एव न तु सूक्ष्माः ॥ १२४ ॥ अथ साधारणानां द्विविधत्वं दर्शयति-

साहारणा वि दुविहा अणाइ[1]-काला य[2] साइ-काला य ।
ते वि[3] य बादर-सुहुमा सेसा पुणे बायरा सव्वे ॥ १२५ ॥

[छाया-साधारणाः अपि द्विविधाः अनादिकालाः च सादिकालाः च । ते अपि च बादरसूक्ष्माः शेषाः पुनर्-बादराः सर्वे ॥] साधारणनामकर्मोदयात् साधारणाः साधारणनिगोदाः, अपि पुनः, द्विविधा द्विप्रकाराः । ते के प्रकाराः । अनादिकालाश्च सादिकालाश्च नित्यनिगोदाश्चतुर्गतिनिगोदाश्च । च शब्दः समुच्चयार्थः । ते विधै त एव नित्य-चतुर्गतिनिगोदजीवा बादरसूक्ष्माः बादरसूक्ष्मनामकर्मोदयं प्राप्नुवन्ति । पुनः शेषाः सर्वे प्रत्येकवनस्पतयः द्वीन्द्रियादयश्च सर्वे समस्ता बादरा एव ॥ १२५ ॥ अथ तेषां निगोदानां साधारणत्वं कुत इति चेदुच्यते-

साहारणाणि जेसिं आहारुस्सास-काय-आऊणि ।
ते साहारण-जीवा णंताणंत-प्पमाणाणं ॥ १२६ ॥[5]

[छाया-साधारणानि येषाम् आहारोच्छ्वासकायआयूंषि । ते साधारणजीवा अनन्तानन्तप्रमाणानाम् ॥] येषां साधारणनामकर्मोदयवशवर्त्यनन्तानन्तजीवानां निगोदानाम् आहारोच्छ्वासकायायूंषि साधारणानि सदृशानि समकालानि

वे किसी आधारसे रहते हैं। किन्तु सूक्ष्मजीव बिना किसी आधारके समस्त लोकमें रहते हैं ॥ १२३ ॥ अर्थ-पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीव बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते हैं। पाँचवे वनस्पतिकायिकके दो भेद हैं-साधारण और प्रत्येक ॥ १२४ ॥ अब साधारण वनस्पतिकायके दो भेद बतलाते हैं। अर्थ-साधारण वनस्पति काय के दो भेद हैं-अनादि साधारण वनस्पति काय और सादि साधारण वनस्पति काय। ये दोनों प्रकार के जीव बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते हैं। बाकी के सब जीव बादरही होते हैं। भावार्थ-साधारण नाम कर्म के उदय से साधारण वनस्पतिकायिक जीव होते हैं, जिन्हें निगोदिया जीव भी कहते हैं। उनके भी दो भेद हैं-अनादिकालीन और आदिकालीन। अनादिकालीन साधारण वनस्पति काय-को नित्य निगोद कहते हैं और सादिकालीन वनस्पति कायको चतुर्गति निगोद कहते हैं। ये नित्य निगोदिया और चतुर्गति निगोदिया जीव भी बादर और सूक्ष्मके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। जिन जीवोंके बादर नाम कर्मका उदय होता है वे बादर कहलाते हैं और जिन जीवोंके सूक्ष्म नाम कर्मका उदय होता है वे सूक्ष्म कहलाते हैं। दोनों ही प्रकारके निगोदिया जीव बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते हैं। किन्तु बाकीके सब प्रत्येक वनस्पति कायिक जीव और द्वीन्द्रिय आदि त्रस जीव बादर ही होते हैं ॥ १२५ ॥ अब यह बतलाते हैं कि वे निगोदिया जीव साधारण क्यों कहे जाते हैं। अर्थ-जिन अनन्तानन्त जीवोंका आहार, श्वासोच्छ्वास, शरीर और आयु साधारण होती है उन जीवोंको साधारणकायिक जीव कहते हैं। भावार्थ-जिन अनन्तानन्त निगोदिया जीवोंके साधारण नाम कर्मका उदय होता है उनकी

---

१ क ग अणाय। २ क म स काकाइ साइ काकाई। ३ ब ते पुणु बादर, क ते विय। ४ ब पुणु। ५ ब शुणकं।

भवन्ति। एकस्मिन् जीवे आहारं गृह्णति सति अनन्तानन्तजीवाः साधारणं समानं सदृशं समकालं गृह्णन्ति। एकस्मिन् जीवे श्वासोच्छ्वासं गृह्णति सति अनन्तानन्तजीवाः साधारणं सदृशं समकालं श्वासोच्छ्वासं गृह्णन्ति। एकस्मिन् जीवे शरीरं गृह्णति सति अनन्तानन्तजीवाः शरीरं गृह्णन्ति मुञ्चन्ति च। एकस्मिन् जीवति सति अनन्तानन्तजीवा जीवन्ति म्रियन्ते च। ते साधारणजीवाः कथ्यन्ते। कथंभूतानां येषाम्। अनन्तानन्तप्रमाणानाम्। तथथा। यत्साधारणजीवानाम् उत्पन्न-प्रथमसमये आहारपर्याप्तिः, तत्कार्यं चाहारवर्गणायातपुद्गलस्कन्धानां खलरसभागपरिणमनं साधारणं सदृशं समकालं च भवति। १। तथा शरीरपर्याप्तिः, तत्कार्यं चाहारवर्गणायातपुद्गलस्कन्धानां शरीराकारपरिणमनं साधारणं सदृशं समकालं च भवेत्। २। तथा इन्द्रियपर्याप्तिः, तत्कार्यं च स्पर्शनेन्द्रियाकारेण परिणमनम्। ३। आनपानपर्याप्तिः, तत्कार्यं चोच्छ्वासनिःश्वासग्रहणं साधारणं सदृशं समकालं भवति। ४। तथा गोम्मटसारे[1] साधारणलक्षणं प्रोक्तं च।

आहार, श्वासोच्छ्वास, शरीर और आयु साधारण यानी समान होती है। अर्थात् उन अनन्तानन्त जीवों का पिण्ड मिलकर एक जीवके जैसा हो जाता है अतः जब उनमेंसे एक जीव आहार ग्रहण करता है तो उसी समय उसीके साथ अनन्तानन्त जीव आहार ग्रहण करते हैं। जब एक जीव श्वास लेता है तो उसी समय उसके साथ अनन्तानन्त जीव श्वास लेते हैं। जब उनमेंसे एक जीव मरकर नया शरीर धारण करता है तो उसी समय उसीके साथ अनन्तानन्त जीव वर्तमान शरीरको छोड़ कर उसी नये शरीरको अपना लेते हैं। सारांश यह है कि एकके जीवनके साथ उन सब का जीवन होता है और एककी मृत्युके साथ उन सबकी मृत्यु हो जाती है इसीसे उन जीवों-को साधारण जीव कहते हैं। इसका और भी खुलासा इस प्रकार है–साधारण वनस्पति कायिक जीव एकेन्द्रिय होता हैं। और एकेन्द्रिय जीवके चार पर्याप्तियाँ होती हैं–आहार पर्याप्ति, शरीर पर्याप्ति, इन्द्रिय पर्याप्ति और श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति। जब कोई जीव जन्म लेता है तो जन्म लेने के प्रथम समयमें आहार पर्याप्ति होती है, उसके बाद उक्त तीनों पर्याप्तियाँ एकके बाद एकके क्रमसे होती हैं। आहार वर्गणाके रूपमें ग्रहण किये गये पुद्गल स्कन्धोंका खल भाग और रस भाग रूप परिणमन होना आहार पर्याप्तिका कार्य है। खल भाग और रस भागका शरीर रूप परिणमन होना शरीर पर्याप्तिका कार्य है। आहार वर्गणाके परमाणुओंका इन्द्रियके आकार रूप परिणमन होना इन्द्रिय पर्याप्तिका कार्य है। और आहार वर्गणाके परमाणुओंका श्वासोच्छ्वास रूप परिणमन होना श्वासोच्छ्वास पर्याप्तिका कार्य है। एक शरीरमें रहनेवाले अनन्तानन्त साधारण कायिक जीवोंमें ये चारों पर्याप्तियां और इनका कार्य एकसाथ एक समयमें होता है। गोम्मटसार जीवकाण्डमें साधा-रण वनस्पति कायका लक्षण इस प्रकार कहा है– 'जहाँ एक जीवके मर जाने पर अनन्त जीवों का मरण हो जाता है और एक जीवके शरीरको छोड़ कर चले जाने पर अनन्त जीव उस शरीर को छोड़ कर चले जाते हैं वह साधारण काय है'। वनस्पति कायिक जीव दो प्रकारके होते हैं–एक प्रत्येक शरीर और एक साधारण शरीर। जिस वनस्पतिरूप शरीरका स्वामी एक ही जीव होता है उसे प्रत्येक शरीर कहते हैं। और जिस वनस्पति रूप शरीरके बहुतसे जीव समान रूपसे स्वामी होते हैं उसे साधारण शरीर कहते हैं। सारांश यह है कि प्रत्येक वनस्पतिमें तो एक जीवका एक शरीर होता है। और साधारण वनस्पतिमें बहुतसे जीवोंका एक ही शरीर होता है। ये बहुतसे जीव एक साथ ही खाते हैं, एक साथ ही श्वास लेते हैं। एक साथ ही मरते हैं और एक साथ ही जीते

---

१ सर्वत्र 'गोमह' इति पाठः।

'अत्थेक्कु मरदि जीवो तत्थ दु मरणं हवे अणंताणं । वक्कमइ जत्थ एक्को वक्कमणं तत्थ णंताणं ॥' १२६ ॥ अथ सूक्ष्मत्वं बादरत्वं च व्यनक्ति–

ण य जेसिं पडिखलणं पुढवी[1]-तोएहिं अग्गि-वाएहिं ।
ते जाणे[2] सुहुम-काया इयरा पुण[3] थूल-काया य ॥ १२७ ॥

[छाया–न च येषां प्रतिस्खलनं पृथ्वीतोयाभ्याम् अग्निवाताभ्याम्। ते जानीहि सूक्ष्मकायाः इतरे पुनः स्थूलकायाः च ॥] ते पञ्च स्थावरा जीवाः सूक्ष्मा इति जानीहि । येषां जीवानां प्रतिस्खलनं रुन्धनम् । कैः । पृथिवीतोयैः पृथिवीकायाप्कायैः, च पुनः, अग्निवातैः अग्निकायवायुकायैः, न च कैरपि द्रव्यैः वज्रपटलादिभिः येषां जीवानां प्रतिस्खलनं रुन्धनं न विद्यते इति भावः । ते सूक्ष्मकायाः सूक्ष्मकायिका जीवास्तान् जानीहि विद्धि त्वम् । पुनः इयरा इतरे अन्ये पृथिवीकायिकादयः पृथ्वीजलवाताग्निकायिभिः प्रतिस्खलनोपेताः स्थूलकायाश्च बादराः कथ्यन्ते ॥ १२७ ॥ अथ प्रत्येकस्वरूपं प्ररूपयति–

पत्तेया वि य दुविहा णिगोद-सहिदा[4] तहेव रहिया य ।
दुविहा होंति[5] तसा वि य बि-ति-चउरक्खा तहेव पंचक्खा ॥१२८ ॥[6]

[छाया–प्रत्येकाः अपि च द्विविधाः निगोदसहिताः तथैव रहिताः च । द्विविधाः भवन्ति त्रसाः अपि च द्वित्रिचतुरक्षाः तथैव पञ्चाक्षाः ॥] अपि च, प्रत्येकाः प्रत्येकवनस्पतिकायिकाः, दुविहा द्विविधाः द्विप्रकाराः, एके निगोदसहिताः

हैं। इन्हें ही निगोदिया जीव कहते हैं। इन साधारण अथवा निगोदिया जीवोंके भी दो भेद हैं–एक नित्य निगोदिया और एक इतर निगोदिया अथवा चतुर्गति निगोदिया। जो जीव अनादिकालसे निगोदमें ही पडे हुए हैं और जिन्होने कभी भी त्रस पर्याय नहीं पाई है उन्हें नित्य निगोदिया कहते हैं। और जो जीव त्रस पर्याय धारण करके निगोद पर्यायमें चले जाते हैं उन्हे इतर निगोदिया कहते हैं। साधारण वनस्पतिकी तरह प्रत्येक वनस्पतिके भी दो भेद हैं–सप्रतिष्ठित प्रत्येक और अप्रतिष्ठित प्रत्येक। जिस प्रत्येक वनस्पतिके शरीरमें बादर निगोदिया जीवोंका आवास हो उसे सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं और जिस प्रत्येक वनस्पतिके शरीरमें बादर निगोदिया जीवोंका वास न हो उसे अप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं। प्रत्येक वनस्पतिका वर्णन ग्रन्थकारने आगे स्वयं किया है ॥ १२६ ॥ अब सूक्ष्म और बादर की पहचान बतलाते हैं। **अर्थ**–जिन जीवोंका पृथ्वीसे, जलसे, आगसे, और वायुसे प्रतिघात नहीं होता उन्हें सूक्ष्मकायिक जीव जानो। और जिनका इनसे प्रतिघात होता है उन्हें स्थूलकायिक जीव जानो ॥ **भावार्थ**–पांच प्रकारके स्थावर कायोंमें ही बादर और सूक्ष्म भेद होता है। त्रसकायिक जीव तो बादर ही होते हैं। जो जीव न पृथ्वीसे रुकते हैं, न जलसे रुकते हैं, न आगसे जलते है और न वायुसे टकराते है, सारांश यह कि वज्रपटल वगैरहसे भी जिनका रुकना सम्भव नहीं है–उन जीवोंको सूक्ष्मकायिक जीव कहते है। और जो दीवार वगैरहसे रुक जाते हैं, पानीके बहावके साथ बह जाते है, अग्निसे जल जाते हैं और वायुसे टकराते हैं वे जीव बादरकायिक कहे जाते हैं ॥ १२७ ॥ अब प्रत्येक वनस्पतिका स्वरूप बतलाते हैं।

---

१ म पुढई, ल ग पुढवी। २ ब जाणि। ३ ब पुणु। ४ ब सहिया। ५ ब हुंति। ६ साहारणाणि इत्यादि गाथा (१२६) ब पुस्तकेऽत्र 'आहारउसासस आउ काऊणि' इति पाठान्तरेण पुनरुक्ता दृश्यते।

प्रतिष्ठितप्रत्येकाः भवन्ति। प्रतिष्ठितं साधारणशरीरैराश्रितं प्रत्येकशरीरं येषां ते प्रतिष्ठितप्रत्येकशरीराः। ते के इति चेद्, गोम्मटसारे प्रोक्तं च। 'मूलग्गपोरबीजा कंदा तह खंदबीजबीजरुहा। संमुच्छिमा य भणिया पत्तेयाणंतकाया य ॥' मूलं बीजं येषां ते मूलबीजाः, आर्द्रकहरिद्रादयः। १। अग्रं बीजं येषां ते अग्रबीजाः, आर्यकोदीच्यादयः। २। पर्वबीजाः इक्षुवेत्रादयः। ३। कन्दबीजाः पिण्डालुसूरणादयः। ४। स्कन्धबीजाः सल्लकीकण्टकीपलाशादयः। ५। बीजा रोहन्तीति बीजरुहाः, शालिगोधूमादयः। ६। [संमूर्छे समन्तात् प्रसृतपुद्गलस्कन्धे भवाः] संमूर्छिमाः। ७। अनन्तानां निगोदजीवानां कायाः शरीराणि येष्वित्यनन्तकायाः प्रतिष्ठितप्रत्येका भवन्ति। तथा। 'गूढसिरसंधिपव्वं समभंगमहीरुहं च छिण्णरुहं। साहारणं सरीरं तव्विवरीयं च पत्तेयं' ॥ यत्प्रत्येकशरीरं गूढशिरम् अदृश्यबहिःस्नायुकम् । १। अदृश्यसंधिरेखाबन्धम्। २। अदृश्यग्रन्थिकम्। ३। समभङ्गं त्वग्गृहीतत्वेन सदृशच्छेदम्। ४। अहीरकम् अन्तर्गतसूत्ररहितं। ५। छिन्नं रोहतीति छिन्नरुहं च। ६। तत्साधारणं साधारणजीवाश्रितत्वेन साधारणमित्युपचर्यते, प्रतिष्ठितशरीरमित्यर्थः। तद्विपरीतम् अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरमिति। तथा। 'मूले कन्दे छल्लीपवालसालदलकुसुमफलबीजे। समभंगे सदि णंता असमे सदि होंति पत्तेया ॥' मूले कन्दे त्वचि पल्लवाङ्कुरे क्षुद्रशाखायां पत्रे कुसुमे फले बीजे च समभङ्गे सति अनन्ताः अनन्तकायाः, प्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरा इत्यर्थः। मूलादिषु समभङ्गरहितवनस्पतिषु अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरा भवन्ति। तथा। 'कंदस्स व मूलस्स व सालाखंदस्स वावि बहुलतरी। छल्ली साणंतजिया पत्तेयजिया तु तणुकदरी ॥' येषां प्रत्येकवनस्पतीनां कन्दस्य वा मूलस्य वा शालाया वा क्षुद्रशाखाया वा स्कन्धस्य वा या त्वक् बहुतरी स्थूलतरी स्यात्, ते वनस्पतयोऽनन्तकायजीवा भवन्ति। निगोदसहितप्रतिष्ठितप्रत्येका भवन्तीत्यर्थः। तु पुनः। येषां कन्दादिषु त्वक् तनुतरी ते वनस्पतयो अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरा भवन्तीत्यर्थः। अथ प्रकृतव्याख्यामाह। प्रत्येकवनस्पतयः द्विप्रकाराः। एके निगोदसहिताः साधारणैः संयुक्ताः प्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतयो भवन्ति। येषां लक्षणं गाथाचतुष्केणोक्तम्। तहेव तथैव, रहिया य निगोदरहिताश्च साधारणरहिता इत्यर्थः, अप्रतिष्ठितप्रत्येकाः। प्रतिष्ठितं साधारणशरीरैराश्रितं प्रत्येकशरीरं येषां ते प्रतिष्ठितप्रत्येकशरीराः पूर्वोक्ताः। तैरनाश्रितशरीरा अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीराः स्युः। ते के। तालनालिकेर-

---

अर्थ—प्रत्येक वनस्पति कायिक जीव दो प्रकार के होते हैं–एक निगोद सहित, दूसरे निगोद रहित। त्रस जीव भी दो प्रकारके होते हैं–एक दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय, दूसरे पञ्चेन्द्रिय ॥ **भावार्थ**—प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव दो प्रकारके होते हैं। एक निगोद सहित अर्थात् जिसके आश्रय अनेक निगोदिया जीव रहते हैं। ऐसे प्रत्येक वनस्पतिको सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं। गोम्मटसारमें कहा है-वनस्पतियाँ ७ प्रकारकी होती हैं–मूलबीज, अग्रबीज, पर्वबीज, कंदबीज, स्कन्धबीज, बीजरुह और सम्मूर्छन। जिन वनस्पतियोंका बीज उनका मूल ही होता है उन्हें मूलबीज कहते हैं। जैसे अदरक हल्दी वगैरह। जिन वनस्पतियोंका बीज उनका अग्रभाग होता है उन्हें अग्रबीज कहते हैं। जैसे नेत्रबाला वगैरह। जिन वनस्पतियोंका बीज उनका पर्वभाग होता है उन्हें पर्वबीज कहते हैं जैसे ईख, बेंत वगैरह। जिन वनस्पतियोंका बीज कंद होता है उन्हें कंदबीज कहते हैं। जैसे रताछ, सूरण वगैरह। जिन वनस्पतियोंका बीज उनका स्कन्धभाग होता है उन्हें स्कन्धबीज कहते हैं। जैसे सलई, पलाश वगैरह। जो वनस्पतियां बीजसे पैदा होती हैं उन्हें बीजरुह कहते हैं। जैसे धान, गेहूं वगैरह। और जो वनस्पति स्वयं ही उग आती है वह सम्मूर्छन कही जाती हैं। ये वनस्पतियां अनन्तकाय अर्थात् सप्रतिष्ठित प्रत्येक भी होती हैं और अप्रतिष्ठित प्रत्येक भी होती हैं ॥ १ ॥ जिस प्रत्येक वनस्पतिकी धारियां, फांके और गांठे दिखाई न देती हों, जिसे तोड़नेपर खटसे दो टुकड़े बराबर २ हो जायें और बीचमें कोई तार वगैरह न लगा रहे तथा जो काट देने पर भी पुनः उग आये वह साधारण अर्थात् सप्रतिष्ठित प्रत्येक है। यहां सप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर

तिंतिणीकेवहकारादिशरीरम् अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरमित्येते । अपि च त्रसाः त्रसनामकर्मोदयात् त्रसजीवा द्विविधाः द्विप्रकाराः, विकलेन्द्रियाः सकलेन्द्रियाश्चेति । तत्र विकलेन्द्रियाः बितिचउरक्खा द्वित्रिचतुरिन्द्रिया जीवाः । शंखादयो द्वीन्द्रियाः स्पर्शनरसनेन्द्रिययुक्ताः । पिपीलिकामत्कुणादयस्त्रीन्द्रियाः स्पर्शनरसनघ्राणेन्द्रिययुक्ताः । भ्रमरमक्षिकादंशमशकादयश्चतुरिन्द्रियाः स्पर्शनरसनघ्राणलोचनेन्द्रिययुक्ताः । तहेव तथैव, पञ्चेन्द्रियाः सकलेन्द्रियाः, मनुष्यदेवनारकपश्वादयः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रिययुक्ताः सकलेन्द्रियाः कथ्यन्ते ॥ १२८ ॥ अथ पञ्चेन्द्रियतिरश्चां भेदं विवृणोति–

पंचक्खा वि य तिविहा जल-थल-आयास-गामिणो तिरिया ।
पत्तेयं ते दुविहा मणेण जुत्ता[1] अजुत्ता य ॥ १२९ ॥

[छाया–पञ्चाक्षाः अपि च त्रिविधाः जलस्थलआकाशगामिनः तिर्यञ्चः । प्रत्येकं ते द्विविधाः मनसा युक्ताः अयुक्ताः च ॥] पञ्चाक्षाः पञ्चेन्द्रियनामकर्मोदयेन पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चो जीवाः भवन्ति । अपि च पुनः, ते त्रिविधाः

वनस्पतिको साधारण जीवोंका आश्रय होनेसे साधारण कहा है। तथा जिस वनस्पतिमें उक्त बातें न हों अर्थात् जिसमें धारियां वगैरह स्पष्ट दिखाई देती हों, तोड़ने पर समान टुकड़े न हों, टूटने पर तार लगा रह जाये आदि, उस वनस्पतिको अप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर कहते हैं ॥ २ ॥ जिस वनस्पतिकी जड़, कन्द, छाल, कोंपल, टहनी, पत्ते, फूल, फल और बीजको तोड़ने पर खटसे बराबर २ दो टुकड़े हो जायें उसे सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं । और जिसका समभंग न हो उसे अप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं ॥ ३ ॥ तथा जिस वनस्पतिके कंदकी, जड़की, टहनीकी, अथवा तनेकी छाल मोटी हो वह अनन्त काय यानी सप्रतिष्ठित प्रत्येक है । और जिस वनस्पतिके कन्द वगैरहकी छाल पतली हो वह अप्रतिष्ठित प्रत्येक है ॥ ४ ॥ इस तरह श्री गोम्मटसारमें सप्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित वनस्पतिकी पहचान बतलाई है। अस्तु, अब पुनः मूल गाथा का व्याख्यान करते है। प्रत्येक वनस्पति के दो भेद हैं–एक निगोद सहित, एक निगोद रहित। अथवा एक सप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर, एक अप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर । जिन प्रत्येक वनस्पतिके शरीरोंको निगोदिया जीवोंने अपना वासस्थान बनाया है उन्हे सप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर कहते हैं। उनकी पहचान ऊपर बतलाई है। और जिन प्रत्येक वनस्पतिके शरीरोंमे निगोदिया जीवोंका आवास नहीं है उन्हें अप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर कहते हैं। जैसे पके हुए तालफल, नारियल, इमली, आम वगैरहका शरीर । जिनके त्रस नाम कर्मका उदय होता है उन्हें त्रस जीव कहते हैं। उनके भी दो भेद हैं–एक विकलेन्द्रिय, एक सकलेन्द्रिय । दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय जीवोंको विकलेन्द्रिय कहते हैं; क्यों कि शंख आदि दो इन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन और रसना दो ही इन्द्रिया होती हैं। चिऊंटी, खटमल वगैरह तेइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना और घ्राण, ये तीन ही इन्द्रियां होती हैं। और भौंरा, मक्खी, डांस, मच्छर वगैरह चौइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु ये चार ही इन्द्रियां होती हैं। अतः ये जीव विकलेन्द्रिय कहे जाते हैं । मनुष्य, देव, नारकी, पशु आदि पञ्चेन्द्रिय जीवोंको सकलेन्द्रिय कहते हैं; क्यों कि उनके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये पांचों इन्द्रियां पाई जाती हैं ॥ १२८ ॥ अब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके भेद बतलाते हैं। अर्थ–पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च जीवोंके भी तीन भेद हैं–जलचर, थलचर और

---

१ क तितिणीक, ग तिंतणीक। २ म जुत्ता अजुत्ता य ।

त्रिप्रकाराः, जलस्थलाकाशगामिनो भेदात्। केचन जलचारिणो मत्स्यकूर्मादयः । १ । केचन स्थलचारिणो हस्तिघोटक-गोमहिषव्याघ्रवृकसिंहमृगशशकादयः । २ । केचन आकाशगामिनः शुककाकबकचटकसारसहंसमयूरादयः । ३ । च पुनः, ते जलचारिप्रमुखास्तिर्यञ्चो जीवास्त्रिविधा अपि, प्रत्येकं एकं एकं प्रति प्रत्येकं, द्विविधा भवन्ति । ते के। एके नानाविकल्पजालमनसा चेतसा युक्ताः सहिताः संज्ञिनस्तिर्यञ्चो जीवाः । एके नानाविकल्पजालमनसा अयुक्ताः नानाविकल्पजालमनोरहिता असंज्ञिनः कच्छपादयः । तथा हि जलचरतिर्यञ्चौ संज्ञसंज्ञिनौ, स्थलचरतिर्यञ्चौ संज्ञसंज्ञिनौ, नभःस्थतिर्यञ्चौ संज्ञसंज्ञिनौ, इत्यर्थः ॥ १२९ ॥ अथ तेषां तिरश्चां भेदानाह-

ते वि पुणो वि य दुविहा गब्भज-जम्मा तहेव संमुच्छा ।
भोग-भुंवा गब्भ-भुवा थलयर-णहे-गामिणो सण्णी ॥ १३० ॥

[छाया-ते अपि पुनः अपि च द्विविधाः गर्भजजन्मानः तथैव संमूर्च्छनाः । भोगभुवः गर्भभुवः स्थलचर-नभोगामिनः संज्ञिन ॥] पुनः तेऽपि पूर्वोक्ताः षड्विधास्तिर्यञ्चो द्विविधा द्विप्रकाराः । एके गर्भजन्मानः, जायमान-जीवेन शुक्रशोणितरूपपिण्डस्य गरणं शरीरतयोपादानं गर्भः, ततो जाता ये गर्भजाः तेषां गर्भजानां जन्म उत्पत्तिर्येषां ते गर्भजन्मानः, मातुर्गर्भसमुत्पन्ना इत्यर्थः । तथैव संमूर्च्छनाः गर्भोत्पादरहिताः । सं समन्तात् मूर्छनं जायमानजीवानुग्रा-हकाणां[3] जीवोपकाराणां शरीराकारपरिणमनयोग्यपुद्गलस्कन्धानां समुच्छ्रयणं तत् विद्यते येषां ते संमूर्च्छनशरीराः ।

नभचर । इन तीनोंमेंसे प्रत्येकके दो दो भेद हैं-एक मन सहित सैनी और एक मन रहित असैनी ॥ **भावार्थ**-पञ्चेन्द्रिय नाम कर्मके उदयसे तिर्यञ्च जीव पञ्चेन्द्रिय होते हैं । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च जीवोंके तीन भेद हैं-जलचर, थलचर और नभचर। अर्थात् कुछ पञ्चेन्द्रिय जीव जलचर होते हैं। जैसे मछली, कछुआ वगैरह । कुछ थलचर होते हैं-जैसे हाथी, घोड़ा, गाय, भैंस, व्याघ्र, भेड़िया, सिंह, मृग, खरगोश, वगैरह । और कुछ पञ्चेन्द्रिय जीव नभचर होते हैं, जैसे तोता, कौआ, बगुला, चिड़िया, सारस, हंस, मयूर, वगैरह। इन तीनों प्रकार के तिर्यञ्चोंमेंसे भी प्रत्येकके दो दो भेद होते हैं-एक अनेक प्रकारके संकल्प विकल्पसे युक्त मन सहित सैनी तिर्यञ्च और एक अनेक प्रकारके संकल्प विकल्प युक्त मनसे रहित असैनी तिर्यञ्च । अर्थात् सैनी जलचर तिर्यञ्च, असैनी जलचर तिर्यञ्च, सैनी थलचर तिर्यञ्च असैनी थलचर तिर्यञ्च, सैनी नभचर तिर्यञ्च, असैनी नभचर तिर्यञ्च । इस तरह पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके छ भेद हुए ॥ १२९ ॥ अब इन तिर्यञ्चोंके भी भेद कहते हैं। **अर्थ**-इन छः प्रकारके तिर्यञ्चोंके भी दो भेद हैं-एक गर्भजन्म वाले और एक सम्मूर्छन जन्म वाले । किन्तु भोग भूमिके तिर्यञ्च गर्भज ही होते हैं । तथा वे थलचर और नभचर ही होते हैं, जलचर नहीं होते । और सब सैनी ही होते हैं असैनी नहीं होते ॥ **भावार्थ**-वे पूर्वोक्त छ: प्रकारके तिर्यञ्च भी दो प्रकारके होते हैं-एक गर्भजन्म वाले और एक सम्मूर्छन जन्म वाले । जन्म लेने वाले जीवके द्वारा रज और वीर्य रूप पिण्डको अपने शरीर रूपसे परिणमानेका नाम गर्भ है । उस गर्भसे जो पैदा होते हैं उन्हें गर्भजन्म वाले कहते हैं । अर्थात् माताके गर्भसे पैदा होने वाले जीव गर्भजन्मवाले कहे जाते हैं । शरीर-के आकाररूप परिणमन करनेकी योग्यता रखनेवाले पुद्गल स्कन्धोंका चारों ओरसे एकत्र होकर जन्म लेने वाले जीवके शरीर रूप होनेका नाम सम्मूर्छन है और सम्मूर्छनसे जन्म लेने वाले जीव सम्मूर्छन जन्म वाले कहे जाते हैं । किन्तु भोगभूमिया तिर्यञ्च गर्भज ही होते हैं, सम्मूर्छन जन्मवाले

---

१ ब भुवा । २ स नभ । ३ क ग जायते ४ ग कारणं ।

अपि च, भोगभुवां भोग-भूमिजातास्तिर्यञ्चो गर्भभवा एव गर्भोत्पन्ना भवन्ति, न तु संमूर्छनाः। स्थलचरखगामिनः, स्थलगामिनः गोमहिषमृगादयः १, नभोगामिनः हंसमयूरशुकादयः २, न तु जलचराः, संज्ञी संज्ञिन एव, न तु असंज्ञिनः ॥ १२० ॥ अथ तिर्यग्जीवसमासभेदानाह–

अट्ठ वि गब्भज दुविहा तिविहा [१]संमुच्छिणो वि तेवीसा।
इदि पणसीदी भेया सव्वेसिं होंति तिरियाणं ॥ १२१ ॥

[छाया–अष्टौ अपि गर्भजाः द्विविधाः त्रिविधाः संमूर्छनाः अपि त्रयोविंशतिः। इति पञ्चाशीतिः भेदाः सर्वेषां भवन्ति तिरश्चाम् ॥] गर्भजाः गर्भोत्पन्नाः कर्मभूमिजगर्भजतिर्यञ्चो जलचराः मत्स्यादयः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च २, कर्मभूमिजगर्भजतिर्यञ्चः स्थलचराः मृगादयः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च २, कर्मभूमिजगर्भजतिर्यञ्चः नभश्चराः पक्ष्यादयः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च २, भोगभूमिजस्थलचरतिर्यञ्चः संज्ञिन एव १, भोगभूमिजनभश्चरतिर्यञ्चः संज्ञिन एव १, एवम् अष्टावपि च ते द्विविधा द्विप्रकाराः, पर्याप्ता निर्वृत्त्यपर्याप्ताश्च, इति गर्भजतिरश्चां षोडशभेदाः १६। अपि पुनः संमूर्छनाः त्रयोविंशतिभेदा भवन्ति। तथा हि। पृथिवीकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, अप्कायिका सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, तेजस्कायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, वायुकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, नित्यनिगोदसाधारणवनस्पतिकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, चतुर्गतिनिगोदसाधारणवनस्पतिकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २। नियतां गां भूमिं क्षेत्रमनन्तानन्तजीवानां ददातीति निगोदम्, निगोदं शरीरं येषां ते निगोदशरीरा इति निरुक्तेः। प्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिका बादरा एवैकेकः १, अप्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिका बादरा एवैकेकः १, इत्येकेन्द्रियस्य चतुर्दशभेदाः १४। शंखशुक्त्यादयो द्वीन्द्रियाः १, कुन्थुपिपीलिकादयस्त्रीन्द्रियाः २, दंशमशकादयश्चतुरिन्द्रियाः ३, इति विकलत्रयाणां त्रयो भेदाः ३। कर्मभूमिजजलचरतिर्यक्पञ्चेन्द्रियसंज्ञिनः असंज्ञिनश्च इति द्वौ २, कर्मभूमिजस्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च इति द्वौ २, कर्मभूमिजनभश्चरपञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च इति द्वौ १, इति कर्मभूमिजतिरश्चां पञ्चेन्द्रियाणां षड्भेदाः ६।

नहीं होते। और भोगभूमिमें गौ, भैंस, हिरन वगैरह थलचर तिर्यञ्च तथा हंस, मोर, तोता वगैरह नभचर तिर्यञ्च ही होते हैं, जलचर तिर्यञ्च नहीं होते। तथा ये सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च संज्ञी ही होते हैं, असंज्ञी नहीं होते ॥ १२० ॥ अब तिर्यञ्चमें जीवसमासके भेद बतलाते हैं। अर्थ–आठों ही गर्भजोंके पर्याप्त और अपर्याप्तकी अपेक्षा सोलह भेद होते हैं। और तेईस सम्मूर्छन जन्म वालोंके पर्याप्त निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्तकी अपेक्षा उनहत्तर भेद होते हैं। इस तरह सब तिर्यञ्चके पिचासी भेद होते हैं ॥ भावार्थ–कर्मभूमिया गर्भज तिर्यञ्च जलचर, जैसे मछली वगैरह। ये संज्ञी और असंज्ञीके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। २। कर्मभूमिया गर्भज तिर्यञ्च थलचर, जैसे हिरन वगैरह, ये भी संज्ञी और असंज्ञीके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। २। कर्मभूमिया गर्भज तिर्यञ्च नभचर, जैसे पक्षी वगैरह, ये भी संज्ञी और असंज्ञीके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। २। भोगभूमिया थलचर तिर्यञ्च संज्ञी ही होते हैं। १। और भोगभूमिया नभचर तिर्यञ्च भी संज्ञी ही होते हैं। १। इस तरह ये आठोंही कर्मभूमिया और भोगभूमिया गर्भज तिर्यञ्च पर्याप्त भी होते हैं और निर्वृत्त्यपर्याप्त भी होते हैं। अतः गर्भज तिर्यञ्चोंके सोलह भेद होते हैं। तथा सम्मूर्छन जन्मवाले तिर्यञ्चोंके तेईस भेद होते हैं, जो इस प्रकार हैं– सूक्ष्म पृथिवी कायिक, बादर पृथिवीकायिक, सूक्ष्म जलकायिक, बादर जलकायिक, सूक्ष्म तेजस्कायिक, बादर तेजस्कायिक, सूक्ष्म वायु कायिक, बादर वायु कायिक, सूक्ष्म नित्य निगोद साधारण वनस्पतिकायिक,

१ ब ग छ्य। २ ल भेदा।

एवम् एकत्रीकृताखयोविंशतिभेदाः संमूर्छनतिर्यञ्चो भवन्ति २३। तेऽपि त्रयोविंशतिसंमूर्छनतिर्यञ्चस्त्रिविधाः, पर्याप्ताः निर्वृत्त्यपर्याप्ताः लब्ध्यपर्याप्ता इति, एवं तेन सर्वे संमूर्छनतिरश्चामेकोनसप्ततिभेदा भवन्ति ६९, पूर्वोक्तगर्भजतिर्यग्भिः षोडशभेदैर्युक्ताः पञ्चाशीतिभेदाः ८५ भवन्ति ॥ इति सर्वेषां तिरश्चां पञ्चाशीतिजीवसमासभेदाः सन्ति ॥ १३१ ॥ अथ मनुष्यजीवसमासभेदान् निरूपयति–

अज्जव-मिलेच्छ-खंडे भोग-महीसु वि कुभोग-भूमीसु ।
मणुया हवंति दुविहा णिव्वित्ति-अपुण्णगा पुण्णा ॥ १३२ ॥

[छाया–आर्यम्लेच्छखण्डयोः भोगमहीषु अपि कुभोगभूमीषु । मनुजाः भवन्ति द्विविधाः निर्वृत्त्यपूर्णकाः पूर्णाः ॥] आर्यखण्डम्लेच्छखण्डेषु भोगभूमिष्वपि कुभोगभूमिषु मनुष्या मानवाः भवन्ति ते द्विविधा निर्वृत्त्यपर्याप्ताः पूर्णपर्याप्ताश्च । तथा हि । सप्तत्यधिकशतेष्वार्यखण्डेषु १७० मनुष्या निर्वृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ २, पञ्चाश-

---

बादर नित्य निगोद साधारण वनस्पतिकायिक, सूक्ष्म चतुर्गति निगोद साधारण वनस्पतिकायिक, बादर चतुर्गति निगोद साधारण वनस्पतिकायिक, तथा सप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कायिक और अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कायिक जीव बादर ही होते हैं। इस तरह एकेन्द्रियके चौदह भेद हुए।१४। शंख सीप वगैरह दोइन्द्रिय, कुन्थु चींटी वगैरह तेइन्द्रिय और डांस मच्छर वगैरह चौइन्द्रिय, ये विकलेन्द्रियके तीन भेद हैं।३। कर्मभूमिया जलचर तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय संज्ञी भी होते है और असंज्ञी भी होते हैं। कर्मभूमिया थलचर पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च संज्ञी और असंज्ञी।२। कर्मभूमिया नभचर पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च संज्ञी और असंज्ञी।२। इस तरह कर्मभूमिया पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके छः भेद हुए। इन सबको जोडनेसे १४+३+६=२३ भेद सम्मूर्छन तिर्यञ्चोंके होते हैं। ये तेईस प्रकारके सम्मूर्छन तिर्यञ्च भी तीन प्रकारके होते हैं पर्याप्त, निवृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त। अतः तेईसको तीनसे गुणा करनेपर सब सम्मूर्छन तिर्यञ्चोंके ६९ भेद होते हैं। इनमें पहले कहे हुए गर्भज तिर्यञ्चोंके १६ भेद मिलानेसे सब तिर्यञ्चोंके ६९+१६=८५ पिचासी भेद होते हैं ॥ १३१ ॥ अब मनुष्योंमें जीवसमासके भेद बतलाते हैं। **अर्थ–**आर्यखण्डमें, म्लेच्छखण्डमें, भोगभूमिमें और कुभोगभूमिमें मनुष्य होते हैं। ये चारों ही प्रकार के मनुष्य पर्याप्त और निवृत्त्यपर्याप्त के भेदसे दो प्रकारके होते हैं ॥ **भावार्थ–** आर्यखण्ड, म्लेच्छखण्ड, भोगभूमि और कुभोगभूमिकी अपेक्षा मनुष्य चार प्रकारके होते हैं। तथा ये चारोंही प्रकारके मनुष्य निवृत्त्यपर्याप्त भी होते हैं और पर्याप्त भी होते हैं। इसका खुलासा इस प्रकार है–आर्यखण्ड १७० हैं–पांच भरत सम्बन्धी ५, पांच ऐरावत सम्बन्धी ५, और पांच विदेह सम्बन्धी १६०। क्योंकि एक एक महाविदेहमें बत्तीस बत्तीस उपविदेह होते हैं। तथा आठसौ पचास म्लेच्छखण्ड है; क्योंकि प्रत्येक भरत, प्रत्येक ऐरावत और प्रत्येक उपविदेह क्षेत्रके छः छः खण्ड होते हैं। जिनमेंसे एक आर्यखण्ड होता है, और शेष ५ म्लेच्छखण्ड होते हैं। अतः एक सौ सत्तर आर्यखण्डोंसे पांच गुने म्लेच्छखण्ड होते हैं। इससे १७०×५=८५० आठ सौ पचास म्लेच्छखण्ड हैं। और तीस भोगभूमियां हैं–जिनमें ५ हैमवत् और ५ हैरण्यवत् ये दस जघन्य भोगभूमियां हैं। ५ हरिवर्ष और पांच रम्यक वर्ष ये दस मध्यम भोगभूमियां हैं। और पांच देवकुरु और पांच उत्तरकुरु ये दस उत्कृष्ट भोगभूमियां हैं। इस तरह कुल तीस भोगभूमियां हैं।

---

१ स मिलक्खे, ग मलेच्छ। २ ग भोगभूमीसु। ३ म स ग मणुआ।

दधिकाशतेषु म्लेच्छखण्डेषु ८५० मनुष्या निर्वृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ २, त्रिंशत्सु जघन्यादिभोगभूमिषु ३० मनुष्या निर्वृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ २, समुद्रान्तर्वर्तिषु षण्णवतिकुभोगभूमिषु निर्वृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ २, इति अष्टप्रकारा मनुष्या भवन्ति ॥ १३२ ॥ अथ लब्ध्यपर्याप्तकमनुष्यस्थाननियमं नारकदेवजीवसमासांश्चाह–

संमुच्छिया मणुस्सा अज्जव-खंडेसु होंति[1] णियमेण ।
ते पुण लद्धि[2]-अपुण्णा णारय-देवा वि ते दुविहा ॥ १३३ ॥[3]

[छाया–संमूर्च्छिताः मनुष्याः आर्यखण्डेषु भवन्ति नियमेन । ते पुनः लब्ध्यपूर्णाः नारकदेवाः अपि ते द्विविधाः ॥] आर्यखण्डेषु सप्तत्यधिकशतप्रमाणेषु १७० संमूर्च्छना मनुष्या नियमेन भवन्ति, नियमात् नान्यत्र भोगभूम्यादिषु । पुनः ते संमूर्च्छना मनुष्या लब्ध्यपर्याप्तका एव १ । ते क्व केषु उत्पद्यन्ते इति चेद् भगवत्याराधनाटीकायां प्रोक्तं च । 'शुक्रसिंहाणकश्लेष्मदन्तकर्णमलेषु च । अत्यन्ताशुचिदेशेषु सद्यः संमूर्च्छना भवेयुः ॥' इति । नवप्रकारमनुष्यजीवसमासाः ९ । अपि पुनः नारका देवाश्च ते द्विविधा द्विप्रकाराः । नारकाः पर्याप्ता निर्वृत्त्यपर्याप्ताश्चेति द्वौ २ । भवनवासिव्यन्तरज्योतिष्ककल्पवासिनो देवाः पर्याप्ता निर्वृत्त्यपर्याप्ताश्चेति द्वौ २ । एवममुना प्रकारेणाष्टानवतिजीवसमासाः, जीवाः समस्यन्ते संगृह्यन्ते यैर्येषु वा ते जीवसमासा इति निर्वचनात् ॥ इति श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायां भट्टारकशुभचन्द्रकृतव्याख्यायां इत्यष्टानवतिजीवसमासाः समाप्ताः । ९८ ॥ १३३ ॥ अथ पर्याप्तिभेदान् तल्लक्षणं गाथाद्वयेन प्रतिपादयति–

तथा लवण समुद्र और कालोदधि समुद्रमें जो ९६ अन्तर्द्वीप हैं जिनमेंसे २४ अन्तर्द्वीप लवणसमुद्रके जम्बूद्वीप सम्बन्धी तटके करीबमें हैं और २४ अन्तर्द्वीप धातकी खण्ड सम्बन्धी तटके निकट हैं । इस तरह ४८ अन्तर्द्वीप तो लवण समुद्रमें हैं और इसी प्रकार ४८ अन्तर्द्वीप कालोदधि समुद्रमें हैं, जिनमेंसे चौबीस अभ्यन्तर तटके करीब हैं और २४ बाह्य तटके करीब हैं । इन ९६ अन्तर्द्वीपोंमें कुभोगभूमि है । अतः ९६ कुभोगभूमियां हैं । इन १७० आर्यखण्डोंमें, ८५० म्लेच्छखण्डोंमें, ३० भोगभूमियोंमें और ९६ कुभोगभूमियोंमें रहनेवाले मनुष्य निवृत्त्यपर्याप्तक और पर्याप्तकके भेदसे दो दो प्रकारके होते हैं । इस तरह मनुष्योंके आठ भेद होते हैं ॥ १३२ ॥ अब लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्योंका निवासस्थान बतलाते हुए नारकियों और देवोंमें जीवसमासके भेद बतलाते हैं । **अर्थ**—सम्मूर्छन मनुष्य नियमसे आर्यखण्डोंमें ही होते हैं । और वे लब्ध्यपर्याप्तक ही होते हैं । तथा नारकी और देव निवृत्त्यपर्याप्तक और पर्याप्तकके भेद से दो प्रकारके होते हैं ॥ **भावार्थ**—एक सौ सत्तर आर्यखण्डोंमें ही सम्मूर्छन मनुष्य नियमसे होते हैं, आर्यखण्डके सिवा अन्य भोगभूमि वगैरहमें नहीं होते । तथा वे सम्मूर्छन मनुष्य लब्ध्यपर्याप्तक ही होते हैं । वे सम्मूर्छन मनुष्य कहां उत्पन्न होते हैं ? इस प्रश्नका उत्तर भगवती आराधनामें देते हुए बतलाया है कि वीर्यमें, नाकके सिंहाणकोंमें, कफमें, दाँतके मैल में, कानके मैलमें और शरीरके अत्यन्त गन्दे प्रदेशोंमें तुरन्त ही सम्मूर्छन जीव पैदा हो जाते हैं । अस्तु, इस प्रकार मनुष्यकी अपेक्षा जीव समास के नौ भेद होते हैं । तथा नारकी भी पर्याप्त और निवृत्त्यपर्याप्तकी अपेक्षा दो प्रकारके होते हैं । और भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्क और कल्पवासी देव भी पर्याप्त और निवृत्त्यपर्याप्तकी अपेक्षा दो प्रकारके होते हैं । इस तरह तिर्यञ्चोंके पिचासी,

---

१ ब हुंति । २ ब लद्ध । ३ ब एव अट्ठाणवदी भेया । ४ लग 'राधनायां । ५ ग सिंघाणक ।

आहार-सरीरिंदिय-णिस्सासुस्सास-भास-मणसाणं[1] ।
परिणइ-वावारेसु य जाओ छ च्चेव सत्तीओ ॥ १३४ ॥

[छाया-आहारशरीरेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासभाषामनसाम् । परिणतिव्यापारेषु च याः षडेव शक्तयः ॥] आहार-शरीरेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासभाषामनसां व्यापारेषु ग्रहणप्रवृत्तिषु परिणतयः परिणतिः परिणमनं वा ताः पर्याप्तयः । जाओ याः, सत्तीओ शक्तयः, समर्थता षडेव । एवकारात् न च पञ्च सप्त च । अत्रौदारिकवैक्रियकाहारकशरीरनामकर्मोदयप्रथमसमयमादिं कृत्वा तच्छरीरत्रयषट्पर्याप्तिपर्यायपरिणमनयोग्यपुद्गलस्कन्धान् खलरसभागेन परिणमयितुं पर्याप्तनामकर्मोदयावष्टम्भप्रभूतात्मनः शक्तिनिष्पत्तिराहारपर्याप्तिः । १ । तथापरिणतपुद्गलस्कन्धानां खलभागं अस्थ्यादिस्थिरावयवरूपेण रसभागं रुधिरादिद्रवावयवरूपेण च परिणमयितुं शक्तिनिष्पत्तिः शरीरपर्याप्तिः । २ । आवरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमविजृम्भितात्मनो योग्यदेशावस्थितरूपादिविषयग्रहणव्यापारे शक्तिनिष्पत्तिर्जातिनामकर्मोदयजनितेन्द्रियपर्याप्तिः । ३ । आहारकवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् उच्छ्वासरूपेण परिणमयितुमुच्छ्वासनिःश्वासनामकर्मोदयजनितशक्तिनिष्पत्तिरुच्छ्वासनिःश्वासपर्याप्तिः । ४ । स्वरनामकर्मोदयवशात् भाषावर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् सत्यासत्योभयानुभयभाषारूपेण परिणमयितुं शक्तिनिष्पत्तिः भाषापर्याप्तिः । ५ । मनोवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् अङ्गोपाङ्गनामकर्मोदयबलाधानेन द्रव्यमनोरूपेण परिणमयितुं तद्द्रव्यमनोबलाधानेन नोइन्द्रियावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषेण गुणदोषविचारानु-

---

मनुष्योंके नौ और नारकी तथा देवोंके चार ये सब मिलकर जीव समास के ९८ अठानवें भेद होते हैं। जिनके द्वारा अथवा जिनमें जीवोंका संक्षेपसे संग्रह किया जाता है उन्हें जीवसमास कहते हैं सो इन ९८ जीवसमासोंमें सब संसारी जीवोंका समावेश हो जाता है ॥ १३३ ॥ इस प्रकार स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा की आचार्य शुभचंद्रकृत टीकामें अठानवें जीव समासोंका वर्णन समाप्त हुआ ॥

अब दो गाथाओंके द्वारा पर्याप्तिके भेद और लक्षण कहते हैं। **अर्थ**—आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा और मनके व्यापारोंमें परिणमन करनेकी जो शक्तियां हैं वे छः ही हैं ॥ **भावार्थ**—आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा, और मनके व्यापारोंमें अर्थात् प्रवृत्तियोंमें परिणमन करनेकी जो शक्तियां हैं उन्हींको पर्याप्ति कहते हैं। वे छः ही हैं। पांच नहीं हैं। उनका स्वरूप इस प्रकार है। पर्याप्ति नाम कर्मके उदयसे विशिष्ट आत्माके, औदारिकशरीरनामकर्म, वैक्रियिक शरीरनामकर्म और आहारक शरीर नामकर्मके उदयके प्रथम समयसे लेकर इन तीनों शरीरों और छः पर्याप्तियों रूप होनेके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको, खल भाग और रस भाग रूप परिणामानेकी शक्तिकी पूर्णताको आहार पर्याप्ति कहते हैं ।।१।। तथा जिन स्कन्धोंको खल रूप परिणमाया हो उनको अस्थि आदि कठोर अवयव रूप और जिनको रसरूप परिणमाया हो उनको रुधिर आदि द्रव अवयव रूप परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको शरीर पर्याप्ति कहते हैं ॥ २ ॥ ज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमसे विशिष्ट आत्माके जातिनाम कर्मके उदयके अनुसार योग्य देशमें स्थित रूप आदि विषयोंको ग्रहण करनेकी शक्तिकी पूर्णताको इन्द्रियपर्याप्ति कहते हैं ॥ ३ ॥ उच्छ्वासनिःश्वासनाम कर्मका उदय होनेपर आहार वर्गणारूपसे ग्रहण किये गये पुद्गलस्कन्धोंको श्वासोच्छ्वास रूपसे परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको उच्छ्वासनिःश्वास पर्याप्ति कहते हैं ॥ ४ ॥ स्वर नाम कर्मका उदय होनेसे भाषा वर्गणारूपसे ग्रहण किये गये पुद्गलस्कन्धोंको सत्य, असत्य, उभय और अनुभय

---

१ ब ग सरीरेंदिय। २ ल हास। ३ ब मणुसाणं। ४ ब परिणवइ। ५ ब छच्चेव। ६ क ग मनो इन्द्रिया'।

स्मरणप्रणिधानलक्षणभावमनःपरिणमनशक्तिनिष्पत्तिर्मनःपर्याप्तिः । ६ । पर्याप्तेः प्रारम्भः पूर्णताकालं च कथमिति चेद् गोम्मटसारोक्तगाथामाह । 'पज्जत्तीपट्ठवणं जुगवं तु कमेण होदि णिट्ठवणं । अंतोमुहुत्तकालेणहियकमा तत्तियालावा ॥' समस्तस्वयोग्यपर्याप्तीनां शरीरनामकर्मोदयप्रथमसमये एव युगपत्प्रतिष्ठापनं प्रारम्भो भवति । तु पुनः । तन्निष्ठापनान्यन्तर्मुहूर्तेन क्रमेण तथापि तावन्मात्रालापेनैव भवन्ति ॥ १३४ ॥

तस्सेव कारणाणं पुग्गल-खंधाण जा हु णिप्पत्ती ।
सा पज्जत्ती भण्णदि छब्भेया जिणवरिंदेहिं ॥ १३५ ॥

[छाया-तस्याः एव कारणानां पुद्गलस्कन्धानां या खलु निष्पत्तिः । सा पर्याप्तिः भण्यते षड्भेदा जिनवरेन्द्रैः ॥] तस्सेव तस्याः एव शक्तेः, कारणानां हेतुभूतानां पुद्गलस्कन्धानां आहाराद्यायातपुद्गलस्कन्धानां या निष्पत्तिः शक्तिनिष्पत्तिः समर्थतासिद्धिः, हु इति स्फुटम्, जिनस्वामिभिः सा पर्याप्तिर्भण्यते । सा कतिधा । षड्भेदाः षट्प्रकाराः । आहारपर्याप्तिः १, शरीरपर्याप्तिः २, इन्द्रियपर्याप्तिः ३, आनप्राणपर्याप्तिः ४, भाषापर्याप्तिः ५, मनःपर्याप्तिः ६, इति पर्याप्तयः षट् ॥ १३५ ॥ अथ निर्वृत्त्यपर्याप्तकालं पर्याप्तकालं च लक्षयति-

पज्जत्तिं गिण्हंतो मणु-पज्जत्तिं ण जाव समणोदि[2] ।
ता णिव्वत्ति-अपुण्णो मणै-पुण्णो भण्णदि पुण्णो ॥ १३६ ॥

भाषारूपसे परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको भाषापर्याप्ति कहते हैं ॥ ५ ॥ मनोवर्गणारूपसे ग्रहण किये गये पुद्गल स्कन्धोंको अङ्गोपाङ्ग नामकर्मके उदयकी सहायतासे द्रव्यमनरूपसे परिणमानेकी, तथा उस द्रव्यमनकी सहायतासे और नोइन्द्रियावरण तथा वीर्यान्तरायकर्मका क्षयोपशम होनेसे गुण-दोषका विचार व स्मरण आदि व्यापाररूप भावमनकी शक्तिकी पूर्णताको मनःपर्याप्ति कहते हैं ॥ ६ ॥ पर्याप्तिका आरम्भ कैसे होता है और उसके पूरे होनेमें कितना समय लगता है ? इन बातोंको गोम्मटसारमें इस प्रकार बतलाया है-पर्याप्तियोंका आरम्भ तो एकसाथ होता है किन्तु उनकी समाप्ति क्रमसे होती है । तथा प्रत्येक पर्याप्तिके पूर्ण होनेमें अन्तर्मुहूर्तकाल लगता है और वह अन्तर्मुहूर्त उत्तरोत्तर अधिक २ होता है । किन्तु सामान्यसे एक अन्तर्मुहूर्त कालमें सब पर्याप्तियां पूर्ण हो जाती हैं । आशय यह है कि शरीरनामकर्मका उदय होते ही जीवके अपने योग्य समस्त पर्याप्तियोंका आरम्भ एक साथ होजाता है और समाप्ति पहले आहारपर्याप्तिकी होती है, फिर शरीरपर्याप्तिकी होती है, फिर इन्द्रियपर्याप्तिकी होती है, इस तरह क्रमसे समाप्ति होती है और सब पर्याप्तियां एक अन्तर्मुहूर्तमें निष्पन्न हो जाती हैं ॥ १३४ ॥ **अर्थ**-उस शक्तिके कारण जो पुद्गलस्कन्ध हैं उन पुद्गलस्कन्धोंकी निष्पत्तिको ही जिनेन्द्रदेवने पर्याप्ति कहा है । उस पर्याप्तिके छः भेद हैं ॥ **भावार्थ**-ऊपर जो जीवकी छः शक्तियां बतलाई हैं उन शक्तियोंके हेतुभूत जिन पुद्गलस्कन्धोंको आहार आदि वर्गणारूपसे जीव ग्रहण करता है उन पुद्गलस्कन्धोंका शरीर आदि रूपसे परिणत होजाना ही पर्याप्ति है । आशय यह है पहली गाथामें शक्तिरूप पर्याप्तिको बतलाया है और इस गाथामें उन शक्तियोंका कार्य बतलाया है । जैसे, आहारवर्गणाके द्वारा ग्रहण किये गये पुद्गलस्कन्धोंको खलभाग और रसभाग रूप करनेकी जीवकी शक्तिकी पूर्णताका नाम आहारपर्याप्ति है । वह पर्याप्ति शक्तिरूप है । और इस शक्तिके द्वारा पुद्गलस्कन्धोंको खल भाग और रस भाग रूप कर देना यह

---

१ ग भणिदि छब्भेया । २ म समाणेदि । ३ ब म स मणु- । ४ छ ग भण्णदे ।

[छाया-पर्याप्तिं गृह्णन् मनःपर्याप्तिं न यावत् समाप्नोति । तावन्निर्वृत्त्यपूर्णः मनःपूर्णः भण्यते पूर्णः ॥] जीवः पर्याप्तिं गृह्णन् सन् यावत्कालं मनःपर्याप्तिं न समणोदि न समाप्तिं नयति, परिपूर्णतां न यातीत्यर्थः, ता तावत्कालं निर्वृत्त्यपर्याप्तको जीवः भण्यते । मनःपूर्णः मनःपर्याप्तिपूर्णतां प्राप्तो जीवः पूर्णः पर्याप्तको भण्यते । केचन नेमिचन्द्राचार्यादयः पर्याप्तनिर्वृत्त्यपर्याप्तकालविभागमीदृशं कथयन्ति । तथा हि । 'पज्जत्तस्स य उदये णियणियपज्जत्तिणिट्ठिदो होदि । जाव सरीरमपुण्णं णिव्वत्तियपुण्णगो ताव ॥' पर्याप्तनामकर्मोदये सत्येकेन्द्रियविकलचतुष्कसंज्ञिजीवाः निजनिजचतुःपञ्चषट्पर्याप्तिभिर्निष्ठिताः निष्पन्नशक्तयो भवन्ति । यावत् शरीरपर्याप्तिर्न निष्पन्ना तावत्ते च जीवाः समयोनशरीरपर्याप्तिकालान्तर्मुहूर्तपर्यन्तं । २७।५ । निर्वृत्त्यपर्याप्ता इत्युच्यन्ते । निर्वृत्त्या शरीरनिष्पत्त्या अपर्याप्ता अपूर्णा निर्वृत्त्यपर्याप्ता इति निर्वचनात् ॥ १३६ ॥ अथ लब्ध्यपर्याप्तरूपं निरूपयति-

उस्सासट्ठारसमे भागे जो मरदि ण य समाणेदि ।
एक्को वि य पज्जत्ती लद्धि-अपुण्णो हवे सो दु ॥ १३७ ॥

[छाया-उच्छ्वासाष्टादशमे भागे यः म्रियते न च समाप्नोति । एकाम् अपि पर्याप्तिं लब्ध्यपूर्णः भवेत् स तु ॥] तु पुनः, स जीवः लब्ध्यपर्याप्तको भवेत् । स कः । यो जीवः एक्का वि य पज्जत्ती एकामपि पर्याप्तिं न च समाणेदि न च

कार्यरूप पर्याप्ति है । अथवा यह कहना चाहिये कि यह उस शक्तिका कार्य है । इसी तरह छहों पर्याप्तियोंमें समझ लेना चाहिये ॥ १३५ ॥ अब निर्वृत्त्यपर्याप्त और पर्याप्तका काल कहते हैं । **अर्थ**-जीवपर्याप्तिको ग्रहण करते हुए जबतक मनःपर्याप्तिको समाप्त नहीं करलेता तबतक निर्वृत्त्यपर्याप्त कहाजाता है । और जब मनःपर्याप्तिको पूर्ण कर लेता है तब पर्याप्त कहा जाता है ॥ **भावार्थ**-पर्याप्तिको ग्रहण करता हुआ जीव जबतक मनःपर्याप्तिको पूर्ण नहीं कर लेता तबतक निर्वृत्त्यपर्याप्तक कहा जाता है । और जब मनःपर्याप्तिको पूर्णकर लेता है तब पूर्ण पर्याप्तक कहा जाता है । किन्तु नेमिचन्द्र आदि कुछ आचार्य पर्याप्त और निर्वृत्त्यपर्याप्तके कालका विभाग इस प्रकार बतलाते हैं-'पर्याप्त नामकर्मका उदय होनेपर जीव अपनी अपनी पर्याप्तियोंसे निष्ठित होता है । जबतक उसकी शरीरपर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तबतक वह निर्वृत्त्यपर्याप्त कहा जाता है । आशय यह है कि निर्वृत्त्यपर्याप्तकके भी पर्याप्तनामकर्मका ही उदय होता है । अतः पर्याप्त नामकर्मका उदय होनेपर एकेन्द्रिय जीव अपनी चार पर्याप्तियोंको पूर्ण करनेकी शक्तिसे युक्त होकर उनको पूरा करनेमें लग जाता है, दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव अपनी पांच पर्याप्तियोंको पूर्ण करनेकी शक्तिसे युक्त होकर उन पांचोंको पूरा करनेमें लग जाते हैं । संज्ञीपञ्चेन्द्रिय जीव अपनी छः पर्याप्तियोंको पूरा करनेकी शक्तिसे युक्त होकर उन छहोंको पूरा करनेमें लग जाता है । और जब तक शरीरपर्याप्ति पूर्ण नहीं होती, अर्थात् शरीरपर्याप्तिके अन्तर्मुहूर्तकालमें एक समय कम काल तक वे जीव निर्वृत्त्यपर्याप्त कहे जाते हैं । क्यों कि निवृत्ति अर्थात् शरीरकी निष्पत्तिसे जो अपर्याप्त यानी अपूर्ण होते हैं उन्हें निर्वृत्त्यपर्याप्त कहते हैं ऐसी निर्वृत्त्यपर्याप्त शब्दकी व्युत्पत्ति है । सारांश यह है कि यहां ग्रन्थकारने सैनी पञ्चेन्द्रिय जीवकी अपेक्षासे कथन किया है; क्योंकि मनःपर्याप्ति उसीके होती है । किन्तु अन्य ग्रन्थोंमें 'जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण न हो तबतक जीव निर्वृत्त्यपर्याप्त होता है' ऐसा कथन सब जीवोंकी अपेक्षासे किया है ॥ १३६ ॥ अब लब्ध्यपर्याप्तका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**-जो जीव श्वासके अठ्ठारहवें भागमें मर जाता है और एक भी पर्याप्तिको समाप्त नहीं करपाता, उसे लब्ध्यपर्याप्त

१ ब एका (?), ल म स ग एका । २ म ग लद्धियपुण्णो ।

प्राप्नोति न च समाप्तिं नयति, परिपूर्णतां न नयति। च पुनः। उस्सासट्ठारसमे भागे उच्छ्वासाष्टादशैकभागमात्रे म्रियते स लब्ध्यपर्याप्तकः। तथा गोम्मटसारे प्रोक्तं च। 'उदये दु अपुण्णस्स य सगसगपज्जत्तियं ण णिट्ठवदि। अंतोमुहुत्तमरणं लद्धियपज्जत्तगो सो दु॥' अपर्याप्तनामकर्मोदये सत्येकेन्द्रियविकलचतुष्कसंज्ञिजीवाः स्वस्वचतुःपञ्चषट्पर्याप्तीर्न निष्ठापयन्ति। उच्छ्वासाष्टादशैक $\frac{1}{18}$ भागमात्रे एवान्तर्मुहूर्ते म्रियन्ते ते जीवा लब्ध्यपर्याप्तका इत्युच्यन्ते। लब्ध्या स्वस्य पर्याप्तिनिष्ठापनयोग्यतया अपर्याप्ता अनिष्पन्नाः लब्ध्यपर्याप्ता इति निरुक्तेः। अथैकेन्द्रियादिसंज्ञिपञ्चेन्द्रियपर्यन्तलब्ध्यपर्याप्तकजीवेषु सर्वं निरन्तरजन्ममरणकालप्रमाणम्। गोम्मटसारोक्तगाथात्रयमाह। 'तिण्णि सया छत्तीसा छावट्ठिसहस्सगाणि मरणाणि। अंतोमुहुत्तकाले तावदिया चेव खुद्दभवा॥' १॥ अन्तर्मुहूर्तकाले क्षुद्राणां लब्ध्यपर्याप्तानां मरणानि षट्त्रिंशत्त्रिशताधिकषट्षष्टिसहस्राणि ६६३३६ संभवन्ति। तथा तद्भवा अपि तावन्तः ६६३३६ एव। 'सीदी सट्ठी तालं वियले चउवीस होंति पंचक्खे। छावट्ठिं च सहस्सा सयं च बत्तीसमेयक्खे॥' २॥ ते निरन्तरक्षुद्रभवाः लब्ध्यपर्याप्तेषु एकेन्द्रियेषु द्वात्रिंशदग्रशताधिकषट्षष्टिसहस्राणि भवन्ति ६६१३२। तद्यथा। कश्चिदेकेन्द्रियो लब्ध्यपर्याप्तकः तद्भवप्रथमसमयादारभ्योच्छ्वासाष्टादशैकभागमात्रां स्वस्थितिं जीवित्वा पुनः तदेकेन्द्रिये एवोत्पन्नः तावन्मात्रां स्वस्थितिं जीवितः। एवं निरन्तरमेकेन्द्रियो लब्ध्यपर्याप्तकभवानेव बहुवारं गृह्णाति तदा उत्कर्षसंख्यां ६६१३२ नातिक्रामति। एवमेव द्वीन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तके अशीतिः ८०, त्रीन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तके षष्टिः ६०, चतुरिन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तके चत्वारिंशत् ४०, पञ्चेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तके चतुर्विंशतिः २४, तत्र तु मनुष्यलब्ध्यपर्याप्तकेऽष्टौ ८, असंज्ञिपञ्चेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तकेऽष्टौ ८, संज्ञिपञ्चेन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तकेऽष्टौ ८, मिलित्वा पञ्चेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तके चतुर्विंशतिर्भवन्ति २४। अथैकेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तकस्य निरन्तरक्षुद्रभवसंख्यां स्वामिभेदान् आश्रित्य विभजति। 'पुढविदगागणिमारुदसाहारणथूलसुहुमपत्तेया। एदेसु अपुण्णेसु य एक्केक्के बार खं छक्कं॥' ३॥ पृथिव्यप्तेजोवायुसाधारणवनस्पतयः पञ्चापि प्रत्येकं बादरसूक्ष्मभेदेन दश १०। तथा प्रत्येकवनस्पतिश्चेत्येतेष्वेकादशसु लब्ध्यपर्याप्तकभेदेष्वेकैकस्मिन् भेदे प्रत्येकं द्वादशोत्तरषट्सहस्रनिरन्तरक्षुद्रभवा भवन्ति ६०१२। लब्ध्यपर्याप्तानां मरणानि भवा ६६३३६॥ पृ. सू. ६०१२ + पृ. बा.

कहते हैं॥ **भावार्थ**–वह जीव लब्ध्यपर्याप्तक है जो एक भी पर्याप्तिको पूर्ण नहीं करता और एक श्वासके अट्ठारह भागोंमेंसे एक भागमें ही मर जाता है। गोम्मटसारमें भी कहा है–अपर्याप्त नामकर्मका उदय होनेपर जीव अपनी अपनी पर्याप्तिको पूर्ण नहीं करता और अन्तर्मुहूर्तमें मर जाता है। उसे लब्ध्यपर्याप्तक कहते हैं। अर्थात् एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके अपर्याप्तनामकर्मका उदय होनेपर वे जीव अपनी अपनी चार, पांच या छः पर्याप्तियोंमेंसे एक भी पर्याप्तिको पूर्ण नहीं कर पाते। तथा श्वासके अट्ठारहवें भाग प्रमाण अन्तर्मुहूर्तकालमें ही मर जाते हैं। उन जीवोंको लब्ध्यपर्याप्तक कहते हैं। क्योंकि लब्धि अर्थात् अपनी अपनी पर्याप्तियोंको पूर्ण करनेकी योग्यतासे जो अपर्याप्त अर्थात् अपूर्ण हैं वे लब्ध्यपर्याप्त हैं–ऐसी लब्ध्यपर्याप्त शब्दकी व्युत्पत्ति है। एकेन्द्रियसे लेकर संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्यन्त लब्ध्यपर्याप्तक जीवोंमें निरन्तर जन्ममरणका काल गोम्मटसारमें तीन गाथाओंके द्वारा इस प्रकार कहा है–एक अन्तर्मुहूर्त कालमें क्षुद्र अर्थात् लब्ध्यपर्याप्त जीव ६६३३६ बार मरता है और ६६३३६ बार ही जन्म लेता है। १। उन छियासठ हजार तीन सौ छत्तीस क्षुद्र भवोंमें से ६६१३२ बार तो लब्ध्यपर्याप्त एकेन्द्रियोंमें जन्म लेता है। जिसका खुलासा इस प्रकार है–कोई एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तक जीव अपने भवके प्रथम समयसे लेकर उच्छ्वासके अट्ठारहवें भाग प्रमाण अपनी आयु पूरी करके पुनः एकेन्द्रिय पर्यायमें ही उत्पन्न हुआ। और उच्छ्वासके अट्ठारहवें भाग काल तक जीकर मरगया और पुनः एकेन्द्रियपर्यायमें उत्पन्न हुआ।

१ सर्वत्र 'गोमट्ट' इति पाठः।

६०१२ + अ. सू. ६०१२ + अ. बा. ६०१२ + ते. सू. ६०१२ + ते. बा. ६०१२ + वा. सू. ६०१२ + वा बा. ६०१२ + सा. सू. ६०१२ + सा. बा. ६०१२ + प्र. व. ६०१२ + द्वि. ल. ८० + त्रि. ल. ६० + च. ल. ४० + पं. ल. २४ [= ६६३३६] ॥ प्र. [म.] १ : इ. [म.] ६६३३६ : : फ. [उ.] १/१८ = [ल. उ.] ३६८५ १/३ । [प्र. उ.] १/१८ : [इ. उ.] ३६८५ १/३ : : [फ. म.] १ = [ल. म.] ६६३३६ । [प्र. म.] ६६३३६ : [इ. म.] १ : : [फ. उ.] ३६८५ १/३ = [ल. उ.] १/१८ । [प्र. उ.] ३६८५ १/३ : [इ. उ.] १/१८ : : [फ.] मरणलब्ध ६६३३६ = [ल. म.] १ ॥ मुहूर्तस्य उ. ३७७३, अं. ३६८५ १/३, १ मरण क्ष. उ. १/१८ । [प्र. = प्रमाणराशी, इ. = इच्छाराशी, फ. = फलराशी, ल. = लब्धराशी = उत्तर, अं. = अंतर्मुहूर्त, उ. = उच्छ्वास, म. = मरण। यहां मूलप्रतिकी संदृष्टी आधुनिक त्रैराशिक पद्धतीसे ऊपर लिखी गई है।] ॥ १३७ ॥

अथ पर्याप्तिलब्ध्यपर्याप्त्योः पर्याप्तिसंख्या कथयति-

लद्धियपुण्णे पुण्णं पज्जत्ती एयक्ख-वियल-सण्णीणं ।
चदु-पण-छक्कं कमसो पज्जत्तीए[1] वियाणेह ॥ १३८ ॥

[छाया-लब्ध्यपूर्णे पूर्णं पर्याप्तिः एकाक्षविकलसंज्ञिनाम्। चतुःपञ्चषट्कं क्रमशः पर्याप्तीः विजानीहि ॥] लब्ध्यपर्याप्तके जीवे पर्याप्त्यपूर्णं पर्याप्तम्। लब्ध्यपर्याप्तकजीवानां पर्याप्त्या व्याख्याने परिपूर्णं जातम्। एयक्खादि

इस तरह यदि वह निरन्तर एकेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तमें ही बार बार जन्म लेता है तो ६६१३२ वारसे अधिक जन्म नहीं ले सकता। इसी तरह दो इन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें ८० बार, तेइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें ६० बार, चौइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें ४० बार और पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें २४ बार, उसमें भी मनुष्य लब्ध्यपर्याप्तकमें आठ बार, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकमें आठ बार, और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकमें आठ बार इस तरह मिलकर पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकमें चौबीस बार निरन्तर जन्म लेता है। इससे अधिक जन्म नहीं ले सकता। एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके निरन्तर क्षुद्र भवोंकी संख्या जो ६६१३२ बतलाई है उसका विभाग स्वामिकी अपेक्षासे इस प्रकार है–पृथिवीकाय, जलकाय, तेजकाय, वायुकाय और साधारण वनस्पतिकाय ये पांचों बादर और सूक्ष्मके भेदसे १० होते हैं। इनमें प्रत्येक वनस्पतिको मिलानेसे ग्यारह होते हैं। इन ग्यारह प्रकारके लब्ध्यपर्याप्तकोंमेंसे एक एक भेदमें ६०१२ निरन्तर क्षुद्र भव होते हैं। अर्थात् लब्ध्यपर्याप्त जीव जो एकेन्द्रियपर्यायमें ६६१३२ भव धारण करता है उन भवोंमें से ६०१२ भव पृथिवीकायमें धारण करता है, ६०१२ भव जलकायमें धारण करता है, ६०१२ भव तेजकायमें धारण करता है। इस तरह एकेन्द्रियके ग्यारहों भेदोंमें ६०१२, ६०१२ बार जन्म लेता और मरता है। इस प्रकार एक अन्तर्मुहूर्तकालमें लब्ध्यपर्याप्तक जीव ६६३३६ बार जन्म लेता है, और उतनी ही बार-मरता है ॥ १३७ ॥ गाथा १३७ की संदृष्टिका खुलासा इस प्रकार है– (१) पृथिवीकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(२) पृथिवीकायिक बादरके भव ६०१२+(३) जलकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(४) जलकायिक बादरके भव ६०१२+(५) तेजकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(६) तेजकायिक बादरके भव ६०१२+(७) वायुकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(८) वायुकायिक बादरके भव ६०१२+(९) साधारणकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(१०) साधारणकायिक बादरके भव ६०१२+(११) प्रत्येक वनस्पतिकायिकके भव ६०१२=६६१३२+दोइन्द्रिय लब्ध्य-

---

[1] ब पज्जत्तीअ (?)।

एकेन्द्रियविकलसंज्ञिनां क्रमशः चदुपणछक्कं चतस्रः, पञ्च, षट् च पर्याप्तीर्जानीहि। एकेन्द्रियजीवानाम् आहारशरीरेन्द्रियोच्छ्वासपर्याप्तयश्चतस्रो ४ भवन्ति। द्वित्रिचतुरिन्द्रियासंज्ञिपञ्चेन्द्रियजीवानाम् आहारशरीरेन्द्रियोच्छ्वासभाषापर्याप्तयः पञ्च स्युः ५। संज्ञिपञ्चेन्द्रियजीवानाम् आहारशरीरेन्द्रियोच्छ्वासभाषामनःपर्याप्तयः षट् ६ सन्ति ॥ १३८ ॥ अथ दश प्राणान् लक्षयति—

मण-वयण-काय-इंदिय-णिस्सासुस्सास-आउ-उदयाणं[1] ।
जेसिं जोए जम्मदि मरदि[2] विओगम्मि ते वि दह पाणा ॥ १३९ ॥

[छाया-मनोवचनकायेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासायुरुदयानाम्। येषां योगे जायते म्रियते वियोगे ते अपि दश प्राणाः ॥] येषां मनोवचनकायेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासायुरुदयानां जोए संयोगे जम्मदि जीवो जायते उत्पद्यते, येषां वियोगे सति जीवो म्रियते जीवितव्यरहितो भवति, तेऽपि दश प्राणाः कथ्यन्ते। इत्थंभूतैर्दशभिर्द्रव्यप्राणैः यथासंभवं जीवति

पर्याप्तकके ८०+तेइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके ६०+चौइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके ४०+पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके २४=६६३३६॥ ये ६६३३६ भव एक अन्तर्मुहूर्तमें होते हैं। १)—अतः यदि एक भवका काल एक उच्छ्वासका अट्ठारहवां भाग है तो ६६३३६ भवका काल कितने उच्छ्वास होगा? ऐसा त्रैराशिक करने पर ६६३३६ में $\frac{1}{18}$ का भाग देनेसे लब्ध ३६८५$\frac{1}{3}$ होता है सो इतने उच्छ्वासमें ६६३३६ भव लब्ध्यपर्याप्तक जीव धारण करता है। एक मुहूर्तमें ३७७३ उच्छ्वास होते हैं। अतः ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वास एक एक अन्तमुहूर्तमें हुआ। २)—यदि $\frac{1}{18}$ उच्छ्वासमें १ भव धारण करता है तो ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वासमें कितने भव धारण करेगा ऐसा त्रैराशिक करनेपर ३६८५$\frac{1}{3}$ में १८ का गुणा करनेसे ६६३३६ भव होते हैं। ३)—यदि छियासठ हजार तीन सौ छत्तीस भवका काल ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वास है तो एक भवका काल कितना है ऐसा त्रैराशिक करने पर ६६३३६ से ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वासमें भाग देनेसे एक भवका काल $\frac{1}{18}$ उच्छ्वास आता है। ४)—यदि ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वासमें ६६३३६ भव धारण करता है तो $\frac{1}{18}$ उच्छ्वासमें कितने भव धारण करेगा? ऐसा त्रैराशिक करने पर उत्तर एक भव आता है। अब पर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त जीवोंके पर्याप्तियोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ—**लब्ध्यपर्याप्त जीव तो अपर्याप्तक होता है अतः उसके पर्याप्ति नहीं है। एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवके क्रमसे चार, पांच और छः पर्याप्तियां जानो ॥ **भावार्थ—**लब्ध्यपर्याप्तक जीवके किसी पर्याप्तिकी पूर्ति नहीं होती; क्योंकि वह अपर्याप्तक है। अतः लब्ध्यपर्याप्तक जीवोंके पर्याप्तिका कथन इतनेसे ही पूर्ण हो जाता है। पर्याप्तक जीवोंमें एकेन्द्रियके आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति, इन्द्रियपर्याप्ति, उच्छ्वासपर्याप्ति ये चार पर्याप्तियां होती हैं। दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके आहार, शरीर, इन्द्रिय, उच्छ्वास और भाषा ये पांच पर्याप्तियां होती हैं। संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके आहार, शरीर, इन्द्रिय, उच्छ्वास, भाषा और मन ये छः पर्याप्तियां होती हैं ॥ १३८ ॥ पर्याप्तियोंका कथन करके अब प्राणोंका कथन करते हैं। **अर्थ—**जिन मन, वचन, काय, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास और आयुके उदयके संयोगसे जीव जन्मलेता है और वियोग होनेसे मर जाता है उन्हें प्राण कहते हैं। वे दस हैं **भावार्थ—**जिनके संयोगसे जीवन और वियोगसे मरण होता है उन्हें प्राण कहते हैं वे प्राण दस हैं—मनोबल, वचनबल, कायबल, पांच इन्द्रियां, श्वासोच्छ्वास और आयु। इन दस द्रव्य प्राणोंमें से जो

---

१ छ म ग आउउदयाणं, स आउसहियाणं। २ ब ग मरिदि।

जीविष्यति जीवितपूर्वो वा यो व्यवहारनयात् स जीवः। सत्ताचैतन्यसुखबोधादयः शुद्धभावप्राणाः ॥ १३९ ॥ अथैकेन्द्रियादीनां पर्याप्तानां प्राणसंख्यां ख्यापयति—

एयक्खे चदु पाणा बि-ति-चउरिंदिय-असण्णि-सण्णीणं।
छह सत्त अट्ठ[1] णवयं दह पुण्णाणं कमे पाणा ॥ १४० ॥

[छाया-एकाक्षे चत्वारः प्राणाः द्वित्रिचतुरिन्द्रियासंज्ञिसंज्ञिनाम्। षट् सप्त अष्ट नव दश पूर्णानां क्रमेण प्राणाः ॥] क्रमेण एकेन्द्रियादिषु पर्याप्तकेषु चतुःषट्सप्ताष्टनवदशप्राणा भवन्ति। तथा हि। पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिकानां पर्याप्तकजीवानां स्पर्शनेन्द्रियकायोच्छ्वासनिःश्वासायुःकर्मरूपाश्चत्वारः प्राणाः ४ भवन्ति। शङ्खशुक्तिकवराटिकजलौकादि- द्वीन्द्रियपर्याप्तकजीवानां स्पर्शनरसनेन्द्रियकायवचनानप्राणायूरूपाः षट् प्राणाः ६ स्युः। कुन्थुयूकामत्कुणवृश्चिकादि- त्रीन्द्रियपर्याप्तकजीवानां स्पर्शनरसनघ्राणेन्द्रियकायवचननिःश्वासोच्छ्वासायुर्लक्षणाः सप्त प्राणाः ७ सन्ति। दंशमशकपतङ्ग- भ्रमरादिचतुरिन्द्रियपर्याप्तानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुरिन्द्रियकायवचनानप्राणायूरूपाः अष्टौ ८ प्राणाः। असंज्ञिनाम् अमन- स्कानां तिरश्चां पञ्चेन्द्रियपर्याप्तानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियकायवचनश्वासोच्छ्वासायुःकर्मरूपाः नव प्राणाः ९ विद्यन्ते। संज्ञिनां समनस्कानां देवमनुष्यादीनां पञ्चेन्द्रियपर्याप्तानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियमनोवचनकायप्राणा-

अपने योग्य प्राणोंसे वर्तमानमें जीता है, भविष्यमें जियेगा और भूतकालमें जिया है, व्यवहारनयसे वह जीव है। तथा सत्ता, चैतन्य, सुख और ज्ञान आदि शुद्ध भाव प्राण हैं। आशय यह है कि ऊपर जो दस प्राण बतलाये हैं वे द्रव्य प्राण हैं, जो संसारी जीवोंके पाये जाते हैं। किन्तु मुक्तावस्थामें ये द्रव्य प्राण नहीं रहते, बल्कि सत्ता आदि शुद्ध भाव प्राण रहते हैं। ये भाव प्राण ही जीवके असली प्राण हैं; क्योंकि इनके बिना जीवका अस्तित्व ही नहीं रह सकता। अतः निश्चयनयसे जिसमें ये शुद्ध भाव प्राण पाये जाते हैं वही जीव है। यद्यपि संसारी जीवमें भी ये भाव प्राण पाये जाते हैं, किन्तु वे शुद्ध भाव प्राण नहीं है ॥ १३९ ॥ अब एकेन्द्रिय आदि पर्याप्त जीवोंके प्राणोंकी संख्या बतलाते हैं। **अर्थ**—पर्याप्त एकेन्द्रिय जीवके चार प्राण होते हैं और पर्याप्त दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवके क्रमसे छः, सात, आठ, नौ और दस प्राण होते हैं ॥ **भावार्थ**—पर्याप्त एकेन्द्रिय आदि जीवोंके क्रमसे चार, छः, सात, आठ, नौ और दस प्राण होते हैं। जिसका विवरण इस प्रकार है—पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन इन्द्रिय, कायबल, श्वासोच्छ्वास और आयुकर्म, ये ४ प्राण होते हैं। शंख, सीप, कौडी जोंख आदि दो इन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन और रसना इन्द्रिय, कायबल, वचनबल, श्वासोच्छ्वास और आयु, ये छः प्राण होते हैं। कुंथु, जूं, खटमल, बिच्छु वगैरह तेइन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन, रसना और घ्राण इन्द्रिय, कायबल, वचनबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये सात प्राण होते हैं। डांस, मच्छर, पतङ्ग, भौंरा आदि चौइन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु इन्द्रिय, कायबल, वचनबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये आठ प्राण होते हैं। असैनी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक तिर्यञ्चोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रिय, कायबल, वचनबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये नौ प्राण होते हैं। सैनी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्रेन्द्रिय, मनोबल, वचनबल, कायबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये दस प्राण होते हैं। इन दस

[1] ब सत्तट्ठ।

पानापूर्णसः दश प्राणाः १० भवन्ति । वीर्यान्तरायमतिज्ञानावरणक्षयोपशमजनिताः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रिय-मनोबलप्राणाः ६ भवन्ति । शरीरनामकर्मोदये सति कायबलप्राणाः आनप्राणश्च भवन्ति २ । शरीरनामकर्मोदये स्वरनामकर्मोदये च वचोबलप्राणो भवति १ । आयुःकर्मोदये आयुःप्राणो भवति १ । एवं प्राणानामुत्पत्तिसामग्री सूचिता ॥ १४० ॥ अथ द्विविधानामपर्याप्तानां प्राणसंख्यां विभजति—

दुविहाणमपुण्णाणं इगि[1]-वि-ति-चउरक्ख-अंतिम-दुगाणं ।
तिय चउ पण छह सत्त य कमेण पाणा मुणेयव्वा ॥ १४१ ॥

[छाया—द्विविधानाम् अपूर्णानाम् एकद्वित्रिचतुरक्षान्तिमद्विकानाम् । त्रयः चत्वारः पञ्च षट् सप्त च क्रमेण प्राणाः ज्ञातव्याः ॥] द्विविधानामपूर्णानां निर्वृत्त्यपर्याप्तानां लब्ध्यपर्याप्तानां च । इगि इत्यादि एकद्वित्रिचतुरक्षान्तिमद्विकानाम् एकेन्द्रियद्वीन्द्रियत्रीन्द्रियचतुरिन्द्रियासंज्ञिसंज्ञिपञ्चेन्द्रियाणां क्रमेण प्राणाः मन्तव्याः ज्ञातव्याः । कतिकतीत्यादि त्रयश्चत्वारः पञ्च षट् सप्त च ज्ञातव्याः । तथा हि निर्वृत्त्यपर्याप्तकलब्ध्यपर्याप्तकानामेकेन्द्रियजीवानां स्पर्शनेन्द्रिय-कायबलायुःप्राणास्त्रयो भवन्ति ३, न तु निश्वासोच्छ्वासः । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानां द्वीन्द्रियजीवानां स्पर्शनरसनेन्द्रिय-कायबलायुःप्राणाश्चत्वारो ४ विद्यन्ते, न तु भाषोच्छ्वासौ । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानां त्रीन्द्रियजीवानां स्पर्शनरसनघ्राणेन्द्रिय-कायबलायुःप्राणाः पञ्च ५ सन्ति, न तु भाषोच्छ्वासौ । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानां चतुरिन्द्रियजीवानां स्पर्शनरसन-घ्राणचक्षुरिन्द्रियकायबलायुःप्राणाः षट् ६ स्युः, न तु निश्वासभाषाप्राणौ । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानाम् असंज्ञिजीवानां

प्राणोंमेंसे स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये पांच इन्द्रियां और मनोबल प्राण वीर्यान्तराय और मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे होते हैं। शरीर नाम कर्मका उदय होनेपर कायबल प्राण और श्वासोच्छ्वास प्राण होते हैं। शरीर नाम कर्म और स्वरनामकर्मका उदय होनेपर वचनबल प्राण होता है। और आयुकर्मका उदय होनेपर आयुप्राण होता है। इस तरह प्राणोंकी उत्पत्तिकी सामग्री बतलाई है ॥ १४० ॥ अब दोनों प्रकारके अपर्याप्तकोंके प्राणोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**—दोनों प्रकारके अपर्याप्त एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके क्रमसे तीन, पांच, छः और सात प्राण जानने चाहिये। **भावार्थ**—दोनों प्रकारके अपर्याप्त अर्थात् निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके क्रमसे तीन, चार, पांच, छः और सात प्राण होते हैं अर्थात् निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त एकेन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन इन्द्रिय, कायबल, आयु ये तीन प्राण होते हैं, श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होता। निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त दो इन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन और रसना इन्द्रिय, कायबल, आयु, ये चार प्राण होते हैं, वचनबल और श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होते। निर्वृत्त्य-पर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त तेइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना और घ्राण इन्द्रिय, कायबल और आयु ये पांच प्राण होते हैं, वचनबल और श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होते। निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त चौइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु इन्द्रिय, कायबल और आयु ये छः प्राण होते हैं, वचनबल और श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होते। निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तथा संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रिय, कायबल और आयु ये सात प्राण होते हैं, श्वासोच्छ्वास वचनबल और मनोबल प्राण नहीं होते। शङ्का—पर्याप्ति और प्राणमें क्या भेद है? समाधान—आहारवर्गणा, भाषावर्गणा और मनोवर्गणाके परमाणुओंको आहार, शरीर,

---

१ ग इग।

स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियकायबलायुःप्राणाः सप्त ७ भवन्ति, न तु भाषोच्छ्वासमनःप्राणाः । अत्र पर्याप्तिप्राणयोः को भेदः । आहारशरीरेन्द्रियानप्राणभाषामनोऽर्थग्रहणशक्तिनिष्पत्तिरूपाः पर्याप्तयः, विषयग्रहणव्यापारव्यक्तिरूपाः प्राणाः, इति भेदो ज्ञातव्यः ॥ १४१ ॥ ननु त्रसनाड्या त्रसाः सर्वत्रेति प्रश्ने, अथ विकलत्रयाणां स्थाननियमं निर्दिशति–

वि-ति-चउरक्खा जीवा हवंति णियमेण कम्म-भूमीसु ।
चरिमे दीवे अद्धे चरम[1]-समुद्दे वि सव्वेसु ॥ १४२ ॥

[छाया–द्वित्रिचतुरक्षाः जीवाः भवन्ति नियमेन कर्मभूमिषु । चरमे द्वीपे अर्धे चरमसमुद्रे अपि सर्वेषु ॥] द्वित्रिचतुरिन्द्रिया जीवाः प्राणिनः नियमतः सर्वासु कर्मभूमिषु पञ्चभरतपञ्चैरावतपञ्चविदेहेषु पञ्चदशकर्मधरासु विकलत्रयासंज्ञिजीवा भवन्ति, न तु भोगभूम्यादिषु । अपि पुनः, चरमे द्वीपे अर्धे स्वयंप्रभद्वीपे चरमे तस्यार्धे स्वयंप्रभपर्वतोऽस्ति मानुषोत्तरवत् । तस्य स्वयंप्रभस्य परतः अर्धद्वीपे चरमसमुद्रे स्वयंभूरमणसमुद्रे सर्वस्मिन् द्वित्रिचतुरिन्द्रिया जीवाः । अपिशब्दात् असंज्ञिनो भवन्ति । एते नान्यत्र स्थानेषु ॥ १४२ ॥ अथ मानुषक्षेत्रबहिर्भागेषु तिरश्चामायुःकायादिनियमं निगदति–

माणुस-खित्तस्स बहिं चरिमे[2] दीवस्स अद्धयं जाव[3] ।
सव्वत्थे[4] वि तिरिच्छा हिमवद-तिरिएहिं[5] सारिच्छा ॥ १४३ ॥

[छाया–मानुषक्षेत्रस्य बहिः चरमे द्वीपस्य अर्धकं यावत् । सर्वत्र अपि तिर्यञ्चः हैमवततिर्यग्भिः सदृशाः ॥] मनुष्यक्षेत्रस्य बहिर्भागे चरमे द्वीपस्य स्वयंप्रभद्वीपस्य यावत्, अद्धयं अर्धकं, पुष्करद्वीपार्धस्थितमानुषोत्तरपर्वतात् अग्रे स्वयप्रभद्वीपमध्यस्थितस्वयंप्रभाचलात् अर्वाक्, सव्वत्थे वि सर्वत्रापि, अपरपुष्करार्धद्वीपादिस्वयंप्रभद्वीपार्धपर्यन्तेषु

इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा और मनरूप परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको पर्याप्ति कहते हैं । और पर्याप्तिके पूर्ण हो जानेपर इन्द्रिय वगैरहका विषयोंको ग्रहण करना आदिरूप अपने कार्यमें प्रवृत्ति करना प्राण है । इस तरह दोनोंमें कारण और कार्यका भेद है ॥ १४१ ॥ किसीने प्रश्न किया कि क्या त्रस नाडीमें सर्वत्र त्रस रहते हैं ? इसके समाधानके लिये ग्रन्थकार विकलत्रय जीवोंके निवासस्थानको बतलाते हैं । **अर्थ**–दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय जीव नियमसे कर्मभूमिमें ही होते हैं । तथा अन्तके आधे द्वीपमें और अन्तके सारे समुद्रमें होते हैं ॥ **भावार्थ**–पाच भरत, पांच ऐरावत और पाच विदेह, इन पन्द्रह कर्मभूमियोंमें विकलत्रय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव होते है, भोगभूमि वगैरहमें नहीं होते । तथा जैसे पुष्कर द्वीपके मध्यमें मानुषोत्तर पर्वत पड़ा हुआ है वैसे ही अन्तके स्वयंप्रभद्वीपके बीचमें स्वयंप्रभ पर्वत पड़ा हुआ है । उसके कारण द्वीपके दो भाग हो गये हैं । सो स्वयंप्रभ पर्वतके उस ओरके आधे द्वीपमें और पूरे स्वयंभूरमण समुद्रमें दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय जीव तथा 'अपि' शब्दसे असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव होते हैं । इनके सिवा अन्य स्थानोंमें ये जीव नहीं होते ॥ १४२ ॥ अब मनुष्यलोकसे बाहरके भागोंमें रहनेवाले तिर्यञ्चोंकी आयु और शरीर वगैरहका नियम कहते हैं । **अर्थ**–मनुष्यलोकसे बाहर अन्तके स्वयंप्रभ द्वीपके आधे भाग तक, सब द्वीपोंमें जो तिर्यञ्च रहते हैं वे हैमवत क्षेत्रके तिर्यञ्चोंके समान होते हैं ॥ **भावार्थ**–पुष्करद्वीपके आधे भागमें स्थित मानुषोत्तर पर्वतसे आगे और स्वयंप्रभ द्वीपके मध्यमें स्थित स्वयंप्रभ पर्वतसे पहले अर्थात् पश्चिम पुष्करार्ध द्वीपसे लेकर स्वयंप्रभद्वीपके आधे भाग तक असंख्यात द्वीपोंमें जो संज्ञी पञ्चेन्द्रिय थलचर और नभचर तिर्यञ्च होते हैं वे हैमवत भोगभूमिके तिर्यञ्चोंके

१ ल चरिम । २ ग चरमे । ३ ब जाम । ४ ल स ग सव्वत्थि वि । ५ ब हिमवदितिरियेहि ।

असंख्यातद्वीपेषु, विरञ्चा तिर्यञ्चः, पञ्चेन्द्रियाः संज्ञिनः स्थलचरनभश्चरा भवन्ति। हिमवदतिरिएहिं हैमवतभोगभूमिज-तिर्यग्भिः, सादृश्या आयुःकायाहारयुग्मोत्पत्तिसुखादिभिः सदृशा भवन्ति उत्सेधाः पल्यायुष्काः। सौम्याः मृगादयः पक्षिणश्च स्युरित्यर्थः॥ १४३॥ अथ लवणादिसमुद्रेषु जलचरजीवभावाभावं प्ररूपयति–

लवणोए कालोए अंतिम-जलहिम्मि जलयरा संति।
सेस-समुद्देसु पुणो ण जलयरा संति णियमेण॥ १४४॥

[छाया–लवणोदे कालोदे अन्तिमजलधौ जलचराः सन्ति। शेषसमुद्रेषु पुनः न जलचराः सन्ति नियमेन॥] लवणोदके जलधौ द्विलक्षयोजनप्रमाणसमुद्रे जलचराः द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियजीवाः सन्ति। कालोदकसमुद्रे अष्टलक्ष-योजनप्रमाणे जलचरास्तथा विद्यन्ते। अन्तिमजलधौ चरमस्वयंभूरमणसमुद्रे असंख्यातयोजनप्रमाणे जलचराः द्वित्रिचतुः-पञ्चेन्द्रियप्राणिनो भवन्ति। पुनः शेषसमुद्रेषु सर्वेषु असंख्यातप्रमितेषु नियमतः जलचराः द्वीन्द्रियादयो जीवा न सन्ति। ननु समुद्रेषु जलस्वादः कीदृक् इति चेत्त्रैलोक्यसारगाथामाह। "लवणं वारुणतियमिदि कालदुगंतिमसयंभुरमणमिदि। पत्तेयजलस्सादा अवसेसा होंति इच्छुरसा॥" इति॥ १४४॥ अथ भवनवासिदेवादीनां स्थाननियमं वक्ति–

खरभाय-पंकभाए भावण-देवाण होंति भवणाणि।
विंतर-देवाण तहा दुण्हं पि य तिरिय-लोयम्मि॥ १४५॥

[छाया–खरभागपङ्कभागयोः भावनदेवानां भवन्ति भवनानि। व्यन्तरदेवानां तथा द्वयोरपि च तिर्यग्लोके॥] रत्नप्रभायां प्रथमपृथिव्यामेकलक्षाशीतिसहस्रयोजनबाहुल्यप्रमितायां १८०००० प्रथमखरभागे षोडशसहस्रयोजन-बाहुल्ये असुरकुलं विहाय नाग १ विद्युत् २ सुपर्ण ३ अग्नि ४ वात ५ स्तनित ६ उदधि ७ द्वीप ८ दिक् ९

समान होते हैं। अर्थात् उनकी आयु, शरीर, आहार, युगलरूपमें जन्म और सुख वगैरह जघन्य भोगभूमिके तिर्यञ्चोंके सदृश ही होते हैं। उन्हींके समान वहांके मृग आदि थलचर और पक्षी आदि नभचर तिर्यञ्च सौम्य होते हैं, शरीरकी ऊंचाई भी उन्हींके समान होती है और एक पल्यकी आयु होती है॥ १४३॥ अब लवण आदि समुद्रोंमें जलचर जीवोंके होने और न होनेका कथन करते हैं। **अर्थ**–लवणोद समुद्रमें, कालोद समुद्रमें और अन्तके स्वयंभूरमण समुद्रमें जलचर जीव हैं। किन्तु शेष बीचके समुद्रोंमें नियमसे जलचर जीव नही हैं॥ **भावार्थ**–दो लाख योजन विस्तारवाले लवण समुद्रमें और आठ लाख योजन विस्तारवाले कालोद समुद्रमें दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय जलचर जीव होते हैं। असंख्यात योजन विस्तारवाले अन्तके स्वयंभूरमण समुद्रमें भी दो इन्द्रिय आदि जलचर जीव होते हैं। किन्तु बाकीके सब समुद्रोमें जलचर जीव नियमसे नहीं होते। **शङ्का**–समुद्रोंके जलका स्वाद कैसा है? **समाधान**–त्रैलोक्यसार नामक ग्रन्थमें कहा है कि लवण-समुद्रके जलका स्वाद नमककी तरह है। वारुणीवर समुद्रके जलका स्वाद शराबके जैसा है, घृतवर-समुद्रके जलका स्वाद घीके जैसा है। क्षीरवर समुद्रके जलका स्वाद दूधके जैसा है। कालोद, पुष्कर-वर और स्वयंभूरमण समुद्रोंके जलका स्वाद जलके जैसा है, और शेष समुद्रोंका स्वाद गन्नेके रसके जैसा है॥ १४४॥ अब भवनवासी आदि देवोंका निवासस्थान बतलाते हैं। **अर्थ**–खरभाग और पंकभागमें भवनवासी देवोंके भवन हैं और व्यन्तरोंके भी निवास हैं। तथा इन दोनोंके तिर्यग्लोकमें भी निवास स्थान हैं॥ **भावार्थ**–रत्नप्रभा नामकी पहली पृथिवी एक लाख अस्सी हजार योजन

---

१ ब अंतम। २ ल ग जलचरा। ३ ग विनर। ४ ल म स ग तिरियलोए वि।

कुमाराणां भवनवासिनां नवानां, तथैव राक्षसकुलं विहाय व्यन्तराणां सप्तानां किंनर १ किंपुरुष २ महोरग ३ गन्धर्व ४ यक्ष ५ भूत ६ पिशाचानां ७ भवनानि आवासाः सन्ति। अपिशब्दात् चतुरशीतिसहस्रयोजनप्रमितपङ्कभागे असुरकुमाराणां राक्षसानां चावासा भवन्ति। अशीतिसहस्रयोजनप्रमाणाब्बहुलभागे नारकास्तिष्ठन्ति। प्रसंगप्राप्तमाख्यानमिदम्। अपि दुण्हं पि तिरियलोए द्वयानामपि भवनवासिदेवानां व्यन्तरदेवानां च तिर्यग्लोके आवासाः सन्ति। व्यन्तरा निरन्तरा इति वचनात् सर्वद्वीपसमुद्रेषु तद्वासाः। भवनेषु वसन्तीत्येवंशीला भवनवासिनः। विविधदेशान्तरेषु येषां निवासास्ते व्यन्तराः ॥ १४५ ॥ अथ ज्योतिषां कल्पसुराणां नारकाणां च स्थाननियममाह–

जोइसियाण विमाणा रज्जू-मित्ते वि तिरिय-लोए वि[1]।
कप्प-सुरा उड्ढम्मि[2] य अह-लोए होंति[3] णेरइया ॥ १४६ ॥[5]

[छाया-ज्योतिष्काणां विमाना रज्जूमात्रे अपि तिर्यग्लोके अपि। कल्पसुराः ऊर्ध्वे च अधोलोके भवन्ति नैरयिकाः ॥] रज्जुमात्रे तिर्यग्लोके मध्यलोके चित्राभूमितः उपरि नवत्यधिकानि सप्तशतयोजनानि विहायसि गत्वा तारकाणां विमानाः सन्ति। ततोऽपि योजनदशकं गत्वा सूर्याणां विमानाः। ततः परम् अशीतियोजनानि गत्वा चन्द्राणां विमानाः सन्ति। ततोऽपि योजनचतुष्टयं गते अश्विन्यादिनक्षत्राणां विमानाः। तदनन्तरं योजनचतुष्टये गते बुधानां विमानाः। ततोऽपि योजनत्रये गते शुक्राणां विमानाः। ततः परं योजनत्रये गते बृहस्पतीनां विमानाः। ततो योजनत्रयानन्तरं मङ्गलविमानाः। ततोऽपि योजनत्रयानन्तरं शनैश्चराणां विमानाः। तथा चोक्तं च। "णवदुत्तरसत्तसया दस सीदी चउ दुगं तु तिचउक्कं। तारारविससिरिक्खा बुहभग्गवअंगिरारसणी ॥" इति दशोत्तरशतयोजन ११० बाहुल्यप्रमाणे ज्योतिषां चन्द्रादित्यग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाणां विमानाः व्योमयानानि भवन्ति विद्यन्ते। च पुनः, कप्पसुरा उड्ढम्हि कल्पवासिदेवा ऊर्ध्वलोके। तथा हि आदिमध्यान्तेषु द्वादशाष्टचतुर्योजनवृत्तविष्कम्भा चत्वारिंशत्प्रमितयोजनोत्सेधा या मेरुचूलिका तिष्ठति, तस्या उपरि कुरुभूमिबालाग्रान्तरितं पुनः ऋजुविमानमस्ति। तदादिं कृत्वा चूलिकासहितलक्षयोजनप्रमाणमेरूत्सेधन्यूनमर्धाधिकैकरज्जुप्रमाणं $\frac{3}{2}$ यदाकाशक्षेत्रं तत्पर्यन्तं सौधर्मैशानसंज्ञं स्वर्गयुगलं तिष्ठति। ततः परमर्धाधिकैकरज्जुपर्यन्तं $\frac{3}{2}$ सनत्कुमारमाहेन्द्रसंज्ञं स्वर्गयुगलं भवति। तस्मादर्धरज्जुप्रमाणाकाशपर्यन्तं $\frac{1}{2}$ ब्रह्मब्रह्मोत्तराभिधानं स्वर्गयुगलमस्ति। तस्मादर्धरज्जुपर्यन्तं $\frac{1}{2}$ लान्तवकापिष्ठस्वर्गद्वयं तिष्ठति। ततश्चार्धरज्जुपर्यन्तं $\frac{1}{2}$ शुक्रमहा-

मोटी है। उसका प्रथम भाग, जिसे खर भाग कहते हैं, सोलह हजार योजन मोटा है। उस खर भागमें असुरकुमारोंको छोड़कर बाकीके नागकुमार, विद्युत्कुमार, सुपर्णकुमार, अग्निकुमार, वातकुमार, स्तनितकुमार, उदधिकुमार, द्वीपकुमार और दिक्कुमार नामके नौ भवनवासियोंके भवन हैं। तथा राक्षसोंको छोड़कर किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, भूत और पिशाच, इन सात प्रकारके व्यन्तरोंके आवास हैं। 'अपि' शब्दसे चौरासी हजार योजन मोटे दूसरे पङ्कभागमें असुरकुमारोंके भवन और राक्षसोंके आवास हैं। और अस्सी हजार योजन मोटे तीसरे अब्बहुल भागमें नारकी रहते हैं। यहां नारकियोंका कथन प्रसङ्गवश कर दिया है। अस्तु, इसके सिवा भवनवासी और व्यन्तर देवोंके वासस्थान तिर्यग्लोकमें भी हैं। क्यो कि ऐसा वचन है 'व्यन्तरा निरन्तराः।' अतः सभी द्वीप समुद्रोंमें उनका निवास है। जो भवनोंमें निवास करते हैं उन देवोंको भवनवासी कहते हैं। और विविध देशोंमें जिनका निवास है उन देवोंको व्यन्तर कहते हैं ॥ १४५ ॥ अब ज्योतिषी देव, कल्पवासी देव और नारकियोंका निवास स्थान बतलाते हैं। **अर्थ**–ज्योतिषी देवोंके विमान एक राजुप्रमाण तिर्यग्लोकमें है। कल्पवासी देव ऊर्ध्वलोकमें रहते हैं और नारकी अधोलोकमें रहते हैं। **भावार्थ**–एक राजु प्रमाण मध्यलोकमें, चित्रा भूमिसे ऊपर सातसौ नब्बे योजन जाकर आकाशमें तारोंके विमान हैं।

१ ब लोए मि। २ ल ग उड्ढम्हि, स उड्ढम्हि। ३ ब हुंति। ४ ब स्थितिरेव। बादर इत्यादि। ५ कचिद्गाथान्तेपि संख्याङ्कनिर्देशः। ६ कचित्संख्याङ्कनिर्देशो वाक्यान्ते।

शुक्राभिधानस्वर्गद्वयं ज्ञातव्यम्। तदनन्तरम् अर्धरज्जुपर्यन्तं $\frac{1}{2}$ शतारसहस्रारसंज्ञं स्वर्गयुगलं भवति। ततोऽप्यर्ध-रज्जुपर्यन्तम् $\frac{1}{2}$ आनतप्राणतनामस्वर्गयुगलम्। ततः परमर्धरज्जुपर्यन्तमाकाशं $\frac{1}{2}$ यावदारणाच्युताभिधानस्वर्गद्वयं ज्ञातव्य-मिति। षोडशस्वर्गोपर्येकरज्जुमध्ये नवग्रैवेयकनवानुदिशपञ्चानुत्तरविमानवासिदेवास्तिष्ठन्ति। ततः परं तत्रैव द्वादश-योजनेषु गतेष्वष्टयोजनबाहुल्या मनुष्यलोकवत् पञ्चाधिकचत्वारिंशल्लक्षयोजनविस्तारा ४५००००० मोक्षशिला भवति। तस्या उपरि घनोदधिघनवाततनुवातत्रयमस्ति। तत्र तनुवातमध्ये लोकान्ते केवलज्ञानाद्यनन्तगुणसहिताः सिद्धाश्च तिष्ठन्तीति। अहलोए णारया होंति, अधोलोके अधोभागे मेरोराधारभूता रत्नप्रभाख्या प्रथमपृथिवी, तस्यास्तृतीये अब्बहुलभागे अशीतिसहस्रयोजनबाहुल्ये रत्नप्रभाभूमौ घर्मानाम्नि प्रथमनरके त्रयोदशपटलेषु त्रिंशल्लक्षबिलेषु ३०००००० नारका वसन्ति तिष्ठन्ति। शर्कराप्रभाभूमौ वंशानामनि द्वितीयनरके एकादशपटलेषु पञ्चविंशतिलक्षबिलेषु नारकाः सन्ति। वालुका-

---

उससे भी दस योजन ऊपर जाकर सूर्योंके विमान हैं। उससे ऊपर अस्सी योजन जाकर चन्द्रमाओंके विमान हैं। उससे भी चार योजन ऊपर जाकर अश्विनी आदि नक्षत्रोंके विमान हैं। उससे ऊपर चार योजन जाकर बुधग्रहोंके विमान हैं। उससे ऊपर तीन योजन जाकर शुक्रग्रहोंके विमान हैं। उससे ऊपर तीन योजन जाकर बृहस्पति ग्रहोंके विमान हैं। उससे ऊपर तीन योजन जानेपर मंगलग्रहोंके विमान हैं। उससे भी ऊपर तीन योजन जानेपर शनिग्रहोंके विमान हैं। कहा भी है–"७९० योजनपर तारा हैं, उससे दस योजन ऊपर सूर्य है। सूर्यसे अस्सी योजन ऊपर चन्द्रमा है। चन्द्रमासे चार योजनपर नक्षत्र और नक्षत्रसे चार योजनपर बुध है। बुधसे तीन योजनपर शुक्र, उससे तीन योजन ऊपर बृहस्पति, उससे तीन योजन ऊपर मंगल और उससे तीन योजन ऊपर शनि है।" इस तरह एक सौ दस योजनकी मोटाईमें चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्णक तारोंके विमान रहते हैं। और कल्पवासी देव ऊर्ध्वलोकमें रहते हैं। सो सुमेरु पर्वतकी चूलिका (चोटी) का विस्तार नीचे बारह योजन, मध्यमें आठ योजन और ऊपर चार योजन है तथा ऊँचाई चालीस योजन है। उस चूलिकासे ऊपर उत्तरकुरु भोगभूमिके मनुष्यके बालके अग्रभाग जितना अन्तर देकर ऋजु नामक विमान है। उस ऋजु विमानसे लेकर चूलिका सहित मेरुकी ऊँचाई एक लाख चालीस योजनसे हीन डेढ़ राजू प्रमाण आकाश प्रदेश पर्यन्त सौधर्म और ऐशान नामका स्वर्गयुगल है। उससे ऊपर डेढ़ राजु तक सनत्कुमार और माहेन्द्र नामका स्वर्गयुगल है। उससे ऊपर आधा राजु आकाशपर्यन्त ब्रह्म और ब्रह्मोत्तर नामका स्वर्गयुगल है। उससे ऊपर आधा राजुपर्यन्त लान्तव और कापिष्ठ नामका स्वर्गयुगल है। उससे ऊपर आधा राजुपर्यन्त शुक्र और महाशुक्र नामका स्वर्गयुगल है। उससे ऊपर आधा राजु पर्यन्त शतार और सहस्रार नामका स्वर्गयुगल है। उससे ऊपर आधा राजुपर्यन्त आनत और प्राणत नामका स्वर्गयुगल है। उससे ऊपर आधा राजु पर्यन्त आरण और अच्युत नामका स्वर्ग युगल है। इन सोलह स्वर्गोंसे ऊपर एक राजुके भीतर नौ ग्रैवेयक, नौ अनुदिश और पांच अनुत्तर विमानोंके वासी देव रहते हैं। अनुत्तर विमानोंसे बारह योजन ऊपर जानेपर उसी एक राजुके भीतर आठ योजनकी मोटी सिद्धशिला है, जिसका विस्तार मनुष्यलोककी तरह पैंतालीस लाख योजन है। उसके ऊपर घनोदधिवात, घनवात और तनु-वात नामके तीन वातवलय हैं। उनमेंसे लोकके अन्तमें तनुवातवलयमें केवल ज्ञान आदि अनन्त गुणोंसे युक्त सिद्ध परमेष्ठी विराजमान हैं। इस तरह ऊर्ध्व लोकमें वैमानिक देवोंका निवास है। तथा अधो-लोकमें नारकी रहते हैं। सो अधोलोकमें मेरु पर्वतकी आधारभूत रत्नप्रभा नामकी पहली पृथिवी है।

प्रभापृथिव्यां मेघानाम्नि तृतीयनरके नवपटलस्थितपञ्चदशलक्षबिलेषु नारकाः स्युः। पङ्कप्रभाभूमौ अञ्जनानामचतुर्थनरके सप्तपटलस्थितदशलक्षबिलेषु नारका तिष्ठन्ते। धूमप्रभापृथिव्यां रिष्टानामपञ्चमनरके पञ्चपटलस्थितत्रिलक्षबिलेषु नारका भवन्ति। तमःप्रभाभूमौ मघवीनामषष्ठनरके त्रिपटलस्थितपञ्चोनलक्षबिलेषु नारकाः सन्ति। महातमःप्रभाभूमौ सप्तमे नरके एकपटलस्थितपञ्चबिलेषु नारका भवन्ति। एवमेकोनपञ्चाशत्पटलस्थित ४९ चतुरशीतिलक्ष ८४००००० नरकबिलेषु पूर्वपापोदयकर्मपीडिताः पञ्चप्रकारदुःखाक्रान्ता नारका भवन्ति। रत्नप्रभादिपृथिवीनां प्रत्येकं घनोदधि-घनवाततनुवातत्रयमाधारभूतं भवतीति विज्ञेयम्। अच्छर्ण स्थानं गतम् ॥ १४६ ॥ अथ तेजस्कायिकादिजीवानां संख्यां गाथापञ्चकेनाह–

बादर-पज्जत्ति-जुदा घण-आवलिया-असंख-भागा दु।
किंचूण-लोय-मित्ता तेऊ-वाऊ जहा-कमसो ॥ १४७ ॥

[छाया–बादरपर्याप्तियुताः घनावलिका-असंख्यभागाः तु। किंचिदूनलोकमात्राः तेजोवायवः यथाक्रमशः ॥] यथाक्रमशः अनुक्रमतः, तेऊ तेजस्कायिका जीवा बादराः स्थूलाः पर्याप्तियुक्ताः घनावलिकाऽसंख्यभागमात्रा भवन्ति। तु पुनः, वायुकायिकाः प्राणिनः बादराः स्थूलाः पर्याप्ताः किंचिदूनलोकमात्राः। गोम्मटसारे च तन्मानमुक्तमाह।

उसके तीन भाग हैं। तीसरा अब्बहुल भाग अस्सी हजार योजन मोटा है। उसमें घर्मा नामका प्रथम नरक है। उस नरकमें तेरह पटल हैं, और तेरह पटलोमें तीस लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे शर्कराप्रभा नामकी भूमिमें वंशा नामका दूसरा नरक है। उस नरकमें ग्यारह पटल हैं और उन पटलोंमें पचीस लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे वालुकाप्रभा नामकी पृथिवीमें मेघा नामका तीसरा नरक है। उसमें नौ पटल हैं। उन पटलोंमें पन्द्रह लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे पङ्कप्रभा नामकी भूमिमें अंजना नामका चौथा नरक है। उस नरकमें सात पटल हैं। उन पटलोंमें दस लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे धूमप्रभा नामकी पृथिवीमें अरिष्टा नामका पाचवा नरक है। उस नरकमें पांच पटल हैं। उन पटलोंमें तीन लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे तमःप्रभा नामकी पृथ्वीमें मघवी नामका छठा नरक है। उसमें तीन पटल हैं। उन पटलोंमें पांच कम एक लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे महातमःप्रभा नामकी पृथिवीमें माघवी नामका सातवां नरक है। उसमें एकही पटल है और उस एक पटलमें कुल पांच बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। इस तरह सातों नरकोंके ४९ पटलोंमें कुल चौरासी लाख बिल हैं। और इन बिलोंमें पूर्वजन्ममें उपार्जित पापकर्मसे पीड़ित और पांच प्रकारके दुःखोंसे घिरे हुए नारकी निवास करते हैं। रत्नप्रभा आदि सातों पृथिवियोंमेंसे प्रत्येकके आधारभूत घनोदधि, घन और तनु ये तीन वातवलय हैं ॥ १४६ ॥ अब पांच गाथाओंसे तेजस्कायिक आदि जीवोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**–बादर पर्याप्त तेजस्कायिक और वायुकायिक जीव क्रमसे घनावलीके असंख्यातवें भाग और कुछ कम लोक प्रमाण हैं॥ **भावार्थ**–क्रमानुसार बादर पर्याप्त तेजस्कायिक जीव घनावलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। और बादर पर्याप्त वायुकायिक जीव कुछ कम लोक प्रमाण हैं। गोम्मटसारमें उनका प्रमाण इस प्रकार बतलाया है–'घनावलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण तो बादर पर्याप्त तेजस्कायिक जीव हैं और लोक-

---

१ ब ग बादर। २ ल ग किंचूणा।

" बिंदावलिलोगाणमसंखं संखं च तेउवाऊणं । पज्जत्ताण पमाणं तेहिं विहीणा अपज्जत्ता ॥" घनावलेरसंख्यातमेकैकभागमात्राः बादरतेजस्कायिकपर्याप्तजीवा भवन्ति ऌ । तथा लोकस्य संख्यातमेकैकभागप्रमिताः बादरवायुकायिकपर्याप्तजीवा भवन्ति ॥ १४७ ॥

पुढवी-तोयं-सरीरा पत्तेया वि य पइट्ठिया इयरा ।
होंति[1] असंखा सेढी पुण्णापुण्णा य तह य तसा ॥ १४८ ॥

[छाया-पृथ्वीतोयशरीराः प्रत्येकाः अपि च प्रतिष्ठिताः इतरे । भवन्ति असंख्यातश्रेणयः पूर्णापूर्णाः च तथा च त्रसाः ॥] पृथिवीकायिका जीवाः १, तोयकायिका जीवाः २, प्रत्येकाः प्रत्येकवनस्पतिकायिका जीवाः ३, अपि च प्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिका जीवाः ४, इतरे अप्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिकाः ५, एते सर्वेऽपि पूर्णापूर्णाश्च पर्याप्ता अपर्याप्ताश्च १० । एते दश प्रकाराः प्रत्येकं असंख्यातश्रेणिमात्राः -a । तह य तसा तथा च त्रसाः पर्याप्ता अपर्याप्ताश्च । एतेऽपि दशप्रकारा भवन्ति द्वित्रिचतुरिन्द्रियपञ्चेन्द्रियसंश्यसंज्ञिभेदात् । एतेऽपि असंख्यातश्रेणिमात्राः भवन्ति =/४/२/a । पज्जत्तकाय =/४/५ । अपज्जत्तकाय =/४/a-५ ॥ १४८ ॥

बादर[2]-लद्धि-अपुण्णा[3] असंख-लोया हवंति पत्तेया ।
तह य अपुण्णा सुहुमा पुण्णा वि य संख-गुण-गणिया ॥ १४९ ॥

राशिके संख्यातवें भाग प्रमाण बादर पर्याप्त वायुकायिक जीव हैं । और बादर तेजस्कायिक तथा बादर वायुकायिक जीवोंके प्रमाणमेंसे बादर पर्याप्त तेजस्कायिकोंका तथा बादर पर्याप्त वायुकायिक जीवोंका प्रमाण कम कर देनेसे जो शेष रहे उतना बादर अपर्याप्त तेजस्कायिक तथा बादर अपर्याप्त वायुकायिक जीवोंका प्रमाण होता है ॥' इस प्रकार घनावलीके असंख्यात भागोंमेंसे एक भाग प्रमाण बादर पर्याप्त तेजस्कायिक जीव होते हैं । और कुछ कम लोक प्रमाण (गोम्मटसारके मतसे लोकके संख्यात भागोंमेंसे एक भाग प्रमाण) बादर वायुकायिक पर्याप्त जीव होते हैं ॥ १४७ ॥ अब पृथिवी कायिक आदि जीवोंकी संख्या कहते हैं । **अर्थ**–पृथिवीकायिक, अप्कायिक, प्रत्येक वनस्पतिकायिक, प्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित तथा त्रस, ये सब पर्याप्त और अपर्याप्त जीव जुदे जुदे असंख्यात जगत्श्रेणिप्रमाण होते हैं ॥ **भावार्थ**–पृथिवीकायिक जीव, जलकायिक जीव, प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव, प्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव, अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव ये सब पर्याप्त और अपर्याप्तके भेदसे दस हुए । इन दसों प्रकारके जीवोंमेंसे प्रत्येकका प्रमाण असंख्यात जगत्श्रेणि है । तथा त्रस भी दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञिपञ्चेन्द्रिय और संज्ञिपञ्चेन्द्रियके भेदसे पांच प्रकारके होते हैं । तथा ये पांचों पर्याप्त और अपर्याप्तके भेदसे दो प्रकारके होते हैं । ये दसों प्रकारके त्रस जीव भी असंख्यात जगतश्रेणि प्रमाण होते हैं ॥ १४८ ॥ **अर्थ**–प्रत्येक वनस्पतिकायिक बादर लब्ध्यपर्याप्तक जीव असंख्यात लोक प्रमाण हैं । सूक्ष्म अपर्याप्तक जीव भी असंख्यात लोक प्रमाण हैं और सूक्ष्मपर्याप्तक जीव संख्यातगुने हैं । **भावार्थ**–प्रत्येक वनस्पति कायिक बादर लब्ध्यपर्याप्तक जीव असंख्यात लोक प्रमाण हैं । सूक्ष्मलब्ध्यपर्याप्तक जीव भी यद्यपि असंख्यात लोक प्रमाण हैं । किन्तु उनसे संख्यातगुने हैं । तथा सूक्ष्म पर्याप्त जीव उनसेभी संख्यातगुने हैं ॥ [यहां जो संख्या बतलाई

---

[1] ग पुढवीयतोय । [2] ब हुंति । [3] ब वायर । [4] म स ग लद्धियपुण्णा ।

[छाया-बादरलब्ध्यपूर्णाः असंख्यलोकाः भवन्ति प्रत्येकाः। तथा च अपूर्णाः सूक्ष्माः पूर्णाः अपि च संख्यगुणगणिताः ॥] पत्तेया प्रत्येकवनस्पतिकायिकाः बादरलब्ध्यपर्याप्तकाः असंख्यातलोकमात्राः ≡ a भवन्ति। तह य तथा च सुहुमा सूक्ष्माः अपुण्णा लब्ध्यपर्याप्तकाः संख्यातगुणितक्रमाः स्युः। अपि पुनः, सूक्ष्माः पर्याप्ताः संख्यातगुणाकारगुणितक्रमा भवन्ति ॥ १४९ ॥

सिद्धा संति अणंता सिद्धाहिंतो[1] अणंत-गुण-गुणिया।
होंति णिगोदा जीवा भागमणंतं अभव्वा य ॥ १५० ॥

[छाया-सिद्धाः सन्ति अनन्ताः सिद्धेभ्यः अनन्तगुणगुणिताः। भवन्ति निगोदाः जीवाः भागमनन्तं अभव्याः च ॥] सिद्धाः सिद्धपरमेष्ठिनः कर्मकलङ्कविमुक्तजीवाः अनन्ता द्विकवारानन्तसंख्योपेताः सन्ति भवन्ति। सिद्धाहिंतो सिद्धेभ्यः सिद्धराशेः निगोदा जीवाः, नि नियतां गां भूमिं क्षेत्रं ददातीति अनन्तानन्तजीवानाम् इति निगोदाः साधारणजन्तवोऽनन्तगुणकारगुणिताः १३ ≡ भवन्ति। च पुनः, अभव्या जीवाः सिद्धानन्तैकभागमात्रा जघन्ययुक्तानन्तमात्रा भवन्ति ॥ १५० ॥

सम्मुच्छिमा[2] हु मणुया सेढियसंखिज्ज-भाग-मित्ता हु।
गब्भज-मणुया सव्वे संखिज्जा होंति णियमेण ॥ १५१ ॥[4]

है उसमें और गोम्मटसारमें बतलाई हुई संख्यामें अन्तर है। तथा इस गाथामें जो 'पत्तेया' शब्द है उसका अर्थ टीकाकारने प्रत्येक वनस्पतिकायिक किया है। किन्तु मुझे यह अर्थ ठीक प्रतीत नहीं होता। क्यों कि यदि ऐसा अर्थ किया जाये तो प्रथम तो चूंकि प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव सब बादर ही होते हैं। अतः प्रत्येक वनस्पति बादर लब्ध्यपर्याप्तक कहना उचित नहीं जंचता। दूसरे, शेष पृथिवीकायिक आदि बादर लब्ध्य पर्याप्तकोंकी संख्या बतलानेसे रह जाती है। अतः 'पत्तेया'का अर्थ यदि प्रत्येक मात्र किया जाये तो अर्थकी संगति ठीक बैठती है। अर्थात् प्रत्येक पृथिवीकायिक आदि बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंका प्रमाण असंख्यात लोक है। ऐसा अर्थ करनेसे बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंका प्रमाण बतलाकर फिर सूक्ष्मलब्ध्यपर्याप्तकोंका प्रमाण बतलाना और फिर सूक्ष्म पर्याप्तकोंका प्रमाण बतलाना ठीक और संगत प्रतीत होता है। अनु०] ॥ १४९ ॥ **अर्थ**–सिद्ध जीव अनन्त हैं। सिद्धोंसे अनन्तगुने निगोदिया जीव हैं। और सिद्धोंके अनन्तवें भाग अभव्य जीव हैं ॥ **भावार्थ**–कर्मकलङ्कसे रहित सिद्धपरमेष्ठी जीव अनन्तानन्त हैं। जो एक सीमित स्थानमें अनन्तानन्त जीवोंको स्थान देते हैं उन्हें निगोदिया अथवा साधारणवनस्पतिकायिक जीव कहते हैं। सिद्ध जीवोंकी राशिसे अनन्तगुने निगोदिया जीव हैं। तथा सिद्ध राशिके अनन्तवें भाग अभव्य जीव हैं, जो जघन्य युक्तानन्त प्रमाण होते हैं। सारांश यह है कि अनन्तके तीन भेद हैं परीतानन्त, युक्तानन्त और अनन्तानन्त। इनमेंसे भी प्रत्येकके जघन्य मध्यम और उत्कृष्टकी अपेक्षासे तीन तीन भेद हैं। सो सिद्ध जीव तो अनन्तानन्त हैं, क्योंकि अनादिकालसे जीव मोक्ष जारहे हैं। निगोदिया जीव सिद्धोसे भी अनन्तगुने हैं, क्योंकि एक एक निगोदिया शरीरमें अनन्त निगोदिया जीव रहते हैं। तथा अभव्य जीव, जो कभी मोक्ष नहीं जा सकेंगे, जघन्य युक्तानन्त प्रमाण हैं। यह राशि सिद्ध राशिको देखते हुए उसके अनन्तवे भाग मात्र है ॥ १५० ॥ **अर्थ**–सम्मूर्छन मनुष्य जगत्श्रेणिके

---

१ म सिद्धेहिंतो। २ ब समुच्छिमा, छ म स सम्मुच्छिया, ग सम्मुच्छिया। ३ ब सेढिअसं०। ४ ब संखा छ। देवा वि इत्यादि।

[छाया-संमूर्छनाः खलु मनुजाः श्रेण्यसंख्यातभागमात्राः खलु। गर्भजमनुजाः सर्वे संख्याताः भवन्ति नियमेन ॥] सन्मूर्च्छना मनुष्या लब्ध्यपर्याप्तका एव। सेढियसंखिज्जभागमित्ता श्रेणेरसंख्यातैकभागमात्राः ॐ भवन्ति। नियमतः सर्वे गर्भजमनुष्याः संख्यातमात्राः स्युः ७। तथा गोम्मटसारे मनुष्यगतिजीवसंख्या गाथात्रयेणोक्ता च। "सेढी सूई-अंगुलआदिमतदियपदभाजिदेगूणा। सामण्णमणुसरासी पंचमकदिघणसमा पुण्णा ॥" जगच्छ्रेणिं सूच्यङ्गुलस्य प्रथम-मूलतृतीयमूलाभ्यां भक्त्वा तल्लब्धे एकरूपेऽपनीते स राशिः सामान्यमनुष्यराशिः स्यात्। $\frac{-}{1}$, $\frac{-}{3}$। द्विरूपवर्गधारासंबन्धि-पञ्चमवर्गस्य बादालसंज्ञस्य घनप्रमाणाः पर्याप्तमनुष्या भवन्ति। ४२ =। ४२ =। ४२ =। अस्मिन् राशौ परस्परं गुणिते यल्लब्धं तं राशिमक्षरसंज्ञयाङ्कक्रमेण कथयति। "तललीनमधुगविमलं धूमसिलागाविचोरमयमेरू। तटहरिखझसा होंति हु माणुसपज्जत्तसंखंका ॥" सप्तचतुर्वारकोटिद्वानवतिलक्षाष्टाविंशतिसहस्रैकशतद्वाषष्टित्रिवारकोट्येकपञ्चाशल्लक्षद्वा-चत्वारिंशत्सहस्रषट्शतत्रिचत्वारिंशद्द्विवारकोटिसप्तत्रिंशल्लक्षैकोनषष्टिसहस्रत्रिशतचतुःपञ्चाशत्कोट्येकाञ्चत्वारिंशल्लक्षपं-चाशत्सहस्रत्रिशतषट्त्रिंशत्प्रमिता पर्याप्तमनुष्याणां संख्या भवति। ७,९२२८१६२,५१४२६४३,३७५९३५४,-३९५०३३६। 'पज्जत्तमणुस्साणं तिचउत्थो माणुसीण परिमाणं। सामण्णा पुण्णूणा मणुव अपज्जत्तगा होंति ॥' पर्याप्त-मनुष्यराशेः त्रिचतुर्भागो मानुषीणां द्रव्यस्त्रीणां परिमाणं भवति। ४२ = ४२ = ४२ = $\frac{3}{4}$। सामान्यमनुष्यराशौ पर्याप्त-मनुष्यराशावपनीते अपर्याप्तमनुष्यप्रमाणं भवति $\frac{-}{1}$, $\frac{-}{3}$ - ७। इति संख्या गता। १५१ ॥ अथ सान्तरमार्गणामाह-

---

असंख्यातवें भाग मात्र हैं। और गर्भज मनुष्य नियमसे संख्यातही हैं॥ **भावार्थ**-सम्मूर्छन मनुष्य लब्ध्य-पर्याप्तक ही होते हैं। उनका प्रमाण श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र है। तथा सब गर्भज मनुष्य निय-मसे संख्यात ही होते हैं। गोम्मटसारमें भी तीन गाथाओंके द्वारा मनुष्य गतिमें जीवोंकी संख्या इस प्रकार बतलाई है-सूच्यंगुलके प्रथम वर्गमूल और तृतीय वर्गमूलसे जगत् श्रेणिमें भाग दो। जो लब्ध आवे उसमें एक कमकर लो। उतना तो सामान्य मनुष्यराशिका प्रमाण है। तथा द्विरूप वर्गधारा सम्बन्धी पाँचवें वर्गका, जिसे बादाल कहते हैं, घन प्रमाण पर्याप्त मनुष्योंका प्रमाण हैं। आशय यह है कि दोसे लेकर जो वर्गकी धारा चलती है उसे द्विरूपवर्गधारा कहते हैं। जैसे २ × २ = ४ यह प्रथम वर्ग है। ४ × ४ = १६ यह दूसरा वर्ग है। १६ × १६ = २५६ यह तीसरा वर्ग है। २५६ × २५६ = ६५५३६ यह चौथा वर्ग है। ६५५३६ × ६५५३६ = ४२९४९६७२९६ यह पांचवा वर्ग है। इसके शुरुके ४२ के अंकके ऊपरसे इस संख्याका संक्षिप्त नाम बादाल है। इस बादालको तीन बार परस्परमें गुणा करनेसे (४२९४९६७२९६ × ४२९४९६७२९६ × ४२९४९६७२९६) जो राशि पैदा होती है गोम्मटसारमें अक्षरोंके संकेतके द्वारा एक गाथामें उस राशिको इसप्रकार बतलाया है 'तललीनमधुगविमलं धूमसिलागाविचोरमयमेरू। तटहरिखझसा होंति हु माणुसपज्जत्तसंखंका।' ॥ २ ॥ इसका अर्थ समझनेके लिये अक्षरोंके द्वारा अंकोंको कहनेकी विधि समझ लेनी चाहिये जो इस प्रकार है-ककारसे लेकर झकार तकके नौ अक्षरोंसे एक से लेकर नौ तकके अंक लेना चाहिये। इसी तरह टकारसे लेकर धकार तकके नौ अक्षरोंसे एक, दो, तीन आदि अंक लेना चाहिये। इसी तरह पकारसे लेकर मकार तकके अक्षरोंसे एक दो आदि पांच अंक तक लेना चाहिये। इसी तरह यकारसे लेकर हकार तकके आठ अक्षरोंसे क्रमशः एकसे लेकर आठ अंक तक लेना चाहिये। जहाँ कोई स्वर हो, या ञकार हो अथवा नकार लिखा हो तो वहाँ शून्य लेना। सो यहाँ इस विधिसे अक्षरोंके द्वारा अंक कहे हैं। उन अंकोंको बाई ओरसे लिखनेसे वे इस प्रकार होते हैं-७,९२२८१६२,५१४२६४३,३७५-९३५४,३९५०३३६। सो सात कोड़ाकोड़ी कोड़ाकोड़ी, बानवे लाख अठाईस हजार एकसौ बासठ

देवा वि णारया वि य लद्धियपुण्णा हु संतरा[1] होंति ।
सम्मुच्छिया[2] वि मणुया सेसा सव्वे णिरंतरया ॥ १५२[3] ॥

[छाया-देवाः अपि नारका अपि च लब्ध्यपूर्णाः खलु सान्तराः भवन्ति । संमूर्च्छिताः अपि मनुजाः शेषाः सर्वे निरन्तरकाः ॥] देवा वि य देवाः, अपि पुन, नारकाः अपि च, अपिशब्दात् देवानां नारकाणां च उत्पत्तिमरणान्तरं लभ्यते चतुर्णिकायदेवाना सप्तनरके नारकाणा च गोम्मटसारादौ अन्तरप्रतिपादनात्। हु स्फुटम्। लब्ध्यपर्याप्ताः सम्मूर्च्छनमनुष्याः पल्यासंख्यभागमात्रान्तरमुत्कृष्टेन, शेषाः एकेन्द्रियादयः सर्वे निरन्तराः अन्तररहिताः। तथा गोम्मटसारे गाथात्रयेण प्रोक्तं च । "उवसमसुहुमाहारे वेगुव्वियमिस्सणरअपज्जते । सासणसम्मे मिस्से सांतरगा मग्गणा अट्ठ ॥ सत्तदिणा छम्मासा वासपुधत्तं च बारस मुहुत्ता । पल्लासंखं तिण्हं वरमवरं एक्कसमओ दु ॥" लोके नानाजीवापेक्षया विवक्षितगुणस्थानं मार्गणास्थानं वा त्यक्त्वा गुणान्तरे मार्गणास्थानान्तरे वा गत्वा पुनर्यावत्तद्विवक्षितगुणस्थानं मार्गणास्थानं वा नायाति तावान् कालः अन्तरं नाम । तत्रोत्कृष्टेनौपशमिकसम्यग्दृष्टीनां सप्तदिनानि ७ । तदनन्तरं कश्चित् स्यादित्यर्थः । सूक्ष्मसांपरायसंयमिनां षण्मासाः ६ । आहारकतन्मिश्रकाययोगिनां वर्षपृथक्त्वं ४ । त्रितयादुपरि नवकादधः पृथक्त्वमित्यागमसंज्ञा । वैक्रियिकमिश्रकाययोगिनां द्वादशमुहूर्ताः । लब्ध्यपर्याप्तकमनुष्याणां सासादनसम्यग्दृष्टीनां सम्यग्मिथ्यादृष्टीनां च प्रत्येकं पल्यासंख्यातैकभागमात्रम् । उप० दि० ७ । सूक्ष्मसांप० मास ६ । वैक्रियिक मिश्र मुहू० १२ । नर अ० प/a । सासादन प/a । मिश्र प/a । एवं सान्तरमार्गणा अष्टौ तासां जघन्येनान्तरमेकसमय एव ज्ञातव्यः । "पढमुवसमसहिदाए विरदाविरदीए चोद्दसा दिवसा । विरदीए पण्णरसा विरहिदकालो दु बोद्धव्वो ॥" विरहकालः उत्कृष्टेनान्तरं प्रथमोपशमसम्यक्त्वसहितायाः विरताविरतेः अणुव्रतस्य चतुर्दश दिनानि १४ । तत्प्रथमोपशमसम्यक्त्वसहितविरतेर्महाव्रतस्य पञ्चदश दिनानि १५ । तु पुनः, द्वितीयसिद्धान्तापेक्षया चतुर्विंशतिदिनानि २४ । इदम् उपलक्षणम् इत्येकजीवापेक्षयाप्युक्तमार्गणानामन्तरं प्रवचनानुसारेण बोद्धव्यम् ॥ अन्तरं गतम् ॥ १५२ ॥

मणुयादो णेरइया णेरइयादो असंख-गुण-गुणिया[4] ।
सव्वे हवंति देवा पत्तेय-वणप्फदी[5] तत्तो ॥ १५३ ॥

कोड़ाकोड़ाकोड़ी, इक्यावन लाख बयालीस हजार छसौ तेतालीस कोड़ाकोड़ी सैंतीस लाख उनसठ हजार तीन सौ चौवन कोड़ी, उनतालीस लाख पचास हजार तीन सौ छत्तीस, इतनी पर्याप्त मनुष्योंकी संख्या जाननी चाहिये । तथा पर्याप्त मनुष्योंकी इस संख्याके चार भाग करो । उसमेंसे तीन भाग प्रमाण मनुष्यिणी हैं। और सामान्य मनुष्य राशिमेंसे पर्याप्त मनुष्योंकी संख्याको घटानेसे जो शेष रहे उतना अपर्याप्त मनुष्योंका प्रमाण है । इस प्रकार गोम्मटसारमें भी मनुष्योंका प्रमाण कहा है ॥ संख्याका वर्णन समाप्त हुआ ॥ १५१ ॥ अब सान्तरमार्गणा बतलाते हैं । **अर्थ**–देव नारकी, और लब्ध्यपर्याप्तक सम्मूर्छन मनुष्य, ये तो सान्तर अर्थात् अन्तर सहित हैं । और बाकीके सब जीव निरन्तर हैं ॥ **भावार्थ**–देवों और नारकियोंमें जन्म और मरणका अन्तरकाल पाया जाता है, क्यों कि गोम्मटसार वगैरह ग्रन्थोंमें चार प्रकारके देवोंका और सातवें नरकमें नारकियोंका अन्तर काल कहा है । सम्मूर्छन जन्मवाले लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्योंका उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवे भाग है । बाकीके एकेन्द्रिय आदि सब जीव अन्तर रहित हैं, वे सदा पाये जाते हैं । गोम्मटसारमें तीन गाथाओंके द्वारा सान्तर मार्गणाओंका कथन किया है । यह कथन नाना जीवोंकी अपेक्षासे है । विवक्षित गुणस्थान अथवा मार्गणास्थानको छोड़कर अन्य किसी गुणस्थान अथवा मार्गणास्थानको चला जाये और उस

---

१ क म स ग सातरा । २ ब ग समुच्छिया । ३ ब अंतरं ॥ मणुयादो इत्यादि । ४ स गुणिदा । ५ ग वणप्पदी ।

[छाया-मनुजात् नैरयिकाः नैरयिकात् असंख्यगुणगुणिताः । सर्वे भवन्ति देवाः प्रत्येकवनस्पतयः ततः ॥] मणुयादो सामान्यमनुष्यराशितः सूच्यङ्गुलप्रथमतृतीयमूलभक्तैकश्रेणिमात्रात् $\frac{-}{3}$।$\frac{-}{3}$। णेरइया नारकाः असंख्यातगुणाः घनाङ्गुलद्वितीयमूलजगच्छ्रेणिमात्रा -२ मू। ततो नारकराशितः सर्वदेवा असंख्यातगुणाः $\frac{=}{4}$।६५=, ॥ /१/७/१ ततः असंख्यातगुणाः ≡a ॥ १५३ ॥

पंचक्खा चउरक्खा लद्धियपुण्णा तहेव तेयक्खा ।
वेयक्खा वि य कमसो विसेस-सहिदा हु सव्व-संखाए ॥ १५४ ॥

[छाया-पञ्चाक्षाः चतुरक्षाः लब्ध्यपूर्णाः तथैव त्र्यक्षाः । द्व्यक्षाः अपि च क्रमशः विशेषसहिताः खलु सर्वसंख्यया ॥] पंचक्खा लब्ध्यपर्याप्ताः पञ्चेन्द्रियास्तिर्यञ्चः संख्यातघनांगुलभक्तजगत्प्रतरमात्राः $\frac{=}{4}$। ततः चतुरिन्द्रिया लब्ध्यपर्याप्ता विशेषेणाधिकाः । तहेव तथैव त्रीन्द्रिया लब्ध्यपर्याप्ता विशेषाधिकाः । ततः वेयक्खा द्वीन्द्रिया लब्ध्यपर्याप्ताः विशेषाधिकाः कमसः क्रमेण सर्वसंख्यया ॥ १५४ ॥

ष्चिक इत्यर्थः, कोशत्रिकायामा ३ समुद्दिष्टा। चतुरिन्द्रियेषु भ्रमरः एकयोजनायामः १, तद्विस्तारस्तु कोशत्रिकः ३, वेधस्तु द्विकोशमात्रः २। पञ्चेन्द्रियेषु मत्स्यः सन्मूर्च्छनः एकसहस्रायामः १०००, पञ्चशतयोजनविस्तारः ५००, सार्धद्विशतयोजनोत्सेधः २५०। एतत्सर्वमुत्कृष्टमानं जानीहि। तथा गोम्मटसारे प्रोक्तं च। 'साहियसहस्समेकं वारं कोसूणमेक्कमेक्कं च। जोयणसहस्सदीहं पउमे वियले महामच्छे॥' एकेन्द्रियेषु स्वयम्भूरमणद्वीपवर्तिस्वयंप्रभाचलापरभागस्थितक्षेत्रोत्पन्नपद्मे साधिकसहस्रयोजनायामैकयोजनव्यासोत्कृष्टावगाहो भवति। अस्य च व्यासः योजन १, त्रिगुणः १।३ परिधिः, अयं च व्यासचतुर्था $\frac{1}{4}$ हतः १।३। $\frac{3}{4}$ क्षेत्रफलम्। तच्च वेधेन यो १००० चतुर्भिरपवर्तितेन गुणितं योजनात्मकं खातफलं भवति ७५०॥ द्वीन्द्रियेषु तत्स्वयम्भूरमणवर्तिशङ्खे द्वादशयोजनायामयोजनपञ्चचतुर्थोऽशोत्सेधः $\frac{5}{4}$ चतुर्योजनमुखव्यासोत्कृष्टावगाहो भवति। अस्य च व्यासः यो० १२ तावद्गुणितो १४४, वदन ४, दल २, ऊनो १४२, मुखार्धवर्ग ४ युतः १४६, द्विगुणः २९२, चतुर्विभक्तः ७३, पञ्चगुणः ३६५ शंखखातफलम्॥ त्रीन्द्रियेषु स्वयम्भूरमणद्वीपापरभागवर्तिकर्मभूमिप्रतिबद्धक्षेत्रे रक्तवृश्चिकजीवे योजनत्रिचतुर्भोगायाम $\frac{3}{4}$, तदष्टमांशव्यासः $\frac{3}{32}$, तदर्धोत्सेधः $\frac{3}{64}$, उत्कृष्टावगाहोऽस्ति, अस्य च भुजकोटिवधात् प्रजायते क्षेत्रफलं $\frac{3}{4}$ । $\frac{3}{32}$ तच्च वेधगुणं $\frac{3}{4}$ । $\frac{3}{32}$ । $\frac{3}{64}$ घनफलं भवति $\frac{27}{8192}$॥ चतुरिन्द्रियेषु स्वयम्भूरमणद्वीपापरभागकर्मभूमिप्रतिबद्धक्षेत्रवर्तिभ्रमरे एकयोजनायामः १, तत्त्रिचतुर्भागव्यासः $\frac{3}{4}$, अर्धयोजनोत्सेधः $\frac{1}{2}$ उत्कृष्टावगाहोऽस्ति। अस्य च भुजकोटीत्यादिनानीतं घनफलं $\frac{3}{8}$ योजनत्र्यष्टमभागो भवति॥ पञ्चेन्द्रियेषु स्वयम्भूरमणसमुद्रमध्यवर्तिमहामत्स्ये सहस्रयोजनायामः १०००; पञ्चशतयोजनव्यासः ५००, पञ्चाशदग्रद्विशतयोजनोत्सेधः २५० उत्कृष्टावगाहोऽस्ति। अस्य च भुजकोटीत्यादिनानीतघनफलं १२५०००००

महामत्स्यकी उत्कृष्ट अवगाहना एक हजार योजन है॥ **भावार्थ**–दो इन्द्रियोंमें शंखकी लम्बाई बारह योजन है। चार योजनका उसका मुख है और सवा योजन ऊँचाई है। तेइन्द्रियोंमें गोभिका अर्थात् कानखजूराकी लम्बाई तीन कोस बतलाई हैं। चौइन्द्रियोंमें भौरा एक योजन लम्बा है, उसका विस्तार तीन कोस है और ऊँचाई दो कोस है। पञ्चेन्द्रियोंमें मत्स्य, जो कि सम्मूर्छन है, एक हजार योजन लम्बा है, पाँच सौ योजन चौड़ा है और अढ़ाई सौ योजन ऊँचा है। यह सब उत्कृष्ट प्रमाण है। गोम्मटसारमें भी कहा है–'स्वयंभूरमणके द्वीपके मध्यमें जो स्वयंप्रभ नामका पर्वत है उसके उधर कर्मभूमि है। वहाँ पर एकेन्द्रियोंमें उत्कृष्ट अवगाहनावाला कुछ अधिक एक हजार योजनका लम्बा और एक योजन चौड़ा कमल है। उसका क्षेत्रफल इस प्रकार है–कमल गोल है। गोल वस्तुका क्षेत्रफल निकालनेका कायदा यह है–'व्याससे तिगुनी परिधि होती है। परिधिको व्यासके चौथाई भागसे गुणा करनेपर क्षेत्रफल होता है। और क्षेत्रफलको ऊँचाईसे गुणा करनेपर खात क्षेत्रफल होता है। सो कमलका व्यास एक योजन है। उसको तिगुना करनेसे तीन योजन उसकी परिधि होती है। इस परिधिको व्यासके चौथे भाग पाव योजनसे गुणा करनेपर क्षेत्रफल पौन योजन होता है। उसको कमलकी लम्बाई एक हजार योजनमें गुणाकरनेपर $\frac{3}{4} \times १००० = ७५०$ योजन कमलका क्षेत्रफल होता है। तथा दो इन्द्रियोंमें उत्कृष्ट अवगाहनवाला उसी स्वयंभूरमण समुद्रमें बारह योजन लम्बा, सवा योजन ऊँचा और चार योजन का मुख वाला शंख है। इसका क्षेत्रफल निकालनेका नियम इस प्रकार है–व्यासको व्याससे गुणित करके उसमें मुखका आधा प्रमाण घटाओ। फिर उसमें मुखके आधे प्रमाणके वर्गको जोड़ो। उसका दूना करो। फिर उसे चारका भाग दो और पाँचसे गुणाकरो। ऐसा करनेसे शंखका क्षेत्रफल निकल आता है। सो यहाँ व्यास बारह योजनको बारह योजनसे गुणाकरो

सार्धद्वादशकोटियोजनमात्रं भवति। एतान्युक्तघनफलानि प्रदेशीकृतानि तदेकेन्द्रियस्य चतुःसंख्यातगुणितघनाङ्गुल-मात्रं ६ १ १ १ १। द्वीन्द्रियस्य त्रिसंख्यातगुणितघनाङ्गुलमात्रं ६ १ १ १। त्रीन्द्रियस्यैकसंख्यातगुणितघनाङ्गुलमात्रं ६ १। चतुरिन्द्रियस्य द्विसंख्यातगुणितघनाङ्गुलमात्रं ६ १ १। पञ्चेन्द्रियस्य पञ्चसंख्यातगुणितघनाङ्गुलमात्रं ६ १ १ १ १ १ ॥ १६७ ॥ अथ नारकाणां देहोत्सेधमाह–

पंच-सया-धणु-छेहा[1] सत्तम-णरए हवंति णारइया[2]।
तत्तो उस्सेहेण य अद्धद्धा होंति[3] उवरुवरिं ॥ १६८ ॥

[छाया–पञ्चशतधनूत्सेधाः सप्तमनरके भवन्ति नारकाः। ततः उत्सेधेन च अर्धार्धाः भवन्ति उपर्युपरि ॥] सप्तमे नरके माघव्याम् उत्कृष्टतो नारका पञ्चशतधनु शरीरोत्सेधा भवन्ति ५००। ततः सप्तमनरकात् उपर्युपरि

एकसौ चवालीस हुए। उसमें मुख ४ का आधा २ घटानेसे १४२ रहे। उसमें मुखके आधा प्रमाण २ के वर्ग चारको जोड़नेसे एकसौ छियालीस हुए। उसका दूना करनेसे २९२ हुए। उसमें ४ का भाग देनेसे ७३ हुए। ७३ में पाँचको गुणा करनेसे तीन सौ पैंसठ योजन शंखका क्षेत्रफल होता है। तेइन्द्रियोंमें उत्कृष्ट अवगाहनावाला, उसी स्वयंभूरमण द्वीपके परले भागमें जो कर्म भूमि है वहाँ पर लाल बिच्छु है। वह $\frac{३}{४}$ योजन लम्बा, और लम्बाईके आठवें भाग $\frac{३}{३२}$ चौड़ा और चौड़ाई से आधा $\frac{३}{६४}$ ऊँचा है। यह क्षेत्र लम्बाईको लिये हुए चौकोर है। इस लिये लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाईको गुणा करनेसे क्षेत्रफल निकलता है। सो यहा लम्बाई $\frac{३}{४}$ को चौड़ाई $\frac{३}{३२}$ से गुणा करनेपर $\frac{९}{१२८}$ हुआ इसको ऊँचाई $\frac{३}{६४}$ से गुणा करनेपर $\frac{९}{१२८} \times \frac{३}{६४} = \frac{२७}{८१९२}$ योजन घन क्षेत्रफल होता है। चौइन्द्रियोंमे उत्कृष्ट अवगाहनावाला उसी स्वयंभूरमणद्वीप सम्बन्धी कर्मभूमिमें भौरा है। वह एक योजन लम्बा, पौन योजन चौड़ा और आधा योजन ऊंचा है। सो तीनोंको गुणाकरनेसे $१ \times \frac{३}{४} \times \frac{१}{२} = \frac{३}{८}$ योजन घन क्षेत्रफल होता है। पञ्चेन्द्रियोंमें उत्कृष्ट अवगाहनावाला स्वयंभूरमण समुद्रका महामत्स्य है। वह एक हजार योजन लम्बा, पाचसौ योजन चौड़ा और दो सौ पचास योजन ऊँचा है। सो इन तीनोंको परस्परमे गुणा करने से $१०००\times५००\times२५० =$ साढे बारह करोड योजन घनक्षेत्रफल होता है। इन योजनरूप घनफलोंको यदि प्रदेशोंके प्रमाणकी दृष्टिसे आका जाये तो घनागुलको चार बार संख्यातसे गुणा करने पर जितना परिमाण होता है उतने प्रदेश एकेन्द्रिय कमलकी उत्कृष्ट अवगाहनाके होते है। इसी तरह घनांगुलको तीन बार संख्यातसे गुणा करनेपर जितना प्रदेशोका प्रमाण हो उतने प्रदेश दो इन्द्रियकी उत्कृष्ट अवगाहनामें होते हैं। घनागुलको एक बार संख्यातसे गुणा करनेपर जितना प्रदेशोका परिमाण हो उतने प्रदेश तेइन्द्रियकी उत्कृष्ट अवगाहनामे होते हैं। घनागुलको दो बार संख्यातसे गुणा करनेपर जितना प्रदेशोका परिमाण हो उतने प्रदेश चौइन्द्रियकी उत्कृष्ट अवगाहनामें होते हैं। और घनांगुलको पाचवार संख्यातसे गुणाकरने पर जितना प्रदेशोका परिमाण हो उतने प्रदेश पंचेन्द्रियकी उत्कृष्ट अवगाहनामे होते है ॥ १६७ ॥ अब नारकियोंके शरीरकी ऊंचाई कहते हैं। **अर्थ**–सातवें नरकमें नारकियोंका शरीर पाचसौ धनुष ऊंचा है। उससे ऊपर ऊपर देहकी ऊंचाई आधी आधी है ॥ **भावार्थ**–माघवी नामक सातवे नरकमे नारकी जीवोंके शरीरकी ऊंचाई अधिकसे अधिक पांचसौ

[1] ब पचसयधणुच्छेहा (?)। [2] ल म स ग णेरइया। [3] ब हुंति।

षष्ठादिनरकेषु शरीरोत्सेधेन अर्धार्धमानाः भवन्ति। तत्र षष्ठे नरके मघव्यां नारकाः सार्धद्विशतचापोत्तुङ्गाः स्युः २५०। पञ्चमे नरके रिष्टायां पञ्चविंशत्यधिकशतशरासनोत्सेधशरीराः नारकाः भवन्ति १२५। चतुर्थे नरके अञ्जनायां सार्धद्विषष्टिचापोत्तुङ्गाः नारकाः सन्ति $\frac{125}{2}$। तृतीयनरके मेघायां सपादैकत्रिंशच्चापोत्सेधशरीराः नारकाः, धनुः ३१ हस्त १। द्वितीये नरके वंशायां सार्धपञ्चदशचापा द्वादशाङ्गुलाधिकाः शरीरोत्तुङ्गा नारकाः स्युः, धनु १५, हस्त २, अङ्गुल १२। प्रथमे नरके घर्मायां सार्धसप्तधनुरेकहस्तषडङ्गुलोदयशरीरा नारका भवन्ति, धनुः ७, हस्ताः ३, अङ्गुलाः ६॥ तथा त्रैलोक्यसारे पटलं प्रति नारकाणां शरीरोत्सेधः। उक्तं च। "पढमे सत्त ति छक्कं उदयं धणु रयणि अंगुलं सेसे। दुगुणकमं पढमिंदे रयणितियं जाण हाणिचयं॥" प्रथमपृथिव्याश्चरमपटले सप्त ७ त्रि ३ षट्कं ६ उदयः धनूरत्न्यंगुलानि। द्वितीयादिपृथिव्याश्चरमपटके द्विगुणकम्। प्रथमपृथिव्याः प्रथमेन्द्रके हस्तत्रियम्। एतद्दृष्ट्वा हानिचयं जानीहि। आदीअंतविसेसे रूऊणद्धा हिदम्हि हाणिचयं। प्रथमे नरके हानिचयं हस्त २, अङ्गुल ८ भाग $\frac{1}{2}$, द्वितीये हस्त २ अङ्गुल २० भाग $\frac{2}{11}$, तृतीये दण्ड १ हस्त २ अङ्गुल २२ भाग $\frac{2}{3}$, चतुर्थे दण्ड ४ हस्त १ अङ्गुल २० भाग $\frac{4}{7}$, पञ्चमे दण्ड १२ हस्त २, षष्ठे दण्ड ४१ हस्त २ अङ्गुल १६, सप्तमे दण्ड २५०। इति हानिचयम्॥ प्रथमनरके पटलं २ प्रति नारकाणां देहोत्सेधः। १ प०, दं ० ह ३ अं ० भा ०। २ प०, दं १ ह १ अं ८ भा $\frac{1}{2}$। ३प० दं १ ह ३ अं १७ भा ०। ४ प०, दं २ ह २ अं १ भा $\frac{1}{2}$। ५ प०, दं ३ ह ० अं १० भा $\frac{1}{2}$। ६ प०, दं ३ ह २ अं १८ भा $\frac{1}{2}$। ७ प०, दं ४ ह १ अं ३ भा०। ८ प०, दं ४ ह ३ अं ११। ९ प०, दं ५ ह १ अं २० भा ०। १० प०, दं ६ ह० अं ४ भा $\frac{1}{2}$। ११ प० दं ६ ह २ अं १३ भा ०। १२ प० दं ७ ह ० अं २१ भा $\frac{1}{2}$। १३ प० दं ७ ह ३ अं ६ भा ०॥ द्वितीयनरके पटलं २ प्रति नारकाणां देहोत्सेधः। १ प०, दं ८ ह २ अं २ भा $\frac{2}{11}$। २ प० दं ९ ह ० अं २२ भा $\frac{4}{11}$। ३ प०, दं ९ ह ३ अं १८ भा $\frac{6}{11}$। ४ प०, दं १० ह २ अं १४ भा $\frac{8}{11}$। ५ प०, दं ११ ह १ अं १० भा $\frac{10}{11}$। ६ प०, दं १२ ह ० अं ७ भा $\frac{1}{11}$। ७ प०, दं १२ ह ३ अं ३ भा

धनुष होती है। और सातवें नरकसे ऊपर ऊपर शरीरकी ऊँचाई आधी आधी होती जाती है। अतः मघवी नामक छठे नरकमें शरीरकी ऊँचाई अढाईसौ धनुष है। अरिष्टा नामके पांचवे नरकमें शरीरकी ऊंचाई एकसो पचीस धनुष है। अंजना नामक चौथे नरकमें साढे बासठ धनुष है। मेघा नामके तीसरे नरकमें नारकियोंके शरीरकी ऊंचाई सवा इकतीस धनुष है। वंशा नामके दूसरे नरकमें नारकियोंके शरीरकी ऊंचाई १५ धनुष, २ हाथ, १२ अंगुल है। और घर्मा नामके प्रथम नरकमें नारकियोंके शरीरकी ऊंचाई ७ धनुष, ३ हाथ, ६ अंगुल है। त्रिलोकसार नामक ग्रन्थमें प्रत्येक पटलमें नारकियोंके शरीरकी ऊंचाई बतलाई है जो इस प्रकार है–प्रथम नरकके अन्तिम पटलमें ७ धनुष, ३ हाथ, ६ अंगुल ऊंचाई है। दूसरे आदि नरकोंके अन्तिम पटलमें दूनी दूनी ऊंचाई है। तथा प्रथम नरकके प्रथम पटलमें तीन हाथ ऊंचाई है। आगेके पटलोंमें हानि वृद्धि जाननेके लिये अन्तिम पटलकी ऊंचाईमें प्रथम पटलकी ऊंचाई घटाकर जो शेष रहे उसमें प्रथम नरकके पटलोंकी संख्यामें एक कम करके उसका भाग दे देना चाहिये। सो ७–३–६ में ३ हाथको घटानेसे ७ धनु, ६ अं० शेष बचते हैं। इसमें प्रथम नरकके कुल पटल १३ में एक कम करके १२ का भाग देने से २ हाथ, ८$\frac{1}{2}$ अंगुल हानि वृद्धिका प्रमाण आता है। अर्थात् प्रथम नरकके दूसरे आदि पटलोंमें शरीरकी ऊंचाई २ हाथ, ८$\frac{1}{2}$ अंगुल बढती जाती है। इसी तरह दूसरे नरकके अन्तिम पटलमें शरीरकी ऊंचाई १५ धनुष, २ हाथ, बारह अंगुल है। इसमेंसे प्रथम नरकके अन्तिम पटल में जो शरीरकी ऊंचाई है उसे घटानेसे ७ धनुष, ३ हाथ, ६ अंगुल शेष रहते हैं। इसमें दूसरे नरकके पटलोंकी संख्या ११ का भाग देनेसे वृद्धि हानिका प्रमाण २ हाथ २०$\frac{2}{11}$ अंगुल आता

३/११ । ८ प०, दं १३ ह १ अ २३ भा ५/११ । ९ प०, दं १४ ह ० अं १९ भा ७/११ । १० प०, दं १४ ह ३ अं १५ भा ९/११ । ११ प०, दं १५ ह २ अ १२ भा ० ॥ तृतीयनरके पटलं प्रति नारकाणां देहोत्सेधः । १ प०, दं १७ ह १ अ १० भा २/३ । २ प०, दं १९ ह ०, अं ९ भा १/३ । ३ प०, दं २०, ह ३, अं ८ भा० । ४ प०, दं २२ ह २ अ ६ भा २/३ । ५ प०, दं २४ ह १ अं ५ भा १/३ । ६ प०, दं २६ ह० अं ४ भा० । ७ प०, दं २७ ह ३ अ २ भा २/३ । ८ प०, दं २९ ह २ अ १ भा १/३ । ९ प०, दं ३१ ह १ अं० भा० ॥ चतुर्थनरके पटलं प्रति नारकाण; देहोत्सेध । १ प०, दं ३५ ह २ अ २० भा ४/७ । २ प०, दं ४० ह० अं १७ भा १/७ । ३ प०, दं ४४ ह २ अ १३ भा ५/७ । ४ प०, दं ४९ ह० अं १० भा २/७ । ५ प०, दं ५३ ह २ अं ६ भा ६/७ । ६ प०, दं ५८ ह० अं ३ भा ३/७ । ७ प०, दं ६२ ह २ अं० भा० ॥ पञ्चमनरके पटलं प्रति नारकाणां देहोत्सेधः । १ प०, दं ७५ ह० अं० भा० । २ प०, दं ८७ ह २ अ० भा० । ३ प०, दं १०० ह० अं० भा० । ४ प०, दं ११२ ह २ अं० भा० । ५ प०, दं १२५ ह० अं० भा० ॥ षष्ठनरके पटलं प्रति नारकाणां देहोत्सेधः । १ प०, दं० १६६ ह २ अं १६ भा० । २ प०, दं २०८ ह १ अ ८ भा० । ३ प०, दं २५० ह० अं० भा० ॥ सप्तमे नरके पटलं प्रति नारकाणां देहोत्सेध. । १ प०, दं ५०० ह० अ० भा० ॥ १६८ ॥

असुराणं पणवीसं सेसं-णव-भावणा य दह-दंडं ।
विंतर-देवाण तहा जोइसिया[1] सत्त-धणु-देहा ॥ १६९ ॥

[छाया-असुराणां पञ्चविंशति शेषाः नवभावनाः च दशदण्डा । व्यन्तरदेवाना तथा ज्योतिष्काः सप्तधनुर्देहाः ॥] असुरकुमाराणां प्रथमकुलानां देहोदय· पञ्चविंशतिधनूंषि २५ । सेस-णव-भावणा, शेषनवभावनाश्च नवभवनवासिनो देवाः नवकुलभेदा । नागकुमार १ विद्युत्कुमार २ सुपर्णकुमार ३ अग्निकुमार ४ वातकुमार ५, स्तनितकुमार ६ उदधिकुमार ७ द्वीपकुमार ८ दिक्कुमारदेवा ९ नवप्रकारा दशदण्डशरीरोत्सेधा भवन्ति १० । विंतरदेवाण व्यन्तरदेवाना किंनर १ किंपुरुष २ महोरग ३ गन्धर्व ४ यक्ष ५ राक्षस ६ भूत ७ पिशाचानाम् ८ अष्टप्रकाराणां तथा तेनैव

है । सो दूसरे नरकके प्रत्येक पटलमें नीचे नीचे इतनी ऊंचाई बढ़ती गई है । तीसरे नरकके अन्तिम पटलमें शरीरकी ऊंचाई ३१ धनुष १ हाथमेंसे दूसरे नरकके अन्तिम पटलकी ऊंचाई १५ धनुष, २ हाथ बारह अगुलको कम कर देनेसे १५ धनुष, २ हाथ, बारह अंगुल शेष रहते हैं । इसमें पटलोंकी संख्या ९ का भाग देनेसे १ धनुष, २ हाथ २२ २/३ अंगुल हानि वृद्धिका प्रमाण आता है । सो तीसरे नरकके प्रत्येक पटलमें इतनी ऊंचाई नीचे नीचे बढ़ती जाती है । इसी तरह चौथे नरकके प्रत्येक पटलमें हानि वृद्धिका प्रमाण ४ धनुष, १ हाथ २० ४/७ अंगुल है । पांचवेमें १२ धनुष, २ हाथ है । और छठे में ४१ धनुष, २ हाथ, १६ अंगुल है । सातवे नरकमें तो एक ही पटल है अतः छठे नरकके अन्तिम पटलमें शरीरकी ऊँचाई २५० धनुषमें २५० की वृद्धि होनेसे सातवे नरककी ऊंचाई आजाती है । इस प्रकार प्रत्येक नरकके प्रत्येक पटलमें शरीरकी ऊंचाई जाननी चाहिये । जैसा कि ऊपर दिये नकशेसे स्पष्ट होता है ॥ १६८ ॥ अब देवोंके शरीरकी ऊंचाई बतलाते है । **अर्थ**–भवनवासियोंमें असुरकुमारोंके शरीरकी ऊंचाई पच्चीस धनुष है और शेष नौ कुमारोंकी दस धनुष है । तथा व्यन्तर देवोंके शरीरकी ऊंचाई भी दस धनुष है और ज्योतिषी देवोंके शरीरकी ऊंचाई सात धनुष है । **भावार्थ**–भवनवासियोके प्रथम भेद असुरकुमारों के शरीरकी ऊंचाई पच्चीस धनुप है । और शेप नागकुमार, विद्युत्कुमार, सुपर्णकुमार अग्निकुमार, वातकुमार, स्तनितकुमार, उदधिकुमार, द्वीपकुमार, दिक्कुमार इन नौ प्रकारके भवनवासी देवोंके शरीर

[1] ग जोयसिया ।

प्रकारेण शरीरं दशधनुरुत्सेधं १० भवति । ज्योतिष्काः सूर्यचन्द्रग्रहनक्षत्रतारकाः पञ्चविधा ज्योतिष्कदेवाः सप्तधनुर्देहाः सप्तशरासनोत्सेधदेहा भवन्ति ॥ १६९ ॥ स्वर्गग्रैवेयकादिदेवानां देहोदयमाह–

दुग-दुग-चदु-चदु-दुग-दुग-कप्प-सुराणं सरीर-परिमाणं ।
सत्तच्छ-पंच-हत्था चउरो अद्धद्ध-हीणा य ॥ १७० ॥

[छाया–द्विकद्विकचतुश्चतुर्द्विकद्विककल्पसुराणां शरीरपरिमाणम् । सप्तषट्पञ्चहस्ताः चत्वारः अर्धार्धहीनाः च ॥] द्विकद्विकचतुश्चतुर्द्विकद्विककल्पसुराणां प्रथमयुगल २ द्वितीययुगल २ तृतीयचतुर्थयुगल ४ पञ्चमषष्ठयुगल ४ सप्तम २ अष्टमयुगल २ निवासिदेवानां शरीरप्रमाणं देहोदयं यथाक्रमं सप्त ७, षट् ६, पञ्च ५, चत्वारो हस्ता ४, अर्धार्धहीनाश्च ७/२, ३ । तद्यथा । सौधर्मैशानयोः देवाः सप्तहस्तोत्सेधशरीराः ७, सनत्कुमारमाहेन्द्रयोर्देवाः षड् हस्तोदयदेहाः ६, ब्रह्मब्रह्मोत्तरलान्तवकापिष्ठेषु चतुर्षु देवाः पञ्चहस्तोत्सेधशरीराः ५, शुक्रमहाशुक्रशतारसहस्रारकल्पेषु चतुर्षु चतुःकरोदयशरीराः ४ । ततश्च अर्धार्धहस्तहीनक्रमाः । आनतप्राणतयो सुराः सार्धत्रिहस्तोदयशरीरा भवन्ति । तथा त्रैलोक्यसारे एवमप्युक्तं च । "दुसु दुसु चदु दुसु दुसु चदु तितिसु सेसेसु देहउस्सेहो । रयणीण सत्त छप्पण चत्तारि दलेण हीणकमा ॥' द्वयोर्द्वयो २ श्चतुर्षु ४ द्वयोर्द्वयो २ श्चतुर्षु त्रित्रिषु ९ शेषे १४ ष्विति दशसु स्थानेषु देहोत्सेधो यथासंख्यं सप्त ७ षट्' ६ पञ्च ५ चत्वारो ४ रत्नयः । ततः उपर्यर्धहस्तहीनक्रमो ज्ञातव्यः । सौ. ई. ह. ७, स. मा० ६, ब्र. ब्र. लां. का. ह. ५, शु. म. ह. ४, सतारसह. ७/२, आ. प्रा. आ० अच्यु. ह ३, प्र० त्रि ५/२, द्वि. त्रि. २, तृ. त्रि. ३/२, नवानुदिशपञ्चानुत्तरदेवशरीराः, हस्त १ ॥ १७० ॥

की ऊंचाई दस धनुष है । तथा किन्नर, किम्पुरुष, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, भूत, पिशाच इन आठ प्रकारके व्यन्तर देवोंके शरीरकी ऊंचाई भी दस धनुष है । सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह, नक्षत्र, तारे इन पांच प्रकारके ज्योतिषी देवोंके शरीरकी ऊंचाई सात धनुष है ॥ १६९ ॥ अब वैमानिक देवोंके शरीरकी ऊंचाई कहते हैं । **अर्थ**–दो, दो, चार, चार, दो, दो कल्पोंके निवासी देवोंके शरीरकी ऊंचाई क्रमसे सात हाथ, छः हाथ, पाँच हाथ, चार हाथ और फिर आधा आधा हाथ हीन है । **भावार्थ**–प्रथमयुगल, द्वितीययुगल, तृतीय और चतुर्थ युगल, पञ्चम और छठे युगल, सातवें युगल, और आठवें युगलके निवासी देवोंके शरीरकी ऊंचाई क्रमसे सात हाथ, छः हाथ, पांच हाथ, चार हाथ और आधा आधा हाथ हीन है । अर्थात् सौधर्म और ऐशान स्वर्गके देवोंका शरीर सात हाथ ऊंचा है । सनत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्गके देवोंका शरीर छः हाथ ऊंचा है । ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव और कापिष्ठ स्वर्गमें देवोंका शरीर पांच हाथ ऊंचा है । शुक्र, महाशुक्र, शतार और सहस्रार स्वर्गमें देवोंका शरीर चार हाथ ऊंचा है । आनत प्राणतमें ३॥ हाथका ऊंचा शरीर है और आरण अच्युतमें तीन हाथका ऊंचा शरीर है । त्रिलोकसारमें भी इसी प्रकार (थोड़े भेदसे) देवोंके शरीरकी ऊंचाई बतलाते हुए लिखा है–दो, दो, चार, दो, दो, चार, तीन, तीन, तीन, और शेषमें शरीरकी ऊँचाई क्रमसे ७ हाथ, छः हाथ, पांच हाथ, चार हाथ और फिर आधा आधा हाथ कम जानना चाहिये । अर्थात् सौधर्म ईशानमें ७ हाथ, सनत्कुमार माहेन्द्रमें छः हाथ, ब्रह्म ब्रह्मोत्तर लान्तव कापिष्ठमें पांच हाथ, शुक्र महाशुक्रमें ४ हाथ, शतार सहस्रारमें ३½ हाथ, आनत प्राणत आरण अच्युतमें ३ हाथ, तीन अधोग्रैवेयकमें २½ हाथ, तीन मध्यग्रैवेयकमें दो हाथ, तीन उपरिमग्रैवेयकमें १½ हाथ और

१ ब सत्तचपंच [सत्तछप्पंच ?] ।

हिट्ठिम-मज्झिम-उवरिम-गेवज्जे[1] तह विमाण-चउदसए ।
अद्ध-जुदा बे[2] हत्था हीणं अद्धद्धयं उवरिं ॥ १७१ ॥

[छाया-अधस्तनमध्यमोपरिमग्रैवेयके तथा विमानचतुर्दशके । अर्धयुतौ द्वौ हस्तौ हीनम् अर्धार्धकम् उपरि ॥] अधस्तनमध्यमोपरिमग्रैवेयकेषु तथा विमानचतुर्दशेषु अर्धयुक्तद्वौ हस्तौ $\frac{5}{2}$, द्वौ हस्तौ, ततः उपरि अर्धार्धहीनः $\frac{3}{2}$ । १ । तद्यथा । अधोग्रैवेयकत्रिकेऽहमिन्द्राणां शरीरोत्सवं सार्धद्विहस्तौ, मध्यमग्रैवेयकत्रिके अहमिन्द्राणां शरीरोदयः द्वौ हस्तौ २, उपरिमग्रैवेयकत्रिके अहमिन्द्रदेवानां देहोदयः सार्धहस्तप्रमाणः $\frac{3}{2}$, नवानुदिशपञ्चानुत्तरचतुर्दशविमानेषु एकहस्तोदय-शरीरा अहमिन्द्रा भवन्ति ॥ १७१ ॥ अथ भरतैरावतक्षेत्रेषु अवसर्पिण्याः षट्कालापेक्षया शरीरोत्सेधं साधयति-

अवसप्पिणीए[3] पढमे काले मणुया ति-कोस-उच्छेहा ।
छट्ठस्स वि अवसाणे हत्थ-पमाणा विवत्था य ॥ १७२ ॥

[छाया-अवसर्पिण्याः प्रथमे काले मनुजाः त्रिक्रोशोत्सेधाः । षष्ठस्य अपि अवसाने हस्तप्रमाणाः विवस्त्राः च ॥] अवसर्पिण्याः प्रथमकाले सुषमसुषमसंज्ञे[4] मनुष्याः त्रिक्रोशोत्सेधशरीराः क्रो. ३, तस्यान्ते द्वितीयकालस्यादौ च द्विक्रो-शोदयशरीराः २, तस्यान्ते सुषमदुषमतृतीयकालस्यादौ च क्रोशोत्सेधदेहाः क्रो. १, तस्यान्ते दुषमसुषमचतुर्थकालस्यादौ च पञ्चशतधनुःसमुत्तुङ्गाः ५००, तस्यान्ते दुषमसंज्ञ[5]पञ्चमकालस्यादौ च सप्तहस्तोन्नतमनुष्याः $\frac{7}{}$, षष्ठकालस्यापि अवसाने अन्ते एकहस्तप्रमाणोदयाः मनुष्याः १ । विवस्त्राश्च वस्त्ररहिताः, चकारात् आभरणगृहादिरहिता भवन्ति ॥ १७२ ॥ अथ सर्वजीवानामुत्कृष्टोदयं प्रकाश्य जघन्योदयं व्यनक्ति-

सव्व-जहण्णो देहो लद्धि-अपुण्णाणं[6] सव्व-जीवाणं ।
अंगुल-असंख-भागो अणेय-भेओ हवे सो वि ॥ १७३ ॥

नौ अनुदिश तथा पाँच अनुत्तरोंमें १ हाथ ऊँचाई है ॥ १७० ॥ **अर्थ-**अधोग्रैवेयक, मध्यमग्रैवेयक, उपरिमग्रैवेयक तथा चौदह विमानोंमें देवोंके शरीरकी ऊँचाई क्रमसे अढ़ाई हाथ, दो हाथ, डेढ़ हाथ और एक हाथ है ॥ **भावार्थ-**तीन अधोग्रैवेयकोंमें अहमिन्द्रोंके शरीरकी ऊंचाई अढ़ाई हाथ है । तीन मध्यमग्रैवेयकोंमें अहमिन्द्रदेवोंके शरीरकी ऊँचाई दो हाथ है । तीन उपरिम ग्रैवेयकोंमें अहमिन्द्र देवोंके शरीरकी ऊँचाई डेढ हाथ है । तथा नौ अनुदिश और पांच अनुत्तर इन चौदह विमानोंके अहमिन्द्रोंके शरीरकी ऊँचाई एक हाथ है ॥ १७१ ॥ अब भरत और ऐरावत क्षेत्रोंमें अवसर्पिणी कालकी अपेक्षासे मनुष्योंके शरीरकी ऊंचाई कहते हैं । **अर्थ-**अवसर्पिणीके प्रथम कालमें मनुष्योंके शरीरकी ऊँचाई तीन कोस है । और छठे कालके अन्तमें एक हाथ है । तथा छठे कालके मनुष्य नंगे रहते हैं ॥ **भावार्थ-**अवसर्पिणीके सुषमसुषमा नामक प्रथम कालमें मनुष्योंका शरीर तीन कोस ऊँचा होता है । उसके अन्तमें और सुषमा नामक दूसरे कालके आदिमें दो कोस ऊंचा शरीर होता है । दूसरेके अन्तमें और सुषमदुषमा नामक तीसरे कालके आदिमें एक कोसका ऊँचा शरीर होता है । तीसरेके अन्तमें और दुषमसुषमा नामक चौथे कालके आदिमें ५०० धनुषका ऊंचा शरीर होता है । चौथेके अन्तमें और दुषमा नामक पाँचवे कालके आदिमें सात हाथका उँचा शरीर होता है । पांचवेके अन्तमें और दुषमा दुषमा नामक छठे कालके आदिमें दो हाथका ऊंचा शरीर होता है । तथा छठेके अन्तमें मनुष्योंके शरीरकी ऊंचाई एक हाथ होती है । वे नंगे रहते हैं और न उनके घर-द्वार होता है ॥ १७२ ॥ अब सब जीवोंके शरीरकी उत्कृष्ट ऊंचाई बतलाकर जघन्य

१ ब गेवज्जे, म गेविज्जे । २ [बे ?] ३ म उवस० । ४ ग सुषुमसुषुम° । ५ ग दुःषम° । ६ म लद्धियपुण्णाण (?) ।

[छाया-सर्वजघन्यः देहः लब्ध्यपूर्णानां सर्वजीवानाम् । अङ्गुलासंख्यभागः अनेकभेदः भवेत् स अपि ॥] लब्ध्यपर्याप्तानां सर्वजीवानाम् एकेन्द्रियद्वीन्द्रियत्रीन्द्रियचतुरिन्द्रियपञ्चेन्द्रियासंज्ञिसंज्ञिप्राणीनां सर्वजघन्यो देहो भवति शरीरावगाहः सर्वजघन्यः स्यात् । स कियन्मात्र इति चेत्, अंगुलअसंखभागो घनाङ्गुलस्यासंख्यातभागमात्रः ६/९ । सोऽप्यवगाहः एकप्रकारो अनेकप्रकारो वा इत्युक्ते आह । अनेकभेदः अनेकप्रकारः स्यात् । गोम्मटसारे मत्स्यरचनायां चतुःषष्टिजीवसमासावगाहः घनाङ्गुलस्यासंख्येयभागः अनेकप्रकारः अवलोकनीयः ॥ १७३ ॥ अथ द्वीन्द्रियादीनां जघन्यावगाहं गाथाद्वयेनाह-

> बि-ति-चउ-पंचक्खाणं जहण्ण-देहो हवेइ पुण्णाणं ।
> अंगुल-असंख-भागो संख-गुणो सो वि उवरुवरिं[1] ॥ १७४ ॥

[छाया-द्वित्रिचतुःपञ्चाक्षाणां जघन्यदेहः भवति पूर्णानाम् । अङ्गुलासंख्यभागः संख्यगुणः स अपि उपर्युपरि ॥] द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियाणां द्वीन्द्रियत्रीन्द्रियचतुरिन्द्रियपञ्चेन्द्रियजीवानाम् । कथंभूतानाम् । पूर्णानां पर्याप्तकानां, जघन्यदेहः जघन्यशरीरावगाहः, अङ्गुलासंख्यातभागः । घनाङ्गुलस्यासंख्यातभागमात्रोऽपि उपर्युपरि सोऽपि तत्संख्यातगुणो भवति । द्वीन्द्रियादिपर्याप्तकस्य जघन्यावगाहः ६/९ ॥ त्री. प. ज. ६/९ ७, च. प. ज. ६/९ ७ ७, प. प. ज. ६/९ ७ ७ ७ ॥ अपर्याप्तद्वीन्द्रियादीनाम् उत्कृष्टशरीरावगाहः जघन्यतः किंचित्किंचिदधिकक्रमो ज्ञातव्यः ॥ १७४ ॥ पूर्वकथितपर्याप्तकद्वीन्द्रियादीनां स्वामिनिर्देशमाह-

> अणुद्धरीयं[2] कुंथो[3] मच्छी काणा य सालिसित्थो य ।
> पज्जत्ताण तसाणं जहण्ण-देहो विणिद्दिट्ठो ॥ १७५ ॥[4]

ऊंचाई बतलाते हैं । **अर्थ**—लब्ध्यपर्याप्तक सब जीवोंका सबसे जघन्य शरीर होता है, जो घनांगुलके असंख्यातवें भाग है । तथा उसके भी अनेक भेद हैं ॥ **भावार्थ**—लब्ध्यपर्याप्तक एकेन्द्रिय, लब्ध्यपर्याप्तक दोइन्द्रिय, लब्ध्यपर्याप्तक तेइन्द्रिय, लब्ध्यपर्याप्तक चौइन्द्रिय, लब्ध्यपर्याप्तक असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और लब्ध्यपर्याप्तक संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंका शरीर सबसे जघन्य होता है । उसकी अवगाहना घनांगुल के असंख्यातवें भाग होती है । किन्तु उसमें भी अनेक भेद हैं । गोम्मटसार जीवकाण्डके जीवसमास अधिकारमें मत्स्यरचनाका कथन करते हुए चौसठ जीवसमासोंकी अवगाहना घनांगुलके असंख्यात भाग बतलाई है और उसके अनेक अवान्तर भेद बतलाये हैं । सो वहांसे जानलेना चाहिये ॥ १७३ ॥ अब दोइन्द्रिय आदि जीवोंकी जघन्य अवगाहना दो गाथाओंसे कहते हैं । **अर्थ**—दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंकी जघन्य अवगाहना अंगुलके असंख्यातवें भाग है । सो भी ऊपर ऊपर संख्यातगुणी है ॥ **भावार्थ**—दोइन्द्रिय पर्याप्त, तेइन्द्रिय पर्याप्त, चौइन्द्रिय पर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके शरीरकी जघन्य अवगाहना यद्यपि सामान्यसे घनांगुलके असंख्यातवें भाग हैं किन्तु ऊपर ऊपर वह संख्यातगुणी संख्यातगुणी होती गई है । अर्थात् दोइन्द्रिय पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना घनांगुलके असंख्यातवें भाग है । उससे संख्यात गुणी तेइन्द्रिय पर्याप्तक जीवके शरीरकी अवगाहना है । तेइन्द्रियसे संख्यातगुणी चौइन्द्रिय पर्याप्तक जीवकी अवगाहना है । चौइन्द्रियसे संख्यातगुणी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तककी अवगाहना है । पर्याप्त दो इन्द्रिय आदिके शरीरकी उत्कृष्ट अवगाहना जघन्य अवगाहनासे कुछ अधिक कुछ अधिक

---

१ ग उवरुवरि । २ ब अण्णुधरीयं, क म आणुध०, स आणुद्ध०, ग अणुध० । ३ क ग कुंथुमच्छा, म स कुंथं (?) । ४ ब देहप्रमाणं । कोय इत्यादि ।

[छाया-अणुद्धरीकः कुन्थुः काणमक्षिका च शालिसिक्थः च । पर्याप्तानां त्रसानां जघन्यदेहः विनिर्दिष्टः ॥] पर्याप्तानां त्रसानां पर्याप्तिप्राप्तानां द्वीन्द्रियत्रीन्द्रियचतुरिन्द्रियजीवानां जघन्यदेहोदयः जघन्यशरीरावगाहः । अणुद्धरीव द्वीन्द्रियजन्तुविशेषः । कुन्थोरपि सूक्ष्मो जीवः अणुद्धरी कथ्यते । त्रीन्द्रियः कुन्थुजीवः । चतुरिन्द्रियः काणमक्षिका । लोके भिसिनामगेरुवानामजीवाः । पञ्चेन्द्रियः शालिसिक्थकाख्यो मत्स्यश्च । एतेषां पर्याप्तानां जघन्यदेहो निर्दिष्टः, कथितो जिनैरिति शेषः । तथा गोम्मटसारे प्रोक्तं च । "वितिचपपुण्णजहण्णं अणुद्धरीकुंथुकाणमच्छीसु । सिच्छयमच्छे विंदंगुलसंखं संखगुणिदकमा ॥" द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियपर्याप्तकेषु यथासंख्यं अणुद्धरीकुन्थुकाणमक्षिकासिक्थमत्स्यजीवेषु जघन्यावगाहविशिष्टशरीरावष्टब्धप्रदेशप्रमाणं वृन्दाङ्गुलसंख्यातैकभागमादिं कृत्वा संख्यातगुणितक्रमेण भवति ६ द्वि. प. (अणुद्धरी) / १ १ १ १ । ६ त्रि. प (कुन्थु) / १ १ १ । ६ च. प. (काणमक्षिका) / १ १ । ६ पं. प. (मत्स्य) / १ । एषामिदानीं व्यासायामोत्सेधानामुपदेशो नास्तीति घनफलमेवोक्तम् ॥ गोम्मटसारोक्तसर्वजघन्योत्कृष्टशरीरावगाहनस्वामिनो निर्दिशति । "सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स तदियसमयम्मि । अंगुलअसंखभागं जहण्णमुक्कस्सयं मच्छे ॥" सूक्ष्मनिगोदलब्ध्यपर्याप्तकस्य तद्भवे ऋजुगत्योत्पन्नस्य तृतीयसमये घनाङ्गुलासंख्यातैकभागमात्रप्रदेशावगाह-

जाननी चाहिये ॥ १७४ ॥ अब पूर्वोक्त जघन्य अवगाहनाके धारी दो इन्द्रिय आदि जीवोंको बतलाते हैं ॥ **अर्थ**—पर्याप्त त्रसोंकी जघन्य अवगाहनाके धारी अणुंधरी, कुंथु, काणमक्षिका, और शालिसिक्थक नामक मत्स्य बतलाये हैं ॥ **भावार्थ**—पर्याप्तक त्रसजीवोंमेंसे दोइन्द्रिय जीवकी जघन्य अवगाहनाका धारी अणुंधरी नामक जन्तुविशेष है, यह कुन्थुसे भी सूक्ष्म होता है । तेइन्द्रिय जीवकी जघन्य अवगाहनाका धारी कुन्थु जीव है । चौइन्द्रिय जीवकी जघन्य अवगाहनाका धारी काणमक्षिका नामका जीव है जिसे लोग गेरुआ कहते हैं । पञ्चेन्द्रिय जीवकी जघन्य अवगाहनाका धारी तन्दुल मत्स्य है । गोम्मटसारमें भी कहा है—पर्याप्त दोइन्द्रियोंमें अणुंधरी, तेइन्द्रियोंमें कुंथु, चौइन्द्रियोंमें काणमक्षिका, पञ्चेन्द्रियोंमें तन्दुल मत्स्य इन जीवोंके जघन्य अवगाहनाके धारी शरीर जितना क्षेत्र रोकते हैं उसके प्रदेशोंका प्रमाण घनांगुलके संख्यातवें भागसे लगाकर क्रमसे संख्यातगुणा २ जानना । अर्थात् चार बार संख्यातका भाग घनांगुलमें देनेसे जो आवे उतना दो इन्द्रिय पर्याप्तकी जघन्य अवगाहनाके प्रदेशोंका परिमाण होता है । तीन बार संख्यातका भाग घनांगुलमें देनेसे जो आवे उतना तेइन्द्रिय पर्याप्तकी जघन्य अवगाहनाके प्रदेशोंका परिमाण होता है । दो बार संख्यातका भाग घनांगुलमें देनेसे जो आवे उतना चौइन्द्रिय पर्याप्तकी जघन्य अवगाहनाके प्रदेशोंका प्रमाण होता है । एक बार संख्यातका भाग घनांगुलमें देनेसे जो आवे उतना पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकी जघन्य अवगाहनाके प्रदेशोंका प्रमाण होता है । आशय यह है कि शरीरकी अवगाहनाका मतलब है कि उस शरीरने कितना क्षेत्र रोका । जो शरीर जितना क्षेत्र रोकता है उस क्षेत्रमें जितने आकाशके प्रदेश होते हैं उतनी ही उस शरीरकी अवगाहना कही जाती है जैसा ऊपर बतलाया है । इन जीवोंके शरीरकी लम्बाई, चौड़ाई और ऊंचाई का कथन नहीं मिलता । इससे इनका घनफल ही कहा है । गोम्मटसारमें सबसे जघन्य और सबसे उत्कृष्ट शरीरकी अवगाहनाके स्वामी बतलाये हैं सो यहां बतलाते हैं । उसमें कहा है—जो सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीव उस पर्यायमें ऋजुगतिसे उत्पन्न हुआ हो उसके तीसरे समयमें घनांगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण अवगाहना होती है । यह अवगाहना सबसे

१ ग गोमट्ट०, स गोमट०.।

विशिष्टशरीरं सर्वावगाहविकल्पेभ्यो जघन्यं भवति। स्वयंभूरमणसमुद्रमध्यवर्तिमहामत्स्ये उत्कृष्टावगाहेभ्यः सर्वेभ्यः सर्वोत्कृष्टावगाहविशिष्टशरीरं भवतीति। इति देहावगाहप्रमाणं गतम् ॥१७५॥ अथ जीवस्य कथंचित्सर्वगतत्वं देहप्रमाणं चाचष्टे–

लोय-पमाणो जीवो देह-पमाणो वि अच्छदे खेत्ते।
उग्गाहण-सत्तीदो संहरण-विसप्प-धम्मादो ॥ १७६ ॥

[छाया–लोकप्रमाणः जीवः देहप्रमाणः अपि आस्ते क्षेत्रे। अवगाहनशक्तितः संहरणविसर्पधर्मात् ॥] जीवः आत्मा लोकप्रमाणः, निश्चयनयतः लोकाकाशप्रमाणो जीवो भवति। कुतः। जीवस्य लोकाकाशप्रमितासंख्येयप्रदेशमात्रत्वात्, केवलिनो दण्डकपाटप्रतरलोकपूरणसमुद्घातकाले लोकव्यापकत्वाच्च। अपिशब्दात् स्वयं चित्समुत्पन्नकेवलज्ञानोत्पत्तिप्रस्तावे ज्ञानापेक्षया व्यवहारनयेन लोकालोकव्यापको जीवो भवेत्, न च प्रदेशापेक्षया। अपि पुनः, क्षेत्रे शरीरे, अच्छदे आस्ते संतिष्ठते। व्यवहारनयेन नामकर्मोदयात् अत एव देहप्रमाणः जीवः। जघन्येन उत्सेधघनाङ्गुलासंख्येयभागप्रमितलब्ध्यपूर्णसूक्ष्मनिगोदशरीरमात्रः आत्मा। उत्कृष्टेन योजनसहस्रप्रमाणमहामत्स्यशरीरमात्रो जीवः। मध्यमावगाहेन मध्यमशरीरप्रमाणः प्राणी। अत्रानुमानं देवदत्तात्मा देवदत्तशरीरे एव। तत्रैव सर्वत्रैवोपलभ्यते तत्रैव तत्र सर्वत्रैव तदसाधारणतद्गुणत्वोपलब्ध्यन्यथानुपपत्तेः। ननु व्यापकत्वं कथमिति चेत्, अवगाहनशक्तितः। सा शक्तिः कुतः। संहरणविसर्पणधर्मात्। संहरणं संकोचः विसर्पणं विस्तारः त एव धर्मः स्वभावः तस्मात्, शरीरनामकर्मजनितविस्तारोपसंहारधर्माभ्यामित्यर्थः। कोऽत्र दृष्टान्तः। यथा प्रदीप उपसंहरणस्वभावेन घटीघटोदञ्चनादिलघुभाजनप्रच्छादितस्तद्भाजनान्तरं प्रकाशयति, विस्तारेण दीपः अलिंजरगृहादिमहद्भाजनप्रच्छादितः तद्भाजनान्तरं प्रकाशयति। तथात्मा संहरणधर्मेण निगोदादिशरीरमात्रः, विसर्पण [–धर्मेण] मत्स्यादिशरीरमात्रो जायते। तथा वेदनाकषायविक्रियामारणान्तिकतैजसाहारकेवलिसंज्ञसप्तसमुद्घातवर्जनात् जीवः शरीरप्रमाणः। तद्यथा। "मूलसरीरमछंडिय उत्तरदेहस्स जीवपिंडस्स। णिग्गमणं देहादो हवदि समुग्घादयं णाम ॥" तीव्रवेदनानुभवात् मूलशरीरमत्यक्त्वा आत्मप्रदेशानां बहिर्गमनम्, सीतादिपीडितानां रामचन्द्रादीनां चेष्टाभिरिवं, वेदनासमुद्घातः दृश्यते इति वेदनासमुद्घातः। १। तीव्रकषायोदयान्मूलशरीरमत्यक्त्वा परस्य घातार्थमात्मप्रदेशानां बहिर्निर्गमनं संग्रामे सुभटानां रक्तलोचनादिभिः प्रत्यक्षदृश्यमानमिति

जघन्य है। तथा स्वयंभूरमण समुद्रमें जो महामत्स्य रहता है उसके शरीरकी अवगाहना सबसे उत्कृष्ट होती है। इस प्रकार शरीरकी अवगाहनाके प्रमाणका वर्णन समाप्त हुआ ॥ १७५ ॥ अब जीवको कथंचित् सर्वगत और कथंचित् शरीर प्रमाण बतलाते हैं। **अर्थ**–अवगाहन शक्तिके कारण जीव *लोकप्रमाण है* । और संकोच विस्तार धर्मके कारण शरीरप्रमाण *भी है* ॥ **भावार्थ**–निश्चयनयसे जीव लोकाकाशके बराबर है; क्योंकि जीवके लोकाकाशप्रमाण असंख्यात प्रदेश होते हैं। तथा जब केवली दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घात करते हैं उस समय जीव समस्त लोकमें व्याप्त हो जाता है। 'अपि' शब्द से जब जीवको केवल ज्ञान उत्पन्न होता है तो वह लोकालोकको जानता है। अतः व्यवहार नयसे ज्ञानकी अपेक्षा जीव लोकालोकमें व्यापक है, प्रदेशोंकी अपेक्षासे नहीं। तथा नामकर्मके उदयके कारण जीव शरीरमें रहता है अतः व्यवहारनयसे शरीरके बराबर है। जघन्यसे जीव घनांगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवके शरीरके बराबर है। उत्कृष्टसे एक हजार योजन प्रमाण महामत्स्यके शरीरके बराबर है। और मध्यम अवगाहनाकी अपेक्षा मध्यम शरीरके बराबर है जीव शरीरके बराबर है, इसकी सिद्धि अनुमानसे भी होती है। देवदत्तकी आत्मा देवदत्तके शरीरमें ही सर्वत्र है; क्योंकि देवदत्तके सर्व शरीरमें ही उसके असाधारण गुण देखे जाते हैं। शङ्का–आत्मा

[ओगाहण ?]। २ मूले तु 'सीतादि'। ३ मूले तु 'रामचन्द्रचेष्टाभिः'।

कषायसमुद्घातः । २ । मूलशरीरमत्यक्त्वा किमपि विकुर्वयितुमात्मप्रदेशानां बहिर्गमनमिति विकुर्वणासमुद्घातः । स तु विष्णुकुमारादिवत् महर्षीणां देवानां च भवति । ३ । मरणान्तसमये मूलशरीरमत्यक्त्वा यत्र कुत्रचित् बद्धमायुस्तत्प्रदेशं स्फुटितुम् आत्मप्रदेशानां बहिर्गमनमिति मारणान्तिकसमुद्घातः । स च संसारिजीवानां विग्रहगतौ स्यात् । ४ । स्वस्य मनोऽनिष्टजनकं किंचित्कारणान्तरमवलोक्य समुत्पन्नक्रोधस्य संयमनिधानस्य महामुनेर्मूलशरीरमत्यज्य सिन्दूरपुञ्जप्रभः दीर्घत्वेन द्वादशयोजनप्रमाणः १२ सूच्यङ्गुलसंख्येयभागो मूलविस्तारः २ नवयोजनाग्रविस्तारः ९ काहलाकारपुरुषः वामस्कन्धान्निर्गत्य वामप्रदक्षिणेन हृदयनिहितं विरुद्धं वस्तु भस्मसात्कृत्य तेनैव संयमिना सह च भस्म व्रजति, द्वीपायनवत् । असावशुभस्तेजःसमुद्घातः । लोकं व्याधिदुर्भिक्षादिपीडितमवलोक्य समुत्पन्नकृपस्य परमसंयमनिधानस्य महर्षेर्मूलशरीरमत्यज्य शुभ्राकृतिः प्रागुक्तदेहप्रमाणः दीर्घयो. १२ । सू. २ वि. यो. ९ पुरुषो दक्षिणस्कन्धान्निर्गत्य दक्षिणप्रदक्षिणेन व्याधिदुर्भिक्षादिकं स्फेटयित्वा पुनरपि स्वस्थाने प्रविशति । असौ शुभरूपस्तेजःसमुद्घातः । ५ । समुत्पन्नपदपदार्थभ्रान्तेः परमर्द्धिसंपन्नस्य महर्षेः मूलशरीरमत्यज्य शुद्धस्फटिकाकृतिः एकहस्तप्रमाणः पुरुषो मस्तकमध्यान्निर्गत्य यत्र कुत्रचिदन्तर्मुहूर्तमध्ये केवलज्ञानिनं पश्यतस्तद्दर्शनात् च स्वाश्रयस्य मुनेः पदपदार्थनिश्चयं समुत्पाद-

---

व्यापक कैसे है? समाधान—क्योंकि उसमें अवगाहन शक्ति है। शङ्का—अवगाहन शक्ति क्यों है? समाधान—शरीर नाम कर्मका उदय होनेसे आत्मामें संकोच और विस्तार धर्म पाया जाता है। जैसे दीपकको यदि घड़े घड़िया या सकोरे वगैरह छोटे बर्तनोंसे ढक दिया जाये तो वह अपने संकोच स्वभावके कारण उसी बर्तनको प्रकाशित करता है। और यदि उसी दीपकको किसी बड़े बरतनसे ढाक दिया जाये या किसी घर वगैरहमें रखदिया जाये तो वह फैलकर उसीको प्रकाशित करता है। इसी तरह आत्मा निगोदिया शरीर पानेपर सकुचकर उतना ही होजाता है और महामत्स्य वगैरहका बड़ा शरीर पानेपर फैलकर उतना ही बड़ा होजाता है। तथा वेदना समुद्घात, कषाय समुद्घात, विक्रिया समुद्घात, मारणान्तिक समुद्घात, तैजस समुद्घात, आहारक समुद्घात और केवली समुद्घात इन सात समुद्घातोंको छोड़कर जीव अपने शरीरके बराबर है। मूल शरीरको न छोड़कर आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको समुद्घात कहते हैं। तीव्र कष्टका अनुभव होनेसे मूलशरीरको न छोड़कर आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको वेदना समुद्घात कहते हैं। तीव्र कषायके उदयसे मूल शरीरको न छोड़कर परस्परमें एक दूसरेका घात करनेके लिये आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको कषाय समुद्घात कहते हैं। संग्राममें योद्धा लोग क्रोधमें आकर लाल लाल आँखे करके अपने शत्रुको ताकते हैं यह प्रत्यक्ष देखा जाता है, यही कषाय समुद्घातका रूप है। कोई भी विक्रिया करते समय मूल शरीरको न छोड़कर आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको विक्रिया समुद्घात कहते हैं। तत्त्वोंमें शंका होनेपर उसके निश्चयके लिये या जिनालयोंकी वन्दनाके लिये छठे गुणस्थानवर्ती मुनिके मस्तकसे जो पुतला निकलता है और केवली या श्रुतकेवलीके निकट जाकर अथवा जिनालयोंकी वन्दना करके लौटकर पुनः मुनिके शरीरमें प्रविष्ट होजाता है वह आहारसमुद्घात है। जब केवलीकी आयु अन्तर्मुहूर्तमात्र शेष रहती है और शेष तीन अघातिया कर्मोंकी स्थिति उससे अधिक होती है तो बिना भोगे तीनों कर्मोंकी स्थिति आयुकर्मके बराबर करनेके लिये दण्ड, कपाट, मथानी, और लोकपूरण रूपमें केवली भगवान्, अपनी आत्माके प्रदेशोंको सब लोकमें फैला देते हैं उसे केवली समुद्घात कहते हैं। इन सात समुद्घातोंको छोड़कर जीव अपने शरीरके

विष्यतः पुनः स्वस्थाने प्रविशति । असावाहारकसमुद्घातः । ६ । सप्तमः केवलिनां दण्डकपाटमन्थानप्रतरणलोकपूरणः सोऽयं केवलिसमुद्घातः । ७ । सप्त समुद्घातान् वर्जयित्वा जीवः शरीरप्रमाण इत्यर्थः ॥ १७६ ॥ अथ केचन नैयायिकादयः जीवस्य सर्वगतत्वं प्रतिपादयन्ति, तन्निषेधपरं सूत्रमाचष्टे–

सव्व-गओ जदि जीवो सव्वत्थ वि दुक्ख-सुक्ख-संपत्ती ।
जाइज्ज[1] ण सा दिट्ठी णिय-तणु-माणो तदो जीवो ॥ १७७ ॥

[छाया–सर्वगतः यदि जीवः सर्वत्र अपि दुःखसौख्यसंप्राप्तिः । जायते न सा दृष्टिः निजतनुमानः ततः जीवः ॥] भो नैयायिकाः, यदि चेत् जीवः, सर्वगतः सर्वव्यापकः, 'एक एव हि भूतात्मा देहे देहे व्यवस्थितः । एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलकुण्डवत् ॥" इति जीवस्य व्यापकत्वम् अङ्गीक्रियते तर्हि सर्वत्रापि स्वशरीरेऽपि स्वप्रदेशवत् परप्रदेशेऽपि च सुखदुःखसंपत्तिः सुखदुःखसंप्राप्तिर्जायते उत्पद्यते । यथा स्वशरीरे जीवस्य सुखदुःखावाप्तिः तथा परशरीरेऽपि भवतु नाम को दोषः । सा दिट्ठी ण, परशरीरसुखदुःखसंपत्तिः प्रत्यक्षादिप्रमाणतः दृष्टा न । तदो ततः कारणात् स्वशरीरे स्वशरीरे सुखदुःखानुभवनात् जीवः निजतनुप्रमाणः स्वकीयशरीरप्रमाणः स्वकीयदेहमात्र इत्यर्थः ॥ १७७ ॥ अथ नैयायिकसांख्यादयः अर्थान्तरभूतेन ज्ञानेन जीवं ज्ञानिनं निगदन्ति तन्निषेधमाह–

बराबर है । आशय यह है कि समुद्घात दशामें तो आत्मप्रदेश शरीरसे बाहर भी फैले रहते हैं, अतः उस समय जीव अपने शरीरके बराबर नहीं होता । समुद्घात दशाको छोड़कर जीव अपने शरीर के बराबर होता है ॥ १७६ ॥ नैयायिक वगैरह जीवको व्यापक मानते हैं । उनका निषेध करनेके लिये गाथा कहते हैं । **अर्थ**–यदि जीव व्यापक है तो इसे सर्वत्र सुखदुःखका अनुभव होना चाहिये । किन्तु ऐसा नहीं देखा जाता । अतः जीव अपने शरीरके बराबर है ॥ **भावार्थ**–हे नैयायिकों ! यदि आप जीवको व्यापक मानते हैं; क्यों कि ऐसा कहा है "एक ही आत्मा प्रत्येक शरीरमें वर्तमान है । और वह एक होते हुए भी अनेक रूप दिखाई देता है । जैसे एक ही चन्द्रमा अनेक जलाशयोंमें प्रतिबिम्बित होनेसे अनेक दिखाई देता है ।" तो जैसे जीवको अपने शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका अनुभव होता है वैसे ही पराये शरीरमें होने वाले सुखदुःखका भी अनुभव उसे होना चाहिये । किन्तु यह बात प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंसे सिद्ध है कि पराये शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका अनुभव जीवको नहीं होता, बल्कि अपने शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका ही अनुभव होता है । अतः जीव अपने शरीरके ही बराबर है । अन्य मतोंमें जीवके विषयमें जुदी जुदी मान्यताएँ हैं । कोई उसे एक मानकर व्यापक मानता है, और कोई उसे अनेक मानकर व्यापक मानते हैं । नैय्यायिक, वैशेषिक वगैरह जैनोंकी तरह प्रत्येक शरीरमें जुदी जुदी आत्मा मानते हैं, और प्रत्येक आत्माको व्यापक मानते हैं । ब्रह्मवादी एक ही आत्मा मानते हैं और उसे व्यापक मानते हैं । ऊपर टीकाकारने जो चन्द्रमाका दृष्टान्त दिया है वह ब्रह्मवादियोंके मतसे दिया है । जैसे एक चन्द्रमा अनेक जलपात्रोंमें परछाईके पड़नेसे अनेक रूप दिखाई देता है वैसे ही एक आत्मा अनेक शरीरोंमें व्याप्त होनेसे अनेक प्रतीत होता है । इसपर जैनोंकी यह आपत्ति है कि यदि आत्मा व्यापक और एक है तो सब शरीरोंमें एक ही आत्मा व्यापक हुआ । ऐसी स्थितिमें जैसे हमें अपने शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका अनुभव होता है वैसे ही अन्य शरीरोंमें होनेवाले सुख दुःखका

---

[1] ब जोयज्ज (?) ।

जीवो णाण-सहावो जह अग्गी उण्हवो[1] सहावेण।
अत्थंतर-भूदेण हि णाणेण ण सो हवे णाणी ॥ १७८ ॥

[छाया-जीवः ज्ञानस्वभावः यथा अग्निः उष्णः स्वभावेन। अर्थान्तरभूतेन हि ज्ञानेन न स भवेत् ज्ञानी ॥] हि इति निश्चितम्। णाणेण ज्ञानेन अर्थान्तरभूतेन जीवात् सर्वथा भिन्नेन स जीवः ज्ञानी भवेत् न। नैयायिकाः गुण-गुणिनोरात्मज्ञानयोर्भिन्नत्वमाचक्षते। सांख्यास्तु आत्मनः सकाशात् प्रकृतिर्भिन्ना, ततः बुद्धिर्जायते, प्रकृतेर्महान् इति वचनात्। तदपि सर्वमसत्। जीवः ज्ञानस्वभावः। यथा अग्निः स्वभावेन उष्णः, तथा आत्मा स्वभावेन ज्ञानमयः ॥ १७८ ॥ अथ जीवात् सर्वथा ज्ञानं भिन्नं प्रतिपादयतो नैयायिकान् दूषयति-

जदि जीवादो भिण्णं सव्व-पयारेण हवदि तं णाणं।
गुण-गुणि-भावो[2] य तहा दूरेण पणस्सदे[3] दुण्हं ॥ १७९ ॥

[छाया-यदि जीवात् भिन्नं सर्वप्रकारेण भवति तत् ज्ञानम्। गुणगुणिभावः च तथा दूरेण प्रणश्यते द्वयोः ॥] अथ जीवात् आत्मनः सर्वप्रकारेण[4] गुणगुणिभावेन जन्यजनकभावेन ज्ञानात्मस्वभावेन स्वभावविभावेन च तं णाणं ज्ञानं

अनुभव भी हमें होना चाहिये; क्यों कि एक ही आत्मा सब शरीरोंमें व्याप्त है। परन्तु ऐसा नहीं देखा जाता। प्रत्येक प्राणीको अपने ही शरीरमें होने वाले सुख दुःखका अनुभव होता है। इस लिये जीवको शरीर प्रमाण मानना ही उचित है ॥ १७७ ॥ नैयायिक सांख्य वगैरह आत्मासे ज्ञानको भिन्न मानते हैं। और उस भिन्न ज्ञानके सम्बन्धसे आत्माको ज्ञानी कहते हैं। आगे इसका निषेध करते हैं। **अर्थ**-जैसे अग्नि स्वभावसे ही उष्ण है वैसे ही जीव ज्ञानस्वभाव है। वह अर्थान्तरभूत ज्ञानके सम्बन्धसे ज्ञानी नहीं है ॥ **भावार्थ**-नैयायिक गुण और गुणीको भिन्न मानता है। आत्मा गुणी है और ज्ञान गुण है। अतः वह इन दोनोंको भिन्न मानता है। सांख्य मतमें आत्मा और प्रकृति ये दो जुदे जुदे तत्त्व हैं। और प्रकृतिसे बुद्धि उत्पन्न होती है; क्यों कि 'प्रकृतिसे महान् नामका तत्त्व पैदा होता है' ऐसा सांख्य मतमें कहा है। इस तरह ये दोनों मत आत्मासे ज्ञानको भिन्न मानते हैं। किन्तु यह ठीक नहीं हैं; क्योंकि जैसे अग्नि स्वभावसे ही उष्ण होती है वैसे ही आत्मा भी स्वभावसे ही ज्ञानी है। जिनके प्रदेश जुदे जुदे होते हैं वे भिन्नभिन्न होते हैं। जैसे डण्डाके प्रदेश जुदे हैं, और देवदत्तके प्रदेश जुदे हैं। अतः वे दोनों अलग २ दो वस्तुएं मानी जाती हैं। तथा जब देवदत्त हाथमें डण्डा लेता है तो डण्डेके सम्बन्धसे वह दण्डी कहलाने लगता है। इस तरह गुण और गुणीके प्रदेश जुदे जुदे नहीं हैं। जो प्रदेश गुणीके हैं वे ही प्रदेश गुणके हैं। इसीसे गुण हमेशा गुणीवस्तुमें ही पाया जाता है। गुणीको छोड़कर गुण अन्यत्र नहीं पाया जाता। अतः गुणके सम्बन्धसे वस्तु गुणी नहीं है। किन्तु स्वभावसे ही वैसी है। इसीसे अग्नि स्वभावसेही उष्ण है, आत्मा स्वभावसे ही ज्ञानी है; क्योंकि अग्नि और उष्णकी तथा आत्मा और ज्ञानकी सत्ता स्वतन्त्र नहीं है ॥ १७८ ॥ आगे आत्मासे ज्ञानको सर्वथा भिन्न माननेवाले नैयायिकोंके मतमें दूषण देते हैं। **अर्थ**-यदि जीवसे ज्ञान सर्वथा भिन्न है तो उन दोनोंका गुणगुणीभाव दूरसे ही नष्ट हो जाता है ॥ **भावार्थ**-यदि जीवसे ज्ञान सर्वथा भिन्न है, अर्थात् मति श्रुत आदिके भेदसे प्रसिद्ध ज्ञानमें और आत्मा में न गुणगुणी भाव है, न जन्यजनक भाव है, और न ज्ञान आत्माका स्वभाव है,

१ क म स उण्हओ। २ ब गुणिगुणि। ३ म विणस्सदे। ४ ग सर्वथा प्रकारेण।

तत् मतिश्रुतादिभेदेन प्रसिद्धं ज्ञानं बोधः भिन्नं पृथक् भवति यदि चेत्, तदा दोण्हं जीवज्ञानयोः गुणगुणिभावः, ज्ञानं गुणः जीवः गुणी इति भावः, दूरेण अत्यर्थं प्रणश्यति । चशब्दात् स्वभावविभावः कार्यकारणभावश्च गृह्यते, सह्य-विन्ध्यवत् । यथा सह्यविन्ध्ययोरत्यन्तभेदेन न घटते तथात्मज्ञानयोरपि ॥ १७९ ॥ अथ जीवज्ञानयोः गुणगुणिभावेन भेदं निगदति–

जीवस्स वि णाणस्स वि गुणि-गुण-भावेण कीरए भेओ ।
जं जाणदि तं णाणं एवं भेओ कहं होदि ॥ १८० ॥

[छाया–जीवस्य अपि ज्ञानस्य अपि गुणिगुणभावेन क्रियते भेदः । यत् जानाति तत् ज्ञानम् एवं भेदः कथं भवति ॥] जीवस्यापि ज्ञानस्यापि भेदः पृथक्त्वं गुणगुणिभावेन[1] क्रियते । ज्ञानं गुणः, आत्मा गुणी, ज्ञानजीवस्वभावेन गुणगुणिनोः कथंचिद्भेदः भिन्नलक्षणत्वात्, घटवस्त्रवदिति तयोर्भिन्नलक्षणत्वं परिणामविशेषात् शक्तिमच्छक्तिभावतः संज्ञासंख्या-विशेषाच्च कार्यकारणभेदाच्च पावकोष्णवत् । तथा चोक्तमष्टसहस्र्याम् । "द्रव्यपर्याययोरैक्यं तयोरव्यतिरेकतः । परि-णामविशेषाच्च शक्तिमच्छक्तिभावतः ॥ संज्ञासंख्याविशेषाच्च स्वलक्षणविभेदतः । कार्यकारणभेदाच्च तन्नानात्वं न सर्वथा ॥" इति ॥ १८० ॥ अथ ज्ञानं पृथ्व्यादिभूतविकारमिति वादिनं चार्वाकं[2] निराकरोति–

यदि ऐसा मानते हो तो जीव और ज्ञानमें से जीव गुणी है और ज्ञान गुण है यह गुणगुणी भाव एकदम नष्ट होजाता है । जैसे सह्य और विन्ध्य नामके पर्वतोंमें न गुणगुणी भाव है, न कार्यकारण भाव है, और न स्वभाव-स्वभाववान्पना है । इसलिये वे दोनों अत्यन्त भिन्न हैं । इसी तरह आत्मा और ज्ञानको भी सर्वथा भिन्न माननेसे उनमें गुणगुणीपना नहीं बन सकता ॥ १७९ ॥ अब कोई प्रश्न करता है कि यदि आत्मा और ज्ञान जुदे जुदे नहीं हैं तो उनमें गुण गुणीका भेद कैसे है ? इसका उत्तर देते हैं । **अर्थ**–जीव और ज्ञानमें गुण-गुणी भावकी अपेक्षा भेद किया जाता है । यदि ऐसा न हो तो 'जो जानता है वह ज्ञान है' ऐसा भेद कैसे हो सकता है ॥ **भावार्थ**–गुणगुणी भावकी अपेक्षा जीव और ज्ञानमें भी भेद किया जाता है कि ज्ञान गुण है और आत्मा गुणी है । क्योंकि जैसे भिन्न लक्षण होनेसे घट और वस्त्र भिन्न भिन्न हैं वैसे ही गुण और गुणी भी भिन्न लक्षणके होनेसे भिन्न भिन्न हैं–गुणका लक्षण जुदा है और गुणीका लक्षण जुदा है । गुणी परिणामी है और गुण उसका परिणाम है । गुणी शक्तिमान् है और गुण शक्ति है । गुणी कारण है और गुण कार्य है । तथा गुण और गुणीमें नाम भेद है । संख्याकी अपेक्षा भेद है गुणी एक होता है और गुण अनेक होते हैं । जैसे अग्नि गुणी है और उष्ण गुण है । ये दोनों यद्यपि अभिन्न हैं फिर भी गुण गुणी भावकी अपेक्षा इन दोनोंमें भेद है । इसी तरह जीव और ज्ञानमें भी जानना चाहिये । आचार्य समन्तभद्रने भी आप्तमीमांसा कारिका ७१-७२ में ऐसा ही कहा है और अष्टसहस्रीमें उसका व्याख्यान करते हुए बतलाया है कि 'द्रव्य अर्थात् गुणी और पर्याय अर्थात् गुण दोनों एक वस्तु हैं; क्योंकि वे दोनों अभिन्न हैं फिर भी उन दोनोंमें कथंचित् भेद है । क्योंकि दोनोंका स्वभाव भिन्न भिन्न है–द्रव्य अनादि अनन्त और एकस्वभाव होता है और पर्याय सादि सान्त और अनेक स्वभाववाली होती है । द्रव्य शक्तिमान् होता है और पर्याय उसकी शक्तियां हैं । द्रव्यकी संज्ञा द्रव्य है और पर्यायकी संज्ञा पर्याय है । द्रव्यकी संख्या एक होती है और पर्यायोंकी संख्या अनेक

१ ब गुणिगुणि, छ म स ग गुणगुणि । २ आदर्शे 'कारिकारण' इति पाठः ।

णाणं भूय-वियारं जो मण्णदि सो वि भूद-गहिदव्वो ।
जीवेण विणा णाणं किं केण वि दीसदे[1] कत्थ ॥ १८१ ॥

[छाया-ज्ञानं भूतविकारं यः मन्यते सः अपि भूतगृहीतव्यः । जीवेन विना ज्ञानं किं केन अपि दृश्यते कुत्र ॥] यश्चार्वाकः ज्ञानं जीवः । गुणगुणिनोरभेदात् कारणे कार्योपचाराच्च ज्ञानशब्देन जीवो गृह्यते । भूतविकारं ज्ञानं पृथिव्यप्तेजोवायुविकारो जीवः मन्यते अङ्गीकरोति । सोऽपि चार्वाकः भूतगृहीतव्यः भूतैः पिशाचादिभिः गृहीतव्यः गृथिल इत्यर्थः । कत्थ वि कुत्रापि स्थाने केनापि मनुष्यादिजीवेन आत्मना विना ज्ञानं बोधः किं दृश्यते । अपि पुनः ॥ १८१ ॥ अथ सचेतनप्रत्यक्षैकप्रमाणवादिनं जीवाभाववादिनं च चार्वाकं दूषयति–

सच्चेयण-पच्चक्खं जो जीवं णेवं[2] मण्णदे[3] मूढो ।
सो जीवं ण मुणंतो जीवाभावं कहं कुणदि ॥ १८२ ॥

[छाया-सचेतनप्रत्यक्षं यः जीवं नैव मन्यते मूढः । स जीवं न जानन् जीवाभावं कथं करोति ॥] यश्चार्वाको मूढः जीवमात्मानं नैव मन्यते, जीवो नास्तीति कथयतीत्यर्थः । कीदृशं जीवम् । सचेतनं प्रत्यक्षं सत् विद्यमानं चेतनप्रत्यक्षं

होती है । द्रव्यका लक्षण गुणपर्यायवान् है और गुण या पर्यायका लक्षण द्रव्याश्रयी और निर्गुण है । द्रव्यका कार्य एकत्वका और अन्वयपनेका ज्ञान कराना है, और पर्यायका कार्य अनेकत्वका और व्यतिरेकपनेका ज्ञान कराना है । अतः परिणाम, स्वभाव, संज्ञा, संख्या और प्रयोजन आदिका भेद होनेसे द्रव्य और गुण भिन्न हैं, किन्तु सर्वथा भिन्न नहीं हैं' ॥ १८० ॥ चार्वाक ज्ञानको पृथिवी आदि पञ्चभूतका विकार मानता है । आगे उसका निराकरण करते हैं । **अर्थ**–जो ज्ञानको भूतोंका विकार मानता है उसे भी भूतोंने जकड़ लिया है; क्योंकि क्या किसीने कहीं जीवके बिना ज्ञान देखा है ॥ **भावार्थ**–यहां पर ज्ञानशब्दसे जीव लेना चाहिये; क्योंकि गुण और गुणीमें अभेद होनेसे अथवा ज्ञानके कारण जीवमें, कार्य ज्ञानका उपचार करनेसे जीवको ज्ञान 'शब्दसे कहा जा सकता है । अतः गाथाका ऐसा अर्थ करना चाहिये–जो चार्वाकमतानुयायी जीवको पृथिवी, जल, अग्नि और वायुका विकार मानता है, उसे भी भूत अर्थात् पिशाचोंने अपने वशमें कर लिया है; क्योंकि किसी भी जगह बिना आत्माके ज्ञान क्या देखा है ? चार्वाक मतमें जीव अथवा आत्मा नामका कोई अलग तत्त्व नहीं है । पृथिवी, जल, आग और वायुके मेलसे ही चैतन्यकी उत्पत्ति या अभिव्यक्ति होजाती है ऐसा उनका मत है । इसपर जैनोंका कहना है कि भूतवादी चार्वाक पर अवश्य ही भूत सवार हैं तभी तो वह इस तरहकी बात कहता है, क्योंकि जीवका खास गुण ज्ञान है । ज्ञान चैतन्यमें ही रहता है, पृथिवी आदि भूतोंमें नहीं रहता । अतः जब पृथिवी आदि भूतोंमें चैतन्य अथवा ज्ञानगुण नहीं पाया जाता तब उनसे चैतन्यकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है; क्योंकि कारणमें जो गुण नहीं होता वह गुण कार्यमें भी नहीं होता । इसके सिवा मुर्देके शरीरमें पृथिवी आदि भूतोंके रहते हुए भी ज्ञान नहीं पाया जाता । अतः ज्ञान भूतोंका विकार नहीं है ॥ १८१ ॥ केवल एक प्रत्यक्ष प्रमाण माननेवाले और जीवका अभाव कहनेवाले चार्वाकके मतमें पुनः दूषण देते हैं । **अर्थ**–जो मूढ स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे सिद्ध जीवको नहीं मानता है वह जीवको बिना जाने जीवका अभाव कैसे करता है?॥ **भावार्थ**–जो मूढ चार्वाक स्वसंवेदन अर्थात् स्वानुभव प्रत्यक्षसे सिद्ध जीवको नहीं मानता

१ क म स ग दीसए । २ क स ग णेय, म णव । ३ ग मण्णदि ।

स्वसंवेदनप्रत्यक्षं स्वानुभवप्रत्यक्षमिति यावत्। स चार्वाकः जीवमात्मानं न जानन् सन् जीवाभावं जीवस्यात्मनः अभावं नास्तित्वं कहं कथं करोति केन प्रकारेण विदधाति। यो यं न वेत्ति स तस्याभावं कर्तुं न शक्नोतीत्यर्थः ॥ १८२॥ अथ युक्त्या चार्वाकं प्रति जीवसद्भावं विभावयति–

जदि ण य हवेदि जीवो ता को वेदेदि सुक्ख-दुक्खाणि।
इंदिय-विसया सव्वे को वा जाणदि विसेसेण ॥ १८३ ॥

[छाया–यदि न च भवति जीवः तत् कः वेत्ति सुखदुःखे। इन्द्रियविषयाः सर्वे कः वा जानाति विशेषेण ॥] यदि चेत् जीवो न च भवति तो तर्हि कः जीवः सुखदुःखानि वेत्ति जानाति। वि पुनः, विशेषेण विशेषतः, सर्वे इन्द्रियविषयाः स्पर्श ८ रस ५ गन्ध २ वर्ण ५ शब्द ७ रूपाः। प्राकृतत्वात् प्रथमा अर्थतस्तु द्वितीया विभक्तिः विलोक्यते। तान् इन्द्रियविषयान् को जानाति को वेत्ति। आत्मनोऽभावे प्रत्यक्षैकप्रमाणवादिनश्चार्वाकस्येन्द्रियप्रत्यक्षं कथं स्यात् ॥ १८३ ॥ अथात्मनः सद्भावे उपपत्तिमाह–

संकप्प-मओ जीवो सुह-दुक्खमयं हवेइ संकप्पो।
तं चिय वेददि[1] जीवो देहे मिलिदो वि सव्वत्थ ॥ १८४ ॥

और कहता है कि जीव नहीं है। यह चार्वाक जीवको विना जाने कैसे कहता है कि जीव नहीं है? क्योंकि जो जिसे नहीं जानता वह उसका अभाव नहीं कर सकता। चार्वाक केवल एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही मानता है। उसके मतानुसार जो वस्तु प्रत्यक्ष अनुभवमें आती है केवल वही सत् है और जिसका प्रत्यक्ष नहीं होता वह असत् है। उसकी इस मान्यताके अनुसार भी जीवका सद्भाव ही सिद्ध होता है क्योंकि प्रत्येक व्यक्तिको 'मैं हूं' ऐसा अनुभव होता है। यह अनुभव मिथ्या नहीं है क्योंकि इसका कोई बाधक नहीं है। सन्दिग्ध भी नहीं है, क्योंकि जहां 'सीप है या चांदी' इस प्रकारकी दो कोटियां होती हैं वहां संशय होता है। शायद कहा जाये कि 'मैं हूं' इस अनुभवका आलम्बन शरीर है, किन्तु यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि 'मैं हूं' यह अनुभव विना बाह्य इन्द्रियोंकी सहायताके मनसे ही होता है, शरीर तो बाह्य इन्द्रियोंका विषय है। अतः वह इस प्रकारके स्वानुभवका विषय नहीं हो सकता। अतः 'मैं हूं' इस प्रकारके प्रत्ययका आलम्बन शरीरसे भिन्न कोई ज्ञानवान् पदार्थ ही हो सकता है। वही जीव है। दूसरे, जब चार्वाक जीवको प्रत्यक्ष प्रमाणका विषय ही नहीं मानता तो वह विना जाने यह कैसे कह सकता है कि 'जीव नहीं है'। अतः चार्वाकका मत ठीक नहीं है ॥ १८२ ॥ अब ग्रन्थकार युक्तिसे चार्वाकके प्रति जीवका सद्भाव सिद्ध करते हैं। **अर्थ**–यदि जीव नहीं है तो सुख आदिको कौन जानता है? तथा विशेष रूपसे सब इन्द्रियोंके विषयोंको कौन जानता है॥ **भावार्थ**–यदि जीव नहीं है तो कौन जीव सुख दुःख वगैरहको जानता है। तथा खास तौरसे इन्द्रियोंके विषय जो ८ स्पर्श, ५ रस, २ गन्ध, ५ वर्ण, और ७ शब्द हैं, उन सबको भी कौन जानता है? क्योंकि आत्माके अभावमें एक प्रत्यक्ष प्रमाणवादी चार्वाकका इन्द्रियप्रत्यक्ष भी कैसे बन सकता है? यहां गाथामें 'इंदियविसया सव्वे' यह प्राकृत भाषामें होनेसे प्रथमा विभक्ति है किन्तु अर्थ की दृष्टिसे इसे द्वितीया विभक्ति ही लेना चाहिये ॥ १८३ ॥ फिर भी आत्माके सद्भावमें युक्ति देते हैं। **अर्थ**–यदि जीव संकल्पमय है और संकल्प सुखदुःखमय है तो सर्व शरीरमें मिला हुआ

[1] ग वेदुदे।

[छाया-संकल्पमयः जीवः सुखदुःखमयः भवति संकल्पः। तत् एव वेत्ति जीवः देहे मिलितः अपि सर्वत्र ॥] जीवः आत्मा चेत् यदि संकल्पमयः संकल्पनिर्वृत्तः स संकल्पः सुखदुःखमयो भवेत् सुखदुःखात्मको भवति। देहे शरीरे मिलितोऽपि मिश्रीभूतोऽपि सर्वत्र सर्वाङ्गे सर्वशरीरप्रदेशे तं स्विय तदेव सुखदुःखं वेत्ति जानातीत्यर्थः ॥ १८४ ॥ अथ देहमिलितो जीवः सर्वकार्याणि करोति तद्दर्शयति-

देहं-मिलिदो वि जीवो सव्व-कम्माणि[1] कुव्वदे जम्हा।
तम्हा पयट्टमाणो एयत्तं बुज्झदे[3] दोण्हं[4] ॥ १८५ ॥

[छाया-देहमिलितः अपि जीवः सर्वकर्माणि करोति यस्मात्। तस्मात् प्रवर्तमानः एकत्वं बुध्यते द्वयोः ॥] यस्मात्कारणात् जीवः देहमिलितोऽपि शरीरयुक्तोऽपि। अपि शब्दात् विग्रहगत्यादौ औदारिकवैक्रियिकाहारकशरीर-रहितोऽपि। सर्वकर्माणि सर्वाणि कार्याणि घटपटलकुटमुकुटशकटगृहासिमषिकृषिवाणिज्यगोपालादिसर्वकार्याणि, तथा ज्ञानावरणादिशुभाशुभकर्माणि कुर्वते करोति विदधाति। तस्मात्कारणात् कार्यादिषु प्रवर्तमानो जनः। दोण्हं द्वयोः जीव-शरीरयोः एकत्वं बुध्यते मन्यते जानाति ॥ १८५ ॥ अथ शरीरयुक्तत्वेऽपि जीवस्य दर्शनादिक्रियां व्यनक्ति-

देह मिलिदो वि पिच्छदि देह-मिलिदो वि णिसुण्णदे[5] सद्दं।
देह-मिलिदो वि भुंजदि देहं-मिलिदो वि गँच्छेदि ॥ १८६ ॥

[छाया-देहमिलित. अपि पश्यति देहमिलितः अपि निश्रृणोति शब्दम्। देहमिलितः अपि भुङ्क्ते देहमिलित· अपि गच्छति ॥] अपि पुन., देहमिलितो जीवः शरीरेण संयुक्त आत्मा पश्यति श्वेतपीतहरितारुणकृष्णरूपाणि वस्तूनि सर्वकार्याणि लोचनाभ्यां मनसा वा चावलोकयति जीवः। अपि पुनः, निसुणदे कर्णाभ्यां शृणोति। किम्? इति चेदुक्त च।

होनेपर भी जीव उसीको जानता है ॥ **भावार्थ**-यदि जीव संकल्पमय है अर्थात् संकल्पोंका एक पुंज मात्र है और संकल्प सुखदुःखमय है तो शरीरमें मिला होनेपर भी जीव समस्त शरीरप्रदेशोंमें होने वाले सुखदुःखको ही जानता है। आशय यह है कि यदि चार्वाक जीवको संकल्पविकल्पोंका एक समूह मात्र मानता है तो वे संकल्पविकल्प सुखदुःखरूप ही हो सकते हैं। उन्हींको जीव जानता है तभी तो उसे 'मैं सुखी हूं, मैं दुःखी हूं' इत्यादि प्रत्यय होता है। बस वही तो जीव है ॥ १८४ ॥ आगे बतलाते हैं कि जीव शरीरमें मिला हुआ होनेपर भी सब कार्य करता है। **अर्थ**-यतः शरीरसे मिला हुआ होनेपर भी जीव सब कार्योंको करता है। अतः प्रवर्तमान मनुष्य जीव और शरीरको एक समझता है ॥ **भावार्थ**-जिस कारणसे शरीरसे युक्त भी जीव तथा 'अपि' शब्दसे विग्रहगति वगैरहमें औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरसे रहित भी जीव घट, वस्त्र, लकडी, मुकुट, गाडी, घर, वगैरह बनाता है, असि, मषी, कृषि, व्यापार, गोपालन आदिसे आजीविका करता है, इस तरह वह सब कार्योंको करता है तथा ज्ञानावरण आदि जो शुभाशुभ कर्म हैं उनको करता है, इसकारणसे कार्य वगैरह करनेवाला मनुष्य यह मान बैठता है कि जीव और शरीर दोनों एकही हैं। किन्तु वास्तवमें ऐसा नहीं है-जीव जुदा है और शरीर जुदा है ॥ १८५ ॥ आगे बतलाते हैं कि शरीरसे युक्त होने परभी जीव देखता सुनता है। **अर्थ**-शरीरसे मिला हुआ होनेपर भी जीव देखता है। शरीरसे मिला हुआ होनेपर भी जीव सुनता है। शरीरसे मिला हुआ होनेपर भी जीव भोक्ता है और शरीरसे

---

१ ब देहि। २ [सव्व कम्माणि]। ३ ब क म स ग बुज्झदे। ४ ब दुण्णं। ५ क म स ग णिसुणदे, [देहे मिलिदो वि णिसुणदे]। ६ [देहे]। ७ क म स ग गच्छेद, ब गच्छेदि (?)। ८ प कं।

"निषादर्षभगान्धारषड्जमध्यमधैवताः । पञ्चमश्चेति सप्तैते तन्त्रीकण्ठोत्थिताः स्वराः ॥ १ ॥ कण्ठदेशे स्थितः षड्जः शिरःस्थ ऋषभस्तथा । नासिकायां च गान्धारो हृदये मध्यमो भवेत् ॥ २ ॥ पञ्चमश्च मुखे ज्ञेयस्तालुदेशे तु धैवतः । निषादः सर्वगात्रे च ज्ञेयाः सप्त स्वरा इति ॥ ३ ॥ निषादं कुञ्जरो वक्ति ब्रूते गौ ऋषभं तथा । अजा वदति गान्धारं षड्जं ब्रूते भुजङ्गभुक् ॥ ४ ॥ ब्रवीति मध्यमं क्रौञ्चो धैवतं च तुरंगमः । पुष्पसंधारणे काले पिकः कूजति पञ्चमम् ॥ ५ ॥ नासाकण्ठमुरस्तालुजिह्वादन्तांश्च संस्पृशन् । षड्भ्यः संजायते यस्मात् तस्मात् षड्ज इति स्मृतः ॥ ६ ॥ नृणामुरसि मन्द्रस्तु द्वाविंशतिविधो ध्वनिः । स एव कण्ठे मध्यः स्यात् तारः शिरसि गीयते ॥ ७ ॥ घनं तु कांस्यतालादि वंशादिशुषिरं विदुः । ततं वीणादिकं वाद्यं विततं पटहादिकम् ॥ ८ ॥" इति स्वरसप्ताख्यं श्रवणविषयं करोति । कः । देहमिलितो जीवः । अपि पुनः, भुंजदि अन्नं भुङ्क्ते, अशनपानखाद्यस्वाद्यमाहारं भुंक्ते अश्नाति । कः । देहमिलितो जीवः । अपि पुनः, गच्छति चतुर्दिग्मार्गे चतुर्विदिग्मार्गे अध ऊर्ध्वमार्गे च याति व्रजति । कः । देहमिलितो जीवः ॥१८६॥ अथ जीवस्यात्मदेहयोः जीवस्य भेदापरिज्ञानं दर्शयति–

> राओ हं भिच्चो हं सिट्ठी हं चेव दुब्बलो बलिओ ।
> इदि एयत्ताविट्ठो दोण्हं[1] भेयं ण बुज्झेदि ॥ १८७ ॥

[छाया – राजा अहं भृत्यः अहं श्रेष्ठी अहं चैव दुर्बलः बली । इति एकत्वाविष्टः द्वयोः भेदं न बुध्यति ॥] इत्यमुना प्रकारेण एकत्वाविष्टः, अहं शरीरमेवमित्येकत्वं परिणतः, एकान्तत्वं मिथ्यात्वं प्राप्तो बहिरात्मा वा दोण्हं द्वयोर्जीव-

---

मिला हुआ होनेपर भी जीव चलता है ॥ **भावार्थ**–ऊपर कहीगई बातोंके सिवा शरीरसे संयुक्त होनेपर भी जीव सफेद, पीली, हरी, लाल और काले रंगकी विविध वस्तुओंको आंखोंसे मन लगाकर देखता है । तथा कानोंसे शब्दोंको सुनता है । शब्द अथवा स्वरके भेद इस प्रकार बतलाये हैं–निषाद, ऋषभ, गान्धार, षड्ज, मध्यम, धैवत, और पञ्चम ये सात स्वर तन्त्रीरूप कण्ठसे उत्पन्न होते हैं । १ । जो स्वर कण्ठ देशमें स्थित होता है उसे षड्ज कहते हैं । जो स्वर शिरोदेशमें स्थित होता है उसे ऋषभ कहते हैं । जो स्वर नासिका देशमें स्थित होता है उसे गान्धार कहते है । जो स्वर हृदयदेशमें स्थित होता है उसे मध्यम कहते हैं । २ । मुख देशमें स्थित स्वरको पञ्चम कहते हैं । तालुदेशमें स्थित स्वरको धैवत कहते हैं और सर्व शरीरमें स्थित स्वरको निषाद कहते हैं । इस तरह ये सात स्वर जानने चाहिये । ३ । हाथीका स्वर निषाद है । गौका स्वर वृषभ है । बकरीका स्वर गान्धार है और गरुडका स्वर षड्ज है । ४ । क्रौञ्च पक्षीका शब्द मध्यम है । अश्वका स्वर धैवत है और वसन्तऋतुमें कोयल पञ्चम स्वरसे कूजती है । ५ । नासिका, कण्ठ, उर, तालु, जीभ और दांत इन छैके स्पर्शसे षड्ज स्वर उत्पन्न होता है इसीसे उसे षड्ज कहते हैं । मनुष्योंके उरप्रदेशसे जो बाईस प्रकारकी ध्वनि उच्चरित होती है वह मन्द्र है । वही जब कण्ठदेशसे उच्चरित होती है तो मध्यम है । और जब शिरो देशसे गाई जाती है तब 'तार' है । ७ । कांसेके बाजोंके शब्दको घन कहते हैं । बांसुरी वगैरहके शब्दको सुषिर कहते हैं । वीणा वगैरह वाद्योंके शब्दको तत कहते हैं और ढोल वगैरहके शब्दको वितत कहते हैं । ८ । इन सात स्वरोंको यह शरीरसे संयुक्त जीव ही सुनता है । वही अशन, पान, खाद्य और स्वाद्यके भेदसे चार प्रकारके आहारको ग्रहण करता है ॥ १८६ ॥ आगे बतलाते हैं कि जीव आत्मा और शरीरके भेदको नहीं जानता । **अर्थ**–मैं राजा हूं, मैं भृत्य हूं, मैं सेठ हूं, मैं दुर्बल हूं, मैं बलवान् हूं, इस प्रकार शरीर और आत्माके एकत्वको मानने

---

१ ब दुण्हं ।

देहयोर्भेदं भेदभिन्नं पृथक्त्वं न बुध्यते न जानाति। इति किम्। राजाहं, अहं राजा नृपोऽहं पृथ्वीपालकोऽहम्। भृत्योऽहं, न पुनः, अहमेव भृत्यः कर्मकरोऽहं। अहमेव श्रेष्ठी। न पुनः, अहमेव दुर्बलः निःस्वोऽहं वा कृशीभूतशरीरोऽहम्। अहमेव बलिष्ठः बलवान् बलवत्तरशरीरोऽहम्। इति एकत्वं परिणतो मिथ्यात्वं प्राप्तो बहिरात्मा जीवः जीवशरीरयोर्भेदं पृथक्त्वं भिन्नं न जानातीत्यर्थः॥ तथा योगीन्द्रदेवैः दोधकपञ्चकेन मिथ्यात्वपरिणामेन कृत्वा बहिरात्मात्मनि योजयतीति स्वस्वरूपं निरूप्यते। "हउं गोरउ हउं सांवलउं हउं जि विभिण्णउ वण्णु। हउं तणुअंगउं थूलु हउं एहउ मूढउ मण्णु॥ १॥ हउं वरु बंभणु वइसु हउं खित्तिउ हउं सेसु। पुरिसु णउंसउ इत्थि हउं मण्णइ मूढु विसेसु॥ २॥ तरुणउ बूढउ रूयडउ सूरउ पंडिउ देव्वु। खवणउ वंदउ सेवडउ मूढउ मण्णइ सव्वु॥ ३॥ जणणी जणणु वि कंत घरु पुत्त वि मित्तु वि दव्वु। मायाजालु वि अप्पणउं मूढउ मण्णइ सव्वु॥ ४॥ दुक्खहं कारणि जे विसय ते सुहहेउ रमेइ। मिच्छाइट्ठिउ जीवडउ एत्थु ण काइं करेइ॥ ५॥" इति मूढात्मा मिथ्यादृष्टिः जीवः सर्वम् एवं मन्यते॥१८७॥ जीवकर्तृत्वादिधर्मान् गाथचतुष्टयेनाह-

> जीवो हवेइ[1] कत्ता सव्वंकम्माणि कुव्वदे जम्हा।
> कालाइ-लद्धि-जुत्तो संसारं कुणइ[4] मोक्खं च॥ १८८॥

वाला जीव दोनोके भेदको नहीं जानता। **भावार्थ**—मै राजा हूं, मैं नौकर हूं, मैं सेठ हूं, मैं दुर्बल हू, मै बलवान् हूं इस प्रकारसे लोग शरीरको ही आत्मा मानते हैं क्योंकि वे मिथ्यादृष्टि हैं, अतः वे दोनोके भेदको नहीं समझते। 'मैं राजा हूं' इत्यादि जितने भी विकल्प हैं वे सब शरीरपरक ही हैं; क्योंकि आत्मा तो न राजा है, न नौकर है, न सेठ है, न गरीब हैं, न दुबला है और न बलवान् हैं। बहिर्दृष्टि लोग शरीरको ही आत्मा मानकर ये विकल्प करते हैं और यह नहीं समझते कि आत्मा इस शरीरमें रमा होकर भी इससे जुदा है॥ १८७॥ अब चार गाथाओंसे जीवके कर्तृत्व आदिका कथन करते हैं। **अर्थ**—यतः जीव सब कर्मोंको करता है अतः वह कर्ता है। वह स्वयं ही संसारका कर्ता है और काललब्धि आदिके मिलनेपर स्वयं ही मोक्षका कर्ता है॥ **भावार्थ**—यद्यपि शुद्ध निश्चय नयसे आदि मध्य और अन्तसे रहित तथा स्व और परको जानने देखने वाला यह जीव अविनाशी निरुपाधि चैतन्य लक्षण रूप निश्चय प्राणसे जीता है तथापि अशुद्ध निश्चय नयकी अपेक्षा अनादिकालसे होनेवाले कर्मबन्धके कारण अशुद्ध द्रव्यप्राण और भावप्राणोंसे जीता है इसीलिये उसे जीव कहते हैं। वह जीव शुभाशुभ कर्मोंका कर्ता है क्योंकि वह सब काम करता है। व्यवहार नयसे घट, वस्त्र, लाठी, गाड़ी, मकान, प्रासाद, स्त्री, पुत्र, पौत्र, असि, मषि, व्यापार आदि सब कार्योंको, ज्ञानावरण आदि शुभाशुभ कर्मोंको, और औदारिक वैक्रियिक और आहारक शरीरोंकी पर्याप्तियोंको जीव करता है। और निश्चय नयसे टांकीसे पत्थरमें कढ़ेरे हुए चित्रामकी तरह निश्चल एक ज्ञायक स्वभाववाला यह जीव अपने अनन्त चतुष्टय रूप स्वभावका कर्ता है। यही जीव द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके भेदसे पञ्च परावर्तन रूप संसारका कर्ता है। यही कर्मोंसे बद्ध जीव जब संसार परिभ्रमणका काल अर्धपुद्गल परावर्तन प्रमाण शेष रह जाता है तब प्रथमोपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके योग्य होता है इसे ही काल लब्धि कहते हैं। आदि शब्दसे द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव लेना चाहिये। सो द्रव्य तो वज्रवृषभ नाराच संहनन होना चाहिये। क्षेत्र पन्द्रह कर्मभूमियोंमें से होना चाहिये, काल

१ ग जाल। २ ग कारण जे वि विसया। ३ म हवेदि। ४ छ म स कुणदि, ग कुणइ।

[छाया – जीवः भवति कर्ता सर्वकर्माणि करोति यस्मात् । कालादिलब्धियुक्तः संसारं करोति मोक्षं च ॥] जीवः शुद्धनिश्चयनयेनादिमध्यान्तवर्जितः स्वपरप्रकाशकः अविनश्वरनिरुपाधिशुद्धचैतन्यलक्षणनिश्चयप्राणैः यद्यपि जीवति तथाप्यशुद्धनयेनानादिकर्मबन्धवशादशुद्धद्रव्यभावप्राणैर्जीवति इति जीवः । तथा करोति कर्ता भवति शुभाशुभकर्मणां निष्पादकः स्यात् । कुतः । यस्मात् सर्वकर्माणि कुरुते । व्यवहारनयेन घटपटलकुटशकटगृहहट्टस्त्रीपुत्रपौत्रासिमषिवाणिज्यादीन् सर्वकार्याणि, ज्ञानावरणादिशुभाशुभकर्माणि, शरीरत्रयस्य पर्याप्तीश्च करोति जीवः विदधाति । निश्चयनयेन निःक्रियटंकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावोऽयं जीवः । तथानन्तचतुष्टयस्य कर्ता च । पुनः संसारं कुणदि संसारं करोति द्रव्य १ क्षेत्र २ काल ३ भव ४ भाव ५ भेदभिन्नं पञ्चविधं विदधाति सृजति च । पुनः एवंभूतो जीवः कर्माविष्टः अर्धपुद्गल-

---

चतुर्थ हो, भव मनुष्य पर्याय हो, और भावसे विशुद्ध परिणामवाला हो । तथा क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धि-लब्धि, देशना लब्धि, प्रायोग्यलब्धि और अधःकरण, अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरण रूप पांच लब्धियोंसे युक्त होना चाहिये । ऐसा होनेपर वही जीव कर्मोंका क्षय करके संसारसे अथवा कर्मबन्धनसे छूट जाता है । जो जिये अर्थात् प्राणधारण करे उसे जीव कहते हैं । प्राण दो तरहके होते हैं–एक निश्चय प्राण और एक व्यवहार प्राण । जीवके निश्चय प्राण तो सत्ता, सुख, ज्ञान और चैतन्य हैं । और व्यवहार प्राण इन्द्रिय, बल, आयु, और श्वासोच्छ्वास हैं । ये सब कर्मजन्य हैं, संसारदशामें कर्मबन्धके कारण शरीरके संसर्गसे इन व्यवहार प्राणोंकी प्राप्ति होती है । और कर्मबन्धनसे छूटकर मुक्त होनेपर शरीरके न रहनेसे ये व्यवहार प्राण समाप्त होजाते हैं और जीवके असली प्राण प्रकट हो जाते हैं । यह जीव निश्चय नयसे अपने भावोंका कर्ता है क्योंकि वास्तवमें कोई भी द्रव्य पर भावोंका कर्ता नहीं हो सकता। किन्तु संसारी जीवके साथ अनादि कालसे कर्मोंका संबंध लगा हुआ है । उन कर्मोंका निमित्त पाकर जीवके विकाररूप परिणाम होते हैं । उन परिणामोंका कर्ता जीव ही है इस लिये व्यवहारसे जीवको कर्मोंका कर्ता कहा जाता है । सो यह संसारी जीव अपने अशुद्ध भावोंको करता है उन अशुद्ध भावोंके निमित्तसे नये कर्मोंका बन्ध होता है । उस कर्मबन्धके कारण उसे चतुर्गतिमें जन्म लेना पड़ता है । जन्म लेनेसे शरीर मिलता है । शरीरमें इन्द्रियां होती हैं । इन्द्रियोंसे वह इष्ट अनिष्ट पदार्थोंको जानता है, उससे उसे राग द्वेष होता है । रागद्वेषसे पुनः कर्मबन्ध होता है । इस तरह संसाररूपी चक्रमें पड़े हुए जीवके यह परिपाटी तब तक इसी प्रकार चलती रहती है जब तक काल लब्धि नहीं आती । जब उस जीवके संसारमें भटकनेका काल अर्धपुद्गल परावर्तन प्रमाण शेष रहता है तब वह सम्यक्त्व ग्रहण करनेका पात्र होता है । सम्यक्त्वकी प्राप्तिके लिये पांच लब्धियोंका होना जरूरी है । वे पांच लब्धियां हैं–क्षयोपशम लब्धि, विशुद्धि लब्धि, देशना लब्धि, प्रायोग्य लब्धि और करणलब्धि । इनमेंसे चार लब्धियां तो संसारमें अनेक बार होती हैं, किन्तु करण लब्धि भव्यके ही होती है और उसके होने पर सम्यक्त्व अवश्य होता है । अप्रशस्त ज्ञानावरणादि कर्मोंका अनुभाग प्रतिसमय अनन्तगुणा घटता हुआ उदयमें आवे तो उसे क्षयोपशम लब्धि कहते हैं । क्षयोपशम लब्धिके होनेसे जो जीवके साता आदि प्रशस्त प्रकृतियोंके बन्धयोग्य धर्मानुरागरूप शुभ परिणाम होते हैं उसे विशुद्धि लब्धि कहते हैं । छः द्रव्यों और नौपदार्थोंका उपदेश करने वाले आचार्य वगैरहसे उपदेशका लाभ होना देशना लब्धि है । इन तीन लब्धियोंसे युक्त जीव प्रतिसमय विशुद्धतासे वर्धमान होते हुए जीवके आयुके सिवा शेष सात कर्मोंकी स्थिति अन्तःकोडाकोडी मात्र शेष रहती है तब वह उसमेंसे संख्यात हजार सागर

परिमाणे कालेऽवशिष्टे प्रथमसम्यक्त्वयोग्यो भवतीति काललब्धिः। आदिशब्दात् द्रव्यं वज्रवृषभनाराचलक्षणम्, क्षेत्रं पञ्चदशकर्मभूमिलक्षणम्, भवः मनुष्यादिलक्षणः, भावः विशुद्धिपरिणामः, लब्धयः क्षायोपशमनविशुद्धिदेशनाप्रायोग्याधःकरणापूर्वकरणानिवृत्तकरणलक्षणाः, ताभिर्युक्तः जीवः मोक्षं संसारविमुक्तिलक्षणं कर्मणां मोचनं मोक्षस्तं कर्मक्षयं च करोति विदधाति ॥ १८८ ॥

जीवो वि हवइ भुत्ता कम्म-फलं सो वि भुंजदे जम्हा।
कम्म-विवायं विविहं सो वि यं भुंजेदि संसारे ॥ १८९ ॥

[छाया-जीवः अपि भवति भोक्ता कर्मफलं सः अपि भुङ्क्ते यस्मात्। कर्मविपाकं विविधं सः अपि च भुनक्ति संसारे ॥] जीवः भोक्ता भवति व्यवहारनयेन शुभाशुभकर्मजनितसुखदुःखादीनां भोक्ता, यस्मात् सोऽपि जीवः कर्मफलं

प्रमाण स्थितिका घात करता है और घातियाँ कर्मोंका लता और दारु रूप तथा अघातिया कर्मोंका नीम और कांजीर रूप अनुभाग शेष रहता है। इस कार्यको करनेकी योग्यताकी प्राप्तिको प्रायोग्य लब्धि कहते हैं। इन चारों लब्धियोंके होनेपर भव्य जीव अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणको करता है। इन तीनों करणोंके होनेका नाम करण लब्धि है। प्रत्येक करणका काल अन्तर्मुहूर्त है। किसी जीवको अधःकरण प्रारम्भ किये थोड़ा समय हुआ हो और किसीको बहुत समय हुआ हो तो उनके परिणाम विशुद्धतामें समानभी होते हैं इसीसे इसका नाम अधःप्रवृत्त करण है। जिसमें प्रति समय जीवोंके परिणाम अपूर्व अपूर्व होते हैं उसे अपूर्व करण कहते हैं। जैसे किसी जीवको अपूर्वकरण आरम्भ किये थोड़ा समय हुआ और किसीको बहुत समय हुआ तो उनके परिणाम एकदम भिन्न होते हैं। और जिसमें प्रति समय एक ही परिणाम हो उसे अनिवृत्ति करण कहते हैं। पहले अधःकरणमें गुणश्रेणि गुणसंक्रमण वगैरह कार्य नहीं होते, केवल प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धता बढ़ती जाती है। अपूर्व करणमें प्रथम समयसे लगाकर जबतक मिथ्यात्वको सम्यक्त्वमोहनीय और सम्यक्मिथ्यात्वरूप परिणमाता है तब तक गुणश्रेणि, गुणसंक्रमण, स्थितिखण्डन और अनुभागखण्डन चार कार्य होते हैं। अनिवृत्तिकरणमें ये कार्य होते हैं। जब अनिवृत्तिकरणका बहुभाग बीतकर एक भाग शेष रह जाता है तो जीव दर्शन मोहका अन्तर करण करता है। विवक्षित निषेकोंके सब द्रव्योंका अन्य निषेकोंमें निक्षेपण करके उन निषेकोंका अभाव कर देनेको अन्तर करण कहते हैं। अनिवृत्ति करणके समाप्त होते ही दर्शन मोह और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका उपशम होनेसे जीव औपशमिक सम्यग्दृष्टि हो जाता है। उसके बाद योग्य समय आनेपर कर्मोंको नष्ट करके मुक्त होजाता है ॥ १८८ ॥ **अर्थ**–यतः जीव कर्मफलको भोगता है इसलिए वही भोक्ता भी है। संसारमें वह अनेक प्रकारके कर्मके विपाकको भोगता है ॥ **भावार्थ**–व्यवहारनयसे जीव शुभ और अशुभ कर्मके उदयसे होनेवाले सुख दुःख आदिका भोक्ता है; क्योंकि वह ज्ञानावरण आदि पुद्गल कर्मोंके फलको भोगता है। तथा वह द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके भेदसे पांच प्रकारके संसारमें अशुभ कर्मोंके निम्ब, कांजीर, विष और हालाहल रूप अनुभागको तथा शुभकर्मोंके गुड़, खाण्ड, शर्करा और अमृतरूप अनुभागको भोगता है। यह आत्मा संसार अवस्थामें अपने चैतन्य स्वभावको न छोड़ते हुए ही अनादि

१ ब सो विय।

भुङ्क्ते ज्ञानावरणादिपुद्गलकर्मफलं सातासातजं सुखदुःखरूपं भुनक्ति । सोऽपि संसारे द्रव्यादिपञ्चप्रकारे भवे भुङ्क्ते भुनक्ति । किं तत्। विविधं नानाप्रकारम् अनेकप्रकारं कर्मविपाकं कर्मोदयम्, अशुभं निम्बकाञ्जीरविषहालाहलरूपं शुभं च गुडखण्डशर्करामृतरूपं च भुंक्ते। अपिशब्दात् निश्चयनयेन रागादिविकल्पोपाधिरहितो जीवः स्वात्मोत्थसुखामृत-भोक्ता भवति ॥ १८९ ॥

जीवो वि हवे[1] पावं अइ-तिव्व-कसाय-परिणदो णिच्चं ।
जीवो वि हवइ[2] पुण्णं उवसम-भावेण संजुत्तो ॥ १९० ॥

[छाया-जीवः अपि भवेत् पापम् अतितीव्रकषायपरिणतः नित्यम् । जीवः अपि भवति पुण्यम् उपशमभावेन संयुक्तः ॥] जीवः आत्मा पापं भवति पापस्वरूपः स्यात् । अपिशब्दात् पापपुण्याभ्यां मिश्रो भवति । कीदृक् सन्

कालसे कर्मबंधनसे बद्ध होनेके कारण सदा मोह राग और द्वेषरूप अशुद्ध भावोंसे परिणमता रहता है। अतः इन भावोंका निमित्त पाकर पुद्गल अपनी ही उपादान शक्तिसे आठ प्रकार कर्मरूप हो जाते हैं। और जैसे तीव्र, तीव्रतर और तीव्रतम या मन्द, मन्दतर और मन्दतम परिणाम होते हैं उसीके अनुसार कर्मोंमें अनुभाग शक्ति पड़जाती है। अनुभाग शक्तिके तरतमांशकी उपमा चार विकल्पोंके द्वारा दी गई है। घातिया कर्मोंमें तो लतारूप, दारुरूप, अस्थिरूप और शैलरूप अनुभाग शक्ति होती है। अघातिया कर्मोंके दो भेद हैं-शुभ और अशुभ। शुभ कर्मोंकी अनुभाग शक्तिकी उपमा गुड़, खाण्ड, शर्करा और अमृतसे दी जाती है और अशुभ कर्मोंकी अनुभाग शक्तिकी उपमा नीम, कंजीर, विष और हलाहल विषसे दी जाती है। जैसी अनुभाग शक्ति पड़ती है उसीके अनुरूप कर्म अपना फल देता है। हां तो, जीव और पुद्गल कर्म परस्परमें एकक्षेत्रावगाहरूप होकर आपसमें बंध जाते हैं। कर्मका उदय काल आनेपर जब वे कर्म अपना फल देकर अलग होने लगते हैं तब निश्चयनयसे तो कर्म आत्मके सुखदुःख रूप परिणामोंमें और व्यवहारसे इष्ट अनिष्ट पदार्थोंकी प्राप्तिमें निमित्त होते हैं तथा जीव निश्चयसे तो कर्मके निमित्तसे होने वाले अपने सुखदुःखरूप परिणामोंको भोगता है और व्यवहारसे इष्ट अनिष्ट पदार्थोंको भोगता है, अतः जीव भोक्ता भी है। उसमें भोगनेका गुण है॥ १८९॥

अर्थ—जब यह जीव अति तीव्र कषायरूप परिणमन करता है तब यही जीव पापरूप होता है और जब उपशमभावरूप परिणमन करता है तब यही जीव पुण्यरूप होता है ॥ **भावार्थ**—सदा अतितीव्र अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ कषाय तथा मिथ्यात्व आदि रूप परिणामोंसे युक्त हुआ जीव पापी है, और औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र तथा क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायिक चारित्र रूप परिणामोंसे युक्त यही जीव पुण्यात्मा है। 'अपि' शब्दसे यही जीव जब अर्हन्त अथवा सिद्ध परमेष्ठी होजाता है तो यह पुण्य और पाप दोनोंसे रहित होजाता है। गोम्मटसारमें पापी जीव पुण्यात्मा जीव, पाप और पुण्यका स्वरूप बतलाते हुए लिखा है। 'जीविदरे कम्मचये पुण्णं पावो त्ति होदि पुण्णं तु। सुह पयडीणं दव्वं पावं असुहाण दव्वं तु ॥ ६४३ ॥' अर्थात्—जीव पदार्थका वर्णन करते हुए सामान्यसे गुणस्थानोंमेंसे मिथ्यादृष्टि और सासादन गुणस्थानवर्ती जीव तो पापी है। मिश्रगुणस्थानवाले जीव पुण्यपापरूप हैं; क्योंकि उनके एकसाथ सम्यक्त्व और मिथ्यात्वरूप मिलेहुए परिणाम होते हैं। तथा असंयत सम्यग्दृष्टि सम्यक्त्व सहित होनेसे, देशसंयत सम्यक्त्व और

---

१ क म स ग हवइ। २ क म स ग जीवो हवेइ।

पापस्वरूपो जीवः नित्यं सदा अतितीव्रकषायपरिणतः, अतितीव्राः अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभकषायादयः मिथ्यात्वादयश्च तैः परिणतः तत्परिणामयुक्तः इत्यर्थः । अपि पुनः, जीवो भवति । किं तत् । पुण्यं पुण्यरूपः स्यात् । कीदृक् । संयुक्तः सहितः । केन । उपशमभावेन, उपशमसम्यक्त्वोपशमचारित्रपरिणामरूपेण सहितः । उपलक्षणमेतत् । तेन क्षायिकसम्यक्त्वक्षायिकचारित्रादिरूपेण परिणतः जीवः पुण्यरूपो भवति अपिशब्दाद्वा पुण्यपापरहितो जीवो भवति । कोऽसौ । अर्हन् सिद्धपरमेष्ठी जीवः । तथा गोम्मटसारे पापजीवाः पुण्यजीवाः पुण्यं पापं चेति यदुक्तं तदुच्यते । "जीविदरे कम्मचये पुण्णं पावो त्ति होदि पुण्णं तु । सुहपयडीणं दव्वं पावं असुहाण दव्वं तु ॥" जीवपदार्थप्रतिपादने सामान्येन गुणस्थानेषु मिथ्यादृष्टयः सासादनाश्च पापजीवाः । मिश्राः पुण्यपापमिश्रजीवाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वमिश्रपरिणामपरिणतत्वात् । असंयताः सम्यक्त्वेन, देशसंयताः सम्यक्त्वेन देशव्रतेन च युक्तत्वात् पुण्यजीवा एवेत्युक्ताः । अनन्तरम् अजीवपदार्थप्ररूपणे कर्मचये कार्मणस्कन्धे पुण्य पापमित्यजीवपदार्थो द्वेधा । तत्र शुभप्रकृतीनां सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणां द्रव्यं पुण्यं भवति । अशुभनामसद्वेद्यादिसर्वाप्रशस्तप्रकृतीनां द्रव्यं तु पुनः पापं भवति ॥ १९० ॥ तथा जीवस्तीर्थभूतो भवति तदाह-

रयणत्तय-संजुत्तो जीवो वि हवेइ उत्तमं तित्थं ।
संसारं तरइ जदो रयणत्तय-दिव्व-णावाए[1] ॥ १९१ ॥

[छाया-रत्नत्रयसंयुक्तः जीवः अपि भवति उत्तमं तीर्थम् । संसारं तरति यतः रत्नत्रयदिव्यनावा ॥] अपि पुनः, जीवो भवति । कि तत् । उत्तमं सर्वोत्कृष्टं तीर्थं, सर्वेषां तीर्थानां मध्ये सर्वोत्कृष्टः अनुपमः तीर्थभूतो जीवो

व्रतसे सहित होनेसे और प्रमत्त संयत आदि गुणस्थानवर्ती जीव सम्यक्त्व और महाव्रतसे सहित होनेसे पुण्यात्मा जीव हैं । अजीव पदार्थका वर्णन करते हुए-चूंकि कार्मणस्कन्ध पुण्यरूपभी होता है और पापरूपभी होता है अतः अजीवके भी दो भेद हैं । उनमेंसे सातावेदनीय, नरकायुके सिवा शेष तीन आयु, शुभ नाम और उच्च गोत्र इन शुभ प्रकृतियोंका द्रव्य पुण्यरूप है । और घातिया कर्मोंकी सब प्रकृतियां, असातावेदनीय, नरकायु, अशुभनाम, नीचगोत्र इन अशुभ प्रकृतियोंका द्रव्य पापरूप है । विशेषार्थ इस प्रकार है । क्रोध मान माया और लोभकषायकी तीव्रतासे तो पापरूप परिणाम होते हैं, और इनकी मन्दतासे पुण्यरूप परिणाम होते हैं । जिस जीवके पुण्यरूप परिणाम होते हैं वह पुण्यात्मा है, और जिस जीवके पापरूप परिणाम होते हैं वह पापी है। इस तरह एक ही जीव कालभेदसे दोनों तरहके परिणाम होनेके कारण पुण्यात्मा और पापात्मा कहा जाता है । क्योंकि जब जीव सम्यक्त्व सहित होता है तो उसके तीव्र कषायोंकी जड़ कट जाती है अतः वह पुण्यात्मा कहा जाता है । और जब वही जीव मिथ्यात्वमें था तो उसके कषायोंकी जड़ बड़ी गहरी थी अतः तब वही पापी कहलाता था । आजकल लोग जिसको धनी और ऐश्वर्यसम्पन्न देखते हैं भलेही वह पाप करता हो उसे पुण्यात्मा कहने लगते हैं, और जो निर्धन गरीब होता है भलेही वह धर्मात्मा हो उसे पापी समझ बैठते हैं । यह लोगोंकी समझकी गल्ती है । पुण्य और पापका फल भोगनेवाला पुण्यात्मा और पापी नहीं है, जो पुण्यकर्म शुभभावपूर्वक करता है वही पुण्यात्मा है और जो अशुभ कर्म करता है वही पापी है । पापपुण्यका सम्बन्ध जीवके भावोंसे हैं ॥ १९० ॥ आगे कहते हैं कि वही जीव तीर्थरूप होता है । **अर्थ**-रत्नत्रयसे सहित यही जीव उत्तम तीर्थ है; क्योंकि वह रत्नत्रय रूपी दिव्य नावसे संसारको पार करता है ॥ **भावार्थ**-जिसके

---

[1] ब णावाए ।

भवेदित्यर्थः । तीर्यते संसारोऽनेनेति तीर्थम् । कीदृक् सन् जीवः । रत्नत्रयसंयुक्तः, व्यवहारनिश्चयसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूपरत्नत्रयेण सहितः आत्मा तीर्थं स्यात् । यतः यस्मात्कारणात् तरति । कम् । तं संसारं भवसमुद्रम् । संसारसमुद्रस्य पारं गच्छतीत्यर्थः । कया । रत्नत्रयदिव्यनावा रत्नत्रयसर्वोत्कृष्टतरण्या सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूपनौकया आत्मा भवसमुद्रं तरतीत्यर्थः ॥ १९१ ॥ अथातोऽन्येऽपि जीवप्रकारा भण्यन्ते –

जीवा[1] हवंति तिविहा[2] बहिरप्पा तह य अंतरप्पा य ।
परमप्पा वि य दुविहा अरहंता तह य सिद्धा य ॥ १९२ ॥

[छाया–जीवाः भवन्ति त्रिविधाः बहिरात्मा तथा च अन्तरात्मा च । परमात्मानः अपि च द्विधा अर्हन्तः तथा च सिद्धाः च ॥] जीवाः आत्मानः त्रिविधाः त्रिप्रकारा भवन्ति । एके केचन बहिरात्मानः, बहिर्द्रव्यविषये शरीरपुत्रकलत्रादिचेतनाचेतनरूपे आत्मा येषां ते बहिरात्मानः । अन्तः अभ्यन्तरे शरीरादेर्भिन्नप्रतिभासमानः आत्मा

द्वारा संसारको तिरा जाये उसे तीर्थ कहते हैं । सो व्यवहार और निश्चय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्ररूप रत्नत्रयसे सहित यह आत्मा ही सब तीर्थोंसे उत्कृष्ट तीर्थ है; क्योंकि यह आत्मा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रमय रत्नत्रयरूप नौकामें बैठकर संसार रूपी समुद्रको पार कर जाता है । आशय यह है कि जिसके द्वारा तिरा जाये वह तीर्थ कहा जाता है, सो वह जीव रत्नत्रयको अपनाकर संसार समुद्रको तिर जाता है अतः रत्नत्रय तीर्थ कहलाया । किन्तु रत्नत्रय तो आत्माका ही धर्म है, आत्मासे अलग तो रत्नत्रय नामकी कोई वस्तु है नहीं । अतः आत्मा ही तीर्थ कहलाया । वह आत्मा संसारसमुद्रको स्वयंही नहीं तिरता किन्तु दूसरोंके भी तिरनेमें निमित्त होता है अतः वह सर्वोत्कृष्ट तीर्थ है ॥ १९१ ॥ अब दूसरी तरहसे जीवके भेद कहते हैं । **अर्थ**–जीव तीन प्रकारके हैं–बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा । परमात्माके भी दो भेद हैं–अरहंत और सिद्ध ॥ **भावार्थ**–आत्मा तीन प्रकारके होते हैं–बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा । बाह्य द्रव्य शरीर, पुत्र, स्त्री वगैरहमें ही जिनकी आत्मा है अर्थात् जो उन्हें ही आत्मा समझते हैं वे बहिरात्मा हैं । जो शरीरसे भिन्न आत्माको जानते हैं वे अन्तरात्मा हैं । अर्थात् जो परम समाधिमें स्थित होकर शरीरसे भिन्न ज्ञानमय आत्माको जानते हैं वे अन्तरात्मा हैं । कहा भी है–जो परम समाधिमें स्थित होकर देहसे भिन्न ज्ञानमय परम आत्माको निहारता है वही पंडित कहा जाता है ॥ १ ॥ 'पर' अर्थात् सबसे उत्कृष्ट, 'मा' अर्थात् अनन्त चतुष्टय रूप अन्तरंग लक्ष्मी और समवसरण आदिरूप बाह्य लक्ष्मीसे विशिष्ट आत्माको परमात्मा कहते हैं । वे परमात्मा दो प्रकारके होते हैं–एक तो छियालीस गुण सहित परम देवाधिदेव अर्हन्त तीर्थंकर और एक सम्यक्त्व आदि आठ गुण सहित अथवा अनन्त गुणोंसे युक्त और स्वात्मोपलब्धिरूप सिद्धिको प्राप्त हुए सिद्ध परमेष्ठी, जो लोकके अग्रभागमें विराजमान हैं ॥ १९२ ॥ अब बहिरात्माका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो जीव मिथ्यात्वकर्मके उदयरूप परिणत हो, तीव्र कषायसे अच्छी तरह आविष्ट हो और जीव तथा देहको एक मानता हो, वह बहिरात्मा है ॥ **भावार्थ**–जिसकी आत्मा मिथ्यात्वरूप परिणत हो, अनन्तानुबन्धी क्रोध आदि तीव्र कषायसे जकड़ी हुई हो और शरीर ही आत्मा है ऐसा जो अनुभव करता है वह मूढ जीव बहिरात्मा है । गुण

---

१ ग जीवो । २ ब तिविहा ।

येषां ते अन्तरात्मानः । परमसमाधिस्थिताः सन्तः देहविभिन्नं ज्ञानमयं परमात्मानं ये जानन्ति ते अन्तरात्मानो भवन्तीत्यर्थः । तथा चोक्तम् । 'देहविभिण्णउ णाणमउ जो परमप्पु णिएइ । परमसमाहिपरिट्ठियउ पंडिउ सो जि हवेइ ॥' अपि च केचन परमात्मानः, परा सर्वोत्कृष्टा मा अन्तरङ्गबहिरङ्गलक्षणा अनन्तचतुष्टयादिसमवसरणादिरूपा लक्ष्मीर्येषां ते परमाः ते च ते आत्मानः परमात्मानः । ते द्विविधा अर्हन्तः षट्चत्वारिंशद्गुणोपेतास्तीर्थंकरपरमदेवादयः । तथा च सिद्धिः स्वात्मोपलब्धिर्येषां ते सिद्धाः, सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेता वानन्तानन्तगुणविराजमानाः लोकाग्रनिवासिनश्च ॥ १९२ ॥ कीदृक्षो बहिरात्मा इत्युक्ते चेदुच्यते –

मिच्छत्त-परिणदप्पा तिव्व-कसाएण सुट्ठु[2] आविट्ठो ।
जीवं देहं एक्कं मण्णंतो होदि बहिरप्पा ॥ १९३ ॥

[छाया–मिथ्यात्वपरिणतात्मा तीव्रकषायेण सुष्ठु आविष्टः । जीवं देहम् एकं मन्यमानः भवति बहिरात्मा ॥] होदि भवति । कः । बहिरात्मा । कीदृक् । मिथ्यात्वेन परिणतः आत्मा यस्यासौ मिथ्यात्वपरिणतात्मा । पुनः किंभूतः । तीव्रकषायेणानन्तानुबन्धिलक्षणेन क्रोधादिना सुष्ठु अतिशयेन आविष्टः गृहीतः । पुनरपि कीदृक्षः । बहिरात्मा जीवं देहम् एकं मन्यमानः, देहः शरीरमेव जीव आत्मा इत्यनयोरेकत्वं मन्यमानः अनुभवन् मूढात्मा भवतीत्यर्थः । गुणस्थानमाश्रित्योत्कृष्टादिबहिरात्मानः । तत्कथमिति चेत्तदुच्यते । उत्कृष्टा बहिरात्मानो गुणस्थानादिमे स्थिताः, द्वितीये मध्यमाः, मिश्रे गुणस्थाने जघन्यका इति ॥ १९३ ॥ अन्तरात्मनः स्वरूपं गाथात्रिकेन दर्शयति –

जे जिण-वयणे कुसला भेयं[3] जाणंति जीव-देहाणं ।
णिज्जिय-दुट्ठट्ठ-मया अंतरप्पा[4] य ते तिविहा ॥ १९४ ॥

[छाया–ये जिनवचने कुशलाः भेदं जानन्ति जीवदेहयोः । निर्जितदुष्टाष्टमदाः अन्तरात्मानः च ते त्रिविधाः ॥] ते प्रसिद्धा अन्तरात्मानः कथ्यन्ते । ते के । ये जिनवचने कुशलाः, जिनानां तीर्थंकरगणधरदेवादीनां वचने द्वादशाङ्ग-

स्थानकी अपेक्षासे बहिरात्माके उत्कृष्ट आदि भेद बतलाये हैं जो इस प्रकार हैं–प्रथम गुणस्थानमें स्थित जीव उत्कृष्ट बहिरात्मा हैं, दूसरे गुणस्थानवाले मध्यम बहिरात्मा हैं और तीसरे मिश्र गुणस्थान वाले जघन्य बहिरात्मा हैं। विशेष अर्थ इस प्रकार है। जो जीव शरीर आदि परद्रव्यमें आत्मबुद्धि करता है वह बहिरात्मा है। और इस प्रकारकी बुद्धिका कारण मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषायका उदय है। मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीका उदय होनेसे शरीर आदि परद्रव्योंमें उसका अहंकार और ममत्वभाव रहता है। शरीरके जन्मको अपना जन्म और शरीरके नाशको अपना नाश मानता है। ऐसा जीव बहिरात्मा है। उसके भी तीन भेद हैं–उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य। प्रथम मिथ्यात्व गुण स्थानवर्ती जीव उत्कृष्ट बहिरात्मा है; क्योंकि उसके मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषायका उदय रहता है। दूसरे सासादन गुणस्थानवर्ती जीव मध्यम बहिरात्मा है; क्योंकि वह अनन्तानुबन्धी कषायका उदय हो आनेके कारण सम्यक्त्वसे गिरकर दूसरे गुणस्थानमें आता है उसके मिथ्यात्वका उदय नहीं होता। तीसरे मिश्र गुणस्थानवर्ती जीव जघन्य बहिरात्मा है; क्योंकि उसके परिणाम सम्यक्त्व और मिथ्यात्वरूप मिले हुए होते हैं तथा उसके न तो मिथ्यात्वका उदय होता है और न अनन्तानुबन्धीका उदय होता है ॥ १९३ ॥ अब तीन गाथाओंसे अन्तरात्माका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**–जो जीव जिनवचनमें कुशल हैं, जीव और देहके भेदको जानते हैं तथा जिन्होंने आठ दुष्ट मदोंको जीत लिया है वे अन्तरात्मा है। वे तीन प्रकारके है ॥ **भावार्थ**–अन्तरात्माओंका कथन

१ ग द्विधा। २ ब म सुट्ठु, ल कसाएट्ठु, स कसाएसु सुट्ठ, ग कसायसुट्ठियाविट्ठो। ३ स भेदं (?)। ४ [अंतर अप्पा]।

द्वादशाङ्गे कुशलाः दक्षा निपुणाः, जिनाज्ञाप्रतिपालका वा, जीवदेहयोरात्मशरीरयोर्भेदं जानन्ति, जीवाच्छरीरं भिन्नं पृथग्भूतमिति जानन्ति विदन्ति । पुनः कीदृक्षास्ते । निर्जितदुष्टाष्टमदाः । मदाः के । 'ज्ञानं पूजा कुलं जातिर्बलमृद्धिस्तपो वपुः' इत्यष्टौ मदा गर्वा अभिमानरूपाः, अष्टौ च मदाश्च अष्टमदाः, दुष्टाः सम्यक्त्वमलहेतुत्वात्, ते च ते अष्टमदाश्च, निर्जिता दुष्टाष्टमदा यैस्ते तथोक्ताः । ते त्रिविधाः त्रिप्रकारा अन्तरात्मानो भवन्ति जघन्यमध्यमोत्कृष्टभेदात् ॥१९४॥ अन्तरात्मनः तांश्च भेदान् दर्शयति –

> पंच-महव्वय-जुत्ता धम्मे सुक्के वि संठिदा णिच्चं ।
> णिज्जिय-सयल-पमाया उक्किट्ठा अंतरा होंति ॥ १९५ ॥

[छाया–पञ्चमहाव्रतयुक्ताः धर्मे शुक्ले अपि संस्थिताः नित्यम् । निर्जितसकलप्रमादाः उत्कृष्टाः अन्तराः भवन्ति ॥] होंति भवन्ति । के । उत्कृष्टा अन्तरात्मानः । कीदृक्षास्ते पञ्चमहाव्रतयुक्ताः, हिंसानृतस्तेयाब्रह्मचर्यपरिग्रहनिवृत्तिलक्षणैः महाव्रतैः सहिताः । पुनः कथंभूतास्ते । निच्चं निरन्तरं धर्मे शुक्लेऽपि संस्थिता, धर्मध्याने आज्ञापायविपाकसंस्थान-

करते हैं । जो तीर्थङ्करके द्वारा प्रतिपादित और गणधर देवके द्वारा गूंथे गये द्वादशाङ्ग रूप जिनवाणीमें दक्ष हैं, उसको जानते हैं अथवा जिन भगवानकी आज्ञा मानकर उसका आदर और आचरण करते हैं, और जीवसे शरीरको भिन्न जानते हैं । तथा जिन्होंने सम्यक्त्वमें दोष पैदा करनेवाले आठ दुष्ट मदोंको जीत लिया है । वे आठ मद इस प्रकार हैं–ज्ञानका मद, आदर सत्कारका मद, कुलका मद, जातिका मद, ताकतका मद, ऐश्वर्यका मद, तपका मद और शरीरका मद । इन मदोंको जीतने वाले जीव अन्तरात्मा कहलाते हैं । उनके उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्यके भेदसे तीन भेद हैं ॥ १९४ ॥ अब उत्कृष्ट अन्तरात्माका स्वरूप कहते हैं । अर्थ–जो जीव पांच महाव्रतोंसे युक्त होते हैं, धर्म्यध्यान और शुक्लध्यानमें सदा स्थित होते हैं, तथा जो समस्त प्रमादोंको जीत लेते हैं वे उत्कृष्ट अन्तरात्मा हैं ॥ भावार्थ–जो हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन और परिग्रह इन पांच पापोंकी निवृत्तिरूप पांच महाव्रतोंसे सहित होते हैं, आज्ञा विचय, अपाय विचय, विपाक विचय और संस्थान विचय रूप दस प्रकारके धर्मध्यान और पृथक्त्व वितर्क वीचार तथा एकत्व वितर्क वीचाररूप दो प्रकारके शुक्लध्यानमें सदा लीन रहते हैं । तथा जिन्होंने प्रमादके १५ भेदोंको अथवा ८० भेदोंको या सैंतीस हजार पांच सौ भेदोंको जीत लिया है, ऐसे अप्रमत्त गुणस्थानसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थानतकके मुनि उत्कृष्ट अन्तरात्मा होते हैं । विशेष अर्थ इस प्रकार है । प्रमादवश अपने या दूसरोंके प्राणोंका घात करना हिंसा है । जिससे दूसरोंको कष्ट पहुंचे, ऐसे वचनका बोलना झूठ है । बिना दिये पराये तृणमात्रको भी लेना अथवा उठाकर दूसरोंको देना चोरी है । कामके वशीभूत होकर कामसेवन आदि करना मैथुन है । शरीर, स्त्री, पुत्र, धन, धान्य आदि वस्तुओंमें ममत्व रखना परिग्रह है । ये पांच पाप हैं । इसका एकदेशसे त्याग करना अणुव्रत है और पूरी तरहसे त्याग करना महाव्रत है । ध्यानका वर्णन आगे किया जायेगा । अच्छे कामोंमें आलस्य करनेका नाम प्रमाद है । प्रमाद १५ हैं– ४ विकथा अर्थात् खोटी कथा–स्त्रीकथा–स्त्रियोंकी चर्चा वार्ता करते रहना, भोजनकथा–खानेपीनेकी चर्चावार्ता करते रहना, राष्ट्रकथा–देशकी चर्चावार्ता करते रहना और राजकथा–राजाकी चर्चावार्ता

१ क म स ग संठिया ।

विचयरूपे दशविधधर्मध्याने वा शुक्लध्यानेऽपि । अपिशब्दः चार्थे । पृथक्त्ववितर्कवीचारैकत्ववितर्कवीचारलक्षणे द्विके शुक्लध्याने च स्थिताः निश्चलं गताः स्थिरीभूता इत्यर्थः । पुनः कीदृक्षाः । निर्जिताः नाशं नीताः सकलाः पञ्चदश प्रमादाः १५, अशीतिः प्रमादा वा ८०, सार्धसप्तत्रिंशत्सहस्रप्रमितप्रमादा वा ३७५००, यैस्ते तथोक्ताः । अप्रमत्तादिक्षीणकषाय-गुणस्थानवर्तिनो मुनय उत्कृष्टान्तरात्मानो भवन्तीति तात्पर्यम् ॥ १९५ ॥ के ते मध्यमा अन्तरात्मानः –

सावय-गुणेहिँ जुत्ता पमत्त-विरदा य मज्झिमा होंति ।
जिण-वयणे अणुरत्ता उवसम-सीला महासत्ता ॥ १९६ ॥

[छाया–श्रावकगुणै युक्ताः प्रमत्तविरताः च मध्यमाः भवन्ति । जिनवचने अनुरक्ताः उपशमशीलाः महा-सत्त्वाः ॥] होंति भवन्ति । के ते । मध्यमा अन्तरात्मानः । कीदृक्षास्ते । श्रावकगुणैर्युक्ताः, द्वादशव्रतैकादशप्रतिमात्रि-पञ्चाशत्क्रियाभिः सहिताः पञ्चमगुणस्थानवर्तिनो विरताविरताः । च पुनः । प्रमत्तविरताः अप्रमत्तगुणस्थानवर्तिनो मुनयः पुनस्ते देशव्रतिनो मुनयश्च कीदृशाः । जिनवचने अनुरक्ताः, सर्वज्ञप्रणीतषड्द्रव्यपञ्चास्तिकायसप्ततत्त्वनवपदार्थादिरूपे अत्यन्तमासक्ता निश्चलत्वं प्राप्ताः । पुनः कीदृक्षाः । उपशमशीलाः क्रोधाद्युपशमनस्वभावाः । मिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्व-सम्यक्त्वानन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानावरणकषायाणां यथासंभवमुपशमादिं प्राप्ता इत्यर्थः । पुनः कीदृक्षाः । महासत्त्वाः उपसर्गपरीषहादिभिरखण्डितव्रताः ॥ १९६ ॥ अथ जघन्यान्तरात्मानं निगदति –

अविरय[4]-सम्मादिट्ठी[2] होंति जहण्णा जिणिंद[3]-पय-भत्ता ।
अप्पाणं णिंदंता गुण-गहणे सुट्ठु अणुरत्ता ॥ १९७ ॥

[छाया–अविरतसम्यग्दृष्टयः भवन्ति जघन्याः जिनेन्द्रपदभक्ताः । आत्मानं निन्दन्तः गुणग्रहणे सुष्ठु अनु-रक्ताः ॥] होंति भवन्ति जघन्या जघन्यान्तरात्मानः । के ते । अविरतसम्यग्दृष्टयः, चतुर्थाविरतगुणस्थानवर्तिनः उपशमसम्यक्त्वाः वेदकसम्यग्दृष्टयः क्षायिकसम्यग्दृष्टयो वा । कीदृक्षास्ते । जिनेन्द्रपदभक्ताः जिनेश्वरचरणकमलासक्ताः ।

करते रहना, ४ कषाय–क्रोध, मान, माया लोभ, ५ पांचों इन्द्रियोंके विषय, १ निद्रा और १ मोह ये पन्द्रह प्रमाद हैं । इन प्रमादोंको परस्परमें मिलानेसे (४×४×५=८०) प्रमादके अस्सी भेद होजाते हैं । तथा २५ विकथा, सोलह कषाय और नौ नोकषाय इसतरह पच्चीस कषाय, पांच इन्द्रिय और एक मन ये छः, स्त्यानगृद्धि निद्रानिद्रा प्रचला प्रचला निद्रा प्रचला ये पांच निद्रा, स्नेह और मोह ये दो, इनको परस्परमें गुणा करनेसे (२५×२५×६×५×२) प्रमादके सैंतीस हजार पाँचसौ भेद होते हैं ॥ १९५ ॥ अब मध्यम अन्तरात्माका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–श्रावकके व्रतोंको पालने वाले गृहस्थ और प्रमत्त गुण स्थानवर्ती मुनि मध्यम अन्तरात्मा हैं । ये जिनवचनमें अनुरक्त होते हैं, उपशम स्वभाववाले होते हैं और महा पराक्रमी होते है ॥ **भावार्थ**–बारह व्रत, ग्यारह प्रतिमा और तरेपन क्रियाओं को पालनेवाले, पञ्चम गुणस्थान वर्ती देशव्रती श्रावक तथा प्रमत्त गुणस्थान वर्ती मुनि मध्यम अन्तरात्मा होते हैं । ये देशव्रती श्रावक और महाव्रती मुनि जिनभगवान के द्वारा कहे गये छः द्रव्यों, पांच अस्तिकायों, सात तत्त्वों और नौ पदार्थोंमें अत्यन्त श्रद्धा रखते हैं–कोई भी उन्हें उससे विचलित नहीं कर सकता । तथा उनकी मिथ्यात्व मोहनीय, सम्यक् मिथ्यात्व मोहनीय, सम्यक्त्व मोहनीय, अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ और प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ रूप कषाय यथासंभव शान्त रहती हैं और उपसर्ग तथा परीषह वगैरह होनेपर भी वे अपने

---

१ ख अविरद । २ ब सम्माइट्ठी । ३ ब जिणिंद, ग जिणद । ४ म सुद्ठु ।

पुनः कीदृक्षाः । गुणग्रहणे अणुव्रतमहाव्रतादिगुणग्रहणे, सुष्ठु अतिशयेन अनुरक्ता प्रेमपरिणताः अकृत्रिमस्नेहाः । 'गुणिषु प्रमोदम्' इति वचनात् । तथा चोक्तम् । "जघन्या अन्तरात्मानो गुणस्थाने चतुर्थके । सन्ति द्वादशमे सर्वोत्कृष्टाः क्षीणकषायिणः ॥" अन्तरात्मान आत्मज्ञाः गुणस्थानेषु अनेकधा मध्यमा पञ्चमैकादशान्तेषु गुणवृद्धिगाः इति ॥ १९७ ॥ अथ परमात्मानं लक्षयति–

स-सरीरा अरहंता केवल-णाणेण मुणिय-सयलत्था ।
णाण-सरीरा सिद्धा सव्वुत्तम-सुक्ख-संपत्ता ॥ १९८ ॥

[छाया–सशरीराः अर्हन्तः केवलज्ञानेन ज्ञातसकलार्थाः । ज्ञानशरीराः सिद्धाः सर्वोत्तमसौख्यसंप्राप्ताः ॥] अर्हन्तः सर्वज्ञाः परमात्मानः कीदृक्षाः । सशरीराः परमौदारिकशरीरसहिताः । रसासृग्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः सप्त, तथा मलमूत्रादिसप्तोपधातवः, ताभिर्विवर्जितशरीराः चतुस्त्रिंशदतिशयाष्टप्रातिहार्यानन्तचतुष्टयसहिताः । तथा गौतमस्वामिना उक्तं च । मोहादिसर्वदोषारिघातकेभ्यः सदा हतरजोभ्य विरहितरहस्कृतेभ्यः पूजार्हेभ्यो नमोऽर्हद्भ्यः । अर्हन्तो जिनेन्द्राः त्रयोदशचतुर्दशगुणस्थानवर्तिनः मुण्डकेवल्यादयश्च परमात्मानो भवन्तीत्यर्थः । कीदृक्षास्ते । केवलज्ञानेन मुनित ज्ञातसकलार्थाः केवलज्ञानदर्शनाभ्यां ज्ञातदृष्टयुगपदतीतानागतवर्तमानजीवादिपदार्थाः । सिद्धाः सिद्धपर-

---

व्रतोंसे विचलित नहीं होते ॥ १९६ ॥ अब जघन्य अन्तरात्मा का स्वरूप कहते हैं । अर्थ–जो जीव अविरत सम्यग्दृष्टि हैं वे जघन्य अन्तरात्मा हैं । वे जिन भगवानके चरणोंके भक्त होते हैं, अपनी निन्दा करते रहते हैं और गुणोंको ग्रहण करनेमें बड़े अनुरागी होते हैं ॥ भावार्थ–अविरत सम्यग्दृष्टि अर्थात् चौथे अविरत गुणस्थानवर्ती उपशम सम्यग्दृष्टि, वेदक सम्यक् दृष्टि और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव जघन्य अन्तरात्मा होते हैं । वे जिन भगवानके चरणकमलोंके भक्त होते हैं, अणुव्रत महाव्रत आदि गुणोंको ग्रहण करनेमें अत्यन्त अनुरक्त होते हैं अथवा गुणोंके अनुरागी होने के कारण गुणीजनोंके बड़े प्रेमी होते हैं; क्योंकि गुणीजनोंको देखकर प्रमुदित होना चाहिये ऐसा वचन है । कहा भी है–"चौथे गुण स्थानवर्ती जीव जघन्य अन्तरात्मा हैं । और बारहवें गुणस्थान वर्ती क्षीणकषाय जीव सबसे उत्कृष्ट अन्तरात्मा हैं तथा मध्यम अन्तरात्मा पांचवे गुणस्थानसे लेकर ग्यारहवें गुणस्थान तक गुणोंमें बढ़ते हुए अनेक प्रकारके होते हैं । विशेष स्पष्टीकरण इस प्रकार है । चौथे गुणस्थान वाले अविरत सम्यग्दृष्टि जीव जघन्य अन्तरात्मा होते हैं । ये जिनेन्द्रदेव, जिनवाणी और निर्ग्रन्थ गुरुओंकी भक्ति करनेमें सदा तत्पर रहते हैं । अपनी सदा निन्दा करते रहते हैं; क्यों कि चारित्र मोहनीय का उदय होने से उनसे व्रत तो धारण किये नहीं जाते । किन्तु भावना सदा यही रहती है कि हम कब व्रत धारण करें अतः अपने परिणामोंकी सदा निन्दा किया करते हैं और जिनमें सम्यग्दर्शन आदि गुण देखते हैं उनसे अत्यन्त अनुराग रखते हैं । इस तरह अन्तरात्माके तीन भेद कहे । सो चौथे गुणस्थान वाला तो जघन्य अन्तरात्मा हैं, पांचवे गुणस्थान वाला मध्यम अन्तरात्मा है और सातवें गुणस्थानसे लगाकर बारहवें गुणस्थान तक उत्कृष्ट अन्तरात्मा हैं । इनमें भी सबसे उत्कृष्ट अन्तरात्मा बारहवें गुणस्थान वर्ती हैं अतः उसकी अपेक्षासे पांचवेसे लेकर ग्यारहवें गुणस्थान तकके जीवोंको भी मध्यम अन्तरात्मा कह सकते हैं ॥ १९७ ॥ अब परमात्माका स्वरूप कहते हैं । अर्थ–केवल ज्ञानके द्वारा सब पदार्थोंको जान लेनेवाले, शरीर सहित

---

१ ब म सौक्ख ।

भेदिनः द्वितीयपरमात्मानः । ज्ञानं केवलज्ञानं तत्साहचर्यात् केवलदर्शनं च तदेव शरीरं येषां ते ज्ञानशरीराः । पुनः किंभूताः । सर्वोत्तमसौख्यसंप्राप्ताः, सर्वोत्कृष्टानन्तसातं तत्साहचर्यात् अनन्तवीर्यं च प्राप्ताः । तथा सम्यक्त्वाद्यष्टगुणान् अनन्तगुणान् वा प्राप्ताः सिद्धाः। "अट्ठविहकम्ममुक्के अट्ठगुणड्ढे सरे वंदे। अट्ठमपुढविणिविट्ठे णिट्ठियकज्जे य वंदिमो णिचं ॥" इत्यादिगुणगणविशिष्टाः परमात्मानो भवन्ति ॥ १९८ ॥ अथ परशब्दं व्याख्याति–

णीसेस-कम्म-णासे अप्प-सहावेण जा समुप्पत्ती ।
कम्मज-भाव-खए वि य सा वि य पत्ती[1] परा होदि ॥ १९९ ॥

[छाया–निःशेषकर्मनाशे आत्मस्वभावेन या समुत्पत्तिः । कर्मजभावक्षये अपि च सा अपि च प्राप्तिः परा भवति ॥] अपि च पुनः, सा पत्ती जीवानां प्राप्तिः परा उत्कृष्टा भवति । सा का । या आत्मस्वभावेन आत्मस्वरूपेण शुद्धबुद्धैकपरमानन्दस्वस्वरूपेण समुत्पत्तिः सम्यग् निष्पत्तिः । क्व सति । निःशेषकर्मनाशे सति, समस्तज्ञानावरणादिकर्मणां

अरहन्त और सर्वोत्तम सुखको प्राप्त कर लेनेवाले तथा ज्ञानमय शरीरवाले सिद्ध परमात्मा हैं ॥ **भावार्थ**–रस, रक्त, मांस, मेद, हड्डी, मज्जा और शुक्र ये सात धातुएं हैं और मल मूत्र वगैरह सात उपधातुएँ हैं। इन धातु उपधातुओंसे रहित परम औदारिक शरीर वाले, तथा चौंतीस अतिशय, आठ प्रातिहार्य और अनन्तचतुष्टयसे सहित अर्हन्तदेव होते हैं। गौतम स्वामीने भी कहा है–"मोह आदि समस्त दोषरूपी शत्रुओंके घातक, सर्वदा के लिये ज्ञानावरण और दर्शनावरण रूपी रजको नष्ट कर डालनेवाले तथा अन्तराय कर्मसे रहित, अत एव पूजाके योग्य अर्हन्त भगवानको नमस्कार हो।" ये तेरहवें और चौदहवें गुणस्थानवर्ती जिनेन्द्र देव तथा मूक केवली वगैरह, जिन्होंने कि केवल-ज्ञान और केवल दर्शनके द्वारा भूत, वर्तमान और भावी जीव आदि सब पदार्थोंकी पर्यायोंको एक साथ देखा और जाना है, वे परमात्मा हैं। दूसरे परमात्मा सिद्ध परमेष्ठी हैं, जिनका केवल ज्ञान और केवल दर्शन ही शरीर है तथा जो सबसे उत्कृष्ट सुख, और उसके साथी अनन्तवीर्यसे युक्त हैं, और सम्यक्त्व आदि आठ गुणोंसे अथवा अनन्तगुणोंसे सहित हैं। कहा भी है–"जो आठों कर्मोंसे मुक्त हो चुके हैं, आठ गुणोंसे विशिष्ट हैं और आठवीं पृथिवीके ऊपर स्थित सिद्धालयमें विराजमान हैं तथा जिन्होंनें आप सब कर्तव्य पूरा कर लिया है उन सिद्धोंकी सदा वन्दना करता हूं।" सारांश यह है कि अर्हन्त देव सकल (शरीर सहित) परमात्मा हैं और सिद्ध विकल (शरीर रहित) परमात्मा हैं ॥ १९८ ॥ अब 'परा' शब्दका व्याख्यान करते हैं। **अर्थ**–समस्त कर्मोंका नाश होनेपर अपने स्वभावसे जो उत्पन्न होता है उसे परा कहते हैं। और कर्मोंसे उत्पन्न होने वाले भावोंके क्षयसे जो उत्पन्न होता है उसे भी परा कहते हैं ॥ **भावार्थ**–समस्त ज्ञानावरण आदि कर्मोंका क्षय होनेपर जीवको जो प्राप्ति होती है वह परा अर्थात् उत्कृष्ट है। तथा कर्म जन्य औदयिक क्षायोपशमिक और औपशमिक जो राग द्वेष मोह आदि भाव हैं, उनका पूरी तरहसे नाश हो जानेपर भी जो प्राप्ति होती है वह भी परा अर्थात् उत्कृष्ट है। वह 'परा' अर्थात् उत्कृष्ट, 'मा' अर्थात् बाह्य और अभ्यन्तर रूप लक्ष्मी जिनके होती है वे परमात्मा होते हैं। विशेष अर्थ इस प्रकार है। 'परा' अर्थात् उत्कृष्ट, 'मा' अर्थात् लक्ष्मी जिसके हो उस आत्माको परमात्मा कहते हैं। यह परमात्मा

---

१ क म स ग णिस्सेस। २ म मुत्ती।

नाशे क्षये सति । अपि पुनः, कर्मजभावक्षये, कर्मजा भावाः औदयिकक्षायोपशमिकौपशमिकाः रागद्वेषमोहादयो वा तेषां क्षये निःशेषनाशे सति । सा परा उत्कृष्टा मा लक्ष्मीर्बाह्याभ्यन्तररूपा येषां ते परमात्मानो भवन्ति ॥ १९९ ॥ अथ यदि सर्वे जीवाः शुद्धस्वभावाः तेषां तपश्चरणविधानं निष्फलं भवतीति पूर्वपक्षं गाथाद्वयेन करोति-

> जइ पुणं सुद्ध-सहावा सव्वे जीवा अणाइ-काले वि ।
> तो[1] तव-चरण-विहाणं सव्वेसिं णिप्फलं होदि ॥ २०० ॥[2]

[छाया-यदि पुनः शुद्धस्वभावाः सर्वे जीवाः अनादिकाले अपि । तत् तपश्चरणविधानं सर्वेषां निष्फलं भवति ॥] यदि चेत्, पुनः सर्वे जीवाः अनादिकालेऽपि अनाद्यनन्तकालेऽपि शुद्धस्वभावाः कर्ममलकलङ्करहितत्वेन शुद्धस्वभावाः शुद्धबुद्धैकटङ्कोत्कीर्णकेवलज्ञानदर्शनस्वभावाः । तो तर्हि, सर्वेषां जीवानां तपश्चरणं ध्यानाध्ययनदानादिकं परीषहोपसर्गसहनं च तस्य विधानं निष्पादनं कर्तव्यं निष्फलं न कार्यकारि भवति ॥ २०० ॥ किं चेति दूषणान्तरे-

> ता कहँ गिण्हदि देहं णाणा-कम्माणि ता कहं कुणदि ।
> सुहिदा वि य दुहिदा वि य णाणा-रूवाँ कहं होंति[7] ॥ २०१ ॥[8]

[छाया-तत् कथं गृह्णाति देहं नानाकर्माणि तत् कथं करोति । सुखिताः अपि च दुःखिताः अपि च नानारूपाः कथं भवन्ति ॥] पुनः यदि सर्वे जीवाः सदा शुद्धस्वभावाः, ता तर्हि, देहम् औदारिकादिशरीरं सप्तधातुमलमूत्रादिमयं कथं गृह्णन्ति । जीवानां शुद्धस्वभावेन शरीरग्रहणायोगात् । यदि पुनः सर्वे जीवाः सदा कर्ममलकलङ्करहिताः, ता तर्हि नानाकर्माणि गमनागमनशयनभोजनस्थानादीनि असिमषिकृषिवाणिज्यादिकार्याणि ज्ञानावरणादीनि कर्माणि च कथं

शब्दका अर्थ है । सो घातिया कर्मोंको नष्ट करके अनन्त चतुष्टय रूप अन्तरंग लक्ष्मीको और समवसरण आदि रूप बाह्य लक्ष्मीको प्राप्त करनेवाले अरहन्त परमेष्ठी परमात्मा हैं । वे ही समस्त कर्मोंको तथा कर्मसे उत्पन्न होनेवाले औदयिक आदि भावोंको नष्ट करके आत्म स्वभावरूप लक्ष्मीको पाकर सिद्ध परमात्मा हो जाते है ॥ १९९ ॥ कोई कोई मतावलम्बी आत्माको सर्वथा शुद्ध ही मानते हैं । दो गाथाओंसे उनका निराकरण करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि यदि सब जीव शुद्धस्वभाव हैं तो उनका तपश्चरण आदि करना व्यर्थ है । **अर्थ**-यदि अनादिकालसे सब जीव शुद्धस्वभाव है तो सबका तपश्चरण करना निष्फल होता है ॥ **भावार्थ**-यदि सब जीव सदा शुद्धस्वभाव हैं तो सब जीवोंका ध्यान, अध्ययन आदि करना, दानदेना और परीषह उपसर्ग वगैरह सहना तथा उसका विधान करना कुछभी कार्यकारी नहीं होगा ॥ २०० ॥ और भी दूषण देते हैं । **अर्थ**-यदि जीव सर्वथा शुद्ध है तो वह शरीरको कैसे ग्रहण करता है ? अनेक प्रकारके कर्मोंको कैसे करता हैं ? तथा कोई सुखी है, कोई दुःखी है इस तरह नाना रूप कैसे होता है ?॥ **भावार्थ**-यदि सब जीव सदा शुद्धस्वभाव ही हैं तो सप्तधातु और मलमूत्र आदिसे भरे औदारिक आदि शरीरको वे क्यों ग्रहण करते हैं ? क्योंकि सब जीवोंके शुद्धस्वभाव होनेके कारण शरीरग्रहण करनेका योग नहीं है । तथा यदि सब जीव सदा कर्ममलरूपी कलङ्कसे रहित हैं तो जाना, आना, सोना, खाना, बैठना आदि, तथा तलवार चलाना, लेखन खेती व्यापार आदि कार्योंको और ज्ञानावरण आदि कर्मोंको कैसे करते हैं ? तथा यदि सब जीव शुद्ध बुद्ध स्वभाववाले हैं तो कोई दुखी कोई सुखी, कोई जीवित कोई मृत, कोई अश्वारोही कोई घोड़ेके आगे आगे चलने वाला, कोई बालक कोई वृद्ध, कोई पुरुष कोई स्त्री,

---

१ ब पुणु । २ ब ते । ३ ब किंच । ४ ल म स ग किह । ५ ब सुहिदा वि दुहदा । ६ ब रूवं (?) । ७ ब हुंति, म ग होति । ८ ब तदो एवं भवतिः । सव्वे इत्यादि ।

करोति केन प्रकारेण कुर्वन्ति । अपि पुनः, सर्वे जीवाः शुद्धबुद्धस्वभावाः, ता तर्हि केचन सुखिताः केचन दुःखिताः । नानारूपाः केचन मरणयुक्ताः केचन अश्वारोहाः केचनाश्वाग्रे गामिनः केचन बालाः केचन वृद्धाः केचन नराः केचन स्त्रीनपुंसकरूपाः केचन रोगपीडिता. केचन निरामया इत्यादयः कथं भवन्ति ॥ २०१ ॥ तदो[1] एवं भवति, तत एवं वक्ष्यमाणगाथासूत्रोक्तं भवति–

सव्वे कम्म-णिबद्धा संसरमाणा अणाइ-कालम्हि ।
पच्छा तोडिय बंधं सिद्धा सुद्धा[3] धुवं[4] होंति ॥ २०२ ॥[2]

[छाया–सर्वे कर्मनिबद्धा. ससरमाणा· अनादिकाले । पश्चात् त्रोटयित्वा बन्धं सिद्धाः शुद्धाः ध्रुवं भवन्ति ॥] अनादिकाले सर्वे संसारिणो जीवा ससरमाणा चतुर्विधसंसारे पञ्चप्रकारसंसारे वा परिभ्रमन्तः चङ्क्रमणं कुर्वन्तः कर्मनिबद्धाः ज्ञानावरणादिकर्मनिबन्धनै· शृंखलाभिः बद्धा. बन्धनं प्राप्ताः । पश्चात् बन्धं कर्मबन्धं प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबन्धं तोडिय त्रोटयित्वा विनाश्य सिद्धा भवन्ति कर्ममलकलङ्करहिताः स्युः । कीदृक्षाः । शुद्धाः शुद्धबुद्धैकस्वरूपाः । पुनः कीदृक्षाः । ध्रुवाः नित्याः शाश्वताः जन्मजरामरणविवर्जिताः अनन्तानन्तकालस्थायिनः ॥ २०२ ॥ अथ येन बन्धेन जीवा ईदृक्षा भवन्ति स को बन्ध इति चेदुच्यते –

जो अण्णोण्ण-पवेसो जीव-पएसाण कम्म-खंधाणं ।
सव्व-बंधाण वि लओ[6] सो बंधो होदि जीवस्स ॥ २०३ ॥[5]

कोई नपुंसक, कोई रोगी कोई नीरोग इस तरहसे नानारूप क्यों हैं ? ऐसा होनेसेही आगेकी गाथामें कही हुई बात घटित होती है ॥ २०१ ॥ आगे कहते हैं कि यह सब तभी हो सकता है जब ऐसा माना जाये । **अर्थ–**सभी जीव अनादिकालसे कर्मोंसे बंधे हुए हैं इसीसे संसारमें भ्रमण करते हैं । पीछे कर्मबन्धनको तोड़कर जब निश्चल सिद्ध पद पाते हैं तब शुद्ध होते हैं । **भावार्थ–**अनादिकालसे द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके भेदसे चाररूप अथवा चारो गतियोंकी अपेक्षा चार रूप और द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव की अपेक्षा पांचरूप संसार में भटकनेवाले सभी संसारी जीव ज्ञानावरण आदि कर्मोंकी सांकलोंसे बंधे हुए हैं । पीछे प्रकृतिबन्ध स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धकी अपेक्षासे चार प्रकार के कर्म बन्धनको तोड़कर कर्ममलरूपी कलङ्कसे रहित सिद्ध हो जाते हैं । तब वे शुद्ध बुद्ध स्वरूपवाले, और जन्म, बुढापा और मृत्युसे रहित होते हैं । तथा अनन्तानन्त काल तक वहीं बने रहते हैं । अर्थात् फिर वे कभी भी लौटकर संसारमें नहीं आते ॥ २०२ ॥ आगे जिसबन्धसे जीव बंधता है उस बंधका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ–**जीवके प्रदेशोंका और कर्मके स्कन्धोंका परस्परमें प्रवेश होनाही जीवका बन्ध है । इस बन्धमें सब बन्धोंका विलय हो जाता है ॥ **भावार्थ–**जीवके लोकप्रमाण असंख्यात प्रदेशोंका और सिद्धराशिके अनन्तवें भाग अथवा अभव्यराशिसे अनन्तगुणी कार्मणवर्गणाओंका परस्परमें मिलना सो बन्ध है । अर्थात् एक आत्माके प्रदेशोंमें अनन्तानन्त पुद्गल स्कन्धोंके प्रवेशका नाम प्रदेश बन्ध है । इसीमें प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धका लय होता है । कहा भी है–"जीव राशि अनन्त है और एक एक जीवके असंख्यात प्रदेश होते हैं । तथा एक एक आत्मप्रदेशपर अनन्त कर्मप्रदेश होते हैं । आत्मा और कर्मके प्रदेशोंका

१ ग तदा । २ क ग पुस्तकयोरेषा गाथा नास्ति संस्कृतव्याख्या तु वर्तते । ३ म सुद्धा सिद्धा । ४ ब धुवं (?), म धुआ, स धुवा । ५ ब को बधो ॥ जो अण्णोण्ण इत्यादि । ६ म बलिउ ।

[छाया-यः अन्योन्यप्रवेशः जीवप्रदेशानां कर्मस्कन्धानाम् । सर्वबन्धानाम् अपि लयः स बन्धः भवति जीवस्य ॥] जीवस्य संसारिप्राणिनः स प्रसिद्धः बन्धो भवति कर्मणां बन्धः स्यात् । स कः । यः जीवप्रदेशानां लोकमात्राणाम् असंख्यातप्रमितानां कर्मस्कन्धानां कार्मणवर्गणानां सिद्धानन्तैकभागानाम् अभव्यसिद्धादनन्तगुणानाम् अन्योन्यप्रवेशः परस्परं प्रवेश एकस्मिन्नात्मप्रदेशे अनन्तानां पुद्गलस्कन्धानां प्रवेशः स प्रदेशबन्धो भवति । अपि पुनः, सर्वबन्धानां प्रकृतिस्थित्यनुभागबन्धानां लओ लयः लीनश्च । उक्तं च । "जीवपएसेक्केक्के कम्मपएसा हु अंतपरिहीणा । होंति घणा णिविडभुओ संबंधो होइ णायव्वो ॥" जीवराशिरनन्तः प्रत्येकमेकैकस्य जीवस्यासंख्याताः प्रदेशा आत्मनः एकैकस्मिन् प्रदेशे कर्मप्रदेशा, हु स्फुटम्, अंतपरिहीणा इति अनन्ता भवन्ति । एतेषाम् आत्मकर्मप्रदेशानां सम्बन्धो भवति । स बन्धः किंलक्षणो ज्ञातव्यः । घनः निबिडभूतः घनवत्, लोहमुद्गरवत् निबिडभूतः दृढतर इत्यर्थः । इति तथा च नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात् सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः इति बन्धः ॥२०३॥ अथ सर्वेषु द्रव्येषु जीवस्य परमतत्त्वं निगदति-

उत्तम-गुणाण धामं सव्व-दव्वाणं उत्तमं दव्वं ।
तच्चाण परम-तच्चं जीवं जाणेह णिच्छयदो ॥ २०४ ॥

[छाया-उत्तमगुणानां धाम सर्वद्रव्याणाम् उत्तमं द्रव्यम् । तत्त्वानां परमतत्त्वं जीवं जानीत निश्चयतः ॥] निश्चयतो निश्चयनयमाश्रित्य जानीहि । कम् । उत्तमगुणानां धाम जीवम्, केवलज्ञानदर्शनानन्तसुखवीर्यादिगुणानां सम्यक्त्वाद्यष्टगुणानां चतुरशीतिलक्षगुणानाम् अनन्तगुणानां वा धाम स्थानं गृहमाधारभूतम् आत्मानं बुध्यस्व त्वम् । सर्वेषां द्रव्याणां मध्ये उत्तमं द्रव्यम् उत्कृष्टं वस्तु जीवं जानीहि । अजीवधर्माधर्माकाशकालानां जडत्वमचेतनत्वं च

लोहेके मुद्गरकी तरह मजबूत जो सम्बन्ध होता है वही बन्ध है । तत्त्वार्थ सूत्रमें प्रदेशबन्धका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है–प्रदेशबन्धका कारण सब कर्म प्रकृतियां ही हैं, उन्हींकी वजहसे कर्मबन्ध होता है । तथा वह योगके द्वारा होता है और सब भवोंमें होता है । जो कर्मस्कन्ध कर्मरूप होते हैं वे सूक्ष्म होते हैं, आत्माके साथ उनका एक क्षेत्रावगाह होता है । बन्धनेपर वे आत्मामें आकर ठहर जाते हैं और आत्माके सब प्रदेशोंमें हिलमिल जाते हैं तथा अनन्तानन्त प्रदेशी होते हैं । जो आत्मा कर्मोंसे बंधा हुआ है उसीके प्रतिसमय अनन्तानन्त प्रदेशी कर्मस्कन्धोंका बन्ध हुआ करता है । बन्धके चार भेद हैं–प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध । प्रकृति नाम स्वभावका है । कालकी मर्यादाको स्थिति कहते हैं । फलदेनेकी शक्तिका नाम अनुभाग है और प्रदेशोंकी संख्याका परिमाण प्रदेशबन्ध है । ये चारों बन्ध एक साथ होते हैं । जैसे ही अनन्तानन्त प्रदेशी कर्मस्कन्धोंका आत्माके प्रदेशोंके साथ सम्बन्ध होता है तत्कालही उनमें ज्ञानको घातने आदिका स्वभाव पड़ जाता है, वे कबतक आत्माके साथ बंधे रहेंगे इसकी मर्यादा बन्धजाती है और फलदेनेकी शक्ति पड़ जाती है । अतः प्रदेशबन्धके साथही शेष तीनों बन्ध हो जाते हैं । इसीसे यह कहा है कि प्रदेशबन्धमें ही सब बन्धोंका लय है ॥२०३॥ आगे कहते हैं कि सब द्रव्योंमें जीव ही परम तत्त्व है । **अर्थ**–जीव ही उत्तमगुणोंका धाम है, सब द्रव्योंमें उत्तम द्रव्य है और सब तत्त्वोंमें परमतत्त्व है, यह निश्चयसे जानो ॥ **भावार्थ**–निश्चयनयसे अपनी आत्माको जानो । यह आत्मा केवलज्ञान, केवलदर्शन, अनन्त सुख, अनन्तवीर्य आदि गुणोंका, अथवा सम्यक्त्व, दर्शन, ज्ञान, अगुरुलघु, अवगाहना, सूक्ष्मत्व, वीर्य, अव्याबाध इन आठ गुणोंका, अथवा चौरासी लाख गुणों अथवा अनन्त गुणोंका आधार है । सब द्रव्योंमें यही उत्तम द्रव्य है क्योंकि अजीव द्रव्य–धर्म, अधर्म, काल, आकाश और पुद्गल तो जड़ हैं

१ [सव्वदव्वाण] । २ ब जाणेहि (?) ।

वर्तते। जीवद्रव्यस्य तु चेतनत्वं सर्ववस्तुप्रकाशकत्वम् उपयोगलक्षणत्वं च वर्तते। अत एव जीवद्रव्यमुत्तमं जानीहि। तत्त्वानां सर्वतत्त्वानां मध्ये परमतत्त्वं जीवं जानीहि। ॥ २०४ ॥ जीवस्यैवोत्तमद्रव्यत्वपरमत्वं कथमिति चेदाह-

अंतर-तच्चं जीवो बाहिर-तच्चं हवंति सेसाणि।
णाण-विहीणं दव्वं हियाहियं[1] णेयं[2] जाणेदि ॥ २०५ ॥[3]

[छाया- अन्तस्तत्त्वं जीवः बाह्यतत्त्वं भवन्ति शेषाणि। ज्ञानविहीनं द्रव्यं हिताहितं नैव जानाति ॥] जीव आत्मा अंतरतच्चं अन्तस्तत्त्वम् आभ्यन्तरतत्त्वम्। शेषाणि तत्त्वानि अजीवास्रवबन्धादीनि पुत्रमित्रकलत्रशरीरगृहादिचेतनाचेतनादीनि च बाहिरतच्चं बाह्यतत्त्वं भवति। जीव एव अन्तस्तत्त्वम्। कुतः। यतः शेषद्रव्याणामचेतनत्वम्। ज्ञानेन विहीनं द्रव्यं पुद्गलधर्माधर्माकाशकालरूपं द्रव्यं हिताहितं हेयोपादेयं पुण्यं पापं सुखदुःखादिकं नैव जानाति। शेषाणां तु अज्ञस्वभावात्, जीवस्य ज्ञस्वभावात् सर्वोत्तमत्त्वम्। परमात्मप्रकाशे प्रोक्तं च। "जं णियदव्वहं भिण्णु जड्डु तं परदव्वु वियाणि। पोग्गल धम्माधम्म णहु कालु वि पंचमु जाणि॥" इति ॥२०५॥ जीवणिरूवणं जीवद्रव्यस्य निरूपणं समाप्तम् ॥ अथ पुद्गलद्रव्यस्वरूपं गाथाषट्केन विवृणोति-

सव्वो लोयायासो पुग्गल-दव्वेहिँ सव्वदो भरिदो[4]।
सुहमेहिँ बायरेहि य णाणा-विह-सत्ति-जुत्तेहिँ ॥ २०६ ॥

[छाया-सर्वः लोकाकाशः पुद्गलद्रव्यैः सर्वतः भृतः। सूक्ष्मैः बादरैः च नानाविधशक्तियुक्तैः ॥] सर्वः जगच्छ्रेणिघनप्रमाणः लोकाकाशः पुद्गलद्रव्यैः सर्वतः भृतः। कीदृक्षैः। पुद्गलद्रव्यैः सूक्ष्मैः बादरैः स्थूलैः। पुनः कीदृक्षैः।

अचेतन हैं किन्तु जीवद्रव्य चेतन है, वह वस्तुओंका प्रकाशक अर्थात् जानने देखनेवाला है; क्योंकि उसका लक्षण उपयोग है। इसीसे जीवद्रव्य ही सर्वोत्तम है। तथा जीव ही सब तत्त्वोंमें परमतत्त्व है ॥ २०४ ॥ आगे कहते हैं कि जीव ही उत्तम और परमतत्त्व क्यों हैं? **अर्थ**–जीव ही अन्तस्तत्त्व है, बाकी सब बाह्य तत्त्व हैं। वे बाह्यतत्त्व ज्ञानसे रहित हैं अतः वे हित अहितको नहीं जानते॥ **भावार्थ**–आत्मा अभ्यन्तर तत्त्व है बाकीके अजीव, आस्रव, बन्ध वगैरह पुत्र, मित्र, स्त्री, शरीर, मकान आदि चेतन और अचेतन द्रव्य बाह्य तत्त्व हैं। एक जीव ही ज्ञानवान् है बाकीके सब द्रव्य अचेतन होनेके कारण ज्ञानसे शून्य हैं। पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, और कालद्रव्य हित अहित, हेय, उपादेय, पुण्य पाप, सुख दुःख वगैरहको नहीं जानते। अतः शेष सब द्रव्योंके अज्ञस्वभाव होनेसे और जीवके ज्ञानस्वभाव होनेसे जीव ही उत्तम है। परमात्मप्रकाशमें कहा भी है–'जो आत्म पदार्थसे जुदा जड़ पदार्थ है, उसे परद्रव्य जानो। और पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और पाँचवाँ कालद्रव्य ये सब परद्रव्य जानो।' जीवद्रव्यका निरूपण समाप्त हुआ ॥ २०५ ॥ अब छः गाथाओंके द्वारा पुद्गल द्रव्यका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**–अनेक प्रकारकी शक्तिसे सहित सूक्ष्म और बादर पुद्गल द्रव्योंसे समस्त लोकाकाश पूरी तरह भरा हुआ है॥ **भावार्थ**–यह लोकाकाश जगतश्रेणिके घनरूप अर्थात् ३४३ राजु प्रमाण है। सो यह पूराका पूरा लोकाकाश शरीर आदि अनेक कार्य करनेकी शक्तिसे युक्त तेईस प्रकारकी वर्गणा रूप पुद्गलद्रव्योंसे, जो सूक्ष्म भी हैं और स्थूल भी हैं, भरा हुआ है। उन पुद्गलोंके सूक्ष्म और बादर भेद इस प्रकार कहे हैं–"जिनवर देवने पुद्गल द्रव्यके छः भेद बतलाये हैं–पृथ्वी, जल, छाया, चक्षुके सिवा शेष चार इन्द्रियोंका विषय, कर्म और परमाणु। इनमेंसे पृथ्वीरूप पुद्गल द्रव्य बादर बादर है; क्योंकि जो छेदा भेदा जा सके तथा एक जगहसे दूसरी जगह ले जाया जा सके

---

१ क स ग हेयाहेयं। २ ब णेव। ३ ब जीवणिरूवण। सव्वो इत्यादि। ४ ब भरिओ।

नानाभिधसङ्ख्याकैः त्रयोविंशतिवर्गणाभिरनेकशरीरादिकार्यकरणशक्तियुक्तैः । तेषां पुद्गलानां सूक्ष्मत्वं बादरत्वं च कथमिति चेत् । "पुढवी जलं च छाया चउरिंदियविसयकम्मपरमाणू । छव्विहमेयं भणियं पोग्गलदव्वं जिणवरेहिं ॥" पृथ्वी १ जलं २ छाया ३ चक्षुर्वर्जितशेषचतुरिन्द्रियविषयः ४ कर्म ५ परमाणुश्च ६ इति पुद्गलद्रव्यं षोढा जिनवरैर्भणितम् । "बादरबादर १ बादर १ बादरसुहुमं ३ च सुहुमथूलं ४ च । सुहुमं च ५ सुहुमसुहुमं ६ धरादियं होदि छब्भेयं ॥" पृथ्वीरूपपुद्गलद्रव्यं बादरबादरम्, छेत्तुं भेत्तुमन्यत्र नेतुं शक्यं तद्बादरबादरमित्यर्थः १ । जलं बादरम्, यच्छेत्तुं भेत्तुमशक्यमन्यत्र नेतुं शक्यं तद्बादरमित्यर्थः २ । छाया बादरसूक्ष्मम्, यच्छेत्तुं भेत्तुम् अन्यत्र नेतुम् अशक्यं तद्बादरसूक्ष्ममित्यर्थः ३ । यच्चक्षुर्वर्जितचतुरिन्द्रियविषयो बाह्यार्थस्तत्सूक्ष्मस्थूलम् ४ । कर्म सूक्ष्मम्, यद्द्रव्यं देशावधि-

---

उसे बादर बादर कहते हैं। जल बादर है; क्योंकि जो छेदा मेदा तो न जासके किन्तु एक जगहसे दूसरी जगह ले जाया जा सके उसे बादर कहते हैं। छाया बादर सूक्ष्म है; क्यों कि जो न छेदा मेदा जासके और न एक जगहसे दूसरी जगह लेजाया जा सके, उसे बादर सूक्ष्म कहते हैं। चक्षुके सिवा शेष इन्द्रियोंका विषय जो बाह्य द्रव्य है जैसे, गन्ध, रस, स्पर्श और शब्द ये सूक्ष्मबादर हैं। कर्म सूक्ष्म हैं; क्योंकि जो द्रव्य देशावधि और परमावधिका विषय होता है वह सूक्ष्म है। और परमाणु सूक्ष्म सूक्ष्म है; क्यों कि वह सर्वावधि ज्ञानका विषय है।" और भी कहा है–"जो सब तरहसे पूर्ण होता है उस पुद्गलको स्कन्ध कहते हैं। स्कन्धके आधे भागको देश कहते हैं और उस आधेके भी आधे भागको प्रदेश कहते हैं। तथा जिसका दूसरा भाग न होसके उसे परमाणु कहते हैं। अर्थात् जो आदि और अन्त विभागसे रहित हो, यानी निरंश हो, स्कन्धका उपादान कारणहो यानी जिसके मेलसे स्कन्ध बनता हो और जो इन्द्रिय गोचर न हो उस अखण्ड अविभागी द्रव्यको परमाणु कहते हैं। आचार्य नेमिचन्द्र वगैरहने पुद्गल द्रव्यकी विभाव व्यंजनपर्याय अर्थात् विकार इस प्रकार कहे हैं–"शब्द, बन्ध, सौक्ष्म्य, स्थौल्य, संस्थान, भेद, तम, छाया, आतप और उद्योत ये पुद्गलद्रव्यकी पर्यायें हैं।" इन पर्यायोंका विस्तृत वर्णन करते हैं। शब्दके दो भेद हैं–भाषात्मक और अभाषात्मक। भाषात्मक शब्दके भी दो भेद हैं–अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक। संस्कृत भाषा, प्राकृतभाषा, अपभ्रंश भाषा, पैशाचिक भाषा आदिके भेदसे अक्षरात्मक शब्द अनेक प्रकारका है, जो आर्य और म्लेच्छ मनुष्योंके व्यवहारमें सहायक होता है। दो इन्द्रिय आदि तिर्यञ्च जीवोंमें तथा सर्वज्ञकी दिव्यध्वनिमें अनक्षरात्मक भाषाका व्यवहार होता है। अभाषात्मक शब्द भी प्रायोगिक और वैस्रसिकके भेदसे दो प्रकारका है। जो शब्द पुरुषके प्रयत्न करनेपर उत्पन्न होता है उसे प्रायोगिक कहते हैं। उसके चार भेद हैं–तत, वितत, घन और सुषिर। वीणा वगैरहके शब्दको तत कहते हैं। ढोल वगैरहके शब्दको वितत कहते हैं। कांसेके बाजेके शब्दको घन कहते हैं। और बांसुरी वगैरहके शब्दको सुषिर कहते हैं। जो शब्द स्वभावसे ही होता है उसे वैस्रसिक कहते हैं। स्निग्ध और रूक्ष गुणके निमित्तसे जो बिजली, मेघ, इन्द्रधनुष आदि बन जाते हैं, उनके शब्दको वैस्रसिक कहते हैं जो अनेक प्रकारका होता है। इस प्रकार शब्द पुद्गलका ही विकार है। अब बन्धको कहते हैं। मिट्टीके पिण्ड आदि रूपसे जो अनेक प्रकारका बन्ध होता है वह केवल पुद्गल पुद्गलका बन्ध है। कर्म और नोकर्मरूपसे जो जीव और पुद्गलका संयोगरूप बन्ध होता है वह द्रव्यबन्ध है और रागद्वेष आदि रूपसे भावबन्ध होता है। बेर वगैरहकी अपेक्षा बेल वगैरह

परमावधिविषयं तत्सूक्ष्ममित्यर्थः ५। परमाणुः सूक्ष्मसूक्ष्मम्, यत्सर्वावधिविषयं तत्सूक्ष्मसूक्ष्ममित्यर्थः ६। "खंधं सयलसमत्थं तस्स य अद्धं भणंति देसो त्ति। अद्धद्धं च पदेसो अविभागी चेव परमाणू ॥" स्कन्धं सर्वांशसंपूर्णं भणन्ति तदर्धं च देशम्, अर्धस्यार्धं प्रदेशम्, अविभागीभूतं परमाणुरिति। "आद्यन्तरहितं द्रव्यं विश्लेषरहितांशकम्। स्कन्धोपादानमत्यक्षं परमाणुं प्रचक्षते ॥" तथा पुद्गलद्रव्यस्य विभावव्यञ्जनपर्यायान् विकारान् नेमिचन्द्राद्याः प्रतिपादयन्ति। "सद्दो बंधो सुहुमो थूलो संठाणभेदतमछाया। उज्जोदादवसहिया पुग्गलदव्वस्स पज्जाया ॥" शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातपोद्द्योतसहिता पुद्गलद्रव्यस्य पर्यायाः विकारा भवन्ति। अथ विस्तारः। भाषात्मकोऽभाषात्मकः द्विधा शब्दः। तत्राक्षरानक्षरात्मकभेदेन भाषात्मको द्विधा भवति। तत्राप्यक्षरात्मकः संस्कृतप्राकृतापभ्रंशपैशाचिकादिभाषाभेदेनार्यम्लेच्छमनुष्यादिव्यवहारहेतुर्बहुधा। अनक्षरात्मकस्तु द्वीन्द्रियादितिर्यग्जीवेषु सर्वज्ञदिव्यध्वनौ च। अभाषात्मकोऽपि प्रायोगिकवैश्रसिकभेदेन द्विविधः। "ततं वीणादिकं ज्ञेयं विततं पटहादिकम्। घनं तु कंसतालादि सुषिरं वंशादिकं विदुः ॥" इति श्लोककथितक्रमेण पुरुषप्रयोगे भवः प्रायोगिकः चतुर्धा। विश्रसा स्वभावेन भवो वैश्रसिकः। स्निग्धरूक्षत्वगुणनिमित्तो विद्युदुल्कामेघाग्निसुरेन्द्रधनुरादिप्रभवो बहुधा। इति पुद्गलस्य विकार एव शब्दः १। बन्धः कथ्यते। मृत्पिण्डादिरूपेण योऽसौ बहुधा बन्धः स केवलः पुद्गलबन्धः, यस्तु कर्मनोकर्मरूप जीवपुद्गलसंयोगबन्धः, असौ द्रव्यबन्धः। रागद्वेषादिरूपो भावबन्धः २। बिल्वाद्यपेक्षया बदरादीनां सूक्ष्मत्वं परमाणोः साक्षादिति ३। बदराद्यपेक्षया बिल्वादीनां स्थूलत्वं जगद्व्यापिनि महास्कन्धे सर्वोत्कृष्टमिति ४। जीवानां समचतुरस्रन्यग्रोधवाल्मीककुब्जकवामनहुण्डकभेदेन षट् प्रकारं संस्थानम् पुद्गलसंस्थानम्। वृत्तत्रिकोणचतुष्कोणमेघपटलादिव्यक्ताव्यक्तरूपं बहुधा संस्थानं तदपि पुद्गल एव ५। भेदाः षोढा, उत्करचूर्णखण्डचूर्णिकाप्रतराणुचटनविकल्पात्। तत्रोत्करः काष्ठादीना करपत्रादिभिरुत्कर १, चूर्णो यवगोधूमादीनां सक्तुकणिकादि २, खण्डो घटादीना कपालशर्करादि ३, चूर्णिका माषमुद्गादीनाम्, ४, प्रतरोऽभ्रपटलादीनाम् ५, अणुचटनं संतप्तायसपिण्डादिषु अयोघनादिभिर्हन्यमानेषु प्रस्फुलिङ्गनिर्गमः ६, दृष्टिप्रतिबन्धकोऽन्धकारस्तम इति भण्यते ७। वृक्षाद्याश्रयरूपा मनुष्यादिप्रतिबिम्बरूपा वर्णादिविकारपरिणता च छाया ८। उद्द्योतः चन्द्रविमाने खद्योतादितिर्यग्जीवेषु च भवति ९। आतप आदित्यविमानेऽन्यत्रापि सूर्यकान्तमणिविशेषादौ पृथ्वीकाये ज्ञातव्यः १०। इति ॥ २०६ ॥

सूक्ष्म होते हैं और सबसे सूक्ष्म परमाणु होता है। बेर वगैरहकी अपेक्षा बेल वगैरह स्थूल होते हैं और सबसे स्थूल जगतव्यापी महास्कन्ध होता है। जीवोंके समचतुरस्र संस्थान, न्यग्रोध परिमण्डल संस्थान, स्वातिसंस्थान, कुब्जक संस्थान, वामनसंस्थान और हुण्डकसंस्थानके भेदसे जो छः प्रकारका संस्थान होता है वह पौद्गलिक है। इसके सिवा तिकोर चौकोर आदिभेदसे मेघपटल वगैरहमें बननेवाले अनेक प्रकारके व्यक्त और अव्यक्त आकार भी पुद्गलके ही संस्थान हैं। भेदके छः प्रकार हैं—उत्कर, चूर्ण, खण्ड, चूर्णिका, प्रतर और अणुचटन। लकड़ीको आरेसे चीरनेपर जो बुरादा झड़ता है वह उत्कर है। जौं, गेहूं वगैरहके आटे और सत्तु वगैरहको चूर्ण कहते हैं। घड़ेके ठीकरोंको खण्ड कहते हैं। उड़द मूग वगैरहके छिलकोंको चूर्णिका कहते हैं। मेघपटलको प्रतर कहते हैं। तपाये हुए लोहेको हथोड़ेसे पीटनेपर जो फुलिंग निकलते हैं उन्हें अणुचटन कहते हैं। दृष्टिको रोकनेवाले अन्धकारको तम कहते है। वृक्ष वगैरहका आश्रय पाकर प्रकाशका आवरण होनेसे जो प्रतिकृति पड़ती है उसे छाया कहते हैं। वह छाया दो प्रकारकी होती है। एक तो मनुष्य वगैरहका प्रतिबिम्बरूप और एक जैसा मनुष्यका रूप रंग वगैरह हो हूबहू वैसी ही। चन्द्रमाके विमानमें और जुगुनु आदि तिर्यञ्चजीवोंमें उद्योत पाया जाता है अर्थात् चन्द्रमाका और जुगुनु वगैरहका जो प्रकाश होता है उसे उद्योत कहते हैं। सूर्यके विमानमें तथा सूर्यकान्तमणि वगैरह पृथ्वीकायमें आतप पाया जाता है। अर्थात् इनका जो प्रकाश होता है उसे आतप कहते हैं ॥ २०६ ॥

जं इंदिएहिं गिज्झं रूवं-रस-गंध-फास-परिणामं ।
तं चिय पुग्गल-दव्वं अणंत-गुणं जीव-रासीदो ॥ २०७ ॥

[छाया-यत् इन्द्रियैः ग्राह्यं रूपरसगन्धस्पर्शपरिणामम् । तत् एव पुद्गलद्रव्यम् अनन्तगुणं जीवराशितः ॥] अथ पुद्गलद्रव्यस्य ग्राहित्वमस्तित्वं च कथमिति चेदाह । तदेव पुद्गलद्रव्यं जानीहीत्यध्याहार्यम् । तत् किम् । यदिन्द्रियैः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राक्षैर्ग्राह्यं विषयभावं नीतम् । यतः रूपरसगन्धस्पर्शपरिणामम् । अत्र हेत्वर्थे प्रथमा । हेतौ सर्वाः प्रायः । इति जैनेन्द्रव्याकरणे प्रोक्तत्वात् । यथा 'गुरवो राजमाषा न भक्षणीयाः' इति यथा तथा चार्थे पुद्गलद्रव्यम् इन्द्रियग्राह्यं रूपरसगन्धस्पर्शपरिणामत्वात् पुद्गलपर्यायत्वात् । यथा शीतोष्णस्निग्धरूक्षमृदुकर्कशगुरुलघुसंज्ञाः अष्टौ स्पर्शाः, स्पर्शनेन्द्रियेण स्पृश्यन्ते इति स्पर्शाः स्पर्शनेन्द्रियेण ग्राह्या इत्यर्थः १ । तिक्तकटुककषायाम्लमधुरसंज्ञाः पञ्च रसाः, रसनेन्द्रियेण रस्यन्ते रसाः रसनेन्द्रियेण ग्राह्याः इत्यर्थः २ । सुगन्धदुर्गन्धसंज्ञौ द्वौ गन्धौ, गन्ध्येते तौ गन्धौ घ्राणेन्द्रियस्य विषयौ ३ । श्वेतपीतनीलारुणकृष्णसंज्ञाः पञ्च वर्णाः, चक्षुरिन्द्रियेण वर्ण्यन्ते इति चक्षुरिन्द्रियेण गोचराः ४ । शब्द्यते इति शब्दः, कर्णेन्द्रियविषयः ५ । व्यतिरेकेण जीववत् । तत्कियन्मात्रं जीवराशितः । सर्वजीवराशेरनन्तानन्तसंख्यातयुक्तत्वात् १६ अनन्तगुणं पुद्गलद्रव्यं १६ ख ॥ २०७ ॥ अथ पुद्गलस्य जीवोपकारकारित्वं गाथाद्वयेन दर्शयति–

अर्थ–जो रूप, रस, गन्ध, और स्पर्शपरिणाम वाला होनेके कारण इन्द्रियोंके द्वारा ग्रहण करने योग्य होता है वह सब पुद्गलद्रव्य है । उनकी संख्या जीवराशिसे अनन्तगुणी है ॥ **भावार्थ**–अब ग्रन्थकार पुद्गलद्रव्यका अस्तित्व और ग्रहण होनेकी योग्यता बतलाते हैं–'इसीतरह पुद्गलद्रव्यको जानो' यह वाक्य ऊपरसे ले लेना चाहिये । पुद्गलद्रव्य स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियके द्वारा ग्रहण किये जानेके योग्य होता है; क्योंकि उसमें रूप, रस, गन्ध और स्पर्श पाया जाता है । इस गाथामें 'रूवरसगंधफासपरिणामं' यह प्रथमा विभक्ति हेतुके अर्थमें है । क्योंकि जैनेन्द्र व्याकरणमें हेतुके अर्थमें प्रथमा विभक्ति होनेका कथन है । जैसे किसीने कहा–'गुरवो राजमाषा न भक्षणीयाः ।' अर्थात् गरिष्ठ उड़द नहीं खाना चाहिये । इसका आशय यह है कि उड़द नहीं खाना चाहिये क्योंकि वे गरिष्ठ होते है–कठिनतासे हजम होते हैं । इस वाक्यमें 'गुरवः' प्रथमा विभक्तिका रूप है किन्तु वह हेतुके अर्थमें है । इसी तरह यहाँ भी जानना चाहिये कि पुद्गलद्रव्य इन्द्रियग्राह्य है; क्योंकि उसमें रूप, रस, गन्ध और स्पर्श गुण पाये जाते हैं । जैसे, शीत, उष्ण, स्निग्ध, रूक्ष, मृदु, कठोर, भारी, हल्का ये आठ स्पर्श हैं । जो स्पर्शन इन्द्रियके द्वारा स्पष्ट किये जाते हैं अर्थात् स्पर्शन इन्द्रियके द्वारा ग्रहण किये जानेके योग्य होते हैं उन्हें स्पर्श कहते हैं । तिक्त, कटुक, कषाय, आम्ल, मधुर ये पांच रस हैं, जो रसनेन्द्रियके द्वारा अनुभूत किये जाते हैं । सुगन्ध और दुर्गन्ध नामके दो गन्ध गुण हैं । वे गन्ध गुण घ्राण इन्द्रियके विषय हैं । सफेद, पीला, नीला, लाल और काला, ये पांच वर्ण अर्थात् रूप हैं । जो चक्षु इन्द्रियके द्वारा देखे जाते हैं अर्थात् चक्षु इन्द्रियके विषय होते हैं, उन्हें वर्ण या रूप कहते हैं । जो सुना जाता है उसे शब्द कहते है । शब्द कर्ण इन्द्रियका विषय होता है । इस तरह पुद्गलं द्रव्यमें रूप स्पर्श आदिके होनेसे वह इन्द्रियोंके द्वारा ग्रहण किया जा सकता है । अब यह बतलाते हैं कि पुद्गलद्रव्य कितने हैं ? समस्त जीवराशी की संख्या अनन्तानन्त है । उससे भी

१ ग राजा माषा । २ ल स रूवरस । ३ ब तं चिय, म स तं चिय ।

जीवस्स बहु-पयारं[1] उवयारं कुणदि पुग्गलं दव्वं ।
देहं च इंदियाणि य वाणी उस्सास-णिस्सासं[2] ॥ २०८ ॥

[छाया-जीवस्य बहुप्रकारम् उपकारं करोति पुद्गलं द्रव्यम् । देहं च इन्द्रियाणि च वाणी उच्छ्वासनिःश्वासम् ॥] पुद्गलद्रव्यम् उपकारं करोति । कस्य जीवस्यात्मनः । कीदृशम् उपकारम् । बहुप्रकारम् अनेकभेदभिन्नं सुखदुःखजीवितमरणादिरूपम् । देहम् औदारिकादिशरीरनिष्पादनम्, च पुनः, इन्द्रियाणि स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणीति निष्पादनं च । वाणी शब्दः ततविततघनसुषिरादिरूपा सप्तस्वररूपद्वापञ्चाशदक्षररूपानक्षररूपा वा । उच्छ्वासनिःश्वासं प्राणापानोदानव्यानरूपमुपकारं जीवस्य विदधाति ॥ २०८ ॥

अण्णं पि एवमाई उवयारं कुणदि जावं[3] संसारं[4] ।
मोह-अणाण-मयं[5] पि य परिणामं कुणदि जीवस्स ॥ २०९ ॥

[छाया-अन्यमपि एवमादि उपकारं करोति यावत् संसारम् । मोहाज्ञानमयम् अपि च परिणामं करोति जीवस्य ॥] पुद्गलः एवमादिकमन्यमपि उपकारं शरीरवाङ्मनःप्राणापानाः पुद्गलानां सुखदुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च इत्याद्युपकारं जीवानां करोति । तथाहि । पुद्गला देहादीनां कर्मनोकर्मवाङ्मनउच्छ्वासनिःश्वासानां निर्वर्तनकारणभूताः नियमेन भवन्ति । ननु कर्मापौद्गलिकमनाकारत्वात्, वा आकारवतामौदारिकादीनामेव तथात्वं युक्तमिति । तन्न । कर्मापि पौद्गलिकमेव लगुडकण्टकादिमूर्तद्रव्यसंबन्धेन पच्यमानत्वात् उदकादिमूर्तसंबन्धेन व्रीह्यादिवत् । वाग्द्वेधा द्रव्यभावभेदात् तत्र भाववाग् वीर्यान्तरायमतिश्रुतावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामकर्मलाभनिमित्तत्वात् पौद्गलिका । तदभावे तद्वृत्त्यभावात् । तत्सामर्थ्योपेतत्वेन क्रियावतात्मना प्रेर्यमाणाः पुद्गला वाक्त्वेन परिणमन्तीति द्रव्यवागपि पौद्गलिकैव श्रोत्रेन्द्रियविषयत्वात् । मनोऽपि तथा द्वेधा । तत्र भावमन लब्ध्युपयोगलक्षणं पुद्गलालम्बनात् पौद्गलिकम् । द्रव्यमनोऽपि ज्ञानावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामकर्मलाभप्रत्ययगुणदोषविचारस्मरणादिसावधानाभिमुखस्यात्मनोऽनुग्राहकपुद्गलानां तथात्वेन परिणमनात् पौद्गलिकम् । वीर्यान्तरायज्ञानावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामोदयापेक्षेणात्मनोदस्यमान-

---

अनन्तगुणे पुद्गलद्रव्य हैं । यहाँ सोलह १६ का अंक अनन्तानन्त संख्याका सूचक है और 'ख' अनन्तका सूचक है । अतः जबकि जीवराशिका प्रमाण १६ है तब पुद्गल राशिका प्रमाण १६ ख है ॥ २०७ ॥ अब दो गाथाओंसे पुद्गलका जीवके प्रति उपकार बतलाते हैं । **अर्थ**–पुद्गल द्रव्य जीवका बहुत तरहसे उपकार करता है–शरीर बनाता है, इन्द्रियां बनाता है, वचन बनाता है और श्वासोच्छ्वास बनाता है ॥ **भावार्थ**–पुद्गलद्रव्य जीवका अनेक प्रकारसे उपकार करता है । उसे सुख देता है, दुःख देता है, जिलाता है, मारता है, औदारिक आदि शरीरोंको रचता है, स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियोंको बनाता है, तत वितत घन और सौषिररूप शब्दोंको, अथवा सात स्वररूप शब्दोंको अथवा बावन अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक वाणीको रचता है । और श्वास निश्वास या प्राण अपान वायुको रचता है इस तरह पुद्गल अनेक उपकार करता है ॥ २०८ ॥ **अर्थ**–जब तक जीव संसारमें रहता है तब तक पुद्गल द्रव्य इस प्रकारके और भी अनेक उपकार करता है । मोह परिणामको करता है तथा अज्ञानमय परिणामको भी करता है ॥ **भावार्थ**–पुद्गल द्रव्य जीवके अन्य भी अनेक उपकार करता है; क्योंकि तत्त्वार्थ सूत्रमें पुद्गलका उपकार बतलाते हुए लिखा है–'शरीरवाङ्मनःप्राणापानाः पुद्गलानाम्' । 'सुख–दुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च ।' जिसका आशय यह है कि पुद्गल द्रव्य नियमसे

---

१ म ग बहुप्पयार । २ म णीसासं । ३ ब जाम । ४ स ग ससारे । ५ ब मोहं नाण (?), म अण्णाण-, स मोहं, ग मोहं अण्णाणमियं पिय, [मोहण्णाण-मयं]।

कोष्ठ्यवायुरुच्छ्वासलक्षणः स प्राणः, तेनैव वायुनात्मनो बाह्यवायुरभ्यन्तरीक्रियमाणो निःश्वासलक्षणोऽपानः, तौ चात्मनोऽनुग्राहिणौ जीवितहेतुत्वात्। ते च मनःप्राणापानाः मूर्तिमन्तः मनसः प्रतिभयहेत्वशनिपातादिभिः, प्राणापानयोश्च शादिपूतगन्धप्रतिभयेन हस्ततलपुटादिभिर्मुखसंवरणेन श्लेष्मणा वा प्रतिघातदर्शनात्। अमूर्तस्य मूर्तिमद्भिः तदसंभवाच्च। तथा सदसद्वेद्योदयान्तरङ्गहेतौ सति बाह्यद्रव्यादिपरिपाकनिमित्तवशेनोत्पद्यमानप्रीतिपरितापरूपपरिणामौ सुखदुःखे। आयुरुदयेन भवस्थितिं बिभ्रतो जीवस्य प्राणापानक्रियाविशेषव्युच्छेदो मरणम्। तानि सुखदुःखप्राणापानजीवितमरणान्यपि पौद्गलिकानि मूर्तिमद्धेतुसंनिधाने सति तदुत्पत्तिसंभवात्। न केवलं शरीरादीनामेव निर्वृत्तकारणभूताः पुद्गलानामपि, कांस्यादीनां भस्मादिभिर्जलादीनां कतकादिभिर्लोहादीनां ज्वलनादिभिश्चोपकारदर्शनात्। एवमौदारिकवैक्रियिकाहारकनामकर्मोदयादाहारवर्गणया त्रीणि शरीराण्युच्छ्वासनिःश्वासौ च, तैजसनामकर्मोदयात् तेजोवर्गणया तैजसशरीरम्, कार्मणनामकर्मोदयात् कार्मणवर्गणया कार्मणशरीरम्, स्वरनामकर्मोदयाद्भाषावर्गणया वचनम्, मनोइन्द्रियावरणक्षयोपशमोपेतसंज्ञिनोऽङ्गोपाङ्गनामकर्मोदयात् मनोवर्गणया द्रव्यमनश्च भवतीत्यर्थः। उक्तं च। "आहारवग्गणादो तिण्णि सरीराणि होंति उस्सासो। णिस्सासो वि य तेजोवग्गणखंधादु तेजंगं॥" औदारिकवैक्रियिकाहारकनामानि त्रीणि

शरीर, कर्म, नोकर्म, वचन, मन उच्छ्वास निश्वास वगैरहमें कारण होता है। शङ्का—कर्म पौद्गलिक नहीं हैं; क्योंकि वे निराकार होते हैं। जो आकारवाले औदारिक आदि शरीर हैं उन्हींको पौद्गलिक मानना उचित है? समाधान—ऐसा कहना उचित नहीं है, कर्म भी पौद्गलिक ही है; क्योंकि उसका विपाक लाठी, काण्टा वगैरह मूर्तिमान द्रव्यके सम्बन्धसे ही होता है। जैसे धान वगैरह जल, वायु, धूप आदि मूर्तिक पदार्थोंके सम्बन्धसे पकते हैं अतः वे मूर्तिक हैं वैसे ही पैरमें काण्टा लग जानेसे असाता वेदनीय कर्मका विपाक होता है और गुड़ वगैरह मिष्टान्नका भोजन मिलनेपर साता वेदनीय कर्मका विपाक होता है। अतः कर्म भी पौद्गलिक ही है। वचन दो प्रकारका होता है—भाव वचन और द्रव्यवचन। भाववचन अर्थात् बोलनेकी सामर्थ्य मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमसे तथा अंगोपांग नामकर्मके लाभके निमित्तसे होती है अतः वह पौद्गलिक है; क्योंकि यदि उक्त कर्मोंका क्षयोपशम और अंगोपांग नाम कर्मका उदय न हो तो भाववचन नहीं हो सकता। और भाववाक् रूप शक्तिसे युक्त क्रियावान् आत्माके द्वारा प्रेरित पुद्गलही वचनरूप परिणमन करते हैं अर्थात् बोलनेकी शक्तिसे युक्त आत्मा जब बोलनेका प्रयत्न करता है तो उसके तालु आदिके संयोगसे पुद्गलस्कन्ध वचनरूप हो जाते हैं उसीको द्रव्यवाक् कहते हैं। अतः द्रव्यवाक् भी पौद्गलिक ही है क्योंकि वह श्रोत्र इन्द्रियका विषय है। मन भी दो प्रकारका होता है—द्रव्यमन और भावमन। भावमनका लक्षण लब्धि और उपयोग है। ज्ञानावरणके क्षयोपशम विशेषका नाम लब्धि है और उसके निमित्तसे जो आत्माका जानने रूप भाव होता है वह उपयोग है। अतः भावमन लब्धि और उपयोगरूप है। वह पुद्गलका अवलम्बन पाकर ही होता है अतः पौद्गलिक है। ज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशम तथा अंगोपांग नाम कर्मके उदयसे जो पुद्गल मन रूप होकर गुण दोषका विचार तथा स्मरण आदि व्यापारके अभिमुख हुए आत्माका उपकार करते हैं उन्हे द्रव्यमन कहते हैं। अतः द्रव्य मन पौद्गलिक है। वीर्यान्तराय और ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्मके उदयके निमित्तसे जीव जो अन्दरकी वायु बाहर निकालता है उसे उच्छ्वास अथवा प्राण कहते हैं। और वही जीव जो बाहरकी वायु अन्दर लेजाता है उसे निश्वास अथवा अपान कहते हैं। ये दोनों उच्छ्वास और निश्वास आत्माके उपकारी हैं; क्योंकि उसके

शरीराणि उच्छ्वासनिःश्वासौ आहारवर्गणाया भवन्ति । तेजोवर्गणास्कन्धैस्तेजःशरीरं भवति । "भासमणवग्गणादो कमेण भासामणं च कम्मादो । अट्ठविहकम्मदव्वं होदि त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥" भाषावर्गणास्कन्धैश्चतुर्विधभाषा भवन्ति । मनोवर्गणास्कन्धैर्द्रव्यमनः । कार्माणवर्गणास्कन्धैरष्टविधं कर्मेति जिनैर्निर्दिष्टम् इति । जाव संसारं यावत्कालं संसारं मर्यादीकृत्य जीवानां पुद्गला उपकारं कुर्वन्ति । संसारमुक्तानां न । अपि पुनः, जीवस्य मोहं ममत्वलक्षणं परिणामं परिणतिं पुद्गलः शरीरसुवर्णरूप्यगृहवस्त्राभरणादिरूपः करोति । च पुनः, अज्ञानमयं अज्ञाननिर्वृत्तं मूढं बहिरात्मानं करोति ॥ २०९ ॥ जीवजीवानामुपकारं प्रकटीकरोति-

जीवा वि दु जीवाणं उवयारं कुणदि सव्व-पच्चक्खं ।
तत्थ वि पहाण-हेऊ पुण्णं पावं च णियमेणं[1] ॥ २१० ॥

जीवित रहने में कारण होते हैं । तथा ये मन, प्राण और अपान मूर्तिक हैं; क्योंकि भयको उत्पन्न करने वाले वज्रपात आदिके होनेसे मनका प्रतिघात होता है । और भयंकर दुर्गन्धके भयसे जब हम हथेलीसे अपना मुँह और नाक बन्द करलेते हैं अथवा जुखाम होजाना है तो प्राण अपान रुक जाते हैं यानी हम श्वास नहींले सकते । अतः ये मूर्तिक हैं; क्योंकि मूर्तिमानके द्वारा अमूर्तिकका प्रतिघात होना असंभव हैं तथा अन्तरंग कारण सातावेदनीय और असातावेदनीय कर्मका उदय होनेपर और बाह्य कारण द्रव्य क्षेत्र काल भाव आदिके परिपाकके निमित्तसे जो प्रीतिरूप और संतापरूप परिणाम होते हैं उन्हें सुख और दुःख कहते हैं । आयुकर्मके उदयसे किसी एक भवमें स्थित जीवकी श्वासोच्छ्वास क्रियाका जारी रहना जीवन है और उसका नष्ट होजाना मरण है । ये सुख दुःख जीवन और मरण भी पौद्गलिक हैं; क्योंकि मूर्तिमान्‌के होनेपर ही होते हैं । ये पुद्गल केवल शरीर वगैरहकी उत्पत्तिमें कारण होकर जीवका ही उपकार नहीं करते, किन्तु पुद्गल पुद्गलका भी उपकार करते हैं-जैसे राखसे कांसेके बर्तन साफ होजाते हैं, निर्मली डालनेसे गदला पानी साफ हो जाता है और आगमें गर्म करनेसे लोहा शुद्ध हो जाता है । इसी तरह औदारिक नामकर्म, वैक्रियिक नामकर्म और आहारक नामकर्मके उदयसे आहार वर्गणाके द्वारा तीनों शरीर और श्वासोच्छ्वास बनते है । तैजस नामकर्मके उदयसे तेजोवर्गणाके द्वारा तैजस शरीर बनता है, कार्मण नामकर्मके उदयसे कार्मण वर्गणाके द्वारा कार्मणशरीर बनता है । स्वरनाम कर्मके उदयसे भाषावर्गणाके द्वारा वचन बनता है । और मन इन्द्रियावरण कर्मके क्षयोपशमसे युक्त संज्ञीजीवके अंगोपांग नामकर्मके उदयसे मनोवर्गणाके द्वारा द्रव्यमन बनता है । गोम्मटसारमें भी कहा है-"आहार वर्गणासे औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीर तथा श्वास उच्छ्वास बनते हैं । तेजोवर्गणासे तैजसशरीर बनता है । भाषा वर्गणासे भाषा बनती है, मनोवर्गणासे द्रव्यमन बनता है और कार्मण वर्गणासे आठों द्रव्यकर्म बनते है ऐसा जिन भगवानने कहा है ।" इस तरह जब तक जीव संसारमें रहते हैं तब तक पुद्गल जीवोंका उपकार करते रहते हैं । किन्तु जब जीव संसारसे मुक्त होजाते हैं तब पुद्गल उनका कुछ भी उपकार नहीं करते । तथा जीवमें जो ममत्वरूप परिणाम होता है वह भी शरीर, सोना, चांदी, मकान, वस्त्र, अलंकार आदि पुद्गलोंके निमित्तसे ही होता है । पुद्गल ही अज्ञानमयी भावोंसे बहिरात्माको मूढ बनाता है ॥ २०९ ॥ जीवका जीवके प्रति उपकार बतलाते हैं । अर्थ-जीव भी जीवोंका उपकार

१ ब क ग हेउ, स हेऊ, म हेउं । २ ग नियमेण ।

[छाया-जीवाः अपि तु जीवानाम् उपकारं कुर्वन्ति सर्वप्रत्यक्षम् । तत्र अपि प्रधानहेतुः पुण्यं पापं च नियमेन॥] अपि तु जीवा जन्तवः जीवानां जन्तूनाम् उपकारं कुर्वन्ति । सर्वेषां प्रत्यक्षं यथा भवति तथा जीवाः जीवानामुपग्रहं कुर्वन्ति । तथा च सूत्रे 'परस्परोपग्रहो जीवानाम्' अन्योन्यम् उपकारेण जीवानां जीवा वर्तन्ते । यथा स्वामी भृत्यं वित्तत्यागादिना उपकारं करोति, भृत्यस्तं स्वामिनं हितप्रतिपादनाहितप्रतिषेधादिना, आचार्यः शिष्यस्योभयलोकफलप्रदोपदेशक्रियानुष्ठानाभ्याम्, शिष्यस्तमानुकूल्यवृत्त्युपकाराधिकारैः पादमर्दनादिना च । एवं पितृपुत्रयोः स्त्रीभर्त्रोः मित्रमित्रयोः परस्परमुपकारसद्भावः । अपिशब्दात् अनुपकारानुभयाभ्यां वर्तन्ते । तत्थ वि तत्रापि परस्परमुपकारकरणे नियमेनावश्यं पुण्यं शुभं कर्म पापम् अशुभं कर्म प्रधानहेतु मुख्यकारणम् ॥ २१० ॥ अथ पुद्गलस्यास्य महतीं शक्तिं निरूपयति-

का वि अउव्वा दीसदि पुग्गल-दव्वस्स एरिसी[1] सत्ती ।
केवल-णाण-सहावो[2] विणासिदो[3] जाइ जीवस्स ॥ २११ ॥[4]

[छाया-का अपि अपूर्वा दृश्यते पुद्गलद्रव्यस्य ईदृशी शक्तिः । केवलज्ञानस्वभावः विनाशितः यया जीवस्य ॥] पुद्गलद्रव्यस्य सुवर्णरत्नमाणिक्यरूप्यधनधान्यगृहहट्टादिशरीरकलत्रपुत्रमित्रादिचेतनाचेतनमिश्रपदार्थस्य शक्तिः कापि काचिदलक्ष्या अद्वितीया अपूर्वा । पुद्गलद्रव्यं विहाय नान्यत्र लभ्यते । अपूर्वा शक्तिः समर्थता ईदृशी दृश्यते । कस्य ।

करते हैं यह सबके प्रत्यक्ष ही है । किन्तु उसमेंमी नियमसे पुण्य और पापकर्म कारण हैं ॥ **भावार्थ**-यह सब कोई जानते हैं कि जीव मी जीवका उपकार करते हैं । तत्त्वार्थ सूत्रमें मी कहा है-'परस्परोपग्रहो जीवानाम् ।' अर्थात् जीव मी परस्परमें एक दूसरेका उपकार करते हैं । जैसे स्वामी धन वगैरह देकर सेवकका उपकार करता है । और सेवक हितकी बात कहकर तथा अहितसे रोककर स्वामीका उपकार करता है । गुरु इस लोक और परलोकमें फल देनेवाला उपदेश देकर तथा उसके अनुसार आचरण कराकर शिष्यका उपकार करते है । और शिष्य गुरुकी आज्ञा पालन करके तथा उनकी सेवा शुश्रूषा करके गुरुका उपकार करते हैं । इसी तरह पिता पुत्र, पति पत्नि, और मित्र मित्र परस्परमें उपकार करते हैं । 'अपि' शब्दसे जीव जीवका अनुपकार मी करते हैं, और न उपकार करते हैं और न अनुपकार करते है । इस उपकार वगैरह करनेमें मी मुख्य कारण शुभ और अशुभ कर्म हैं । अर्थात् यदि जीवके शुभ कर्मका उदय होता है तो दूसरे जीव उसका उपकार करते हैं या वह स्वयं दूसरे जीवोंका उपकार करता है और यदि पाप कर्मका उदय होता है तो दूसरे जीव उसका उपकार नहीं करते है अथवा वह दूसरोका उपकार नहीं करता है ॥ २१० ॥ आगे इस पुद्गलकी महती शक्तिको बतलाते हैं । **अर्थ**-पुद्गल द्रव्यकी कोई ऐसी अपूर्व शक्ति है जिससे जीवका जो केवलज्ञान स्वभाव है, वह मी विनष्ट हो जाता है ॥ **भावार्थ**-सोना, चांदी, मणि, मुक्ता, धन, धान्य, हाट, हवेली, शरीर, स्त्री, पुत्र, मित्र आदि अचेतन, चेतन और चेतन अचेतन रूप पदार्थमि कोई ऐसी अपूर्व अदृश्य शक्ति है जिस पौद्गलिक शक्तिके द्वारा जीवका केवलज्ञान रूप स्वभाव विनष्ट हो जाता है । आशय यह है कि जीवका स्वभाव अनन्तज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सुख और अनन्त वीर्य है । किन्तु अनादिकालसे यह जीव जन्म-मरणके चक्रमें पड़ा हुआ है । इसे जो वस्तु अच्छी लगती है उससे यह राग करता है और जो वस्तु इसे बुरी लगती है उससे द्वेष करता है । इन रागरूप और द्वेषरूप परिणामोंसे नये

१ ब स एरसी । २ म स सहाओ, ग सहाउ । ३ ग विणासदो । ४ ब पुद्गलनिरूपणं ॥ धम्म इत्यादि ।

पुद्गलद्रव्यस्य । ईदृशी कीदृशी शक्तिः । यया पुद्गलद्रव्यस्य शक्त्या जीवस्यात्मनः केवलज्ञानस्वभावो विनाशितो याति जायते वा । जीवस्य स्वरूपम् अनन्तचतुष्टयं विनाशयतीत्यर्थः । मोहाज्ञानोत्पादस्वभावात् पुद्गलानाम् । उक्तं च । "कम्मइं दिढघणचिक्कणइं गरुयइं मेरुसमाणि । णाणवियक्खण जीवडउ उप्पहि पाडहिं ताइं ॥" इति पुद्गलद्रव्यनिरूपणाधिकारः ॥ २११ ॥ अथ धर्माधर्मयोः कृतमुपकारं निरूपयति–

धम्ममधम्मं दव्वं गमण-ट्ठाणाण कारणं कमसो ।
जीवाण पुग्गलाणं बिण्णि वि लोगं-प्पमाणाणि ॥ २१२ ॥

[छाया–धर्मम् अधर्मं द्रव्यं गमनस्थानयोः कारणं क्रमशः । जीवानां पुद्गलानां द्वे अपि लोकप्रमाणे ॥] जीवानां पुद्गलानां च गमनस्थानयोर्धर्मद्रव्यमधर्मद्रव्यं च क्रमेण कारणं भवति । गतिपरिणतानां जीवपुद्गलानां धर्मद्रव्यं गमनसहकारिकारणं भवति । दृष्टान्तमाह । यथा मत्स्यानां जलं गमनसहकारिकारणं तथा धर्मास्तिकायः । स्वयं तान् जीवपुद्गलान् तिष्ठतः नैव नयति । तथाहि, यथा सिद्धो भगवान् अमूर्तो निःक्रियस्तथैवाप्रेरकोऽपि सिद्धवदनन्तज्ञानादिगुणस्वरूपोऽहमित्यादिव्यवहारेण सविकल्पसिद्धभक्तियुक्तानां निश्चयेन निर्विकल्पसमाधिरूपस्वकीयोपादान-

---

कर्मोंका बन्ध होता हैं। ये कर्म पौद्गलिक होते हैं। इन कर्मोंका निमित्त पाकर जीवको नया जन्म लेना पड़ता है। नया जन्म लेनेसे नया शरीर मिलता है। शरीरमें इन्द्रियां होती हैं। इन्द्रियोंके द्वारा विषयोंको ग्रहण करता है। विषयोंको ग्रहण करनेसे इष्ट विषयोंसे राग और अनिष्ट विषयोंसे द्वेष होता है। इस तरह राग–द्वेषसे कर्मबन्ध और कर्मबन्धसे राग–द्वेषकी परम्परा चलती है। इसके कारण जीवके स्वाभाविक गुण विकृत होजाते हैं, इतना ही नहीं, किन्तु ज्ञानादिक गुण कर्मोंसे आवृत्त हो जाते हैं। कर्मोंसे ज्ञानादिक गुणोंके आवृत्त होजानेके कारण एक साथ समस्त द्रव्य पर्यायोंको जाननेकी शक्ति रखनेवाला जीव अल्पज्ञानी होजाता है। एक समयमें वह एक द्रव्यकी एक ही स्थूल पर्यायको मामूली तौरसे जान पाता है। इसीसे ग्रन्थकारका कहना है कि उस पुद्गलकी शक्ति तो देखो जो जीवकी शक्तिको भी कुण्ठित कर देता है। पौद्गलिक कर्मोंकी शक्ति बतलाते हुए परमात्मप्रकाशमें भी कहा है–'कर्म बहुत बलवान हैं, उनको नष्ट करना बड़ा कठिन है, वे मेरुके समान अचल होते हैं और ज्ञानादि गुणसे युक्त जीवको खोटे मार्गमें डाल देते हैं' ॥ २११ ॥ आगे धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्यके उपकारको बतलाते हैं। **अर्थ**–धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य जीव और पुद्गलोंके क्रमसे गमनमें तथा स्थितिमें कारण होते हैं। तथा दोनों ही लोकाकाशके बराबर परिमाणवाले हैं॥ **भावार्थ**–जैसे मछलियोंके गमनमें जल सहकारी कारण होता है वैसे ही गमन करते हुए जीवों और पुद्गलोंके गमनमें धर्मद्रव्य सहकारी कारण होता है। किन्तु वह ठहरे हुए जीव–पुद्गलोंको जबरदस्ती नहीं चलाता है। इसका खुलासा यह है कि जैसे सिद्ध परमेष्ठी अमूर्त, निष्क्रिय और अप्रेरक होते हैं, फिर भी 'सिद्धकी तरह मैं अनन्त ज्ञानादि गुणस्वरूप हूं' इत्यादि व्यवहार रूपसे जो सिद्धोंकी सविकल्प भक्ति करते हैं, अथवा निश्चयसे निर्विकल्प समाधिरूप जो अपनी उपादान शक्ति है, उस रूप जो परिणमन करते हैं उनकी सिद्ध पद प्राप्तिमें वह सहकारी कारण होते हैं, वैसे ही अपनी उपादान शक्तिसे गमन करते हुए जीव और पुद्गलोंकी गतिका सहकारी कारण धर्मद्रव्य है। अर्थात् गमन करनेकी शक्ति तो जीव और पुद्गल द्रव्यमें स्वभावसे ही है। धर्मद्रव्य उनमें वह शक्ति पैदा

---

१ ब लोय।

कारणपरिणतानां भव्यानां सिद्धगतेः सहकारिकारणं भवति, तथा निःक्रियोऽमूर्तोऽप्रेरकोऽपि धर्मास्तिकायः स्वकीयोपादानकारणेन गच्छतां जीवपुद्गलानां गतेः सहकारिकारणं भवति । लोकप्रसिद्धदृष्टान्तेन तु मत्स्यादीनां जलादिवदित्यभिप्रायः । अपि पुनः, स्थितिवतां जीवानां पुद्गलानां च स्थितेः अधर्मद्रव्यं सहकारिकारणं भवति । दृष्टान्तः । छाया पथिकानाम् । स्वयं गच्छतः जीवपुद्गलान् सो अधर्मास्तिकायः नैव धरति । तद्यथा । स्वसंवित्तिसमुत्पन्नसुखामृतरूपं परमस्वास्थ्यं यद्यपि निश्चयेन स्वरूपे स्थितिकारणं भवति । तथा "सिद्धो हं सुद्धो हं अणंतणाणादिगुणसमिद्धो हं । देहपमाणो णिच्चो असंखदेसो अमुत्तो य ॥" इति गाथाकथितसिद्धभक्तिरूपेणेह पूर्वसविकल्पावस्थायां सिद्धोऽपि यथा भव्यानां बहिरङ्गसहकारिकारणं भवति, तथैव स्वकीयोपादानकारणेन स्वयमेव तिष्ठतां जीवपुद्गलानाम् अधर्मद्रव्यं स्थितेः सहकारिकारणम् । लोकव्यवहारेण तु छायावद्वा पृथिवीवद्वेति सूत्रार्थः । बिण्णि वि हे अपि धर्माधर्मे द्रव्ये लोकप्रमाणे लोकाकाशप्रदेशप्रमाणे स्तः । धर्मद्रव्यमसंख्येयप्रदेशप्रमितम् । अधर्मद्रव्यम् असंख्यातप्रदेशप्रमाणं च भवति ॥ २१२ ॥ अथाकाशस्वरूपं निरूपयति-

सयलाणं दव्वाणं जं दादुं सक्कदे हि अवगासं ।
तं आयासं दुविहं[1] लोयालोयाण भेएणं[2] ॥ २१३ ॥

[छाया-सकलानां द्रव्याणां यत् दातुं शक्नोति हि अवकाशम् । तत् आकाशं द्विविधं लोकालोकयोः भेदेन ॥] तत्प्रसिद्धं लोकाकाशं जानीहि । हि इति स्फुटम् । यत् लोकाकाशं सकलानां समस्तानां द्रव्याणां जीवपुद्गलधर्मादिद्रव्याणां षण्णाम् अवकाशम् अवकाशदानम् अवगाहनं दातुं शक्नोति । यथा वसतिः वसतः स्थितिदानं ददाति । तदपि आकाशं द्विविधं द्विप्रकारं लोकालोकयोर्भेदेन । धर्माधर्मकालाः पुद्गलजीवाश्च सन्ति यावत्याकाशे स लोकाकाशः, लोक्यन्ते दृश्यन्ते जीवादिपदार्था यत्र स लोक अवकाशते इति आकाश लोकाकाश इत्यर्थः ॥ ननु सर्वेषां द्रव्याणाम् अवगाहनशक्तिरस्ति

नहीं कर देता । अतः गमनके उपादान कारण तो वे दोनों स्वयं ही हैं, किन्तु सहकारी कारण मात्र धर्मद्रव्य है । अर्थात् जब वे स्वयं चलनेको होते हैं तो वह उनके चलनेमें निमित्त होजाता है । इसी तरह गमन करते हुए जीव और पुद्गल जब स्वयं ठहरनेको होते हैं तो उनके ठहरनेमें सहकारी कारण अधर्मद्रव्य है । जैसे पथिकोंके ठहरनेमें वृक्षकी छाया सहकारी कारण होती है । किन्तु जैसे वृक्षकी छायाको देखकर भी यदि कोई पथिक ठहरना न चाहे तो छाया उसे बलपूर्वक नहीं ठहराती, वैसे ही अधर्म द्रव्य चलते हुए जीवों और पुद्गलोंको बलपूर्वक नहीं ठहराता है । आशय यह है कि जैसे निश्चयनयसे स्वसंवेदनसे उत्पन्न सुखामृतरूपी परमस्वास्थ्य ही जीवकी स्वरूपमें स्थितिका उपादान कारण होता है । किन्तु 'मैं सिद्ध हूँ, शुद्ध हूँ, अनन्तज्ञान आदि गुणोंसे समृद्ध हूँ, शरीरके बराबर हूँ, नित्य हूँ, असंख्यात प्रदेशी हूँ, अमूर्तिक हूँ' इस सविकल्प अवस्थामें स्थित भव्यजीवोंकी स्वरूपस्थितिमें सिद्ध परमेष्ठी भी सहकारी कारण हैं, वैसे ही अपनी अपनी उपादान शक्तिसे स्वयं ही ठहरे हुए जीवों और पुद्गलोंके ठहरनेमें अधर्मद्रव्य सहकारी कारण होता है । धर्म और अधर्म नामके दोनोंही द्रव्य लोकाकाशके बराबर हैं । अर्थात् जैसे लोकाकाश असंख्यात प्रदेशी होता है वैसे ही धर्मद्रव्य भी असंख्यात प्रदेशी है और अधर्मद्रव्य भी असंख्यात प्रदेशी है ॥ २१२ ॥ आगे आकाश द्रव्यका स्वरूप बतलाते हैं । **अर्थ**-जो समस्त द्रव्योंको अवकाश देनेमें समर्थ है वह आकाश द्रव्य है । वह आकाश लोक और अलोकके भेदसे दो प्रकारका है ॥ **भावार्थ**-जैसे मकान उसमें रहनेवाले प्राणियोंको स्थान देता है वैसे ही जीव पुद्गल आदि सभी द्रव्योंको जो स्थान देनेमें समर्थ है उसे

---

१ ल म दुविहा । २ ब भेयहिं, ग भेदेण ।

नास्ति वा । नास्ति चेत्, किं केनावकाशः क्रियते यथा पाषाणाद्रिघातात् पाषाणादिपिण्डस्य प्रवेशो न । षण्णां द्रव्याणाम् आकाशस्यावगाहनाशक्तिरस्ति चेत्, तर्हि तदुत्पत्तिर्दर्शनीया । तथा अन्येन तटस्थेन पुंसा पृच्छयते । भो, भगवन् केवलज्ञानस्यानन्तभागप्रमिताकाशद्रव्यम्, तथाप्यनन्तभागे सर्वमध्यमप्रदेशो लोकस्तिष्ठति सोऽसंख्यातप्रदेशः, तत्रासंख्यातप्रदेशलोकेऽनन्तानन्तजीवा· १६, तेभ्योऽप्यनन्तगुणाः पुद्गलाः १६ ख, लोकाकाशप्रमितासंख्येयकालाणुद्रव्याणि, प्रत्येकं लोकाकाशप्रमाणं धर्माधर्मद्वयम् इत्युक्तलक्षणाः पदार्थाः कथमवकाशं लभन्ते इति ॥ २१३ ॥ भगवान् स्वामी गाथाद्वयेन प्रत्युत्तरमाह-

सव्वाणं दव्वाणं अवगाहण-सत्ति[1] अत्थि परमत्थं ।
जह भसम-पाणियाणं जीव-पएसाण[2] बहुयाणं ॥ २१४ ॥

[छाया-सर्वेषां द्रव्याणाम् अवगाहनशक्तिः अस्ति परमार्थतः । यथा भस्मपानीययोः जीवप्रदेशानां जानीहि बहुकानाम् ॥] परमार्थतः निश्चयत· सर्वेषां द्रव्याणां जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालानां पूर्वोक्तप्रमितसंख्योपेतानाम् अवगाहनशक्तिरस्ति, अवकाशदानसमर्थता विद्यते । यथा भस्मपानीययोः यथा भस्ममध्ये पानीयस्यावगाहोऽस्ति तथा बहुकानां जीवप्रदेशानाम् आकाशे अवकाशकं जानीहि । तथाहि, यथा घटाकाशस्य मध्ये घटभृत् भस्म माति तावन्मात्रजलं माति तावन्मात्रा शर्करा माति तावन्मात्रा सूचिर्माति, तथा सर्वद्रव्याणि लोकाकाशे परस्परम् अवकाशन्ते संमान्ति । तथा, एकप्रदीपप्रकाशे नानाप्रदीपप्रकाशवत्, एकगूढरसनागगद्याणके बहुसुवर्णवत्, पारदगुटिकायां दग्धवत्, इत्यादिदृष्टान्तेन विशिष्टावगाहनशक्तिवशादसंख्यातप्रदेशेऽपि लोके सर्वद्रव्याणामवस्थानमवगाहो न विरुध्यते इति ॥ २१४ ॥

आकाश द्रव्य कहते हैं । लोक और अलोकके भेदसे एक ही आकाश द्रव्यके दो भाग होगये हैं । जितने आकाशमें धर्म, अधर्म, जीव, पुद्गल और काल द्रव्य पाये जाते हैं उसे लोकाकाश कहते हैं । क्योंकि जहाँ जीवादि द्रव्य पाये जावें वह लोक है ऐसी लोक शब्दकी व्युत्पत्ति है । और जहाँ जीवादि द्रव्य न पाये जायें, केवल आकाश द्रव्य ही पाया जाये उसे अलोकाकाश कहते हैं ॥ २१३ ॥ यहाँ शङ्काकार शङ्का करता है कि सब द्रव्योंमें अवगाहन शक्ति है या नहीं ? यदि नहीं है तो कौन किसको अवकाश देता है ? और यदि है तो उसकी उत्पत्ति बतलानी चाहिये । दूसरी शङ्का यह है कि आकाश द्रव्यको केवलज्ञानके अविभागी प्रतिच्छेदोंके अनन्तवें भाग बतलाया है । और उसके भी अनन्तवें भाग लोकाकाश है । वह असंख्यात प्रदेशी है । उस असंख्यात प्रदेशी लोकमें अनन्तानन्त जीव, जीवोंसे भी अनन्तगुने पुद्गल, लोकाकाशके प्रदेशोंके बराबर असंख्यात कालाणु, लोकाकाशके ही बराबर धर्म द्रव्य और अधर्म द्रव्य कैसे रहते हैं ? ग्रन्थकार स्वामी कार्त्तिकेय दो गाथाओंके द्वारा इन शङ्काओंका समाधान करते हैं । **अर्थ**—वास्तवमें सभी द्रव्योंमें परस्पर अवकाश देनेकी शक्ति है । जैसे भस्ममें और जलमें अवगाहन शक्ति है वैसे ही जीवके असंख्यात प्रदेशोंमें जानो ॥ **भावार्थ**—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, सभी द्रव्योंमें निश्चयसे अवगाहन शक्ति है । जैसे पानीसे भरे हुए घड़ेमें राख समा जाती है वैसे ही लोकाकाशमें सब द्रव्य परस्परमें एक दूसरेको अवकाश देते हैं । तथा· जैसे एक दीपकके प्रकाशमें अनेक प्रदीपोंका प्रकाश समा जाता है, या एक प्रकारके रसमें बहुतसा सोना समाया रहता है अथवा पारदगुटिकामें दग्ध होकर अनेक वस्तुएँ समाविष्ट रहती हैं, वैसे ही विशिष्ट अवगाहन शक्तिके होनेसे असंख्यात प्रदेशी भी लोकमें सब द्रव्योंके रहनेमें कोई

---

१ ब सत्ती, स अवगाहणदाणसत्ति परमत्थं, ग सत्ति परमत्थं । २ म स पएसाण जाण बहुआणं, ग पएसाण जाण बहुआणं ।

जदि ण हवदि सा सत्ती सहाव-भूदा हि सव्व-दव्वाणं ।
[1]एक्केक्कास-पएसे कहं ता सव्वाणि वट्टंति ॥ २१५ ॥

[छाया—यदि न भवति सा शक्तिः स्वभावभूता हि सर्वद्रव्याणाम् । एकस्मिन् आकाशप्रदेशे कथं तत् सर्वाणि वर्तन्ते ॥] यदि नन्वहो सर्वद्रव्याणां, हीति स्फुटं निश्चयतो वा, सा अवगाहनशक्तिः अवकाशदानसमर्थता स्वभावभूता स्वाभाविकी चेत् तो तर्हि सर्वाणि द्रव्याणि एकस्मिन् एकस्मिन् आकाशप्रदेशे कथं वर्तन्ते सन्ति । पुनरपि यथा जलपूर्णे घटे लवणं माति, अन्यच्च लोहसूच्यादिकं माति, तथा एकस्मिन्नाकाशप्रदेशे सर्वद्रव्यकदम्बं माति । स च कियान्मात्रः प्रदेशः इत्युक्ते, आगमे प्रोक्तं च । "जेत्ती वि खेत्तमित्तं अणुणा रुद्धं खु गयणदव्वं च । तं च पदेसं भणियं अवरावरकारणं जस्स ॥" यस्य परमाणोः परापरकारणं गगनद्रव्यं यावत् क्षेत्रमात्रं परमाणुना व्याप्तं स्फुटं स प्रदेशो भणित इति ॥२१५॥ अथ कालद्रव्यं लक्षयति–

सव्वाणं दव्वाणं परिणामं जो करेदि सो कालो ।
एक्केक्कास-पएसे सो वट्टदि एक्कको[2] चेव ॥ २१६ ॥

[छाया—सर्वेषां द्रव्याणां परिणामं यः करोति स कालः । एकैकाकाशप्रदेशे स वर्तते एकैकः एव ॥] स जगत्प्रसिद्धः कालः निश्चयकालः कथ्यते । स कः । यः सर्वेषां द्रव्याणां जीवपुद्गलादीनां परिणामं पर्यायं नवजीर्णतादिलक्षणम् उत्पादव्ययध्रौव्यलक्षणं च । जीवानां स्वभावपर्यायं विभावपर्यायं क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिकं नरनारकतिर्यग्देवादिरूपं च, पुद्गलानां स्वभावपर्यायं रूपरसगन्धादिपर्यायं विभावपर्यायं द्व्यणुकत्र्यणुकादिस्कन्धपर्यन्तपर्यायं करोदि कारयति उत्पादयतीत्यर्थः । स च निश्चयकालः । एकैकाकाशप्रदेशे एकस्मिन् एकस्मिन्नाकाशप्रदेशे कालाणुः वर्तते एव रत्न-

---

विरोध नहीं आता ॥ २१४ ॥ अर्थ—यदि सब द्रव्योंमें स्वभावभूत अवगाहन शक्ति न होती तो एक आकाशके प्रदेशमें सब द्रव्य कैसे रहते ॥ भावार्थ—सब द्रव्योंमें अवगाहनशक्ति स्वभावसे ही पाई जाती है । यदि अवगाहनशक्ति न होती तो आकाशके प्रत्येक प्रदेशमें सब द्रव्य नहीं पाये जाते । किन्तु जैसे जलसे भरे हुए घड़ेमें नमक समा जाता है, सूईयां समा जाती हैं, वैसे ही आकाशके एक प्रदेशमें सब द्रव्य रहते हैं । आकाशके जितने भागको पुद्गलका एक परमाणु रोकता है उसे प्रदेश कहते हैं । उस प्रदेशमें धर्म,अधर्म, काल, आदि सभी द्रव्य पाये जाते हैं । इससे प्रतीत होता है कि सभी द्रव्योंमें स्वाभाविकी अवगाहन शक्ति है । शङ्का—यदि सभी द्रव्योंमें स्वाभाविक अवगाहन शक्ति है तो अवकाश देना आकाशका असाधारण गुण नहीं हुआ; क्यों कि असाधारण गुण उसे कहते हैं जो दूसरोंमें न पाया जाये ? समाधान—यह आपत्ति उचित नहीं है । सब पदार्थोंको अवकाश देना आकाशका असाधारण लक्षण है, क्योंकि अन्यद्रव्य सब पदार्थोंको अवकाश देनेमें असमर्थ हैं । शङ्का—अलोकाकाश तो किसी भी द्रव्यको अवकाश नहीं देता अतः इसमें अवकाशदानकी शक्ति नहीं माननी चाहिये । समाधान—अलोकाकाशमें आकाशके सिवाय अन्य कोई द्रव्य नहीं पाया जाता । किन्तु इससे वह अपने स्वभावको नहीं छोड़ देता ॥ २१५ ॥ अब काल द्रव्यका लक्षण कहते हैं । अर्थ—जो सब द्रव्योंके परिणामका कर्ता है वह कालद्रव्य है । वह कालद्रव्य एक एक आकाशके प्रदेशपर एक एक ही रहता है ॥ भावार्थ—जीव पुद्गल आदि सब द्रव्योंमें नयापन और पुरानापनरूप अथवा उत्पाद व्यय और ध्रौव्यरूप परिणाम यानी पर्याय प्रतिसमय हुआ करती है । वह पर्याय दो प्रकारकी

---

१ ब एकेक्कास, ग एकेक्कास । २ म मिदं । ३ म स ग एक्किको ।

राशिवत् भिन्नभिन्न एव। तथाहि, षड्द्रव्याणां वर्तनाकारणं वर्तयिता प्रवर्तनलक्षणमुख्यकालः। वर्तनागुणो द्रव्यनिचये एव। तथा सति कालाधारेणैव सर्वद्रव्याणि वर्तन्ते स्वस्वपर्यायैः परिणमन्ति। ननु कालस्यैव परिणामक्रियापरत्वापरत्वोपकारो जीवपुद्गलयोः दृश्यते। धर्माद्यमूर्तद्रव्येषु कथमिति चेदुक्तं च। "धम्माधम्मादीणं अगुरुलहुगं तु छहिं विवड्ढीहिं। हाणीहिं विवड्ढंतो हायंतो वट्टदे जम्हा ॥" यतः धर्माधर्मादीनामगुरुलघुगुणाविभागप्रतिच्छेदाः स्वद्रव्यत्वस्य निमित्तभूतशक्तिविशेषाः षड्वृद्धिभिर्वर्धमानाः षड्हानिभिश्च हीयमानाः परिणमन्ति। ततः कारणात् तत्रापि मुख्यकालस्यैव कारणत्वात् इति। तथा च। "लोगागासपदेसे एक्केक्के जे ठिया हु एक्केक्का। रयणाणं रासी इव ते कालाणू मुणेयव्वा ॥" एकैकलोकाकाशप्रदेशे ये एकैके भूत्वा रत्नानां राशिरिव भिन्नभिन्नव्यक्त्या तिष्ठन्ति ते कालाणवो मन्तव्या। धर्माधर्माकाशा एकैक एव अखण्डद्रव्यत्वात्। कालाणवो लोकप्रदेशमात्रा इति ॥ २१६ ॥ यथा कालाणूनां परिणमनशक्तिरस्ति तथा सर्वेषां द्रव्याणां स्वभावभूता परिणामशक्तिरस्तीत्यावेदयति-

णिय-णिय-परिणामाणं णिय-णिय-दव्वं पि कारणं होदि।
अण्णं बाहिर-दव्वं णिमित्त-मित्तं[1] वियाणेह[2] ॥ २१७ ॥

[छाया-निजनिजपरिणामानां निजनिजद्रव्यम् अपि कारणं भवति। अन्यत् बाह्यद्रव्यं निमित्तमात्रं विजानीत ॥] निजनिजपरिणामानां स्वकीयस्वकीयपर्यायाणां जीवानां क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिपर्यायाणां नरनारकादिपर्यायाणां च पुद्गलानाम् औदारिकादिशरीरादीनां द्व्यणुकत्र्यणुकादिस्कन्धपर्यन्तानां परिणामानां पर्यायाणां च। निजनिजद्रव्यमपि, न केवलं कालद्रव्यम् इत्यपिशब्दार्थः, कारणं हेतुर्भवति, उपादानकारणं स्यात्। उक्तं च। "ण य परिणमदि

होती है एक स्वभावपर्याय और एक विभावपर्याय। बिना पर निमित्तके जो स्वतः पर्याय होती है उसे स्वभावपर्याय कहते हैं। जैसे जीवकी स्वभावपर्याय अनन्तचतुष्टय वगैरह और पुद्गलकी स्वभावपर्याय रूप, रस गन्ध वगैरह। स्वभावपर्याय सभी द्रव्योंमें होती है। किन्तु विभाव पर्याय जीव और पुद्गल द्रव्यमें ही होती है क्योंकि निमित्त मिलनेपर इन दोनों द्रव्योंमें विभावरूप परिणमन होता है। क्रोध, मान, माया और लोभ वगैरह तथा नर, नारक, तिर्यञ्च, और देव वगैरह जीवकी विभावपर्याय हैं और द्व्यणुक त्र्यणुक आदि स्कन्धरूप पुद्गलकी विभावपर्याय है। इन पर्यायोंके होनेमें जो सहकारी कारण है वह निश्चयकाल है। आशय यह है कि सब द्रव्योंमें वर्तना नामक गुण पाया जाता है किन्तु काल द्रव्यका आधार पाकर ही सब द्रव्य अपनी अपनी पर्यायरूप परिणमन करते हैं। शंका-काल द्रव्यके परिणाम, क्रिया, परत्व, अपरत्व आदि उपकार जीव और पुद्गलमें ही देखे जाते हैं। धर्म आदि अमूर्त द्रव्योंमें ये उपकार कैसे होते हैं? समाधान-धर्म आदि अमूर्त द्रव्योंमें अगुरुलघु नामक जो गुण पाये जाते हैं इन गुणोके अविभागी प्रतिच्छेदोंमें छः प्रकारकी हानि और छः प्रकारकी वृद्धि होती रहती है। उसमें भी निश्चयकाल ही कारण है। अतः सब द्रव्योंमें होनेवाले परिणमनमें जो सहायक है वही निश्चयकाल है। वह निश्चयकाल अणुरूप है और उसकी संख्या असंख्यात है; क्योंकि लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशपर एक एक कालाणु रत्नोंकी राशिकी तरह अलग अलग स्थित है। सारांश यह है कि धर्म, अधर्म और आकाश द्रव्य तो एक एक ही है, किन्तु कालद्रव्य लोकाकाशके प्रदेशोंकी संख्याके बराबर असंख्यात है ॥ २१६ ॥ आगे कहते हैं कि सभी द्रव्योंमें स्वभावसे ही परिणमन करनेकी शक्ति है। **अर्थ**-अपने अपने परिणामोंका उपादान कारण अपना द्रव्य ही होता है। अन्य जो बाह्य द्रव्य है वह तो निमित्त मात्र है ॥ **भावार्थ**-कारण दो प्रकारका होता है एक उपादान

[1] म णिमित्त-मत्तं (?)। [2] ब वियाणेहि (?)।

सयं सो ण य परिणामेइ यण्णमण्णेहिं । विविहपरिणामियाणं हवदि हु कालो सयं हेदु ॥" स कालः संक्रमविधानेन स्वगुणैर्नान्यद्रव्ये परिणमति, न च परद्रव्यगुणान् स्वस्मिन् परिणामयति, नापि हेतुकर्तृत्वेनान्यद्रव्यमन्यगुणैः सह परिणामयति । किं तर्हि विविधपरिणामिकानां द्रव्याणां परिणमनस्य स्वयमुदासीननिमित्तं भवति । यथा कालद्रव्यं तथा सर्वद्रव्यमपि इति । अण्णं बाहिरदव्वं णिमित्तमित्तं वियाणेह, अन्यदपि बाह्यद्रव्यं बहिरङ्गद्रव्यं निमित्तमात्रं निमित्तहेतुकं जानीहि त्वम्, हे महानुभाव इति । यथा एकमृत्तिकाद्रव्यं घटघटीशरावोदञ्चनादीनां पर्यायाणामुपादानकारणं कुम्भकारचक्रचीवरदण्डदोरकजलादिबहिरङ्गनिमित्तकारणं च भवति । अथवा इन्धनाग्निसहकारिकारणोत्पन्नस्यौदन-पर्यायस्य तण्डुलोपादानं कारणं यथा । अथवा नरनारकादिजीवपर्यायस्य जीवोपादानकारणवत् । तथा द्रव्यमपि स्वस्व-पर्यायाणामुत्पादने उपादानकारणम्, अन्यद्रव्यक्षेत्रकालादिकं निमित्तकारणं च ज्ञातव्यम् । यथा च लोहधातवः सुवर्ण-शक्तियुक्ताः सन्तो रसोपविद्धाः सन्तः सुवर्णतां यान्ति । तथा सर्वाण्यपि द्रव्याणि स्वकीयपरिणामयुक्तान्यपि कालादि-सहकारिद्रव्यप्रेरितानि स्वस्वपर्यायान् जनयन्ति उत्पादयन्तीत्यर्थः ॥ २१७ ॥ अथ सर्वेषां द्रव्याणां परस्परमुपकारः, सोऽपि सहकारिभावेन कारणभावं लभते इत्यावेदयति-

सव्वाणं दव्वाणं जो उवयारो हवेइ अण्णोण्णं ।
सो च्चिय कारण-भावो हवदि हु सहयारि-भावेण ॥ २१८ ॥

[छाया-सर्वेषां द्रव्याणां यः उपकारः भवति अन्योन्यम् । स एव कारणभावः भवति खलु सहकारिभावेन ॥] सर्वेषां द्रव्याणां जीवपुद्गलादीनाम् अन्योन्यं परस्परं यः उपकारो भवति । हु इति स्फुटम् । सो च्चिय स एव उपकारः सहकारिकारणभावेन निमित्तकारणभावेन कारणभावो भवति कारणं जायते इत्यर्थः । यथा गुरुः शिष्यादीनां विद्यादि-पाठनेनोपकारं करोति, शिष्यस्तु गुरोः पादमर्दनादिकमुपकारं करोति स उपकारः शिष्यादीनां शास्त्राद्यध्ययनशक्ति-युक्तानां गुरुकृतविद्याद्यध्यापनाद्युपकरणं सहकारिकारणतां लभते । यथा कुम्भकारचक्रस्याधस्तनशिला सहकारिकारणत्वेन

कारण और एक निमित्तकारण । जो कारण स्वयं ही कार्यरूप परिणमन करता है वह उपादान कारण होता है जैसे संसारी जीव स्वयं ही क्रोध, मान, माया, लोभ या राग द्वेष आदि रूप परिणमन करता है अतः वह उपादान कारण है । और जो उसमें सहायक होता है वह निमित्तकारण होता है । सब द्रव्योंमें परिणमन करनेकी स्वाभाविक शक्ति है । अतः अपनी अपनी पर्यायके उपादान कारण तो स्वयं द्रव्यही हैं । किन्तु काल द्रव्य उसमें सहायक होनेसे निमित्त मात्र होता है । जैसे कुम्हारके चाकमें घूम-नेकी शक्ति स्वयं होती है, किन्तु चाक कीलका आश्रय पाकर ही घूमता है । इसीसे गोमटसार जीव-काण्डमें काल द्रव्यका वर्णन करते हुए कहा है-'वह काल द्रव्य स्वयं अन्य द्रव्यरूप परिणमन नहीं करता और न अन्य द्रव्योंको अपने रूप परिणमाता है । किन्तु जो द्रव्य स्वयं परिणमन करते हैं उनके परिणमनमें वह उदासीन निमित्त होता है' ॥ २१७ ॥ आगे कहते हैं कि सभी द्रव्य परस्परमें जो उपकार करते हैं वह भी सहकारी कारणके रूपमेंही करते हैं । **अर्थ**-सभी द्रव्य परस्परमें जो उपकार करते हैं वह सहकारी कारणके रूपमें ही करते हैं ॥ **भावार्थ**-ऊपर बतलाया है कि सभी द्रव्य परस्परमें एक दूसरेका उपकार करते हैं । सो यह उपकारभी वे निमित्त कारणके रूपमें ही करते हैं । जैसे गुरु शिष्योंको विद्याध्ययन कराता है । यहाँ विद्याध्ययनकी शक्ति तो शिष्योंमें है । गुरु उसमें केवल निमित्त होता है । इसी तरह शीतकालमें विद्याध्ययन करनेमें अग्नि सहायक होती है, कुम्हारके चाकको घूमनेमें कील सहायक होती है । पुद्गल, शरीर, वचन, मन, श्वासोच्छ्वास, सुख, दुःख, जीवन, मरण, पुत्र, मित्र, स्त्री, मकान, हवेली आदिके रूपमें जीवका उपकार करता है, गमन करते हुए जीव और पुद्गलों-

कारणभाव उपकारो भवति । वा यथा शीतकाले पठतां पुंसाम् अध्ययने अग्निः सहकारिकारणत्वेन उपकारः । तथा च जीवानां पुद्गलः शरीरवचनमनःश्वासोच्छ्वाससुखदुःखजीवितमरणपुत्रमित्रकलत्रादिगृहहट्टादिकसहकारिकारणरूपेण उपकारं करोति । जीवानां पुद्गलाना च गमनवतां गतेः निमित्तसहकारिकारणत्वेन उपकारः । स्थितिवतां जीवपुद्गलानां स्थितेः बाह्यनिमित्तसहकारिकारणभावेन उपकारः । अवकाशदाने आकाशस्य सर्वेषां द्रव्याणां सहकारिकारणत्वेन उपकारः । जीवपुद्गलानां नवजीर्णतोत्पादने सहकारिकारणत्वेन कालस्योपकारः । यथाकाशद्रव्यम् अशेषद्रव्याणामाधारः स्वस्यापि, तथा कालद्रव्यं परेषां द्रव्याणा परिणतिपर्यायत्वेन सहकारिकारणं स्वस्यापि यथा इन्धनाग्निसहकारिकारणोत्पन्नस्यौदनपर्यायस्य तण्डुलोपादानकारणम्, कुम्भकारचक्रचीवरादिबाह्यकारणोत्पन्नस्य मृत्पिण्डघटपर्यायस्य मृत्पिण्डोपादानकारणवत् ॥ २१८ ॥ अथ द्रव्याणां स्वभावभूतां नानाशक्तिं कोऽपि निषेद्धुं न शक्नोतीत्यावेदयति–

कालाइ-लद्धि-जुत्ता णाणा-सत्तीहि[1] संजुदा अत्था ।
परिणममाणा हि सयं[2] ण सक्कदे को वि वारेदुं ॥ २१९ ॥

[छाया-कालादिलब्धियुक्ताः नानाशक्तिभिः संयुता अर्थाः । परिणममानाः हि स्वयं न शक्नोति कः अपि वारयितुम् ॥] अर्थाः जीवादिपदार्थाः, हीति स्फुटम्, स्वयमेव परिणममाणा परिणमन्तः पर्यायान्तरं गच्छन्तः सन्तः कैरपि इन्द्रधरणेन्द्रचक्रवर्त्यादिभिः वारयितुं न शक्यन्ते । कीदृक्षास्तेऽर्थाः । कालादिलब्धियुक्ताः कालद्रव्यक्षेत्रभवभावादिसामग्रीप्राप्ताः । पुनरपि कीदृक्षास्ते अर्था । नानाशक्तिभिः, अनेकसमर्थताभिः नानाप्रकारस्वभावयुक्ताभिः संयुक्ताः । यथा जीवाः भव्यत्वादिशक्तियुक्ताः रत्नत्रयादिकाललब्धिं प्राप्य निर्वान्ति, यथा तण्डुलाः ओदनशक्तियुक्ताः इन्धनाग्निस्थालीजलादिसामग्रीं प्राप्य भक्तपरिणामं लभन्ते । तत्र भक्तपर्यायं तण्डुलानामुभयकारणे सति कोऽपि निषेद्धुं न शक्नोतीति भाव. ॥ २१९ ॥ अथ व्यवहारकालं निरूपयति–

जीवाण पुग्गलाणं जे सुहुमा बादरा[3] य पज्जाया ।
तीदाणागद-भूदा सो ववहारो हवे कालो ॥ २२० ॥

की गतिमें सहायक धर्म द्रव्य होता है, और ठहरनेमें सहायक अधर्म द्रव्य होता है। सब द्रव्योंको अवकाशदान देनेमें सहायक आकाश द्रव्य होता है, परिणमनमें सहायक काल द्रव्य होता है । ये सब द्रव्य अपना अपना उपकार सहकारि कारणके रूपमें ही करते हैं । तथा जैसे आकाशद्रव्य सब द्रव्योंका आधार है और अपना भी आधार है वैसेही काल द्रव्य अन्य द्रव्योके परिणमनमें भी सहकारी कारण है और अपने परिणमनमें भी सहकारी कारण है । तथा जैसे अग्निकी सहायतासे उत्पन्न हुई भात पर्यायका उपादान कारण चावल है और कुम्हारकी सहायतासे उत्पन्न होनेवाली घट पर्यायका उपादान कारण मिट्टी है वैसे ही प्रत्येक द्रव्य अपनी अपनी पर्यायका उपादान कारण होता है ॥ २१८ ॥ आगे कहते है कि द्रव्योंकी स्वभावभूत जो नाना शक्तियां हैं उनका निषेध कौन कर सकता है ? **अर्थ**—काल आदि लब्धियोंसे युक्त तथा नाना शक्तियोंवाले पदार्थोंको स्वयं परिणमन करते हुए कौन रोक सकता है?॥ **भावार्थ**—सभी पदार्थोंमें नाना शक्तिया हैं । वे पदार्थ द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, और भवरूप सामग्रीके प्राप्त होनेपर स्वयं परिणमन करते है उन्हे उससे कोई नहीं रोक सकता । जैसे, भव्यत्व आदि शक्तिसे युक्त जीव काललब्धिके प्राप्त होनेपर मुक्त हो जाते हैं । भातरूप होनेकी शक्तिसे युक्त चावल, ईंधन, आग, बटलोही, जल आदि सामग्रीके मिलनेपर भातरूप होजाते हैं । ऐसी स्थितिमें जीवको मुक्त होनेसे और चावलोको भातरूप होनेसे कौन रोक सकता है ॥ २१९ ॥ आगे व्यवहार-

१ ग सत्तीहिं संजुदा। २ म सया। ३ ब बादरा।

[छाया- जीवानां पुद्गलानां ये सूक्ष्माः बादराः च पर्यायाः । अतीतानागतभूताः स व्यवहारः भवेत् कालः ॥] स व्यवहारकालो भवेत् । व्यवहर्तुं योग्यो व्यवहारः विकल्पः भेदः पर्याय इत्येकार्थः । व्यवहारकालस्वरूपं गोम्मटसारे यथास्ति तदुच्यते । 'आवलिअसंखसमया संखेज्जावलि समूहमुस्सासो । सत्तुस्सासो थोवो सत्तत्थोवो लवो भणिओ ॥' जघन्ययुक्तासंख्यातसमयराशिः आवलिः स्यात् । स समयः किंरूपः । 'अवरा पज्जायठिदी खणमेत्तं होदि तं च समओ त्ति । दोण्हमणूणमदिक्कमकालपमाणं हवे सो दु ॥' द्रव्याणां जघन्या पर्यायस्थितिः क्षणमात्रं भवति, सा च समय इत्युच्यते। स च समयः द्वयोर्गमनपरिणतपरमाण्वोः परस्परातिक्रमकालप्रमाणं स्यात् । तथा च 'णभएयपएसत्थो परमाणू मंदगइपवट्टंतो । बीयमणंतरखेत्तं जावदियं जादि तं समयकालो ॥' आकाशस्यैकप्रदेशस्थितपरमाणुः मन्दगतिपरिणतः सन् द्वितीयमनन्तरक्षेत्रं यावद्याति स समयाख्यः कालो भवति । स च प्रदेशः कियान् । 'जेत्तीवि खेत्तमित्तं अणुणा रुद्धं खु गयणदव्वं च । तं च पदेसं भणियं अवरावरकारणं जस्स ॥' इति समयलक्षणं कथितम् । संख्याताबलिसमूह उच्छ्वासः । स च किंरूपः । 'अड्ढस्स अणलसस्स य णिरुवहयस्स य हवेज्ज जीवस्स । उस्सासाणिस्सासो एगो पाणो त्ति आहीदो ॥' सुखिनः अनलसस्य निरुपहतस्य जीवस्योच्छ्वासनिःश्वासः स एवैकः प्राणः उक्तो भवेत् । सप्तोच्छ्वासाः स्तोकः । सप्तस्तोकाः लवः । 'अट्ठत्तीसद्धलवा णाली वेणालिया मुहुत्तं तु । एगसमएण हीणं भिण्णमुहुत्तं तदो सेसं ॥' सार्धाष्टात्रिंशल्लवा नाली घटिका द्वे नाल्यौ मुहूर्तः । स च एकसमयेन हीनो भिन्नमुहूर्तः, उत्कृष्टान्तर्मुहूर्त इत्यर्थः । ततोऽग्रे द्विसमयोनाद्या आवल्यसंख्यातैकभागान्ताः सर्वेऽन्तर्मुहूर्ताः । अत्रोपयोगिगाथासूत्रम् । 'ससमयमावलि अवरं समऊणमुहुत्तयं तु उक्कस्सं । मज्झासंखवियप्पं वियाण अंतोमुहुत्तमिणं ॥' ससमयाधिकावलिर्जघन्यान्तर्मुहूर्तः समयोनमुहूर्तः उत्कृष्टान्तर्मुहूर्तः मध्यमाः असंख्यातविकल्पाः मध्यमान्तर्मुहूर्ताः इति जानीहि ॥ 'दिवसो पक्खो मासो उडु अयणं वस्समेवमादी हु । संखेज्जासंखेज्जाणंताओ होदि ववहारो ॥' दिवसः पक्षो मासः ऋतुः अयनं वर्षं युगं पल्योपमसागरोपमकल्पादयः स्फुटम् आवल्यादिभेदतः संख्यातासंख्यातानन्तपर्यन्तं क्रमशः श्रुतावधिकेवलज्ञानविषयविकल्पाः सर्वे व्यवहारकालो भवति । स व्यवहारकालः कथ्यते । स कः । जीवपुद्गलानां ये जीवानां पुद्गलानां च सूक्ष्मा बादराश्च पर्यायाः, तत्र जीवानां सूक्ष्मपर्यायाः केवलज्ञानदर्शनादिरूपाः, बादरपर्यायाः मतिश्रुतावधिमनःपर्ययक्रोधमानमायालोभाज्ञानादिरूपाः नरनारकादिपर्याया वा । पुद्गलानां सूक्ष्माः पर्यायाः, अणुद्व्यणुकत्र्यणुकादयः सूक्ष्मनिगोदादिशरीररूपाश्च, बादरपर्यायाः पृथ्व्यप्तेजोवायुवनस्पतिशरीरादयः घटपटमुकुटशकटगृहपर्वतमेरुविमानादिमहास्कन्धवर्गणापर्यन्ताः । पुनः कीदृक्षाः । अतीतानागतभूताः । अतीतकालभविष्यत्कालवर्तमानकालरूपाः ये केचन अतीतकाले पर्यायाः जाताः, भविष्यत्काले भविष्यन्तः पर्यायाः, वर्तमानकाले समस्तिरूपाः

कालका निरूपण करते हैं । अर्थ-जीव और पुद्गल द्रव्यकी जो सूक्ष्म और बादर पर्याय अतीत, अनागत और वर्तमानरूप हैं वही व्यवहार काल है ॥ भावार्थ-गोम्मटसार जीवकाण्डमें द्रव्योंका वर्णन करते हुए लिखा है कि एक द्रव्यकी जितनी अतीत, अनागत और वर्तमान अर्थ पर्याय तथा व्यंजन पर्याय होती हैं उतनी ही द्रव्यकी स्थिति होती है । आशय यह है कि प्रत्येक द्रव्यमें प्रतिसमय परिणमन होता है । वह परिणमन ही पर्याय है । एक पर्याय एक क्षण अथवा एक समय तक रहती है । एक समयके पश्चात् वह पर्याय अतीत हो जाती है और उसका स्थान दूसरी पर्याय ले लेती है । इस तरह पर्यायोंका क्रम अनादिकालसे लेकर अनन्तकाल तक चलता रहता है । अतः प्रत्येक द्रव्य अनादि अनन्त होता है । पर्याय दो प्रकारकी होती हैं । एक अर्थ पर्याय और एक व्यञ्जन पर्याय । गुणोंके विकारको पर्याय कहते हैं । सो प्रदेशवत्व गुणके विकारका नाम व्यंजन पर्याय है और अन्य गुणोंके विकारका नाम अर्थ पर्याय है । धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाश, और कालमें केवल अर्थ पर्याय ही होती है और जीव तथा पुद्गलमें दोनों प्रकारकी पर्यायें होती हैं । तथा व्यञ्जन पर्याय स्थूल होती है और अर्थ पर्याय सूक्ष्म होती है । एक अर्थ पर्याय एक समयतक ही रहती है । आकाशके एक प्रदे-

पर्यायास्त एव कालस्वरूप इति भावः। तथोक्तं च। 'छद्दव्वावट्ठाणं सरिसं तियकालअत्थपज्जाये। विंजणपज्जाये वा मिलिदे ताणं ठिदित्तादो ॥' षड्द्रव्याणाम् अवस्थानं सदृशमेव भवति। त्रिकालभवेषु सूक्ष्मावाग्गोचराचिरस्थाय्यर्थपर्यायेषु तद्विपरीतस्थूलवाग्गोचरचिरस्थाय्यर्थव्यञ्जनपर्यायेषु वा मिलितेषु तेषां स्थितत्वात्। इदमेव समर्थयति 'एयदवियम्मि जे अत्थपज्जया वंजणपज्जया चावि। तीदाणागदभूदा तावदियं तं हवदि दव्वं ॥' एकस्मिन् द्रव्ये ये अर्थपर्याया व्यञ्जनपर्यायाश्चातीतानागताः अपिशब्दाद्वर्तमानाश्च सन्ति तावद्द्रव्यं भवति। तयोः स्वरूपमाह। 'मूर्तो व्यञ्जनपर्यायो वाग्गम्यो नश्वरः स्थिरः। सूक्ष्मः प्रतिक्षणध्वंसी पर्यायश्चार्थसंज्ञकः ॥' 'धर्माधर्मनभःकाला अर्थपर्यायगोचराः। व्यञ्जनार्थस्य विज्ञेयौ द्वावन्यौ जीवपुद्गलौ ॥' ॥ २२० ॥ अथ अतीतानागतवर्तमानपर्यायाणां संख्यां व्यवहरति–

तेसु अतीदा णंता[1] अणंत-गुणिदा य भावि-पज्जाया।
एक्को[2] वि वट्टमाणो एत्तिय-मेत्तो[3] वि सो कालो[4] ॥ २२१ ॥

[छाया–तेषु अतीताः अनन्ताः अनन्तगुणिताः च भाविपर्यायाः। एकः अपि वर्तमानः एतावन्मात्रः अपि स कालः ॥] तेषु जीवपुद्गलादीनाम् अतीतानागतवर्तमानपर्यायेषु मध्ये अतीताः पर्यायाः अनन्ताः, संख्यातावलिगुणितसिद्धराशिप्रमाणः ३।२१। तु पुनः, भाविपर्यायाः अनन्तगुणिताः अतीतपर्यायात् अनन्तानन्तगुणाः ३।२१ ख। वर्तमानः पर्यायः एकोऽपि एकसमयमात्रः। तत्कालपर्यायाक्रान्तवस्तुभावोऽभिधीयते इति वचनात्। अपि पुनः, स कालः स वर्तमानकालः एतावन्मात्रः समयमात्र इत्यर्थः। अतीतानागतवर्तमानकालरूपः कथितः। तथा गोम्मटसारोक्तं तदुच्यते 'ववहारो पुण कालो माणुसखेत्तम्हि जाणिदव्वो दु। जोइसियाणं चारे ववहारो खलु समाणो त्ति ॥' व्यवहार-

---

शमें स्थित परमाणु मन्दगतिसे चलकर उस प्रदेशसे लगे हुए दूसरे प्रदेशपर जितनी देरमें पहुँचता है उतने कालका नाम समय है। व्यवहार, विकल्प, भेद और पर्याय ये सब शब्द एकार्थक हैं अतः व्यवहार या पर्यायके ठहरनेको व्यवहार काल कहते हैं। समय, आवली, उच्छ्वास, स्तोक, लव, नाली, मुहूर्त, दिन, पक्ष, मास, ऋतु, अयन, वर्ष, ये सब व्यवहारकाल हैं। असंख्यात समयकी एक आवली होती है। संख्यात आवलीके समूहको उच्छ्वास कहते हैं। सात उच्छ्वासका एक स्तोक होता है और सात स्तोकका एक लव होता है। साढ़े अड़तीस लवकी एक नाली होती है। दो नाली अथवा घड़ीका एक मुहूर्त होता है। और एक समय कम मुहूर्तको भिन्न मुहूर्त कहते हैं। यही उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। तीस मुहूर्तका एक दिनरात होता है। पन्द्रह दिनरातका एक पक्ष होता है। दो पक्षका एक मास होता है और दो मासकी एक ऋतु होती है। तीन ऋतुका एक अयन होता है। दो अयनका एक वर्ष होता है। यह सब व्यवहारकाल है। यह व्यवहारकाल प्रकटरूपसे मनुष्यलोकमें ही व्यवहृत होता है क्योंकि मनुष्यलोकमें ज्योतिषी देवोंके चलनेके कारण दिन रात आदिका व्यवहार पाया जाता है ॥ २२० ॥ आगे, अतीत, अनागत और वर्तमान पर्यायोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**–द्रव्योंकी उन पर्यायोंमें से अतीत पर्याय अनन्त हैं, अनागत पर्याय उनसे अनन्तगुनी हैं और वर्तमान पर्याय एक ही है। सो जितनी पर्याय हैं उतना ही व्यवहारकाल है ॥ **भावार्थ**–द्रव्योंकी अतीत, अनागत और वर्तमान पर्यायोंकी संख्या इस प्रकार है–अतीत पर्याय अनन्त हैं। अर्थात् सिद्धराशिको संख्यात आवलिसे गुणा करनेपर जो प्रमाण होता है उतनी ही एक द्रव्यकी अतीत पर्याय होती हैं। भावि पर्याय अतीत पर्यायोंसे भी अनन्तगुनी होती हैं और वर्तमान पर्याय एक ही होती है। गोम्मटसार जीवकाण्डमें व्यवहार कालके तीन भेद बतलाये हैं–अतीत, अनागत और वर्तमान।

---

१ ग अतीदाऽणंता। २ म ग एक्को। ३ ब ग मित्तो। ४ ब द्रव्यचतुष्कनिरूपणं। पुव्व इत्यादि।

कालः पुनः मनुष्यक्षेत्रे स्फुटं ज्ञातव्यः । कुतः । ज्योतिष्काणां चारे स समान इति कारणात् । 'ववहारो पुण तिविहो तीदो वट्टंतगो भविस्सो दु । तीदो संखेज्जावलिहदसिद्धाणं पमाणो दु ॥' व्यवहारकालः पुनस्त्रिविधः । अतीतानागतवर्तमानश्चेति । तु पुनः, तत्रातीतः संख्यातावलिगुणितसिद्धराशिर्भवति २।२१ । कुतः । अष्टोत्तरषट्शतजीवानां मुक्तिगमनकालोऽष्टसमयाधिकषण्मासाः तदा सर्वजीवराश्यनन्तैकभागमुक्तजीवानां कियानिति त्रैराशिकागतस्य तत्प्रमाणत्वात् । प्र ६०८ फ मा ६ इ ३ लब्धं ३। २८ । 'समयो दु वट्टमाणो जीवादो सव्वपोग्गलादो वि । भावी अणंतगुणिदो इदि ववहारो हवे कालो ॥' वर्तमानकालः खलु एकसमयः, भाविकालः सर्वजीवराशितः १६ सर्वपुद्गलराशितो १६ ख, ऽप्यनन्तगुणः १६ खख इति व्यवहारकालस्त्रिविधो भणितः । इति धर्माधर्माकाशकालद्रव्यचतुष्टयनिरूपणं समाप्तम् ॥ २२१ ॥ अथ द्रव्याणां कार्यकारणपरिणामभावं निरूपयति–

> पुव्व-परिणाम-जुत्तं कारण-भावेण वट्टदे दव्वं ।
> उत्तर-परिणाम-जुदं तं चिय कज्जं हवे णियमा ॥ २२२ ॥

[छाया–पूर्वपरिणामयुक्तं कारणभावेन वर्तते द्रव्यम् । उत्तरपरिणामयुक्तं तत् एव कार्यं भवेत् नियमात् ॥] द्रव्यं जीवादिवस्तु पूर्वपरिणामयुक्तं पूर्वपर्यायाविष्टं कारणभावेन उपादानकारणत्वेन वर्तते । तदेव द्रव्यं जीवादिवस्तु उत्तरपरिणामयुक्तम् उत्तरपर्यायाविष्टं तदेव द्रव्यं पूर्वपर्यायाविष्टं कारणभूतं मणिमन्त्रादिना अप्रतिबद्धसामर्थ्ये कारणान्तरावैकल्येन उत्तरक्षणे कार्यं निष्पादयत्येव । यथा आतानवितानात्मकतन्तवः अप्रतिबद्धसामर्थ्याः कारणान्तरावैकल्याश्च अन्त्यक्षणं प्राप्ताः पटस्य कारणम्, उत्तरक्षणे पटस्तु कार्यम् । तथा चोक्तमष्टसहस्र्याम् । 'कार्योत्पादः क्षयो हेतोर्नियमात् लक्षणात् पृथक्' इति ॥ २२२ ॥ अथ त्रिष्वपि कालेषु वस्तुनः कार्यकारणभावं निश्चिनोति–

> कारण-कज्ज-विसेसा तीसु वि कालेसु हुंति[1] वत्थूणं ।
> एक्केक्कम्मि य समए पुव्वुत्तर-भावमासिज्ज ॥ २२३ ॥

संख्यात आवलीसे सिद्धराशिको गुणा करनेपर जो प्रमाण आये वही अतीतकालका प्रमाण है। इसकी उपपत्ति इस प्रकार है–यदि ६०८ जीवोंके मुक्तिगमन का काल छः माह और आठ समय होता है तो समस्त जीवराशिके अनन्तवें भाग प्रमाण मुक्त जीवोंके मुक्तिगमनका काल कितना है ? इस प्रकार त्रैराशिक करनेपर जो प्रमाण आता है वही अतीतकालका प्रमाण है। वर्तमानकालका प्रमाण एक समय है। और समस्त जीव राशि और समस्त पुद्गल राशिसे अनन्तगुना भाविकाल है। इस प्रकार व्यवहार कालका प्रमाण जानना चाहिये। इस तरह धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्यका वर्णन समाप्त हुआ ॥ २२१ ॥ अब द्रव्योंके कार्यकारण भावका निरूपण करते हैं। **अर्थ–**पूर्व परिणाम सहित द्रव्य कारण रूप है और उत्तर परिणाम सहित द्रव्य नियमसे कार्यरूप है ॥ **भावार्थ–**प्रत्येक द्रव्यमें प्रतिसमय परिणमन होता रहता है, यह पहले कहा है। उसमेंसे पूर्वक्षणवर्ती द्रव्य कारण होता है और उत्तरक्षणवर्ती द्रव्य कार्य होता है। जैसे लकड़ी जलनेपर कोयला होजाती और कोयला जलकर राख होजाता है। यहाँ लकड़ी कारण है और कोयला कार्य है। तथा कोयला कारण और राख कार्य है क्योंकि आप्तमीमांसामें भगवान समन्तभद्रने कहा है कि कारणका विनाश ही कार्यका उत्पाद है। अतः पहली पर्याय नष्ट होते ही दूसरी पर्याय उत्पन्न होती है। इसलिये पूर्वपर्याय उत्तर पर्यायका कारण है और उत्तर पर्याय पूर्व पर्यायका कार्य है। इस तरह प्रत्येक द्रव्यमें कार्य कारण भावकी परम्परा समझ लेनी चाहिये ॥ २२२ ॥ आगे तीनों कालोंमें वस्तुके कार्य कारण

१ क म स तिस्सु, ग तस्सु । २ क स हौति (?) । ३ म 'मासेज्जा ।

[छाया-कारणकार्यविशेषाः त्रिषु अपि कालेषु भवन्ति वस्तूनाम् । एकैकस्मिन् च समये पूर्वोत्तरभावमासाद्य ॥] वस्तूनां जीवादिद्रव्याणां, त्रिष्वपि कालेषु अतीतानागतवर्तमानलक्षणेषु कालेषु, एकैकस्मिन् एकस्मिन् एकस्मिन् समये समये क्षणे क्षणे कारणकार्यविशेषाः हेतुफलभावाः द्रव्यपर्यायरूपा भवन्ति । किं कृत्वा । पूर्वोत्तरभावमाश्रित्य, पूर्वपर्यायम् उत्तरपर्यायं च आश्रित्य श्रित्वा, एकैकस्मिन् समये वस्तूत्पादव्ययध्रौव्यात्मकं भवति । 'उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्' । इति उमास्वातिवचनात् । यथा एकस्मिन् समये मृत्पिण्डस्य विनाश एव घटस्योत्पादः मृद्द्रव्येण ध्रौव्यम् इत्येकस्मिन्नेव समये पूर्वोत्तरभावेन कारणकार्यरूपेण उत्पादविनाशौ स्तः ॥ २२३ ॥ अथानन्तधर्मात्मकं वस्तु निर्णयति-

संति अणंताणंता तीसु वि कालेसु सव्व-दव्वाणि ।
सव्वं पि अणेयंतं तत्तो भणिदं जिणेंदेहिं[2] ॥ २२४ ॥

[छाया-सन्ति अनन्तानन्ताः त्रिषु अपि कालेषु सर्वद्रव्याणि । सर्वम् अपि अनेकान्तं ततः भणितं जिनेन्द्रैः ॥] तत्तो ततः तस्मात्कारणात् जिनेन्द्रैः सर्वज्ञैः सर्वमपि वस्तु नत्वेकम् अनेकान्तम् अनेकान्तात्मकं नित्यानित्याद्यनेकान्तरूपं, यतः सर्वद्रव्याणि सर्वाणि जीवपुद्गलादीनि वस्तूनि, त्रिष्वपि कालेषु अतीतानागतवर्तमानकालेषु, अनन्तानन्ताः सन्ति अनन्तानन्तपर्यायात्मकानि भवन्ति अनन्तानन्तसदसन्नित्यानित्याद्यनेकधर्मविशिष्टानि भवन्ति । अतः सर्वं जीवपुद्गलादिकं द्रव्यं जिनेन्द्रैः सप्तभङ्ग्या कृत्वा अनेकान्तं भणितम् । तत्कथमिति चेदुच्यते । 'एकस्मिन्नविरोधेन प्रमाणनयवाक्यतः । सदादिकल्पना या च सप्तभङ्गीति सा मता ॥' स्यादस्ति । स्यात्कथंचित् विवक्षितप्रकारेण स्वद्रव्यस्वक्षेत्रस्वकालस्वभावचतु-

---

भावका निश्चय करते हैं। **अर्थ**—वस्तुके पूर्व और उत्तर परिणामको लेकर तीनोंही कालोंमें प्रत्येक समयमें कारणकार्यभाव होता है ॥ **भावार्थ**—वस्तु प्रति समय उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यात्मक होती है। तत्त्वार्थसूत्रमें उसे ही सत् कहा है जिसमें प्रतिसमय उत्पाद व्यय और ध्रौव्य होता है। जैसे, मिट्टीका पिण्ड नष्ट होकर घट बनता है। यहाँ मिट्टीके पिण्डका विनाश और घटका उत्पाद एक ही समयमें होता है तथा उसी समय पिण्डका विनाश और घटका उत्पाद होनेपर भी मिट्टी मौजूद रहती है। इसी तरह एकही समयमें पूर्व पर्यायका विनाश और उत्तर पर्यायका उत्पाद प्रत्येक द्रव्यमें प्रति समय होता है। अतः तीनों कालोंमें प्रत्येक द्रव्यमें कारण कार्यकी परम्परा चालू रहती है। जो पर्याय अपनी पूर्व पर्यायका कार्य होती है वही पर्याय अपनी उत्तर पर्यायका कारण होती है। इस तरह प्रत्येक द्रव्य स्वयं ही अपना कारण और स्वयं ही अपना कार्य होता है ॥ २२३ ॥ आगे यह निश्चित करते हैं कि वस्तु अनन्तधर्मात्मक है। **अर्थ**—सब द्रव्य तीनोंही कालोंमें अनन्तानन्त हैं। अतः जिनेन्द्रदेवने सभीको अनेकान्तात्मक कहा है॥ **भावार्थ**—तीनोंही कालोंमें प्रत्येक द्रव्य अनन्तानन्त है; क्योंकि प्रति समय प्रत्येक द्रव्यमें नवीन नवीन पर्याय उत्पन्न होती है और पुरानी पर्याय नष्ट होजाती है फिर भी द्रव्यकी परम्परा सदा चालू रहती है। अतः पर्यायोंके अनन्तानन्त होनेके कारण द्रव्य भी अनन्तानन्त है। न पर्यायोंका ही अन्त आता है और न द्रव्यका ही अन्त आता है। इसीसे जैनधर्ममें प्रत्येक वस्तुको अनेक धर्मवाली कहा है। इसका खुलासा इस प्रकार है। जैनधर्ममें सत् ही द्रव्यका लक्षण है, असत् या अभाव नामका कोई स्वतंत्र तत्त्व जैन धर्ममें नहीं माना। किन्तु जो सत् है वही दृष्टि बदलनेसे असत् हो जाता है। न कोई वस्तु केवल सत् ही है और न कोई वस्तु केवल असत् ही है। यदि प्रत्येक वस्तुको केवल सत् ही माना जायेगा तो सब वस्तुओंके सर्वथा सत् होनेसे उनके बीचमें जो भेद देखा जाता है उसका लोप हो जायगा। और उसके लोप होनेसे सब वस्तुएँ परस्परमें

---

१ क्वचित् 'उमास्वामि' इति पाठ.। २ छ स ग जिणदेहि ।

ष्टयापेक्षया द्रव्यमस्तीत्यर्थः ॥ १ ॥ स्यान्नास्ति । स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण परद्रव्यपरक्षेत्रपरकालपरभावचतुष्टया-पेक्षया द्रव्यं नास्तीत्यर्थः ॥ २ ॥ स्यादस्तिनास्ति । स्यात्कथंचित् विवक्षितप्रकारेण क्रमेण स्वद्रव्यपरद्रव्यादिचतुष्टया-पेक्षया द्रव्यमस्तिनास्तीत्यर्थः ॥ ३ ॥ स्यादवक्तव्यम् । स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण युगपद्वक्तुमशक्यत्वात्, क्रमप्रव-र्तिनी भारतीति वचनात्, युगपत्स्वद्रव्यपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमवक्तव्यमित्यर्थः ॥ ४ ॥ स्यादस्त्यवक्तव्यम् । स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण स्वद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया [युगपत्स्वद्रव्यपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया च स्यादस्त्यवक्तव्यम् इत्यर्थः ॥ ५ ॥ स्यान्नास्त्यवक्तव्यम् । स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण परद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया युगपत्स्वद्रव्यपरद्रव्यादि-चतुष्टयापेक्षया च] द्रव्यं नास्त्यवक्तव्यमित्यर्थः ॥ ६ ॥ स्यादस्तिनास्त्यवक्तव्यम् । स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण क्रमेण स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया युगपत्स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया च द्रव्यमस्ति नास्त्यवक्तव्यमित्यर्थः ॥ ७ ॥ तथा एकस्मिन् समये एकमपि द्रव्यं स्वद्रव्यचतुष्टयापेक्षया कथंचित्सत् परद्रव्यचतुष्टयापेक्षया कथंचित् असत्, तद्द्रव्यापेक्षया

एकमेक हो जायेंगी। उदाहरण के लिये, घट और पट ये दोनों वस्तु हैं। किन्तु जब हम किसीसे घट लानेको कहते हैं तो वह घट ही लाता है। और जब हम पट लानेको कहते हैं तो वह पट ही लाता है। इससे सिद्ध है कि घट घट ही है पट नहीं है, और पट पट ही है घट नहीं है। अतः दोनोंका अस्तित्व अपनी २ मर्यादामें ही सीमित है, उसके बाहर नहीं है। यदि वस्तुएं इस मर्यादाका उल्लंघन कर जायें तो सभी वस्तुएँ सबरूप हो जायेंगी। अतः प्रत्येक वस्तु स्वरूपकी अपेक्षासे ही सत् है और पररूप-की अपेक्षासे असत् है। जब हम किसी वस्तुको सत् कहते हैं तो हमें यह ध्यान रखना चाहिये कि वह वस्तु स्वरूपकी अपेक्षासे ही सत् कही जाती है, अपनेसे अन्य वस्तुओंके स्वरूपकी अपेक्षा संसारकी प्रत्येक वस्तु असत् है। देवदत्तका पुत्र संसार भरके मनुष्योंका पुत्र नहीं है और न देवदत्त संसार भरके पुत्रोंका पिता है। इससे क्या यह नतीजा नहीं निकलता कि देवदत्तका पुत्र पुत्र है और नहीं भी है। इसी तरह देवदत्त पिता है और नहीं भी है। अतः संसारमें जो कुछ सत् है वह किसी अपेक्षासे असत् भी है। सर्वथा सत् या सर्वथा असत् कोई वस्तु नहीं है। अतः एक ही समयमें प्रत्येक द्रव्य सत् भी है और असत् भी है। स्वरूपकी अपेक्षा सत् है और परद्रव्यकी अपेक्षा असत् है। इसी तरह एक ही समयमें प्रत्येक वस्तु नित्य भी है और अनित्य भी है। द्रव्यकी अपेक्षा नित्य है, क्योंकि द्रव्यका विनाश नहीं होता, और पर्यायकी अपेक्षा अनित्य है; क्योंकि पर्याय नष्ट होती है। तथा एकही समयमें प्रत्येक वस्तु एक भी है और अनेक भी है। पर्यायकी अपेक्षा अनेक है क्योंकि एक वस्तुकी अनेक पर्यायें होती हैं और द्रव्यकी अपेक्षा एक है। तथा एकही समयमें प्रत्येक वस्तु भिन्न भी है और अभिन्न भी है। गुणी होनेसे अभेदरूप है और गुणोंकी अपेक्षा भेदरूप है; क्योंकि एक वस्तुमें अनेक गुण होते हैं। इस तरह वस्तु अनन्त धर्मात्मक है। उस अनन्त धर्मात्मक वस्तुको जानना उतना कठिन नहीं है जितना शब्दके द्वारा उसका कहना कठिन है; क्योंकि एक ज्ञान अनेक धर्मोंको एक साथ जान सकता है किन्तु एक शब्द एक समयमें वस्तुके एक ही धर्मको कह सकता है। इसपर भी शब्दकी प्रवृत्ति वक्ताके अधीन है। वक्ता वस्तुके अनेक धर्मोंमेंसे किसी एक धर्मकी मुख्यतासे वचनव्यवहार करता है। जैसे देवदत्तको एक ही समय में उसका पिता भी पुकारता है और उसका पुत्र भी पुकारता है। पिता उसे 'पुत्र' कहकर पुकारता है और उसका पुत्र उसे 'पिता' कहकर पुकारता है। किन्तु देवदत्त न केवल पिता ही है और न केवल पुत्र ही है। किन्तु पिता भी है और पुत्र भी है। इस लिये पिताकी दृष्टिसे देवदत्तका पुत्रत्वधर्म मुख्य है और शेष धर्म गौण हैं

नित्यत्वं पर्यायापेक्षयानित्यत्वम्, द्रव्यापेक्षया एकत्वं पर्यायापेक्षयानेकत्वम्, गुणगुणिभावेन भिन्नत्वं तयोरव्यतिरेकेण कथंचित् अभिन्नत्वम् इत्याद्यनेकधर्मात्मकं वस्तु अनन्तानन्तपर्यायात्मकं द्रव्यं कथ्यते ॥ २२४ ॥ अथ वस्तुनः कार्यकारित्वमिति निगदति–

जं वत्थु अणेयंतं तं चिय कज्जं करेदि[1] णियमेण ।
बहु-धम्म-जुदं अत्थं कज्ज-करं दीसदे[2] लोए ॥ २२५ ॥

और पुत्रकी दृष्टिसे देवदत्तका पितृत्वधर्म मुख्य है और शेष धर्म गौण हैं । क्योंकि अनेक धर्मात्मक वस्तुके जिस धर्मकी विवक्षा होती है वह धर्म मुख्य कहाता है और शेष धर्म गौण । अतः वस्तुके अनेक धर्मात्मक होने और शब्दमें पूरे धर्मोंको एक साथ एक समयमें कह सकनेकी सामर्थ्य न होनेके कारण, समस्त वाक्योंके साथ 'स्यात्' शब्दका व्यवहार आवश्यक समझा गया, जिससे सुनने वालोंको कोई धोखा न हो । यह 'स्यात्' शब्द विवक्षित धर्ममें इतर धर्मोंका द्योतक या सूचक होता है । 'स्यात्' का अर्थ है 'कथंचित्' या 'किसी अपेक्षासे' । यह बतलाता है कि जो सत् है वह किसी अपेक्षासे ही सत् है । अतः प्रत्येक वस्तु 'स्यात् सत्' और 'स्यात् असत्' है । इसीका नाम स्याद्वाद है । वस्तुके प्रत्येक धर्मको लेकर अविरोध पूर्वक विधिप्रतिषेधका कथन सात भङ्गोंके द्वारा किया जाता है । उसे सप्तभंगी कहते हैं । जैसे वस्तुके अस्तित्व धर्मको लेकर यदि कथन किया जाये तो वह इस प्रकार होगा–'स्यात् सत्' अर्थात् वस्तु स्वरूपकी अपेक्षा है १ । 'स्यात् असत्'–वस्तु पररूपकी अपेक्षा नहीं है २ । 'स्यात् सत् स्यात् असत्'–वस्तु स्वरूपकी अपेक्षा है और पररूपकी अपेक्षा नहीं है ३। इन तीनों वाक्योंमेंसे पहला वाक्य वस्तु का अस्तित्व बतलाता है, दूसरा वाक्य नास्तित्व बतलाता है, और तीसरा वाक्य अस्तित्व और नास्तित्व दोनों धर्मोंको क्रमसे बतलाता है । इन दोनों धर्मोंको यदि कोई एक साथ कहना चाहे तो नहीं कह सकता, क्योंकि एक शब्द एक समयमें विधि और निषेधमेंसे एकका ही कथन कर सकता है । अतः ऐसी अवस्थामें वस्तु अवक्तव्य ठहरती है, अर्थात् उसे शब्दके द्वारा नहीं कहा जा सकता । अतः 'स्यात् अवक्तव्य' यह चौथा भङ्ग है ४ । सप्तभंगीके मूल ये चार ही भंग हैं । इन्हींको मिलानेसे सात भंग होते हैं । अर्थात् चतुर्थ भंग 'स्यात् अवक्तव्य' के साथ क्रमसे पहले, दूसरे और तीसरे भंगको मिलानेसे पांचवां, छठा और सातवा भंग बनता है । यथा, स्यात् सदवक्तव्य ५, स्यादसदवक्तव्य ६, और स्यात् सदसदवक्तव्य ७ । यानी वस्तु कथंचित् सत् और अवक्तव्य है ५, कथंचित् असत् और अवक्तव्य है ६, तथा कथंचित् सत्, कथंचित् असत् और अवक्तव्य है ७ । इन सात भंगोंमेंसे वस्तुके अस्तित्व धर्मकी विवक्षा होनेसे प्रथम भंग है, नास्तित्व धर्मकी विवक्षा होनेसे दूसरा भंग है । क्रम से 'अस्ति' 'नास्ति' दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे तीसरा भंग है । एक साथ दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे चौथा भंग है । अस्तित्व धर्म-के साथ युगपत् दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे पांचवा भंग है । नास्तित्व धर्मके साथ युगपत् दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे छठा भंग है । और क्रमसे तथा युगपत् दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे सातवां भंग है । इसी तरह एक अनेक, नित्य अनित्य आदि धर्मोंमें भी एककी विधि और दूसरेके निषेधके द्वारा सप्तभंगी लगा लेनी चाहिये ॥ २२४ ॥ आगे बतलाते हैं कि अनेकान्तात्मक वस्तु ही अर्थ-

१ म करेइ (?) । २ क म स ग दीसए ।

[छाया-यत् वस्तु अनेकान्तं तत् एव कार्यं करोति नियमेन । बहुधर्मयुतः अर्थः कार्यकरः दृश्यते लोके ॥] तदेव वस्तु द्रव्यं जीवादिपदार्थं नियमेन अवश्यंभावेन कार्यं करोति । यद्वस्तु अनेकान्तम् अनेकस्वरूपम् अनन्तधर्मात्मकम् अनन्तानन्तगुणपर्यायात्मकम् । तथा चोक्तं जैनेन्द्रे श्रीपूज्यपादेन । 'सिद्धिरनेकान्तात् ।' लोके जगति, अर्थः जीवादि-पदार्थः, बहुधर्मयुक्तः सदसन्नित्यानित्यभिन्नाभिन्नास्तिनास्त्याद्यनेकस्वभावयुक्तः, कार्यकरः अर्थक्रियाकारी, दृश्यते अव-लोक्यते । [एकमपि द्रव्यं कथं सप्तभङ्गात्मकं भवति । प्रश्नपरिहारमाह ।] यथा एकोऽपि देवदत्तः पुमान् गौणमुख्य-विवक्षावशेन बहुप्रकारो भवति । पुत्रापेक्षया पिता भण्यते । सोऽपि स्वकीयपित्रपेक्षया पुत्रो भण्यते । मातुलापेक्षया भागिनेयो भण्यते । स एव भागिनेयापेक्षया मातुलो भण्यते । भार्यापेक्षया भर्ता भण्यते । भगिन्यपेक्षया भ्राता भण्यते । विपक्षापेक्षया शत्रुर्भण्यते । इष्टापेक्षया मित्रं भण्यते, इत्यादि । तथैकमपि द्रव्यम् अनेकात्मकम् इत्याद्यनेक-धर्माविष्टः पुरुषः अनेककार्यं कुर्वन् दृष्ट । एवं सर्वं वस्तु अनेकान्तात्मकं सत्त्वात् इत्ययं हेतुः सर्वस्य वस्तुनः अनेक-धर्मत्वं साधयत्येव ॥ २२५ ॥ अथ सर्वथैकान्तवस्तुनः कार्यकारित्वं प्रतिरुणद्धि-

एयंतं पुणु[1] दवं कज्जं ण करेदि लेस-मेत्तं[2] पि ।
जं पुणु[3] ण करदि कज्जं तं वुच्चदि केरिसं दवं ॥ २२६ ॥

क्रियाकारी है । **अर्थ**-जो वस्तु अनेकान्तरूप है वही नियमसे कार्यकारी है; क्योंकि लोकमें बहुत धर्मयुक्त पदार्थ ही कार्यकारी देखा जाता है ॥ **भावार्थ**-अनेक धर्मात्मक वस्तु ही कोई कार्य कर सकती है । इसीसे पूज्यपादने अपने जैनेन्द्र व्याकरणका प्रथम सूत्र 'सिद्धिरनेकान्तात्' रखा है । जो बतलाता है किसी भी कार्यकी सिद्धि अनेकान्तसे ही हो सकती है । उदाहरणके लिये जो वादी वस्तुको नित्य अथवा क्षणिक ही मानते हैं उनके मतमें अर्थक्रिया नहीं बनती । कार्य करनेके दो ही प्रकार हैं एक क्रमसे और एक एकसाथ । नित्यवस्तु क्रमसे काम नहीं कर सकती; क्योंकि सब कार्योंको एक साथ उत्पन्न करनेकी उसमें सामर्थ्य है । यदि कहा जाये कि सहायकोंके मिलनेपर नित्य पदार्थ कार्य करता है और सहायकोंके अभावमें कार्य नहीं करता । तो इसका यह मतलब हुआ कि पहले वह नित्यपदार्थ कार्य करनेमें असमर्थ था, पीछे सहकारियोंके मिलनेपर समर्थ हुआ । तो असमर्थ स्वभावको छोड़कर समर्थ स्वभावको ग्रहण करनेके कारण वह सर्वथा नित्य नहीं रहा । सर्वथा नित्य तो वही हो सकता है जिसमें कुछ भी परिवर्तन न हो । यदि वह नित्य पदार्थ एक साथ सब काम कर लेता है तो प्रथम समयमें ही सबकाम करलेनेसे दूसरे समयमें उसके करनेको कुछ भी काम शेष न रहेगा । और ऐसी अवस्थामें वह असत् हो जायेगा; क्यों कि सत् वही है जो सदा कुछ न कुछ किया करता है । अतः क्रमसे और एक साथ काम न कर सकनेसे नित्यवस्तुमें अर्थक्रिया नहीं बनती । इसी तरह जो वस्तुको पर्यायकी तरह सर्वथा क्षणिक मानते हैं उनके मतमें भी अर्थक्रिया नहीं बनती । क्योंकि क्षणिक वस्तु क्रमसे तो कार्य कर नहीं सकती; क्योंकि क्षणिक तो एक क्षणवर्ती होता है, अतः वहाँ क्रम बन ही कैसे सकता है? क्रमसे तो वही कार्य कर सकता है जो कुछ क्षणों तक ठहर सके । और यदि वह कुछ क्षणों तक ठहरता है तो वह क्षणिक नहीं रहता । इसी तरह क्षणिक वस्तु एक साथ भी काम नहीं कर सकती क्योंकि वैसा होनेसे कारणके रहते हुए ही कार्यकी उत्पत्ति हो जायेगी, तथा उस कार्यके कार्यकी भी उत्पत्ति उसी क्षणमें हो जायेगी । इस तरह सब गड़बड़ हो जायेगी । अतः वस्तुको द्रव्यकी अपेक्षा नित्य और पर्यायकी अपेक्षा अनित्य मानना ही उचित है । तभी वस्तु अर्थक्रियाकारी बन सकती है ॥ २२५ ॥ आगे कहते हैं कि सर्वथा एकान्त रूप

१ म स पुण । २ म मित्तं (?) । ३ म पुण ।

[छाया-एकान्तं पुनः द्रव्यं कार्यं न करोति लेशमात्रम् अपि । यत् पुनः न करोति कार्यं तत् उच्यते कीदृशं द्रव्यम् ॥] पुनः एकान्तं द्रव्यं जीवादिवस्तु सर्वथा नित्यं सर्वथा सत् सर्वथा भिन्नं सर्वथैकं सर्वथानित्यमित्यादिधर्मविशिष्टं वस्तु लेशमात्रमपि [एकमपि] कार्यं न करोति, तुच्छमपि प्रयोजनं न विदधाति । कुतः । सदसन्नित्यानित्याद्येकान्तेषु क्रमयौगपद्याभावात् कार्यकारित्वाभावः । यत्पुनः द्रव्यं कार्यं न करोति तत्कीदृशं द्रव्यमुच्यते । यदेवार्थक्रियाकारि तदेव परमार्थसत् । यद्वस्तु क्रमेण युगपच्च अर्थक्रियां करोति तदेव वस्तु उच्यते । यदर्थक्रियां न करोति खरविषाणवत्, वस्त्वेव न स्यादिति । तथा चोक्तं च । 'दुर्नयैकान्तमारूढा भावा न स्वार्थिका हि ते । स्वार्थिकाश्च विपर्यस्ताः सकलङ्का नया यतः ।' तत्कथम् । तथाहि । सर्वथा एकान्तेन सद्रूपस्य न नियतार्थव्यवस्था संकरादिदोषत्वात् । तथाऽसद्रूपस्य सकलशून्यताप्रसंगात्, नित्यस्यैकरूपत्वात् एकरूपस्यार्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अनित्यपक्षेऽपि निरन्वयत्वात्, अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । एकस्वरूपस्यैकान्तेन विशेषाभावः सर्वथैकरूपत्वात् । विशेषाभावे सामान्यस्याप्यभावः । 'निर्विशेषं हि सामान्यं भवेत् खरविषाणवत् । सामान्यरहितत्वाच्च विशेषस्तद्वदेव हि ॥' इति ज्ञेयः । अनेकपक्षेऽपि तथा द्रव्याभावो निराधारत्वात् आधाराधेयाभावाच्च । भेदपक्षेऽपि विशेषस्वभावानां निराधारत्वात् अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अभेदपक्षेऽपि सर्वेषामेकत्वम् । सर्वेषामेकत्वे अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे

वस्तु कार्यकारी नहीं है । **अर्थ**–एकान्त स्वरूप द्रव्य लेशमात्र भी कार्य नहीं करता । और जो कार्य नहीं करता उसे द्रव्य कैसे कहा जा सकता है ॥ **भावार्थ**–यदि जीवादि वस्तु सर्वथा नित्य या सर्वथा सत् या सर्वथा भिन्न, अथवा सर्वथा एक या सर्वथा अनित्य आदि एकान्त रूप हो तो वह कुछ भी कार्य नहीं कर सकती । और जो कुछ भी कार्यकारी नहीं उसे वस्तु या द्रव्य कैसे कहा जा सकता है; क्योंकि जो कुछ न कुछ कार्यकारी है वही वास्तवमें सत् है । सत् का लक्षण ही अर्थक्रिया है । अतः जो कुछ भी काम नहीं करता वह गधेके सींगकी तरह अवस्तु ही है । कहा भी है– 'दुर्नयके विषयभूत एकान्त रूप पदार्थ वास्तविक नहीं हैं' क्योंकि दुर्नय केवल स्वार्थिक हैं, वे अन्य नयोंकी अपेक्षा न करके केवल अपनी पुष्टि करते हैं, और जो स्वार्थिक अत एव विपरीत होते हैं वे नय सदोष होते हैं' । इसका खुलासा इस प्रकार है । यदि वस्तुको सर्वथा एकान्तसे सद्रूप माना जायेगा तो संकर आदि दोषोंके आनेसे नियत अर्थकी व्यवस्था नहीं बनेगी । अर्थात् जब प्रत्येक वस्तु सर्वथा सत् स्वरूप मानी जायेगी तो वह सब रूप होगी । और ऐसी स्थितिमें जीव, पुद्गल आदिके भी परस्परमें एक रूप होनेसे जीव पुद्गलका भेद ही समाप्त हो जायेगा । इसी तरह जीव जीव और पुद्गल पुद्गलका भेद भी समाप्त हो जायेगा । तथा वस्तुको सर्वथा असद्रूप माननेसे समस्त संसार शून्य रूप हो जायेगा । इसी तरह वस्तुको सर्वथा नित्य मानने से वह सदा एकरूप रहेगी । और सदा एक रूप रहनेसे वह अर्थक्रिया नहीं कर सकेगी तथा अर्थक्रिया न करनेसे वस्तुका ही अभाव हो जायेगा । वस्तुको सर्वथा क्षणिक माननेसे दूसरे क्षणमें ही वस्तुका सर्वथा विनाश हो जानेसे वह कोई कार्य कैसे कर सकेगी । और कुछ भी कार्य न कर सकनेसे वस्तुका अस्तित्व ही सिद्ध नहीं हो सकेगा । इसी तरह वस्तुको सर्वथा एक रूप माननेपर उसमें विशेष धर्मका अभाव हो जायेगा क्योंकि वह सर्वथा एकरूप है । और विशेष धर्मका अभाव होनेसे सामान्य धर्मका भी अभाव हो जायेगा क्योंकि बिना विशेषका सामान्य गधेके सींगकी तरह असत् है और बिना सामान्यका विशेष भी गधेके सींगकी तरह असत् है । अर्थात् न बिना सामान्यके

द्रव्यस्याप्यभावः। सर्वथा नित्यः अनित्यः एकः अनेकः भेदः अभेदः कथम्। तथा सर्वथात्मनः अचैतन्यपक्षेऽपि सकलचैतन्योच्छेदः स्यात्। मूर्तस्यैकान्तेन आत्मनो न मोक्षस्यावाप्तिः स्यात्। सर्वथा अमूर्तस्यापि तथात्मनः संसारविलोपः स्यात्। एकप्रदेशस्यैकान्तेनाखण्डपरिपूर्णस्यात्मनो अनेककार्यकारित्वमेव हानिः स्यात् सर्वथानेकप्रदेशत्वेऽपि तथा तस्यानर्थकार्यकारित्वं स्वस्वभावशून्यताप्रसंगात्। शुद्धस्यैकान्तेन आत्मनो न कर्ममलकलङ्कावलेपः। सर्वथा निरञ्जनस्यात्। इति सर्वथैकान्तं नास्तीति ॥ २२६ ॥ अथ नित्यैकान्तेऽर्थक्रियाकारित्वं निरुणद्धि–

परिणामेण विहीणं णिच्चं दव्वं विणस्सदे णेवं[1]।
णो उप्पज्जेदि सया[2] एवं कज्जं कहं कुणदि ॥ २२७ ॥

[छाया–परिणामेन विहीनं नित्यं द्रव्यं विनश्यति नैव। न उत्पद्यते सदा एवं कार्यं कथं कुरुते ॥] नित्यं द्रव्यं ध्रौव्यं, जीवादिवस्तु सर्वथा अविनश्वरं वस्तु, परिणामेन उत्पादव्ययादिपर्यायेण विहीनं रहितं विमुक्तं वस्तु सत् नैव विनश्यति न विनाशं गच्छति। पूर्वपर्यायरूपेण विनश्यति चेत् तर्हि नित्यत्वं न स्यात्, सदा नोत्पद्यते। उत्तरपर्यायरूपेण नित्यं वस्तु नोत्पद्यते। उत्पद्यते चेत् तर्हि नित्यत्वं न स्यात्। यदि नित्यं वस्तु अर्थक्रियां न करोति तदा वस्तुत्वं न

विशेष रह सकता है और बिना विशेषके सामान्य रह सकता है। अतः दोनोंका ही अभाव हो जायेगा। तथा वस्तुको सर्वथा अनेकरूप माननेपर द्रव्यका अभाव हो जायेगा; क्योंकि उस अनेक रूपोंका कोई एक आधार आप नहीं मानते। तथा आधार और आधेयका ही अभाव हो जायेगा। क्योंकि सामान्यके अभावमें विशेष और विशेषके अभावमें सामान्य नहीं रह सकता। सामान्य और विशेषमें सर्वथा भेद मानने पर निराधार होनेसे विशेष कुछ भी क्रिया नहीं कर सकेंगे, और कुछ भी क्रिया न करनेपर द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा। सर्वथा अभेद माननेपर सब एक हो जायेंगे, और सबके एक होजाने पर अर्थक्रिया नहीं बन सकती। अर्थक्रियाके अभावमें द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा। इस तरह सर्वथा नित्य, सर्वथा अनित्य, सर्वथा एक, सर्वथा अनेक, सर्वथा भेद, सर्वथा अभेदरूप एकान्तोंके स्वीकार करनेपर वस्तुमें अर्थक्रिया नहीं बन सकती। तथा आत्माको सर्वथा अचेतन माननेसे चैतन्यका ही अभाव हो जायेगा। सर्वथा मूर्त माननेसे कभी उसे मोक्ष नहीं हो सकेगा। सर्वथा अमूर्त माननेसे संसारका ही लोप हो जायेगा। सर्वथा अनेक प्रदेशी माननेसे आत्मामें अर्थक्रियाकारित्व नहीं बनेगा; क्योंकि उस अवस्थामें घट पटकी तरह आत्माके प्रदेशभी पृथक् पृथक् हो सकेंगे और इस तरह आत्मा स्वभाव शून्य हो जायेगी। तथा आत्माको सर्वथा शुद्ध माननेसे कभी वह कर्ममलसे लिप्त नहीं हो सकेगी क्योंकि वह सर्वथा निर्मल है। इन कारणोंसे सर्वथा एकान्त ठीक नहीं है॥ २२६ ॥ अब सर्वथा नित्यमें अर्थक्रियाका अभाव सिद्ध करते हैं। **अर्थ**–परिणामसे रहित नित्य द्रव्य न तो कभी नष्ट हो सकता है और न कभी उत्पन्न हो सकता है। ऐसी अवस्थामें वह कार्य कैसे कर सकता है॥ **भावार्थ**– यदि वस्तुको सर्वथा ध्रुव माना जायेगा तो उसमें उत्पाद और व्ययरूप पर्याय नहीं हो सकेंगी। और उत्पाद तथा व्ययके न होनेसे वह वस्तु कभी नष्ट नहीं होगी। यदि उसकी पूर्व पर्यायका विनाश माना जायेगा तो वह सर्वथा नित्य नहीं रहेगी। इसी तरह उस वस्तुमें कभी भी नवीन पर्याय उत्पन्न नहीं होगी। यदि होगी तो वह नित्य नहीं ठहरेगी। और पूर्व पर्यायका विनाश तथा

---

१ क म स ग णेय। २ ब णउ उपज्जेदि सया, क स ग णो उप्पज्जदि सया, म णो उप्पजेदि सया।

व्यवतिष्ठते, खरविषाणवत्, बन्ध्यासुतवत्, गगनकुसुमवत्। एवम् अर्थक्रियाकारित्वाभावे नित्यम् आत्मादिवस्तु कथं कार्यं करोति चेत्, यत्कार्यं न करोति तदेव वस्तु न स्यात् ॥ २२७ ॥

पज्जय-मित्तं तच्चं विणस्सरं खणे खणे वि अण्णण्णं ।
अण्णइ-दव्व-विहीणं ण य कज्जं किं पि साहेदि ॥ २२८ ॥

[छाया-पर्यायमात्रं तत्त्वं विनश्वरं क्षणे क्षणे अपि अन्यत् अन्यत् । अन्वयिद्रव्यविहीनं न च कार्यं किम् अपि साधयति ॥] यदि तत्त्वं जीवादिवस्तु, पर्यायमात्रं मतिज्ञानादिपर्यायरूपं, जीवद्रव्यविहीनं मृद्रव्यविहीनं च, शिवकस्थासकोशकुसूलघटकपालादिरूपं, क्षणे क्षणेऽपि समये समयेऽपि, अन्योन्यं परस्परम् अन्वयिद्रव्यविहीनम्, अन्वयाः शिवकस्थासकोशकुसूलाद्यः ते विद्यन्ते यस्य तत अन्वयि तच्च तद्द्रव्यं च, तेन विहीनं जीवादिद्रव्यविहीनं विनश्वरं प्रतिसमयं विनाशि अङ्गीकियते चेत्, तर्हि तद्द्रव्यं किमपि कार्यं न साधयति । तदुक्तमष्टसहस्याम् । 'संतानः समुदायश्च साधर्म्यं च निरङ्कुशः । प्रेत्यभावश्च तत्सर्वं न स्यादेकत्वनिह्नवे ॥' इति ॥ २२८ ॥ अथ नित्यैकान्ते क्षणिकैकान्ते च कार्याभावं विभाव्यानेकान्ते कार्यकारणभावं विभावयति-

णवणव-कज्ज-विसेसा तीसुं वि कालेसु होंति वत्थूणं ।
एक्केक्कम्मि य समये पुव्वुत्तर-भावमासिज्ज ॥ २२९ ॥

[छाया-नवनवकार्यविशेषाः त्रिषु अपि कालेषु भवन्ति वस्तूनाम् । एकैकस्मिन् च समये पूर्वोत्तरभावमासाद्य ॥] वस्तूनां जीवादिद्रव्याणां पदार्थानां त्रिष्वपि कालेषु अतीतानागतवर्तमानसमयेषु नवनवकार्यविशेषाः

उत्तर पर्यायकी उत्पत्ति न होनेसे वह वस्तु कुछ भी कार्य न कर सकेगी; क्योंकि कुछभी कार्य करनेसे वस्तुमें परिणमन अवश्य होगा और परिणमनके होनेसे वस्तु सर्वथा नित्य नहीं रहेगी। अतः नित्य वस्तुमें अर्थक्रिया सम्भव नहीं है ॥ २२७ ॥ आगे सर्वथा क्षणिक वस्तुमें अर्थक्रियाका अभाव बतलाते हैं ॥ **अर्थ**–क्षण क्षणमें अन्य अन्य होने वाला पर्यायमात्र विनश्वर तत्त्व, अन्वयी द्रव्यके बिना कुछभी कार्य नहीं कर सकता ॥ **भावार्थ**–यदि नाना पर्यायोंमें अनुस्यूत एक द्रव्यको न मानकर केवल पर्यायमात्रको ही माना जायेगा अर्थात् मति ज्ञानादि पर्यायोंको ही माना जाये और जीव द्रव्यको न माना जाये, या मिट्टीको न माना जाये और स्थास, कोश, कुसूल, घट, कपाल आदि पर्यायोंको ही माना जाये तो बिना जीव द्रव्यके मत्यादि पर्याय और बिना मिट्टीके स्थास आदि पर्याय हो कैसे सकती है ? इसीसे आप्तमीमांसामें कहा है कि नाना पर्यायोंमें अनुस्यूत एकत्व को न माननेपर सन्तान, समुदाय, साधर्म्य, पुनर्जन्म वगैरह कुछ भी नहीं बन सकता। इसका खुलासा इस प्रकार है–एक वस्तुकी क्रमसे होने वाली पर्यायोंकी परम्पराका नाम सन्तान है। जब एकत्वको नहीं माना जायेगा तो एक सन्तान कैसे बन सकेगी ? जैसे एकत्व परिणामको न माननेपर एक स्कन्धके अवयवोंका समुदाय नहीं बन सकता वैसेही सदृश परिणामोंमें एकत्वको न माननेपर उनमें साधर्म्य भी नहीं बन सकता। इसी तरह इस जन्म और परजन्ममें रहने वाली एक आत्माको न माननेपर पुनर्जन्म नहीं बनता तथा देन लेनका व्यवहारभी एकत्वके अभावमें नहीं बन सकता; क्योंकि जिसने दिया और जिसने लिया वे दोनों तो उसी क्षण नष्ट हो गये, तब न कोई देनेवाला रहा और न कोई लेनेवाला रहा। अतः नित्यैकान्तकी तरह क्षणिकैकान्तमें भी अर्थक्रिया नहीं बनती ॥ २२८ ॥ आगे अनेकान्तमें कार्यकारणभावको बतलाते हैं। **अर्थ**–वस्तुओंमें तीनों ही कालोंमें प्रति समय पूर्व

---

१ ग अणइ-। २ ब-पुस्तके गाथेयं नास्ति। ३ ग तीस्सु। ४ म भावमासज्ज।

नूतननूतनपर्यायलक्षणकार्यविशेषा भवन्ति । किं कृत्वा । एकैकस्मिन् समये एकस्मिन् क्षणे क्षणे पूर्वोत्तरभावम् आश्रित्य पूर्वोत्तरभावं श्रित्वा कारणकार्यभावं समाश्रित्य ॥ २२९ ॥ अथ पूर्वोत्तरपरिणामयोः कारणकार्यभावं द्रढयति–

पुव्व-परिणाम-जुत्तं कारण-भावेण वट्टदे दव्वं ।
उत्तर-परिणाम-जुदं तं चिय कज्जं हवे णियमा ॥ २३० ॥

[छाया–पूर्वपरिणामयुक्तं कारणभावेन वर्तते द्रव्यम् । उत्तरपरिणामयुतं तत् एव कार्यं भवेत् नियमात् ॥] द्रव्यं जीवपुद्गलादिवस्तु, पूर्वपरिणामयुक्तं पूर्वपर्यायाविष्टं, कारणभावेन उत्तरभावकार्यस्य कारणभावेन उपादानकारणत्वेन वर्तते । यथा मृद्द्रव्यस्य मृत्पिण्डपर्यायः । उत्तरघटपर्यायस्योपादानकारणं तदेव द्रव्यम् उत्तरपरिणामयुक्तम् उत्तरपर्यायसहितं नियमात् कार्यं भवेत्, साध्यं स्यात् । यथा मृद्द्रव्यस्य मृत्पिण्डः उपादानकारणभूतः घटलक्षणं कार्यं जनयति ॥ २३० ॥ अथ जीवस्यानादिनिधनत्वं सामग्रीविशेषात् कार्यकारित्वं द्रढयति–

जीवो अणाई-णिहणो परिणममाणो हु णव-णवं भावं ।
सामग्गीसु पवट्टदि कज्जाणि समासदे पच्छा ॥ २३१ ॥

[छाया–जीवः अनादिनिधनः परिणममानः खलु नवनवं भावम् । सामग्रीषु प्रवर्तते कार्याणि समाश्रयते पश्चात् ॥] जीवः आत्मा, हु इति स्फुटम्, अनादिनिधनः आद्यन्तरहितः, सामग्रीषु द्रव्यक्षेत्रकालभवभावादिलक्षणासु प्रवर्तते । जीवः कीदृक् सन् । नवं नवं भावं नूतनं नूतनं नरनारकादिपर्यायरूपं परिणममानः सन् परिणतिं पर्यायं गच्छन् सन् वर्तते । पश्चात् कार्याणि उत्तरोत्तरपर्यायाम् समस्तान् प्राप्नोति करोतीत्यर्थः । यथा कश्चिज्जीवः नवं नवं देवादिपर्यायं

और उत्तर परिणामकी अपेक्षा नये नये कार्यविशेष होते हैं ॥ **भावार्थ**–वस्तुको सर्वथा क्षणिक अथवा सर्वथा नित्य न मानकर परिणामी नित्य माननेसे कार्यकारणभाव अथवा अर्थक्रिया बनती है; क्योंकि वस्तुत्वरूपसे ध्रुव होते हुए भी वस्तुमें प्रतिसमय एक पर्याय नष्ट होती और एक पर्याय पैदा होती है । इस तरह पूर्व पर्यायका नाश और उत्तर पर्यायका उत्पाद प्रति समय होते रहनेसे नये नये कार्य (पर्याय) होते रहते हैं ॥ २२९ ॥ आगे पूर्व परिणाम और उत्तर परिणामसे युक्त-द्रव्यमें कार्यकारणभावको दृढ़ करते हैं । **अर्थ**–पूर्व परिणामसे युक्त द्रव्य नियमसे कारण रूप होता है । और वही द्रव्य जब उत्तर परिणामसे युक्त होता है तब नियमसे कार्यरूप होता है ॥ **भावार्थ**–अनेकान्तरूप एक ही द्रव्यमें कार्यकारणभाव नियमसे बनता है । पूर्व परिणामसे युक्त वही द्रव्य कारण होता है । जैसे मिट्टीकी पिण्डपर्याय कारणरूप होती है । और वही द्रव्य जब उत्तर पर्यायसे युक्त होता है तो कार्यरूप होता है । जैसे घटपर्यायसे युक्त वही मिट्टी पूर्व पर्यायका कार्य होनेसे कार्यरूप है क्योंकि मृत्पिण्ड घटकार्यका उपादान कारण होता है । इस तरह अनेकान्तरूप परिणामी नित्य द्रव्यमें कार्य-कारणभाव नियमसे बन जाता है ॥ २३० ॥ आगे अनादिनिधन जीवमें कार्यकारणभावको दृढ़ करते हैं ॥ **अर्थ**–जीव द्रव्य अनादि निधन है । किन्तु वह नवीन नवीन पर्यायरूप परिणमन करता हुआ प्रथम तो अपनी सामग्रीसे युक्त होता है, पीछे कार्योंको करता है ॥ **भावार्थ**–जीव द्रव्य अनादि और अनन्त है अर्थात् न उसकी आदि है और न अन्त है । परन्तु अनादि अनन्त होते हुए भी वह सर्वथा नित्य नहीं है, किन्तु उसमें प्रति समय नई नई पर्याय उत्पन्न होती रहती हैं । नई नई पर्यायोंको उत्पन्न करनेके लिये प्रथम वह जीव द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव आदि रूप सामग्री से युक्त होता है फिर नई नई

१ ब अणाइ- । २ ब वि ।

परिणमिष्यमाणः (?) सन् सामग्रीषु जिनाचारसद्व्रतधारणसामायिकधर्मध्यानादिलक्षणासु प्रवर्तमानः पश्चात् देवादि-पर्यायान् समाश्रयति, तथा कश्चिज्जीवः नरनारकतिर्यक्पर्यायं परिणमिष्यमाणः सन् पुण्यपापादिसप्तव्यसनबह्वारम्भपरिग्रहादिमायाकूटकपटच्छलच्छद्मादिसामग्रीषु प्रवर्तमानः पश्चात् नरनारकतिर्यक्पर्यायान् प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ २३१ ॥ अथ जीवः स्वद्रव्यस्वक्षेत्रस्वकालस्वभावेषु स्थितः एव कार्यं विदधाति इत्यावेदयति–

स-सरूवत्थो जीवो कज्जं साहेदि वट्टमाणं पि ।
खेत्ते[1] एक्कम्मि[2] ठिदो णिय-दव्वे संठिदो चेव ॥ २३२ ॥

[छाया–स्वस्वरूपस्थः जीवः कार्यं साधयति वर्तमानम् अपि । क्षेत्रे एकस्मिन् स्थितः निजद्रव्ये संस्थितः चैव ॥] जीवः इन्द्रियादिद्रव्यप्राणैः सुखसत्ताचैतन्यबोधभावप्राणैश्चाजिजीवत् जीवति जीविष्यतीति जीवः कार्यं नूतननूतननर-नारकादिपर्यायं वर्तमानम्, अपिशब्दादतीतानागतं च, कार्यं साधयति निर्मिनोति निर्मापयति निष्पादयतीत्यर्थः । कथंभूतो जीवः । निजे द्रव्ये संस्थितः चेतनाविशिष्टस्वात्मद्रव्ये स्थितिं प्राप्तः सन् नात्मान्तरद्रव्ये संस्थित एवकारार्थः । एकस्मिन्नेव

पर्यायोंको उत्पन्न करता है। जैसे, कोई जीव देव पर्यायरूप परिणमन करनेके लिये पहले समीचीन व्रतोंका धारण, सामायिक, धर्मध्यान आदि सामग्रीको अपनाता है पीछे वर्तमान पर्यायको छोड़कर देवपर्याय धारण करता है। कोई जीव नारकी अथवा तिर्यञ्च पर्यायरूप परिणमन करनेके लिये पहले सात व्यसन, बहुत आरम्भ, बहुत परिग्रह, मायाचार कपट छल छद्म वगैरह सामग्रीको अपनाता है पीछे नारकी अथवा तिर्यञ्च पर्याय धारण करता है। इस तरह अनादि निधन जीवमें भी कार्यकारणभाव बन जाता है ॥ २३१ ॥ आगे कहते हैं कि जीव स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावमें स्थित रहकर ही कार्यको करता है। **अर्थ**–स्वरूपमें, स्वक्षेत्रमें, स्वद्रव्यमें और स्वकालमें स्थित जीव ही अपने पर्यायरूप कार्यको करता है ॥ **भावार्थ**–जो इन्द्रिय आदि द्रव्यप्राणोंसे या सुख सत्ता चैतन्य और ज्ञानरूप भाव प्राणोंसे जीता है, जिया था अथवा जियेगा उसे जीव कहते हैं। वह जीव नवीन नवीन नर नारक आदि रूप वर्तमान पर्यायका और 'अपि' शब्दसे अतीत और अनागत पर्यायोंका कर्ता है। अर्थात् वह स्वयं ही अपनी पर्यायोंको उत्पन्न करता है। किन्तु अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावमें स्थित होकर ही जीव अपनी पर्यायको उत्पन्न करता है। अर्थात् अपने चैतन्य स्वरूप आत्मद्रव्यमें स्थित जीव ही अपने कार्यको करता है, आत्मान्तरमें स्थित हुआ जीव स्वकार्यको नहीं करता। अपनी आत्मासे अवष्टब्ध क्षेत्रमें स्थित जीवही स्वकार्यको करता है, अन्य क्षेत्रमें स्थित जीव स्वकार्यको नहीं करता। अपने ज्ञान, दर्शन, सुख, सत्ता आदि स्वरूपमें स्थित जीवही अपनी पर्यायको करता है, पुद्गल आदि स्वभावान्तरमें स्थित जीव अपनी पर्यायको नहीं करता। तथा स्वकालमें वर्तमान जीव ही अपनी पर्यायको करता है, परकालमें वर्तमान जीव स्वकार्यको नहीं करता। आशय यह है कि प्रत्येक वस्तुका वस्तुपना दो बातोंपर निर्भर है– एक वह स्वरूपको अपनाये, दूसरे वह पररूपको न अपनाये। इन दोनोंके बिना वस्तुका वस्तुत्व कायम नहीं रह सकता। जैसे, स्वरूपकी तरह यदि पररूपसे भी वस्तुको सत् माना जायेगा तो चेतन अचेतन हो जायेगा। तथा पररूपकी तरह यदि स्वरूपसे भी वस्तुको असत् माना जायेगा तो वस्तु सर्वथा शून्य हो जायेगी। स्वद्रव्यकी तरह परद्रव्यसे भी यदि वस्तुको सत् माना

१ क म स ग खित्ते। २ ब ल स ग एकम्मि।

क्षेत्रे स्वात्मावष्टब्धक्षेत्रशरीरे नान्यक्षेत्रान्तरे । पुनः कथंभूतः । स्वस्वरूपस्थः स्वस्वरूपे ज्ञानदर्शनसुखसत्तादिस्वस्वरूपे स्थित एव, न परस्वरूपे स्थितः, न पुद्गलादिस्वभावान्तरे स्थितः । अपिशब्दात् स्वकाले वर्तमान एव न तु परकाले । अत एव स्वद्रव्यस्वक्षेत्रस्वकालस्वभावेषु स्थित एवात्मा स्वस्वपर्यायादिलक्षणानि कार्याणि करोतीति तात्पर्यम् ॥ २३२ ॥ ननु यथा स्वस्वरूपस्थो जीवः कार्याणि कुर्यात् तथा परस्वरूपस्थोऽपि किं न कुर्यादिति परोक्तिं दूषयति–

स-सरूवत्थो जीवो अण्ण-सरूवम्मि[1] गच्छदे जदि हि ।
अण्णोण्ण-मेलणादो एक्क-सरूवं हवे सव्वं ॥ २३३ ॥

[छाया–स्वस्वरूपस्थः जीवः अन्यस्वरूपे गच्छेत् यदि हि । अन्योन्यमेलनात् एकस्वरूपं भवेत् सर्वम् ॥] हीति स्फुटम् । जीवः आत्मा स्वस्वरूपस्थः चेतनादिलक्षणे स्वस्वरूपे स्थितः सन्, अन्यस्वरूपे पुद्गलादीनामचेतनस्वभावे गच्छेत्

जायेगा तो द्रव्योंकी निश्चित संख्या नहीं रहेगी। तथा परद्रव्यकी तरह स्वद्रव्यकी अपेक्षाभी यदि वस्तुको असत् माना जायेगा तो सब द्रव्य निराश्रय हो जायेंगे। तथा स्वक्षेत्रकी तरह परक्षेत्रसे भी यदि वस्तुको सत् माना जायेगा तो किसी वस्तुका प्रतिनियत क्षेत्र नहीं रहेगा। और पर क्षेत्रकी तरह स्वक्षेत्रसे भी यदि वस्तुको असत् माना जायेगा तो वस्तु निःक्षेत्र हो जायेगी। तथा स्वकालकी तरह परकालसे भी यदि वस्तुको सत् माना जायेगा तो वस्तुका कोई प्रतिनियत काल नहीं रहेगा। और परकालकी तरह स्वकालसे भी यदि वस्तुको असत् माना जायेगा तो वस्तु किसी भी कालमें नहीं रहेगी। अतः प्रत्येक वस्तु स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावमें स्थित रहकर ही कार्यकारी होती है। सारांश यह है कि प्रत्येक वस्तु चार भागोंमें विभाजित है। वे चार भाग हैं द्रव्य, द्रव्यांश, गुण और गुणांश। [इन चारोंकी विशेष चर्चाके लिये पञ्चाध्यायी पढ़ना चाहिये। अनु०] अनन्त गुणोंके अखण्ड पिण्डको तो द्रव्य कहते हैं। उस अखण्ड पिण्डरूप द्रव्यकी प्रदेशोंकी अपेक्षा जो अंश कल्पना की जाती है उसे द्रव्यांश कहते हैं। द्रव्यमें रहनेवाले गुणोंको गुण कहते हैं। और उन गुणोंके अंशोंको गुणांश कहते हैं। प्रत्येक वस्तुमें ये ही चार बातें होती हैं। इनको छोड़कर वस्तु और कुछ भी नहीं है। इन्हीं चारोंकी अपेक्षा एक वस्तु दूसरी वस्तुसे जुदी मानी जाती है। इन्हें ही स्वचतुष्टय कहते हैं। स्वचतुष्टयसे स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव लिये जाते हैं। अनन्त गुणोंका अखण्ड पिण्डरूप जो द्रव्य है वही स्वद्रव्य है। वह द्रव्य अपने जिन प्रदेशोंमें स्थित है वही उसका स्वक्षेत्र है। उसमें रहनेवाले गुणही उसका स्वभाव है। और उन गुणोंकी पर्याय ही स्वकाल है। अर्थात् द्रव्य, द्रव्यांश, गुण और गुणांश ही वस्तुके स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव हैं। वस्तुका स्वद्रव्य उसके अनन्तगुण रूप अखण्ड पिण्डके सिवा दूसरा नहीं है। वस्तुका क्षेत्र उसके प्रदेशही हैं, न कि जहाँ वह रहती है। उस वस्तुके गुण ही उसका स्वभाव हैं और उन गुणोंकी कालक्रमसे होनेवाली पर्याय ही उसका स्वकाल है। प्रत्येक वस्तुका यह स्वचतुष्टय जुदा जुदा है। इस स्वचतुष्टयमें स्थित द्रव्य ही अपनी अपनी पर्यायोंको करता है ॥ २३२ ॥ जैसे स्वरूपमें स्थित जीव कार्यको करता है वैसे पररूपमें स्थित जीव कार्यको क्यों नहीं करता? इस शङ्काका समाधान करते हैं। **अर्थ**–यदि स्वरूपमें स्थित जीव परस्वरूपमें चला जावे तो परस्परमें मिलजानेसे सब द्रव्य एक

---

१ क सरूवम्मि। २ ब स एक, म इक्क(?)।

प्राप्नुयात् परद्रव्यक्षेत्रकालभावचतुष्टयस्वरूपं प्राप्नुयादिति यदि चेत्तर्हि सर्वं द्रव्यम् अन्योन्यसंश्लेषात् एकस्वरूपं भवेत्। यदि चेतनद्रव्यम् अचेतनरूपेण परिणमति, अचेतनद्रव्यं चेतनद्रव्येण परिणमति, तदा सर्वं द्रव्यम् एकात्मकम् एकस्वरूपं स्यात्। तथा चोक्तम्। 'सर्वस्योभयरूपत्वे तद्विशेषनिराकृते। नोदितो दधि खादेति किमुष्ट्रं नाभिधावति' ॥ २३३ ॥ अथ ब्रह्माद्वैतवादिनं दूषयति-

अहवा बंभ-सरूवं एक्कं सव्वं पि मण्णदे[1] जदि हि।
चंडाल-बंभणाणं तो ण विसेसो हवे को वि[2] ॥ २३४ ॥

[छाया-अथवा ब्रह्मस्वरूपम् एकं सर्वम् अपि मन्यते यदि हि। चाण्डालब्राह्मणानां ततः न विशेषः भवेत् कः अपि ॥] अथवा सर्वमपि जगत् ब्रह्मस्वरूपम् एकं मन्यते, एकमेव ब्रह्ममयं विश्वं स्वीकुरुते। 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म।' 'नेह नानास्ति किंचन।' 'आरामं तस्य पश्यति न तं पश्यति कश्चन।' इति श्रुतेः। इति सर्वं ब्रह्ममयं च यदि चेत् मन्यते तो तर्हि तेषां ब्रह्माद्वैतवादिनां कोऽपि चाण्डालब्राह्मणानां विशेषो न भवेत्। यदि चाण्डालोऽपि ब्रह्ममयः ब्राह्मणोऽपि चाण्डालमय. तर्हि तयोर्भेद. कथमपि न स्यात्। अथ अविद्यापरिकल्पितोऽयं भेद इति चेन्न, साविद्या ब्रह्मणः सकाशात् भिन्नाऽभिन्ना वा, एकानेका, सद्रूपासद्रूपा वा, इत्यादिस्वरूपेण विचार्यमाणा न व्यवतिष्ठते ॥ २३४ ॥ अथातो व्यापकं द्रव्यं मा भवतु, अणुमात्रं तत्त्वं भविष्यतीति वादिनं निराकरोति ॥

अणु-परिमाणं तच्चं अंस-विहीणं च मण्णदे जदि हि।
तो संबंध-अभावो[3] तत्तो वि ण कज्ज-संसिद्धी[4] ॥ २३५ ॥

स्वरूप होजायेगे ॥ **भावार्थ**–यदि अपने चैतन्य स्वरूपमें स्थित जीव चैतन्य स्वरूपको छोड़कर पुद्गल आदि द्रव्योंके अचेतन स्वरूप हो जाये अर्थात् परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और पर भावको अपनाले तो सब द्रव्योंका कोई निश्चित स्वरूप न होनेसे सब एकरूप होजायेंगे। चेतन द्रव्य अचेतन रूप होजायेगा और अचेतन द्रव्य चेतन रूप होजायेगा और ऐसा होनेसे जब सब वस्तु सब रूप होजायेंगी और किसी वस्तुका कोई विशेष धर्म नहीं रहेगा तो किसी मनुष्यसे यह कहनेपर कि 'दही खाओ' वह ऊँटको भी खानेके लिये दौड़ पड़ेगा। क्यों कि उस अवस्थामें दही और ऊँटमें कोई भेद नहीं रहेगा। अतः स्वरूपमें स्थित वस्तु ही कार्यकारी है ॥ २३३ ॥ आगे ब्रह्माद्वैतवादमें दूषण देते हैं। **अर्थ**–अथवा यदि सभी वस्तुओको एक ब्रह्म स्वरूप माना जायेगा तो चाण्डाल और ब्राह्मणमें कोई भेद नहीं रहेगा। **भावार्थ**–ब्रह्माद्वैतवादी समस्त जगतको एक ब्रह्मस्वरूप मानते हैं। श्रुतिमें लिखा है–'इस जगतमें एक ब्रह्म ही है, नानात्व बिल्कुल नहीं है। सब उस ब्रह्मकी पर्यायोंको ही देखते हैं। किन्तु उसे कोई नहीं देखता'। इस प्रकार यदि समस्त जगत एक ब्रह्ममय है तो चाण्डाल और ब्राह्मणमें कोई भेद नहीं रहेगा क्योंकि ब्राह्मण भी ब्रह्ममय है और चाण्डाल भी ब्रह्ममय है। शायद कहा जाये कि यह भेद अविद्याके द्वारा कल्पित है, वास्तविक नहीं है। तो वह अविद्या ब्रह्मसे भिन्न है अथवा अभिन्न है, एक है अथवा अनेक है, सद्रूप है अथवा असद्रूप है इत्यादि अनेक प्रश्न उत्पन्न होते हैं। यदि अविद्या ब्रह्मसे भिन्न है तो अद्वैतवाद नहीं रहता और यदि अविद्या ब्रह्मसे अभिन्न है तो ब्रह्म भी अविद्याकी तरह काल्पनिकही ठहरेगा। तथा अद्वैतवादमें कर्ता कर्म पुण्य पाप, इहलोक परलोक, बन्ध मोक्ष, विद्या अविद्या आदि भेद नहीं बन सकते। अतः जगत्को सर्वथा एक रूप मानना उचित नहीं है ॥ २३४ ॥ कोई कहता है कि एक व्यापक द्रव्य न

१ ब मण्णिदे, स मण्णइ। २ ल ग कोइ। ३ ल म स ग संबंधाभावो। ४ ल स ग संसिद्धि।

[छाया-अणुपरिमाणं तत्त्वम् अंशविहीनं च मन्यते यदि हि । तत् संबन्धाभावः ततः अपि न कार्यसंसिद्धिः ॥] हीति स्फुटम् । यदि तत्त्वं जीवादिवस्तु । किंभूतम् । अणुपरिमाणं परमाणुमात्रम् । पुनः किंभूतं जीवतत्त्वम् । अंशविहीनं, निरंशं खण्डरहितं मन्यते अङ्गीक्रियते भवद्भिः, तो तर्हि संबन्धाभावः आत्मनः सर्वाङ्गेण सह संबन्धो न स्यात्, अथ संबन्धो मा भवतु, तर्हि सर्वाङ्गे जायमानं सुखं दुःखं वेदनास्पर्शनादिजं ज्ञानं कथमनुभवत्यात्मा, ततो ततः संबन्धाभावात् कार्यसंसिद्धिरपि कार्याणां सुखदुःखपुण्यपापेहलोकपरलोकादिलक्षणानां संसिद्धिः प्राप्तिः निष्पत्तिर्न सिद्धिर्वा न भवेत् । आत्मनः शरीरात् सर्वथा भिन्नत्वात् । शरीरेण क्रियमाणानां यजनयाजनाध्ययनाध्यापनदानतपश्चरणादीनां अत्यन्तभिन्नत्वात् । ततः क्रियमाणफलं आत्मनः लभते इति सर्वं सुस्थम् ॥ २३५ ॥ अथ द्रव्यस्य एकत्वमनेकत्वं निश्चिनोति-

सव्वाणं दव्वाणं दव्व-सरूवेण होदि एयत्तं ।
णिय-णिय-गुण-भेएण हि सव्वाणि वि होंति भिण्णाणि ॥ २३६ ॥

[छाया-सर्वेषां द्रव्याणां द्रव्यस्वरूपेण भवति एकत्वम् । निजनिजगुणभेदेन हि सर्वाणि अपि भवन्ति भिन्नानि ॥] निजनिजप्रदेशसमूहैरखण्डवृत्त्या स्वभावविभावपर्यायान् द्रवन्ति द्रोष्यन्ति अदुद्रुवन्निति द्रव्याणि । सर्वेषां द्रव्याणां जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालानां पदार्थानां वस्तूनां द्रव्यस्वरूपेण द्रव्यत्वेन गुणपर्यायेण सह एकत्वं भवति, कथंचित् अभिन्नत्वं स्यात् । यथा मृद्द्रव्यस्य घटादिपर्यायः रूपादिगुणः तौ द्वौ घटात् पृथक्कर्तुं न शक्यते । तेषां मृद्द्रव्यघटरूपादीनां स्यादेकत्वम् । तथा जीवद्रव्यादीनां ज्ञातव्यम् । सर्वाण्यपि द्रव्याणि सत्तापेक्षया द्रव्यत्वसामान्यापेक्षया च एकानि अपि पुनः सर्वाण्यपि द्रव्याणि निजनिजगुणभेदेन कथंचिद्भिन्नानि पृथग्भूतानि भवन्ति । अथवा सर्वाण्यपि द्रव्याणि चेतनाचेतनादिभिर्गुणैः कथंचित्परस्परं भिन्नानि भवन्ति । यथा मृद्द्रव्यं भिन्नम्, घटपर्यायो भिन्नः, रूपादिगुणो भिन्नः । अन्यथा इदं मृद्द्रव्यम्, अयं घटः, अयं रूपादिगुणः इति वक्तुं न पार्यते । इति तेषां स्याद्भिन्नत्वम् । तथा च सहभुवो

मानकर यदि तत्त्वको अणुरूप माना जाये तो क्या हानि है? उसका निराकरण करते हैं । **अर्थ**— यदि अणुपरिमाण निरंश तत्त्व माना जायेगा तो सम्बन्धका अभाव होनेसे उससे भी कार्यकी सिद्धि नहीं हो सकती ॥ **भावार्थ**—यदि आत्माको निरंश और एक परमाणुके बराबर माना जायेगा तो अणु बराबर आत्माका समस्त शरीरके साथ सम्बन्ध नहीं हो सकेगा । और समस्त शरीरके साथ सम्बन्ध न होनेसे सर्वाङ्गमें होनेवाले सुख दुःख आदिका ज्ञान आत्माको नहीं हो सकेगा । तथा उसके न होनेसे सुख, दुःख, पुण्य, पाप, इहलोक परलोक आदि नहीं बनेंगे । क्योंकि आत्मा शरीरसे किये जाने वाले पूजन पाठ, पठन पाठन, तपश्चरणवगैरहका अनुभव नहीं कर सकता । अतः उनका फल भी उसे नहीं मिल सकता ॥ २३५ ॥ आगे द्रव्यको एक और अनेक सिद्ध करते हैं । **अर्थ**— द्रव्यरूपकी अपेक्षा सभी द्रव्य एक हैं । और अपने अपने गुणोंके भेदसे सभी द्रव्य अनेक हैं ॥ **भावार्थ**—जो अपने गुण पर्यायोंको प्राप्त करता है, प्राप्त करेगा और प्राप्त करता था उसे द्रव्य कहते हैं । वे द्रव्य छः हैं—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल । सभी द्रव्य द्रव्यरूपसे एक एक हैं, जैसे घटादि पर्याय और रूपादि गुणोंका समुदाय रूप मृद्द्रव्य मिट्टीरूपसे एक है। इसी तरह जीवादि सब द्रव्योंको द्रव्यरूपसे एक जानना चाहिये । तथा सभी द्रव्य अपने २ गुण पर्यायोंके भेदसे नाना हैं क्योंकि प्रत्येक द्रव्यमें अनेक गुण और पर्याय होती हैं । जैसे मृद्द्रव्य घटादि पर्यायों और रूपादि गुणोंके भेदसे अनेक रूप हैं । यदि द्रव्य गुण और पर्यायमें भेद न होता तो यह मिट्टी है, यह घट है और ये रूपादि गुण हैं' ऐसा भेदव्यवहार नहीं हो सकता था । अतः

गुणाः । गुण्यते पृथक्क्रियते द्रव्यं द्रव्यात् यैस्ते गुणाः । जीवस्य चैतन्यज्ञानादिगुणः, पुद्गलस्य रूपरसगन्धस्पर्शादिगुणः, धर्मस्य गतिलक्षणो गुणः, अधर्मस्य स्थितिलक्षणो गुणः, आकाशस्य अवकाशदानगुणः, कालस्य नवजीर्णतादिगुणः । स्वस्वगुणभेदेन पृथक्त्वेन षड्द्रव्याणि पृथग्भूतानि भवन्तीत्यर्थः ॥ २३६ ॥ अथ द्रव्यस्य गुणपर्यायस्वभावत्वं दर्शयति-

जो अत्थो पडिसमयं उप्पाद-वय-धुवत्त-सब्भावो ।
गुण-पज्जय-परिणामो[1] सो संतो[2] भण्णदे समए ॥ २३७ ॥

[छाया-यः अर्थः प्रतिसमयम् उत्पादव्ययध्रुवत्वस्वभावः । गुणपर्यायपरिणामः स सत् भण्यते समये ॥] यः अर्थः जीवपुद्गलादिपदार्थं वस्तु द्रव्यं, प्रतिसमयं समयं समयं प्रति, उत्पादव्ययध्रौव्यैः सद्भावः अस्तित्वं स अर्थः पदार्थः वस्तु द्रव्यं समये सिद्धान्ते गुणपर्यायपरिणामः गुणपर्यायात्मकः सन्तो सत् सद्रूपः भण्यते कथ्यते । सद्द्रव्यलक्षणं सीदति स्वकीयान् गुणपर्यायान् व्याप्नोति इति सत् । 'उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्' । तथा सूत्रोक्तं च । चेतनद्रव्यस्य अचेतनद्रव्यस्य वा निजां जातिम् अमुञ्चतः कारणवशात् भवान्तरप्राप्तिः उत्पादनम् उत्पादः । यथा मृत्पिण्डविघटने घटपर्याय उत्पद्यते । पूर्वभावस्य व्ययनं विगमनं विनशनं व्ययः उच्यते । यथा घटपर्यायोत्पत्तौ सत्यां मृत्पिण्डाकारस्य व्ययो भवति । अनादि-पारिणामिकस्वभावेन निश्चयनयेन वस्तु न व्येति न चोदेति किंतु ध्रुवति स्थिरीसंपद्यते यः स ध्रुवः, तस्य भावः कर्म वा ध्रौव्यमुच्यते । यथा मृत्पिण्डस्य व्ययेऽपि घटपर्यायोत्पत्तावपि मृत्तिका मृत्तिकान्वयं न मुञ्चति, एवं पर्यायस्योत्पादे व्यये च जातेऽपि सति वस्तु ध्रुवत्वं न मुञ्चति । उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं गुणपर्यायात्मकं गुणाः ज्ञानादयः पर्यायाः पूर्वभावं मुक्त्वा उत्तरं भावं प्राप्ताः तत्स्वरूपं द्रव्यं कथ्यते । तथा च शुद्धजीवः स्वयमेव द्रव्यं द्रव्यभावकर्मनोकर्मरहितः केवल-ज्ञानदर्शनशुद्धगुणः लोकप्रमाणोऽखण्डप्रदेशशुद्धपर्यायः, उत्पादः अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणवृद्ध्या, व्ययः तस्य षड्गुणहान्या च ध्रुवः स्वभावेन शाश्वतः, अशुद्धजीवः संसारी कर्मादियुक्तः स्वयमेव द्रव्यं मतिज्ञानादिगुणः कुमत्यादिअशुद्धगुणः नरनारकादिपर्यायः पूर्वशरीरं मुक्त्वा उत्तरशरीरं गृह्णाति उत्पादः, त्यक्तमनुष्यादिशरीरः व्ययः, द्रव्यत्वे ध्रौव्यं च । सिद्धः निष्कलो द्रव्यं, सम्यक्त्वाद्यष्टगुणः किंचिदूनचरमशरीरप्रमाणपर्यायः, उत्पादः अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणवृद्ध्या, व्ययः तस्य षड्गुणहान्या, ध्रौव्यं द्रव्यस्वभावेन शाश्वतः । शुद्धपुद्गलद्रव्यम् अविभागी परमाणुः, स्पर्शरसगन्धवर्णलक्षणो गुणः,

द्रव्यमें और गुण पर्यायमें कथंचित् भेद और कथंचित् अभेद होता है । इस लिये द्रव्यसे अभिन्न होनेके कारण गुण पर्यायभी एकरूप होते हैं । और गुण पर्यायोंसे अभिन्न होनेके करण द्रव्य अनेक होता है ॥ २३६ ॥ आगे द्रव्यको गुणपर्याय स्वभाववाला बतलाते हैं । **अर्थ**–जो वस्तु प्रतिसमय उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य स्वभावी है उसे ही आगममें गुणपर्याय वाली और सत् कहा है ॥ **भावार्थ**–तत्त्वार्थ सूत्रमें द्रव्यका लक्षण सत् कहा है । जो सत् है वही द्रव्य है । तथा सत् का लक्षण उत्पाद व्यय और ध्रौव्य बतलाया है यानी जो प्रतिसमय उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे युक्त होता है वही सत् है । अपनी जातिको न छोड़ते हुए चेतन अथवा अचेतन द्रव्यमें कारणोंकी वजहसे जो नई पर्याय उत्पन्न होती है उसे उत्पाद कहते हैं । जैसे मिट्टीका पिण्ड अपनी जाति मिट्टीपनेको न छोड़ते हुए दण्ड, चक्र और कुम्हारका संयोग मिलनेपर पिण्ड पर्यायको छोड़कर घट पर्यायको अपनाता है । पूर्व पर्यायके नष्ट होनेको व्यय कहते हैं । जैसे मृत्पिण्डमें घट पर्यायके उत्पन्न होनेपर पिण्ड पर्याय नष्ट हो जाती है । और मूल तत्त्वके स्थिर रहनेको ध्रुव कहते हैं और ध्रुवके भावका नाम ध्रौव्य है । जैसे मिट्टीपना पिण्ड अवस्थाकी तरह घट अवस्थामें भी कायम रहता है । ये उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य प्रत्येक द्रव्यमें प्रति समय होते हैं । तथा द्रव्यका दूसरा लक्षण गुण पर्याय वाला है । जो गुण और पर्याय वाला होता है वही द्रव्य है । ये

१ छ ग परिणामो सतो भण्णते । २ म सत्तो ।

घणुकादिस्कन्धः पर्यायः। यत्परमाणूनामेकत्र मिलनं स उत्पादः, यत्परमाणूनां पृथग्भवनं स व्ययः। स्कन्धोत्पत्तिविनाशौ उत्पादव्ययौ इत्यर्थः। पृथक्परमाणुस्वरूपेण ध्रौव्यम्। धर्मः द्रव्यं, स्वयमेव गतिसहायलक्षणो गुणः, लोकप्रमाणपर्यायः, पुद्गलजीवयोः गत्या उत्पादः, तयोः स्थित्या व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रौव्यम्, अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहान्या वृद्ध्या च उत्पादव्ययाविति। अधर्मः द्रव्यम्, स्थितिसहायलक्षणो गुणः, लोकप्रमाणपर्यायः, पुद्गलजीवयोः स्थित्या उत्पादः, तयोर्जीवपुद्गलयोः गत्या व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रुवत्वम्, अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहान्या वृद्ध्या च उत्पादव्ययौ। आकाशं द्रव्यम्, स्वयम् अवकाशदानलक्षणो गुणः लोकेऽलोके च व्याप्तित्वपर्यायः, घटाद्याकाशस्य उत्पादः, तदा पटाद्याकाशस्य व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रौव्यम् अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहानिवृद्ध्या उत्पादव्ययौ। कालः द्रव्यं कालाणुरूपः, नवजीर्णताकरणलक्षणो गुणः, समयमुहूर्तदिनपक्षमासवर्षादिरूपः पर्यायः, एकसमयोत्पत्तौ उत्पादः, उत्पादपूर्वसमये गते व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रौव्यम्, अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहान्या वृद्ध्या उत्पादव्ययौ इति ॥ २३७ ॥ अथ जीवादिद्रव्यस्य व्ययोत्पादौ कौ इत्युक्ते प्राह–

'पडिसमयं परिणामो पुव्वो णस्सेदि जायदे अण्णो ।
वत्थु-विणासो पढमो उववादो भण्णदे बिदिओ' ॥ २३८ ॥

[छाया–प्रतिसमयं परिणामः पूर्वः नश्यति जायते अन्यः। वस्तुविनाशः प्रथमः उपपादः भण्यते द्वितीयः ॥] प्रतिसमयं समयं समयं प्रति, परिणामः पूर्वः पूर्वपरिणामः प्रथमपर्यायः, यथा मृद्द्रव्यस्य घटलक्षणः नश्यति विनश्यति अन्यः द्वितीयः परिणामः पर्यायः कपालमालादिलक्षणः जायते उत्पद्यते, तत्र तयोर्मध्ये प्रथमः आद्यो वस्तुविनाशः व्यय इत्यर्थः। ननु वस्तुनो विनाशः तर्हि सौगतमतप्रसंगः स्यात् इति चेन्न। वस्तुशब्देन वस्तुपर्यायस्यैव ग्रहणात्, पर्यायपर्यायिणोरभेदोपचारात् उत्पत्तिलक्षणः द्वितीयः उत्पादो भण्यते। पूर्वभावस्य व्ययनं विगमनं विनशनं व्ययः, द्रव्यस्य निजां जातिमजहतः निमित्तवशात् भावान्तरप्राप्तिः उत्पादनम् उत्पादः इति द्वयोर्निरुक्तिः ॥२३८॥ अथ द्रव्यस्य ध्रुवत्वं निश्चिनोति–

दोनों लक्षण वास्तवमें दो नहीं हैं किन्तु दो तरहसे एकही बातको कहते हैं। गुण और पर्यायोंके समुदायका नाम द्रव्य है। यदि प्रत्येक द्रव्यसे उसके गुण और पर्यायोंको किसी रीतिसे अलग किया जा सके तो कुछ भी शेष न रहेगा। अतः गुण और पर्यायोंके अखण्ड पिण्डका नाम ही द्रव्य है। उसमें गुण ध्रुव होते हैं और पर्याय एक जाती और एक आती है। जैसे सोनेके कड़े अंगूठी और हार वगैरह जेवर बनानेपर भी उसका पीतता गुण कायम रहता है और कड़ा पर्याय नष्ट होकर अंगूठी पर्याय उत्पन्न होती है तथा अंगूठी पर्यायको नष्ट करके हार आदि पर्याय उत्पन्न होती है। अतः द्रव्य गुणवाला होता है या द्रव्य ध्रुव होता है ऐसा कहनेमें कोई अन्तर नहीं है। इसी तरह द्रव्य पर्यायवाला होता है अथवा उत्पादव्ययुक्त द्रव्य होता है इस कथनोंमें भी कोई अन्तर नहीं है। इसीसे ग्रन्थकारने यह कहा है कि जो द्रव्य उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य स्वभाव है वही गुणपर्याय स्वभाव है ॥ २३७ ॥ आगे द्रव्योंमें उत्पाद व्ययको बतलाते हैं। **अर्थ**–प्रति समय वस्तुमें पूर्व पर्यायका नाश होता है और अन्य पर्यायकी उत्पत्ति होती है। इनमेंसे पूर्व परिणामरूप वस्तुका नाश तो व्यय है और अन्य परिणामरूप वस्तुका उत्पन्न होना उत्पाद है। **भावार्थ**–वस्तु तो न उत्पन्न होती है और न नष्ट होती है। किन्तु वस्तुकी पर्याय नष्ट होती और उत्पन्न होती है। तथा पर्याय वस्तुसे अभिन्न है इसलिये पर्यायके नाश और उत्पादको वस्तुका नाश और उत्पाद कहा

---

१ ब-पुस्तके णउ उप्पज्जदि इत्यादि गाथा प्रथम तदनन्तरं पडिसमयं इत्यादि। २ ब भण्णइ विदिउ।

णो[1] उप्पज्जदि जीवो दव-सरूवेण णेव[2] णस्सेदि ।
तं चेव दव-मित्तं णिच्चत्तं जाण[3] जीवस्स ॥ २३९ ॥

[छाया-न उत्पद्यते जीव द्रव्यस्वरूपेण नैव नश्यति । तत् एव द्रव्यमात्रं नित्यत्वं जानीहि जीवस्य ॥] जाण जानीहि, जीवस्य आत्मनः तं चेव तदेव द्रव्यमात्रं सत्तास्वरूपं नित्यत्वं ध्रुवत्वं विद्धि त्वम् । जीवः द्रव्यस्वरूपेण सत्तास्वरूपेण ध्रुवत्वेन जीवत्वेन पारिणामिकभावेन वा न उत्पद्यते न च नश्यति । उत्पादव्ययौ जीवस्य भण्येते चेत् तर्हि नूतनतत्त्वोत्पत्तिः स्वाङ्गीकृततत्त्वविनाशश्च जायते इति तात्पर्यम् । अनादिपारिणामिकभावेन निश्चयनयेन वस्तु न व्येति न चोदेति किंतु ध्रुवति स्थिरीसंपद्यते यः स ध्रुव· तस्य भाव. कर्म वा ध्रौव्यम् इति ॥ २३९ ॥ अथ द्रव्यपर्याययोः स्वरूपं व्यनक्ति-

अण्णइ-रूवं दवं विसेस-रूवो हवेइ पज्जावो[4] ।
दवं पि विसेसेण हि उप्पज्जदि णस्सदे सददं ॥ २४० ॥

[छाया-अन्वयिरूपं द्रव्यं विशेषरूपः भवति पर्यायः । द्रव्यम् अपि विशेषेण हि उत्पद्यते नश्यति सततम् ॥] द्रव्यं जीवादिवस्तु अन्वयिरूपम् अन्वया· नरनारकादिपर्याया· विद्यन्ते यस्य तत् अन्वयि तदेव रूपं स्वरूपं यस्य तत् । तथोक्तम् । द्रवति द्रोष्यति अदुद्रुवत् स्वगुणपर्यायान् इति द्रव्यम् । स्वभावविभावपर्यायरूपतया परि समन्तात् याति परि· गच्छति परिप्राप्नोति परिणमतीति यः स पर्याय. स्वभावविभावपर्यायरूपतया परिप्राप्तिरित्यर्थः । अथवा पर्येति समये

जाता है ॥ २३८ ॥ आगे द्रव्योंमें ध्रुवत्वको बतलाते है । **अर्थ**—द्रव्य रूपसे जीव न तो नष्ट होता है और न उत्पन्न होता है अतः द्रव्यरूपसे जीवको नित्य जानो ॥ **भावार्थ**—जीव द्रव्य अथवा कोई भी द्रव्य न तो उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है । यदि द्रव्यका नाश और द्रव्यका ही उत्पाद माना जाये तो माने गये छः द्रव्योका नाश हो जायेगा और अनेक नये नये द्रव्य उत्पन्न हो जायेंगे । अतः अपने अनादि पारिणामिक स्वभावसे न तो कोई द्रव्य नष्ट होता है और न कोई नया द्रव्य उत्पन्न होता है । किन्तु सब द्रव्य स्थिर रहते हैं । इसीका नाम ध्रौव्य है । जैसे मृत्पिण्डका नाश और घट पर्यायकी उत्पत्ति होने पर भी मिट्टी ध्रुव रहती है । इसी तरह एक पर्यायका उत्पाद और पूर्व पर्यायका नाश होनेपर भी वस्तु ध्रुव रहती है । यह उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य ही द्रव्यका स्वरूप है ॥ २३९ ॥ आगे द्रव्य और पर्यायका स्वरूप बतलाते हैं । **अर्थ**—वस्तुके अन्वयीरूपको द्रव्य कहते हैं और विशेषरूपको पर्याय कहते हैं । विशेष रूपकी अपेक्षा द्रव्य भी निरन्तर उत्पन्न होता और विनष्ट होता है ॥ **भावार्थ**—वस्तुकी प्रत्येक दशामें जो रूप बराबर अनुस्यूत रहता है वही अन्वयी रूप है, और जो रूप बदलता रहता है वह विशेष रूप है । जैसे जीवकी नर नारक आदि पर्याय तो आती जाती रहती हैं और जीवत्व उन सबमें बराबर अनुस्यूत रहता है । अतः जीवत्व जीवका अन्वयी रूप है और नर नारक आदि विशेषरूप है । जब किसी बालकका जन्म हुआ कहा जाता है तो वह वास्तवमें मनुष्य पर्यायका जन्म होता है, किन्तु वह जन्म जीव ही लेता है इस लिये उसे जीवका जन्म कहा जाता है । वास्तवमें जीव तो अजन्मा है । इसी तरह जब कोई मरता है तो वास्तवमें उसकी वह पर्याय छूट जाती है । इसीका नाम मृत्यु है । किन्तु जीव तो सदा अमर है । अतः पर्यायकी अपेक्षा द्रव्य सदा उत्पन्न होता और विनष्ट होता है किन्तु द्रव्यत्वकी

१ ब ण उ । २ छ म स ग णेय । ३ ब जाणि । ४ छ म स ग पज्जाओ (उ) ।

समये उत्पादं विनाशं च गच्छतीति पर्यायः वा क्रमवर्ती पर्ययः पर्यायस्य व्युत्पत्तिः । पर्यायः विशेषरूपो भवेत् । विशेष्यं द्रव्यं विशेषः पर्यायः । हीति यस्मात्, सततं निरन्तरं द्रव्यमपि विशेषेण पर्यायरूपेण उत्पद्यते विनश्यति च ॥ २४० ॥ अथ गुणस्वरूपं निरूपयति–

सरिसो जो परिणामो[1] अणाइ-णिहणो हवे गुणो सो हि[2] ।
सो सामण्ण-सरूवो उप्पज्जदि णस्सदे णेय ॥ २४१ ॥

[छाया–सदृशः यः परिणामः अनादिनिधनः भवेत् गुणः स हि । स सामान्यस्वरूपः उत्पद्यते नश्यति नैव ॥] हीति निश्चितम्। स गुणो भवेत् यः परिणामः परिणमनस्वरूपमिति यावत्, सदृशः सर्वत्र पर्यायेषु सादृश्यं गतः । कीदृक्षो गुणः। अनादिनिधनः आद्यन्तरहितः, सोऽपि च गुणः सामान्यस्वरूपः परापरविवर्तव्यापी सद्रूपः द्रव्यत्वरूपः जीवत्वादिरूपश्च स गुणः न उत्पद्यते नैव विनश्यति । यथा जीवे ज्ञानादयो गुणाः 'सहभाविनो गुणाः' इति वचनात्, तथा च जीवादिद्रव्याणां सामान्यविशेषगुणाः कथ्यन्ते ॥ अस्तित्वं १ वस्तुत्वं २ द्रव्यत्वं ३ प्रमेयत्वम् ४ अगुरुलघुत्वं ५ चेतनत्वं ६ प्रदेशत्वम् ७ अमूर्तत्वम् ८ एते अष्टौ जीवस्य सामान्यगुणाः । अनन्तज्ञानदर्शनसुखवीर्याणि ४ अमूर्तत्वं ५ चेतनत्वम् ६ एते षट् जीवस्य विशेषगुणाः । धर्माधर्माकाशकालानां प्रत्येकम् अस्तित्वं १ वस्तुत्वं २ द्रव्यत्वं ३ प्रमेयत्वम् ४ अगुरुलघुत्वं ५ प्रदेशत्वम् ६ अचेतनत्वम् ७ अमूर्तत्वम् ८ एते अष्टौ सामान्यगुणाः । पुद्गलानाम् अस्तित्वं १ वस्तुत्वं २ द्रव्यत्वं ३ प्रमेयत्वम् ४ अगुरुलघुत्वं ५ प्रदेशत्वम् ६ अचेतनत्वं ७ मूर्तत्वम् ८ एते अष्टौ सामान्यगुणाः ।

अपेक्षा नहीं । [यहाँ इतना विशेष वक्तव्य है कि टीकाकारने जो अन्वयका अर्थ नरनारकादि पर्याय किया है वह ठीक नहीं है । अनु–अय=अन्वय का अर्थ होता है वस्तुके पीछे पीछे उसकी हर हालतमें साथ रहना | यह बात नारकादि पर्यायमें नहीं है किन्तु गुणोंमें पाई जाती है । इसीसे सिद्धान्तमें गुणोंको अन्वयी और पर्यायोंको व्यतिरेकी कहा है] ॥ २४० ॥ आगे गुणका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–द्रव्यका जो अनादि निधन सदृश परिणाम होता है वही गुण है । वह सामान्यरूप न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है । **भावार्थ**–द्रव्य परिणमनशील है, परिणमन करना उसका स्वभाव है । किन्तु द्रव्यमें होनेवाला परिणाम दो प्रकारका है–एक सदृश परिणाम, दूसरा विसदृश परिणाम । सदृश परिणामका नाम गुण है और विसदृश परिणामका नाम पर्याय है । जैसे जीव द्रव्यका चैतन्यगुण सब पर्यायोंमें पाया जाता है । मनुष्य मरकर देव हो अथवा तिर्यञ्च हो, चैतन्य परिणाम उसमें अवश्य रहता है । चैतन्य परिणामकी अपेक्षा मनुष्य, पशु वगैरह समान हैं क्योंकि चैतन्य गुण सबमें है । यह चैतन्य परिणाम अनादि निधन है, न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है । अर्थात् किसी जीवका चैतन्य परिणाम नष्ट होकर वह अजीव नहीं हो जाता और न किसी पुद्गलमें चैतन्य परिणाम उत्पन्न होनेसे वह चेतन होजाता है । इस तरह सामान्य रूपसे वह अनादि निधन है । किन्तु विशेषरूपसे चैतन्यका भी नाश और उत्पाद होता है; क्योंकि गुणोंमें भी परिणमन होता है । यहाँ प्रकरणवश जीवादि द्रव्योंके सामान्य और विशेष गुण कहते हैं–अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, प्रदेशत्व, मूर्तत्व और अमूर्तत्व, ये द्रव्योंके दस सामान्य गुण हैं । इनमेंसे प्रत्येक द्रव्यमें आठ आठ सामान्य गुण होते हैं; क्योंकि जीव द्रव्यमें अचेतनत्व और मूर्तत्व ये दो गुण नहीं होते, और पुद्गल द्रव्यमें चेतनत्व और अमूर्तत्व ये दो गुण नहीं होते । तथा धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्यमें चेतनत्व

१ ब सरिसऽऽजो प°, स °सो परिणामो जो । २ ब वि ।

स्पर्शरसगन्धवर्णाः ४ अचेतनत्वं ५ मूर्तत्वं ६ पुद्गलस्य विशेषगुणाः। गतिहेतुत्वम् १ अचेतनत्वं २ अमूर्तत्वं ३ धर्मस्य विशेषगुणाः। स्थितिहेतुत्वम् १ अचेतनत्वम् २ अमूर्तत्वम् ३ एते अधर्मस्य विशेषगुणाः। अवगाहनत्वम् १ अचेतनत्वम् २ अमूर्तत्वम् ३ इत्याकाशस्य विशेषगुणाः। वर्तनाहेतुत्वम् १ अचेतनत्वम् २ अमूर्तत्वम् ३ इति कालस्य विशेषगुणाः ॥ २४१ ॥ अथ पर्यायस्वरूपं द्रव्यगुणपर्यायाणामेकत्वमेव द्रव्यं व्याचष्टे–

सो वि विणस्सदि जायदि विसेस-रूवेण सव-दवेसु।
दव-गुण-पज्जयाणं एयत्तं वत्थु परमत्थं ॥ २४२ ॥

[छाया–सः अपि विनश्यति जायते विशेषरूपेण सर्वद्रव्येषु। द्रव्यगुणपर्ययाणाम् एकत्वं वस्तु परमार्थम् ॥] सर्वद्रव्येषु चेतनाचेतनसर्ववस्तुषु सोऽपि सामान्यस्वरूपः द्रव्यत्वसामान्यादिः विशेषरूपेण पर्यायस्वभावेन विनश्यति

और मूर्तत्व गुण नहीं होते। इस तरह दस सामान्य गुणोंमेंसे दो दो गुण न होनेसे प्रत्येक द्रव्यमें आठ आठ गुण होते हैं। तथा ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, स्पर्श, रस गन्ध, वर्ण, गतिहेतुत्व, स्थितिहेतुत्व, अवगाहनहेतुत्व, वर्तनाहेतुत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व ये द्रव्योंके सोलह विशेष गुण हैं। इनमेंसे अन्तके चार गुणोंकी गणना सामान्य गुणोंमें भी की जाती है और विशेष गुणोंमें भी की जाती है। उसका कारण यह है कि ये चारों गुण स्वजातिकी अपेक्षासे सामान्य गुण हैं और विजातिकी अपेक्षासे विशेष गुण हैं। इन सोलह विशेष गुणोंमेंसे जीव द्रव्यमें ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, चेतनत्व और अमूर्तत्व ये छः गुण होते हैं। पुद्गल द्रव्यमें स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, मूर्तत्व, अचेतनत्व ये छः गुण होते हैं। धर्म द्रव्यमें गतिहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। अधर्म द्रव्यमें स्थितिहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। आकाश द्रव्यमें अवगाहनहेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। और काल द्रव्यमें वर्तनाहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। जो गुण सब द्रव्योंमें पाया जाता है उसे सामान्य गुण कहते हैं और जो गुण सब द्रव्योंमें न पाया जाये उसे विशेष गुण कहते हैं। सामान्यगुणोंमें ६ गुणोंका स्वरूप इस प्रकार है–जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यका कभी नाश नहीं होता उसे अस्तित्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यमें अर्थक्रिया हो उसे वस्तुत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्य सर्वदा एकसा न रहे और उसकी पर्यायें बदलती रहें उसे द्रव्यत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्य किसी न किसीके ज्ञानका विषय हो उसे प्रमेयत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप परिणमन न करे और एक गुण दूसरे गुणरूप परिणमन न करे तथा एक द्रव्यके अनेक गुण बिखरकर जुदे जुदे न हो जायें उसे अगुरुलघुत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यका कुछ न कुछ आकार अवश्य हो उसे प्रदेशवत्व गुण कहते हैं। ये गुण सब द्रव्योंमें पाये जाते हैं ॥ २४१ ॥ आगे कहते हैं कि गुण पर्यायोंका एकपनाही द्रव्य है। **अर्थ**–समस्त द्रव्योंके गुण भी विशेष रूपसे उत्पन्न तथा विनष्ट होते हैं। इस प्रकार द्रव्य गुण और पर्यायोंका एकत्वही परमार्थसे वस्तु है ॥ **भावार्थ**–ऊपर बतलाया था कि सामान्य रूपसे गुण न उत्पन्न होते हैं और न नष्ट होते हैं। यहाँ कहते हैं कि विशेष रूपसे गुणभी उत्पन्न तथा नष्ट होते हैं। अर्थात् गुणोंमें भी

१ ब वत्थुं।

विनाशं गच्छति, जायते उत्पद्यते च। अत एव द्रव्यगुणपर्यायाणां द्रव्यम् उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं जीवादिकम्, गुणाः द्रव्यत्वादयः सहभाविनः, गुणविकाराः पर्यायाः क्रमभाविनः परिणामाः। द्रव्याणि च गुणाश्च पर्यायाश्च द्रव्यगुणपर्यायाः तेषां द्रव्यगुणपर्यायाणाम् एकत्वं समुदायः परमार्थसत्त्वभूतं निश्चयेन वस्तु, वसन्ति द्रव्यगुणपर्याया अस्मिन्निति वस्तु, द्रव्यम् अर्थः पदार्थः कथ्यते। तथा च षड्द्रव्येषु पर्यायाः कथ्यन्ते। गुणविकाराः पर्यायाः। ते द्वेधा। स्वभाव १ विभाव २ पर्यायभेदात्। अगुरुलघुविकाराः स्वभावपर्यायाः, ते द्वादशधा। षड्वृद्धिहानिरूपाः। अनन्तभागवृद्धिः १ असंख्यातभागवृद्धिः २ संख्यातभागवृद्धिः ३ संख्यातगुणवृद्धिः ४ असंख्यातगुणवृद्धिः ५ अनन्तगुणवृद्धिः ६ इति षड्वृद्धिः। तथा अनन्तभागहानिः १ असंख्यातभागहानिः २ संख्यातभागहानिः ३ संख्यातगुणहानिः ४ असंख्यातगुणहानिः ५ अनन्तगुणहानिः ६ एवं षट् वृद्धिहानिरूपाः स्वभावपर्यायाः ज्ञेयाः। विभावपर्यायाश्चतुर्विधा नरनारकादिपर्यायाः, अथवा चतुरशीतिलक्षाश्च विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाः। नरनारकादिकाः विभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः, मतिज्ञानादयः स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाः, चरमशरीराकारात् किंचिन्न्यूनसिद्धपर्यायः स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायः स्वभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः अनन्तचतुष्टयरूपाः जीवस्य। पुद्गलस्य तु द्व्यणुकादयो विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाः रसरसान्तरगन्धगन्धान्तरादिविभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः। अविभागी पुद्गलपरमाणुः स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायः वर्णगन्धरसैकैकाः अविरुद्धस्पर्शद्वयं स्वभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः। 'अनाद्यनिधने द्रव्ये स्वपर्यायाः प्रतिक्षणम्। उन्मज्जन्ति निमज्जन्ति जलकल्लोलवज्जले॥' 'गुण इदि दव्वविहाणं दव्ववियारोत्थ पज्जवो भणिदो। तेहि अणूणं दव्वं अजुदपसिद्धं हवदि णिच्चं॥' स्वभावविभावपर्यायरूपतया याति परिणमतीति पर्यायः पर्यायस्य व्युत्पत्तिः। क्रमवर्तिनः पर्यायाः। सहभुवो गुणाः। गुण्यते पृथक्क्रियते द्रव्यं द्रव्यात् यैस्ते गुणा इति॥ २४२॥ ननु पर्याया विद्यमाना जायन्ते अविद्यमाना वा इत्याशङ्कां निराकुर्वन् गाथाद्वयमाह-

---

उत्पाद व्यय होता है। आशय यह है कि द्रव्य, गुण और पर्याय ये तीन जुदे जुदे नहीं हैं। अर्थात् जैसे सोंठ, मिर्च और पीपलको कूट छानकर गोली बनाली जाती है, वैसे द्रव्य, गुण और पर्यायको मिलाकर वस्तु नहीं बनी है। वस्तु तो एक अनादि अखण्ड पिण्ड है। उसमें गुणोंके सिवा अन्य कुछभी नहीं है। और वे गुण भी कभी अलग नहीं किये जा सकते, हां, उनका अनुभव मात्र अलग अलग किया जा सकता है। ऐसी स्थितिमें जब वस्तु परिणामी है तो गुण अपरिणामी कैसे हो सकते हैं! क्योंकि गुणोंके अखण्ड पिण्डका नाम ही तो वस्तु है। अतः गुणोंमें भी परिणमन होता है। किन्तु परिणमन होनेपर भी ज्ञान गुण ज्ञानरूप ही रहता है, दर्शन या सुखरूप नहीं हो जाता। इसीसे सामान्य रूपसे गुणोंको अपरिणामी और विशेष रूपसे परिणामी कहा है। गुणोंके विकारका नाम ही पर्याय है। पर्यायके दो भेद हैं–स्वभाव पर्याय और विभावपर्याय। यहाँ छः द्रव्योंकी पर्याय कहते हैं। अगुरुलघु गुणके विकारको स्वभाव पर्याय कहते हैं। उसके बारह भेद हैं–छः वृद्धिरूप और छः हानिरूप। अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि ये छः वृद्धिरूप स्वभावपर्याय हैं। और अनन्त भागहानि, असंख्यात भागहानि, संख्यात भागहानि, संख्यात गुणहानि, असंख्यात गुणहानि, अनन्त गुणहानि ये छः हानिरूप स्वभावपर्याय हैं। नर नारक आदि पर्याय अथवा चौरासी लाख योनियाँ विभाव द्रव्यव्यंजनपर्याय हैं। मति आदि ज्ञान विभाव गुणव्यञ्जनपर्याय हैं। अन्तके शरीरसे कुछ न्यून जो सिद्ध पर्याय है वह स्वभाव द्रव्य व्यञ्जन पर्याय है। जीवका अनन्त चतुष्टयस्वरूप स्वभावगुणव्यञ्जनपर्याय है। ये सब जीवकी पर्याय हैं। पुद्गलकी विभावद्रव्यव्यंजनपर्याय द्व्यणुक आदि स्कन्ध हैं। रससे रसान्तर और गन्धसे गन्धान्तर विभावगुणव्यंजन पर्याय हैं। पुद्गलका अविभागी परमाणु स्वभावद्रव्यव्यंजनपर्याय है। और उस परमाणुमें जो एक

जदि दव्वे पज्जाया वि विज्जमाणा तिरोहिदा संति ।
ता उप्पत्ती विहला पडिपिहिदे देवदत्ते व्व ॥ २४३ ॥

[छाया-यदि द्रव्ये पर्यायाः अपि विद्यमानाः तिरोहिताः सन्ति । तत् उत्पत्तिः विफला प्रतिपिहिते देवदत्ते इव ॥] अथ सांख्यादयः एवं वदन्ति । द्रव्ये जीवादिपदार्थे सर्वे पर्यायाः तिरोहिताः आच्छादिताः विद्यमानाः सन्ति, त एव जायन्ते उत्पद्यन्ते, सर्वं सर्वत्र विद्यते, इति तन्मतं समुत्पाद्य दूषयति । द्रव्ये जीवपुद्गलादिवस्तुनि पर्याया नरनारकादिघटादयः स्कन्धादयः परिणामाः विद्यमानाः सद्रूपाः अस्तिरूपाः तिरोहिताः अन्तर्लीनाः अप्रादुर्भूताः सन्ति विद्यन्ते यदि चेत् तर्हि पर्यायाणामुत्पत्तिः उत्पादः निष्पत्तिः विफला निष्फला निरर्थका भवति । पटपिहिते देवदत्ते इव, यथा वस्त्राच्छादिते देवदत्ते तस्य देवदत्तस्य वस्त्रे उत्पत्तिर्न घटते यथा तथा सर्वे नरनारकघटादयः पदार्थाः प्रकृतौ लीनाः तर्हि अङ्गुल्यग्रे हस्तिशतयूथं कथं न जायते इति दूषणसद्भावात् अविद्यमानाः पर्यायाः जायन्ते ॥ २४३ ॥

सव्वाण पज्जयाणं अविज्जमाणाण होदि उप्पत्ती ।
कालाई-लद्धीए अणाइ-णिहणम्मि दव्वम्मि ॥ २४४ ॥

[छाया-सर्वेषां पर्यायाणाम् अविद्यमानानां भवति उत्पत्तिः । कालादिलब्ध्या अनादिनिधने द्रव्ये ॥] सर्वेषां पर्यायाणां नरनारकादिपुद्गलादीनां द्रव्ये जीवादिवस्तुनि । किंभूते । अनादिनिधने अविनश्वरे पदार्थे कालादिलब्ध्या द्रव्यक्षेत्रकालभवभावलाभेन उत्पत्तिर्भवति उत्पादः स्यात् । किंभूतानाम् । अविद्यमानानाम् असतां द्रव्ये पर्यायाणामुत्पत्तिः स्यात् । यथा विद्यमाने मृद्द्रव्ये घटोत्पत्त्युचितकाले कुम्भकारादौ सत्येव घटादयः पर्याया जायन्ते तथा ॥ २४४ ॥ अथ द्रव्यपर्यायाणां कथंचिद्भेदं कथंचिदभेदं दर्शयति-

वर्ण, एक गन्ध, एक रस, और दो स्पर्श गुण रहते हैं पुद्गलकी स्वभावगुणव्यंजनपर्याय है। इस तरह जैसे जलमें लहरे उठा करती हैं वैसे ही अनादि और अनन्त द्रव्यमें प्रति समय पर्याय उत्पन्न और नष्ट होती रहती हैं ॥ २४२ ॥ यहाँ यह शङ्का होती है कि द्रव्यमें विद्यमान पर्याय उत्पन्न होती हैं अथवा अविद्यमान पर्याय उत्पन्न होती हैं ! इसका निराकरण दो गाथाओंके द्वारा करते हैं। **अर्थ**-यदि द्रव्यमें पर्याय विद्यमान होते हुए भी ढकी हुई हैं तो वस्त्रसे ढके हुए देवदत्तकी तरह उसकी उत्पत्ति निष्फल है ॥ **भावार्थ**-सांख्यमतावलम्बीका कहना है कि जीवादि पदार्थोंमें सब पर्यायें विद्यमान रहती हैं। किन्तु वे छिपी हुई हैं, इस लिये दिखाई नहीं देतीं। सांख्यके इस मतमें दूषण देते हुए आचार्य कहते हैं कि जैसे देवदत्त पर्देके पीछे बैठा हुआ है। पर्देके हटाते ही देवदत्त प्रकट होगया। उसको यदि कोई यह कहे कि देवदत्त उत्पन्न होगया तो ऐसा कहना व्यर्थ है, क्योंकि देवदत्त तो वहाँ पहलेसे ही विद्यमान था। इसी तरह यदि द्रव्यमें पर्याय पहलेसे ही विद्यमान हैं और पीछे प्रकट हो जाती है तो उसकी उत्पत्ति कहना गलत है। उत्पत्ति तो अविद्यमानकी ही होती है ॥ २४३ ॥ **अर्थ**-अतः अनादि निधन द्रव्यमें काललब्धि आदिके मिलनेपर अविद्यमान पर्यायोंकी ही उत्पत्ति होती है ॥ **भावार्थ**-द्रव्य तो अविनश्वर होनेके कारण अनादि निधन है। उस अनादि निधन द्रव्यमें अपने योग्य द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावके मिलनेपर जो पर्याय विद्यमान नहीं होती उसीकी उत्पत्ति होजाती है। जैसे विद्यमान मिट्टीमें घटके उत्पन्न होनेका उचितकाल आनेपर तथा कुम्हार आदिके सद्भावमें घट आदि पर्याय उत्पन्न होती है ॥ २४४ ॥

१ ल म ग विज्जमाणा। २ ल म स ग देवदत्तिव्व। ३ ग सव्वाणं दव्वाणं पज्जायाणं अविज्जमाणाणं उप्पत्ती, कालाइ...दव्वम्हि।

दव्वाण पज्जयाणं धम्म-विवक्खाएँ[1] कीरएँ[2] भेओ[3]।
वत्थु-सरूवेण पुणो ण हि भेदो सक्कदे काउं ॥ २४५ ॥

[छाया-द्रव्याणां पर्ययाणां धर्मविवक्षया क्रियते भेदः। वस्तुस्वरूपेण पुनः न हि भेदः शक्यते कर्तुम् ॥] कारणकार्ययोः सर्वथा भेदः इति नैयायिकानां मतम्, तन्निरासार्थमाह। द्रव्याणां मृद्द्रव्यादीनां कारणभूतानां पर्यायाणां घटादिपरिणतानां कार्यभूतानां भेदः क्रियते। कया। धर्मविवक्षया एव स्वभावं वक्तुमिच्छया एव। इदं मृद्द्रव्यादि कारणम्, इदं घटादिपर्यायः कार्यमिति धर्मधर्मिणोर्भेदेन भेदः। न तु सर्वथा भेदः। हीति स्फुटम्। पुनः धर्मधर्मिणोर्भेदः कर्तुं न शक्यते। वस्तुस्वरूपेण द्रव्यार्थिकनयप्राधान्येन कार्यकारणयोरैक्यं, तथा च गुणगुणिनोः पर्यायपर्यायिणोः स्वभावस्वभाविनोः कारणकारणिनो. भेदः। द्रव्ये द्रव्योपचारः गुणे गुणोपचारः पर्याये पर्यायोपचारः द्रव्ये गुणोपचारः द्रव्ये पर्यायोपचारः गुणे द्रव्योपचारः गुणे पर्यायोपचारः पर्याये द्रव्योपचारः पर्याये गुणोपचारः इति अभेदः ॥ २४५ ॥ अथ वस्तुतः द्वयोरपि द्रव्यपर्याययोः सर्वथा भेदवादिनं दूषयति-

जदि वत्थुदो विभेदो[4] पज्जय-दव्वाण मण्णसे[5] मूढ ।
तो णिरवेक्खा सिद्धी दोण्हं[6] पि य पावदे णियमा ॥ २४६ ॥

[छाया-यदि वस्तुतः विभेदः पर्ययद्रव्याणा मन्यसे मूढ। ततः निरपेक्षा सिद्धिः द्वयोः अपि च प्राप्नोति नियमात् ॥] रे मूढ हे अज्ञानिन् हे नैयायिकपशो, यदि चेत्पर्यायद्रव्ययोर्वस्तुतः परमार्थतः वस्तुसामान्येन वा भेदः भिन्नत्वं मन्यसे त्वम् अङ्गीक्रियसे तो तर्हि दोण्हं पि द्वयोरपि कार्यकारणयोरपि गुणगुणिनोः पर्यायपर्यायिणोश्च भेदः नियमात् निरपेक्षा परस्परापेक्षारहित' सिद्धिः निष्पत्तिः प्राप्नोति। यथा हि पर्यायिणोर्मृद्द्रव्यादेः घटादिपर्यायाः सर्वथा भिन्नास्तर्हि मृद्द्रव्यादिना विना घटादिपर्यायाः कथं न लभेरन् ॥ २४६ ॥ अथ ज्ञानाद्वैतवादिनं गाथात्रयेण दूषयति-

आगे द्रव्य और पर्यायमें कथंचित् भेद और कथंचित् अभेद बतलाते हैं । **अर्थ**-धर्म और धर्मीकी विवक्षासे द्रव्य और पर्यायमें भेद किया जाता है । किन्तु वस्तु स्वरूपसे उनमें भेद नहीं है ॥ **भावार्थ**-नैयायिक मतावलम्बी कारण और कार्यमें सर्वथा भेद मानता है। उसका निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि कारणरूप मिट्टी आदि द्रव्यमें और कार्यरूप घटादि पर्यायमें धर्म और धर्मी भेदकी विवक्षा होनेसे ही भेद है, अर्थात् जब यह कहना होता है कि यह मिट्टी धर्मी है और यह घटादि पर्याय धर्म है, तभी भेदकी प्रतीति होती है, किन्तु वस्तु स्वरूपसे धर्म और धर्मीमें भेद नहीं किया जा सकता। अर्थात् द्रव्यार्थिक नयसे कार्य और कारणमें अभेद है। इसी तरह गुण गुणी, पर्याय पर्यायी, स्वभाव स्वभाववान् आदिमें भी कथंचित् भेद और कथंचित् अभेद समझना चाहिये ॥ २४५ ॥ आगे द्रव्य और पर्यायमें सर्वथा भेद माननेवाले वादीको दूषण देते हैं। **अर्थ**-हे मूढ, यदि तू द्रव्य और पर्यायमें वस्तुरूपसे भी भेद मानता है तो द्रव्य और पर्याय दोनोंकी नियमसे निरपेक्ष सिद्धि प्राप्त होती है ॥ **भावार्थ**-यदि द्रव्य और पर्यायमें वस्तुरूपसे भी भेद माना जायेगा तो द्रव्य पर्यायसे सर्वथा भिन्न एक जुदी वस्तु ठहरेगा और पर्याय द्रव्यसे सर्वथा भिन्न एक जुदी वस्तु ठहरेगी। ऐसी स्थितिमें बिना पर्यायके भी द्रव्य और बिना द्रव्यके पर्याय हुआ करेगी। जैसे यदि मिट्टीरूप द्रव्यसे घटादि पर्याय सर्वथा भिन्न हैं तो मिट्टीके बिना भी घट पाया जायगा।

१ ब म विवाक्खाय, स ववक्खाए। २ ब कीरइ। ३ ब भेउ, म स भेओ (?) ४ ब विभेओ। ५ म मणस मूढो, स मणवे, ग मांणसे। ६ ब दुण्हं।

जदि सव्वमेव णाणं णाणा-रूवेहि संठिदं एक्कं ।
तो ण वि किं पि विणेयं[1] णेयेण विणा कहं णाणं ॥ २४७ ॥

[छाया-यदि सर्वमेव ज्ञानं नानारूपैः संस्थितम् एकम् । तत् न अपि किम् अपि विज्ञेयं ज्ञेयेन विना कथं ज्ञानम् ॥] अथ सर्वमेव ज्ञानमेकं ज्ञानाद्वैतं ज्ञेयमन्तरेण नानारूपेण घटपटादिपदार्थमन्तरेण घटपटादिज्ञानरूपेण संस्थितं यदि चेत् तो तर्हि किमपि ज्ञेयं ज्ञेयपदार्थवृन्दं घटपटादिलक्षणं नैव नास्त्येव । भवतु नाम ज्ञेयेन पदार्थेन किं भवेदिति चेत्, ज्ञेयेन विना ज्ञातुं योग्येन गृहगिरिभूमिजलाग्निवातादिना विना तेषां गृहघटादीनां ज्ञानं कथं सिद्ध्यति । तदो णेयं परमत्थं । ततः ज्ञेयमन्तरेण ज्ञानानुत्पत्तेः परमार्थभूतं ज्ञेयं अङ्गीकर्तव्यम् ॥ २४७ ॥ अथ तदेव ज्ञेयं समर्थयति-

घड-पड-जड-दव्वाणि हि णेय-सरूवाणि सुप्पसिद्धाणि ।
णाणं जाणेदि जदो[2] अप्पादो भिण्णरूवाणि ॥ २४८ ॥

[छाया-घटपटजडद्रव्याणि हि ज्ञेयस्वरूपाणि सुप्रसिद्धानि । ज्ञानं जानाति यतः आत्मनः भिन्नरूपाणि ॥] हि यस्मात् कारणात्, ज्ञेयस्वरूपाणि ज्ञातुं योग्यं ज्ञेयं तदेव स्वरूपं स्वभावं येषां तानि ज्ञेयस्वरूपाणि ज्ञातुं योग्यस्वभावानि । कानि । घटपटजलद्रव्याणि गृहहट्टतडागवापीवनत्रिभुवनगतवस्तूनि । किंभूतानि । सुप्रसिद्धानि लोके प्रसिद्धानि लोके प्रसिद्धिं गतानि । ज्ञानं जानाति यतः यस्मात् आत्मनः सकाशात् ज्ञानस्वरूपाद्वा भिन्नरूपाणि पृथग्भूतानि विद्यन्ते । अत एव ज्ञेयं परमार्थतः सिद्धम् ॥ २४८ ॥ अथ पुनः ज्ञानाद्वैतवादिनं दूषयति-

जं सव्व-लोय-सिद्धं [3]देहं-गेहादि-बाहिरं अत्थं ।
जो तं पि णाणं[4] मण्णदि ण मुणदि सो णाण-णामं पि ॥ २४९ ॥[5]

[छाया-यः सर्वलोकसिद्धः देहगेहादिबाह्यः अर्थः । यः तम् अपि ज्ञानं मन्यते न जानाति स ज्ञाननाम अपि ॥] यः ज्ञानाद्वैतवादी यत् सर्वलोके प्रसिद्धं आबालगोपालजनप्रसिद्धं देहं शरीरं गेहादिबाह्यं गृहघटपटलकुटमुकुटशकट-

अतः द्रव्य और पर्यायमें वस्तुरूपसे भेद नहीं मानना चाहिये ॥ २४६ ॥ आगे तीन गाथाओंके द्वारा ज्ञानाद्वैतवादीके मतमें दूषण देते हैं । **अर्थ**–यदि सब वस्तु ज्ञानरूप ही हैं और एक ज्ञान ही नाना पदार्थोंके रूपमें स्थित है तो ज्ञेय कुछ भी नहीं रहा । ऐसी स्थितिमें बिना ज्ञेयके ज्ञान कैसे रह सकता है?॥ **भावार्थ**–ज्ञानाद्वैतवादी बाह्य घट पट आदि पदार्थोंको असत् मानता है और एक ज्ञानको ही सत् मानता है । उसका कहना है कि अनादिवासनाके कारण हमें बाहरमें ये पदार्थ दिखाई देते हैं । किन्तु वे वैसे ही असत्य हैं जैसे स्वप्नमें दिखाई देनेवाली बातें असत्य होती हैं । इसपर आचार्यका कहना है कि यदि सब ज्ञानरूप ही है तो ज्ञेय तो कुछ भी नहीं रहा । और जब ज्ञेय ही नहीं है तो बिना ज्ञेयके ज्ञान कैसे रह सकता है, क्यों कि जो जानता है उसे ज्ञान कहते हैं और जो जाना जाता है उसे ज्ञेय कहते हैं । जब जाननेके लिये कोई है ही नहीं, तो ज्ञान कैसे हो सकता है?॥ २४७ ॥ आगे ज्ञेयका समर्थन करते हैं । **अर्थ**–घट पट आदि जड द्रव्य ज्ञेयरूपसे सुप्रसिद्ध हैं । उनको ज्ञान जानता है । अतः ज्ञानसे वे भिन्नरूप हैं ॥ २४८ ॥ आगे पुनः ज्ञानाद्वैतवादीको दूषण देते हैं । **अर्थ**–जो शरीर मकान वगैरह बाह्य पदार्थ समस्त लोकमें प्रसिद्ध हैं उनको भी जो ज्ञानरूप मानता है वह ज्ञानका नाम भी नहीं जानता ॥ **भावार्थ**–आचार्यका कहना है कि जिनका स्वरूप जानने योग्य होता है उन्हे ज्ञेयस्वरूप कहते हैं । अतः ज्ञानसे बाहर जितनेभी पदार्थ हैं वे सब ज्ञेयरूप हैं

१ ख किंपिवणेय, [किंचि वि णेय] । २ ल स ग यदो, म जदा । ३ स देहे, म देहग्गेहादि । ४ क ख णाणं, ग पिण्णाणं । ५ ब अणाक्ष ।

हट्टविद्याद्यर्थः पदार्थः द्रव्यं वस्तु विद्यते। तदपि देहगेहादि बाह्यं वस्तु ज्ञानं बोधः मन्यते सर्वं ज्ञानमेवेत्यङ्गीकरोति स ज्ञानाद्वैतवादी ज्ञाननामापि ज्ञानस्याभिधानमपि न जानाति न वेत्तीत्यर्थः ॥ २४९ ॥ अन्यच्च। अथ नास्तिकवादिनं दूषणान्तरेण गाथात्रयेण दूषयति-

अच्छीहिं[1] पिच्छमाणो जीवाजीवादि[2]-बहु-विहं अत्थं।
जो भणदि[3] णत्थि किंचि वि सो झुट्ठाणं महाझुट्ठो[4] ॥ २५० ॥

[छाया-अक्षिभ्यां प्रेक्षमाणः जीवाजीवादि बहुविधम् अर्थम्। यः भणति नास्ति किंचित् अपि स धूर्तानां महाधूर्तः ॥] यः कश्चिन्नास्तिको वादी किंचिदपि वस्तु मातङ्गतुरङ्गगोमहिषमनुष्यगृहहट्टचेतनवस्तु नास्तीति भणति। किं कुर्वन् सन्। अच्छीहिं अक्षिभ्यां चक्षुर्भ्यां बहुविधम् अनेकप्रकारं जीवाजीवादिकम् अर्थं चेतनाचेतनमिश्रादिकं वस्तु पदार्थं प्रेक्षमाणः पश्यन् सन् स नास्तिकवादी जुष्टानां मध्ये महाजुष्टः। असत्यवादिनां मध्ये महासत्यवादी धृष्टानां मध्ये महाधृष्टः महानिर्लज्जः ॥ २५० ॥

जं सव्वं पि य संतं[5] ता सो वि असंतओ[6] कहं होदि।
णत्थि त्ति किंचि तत्तो अहवा सुण्णं कहं मुणदि ॥ २५१ ॥

[छाया-यत् सर्वम् अपि च सत् तत् सः अपि असत्कः कथं भवति। नास्ति इति किंचित् ततः अथवा शून्यं कथं जानाति ॥] अपि च दूषणान्तरे, यत् सर्वं विद्यमानं गृहगिरिधराजलादिकं विद्यमानमस्ति। *तासो वि तस्यापि असत्त्वम् अविद्यमानत्वं कथं भवति। अथवा तत्तो ततः तस्मात् किंचिन्नास्तीति। इति शून्यं कथं मनुते जानाति स्वयं विद्यमानः सर्वं नास्तीति कथं वेत्तीति स्वयं विद्यमानत्वात् सर्वशून्यभावः ॥ २५१ ॥ पाठान्तरेणेयं गाथा। तस्य व्याख्यानमाह।

ज्ञानरूप नहीं है। जो उनको ज्ञानरूप कहता है वह ज्ञानके स्वरूपको नहीं जानता, इतना ही नहीं, बल्कि उसने ज्ञानका नाम भी नहीं सुना, ऐसा लगता है, क्यों कि यदि वह ज्ञानसे परिचित होता तो बाह्य पदार्थोंका लोप न करता ॥ २४९ ॥ अब तीन गाथाओंसे शून्यवादमें दूषण देते हैं। **अर्थ**-जो शून्यवादी जीव अजीव आदि अनेक प्रकारके पदार्थोंको आंखोंसे देखते हुए भी यह कहता है कि कुछभी नहीं है, वह झूंठोंका सिरताज है ॥ **अर्थ**-तथा जब सब वस्तु सत्स्वरूप हैं अर्थात् विद्यमान हैं तब वह असत् रूप यानी अविद्यमान कैसे हो सकती हैं ? अथवा जब कुछ है ही नहीं और सब शून्य है तो इस शून्य तत्त्वको कैसे जानता है? ॥ इस गाथाका पाठान्तर भी है उसका अर्थ इसप्रकार है- यदि सब वस्तु असत् रूप हैं तो वह शून्यवादी भी असत् रूप हुआ तब वह 'कुछ भी नहीं है' ऐसा कैसे कहता है अथवा वह शून्यको जानता कैसे है?॥ **भावार्थ**-शून्यवादी बौद्धका मत है कि जिस एक या अनेकरूपसे पदार्थोंका कथन किया जाता है वास्तवमें वह रूप है ही नहीं, इस लिये वस्तुमात्र असत् है और जगत् शून्यके सिवा और कुछ भी नहीं है। शून्यवादीके इस मतका निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि भाई, संसारमें तरह तरहकी वस्तुएँ आंखोंसे साफ दिखाई देती हैं। जो उनको देखते हुए भी कहता है कि जगत् शून्य रूप है वह महाझूंठा है। तथा जब जगत् शून्यरूप है और उसमें कुछ भी सत् नहीं है तो ज्ञान और शब्द भी असत् हुए। और जब ज्ञान और शब्द भी असत् हुए तो वह शून्यवादी कैसे तो स्वयं यह जानता है कि सब कुछ शून्य है और कैसे दूसरोंको यह कहता है कि सब शून्य है क्योंकि ज्ञान और शब्दके अभावमें न

---

१ ब अच्छाहि, ग अच्छाहिं। २ ब °जीवाइ। ३ ब भणइ, ग भणवि (?)। ४ ग जझुठाणं महुझुठो, स झूठाण महीझूठो [झुट्ठाणं महाझुट्ठो]। ५ ब-पुस्तके गाथाशः पत्रान्ते लिखितः। ६ ब क म स असंतउं (-उ), ग असंतउ।

जदि[1] सव्वं पि असंतं ता सो वि य संतओ[2] कहं भणदि ।
णत्थि त्ति किं पि[3] तच्चं अहवा सुण्णं कहं मुणदि ॥ २५१* ॥

[छाया-यदि सर्वम् अपि असत् तत् सः अपि न सत्कः कथं भणति । नास्ति इति किम् अपि तत्त्वम् अथवा शून्यं कथं जानाति ॥] अपि पुनः, यदि चेत् सर्वं चेतनादिलक्षणं तत्त्वम् असत् नास्तिरूपं, तो तर्हि सोऽपि नास्तिकवादी अविद्यमानं तत्त्वं भणति । यदि पूर्वं घटपटादिकं जगति नोपलब्धं तर्हि नास्ति इति तेन कथं भण्यते । प्रतिषेधस्य विधिपूर्वकत्वात् । अथवा प्रकारान्तरेण दूषयति किंचित्तत्त्वं नास्तीति चेत् तर्हि सर्वशून्यं कथं जानाति ॥२५१*॥

किं बहुणा उत्तेण य जेत्तियँ-मेत्ताणि[4] संति णामाणि ।
तेत्तिय-मेत्ताँ अत्था संति य णियमेण परमत्था ॥ २५२ ॥[8]

[छाया-किं बहुना उक्तेन च यावन्मात्राणि सन्ति नामानि । तावन्मात्राः अर्थाः सन्ति च नियमेन परमार्थाः ॥] भो नास्तिकवादिन्, बहुना उक्तेन किं बहुप्रलापेन किं भवति । पूर्यतां पूर्यतां बह्वालपेन । यावन्मात्राणि नामानि यावत्प्रमाणानि अभिधानानि वस्त्रशस्त्रप्रस्तरमहीरुहवल्लीफलजलकमलघटपटलकुटशकटसुरासुरनरनारीतिर्यङ्नारकपशुगोऽश्वगजमहिषमृगपक्षिमत्स्यचेतनाचेतनवस्तूनि सन्ति विद्यन्ते तावन्मात्रा अर्थाः पदार्थाः नियमतः परमार्थभूताः सन्ति च । ननु च यावन्ति नामानि तावन्तः पदार्थाः चेत्तर्हि खरविषाणवत् शशशृङ्गगगनकुसुमवन्ध्यासुतादयः पदार्थाः कथं न भवेयुः । भवताम् इति चेन्न खरादीनां च शृङ्गादीनां बहुलमुपलम्भात् । एमेव तच्चं सम्मत्तं । एवं तत्त्वं समाप्तम् एवं पूर्वोक्तप्रकारेण तत्त्वव्याख्यानं समाप्तम् ॥ २५२ ॥ अथ ज्ञानास्तित्वं प्रतिजानीते-

णाणा-धम्मेहिँ जुदं अप्पाणं तह परं पि णिच्छयदो ।
जं जाणेदि सजोगं[9] तं णाणं भण्णदे[10] समएँ[11] ॥ २५३ ॥

कुछ जाना जा सकता है और न कुछ कहा जा सकता है । इसके सिवाय जब सब जगत् शून्यरूप है तो शून्यवादी भी शून्यरूप हुआ । और जब वह स्वयं शून्य है तो वह शून्यको कैसे जानता है और कैसे शून्यवादका कथन करता है ॥ २५०-२५१* ॥ **अर्थ**-अधिक कहनेसे क्या? जितने नाम हैं उतनेही नियमसे परमार्थ रूप पदार्थ हैं ॥ **भावार्थ**-शब्द और अर्थका स्वाभाविक सम्बन्ध है । क्यों कि अर्थको देखते ही उसके वाचक शब्दका स्मरण हो आता है और शब्दके सुनते ही उसके वाच्य अर्थका स्मरण होता है । अतः संसारमें जितने शब्द हैं उतने ही वास्तविक पदार्थ हैं । शायद कहा जाये कि गधेके सींग, वन्ध्यापुत्र, आकाशफूल आदि शब्दोंके होते हुए भी न गधेके सींग होते हैं, न बांझको लड़का होता है और न आकाशका फूल होता है । अतः यह कहना कि जितनेही शब्द हैं उतनेही वास्तविक पदार्थ हैं, ठीक नहीं हैं । किन्तु यह आपत्ति उचित नहीं है, क्यों कि 'गधेके सींग' आदि शब्द एक शब्द नहीं हैं किन्तु दो शब्दोंके जोड़रूप हैं । दो शब्दोंको मिलानेसे तो बहुतसे ऐसे शब्द तैयार किये जा सकते हैं जिनका वाच्य अर्थ वस्तुभूत नहीं है । उक्त कथन समासरहित शब्दके विषयमें है । वैसे संसारमें गधा, सींग, बांझ, पुत्र, आकाश, फूल इत्यादि सभी शब्दोंके वाच्य अर्थ वास्तविक रूपमें पाये जाते हैं । अतः शून्यवाद ठीक नहीं है ॥ २५२ ॥ पदार्थोंका अस्तित्व

---

१ ब-पुस्तके गाथाद्वयं पश्चान्ते लिखितं । २ ब ग यदि । ३ ब ल स संतउ (=उ), म (?) ग संताउ । ४ ल किचि, ग कंपि । ५ ब ल ग म जित्तिय, स जंत्तीय । ६ म मित्ताणि । ७ ब मित्ता । ८ ब एमेव तच्च समत्थं ॥ णाणा इत्यादि । ९ ब सयोगं । १० ल म स ग भण्णए । ११ ल समय, स समये ।

[छाया-नानाधर्मैः युतम् आत्मानं तथा परम् अपि निश्चयतः । यत् जानाति स्वयोग्यं तत् ज्ञानं भण्यते समये ॥] निश्चयतः परमार्थतः, यत् स्वयोग्यं संबन्धं वर्तमानं अभिमुखम् आत्मानम् जीवादिद्रव्यं स्वस्वरूपं वा तथा परमपि परद्रव्यमपि चेतनाचेतनादिकं वस्तु यज्जानाति वेत्ति पश्यति समये जिनसिद्धान्ते तत् ज्ञानं भण्यते । जानातीति ज्ञानम्, स्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणमिति मार्तण्डे प्रोक्तत्वात् । कीदृक्षं वस्तु । नानाधर्मैर्युक्तं विविधस्वभावैः सहितं कथंचित् अस्तित्वनास्तित्वैकत्वानेकत्वनित्यत्वानित्यत्वभिन्नत्वाभिन्नत्वप्रमुखैराविष्टम् ॥ २५३ ॥ अथ सामान्येन ज्ञानसद्भावं विभाव्य केवलज्ञानास्तित्वं विशदयति-

जं सव्वं पि पयासदि दव्व[2]-पज्जाय-संजुदं लोयं ।
तह य अलोयं सव्वं तं णाणं सव्व-पच्चक्खं ॥ २५४ ॥

[छाया-यत् सर्वम् अपि प्रकाशयति द्रव्यं पर्यायसंयुतं लोकम् । तथा च अलोकं सर्वं तत् ज्ञानं सर्वप्रत्यक्षम् ॥] तत् ज्ञानं सर्वप्रत्यक्षं सर्वं लोकालोकं प्रत्यक्षेण पश्यतीत्यर्थः । तत् किम् । यत्सर्वमपि लोकं त्रिचत्वारिंशदधिकत्रिशतरज्जुप्रमाणं जगत् त्रैलोक्यम् । तथा च सर्वम् अलोकम्, अनन्तानन्तप्रमितम् अलोकाकाशं प्रकाशयति जानाति पश्यतीत्यर्थः । कथंभूतं लोकम् । द्रव्यपर्यायसंयुक्तम् । लोकाकाशे जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालद्रव्याणि, तेषां नरनारकादिद्व्यणुकादि-

बतलाकर ग्रन्थकार ज्ञानका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**—जो नाना धर्मोंसे युक्त अपनेको तथा नाना धर्मोंसे युक्त अपने योग्य पर पदार्थोंको जानता है उसे निश्चयसे ज्ञान कहते हैं ॥ **भावार्थ**—जो जानता है उसे ज्ञान कहते हैं । अब प्रश्न होता है कि वह किसे जानता है? तो जो स्वयं अपनेको और अन्य पदार्थोंको जानता है वह ज्ञान है । इसीसे परीक्षामुखमें कहा है कि स्वयं अपने और पर पदार्थोंके निश्चय करने वाले ज्ञानको प्रमाण कहते हैं । परीक्षामुख सूत्रकी विस्तृत टीका प्रमेयकमलमार्तण्डमें इसका व्याख्यान खूब विस्तारसे किया है । वस्तुमें रहनेवाले धर्मोंके ज्ञानपूर्वक ही वस्तुका ज्ञान होता है, ऐसा नहीं है कि वस्तुके किसी एक भी धर्मका ज्ञान न हो और वस्तुका ज्ञान हो जाये । इसीसे कहा है कि नाना धर्मोंसे युक्त वस्तुको जो जानता है वह ज्ञान है । फिरभी संसारमें जाननेके लिये अनन्त पदार्थ हैं और हम सबको न जानकर जो पदार्थ सामने उपस्थित होता है उसीको जानते हैं । उसमें भी कोई उसे साधारण रीतिसे जान पाता है और कोई विशेष रूपसे जानता है । अर्थात् सब संसारी जीवोंका ज्ञान एकसा नहीं जानता । इसीसे कहा है कि अपने योग्य पदार्थोंको जो जानता है वह ज्ञान है ॥ २५३ ॥ इस प्रकार सामान्यसे ज्ञानका सद्भाव बतलाकर ग्रन्थकार अब केवलज्ञानका अस्तित्व बतलाते हैं । **अर्थ**—जो ज्ञान द्रव्यपर्यायसहित समस्त लोकको और समस्त अलोकको प्रकाशित करता है वह सर्वप्रत्यक्ष केवलज्ञान है ॥ **भावार्थ**—आकाशद्रव्य सर्वव्यापी है और सब तरफ उसका अन्त नहीं है अर्थात् वह अनन्त है । उस अनन्त आकाशके मध्यमें ३४३ राजु प्रमाण लोक है । उस लोकमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल छहों द्रव्य रहते हैं । तथा उन द्रव्योंकी नर, नारक वगैरह और द्वयणुक स्कन्ध वगैरह अनन्त पर्यायें होती हैं । लोकके बाहर सर्वत्र जो आकाश है वह अलोक कहा जाता है । वहाँ केवल एक आकाशद्रव्य ही है । उसमेंभी अगुरुलघु गुणकृत हानि वृद्धि होनेसे उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप पर्याय होती हैं । इन द्रव्यपर्यायसहित लोक और अलोकको जो प्रत्यक्ष जानता है वही केवलज्ञान है । तत्त्वार्थसूत्रमें भी सब द्रव्यों और

१ ग वेदयति । २ ब म स ग दव्व, ब दव्वं (?) पजाय ।

स्कन्धादिपर्यायाः । अलोकाकाशे अलोकाकाशं द्रव्यं तस्य पर्याया अगुरुलघ्वादयः उत्पादव्ययध्रौव्यादयश्च तैः संयुक्तं जानाति पश्यति च । 'सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य' इति वचनात् । तथा चोक्तं च । 'क्षायिकमेकमनन्तं त्रिकालसर्वार्थयुगपदवभासम् । सकलसुखधाम सततं वन्देऽहं केवलज्ञानम् ॥' इति ॥ २५४ ॥ अथ ज्ञानस्य सर्वगतत्वं प्रकाशयति-

सव्वं जाणदि जम्हा सव्व-गयं तं पि वुच्चदे[1] तम्हा ।
ण य पुण विसरदि णाणं जीवं चइऊण अण्णत्थ ॥ २५५ ॥

[छाया-सर्वं जानाति यस्मात् सर्वगतं तत् अपि उच्यते तस्मात् । न च पुनः विसरति ज्ञानं जीवं त्यक्त्वा अन्यत्र ॥] तस्मात्कारणात् तदपि केवलज्ञानं सर्वगतं सर्वलोकालोकव्यापकम् उच्यते । कुतः । यस्मात् सर्वद्रव्यगुणपर्याययुक्तं लोकालोकं जानाति वेत्ति । अथ च ज्ञानं संयोगसंयुक्तसमवायसंयुक्तसमवेतसमवायसमवायसमवेतसमवायसंनिकर्षैः ज्ञेयप्रदेशं गत्वा प्रत्यक्षं जानाति इति नैयायिकाः । तेऽपि न नैयायिकाः । कुतः जीवम् आत्मानं गुणिनं त्यक्त्वा अन्यत्र ज्ञेयप्रदेशं ज्ञानं न च पुनः विसरति प्रसरति न यातीत्यर्थः ॥ २५५ ॥ अथ ज्ञानज्ञेययोः स्वप्रदेशस्थितित्वेऽपि प्रकाशकत्वमिति युक्तिं निर्युक्ते-

णाणं ण जादि[2] णेयं णेयं पि ण जादि णाण-देसम्मि[3] ।
णिय-णिय-देस-ठियाणं ववहारो णाण-णेयाणं ॥ २५६ ॥

[छाया-ज्ञानं न याति ज्ञेयं ज्ञेयम् अपि न याति ज्ञानदेशे । निजनिजदेशस्थितानां व्यवहारः ज्ञानज्ञेययोः ॥] ज्ञानं बोधः प्रमाणं ज्ञेयं प्रमेयं ज्ञातुं योग्यं ज्ञेयं वस्तु चेतनाचेतनादि प्रति न याति न गच्छति । अपि पुनः ज्ञेयं प्रमेयं

सब द्रव्योंकी त्रिकालवर्ती सब पर्यायोंको केवल ज्ञानका विषय बतलाया है । एक दूसरे ग्रन्थमें केवलज्ञानको नमस्कार करते हुए कहा है कि केवलज्ञान क्षायिक है; क्योंकि समस्त ज्ञानावरण कर्मका क्षय होनेपर ही केवलज्ञान प्रकट होता है । इसीसे वह अकेला ही रहता है । उसके साथ अन्य मति श्रुत आदि ज्ञान नहीं रहते, क्योंकि ये ज्ञान क्षायोपशमिक होते हैं अर्थात् ज्ञानावरण कर्मके रहते हुए ही होते हैं, और केवलज्ञान उसके चले जानेपर होता है । अतः केवलज्ञान सूर्यकी तरह अकेला ही त्रिकालवर्ती सब पदार्थोंको एक साथ प्रकाशित करता है । क्षायिक होनेसे ही उसका कभी अन्त नहीं होता । अर्थात् एक बार प्रकट होनेपर वह सदा बना रहता है; क्यों कि उसको ढांकनेवाला ज्ञानावरण कर्म नष्ट हो चुका है । अतः वह समस्त सुखोंका भण्डार है ॥ २५४ ॥ आगे ज्ञानको सर्वगत कहते हैं । **अर्थ**—यतः ज्ञान समस्त लोकालोकको जानता है अतः ज्ञानको सर्वगत भी कहते हैं । किन्तु ज्ञान जीवको छोड़कर अन्यत्र नहीं जाता ॥ **भावार्थ**—सर्वगतका मतलब होता है सब जगह जानेवाला । अतः ज्ञानको सर्वगत कहनेसे यह मतलब नहीं लेना चाहिये कि ज्ञान आत्माको छोड़कर पदार्थके पास चला जाता है किन्तु आत्मामें रहते हुए ही वह समस्त लोकालोकको जानता है इसीलिये उसे सर्वगत कहते हैं । प्रवचनसारमें आचार्य कुन्दकुन्दने इस पर अच्छा प्रकाश डाला है । उन्होंने कहा है कि आत्मा ज्ञानके बराबर है और ज्ञान ज्ञेयके बराबर है । तथा ज्ञेय लोकालोक है । अतः ज्ञान सर्वगत है ॥ २५५ ॥ आगे कहते हैं कि ज्ञान अपने देशमें रहता है और ज्ञेय अपने देशमें रहता है, फिरभी ज्ञान ज्ञेयको जानता है । **अर्थ**—ज्ञान ज्ञेयके पास नहीं जाता और न ज्ञेय ज्ञानके पास आता है । फिरभी अपने अपने देशमें स्थित ज्ञान और ज्ञेयमें ज्ञेयज्ञायकव्यवहार होता है ॥

---

१ म उच्चदे । २ ब जाइ । ३ म स ग देसम्हि ।

घटपटादिचेतनाचेतनादिवस्तु पदार्थः ज्ञानप्रदेशे न याति न गच्छति । तर्हि किम् । अस्ति निजनिजप्रदेशस्थितानां ज्ञानज्ञेयानां प्रमाणप्रमेयानां ज्ञानज्ञेयव्यवहारः । यथा दर्पणः स्वप्रदेशस्थित एव स्वप्रदेशस्थं वस्तु प्रकाशयति तथा ज्ञानं ज्ञेयं च । 'सालोकानां त्रिलोकानां यद्विद्या दर्पणायते ।' इति वचनात् ॥ २५६ ॥ अथ मनःपर्ययज्ञानादीनां देशप्रत्यक्षं परोक्षं च विशदयति–

मण-पज्जय-विण्णाणं ओही-णाणं च देस-पच्चक्खं ।
मदि-सुदि[1]-णाणं कमसो विसदं-परोक्खं परोक्खं च ॥ २५७ ॥

[छाया–मनःपर्ययविज्ञानम् अवधिज्ञानं च देशप्रत्यक्षम् । मतिश्रुतिज्ञानं क्रमशः विशदपरोक्षं परोक्षं च ॥] मनःपर्ययज्ञानं मनसा परमनसि स्थितं पदार्थं पर्येति जानाति इति मनःपर्ययं तच्च तज्ज्ञानं च मनःपर्ययज्ञानं वा परकीयमनसि स्थितोऽर्थः साहचर्यान्मनः इत्युच्यते तस्य मनसः पर्ययणं परिगमनं परिज्ञानं मनःपर्ययज्ञानं क्षायोपशमिकम् ऋजुमतिविपुलमतिभेदभिन्नं च । पुनः अवधिज्ञानम् अवधीयते द्रव्यक्षेत्रकालभावेन मर्यादीक्रियते, अर्वाग्धानं अवधिः अधस्ताद्बहुतरविषयग्रहणात् अवधिः देशावधिपरमावधिसर्वावधिज्ञानं च । देशप्रत्यक्षम् एकदेशविशदम् । मनः-

भावार्थ–आचार्य समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारके आरम्भमें भगवान महावीरको नमस्कार करते हुए उनके ज्ञानको अलोक सहित तीनों लोकोंके लिये दर्पणकी तरह बतलाया है । अर्थात् जैसे दर्पण अपने स्थानपर रहते हुए ही अपने स्थानपर रखे हुए पदार्थोंको प्रकाशित करता है, वैसे ही ज्ञान भी अपने स्थानपर रहते हुए ही अपने अपने स्थानपर स्थित पदार्थोंको जान लेता है । प्रवचनसारमें भी कहा है कि आत्मा ज्ञानस्वभाव है और पदार्थ ज्ञेयस्वरूप हैं । अर्थात् जानना आत्माका स्वभाव है और ज्ञानके द्वारा विषय किया जाना पदार्थोंका स्वभाव है । अतः जैसे चक्षु रूपी पदार्थोंके पास न जाकर ही उनके स्वरूपको ग्रहण करनेमें समर्थ है, और रूपी पदार्थ भी नेत्रोंके पास न जाकर ही अपना स्वरूप नेत्रोंको जनानेमें समर्थ हैं, वैसे ही आत्मा भी न तो उन पदार्थोंके पास जाता है और न वे पदार्थ आत्माके पास आते हैं । फिरभी दोनोंमें ज्ञेयज्ञायक सम्बन्ध होनेसे आत्मा सबको जानता है और पदार्थ अपने स्वरूपको जनाते हैं । जैसे दूधके बीचमें रखा हुआ नीलम अपनी प्रभासे उस दूधको अपनासा नीला कर लेता है । उसी प्रकार ज्ञान पदार्थोंमें रहता है । अर्थात् दूधमें रहते हुए भी नीलम अपनेमें ही है और दूध अपने रूप है तभी तो नीलमके निकालते ही दूध स्वाभाविक स्वच्छ रूपमें हो जाता है । ठीक यही दशा ज्ञान और ज्ञेयकी है ॥ २५६ ॥ आगे शेष ज्ञानोंको देश प्रत्यक्ष और परोक्ष बतलाते हैं । **अर्थ**–मनःपर्ययज्ञान और अवधिज्ञान देशप्रत्यक्ष हैं । मतिज्ञान प्रत्यक्ष भी है और परोक्ष भी है । और श्रुतज्ञान परोक्ष ही है ॥ **भावार्थ**–जो आत्माके द्वारा दूसरेके मनमें स्थित रूपी पदार्थको प्रत्यक्ष जानता है, उसे मनः पर्यय ज्ञान कहते हैं । अथवा दूसरेके मनमें स्थित रूपी पदार्थको मनमें रहनेके कारण मन कहते हैं । अर्थात् 'मनःपर्यय' में 'मन' शब्दसे मनमें स्थित रूपी पदार्थ लेना चाहिये । उस मनको जो जानता है वह मनःपर्ययज्ञान है । यह मनःपर्ययज्ञान मनःपर्ययज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे प्रकट होता है, अतः क्षायोपशमिक है । उसके दो भेद हैं– ऋजुमति और विपुलमति । तथा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी मर्यादाको लिये हुए रूपी पदार्थोंको प्रत्यक्ष जानने वाले ज्ञानको अवधिज्ञान कहते हैं । अवधिका अर्थ मर्यादा है । अथवा अवाय यानी

१ ब म मदसुद । २ ब विसद (?) ।

पर्ययावधिज्ञानानाम् एकदेशविशदत्वात् देशप्रत्यक्षं च । पुनः मतिश्रुतज्ञानम् इन्द्रियैर्मनसा च यथायथम् अर्थान् मन्यते मतिः मनुतेऽनया वा मतिः मननं वा मतिः । श्रुतज्ञानावरणकर्मक्षयोपशमे सति निरूप्यमाणं श्रूयते यत्तत् श्रुतं, शृणोति अनेन तत् श्रुतम्, श्रवणं वा श्रुतं तच्च तद् ज्ञानम् । मतिज्ञानं श्रुतज्ञान च क्रमशः क्रमेण विशदपरोक्षं परोक्षं च । यत् इन्द्रियानिन्द्रियजं मतिज्ञानं तत् विशदम् एकदेशतः विशदं स्पष्टम् । उक्तं च परीक्षामुखे । इन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तं देशतः सांव्यवहारिकमिति सांव्यवहारिकप्रत्यक्षं मतिज्ञानं कथ्यते । यत् श्रुतज्ञानं तत्परोक्षम् अविशदम् अस्पष्टमित्यर्थः । मनःपर्यायज्ञानम् अवधिज्ञानं च देशप्रत्यक्षं स्यात् । मतिज्ञानम् एकदेशपरोक्षं श्रुतज्ञानं परोक्षज्ञानं स्यात् ॥ २५७ ॥ अथेन्द्रियज्ञानस्य योग्यं विषयं विशदयति-

इंदियजं मदि-णाणं जोग्गं[1] जाणेदि पुग्गलं दव्वं ।
माणस-णाणं च पुणो सुय-विसयं अक्ख-विसयं च ॥ २५८ ॥

पुद्गल, उनको जो जाने वह अवधि है । अथवा अपने क्षेत्रसे नीचेकी ओर इस ज्ञानका विषय अधिक होता है इसलिये भी इसे अवधि ज्ञान कहते हैं । अवधि ज्ञानके तीन भेद हैं–देशावधि, परमावधि और सर्वावधि । मनःपर्ययज्ञान और अवधिज्ञान एक देशसे प्रत्यक्ष होनेके कारण देशप्रत्यक्ष हैं । जो ज्ञान-परकी सहायताके बिना स्वयं ही पदार्थोंको स्पष्ट जानता है उसे प्रत्यक्ष कहते हैं । ये दोनोंही ज्ञान इन्द्रिय आदिकी सहायताके बिना अपने २ विषयको स्पष्ट जानते हैं इसलिये प्रत्यक्ष तो हैं, किन्तु एक तो केवल रूपी पदार्थोंको ही जानते हैं दूसरे उनकी भी सब पर्यायोंको नहीं जानते, अपने २ योग्य रूपी द्रव्यकी कतिपय पर्यायोंको ही स्पष्ट जानते हैं । इसलिये ये देशप्रत्यक्ष हैं । इन्द्रिय और मनकी सहायतासे यथायोग्य पदार्थको जाननेवाले ज्ञानको मतिज्ञान कहते हैं । तथा श्रुतज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेपर मतिज्ञानसे जाने हुए पदार्थको विशेष रूपसे जाननेवाले ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते हैं । श्रुत शब्द यद्यपि 'श्रु' धातुसे बना है और 'श्रु' का अर्थ 'सुनना' होता है । किन्तु रूढिवश ज्ञान विशेषका नाम श्रुतज्ञान है । ये दोनों ज्ञान इन्द्रियाँ और मनकी यथायोग्य सहायतासे होते हैं इसलिये परोक्ष हैं । क्यों कि 'पर' अर्थात् इन्द्रियाँ, मन, प्रकाश, उपदेश वगैरह बाह्य निमित्तकी अपेक्षासे जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह परोक्ष कहा जाता है । अतः यद्यपि ये दोनों ही ज्ञान परोक्ष हैं किन्तु इनमेंसे मतिज्ञान प्रत्यक्ष भी है और परोक्ष भी है । मतिज्ञानको प्रत्यक्ष कहनेका एक विशेष कारण है । भट्टाकलंक देवसे पहले यह ज्ञान परोक्ष ही माना जाता था । किन्तु इससे अन्य मतावलम्बियोंके साथ शास्त्रार्थ करते हुए एक कठिनाई उपस्थित होती थी । जैनोंके सिवा अन्य सब मतावलम्बी इन्द्रियोंसे होनेवाले ज्ञानको प्रत्यक्ष कहते हैं । एक जैन धर्म ही उसे परोक्ष मानता था, तथा लोकमें भी इन्द्रिय ज्ञानको प्रत्यक्ष कहा जाता है । अतः भट्टाकलंक देवने मतिज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष नाम दिया । जो यह बतलाता है कि मतिज्ञान लोकव्यवहारकी दृष्टिसे प्रत्यक्ष है, किन्तु वास्तवमें प्रत्यक्ष नहीं है । इसीसे परीक्षामुखमें प्रत्यक्षके दो भेद किये हैं–एक सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष और एक मुख्य प्रत्यक्ष । तथा इन्द्रिय और मनके निमित्तसे उत्पन्न होनेवाले एकदेश स्पष्ट ज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहा है ॥ २५७ ॥ आगे इन्द्रिय ज्ञानके योग्य विषयको कहते हैं । **अर्थ–**इन्द्रियोंसे उत्पन्न होनेवाला मतिज्ञान अपने योग्य पुद्गल द्रव्यको जानता है । और मानसज्ञान श्रुतज्ञानके विषयको भी जानता है तथा इन्द्रियोंके

१ क म स ग जुग्गं ।

[छाया-इन्द्रियजं मतिज्ञानं योग्यं जानाति पुद्गलं द्रव्यम् । मानसज्ञानं च पुनः श्रुतविषयम् अक्षविषयं च ॥] यत् इन्द्रियजम् इन्द्रियेभ्यः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेभ्यः मनसा च जातम् उत्पन्नम् इन्द्रियानिन्द्रियजम् अवग्रहेहावायधारणाभेदभिन्नं षट्त्रिंशदधिकत्रिशतभेदं मतिज्ञानं योग्यं पुद्गलद्रव्यम्, 'बहुबहुविधक्षिप्रानिःसृतानुक्तध्रुवाणां सेतराणाम् ।' इति द्वादशभेदभिन्नं पुद्गलद्रव्यं स्पर्शरसवर्णसंस्थानादिकं पदार्थं जानाति पश्यतीत्यर्थः । पुनः कथंभूतं मतिज्ञानम् । माणसणाणं मनसोत्पन्नं ज्ञानम् अनिन्द्रियजातज्ञानम् । च पुनः किंभूतम् । श्रुतविषयम् अस्फुटज्ञानविषयं 'श्रुतमनिन्द्रियस्य' । अभिधानात् श्रुतज्ञानगृहीतार्थग्राहकम् । च पुनः कीदृक्षम् । अक्षविषयम् इन्द्रियगृहीतार्थग्राहकम् ॥ २५८ ॥ अथ पञ्चेन्द्रियज्ञानानां क्रमेणोपयोगः न युगपदिति भणति-

विषयोंको भी जानता है ॥ **भावार्थ**-मतिज्ञान पांचों इन्द्रियोंसे तथा मनसे उत्पन्न होता है । जो मतिज्ञान पांचों इन्द्रियोंसे उत्पन्न होता है वह तो अपने योग्य पुद्गल द्रव्यको ही जानता है क्योंकि पुद्गलमें स्पर्श, रस, गन्ध और रूप ये चार गुण होते हैं । और इनमेंसे स्पर्शन इन्द्रियका विषय केवल स्पर्श है, रसना इन्द्रियका विषय रस ही है, घ्राण इन्द्रियका विषय गन्ध ही है और चक्षु इन्द्रियका विषय केवल रूप है । तथा श्रोत्रेन्द्रियका विषय शब्द है, वह भी पौद्गलिक है । इस तरह इन्द्रियजन्य मतिज्ञान तो अपने अपने योग्य पुद्गल द्रव्यको ही जानता है । किन्तु मनसे मतिज्ञान भी उत्पन्न होता है, और श्रुतज्ञान भी उत्पन्न होता है । अतः मनसे उत्पन्न होनेवाला ज्ञान इन्द्रियोंके विषयोंको भी जानता है और श्रुतज्ञानके विषयको भी जानता है । मतिज्ञानके कुल भेद तीनसौ छत्तीस होते हैं जो इस प्रकार हैं- मतिज्ञानके मूलभेद चार हैं-अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा । इन्द्रिय और पदार्थका सम्बन्ध होते ही जो सामान्य ग्रहण होता है उसे दर्शन कहते हैं । दर्शनके अनन्तर ही जो पदार्थका ग्रहण होता है वह अवग्रह है । जैसे, चक्षुसे सफेद रूपका जानना अवग्रह ज्ञान है । अवग्रहसे जाने हुए पदार्थको विशेष रूपसे जाननेकी इच्छाका होना ईहा है, जैसे यह सफेद रूपवाली वस्तु क्या है ? यह तो बगुलोंकी पंक्ति माल्म होती है, यह ईहा है । विशेष चिह्नोंके द्वारा यथार्थ वस्तुका निर्णय कर लेना अवाय है । जैसे, पंखोंके हिलनेसे तथा ऊपर नीचे होनेसे यह निर्णय करना कि यह बगुलोंकी पंक्ति ही है, यह अवाय है । अवायसे निर्णीत वस्तुको कालान्तरमें नहीं भूलना धारणा है । बहु, बहुविध, क्षिप्र, अनिसृत, अनुक्त, ध्रुव तथा अल्प, अल्पविध, अक्षिप्र, निःसृतः, उक्त, अध्रुव, इन बारह प्रकारके पदार्थोंके अवग्रह आदि चारों ज्ञान होते हैं । बहुत वस्तुओंके जाननेको बहुज्ञान कहते हैं । बहुत तरहकी वस्तुओंके जाननेको बहुविधज्ञान कहते हैं । जैसे, सेना या वनको एक समूह रूपमें जानना बहुज्ञान है और हाथी घोडे आदि या आम महुआ आदि भेदोंको जानना बहुविध ज्ञान है । वस्तुके एक भागको देखकर पूरी वस्तुको जान लेना अनिःसृत ज्ञान है । जैसे जलमें डूबे हुए हाथीकी सूंडको देखकर हाथीको जान लेना । शीघ्रतासे जाती हुई वस्तुको जानना क्षिप्रज्ञान है । जैसे तेज चलती हुई रेलगाडीको या उसमें बैठकर बाहरकी वस्तुओंको जानना । बिना कहे अभिप्रायसे ही जान लेना अनुक्त ज्ञान है । बहुत काल तक जैसाका तैसा निश्चल ज्ञान होना ध्रुव ज्ञान है । अल्प अथवा एक वस्तुको जानना अल्पज्ञान है । एक प्रकारकी वस्तुओंको जानना एकविध ज्ञान है । धीरे धीरे चलती हुई वस्तुको जानना अक्षिप्रज्ञान है । सामने पूरी विद्यमान वस्तुको जानना निःसृत ज्ञान है । कहने पर जानना उक्त ज्ञान है । चंचल बिजली वगैरहको जानना अध्रुव ज्ञान है । इस तरह बारह प्रकारका अवग्रह, बारह प्रकारका ईहा, बारह

पंचिंदिय-णाणाणं मज्झे एगं च होदि उवजुत्तं ।
मण-णाणे उवजुत्तो इंदिय-णाणं ण जाणेदि[2] ॥ २५९ ॥

[छाया-पञ्चेन्द्रियज्ञानानां मध्ये एकं च भवति उपयुक्तम् । मनोज्ञाने उपयुक्तः इन्द्रियज्ञानं न जानाति ॥] पञ्चेन्द्रियज्ञानानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रजज्ञानानां मध्ये एकस्मिन् काले एकं ज्ञानम् उपयुक्तम् उपयोगयुक्तं विषयग्रहणव्यापारयुक्तं भवति । मनोज्ञाने उपयुक्ते नोइन्द्रियज्ञाने उपयुक्ते विषयग्रहणव्यापारोपयुक्ते सति इन्द्रियज्ञानं पञ्चेन्द्रियाणां ज्ञानं न जायते न उत्पद्यते । अथवा मनसो ज्ञानेन उपयुक्तः मनोज्ञानव्यापारसहितो जीवः इन्द्रियज्ञानं न जानाति । यदा जीवः मनसा एकाग्रचेतसा आर्तरौद्रधर्मादिध्यानं धरति, तदा इन्द्रियाणां ज्ञानं न स्फुरतीत्यर्थः । वा इन्द्रियज्ञानं एकैकं जानाति । चक्षुर्ज्ञानं घ्राणं न जानाति इत्यादि ॥ २५९ ॥ ननु यद्भवद्भिरुक्तम् एकस्मिन् काले एकस्यैवेन्द्रियज्ञानस्योपयोगस्तदप्ययुक्तम् । केनचित्पुंसा करगृहीतशष्कुल्यां भक्ष्यमाणायां सत्यां तद्गन्धग्रहणं घ्राणस्य तच्चर्वणशब्दग्रहणं श्रोत्रस्य तद्वर्णग्रहणं चक्षुषोः तत्स्पर्शग्रहणं करस्य तद्रसग्रहणं जिह्वायाश्च जायते । इति पञ्चेन्द्रियाणां ज्ञानस्य [उपयोगः] युगपदुत्पद्यते इति वावदूकं वादिनं प्रतिवदति-

एक्के[3] काले एक्कं[4] णाणं जीवस्स होदि उवजुत्तं ।
णाणा-णाणाणि पुणो लद्धि-सहावेण वुच्चंति ॥ २६० ॥

प्रकारका अवाय और बारह प्रकारका धारणा ज्ञान होता है । ये सब मिलकर ४८ भेद होते हैं । तथा इनमेंसे प्रत्येक ज्ञान पांच इन्द्रियों और मनसे होता है अतः ४८×६=२८८ भेद मतिज्ञानके होते हैं । तथा अस्पष्ट शब्द वगैरहका केवल अवग्रह ही होता है, ईहा आदि नहीं होते । उसे व्यञ्जनावग्रह कहते हैं । और व्यंजनावग्रह चक्षु और मनको छोडकर शेष चार इन्द्रियोंसे ही होता है । अतः बहु आदि विषयोंकी अपेक्षा व्यंजनावग्रहके ४८ भेद होते हैं । २८८ भेदोंमें इन ४८ भेदोंको मिलानेसे मतिज्ञानके ३३६ भेद होते हैं ॥ २५८ ॥ आगे कहते हैं कि पांचों इन्द्रियज्ञानोंका उपयोग क्रमसे होता है, एक साथ नहीं होता । **अर्थ**-पांचो इन्द्रियज्ञानोंमेंसे एक समयमें एक ही ज्ञानका उपयोग होता है । तथा मनोज्ञानका उपयोग होने पर इन्द्रियज्ञान नहीं होता ॥ **भावार्थ**-स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियसे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानोंमेंसे एक समयमें एक ज्ञान ही अपने विषयको ग्रहण करता है । इसी तरह जिस समय मनसे उत्पन्न हुआ ज्ञान अपने विषयको जानता है उस समय इन्द्रिय ज्ञान नहीं होता । सारांश यह है कि इन्द्रिय ज्ञानका उपयोग क्रमसे ही होता है । एक समयमें एकसे अधिक ज्ञान अपने २ विषयको ग्रहण नहीं कर सकते, अर्थात् उपयोग रूप ज्ञान एक समयमें एक ही होता है ॥ २५९ ॥ शङ्का-आपने जो यह कहा है कि एक समयमें एक ही इन्द्रिय ज्ञानका उपयोग होता है यह ठीक नहीं है, क्योंकि हाथकी कचौरी खानेपर घ्राण इन्द्रिय उसकी गन्धको सूंघती है, श्रोत्रेन्द्रिय कचौरीके चबानेके शब्दको ग्रहण करती है, चक्षु कचौरीको देखती है, हाथको उसका स्पर्श ज्ञान होता है और जिह्वा उसका स्वाद लेती है, इस तरह पांचों इन्द्रिय ज्ञान एक साथ होते हैं । इस शङ्काका समाधान करते हैं । **अर्थ**-जीवके एक समयमें एक ही ज्ञानका उपयोग होता है । किन्तु लब्धि रूपसे एक समयमें अनेक ज्ञान कहे हैं ॥ **भावार्थ**-प्रत्येक क्षायोपशमिक ज्ञानकी दो अवस्थाएँ होती हैं-एक लब्धिरूप और एक उपयोगरूप । अर्थको ग्रहण करनेकी शक्तिका नाम लब्धि

---

१ ब पचिंदिय, ल म स ग पचेंदिय । २ ब जाणा(णे?)दि, ल म स जाएदि, ग जाएहि । ३ म ग एके । ४ ल म स ग एग ।

[छाया-एकस्मिन् काले एकं ज्ञानं जीवस्य भवति उपयुक्तम् । नानाज्ञानानि पुनः लब्धिस्वभावेन उच्यन्ते ॥] जीवस्यात्मनः एकस्मिन् काले एकस्मिन्नेव समये एकं ज्ञानम् एकस्यैवेन्द्रियस्य ज्ञानं स्पर्शनादिजम् उपयुक्तं विषयग्रहण-व्यापारयुक्तम् अर्थग्रहणे उद्यमनं व्यापारणम् उपयोगि भवति । यदा स्पर्शनेन्द्रियज्ञानेन स्पार्शो विषयो गृह्यते तदा रसनादीन्द्रियज्ञानेन रसादिविषयो न गृह्यत इत्यर्थः । एवं रसनादिषु योज्यम् । तर्हि अपरेन्द्रियाणां ज्ञानानि तत्र दृश्यन्ते तत्कथमिति चेदुच्यते । पुनः नानाज्ञानानि अनेकप्रकारज्ञानानि स्पर्शनाद्यनेकेन्द्रियज्ञानानि लब्धिस्वभावेन, अर्थग्रहणशक्तिर्लब्धिर्लाभः प्राप्तिः तत्स्वभावेन तत्स्वरूपेण, उच्यन्ते कथ्यन्ते ॥ २६० ॥ अथ वस्तुनः अनेकान्तात्मक-मेकान्तात्मकं च दर्शयति-

जं वत्थु अणेयंतं एयंतं तं पि होदि सविपेक्खं ।
सुय-णाणेण णएहि य णिरवेक्खं दीसदे[1] णेव ॥ २६१ ॥[2]

[छाया-यत् वस्तु अनेकान्तम् एकान्तं तत् अपि भवति सव्यपेक्षम् । श्रुतज्ञानेन नयैः च निरपेक्षं दृश्यते नैव ॥] यद्वस्तु जीवादिद्रव्यम् एकान्तम् अस्तित्वाद्येकधर्मविशिष्टम्, जीवोऽस्तीति तदपि जीवादिवस्तु सव्यपेक्षं सापेक्षम् आकाङ्क्षासहितम्, स्वद्रव्यचतुष्टयापेक्षया अस्ति एकान्तविशिष्टं परद्रव्यचतुष्टयापेक्षया नास्तिधर्मविशिष्टम् इति अनेकान्तात्मकं वस्तु । श्रुतज्ञानेन जिनोक्तशास्त्रबोधेन नैगमादिनयैश्च नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभू-ताख्यैः च अनेकान्तात्मकं च वस्तु भवति । तथा चोक्तं च । 'नानास्वभावसंयुक्तं द्रव्यं ज्ञात्वा प्रमाणतः । तच्च सापेक्षसिद्ध्यर्थं स्यान्नयमिश्रितं कुरु ॥' स्वद्रव्यादिग्राहकेण अस्तिस्वभावः । परद्रव्यादिग्राहकेण नास्तिस्वभावः । उत्पाद-व्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकेण नित्यस्वभावः । केनचित्पर्यायार्थिकेन अनित्यस्वभावः । भेदकल्पनानिरपेक्षेणैकस्वभावः । अन्वयद्रव्यार्थिकेनैकस्याप्यनेकद्रव्यस्वभावत्वम् । सद्भूतव्यवहारेण गुणगुण्यादिभिर्भेदस्वभावः । भेदविकल्पनानिरपेक्षेण (गुण)गुण्यादिभिरभेदस्वभावः । परमभावग्राहकेण भव्याभव्यपारिणामिकस्वभावः । शुद्धाशुद्धपरमभावग्राहकेण

है। और अर्थको ग्रहण करनेका नाम उपयोग है। लब्धि रूपमें एक साथ अनेक ज्ञान रह सकते हैं। किन्तु उपयोग रूपमें एक समयमें एक ही ज्ञान होता है। जैसे पांचों इन्द्रियजन्य ज्ञान तथा मनोजन्य ज्ञान लब्धि रूपमें हमारेमें सदा रहते हैं। किन्तु हमारा उपयोग जिस समय जिस वस्तुकी ओर होता है उस समय केवल उसीका ज्ञान हमें होता है। कचौरी खाते समय भी जिस क्षणमें हमें उसकी गन्धका ज्ञान होता है उसी क्षण रसका ज्ञान नहीं होता। जिस क्षण रसका ज्ञान होता है उसी क्षण स्पर्शका ज्ञान नहीं होता। किन्तु उपयोगकी चंचलताके कारण कचौरीके गन्ध, रस वगैरहका ज्ञान इतनी द्रुत गतिसे होता है कि हमें क्षणभेदका भान नहीं होता और हम यह समझ लेते हैं कि पाँचों ज्ञान एक साथ हो रहे हैं। किन्तु यथार्थमें पांचों ज्ञान क्रमसे ही होते हैं, अतः उपयोगरूप ज्ञान एक समयमें एक ही होता है ॥ २६० ॥ आगे वस्तुको अनेकान्तात्मक और एकान्तात्मक दिखलाते हैं। **अर्थ**-जो वस्तु अनेकान्तरूप है वही सापेक्ष दृष्टिसे एकान्तरूप भी है। श्रुतज्ञानकी अपेक्षा अनेकान्त-रूप है और नयोंकी अपेक्षा एकान्तरूप है। बिना अपेक्षाके वस्तुका रूप नहीं देखा जासकता ॥ **भावार्थ**-पहले वस्तुको अनेकान्तरूप सिद्ध कर आये हैं, क्योंकि प्रमाणके द्वारा वस्तुमें अनेक धर्मोंकी प्रतीति होती है। प्रमाणके दो भेद हैं-स्वार्थ और परार्थ। श्रुतज्ञानके सिवा बाकीके मति आदि चारों ज्ञान स्वार्थ प्रमाण ही हैं। किन्तु श्रुतज्ञान स्वार्थ भी होता है और परार्थ भी होता है। ज्ञानरूप श्रुतज्ञान स्वार्थ है और वचनरूप श्रुतज्ञान परार्थ है। श्रुतज्ञानके भेद नय हैं। प्रमाणसे जानी हुई वस्तुमें

१ ब म स ग णयेहि य णिरविक्खं दीसए। २ अत्र ब पुस्तके 'जो साहेदि विसेसं' इत्यादि गाथा।

चेतनस्वभावो जीवस्य । असद्भूतव्यवहारेण कर्मनोकर्मणोरपि चेतनस्वभावः । परमभावग्राहकेण कर्मनोकर्मणोः अचेतनस्वभाव. । जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेण अचेतनस्वभाव' । परमभावग्राहकेण कर्मनोकर्मणोर्मूर्तस्वभावः । जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेण मूर्तस्वभावः । परमभावग्राहकेण पुद्गलं विहाय इतरेषां द्रव्याणाम् अमूर्तस्वभावः । पुद्गलस्य तूपचारादपि नास्त्यमूर्तत्वम् । परमभावग्राहकेण कालपुद्गलाणूनाम् एकप्रदेशस्वभावत्वम् । भेदकल्पनानिरपेक्षेण चतुर्णामपि नानाप्रदेशस्वभावत्वम् । पुद्गलाणोरुपचारतः (नानाप्रदेशत्वं न च कालाणोः स्निग्धरूक्षत्वाभावात् । अरूक्षत्वाच्चाणोरमूर्त-) पुद्गलस्यैकविंशतितमो भावो न स्यात । परोक्षप्रमाणापेक्षया असद्भूतव्यवहारेणाप्युपचारेणामूर्तत्वम् ॥ पुद्गलस्य

अपेक्षा भेदसे एक धर्मको ग्रहण करनेवाले ज्ञानको नय कहते है । जैसे प्रमाणसे वस्तुको अनेक धर्मात्मक जानकर ऐसा जानना कि वस्तु स्वचतुष्टयकी अपेक्षा सत्स्वरूप ही है अथवा पर द्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षा असत्स्वरूप ही है, यह नय है । इसीसे प्रमाणको सकलग्राही और नयको विकलग्राही कहा है । किन्तु एक नय दूसरे नयकी अपेक्षा रखकर वस्तुको जाने, तभी वस्तुधर्मकी ठीक प्रतीति होती है । जैसे, यदि कोई यह कहे कि वस्तु सत्स्वरूप ही है असत्स्वरूप नहीं है तो यह नय सुनय न होकर दुर्नय कहा जायेगा । अत. इतर धर्मोका निषेध न करके एक धर्मकी मुख्यतासे वस्तुको जाननेसे ही वस्तुकी ठीक प्रतीति होती है । इसीसे आलापपद्धतिमें कहा है-'प्रमाणसे नाना धर्मयुक्त द्रव्यको जानकर सापेक्ष सिद्धिके लिये उसमें नयकी योजना करो' । यथा—स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य अस्तिस्वभाव है १ । परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा नास्तिस्वभाव है २ । उत्पाद और व्ययको गौण करके ध्रौव्यकी मुख्यतासे ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य नित्य है ३ । किसी पर्यायको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य अनित्यस्वभाव है ४ । भेदकल्पना निरपेक्ष नयकी अपेक्षा द्रव्य एकस्वभाव है ५ । अन्वयग्राही द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा एक होते हुए भी द्रव्य अनेकस्वभाव है ६ । सद्भूत व्यवहार नयसे गुण गुणी आदिकी अपेक्षा द्रव्य भेदस्वभाव है ७ । भेद कल्पना निरपेक्ष नयकी अपेक्षा गुण गुणी आदि रूपसे अभेद स्वभाव है ८ । परमभावके ग्राहक नयकी अपेक्षा जीवद्रव्य भव्य या अभव्यरूप पारिणामिक स्वभाव है ९ । शुद्ध या अशुद्ध परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा जीवद्रव्य चेतनस्वभाव है १० । असद्भूत व्यवहार नयसे कर्म और नोकर्म भी चेतन स्वभाव हैं ११ । किन्तु परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा कर्म और नोकर्म अचेतन स्वभाव हैं १२ । असद्भूत व्यवहार नयसे जीव भी अचेतन स्वभाव है १३ । परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा कर्म और नोकर्म मूर्त स्वभाव हैं १४ । असद्भूत व्यवहार नयसे जीव भी मूर्त स्वभाव है १५ । परमभावग्राही नयकी अपेक्षा पुद्गलको छोडकर शेष सब द्रव्य अमूर्त स्वभाव है तथा पुद्गल उपचारसे भी अमूर्तिक नहीं है । परमभावग्राही नयकी अपेक्षा कालाणु तथा पुद्गलका एक परमाणु एक प्रदेशी हैं । भेद कल्पनाकी अपेक्षा न करने पर शेष धर्म, अधर्म, आकाश और जीवद्रव्य भी अखण्ड होनेसे एकप्रदेशी हैं । किन्तु भेद कल्पनाकी अपेक्षासे चारो द्रव्य अनेकप्रदेशी है । पुद्गलका परमाणु उपचारसे अनेक प्रदेशी है क्योंकि वह अन्य परमाणुओके साथ बन्धनेपर बहुप्रदेशी स्कन्धरूप होजाता है । किन्तु कालाणुमें बन्धके कारण स्निग्ध रूक्ष गुण नहीं है, इसलिये कालाणु उपचारसे भी अनेकप्रदेशी नहीं है । इसीसे अमूर्त काल द्रव्यमें बहुप्रदेशत्वके बिना शेष १५ स्वभाव ही कहे हैं । शुद्धाशुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे पुद्गल विभाव-

१ आदर्श तु "रुपचारतः अणारमूर्तत्वात् भावे पुद्गल°" इति पाठ ।

शुद्धाशुद्धद्रव्यार्थिकेन विभावस्वभावत्वम् । शुद्धद्रव्यार्थिकेन शुद्धस्वभावः । अशुद्धद्रव्यार्थिकेन अशुद्धस्वभावः । असद्भूत-व्यवहारेण उपचरितस्वभावः । श्लोकः । 'द्रव्याणां तु यथारूपं तल्लोकेऽपि व्यवस्थितम् । तथाज्ञानेन संज्ञातं नयोऽपि हि तथाविधः ॥' इति नययोजनिका । सकलवस्तुग्राहकं प्रमाणं, प्रमीयते परिच्छिद्यते वस्तुतत्त्वं येन ज्ञानेन तत्प्रमाणम् । (तद्वेधा सविकल्पेतरभेदात् । सविकल्पं मानसम्, तच्चतुर्विधम् । मतिश्रुतावधिमनःपर्ययरूपम् । निर्विकल्पं मनो-रहितं केवलज्ञानमिति प्रमाणस्य व्युत्पत्तिः) प्रमाणेन वस्तुसंगृहीतार्थैकांशो नयः, श्रुतविकल्पो वा, ज्ञातुरभिप्रायो वा नयः । नानास्वभावेभ्यो व्यावृत्य एकस्मिन् स्वभावे वस्तु नयति प्राप्नोति इति वा नयः । इति श्रुतज्ञानेन नयैश्च वस्तु अनेकान्तं भवति । यद्वस्तु निरपेक्षं प्रतिपक्षधर्मानपेक्षम् एकान्तरूपं तद्वस्तु न दृश्यते, नैव लोक्यत एव । एकान्ता-त्मकस्य वस्तुनः जगत्यभावात् । 'निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तु तेऽर्थकृत्' इति वचनात् । तथा चोक्तम् । 'य एव नित्यक्षणिकादयो नया मिथोनपेक्षाः स्वपरप्रणाशिनः । त एव तत्त्वं विमलस्य ते मुनेः परस्परेक्षाः स्वपरोप-कारिणः ॥' इति ॥ २६१ ॥ अथ श्रुतज्ञानस्य परोक्षेणानेकान्तप्रकाशत्वं दर्शयति–

सव्वं पि अणेयंतं परोक्ख-रूवेण जं पयासेदि ।
तं सुय-णाणं[1] भण्णदि संसय-पहुदीहि परिचत्तं[2] ॥ २६२ ॥

[छाया-सर्वम् अपि अनेकान्तं परोक्षरूपेण यत् प्रकाशयति । तत् श्रुतज्ञानं भण्यते संशयप्रभृतिभिः परि-त्यक्तम् ॥] यत्परोक्षरूपेण सर्वमपि जीवादिवस्तु अनेकधर्मविशिष्टं प्रकाशयति तत् श्रुतज्ञानं भण्यते, जिनोक्तश्रुतज्ञानं कथ्यते । तत्कीदृशम् । संशयप्रभृतिभिः परित्यक्तं संशयविपर्यासानध्यवसायादिभी रहितम् । स्थाणुर्वा पुरुषो वा इति

स्वभाव है । शुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे शुद्ध स्वभाव है और अशुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे अशुद्ध स्वभाव है । तथा असद्भूत व्यवहार नयसे उपचरित स्वभाव है । सारांश यह है कि द्रव्योंका जैसा स्वरूप है वैसा ही ज्ञानसे जाना गया है, तथा वैसा ही लोकमें माना जाता है । नयभी उसे वैसा ही जानते हैं । अन्तर केवल इतना है कि प्रमाणसे वस्तुके सब धर्मोंको ग्रहण करके ज्ञाता पुरुष अपने अभिप्रायके अनुसार उसमेंसे किसी एक धर्मकी मुख्यतासे वस्तुका कथन करता है । यही नय है । इसीसे ज्ञाताके अभि-प्रायको भी नय कहा है । तथा जो नाना स्वभावोंको छोड कर वस्तुके एक स्वभावको कथन करता है वह नय है । नयके भी सुनय और दुर्नय दो भेद हैं । जो वस्तुको प्रतिपक्षी धर्मसे निरपेक्ष एकान्तरूप जानता या कहता है वह दुर्नय है । दुर्नयसे वस्तु स्वरूपकी सिद्धि नहीं हो सकती क्योंकि यह बतला आये हैं कि वस्तु सर्वथा एकरूप ही नहीं है । अतः जो प्रतिपक्षी धर्मोंकी अपेक्षा रखते हुए वस्तुके एक धर्मको कहता या जानता है वही सुनय है । इसीसे निरपेक्ष नयोंको मिथ्या बतलाया है और सापेक्ष नयोंको वस्तुसाधक बतलाया है । स्वामी समन्तभद्रने स्वयंभूस्तोत्रमें विमलनाथ भगवानकी स्तुति करते हुए कहा है–'वस्तु नित्यही है' अथवा 'वस्तु क्षणिकही है' जो ये निरपेक्ष नय स्व और पर के घातक हैं, हे विमलनाथ भगवन् ! वे ही नय परस्पर सापेक्ष होकर आपके मतमें तत्त्वभूत हैं, और स्व और पर के उपकारक हैं ॥ २६१ ॥ आगे कहते हैं कि श्रुतज्ञान परोक्ष रूपसे अनेकान्तका प्रकाशन करता है । **अर्थ–**जो परोक्ष रूपसे सब वस्तुओंको अनेकान्त रूप दर्शाता है, संशय आदिसे रहित उस ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते हैं ॥ **भावार्थ–**तीन मिथ्याज्ञान होते हैं–संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय । यह ठूंठ है अथवा आदमी है ! इस प्रकारके चलित ज्ञानको संशय कहते हैं । सींपको

---

१ म सुअणाणं, ग सुयनाणं भणदि । २ ब ल ग परिचित्तं ।

चलिता प्रतिपत्तिः इति संशयः संदेहः । शुक्तिकायां रजतज्ञानमिति विपर्यासः विपरीतः विभ्रमः । गच्छतः पुंसः तृणस्पर्शस्य सर्पो वा शृंखला वा इति ज्ञानमनध्यवसायः मोहः । इत्यादिभिर्विवर्जितं श्रुतज्ञानम् । तथा चोक्तं श्रीसमन्तभद्रैः । 'स्याद्वादकेवलज्ञाने सर्ववस्तुप्रकाशने । भेदः साक्षादसाक्षाच्च ह्यवस्त्वन्यतमं भवेत् ॥' इति ॥ २६२ ॥ अथ लोकव्यवहारस्य नयात्मकं दर्शयति–

> लोयाणं ववहारं धम्म-विवक्खाइ जो पसाहेदि[1] ।
> सुय-णाणस्स[3] वियप्पो सो वि णओ लिंग-संभूदो ॥ २६३ ॥

[छाया–लोकाना व्यवहारं धर्मविवक्षया यः प्रसाधयति । श्रुतज्ञानस्य विकल्पः सः अपि नयः लिङ्गसंभूतः ॥]
यः वादी प्रतिवादी वा धर्मविवक्षया अस्तिनास्तिनित्यानित्यभेदाभेदैकानेकाद्यनेकस्वभावं वक्तुमिच्छया लोकानां जनानां

चादी जानना विपर्यय ज्ञान है। मार्गमें चलते हुए किसी वस्तुका पैरमें स्पर्श होने पर 'कुछ होगा' इस प्रकारके ज्ञानको अनध्यवसाय कहते हैं। इन तीनों मिथ्याज्ञानोंसे रहित जो ज्ञान अनेकान्त रूप वस्तुको परोक्ष जानता है वही श्रुतज्ञान है। पहले श्रुतज्ञानको परोक्ष बतलाया है, क्यों कि वह मनसे होता है तथा मतिपूर्वकही होता है। श्रुतज्ञानके दो मूल भेद हैं–एक अनक्षरात्मक और एक अक्षरात्मक। स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु इन चार इन्द्रियोंसे होनेवाले मतिज्ञानपूर्वक जो श्रुतज्ञान होता है वह अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान है। तथा शब्दजन्य मतिज्ञानपूर्वक होनेवाले श्रुतज्ञानको अक्षरात्मक श्रुतज्ञान कहते हैं। शास्त्रसे तथा उपदेश वगैरहसे जो विशेष ज्ञान होता है वह सब श्रुतज्ञान है। शास्त्रोंमें सभी वस्तुओंके अनेकान्तस्वरूपका वर्णन होता है। अतः श्रुतज्ञान सभी वस्तुओंको शास्त्र वगैरहके द्वारा जानता है, किन्तु शास्त्रके बिना अथवा जिनके वचनोंका सार शास्त्रमें हैं उन प्रत्यक्षदर्शी केवलीके बिना सब वस्तुओंका ज्ञान नहीं हो सकता। इसीसे समन्तभद्र स्वामीने आप्तमीमांसामें श्रुतज्ञानका महत्त्व बतलाते हुए कहा है–'श्रुतज्ञान और केवलज्ञान, दोनों ही समस्त वस्तुओंको प्रकाशित करते हैं। अन्तर केवल इतना ही है कि श्रुतज्ञान परोक्ष रूपसे जानता है और केवलज्ञान प्रत्यक्ष रूपसे जानता है'। जो श्रुतज्ञान और केवलज्ञानका विषय नहीं है वह अवस्तु है। अर्थात् ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो इन दोनों ज्ञानोंके द्वारा न जानी जासके ॥ २६२ ॥ श्रुतज्ञानका स्वरूप बतलाकर श्रुतज्ञानके भेद नयका स्वरूप बतलाते हैं। **अर्थ**–जो वस्तुके एक धर्मकी विवक्षासे लोकव्यवहार को साधता है वह नय है। नय श्रुतज्ञानका भेद है तथा लिंगसे उत्पन्न होता है॥ **भावार्थ**–लोकव्यवहार नयके द्वारा ही चलता है; क्यों कि दुनियाके लोग किसी एक धर्मकी अपेक्षासे ही वस्तुका व्यवहार करते हैं। जैसे, एक राजाके पास सोनेका घडा था। उसकी लडकीको वह बहुत प्यारा था। वह उससे खेला करती थी। किन्तु राजपुत्र उस घडेको तुडवाकर मुकुट बनवानेकी जिद किया करता था। उसे घडा अच्छा नहीं लगता था। एक दिन राजाने घडेको तोड कर मुकुट बनवा दिया। घडेके टूटनेसे लडकी बहुत रोई, और मुकुटके बन जानेसे राजपुत्र बहुत प्रसन्न हुआ। किन्तु राजाको न शोक हुआ और न हर्ष हुआ। इस लौकिक दृष्टान्तमें लडकीकी दृष्टि केवल घडेके नाश पर है, राजपुत्रकी दृष्टि केवल मुकुटकी उत्पत्ति पर है और राजाकी दृष्टि सोने पर है। इसी तरहसे दुनियाके

१ ब विवक्खाइ । २ ब पयासेदि । ३ म ग णाणिस्स ।

व्यवहारं, भेदोपचारतया वस्तु व्यवह्रियते इति व्यवहारं, ग्रहणगमनयाचनवितरणादि वस्तु नित्यानित्यादिकं प्रसाधयति निर्मिनोति निष्पादयति, सोऽपि श्रुतज्ञानस्य स्याद्वादरूपस्य विकल्पः भेदः नयः कथ्यते। कथंभूतो नयः। लिङ्गसंभूतः लिङ्गेन हेतुरूपेण भूयते स्म लिङ्गभूतः परार्थानुमानरूपः नूतनचिह्नो वा। अथवा लिङ्गसंभूतो नयः कथ्यते ॥ २६४ ॥ अथ नानास्वभावयुक्तस्य वस्तुनः एकस्वभावग्रहणं नयापेक्षया कथ्यते इत्याह–

णाणा-धम्म-जुदं पि[1] य एयं धम्मं पि वुच्चदे अत्थं।
तस्सेयं[2]-विवक्खादो णत्थि विवक्खा[3] हु[4] सेसाणं ॥ २६४ ॥

[छाया–नानाधर्मयुतः अपि च एकः धर्म. अपि उच्यते अर्थः। तस्य एकविवक्षातः नास्ति विवक्षा खलु शेषाणाम् ॥] नानाधर्मयुक्तोऽपि अर्थः अनेकप्रकारस्वभावसहितोऽपि जीवादिपदार्थः स्वद्रव्यादिग्राहकेण अस्तिस्वभावः, परद्रव्यादिग्राहकेण नास्तिस्वभावः, उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकेण नित्यस्वभावः, केनचित्पर्यायार्थिकेन अनित्यस्वभावः। एवमेकानेकभेदाभेदचेतनाचेतनमूर्तामूर्तादिस्वभावयुक्तोऽपि जीवादिपदार्थः। तस्य अर्थस्य एको धर्मः, जीवो नित्य एव, जीवोऽस्त्येव इत्याद्येकस्वभावविशिष्टः उच्यते कथ्यते। कुतः एकधर्मविवक्षातः एकस्वभाववक्तुमिच्छातः, न तु अनेकधर्माणामभावात्। हु स्फुटम्। शेषाणाम् अनित्यत्वनास्तित्वाद्यनेकधर्माणां तत्र वस्तुनि विवक्षा नास्ति ॥ २६४ ॥ अथ धर्मवाचकशब्दतज्ज्ञानानां नयत्वं दर्शयति–

सो चिय[5] एक्को धम्मो वाचय-सद्दो वि तस्स धम्मस्स।
जं[6] जाणदि तं णाणं ते तिण्णि वि णय-विसेसा य ॥ २६५ ॥

पर्यायबुद्धि लोग पर्यायकी अपेक्षा वस्तुको नष्ट हुआ अथवा उत्पन्न हुआ देखते हैं और द्रव्यदृष्टि लोग उसे ध्रुव मानकर वैसा व्यवहार करते हैं, अतः लोकव्यवहार नयाधीन है। किन्तु सच्चा नय वस्तुके जिस एक धर्मको ग्रहण करता है उसे युक्तिपूर्वक ग्रहण करता है। जैसे वस्तुको यदि सत् रूपसे ग्रहण करता है तो उसमें हेतु देता है कि अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा वस्तु सत्रूप है। इस तरह नय हेतुजन्य है। इसीसे अष्टसहस्रीमें श्रुतज्ञानको अहेतुवाद और नयको हेतुवाद कहा है। जो बिना हेतुके वस्तुके किसीभी एक धर्मको स्वेच्छासे ग्रहण करता है वह नय नहीं है ॥ २६३ ॥ आगे, नाना स्वभाववाली वस्तुके एक स्वभावका ग्रहण नयकी अपेक्षासे कैसे किया जाता है, यह बतलाते हैं। **अर्थ**–नाना धर्मोंसे युक्तभी पदार्थके एक धर्मको ही नय कहता है; क्योंकि उस समय उसी धर्मकी विवक्षा है, शेष धर्मोंकी विवक्षा नहीं है ॥ **भावार्थ**–यद्यपि जीवादि पदार्थ अनेक प्रकारके धर्मोंसे युक्त होते हैं–स्वद्रव्य आदिकी अपेक्षा सत्स्वभाव हैं, पर द्रव्य आदिकी अपेक्षा असत्स्वभाव हैं, उत्पाद व्ययको गौण करके ध्रुवत्वकी अपेक्षा नित्य हैं, पर्यायकी अपेक्षा अनित्य हैं। इस तरह एकत्व, अनेकत्व, भेद, अभेद, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व आदि अनेक धर्मयुक्त हैं। किन्तु उन अनेक धर्मोंमेंसे नय एकही धर्मको ग्रहण करता है। जैसे, जीव नित्य ही है या सत्स्वभाव ही है; क्योंकि उस समय वक्ताकी इच्छा उसी एक धर्मको ग्रहण करनेकी अथवा कहनेकी है। किन्तु इसका यह मतलब नहीं है कि वस्तुमें अनेक धर्म नहीं हैं इसलिये वह एक धर्मको ग्रहण करता है, बल्कि शेष धर्मोंके होते हुए भी उनकी विवक्षा नहीं है इसीसे वह विवक्षित धर्मको ही ग्रहण करता है ॥ २६४ ॥ आगे, वस्तुके धर्म, उसके वाचक शब्द तथा उसके ज्ञानको नय कहते हैं। **अर्थ**–

---

१ क ग धम्मं पि, स धम्म पि। २ स ग तस्सेव म तस्सेयं। ३ क ग विवक्खो। ४ स हि। ५ म चिय। ६ क म स ग जं।

[छाया-स एव एकः धर्मः वाचकशब्दः अपि तस्य धर्मस्य । यत् जानाति तत् ज्ञानं ते त्रयोऽपि नयविशेषाः च ॥] च पुनः, ते त्रयो नयविशेषाः ज्ञातव्याः । ते के । स एव एको धर्मः नित्योऽनित्यो वा, अस्तिरूपः नास्तिरूपो वा, एकरूपः अनेकरूपो वा, इत्याद्येकस्वभावः नयः । नयग्राह्यत्वात् इत्येकनयः । १ । तस्य धर्मस्य नित्यत्वाद्येकस्वभावस्य वाचकशब्दोऽपि तत्प्रतिपादकशब्दोऽपि नयः कथ्यते । ज्ञानस्य करणे कार्ये च शब्दे नयोपचारात् इति द्वितीयो वाचकनयः । २ । तं नित्याद्येकधर्मं जानाति तत् ज्ञानं तृतीयो नयः । ३ । सकलवस्तुग्राहकं ज्ञानं प्रमाणम्, तदेकदेशग्राहको नयः । इति वचनात् ॥ २६५ ॥ ननु नयानामेकधर्मग्राहकत्वे मिथ्यात्वं स्यात् इत्युक्तिं निरस्यति-

ते सावेक्खा[1] सुणया णिरवेक्खा ते वि दुण्णया होंति ।
सयल-ववहार[2]-सिद्धी सु-णयादो होदि णियमेण[3] ॥ २६६ ॥

[छाया-ते सापेक्षाः सुनयाः निरपेक्षाः ते अपि दुर्णयाः भवन्ति । सकलव्यवहारसिद्धिः सुनयतः भवति नियमेन ॥] ते त्रयो नयाः धर्मशब्दज्ञानरूपाः सापेक्षाः स्वविपक्षापेक्षासहिताः । यथा अस्त्यनित्यमेदादिग्राहका नयाः नास्तिनित्यमेदादिसापेक्षाः सन्तः सुनया शोभननयाः सत्यरूपाः नया भवन्ति । अपि पुनः, ते त्रयो नया धर्मशब्दज्ञानरूपाः निरपेक्षाः स्वविपक्षापेक्षारहिताः । यथा नास्तिनिरपेक्षः सर्वथा अस्तिस्वभावः, अनित्यत्वनिरपेक्ष सर्वथा नित्यस्वभावः, अभेदत्वनिरपेक्षः सर्वथा भेदस्वभावः । इत्यादिनिरपेक्षा नया दुर्णया भवन्ति । तथा चोक्तम् । 'दुर्णयैकान्तमारूढा

वस्तुका एक धर्म, उस धर्मका वाचक शब्द और उस धर्मको जाननेवाला ज्ञान, ये तीनो ही नयके भेद हैं ॥ **भावार्थ**-नयके तीन रूप हैं-अर्थरूप, शब्दरूप और ज्ञानरूप । वस्तुका एक धर्म अर्थरूप नय है, उस धर्मका वाचक शब्द शब्दरूप नय है, और उस धर्मका ग्राहक ज्ञान ज्ञानरूप नय है । वस्तुका एक धर्म नयके द्वारा ग्राह्य है इसलिये उसे नय कहा जाता है । और उसका वाचक शब्द तथा ग्राहक ज्ञान एक धर्मको ही कहता अथवा जानता है इस लिये वह तो नय है ही ॥ २६५ ॥ यहाँ यह शङ्का हो सकती है कि जब एकान्तवाद मिथ्या है तो एक धर्मका ग्राहक होनेसे नय मिथ्या क्यों नहीं है ? इसीका आगे समाधान करते हैं । **अर्थ**-ये नय सापेक्ष हों तो सुनय होते हैं और निरपेक्ष हों तो दुर्नय होते हैं । सुनयसे ही नियमपूर्वक समस्त व्यवहारोकी सिद्धि होती है ॥ **भावार्थ**-ये तीनोंही नय यदि सापेक्ष होते हैं, अर्थात् अपने विपक्षीकी अपेक्षा करते हैं तो सुनय होते हैं । जैसे सत्, अनित्य और अमेदको ग्रहण करनेवाले नय असत्, अनित्य और भेदकी अपेक्षा करनेसे सुनय यानी सच्चे नय होते हैं । और यदि ये नय निरपेक्ष होते हैं अर्थात् यदि अपने विपक्षीकी अपेक्षा नहीं करते, जैसे वस्तु असत् से निरपेक्ष सर्वथा सत्स्वरूप है, अनित्यत्वसे निरपेक्ष सर्वथा नित्यस्वरूप है या अमेदनिरपेक्ष सर्वथा भेदरूप है ऐसा यदि मानते जानते अथवा कहते हैं तो वे दुर्नय हैं । कहा भी है-'दुर्नयके विषयभूत एकान्त रूप पदार्थ वास्तविक नहीं हैं क्योंकि दुर्नय केवल स्वार्थिक है, दूसरे नयोंकी अपेक्षा न करके केवल अपनी पुष्टि करते हैं । और जो स्वार्थिक अत एव विपरीतग्राही होते हैं वे नय सदोष होते हैं ।' इसका खुलासा इस प्रकार है-वस्तुको सर्वथा एकान्तरूपसे सत् मानने पर वस्तुके नियतरूपकी व्यवस्था नहीं बन सकती, क्योंकि जैसे वह स्वरूपसे सत् है वैसेही पर रूपसे भी सत् है । अतः घट पट चेतन अचेतन कोई भेद नहीं रहेगा और इस तरह संकर आदि दोष उपस्थित होंगे । तथा वस्तुको एकान्तरूपसे सर्वथा असत् मानने पर सब संसार शून्यरूप हो जायेगा । सर्वथा नित्यरूप

---

[1] छ म स ग साविक्खा...णिरविक्खा । [2] ग विवहार । [3] ब णेयमेण ।

भावानां स्वार्थिका हि ते । स्वार्थिकाश्च विपर्यस्ताः सकलङ्का नया यतः॥' तत्कथम् । तथाहि । सर्वथा एकान्तेन सद्रूपस्य न नियतार्थव्यवस्थासंकरादिदोषत्वात्, तथा सद्रूपस्य सकलशून्यताप्रसंगात्, नित्यस्यैकरूपत्वात् एकरूपस्यार्थक्रियाकारित्वाभावः, अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अनित्यपक्षेऽपि निरन्वयत्वात् अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । एकस्वरूपस्यैकान्तेन विशेषाभाव', सर्वथैकरूपत्वात् विशेषाभावे सामान्यस्याप्यभावः । 'निर्विशेषं हि सामान्यं भवेत्खरविषाणवत् । सामान्यरहितत्वाच्च विशेषस्तद्वदेव हि ॥' इत्यादिनिरपेक्षा नया दुर्णयाः असत्यरूपा अनर्थकारिणः सन्ति । नियमेन अवश्यं सुणयादो सुनयेभ्यः सत्यरूपनयेभ्यः सकलव्यवहारसिद्धिः, सकलव्यवहाराणां भेदोपचारेण सकलवस्तुव्यवहारक्रियमाणानां ग्रहणदानगमनागमनयजनयाजनस्थापनादिव्यवहाराणां सिद्धिः निष्पत्तिर्भवति ॥ २६६ ॥ अथ परोक्षज्ञानमनुमानं निर्दिशति-

जं जाणिज्जइ जीवो इंदिय-वावार-काय-चिट्ठाहिं ।
तं अणुमाणं भण्णदि तं पि णयं बहु-विहं जाण ॥ २६७ ॥

[छाया-यत् जानाति जीवः इन्द्रियव्यापारकायचेष्टाभिः । तत् अनुमानं भण्यते तम् अपि नयं बहुविधं जानीहि ॥] इन्द्रियव्यापारकायचेष्टाभिः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रैः मनसा च व्यापारैः गमनागमनादिलक्षणैः कायचेष्टाभि· शरीराकारविशेषैः जीवः आत्मा यत् जानाति तमपि अनुमाननयं ज्ञानं भणति कथयति । अथवा इन्द्रियाणां स्पर्शनादीनां व्यापाराः विषयाः स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दरूपाः तैः जीवः यत् जानाति तत् अनुमानज्ञानं कथयति । साधनात् साध्यविज्ञानमनुमानम्, इष्टमबाधितमसिद्धं साध्यम् । साध्याविनाभावित्वेन निश्चितो हेतुः । यथा

वस्तुको मानने पर उसमें अर्थक्रिया नहीं बनेगी और अर्थक्रियाके अभावमें वस्तुका ही अभाव हो जायेगा । सर्वथा अनित्य माननेपर वस्तुका निरन्वय विनाश होजानेसे उसमें भी अर्थक्रिया नहीं बनेगी । और अर्थक्रियाके अभावमें वस्तुका भी अभाव हो जायेगा । वस्तुको सर्वथा एकरूप माननेपर उसमें विशेष धर्मोंका अभाव हो जायेगा, और विशेषके अभावमें सामान्यका भी अभाव हो जायेगा, क्योंकि बिना विशेषका सामान्य गधेके सींगकी तरह असंभव है और बिना सामान्यके विशेष भी गधेके सींगकी तरह संभव नहीं है । अर्थात् सामान्य विशेषके बिना नहीं रहता और विशेष सामान्यके बिना नहीं रहता । अतः निरपेक्ष नय मिथ्या होते हैं । इस लिये सापेक्ष सुनयसे ही लोकव्यवहारकी सिद्धि होती है ॥२६६॥ आगे परोक्षज्ञान अनुमानका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–इन्द्रियोंके व्यापार और कायकी चेष्टाओंसे जो जीवको जानता है वह अनुमान ज्ञान है । यह भी नय है । इसके अनेक भेद हैं ॥ **भावार्थ**–जीवद्रव्य इन्द्रियोंसे दिखाई नहीं देता । किन्तु जिस शरीरमें जीव रहता है वह शरीर हमें दिखाई देता है । उस शरीरमें आंख, नाक, कान वगैरह इन्द्रियां होती हैं । उनके द्वारा वह खाता पीता है, सूंघता है, जानता है, हाथ पैर हिलाता है, चलता फिरता है, बातचीत करता है, बुलानेसे आजाता है । इन सब चेष्टाओंको देखकर हम यह जान लेते हैं कि इस शरीरमें जीव है । यही अनुमान ज्ञान है । साधनसे साध्यके ज्ञानको अनुमान कहते हैं । तथा जो सिद्ध करनेके लिये इष्ट होता है, जिसमें कोई बाधा नहीं होती तथा जो असिद्ध होता है उसे साध्य कहते हैं । और जो साध्यके होने पर ही होता है उसके अभावमें नहीं होता उसे साधन कहते हैं । जैसे, इस पर्वतपर आग है, क्योंकि धुआं उठ रहा है जैसे रसोईघर । यह अनुमान ज्ञान है । इसमें आग साध्य है और धुआं साधन है; क्योंकि आगके होने पर ही धुआं होता है और आगके अभावमें नहीं होता । अतः धुआंको देखकर आगको जान लेना अनुमान ज्ञान है । इस अनुमानके अनेक भेद परीक्षामुख वगैरहमें बतलाये हैं । अथवा परोक्ष ज्ञानके

पर्वतोऽयमग्निमान् धूमवत्त्वात् महानसवत्, इत्यादि अनुमानं ज्ञानम्, तदपि नयम्। परोक्षज्ञानं बहुविधमनेकप्रकारं स्मृतिप्रत्यभिज्ञानतर्कानुमानागमभेदं जानीहि ॥ २६७ ॥ अथ नयभेदान् निर्दिशति–

सो संगहेण एक्को[1] दु-विहो वि य दव्व-पज्जएहिंतो ।
तेसिं च[2] विसेसादो णइगम[3]-पहुदी हवे णाणं ॥ २६८ ॥

[छाया–स संग्रहेन एकः द्विविधः अपि च द्रव्यपर्ययाभ्याम्। तयोः च विशेषात् नैगमप्रभृति भवेत् ज्ञानम् ॥] स नयः एकम् एकप्रकारं संग्रहेण संग्रहनयेन द्रव्यपर्याययोर्भेदमकृत्वा सामान्येन नयः एको भवति। अपि पुनः, स नयः द्विविधः। काभ्याम्। द्रव्यपर्यायाभ्याम् एको द्रव्यार्थिकनयः द्रव्यमेवार्थः प्रयोजनमस्येति द्रव्यार्थिकः द्रव्यग्रहणप्रयोजनत्वाच्च, द्वितीयः पर्यायार्थिकः पर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति पर्यायार्थिको नयः, पर्यायग्रहणप्रयोजनत्वाच्च। तेसिं च तयोः द्रव्यपर्याययोश्च द्वयोर्विशेषात् विशेषलक्षणात् ज्ञानं नयलक्षणप्रमाणं ज्ञानैकदेशो वा नैगमप्रभृतिकं भवेत्। नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूतप्रमुखज्ञानं नयरूपो बोधः स्यात्। नैगमसंग्रहव्यवहारनयास्त्रयो द्रव्यार्थिकाः। ऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता नयाश्चत्वारः पर्यायार्थिकाश्च इति ॥ २६८ ॥

जो साहदि सामण्णं अविणा-भूदं विसेस-रूवेहिं ।
णाणा-जुत्ति-बलादो दव्वत्थो सो णओ होदि ॥ २६९ ॥

[छाया–यः कथयति सामान्यम् अविनाभूतं विशेषरूपैः। नानायुक्तिबलात् द्रव्यार्थः स नयः भवति ॥] यः नयः साधयति विषयीकरोति गृह्णातीत्यर्थः। किं तत्। सामान्यं निर्विशेषं सत्त्वं द्रव्यत्वात्मत्वादिरूपम्। तत् कीदृशं सामान्यम्। विशेषरूपैः अविनाभूतं जीवास्तित्वपुद्गलास्तित्वधर्मास्तित्वादिस्वभावैः अविनाभूतम् एकैकमन्तरेण न

स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम ये अनेक भेद बतलाये हैं। यहाँ ग्रन्थकारने अनुमान ज्ञानको जो नय बतलाया है वह एक नईसी बात प्रतीत होती है। क्योंकि अकलंक देव वगैरहने अनुमान ज्ञानको परोक्ष प्रमाणके भेदोंमें ही गिनाया है। और अन्य किसी भी आचार्यने उसे नय नहीं बतलाया। किन्तु जब नय हेतुवाद है तो अनुमान भी नयरूप ही बैठता है। इसके लिये अष्टसहस्रीकी कारिका १०६ देखना चाहिये ॥ २६७ ॥ आगे नयके भेद कहते हैं। **अर्थ**– संग्रह अर्थात् सामान्यसे नय एक है। द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकके भेदसे दो प्रकारका है। उन्हीं दोनोंके भेद नैगम आदि ज्ञान हैं ॥ **भावार्थ**–द्रव्य और पर्यायका भेद न करके सामान्यसे नय एक है। और द्रव्य तथा पर्यायके भेदसे नयके भी दो भेद हैं–एक द्रव्यार्थिक नय, एक पर्यायार्थिक नय। जिस नयका विषय केवल द्रव्य ही है वह द्रव्यार्थिक नय है। और जो नय केवल पर्यायको ही ग्रहण करता है वह पर्यायार्थिक नय है। इन दोनों नयोंके नैगम आदि अनेक भेद हैं। नैगमनय, संग्रहनय और व्यवहारनय ये तीन द्रव्यार्थिक नय हैं। और ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत ये चार पर्यायार्थिक नय हैं ॥ २६८ ॥ आगे द्रव्यार्थिक नयका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**–जो नय वस्तुके विशेष रूपोंसे अविनाभूत सामान्यरूपको नाना युक्तियोंके बलसे साधता है वह द्रव्यार्थिक नय है ॥ **भावार्थ**–जो नय वस्तुके सामान्य रूपको युक्तिपूर्वक ग्रहण करता है वह द्रव्यार्थिक नय है। किन्तु वह सामान्य विशेष धर्मोंसे निरपेक्ष नहीं होना चाहिये। बल्कि विशेषोंका अविनाभावी, उनके विना न रहनेवाला और उनके सद्भावमें ही रहनेवाला होना चाहिये। अन्यथा वह नय सुनय न होकर दुर्नय होजायेगा। आलाप

---

१ स इक्को (?)। २ स वि। ३ स णयगम।

भूयते स्म इत्यविनाभूतं सद्भूतमित्यर्थः । कुतः । नानायुक्तिबलात् अनेकतर्कज्ञानादिबलात् स द्रव्यार्थिकः नयो ज्ञातव्यो भवति । तथाहि । कर्मोपाधिनिरपेक्षशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा संसारी जीवः सिद्धसदृक् शुद्धात्मा । १ । उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा द्रव्यं नित्यम् । २ । भेदकल्पनानिरपेक्षशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा निजगुणपर्यायस्वभावात् द्रव्यमभिन्नम् । ३ । कर्मोपाधिसापेक्ष-अशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा क्रोधादिकर्मजभावः आत्मा । ४ । उत्पादव्ययसापेक्ष-अशुद्ध-द्रव्यार्थिकः, यथा एकस्मिन् समये द्रव्यम् उत्पादव्ययध्रौव्यात्मकम् । ५ । भेदकल्पनासापेक्ष-अशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा आत्मनः दर्शनज्ञानादयो गुणाः । ६ । अन्वयद्रव्यार्थिकः, यथा गुणपर्यायस्वभावं द्रव्यम् । ७ । स्वद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकः, यथा स्वद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमस्ति । ८ । परद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकः, यथा परद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यं नास्ति । ९ । परमभावग्राहकद्रव्यार्थिकः, यथा ज्ञानस्वरूपात्मा अत्र अनेकस्वभावानां मध्ये ज्ञानाख्यपरमस्वभावो गृहीतः । १० । इति द्रव्यार्थिकस्य दश भेदाः ॥ २६९ ॥ अथ पर्यायार्थिकनयं साधयति–

जो[1] साहेदि विसेसे[2] बहु-विह-सामण्ण-संजुदे सव्वे ।
साहण-लिंग-वसादो पज्जय-[3]विसओ णओ होदि ॥ २७० ॥

[छाया–यः कथयति विशेषान् बहुविधसामान्यसंयुतान् सर्वान् । साधनलिङ्गवशात् पर्ययविषयः नयः भवति ॥] यः पर्यायार्थिको नयः साधयति साध्यसिद्धिं कारयति । कान् । सर्वान् विशेषान् पर्यायान् उत्पादव्ययध्रौव्यलक्षणान् । कीदृशान् । बहुविधसामान्यसंयुक्तान्, बहुविधसामान्यैः संयुक्तान् । अस्तित्वनित्यत्वैकत्वभिन्नत्वादिसामान्यैरविनाभूतान् । कुतः साधयति । साधनलिङ्गवशात् पर्वताग्निवनाग्निसाधनधूमहेतुवशात्, पर्वतोऽयमग्निमान् धूमवत्वात्, वनमिदमग्निमत् धूमत्वात् । सर्वं वस्तु परिणामि सत्त्वान्यथानुपपत्तेः इत्यादिहेतुवशात् । स पर्यायार्थिको नयः पर्यायविशेषविषयो भवति ।

पद्धति में द्रव्यार्थिकके दस भेद बतलाये हैं जो इस प्रकार है–कर्मोंकी उपाधिसे निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यका विषय करनेवाला नय शुद्ध द्रव्यार्थिक है । जैसे संसारी जीव सिद्धके समान शुद्ध है १ । उत्पाद व्ययको गौण करके सत्ता मात्रको ग्रहण करनेवाला शुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे द्रव्य नित्य है २ । भेद कल्पनासे निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे अपने गुणपर्याय स्वभावसे द्रव्य अभिन्न है ३ । कर्मोंकी उपाधि सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यको विषय करनेवाला नय अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय है, जैसे आत्मा कर्मजन्य क्रोधादि भाववाला है ४ । उत्पाद व्यय सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे एक समयमें द्रव्य उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यात्मक है ५ । भेद कल्पना सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे आत्माके दर्शन, ज्ञान आदि गुण हैं ६ । अन्वय द्रव्यार्थिक, जैसे द्रव्य गुणपर्यायस्वभाव है ७ । स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र आदिका ग्राहक द्रव्यार्थिक, जैसे स्वद्रव्य आदि चतुष्टय (चार) की अपेक्षा द्रव्य है ८ । परद्रव्य, परक्षेत्र आदिका ग्राहक द्रव्यार्थिक, जैसे परद्रव्य आदि चारकी अपेक्षा द्रव्य नहीं है ९ । परमभावका ग्राहक द्रव्यार्थिक, जैसे आत्मा ज्ञान स्वरूप है । यद्यपि आत्मा अनेक स्वभाववाला है किन्तु यहाँ अनेक स्वभावोंमेंसे ज्ञान नामक परम-स्वभावको ग्रहण किया है १० । इस प्रकार द्रव्यार्थिक नयके दस भेद हैं ॥ २६९ ॥ आगे पर्यायार्थिक नयका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो नय अनेक प्रकारके सामान्य सहित सब विशेषोंको साधक लिंगके बलसे साधता है वह पर्यायार्थिक नय है ॥ **भावार्थ**–जो नय युक्तिके बलसे पर्यायोंको ग्रहण करता है वह पर्यायार्थिक नय है । किन्तु वे पर्याय अथवा विशेष सामान्यनिरपेक्ष नहीं होने चाहिये; अन्यथा वह दुर्नय होजायेगा । अतः अस्तित्व, नित्यत्व, एकत्व, भिन्नत्व आदि सामान्योंसे अविनाभूत उत्पाद,

---

१ ब-पुस्तके गाथेयं द्विवारमत्रान्यत्र च लिखिता पाठभेदैः । पाठान्तराणि च एवंविधानि–विसेस संजुदे तच्चे, नओ होदि । २ ग विसेसो । ३ ग विसयो णयो ।

तथाहि । अनादिनित्यपर्यायार्थिकः यथा पुद्गलपर्यायो नित्यः मेर्वादिः । १ । सादिनित्यपर्यायार्थिकः यथा सिद्धजीवपर्यायो हि सादिनित्यः । २ । सत्तागौणत्वेन उत्पादव्ययग्राहकस्वभावनित्यशुद्धपर्यायार्थिकः । यथा समयं समयं प्रति पर्यायाः विनाशिनः । ३ । सत्तासापेक्षस्वभावनित्यशुद्धपर्यायार्थिकः, यथा एकस्मिन् समये त्रयात्मकः पर्यायः । ४ । कर्मोपाधिनिरपेक्षस्वभावनित्यशुद्धपर्यायार्थिकः, यथा सिद्धपर्यायसदृशाः शुद्धाः संसारिणा पर्यायाः । ५ । कर्मोपाधिसापेक्षस्वभावानित्यअशुद्धपर्यायार्थिकः, यथा संसारिणाम् उत्पत्तिमरणे स्तः । ६ । इति पर्यायार्थिकस्य षड्भेदाः ॥ २७० ॥ अथेदानीं नयानां विशेषलक्षणं कार्त्तिकेयस्वामी कथयन् सभेदं नैगमनयं व्याचष्टे–

जो साहेदि अदीदं वियप्प-रूवं भविस्समट्ठं च ।
संपडि-कालाविट्ठं सो हु [1]णओ [1]णेगमो णेओ ॥ २७१ ॥

[छाया–यः कथयति अतीतं विकल्परूपं भविष्यमर्थं च । संप्रति कालाविष्टं स खलु नयः नैगमः ज्ञेयः ॥] हु स्फुटं, स नैगमो नय ज्ञेयः ज्ञातव्यः । नैकं गच्छतीति निगमो विकल्पः बहुभेदः । निगमे भवो नैगमः यः नैगमनयः । अतीतं भूतम् अतीतार्थं विकल्परूपं वर्तमानारोपणम् अर्थं पदार्थं वस्तु साधयति स भूतनैगमः । यथाद्य दीपोत्सवदिने वर्धमानस्वामी मोक्षं गतः । १ । च पुनः भविष्यन्तम् अर्थम् अतीतवत् कथनं भाविनि भूतवत्कथनं भाविनैगमः, यथा अर्हन् सिद्ध एव । २ । सप्रतिकालाविष्टं वस्तु इदानीं वर्तमानकालाविष्टं पदार्थं साधयति स वर्तमाननैगमः । अथवा कर्तुमारब्धम् ईषन्निष्पन्नम् अनिष्पन्नं वा वस्तु निष्पन्नवत् कथ्यते यत्र स वर्तमाननैगमः, यथा ओदनं पच्यते । इति

व्यय और ध्रौव्य लक्षणरूप पर्यायोंको जो हेतुपूर्वक ग्रहण करता है वह पर्यायार्थिक नय है अर्थात् पर्यायको विषय करनेवाला नय है। इस नयके छः भेद हैं–अनादिनित्य पर्यायार्थिक नय, जैसे मेरु वगैरह पुद्गलकी नित्य पर्याय है। अर्थात् मेरु पुद्गलकी पर्याय होते हुए भी अनादि कालसे अनन्तकाल रहता है १। सादिनित्य पर्यायार्थिक नय, जैसे सिद्ध पर्याय सादि होते हुए भी नित्य है २। सत्ताको गौण करके उत्पाद व्ययको ग्रहण करनेवाला नित्यशुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे पर्याय प्रतिसमय विनाशीक है ३। सत्ता सापेक्ष नित्यशुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे पर्याय एक समयमें उत्पाद व्यय ध्रौव्यात्मक है ४। कर्मकी उपाधिसे निरपेक्ष नित्य शुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे संसारी जीवोंकी पर्याय सिद्ध पर्यायके समान शुद्ध है ५। कर्मोपाधि सापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे संसारी जीवोंका जन्म मरण होता है ६ ॥ २७० ॥ आगे नयके भेदोंका लक्षण कहते हुए कार्त्तिकेय स्वामी नैगमनयको कहते हैं। **अर्थ–**जो नय अतीत, भविष्यत् और वर्तमानको विकल्परूपसे साधता है वह नैगमनय है ॥ **भावार्थ–**'निगम' का अर्थ है–संकल्प विकल्प। उससे होनेवाला नैगमनय है। यह नैगमनय द्रव्यार्थिक नयका भेद है। अतः इसका विषय द्रव्य है। और द्रव्य तीनों कालोंकी पर्यायोंमें अनुस्यूत रहता है। अतः जो नय द्रव्यकी अतीत कालकी पर्यायमें भी वर्तमानकी तरह संकल्प करता है, आगामी पर्यायमें भी वर्तमानकी तरह संकल्प करता है और वर्तमानकी अनिष्पन्न अथवा किंचित् निष्पन्न पर्यायमें भी निष्पन्न रूप संकल्प करता है, उस ज्ञानको और वचनको नैगम नय कहते हैं। जो अतीत पर्यायमें वर्तमानका संकल्प करता है वह भूत नैगम नय है। जैसे आज दीपावलीके दिन महावीर स्वामी मोक्ष गये। जो भावि पर्यायमें भूतका संकल्प करता है वह भावि नैगमनय है, जैसे अर्हन्त भगवान् सिद्ध ही हैं। जो वस्तु बनाने का संकल्प किया है वह कुछ बनी हो अथवा नहीं बनी हो, उसको बनी हुईकी तरह कहना अथवा

१ छ म स ग णयो णेगमो णेयो। २ ब णइगमो (?)।

वर्तमाननैगमः ॥ ३ ॥ तथाहि कश्चित्पुमान् करकृतकुठारो वनं गच्छति, तं निरीक्ष्य कोऽपि पृच्छति, त्वं किमर्थं व्रजसि । स प्रोवाच । अहं प्रस्थमानेतुं गच्छामि इत्युक्ते तस्मिन् काले प्रस्थपर्यायः समीपे न वर्तते, प्रस्थो घटयित्वा धृतो न वर्तते । किं तर्हि तदभिनिवृत्तये प्रस्थनिष्पत्तये संकल्पमात्रे काष्ठानयने प्रस्थव्यवहारो भवति । एवम् इन्धनजलानलाद्यानयने कश्चित्पुमान् व्याप्रियमाणो वर्तते । स केनचित्पृष्टः, किं करोषि त्वमिति, तेनोच्यते । अहमोदनं पचामि । न च तस्मिन् प्रस्तावे ओदनपर्यायः, अनिष्पन्नोऽस्ति । किं तर्हि ओदनपचनार्थं व्यापारोऽपि ओदनपचनमुच्यते । एवंविधो लोकव्यवहारः अनिष्पन्नार्थः । संकल्पमात्रविषयो वर्तमाननैगमस्य गोचरो भवतीत्यर्थः ॥ २७१ ॥ अथ विशेषसामान्यसंग्रहनयं व्यनक्ति–

जो संगहेदि सव्वं देसं वा विविह-दव्व-पज्जायं ।
अणुगम-लिंग-विसिट्ठं सो वि [1]णओ संगहो होदि ॥ २७२ ॥

[छाया–यः संगृह्णाति सर्वं देशं वा विविधद्रव्यपर्यायम् । अनुगमलिङ्गविशिष्टं सः अपि नयः संग्रहः भवति ॥] यः संग्रहनयः सर्वं स्कन्धं त्रैलोक्यस्कन्धं चतुर्दशरज्जुप्रमाणं संगृह्णाति सम्यक्प्रकारेण स्वविषयीकरोति । कथंभूतं सर्वं स्कन्धम् । विविधद्रव्यपर्यायं विविधा अनेकप्रकारा द्रव्यपर्याया यस्मिन् स तथोक्तस्तं नानाप्रकारषड्द्रव्यपर्यायसंयुक्तं सर्वं गृह्णाति । वा अथवा देशं तदर्धं स्कन्धं प्रदेशं वा तदर्धार्धं स्कन्धम् । कीदृक्षम् एतत्सर्वम् । विविधद्रव्यपर्यायसहितं गृह्णाति । उक्तं च । 'खंधं सयलसमत्थं तस्स य अद्धं भणंति देसो त्ति । अद्धद्धं च पदेसो अविभागी चेव परमाणू ॥' इति वचनात् स्कन्धं सर्वांशसंपूर्णं, तदर्धं देशम्, अर्धस्यार्धं प्रदेशम्, अविभागीभूतं परमाणु ज्ञातव्यम् । पुनः कीदृक्षम् । सर्वं देशं वा । अनुगमलिङ्गविशिष्टं साध्यसाधकाविनाभूतहेतुविशिष्टम् । यथा पर्वते अग्निमत्त्वं साध्यते धूमवत्त्वादिहेतुना । तथा चोक्तम् । 'भेदेनैवमुपानीय स्वजातेरविरोधतः । समस्तं संग्रहं यस्मात् स नयः संग्रहो मतः ॥' स्वजात्यविरोधेन एकत्रोपानीय पर्यायान् आक्रान्तभेदान् विशेषम् अकृत्वा सकलं ग्रहणं संग्रहः उच्यते । यथा सदिति प्रोक्ते वाग्विज्ञानप्रवृत्तिलिङ्गानुमितसत्ताधारभूतानां विश्वेषां पदार्थानां विशेषमकृत्वा सत्संग्रहः । एवं द्रव्यमित्युक्ते द्रवति

जानना वर्तमान नैगम नय है । जैसे कोई पुरुष कुठार लेकर वनको जाता है । उसे देखकर कोई पूछता है कि तुम किस लिये जाते हो ? वह उत्तर देता है कि मैं प्रस्थ (अन्न मापनेका एक भाण्ड) लेने जाता हूँ । किन्तु उस समय वहाँ प्रस्थ नहीं है । अभी तो वह प्रस्थ बनानेके लिये जंगलसे लकड़ी लेने जाता है । उस लकड़ीमें प्रस्थका संकल्प होनेसे वह प्रस्थका व्यवहार करता है । इसी तरह एक आदमी पानी, लकड़ी वगैरह रख रहा है । उससे कोई पूछता है कि तुम क्या करते हो ? तो वह उत्तर देता है कि मैं भात पकाता हूँ । किन्तु अभी वहाँ भात कहाँ है ? परन्तु भात पकानेके लिये वह जो प्रबन्ध कर रहा है उसीको वह भात पकाना कहता है । इस प्रकारके संकल्प मात्रको विषय करनेवाला लोकव्यवहार वर्तमान नैगम नयका विषय है ॥ २७१ ॥ आगे संग्रह नयका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो नय समस्त वस्तुका अथवा उसके एक देश (भेद) का अनेक द्रव्यपर्यायसहित अन्वयलिंगविशिष्ट संग्रह करता है उसे संग्रह नय कहते हैं ॥ **भावार्थ**–अपनी जातिके अविरुद्ध समस्त भेदोंका संग्रह करनेवाले नयको संग्रह नय कहते हैं । जैसे, 'सत्' कहने पर सत्ताके आधार भूत उन सब पदार्थोंका, जिनमें सत् व्यवहार होता है, संग्रह हो जाता है । इसी तरह 'द्रव्य' कहने पर जीवद्रव्य, अजीवद्रव्य तथा उनके भेद–प्रभेदोंका संग्रह हो जाता है । इसी तरह 'घट' कहनेपर जिन पदार्थोंमें घट व्यवहार होता है उन सबका संग्रह हो जाता है । इस तरह अभेदरूपसे वस्तु-

---

१ ग णयो ।

गच्छति तान् पर्यायान् इति द्रव्यम् । जीवाजीवतद्भेदप्रभेदानां संग्रहो भवति । एवं घट इत्युक्ते घटबुद्ध्यभिधानानुगमलिङ्गानुमितसकलार्थसंग्रहो भवति । अभेदरूपतया वस्तुसमूहं जातं संगृह्णातीति संग्रहः सामान्यसंग्रहः । यथा सर्वाणि द्रव्याणि परस्परम् अविरोधीनि । विशेषसंग्रहः, यथा सर्वे जीवाः परस्परमविरोधिनः ॥२७२॥ अथ व्यवहारनयं निरूपयति–

[1]जं संगहेण गहिदं[2] विसेस-रहिदं पि भेददे सददं ।
परमाणू-पज्जंतं ववहार-णओ [3]हवे सो हु ॥ २७३ ॥

[छाया–यत् संग्रहेण गृहीतं विशेषरहितम् अपि भेदयति सततम् । परमाणुपर्यन्तं व्यवहारनयः भवेत् स खलु ॥] अपि पुनः स व्यवहारनयो भवति । स कः । यत्संग्रहनयेन गृहीतं वस्तु । किंभूतम् । विशेषसहितम् अपि निर्विशेषं निरपेक्षं सामान्यं महास्कन्धवर्गणात् परमाणुपर्यन्तं परमाणुवर्गणापर्यन्तमवसानं सततं निरन्तरं भेददे भेदयति भिन्नं भिन्नं गृह्णाती-त्यर्थः । तथाहि संग्रहेण गृहीतस्यार्थस्य भेदतया वस्तु व्यवह्रियतेऽनेन व्यवहारः क्रियते व्यवहरणं वा व्यवहारः। संग्रहनयविषयीकृतानां सग्रहनयगृहीताना पदार्थानां वस्तूनां विधिपूर्वकम् अवहरणं भेदेन प्ररूपणं व्यवहारः। कोऽसौ विधिः । संग्रहनयेन गृहीतोऽर्थः स विधि. कथ्यते । संग्रहपूर्वेणैव व्यवहारः प्रवर्तते । तथाहि । सर्वसंग्रहेण यद्वस्तु संगृहीतं तद्वस्तु विशेषं नापेक्षते, तेन कारणेन तद्वस्तु व्यवहाराय समर्थं न भवति । इति कारणात् व्यवहारनयः समाश्रीयते । यत् सत् वर्तते तत्किं द्रव्यं गुणो वा, यद्द्रव्य तज्जीवोऽजीवो वा इति संव्यवहारो न कर्तुं शक्यः । जीवद्रव्यमित्युक्ते अजीवद्रव्यमिति चोक्ते व्यवहारे आश्रिते ते अपि द्वे द्रव्ये संग्रहगृहीते संव्यवहाराय न समर्थे भवतः। तदर्थं देवनारकादिव्यवहार आश्रीयते। घटादिश्च व्यवहारेण आश्रीयते। एवं व्यवहारनयः तावत्पर्यन्तं प्रवर्तते यावत्पुनर्विभागो न भवति । तथाहि । सामान्यसंग्रहभेदव्यवहारः, यथा द्रव्याणि जीवाजीवाः । १ । विशेषसंग्रहभेदकव्यवहारः, यथा जीवाः संसारिणो मुक्ताश्च । २ । इति व्यवहारो द्वेधा ॥ २७३ ॥ अथ ऋजुसूत्रनयं सूत्रयति–

मात्रका संग्रह कहनेवाला नय संग्रहनय है । किन्तु वह संग्रह विरोध रहित होना चाहिये–यानी घट कहनेसे पटका संग्रह नहीं कर लेना चाहिये, किन्तु घटके ही भेद प्रभेदोंका संग्रह होना चाहिये । संग्रहके दो भेद हैं, एक सामान्य संग्रह, जैसे सत् अथवा द्रव्य । और एक विशेष संग्रह, जैसे जीव या अजीव ॥ २७२ ॥ अब व्यवहार नयका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो नय संग्रहनयके द्वारा अभेदरूपसे गृहीत वस्तुओंका परमाणुपर्यन्त भेद करता है वह व्यवहारनय है ॥ **भावार्थ**–संग्रहनयके द्वारा संग्रहीत वस्तुओंका विधिपूर्वक भेद करके कथन करनेवाले नयको व्यवहारनय कहते हैं । व्यवहार का मतलब ही व्यवहरण–यानी भेद करना है । किन्तु वह भेद विधिपूर्वक होना चाहिये । अर्थात् जिस क्रमसे संग्रह किया गया हो उसी क्रमसे भेद करना चाहिये । आशय यह है कि केवल संग्रह नयसे लोकका व्यवहार नहीं चल सकता । जैसे 'सत्' कहनेसे विवक्षित किसी एक वस्तुका ग्रहण नहीं हो सकता, क्योंकि सत् द्रव्य भी है और गुण भी है । इसी तरह केवल द्रव्य कहनेसे भी काम नहीं चल सकता; क्योंकि द्रव्य जीव भी है और अजीव भी है । जीव द्रव्य अथवा अजीव द्रव्य कहनेसे भी व्यवहार नहीं चलता । अतः व्यवहारके लिये जीवद्रव्यके नर नारकादि भेदोंका और अजीवद्रव्यके घट पट आदि भेदोंका आश्रय लेना पड़ता है । इस तरह यह व्यवहारनय तब तक भेद करता चला जाता है जब तक भेद करनेको स्थान रहता है । संग्रह नयकी तरह व्यवहार नयके भी दो भेद हैं–एक सामान्य संग्रहका भेदक व्यवहारनय, जैसे द्रव्यके दो भेद हैं जीव और अजीव । और एक

---

१ ब जो (?) । २ ब गहिदो (?) । ३ छ स म ग भवे सो वि ।

जो वट्टमाण-काले [1]अत्थ-पज्जाय-परिणदं अत्थं ।
संतं साहदि सव्वं [2]तं पि णयं [3]उज्जुयं जाण ॥ २७४ ॥

[छाया-यः वर्तमानकाले अर्थपर्यायपरिणतम् अर्थम् । सन्तं कथयति सर्वं तम् अपि नयम् ऋजुकं जानीहि ॥] तमपि नयम् ऋजुसूत्रनयं जानीहि । ऋजु सरलम् अर्थपर्यायं सूत्रयति साधयति तन्त्रयति निश्चयं करोतीति ऋजुसूत्रः स चासौ नयः तम् ऋजुसूत्रनयं त्वं आनीहि विद्धि । तं कम् । यः ऋजुसूत्रनयः वर्तमानकाले प्रवर्तमानसमये एकस्मिन् समयलक्षणे सन्तं वर्तमानं विद्यमानं वा अर्थं जीवादिपदार्थं वस्तु साधयति सूत्रयति निश्चयीकरोति गृह्णातीति यावत् । कीदृक्षम् अर्थपर्यायपरिणतम् । अर्थपर्यायः सूक्ष्मं प्रतिक्षणध्वंसी उत्पादव्ययलक्षणः । 'सूक्ष्मंप्रतिक्षणध्वंसी पर्यायश्चार्थ-संज्ञकः' । इति वचनात् । तत्र परिणतः तत्पर्यायं प्राप्तः, तम् अर्थपर्यायपरिणतं सूक्ष्मप्रतिक्षणपर्यायपरिणतम् अर्थं साधयति । सूक्ष्मऋजुसूत्रनयः, यथा एकसमयावस्थायी पर्यायः । स्थूलऋजुसूत्रः, यथा मनुष्यादिपर्यायास्तदायुःप्रमाणकालं तिष्ठतीति ऋजुसूत्रोऽपि द्वेधा । तथाहि । अतीतस्य विनष्टत्वे अनागतस्यासंजातत्वे व्यवहारस्याभावात् वर्तमानसमयमात्रविषयपर्याय-मानग्राही ऋजुसूत्रनयः । नन्वेवं सति संव्यवहारलोपः स्यात् सत्यम् । अस्य ऋजुसूत्रस्य नयस्य विषयमात्रप्रदर्शनं विधीयते । लोकसंव्यवहारस्तु सर्वनयसमूहसाध्यो भवति । तेन ऋजुसूत्राश्रयेण संव्यवहारलोपो न भवति । यथा कश्चिन्मृतः, तं दृष्ट्वा संसारोऽयं अनित्य इति कश्चिद्ब्रवीति, न च सर्वसंसारोऽनित्यो वर्तते इति । एते नैगमसंग्रहव्यव-हारऋजुसूत्रनयाश्चत्वारः अर्थनयाः, अन्ये वक्ष्यमाणास्त्रयो नयाः शब्दनया इति ॥ २७४ ॥ अथ शब्दनयं समुद्दीकरो-

---

विशेष संग्रहका मेदक व्यवहारनय जैसे जीवके दो भेद है–संसारी और मुक्त ॥ २७३ ॥ अब ऋजु-सूत्र नयका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–वर्तमान कालमें अर्थ पर्यायरूप परिणत अर्थको जो सत् रूप साधता है वह ऋजुसूत्र नय है ॥ **भावार्थ**–ऋजुसूत्र नय वर्तमान समयवर्ती पर्यायको ही ग्रहण करता है । इसका कहना है कि वस्तुकी अतीत पर्याय तो नष्ट हो चुकी और अनागत पर्याय अभी है ही नहीं । इसलिये न अतीत पर्यायसे काम चलता है और न भावि पर्यायसे काम चलता है । काम तो वर्तमान पर्यायसे ही चलता है । अतः यह नय वर्तमान पर्याय मात्रको ही ग्रहण करता है । शायद कोई कहे कि इस तरहसे तो सब व्यवहारका लोप होजायेगा; क्योंकि जिसे हमने कर्ज दिया था वह तो अतीत हो चुका । अब हम रुपया किससे लेंगे ? किन्तु बात ऐसी नहीं है । लोक व्यवहार सब नयोंसे चलता है एक ही नयको पकड़कर बैठ जानेसे लोक व्यवहार नहीं चल सकता । जैसे कोई मरा, उसे देखकर किसीने कहा कि संसार अनित्य है । तो इसका यह मतलब नहीं है कि सारा संसार कुछ दिनोंमें समाप्त हो जायेगा, इसी तरह यहाँ भी समझना चाहिये । अस्तु, वस्तु प्रतिसमय परिणमन करती है । सो एकसमयवर्ती वर्तमान पर्यायको अर्थपर्याय कहते हैं क्योंकि शास्त्रमें प्रतिसमय नष्ट होनेवाली सूक्ष्म पर्यायको अर्थपर्याय कहा है । उस सूक्ष्म क्षणवर्ती वर्तमान अर्थपर्यायसहित वस्तु सूक्ष्मऋजुसूत्र नयका विषय है । ऋजुसूत्र नयके भी दो भेद हैं–सूक्ष्मऋजुसूत्र और स्थूल ऋजुसूत्र । ग्रन्थकारने उक्त गाथामें सूक्ष्मऋजुसूत्र नयका ही स्वरूप बतलाया है । जो स्थूल पर्यायको विषय करता है वह स्थूल ऋजुसूत्र नय है । जैसे मोटे तौरसे मनुष्य आदि पर्याय आयुपर्यन्त रहती हैं । अतः उसको ग्रहण करनेवाला नय स्थूल ऋजुसूत्र है । ये नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र नय अर्थनय हैं, और आगे कहे जानेवाले शेष तीन नय शब्दनय हैं; क्यों कि वे शब्दकी प्रधानतासे

---

१ [अत्थं पज्जाय] । २ ब स तं पि णयं रुजणयं । ३ म रुजुणयं, ग रिजुणयं (?) ।

सव्वेसिं वत्थूणं संखा-लिंगादि-बहु-पयारेहिं ।
जो साहदि णाणत्तं सद्द-णयं तं [1]वियाणेह ॥ २७५ ॥

[छाया-सर्वेषां वस्तूनां संख्यालिङ्गादिबहुप्रकारैः । यः कथयति नानात्वं शब्दनयं तं विजानीहि ॥] यः शब्दनयः संख्यालिङ्गादिबहुप्रकारैः एकद्विबहुवचनपुंस्त्रीनपुंसकलिङ्गाद्यनेकविधैः कृत्वा सर्वेषां वस्तूनां सकलानां पदार्थानां जीवपुद्गलादीनां णाणत्तं ज्ञानत्वं ज्ञातृत्वं नानात्वम् अनेकप्रकारत्वं वा साधयति साध्यं करोति तं शब्दनयनामानं नयं जानीहि त्वं विद्धि । तद्यथा । शब्दात् व्याकरणात् प्रकृतिप्रत्ययद्वारेण सिद्धशब्दः शब्दनयः, लिङ्गसंख्यासाधनादीनां व्यभिचारस्य निषेधपरः, लिङ्गादीनां व्यभिचारे दोषो नास्तीत्यभिप्रायपरः शब्दनयः उच्यते। लिङ्गव्यभिचारो, यथा पुष्यः नक्षत्रं तारका चेति। संख्याव्यभिचारो, यथा आपः तोयं वर्षा. ऋतुः दाराः कलत्रम् आम्रा वनं वारणा नगरम् । साधन-व्यभिचारः कारकव्यभिचारो, यथा सेना पर्वतमधिवसति पर्वते तिष्ठतीत्यर्थः। उत्तमादिपुरुषव्यभिचारः, यथा एहि मन्ये रथेन यास्यसि न यास्यसि यातस्ते पिता इति । अस्यायमर्थः । एहि त्वमागच्छ, त्वमेवं मन्यसे अहं रथेन यास्यामि । एतावता त्वं रथेन न यास्यसि । ते तव पिता अग्रे रथेन यातः, न यात इत्यर्थः । अत्र मध्यमपुरुषस्थाने उत्तमपुरुषः उत्तमपुरुषस्थाने मध्यमपुरुष· । तदर्थं सूत्रमिदम् । 'प्रहासे मन्योपपदे मन्यतेरुत्तमैकवचनं च । उत्तमे मध्यमस्य ।' काल-व्यभिचारो, यथा विश्वदृश्वा अस्य पुत्रो जनिता भविष्यत्कार्यमासीदिति । अत्र भविष्यत्काले अतीतकालविभक्तिः ।

अर्थको विषय करते हैं ॥ २७४ ॥ आगे शब्दनयका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**–जो नय सब वस्तुओंको संख्या लिंग आदि भेदोंकी अपेक्षासे भेदरूप ग्रहण करता है वह शब्दनय है॥ **भावार्थ**–संख्यासे एकवचन, द्विवचन और बहुवचन लेना चाहिये। लिंगसे स्त्री, पुरुष और नपुंसकलिंग लेना चाहिये। और आदि शब्दसे काल, कारक, पुरुष, उपसर्ग वगैरह लेना चाहिये। इनके भेदसे जो सब वस्तुओंको भेद रूप ग्रहण करता है वह शब्दनय है। वैयाकरणोंके मतके अनुसार एकवचनके स्थानमें बहुवचनका, स्त्रीलिंग शब्दके बदलेमें पुल्लिंग शब्दका, एक कारकके स्थानमें दूसरे कारकका, उत्तम पुरुषके स्थानमें मध्यम पुरुषका और मध्यम पुरुषके स्थानमें उत्तम पुरुषका तथा भविष्यकालमें अतीत कालका प्रयोग किया जाता है। ये महाशय शब्दोंमें लिंग वचन आदिका भेद होनेपरभी उनके वाच्य अर्थोंमें कोई भेद नहीं मानते। इसलिये वैयाकरणोंका यह मत व्यभिचार कहलाता है। जैसे, एक ही तारेको पुष्य, नक्षत्र और तारका इन तीन लिंगवाले तीन शब्दोंसे कहना लिंगव्यभिचार है। एक ही वस्तुको भिन्न वचनवाले शब्दोंसे कहना संख्याव्यभिचार है। जैसे पानीको आपः (बहुवचन) कहना और जल (एकवचन) कहना। 'सेना पर्वतपर रहती है' के स्थानमें 'सेना पर्वतको रहती है' कहना कारकव्यभिचार है (संस्कृत व्याकरणके अनुसार यहाँ सप्तमीके स्थानमें द्वितीया विभक्ति होती है)। संस्कृत व्याकरणके अनुसार हंसी मजाकमें उत्तम पुरुषके स्थानमें मध्यम पुरुषका और मध्यम पुरुषके स्थानमें उत्तम पुरुषका प्रयोग होता है यह पुरुषव्यभिचार है। 'उसके ऐसा पुत्र पैदा होगा जो विश्वको देख चुका है यह काल व्यभिचार है क्यों कि भविष्यत् कालमें अतीतकालकी विभक्तिका प्रयोग है। इसी तरह संस्कृत व्याकरणके अनुसार धातुके पहले उपसर्ग लगनेसे उसका पद बदल जाता है। जैसे ठहरनेके अर्थमें 'स्था' धातु परस्मैपद है किन्तु उसके पहले उपसर्ग लगनेसे वह आत्मनेपद हो जाती है। यह उपग्रहव्यभिचार है। शब्दनय इस

[1] ब वियाणेहि (?)।

उपग्रहव्यभिचारो, यथा ष्ठा गतिनिवृत्तौ परस्मैपदोपग्रहः तत्र संतिष्ठते अवतिष्ठते प्रतिष्ठते। एवंविधं व्यवहारनयं व्यभिचारलक्षणं न्यायरहितं कश्चित्पुमान् मन्यते। कस्मादन्यार्थं मन्यते। अन्यार्थस्य अन्यार्थेन वर्तनेन संबन्धाभावात्। तत्र शब्दनयापेक्षया दोषो नास्ति, तर्हि लोकसमये विरोधो भविष्यति, भवतु नाम विरोधः, तत्त्वं परीक्ष्यते, किं तेन विरोधेन भविष्यति। किमौषधं रोगीच्छानुवर्ति वर्तते इति॥ २७५॥ अथ समभिरूढनयं प्रकाशयति–

जो एगेगं अत्थं 'परिणदि-भेदेण साहदे' णाणं।
मुक्खत्थं वा भासदि अहिरूढं तं णयं' जाण॥ २७६॥

[छाया–यः एकैकम् अर्थं परिणतिभेदेन कथयति ज्ञानम्। मुख्यार्थं वा भाषते अभिरूढं तं नयं जानीहि॥] तं जगत्प्रसिद्धम् अभिरूढं नयं समभिरूढाख्यं नयं जानीहि विद्धि। परस्परेण अभिरूढः यः समभिरूढः शब्दनयभेदः। अर्थं पदार्थं वस्तु एकैकं परिणतिभेदेन परिणमनगमनोपवेशनजयादिपर्यायभेदेन प्रकारेण साधयति प्रकाशयति गृह्णाति वा, अथवा मुख्यार्थं प्रधानार्थं ज्ञानं बोधं भाषते वक्ति, यथा गच्छतीति गौः, गमनस्वभावः पुरुषादिकेष्वप्यस्ति तथापि समभिरूढनयबलेन धेनौ प्रसिद्धः। तथाहि। एकमप्यर्थं शब्दभेदेन भिन्नं जानाति यः समभिरूढो नयः। यथा एकोऽपि पुलोमजाप्राणवल्लभः परमैश्वर्ययुक्तः इन्द्रः उच्यते सः अन्यः, शकनात् शक्रः सोऽप्यन्यः, पुरदारणात् पुरंदरः सोऽप्यन्यः इत्यादिशब्दभेदादेकस्याप्यर्थस्य अनेकत्वं मन्यते तत् समभिरूढस्य लक्षणम्॥ २७६॥ अथ एवंभूतनयं प्ररूपयति–

जेण सहावेण जदा परिणद-रूवम्मि तम्मयत्तादो।
तं परिणामं' साहदि जो वि णओ सो हु परमत्थो॥ २७७॥

प्रकारके व्यभिचारको 'अन्याय्य' मानता है। क्यों कि वैयाकरण लोग शब्दमें परिवर्तनके साथ अर्थमें परिवर्तन नहीं मानते। यदि वाचकमें परिवर्तनके साथ उसके वाच्य अर्थमेंभी परिवर्तन मान लिया जाता है तो व्यभिचारका प्रसंग नहीं रहता अतः शब्दनय शब्दमें लिंगकारक आदिका भेद होनेसे उसके वाच्य अर्थमेंभी भेद स्वीकार करता है। शायद कहा जाये कि शब्द नय प्रचलित व्याकरणके नियमोंका विरोधी है इसलिये विरोध उपस्थित होगा। इसका उत्तर यह है कि विरोध उपस्थित होता है तो होओ। तत्त्वकी परीक्षा करते समय इस बातका विचार नहीं किया जाता। क्या चिकित्सक बीमारकी रुचिके अनुसार औषधि देता है?॥ २७५॥ आगे समभिरूढ नयका स्वरूप बतलाते हैं– **अर्थ**–जो नय प्रत्येक अर्थको परिणामके भेदसे भेदरूप ग्रहण करता है, अथवा एक शब्दके नाना अर्थोंमेंसे मुख्य अर्थको ही कहता है वह समभिरूढ नय है॥ **भावार्थ**–शब्दनय शब्दभेदसे वस्तुको भेदरूप ग्रहण नहीं करता। किन्तु समभिरूढ नय शब्दभेदसे वस्तुको भेदरूप ग्रहण करता है। जैसे स्वर्ग लोकके स्वामीको इन्द्र, शक्र, पुरन्दर कहते हैं। अतः यह नय स्वर्गके स्वामीको तीन भेदरूप मानता है। अर्थात् वह आनन्द करता है इस लिये इन्द्र है। शक्तिशाली होनेसे शक्र है और नगरोंको उजाड़नेवाला होनेसे पुरन्दर है। इस तरह यह नय शब्दभेदसे अर्थको भेदरूप ग्रहण करता है, अथवा एक शब्दके नाना अर्थोंमेंसे जो रूढ अर्थको ग्रहण करता है वह समभिरूढ नय है। जैसे गौ शब्दके बहुतसे अर्थ हैं। किन्तु यह नय उसका रूढ अर्थ गाय ही लेता है, अन्य नहीं॥ २७६॥ अब एवंभूत नयका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**–वस्तु जिस समय जिस स्वभावरूप परिणत होती है उस समय वह उसी स्वभावमय होती है। अतः उसी परिणामरूप वस्तुको ग्रहण करनेवाला नय एवंभूत

---

१ ग परिणद। २ क म ग भेएण (स भेयेग) साहए। ३ ब आरूढ तं नय। ४ क ग परिणदि। ५ क स ग तप्परिणामं, म त प्परिणामं।

[छाया-येन स्वभावेन यदा परिणतरूपे तन्मयत्वात् । तं परिणामं कथयति यः अपि नयः स खलु परमार्थः ॥] सोऽपि नयः एवंभूतः परमार्थतः सत्यरूपो ज्ञेयः, यः परमार्थः एवंभूतनयः यदा यस्मिन् क्षणे परिणतरूपे वस्तुनि पदार्थे परिणतवति पर्यायसंयुक्ते अर्थे येन स्वभावेन शक्रपुरंदरेन्द्रादिस्वभावेन तत्परिणामं शक्रपुरंदरेन्द्रादिपर्यायम् एकस्मिन्नेव क्षणे साधयति प्रकाशयति । कुतः तन्मयत्वात्, तत् शक्रपुरंदरेन्द्रादिपर्यायमयत्वात् । अथवा तन्मात्रत्वात् पाठे, पाकशासनस्य जम्बूद्वीपादिपरिवर्तनसामर्थ्यादिपुरदारणपरमैश्वर्यादिपर्यायमात्रत्वात् । तदुक्तं नयचक्रे शब्दभेदे अर्थभेदोऽप्यस्ति । यथा शक्रः पुरंदरः इन्द्र इति । तथाहि । यस्मिन्नेककाले शक्नोति जम्बूद्वीपपरावर्तने समर्थो भवतीति शक्रः । अन्यदा यस्मिन्नेव काले ऐश्वर्यं प्राप्नोति तदैवेन्द्र उच्यते, न चाभिषेककाले न पूजनकाले इन्द्र उच्यते। यस्मिन्नेव काले गमनपरिणतो भवति तदेव गौरुच्यते न स्थितिकाले न शयनकाले । अथवा इन्द्रज्ञानपरिणतः आत्मा इन्द्र उच्यते। अग्निज्ञानपरिणतः आत्मा अग्निश्चेति, एवंभूतनयलक्षणम् ॥ २७७ ॥ अथ नयानाम् उपसंहारं व्यनक्ति-

एवं विविह-णएहिं जो वत्थुं ववहरेदि लोयम्मि[1] ।
दंसण-णाण-चरित्तं सो साहदि सग्ग-मोक्खं च ॥ २७८ ॥

[छाया-एवं विविधनयैः यः वस्तु व्यवहरति लोके । दर्शनज्ञानचरित्रं स साधयति स्वर्गमोक्षं च ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण लोके जगति यः पुमान् वस्तु जीवपुद्गलधर्मादिपदार्थं व्यवहरति व्यवहारविषयीकरोति । भेदोपचारतया वस्तु व्यवह्रियते भेदेन व्यवहरणं करोति । कैः । विविधनयैः नानाप्रकारनयैः, नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूतनयैः द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिकनयाभ्यां निश्चयव्यवहारनयाभ्याम् उपनयैश्च जीवादिवस्तु व्यवहरति यः स पुमान् दर्शनज्ञानचारित्रं दर्शनं सम्यग्दर्शनं सम्यक्त्वं ज्ञानं सम्यग्ज्ञानं बोधः चारित्रं त्रयोदशधा, सामायिकच्छेदोपस्थापनादिरूपं पञ्चधा वा, समाहारद्वन्द्वसमासः व्यवहारनिश्चयसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रं रत्नत्रयं साधयति स्वविषयीकरोति यः, च पुनः, स्वर्गमोक्षौ स्वर्गः सौधर्मादिकल्पः मोक्षः अष्टकर्मविप्रमुक्तः सिद्धपर्यायः तौ द्वौ स साधयति प्राप्नोति ॥ २७८ ॥ अथ तत्त्वश्रवणमननभावनाधारणादिकर्तारः नराः दुर्लभा इत्यावेदयति-

है । यह एवंभूत नय परमार्थरूप है ॥ **भावार्थ**-जो वस्तु जिस समय जिस पर्याय रूप परिणत हो उस समय उसी रूपसे उसे ग्रहण करनेवाला नय एवंभूत है । जैसे स्वर्गका स्वामी जिस समय आनन्द करता हो उसी समय इन्द्र है, जिस समय वह सामर्थ्यशाली है उसी समय शक्र है और जिस समय वह नगरोंको उजाड़ रहा है उसी समय पुरन्दर है, यदि वह भगवानका अभिषेक या पूजन कर रहा है तो उसे इन्द्र वगैरह नहीं कह सकते । इसी तरह 'गौ' का अर्थ है जो चलनेवाली हो। तो जब गाय चलती हो तभी वह 'गौ' है, बैठी हुई हो या सोती हो तो उसे गौ नहीं कहना चाहिये। अथवा जिस समय जो आत्मा जिस ज्ञान रूप परिणत है उस समय उसे उसी रूपसे ग्रहण करना एवंभूत नय है । जैसे, इन्द्रको जाननेवाला आत्मा इन्द्र है और अग्निको जाननेवाला आत्मा अग्नि है। इसीसे इस नयको परमार्थ नय कहा है; क्यों कि यह यथार्थ वस्तु स्वरूपका ग्राहक है ॥ २७७ ॥ अब नयोंका उपसंहार करते हैं । **अर्थ**-इस प्रकार जो पुरुष नयोंके द्वारा लोकमें वस्तुका व्यवहार करता है वह पुरुष सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको और स्वर्ग मोक्षको साधता है ॥ **भावार्थ**-उक्त प्रकारसे द्रव्यार्थिक तथा पर्यायार्थिक और उनके भेद नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत नयोंसे तथा निश्चयनय और व्यवहार नयसे वस्तुतत्त्वको जानकर जो वस्तुका व्यवहार करता है, उसे ठीक रूपसे जानता तथा कहता है वही रत्नत्रयको तथा स्वर्ग मोक्षको प्राप्त करता है

१ ल ग लोयम्हि ।

विरला णिसुणहि[1] तच्चं विरला जाणंति तच्चदो तच्चं ।
विरला भावहि तच्चं विरलाणं धारणा[2] होदि ॥ २७९ ॥

[छाया-विरलाः निशृण्वन्ति तत्त्वं विरलाः जानन्ति तत्त्वतः तत्त्वम् । विरलाः भावयन्ति तत्त्वं विरलानां धारणा भवति ॥] विरलाः स्वल्पाः केचन तत्त्ववेत्तारः सावधानाः सन्तः पुरुषाः तत्त्वं जीवादितत्त्वस्वरूपम् अतिशयेन शृण्वन्ति समाकर्णयन्ति । पुनः तत्त्वतः परमार्थतः परमार्थबुध्या कर्मक्षयबुध्या वा विरलाः स्वल्पतराः सम्यग्बोधमयान्तःकरणाः केचन नराः तत्त्वं जीवादिपदार्थस्वरूपं जानन्ति विदन्ति । पूर्वं तत्त्वस्वरूपं श्रुत्वा पश्चात् तज्जानन्तीत्यर्थः । पुनः विरलाः स्वल्पतराणां मध्ये स्वल्पतराः तुच्छाः पश्चषाः सम्यग्दृष्टयः तत्त्वं जीवादिस्वरूपं भावयन्ति भावनाविषयीकुर्वन्ति स्वतत्त्वपरतत्त्वं श्रुत्वा ज्ञात्वा च पुद्गलादिकं त्यक्त्वा स्वस्वरूपं शुद्धस्वरूपं स्वतत्त्वम् अर्हदादिपरतत्त्वं वा ध्यायन्ति चिन्तयन्तीत्यर्थः । उक्तं च । श्लो० ॥ 'विद्यन्ते कति नात्मबोधविमुखाः संदेहिनो देहिनः, प्राप्यन्ते कतिचित् कदाचन पुनर्जिज्ञासमानाः क्वचित् । आत्मज्ञाः परमप्रमोदसुखिनः प्रोन्मीलदन्तर्दृशो, द्वित्राः स्युर्बहवो यदि त्रिचतुरास्ते पञ्चषा दुर्लभाः ॥' इति विरलानां सम्यग्भावितचित्तानां केषांचित्पुंसां धारणा जीवादितत्त्वधारणा कालान्तरेणाविस्मरणं भवति ॥ २७९ ॥ अथ तत्त्वानां कथनेन ग्रहणादिना च तत्त्वज्ञातृत्वं ज्ञापयति-

तच्चं कहिज्जमाणं णिच्चल-भावेण गिण्हदे जो हि ।
तं चिय भावेदि[3] सया सो वि य तच्चं वियाणेई[4] ॥ २८० ॥

॥ २७८ ॥ आगे कहते हैं कि तत्त्वोंको सुनने, जानने, अवधारण करने और मनन करनेवाले मनुष्य दुर्लभ हैं । अर्थ-जगतमें विरले मनुष्य ही तत्त्वको सुनते हैं । सुननेवालोंमेंसे भी विरले मनुष्य ही तत्त्वको ठीक ठीक जानते हैं । जाननेवालोंमेंसे भी विरले मनुष्य ही तत्त्वकी भावना-सतत अभ्यास करते हैं । और सतत अभ्यास करनेवालोंमेंसे भी तत्त्वकी धारणा विरले मनुष्योंको ही होती है ॥ भावार्थ-संसारमें राग रंग और काम भोगकी बातें सुननेवाले बहुत हैं, किन्तु तत्त्वकी बात सुननेवाले बहुत कम हैं । राग रंगकी बातें सुननेके लिये मनुष्य पैसा खर्च करता है किन्तु तत्त्वकी बात मुफ्त भी सुनना पसन्द नहीं करता । यदि कुछ लोग भूले भटके या पुराने संस्कारवश तत्त्वचर्चा सुनने आ भी जाते हैं तो उनमेंसे अधिकांशको नींद आने लगती है, कुछ समझते नहीं हैं । अतः सुननेवालोंमेंसे भी कुछ ही लोग तत्त्वको समझ पाते हैं । जो समझते हैं वे भी अपनी गृहस्थीके मोहजालके कारण दिनभर दुनियादारीमें फँसे रहते हैं । अतः उनमेंसे भी कुछ ही लोग तत्त्वचर्चासे उठकर उसका चिन्तन-मनन करते हैं । चिन्तन मनन करनेवालोंमेंसे भी तत्त्वकी धारणा कुछको ही होती है । अतः तत्त्वको सुननेवाले, सुनकर समझनेवाले, समझकर अभ्यास करनेवाले और अभ्यास करके भी उसे स्मरण रखनेवाले मनुष्य उत्तरोत्तर दुर्लभ होते हैं । कहा भी है-'आत्म ज्ञानसे विमुख और सन्देहमें पड़े हुए प्राणी बहुत हैं । जिनको आत्माके विषयमें जिज्ञासा है ऐसे प्राणी क्वचित् कदाचित् ही मिलते हैं, किन्तु जो आत्मिक प्रमोदसे सुखी हैं तथा जिनकी अन्तर्दृष्टि खुली है ऐसे आत्मज्ञानी पुरुष दो तीन अथवा बहुत हुए तो तीन चार ही होते हैं, किन्तु पाँचका होना दुर्लभ है ।' ॥ २७९ ॥ आगे कहते हैं कि तत्त्वको कौन जानता है । अर्थ-जो पुरुष गुरुओंके द्वारा

---

१ ल ग णिसुणहि । २ स धारणं । ३ ग तं चेव भावेइ । ४ ब वियाणेह (= दि ?) ।

[छाया-तत्त्वं कथ्यमानं निश्चलभावेन गृह्णाति यः हि। तत् एव भावयति सदा सः अपि च तत्त्वं विजानाति ॥] हि यस्मात् कारणात् स्फुटं वा । यो भव्यजीवः निश्चलभावेन दृढपरिणामेन कथ्यमानं गुर्वादिना प्रकाश्यमानं तत्त्वं जीवादिवस्तुस्वरूपं गृह्णाति श्रद्धाविषयीकरोति तदेव तत्त्वं सदा सर्वकालं भावयति अनुभवविषयीकरोति स्वतत्त्वं शुद्धबोधैकस्वरूपं परमानन्दैकरूपम् अर्हदादिस्वरूपं वा अनुभवति चिन्तयति ध्यायतीत्यर्थः । अपि च, विशेषतः ग्राहकः भावुकश्च पुमान् तत्त्वं जीवादिस्वरूपं जानाति सम्यग्ज्ञानविषयीकरोति ॥ २८० ॥ अथ युवत्यादीनां कः को वशो नास्तीत्यावेदयति-

को ण वसो इत्थि-जणे कस्स[2] ण मयणेण खंडियं माणं ।
को इंदिएहिँ ण जिओ को ण कसाएहि संतत्तो ॥ २८१ ॥

[छाया-कः न वशः स्त्रीजने कस्य न मदनेन खण्डितः मानः । कः इन्द्रियैः न जितः कः न कषायैः संतप्तः ॥] कः संसारी जीवः स्त्रीजने वशो न स्त्रीजनस्य वशवर्ती न जायते इति न। 'कान्ताकनकचक्रेण भ्रामितं भुवनत्रयम्' इति वचनात्। तथा च। 'संसारम्मि हि विहिणा महिलारूवेण मंडियं पासं । बज्झंति जाणमाणा अयाणमाणा वि बज्झंति ॥' इति वचनात् सर्वजनः स्त्रीणां वशवर्ती भवतीत्यर्थः । कस्यापि संसारिणः जीवस्य मानः मदनेन कन्दर्पेण न खण्डितः न दलितः न चूर्णीकृतः, अपि तु खण्डित एव । उक्तं च । 'मत्तेभकुम्भदलने भुवि सन्ति शूराः, केचित्प्रचण्डमृगराजवधेऽपि दक्षाः । किंतु ब्रवीमि बलिनां पुरतः प्रसह्य, कन्दर्पदर्पदलने विरला मनुष्याः ॥' कः पुनः संसारी जीवः इन्द्रियैः स्पर्शरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रैः न जितः न पराभूतः अपि तु जित एव, मातङ्गमीनमधुकरपतङ्गकुरङ्गादयः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेण एकैकेन्द्रियेण पराभूताः दुःखीकृताः । तथा । 'कुरङ्गमातङ्गपतङ्गभृङ्गमीना हताः पञ्चभिरेव पञ्च ।' इति । कः पुनः संसारी जीवः कषायैः क्रोधमानमायालोभैः न संतप्तः नरकादिदुःखतापं न नीतः, अपि तु संतप्त एव ।

कहे हुए तत्त्वको निश्चल भावसे ग्रहण करता है और सदा उसीको भाता है, वही तत्त्वको जानता है ॥ **भावार्थ**-गुरु वगैरहने जीवादि वस्तुका जो स्वरूप कहा है, जो भव्य जीव उसपर दृढ श्रद्धा रखकर सदा उसीका चिन्तन मनन करता रहता है वही अपने शुद्ध, बुद्ध, परमानन्दस्वरूपको जानता है । बिना दृढ श्रद्धा और सतत भावनाके सम्यग्ज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो सकती ॥ २८० ॥ आगे प्रश्न करते हैं कि स्त्री के वशमें कौन नहीं है? **अर्थ**-इस लोकमें स्त्रीजनके वशमें कौन नहीं है? कामने किसका मान खण्डित नहीं किया? इन्द्रियोंने किसे नहीं जीता और कषायोंसे कौन संतप्त नहीं हुआ?॥ **भावार्थ**-संसारमें सर्वत्र कामिनी और कंचनका साम्राज्य है । इसीसे एक कविने कहा है कि कान्ता और कंचनके चक्रने तीनों लोकोंको घुमा डाला है । अच्छे अच्छे ऋषियों और तपस्वियोंका मान मदन महाराजने चूर्ण कर डाला । तभी तो भर्तृहरिने कहा है-'संसारमें मदोन्मत्त हाथियोंका गण्डस्थल विदीर्ण करनेवाले शूरवीर पाये जाते हैं । कुछ भयंकर सिंहको मारनेमें भी दक्ष हैं । किन्तु मैं बलवानोंके सामने जोर देकर कहता हूँ कि कामदेवका दर्प चूर्ण करनेवाले मनुष्य विरले हैं' । बेचारा हिरन एक कर्णेन्द्रियके वश होकर मारा जाता है, हाथी एक स्पर्शन इन्द्रियके कारण पकड़ा जाता है । पतङ्ग एक चक्षु इन्द्रियके कारण दीपक पर जल मरता है । भौंरा कमलकी सुगन्धसे आकृष्ट होकर उसीमें बन्द हो जाता है । और मछली स्वादके लोभसे बंसीमें फँस जाती है । ये बेचारे एक एक इन्द्रियके वश होकर अपनी जान खोते हैं । तब पांचों इन्द्रियोंके चक्करमें पड़े हुए मनुष्यकी दुर्दशाका तो कहना ही क्या है! फिर इन्द्रियोंके साथ साथ कषायोंकी प्रबलता भी

१ ब न। २ ग कस्से।

क्रोधेन द्वीपायनवसिष्ठादयः, मानेन कौरवादयः, मायया मस्करीपूर्णादयः, लोभेन लोभदत्तश्रेष्ठ्यादयश्च दुःखीकृताः ॥ २८१ ॥ अथाभ्यन्तरबाह्यपरिग्रहस्य परित्यागमाहात्म्यं विशदयति–

सो ण वसो इत्थि-जणे[1] सो ण जिओ इंदिएहिं मोहेण[2]।
जो ण य गिण्हदि गंथं अब्भंतर-बाहिरं सव्वं ॥ २८२ ॥

[छाया–स न वशः स्त्रीजने स न जितः इन्द्रियैः मोहेन । यः न च गृह्णाति ग्रन्थम् आभ्यन्तरबाह्यं सर्वम् ॥] यः ज्ञानी निःस्पृही पुमान् ग्रन्थं, ग्रथ्नाति बध्नाति कर्म वा संसारमिति ग्रन्थः तं ग्रन्थं, परिग्रहं सर्वं चतुर्विंशतिभेदभिन्नम्, आभ्यन्तरः, 'मिथ्यात्ववेदहास्यादिषट्कषायचतुष्टयम् । रागद्वेषौ च संगाः स्युरन्तरङ्गाश्चतुर्दश ॥' बाह्यः दशधा, 'क्षेत्रं वास्तु धनं धान्यं द्विपदं च चतुष्पदम् । यानं शय्यासनं कुप्यं भाण्डं चेति बहिर्दश ॥' तं सर्वं संगं ग्रन्थं परिग्रहं न गृह्णाति नाङ्गीकरोति न स्वीकरोति स योगी स्त्रीजने स्त्रीजनस्य वश्यो वशवर्ती न स्यात् । च पुनः, इन्द्रियैः स्पर्शनादीन्द्रियैः तद्विषयैश्च न जितः न पराभूतः न दुःखीकृतः । च पुनः, मोहेन मोहनीयकर्मणा मिथ्यात्वादिकषायाद्यष्टाविंशतिभेदभिन्नेन शरीरादौ ममत्वभावेन च न जितः न पराभूतः ॥ २८२ ॥ अथ लोकानुप्रेक्षामाहात्म्यमुद्भावयति–

एवं लोय-सहावं जो झायदि उवसमेक्क-सब्भावो[3]।
सो खविय कम्म-पुंजं तिल्लोय-सिहामणी होदि ॥ २८३ ॥[4]

[छाया–एवं लोकस्वभावं यः ध्यायति उपशमैकसद्भावः । स क्षपयित्वा कर्मपुञ्जं त्रिलोकशिखामणिः भवति ॥] एवं स्वामिकार्त्तिकेयोक्तद्वादशानुप्रेक्षासु मध्ये एवं पूर्वोक्तप्रकारेण यः भव्यवरपुण्डरीक. पुमान् लोकस्वभावं लोकानुप्रेक्षां ध्यायति चिन्तयति, स भव्यपुमान् उपशमैकस्वभावः उपशमैकपरिणामपरिणतः सन् शाम्यस्वस्वरूपपरमानन्दशुद्धबुद्धैकस्वरूपपरिणतः एकत्वं गतः सन् स पुमान् क्षपितकर्मपुञ्जं द्रव्यकर्मभावकर्मनोकर्मसमूहं यथा भवति तथा मूलोत्तरोत्तर-

कोढमें खाजका काम करती है। क्रोधसे द्वीपायन मुनिकी, मानसे कौरवोंकी, मायासे मक्खलिकी और लोभसे लोभी सेठकी जो दुर्दशा हुई वह पुराणोंमें वर्णित है। इस तरह सभी मनुष्य विषय–कषायोंमें सिरसे पैर तक डूबे हुए हैं। अतः ग्रन्थकार यह प्रश्न करते हैं कि आखिर इसका कारण क्या है ? क्यों ज्ञानीसे ज्ञानी और बलीसे बली मनुष्य भी इस फन्देमें पड़े हैं ? क्या कोई ऐसा भी है जो इस नागपाशसे बचा है ? ॥ २८१ ॥ आगे ग्रन्थकार उक्त प्रश्नका समाधान करते हैं। **अर्थ**–जो मनुष्य बाह्य और अभ्यन्तर, समस्त परिग्रहको ग्रहण नहीं करता, वह मनुष्य न तो स्त्रीजनके वशमें होता है और न मोह तथा इन्द्रियोंके द्वारा जीता जा सकता है ॥ **भावार्थ**–परिग्रहको ग्रन्थ कहते हैं क्योंकि वह प्राणीको संसारसे बांधती है। उसके दो भेद हैं–अन्तरंग और बाह्य। अन्तरंग परिग्रहके चौदह भेद हैं–मिथ्यात्व, वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, चार कषाय, राग और द्वेष। तथा बाह्य परिग्रहके दस भेद हैं–खेत, मकान, पशु, धन, धान्य, सोना, चांदी, दास, दासी, वस्त्र, बरतन वगैरह। जो मनुष्य इन परिग्रहोंके चक्करमें नहीं पड़ा, अर्थात् जो अन्दर और बाहरसे निर्ग्रन्थ है वह स्त्री, मोह, और इन्द्रियोंके वशमें नहीं होता ॥२८२॥ आगे लोकानुप्रेक्षाका माहात्म्य बतलाते हैं। **अर्थ**–जो पुरुष उपशम परिणामरूप परिणत होकर इस प्रकार लोकके स्वरूपका ध्यान करता है वह कर्मपुंजको नष्ट करके उसी लोकका शिखामणि होता है ॥ **भावार्थ**–स्वामिकार्तिकेय मुनिके द्वारा कही गई बारह

१ ब न। २ ब इत्थ-जणे, स इच्छि जणे, ग इत्थ जए। ३ ब मोहेहि। ४ ग गिण्णदि गथं अब्भितर। ५ ब उवसमेक, म उवसमिक। ६ क म स ग तस्सेव। ७ ब इति लोकानुप्रेक्षा समाप्तः ॥ १० ॥ जीवो इत्यादि।

कर्मराशिं क्षपित्वा तस्यैव लोकस्य शिखामणिः शिरोरत्नं चूडामणिः सिद्धपर्यायो भवति । त्रैलोक्यशिखरे तनुवातोऽस्ति तन्मध्ये सम्यक्त्वाद्यष्टगुणविराजमानः सिद्धस्वरूपो भवतीत्यर्थः ॥ २८३ ॥

ख्यात. श्रीसकलादिकीर्तिमुनिपः श्रीमूलसंघेऽग्रणीः, तत्पट्टे भुवनादिकीर्तिगुणभृत् श्रीज्ञानभूषस्ततः ।
तत्पट्टे विजयादिकीर्तिरभवत् श्रीमच्छुभेन्दुस्ततः, तेनाकारि वराग्रहात् सुमतिसत्कीर्तेः सुटीकेयमा ॥ १ ॥

कार्त्तिकेयमुखाज्जाताऽनुप्रेक्षा क्षिप्तकिल्बिषा । सल्लोकभावनाटीका तत्र जीयाच्चिरं शुभा ॥ २ ॥

सुशुभचन्द्रकृता समभिग्रहात् सुमतिकीर्तियतेर्वरयोगिनः ।
जयतु वै वरवृत्तिरियं सदा त्रिभुवनस्य सुभावनभाविता ॥ ३ ॥

इति षड्भाषाकविचक्रवर्तित्रैविद्यविद्येश्वरभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचि-
तायां लोकानुप्रेक्षाटीकायां लोकानुप्रेक्षाप्रतिपादको
दशमोऽधिकारः समाप्तः ॥ १० ॥

---

११. बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा

बोधेन दुर्लभत्वं यो व्यनक्ति विशदो जनान् । तं सुबोधं सदा नौमि जिनं निर्जितकिल्बिषम् ॥

अथ बोधिदुर्लभां स्वामिश्रीकार्त्तिकेयः वक्तुकामः जीवानामनन्तकालं निगोदवासित्वमाचष्टे-

जीवो अणंत-कालं वसइ णिगोएसु आइ-परिहीणो[1] ।
तत्तो णिस्सरिदूणं पुढवी-कायादिओ[2] होदि ॥ २८४ ॥

[छाया-जीवः अनन्तकालं वसति निगोदेषु आदिपरिहीनः । ततः निःसृत्य पृथ्वीकायादिकः भवति ॥] वसति तत् तत् निगोदपर्यायेण तिष्ठति । कः । जीवः संसारी आत्मा । क । निगोदेषु नि नियतां गामनन्तसंख्याविच्छिन्नानां जीवानां गां क्षेत्रं ददातीति निगोदम् । निगोदं शरीरं येषां ते निगोदाः । निकोता वा साधारणजीवाः । उक्तं च । "साहारणमाहारो साहारणमाणपाणगहणं च । साहारणजीवाणं साहारणलक्खणं एवं ॥ १ ॥ गूढसिरसंधिपव्वं समभंगमहीरुहं च छिण्णरुहं । साहारणं सरीरं तव्विवरीयं च पत्तेयं ॥ २ ॥ कंदे मूले छल्लीपवालसालदलकुसुमफलबीए । समभंगे तदणंता विसमे सदि होंति

अनुप्रेक्षाओंमेंसे लोकानुप्रेक्षाका कथन करते हुए जो लोकका स्वभाव बतलाया है, जो पुरुष साम्य भाव रखकर उसका चिन्तन करता रहता है, वह मनुष्य क्रमशः सब कर्मोंको नष्ट करके लोकके शिखरपर स्थित सिद्धस्थानमें जाकर विराजमान हो जाता है, यानी उसे सिद्धपर्याय प्राप्त हो जाती है ॥ २८३ ॥ इति लोकानुप्रेक्षा ॥ १० ॥

अब स्वामी कार्तिकेय बोधिदुर्लभ अनुप्रेक्षाको कहते हुए, जीवोंका अनन्त कालतक निगोदमें वास बतलाते हैं। **अर्थ**—यह जीव अनादिकालसे लेकर अनन्तकालतक तो निगोदमें रहता है। वहाँसे निकलकर पृथिवीकाय आदिमें जन्म लेता है ॥ **भावार्थ**—अंगुलके असंख्यातवें भाग क्षेत्रमें जो अनन्त-जीवोंको स्थान देता है उसे निगोद कहते हैं। निगोदिया जीवोंको साधारण जीव भी कहते हैं; क्यों कि एक निगोदिया शरीरमें वसनेवाले अनन्त जीवोंका आहार, श्वासोच्छ्वास वगैरह साधारण होता है। अर्थात् उन सब जीवोंका एक शरीर होता है, एक साथ सब आहार ग्रहण करते हैं, एक साथ सब श्वास लेते हैं। और एक साथही मरते और जन्म लेते हैं। निगोदके दो भेद हैं-नित्यनिगोद

---

१ प-प्रतौ 'आ इति कोमलालापे अतिशयेन वा' इति पत्रान्ते लिखितम्। २ ल म स ग णीसरिऊणं पुढवी कायादियो।

पत्तेया ॥ ३ ॥" इति । तेषु निगोदेषु साधारणजीवेषु अनन्तकायिकेषु जीवो वसति । कियत्कालम् । अनन्तकालम् । नित्यनिगोदापेक्षयानन्तानन्तातीतकालपर्यन्तं चतुर्गतिनिगोदापेक्षया अर्धतृतीयपुद्गलपरिवर्तनकालपर्यन्तम् । ननु निगोदेषु एतावत्कालपर्यन्तं स्थितिमान् जीवः एतावत्कालपरिमाणायुः किं वा अन्यदायुः इत्युक्ते प्राह । 'आउँपरिहीणो' इति आयुःपरिहीनः उच्छ्वासाष्टादशैकभागलक्षणान्तर्मुहूर्तैः स्वल्पायुर्विशिष्टः प्राणी । अथवा आदिपरिहीण इति पाठे आदिपरिहीनः सदैव नित्यनिगोदवासित्वादादिरहित । तथा चोक्तम् । "अत्थि अणंता जीवा जेहिं ण पत्तो तसाण परिणामो । भावकलंकसुपउरा णिगोदवासं ण मुंचंति ॥" इति । ततः निगोदेभ्यः निःसृत्य निर्गत्य पृथ्वीकायिको जीवो भवति । आदिशब्दात् अप्कायिकतेजस्कायिकवनस्पतिकायिका गृह्यन्ते ॥ २८४ ॥ अथ तत्र पृथ्व्यादिषु स्थितिकालं त्रसत्वं च दुर्लभमित्यावेदयति–

तत्थ वि असंख-कालं बायर-सुहुमेसु कुणई परियत्तं ।
चिंतामणि व्व दुलहं तसत्तणं लहदि[१] कट्ठेण ॥ २८५ ॥

[छाया–तत्र अपि असंख्यकालं बादरसूक्ष्मेषु करोति परिवर्तम् । चिन्तामणिवत् दुर्लभं त्रसत्वं लभते कष्टेन ॥] तत्रापि पृथिवीकायिकाप्कायिकतेजस्कायिकवायुकायिकवनस्पतिकायिकेषु । कथंभूतेषु । बादरेषु स्थूलेषु सूक्ष्मेषु पृथ्वीकायादिना स्खलनादिरहितेषु च । असंख्यकालम् असंख्यातकालं परिवर्तनं परिभ्रमणं जीवः करोति । तथा चोक्तम् । कष्टेन अतिबहुतरकालेन ततः पृथ्वीकायादिपञ्चस्थावरेभ्यः निर्गत्य त्रसत्वं द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियलक्षणं लभते प्राप्नोति । कीदृशं तत् । दुर्लभं दुःप्राप्यं त्रसत्वं भावकोटिभिर्न प्राप्यते त्रसत्वमित्यर्थः । कमिव । चिन्तामणिवत् यथा चिन्तामणिरत्नं दुःप्राप्यं तथा त्रसत्वं जीवस्य दुर्लभं भवति ॥ २८५ ॥ अथ त्रसेषु स्थितिकालं पञ्चेन्द्रियत्वं दुर्लभमित्यावेदयति–

वियलिंदिएसु जायदि तत्थ वि अच्छेदि पुव्व-कोडीओ ।
तत्तो णिस्सरिदूणं[२] कहमवि[३] पंचिंदिओ[४] होदि ॥ २८६ ॥

और चतुर्गतिनिगोद । जो जीव अनादिकालसे निगोदमें पडे हुए है वे नित्यनिगोदिया कहे जाते हैं । और जो त्रस पर्याय प्राप्त करके निगोदमें जाते हैं उन्हें चतुर्गति निगोदिया कहते हैं । नित्यनिगोदमें तो जीव अनादिकालसे अनन्तकालतक रहता है । गोम्मटसारमें कहा है–'ऐसे अनन्त जीव हैं जिन्होंने त्रस पर्याय प्राप्त नहीं की । उनके भावकर्म बहुत निबिड होते हैं इसलिये वे निगोदको नहीं छोडते' । नित्य निगोदसे निकलनेके विषयमें दो मत पाये जाते हैं । एक मतके अनुसार तो नित्य निगोदिया जीव सदा निगोदमें ही रहता है और वहाँसे नहीं निकलता । दूसरे मतके अनुसार जबतक उसके भावकर्म निबिड रहते हैं तबतक नहीं निकलता । भावकर्मके कुछ शिथिल होते ही निकल आता है । स्वामीकार्त्तिकेयका मतभी यही जान पडता है । अतः वे कहते हैं कि प्रथम तो जीवका अनन्तकाल निगोदमें बीतता है । वहाँसे निकलकर वह पृथिवीकाय वगैरहमें जन्म लेता है । अतः अज्ञानीका अज्ञानीही बना रहता है ॥ २८४ ॥ आगे त्रस पर्यायकी दुर्लभता बतलाते हैं । **अर्थ**–वहाँ भी असंख्य कालतक बादर और सूक्ष्म कायमें परिभ्रमण करता है । फिर चिन्तामणि रत्नकी तरह दुर्लभ त्रस पर्यायको बडी कठिनतासे प्राप्त करता है ॥ **भावार्थ**–निगोदसे पृथिवी काय वगैरहमें जन्म लेनेपरभी त्रस पर्याय आसानीसे नहीं मिलती । असंख्यात कालतक बादर और सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंमें ही भटकता है । फिर कहीं बडी कठिनाईसे त्रस पर्याय मिलती है ॥ २८५ ॥ आगे कहते हैं कि त्रस पर्याय पाकर भी पञ्चेन्द्रिय होना दुर्लभ है । **अर्थ**–एकेन्द्रिय पर्यायसे निकलकर विकलेन्द्रियोंमें जन्म

---

१ क कुणव (कुणिय?) । २ ब लहइ । ३ ब णिसरि॰, क म स ग णीसरिऊणं । ४ ब कहमिवि । ५ ब पंचिंदियो, क म पंचेंदिओ, ग पंचंदिओ ।

[छाया–विकलेन्द्रियेषु जायते तत्र अपि आस्ते पूर्वकोटयः । ततः निःसृत्य कथमपि पञ्चेन्द्रियः भवति ॥] विकलेन्द्रियेषु द्वित्रिचतुरिन्द्रियेषु जायते उत्पद्यते तत्रापि द्वित्रिचतुरिन्द्रियेषु पूर्वकोटयः जीवः आस्ते तिष्ठतीत्यर्थः । तथा चोक्तं च (?) । तत्तो तेभ्यः विकलत्रयेभ्य. निःसृत्य निर्गत्य कथमपि महता कष्टेन पञ्चेन्द्रियो जीवो भवति ॥ २८६ ॥ अथामनस्कसमनस्कपञ्चेन्द्रियत्वं दुर्लभं दर्शयति–

सो वि मणेण विहीणो ण य अप्पाणं परं पि[1] जाणेदि ।
अह मण-सहिदो[2] होदि हु तह वि तिरिक्खो[3] हवे रुद्दो ॥ २८७ ॥

[छाया–सः अपि मनसा विहीनः न च आत्मानं परम् अपि जानाति । अथ मनःसहितः भवति खलु तथापि तिर्यङ् भवेत् रुद्रः ॥] सोऽपि पञ्चेन्द्रियो जीवः मनसा विहीनः द्रव्यभावमनसा चित्तेन विहीनः रहितः शिक्षालापादिग्रहणरहित असंज्ञी जीव सन् आत्मानं शुद्धबोधमयं अपिशब्दात् परमपि अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुप्रवचनदशलाक्षणिकधर्मादिकवचनं न जानाति न वेत्तीत्यर्थः । अह अथवा, हु इति वितर्के, कदाचित् महता कष्टेन मनःसहितः मनसा चेतसा युक्तः संज्ञी पञ्चेन्द्रियो जीवो भवति । तथापि संज्ञिपञ्चेन्द्रिये सत्यपि तिर्यङ् रुद्रः क्रूरः मार्जारमूषकवकगृध्रसर्पनकुलव्याघ्रसिंहमत्स्यादिरूपो भवेत् ॥ २८७ ॥ अथ तस्य नरकपातादिकं दर्शयति–

सो तिव्व-असुह-लेसो णरये[4] णिवडेइ[5] दुक्खदे भीमे ।
तत्थ वि दुक्खं भुंजदि सारीरं माणसं पउरं ॥ २८८ ॥

[छाया–स तीव्र अशुभलेश्यः नरके निपतति दुःखदे भीमे । तत्रापि दुःखं भुङ्क्ते शारीरं मानसं प्रचुरम् ॥] सो स तिर्यङ् क्रूरजीवः नरकं रत्नप्रभादिकं प्रति निपतति तत्रावतरतीत्यर्थः । कीदृक् सन् । तीव्राशुभलेश्यः, कषायपरिणता

लेता है । वहाँभी अनेक पूर्वकोटि काल तक रहता है । वहाँसे निकलकर जिस किसी तरह पञ्चेन्द्रिय होता है ॥ **भावार्थ**–एकेन्द्रियसे दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय होकर पञ्चेन्द्रिय होना दुर्लभ है । यदि विकलेन्द्रियसे पुनः एकेन्द्रिय पर्यायमें चला गया तो फिर बहुत काल तक वहाँसे निकलना कठिन है । अतः त्रस होकरभी पञ्चेन्द्रिय होना दुर्लभ है ॥ २८६ ॥ आगे कहते हैं कि पञ्चेन्द्रियोंमेंभी सैनी पञ्चेन्द्रिय आदि होना दुर्लभ है। **अर्थ**–विकलत्रयसे निकलकर पञ्चेन्द्रिय भी होता है तो मनरहित असैनी होता है । अतः आपको और परको नहीं जानता । और जो कदाचित् मनसहित सैनी भी होता है तो रौद्र परिणामी तिर्यञ्च होता है ॥ **भावार्थ**–यदि पञ्चेन्द्रिय पर्याय भी प्राप्त कर लेता है तो असंज्ञी होनेके कारण बातचीत, उपदेश वगैरह नहीं समझ सकता । अतः न तो स्वयं अपनेको जानता है और न अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, आगम, धर्म वगैरहको ही जानता है । कदाचित् जिस किसी तरह संज्ञी पञ्चेन्द्रिय भी होता है तो बिलाव, चूहा, भेडिया, गृद्ध, सर्प, नेवला, व्याघ्र, सिंह, मगर, मच्छ आदि क्रूर तिर्यञ्च हो जाता है । अतः सदा पापरूप परिणाम रहते हैं ॥२८७॥ आगे कहते हैं कि वह नरकमें चला जाता है । **अर्थ**–सो तीव्र अशुभ लेश्यासे मरकर वह क्रूर तिर्यञ्च दुःखदायी भयानक नरकमें चला जाता है । वहाँ प्रचुर शारीरिक तथा मानसिक दुःख भोगता है ॥ **भावार्थ**–कषायके उदयसे रंगी हुई मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको लेश्या कहते हैं । तथा क्रोध, मान, माया और लोभको कषाय कहते हैं । प्रत्येक कषाय चार प्रकारकी होती है । उसमेंसे पत्थरकी

१ स वि । २ ब सहिदो (?), क म ग सहिओ । ३ क म ग तिरक्खो । ४ ब क म ग णरयं, स णरये (?), [णरयम्मि पडेइ] । ५ म णिवडेदि ।

योगप्रवृत्तिर्लेश्या, तीव्राः पाषाणभेदस्तम्भवंशमूललाक्षारङ्गोपमादिभागाविष्टाः अशुभाः कृष्णनीलकपोतलक्षणाः लेश्याः । कषायपरिणतयोगपरिणामा यस्य स तथोक्तः । तत्थ वि तत्रापि रत्नप्रभादिनरके भुनक्ति भुङ्क्ते । किं तत् । दुःखम् । कीदृक्षम् । शारीरं शरीरोद्भवं शीतोष्णक्षुत्तृषापञ्चकोटयष्टषष्टिलक्षनवनवतिसहस्रपञ्चशतचतुरशीतिव्याध्यादिजं, मानसं मनसोद्भवं दुष्टकषायकलुषीकृतचित्तपरिणामजातम् । च पुनः, प्रचुरं छेदनभेदनक्रकचनविदारणपीलनकुम्भीपाकपचनशूलारोपणखड्गधारासूचिसदृशभूमिस्पर्शवैतरणीस्नानपरस्परकृतघातासुरोदीरितादिदुःखम् । कथंभूते नरके । दुःखदे दुःखदायिनि । पुनः कीदृक्षे । भीमे रौद्रे घोरतरे दुःखदे नरके ॥ २८८ ॥ अथ ततो निस्सरणं तिर्यग्गतिप्राप्तिं च विवृणोति–

तत्तो णिस्सरिदूणं[1] पुणरवि तिरिएसु जायदे पावो[2] ।
तत्थ वि दुक्खमणंतं विसहदि जीवो अणेयविहं ॥ २८९ ॥

[छाया–ततः निःसृत्य पुनरपि तिर्यक्षु जायते पापः । तत्र अपि दुःखमनन्तं विषहते जीवः अनेकविधम् ॥] ततः रत्नप्रभादिनरकात् निःसृत्य पुनरपि नरकगतेः पूर्वं तिर्यङ् ततो निर्गतोऽपि तिर्यक्षु जायते मृगपशुपक्षिजलचरादिषु उत्पद्यते । पापम् अधर्मं यथा भवति तथा । तत्थ वि तत्रापि तिर्यग्गतावपि विषहते विशेषेण सहते क्षमते । कः । जीवः संसारी प्राणी तिर्यङ् । किं तत् । दुःखं अशर्म । कियन्मात्रम् । अनन्तं क्षुधातृषाभारारोपणदोहनशीतोष्णाद्यन्तरहितम् । पुनः कियत्प्रकारम् । अनेकविधं छेदनभेदनताडनतापनमरणादिपरस्परगलनाद्यनेकप्रकारम् ॥ २८९ ॥ अथ मनुष्यत्वं दुर्लभं सदृष्टान्तं दर्शयति–

रयणं चउप्पहे[3] पिव मणुयत्तं सुट्ठु दुलहं लहिय[4] ।
मिच्छो हवेइ जीवो तत्थ वि पावं समज्जेदि ॥ २९० ॥

लकीरके समान क्रोध, स्तम्भकी तरह कभी न नमनेवाला मान, बांसकी जड़की तरह माया और लाखके रंगकी तरह कभी न मिटनेवाला लोभ अति अशुभ होता है । अतः ऐसी कषायके उदयमें कृष्ण, नील और कापोत नामकी तीन अशुभ लेश्याएं ही होती हैं । इन अशुभ लेश्याओंसे मरकर वह क्रूर तिर्यञ्च रत्नप्रभा आदि नरकोंमें जन्म लेता है । वहाँ भूख, प्यास, शीत, उष्णके कष्टके साथही साथ, छेदना, भेदना, चीरना, फाडने आदिका कष्ट भोगता है; क्योंकि नारकी जीव परस्परमें एक दूसरेको अनेक प्रकारसे कष्ट देते हैं । कोल्हूमें पेलना, भाडमें भूजना, पकाना, शूलोंपर फेंक देना, तलवारके धारके समान नुकीले पत्तेवाले वृक्षोंके नीचे डाल देना, सुईकी नोकके समान नुकीली घासवाली जमीनपर डालकर खींचना, वैतरणी नदीमें डालना तथा अपनी विक्रियासे निर्मित अस्त्रशस्त्रोंसे परस्परमें मारना आदिके द्वारा बडा कष्ट पाते हैं । इसके सिवा तीसरे नरक तक असुर कुमार जातिके देव भी कष्ट पहुँचाते हैं । इस तरह नरकमें जाकर वह जीव बडा कष्ट भोगता है ॥ २८८ ॥ आगे कहते हैं कि नरकसे निकलकर पुनः तिर्यञ्च होता है । **अर्थ**—नरकसे निकलकर फिरभी तिर्यञ्च गतिमें जन्म लेता है और पापपूर्वक वहाँ भी अनेक प्रकारका अत्यन्त दुःख सहता है ॥ **भावार्थ**—रत्नप्रभा आदि भूमिसे निकलकर यह जीव फिर भी तिर्यञ्च गतिमें जन्म लेता है । अर्थात् तिर्यञ्चगतिसे ही नरकमें गया था और नरकसे निकलकर भी तिर्यञ्चही होता है । तिर्यञ्च गतिमेंभी भूख, प्यास, शीत, उष्ण, भारवहन, छेदन, भेदन, ताडन, मारण आदिका महा दुःख सहना पडता है ॥ २८९ ॥ आगे मनुष्यपर्यायकी दुर्लभता दृष्टान्तपूर्वक बतलाते हैं । **अर्थ**—जैसे चौराहेपर गिरे हुए रत्नका हाथ आना

---

१ क म स ग णीसरिऊणं । २ ब पावो (?), क स ग पावं, म पाउं । ३ ब चउप्पहवो । ४ ब लहिवि ।

[छाया-रत्नं चतुष्पथे इव मनुजत्वं सुष्ठु दुर्लभं लब्ध्वा । म्लेच्छः भवति जीवः तत्र अपि पापं समर्जयति ॥] जीवः आत्मा मिथ्यादृष्टिम्लेच्छः म्लेच्छखण्डोद्भव पञ्चाशदधिकाष्टशतम्लेच्छखण्डोद्भवः अनार्यदेशोत्पन्नो वा भवेत् । किं कृत्वा । पूर्वं लद्धिय लब्ध्वा प्राप्य । किं तत् । मनुष्यत्वं नरत्वम् । कीदृशम् । सुष्ठु अतिशयेन दुर्लभं दुःप्राप्यं चुल्लकपाशकादि दशदृष्टान्तेन दुरवापम् । क किमिव । चतु पथे रत्नमिव यथा चतुष्पथे रत्नं दुर्लभं दुःप्राप्यं तथा मनुष्यत्वं दुर्लभम् । तत्रापि म्लेच्छजन्मनि समर्जयति समुपार्जयति । किं तत् । पापं दुरितं व्यसनादिकेन पापाचरणं चरति ॥ २९० ॥ अथार्यखण्डादिषु उत्तरोत्तरदुर्लभत्वं गाथाषट्केनाह–

अह लहदि[1] अज्जवत्तं[2] तह ण वि पावेइ उत्तमं गोत्तं ।
उत्तम-कुले वि पत्ते धण-हीणो जायदे जीवो ॥ २९१ ॥

[छाया-अथ लभते आर्यावर्तं तथा न अपि प्राप्नोति उत्तमं गोत्रम् । उत्तमकुले अपि प्राप्ते धनहीनः जायते जीवः ॥] अथ अथवा लभते प्राप्नोति । किं तत् । आर्यखण्डम्, अर्यते[3] गम्यते सेव्यते गुणैर्गुणवद्भिर्वासौ आर्य उत्तमपुरुषस्तीर्थकरचक्रवर्त्यादिलक्षणः तद्वत् क्षेत्रम् आर्यखण्डमित्यर्थः । तत्रार्यखण्डे नापि प्राप्नोति न लभते । किं तत् । उत्तमं गोत्रं महाव्रतप्राप्तियोग्यं मोक्षसाधनयोग्यं च क्षत्रियादिकुलम् । तथा कदाचित् उत्तमकुले प्रशस्तकुले ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यकुले प्राप्ते सपन्ने जायते उत्पद्यते । कः । जीव । कीदृक्षः । धनहीनः धनधान्यसुवर्णगृहरत्नमुक्ताफलगजाश्वगोमहिषीवस्त्राभरणादिरहितः दरिद्रो जीवः ॥ २९१ ॥

अह धण-सहिदो[4] होदि हु इंदिय-परिपुण्णदा तदो दुलहा ।
अह इंदिय-संपुण्णो तह वि सरोओ हवे देहो ॥ २९२ ॥

[छाया-अथ धनसहित भवति खलु इन्द्रियपरिपूर्णता तत दुर्लभा । अथ इन्द्रियसपूर्ण तथापि सरोगः भवेत् देहः ॥] अथ अथवा, हु इति स्फुटं, कदाचित् धनसहितः धनाढ्यो महर्द्धिको भवति । ततः धनयुक्तत्वेऽपि इन्द्रियपरि-

दुर्लभ है वैसे ही मनुष्यभव भी अत्यन्त दुर्लभ है । तिर्यञ्च पर्यायसे निकलकर और अत्यन्त दुर्लभ मनुष्यभवको पाकर भी यह जीव मिथ्यादृष्टि म्लेच्छ होकर पापका उपार्जन करता है ॥ **भावार्थ**–मनुष्यभव पाकरभी यदि मिथ्यादृष्टि हुआ और म्लेच्छ खण्डोमें जन्म लिया तो पापही करता है ॥ २९० ॥ आगे आर्य खण्ड वगैरहकी उत्तरोत्तर दुर्लभता बतलाते हैं । **अर्थ**–यदि कदाचित् आर्यखण्डमें जन्म लेता है तो उत्तम कुल पाना दुर्लभ है । कदाचित् उत्तम कुल भी मिला तो धनहीन दरिद्री होता है ॥ **भावार्थ**–जो गुणोंसे अथवा गुणवानोंसे सेवित होते हैं अर्थात् जो स्वयं गुणी होते हैं तथा गुणवानोंकी संगतिमें रहते हैं उन्हें आर्य कहते हैं । आर्य अर्थात् तीर्थङ्कर चक्रवर्ती आदि उत्तम पुरुष जिस भूमिमें जन्म लेते हैं वह भूमि आर्यखण्ड कही जाती है । यदि मनुष्यभव पाकर वह जीव आर्यखण्डका मनुष्य हुआ और महाव्रतकी प्राप्तिके योग्य अथवा मोक्ष साधनके योग्य उत्तम क्षत्रिय आदिका कुल नहीं पाया तोभी मनुष्यभव पाना व्यर्थ हुआ । तथा ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यका प्रशस्त कुल पाकर भी यदि धन-धान्यसे रहित दरिद्री हुआ तो भी जीवन कष्टमेंही बीतता है ॥ २९१ ॥ **अर्थ**–अथवा धनसम्पन्न भी हुआ तो इन्द्रियोंकी पूर्णताका पाना दुर्लभ है । कदाचित् इन्द्रियाँ भी पूर्ण हुईं और शरीर रोगी हुआ तो भी सब व्यर्थ है ॥ **भावार्थ**–कदाचित् धनाढ्य भी हुआ तो हाथ पैरसे ठीक होना, अर्थात् अपंग, अन्धा वगैरह न होना कठिन है । कदाचित् शरीर अविकल हुआ और आंख नाक कान वगैरह

---

१ ल म ग लहइ, स लहई । २ ब अज्जवत्तं, ल म ग अज्जवंतं, स अज्जवंत्तं, [अज्जवत्तं] । ३ ग आर्यते । ४ ल म सहिओ, ग सहिउ ।

पूर्णता चक्षुर्घ्राणश्रोत्रहस्तपादादिना हीनाङ्गतारहितता इन्द्रियाणां पटुत्वं दुर्लभा दुःप्राप्या। अथ अथवा इन्द्रियसंपूर्णः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रहस्तपादाङ्गुल्याद्यवयवसंपूर्णः। तह वि तथापि इन्द्रियपटुत्वे सति देहः शरीरं सरोगः ज्वरभगन्धरकुष्ठोदरकुक्षिशिरोरोगकुष्ठसंनिपातप्लीहपाठादिव्याधिसंयुक्तो भवेत् ॥ २९२ ॥

अह णीरोओ होदि हु तह वि ण पावेदि[1] जीवियं सुइरं[2]।
अह चिर-कालं जीवदि तो सीलं[4] णेव पावेदि[5] ॥ २९३ ॥

[छाया-अथ नीरोगः भवति खलु तथापि न प्राप्नोति जीवितं सुचिरम्। अथ चिरकालं जीवति तत् शीलं नैव प्राप्नोति ॥] अथ अथवा, हु इति कदाचित्, अव्ययानामनेकार्थत्वात्, नीरोगो जातः रोगरहितो भवति। तथापि सुचिरं जीवितव्यमायुर्न प्राप्नोति। अथ अथवा चेत् चिरकाल कोटिपूर्वादिपर्यन्तं जीवति प्राणधारणं विदधाति तो तर्हि शीलं ब्रह्मचर्यलक्षणं व्रतप्रतिपालनस्वभावं च नैव प्राप्नोति ॥ २९३ ॥

अह होदि सील-जुत्तो[6] तो[7] वि ण पावेइ साहु-संसग्गं।
अह तं पि कह वि पावदि सम्मत्तं तह वि अइदुलहं ॥ २९४ ॥

[छाया-अथ भवति शीलयुक्तः तत अपि न प्राप्नोति साधुसंसर्गम्। अथ तम् अपि कथमपि प्राप्नोति सम्यक्त्वं तथापि अतिदुर्लभम् ॥] अथ अथवा कथमपि यदि शीलयुक्त ब्रह्मचर्यविशिष्टो वा उत्तमस्वभावसंयुक्तो वा गुणव्रतत्रयशिक्षाव्रतचतुष्कशीलसप्तकसंयुक्तो भवति। तथापि तर्ह्यपि साधुसंसर्गं साधूनां रत्नत्रयसाधकानां योगिनां संसर्गं संयोगं गोष्ठिं तं न प्राप्नोति न लभते। अथ यदि तमपि साधुसंसर्गं कथमपि प्राप्नोति तथापि सम्यक्त्वं तत्त्वश्रद्धानलक्षणं व्यवहारसम्यक्त्वं निश्चयसम्यक्त्वं च अतिदुर्लभं दुःप्राप्यं भवति ॥ २९४ ॥

सम्मत्ते वि य लद्धे चारित्तं णेव गिण्हदे[8] जीवो[9]।
अह कह वि तं पि गिण्हदि तो पालेदुं ण सक्केदि ॥ २९५ ॥

[छाया-सम्यक्त्वे अपि च लब्धे चारित्रं नैव गृह्णाति जीव। अथ कथमपि तत् अपि गृह्णाति तत् पालयितुं न शक्नोति ॥] अपि च विशेषे। कदाचिद्दैवतः इति पदं सर्वत्र योज्यम्। सम्यक्त्वे लब्धे सम्यग्दर्शने प्राप्ते सति जीवः आत्मा चारित्रं त्रयोदशप्रकारं सर्वसावद्यविरतिलक्षणं सामायिकादिपञ्चप्रकारं वा निश्चयव्यवहारात्मकं च नैव गृह्णाति। अथ यदि कथमपि महता कष्टेन तदपि चारित्रं कदाचिद्दैवयोगत गृह्णाति, तो तर्हि तत् चारित्रं पालयितुं रक्षितुं न शक्नोति न समर्थो भवति। रुद्रवरत्रादिमुनिवत् ॥ २९५ ॥

रयणत्तये[10] वि लद्धे तिव्व-कसायं करेदि जइ जीवो।
तो दुग्गईसु गच्छदि पणट्ठ-रयणत्तओ होउं[11] ॥ २९६ ॥

भी ठीक हुए तो नीरोग शरीर मिलना दुर्लभ है क्योंकि मनुष्यशरीर ज्वर, भगंदर, कुष्ठ, जलोदर, प्लीहा, सन्निपात, आदि व्याधियोंका घर है ॥ २९२ ॥ **अर्थ**-अथवा कदाचित् नीरोग भी हुआ तो लम्बी आयु नहीं पाता, अर्थात् जल्दी ही मर जाता है। अथवा कदाचित् लम्बी आयु भी पाई तो उत्तम स्वभावरूप शीलको नहीं पाता ॥ २९३ ॥ **अर्थ**-कदाचित् उत्तम स्वभावरूप शीलको पाता भी है तो रत्नत्रयके साधक साधुजनोंकी संगति नहीं मिलती। यदि किसी प्रकार साधु संगतिका लाभ भी हो जाता है तो तत्त्वार्थश्रद्धानरूप सम्यक्त्वका पाना अति दुर्लभ है ॥ २९४ ॥ **अर्थ**-दैववश कदाचित् सम्यक्त्वको प्राप्त भी करले तो चारित्रको ग्रहण नहीं करता। और कदाचित् दैवयोगसे चारित्र ग्रहण भी करले तो उसे पालनेमें असमर्थ होता है ॥ २९५ ॥ **अर्थ**-कदाचित् सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और

---

१ ब कुठदर। २ ल स ग पावेइ। ३ ब स सुचर। ४ ब ग सीलं। ५ ल स ग पावेइ। ६ ग शीलयुत्तो। ७ ल म स ग तह वि। ८ ब गिण्हदे, गिन्हदि। ९ ग जीओ। १० प रयणत्तय। ११ ब होउ (?)।

[छाया-रत्नत्रये अपि लब्धे तीव्रकषायं करोति यदि जीव.। तर्हि दुर्गतिषु गच्छति प्रणष्टरत्नत्रयः भूत्वा ॥] यदि कथमपि दैवयोगात् रत्नत्रये लब्धेऽपि सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रात्मके प्राप्तेऽपि जीवः आत्मा तीव्रकषायं करोति अनन्तानुबन्धिलक्षणक्रोधमानमायालोभादिकं रागद्वेषादिकं विदधाति, तो तर्हि दुर्गतिषु गच्छति नरकतिर्यग्दुर्मनुष्यभवनव्यन्तरज्योतिष्केषु गतिषु याति। कीदृग्भूत्वा। प्रणष्टरत्नत्रयो भूत्वा त्यक्तसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रो भूत्वा रत्नत्रयं मुक्त्वा इत्यर्थः ॥२९६॥ अथ मनुष्यत्वस्य दुर्लभत्वं व्यनक्ति-

रयणु व्व[1] जलहि-पडियं मणुयत्तं तं पि[2] होदि[3] अइदुलहं।
एवं सुणिच्छइत्ता[4] मिच्छ-कसाए य वज्जेह[5] ॥ २९७ ॥

[छाया-रत्नमिव जलधिपतितं मनुजत्वं तत् अपि भवति अतिदुर्लभम्। एवं सुनिश्चित्य मिथ्यात्वकषायान् च वर्जयत ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण मनुष्यत्वस्य दुर्लभत्वं दु प्रापत्वं, पुण्यैर्विना सुमनुष्यत्वं न प्राप्यते इत्यर्थः। सुनिश्चित्य निश्चयं कृत्वा पवज्जह यूयं प्रवर्जयत यूयं त्यजत। कान्। मिथ्यात्वकषायान्। मिथ्यात्वान्येकान्तादीनि पञ्च। तत्कथम्। "एयंत बुद्धदरसी विवरीओ बंभ तावसो विणओ। इंदो विय ससइदो मक्कडिओ चेव अण्णाणी॥" तथा द्रव्यक्षेत्रकालभावाच्चतुर्विधं मिथ्यात्वम्। कषायाः अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधमानमायालोभाख्या हास्यादयश्च तान् यूयं त्यजत। एवं किम्। यन्मनुष्यत्वं नरजन्मत्व तदपि अतिदुर्लभम् अतिदु प्रापम् अत्यन्तदु खेन महता कष्टेन प्राप्यम्। किमिव। जलधिपतितरत्नमिव यथा समुद्रे पतित रत्नम् अतिदु खेन प्राप्यते तथा मनुष्यत्वं नरजन्मसंसारसमुद्रे भ्रमता प्राणिना अतिदुःखेन प्राप्यते, बहुलपुण्यं विना न ॥ २९७ ॥ अथ देवत्वे यत् दुर्लभं तन्निगदति-

अहवा देवो होदि हु तत्थ वि पावेदि कह व सम्मत्तं।
तो तव-चरणं ण लहदि देस-जमं[6] सील-लेसं पि ॥ २९८ ॥

[छाया-अथवा देव भवति खलु तत्र अपि प्राप्नोति कथमिव सम्यक्त्वम्। ततः तपश्चरणं न लभते देशयमं शीललेशम् अपि ॥] अथवा, ह इति कदाचिद्दैवयोगत, "सराग(-संयम-)संयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि दैवस्य।"

सम्यक्चारित्र रूप रत्नत्रयको प्राप्त करके भी यदि यह जीव अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ रूप तीव्र कषायको करता है तो रत्नत्रयको नष्ट करके दुर्गतियोंमें गमन करता है अर्थात् मरकर या तो नरकमें चला जाता है, या तिर्यञ्च योनिमें जन्म लेता है, या दीन दुखी दरिद्री मनुष्य होता है, अथवा देव भी होता है तो भवनवासी, व्यन्तर या ज्योतिष्क जातिका देव होता है ॥ २९६ ॥ आगे मनुष्य पर्यायकी दुर्लभता बतलाते हैं। **अर्थ**-अतः जैसे समुद्रमें गिरा हुआ रत्न पाना अत्यन्त दुर्लभ है, वैसे ही संसारसमुद्रमें भटकते हुए मनुष्यजन्मका पाना अत्यन्त दुर्लभ है, ऐसा निश्चय करके तुम मिथ्यात्व और कषायोको छोड़ दो ॥ २९७ ॥ आगे, देवपर्यायमें चारित्रकी दुर्लभता बतलाते हैं। **अर्थ**-यदि कदाचित् यह जीव मर कर देव भी होता है और वहाँ किसी तरह सम्यक्त्वको भी प्राप्त कर लेता है तो तप और चारित्रको नहीं पाल सकता। और तो क्या, देशसंयम और शीलका लेश भी नहीं होता ॥ **भावार्थ**-कदाचित् मनुष्य पर्यायमें इस जीवने रागसहित संयमका अथवा देशसंयमका पालन किया, अथवा अकाम निर्जरा और खोटा तप किया और मरकर पुण्ययोगसे देव हुआ। तथा देव होकर क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि, प्रायोग्यलब्धि, और करणलब्धिके मिल जानेसे सम्यग्दर्शन भी प्राप्त कर लिया किन्तु बारह प्रकारका तप और पाँच प्रकारका

१ [रयण व]। २ ब तो मणुयत्तं पि। ३ ब होइ। ४ ब सुणिच्छयंतो। ५ ब वज्जय (?), स ग वज्जह। ६ म देसवयं।

इति पुण्ययोगात् देवः अमरो भवति। तत्रापि देवत्वे कथमपि महता कष्टेन काललब्ध्या, तथा 'खओवसमविसोहीदेसणपाउग्गकरणलद्धीए' इति पञ्चलब्ध्या सम्यक्त्वं सुदर्शनं लभते प्राप्नोति। तो तर्हि सम्यक्त्वे लब्धेऽपि न लभते न प्राप्नोति। किं तत्। तपश्चरणं तपोऽनशनावमोदर्यादि द्वादशधा। चरणं सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसांपरायात्मकं पञ्चभेदम्। अपि पुनः देशसंयमं देशचारित्रं श्रावकव्रतं पुनः शीललेशं ब्रह्मचर्याणुमात्रम् अथवा शीलसप्तकं न प्राप्नोति ॥ २९८ ॥ अथ मनुष्यगतावेव तपश्चरणादिकं द्रढयति–

मणुव-गईए वि तओ मणवु-गईए महव्वदं[1] सयलं।
मणुव-गदीए[2] झाणं[3] मणुव-गदीए वि णिव्वाणं ॥ २९९ ॥

[छाया–मनुजगतौ अपि तपः मनुजगतौ महाव्रतं सकलम्। मनुजगतौ ध्यानं मनुजगतौ अपि निर्वाणम् ॥] मनुष्यगतावेव, अपिशब्द एवकारार्थे, तपः 'अनशनावमोदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागविविक्तशय्यासनकायक्लेशा बाह्यं तपः' षोढा। प्रायश्चित्तविनयवैयावृत्त्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्यभ्यन्तरं च षोढा, इति द्वादशधा। इच्छानिरोधस्तपो वा। एकावली द्विकावली रत्नावली सर्वतोभद्रप्रमुखं वा भवति। पुनः मनुष्यगतावेव उत्तमक्षत्रियादिवंशे सर्वसावद्यनिवृत्तिलक्षणं महाव्रतं सकलं संपूर्णं महाव्रतं हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहनिवृत्तिलक्षणं भवति। मनुष्यगत्यामेव सकलं संपूर्णम् उत्कृष्टतां प्राप्तं धर्मध्यानं शुक्लध्यानं च स्यात्। काकाक्षिगोलकन्यायेन सकलशब्द उभयत्र व्रतध्यानयोर्योज्यम्। मनुष्यगतावेव निर्वाणः सकलकर्मविप्रमुक्तिलक्षणः सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेतः मोक्षो भवति ॥ २९९ ॥ अथ मनुष्यत्वे प्राप्ते सति विषयविवर्जनम् अकुर्वतः सदृष्टान्तं दोषं विवृणोति–

इय दुलहं[4] मणुयत्तं लहिऊणं जे रमंति विसएसु।
ते लहिय[5] दिव-रयणं भूई-णिमित्तं पजालंति[6] ॥ ३०० ॥

[छाया–इति दुर्लभं मनुजत्वं लब्ध्वा ये रमन्ते विषयेषु। ते लब्ध्वा दिव्यरत्नं भूतिनिमित्तं प्रज्वालयन्ति ॥] रमन्ते क्रीडन्ति ये नराः। क्व। विषयेषु पञ्चेन्द्रियाणां स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दभोगव्यापारलक्षणेषु। किं कृत्वा। लब्ध्वा प्राप्य। किं तत्। मनुष्यत्वं नरजन्मत्वम्। इति पूर्वोक्तप्रकारेण लब्ध्यपर्याप्तनिगोदतः प्रारभ्य मनुष्यजन्मपर्यन्तं दुर्लभं दुःप्रापम्। ते पुरुषा दृष्टान्तद्वारेण किं कुर्वते इति कथयति। ते पुरुषा दिव्यरत्नम् अनर्घ्यरत्नं प्राप्य प्रज्वालयन्ति भस्मीकुर्वन्ति। किमर्थम्। भूतिनिमित्तं भूतिर्भस्म तदर्थम् ॥ ३०० ॥ इति सर्वेषां दुर्लभत्वं प्रकाश्य रत्नत्रये आदरं निगदति–

चारित्र तो वहाँ किसी भी तरह प्राप्त नहीं हो सकता। और तो क्या, श्रावकके व्रत तथा शीलका लेश भी पाल सकना वहाँ शक्य नहीं है। क्योंकि देवगतिमें संयम संभव नहीं है ॥ २९८ ॥ आगे कहते हैं कि मनुष्यगतिमें ही तपश्चरण आदि होता है। **अर्थ**–मनुष्यगतिमें ही तप होता है। मनुष्यगतिमें ही समस्त महाव्रत होते हैं। मनुष्यगतिमें ही ध्यान होता है और मनुष्यगतिमें ही मोक्षकी प्राप्ति होती है ॥ **भावार्थ**–अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन, और कायक्लेश ये छः बाह्य तप और प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग, ध्यान ये छः अभ्यन्तर तप मनुष्यगतिमें ही होते हैं। हिंसा, झूंठ, चोरी, अब्रह्म और परिग्रह इन समस्त पापोंका पूर्ण त्यागरूप महाव्रत मनुष्य ही धारण कर सकते हैं। मनुष्यगतिमें ही उत्कृष्ट धर्मध्यान और शुक्लध्यान होते हैं। तथा समस्त कर्मबन्धनसे मुक्ति भी मनुष्यगतिमें ही मिलती है ॥ २९९ ॥ आगे, जो मनुष्यभव प्राप्त होनेपर विषयोंमें फंस जाते हैं उनकी निन्दा करते हैं। **अर्थ**–पूर्वोक्त प्रकारसे दुर्लभ मनुष्य पर्यायको प्राप्त

१ ब गयद। २ ब गदीए। ३ ब महव्वयं। ४ ब गदीये। ५ ग झाणं। ६ ग दुलहं। ७ स लहइ। ८ छ ग धूय। ९ ग पजालेदि।

इय सव्व-दुलह-दुलहं दंसण-णाणं तहा चरित्तं च।
मुणिऊण य संसारे महायरं कुणह तिण्हं पि[1] ॥ ३०१ ॥[2]

[छाया-इति सर्वदुर्लभदुर्लभं दर्शनज्ञानं तथा चारित्रं च। ज्ञात्वा च संसारे महादरं कुरुत त्रयाणाम् अपि ॥] इति पूर्वोक्तप्रकारेण मत्वा ज्ञात्वा। किं तत्। सर्वं पूर्वोक्तम् एकेन्द्रियप्रभृति रत्नत्रयप्राप्तिपर्यन्तं दुलहदुलहं दुर्लभात् दुःप्रापात् दुर्लभं दुःप्राप्यं तथा तेनैव दुर्लभप्रकारेण दर्शनज्ञानचारित्रं च, दर्शनम् अष्टाङ्गसम्यक्त्वं स्वात्मश्रद्धानरूपं निश्चयसम्यक्त्वं च, ज्ञानं द्वादशाङ्गपरिज्ञानं स्वात्मस्वरूपवेदनं निश्चयज्ञानं च, तथा चारित्रं सर्वसावद्यनिवृत्तिलक्षणं सामायिकादिपञ्चभेदं पुनः स्वात्मानुभूतिलक्षणं निश्चयचारित्रं च। एतत् अयं दुर्लभात् दुर्लभं ज्ञात्वा। क्व। संसारे द्रव्यक्षेत्रकालभवभावप्राभृते। कुणह कुरुध्वं त्वं विधेहि। किं तत्। महादरं महोद्यमम्। केषाम्। त्रयाणां दर्शनज्ञानचारित्राणाम्, अपिशब्दात् तपोध्यानादीनां च। महादरं भो भव्यवर पुण्डरीक त्वं कुरुष्व इत्यर्थः ॥ ३०१ ॥

योऽनुप्रेक्षा क्षितौ ख्याता समाख्याय सुखं बभौ। तट्टीका विदधद्विद्वान् शुभचन्द्रो जयत्यलम् ॥

इति षड्भाषाकविचक्रवर्तित्रैविद्यविद्येश्वरभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितायां
स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षाटीकायां बोधिदुर्लभानुप्रेक्षाप्रतिपादकः
एकादशोऽधिकारः ॥ ११ ॥

१२. धर्मानुप्रेक्षा

धर्मं सद्धर्मदातारं सकलं गुणभेदकम्। नत्वा सुमतिकीर्तेश्च स्वाग्रहाद्वच्मि तं पुनः ॥

अथ धर्मानुप्रेक्षां व्याचक्षाणः श्रीस्वामिकार्त्तिकेयः धर्ममूलं सर्वज्ञं देवं प्रकाशयति–

जो जाणदि पच्चक्खं तियाल-गुण-पज्जएहिं संजुत्तं।
लोयालोयं सयलं सो सव्वण्हू[3] हवे देवो ॥ ३०२ ॥

करके जो पाचों इन्द्रियोंके विषयोंमें रमते हैं वे मूढ दिव्य रत्नको पाकर उसे भस्मके लिये जलाकर राख कर डालते हैं ॥ ३०० ॥ आगे दुर्लभ रत्नत्रयको पाकर उसका आदर करनेका उपदेश देते हैं। **अर्थ**–इस तरह सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको संसारकी सब दुर्लभ वस्तुओंमें भी दुर्लभ जानकर इन तीनोका अत्यन्त आदर करो ॥ ३०१ ॥ इति बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा ॥ ११ ॥

अब धर्मानुप्रेक्षाका कथन करते हुए स्वामी कार्त्तिकेय धर्मके मूल सर्वज्ञ देवका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**–जो त्रिकालवर्ती गुणपर्यायोसे सयुक्त समस्त लोक और अलोकको प्रत्यक्ष जानता है वह सर्वज्ञ देव है ॥ **भावार्थ**– सर्वज्ञका अर्थ है सबको जाननेवाला। और सबसे मतलब है– भूत, भावी और वर्तमान कालीन गुण और पर्याय सहित समस्त लोक और अलोक। अतः जो समस्त लोक और अलोकमें वर्तमान सब द्रव्योंको और उनकी सब पर्यायोंको जानता है वही सर्वज्ञ है। और वही वास्तवमें देव है क्योंकि वह अनन्त चतुष्टय स्वरूप परमानन्दमें क्रीडा करता है। कहा भी है–'जो अनेक प्रकारके समस्त चराचर द्रव्योंको तथा उनके सब गुणोंको और उनकी भूत,

१ ब ग तिन्ह। २ ब दुलहानुवोहि अनुप्रेक्षा ॥ ११ ॥ ३ म सव्वण्डु, ग सव्वण्ह।

[छाया-यः जानाति प्रत्यक्षं त्रिकालगुणपर्ययैः संयुक्तम् । लोकालोकं सकल स सर्वज्ञः भवेत् देवः ॥] स जगत्प्रसिद्धः सर्वज्ञः सर्वं लोकालोकं जानातीति वेत्तीति सर्वज्ञः । उक्तं च । 'यः सर्वाणि चराचराणि विविधद्रव्याणि तेषां गुणान्, पर्यायानपि भूतभाविभवतः सर्वान् सदा सर्वथा । जानीते युगपत्प्रतिक्षणमतः सर्वज्ञ इत्युच्यते, सर्वज्ञाय जिनेश्वराय महते वीराय तस्मै नमः ॥' इति सर्वज्ञः । देवः दीव्यति क्रीडति परमानन्दपदे अनन्तचतुष्टयात्मके परमात्मनि वा देव इति सर्वज्ञदेवो भवेत् । अन्यो ब्रह्मा विष्णुर्महेशादिको न । स को देवः । यो जानाति वेत्ति पश्यति । किं तत् । लोकालोकं लोकः त्रिभुवनम् अलोक. ततो वहिर्लोकः तत् लोकालोकं सकलं संपूर्णम्, प्रत्यक्षं यथा भवति नथा प्रत्यक्षीभूतं व्यक्तरूपं करतलगतमणिवत् जानाति पश्यति । पुनः कीदृक्षम् । त्रिकालगुणपर्यायैः संयुक्तं, गुणाः केवलज्ञानादयः, पर्यायाः अगुरुलघ्वादयः, गुणाश्च पर्यायाश्च गुणपर्यायाः, तैः त्रिकालगुणपर्यायैः सहितं लोकालोकं जानाति । ननु लोकालोकज्ञानिनां सर्वज्ञत्वं चेत् तर्हि श्रुतज्ञानिनामपि सर्वज्ञत्वं भविष्यति स्याद्वादकेवलज्ञाने सर्वतत्त्वप्रकाशने इत्याशङ्कामपनुदन् प्रत्यक्षं विशेषणं समर्थयति । श्रुतज्ञानिनः सर्वं परोक्षं पश्यन्ति श्रुतेन, केवलज्ञानिनः सर्वं लोकालोकं वितिमिरं सगुणपर्यायं प्रत्यक्षं जानन्ति पश्यन्ति इत्यर्थ. ॥ ३०२ ॥ अथ सर्वज्ञाभाववादिनः भट्टप्रभाकरचार्वाकादीन् प्रतिक्षिपन्नाह-

जदि ण हवदि सव्वण्हू ता को जाणदि अदिंदियं[1] अत्थं ।
इंदिय-णाणं ण मुणदि थूलं पि[2] असेस-पज्जायं ॥ ३०३ ॥

[छाया-यदि न भवति सर्वज्ञः ततः क. जानाति अतीन्द्रियम् अर्थम् । इन्द्रियज्ञानं न जानाति स्थूलम् अपि अशेषपर्यायम् ॥] ननु नास्ति सर्वज्ञोऽनुपलब्धेः इति चार्वाकाः, नास्ति सर्वज्ञः प्रमाणपञ्चकाविषयत्वात् इति मीमांसकाश्च वदन्ति, तान् प्रत्याह । सर्वज्ञो न भवति यदि चेत् तो* तर्हि अतीन्द्रियम् अर्थम् इन्द्रियाणामगम्यं वस्तु सूक्ष्मान्तरितदूरार्थं को वेत्ति । सूक्ष्मार्था हि परमाण्वादयः, अन्तरितार्थाः स्वभावान्तरिताः जीवपुण्यपापादयः, कालान्तरिता

भावी और वर्तमान सब पर्यायोको एक साथ प्रतिसमय पूरी तरहसे जानता है उसे सर्वज्ञ कहते हैं । उस सर्वज्ञ जिनेश्वर महावीरको नमस्कार हो ।' किन्तु इस तरहसे तो श्रुतज्ञानीको भी सर्वज्ञ कहा जा सकेगा; क्योंकि वह भी आगमके द्वारा सब पदार्थोंको जानता है । इसीसे श्रुतज्ञानीको केवलज्ञानीके तुल्य बतलाया है । इस आपत्तिको दूर करनेके लिये ही जाननेके पहले प्रत्यक्ष विशेषण रखा गया है । श्रुतज्ञानी सबको परोक्षरूपसे जानता है इसलिये उसे सर्वज्ञ नहीं कहा जा सकता । जो समस्त लोकालोकको हथेलीपर रखी हुई मणिकी तरह प्रत्यक्ष जानते हैं वही सर्वज्ञ भगवान हैं ॥ ३०२ ॥ आगे सर्वज्ञको न माननेवाले मीमांसकोंका खण्डन करते है । **अर्थ**-यदि सर्वज्ञ न होता तो अतीन्द्रिय पदार्थको कौन जानता ? इन्द्रियज्ञान तो सब स्थूल पर्यायोंको भी नहीं जानता ॥ **भावार्थ**-चार्वाक और मीमांसक सर्वज्ञको नहीं मानते । चार्वाक तो एक इन्द्रियप्रत्यक्षको ही प्रमाण मानता है । जो इन्द्रियोंका विषय नहीं है वह कोई वस्तु ही नहीं, ऐसा उसका मत है । सर्वज्ञ भी किसी इन्द्रियसे गोचर नहीं होता अतः वह नहीं है, यह चार्वाकका कहना है । मीमांसक छ प्रमाण मानता है-प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति और अभाव । इनमेंसे शुरुके पाँच प्रमाण वस्तुके सद्भावको विषय करते हैं । जो इन पाँच प्रमाणोंका विषय नहीं है वह कोई वस्तु नहीं है । सर्वज्ञ भी पाँचों प्रमाणोंका विषय नहीं है अतः सर्वज्ञ नहीं है ऐसा मीमांसकका मत है । आचार्य कहते हैं कि जगतमें ऐसे बहुतसे पदार्थ हैं जो इन्द्रियगम्य नहीं हैं । जैसे सूक्ष्म पदार्थ परमाणु, अन्तरित पदार्थ पूर्वकालमें होगये राम रावण वगैरह और दूरवर्ती पदार्थ सुमेरु वगैरह । ये पदार्थ इन्द्रियोंके द्वारा नहीं देखे जा सकते । यदि कोई सर्वज्ञ न होता तो इन अतीन्द्रिय पदार्थोंका अस्तित्व हमें कैसे ज्ञात होता ? इसीसे

---

१ ग अदयिं । २ स वि ।

रामरावणादयः, दूरार्थाः मन्दरनरकस्वर्गादयः तान् पदार्थान् सर्वज्ञाभावे को वेत्ति को जानाति । अपि तु न सर्वज्ञ एव जानाति । अस्ति कश्चित्तेषां प्रत्यक्षं वेत्ता तदावेदकमनुमानं, सूक्ष्मान्तरितदूरार्थाः कस्यचित्प्रत्यक्षाः अनुमेयत्वादग्न्यादिवदिति । अथ इन्द्रियप्रत्यक्षं तदावेदकं भविष्यतीति चेन्न । इन्द्रियज्ञानं स्पर्शनादीन्द्रियप्रत्यक्षज्ञानं न जानाति । कं तम् । स्थूलमपि केवलम् । अपिशब्दात् सूक्ष्मं स्थूलसूक्ष्ममपि पदार्थम् । कीदृक्षं तम् । अशेषपर्यायं अशेषाः समग्राः अतीतानागतवर्तमान-कालविषया पर्यायाः परिणामा विद्यन्ते यस्य स तथोक्तः । तं स्थूलमर्थं समग्रपर्यायसहितं पदार्थम् इन्द्रियज्ञानं न जानाति ॥ ३०३ ॥ अथ सर्वज्ञास्तित्वे सिद्धे तदुपदिष्टो धर्म एवाङ्गीकर्तव्य इत्यावेदयति–

तेणुवइट्ठो[1] धम्मो संगासत्ताण तह असंगाणं ।
पढमो बारह-भेओ दह-भेओ[2] भासिओ बिदिओ ॥ ३०४ ॥

[छाया–तेन उपदिष्टः धर्मः सगासक्तानां तथा असगानाम् । प्रथमः द्वादशभेदः दशभेदः भाषितः द्वितीयः ॥] तेन सर्वज्ञेन सर्वदर्शिना वीतरागदेवेन धर्मः वृषः उपदिष्टः कथितः । आत्मानमिष्टे नरेन्द्रसुरेन्द्रमुनीन्द्रवन्द्ये मुक्तिस्थाने धत्त इति धर्मः । अथवा ससारस्थान् प्राणिनो धरति धारयतीति वा धर्मः । वा ससारे पतन्तं जीवमुद्धृत्य नागेन्द्रनरेन्द्र-देवेन्द्रादिवन्द्येऽव्याबाधानन्तसुखाद्यनन्तगुणलक्षणे मोक्षपदे धरतीति धर्मः । तस्य भेदौ द्वौ । कौ इति चेत् । केषां संगास-क्तानां संगेषु परिग्रहेषु आसक्ता ये सगासक्तास्तेषा परिग्रहरतानां श्रावकाणां धर्मः । तह तथा असंगानां न विद्यन्ते संगाः बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहा येषा ते असगास्तेषाम् असंगानां बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहपरित्यक्तानां निर्ग्रन्थानां मुनीनां धर्मः । तयोर्धर्म-योर्मध्ये प्रथमः श्रावकगोचरो धर्मः द्वादशभेदः सम्यग्दर्शनशुद्धादिद्वादशप्रकारो भाषितः, द्वितीयः मुनीश्वरगोचरो धर्मः दशभेदः उत्तमक्षमादिदशप्रकारो वृषो भाषितः प्रकाशितः ॥ ३०४ ॥ अथ तान्प्रथमोद्दिष्टान् द्वादशभेदान् गाथाद्वयेन प्ररूपयति–

सम्मद्दंसण-सुद्धो रहिओ मज्जाइ-थूल-दोसेहिं ।
वय-धारी सामाइउ[3] पव्व-वई पासुयाहारी[4] ॥ ३०५ ॥

समन्तभद्र स्वामीने आप्तमीमासामें सर्वज्ञकी सिद्धि करते हुए कहा है–सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसीके प्रत्यक्ष हैं क्योंकि उन्हें हम अनुमानसे जान सकते हैं । जो वस्तु अनुमानसे जानी जा सकती है वह किसीके प्रत्यक्ष भी होती है जैसे आग । शायद कोई कहे कि इन पदार्थोंका ज्ञान तो इन्द्रियसे हो सकता है, किन्तु ऐसा कहना ठीक नहीं है क्यो कि इन्द्रियाँ तो सम्बद्ध वर्तमान और स्थूल पदार्थोंको ही जाननेमें समर्थ हैं । अतः वे स्थूल पदार्थोंकी भी भूत भविष्यत सब पर्यायोंको नहीं जानती हैं । तब अतीन्द्रिय पदार्थोंको कैसे जान सकती हैं? ॥ ३०३ ॥ सर्वज्ञका अस्तित्व सिद्ध करके आचार्य सर्वज्ञके द्वारा उपदिष्ट धर्मका वर्णन करते हैं । **अर्थ–**सर्वज्ञके द्वारा कहा हुआ धर्म दो प्रकारका है–एक तो संगासक्त अर्थात् गृहस्थका धर्म और एक असंग अर्थात् निर्ग्रन्थ मुनिका धर्म । प्रथमके बारह भेद कहे हैं और दूसरेके दस भेद कहे हैं ॥ **भावार्थ–**जो आत्माको नरेन्द्र, सुरेन्द्र और मुनीन्द्रसे वन्दनीय मुक्तिस्थानमें धरता है उसे धर्म कहते हैं । अथवा जो संसारी प्राणियोंको धरता है यानी उनका उद्धार करता है वह धर्म है । अथवा जो संसार समुद्रमें गिरते हुए जीवोंको उठाकर नरेंद्र, देवेंद्र वगैरहसे पूजित अनन्त सुख आदि अनन्तगुणोंसे युक्त मोक्षपदमें धरता है उसे धर्म कहते हैं । सर्वज्ञ भगवानने उस धर्मके दो भेद किये हैं–एक परिग्रहसे घिरे हुए गृहस्थोंके लिये और एक परिग्रह रहित मुनियोके लिये । श्रावक धर्म बारह प्रकारका कहा है और मुनि धर्म दस प्रकारका कहा है ॥ ३०४ ॥ आगे दो गाथाओंके द्वारा श्रावक धर्मके बारह भेदोंको कहते हैं–

१ ग तेणवइट्ठो । २ छ म स ग दसमेओ । ३ म स वयधारी सामइओ, ग वयधरी सामाईओ (छ सामाइउ) । ४ छ स ग पासुआहारी, म फासुआहारी ।

राई-भोयण-विरओ मेहुण-सारंभ-संग-चत्तो य।
कज्जाणुमोय-विरओ उद्दिट्ठाहार-विरदो य॥ ३०६॥

[छाया—सम्यग्दर्शनशुद्धः रहितः मद्यादिस्थूलदोषैः। व्रतधारी सामायिकः पर्वव्रती प्रासुकाहारी॥ रात्रिभोजनविरतः मैथुनसारम्भसंगत्यक्तः च। कार्यानुमोदविरतः उद्दिष्टाहारविरतः च॥] प्रथमः सम्यग्दर्शनशुद्धः सम्यग्दर्शनेन सम्यक्त्वेन शुद्धः निर्मलः पञ्चविंशतिमलरहितः सम्यग्दर्शनशुद्धः। 'मूढत्रयं मदाश्चाष्टौ तथानायतनानि षट्। अष्टौ शङ्कादयश्चैते दृग्दोषाः पञ्चविंशतिः॥' इति पञ्चविंशतिमलरहितोऽविरतसम्यग्दृष्टिः। १। द्वितीयः मद्यादिस्थूलदोषैः रहितः मद्यादयः मद्यमांसमधूनि पञ्चोदुम्बरादिसजंतुफलानि। 'द्यूतं मांसं सुरा वेश्या पापर्द्धिः परदारता। स्तेयेन सह सप्तेति व्यसनानि विदूरयेत्॥' कन्दमूलपत्रशाकाशनचर्मपात्रगतघृततैलजलहिंग्वादीनि च तैः रहितः। २। तृतीयः व्रतधारी पञ्चाणुव्रतगुणव्रतत्रयचतुःशिक्षाव्रतानीति द्वादशव्रतधारी। ३। चतुर्थः सामायिकव्रतोपेतः। ४। पञ्चमः चतुःपर्वप्रोषधोपवासी। ५। षष्ठः प्रासुकाहारी जलफलधान्यादिसचित्तविरतव्रतधारी। ६। सप्तमः रात्रिभोजनविरतः दिवामैथुनरहितश्च। ७। अष्टमो मैथुनत्यक्तः चतुर्विधस्त्रीविरक्तो ब्रह्मचारी। ८। आरम्भेण सह वर्तमानः सारम्भः स चासौ संगश्च सारंभसंगः तेन त्यक्तः नवमः सारम्भत्यक्तः, कृषिवाणिज्यादिगृहस्थयोग्यव्यापारवर्जितः। ९। दशमः संगत्यक्तः गृहस्थयोग्यक्षेत्रवास्तुधनधान्यादिदशविधपरिग्रहपरिवर्जितः। १०। एकादशः कार्यानुमोदविरतः कार्येषु गमनागमनगृहादिनिष्पादनविवाहद्रव्योपार्जन व्यापारेषु आहारादिप्रारम्भेषु अनुमोदः अनुमतम् अनुमतिः तेन रहितः अनुमतिविनिवृत्तः। ११। द्वादशः उद्दिष्टाहारविरतः स्वनिमित्तनिर्मिताहारग्रहणरहितः स्वोद्दिष्टपिण्डोपधिशयनवरासनादेर्विरतः उद्दिष्टविनिवृत्तः। १२॥ ३०५-३०६॥ अथ सम्यक्त्वोत्पत्तियोग्यतां गमयति—

चदु-गदि[1]-भव्वो सण्णी सुविसुद्धो जग्गमाण-पज्जत्तो[2]।
संसार-तडे णियडो[3] णाणी पावेइ सम्मत्तं॥ ३०७॥

अर्थ—शुद्ध सम्यग्दृष्टि, मद्य आदि स्थूल दोषोंसे रहित सम्यग्दृष्टि, व्रतधारी, सामायिकव्रती, पर्वव्रती, प्रासुकाहारी, रात्रिभोजनत्यागी, मैथुनत्यागी, आरम्भत्यागी, परिग्रहत्यागी, कार्यानुमोदविरत और उद्दिष्ट आहारविरत, ये श्रावक धर्मके बारह भेद हैं॥ **भावार्थ**—सम्यग्दर्शनके पचीस दोष बतलाये हैं—तीन मूढता, आठ मद, छः अनायतन और आठ शंका आदि दोष। इन पचीस मलोंसे रहित अविरत सम्यग्दृष्टि प्रथम भेद है। मद्य, मांस, मधु, पांच उदुम्बर फल, और जुआ, मांस, मदिरा, वेश्या, शिकार, परस्त्री और चोरी इन सात व्यसनोंका त्यागी शुद्ध सम्यग्दृष्टि दूसरा भेद है। पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतोंका पालक श्रावक तीसरा भेद है। सामायिक व्रतका पालक चौथा भेद है। चारों पर्वोंमें प्रोषधोपवास व्रत करनेवाला पांचवा भेद है। सचित्त जल, फल, धान्य वगैरहका त्यागी छठा भेद है। रात्रिभोजन त्याग सातवाँ भेद है। कोई आचार्य इसके स्थानमें दिवा मैथुन त्याग कहते हैं। चार प्रकारकी स्त्रीका त्यागी अर्थात् ब्रह्मचारी आठवाँ भेद है। गृहस्थके योग्य खेती व्यापार आदि आरम्भका त्याग नौवाँ भेद है। खेत, मकान, धन, धान्य आदि दस प्रकारके परिग्रहका त्याग दसवाँ भेद है। आना, जाना, घर वगैरह बनवाना, विवाह करना, धन कमाना आदि, आरम्भोंमें अनुमति न देना, ग्यारहवाँ भेद है। अपने उद्देशसे बनाये गये आहार आदिका त्याग, बारहवाँ भेद है। ये श्रावक धर्मके बारह भेद हैं॥ ३०५-३०६॥ प्रथमही सम्यक्त्वकी उत्पत्तिकी योग्यता बतलाते हैं। **अर्थ**—चारों गतिका भव्य, संज्ञी, विशुद्ध परिणामी, जागता हुआ,

[1] ब चउगइ, म ग चउगदि। [2] ग पज्जंतो। [3] ब ग णियडो।

[छाया-चतुर्गतिभव्य संज्ञी सुविशुद्धः जाग्रत्पर्याप्त । ससारतटे निकट. ज्ञानी प्राप्नोति सम्यक्त्वम् ॥] प्राप्नोति लभते । किं तत । सम्यक्त्वं सम्यग्दर्शनम् । कोऽसौ । ज्ञानी भेदज्ञानविशिष्ट । कीदृग्योग्यताविशिष्ट. सन् सम्यक्त्वं लभते । चतुर्गतिभव्य. नरकतिर्यग्मनुष्यदेवगतिषु भव्य जीव चातुर्गतिको भव्यजीवो न त्वभव्य । पुन कीदृक्ष. । संज्ञी पञ्चेन्द्रियः न त्वसंज्ञी । पुनरपि कीदृश । विशुद्ध आकारेण भेदग्रहणेन सहितो वा, अनन्तगुणविशुद्ध्या वर्धमान., विशुद्धिपञ्चलब्धि-परिणत, भावपीतपद्मशुक्लैकतरलेश्यो वा । जग्रमाण जाग्रत् निद्रानिद्राप्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धिनिद्रात्रयरहित । पर्याप्तः षट्पर्याप्तिसपूर्णता प्राप्त । पुन कीदृक्ष । ससारतटे निकट सम्यक्त्वोत्पत्तित उत्कृष्टेन अर्धपुद्गलपरिवर्तनकालपर्यन्तं ससारस्थायीत्यर्थ ॥ ३०७ ॥ अथोपशमसम्यक्त्वक्षायिकसम्यक्त्वलक्षणं लक्षयति-

सत्तण्हं[1] पयडीणं उवसमदो होदि उवसमं सम्मं ।
खयदो[2] य होदि खइयं केवलि-मूले मणूसस्स[3] ॥ ३०८ ॥

[छाया-सप्ताना प्रकृतीनाम् उपशमत भवति उपशमं सम्यक्त्वम् । क्षयतः च भवति क्षायिकं केवलिमूले मनुष्यस्य ॥] सप्ताना प्रकृतीना मिथ्यात्वमिश्रसम्यक्त्वानन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभानाम् उपशमात् कतकफलयोगात् जलकर्दमोपशमवत् उपशमं सम्यक्त्व भवति । च पुन , तासा सप्तप्रकृतीना क्षयात निरवशेषनाशात् क्षायिकं सम्यक्त्वं भवति । क्व तत्क्षायिकं जायते । केवलज्ञानिन पादमूले चरणाग्रे । कस्य । मनुष्यस्य कर्मभूमिजपर्याप्तभव्यनरस्य । तथाहि । अतत्त्वश्रद्धानकारणं मिथ्यात्वम् । १ । तत्त्वातत्त्वश्रद्धानकारणं सम्यग्मिथ्यात्वं मिश्रम् । २ । तत्त्वार्थश्रद्धानरूप सम्यग्दर्शनम् । ३ । चल-मलिनमगाढं करोति यत्सा सम्यक्त्वप्रकृति , चलम् आप्तागमपदार्थश्रद्धानविकल्पेषु नानारूपेण चलतीति चलम् । यथा स्वकारितेऽर्हच्चैत्यादौ देवोऽयं मेऽन्यकारिते अन्यस्यायमिति तथा सम्यक्त्वप्रकृतेरुदयात चलम् । 'मलिन मलसगेन शुद्ध स्वर्णमिवोद्भवेत् ।' 'स्थान एव स्थित कंप्रमगाढमिति कीर्त्यते । वृद्धयष्टिरिवात्यक्तस्थाना करतले स्थिता ॥' यथा सर्वेषाम् अर्हत्परमेष्ठिनाम् अनन्तशक्तित्वे समाने स्थिते अस्मै शान्तिकर्मणे शान्तिनाथ , अस्मै विघ्नविनाशनार्थं पार्श्वनाथ. इत्यास्थागाढम् । तथा यदुदयात सर्वज्ञवीतरागप्रणीतसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रलक्षणोपलक्षितमोक्षसन्मार्गपराङ्मुख सन् आत्मा तत्त्वार्थश्रद्धाननिरुत्सुक तत्त्वार्थश्रद्धानपराङ्मुख अशुद्धतत्त्वपरिणाम. सन दर्शनमोहनीयमिथ्यात्वोदयात् हिताहित-विवेकविकल जडादिरूपतयाऽवतिष्ठते तन्मिथ्यात्वं नाम । १ । मिथ्यात्वमेव सामिशुद्धस्वरसम् ईषन्निराकृतफलदान-सामर्थ्यं सम्यङ्मिथ्यात्वम् उभयात्मक मिश्रम् । २ । प्रशमसवेगादिशुभपरिणामनिराकृतफलदानसामर्थ्यं मिथ्यात्वमेवोदा-सीनत्वेन स्थितम् आत्मन. श्रद्धानं नैव निरुणद्धि । मिथ्यात्व च वेदयमानमात्मस्वरूपं लोकमध्ये आत्मानं सम्यग्दृष्टिं ख्यापयन् सम्यक्त्वाभिधेयमिथ्यात्वम् । ३ । अनन्तभवभ्रमणहेतुत्वात् अनन्तं मिथ्यात्वं अनुबध्नन्ति सबन्धयन्ति इत्येवंशीलाः ये क्रोधमानमायालोभास्ते अनन्तानुबन्धिन सम्यक्त्वघातका. । अनन्तानुबन्धिन. क्रोधमानमायालोभाः । यथाक्रमं शिला-भेदशिलास्तम्भवेणुमूलकृमिरागकंबलसदृशास्तीव्रतमशक्तय नारकगत्युत्पादनहेतवो भवन्ति । अनन्तानुबन्धिक्रोधमान-

पर्याप्त, ज्ञानी जीव संसारतटके निकट आनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त करता है। **भावार्थ**-नरकगति, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति और देवगति चारो गतियोंके जीवोंको सम्यक्त्वकी प्राप्ति हो सकती है, किन्तु प्रथम तो वह जीव भव्य होना चाहिये; क्यों कि अभव्यके सम्यक्त्व नहीं होता। दूसरे, वह संज्ञी पञ्चेन्द्रिय होना चाहिये, क्यो कि असज्ञी जीवके सम्यक्त्व नहीं होता। तीसरे, प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिवाला होना चाहिये और पीत, पद्म तथा शुक्ल लेश्याओंमें से कोई एक लेश्या होनी चाहिये। चौथे जागता हुआ हो, अर्थात् निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि इन तीन निद्राओंसे रहित हो। पाँचवे, उसकी छहों पर्याप्तिया पूर्ण हो चुकी हो, क्यों कि अपर्याप्त अवस्थामें सम्यक्त्व नहीं होता। छठे, ज्ञानी हो अर्थात् साकार उपयोगसे युक्त हो क्योकि निराकार दर्शनोपयोगमें सम्यक्त्व उत्पन्न नहीं होता। सातवे, उसके संसार भ्रमणका अधिकसे अधिक अर्धपुद्गल परावर्तनकाल

१ ब सत्तण्ण । २ ग खयदो इ होइ खईय (ब क्खइय) । ३ क ग मणुसस्स, म स मणुस्सस्स । ४ प-टिप्पणी 'अर्धशुद्धात्मरसम् ।'

मायालोभमिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्वसम्यक्त्वप्रकृतीनाम् उपशमात् अनुदयरूपात् प्रथमसम्यक्त्वमुत्पद्यते। अनादिकालमिथ्यादृष्टि-भव्यजीवस्य कर्मोदयोत्पादितकलुषतायां सत्यां कस्मादुपशमो भवतीति चेत्, काललब्ध्यादिकारणादिति ब्रूमः । कासौ काललब्धिः । कर्मवेष्टितो भव्यजीवः अर्धपुद्गलपरिवर्तनकाले उद्धरिते सति औपशमिकसम्यक्त्वग्रहणयोग्यो भवति । अर्ध-पुद्गलपरिवर्तनादधिके काले सति प्रथमसम्यक्त्वस्वीकारयोग्यो न स्यादित्यर्थः । एका काललब्धिरियमुच्यते । द्वितीया काललब्धिः यदा कर्मणामुत्कृष्टा स्थितिरात्मनि भवति, जघन्या वा कर्मणां स्थितिरात्मनि भवति तदा औपशमिकसम्यक्त्वं नोत्पद्यते । तर्हि औपशमिकं कदा उत्पद्यते । यदा अन्तःकोटाकोटिसागरोपमस्थितिकानि कर्माणि बन्धं प्राप्नुवन्ति, भवन्ति निर्मलपरिणामकारणात् सत्कर्माणि, तेभ्यः कर्मभ्यः संख्येयसागरोपमसहस्रहीनानि अन्तःकोटाकोटिसागरोपमस्थितिकानि भवन्ति । तदा औपशमिकसम्यक्त्वग्रहणयोग्य आत्मा भवति । इयं द्वितीयकाललब्धिः । अधःकरणम् अपूर्वकरणं च विधाय अनिवृत्तिकरणस्य चरमसमये भव्यश्चातुर्गतिको मिथ्यादृष्टिः संज्ञिपञ्चेन्द्रियपर्याप्तो गर्भजो विशुद्धिवर्धमानः शुभलेश्यो

अवशेष रहा हो । ऐसे जीवको ही सम्यक्त्वकी प्राप्ति होती है ॥ ३०७ ॥ आगे सम्यक्त्वके तीन भेदोंमेंसे उपशम सम्यक्त्व और क्षायिक सम्यक्त्वका लक्षण कहते हैं । **अर्थ**—सात प्रकृतियोंके उपशमसे उपशम सम्यक्त्व होता है । और इन्हीं सात प्रकृतियोंके क्षयसे क्षायिक सम्यक्त्व होता है । किन्तु क्षायिक सम्यक्त्व केवली अथवा श्रुतकेवलीके निकट कर्मभूमिया मनुष्यके ही होता है ॥ **भावार्थ**—मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व तथा अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ इन सात प्रकृतियोंके उपशमसे जैसे निर्मलीके डालनेसे पानीकी गाद नीचे बैठ जाती है, उस तरह उपशम सम्यक्त्व होता है । जिसका उदय होनेपर, तत्त्वोंका श्रद्धान नहीं होता अथवा मिथ्यातत्त्वोंका श्रद्धान होता है उसे मिथ्यात्वमोहनीयकर्म कहते हैं । मिथ्यात्वकर्मका उदय होनेपर आत्मा सर्वज्ञ वीतरागके द्वारा कहे हुए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र रूप मोक्ष मार्गसे विमुख और तत्त्वार्थ श्रद्धानसे रहित तथा हित अहितके विवेकसे शून्य मिथ्यादृष्टि होता है । जब शुभ परिणामके द्वारा उस मिथ्यात्वकी शक्तिको घटा दिया जाता है और वह आत्माके श्रद्धानको रोकनेमें असमर्थ हो जाता है तो उसे सम्यक्त्वमोहनीय कहते हैं । और जब उसी मिथ्यात्वकी शक्ति आधी शुद्ध हो पाती है तो उसे सम्यग्मिथ्यात्वमोहनीय कहते हैं, उसके उदयसे तत्त्वोंके श्रद्धान और अश्रद्धानरूप मिले हुए भाव होते हैं । मिथ्यात्वका उदय रहते हुए संसार भ्रमणका अन्त नहीं होता इस लिये मिथ्यात्वको अनन्त कहा है । जो क्रोध मान माया लोभ अनन्त (मिथ्यात्व) से सम्बद्ध होते हैं उन्हें अनन्तानुबन्धी कहते हैं । इनकी शक्ति बडी तीव्र होती है । इसीसे ये नरकगतिमें उत्पन्न करानेमें कारण हैं । इन अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ तथा मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व-मोहनीयके उपशमसे (उदय न होनेसे) प्रथमोपशम सम्यक्त्व उत्पन्न होता है । अब प्रश्न यह होता है कि जो भव्य जीव अनादिकालसे मिथ्यात्वमें पडा हुआ है और कर्मोंके उदयसे जिसकी आत्मा कलुषित है उसके इन सात प्रकृतियोंका उपशम कैसे होता है ? इसका उत्तर यह है कि काललब्धि आदि निमित्त कारणोंके उपस्थित होनेपर सम्यक्त्वकी प्राप्ति होती है । काललब्धि आदिका स्वरूप इस प्रकार है—कर्मोंसे घिरे हुए भव्य जीवके संसार भ्रमणका काल अधिकसे अधिक अर्ध पुद्गल परावर्तन प्रमाण बाकी रहनेपर वह प्रथमोपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेका पात्र होता है । यदि उसके परिभ्रमणका काल अर्ध पुद्गल परावर्तनसे अधिक शेष होता है तो प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके

जाग्रदवस्थितः ज्ञानोपयोगवान् जीवः अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभान् मिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्वसम्यक्त्वप्रकृतीश्चोपशमय्य प्रथमोपशमसम्यक्त्वं गृह्णातीत्यर्थः । तथा चोक्तम् । "दंसणमोहुवसमदो उप्पज्जइ जं पयत्थसद्दहणं । उवसमसम्मत्तमिणं पसण्णमलपंकतोयसमं ॥" अनन्तानुबन्धिचतुष्कस्य दर्शनमोहत्रयस्य च उदयाभावलक्षणप्रशस्तोपशमेन प्रसन्नमलपङ्कतोयसमानं यत्पदार्थश्रद्धानमुत्पद्यते तदिदमुपशमसम्यक्त्वं नाम । तस्य स्थितिकालः जघन्योत्कृष्टतः अन्तर्मुहूर्तकालः । अथ मिथ्यात्वोदयगो जघन्यतोऽन्तर्मुहूर्तमुत्कृष्टात् पुद्गलपरिवर्तार्धस्तिष्ठति । तद्विविधपरिणामैः उत्कृष्टतः अर्धपुद्गलावर्तकालं संसारे स्थित्वा पश्चात् मुक्तिं गच्छतीत्यर्थः । तथा च । "पढमे पढमं णियमा पढमं बिदियं च सव्वकालम्हि । जं पुण खाइयसम्मं जम्हि जिणा तम्हि कालम्हि ॥" इति । तथा अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभसम्यक्त्वमिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्वसप्तप्रकृतीनां क्षयात् क्षायिकम् । गाथात्रयेण तदुक्तं च । "खीणे दंसणमोहे जं सद्दहणं सुणिम्मलं होइ । तं खाइयसम्मत्तं णिच्चं कम्मक्खवणहेदू ॥ १ ॥" मिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्वसम्यक्प्रकृतित्रयेऽनन्तानुबन्धिचतुष्टये च करणलब्धिपरिणामसामर्थ्यात् क्षीणे सति यच्छ्रद्धानं सुनिर्मलं भवति तत्क्षायिकसम्यक्त्वम् । नित्यं स्यात् प्रतिपक्षप्रक्षयोत्पन्नात्मगुणत्वात् । पुनः प्रतिसमयं गुणश्रेणि-

योग्य नहीं होता । एक काललब्धि तो यह है । दूसरी काललब्धि यह है कि जब जीवके कर्मोंकी उत्कृष्ट अथवा जघन्य स्थिति होती है तब औपशमिक सम्यक्त्व उत्पन्न नहीं होता । किन्तु जब कर्म अन्तःकोटाकोटी सागरकी स्थितिके साथ बंधते हैं, और फिर निर्मल परिणामोंके द्वारा उनकी स्थिति घटकर संख्यात हजार सागर हीन अन्तःकोटाकोटी सागर प्रमाण शेष रहती है तब यह जीव प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होता है । यह दूसरी काललब्धि है । इन काललब्धियोंके होनेपर जीवके करणलब्धि होती है । उसमें पहले अधःकरण फिर अपूर्वकरण और फिर अनिवृत्तिकरणको करता है । इन करणोंका मतलब एक विशेष प्रकारके परिणामोंसे है जिनके होनेपर सम्यक्त्वकी प्राप्ति नियमसे होती है। अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें चारों गतियोंमेंसे किसी भी गतिका संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीव उक्त सात प्रकृतियोका उपशम करके प्रथमोपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करता है । कहा भी है– अनन्तानुबन्धी चतुष्क और दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंके उदयाभाव रूप प्रशस्त उपशमसे, जिसके नीचे मल बैठा हुआ है, उस निर्मल जलकी तरह जो पदार्थोंका श्रद्धान होता है उसे उपशम सम्यक्त्व कहते हैं । उपशम सम्यक्त्वकी जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त होती है । उसके बाद यदि मिथ्यात्वका उदय आजाता है तो अधिकसे अधिक अर्ध पुद्गल परावर्तन काल तक संसारमें रहकर पीछे वह जीव मुक्त हो जाता है । यह तो उपशम सम्यक्त्वका कथन हुआ । उक्त सात प्रकृतियोंके, अर्थात् अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यक्मिथ्यात्वके क्षयसे क्षायिक सम्यक्त्व होता है । कहा भी है–दर्शनमोहनीय कर्मके क्षीण हो जानेपर जो निर्मल सम्यग्दर्शन होता है वह क्षायिक सम्यक्त्व है । यह सम्यक्त्व सदा कर्मोंके विनाशका कारण है । अर्थात् प्रतिपक्षी कर्मोंके नष्ट हो जानेसे आत्माका सम्यक्त्व गुण प्रकट हो जाता है, और उसके प्रकट होनेसे प्रतिसमय गुणश्रेणिनिर्जरा होती है ॥ दर्शन मोहनीयका क्षय होनेपर जीव या तो उसी भवमें मुक्त हो जाता है या तीसरे भवमें मुक्त हो जाता है । यदि तीसरेमें भी मुक्त न हुआ तो चौथेमें तो अवश्य ही मुक्त हो जाता है । क्षायिक सम्यक्त्व अन्य सम्यक्त्वोंकी तरह उत्पन्न होकर छूटता नहीं है । अतः यह सादिअनन्त होता है अर्थात् इसकी आदि तो है किन्तु अन्त नहीं है, मुक्तावस्थामें भी रहता है ॥ तथा दर्शनमोहके क्षयका आरम्भ कर्मभूमिया मनुष्य ही केवलि भगवान्के पादमूलमें करता

निर्जराकारणं भवति। "दंसणमोहे खविदे सिज्झदि एक्केव तदियतुरियभवे। णादिक्कमदि तुरियभवं ण विणस्सदि सेससम्मं व ॥२॥" दर्शनमोहे क्षपिते सति तस्मिन्नेव भवे वा तृतीयभवे वा चतुर्थभवे कर्मक्षयं करोति, चतुर्थभवं नातिक्रामति। शेषसम्यक्त्ववत्न विनश्यति। तेन नित्यं साद्यक्षयानन्तमित्यर्थः। "दंसणमोहक्खवणापट्ठवगो कम्मभूमिजादो हु। मणुसो केवलिमूले णिट्ठवगो होदि सव्वत्थ ॥ ३ ॥" दर्शनमोहक्षपणाप्रारम्भकः कर्मभूमिज एव सोऽपि मनुष्य एव तथापि केवलिपादमूले एव भवति। निष्ठापकस्तु सर्वत्र चतुर्गतिषु भवति इति ॥ ३०८ ॥ अथ वेदकसम्यक्त्वं निरूपयति–

अणउदयादो[1] छण्हं सजाइ-रूवेण उदयमाणाणं।
सम्मत्त-कम्म-उदये[2] खैयउवसमियं[3] हवे सम्मं ॥ ३०९ ॥

[छाया–अनुदयात् षण्णां स्वजातिरूपेण उदयमानानाम्। सम्यक्त्वकर्म उदये क्षायोपशमिकं भवेत् सम्यक्त्वम् ॥] भवेत्। किं तत्। क्षायोपशमिकं सम्यक्त्वं सर्वघातिस्पर्धकानामुदयाभावलक्षणः क्षयः तेषां सदवस्थालक्षणः उपशमः देशघातिस्पर्धकानाम् उदयश्च अनुक्तोऽपि गृह्यते, क्षयश्चासावुपशमश्च क्षयोपशमः, तत्र भवं क्षायोपशमिकम्। वेदकसम्यक्त्वमपरं नाम स्यात्। क्व सति। छण्हं षण्णाम् अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्वप्रकृतीनाम् अनुदयात् उदयाभावात् सद्रूपोपशमात् अप्रशस्तरूपेण विषहालाहलादिरूपेण अथ दारुबहुभागशिलास्थिरूपेणोदयाभावात्। कीदृक्षाणां प्रकृतीनाम्। स्वजातिरूपेण उदयमानानाम् अनन्तानुबन्धीनां विसंयोजनेन अप्रत्याख्यानादिरूपविधानेन मिथ्यात्वस्य च सम्यक्त्वरूपेण च उदयमानानाम् उदीयमानानाम् उदयं प्राप्तानाम्। क्व सति। सम्यक्त्वकर्मोदये सम्यक्त्वप्रकृते-

है। यदि कदाचित् पूर्ण क्षय होनेसे पहले ही मरण हो जाता है तो उसकी समाप्ति चारों गतियोंमेंसे किसी भी गतिमें हो सकती है ॥ इन दोनों सम्यक्त्वोंके विषयमें इतना विशेष ज्ञातव्य है कि निर्मलता की अपेक्षा उपशम सम्यक्त्व और क्षायिक सम्यक्त्वमें कोई अन्तर नहीं है; क्यों कि प्रतिपक्षी कर्मोंका उदय दोनोंहीमें नहीं है। किन्तु फिरभी विशेषता यह है कि क्षायिक सम्यक्त्वमें प्रतिपक्षी कर्मोंका सर्वथा अभाव हो जाता है और उपशम सम्यक्त्वमें प्रतिपक्षी कर्मोंकी सत्ता रहती है। जैसे निर्मली आदि डालनेसे गदला जल ऊपरसे निर्मल हो जाता है किन्तु उसके नीचे कीचड़ जमी रहती है। और किसी जलके नीचे कीचड़ रहती ही नहीं। ये दोनों जल निर्मलताकी अपेक्षा समान हैं। किन्तु एकके नीचे कीचड़ है इससे वह पुनः गदला हो सकता है, किन्तु दूसरेके पुनः गदला होनेकी कोई संभावना नहीं है ॥ ३०८ ॥ अब वेदक सम्यक्त्वका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**–पूर्वोक्त सात प्रकृतियोंमेंसे छः प्रकृतियोंका उदय न होने तथा समानजातीय प्रकृतियोंके रूपमें उदय होनेपर और सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयमें क्षायोपशमिक सम्यक्त्व होता है ॥ **भावार्थ**–सर्वघाति स्पर्द्धकोंका उदयाभावरूप क्षय और उन्हींका सदवस्थारूप उपशम होनेपर तथा देशघाति स्पर्द्धकोंका उदय होनेपर क्षायोपशमिक भाव होता है। क्षय और उपशमको क्षयोपशम कहते हैं और क्षयोपशमसे जो हो वह क्षायोपशमिक है। क्षायोपशमिक सम्यक्त्वको ही वेदक सम्यक्त्व कहते हैं। अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, मिथ्यात्व और सम्यक्मिथ्यात्व, इन छः प्रकृतियोंके उदयका अभाव होनेसे तथा सदवस्थारूप अप्रशस्त उपशम होनेसे और सम्यक्त्व प्रकृतिका उदय होनेपर क्षायोपशमिक सम्यक्त्व होता है। इसमें अनन्तानुबन्धी कषायका विसंयोजन होता है अर्थात् उसके निषेकोंको सजातीय अप्रत्याख्यानावरण आदि कषायरूप कर दिया जाता है। अतः अनन्तानुबन्धी कषाय अपने रूपसे उदयमें न आकर सजातीय अप्रत्याख्यानावरण आदि रूपसे उदयमें आती हैं। इसी तरह मिथ्यात्व कर्म सम्यक्त्व

१ ब म अणु०। २ ब सम्मत्त पयडि उदये। ३ ब ग खयउ।

रुदये सति चलमलिनमगाढं वेदकसम्यक्त्वं भवति । उक्तं च तथा । "दंसणमोहुदयादो उप्पज्जइ जं पयत्थसद्दहणं । चलमलिणमगाढं तं वेदयसम्मत्तमिदि जाणे ॥" अनन्तानुबन्धिचतुष्कमिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्वानां षण्णाम् उदयक्षयात् सदुपोपशमात् दर्शनमोहस्य सम्यक्त्वस्य देशघातिनः उदयात् यत् तत्त्वार्थश्रद्धानं चलं मलिनमगाढं चोत्पद्यते तद्वेदकसम्यक्त्वमिति जानीहि । तस्य जघन्योत्कृष्टस्थिति· कियतीति चेत, उक्तं च अन्तर्मुहूर्तकालं जघन्यनस्तत्प्रायोग्यगुणयुक्तः षट्षष्टिसागरोपमकालं चोत्कर्षतो विधिना । उक्तं च । "लांतवकप्पे तेरस अच्चुदकप्पे य होंति बावीसा । उवरिम एक्कत्तीसं एवं सव्वाणि छासट्ठी ॥" सम्यक्त्वत्रयवन्त. ससारे कियत्कालं स्थित्वा मुक्तिं यान्ति ते तदुच्यते । "पुद्गलपरिवर्तार्धं परतो व्यालीढवेदकोपशमौ । वमतः मंसाराब्धौ क्षायिकदृष्टिर्भवचतुष्क ॥" इति ॥ ३०९ ॥ अथोपशमवेदकसम्यक्त्वानन्तानुबन्धिविसंयोजनदेशव्रत-प्राप्तिमुत्कृष्टेन निगदति-

गिण्हदि मुंचदि[1] जीवो वे सम्मत्ते असंख-वाराओ ।
पढम-कसाय-विणासं देस-वयं कुणदि उक्कस्सं ॥ ३१० ॥

प्रकृतिके रूपसे उदयमें आता है । सम्यक्त्व प्रकृति देशघाती है अतः वह सम्यक्त्वका घात तो नहीं करती किन्तु उसके उदयसे सम्यक्त्वमें चल, मलिन और अगाढ दोष होते हैं । जैसे एक ही जल अनेक तरंगरूप हो जाता है वैसेही जो सम्यग्दर्शन सम्पूर्ण तीर्थङ्करोंमें समान अनन्त शक्ति होनेपर भी 'शान्तिके लिये शान्तिनाथ समर्थ है और विघ्न नष्ट करनेमें पार्श्वनाथ समर्थ है' इस तरह भेद करता है उसको चल सम्यग्दर्शन कहते हैं । जैसे शुद्ध स्वर्ण मलके संसर्गसे मलिन होजाता है वैसेही सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयसे जिसमें पूर्ण निर्मलता नहीं होती उसे मलिन सम्यग्दर्शन कहते हैं । और जैसे वृद्ध पुरुषके हाथमें स्थित लाठी कांपती है वैसेही जिस सम्यग्दर्शनके होते हुए भी अपने बनवाये हुए मन्दिर वगैरहमें 'यह मेरा मन्दिर है' और दूसरेके बनवाये हुए मन्दिर वगैरहमें 'यह दूसरेका है' ऐसा भाव होता है वह अगाढ सम्यग्दर्शन है । इस तरह सम्यक्त्व प्रकृतिका उदय होनेसे क्षायोपशमिक सम्यक्त्व चल, मलिन और अगाढ होता है । इसीसे इसका नाम वेदक सम्यक्त्व भी है; क्यो कि उसमें सम्यक्त्व प्रकृतिका वेदन-(अनुभवन) होता रहता है । कहा भी है-"दर्शनमोहनीयके उदयसे अर्थात् सर्वघाति अनन्तानुबन्धी चतुष्क, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतियोंके आगामी निषेकोका सदवस्थारूप उपशम और वर्तमान निषेकोंकी बिना फल दिये ही निर्जरा होनेपर तथा सम्यक्त्व प्रकृतिके उदय होनेपर वेदक सम्यक्त्व होता है । वह सम्यक्त्व चल, मलिन और अगाढ होते हुए भी नित्य ही कर्मोंकी निर्जराका कारण है ।" क्षायोपशमिक सम्यक्त्वकी जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट स्थिति छियासठ सागर है । सो लान्तव स्वर्गमें तेरह सागर, अच्युतकल्पमें बाईस सागर और उपरिम ग्रैवेयकमें इकतीस सागरकी आयुको मिलानेसे छियासठ सागरकी उत्कृष्ट स्थिति होती है । तीनों सम्यग्दृष्टि जीव संसारमें कितने दिनोंतक रहकर मुक्त होते हैं इस प्रश्नका उत्तर पहले दिया है । अर्थात् जो जीव वेदक सम्यक्त्वी अथवा उपशम सम्यक्त्वी होकर पुनः मिथ्यादृष्टि होजाता है वह नियमसे अर्ध पुद्गल परावर्तन कालके समाप्त होनेपर संसारमें नहीं रहता, किन्तु मुक्त हो जाता है । तथा क्षायिक सम्यग्दृष्टि अधिकसे अधिक चार भव तक संसारमें रहता है ॥ ३०९ ॥ आगे औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, अनन्तानुबन्धीका विसंयोजन और देशव्रतको प्राप्त

1 ब मुंचदि ।

[छाया-गृह्णाति मुञ्चति जीवः द्वे सम्यक्त्वे असंख्यवारान् । प्रथमकषायविनाशं देशव्रतं करोति उत्कृष्टम् ॥] ...ः भव्यात्मा उत्कृष्टम् उत्कृष्टेन असंख्यातवारान् पल्यासंख्यातैकभागवारमात्रान् ⁄ द्वे सम्यक्त्वे प्रथमोपशमसम्यक्त्वं ...वेदकसम्यक्त्वं च ते द्वे गृह्णाति अङ्गीकरोति मुञ्चति च मिथ्यात्वाद्युदयात् विनाशयति । च पुनः, प्रथमकषायविनाशम् ...अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभकषायविनाशनं विसंयोजनं परप्रकृत्योपादानं प्रत्याख्यानादिकषायस्वरूपविधानम् उत्कृष्टेन ...संख्यवारान् पल्यासंख्यातैकभागमात्रवारान् ⁄ करोति विदधाति । देशव्रतं संयमासंयमम् असंख्यातवारान् पल्यासंख्यातैक...भागमात्रवारान् ⁄ उत्कृष्टेन गृह्णाति मुञ्चति । पश्चादुपरि नियमेन सिध्यत्येवेति तात्पर्यार्थः । तदुक्तं च । "सम्मत्तं देसवयं ...अणसंजोजणविहिं च उक्कस्सं । पल्लासंखेज्जदिमं वारं पडिवज्जदे जीवो ॥" प्रथमोपशमसम्यक्त्वं वेदकसम्यक्त्वं देशसंयममन...तानुबन्धिविसंयोजनविधिं च उत्कृष्टेन पल्यासंख्यातैकभागवारान् ⁄ प्रतिपद्यते जीवः उपरि नियमेन सिध्यत्येव ॥ ३१० ॥ ...अथ सम्यग्दृष्टेः तत्त्वश्रद्धानं गाथानवकेन व्याचष्टे-

जो तच्चमणेयंतं णियमा सद्दहदि सत्तभंगेहिं ।
लोयाण पण्ह-वसदो[1] ववहार-पवत्तणट्ठं च ॥ ३११ ॥

[छाया-यः तत्त्वमनेकान्तं नियमात् श्रद्दधाति सप्तभङ्गैः । लोकानां प्रश्नवशात् व्यवहारप्रवर्तनार्थं च ॥] यः ...भव्यवरपुण्डरीकः सद्दहदि श्रद्दधाति निश्चयीकरोति रुचिं विश्वासं धत्ते । किं तत् । तत्त्वानि जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरा-...मोक्षा इति सप्ततत्त्वं वस्तुपदार्थम्, नियमात् निश्चयतः । कीदृक्षं तत् तत्त्वम् । अनेकान्तम् अस्तिनास्तिनित्यानित्यभेदाभेदा-...नेकधर्मविशिष्टम् । कैरनेकान्तं तत्त्वं श्रद्दधाति । सप्तभङ्गैः कृत्वा । स्यादस्ति, स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण स्वद्रव्यादि-

...रने और छोडनेकी संख्या बतलाते हैं । **अर्थ**—उत्कृष्टसे यह जीव औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक ...म्यक्त्व, अनन्तानुबन्धीका विसंयोजन और देशव्रत, इनको असंख्यात बार ग्रहण करता और छोड़ता ...॥ **भावार्थ**—भव्यजीव उक्त चारोंको अधिकसे अधिक पल्यके असंख्यातवें भाग वार ग्रहण करता और ...छोड़ता है । अर्थात् पल्यके असंख्यातवें भाग वार उपशम सम्यक्त्व और क्षायोपशमिक सम्यक्त्वको ...ग्रहण करता है । पल्यके असंख्यातवें भाग वार अनन्तानुबन्धी कषायको अप्रत्याख्यानावरण आदि ...रूप करता है और अधिकसे अधिक पल्यके असंख्यातवें भाग वार देशव्रत धारण करता है । इसके ...बाद मुक्त हो जाता है ॥३१०॥ आगे सम्यग्दृष्टिके तत्त्व श्रद्धानका निरूपण नौ गाथाओंसे करते हैं । ...**अर्थ**—जो लोगोंके प्रश्नोंके वशसे तथा व्यवहारको चलानेके लिये सप्तभंगीके द्वारा नियमसे अनेकान्त ...तत्त्वका श्रद्धान करता है तथा जीव अजीव आदि नौ प्रकारके पदार्थोंको श्रुतज्ञान और श्रुतज्ञानके भेद ...नयोंके द्वारा आदर पूर्वक मानता है वह शुद्ध सम्यग्दृष्टि है ॥ **भावार्थ**—जो भव्य श्रेष्ठ, कथंचित् अस्ति, ...कथंचित् नास्ति, कथंचित् नित्य, कथंचित् अनित्य, कथंचित् भेदरूप, कथंचित् अभेदरूप इत्यादि अनेक ...धर्मोंसे विशिष्ट जीव अजीव आदि सात तत्त्वोंका सात भंगोंके द्वारा निश्चयपूर्वक श्रद्धान करता है ...वह सम्यग्दृष्टि होता है । अर्थात् स्यात् अस्ति—स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावकी अपेक्षा ...तत्त्व सत्स्वरूप है १ । स्यात् नास्ति—परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावकी अपेक्षा तत्त्व असत् ...स्वरूप है २ । स्यात् अस्ति नास्ति—स्वद्रव्य आदि चतुष्टयकी अपेक्षा तत्त्व सत् है और परद्रव्य ...आदि चतुष्टय की अपेक्षा असत् है, इस प्रकार क्रमसे दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेपर तीसरा भङ्ग होता ...है ३ । स्यात् अवक्तव्य—एक साथ दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेपर तत्त्व कथंचित् अवक्तव्य है; क्योंकि ...वचन व्यवहार क्रमसे ही होता है अतः दोनों धर्मोंको एक साथ कहना अशक्य है ४ । स्यात् अस्ति

१ स ग वसादो ।

चतुष्टयापेक्षया द्रव्यं तत्त्वमस्तीत्यर्थः । १ । स्यान्नास्ति, स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेणापरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यं नास्तीत्यर्थः । २ । स्यादस्तिनास्ति, स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण क्रमेण स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमस्ति नास्तीत्यर्थः । ३ । स्यादवक्तव्यम्, स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण युगपद्वक्तुमशक्यत्वात् 'क्रमप्रवर्तिनी भारती' इति वचनात् युगपत् स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमवक्तव्यमित्यर्थ. । ४ । स्यादस्त्यवक्तव्यम्, स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण स्वद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया युगपत्स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया च द्रव्यम् अस्त्यवक्तव्यमित्यर्थः । ५ । स्यान्नास्त्यवक्तव्यम्, स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण परद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया युगपत् स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया च द्रव्यं नास्त्यवक्तव्यमित्यर्थः । ६ । स्यादस्तिनास्त्यवक्तव्यम्, स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण क्रमेण स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया युगपत्स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया च द्रव्यमस्तिनास्त्यवक्तव्यमित्यर्थ । ७ । "एकस्मिन्नविरोधेन प्रमाणनयवाक्यतः । सदादिकल्पना या च सप्तभङ्गीति सा मता ॥" इति सप्तभङ्गी । सप्तैव भङ्गा प्रकारा नाधिका न न्यूना. । सप्तैव कुत । लोकानां व्यावहारिकजनानां पारमार्थिकजनानां च प्रश्नवशात् । जीवो अस्ति । कुत. । स्वद्रव्यचतुष्टयापेक्षातः । जीवो नास्ति । कुतः । परद्रव्यचतुष्टयापेक्षात । एवं शेषभङ्गेषु योज्यम् । च पुन. । किमर्थम् । व्यवहारप्रवर्तनार्थं, प्रवृत्तिनिवृत्त्यादिलक्षणो व्यवहारः, तस्य प्रवर्तनार्थम् । लोकव्यवहारस्तु अस्तिनास्त्यादिरूप तत्प्रवृत्त्यर्थम् ॥ ३११ ॥

जो आयरेण मण्णदि[1] जीवाजीवादि[2] णव-विहं अत्थं ।
सुदं[3]-णाणेण णएहि य सो सद्दिट्ठी हवे सुद्धो ॥ ३१२ ॥

[छाया-यः आदरेण मन्यते जीवाजीवादि नवविधं अर्थम् । श्रुतज्ञानेन नयैः च स सदृष्टिः भवेत् शुद्धः ॥] स पुमान् भव्य शुद्ध पञ्चविंशतिसम्यक्त्वमलरहित· सदृष्टि . सती समीचीना दृष्टिः दर्शनं यस्य स सदृष्टि·, सम्यग्दृष्टिः सम्यक्त्ववान् भवेत् स्यात् । स क । य· पुमान् आदरेण निश्चयेन उद्यमेन च मन्यते निश्चिनोति निश्चयं करोति । कं तम् । अर्थं पदार्थम् । कतिभेदम् । जीवाजीवादिनवविधं, जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षपुण्यपापरूपं नवप्रकारम् । केन श्रद्दधाति । श्रुतज्ञानेन प्रमाणेन तर्कागमशास्त्रेण द्रव्यश्रुतभावश्रुतज्ञानबलाधानात्, च पुनः । कैः । नयैः नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूतनयैः द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिकनयैश्च ॥ ३१२ ॥ सम्यग्दृष्टेर्लक्षणं लक्षयति–

अवक्तव्य–स्वद्रव्य आदि चतुष्टयकी अपेक्षा सत् तथा एक साथ दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे अवक्तव्य रूप तत्त्व है ५ । स्यात् नास्ति अवक्तव्य–परद्रव्यआदि चतुष्टयकी अपेक्षा असत् तथा एक साथ दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे अवक्तव्यरूप तत्त्व है ६ । स्याद् अस्ति नास्ति अवक्तव्य–स्वद्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षा सत्, पर द्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षा असत्, तथा एक साथ दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे अवक्तव्य रूप तत्त्व है ७ । इस तरह सातही भङ्ग होते हैं, न अधिक होते हैं और न सातसे कम होते हैं; क्योंकि व्यावहारिक जनोंके प्रश्न सातही प्रकारके होते हैं । तथा सात प्रकारके ही प्रश्न इस लिये होते हैं कि जिज्ञासा (जाननेकी इच्छा) सातही प्रकारकी होती है । और सातही प्रकारकी जिज्ञासा होनेका कारण यह है कि सात प्रकारके ही संशय होते हैं । और सात प्रकारके संशय होनेका कारण यह है कि वस्तुधर्म सात प्रकारका है । अतः प्रवृत्तिनिवृत्तिरूप व्यवहारके चलानेके लिये सप्तभंगीके द्वारा अनेकान्त रूप तत्त्वका श्रद्धान करनेवाला सम्यग्दृष्टि होता है । तथा जो श्रुतज्ञान और द्रव्यार्थिक तथा पर्यायार्थिक नयोंके द्वारा जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा, मोक्ष, पुण्य और पाप इन नौ तत्त्वोको आदरके साथ मानता है वह भव्य पचीस दोष रहित शुद्ध सम्यग्दृष्टि है ॥ ३११-३१२ ॥ सम्यग्दृष्टिका और भी लक्षण कहते हैं । अर्थ–वह सम्यग्दृष्टि पुत्र, स्त्री आदि समस्त पदार्थोंमें गर्व नहीं करता, उपशमभावको भाता है और

१ म मुणदि, ग मन्नदि । २ ब 'जीवाइ । ३ ब म सुअ ।

जो ण य कुव्वदि गव्वं पुत्त-कलत्ताइ-सव्व-अत्थेसु ।
उवसम-भावे भावदि अप्पाणं मुणदि तिण-मेत्तं[1] ॥ ३१३ ॥

[छाया-यः न च कुरुते गर्वं पुत्रकलत्रादिसर्वार्थेषु । उपशमभावे भावयति आत्मानं जानाति तृणमात्रम् ॥] यो भव्यः गर्वम् अहंकारं ज्ञानकुलजातिबलऋद्धिपूजातपोवपुरात्मकमष्टप्रकारं न करोति न विदधाति । क्व गर्वं न करोति । पुत्रकलत्रादिसर्वार्थेषु, पुत्रः सुतः कलत्रं युवतिः आदिशब्दात् धनधान्यगृहहट्टद्विपदचतुष्पदकुलजातिरूपादिपदार्थेषु । यः उपशमभावान् उपशमपरिणामान् शत्रुमित्रस्वर्णतृणादिषु समानपरिणामान् साम्यरूपान् रत्नत्रयषोडशभावनादिभावान्, उपलक्षणात् क्षायिकपरिणामांश्च भावयति अनुभवति, आत्मानं तृणमात्रं मन्यते मनुते मानयति जानाति । अहं अकिंचनोऽस्मि इति भावयतीत्यर्थः ॥ ३१३ ॥

विसयासत्तो वि सया सव्वारंभेसु वट्टमाणो वि ।
मोह-विलासो एसो इदि सव्वं मण्णदे हेयं ॥ ३१४ ॥

[छाया-विषयासक्तोऽपि सदा सर्वारम्भेषु वर्तमानः अपि । मोहविलासः एष इति सर्वं मन्यते हेयम् ॥] इत्यमुना प्रकारेण सर्वं विषयादिकं हेयं त्याज्यं मन्यते जानाति इति, एष प्रत्यक्षीभूतो मोहविलासः मोहनीयकर्मविलासविलसनं चेष्टा । कीदृक् सन् सर्वं हेयं पुत्रकलत्रशरीरधनधान्यसुवर्णरूप्यगृहादिपरद्रव्यं सर्ववस्तु त्याज्यं मन्यते जानाति मनुते । सदा निरन्तरं विषयासक्तोऽपि, इन्द्रियाणां विषयेषु आसक्तिं प्रीतिं गतोऽपि, अपिशब्दात् विरक्तः सन् सर्वं हेयं परवस्तु त्याज्यं मनुते । पुनः सर्वारम्भेषु असिमषिकृषिवाणिज्यपशुपालनादिव्यापारेषु वर्तमानोऽपि सर्वव्यापारान् कुर्वन्नपि सर्वं हेयं भरतचक्रीवत् मन्यते । अपिशब्दात् सर्वारम्भेषु विरक्तः सर्वं हेयं मन्यते । उक्तं च । "धात्री बाला सती नाथ पद्मिनीजलबिन्दुवत् । दग्धरज्जुवदाभासं भुञ्जन् राज्यं न पापभाक् ॥" इति ॥ ३१४ ॥

अपनेको तृण समान मानता है ॥ **भावार्थ**—शुद्ध सम्यग्दृष्टि जीव ज्ञानी होकर भी ज्ञानका मद नहीं करता, उच्च कुल और उच्च जाति पाकर भी कुल और जातिका मद नहीं करता, बलवान होकर भी अपनी शक्तिके नशेमें चूर नहीं होता, पुत्र स्त्री धन धान्य हाट हवेली नौकर चाकर आदि विभूति पाकर भी मदान्ध नहीं होता, जगतमें आदर सत्कार होते हुए भी अपनी प्रतिष्ठापर गर्व नहीं करता, न सुन्दर सुरूप शरीरका ही अभिमान करता है । और यदि तपस्वी हो जाता है तो तपका अभिमान नहीं करता । शत्रु मित्र और कंचन काचको समान समझता है । रत्नत्रय और सोलह कारण भावनाओंको ही सदा भाता है । तथा अपनेको सबसे तुच्छ मानता है ॥ ३१३ ॥ **अर्थ**—विषयोंमें आसक्त होता हुआ भी तथा समस्त आरम्भोंको करता हुआ भी यह मोहका विलास है ऐसा मानकर सबको हेय समझता है ॥ **भावार्थ**—अविरत सम्यग्दृष्टि यद्यपि इन्द्रियोंके विषयोंमें आसक्त रहता है और त्रस स्थावर जीवोंका जिसमें घात होता है ऐसे आरम्भोंको भी करता है फिर भी वह यह जानता है कि यह सब मोहकर्मका विलास है, मेरा स्वभाव नहीं है, एक उपाधि है, त्यागने योग्य है । किन्तु यह जानते हुए भी कर्मके उदयसे बलात् प्रेरित होकर उसे विषयभोगमें लगना पड़ता है । उसकी दशा उस चोरके समान है जो कोतवाल के द्वारा पकड़ा जाकर फांसीके तख्ते पर लटकाया जाने वाला है । पकड़े जानेपर चोरको कोतवाल जो जो कष्ट देता है उसे वह चुपचाप सहता है और अपनी निन्दा करता है । इसी तरह कर्मोंके वश हुआ सम्यग्दृष्टि जीव भी असमर्थ होकर विषय सेवन

१ ब मणमित्तं ।

उत्तम-गुण-गहण-रओ उत्तम-साहूण विणय-संजुत्तो[1] ।
साहम्मिय[2]-अणुराई सो सद्दिट्ठी हवे परमो ॥ ३१५ ॥

[छाया-उत्तमगुणग्रहणरत. उत्तमसाधूनां विनयसंयुक्तः। साधर्मिकानुरागी स सदृष्टिः भवेत् परमः ॥] स सदृष्टिः सम्यग्दृष्टिरुत्कृष्टो भवेत्। स कीदृक्। उत्तमगुणग्रहणरतः, उत्तमानां सम्यग्दृष्टीनां मुनीनां श्रावकाणां च गुणाः सम्यक्त्वज्ञान-चारित्रतपोव्रतादिगुणाः मूलोत्तरगुणा वा तेषां ग्रहणे मनसा रुचिरूपे जिह्वया ग्रहणरूपे च रतः रक्तः। पुनः कीदृक्षः। उत्तमसाधूनाम् आचार्योपाध्यायसर्वसाधूनां विनयसंयुक्त वैयावृत्त्यनमस्कारतदागमने उद्धीभवनासननिवेशनपादप्रक्षालनादि-विनयपरिणतः दर्शनज्ञानचारित्राणां तद्वतां विनयो वा। पुन कीदृक्। साधर्मिकानुरागी साधर्मिके जैनधर्माराधके जने अनुरागः प्रीतिरकृत्रिमस्नेहः विद्यते यस्य स तथोक्तः ॥ ३१५ ॥

देह-मिलियं पि जीवं णिय-णाण-गुणेण मुणदि जो भिण्णं ।
जीव-मिलियं पि देहं कंचुव[3]-सरिसं वियाणेइ ॥ ३१६ ॥

[छाया-देहमिलितम् अपि जीवं निजज्ञानगुणेन जानाति यः भिन्नम्। जीवमिलितम् अपि देहं कञ्चुकसदृशं विजानाति ॥] यो भव्यः मनुते जानाति। कम्। जीवं स्वात्मानं देहमिलितमपि औदारिकादिशरीरसंयुक्तमात्मानमपि निजज्ञानगुणेन स्वकीयज्ञानदर्शनगुणेन भेदज्ञानेन स्वपरविवेचनज्ञानगुणेन भिन्नं पृथग्रूपं जानाति। अपि पुनः, सम्यग्दृष्टिः देहं शरीरं जीवमिलितमपि आत्मना सहितमपि कञ्चुकसदृशं विजानाति। यथा शरीराश्रितं श्वेतपीतहरितारुणकृष्णवर्णकञ्चुकं वस्त्रं भिन्नं पृथक् तथा जीवाश्रितम् औदारिकादिनामकर्मोत्पादितश्वेतपीतादिवर्णोपेतशरीरं भिन्नं पृथग्रूपं जानातीत्यर्थः ॥३१६॥

णिज्जिय-दोसं देवं सव्व-[4]जिवाणं दयावरं[5] धम्मं ।
वज्जिय-गंथं च गुरुं जो मण्णदि सो हु सद्दिट्ठी ॥ ३१७ ॥

[छाया-निर्जितदोषं देवं सर्वजीवानां दयापरं धर्मम्। वर्जितग्रन्थं च गुरुं यः मन्यते स खलु सदृष्टिः ॥] हु इति स्फुटं निश्चयो वा। स शास्त्रप्रसिद्ध सदृष्टि सम्यग्दृष्टि भवेदित्यध्याहार्यम्। स कः। यो भव्यः देवं परमाराध्यं भगवन्तं

करता है और पश्चात्ताप करता है ॥ ३१४ ॥ **अर्थ**—जो उत्तम गुणोंको ग्रहण करनेमें तत्पर रहता है, उत्तम साधुओंकी विनय करता है तथा साधर्मी जनोंसे अनुराग करता है वह उत्कृष्ट सम्यग्दृष्टि है ॥ **भावार्थ**—उत्तम सम्यग्दृष्टियों, श्रावकों और मुनियोंके जो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यग्चारित्र तप, व्रत आदि उत्तमोत्तम गुण हैं उनको अपनानेमें उसकी मानसिक रुचि होती है, वह उत्तम साधुओंकी वैयावृत्य करता है, उन्हें नमस्कार करता है, उनके पधारने पर खड़ा हो जाता है, उन्हें उच्चासनपर बैठाता है, उनके पैर धोता है। साधर्मी भाइयोंसे स्वाभाविक स्नेह करता है। जिसमें ऊपर कही हुई सब बातें होती हैं वह जीव शुद्धसम्यग्दृष्टि है ॥ ३१५ ॥ **अर्थ**—वह देहमें रमे हुए भी जीवको अपने ज्ञान गुणसे भिन्न जानता है। तथा जीवसे मिले हुए भी शरीरको वस्त्रकी तरह भिन्न जानता है ॥ **भावार्थ**—जीव और शरीर परस्परमें ऐसे मिले हुए हैं जैसे दूधमें घी। इसीसे मूढ़ पुरुष शरीरको ही जीव समझते हैं। किन्तु सम्यग्दृष्टि जानता है कि जीव ज्ञानगुणवाला है और शरीर पौद्गलिक है। अतः वह शरीरको जीवसे वैसा ही भिन्न मानता है जैसा ऊपरसे पहना हुआ वस्त्र शरीरसे जुदा है ॥ ३१६ ॥ **अर्थ**—जो वीतराग अर्हन्तको देव मानता है, सब जीवों पर दयाको उत्कृष्ट धर्म मानता है और परिग्रहके त्यागीको गुरु मानता है वही सम्यग्दृष्टि है॥ **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टि जीव भूख, प्यास,

१ ब सुजुत्तो। २ ब साहिम्मिय। ३ ल म स ग कंचुउ। ४ म सव्वे। ५ ब ल म (?) स ग जीवाण, । ६ म दयावरं।

सर्वज्ञं वीतरागमर्हन्तं मनुते मानयति जानाति श्रद्दधाति निश्चयीकरोति । कथंभूतं देवम् । निर्जितदोषं निर्जिताः स्फेटिताः दूरीकृताः दोषाः क्षुधाद्योऽष्टादश येन स निर्जितदोषस्तं निर्जितदोषम् । के दोषा इति चेदुच्यते । "क्षुधा १ तृषा २ भयं ३ द्वेषो ४ रागो ५ मोहश्च ६ चिन्तनं ७ । जरा ८ रुजा ९ च मृत्युश्च १० स्वेदः ११ खेदो १२ मदो १३ रतिः १४ ॥ विस्मयो १५ जननं १६ निद्रा १७ विषादो १८ ऽष्टादश ध्रुवाः । एतैर्दोषैर्विनिर्मुक्तः सोऽयमाप्तो निरञ्जनः ॥" इत्यष्टादश-दोषविवर्जितम् आप्तं श्रद्दधाति मनुते । च पुनः, धर्मं वृषं श्रेयः मन्यते श्रद्दधाति । कथंभूतं धर्मम् । सर्वजीवानां दयापरं सर्वेषां जीवानां प्राणिनां पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसकायिकानां शरीरिणां मनोवचनकायकृतकारितानुमतप्रकारेण दयापरं कृपोत्कृष्टं धर्मं श्रद्दधाति यः । तथा च । "धम्मो वत्थुसहावो खमादिभावो य दसविहो धम्मो । रयणत्तयं च धम्मो जीवाणं रक्खणं धम्मो ॥" इति धर्मं मनुते । च पुनः, यो गुरुं मनुते । कीदृक्षं गुरुम् । वर्जितग्रन्थं परित्यक्तबाह्याभ्यन्तरचतुर्विंशतिसंख्यो-पेतपरिग्रहम् । के ते बाह्याभ्यन्तरग्रन्था इति चेदुच्यते । "क्षेत्रं १ वास्तु २ धनं ३ धान्यं ४ द्विपदं ५ च चतुष्पदम् ६ । यानं ७ शय्यासनं ८ भाण्डं ९ कुप्यं चेति १० बहिर्दश ॥ मिथ्यात्व १ वेद २ हास्यादि षट् ६ कषायचतुष्टयम् ४ । रागद्वेषौ २ च संगाः स्युरन्तरङ्गाश्चतुर्दश ॥" इति ॥ ३१७ ॥ कोऽसौ मिथ्यादृष्टिरिति चेदाह–

दोस-सहियं पि देवं जीव-हिंसाई-संजुदं धम्मं ।
गंथासत्तं च गुरुं जो मण्णदि[2] सो हु कुदिट्ठी ॥ ३१८ ॥

[छाया–दोषसहितम् अपि देवं जीवहिंसादिसंयुतं धर्मम् । ग्रन्थासक्तं च गुरुं यः मन्यते स खलु कुदृष्टिः ॥] हु इति निश्चयेन । स प्रसिद्धः कुदृष्टिः कुत्सिता दृष्टिर्दर्शनं यस्यासौ कुदृष्टिः मिथ्यादृष्टिर्भवेत् । स कः । यः दोषसहितमपि देवं मन्यते, दोषैः क्षुधातृषारागद्वेषभयमोहादिलक्षणैः सहितं संयुक्तं देवं केवलिनां क्षुधादिकं शंखचक्रगदालक्ष्म्या संयुक्तं हरिं

भय, द्वेष, राग, मोह, चिन्ता, बुढापा, रोग, मृत्यु, पसीना, खेद, मद, रति, आश्चर्य, जन्म, निद्रा और विषाद, इन अठारह दोषोंसे रहित भगवान् अर्हन्त देवको ही अपना परम आराध्य मानता है। तथा स्थावर और त्रसजीवोंकी मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदनासे हिंसा न करनेको परम धर्म मानता है। कहा भी है–"वस्तुके स्वभावको धर्म कहते हैं, उत्तम क्षमा आदिको धर्म कहते हैं, रत्नत्रयको धर्म कहते हैं और जीवोंकी रक्षा करनेको धर्म कहते हैं। तथा १४ प्रकारके अंतरंग परिग्रह और दस प्रकारके बहिरंग परिग्रहके त्यागीको सच्चा गुरु मानता है ॥ ३१७ ॥ आगे मिथ्या-दृष्टिका स्वरूप कहते हैं। अर्थ–जो दोषसहित देवको, जीवहिंसा आदिसे युक्त धर्मको और परिग्रह-में फँसे हुए गुरुको मानता है वह मिथ्यादृष्टि है ॥ भावार्थ–जिसकी दृष्टि कुत्सित होती है उसे कुदृष्टि अथवा मिथ्यादृष्टि कहते हैं। वह कुदृष्टि राग, द्वेष, मोह वगैरहसे युक्त पुरुषोंको देव मानता है अर्थात् शंख, चक्र, गदा, लक्ष्मी वगैरहसे संयुक्त विष्णुको, त्रिशूल पार्वती आदिसे संयुक्त शिवको और सावित्री गायत्री आदिसे मण्डित ब्रह्माको देव मानता है, उन्हें अपना उद्धारक समझकर पूजता है। अजामेध, अश्वमेध, आदिमें होनेवाली याज्ञिकी हिंसाको धर्म मानता है, देवी देवता और पितरोंके लिये जीवोंके घात करनेको धर्म मानता है। इस तरह जिस धर्ममें जीवहिंसा, झूठ, चोरी ब्रह्मचर्यका खण्डन और परिग्रहका पोषण बतलाया गया है उसे धर्म मानता है। जैसा कि मनुस्मृति में कहा है कि 'न मांस भक्षणमें कोई दोष है, न शराब पीनेमें कोई दोष है और न मैथुन सेवनमें कोई दोष है ये तो प्राणियोंकी प्रवृत्ति है।' तथा जो अपनेको साधु कहते हैं किन्तु जिनके पास हाथी,

---

१ ब स हिंसादि, [जीवं-हिंसाइ]। २ ब मण्णइ।

त्रिशूलादिपार्वतीगङ्गादिमण्डितं हरं सावित्रीगायत्र्यादिमण्डितं ब्रह्माणम् इत्यादिकं देवं यः मनुते श्रद्दधाति स मिथ्यादृष्टिः स्यात् । च पुनः, यः जीवहिंसादिसंयुतं धर्मं मन्यते मनुते । अजाश्वगोगजतुरगमेधादियाज्ञिकीहिंसाधर्मं देवदेवीपितराद्यर्थं चेतनाचेतनानां जीवानां विराधनाधर्मं देवगुरुधर्माद्यर्थं सैन्यादिचूरणं धर्मम् इति जीवहिंसानृतस्तेयाब्रह्मचर्यखण्डनपरिग्रहादिमेलनादिसहितं धर्मं मन्यते श्रद्दधाति स मिथ्यादृष्टिः । च पुनः, ग्रन्थासक्तं गुरुं क्षेत्रवास्तुधनधान्यद्विपदस्त्रीप्रमुखपरिग्रहसहितं गुरुं दिगम्बरगुरुं विना अन्यगुरुं मन्यते अङ्गीकरोति यः स मिथ्यादृष्टिर्भवेत् ॥ ३१८ ॥ अथ केऽप्येवं वदन्ति हरिहरादयो देवा लक्ष्मीं ददति उपकारं च कुर्वते तदप्यसत् इति निगदति–

ण य को वि देदि[1] लच्छी ण को वि[2] जीवस्स कुणदि उवयारं ।
उवयारं अवयारं कम्मं पि सुहासुहं कुणदि ॥ ३१९ ॥

[छाया–न च कः अपि ददाति लक्ष्मीं न कः अपि जीवस्य करोति उपकारम् । उपकारम् अपकारं कर्म अपि शुभाशुभं करोति ॥] कोऽपि देवः हरिहरहिरण्यगर्भगजतुण्डमूषकवाहनसिद्धिबुद्धिकलत्रलक्षलाभपुत्रादिमण्डितगणपत्यादिलक्षणो देवः, व्यन्तरचण्डिकाशक्तिकालीयक्षीयक्षक्षेत्रपालादिको वा, ज्योतिष्कसूर्यचन्द्रग्रहादिको वा, लक्ष्मीं स्वर्णरत्नधनधान्यपुत्रकलत्रमित्रगजतुरंगरथादिसंपदा ददाति प्रयच्छति वितरति । च पुनः, कोऽपि हरिहरहिरण्यगर्भगणेशकपिलसौगतव्यन्तरचण्डिकादेवदेवीलक्षणः जीवस्यात्मनः उवगारं सुखदुःख हिताहितेष्टानिष्टारोग्यरोगप्राप्तिपरिहाररूपमुपग्रहं करोति । नन्वहो सुखदुःखादिकं लक्ष्मीप्राप्तिकरणं कोऽपि देवो न करोति तर्हि कः कुरुते । परिहारमाह । शुभाशुभकर्मापि पूर्वोपार्जितप्रशस्ताप्रशस्तं कर्म पुण्यकर्म पापकर्म जीवस्य उपकारं लक्ष्मीसंपदादिकं सुखहितवाञ्छितवस्तुप्रदानम् अपकारम् अशुभमसमीचीनं दुःखदारिद्र्यरोगाहितलक्षणं च कुरुते विदधाति । शुभाशुभकर्म जीवस्य सुखदुःखादिकं करोतीत्यर्थः ॥ ३१९ ॥ अथ व्यन्तरदेवादयो लक्ष्म्यादिकं वितरन्ति, तर्हि धर्मकरणं व्यर्थमिति स्पष्टयति–

भत्तीएँ पुज्जमाणो विंतर-देवो वि देदि जदि[3] लच्छी ।
तो किं धम्मेँ[4] कीरदि[5] एवं चिंतेइ सद्दिट्ठी ॥ ३२० ॥

घोडे, जमीन, जायदाद और नौकर चाकर वगैरह विभूतिका ठाट राजा महाराजाओंसे कम नहीं होता, ऐसे परिग्रही महन्तोंको धर्मगुरु मानता है, वह नियमसे मिथ्यादृष्टि है ॥ ३१८ ॥ किन्हींका कहना है कि हरिहर आदि देवता लक्ष्मी देते हैं, उपकार करते हैं किन्तु ऐसा कहना भी ठीक नही है। **अर्थ**–न तो कोई जीवको लक्ष्मी देता है और न कोई उसका उपकार करता है। शुभाशुभ कर्म ही जीवका उपकार और अपकार करते हैं ॥ **भावार्थ**–शिव, विष्णु, ब्रह्मा, गणपति, चण्डी, काली, यक्षी, यक्ष, क्षेत्रपाल वगैरह अथवा सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह वगैरह सोना, रत्न, स्त्री, पुत्र, हाथी, घोडे आदि सम्पदा देनेमें असमर्थ हैं। इसी तरह ये सब देवता सुख, दुःख, रोग, नीरोगता आदि देकर या हरकर जीवका अच्छा या बुरा भी नहीं कर सकते हैं। जीव जो अच्छा या बुरा कर्म करता है उसका उदय ही जीवको सुख, दुःख, आरोग्य अथवा रोग आदि करता है। इसीसे आचार्य अमितगतिने सामायिक पाठमें कहा है–'इस आत्माने पूर्व जन्ममें जो कर्म किये हैं उनका शुभाशुभ फल उसे इस जन्ममें मिलता है। यदि कोई देवी देवता शुभाशुभ कर सकता तो स्वयं किये हुए कर्म निरर्थक होजाते हैं। अतः अपने किये हुए कर्मोंके सिवा प्राणीको कोई भी कुछ नहीं देता, ऐसा विचारकर कोई देवी देवता कुछ देता है इस बुद्धिको छोड दो ॥ ३१९ ॥ आगे कहते हैं कि यदि व्यन्तर देवी देवता वगैरह

१ ब देइ। २ स ग कोइ, ब ण य को वि। ३ ब देइ जइ। ४ क म स ग धम्मं। ५ ब कीरइ।

[छाया-भक्त्या पूज्यमानः व्यन्तरदेवः अपि ददाति यदि लक्ष्मीम्। तत् किं धर्मेण क्रियते एवं चिन्तयति सद्दृष्टिः ॥] व्यन्तरदेवोऽपि क्षेत्रपालकालीचण्डिकायक्षादिलक्षणः भक्त्या विनयोत्सवादिना पूज्यमानः आर्चितः सन् लक्ष्मीं संपदां ददाति यदि चेत्, तो तर्हि धर्मः कथं क्रियते विधीयते। तथा चोक्तम्। "तावच्चन्द्रबलं ततो ग्रहबलं ताराबलं भूबलं, तावत्सिध्यति वाञ्छितार्थमखिलं तावज्जनः सज्जनः। मुद्रामण्डलमन्त्रतन्त्रमहिमा तावत्कृतं पौरुषं, यावत्पुण्यमिदं सदा विजयते पुण्यक्षये क्षीयते ॥" तथा 'धर्मः सर्वसुखाकरो हितकरो धर्मं बुधाश्चिन्वते' इत्यादिकम् एवं पूर्वोक्तप्रकारं च सम्यग्दृष्टिः चिन्तयति ध्यायति ॥ ३२० ॥ अथ सम्यग्दृष्टिः एवं वक्ष्यमाणलक्षणं विचारयतीति गाथात्रयेणाह—

जं जस्स जम्मि[1] देसे जेण विहाणेण जम्मि कालम्मि ।
णादं जिणेण णियदं जम्मं वा अहव मरणं वा ॥ ३२१ ॥

[छाया-यत् यस्य यस्मिन् देशे येन विधानेन यस्मिन् काले। ज्ञातं जिनेन नियतं जन्म वा अथवा मरणं वा ॥] यस्य पुंसः जीवस्य यस्मिन् देशे अङ्गवङ्गकलिङ्गमरुमालवमलयाटगुर्जरसौराष्ट्रविषये पुरनगरकर्वटखेटग्रामवनादिके वा येन विधानेन शस्त्रेण विषेण वैश्वानरेण जलेन शीतेन श्वासोच्छ्वासरुन्धनेनान्नादिविकारेण कुष्ठभगंधरकुदंदरैपिचण्डपीडा-प्रमुखरोगेण वा यस्मिन् काले समयमुहूर्तप्रहरपूर्वाह्णमध्याह्नापराह्नसंध्यादिवसपक्षमासवर्षादिके नियतं निश्चितं यत् जन्म अवतरणम् उत्पत्तिर्वा अथवा मरणं वा शब्द समुच्चयार्थः सुखं दुःखं लाभालाभमिष्टानिष्टादिकं गृह्यते। तत् सर्वं कीदृक्षम्। देशविधानकालादिकं जिनेन ज्ञातं केवलज्ञानिनावगतम् ॥ ३२१ ॥

तं तस्स तम्मिं[3] देसे तेण विहाणेण तम्मि कालम्मिं[4] ।
को सक्कदि[5] वारेदुं इंदो वा तह जिणिंदो[6] वा ॥ ३२२ ॥

लक्ष्मी आदिक देते हैं तो फिर धर्माचरण करना व्यर्थ है। **अर्थ**—सम्यग्दृष्टि विचारता है कि यदि भक्ति-पूर्वक पूजा करनेसे व्यन्तर देवी देवता भी लक्ष्मी दे सकते हैं तो फिर धर्म करनेकी क्या आवश्यकता है? **भावार्थ**—लोग अर्थाकांक्षी हैं। चाहते हैं कि किसी भी तरह उन्हें धनकी प्राप्ति हो। इसके लिये वे उचित अनुचित, न्याय और अन्यायका विचार नहीं करते। और चाहते हैं, कि उनके इस अन्याय-में देवता भी मदद करें। बस वे देवताकी पूजा करते हैं बोल कबूल चढ़ाते हैं। उनके धर्मका अंग केवल किसी न किसी देवताका पूजना है। जैसे लोकमें वे धनके लिये सरकारी कर्मचारियोंको घूस देते हैं वैसे ही वे देवी देवताओंको भी पूजाके बहाने एक प्रकारकी घूंस देकर उनसे अपना काम बनाना चाहते हैं। किन्तु सम्यग्दृष्टि जानता है कि कोई देवता न कुछ दे सकता है और न कुछ ले सकता है, तथा धन सम्पत्तिकी क्षणभंगुरता भी वह जानता है। वह जानता है कि लक्ष्मी चंचल है, आज है तो कल नहीं है। तथा जब मनुष्य मरता है तो उसकी लक्ष्मी यहीं पड़ी रह जाती है। अतः वह लक्ष्मीके लालचमें पड़कर देवी देवताओंके चक्करमें नहीं पड़ता। और केवल आत्महितकी भावनासे प्रेरित होकर वीतराग देवका ही आश्रय लेता है और उन्हें ही अपना आदर्श मानकर उनके बतलाये हुए मार्गपर चलता है। यही उनकी सच्ची पूजा है अतः किसीने ठीक कहा है—तभी तक चन्द्रमाका बल है, तभी तक ग्रहोंका, तारोंका और भूमिका बल है, तभी तक समस्त वांछित अर्थ सिद्ध होते हैं, तभी तक जन सज्जन हैं, तभी तक मुद्रा, और मंत्र तंत्रकी महिमा हैं और तभी तक पौरुष भी काम देता है जबतक यह पुण्य है। पुण्यका क्षय होने पर सब बल क्षीण हो जाते हैं ॥ ३२० ॥ सम्यग्दृष्टि और भी विचारता है। **अर्थ**—जिस जीवके जिस देशमें, जिस कालमें, जिस विधानसे जो जन्म

१ स जम्हि। २ प कुडंदर। ३ ल ग तम्हि। ४ स कालम्हि। ५ ल ग सक्कइ चालेदुं। ६ ल ग अह जिणंदो।

[छाया-तत् तस्य तस्मिन् देशे तेन विधानेन तस्मिन् काले। कः शक्नोति वारयितुम् इन्द्रः वा तथा जिनेन्द्रः वा ॥] तस्य पुंसः जीवस्य तस्मिन् देशे अङ्गवङ्गकलिङ्गगुर्जरादिके नगरग्रामवनादिके तेन विधानेन शस्त्रविषादियोगेन तस्मिन् काले समयपलघटिकाप्रहरदिनपक्षादिके तत् जन्ममरणसुखदुःखादिकं कः इन्द्रः शक्रः अथवा जिनेन्द्रः सर्वज्ञः, वाशब्दोऽत्र समुच्चयार्थः, राजा गुरुर्वा पितृमात्रादिर्वा चालयितुं निवारयितुं शक्नोति समर्थो भवति कोऽपि, अपि तु न ॥ ३२२ ॥ अथ सम्यग्दृष्टिलक्षणं लक्षयति-

एवं जो णिच्छयदो जाणदि दव्वाणि सव्व-पज्जाए।
सो सद्दिट्ठी सुद्धो जो संकदि सो हु कुदिट्ठी ॥ ३२३ ॥

अथवा मरण जिन देवने नियत रूपसे जाना है, उस जीवके उसी देशमें, उसी कालमें, उसी विधानसे वह अवश्य होता है, उसे इन्द्र अथवा जिनेन्द्र कौन टालसकनेमें समर्थ है? ॥ **भावार्थ**-सम्यग्दृष्टि यह जानता है कि प्रत्येक पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव नियत है। जिस समय जिस क्षेत्रमें जिस वस्तुकी जो पर्याय होने वाली है वही होती है उसे कोई नहीं टाल सकता। सर्वज्ञ देव सब द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अवस्थाओंको जानते हैं। किन्तु उनके जानलेनेसे प्रत्येक पर्यायका द्रव्य क्षेत्र काल और भाव नियत नहीं हुआ बल्कि नियत होनेसे ही उन्होंने उन्हें उस रूपमें जाना है। जैसे, सर्वज्ञ देवने हमें बतलाया है कि प्रत्येक द्रव्यमें प्रति समय पूर्व पर्याय नष्ट होती है और उत्तर पर्याय उत्पन्न होती है। अतः पूर्व पर्याय उत्तर पर्यायका उपादान कारण है और उत्तर पर्याय पूर्व पर्यायका कार्य है। इसलिये पूर्व पर्यायसे जो चाहे उत्तर पर्याय उत्पन्न नहीं हो सकती, किन्तु नियत उत्तर पर्याय ही उत्पन्न होती है। यदि ऐसा न माना जायेगा तो मिट्टीके पिण्डमें स्थास कोस पर्यायके बिना भी घट पर्याय बन जायेगी। अतः यह मानना पड़ता है कि प्रत्येक पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव नियत है। कुछ लोग इसे नियतिवाद समझकर उसके भयसे प्रत्येक पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र और भाव तो नियत मानते हैं किन्तु कालको नियत नहीं मानते। उनका कहना है कि पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र और भाव तो नियत है किन्तु काल नियत नहीं है; कालको नियत माननेसे पौरुष व्यर्थ होजायेगा। किन्तु उनका उक्त कथन सिद्धान्तविरुद्ध है; क्योंकि द्रव्य, क्षेत्र और भाव नियत होते हुए काल अनियत नहीं हो सकता। यदि कालको अनियत माना जायेगा तो काललब्धि कोई चीजही नहीं रहेगी। फिर तो संसार परिभ्रमणका काल अर्धपुद्गल परावर्तनसे अधिक शेष रहते भी सम्यक्त्व प्राप्त हो जायेगा और बिना उस कालको पूरा किये ही मुक्ति होजायेगी। किन्तु यह सब बातें आगम विरुद्ध हैं। अतः कालको भी मानना ही पड़ता है। रही पौरुषकी व्यर्थता की आशङ्का, सो समयसे पहले किसी कामको पूरा करलेनेसे ही पौरुषकी सार्थकता नहीं होती। किन्तु समयपर कामका होजाना ही पौरुषकी सार्थकताका सूचक है। उदाहरणके लिये, किसान योग्य समयपर गेहूं बोता है और खूब श्रमपूर्वक खेती करता है। तभी समयपर पककर गेहूं तैयार होता है। तो क्या किसानका पौरुष व्यर्थ कहलायेगा? यदि वह पौरुष न करता तो समयपर उसकी खेती पककर तैयार न होती, अतः कालकी नियततामें पौरुषके व्यर्थ होनेकी आशंका निर्मूल है। अतः जिस समय जिस द्रव्यकी जो पर्याय होनी है वह अवश्य होगी। ऐसा जानकर सम्यग्दृष्टि सम्पत्तिमें हर्ष और विपत्तिमें विषाद नहीं करता, और न सम्पत्तिकी प्राप्ति तथा विपत्तिको दूर करनेके लिये देवी देवताओंके आगे गिड़-गिड़ाता फिरता है ॥ ३२१-३२२ ॥ आगे सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिका भेद बतलाते हैं। **अर्थ**-इस

[छाया-एवं यः निश्चयतः जानाति द्रव्याणि सर्वपर्यायान् । स सदृष्टिः शुद्धः यः शङ्कते स खलु कुदृष्टिः ॥] स भव्यात्मा सम्यग्दृष्टिः शुद्धः निर्मलः मूढत्रयादिपञ्चविंशतिमलरहितः । स कः । य एवं पूर्वोक्तप्रकारेण निश्चयतः परमार्थतः द्रव्याणि जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालाख्यानि, सर्वपर्यायांश्च अर्थपर्यायान् व्यञ्जनपर्यायांश्च, जानाति वेत्ति श्रद्धाति स्पृशति निश्चिनोति स सम्यग्दृष्टिर्भवति । उक्तं च तथा शक्रेण । "त्रैकाल्यं द्रव्यषट्कं नवपदसहितं जीवषट्कायलेश्याः, पञ्चान्ये चास्तिकाया व्रतसमितिगतिज्ञानचारित्रभेदाः । इत्येतन्मोक्षमूलं त्रिभुवनमहितैः प्रोक्तमर्हद्भिरीशैः, प्रत्येति श्रद्धाति स्पृशति च मतिमान् यः स वै शुद्धदृष्टिः ॥" इति । हु इति स्फुटं, स पुमान् कुदृष्टिः मिथ्यादृष्टिः । स कः । शङ्कते यः जिनवचने देवगुरौ धर्मे तत्त्वादिके शङ्कां संशयं संदेहं करोति स मिथ्यादृष्टिर्भवेत् ॥ ३२३ ॥

जो ण विजाणदि[1] तच्चं सो जिणवयणे करेदि सद्दहणं[2] ।
जं जिणवरेहिं[3] भणियं तं सव्वमहं समिच्छामि ॥ ३२४ ॥

[छाया-यः न विजानाति तत्त्वं स जिनवचने करोति श्रद्धानम् । यत् जिनवरैः भणितं तत् सर्वमहं समिच्छामि ॥] यः पुमान् तत्त्वं जिनोदितं जीवादिवस्तु ज्ञानावरणादिकर्मप्रबलोदयात् न विजानाति न च वेत्ति स पुमान् जिनवचने सर्वज्ञप्रतिपादितागमे इति अग्रे वक्ष्यमाणं तत्त्वं श्रद्धानं निश्चयं रुचिं विश्वासं करोति विदधाति इति । किं तत् । सर्वं जीवाजीवादितत्त्वं वस्तु अहं समिच्छामि वाञ्छामि चेतसि निश्चयं करोमि श्रद्धामीत्यर्थः । तत् किम् । यद् भणितं कथितं प्रतिपादितम् । कैः । जिनवरतीर्थकरपरमदेवैः । कथितं तत्त्वं वाञ्छामि । उक्तं च । "सूक्ष्मं जिनोदितं तत्त्वं हेतुभिर्नैव हन्यते । आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथावादिनो जिनाः ॥" इति ॥ ३२४ ॥ अथ सम्यक्त्वमाहात्म्यं गाथात्रयेणाह-

रयणाण महा-रयणं सव्वं[4]-जोयाण उत्तमं जोयं ।
रिद्धीणं[5] महा-रिद्धी सम्मत्तं सव्व-सिद्धियरं ॥ ३२५ ॥

प्रकार जो निश्चयसे सब द्रव्योंको और सब पर्यायोंको जानता है वह सम्यग्दृष्टि है और जो उनके अस्तित्वमें शंका करता है वह मिथ्यादृष्टि है ॥ **भावार्थ**–पूर्वोक्त प्रकारसे जो जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और कालद्रव्यको तथा उनकी सब पर्यायोंको परमार्थ रूपमें जानता तथा श्रद्धान करता है वह सम्यग्दृष्टि है । कहा भी है–"तीन काल, छः द्रव्य, नौ पदार्थ, छः काय के जीव, छः लेश्या, पाँच अस्तिकाय, व्रत, समिति, गति, ज्ञान और चारित्रके भेद, इन सबको तीनों लोकोंसे पूजित अर्हन्त भगवानने मोक्षका मूल कहा है, जो बुद्धिमान ऐसा जानता है, श्रद्धान करता है और अनुभव करता है वह निश्चयसे सम्यग्दृष्टि है" । और जो सच्चे देव, सच्चे गुरु, सच्चे धर्म और जिनवचनमें सन्देह करता है वह मिथ्यादृष्टि है ॥ ३२३ ॥ **अर्थ**–जो तत्त्वोंको नहीं जानता किन्तु जिनवचनमें श्रद्धान करता है कि जिनवर भगवानने जो कुछ कहा है उस सबको मैं पसन्द करता हूं । वह भी श्रद्धावान है ॥ **भावार्थ**–जो जीव ज्ञानावरणकर्मका प्रबल उदय होनेसे जिनभगवानके द्वारा कहे हुए जीवादि तत्त्वोंको जानता तो नहीं है किन्तु उनपर श्रद्धान करता है कि जिन भगवानके द्वारा कहा हुआ तत्त्व बहुत सूक्ष्म है, युक्तियोंसे उसका खण्डन नहीं किया जा सकता । अतः जिनभगवानकी आज्ञारूप होनेसे वह ग्रहण करने योग्य है क्यों कि वीतरागी जिन भगवान अन्यथा नहीं कहते, ऐसा मनुष्य भी आज्ञासम्यक्त्वी होता है ॥ ३२४ ॥ आगे, तीन गाथाओंके द्वारा सम्यक्त्वका माहात्म्य बतलाते हैं ॥ **अर्थ**–सम्यक्त्व सब रत्नोंमें महारत्न है, सब योगोंमें उत्तम योग है, सब ऋद्धियोंमें

१ ब म स ग विजाणइ । २ म जीवाइ नव पयत्थे जो ण वियाणेइ करेदि सद्दहणं । ३ ब जिणवरेण । ४ ब सव्वं (?) क स ग सव्व, म सव्वे । ५ ब रिद्धिण ।

[छाया–रत्नाना महारत्नं सर्वयोगानाम् उत्तमः योगः। ऋद्धीनां महर्द्धिः सम्यक्त्वं सर्वसिद्धिकरम् ॥] सम्यक्त्वं सम्यग्दर्शनं भवतीत्यध्याहार्यम् । कीदृशम् । रत्नानां मणीनां पुष्परागवैडूर्यकर्केतनादिमणीनां मध्ये महारत्नं महामणिः अनर्घ्यत्वेन, महेन्द्राहमिन्द्रसिद्धपददायकत्वात् अनर्घ्यं रत्नं सम्यक्त्वं सम्यग्दर्शनं भवतीत्यध्याहार्यम्। कीदृशं च पुनः। सर्वयोगानां मध्ये धर्मादिध्यानाना मध्ये उत्तमं ध्यानं परमप्रकर्षप्राप्तं योग्यं ध्यानम्। अथवा सर्वयोगानां सर्वरसानां कनकादिनिष्पादनरसानां मध्ये उत्तमरसं सम्यक्त्वम् ऋद्धीनाम् अणिमामहिमालघिमागरिमाप्राप्तिप्राकाम्येशित्ववशित्वर्द्धीनामष्टानां मध्ये, बुद्धितपोविक्रियाक्षीणरसबलौषधर्द्धीनां सप्तानां मध्ये, अष्टचत्वारिंशत् ऋद्धीनां मध्ये, चतुःषष्टेः ऋद्धीनां मध्ये वा महर्द्धिः, महती चासौ ऋद्धिश्च महर्द्धिः। कुतः। यत् सम्यक्त्वं सर्वसिद्धिः प्राप्तिः तां करोति इति सर्वसिद्धिकरम् ॥ ३२५ ॥

सम्मत्त-गुण-पहाणो देविंद-णरिंद-वंदिओ होदि।
चत्त-वओ[1] वि य पावदि सग्ग-सुहं उत्तमं विविहं ॥ ३२६ ॥

[छाया–सम्यक्त्वगुणप्रधानः देवेन्द्रनरेन्द्रवन्दितः भवति। त्यक्तव्रतः अपि च प्राप्नोति स्वर्गसुखम् उत्तमं विविधम् ॥] सम्यक्त्वगुणप्रधान, सम्यक्त्वं सम्यग्दर्शनं तदेव गुणः अथवा सम्यक्त्वस्य गुणाः मूलोत्तरगुणाः त्रिषष्टिसंख्योपेताः ६३। ते के। 'मूढत्रयं मदाश्चाष्टौ तथानायतनानि षट्। अष्टौ शङ्कादयश्चेति दृग्दोषाः पंचविंशतिः ॥' एतद्दोषनिराकरणाः सन्तो गुणा भवन्ति। 'सूर्यार्घ्यो ग्रहणस्नानं संक्रान्तौ द्रविणव्ययः। संध्यासेवाग्निसत्कारो देहगेहार्चनाविधिः ॥ गोपृष्ठान्तनमस्कारस्तन्मूत्रस्य निषेवणम्। रत्नवाहनभूवृक्षशस्त्रशैलादिसेवनम् ॥ आपगासागरस्नानमुच्चय सिकताश्मनाम्। गिरिपातोऽग्निपातश्च लोकमूढं निगद्यते ॥' इति लोकमूढस्य परित्याग सम्यक्त्वगुणः। रागद्वेषमलीमसदेवाना सेवा [देवमूढम्।] देवमूढस्य परित्यागः सम्यक्त्वगुणः। बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहवतां पाषण्डिना कुगुरूणां नमस्कारादिकरणं [पाषण्डिमूढम्।]

महाऋद्धि है, अधिक क्या, सम्यक्त्व सब सिद्धियोका करनेवाला है ॥ **भावार्थ**–पुष्पराग, वैडूर्य, आदि रत्नोंमें सम्यक्दर्शन महारत्न है, क्योंकि वह इन्द्र, अहमिन्द्र और सिद्धिपदका दाता है। इसलिये सम्यग्दर्शन एक अमूल्य रत्न है। तथा धर्मध्यान आदि सब ध्यानोंमें उत्तम ध्यान है। और अणिमा महिमा आदि ऋद्धियोंमें अथवा बुद्धि तप विक्रिया आदि ऋद्धियोंमें सर्वोत्कृष्ट ऋद्धि है, क्योकि बिना सम्यक्त्वके न उत्तम ध्यान होता है और उत्तम ऋद्धियोंकी प्राप्ति ही होती है ॥ ३२५ ॥ **अर्थ**–सम्यक्त्वगुणसे विशिष्ट अथवा सम्यक्त्वके गुणोसे विशिष्ट जीव देवोके इन्द्रोसे तथा मनुष्योंके स्वामी चक्रवर्ती आदिसे वन्दनीय होता है। और व्रतरहित होते हुए भी नाना प्रकारके उत्तम स्वर्गसुखको पाता है ॥ **भावार्थ**–सम्यक्त्वके पचीस गुण बतलाये हैं। तीन मूढ़ता, आठ मद, छः अनायतन, और आठ शङ्का आदि इन पचीस दोषोको टालनेसे सम्यक्त्वके पचीस गुण होते हैं। सूर्यको अर्घ्य देना, चन्द्रग्रहण सूर्यग्रहणमें गंगास्नान करना, मकरसंक्रान्ति वगैरहके समय दान देना, सन्ध्या करना, अग्निको पूजना, शरीरकी पूजा करना, मकानकी पूजा करना, गौके पृष्ठभागमें देवताओंका निवास मानकर उसके पृष्ठभागको नमस्कार करना, गोमूत्र सेवन करना, रत्न सवारी पृथ्वी वृक्ष शस्त्र पहाड़ आदिको पूजना, धर्म समझकर नदियोमे और समुद्र (सेतुबन्ध रामेश्वर वगैरह) में स्नान करना, बालू और पत्थरका ढेर लगाकर पूजना, पहाड़से गिरकर मरना, आगमें जलकर मरना, ये सब लोकमूढ़ता हैं। लोकमें प्रचलित इन मूर्खताओका त्याग करना सम्यक्त्वका प्रथम गुण है। रागी द्वेषी देवोंकी सेवा करना देवमूढ़ता है। इस देवविषयक मूर्खताको छोड़ना दूसरा गुण है।

१ ल म स ग वयो।

पाषण्डिमूढस्य परित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः सम्यक्त्वगुणः । 'ज्ञानं पूजां कुलं जातिं बलमृद्धिं तपो वपुः । अष्टावाश्रित्य मानित्वं स्मयमाहुर्गतस्मयाः ॥' ज्ञानादीनां मदपरित्यागे गर्वाहंकारपरिवर्जने अष्टौ सम्यक्त्वस्य गुणाः भवन्ति । 'कुदेवस्तस्य भक्तश्च कुज्ञानं तस्य पाठकः । कुलिङ्गी सेवकस्तस्य लोकेऽनायतनानि षट् ॥' कुदेवकुज्ञानकुलिङ्गिनां त्रयाणां तद्भक्तानां च परित्यागे वर्जने सम्यक्त्वस्य षड्गुणाः ६ भवन्ति ॥ अर्हदुपदिष्टद्वादशाङ्गप्रवचनगहने एकाक्षरं पदं वा किमिदं स्याद्वाच्य वेति शङ्कानिरासः जिनवचनं जैनदर्शनं च सत्यमिति सम्यक्त्वस्य निःशङ्कितत्वनामा गुणः । १ । ऐहलौकिकपारलौकिकेन्द्रियविषयभोगोपभोगाकाङ्क्षानिवृत्तिः कुदृष्ट्याचाराकांक्षानिरासो वा निःकांक्षितत्वनामा सम्यक्त्वस्य गुणः । २ । शरीराद्यशुचिस्वभावमवगम्य शुचीति मिथ्यासंकल्पनिरासः, अथवा अर्हत्प्रवचने इदं मलधारणमयुक्तं घोरं कष्टं न चेदिदं सर्वमुपपन्नम् इत्यशुभभावनानिरासः, सम्यक्त्वस्य निर्विचिकित्सतानामा तृतीयो गुणः । ३ । बहुविधेषु दुर्णयमार्गेषु तत्त्ववदाभासमानेषु युक्त्यभावमाश्रित्य परीक्षाचक्षुषा विरहितमोहत्वं मिथ्यातत्त्वेषु मोहरहितत्वं सम्यक्त्वस्यामूढदृष्टितागुणः । ४ । उत्तमक्षमादिभावनया आत्मनः चतुर्विधसंघस्य च धर्मपरिवृद्धिकरणं चतुर्विधसंघस्य दोषझंपनं सम्यक्त्वस्य उपबृंहणम् उपगूहननाम गुणः । ५ । क्रोधमानमायालोभादिषु धर्मविध्वंसकारणेषु विद्यमानेष्वपि धर्मादप्रच्यवनं स्वपरयोर्धर्मप्रच्यवनपरिपालनं सम्यक्त्वस्य स्थितिकरणं गुणः । ६ । जिनप्रणीतधर्मामृते नित्यानुरागता जिनशासने सदानुरागित्वम्, अथवा सद्यः प्रसूता यथा गौर्वत्से स्निह्यति तथा चातुर्वर्ण्ये संघे अकृत्रिमस्नेहकरणं सम्यक्त्वस्य वात्सल्यनामा गुणः । ७ । सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपोभिः आत्मप्रकाशनं सुतपसा स्वसमयप्रकटनं महापूजामहादानादिभिर्धर्मप्रकाशनं च जिनशासनोद्योतकरणं सम्यक्त्वस्य प्रभावनागुणः । ८ । इति पञ्चविंशतिगुणाः २५ ॥ 'संवेगो १ निर्वेदो २ निन्दा ३ गर्हा ४ तथोपशमो ५ भक्तिः ६ । अनुकम्पा ७ वात्सल्यं ८ गुणास्तु सम्यक्त्वयुक्तस्य ॥' धर्मे धर्मफले च परमा प्रीतिः संवेगः १ । संसारशरीरभोगेषु विरक्तता निर्वेदः २ । आत्मसाक्षिका निन्दा ३ । गुरुसाक्षिका गर्हा ४ । उपशमः क्षमापरिणामः ५ । सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेषु तद्वत्सु च भक्तिः ६ । सर्वप्राणिषु दया अनुकम्पा ७ । साधर्मिषु वात्सल्यम् ८ । इति सम्यक्त्वस्याष्टौ गुणाः । ८ । शङ्काकाङ्क्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतीचाराः । शंकनं शङ्का, यथा निर्ग्रन्थानां मुक्तिरुक्ता तथा सग्रन्थानामपि गृहस्थादीनां किं मुक्तिर्भवतीति शङ्का वा भयप्रकृतिः शङ्का इति शङ्का न कर्तव्या । सम्यक्त्वस्य शङ्कातिचारपरिहारः गुणः । १ । इहलोकपरलोकभोगकाङ्क्षा इति आकाङ्क्षातिचारपरित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः । २ ।

बाह्य और आभ्यन्तर परिग्रह से घिरे हुए कुगुरुओं को नमस्कार आदि करना गुरुमूढ़ता है। इस गुरुविषयक मूर्खताको छोड़ना तीसरा गुण है। आठों मदोंको छोड़नेसे सम्यक्त्वके आठ गुण होते हैं। इस तरह ये ग्यारह गुण हैं। कुदेव, कुदेवोंके भक्त मनुष्य, कुज्ञान, कुज्ञानके धारी, कुलिङ्गि (कुगुरु) और उसकी सेवा करनेवाले ये छः अनायतन है। इन छः अनायतनोंको त्याग देनेसे सम्यक्त्वके छः गुण होते हैं। इस तरह सतरह गुण हुए। अर्हन्त देवके द्वारा उपदिष्ट द्वादशाङ्ग वाणीमें से एकभी अक्षर अथवा पदके विषयमें ऐसी शङ्का न होना कि यह ठीक है अथवा नहीं, और जिनवचन तथा जैनदर्शनको सत्य मानना निःशंकित नामका गुण है। इस लोक अथवा परलोकमें इन्द्रियसम्बन्धी विषय-भोगोंकी इच्छा न करना अथवा मिथ्या आचार की चाह न करना निःकांक्षित नामका गुण है। शरीर वगैरहको स्वभावसे ही अपवित्र जानकर उसमें 'यह पवित्र है' इस प्रकारका मिथ्या संकल्प न करना अथवा 'जैन शास्त्रोंमें या जैन मार्गमें जो मुनियोंके लिये स्नान न करना वगैरह बतलाया है वह ठीक नहीं है, इससे घोर कष्ट होता है, यह न होता तो शेष सब ठीक है' इस प्रकारकी दुर्भावनाका न होना तीसरा निर्विचिकित्सा गुण है। संसारमें प्रचलित अनेक मिथ्या मार्गोंको, जो सच्चे-से प्रतीत होते हैं, परीक्षारूपी चक्षुके द्वारा युक्तिशून्य जानकर उनके विषयमें मोह न करना अर्थात् मिथ्या तत्त्वोंके भ्रममें न पड़ना अमूढदृष्टि नामक गुण है। उत्तम क्षमा आदि भावनाओंके द्वारा अपने और चतुर्विध संघके धर्मको बढ़ाना तथा चतुर्विध संघके दोषोंको

रत्नत्रयमण्डितशरीराणां जुगुप्सनं ज्ञानाद्यभावे दोषोद्भावनं विचिकित्सा इति तस्या अकरणं सम्यक्त्वस्य विचिकित्सातिचारवर्जनो गुणः । ३ । मिथ्यादृष्टीनां मनसा ज्ञानचारित्रोद्भावनं प्रशंसा तदकरणं प्रशंसातिचारपरित्यागः सम्यक्त्वगुणः । ४ । विद्यमानानाम् अविद्यमानानां मिथ्यादृष्टिगुणानां वचनेन प्रकटनं संस्तवः तस्य निरासः संस्तवातिचारपरित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः । ५ । इति । 'इहपरलोयत्ताणं अगुत्ति मरणवेयणाकस्सा । सत्तविहं भयमेदं णिद्दिट्ठं जिणवरेंदेहिं ॥' इहलोकभयपरित्यागः १, परलोकभयवर्जनम् २, पुरुषाद्यरक्षणात्त्राणभयत्यागः ३, आत्मरक्षोपायदुर्गाद्यभावागुप्तिभयत्यागः ४, मरणभयपरित्यागः ५, वेदनाभयत्यागः ६, विद्युत्पाताद्याकस्मिकभयपरित्यागः ७ । मायाशल्यं माया परवञ्चनं तत्परिहारः सम्यक्त्वस्य गुणः १, मिथ्यादर्शनशल्यं तत्त्वार्थश्रद्धानाभाव. तत्त्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः २, निदानशल्यं विषयसुखाभिलाषः तस्य परित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः ३, एवं एकत्रीकृताः अष्टचत्वारिंशन्मूलगुणाः जघन्यपात्रस्य सम्यग्दृष्टेः भवन्ति । सम्यक्त्वस्य

दूर करना उपबृंहण अथवा उपगूहन नामका गुण है। धर्मके विध्वंस करनेवाले क्रोध, मान, माया, लोभ वगैरह कारणोंके होते हुए भी धर्मसे च्युत न होना और दूसरें यदि धर्मसे च्युत होते हों तो उनको धर्ममें स्थिर करना स्थितिकरण गुण है। जिन भगवानके द्वारा उपदिष्ट धर्मरूपी अमृतमें नित्य अनुराग रखना, जिनशासनका सदा अनुरागी होना, अथवा जैसे तुरन्तकी ब्याही हुई गाय अपने बच्चेसे स्नेह करती है वैसे ही चतुर्विध संघमें अकृत्रिम स्नेह करना वात्सल्य गुण है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चारित्र और तप के द्वारा आत्माका प्रकाश करना और महापूजा महादान वगैरह के द्वारा जैन धर्मका प्रकाश करना अर्थात् ऐसे कार्य करना जिनसे जिनशासनका लोकमें उद्योत हो, आठवाँ प्रभावना गुण है। ये सम्यक्त्वके पच्चीस गुण है। टीकाकारने अपनी संस्कृत टीकामें सम्यक्त्वके ६३ गुण बतलाये हैं। और उसमेंसे ४८ को मूलगुण और १५ को उत्तर गुण कहा है। सम्यक्त्वके गुणोंके मूल और उत्तर भेद हमारे देखनेमें अन्यत्र नहीं आये। तथा इन त्रेसठ गुणोंमें से कुछ गुण पुनरुक्त पड़जाते हैं। फिरभी पाठकोंकी जानकारी लिये उन शेषगुणोंका परिचय टीकाकारके अनुसार कराया जाता है। सम्यक्त्वके आठ गुण और हैं–संवेग, निर्वेद, निन्दा, गर्हा, उपशम, भक्ति, अनुकम्पा और वात्सल्य। धर्म और धर्मफलमें अत्यन्त अनुराग होना संवेग है। संसार, शरीर और भोगोंसे विरक्त होना निर्वेद है। निन्दा स्वयं की जाती है और गर्हा गुरु वगैरहकी साक्षीपूर्वक होती है। क्षमाभावको उपशम कहते हैं। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रकी तथा सम्यग्दृष्टि, सम्यग्ज्ञानी, और चारित्रवानोंकी भक्ति करना भक्ति है। सब प्राणियोंपर दया करना अनुकम्पा है। साधर्मी जनोंमें वात्सल्य होता है। ये सम्यक्त्व के आठ गुण हैं। तथा शङ्का, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टिप्रशंसा, अन्यदृष्टिसंस्तव, ये सम्यग्दृष्टिके अतिचार हैं। जैसे निर्ग्रन्थोंकी मुक्ति कही है वैसेही सग्रन्थ गृहस्थोंकी भी मुक्ति होसकती है क्या ? ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। यह सम्यक्त्वका शंका अतिचारसे बचने रूप प्रथम गुण है। इस लोक और पर लोकके भोगोंकी चाहको कांक्षा कहते हैं। इस कांक्षा अतिचारसे बचना सम्यक्त्वका दूसरा गुण है। रत्नत्रयसे मण्डित निर्ग्रन्थ साधुओंके मलिन शरीरको देखकर ग्लानि करना विचिकित्सा है, और उसका न करना सम्यक्त्वका तीसरा गुण है। मिथ्यादृष्टियोंके ज्ञान और चारित्रकी मनसे तारीफ करना प्रशंसा है, और उसका न करना सम्यक्त्वका चौथा गुण है। मिथ्यादृष्टिमें गुण हों अथवा न हों, उनका वचनसे बखान करना संस्तव है, और उसका न करना सम्यक्त्वका पाँचवा गुण है। इस तरह पाँच अतिचारोंको

मूलगुणाः अष्टचत्वारिंशत्संख्योपेताः कथिताः तर्हि उत्तरगुणा के इति चेदुच्यते । 'मद्य १ मांस २ मधु ३ त्यागः पञ्चोदुम्बरवर्जनम् ८, तथा 'द्यूतं १ मांसं २ सुरा ३ वेश्या ४ पापर्द्धिः ५ परदारता ६ । स्तेयेन ७ सह सप्तेति व्यसनानि विदूरयेत् ॥' इत्यष्टौ मूलगुणाः सप्त व्यसनानि च इति पञ्चविंशतिसंख्योपेताः (?) जघन्यपात्रस्य सम्यग्दृष्टेरुत्तरगुणा भवन्ति १५। एवं त्रिषष्टिः सम्यक्त्वस्य गुणाः ६३ । प्रधाना मुख्या यस्य स सम्यक्त्वगुणप्रधानः स पुमान् देवेन्द्रनरेन्द्रवन्दितो भवति, देवेन्द्राः सौधर्मेन्द्रादयः नरेन्द्राः चक्रवर्त्यादयः तैः सम्यग्दृष्टिर्नरः वन्दितः नमस्करणीयः पूजनीयो भवति । त्यक्तव्रतोऽपि व्रतरहितोऽपि द्वादशव्रतरहितोऽपि, अपिशब्दात् व्रतसम्यक्त्वसहितोऽपि, सम्यक्त्ववान् स्वर्गसुखं सौधर्मादिदेवलोकसुखं शर्म प्राप्नोति लभते । सम्यग्दृष्टिः सम्यक्त्वेन कल्पवासिदेवानामायुर्बध्यते 'सम्यक्त्वं च' इति वचनात् । कीदृक्षं स्वर्गसुखम् । उत्तमं सर्वश्रेष्ठं प्रशस्यं सुखम् । पुनः कीदृक्षम् । विविधम् अनेकप्रकारं सौधर्माद्यच्युतस्वर्गपर्यन्तं विमानदेवाङ्गनाविक्रिया-सुखम् ॥ ३२६ ॥

सम्माइट्ठी जीवो दुग्गदि-हेदुं ण बंधदे कम्मं ।
जं बहु-भवेसु बद्धं दुकम्मं तं पि णासेदि[1] ॥ ३२७[4] ॥

[छाया–सम्यग्दृष्टिः जीवः दुर्गतिहेतु न बध्नाति कर्म । यत् बहुभवेषु बद्धं दुष्कर्म तत् अपि नाशयति ॥] सम्यग्दृष्टिः जीवः कर्म अशुभायुर्नामनीचगोत्रादिकं न बध्नाति प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबन्धैः बन्धनं न करोति । किंभूतं कर्म ।

छोड़ने से सम्यक्त्वके पांच गुण होते हैं। तथा सात प्रकारके भयको त्यागनेसे सात गुण होते हैं, जो इस प्रकार हैं–इस लोकसम्बन्धी भयका त्याग, परलोकसम्बन्धी भयका त्याग, कोई पुरुष वगैरह मेरा रक्षक नहीं है इस प्रकारके अरक्षाभयका त्याग, आत्मरक्षाके उपाय दुर्ग आदिके अभावमें होनेवाले अगुप्ति भयका त्याग, मरण भयका त्याग, वेदना भयका त्याग और बिजली गिरने आदि रूप आकस्मिक भयका त्याग। तीन शल्योंके त्यागसे तीन गुण होते हैं। मायाशल्य अर्थात् दूसरों को ठगने आदिका त्याग, तत्त्वार्थ श्रद्धानके अभावरूप मिथ्यादर्शन शल्यका त्याग, विषयसुखकी अभिलाषारूप निदान शल्यका त्याग। इस तरह इन सबको मिलानेपर सम्यग्दृष्टिके (२५+८+५ +७+३=४८) अड़तालीस मूल गुण होते हैं। तथा मद्य, मांस, मधु और पाँच उदुम्बर फलोंका त्याग और जुआ मांस मदिरा वेश्या शिकार परस्त्री और चोरी इन सात व्यसनोंका त्याग, इस तरह आठ मूल गुणों और सातों व्यसनोंके त्यागको मिलानेसे सम्यक्त्वके १५ उत्तर गुण होते हैं। सम्यक्त्वके इन ६३ गुणोंसे विशिष्ट व्यक्ति सबसे पूजित होता है। तथा व्रत न होनेपर भी वह देवलोकका सुख भोगता है क्योंकि सम्यक्त्वको कल्पवासी देवोंकी आयुके बन्धका कारण बतलाया है। अतः सम्यग्दृष्टि जीव मरकर सौधर्म आदि स्वर्गोंमें जन्म लेता है और वहाँ तरह तरहके सुख भोगता है ॥ ३२६ ॥ **अर्थ**–सम्यग्दृष्टि जीव ऐसे कर्मोंका बन्ध नहीं करता जो दुर्गतिके कारण हैं। बल्कि पहले अनेक भवोंमें जो अशुभ कर्म बाँधे हैं उनका भी नाश कर देता है ॥ **भावार्थ**–सम्यग्दृष्टिजीव दूसरे आदि नरकोंमें लेजाने वाले अशुभ कर्मोंका बन्ध नहीं करता। आचार्योंका कहना है–'नीचे के छः नरकोंमें, ज्योतिष्क, व्यन्तर और भवनवासी देवोंमें तथा सब प्रकारकी स्त्रियोंमें सम्यग्दृष्टि जन्म नहीं लेता। तथा पाँच स्थावर कायोंमें, असंज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें, निगोदियाजीवोंमें और कुभोगभूमियोंमें सम्यग्दृष्टि नियमसे उत्पन्न नहीं होता।' रविचन्द्राचार्यने भी कहा है कि नीचेकी छः

---

१ ब व्रतसमस्तसहितोऽपि। २ ब दुग्गइ। ३ ग तं पणासेति। ४ ब अविरदसम्माइट्ठी बहुतस इत्यादि।

दुर्गतिहेतुर्दुर्गतिकारणं द्वितीयादिनरकगमनहेतु· ज्योतिष्कव्यन्तरभवनवासिसर्वस्त्रीद्वादशमिथ्यावादेषु उत्पत्तिकारणं कर्म न बध्नातीत्यर्थः। तदपि प्रसिद्धं दुःकर्म अशुभकर्म नाशयति स्फेटयति समयं समयं प्रति गुणश्रेणिमात्रनिर्जरणं करोति निर्जरामुखेन विनाशयतीत्यर्थ· । तत् किम् । यत् बहुभवेषु नरनारकाद्यनेकभवेषु बद्धं कर्मबन्धनविषयं नीतं सम्यग्दृष्टि-र्दुर्गतिकारणं कर्म न बध्नाति । किं नाम दुर्गतिरिति चेत् आचार्या ब्रुवन्ति । "छसु हेट्ठिमासु पुढवी जोइसवणभवणसव्व-इत्थीसु । बारसमिच्छावादे सम्माइट्ठिस्स णत्थि उववादो ॥" "पंचसु थावरवियले असणिणिगोदेसु मेच्छकुभूमोगे । सम्मा-इट्ठी जीवा णो उववज्जंति णियमेण ॥" तथा रविचन्द्राचार्येणोक्तं च । "षट्स्वधःपृथ्वीषु ज्योतिर्वनभवनजेषु च स्त्रीषु । विकलैकेन्द्रियजातिषु सम्यग्दृष्टेर्न चोत्पत्ति· ॥" तथा समन्तभद्रस्वामिनोक्तं च । "सम्यग्दर्शनशुद्धा नारकतिर्यङ्नपुंसकस्त्री-त्वानि । दुःकुलविकृताल्पायुर्दरिद्रतां च व्रजन्ति नाप्यव्रतिकाः ॥" "दुर्गतावायुषो बन्धे सम्यक्त्वं यस्य जायते । गतिच्छेदो न तस्यास्ति तथाप्यल्पतरा स्थिति ॥" "न सम्यक्त्वसमं किंचित्त्रैकाल्ये त्रिजगत्यपि । श्रेयोऽश्रेयश्च मिथ्यात्वसमं नान्यत् तनूभृताम् ॥" इत्यविरतसम्यग्दृष्टेर्जघन्यपात्रस्य सागारिण· केवलसम्यक्त्वमेव धर्मभेद· प्रथमं निरूपितः ॥ ३२७ ॥ अथ द्वितीयदर्शनिकश्रावकलक्षणं लक्षयति गाथाद्वयेन–

बहु-तस-समण्णिदं जं मज्जं मंसादि णिंदिदं दव्वं ।
जो ण य सेवदि णियदं सो दंसण-सावओ होदि ॥ ३२८ ॥

[छाया–बहुत्रससमन्वितं यत् मद्यं मांसादि निन्दितं द्रव्यम् । यः न च सेवते नियतं स दर्शनश्रावकः भवति ॥] स प्रसिद्धः दर्शनश्रावक सम्यक्त्वपूर्वकश्रावकः दर्शनिकप्रतिमापरिणतः श्राद्धो भवति । स कः । यः दर्शनिकश्रावकः यत् मद्यं सुराम् आसवं न सेवते न भक्षयति नात्ति न पिबति। च पुनः, मांसादि निन्दितं द्रव्यं मांसं पलं पिशितं द्विधातुजम् आदि-

---

पृथिवियोंमें, ज्योतिष्क व्यन्तर और भवनवासी देवोंमें, स्त्रियोंमें, विकलेन्द्रियों और एकेन्द्रियोंमें सम्यग्दृष्टि की उत्पत्ति नहीं होती । समन्तभद्र स्वामीने भी कहा है–'सम्यग्दर्शनसे शुद्ध व्रतरहित जीव भी मर-कर नारकी, तिर्यञ्च, नपुंसक, और स्त्री नहीं होते, तथा नीचकुलवाले, विकलाङ्ग, अल्पायु और दरिद्र नहीं होते ।' किन्तु यदि किसी जीवने पहले आयुबन्ध कर लिया हो और पीछे उसे सम्यक्त्वकी प्राप्ति हुई हो तो गतिका छेद तो हो नहीं सकता, परन्तु आयु छिदकर बहुत थोड़ी रह जाती है । जैसे राजा श्रेणिकने सातवें नरककी आयुका बन्ध किया था । पीछे उन्हें क्षायिक सम्यक्त्व हुआ तो नरक गतिमें तो उनको अवश्य जाना पड़ा परन्तु सातवें नरककी आयु छिदकर प्रथम नरककी जघन्य आयु शेष रह गई । अर्थात् ३३ सागरसे घटकर केवल चौरासी हजार वर्षकी आयु शेष रह गई । अतः सम्यग्दृष्टि जीव दुर्गतिमें लेजानेवाले अशुभ कर्मका बन्ध नहीं करता । इतना ही नहीं बल्कि पहले अनेक भवोंमें बांधे हुए अशुभ कर्मोंकी प्रतिसमय गुणश्रेणि निर्जरा करता है । इसीसे सम्यक्त्वका माहात्म्य बतलाते हुए स्वामी समन्तभद्रने कहा है कि 'तीनों लोकों और तीनों कालोंमें सम्यक्त्वके बराबर कल्याणकारी वस्तु नहीं है और मिथ्यात्वके समान अकल्याणकारी वस्तु नहीं है ।' इस प्रकार गृहस्थ धर्मके बारह भेदोंमेंसे प्रथम भेद अविरतसम्यग्दृष्टिका निरूपण समाप्त हुआ ॥ ३२७ ॥ आगे दो गाथाओंसे दूसरे भेद दर्शनिकका लक्षण कहते हैं । **अर्थ**–बहुत त्रसजीवोंसे युक्त मद्य, मांस आदि निन्दनीय वस्तुओंका जो नियमसे सेवन नहीं करता वह दर्शनिक श्रावक है ॥ **भावार्थ**–दर्शनिक श्रावक, दो इन्द्रिय, ते इन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय जीव जिसमें पाये जाते हैं ऐसा शराब और मांस तथा आदि शब्दसे चमड़ेके पात्रमें रखे हुए हींग, तेल, घी और जल वगैरह, तथा मधु, मक्खन, रात्रिभोजन, पञ्च उदुम्बर फल, अचार, मुरब्बे, घुना हुआ अनाज नहीं खाता और न सात

शब्दात् चर्मगतहिङ्गुतैलघृतजलादिमधुनवनीतं कांजिकं रात्रिभोजनं सजन्तुफलपत्रकं संधानकं द्विधान्यादिकं द्यूतादिसप्तव्यसनं च न सेवते न भजते, नियमात् निश्चयपूर्वकम्, नाश्नाति न सेवते च। कीदृक्षम्। मद्यमांसमधुचर्मपात्रगतजलघृततैलमध्वादिकं[1] बहुत्रससमन्वितं द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियजीवसहितम् ॥ ३२८ ॥

जो दिढ-चित्तो कीरदि[2] एवं पि वयं णियाण-परिहीणो ।
वेरग्ग-भाविय-मणो सो वि य दंसण-गुणो होदि ॥ ३२९[3] ॥

[छाया–यः दृढचित्तः करोति एवम् अपि व्रतं निदानपरिहीनः । वैराग्यभावितमनाः सः अपि च दर्शनगुणः भवति ॥] च पुनः, सोऽपि न पूर्वः पूर्वोक्तः इत्यपिशब्दार्थः । दर्शनगुणः दार्शनिकः श्रावको भवति । स कः । यः एवं पूर्वोक्तं मद्यादिवर्जनलक्षणं व्रतं नियमं प्रतिज्ञां प्रत्याख्यानं करोति विदधाति । कीदृक्षः । दृढचित्तः निश्चलमनाः, मायाकपटपाषण्डरहित इत्यर्थः । पुनः किंलक्षणः । निदानपरिहीणः, निदानम् इहलोकपरलोकसुखाभिलाषलक्षणं तेन रहितः निदानरहितः । पुनः कथंभूतः । वैराग्यभावितमनाः, वैराग्येण भवाङ्गभोगविरतिलक्षणेन भावितं मनः चित्तं यस्य स

व्यसनोंका ही सेवन करता है। ये सभी वस्तुए निन्दनीय हैं। शराब पीनेसे मनुष्य बदहोश हो जाता है, उसे कार्य और अकार्यका ज्ञान नहीं रहता। मांस त्रस जीवोंका घात किये बिना बनता नहीं, तथा उसे खाकर भी मनुष्य निर्दयी और हिंसक बनजाता है। शहद तो मधुमक्खियोंके घातसे बनता है तथा उनका उगाल है। पीपल, बड़, गूलर वगैरहके फलोंमें त्रसजीव प्रत्यक्ष देखे जाते हैं। चमड़ेमें रखी हुई वस्तुओंके खानेसे मांस खानेका दोष लगता है। रात्रिभोजन तो अनेक रोगोंका घर है। अतः इन चीजोंका सेवन करना उचित नहीं है। तथा सप्त व्यसन भी विपत्तिके घर हैं। जुआ खेलनेसे पाण्डवोंने अपनी द्रौपदीतकको दावपर लगा दिया और फिर महाकष्ट भोगा। मांस खानेका व्यसनी होनेसे राजा बकको उसकी प्रजाने मार डाला। शराब पीनेके कारण यादववंश द्वीपायन मुनिके क्रोधसे नष्ट होगया। वेश्या सेवन करनेसे चारुदत्तकी बड़ी दुर्गति हुई। चोरी करनेसे शिवदत्तको कष्ट उठाना पड़ा। शिकार खेलनेसे ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती मरकर नरकमें गया। और परस्त्रीगामी होनेसे रावणकी दुर्गति हुई। अतः व्यसन भी बुराईयोंकी जड़ हैं। फिर सम्यग्दृष्टि तो धर्मकी मूर्ति है। वह भी यदि अभक्ष्य वस्तुओंको खाता है और अन्याय करता है तो अपनेको और अपने धर्मको मलिन करने और लजानेके सिवा और क्या करता है? अतः इनका त्यागीही दर्शनप्रतिमाका धारी होता है ॥ ३२८ ॥ **अर्थ–**वैराग्यसे जिसका मन भीगा हुआ है ऐसा जो श्रावक अपने चित्तको दृढ़ करके तथा निदानको छोड़कर उक्त व्रतोंको पालता है वही दर्शनिक श्रावक है ॥ **भावार्थ–**जो श्रावक संसार, शरीर और भोगोंसे विरक्त होकर तथा इस लोक और परलोकके विषय सुखकी अभिलाषाको छोड़कर निश्चल चित्तसे पूर्वोक्त व्रतोंका पालन करता है वही दर्शनिक श्रावक कहा जाता है। टीकाकारने गाथाके 'वि' शब्दका 'भी' अर्थ करके यह अर्थ किया है कि केवल पूर्वोक्तही दर्शनिक श्रावक नहीं होता किन्तु इस गाथामें बतलाया हुआ भी दर्शनिक श्रावक है किन्तु यहाँ हमें 'वि' शब्दका अर्थ 'ही' ठीक प्रतीत होता है; क्यों कि पहली गाथामें जो दर्शनिक श्रावकका स्वरूप बतलाया है उसीके ये तीन विशेषण और हैं। प्रथम तो उसे अपने मनमें दृढ़ निश्चय करके ही व्रतोंको स्वीकार करना चाहिये; नहीं तो परीषह आदिसे कष्ट पानेपर व्रतकी प्रतिज्ञासे चिग सकता है। दूसरे,

१ आदर्शे तु 'तैलरामठादिकं' इति पाठः। २ क म स ग दढचित्तो जो कुव्वदि। ३ ब दंसणप्रतिमा पंचम इत्यादि।

वैराग्यभावितमनाः, भवाङ्गभोगेषु विरक्तचित्त इत्यर्थः । तथा वसुनन्दिसिद्धान्तिना गाथात्रयेण दर्शनिकस्य लक्षणमुक्तं च । "पंचुंबरसहियाइं सत्त वि वसणाइ जो विवज्जेइ । सम्मत्तविसुद्धमई सो दंसणसावओ भणिओ ॥ उंबरवडपिंपलपिंपरीयसंधाणतरुपसूणाई । णिच्चं तससंसिद्धाइं ताइं परिवज्जियव्वाइं ॥ जूवं मज्जं मंसं वेसा पारद्धि चोरपरदारं । दुग्गइगमणस्सेदाणि हेउभूदाणि पावाणि ॥" इति दर्शनिकश्रावकस्य द्वितीयो धर्मः प्ररूपितः ॥ ३२९ ॥ अथ व्रतिकश्रावकं प्रकाशयति-

पंचाणुव्वय-धारी गुण-वय-सिक्खा-वएहिं[1] संजुत्तो ।
दिढ-चित्तो सम-जुत्तो णाणी वय-सावओ होदि ॥ ३३० ॥

[छाया-पञ्चाणुव्रतधारी गुणव्रतशिक्षाव्रतैः संयुक्तः । दृढचित्तः शमयुक्तः ज्ञानी व्रतश्रावकः भवति ॥] भवति अस्ति । कोऽसौ । व्रतश्रावकः । शृणोति जिनोदितं तत्त्वमिति श्रावकः, व्रतेन नियमेन अहिंसादिलक्षणेनोपलक्षितः श्रावकः व्रतश्रावकः । कथंभूतः । पञ्चाणुव्रतधारी, अणुव्रतानि स्थूलहिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहविरतिलक्षणानि पञ्च च तानि अणुव्रतानि पञ्चाणुव्रतानि धरतीत्येवंशीलः पञ्चाणुव्रतधारी, पञ्चस्थूलअहिंसादिव्रतधारी । पुनः कीदृक् । गुणव्रतशिक्षाव्रतैः संयुक्तः, गुणव्रतैः दिग्व्रत १ देशव्रत २ अनर्थदण्डविरतिव्रतैस्त्रिभिः, शिक्षाव्रतैः सामायिक १ प्रोषधोपवास २ भोगोपभोगवस्तुसंख्या ३ अतिथिसंविभाग ४ व्रतैश्चतुर्भिश्च संयुक्तः सहितः । पुनः कथंभूतः । दृढचित्तः निश्चलमनाः उपसर्गपरीषहादिभिरखण्डितव्रतः । पुनः किंलक्षणः । शमयुक्तः उपशमसाम्यसंवेगादिपरिणामः । पुनः कीदृक् । ज्ञानी आत्मशरीरयोर्भेदविज्ञानसयुक्तः शुभाशुभपुण्यपापहेयोपादेयज्ञानविज्ञानवान् ॥ ३३० ॥ अथ प्रथमाणुव्रतं गाथाद्वयेनाह-

जो वावरेइ[2] सदओ अप्पाण-समं परं पि मण्णंतो ।
णिंदण-गरहण-जुत्तो परिहरमाणो महारंभे[3] ॥ ३३१ ॥

इस लोक और परलोकमें विषयभोगकी प्राप्तिकी भावनासे व्रतोंका पालन नहीं करना चाहिये, क्यों कि जैन व्रताचरण भोगोंसे निवृत्तिके लिये हैं, भोगोंमें प्रवृत्तिके लिये नहीं । तीसरे, उसका मन संसार के भोगोंसे उदासीन होना चाहिये । मनमें वैराग्य न होते हुए भी जो लोग त्यागी वन जाते हैं वे त्यागी बनकर भी विषयकषायका पोषण करते हुए पाये जाते हैं । इसीसे शास्त्रोंमें शल्यरहितको ही व्रती कहा है । अतः इन तीन बातोंके साथ जो पूर्वोक्त व्रतोंको पालता है वही दर्शनिक श्रावक है । किन्तु जो मनमें राग होते हुए भी किसी लौकिक इच्छासे त्यागी बन जाता है वह व्रती नहीं है । आचार्य वसुनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्तीने तीन गाथाओंके द्वारा दर्शनिकका लक्षण इस प्रकार कहा है-'जो सम्यग्दृष्टि जीव पाँच उदुम्बर फलोंका और सात व्यसनोंका सेवन नहीं करता वह दर्शनिक श्रावक है । १ । गूलर, वड़, पीपल, पिलखन और पाकर ये पाँच उदुम्बर फल, अचार तथा वृक्षोंके फूल इन सबमें सदा त्रस जीवोंका वास रहता है, अतः इन्हें छोड़ना चाहिये । २ । जुआ, मद्य, मांस, वेश्या, शिकार, चोरी, परस्त्री ये सात पाप दुर्गतिमें गमनके कारण हैं, अतः इन्हें भी छोड़ना चाहिये । ३ । इस प्रकार द्वितीय दर्शनिक श्रावकका स्वरूप बतलाया ॥ ३२९ ॥ अब व्रती श्रावकका स्वरूप बतलाते हैं । **अर्थ-**जो पाँच अणुव्रतोंका धारी हो, गुणव्रत और शिक्षाव्रतोंसे युक्त हो, दृढचित्त समभावी और ज्ञानी हो वह व्रती श्रावक है ॥ **भावार्थ-**जो जिन भगवानके द्वारा कहे हुए तत्त्वोंको सुनता है उसे श्रावक कहते हैं, और जो श्रावक पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतोंका धारी होता है उसे व्रती श्रावक कहते है [वह उपसर्ग परीषह आदि आनेपर भी व्रतोंसे विचलित नहीं होता तथा साम्यभावी और हेय उपादेयका जानकार होता है] ॥ ३३० ॥ आगे दो गाथाओंसे प्रथम अणुव्रत

---

१ स वयेहिं । २ ग वावरइ (वावारइ ?) ३ ग महारंभो ।

[छाया-यः व्यापारयति सदयः आत्मसमं परम् अपि मन्यमानः । निन्दनगर्हणयुक्तः परिहरमाणः महारम्भान् ॥] यः श्रावकः सदयः मनोवाक्कायकृतकारितानुमतप्रकारेण द्वीन्द्रियादित्रसजीवरक्षणपरः कृपापरः व्यापृणोति गृहहट्टादिव्यापारं करोति । कीदृक् सन् । परं पि परमपि प्राणिनं जीवम् आत्मना समं स्वात्मना सदृशं परजीवं मन्यमानः श्रद्धानः जानन् पश्यन्नपि । पुनः कीदृक् । निन्दनगर्हणयुक्तः आत्मना आत्मसाक्षिकं स्वदोषप्रकाशनं निन्दनं गुरुसाक्षिकं दोषप्रकाशनं गर्हणं, निन्दनं स्वगर्हणं च निन्दनगर्हे ताभ्यां निन्दनगर्हाभ्यां युक्तः सहितः । पुनः कथंभूतः । महारम्भान् परिहरमाणः कृषिभूमिविदारणामिदाहागालितजलसेकशकटनौवाहनादिवनस्पतिच्छेदनाद्यनेकप्रकारान् महारम्भान् पापव्यापारान् परिहरमाणः त्यजन् परिहरन् निवृत्तिं कुर्वाणः इत्यर्थः ॥ ३३१ ॥

तस-घादं जो ण करदि मण-वय-काएहि णेव कारयदि[1] ।
कुव्वंतं पि ण इच्छदि पढम-वयं जायदे तस्स ॥ ३३२ ॥

[छाया-त्रसघातं यः न करोति मनोवचःकायैः नैव कारयति । कुर्वन्तम् अपि न इच्छति प्रथमव्रतं जायते तस्य ॥] तस्य सम्यग्दृष्टेः श्रावकस्य प्रथमव्रतं हिंसाविरतिव्रतं जायते उत्पद्यते । तस्य कस्य । यः श्रावकः त्रसघातं न करोति त्रसानां द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियाणां शंखशुक्तिभूलताजलौकाकृमिकीटकादिकुन्थूदेहिकामत्कुणकीटिकायूकावृश्चिकादिपतङ्गभ्रमरदंशमशकमक्षिकादिपशुमृगमनुष्यादिजीवाना जङ्गमाना घातः तत्र सघातं त्रसहिंसनं प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं न करोति न विदधाति । कैः कृत्वा । मनोवचःकायैः मनसा वचनेन शरीरेण च तैरेव कारयति कुर्वन्तं नैव प्रेरयति । अपि पुनः कुर्वन्तं हिंसादिकर्म कुर्वाणं नैव इच्छति न अनुमनुते अनुमोदनां न करोति मनोवचनकायैः । तथाहि । स्वयमात्मना मनसा कृत्वा त्रसवधं त्रसानां घातं हिंसनं प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं न करोति इत्येको भङ्गः । १ । मनसा परपुरुषं संप्रेर्य त्रसजीवघातं नैव कारयति । मनसि मध्ये एवं चिन्तयति । एनं पुरुषं कथयित्वा त्रसजीवघातं कारयिष्यामि इति चिन्तनं न विदधातीत्यर्थः । इति द्वितीयो भङ्गः । २ । मनसा त्रसघातं कुर्वन्तं पुरुषं नानुमोदयति, त्रसघातं कुर्वन्तं नरं दृष्ट्वा अनुमोदनां हर्षं प्रमोदं न करोतीत्यर्थं । इति तृतीयो भङ्गः । ३ । स्वयं स्वकीयवचनेन कृत्वा त्रसकायिकजीववधं हिंसनं बाधां प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं न करोति । मया हिंसा कृता हिंसां करोमि करिष्यामीति वचनं न वदति । इति चतुर्थो भङ्गः । ४ । वचनेन परजनं प्रेरयित्वा त्रसकायिकानां हिंसा घातं बाधा प्राणव्यपरोपणं न कारयति । इति पञ्चमो भङ्गः । ५ । वचनेन

को कहते हैं। **अर्थ**–जो श्रावक दयापूर्वक व्यापार करता है, अपने ही समान दूसरोंको भी मानता है, अपनी निन्दा और गर्हा करता हुआ महाआरम्भको नहीं करता ॥ **भावार्थ**–जो श्रावक दूसरे जीवोंको भी अपनेही समान मानकर अपना सब काम दयाभावसे करता है जिससे किसीको किसीभी तरहका कष्ट न पहुँचे। यदि उससे कोई गल्ती होजाती है तो स्वयं अपनी निन्दा करता है और अपने गुरु वगैरहसे अपने दोषका निवेदन करते हुए नहीं सकुचाता । तथा जिनमें त्रस हिंसा अधिक होती है ऐसे कामोंको नहीं करता । जैसे भट्टा लगाना, जंगल फुकवाना, तालाव सुखाना, जंगल काटना आदि और उतना ही व्यापार करता है जितना वह स्वयं कर सकता है ॥ ३३१ ॥ **अर्थ**–तथा जो मन वचन और कायसे त्रसजीवोंका घात न स्वयं करता है, न दूसरोंसे कराता है और कोई स्वयं करता हो तो उसे अच्छा नहीं मानता, उस श्रावकके प्रथम अहिंसाणुव्रत होता है ॥ **भावार्थ**–शंख, सीप, केंचुआ जौंक, कीड़े, चींटी, खटमल, जूं, बिच्छू, पतिंगे, भौरा, डांस, मच्छर, मक्खी, पशु, मृग और मनुष्य वगैरह जंगम प्राणियोंकी मनसे, बचनसे, कायसे स्वयं हिंसा न करना, दूसरोंसे हिंसा न कराना और कोई करता हो तो उसको प्रोत्साहित न करना अहिंसाणुव्रत है। मन वचन काय और कृत, कारित, अनुमोदनाको मिलानेसे नौ भंग होते हैं जो इस प्रकार हैं–अपने मनमें त्रसजीवोंको मारनेका विचार नहीं करता १ । दूसरे पुरुषके द्वारा त्रसजीवोंका घात करनेका विचार मनमें नहीं लाता, अर्थात् ऐसा नहीं

---

१ ग कायेहिं णेय करयदि ।

त्रसजीवानां घातं नानुमोदयति । मया हिंसादिकमेदं समीचीनं कृतं तथा करोमि करिष्यामीति वचनानुमोदनं वचनेन हर्षोद्भवनं न करोति । इति षष्ठो भङ्गः । ६ । स्वयं स्वात्मना कायेन कृत्वा त्रसकायिकानां जीवानां घातं प्राणव्यपरोपणं न करोति । मया हिंसा कृता हिंसां करोमि करिष्यामीति कायेन इति न करोति । इति सप्तमो भङ्गः । ७ । कायेन परजनं प्रेर्य त्रसकायिकानां प्राणिनां हिंसा पीडा बाधां प्राणव्यपरोपणं त्रसघातं न कारयति । इति अष्टमो भङ्गः । ८ । स्वयं शरीरेण त्रसघातं प्राणव्यपरोपणं नानुमोदयति । तत्कथम् । हिंसाकर्मणि शरीरे सोद्यमबलभवनं यष्टिमुष्टिपादप्रहारादिदर्शनं, हिंसादिकं दृष्ट्वा श्रुत्वा च हर्षं प्राप्य मस्तकादिदोलनं, चौरादिकपीडाकाष्ठभक्षणभृगुपातमल्लयुद्धग्रामादिषु सत्सु उत्साहपूर्वकं लोचनाभ्यामवलोकनं कर्णे तद्वार्ताश्रवणेऽपि उत्साहः चेत्यादिककायादिचेष्टनं शरीरानुमोदनादिकं न कर्तव्यम् । इति नवमो भङ्गः । ९ । एवं नव भङ्गाः । तथा मनोवाक्काययोगैः कृतकारितानुमतविकल्पैः त्रसजीवानां रक्षानुकम्पा दया कर्तव्या अनृतविरत्याद्यणुव्रतेषु ज्ञातव्याः । तथा गृहादिकार्यं विना वनस्पत्यादिपञ्चस्थावरजीवबाधा न कर्तव्या । तथा अहिंसाव्रतस्य

विचारता कि अमुक पुरुषसे कहकर त्रसजीवोंका घात कराऊँगा २ । किसीको त्रस घात करता हुआ देखकर मनमें ऐसा नहीं विचारता कि यह ठीक कर रहा है ३ । वचनसे स्वयं हिंसा नहीं करता अर्थात् कठोर अप्रिय वचन बोलकर किसीका दिल नहीं दुखाता, न कभी गुस्सेमें आकर यही कहता है कि तेरी जान लूंगा, तुझे काट डालूंगा आदि ४ । वचनसे दूसरोंको हिंसा करनेके लिये प्रेरित नहीं करता कि अमुकको मार डालो ५ । वचनसे त्रस घातकी अनुमोदना नहीं करता कि अमुक मनुष्यने अमुकको अच्छा मारा है ६ । स्वयं हाथ वगैरह से हिंसा नहीं करता ७ । हाथ वगैरहके संकेतसे दूसरोंको हिंसा करनेकी प्रेरणा नहीं करता ८ । और न हाथ वगैरह के संकेतसे किसी हिंसकके कार्यकी सराहना ही करता है अर्थात् लकड़ी, मुष्टी और पैर वगैरहसे प्रहार करनेका संकेत नहीं करता और न हिंसाको देखकर अथवा सुनकर खुशीसे सिर हिलाता है, यदि कोई अपराधीकी भी जान लेता हो, या मल्लयुद्ध होता हो तो उसे उत्साह पूर्वक देखता नहीं रहता और न कानोंसे सुनकर ही प्रसन्न होता है ९ । इसप्रकार नौ विकल्पों से त्रस जीवोंकी हिंसा नहीं करनी चाहिये । तथा बिना आवश्यकताके जमीन खोदना, पानी बहाना, आग जलाना, हवा करना और वनस्पति काटना आदि कार्यभी नहीं करने चाहिये । अर्थात् बिना जरूरतके स्थावर जीवोंको भी पीड़ा नहीं देनी चाहिये । यह अहिंसाणुव्रत है । इसके पाँच अतिचार (दोष) भी छोड़ने चाहियें । वे अतिचार इस प्रकार हैं–बन्ध, वध, छेद, अतिभारारोपण और अन्नपाननिरोध । प्राणीको रस्सी साकल वगैरहसे ऐसा बाँध देना, जिससे वह यथेच्छ चल फिर न सके यह बन्ध नामका अतिचार है । पालतु जानवरोंको भी जहाँ तक संभव हो खुला ही रखना चाहिये और यदि बाधना आवश्यक हो तो निर्दयतापूर्वक नहीं बाँधना चाहिये । लकड़ी, दण्डे, बेंत वगैरहसे निर्दयतापूर्वक पीटना वध नामक अतिचार है । कान, नाक, अंगुलि, लिंग, आंख वगैरह अवयवोंको छेदना भेदना छेद नामका अतिचार है । किसी अवयवके विषाक्त होजानेपर दयाबुद्धिसे डाक्टरका उसे काट डालना इसमें सम्मिलित नहीं है । लोभमें आकर घोड़े वगैरहपर उचित भारसे अधिक भार लादना या मनुष्योंसे उनकी शक्तिके बाहर काम लेना अतिभारारोपण नामका अतिचार है । गाय, भैंस, बैल, घोड़ा, हाथी, मनुष्य, पक्षी वगैरह को भूख प्यास वगैरहकी पीड़ा देना अन्नपाननिरोध नामका अतिचार है । ये और इस प्रकारके अतिचार अहिंसाणुव्रतीको छोड़ने चाहिये । इस व्रतमें यमपाल नामका चाण्डाल प्रसिद्ध हुआ है । उसकी कथा इस प्रकार है–पोदनापुर नगरमें राजा महाबल राज्य करता था । राजाने अष्टाह्निकाकी अष्टमीके दिनसे आठ दिन तक जीववध न करनेकी घोषणा कर रखी थी । राजपुत्र बलकुमार

पञ्चातिचारा वर्जनीयाः। तत्कथमिति चेत्। 'बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः।' निजेष्टदेशगमनप्रतिबन्धकरणं रज्जुशृंखलादिभिः बन्धनं बन्धः।१। यष्टितर्जनवेत्रदण्डादिभिः प्राणिनां ताडनं हननं वधः।२। कर्णकंबलनासिकाङ्गुलिलिङ्गप्रजननचक्षुरादीनाम् अवयवानां विनाशनं छेदः।३। न्यायाद्भारादधिकभारवाहनं राजदानादिलोभादतिभारारोपणं बहुभारधारणम्।४। गोमहिषीबलीवर्दवाजिगजमहिषमानवशकुन्तादीनां क्षुधातृषादिपीडोत्पादनम् अन्नपाननिरोधः।५। प्रथमाणुव्रतधारिणां पञ्चातिचारा वर्जनीयाः। अथ प्रथमव्रते यमपालमातङ्गबलकुमारयोः कथा ज्ञातव्या ॥ ३३२ ॥ अथ द्वितीयव्रतं गाथाद्वयेन व्यनक्ति–

हिंसा-वयणं ण वयदि कक्कस-वयणं पि जो ण भासेदि।
णिट्ठुर-वयणं पि तहा ण भासदे गुज्झ-वयणं पि ॥ ३३३ ॥
हिद-मिद-वयणं भासदि संतोस-करं तु सव्व-जीवाणं।
धम्म-पयासण-वयणं अणुव्वदी होदि[1] सो विदिओ ॥ ३३४ ॥

अत्यन्त मांसप्रेमी था। उसने राजाके उद्यानमें एकान्त देखकर राजाके मेढ़ेको मार डाला और उसे खा गया। मेढ़ेके मारनेका समाचार सुनकर राजा बड़ा क्रुद्ध हुआ और उसने उसके मारनेवालेकी खोज की। उद्यानके मालीने, जो उस समय वृक्षपर चढ़ा हुआ था, मेढ़ेको मारते हुए राजपुत्रको देख लिया था। रात्रिके समय उसने यह बात अपनी स्त्रीसे कही। राजाके गुप्तचरने सुनकर राजाको उसकी सूचना दे दी। सुबह होनेपर माली बुलाया गया। उसने सच सच कह दिया। 'मेरी आज्ञाको मेरा पुत्र ही तोड़ता है' यह जानकर राजा बड़ा रुष्ट हुआ और कोतवालको आज्ञा दी कि राजपुत्रके नौ टुकड़े कर डालो। कोतवाल कुमारको वधस्थान पर ले गया और चाण्डालको बुलानेके लिये आदमी गया। आदमीको आता हुआ देखकर चाण्डालने अपनी स्त्री से कहा–'प्रिये, उससे कह देना कि चाण्डाल दूसरे गाँव गया है'। और इतना कह कर घरके कोनेमें छिप गया। कोतवालके आदमीके आवाज देनेपर चाण्डालनीने उससे कह दिया कि वह तो दूसरे गाँव गया है। यह सुनकर वह आदमी बोला–'वह बड़ा अभागा है।आज राजपुत्रका वध होगा। उसके मारनेसे उसे बहुतसे वस्त्राभूषण मिलते।' यह सुनकर धनके लोभसे चण्डालनीने हाथके संकेतसे चण्डालको बता दिया, किन्तु मुखसे यही कहती रही कि वह तो गांव गया है। आदमीने घरमें घुसकर चण्डालको पकड़ लिया और वधस्थानपर लेजाकर उससे कुमारको मारनेके लिये कहा। चाण्डालने उत्तर दिया–आज चतुर्दशीके दिन मैं जीवघात नहीं करता। तब कोतवाल उसे राजाके पास लेगया और राजासे कहा–'देव, यह राजकुमारको नहीं मारता।' चाण्डाल बोला–'स्वामिन्! मुझे एक बार साँपने डस लिया और मैं मर गया। लोगोंने मुझे स्मशानमें ले जाकर रख दिया। वहाँ सर्वौषधि ऋद्धिके धारी मुनिके शरीरसे लगकर बहनेवाली वायुसे मैं पुनः जीवित होगया। मैंने उनके पास चतुर्दशीके दिन जीवहिंसा न करनेका व्रत ले लिया। अतः आज मैं राजकुमारको नहीं मारूँगा। देव जो उचित समझें करें। अस्पृश्य चाण्डालके व्रतकी बात सोचकर राजा बहुत रुष्ट हुआ। और उसने दोनोंको बन्धवाकर तालाबमें फिंकवा दिया। प्राण जानेपर भी अहिंसा व्रतको न छोड़नेवाले चाण्डालपर प्रसन्न होकर जलदेवताने उसकी पूजा की। जब राजा महाबलने यह सुना तो देवताके भयसे उसने भी चाण्डालकी पूजा की और उसे अपने सिंहासनपर बैठाकर अस्पृश्यसे स्पृश्य बना दिया ॥ ३३२ ॥ आगे दो

---

१ म हवदि, ग हविदि, छ हवदि।

[छाया-हिंसावचनं न वदति कर्कशवचनम् अपि यः न भाषते । निष्ठुरवचनम् अपि तथा न भाषते गुह्यवचनम् अपि ॥ हितमितवचनं भाषते संतोषकरं तु सर्वजीवानाम् । धर्मप्रकाशनवचनम् अणुव्रती भवति स द्वितीयः ॥] स द्वितीयः अणुव्रती, अणूनि अल्पानि व्रतानि यस्य स अणुव्रती भवति स्यात् । स कः । यः द्वितीयाणुव्रतधारी न वदति न वक्ति न भाषते । किं तत् । हिंसावचनं हिंसाकरं जीवहिंसाप्रतिपादकं च वचनं वाक्यं न वक्ति । अपि पुनः यः द्वितीयाणुव्रती कर्कशवचनं न भाषते । मूर्खस्त्वं बलीवर्दस्त्वं न किंचिज्जानासीति कर्कशवचनं कर्णकटुकप्रायं न वदति । परेषामुद्वेगजननीं, कुजातिस्त्वम्, मर्म च कटुका मर्मचालिनी, त्वम् अनेकदोषैर्दुष्टः मद्यपायी अभक्ष्यभक्षकस्त्वम् । परुषां भाषां न भाषते, तव मारयामि तव हस्तपादनासिकादिकं छेदयामि, परस्परविरोधकारिणी भाषेत्यादिवचनं निष्ठुरवाक्यं काठिन्यं वाक्यं न भाषते । अपि पुनः गुह्यवचनं न भाषते प्रच्छन्नवचनं स्त्रीपुरुषकृतं गुह्यं च गोप्यं वाक्यं न वक्ति । तर्हि किं भाषते । हितमितवचनं भाषते । हितं हितकारिवचनं स्वर्गमुक्तिसुखप्राप्तिकरं पथ्यप्रायं हितवाक्यं वदति, मितं स्वल्पं मर्यादावचनं भाषते । सर्वजीवाना सर्वेषां प्राणिनां संतोषकरणं प्रमोदोत्पादकं भाषते । तु पुनः, धर्मप्रकाशवचनं धर्मस्य वस्तुस्वरूपस्य उत्तमक्षमादिदशविधधर्मस्य श्रावकधर्मस्य यतिधर्मस्य वा प्रतिपादकं वाक्यं धर्मोपदेशं वदति । तथा चोक्तं च । 'लाभलोभभयद्वेषैर्व्यलीकं वचनं पुन. । सर्वथा तन्न वक्तव्यं द्वितीयं तदणुव्रतम् ॥'' ''स्थूलमलीकं न वदति न परान् वादयति सत्यमपि विपदे । यत्तद्वदन्ति सन्त· स्थूलमृषावादवैरमणम् ॥'' अनृतवचनोपायचिन्तनमपि प्रमत्तयोगादनृतमुच्यते ।

गाथाओंसे दूसरे अणुव्रतका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो हिंसाका वचन नहीं कहता, कठोर वचन नहीं कहता, निष्ठुर वचन नहीं कहता और न दूसरेकी गुप्त बातको प्रकट करता है । तथा हित मित वचन बोलता है, सब जीवोंको सन्तोषकारक वचन बोलता है, और धर्मका प्रकाश करनेवाला वचन बोलता है, वह दूसरे सत्याणुव्रतका धारी है ॥ **भावार्थ**–जिस वचनसे अन्य जीवोंका घात हो ऐसे वचन सत्याणुव्रती नहीं बोलता । जो वचन दूसरेको कड़ुआ लगे, जिसके सुनते ही क्रोध आजाये ऐसे कठोर वचन भी नहीं बोलता, जैसे, 'तू मूर्ख है, तू बैल है, कुछ भी नहीं समझता' इस प्रकारके कर्णकटु शब्द नहीं बोलता । जिसको सुनकर दूसरेको उद्वेग हो, जैसे तू कुजात है, शराबी है, कामी है, तुझमें अनेक दोष हैं, मै तुझे मार डालूंगा, तेरे हाथ पैर काट डालूँगा' इस प्रकारके निष्ठुर वचन नहीं बोलता । किन्तु हितकारी वचन बोलता है, और ज्यादा बक बक नहीं करता, ऐसे वचन बोलता है जिससे सब जीवोंको सन्तोष हो तथा धर्मका प्रकाश हो । कहा भी है–'लोभसे, डरसे, द्वेषसे असत्य वचन नहीं बोलना दूसरा अणुव्रत है ।' स्वामी समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारमें सत्याणुव्रतका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है–'जो स्थूल झूंठ न तो स्वयं बोलता है और न दूसरोंसे बुलवाता है, तथा सत्य बोलनेसे यदि किसीके जीवनपर संकट आता हो तो ऐसे समयमें सत्यवचन भी नहीं बोलता उसे सत्याणुव्रती कहते हैं' । बात यह है कि मूल व्रत अहिंसा है, शेष चारों व्रत तो उसीकी रक्षाके लिये हैं । अतः यदि सत्य बोलनेसे अहिंसाका घात हो तो ऐसे समय अणुव्रती श्रावक सत्य नहीं बोलता । असत्य बोलनेके उपायोंका विचार करना भी असत्यमें ही सम्मिलित है । इस व्रतके भी पांच अतिचार होते हैं–मिथ्योपदेश, रहोआख्यान, कूट लेख क्रिया, न्यासापहार और साकार मंत्र भेद । मूर्ख लोगोंके सामने स्वर्ग और मोक्षकी कारणरूप क्रियाका वर्णन अन्यथा करना और उन्हें सुमार्गसे कुमार्गमें डाल देना मिथ्योपदेश नामका अतिचार है । दूसरोंकी गुप्त क्रियाको गुप्तरूपसे जानकर दूसरोंपर प्रकट कर देना रहोआख्यान नामका अतिचार है । किसी पुरुषने जो काम नहीं किया, न किसीको करते सुना, द्वेषवश उसे पीड़ा पहुंचानेके लिये ऐसा लिख देना कि इसने ऐसा किया है या कहा है,

तथा पञ्चातिचारा वर्जनीयाः । 'मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्यासापहारसाकारमन्त्रभेदाः' । अभ्युदयनिःश्रेयसयोरिन्द्राहमिन्द्रतीर्थंकरादिसुखस्य परमनिर्वाणपदस्य च निमित्तं या क्रिया सत्यरूपा वर्तते तस्याः क्रियायाः मुग्धलोकस्य अन्यथाकथनम् अन्यथाप्रवर्तनं धनादिनिमित्तं परवञ्चनं च मिथ्योपदेशः । १ । स्त्रीपुरुषाभ्यां रहसि एकान्ते यः क्रियाविशेषोऽनुष्ठितः कृतः उक्तो वा स क्रियाविशेषो गुप्तवृत्त्या गृहीत्वा अन्येषां प्रकाश्यते तद्रहोभ्याख्यानम् । २ । केनचित्पुंसा अकथितम् अश्रुतं किंचित्कार्यं द्वेषवशात्परपीडार्थम् एवमनेनोक्तमेवमनेन कृतम् इति परवञ्चनार्थं यत् लिख्यते राजादौ दर्श्यते सा कूटलेखक्रिया पैशुन्यमित्यर्थः । ३ । केनचित्पुरुषेण निजमन्दिरे किं द्रव्यं न्यासीकृतं निक्षिप्तं तस्य द्रव्यस्य ग्रहणकाले संख्या विस्मृता विस्मरणात् अल्पं द्रव्यं गृह्णाति, न्यासवान् पुमान् अनुज्ञावचनं ददाति । हे देवदत्त यावन्मात्रं द्रव्यं तव वर्तते तावन्मात्रं त्वं गृहाण, किमत्र प्रष्टव्यम् । जानन्नपि परिपूर्णं तस्य न ददाति न्यासापहारः । ४ । कार्यकरणमङ्गविकारं भ्रूक्षेपादिकं परेषां दृष्ट्वा पराभिप्रायमुपलभ्य ज्ञात्वा असूयादिकारणेन तस्य पराभिप्रायस्य अन्येषां प्रकटनं यत् क्रियते स साकारमन्त्रभेदः । ५ । एते द्वितीयाणुव्रतस्य पञ्चातिचाराः वर्जनीयाः । असत्यवचने दृष्टान्तकथाः वसुनृपधनदेवजिनदेवसत्यघोषादीनां ज्ञातव्याः ॥ ३३३-३४ ॥ अथ तृतीयाचौर्यव्रतं गाथाद्वयेनाह-

जो बहु-मुल्लं[1] वत्थुं अप्पय[2]-मुल्लेण णेव गिण्हेदि ।
वीसरियं पि ण गिण्हदि लाहे थोवे[3] वि तूसेदि ॥ ३३५ ॥
जो परदव्वं ण हरदि माया-लोहेण कोह-माणेण ।
दिढ-चित्तो सुद्ध-मई अणुव्वई[4] सो हवे तिदिओ ॥ ३३६ ॥

[छाया-यः बहुमूल्यं वस्तु अल्पकमूल्येन नैव गृह्णाति । विस्मृतम् अपि न गृह्णाति लाभे स्तोके अपि तुष्यति ॥ यः

कूट लेख क्रिया नामका अतिचार है। किसी पुरुषने किसीके पास कुछ द्रव्य धरोहर रूपसे रखा। लेते समय वह उसकी संख्या भूल गया और जितना द्रव्य रख गया था उससे कम उससे मांगा तो जिसके पास धरोहर रख गया था वह उसे उतना द्रव्य दे देता है जितना वह मांगता है, और जानते हुए भी उससे यह नहीं कहता कि तेरी धरोहर अधिक है, तू कम क्यों मांगता है ? यह न्यासापहार नामका अतिचार है। मुखकी आकृति वगैरहसे दूसरोंके मनका अभिप्राय जानकर उसको दूसरोंपर प्रकट कर देना, जिससे उनकी निन्दा हो, यह साकार मंत्रभेद नामका अतिचार है। इस प्रकारके जिन कामोंसे व्रतमें दूषण लगता हो उन्हें नहीं करना चाहिये। सत्याणुव्रतमें धनदेवका नाम प्रसिद्ध है। उसकी कथा इस प्रकार है। पुण्डरीकिणी नगरीमें जिनदेव और धनदेव नामके दो गरीब व्यापारी रहते थे। धनदेव सत्यवादी था। दोनोंने बिना किसी तीसरे साक्षीके आपसमें यह तय किया कि व्यापारसे जो लाभ होगा उसमें दोनोंका आधा आधा भाग होगा। और वे व्यापारके लिये विदेश चले गये तथा बहुतसा द्रव्य कमाकर लौट आये। जिनदेवने धनदेवको लाभका आधा भाग न देकर कुछ भाग देना चाहा। इसपर दोनोंमें झगड़ा हुआ और दोनों न्यायालयमें उपस्थित हुए। साक्षी कोई था नहीं, अतः जिनदेवने यही कहा कि मैंने धनदेवको उचित द्रव्य देनेका वादा किया था, आधा भाग देनेका वादा नहीं किया था। धनदेवका कहना था कि आधा भाग देना तय हुआ था। राजाने धनदेवको सब द्रव्य देना चाहा, किन्तु वह बोला कि मैं तो आधेका हकदार हूँ, सबका नहीं। इसपरसे उसे सच्चा और जिन देवको झूंठा जानकर राजाने सब द्रव्य धनदेवको ही दिला दिया, तथा उसकी प्रशंसा की ॥ ३३३-३३४ ॥ आगे दो गाथाओंसे तीसरे अचौर्याणुव्रतका स्वरूप कहते हैं।

१ ब मोल्लं । २ अप्पय इति पाठः पुस्तकान्तरे दृष्टः, ब ल म स ग अप्पमुल्लेण । ३ स ग थूवे । ४ स अणुव्वदी ।

परद्रव्यं न हरति मायालोभेन क्रोधमानेन । दृढचित्तः शुद्धमतिः अणुव्रती स भवेत् तृतीयः ॥] स पुमान् तृतीयः अणुव्रती तृतीयाचौर्यव्रतधारी भवेत् स्यात् । स कः । यः पुमान् नैव गृह्णाति न च आदत्ते । किं तत् । अल्पमूल्येन स्तोकद्रव्येण बहुमूल्यं बहुद्रव्यमूल्यं वस्तु अनर्घ्यं रत्नमणिमाणिक्यमुक्ताफलस्वर्णकर्पूरकस्तूरिकापट्टकूलसुवर्णरूप्यनाणकादिवस्तु कूटरत्नमणिमाणिक्यमुक्ताफलपित्तलल्वणमषिरथूलवस्त्रकूटसुवर्णरूप्यनाणकादिना तुच्छमूल्येन न गृह्णातीत्यर्थः । विस्मृतमपि वस्तु अपिशब्दात् अविस्मृतं वस्तु केनापि विस्मृतम् अविस्मृतं वस्तु नादत्ते न गृह्णाति । अपिशब्दात् पतितम् अस्वामिकं भूम्यादौ लब्धं वस्तु न च गृह्णाति । हि स्फुटं निश्चयेन वा । स्तोकेऽपि स्वल्पेऽपि लाभे व्यापारसमये स्तोकेन स्वल्पेन लाभेन तुष्यति संतोषं प्राप्नोति । यः सतोषव्रतधारी परद्रव्यं परेषाम् अन्येषां द्रव्यं रत्नसुवर्णमाणिक्यपट्टकूलादिवस्तुम् अदत्तं सत् न हरते न आदत्ते न गृह्णाति न लाति । केन । मायालोभेन मायया कापट्येन धूर्तविद्यया पाषण्डप्रपञ्चेन, लोभेन तृष्णया अत्याकांक्षया, क्रोधमानेन कोपं कृत्वा अदत्तं वस्तु न गृह्णातीत्यर्थः, मानेन अहंकारेण अहं सर्वमान्यः वृद्ध इति कृत्वा परद्रव्यमदत्तं न गृह्णातीत्यर्थः । कीदृक्षः । तृतीयाणुव्रतधारी दृढचित्तः स्वव्रते निश्चलमनाः । पुनः कीदृक्षः । शुद्धमतिः स्वातिचारपञ्चकनिवृत्त्या निर्मलमतिः । 'स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रमहीनाधिकमानोन्मानप्रतिरूपकव्यवहाराः' । कश्चित्पुमान् चोरी करोति, अन्यस्तु कश्चित् तं चोरपुरुषं चोरयन्तं स्वयं प्रेरयति मनसा वाचा कायेन, अन्येन वा केनचित् पुंसा तं चोरपुरुषं चोरयन्तं स्वयं प्रेरयति मनसा वाचा कायेन, अन्येन वा केनचित्पुंसा तं चोरयन्तं प्रेर्यते मनसा वाचा कायेन, स्वयमन्येन वा प्रेर्यमाणं चोरी कुर्वन्तं अनुमन्यते मनसा वाचा कायेन । इति नवप्रकारेण स्तेनप्रयोगः । १ । चोरेण

अर्थ—जो बहुमूल्य वस्तुको अल्प मूल्यमें नहीं लेता, दूसरे की भूली हुई वस्तुको भी नहीं उठाता, थोड़े लाभसे ही सन्तुष्ट रहता है, तथा कपट, लोभ, माया या क्रोधसे पराये द्रव्यका हरण नहीं करता, वह शुद्धमति दृढनिश्चयी श्रावक अचौर्याणुव्रती है ॥ **भावार्थ**—सात व्यसनोंके त्यागसे चोरीके व्यसनका त्याग तो हो ही जाता है। अतः अचौर्याणुव्रती बहुमूल्य मणि मुक्ता स्वर्ण वगैरहको तुच्छ मूल्यमें नहीं खरीदता, यानी जिस वस्तुकी जो कीमत उचित होती है उसी उचित कीमतसे खरीदता है क्योंकि प्रायः चोरीका माल सस्ती कीमतमें बिकता है। अतः अचौर्याणुव्रती होनेसे वह चोरीका माल नहीं खरीद सकता, क्यों कि इससेभी व्रतमें दूषण लगता है। तथा भूली हुई, या गिरी हुई, या जमीनमें गढ़ी हुई पराई वस्तुको भी नहीं लेता। व्यापारमें थोड़ा लाभ होनेसे ही सन्तुष्ट हो जाता है, चोरबाजारी वगैरहके द्वारा अधिक द्रव्य कमानेकी भावना नहीं रखता। कपट धूर्तता वगैरहसे, धनकी तृष्णासे, क्रोधसे अथवा घमण्डमें आकर परद्रव्यको झटकनेका प्रयत्न भी नहीं करता। अपने व्रतमें दृढ़ रहता है और व्रतमें अतिचार नहीं लगाता। इस व्रतके भी पाँच अतिचार है—स्तेन प्रयोग, तदाहृतादान, विरुद्ध राज्यातिक्रम, हीनाधिकमानोन्मान, प्रतिरूपक व्यवहार। कोई पुरुष चोरी करता है, दूसरा कोई पुरुष उस चोरको मन वचन कायसे चोरी करनेकी प्रेरणा करता है, या दूसरेसे प्रेरणा कराता है, अथवा प्रेरणा करनेवालेकी अनुमोदना करता है। इस तरह नौ प्रकारसे चोरी करनेकी प्रेरणा करनेको स्तेनप्रयोग कहते हैं। चोरीका माल मोल लेना तदाहृतादान नामका अतिचार है। राजनियमोंके विरुद्ध व्यापार आदि करना विरुद्ध राज्यातिक्रम नामक अतिचार है। तराजुको उन्मान कहते हैं, बांटोको मान कहते हैं। खरीदनेके बाट अधिक और बेचनेके बाट कम रखना हीनाधिक मानोन्मान नामका अतिचार है। जाली सिक्कोंसे लेनदेन करना प्रतिरूपक व्यवहार नामका अतिचार है। ये और इस तरहके अतिचार अचौर्याणुव्रतीको छोड़ देने चाहिये। अचौर्याणुव्रतमें वारिषेणका नाम प्रसिद्ध है उसकी कथा इस प्रकार है। मगधदेशके राजगृह नगरमें राजा श्रेणिक राज्य करता था। उसकी रानी चेलना थी। उन दोनोंके

चोराभ्यां चोरैर्वा यद्वस्तु चोरयित्वा आनीतं तद्वस्तु यत् मूल्यादिना गृह्णाति तत् तदाहृतादानम् । २ । बहुमूल्यानि वस्तूनि अल्पमूल्येन नैव गृहीतव्यानि । अल्पमूल्यानि वस्तूनि बहुमूल्येन नैव दातव्यानि । राज्ञः आज्ञादिकरणं यदविरुद्धं कर्म तत् राज्यमुच्यते । उचितमूल्यात् अनुचितदानम् अनुचितग्रहणं च अतिक्रमः । विरुद्धराज्ये अतिक्रमः यस्मात्कारणात् राज्ञा घोषणा अन्यथा दापिता दानमादानं च अन्यथा करोति स विरुद्धराज्यातिक्रमः । अथवा राजघोषणां विनापि यद्वणिजो व्यापारं कुर्वन्ति । व्यापारं यदि राजा तथैव मन्यते तदा तु न विरुद्धराज्यातिक्रमः । ३ । प्रस्थः चतुःसेरमानं तत्काष्ठादिना घटितं मानमुच्यते । उन्मानं तुलामानं, मानं चोन्मानं च मानोन्मानम्, एताभ्यां हीनाभ्यां ददाति अधिकाभ्यां गृह्णाति हीनाधिकमानोन्मानमुच्यते । ४ । ताम्रेण घटिता रूप्येण च सुवर्णेन च घटितास्ताम्ररूप्याभ्यां च घटिता ये द्रम्माः तत् हिरण्यमुच्यते, तत्सदृशाः केनचित् लोकवञ्चनार्थं घटिता द्रम्माः प्रतिरूपकाः उच्यन्ते, तैः प्रतिरूपकैः असत्यनाणकैः व्यवहारः क्रयविक्रयः प्रतिरूपकव्यवहारः । ५ । एते पञ्चातिचारा अचौर्याणुव्रतधारिणा वर्जनीयाः । अत्र दृष्टान्ताः शिवभूतितापसवारिषेणादयो ज्ञातव्याः ॥ ३३५-३३६ ॥ अथ ब्रह्मचर्यव्रतं व्याकरोति गाथाद्वयेन–

असुइ-मयं[1] दुग्गंधं महिला-देहं विरच्चमाणो जो ।
रूवं लावण्णं पि य मण-मोहण-कारणं मुणइ ॥ ३३७ ॥
जो मण्णदि पर-महिलं[2] जणणी-बहिणी-सुआइ-सारिच्छं ।
मण-वयणे काएण[3] वि बंभ-वई सो हवे थूलो[4] ॥ ३३८ ॥

[छाया–अशुचिमयं दुर्गन्धं महिलादेहं विरज्यमानः यः । रूपं लावण्यम् अपि च मनोमोहनकारणं जानाति ॥ यः मन्यते परमहिलां जननीभगिनीसुतादिसदृशाम् । मनोवचनाभ्यां कायेन अपि ब्रह्मव्रती स भवेत् स्थूलः ॥] स भव्यात्मा

वारिषेण नामका पुत्र था । वारिषेण बड़ा धर्मात्मा तथा उत्तम श्रावक था । एक दिन चतुर्दशीकी रात्रिमें वह उपवासपूर्वक श्मशानमें कायोत्सर्गसे स्थित था । उसी दिन नगरकी वेश्या मगधसुन्दरी उद्यानोत्सवमें गई थी, वहाँ उसने सेठानीको एक हार पहने हुए देखा । उसे देखकर उसने सोचा कि इस हारके बिना जीवन व्यर्थ है । ऐसा सोचकर वह शय्यापर जा पड़ी । रात्रिमें जब उसका प्रेमी एक चोर आया तो उसने उसे इस तरहसे पड़ी हुई देखकर पूछा–'प्रिये, इस तरहसे क्यों पड़ी हो' ? वेश्या बोली–'यदि सेठानीके गलेका हार लाकर मुझे दोगे तो मै जीवित रहूँगी, अन्यथा मर जाऊँगी । यह सुनते ही चोर हार चुराने गया और अपने कौशलसे हार चुराकर निकला । हारकी चमक देखकर घररक्षकोंने तथा कोतवालने उसका पीछा किया । चोरने पकड़े जानेके भयसे वह हार वारिषेण कुमारके आगे रख दिया और स्वयं छिप गया । कोतवालने वारिषेणके पास हार देखकर उसे ही चोर समझा और राजा श्रेणिकसे जाकर कहा । राजाने उसका मस्तक काट डालनेकी आज्ञा दे दी । चाण्डालने सिर काटनेके लिये जैसे ही तलवारका वार किया वह तलवार वारिषेणके गलेमें फूलमाला बन गई । यह अतिशय सुनकर राजा श्रेणिकभी वहाँ पहुँचा और कुमारसे क्षमा मांगी । चोरने अभयदान मिलनेपर अपना सब वृत्तान्त कहा । सुनकर राजा वारिषेणसे घर चलनेका आग्रह करने लगा । किन्तु वारिषेणने घर न जाकर जिनदीक्षा ले ली ॥ ३३५–३३६ ॥ अब दो गाथाओंसे ब्रह्मचर्यव्रतका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो स्त्रीके शरीरको अशुचिमय और दुर्गन्धित जानकर उसके रूप लावण्यको भी मनमें मोहको पैदा करनेवाला मानता है, तथा मन वचन और कायसे पराई स्त्रीको माता, बहिन

---

१ ग मयं । २ ब परिमहिला...सारिच्छा । ३ ब ल म स ग काएण । ४ ब ग थूलो ।

स्थूलो ब्रह्मव्रती भवेत, स्थूलब्रह्मव्रती चतुर्थब्रह्मचर्याणुव्रतधारी स्यात्। स कः। यः मणवयणे कायेण वि मनसा चित्तेन वचनेन वचसा कायेन शरीरेणापि। अपिशब्द चकारार्थे। परमहिला परेषा स्त्रियम् अन्येषां युवतीं स्वकलत्रं विहाय अन्यां तां जानाति। कीदृशीं परमहिलाम्। जननीभगिनीसुतादिसदृशीम्। जननी माता भगिनी स्वसा सुता पुत्री, आदि-शब्दात् मातामही पितामही श्वश्रूः इत्यादिसमाना मन्यते। य. चतुर्थव्रतधारी मनोवचनकायैः कृतकारितानुमतविकल्पैः नवप्रकारैः परस्त्रियं मातृस्वसृपुत्रीमातामहीपितामहीश्वश्र्वादिसदृशी समाना मन्यते जानाति चिन्तयति। यः चतुर्थाणुव्रत-धारी महिलादेहं वनिताशरीरम् अशुचिमयं रुधिरमांसास्थिचर्ममलमूत्रादिनिर्वृत्तं निष्पन्नं भृतम् अपवित्रम् अस्पृश्यं पुनः मन्यते जानाति। पुन. दुर्गन्धं महापूतिगन्धं मलमूत्रप्रस्वेदनाद्युद्भवदुर्गन्धतायुक्तं देहं मन्यते। विरच्यमानः विचारयन् सन् स्त्रीशरीरस्य विचारं कुर्वन् सन्, विरज्यमानो वा विरक्तिं गच्छन् सन् वैराग्यं गतवान्। तथा चोक्तं च। "दुर्गन्धे चर्मगर्ते व्रणमुखशिखरे मूत्ररेतःप्रवाहे मांसासृक्कर्दमार्द्रे कृमिकुलकलिते दुर्गमे दुर्निरीक्षे। विष्ठाद्वारोपकण्ठे गुदविवरगलद्वायु-धूमार्तधूपे कामान्धः कामिनीनां कटितटनिकटे गर्दभत्युत्थमोहात्॥" इति। तासां महिलानां रूपं सौरूप्यं शोभनरूपं लावण्यं

और पुत्रीके समान समझता है, वह श्रावक स्थूल ब्रह्मचर्यका धारी है॥ **भावार्थ**—चतुर्थ ब्रह्मचर्याणुव्रतका धारी श्रावक मनसे, वचनसे और कायसे अपनी पत्नीके सिवाय शेष सब स्त्रियोंको, जो बड़ी हो उसे माताके समान, जो बराबरकी हो उसे बहिनके समान और जो छोटी हो उसे पुत्रीके समान जानता है, तथा रुधिर, मास, हड्डी, चमड़ा, मल मूत्र वगैरहसे बने हुए स्त्रीशरीरको अस्पृश्य समझता है, और मल मूत्र पसीने वगैरहकी दुर्गन्धसे भरा हुआ विचारता है। इस तरह स्त्रीके शरीरका बिचार करके वह कामसे विरक्त होनेका प्रयत्न करता है। कहाभी है–'स्त्रीका अवयव दुर्गन्धसे भरा हुआ है, उससे मूत्र बहता है, मांस और लोहूरूपी कीचड़से सदा गीला बना रहता है, कृमियोंका घर है, देखनेमें घिनावना है, किन्तु कामान्ध मनुष्य उसे देखते ही मोहसे अन्धा बन जाता है।' अतः ब्रह्मचर्याणुव्रती स्त्रियों के रूप, लावण्य, प्रियवचन, प्रिय गमन, कटाक्ष और स्तन आदिको देखकर यही सोचता है कि ये सब मनुष्योंको मूर्ख बनानेके साधन हैं। इस प्रकार ब्रह्मचर्याणुव्रती परस्त्रियोंसे तो सदा विरक्त रहता ही है, किन्तु अष्टमी और चतुर्दशीको अपनी स्त्रीके साथ भी कामभोग नहीं करता। कहा भी है–'जो पर्वके दिनोंमें स्त्रीसेवन नहीं करता तथा सदा अनंगक्रीडा नहीं करता उसे जिनेन्द्र भगवानने स्थूल ब्रह्मचारी कहा है।' आचार्य समन्तभद्रने कहा है– 'जो पापके भयसे न तो परस्त्रीके साथ स्वयं रमण करता है और न दूसरोंसे रमण कराता है उसे परदारनिवृत्ति अथवा स्वदारसन्तोष नामक व्रत कहते हैं'। इस व्रतकेभी पाँच अतिचार हैं–अन्य विवाह करण, अनङ्गक्रीडा, विटत्व, विपुल तृषा, इत्वरिका गमन। अपने पुत्र पुत्रियोंके सिवाय दूसरोंके विवाह रचाना अन्य विवाहकरण नामक अतिचार है। कामसेवनके अंगोंको छोड़कर अन्य अंगोंमें क्रीडा करना अनंगक्रीडा नामक अतिचार है। अश्लील वचन बोलना विटत्व अतिचार है। कामसेवनकी अत्यन्त लालसा होना विपुल तृषा नामक अतिचार है। दुराचारिणी स्त्री वेश्या वगैरहके अंगोंकी ओर ताकना, उनसे संभाषण वगैरह करना इत्वरिका-गमन नामका अतिचार है। ये और इसप्रकारके अन्य अतिचार ब्रह्मचर्याणुव्रतीको छोड़ने चाहिये। इस व्रतमें नीली अत्यन्त प्रसिद्ध है। उसकी कथा इस प्रकार है–लाट देशके भृगुकच्छ नगरमें राजा वसुपाल राज्य करता था। वहां जिनदत्त नामका एक सेठ रहता था। उसकी पत्नीका नाम जिनदत्ता था। उन दोनोंके नीली नामकी एक अत्यन्त रूपवती पुत्री थी। उसी नगरमें समुद्रदत्त नामका एक दूसरा सेठ रहता था। उसकी पत्नीका नाम सागरदत्ता था। उन दोनोंके सागरदत्त नामका पुत्र था।

-लावण्यमा शरीरस्य सौभाग्यं प्रियवचनं प्रियगमनं कटाक्षस्तनादिदर्शनं च मनोमोहनकारणं मनसः चेतसः मोहस्य व्यामोहस्या-ज्ञानस्य मौढ्यस्य कारणं हेतुः कुणइ करोति । मुणइ वा पाठे मनुते जानाति । स्त्रीणां रूपं लावण्यं च पुरुषस्य मनोमोहनकारणं करोति विदधातीत्यर्थः । तथा चतुर्थव्रतधारी अष्टम्यां चतुर्दश्यां च स्त्रियः कामक्रीडां सदा सर्वकालं च त्यजति । तदुक्तं च । 'पव्वेसु इत्थिसेवा अणंगकीडा सया विवज्जंतो । थूलयडबम्हचारी जिणेहिं भणिदो पवयणम्हि ॥" इति । तथा च । "न च परदारान् गच्छति न परान् गमयति च पापभीतेर्यत् । सा परदारनिवृत्तिः स्वदारसंतोषनामापि ॥" इति । तथा च चतुर्थव्रतधारी पञ्चातिचारान् वर्जयति । "अन्यविवाहाकरणानङ्गक्रीडाविटत्वविपुलतृषाः । इत्वरिकागमनं चास्मरस्य पञ्च व्यतीचाराः ॥" स्वपुत्रपुत्र्यादीन् वर्जयित्वा अन्येषां गोत्रिणां मित्रस्वजनपरिजनानां विवाहकरणातिचारः । १ । अङ्गं योनि-र्लिङ्गं च ताभ्यां योनिलिङ्गाभ्यां विना करकुक्षकुचादिप्रदेशेषु क्रीडनं अनङ्गक्रीडातिचारः । २ । विटत्वं भण्डवचनादिकम् अयोग्यवचनम् । ३ । विपुलतृषा कामसेवायां प्रचुरतृष्णा बहुलाकांक्षा । यस्मिन् काले स्त्रिया प्रवृत्तिरुक्ता तस्मिन् काले कामतीव्राभिनिवेशः । व्रतयुक्तावालातिरश्चीप्रभृतीनां गमनं रागपरिणामं विपुलतृषाः । ४ । इत्वरिकागमनं पुंश्चलीवेश्या-दासीनां गमनं जघनस्तनवदनादिनिरीक्षणसंभाषणहस्तभ्रूकटाक्षादिसंज्ञाविधानम् इत्येवमादिकं निखिलं रागित्वेन दुश्चेष्टितं गमनमित्युच्यते । ५ । एते पञ्चातिचाराः चतुर्थव्रतधारिणा वर्जनीयाः । अत्र दृष्टान्ताः सुदर्शनश्रेष्ठिनीलीचन्दनादयः कोट्टपालकडारपिंगामृतमत्यादयश्च ॥ ३३७-३८ ॥ अथ परिग्रहविरतिपञ्चमाणुव्रतं गाथाद्वयेनाह–

एकबार वसन्तऋतुमें महापूजाके अवसर पर समस्त अलंकारसे भूषित नीलीको कायोत्सर्गसे स्थित देखकर सागरदत्त बोला–क्या यह कोई देवी है ? यह सुनकर उसके मित्र प्रियदत्तने कहा–'यह जिनदत्त सेठकी पुत्री नीली है । सागरदत्त उसे देखते ही उसपर आसक्त होगया और उसकी प्राप्तिकी चिंतासे दिन दिन दुर्बल हो चला । जब यह बात समुद्रदत्तने सुनी तो वह बोला–'पुत्र, जैनीके सिवाय दूसरेको जिनदत्त अपनी कन्या नहीं देगा । अतः बाप बेटे कपटी श्रावक बन गये और नीलीको विवाह लाये । उसके बाद पुनः बौद्ध होगये । बेचारी नीलीको अपने पिताके घर जानेकी भी मनाई होगई । नीली श्वसुर गृहमें रहकर जैनधर्मका पालन करती रही । यह देखकर उसके श्वसुरने सोचा कि संसर्गसे और उपदेशसे समय बीतनेपर यह बौद्ध धर्म स्वीकार कर लेगी । अतः उसने एक दिन नीलीसे कहा–'पुत्रि, हमारे कहनेसे एक दिन बौद्ध साधुओंको आहार दान दो ।' उसने उन्हें आमंत्रित किया और उनकी एक एक पादुकाका चूर्ण कराकर भोजनके साथ उन्हें खिला दिया । जब वे साधु भोजन करके जाने लगे तो उन्होंने पूछा–हमारी एक एक पादुका कहाँ गई ? नीली बोली–'आप ज्ञानी हैं, क्या इतना भी नहीं जान सकते ? यदि नहीं जानते तो वमन करके देखें, आपके उदरसे ही आपकी पादुका निकलेगी ।' वमन करते ही पादुकाके टुकड़े निकले, यह देख श्वसुरपक्ष बहुत रुष्ट हुआ । तब सागरदत्तकी बहनने गुस्सेमें आकर नीलीको पर पुरुषसे रमण करनेका झूठा दोष लगाया । इस झूठे अपवादके फैलनेपर नीलीने खानपान छोड़ दिया और प्रतिज्ञा ले ली कि यह अपवाद दूर होनेपर ही भोजन ग्रहण करूँगी । दूसरे दिन नगरके रक्षक देवताने नगरके द्वार कीलित कर दिये और राजाको स्वप्न दिया कि सतीके पैरके छूनेसे ही द्वार खुलेगा । प्रातः होनेपर राजाने सुना कि नगरका द्वार नहीं खुलता । तब उसे रात्रिके स्वप्नका स्मरण हुआ । तुरन्त ही नगरकी स्त्रियोंको आज्ञा दी गई कि वे अपने चरणसे द्वारका स्पर्श करें । किन्तु अनेक स्त्रियोंके वैसा करनेपर भी द्वार नहीं खुला । तब अन्तमें नीलीको ले जाया गया । उसके चरणके स्पर्शसे ही नगरके सब द्वार खुलगये । सबने नीलीको निर्दोष समझकर उसकी पूजा की ॥ ३३७–३३८ ॥

जो लोहं णिहणित्ता संतोस-रसायणेण संतुट्ठो ।
णिहणदि तिण्हा दुट्ठा मण्णंतो[2] विणस्सरं सव्वं ॥ ३३९ ॥
जो परिमाणं[3] कुव्वदि धण-धण्णं[4]-सुवण्ण-खित्तमाईणं ।
उवओगं जाणित्ता अणुव्वदं[5] पंचमं तस्स ॥ ३४० ॥[6]

[छाया-यः लोभं निहत्य संतोषरसायनेन संतुष्टः । निहन्ति तृष्णा दुष्टा मन्यमानः विनश्वरं सर्वम् ॥ यः परिमाणं कुर्वते धनधान्यसुवर्णक्षेत्रादीनाम् । उपयोगं ज्ञात्वा अणुव्रतं पञ्चमं तस्य ॥] यः परिग्रहनिवृत्त्यणुव्रतधारी संतोषरसायनेन संतोषामृतरसेन संतुष्टिर्लोभनिवृत्तिः स चामृतरसेन संतुष्टः सन् संतोषवान् । किं कृत्वा । लोभं तृष्णां निहत्य मुक्त्वा इत्यर्थः । पुनः किं करोति । दुष्टा. तृष्णाः निहन्ति अनिष्टा पापरूपाः दुष्टा. तृष्णाः परस्त्रीपरधनादिवाञ्छादिरूपाः हिनस्ति स्फेटयति । किं कुर्वन् सन् । मन्यमानः जानन् विचारयन् । किं तत् । सर्वं देहगेहादिसमस्तं विनश्वरं भङ्गुरं विनाशशीलम् ॥ तस्य पुंसः अणुव्रतं पञ्चमं परिग्रहपरिमाणलक्षणं भवति य. पञ्चमाणुव्रतधारी धनधान्यसुवर्णक्षेत्रादीनां परिमाणम् आदिशब्दात् गृहहट्टा-

आगे दो गाथाओंसे पाँचवे परिग्रहविरति अणुव्रतका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो लोभ कषायको कम करके, सन्तोषरूप रसायनसे सन्तुष्ट होता हुआ, सबको विनश्वर जानकर दुष्ट तृष्णाका घात करता है और अपनी आवश्यकताको जानकर धन धान्य सुवर्ण और क्षेत्र वगैरहका परिमाण करता है उसके पांचवां अणुव्रत होता है ॥ **भावार्थ**–परिग्रहत्याग अणुव्रतका धारी सबसे प्रथम तो लोभ कषायको घटाता है, लोभकषायको घटाये बिना परिग्रहको त्यागना केवल ढोंग है, क्यों कि परिग्रहका मूल लोभ है । लोभसे असन्तोष बढ़ता है, और असन्तोष बढ़कर तृष्णाका रूप ले लेता है । अतः पहले वह लोभको मारता है । लोभके कम होजानेसे सन्तोष पैदा होता है । बस, सन्तोष रूपी अमृतको पीकर वह यह समझने लगता है कि जितना भी परिग्रह है सब विनश्वर है, यह सदा ठहरने वाला नहीं है, और इस ज्ञानके होते ही परस्त्री तथा परधनकी वांछारूपी तृष्णा शान्त हो जाती है । तृष्णाके शान्त होजानेपर वह यह विचार करता है कि उसे अपने और अपने कुटुम्बके लिये किस किस परिग्रहकी कितनी कितनी आवश्यकता है । यह विचारकर वह आवश्यक मकान, दुकान, जमीन, जायदाद, गाय, बैल, नोकर चाकर, सोना चांदी आदि परिग्रहकी एक मर्यादा बांध लेता है । कहा भी है–'धन धान्य आदि परिग्रहका परिमाण करके उससे अधिककी इच्छा न करना परिग्रह परिमाण व्रत है । इसका दूसरा नाम इच्छा परिमाण भी है ।' इस व्रतके भी पाँच अतिचार छोड़ देने चाहिये–क्षेत्रवास्तुप्रमाणातिक्रम, हिरण्यसुवर्णप्रमाणातिक्रम, धनधान्यप्रमाणातिक्रम, दासीदास-प्रमाणातिक्रम और कुप्यप्रमाणातिक्रम । जिसमें अनाज पैदा होता है उसे क्षेत्र (खेत) कहते हैं । घर, हवेली वगैरहको वास्तु कहते हैं । चांदी ताम्बे वगैरहके बनाये हुए सिक्कोंको, जिनसे देनलेन होता है, हिरण्य कहते हैं । सुवर्ण (सोना) तो प्रसिद्ध ही है । गाय, भैस, हाथी, घोड़ा, ऊँट वगैरहको धन कहते है । धान्य अनाजको कहते हैं । धान्य अट्ठारह प्रकारका होता है–गेहूं, धान, जौं, सरसों, उड़द, मूंग, श्यामाक, चावल, कंगनी, तिल, कोंदो, मसूर, चना, कुलथा, अतसी, अरहर, समाई, राजमाष और नाल । दासी दाससे मतलब नौकर नौकरानीसे है । सूती तथा सिल्कके वस्त्र

१ ब णिहिणित्ता । २ ब मुण्णंति विणस्सुरं (?) । ३ ब परमाणं । ४ ग धाण्ण । ५ ल म स ग अणुव्वयं । ६ ब इदि अणुव्वदाणि पचादि ॥ जह इत्यादि ।

अपवरकादिवास्तुद्विपदचतुष्पदशयनासनवस्त्रभाण्डादीनां बाह्यदशसंगानां परिमाणं मर्यादां संख्यां करोति विदधाति । किं कृत्वा । पूर्वं तेषां संगानाम् उपयोगं ज्ञात्वा कार्यकारित्वं परिज्ञाय परिग्रहाणां संख्यां करोति यः स पञ्चमाणुव्रतधारी स्यात्। तथा चोक्तं च। 'धनधान्यादिग्रन्थं परिमाय ततोऽधिकेषु निःस्पृहता । परिमितपरिग्रहः स्यादिच्छापरिमाणनामापि॥' इति। तथा पञ्चातिचारान् वर्जयति पञ्चमाणुव्रतधारी । 'क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासीदासकुप्यप्रमाणातिक्रमाः ।' क्षेत्रं धान्योत्पत्तिस्थानम्, वास्तु गृहहट्टापवरादिकम् । १ । हिरण्यं रूप्यताम्रादिघटितद्रम्मव्यवहारप्रवर्तनम्, सुवर्णं कनकम् । २ । धनं गोमहिषीगजवाजिवडवोष्ट्राजादिकम्, धान्यं व्रीह्यादि अष्टादशभेदसुसस्यम् । उक्तं च । "गोधूम १ शालि २ यव ३ सर्षप ४ माष ५ मुद्गाः, ६ श्यामाक ७ कङ्गु ८ तिल ९ कोद्रव १० राजमाषाः ११ । कीनाश १२ नाल १३ मठ वैणव १४ माढकी च १५, सिंबा १६ कुलत्थ १७ चणकादिसुबीजधान्यम् १८ ॥" ३ । दासी चेटी दासः चेटः । ४ । कुप्यं क्षौमकौशेयककर्पासचन्दनादिकम् । ५ । चत्वारि द्वे द्वे मिलित्वा पञ्चमं केवलं ज्ञातव्यम् । तेषां क्षेत्रादीनां पञ्चानां प्रमाणानि, तेषां प्रमाणानाम् अतिक्रमाः अतिरेकाः अतीवलोभवशात् प्रमाणातिलङ्घनानि । एते पञ्चातिचाराः परिग्रहपरिमाणव्रतस्य वेदितव्याः । अन्यच्च तदुक्तं च । "अतिवाहनातिसंग्रहविस्मयलोभातिभारवहनानि । परिमितपरिग्रहस्य च विक्षेपाः पञ्च लक्ष्यन्ते ॥" इति । अत्र दृष्टान्तकथाः जयकुमारश्मश्रुनवनीतपिनाकश्रेष्ठ्यादीनां ज्ञातव्याः । तथा चोक्तं च । "मातङ्गो धनदेवश्च वारिषेणस्ततः परः । नीली जयश्च संप्राप्ताः पूजातिशयमुत्तमम् ॥ धनश्रीसत्यघोषौ च तापसारक्षकावपि । उपाख्ये-

---

वगैरहको कुप्य कहते हैं । इनमेंसे शुरुके दो दो को लेकर चार तथा शेष एक लेनेसे पाँच होते हैं । अत्यन्त लोभके आवेशमें आकर इनके प्रमाणको बढ़ा लेनेसे परिग्रह परिमाण व्रतके पाँच अतिचार होते हैं । आचार्य समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारमें परिग्रह परिमाण व्रतके पांच अतिचार दूसरे बतलाये हैं जो इस प्रकार हैं–अतिवाहन, अतिसंग्रह, विस्मय, लोभ और अतिभारवाहन । जितनी दूरतक बैल वगैरह सुखपूर्वक जा सकते हैं, लोभमें आकर उससे भी अधिक दूर तक उन्हें जोतना अतिवाहन है । यह अनाज वगैरह आगे जाकर बहुत लाभ देगा इस लोभमें आकर बहुत अधिक संग्रह करना अतिसंग्रह नामका अतिचार है । प्रभूतलाभके साथ माल बेच देने पर भी यदि उसके खरीदारको और भी अधिक लाभ हो जाये तो खूब खेद करना अतिलोभ नामका अतिचार है । दूसरों की सम्पत्तिको देखकर आश्चर्य करना–आंखें फाड़ देना, विस्मय नामका अतिचार है । लोभमें आकर अधिक भार लाद देना अतिभार वाहन नामका अतिचार है । इस व्रतमें जयकुमार बहुत प्रसिद्ध हुए हैं । उनकी कथा इस प्रकार है–हस्तिनागपुरमें राजा सोमप्रभ राज्य करता था । उसके पुत्रका नाम जयकुमार था । जयकुमार परिग्रह परिमाण व्रतका धारी था, और अपनी पत्नी सुलोचनामें ही अनुरक्त रहता था । एक बार जयकुमार और सुलोचना कैलास पर्वतपर भरतचक्रवर्तीके द्वारा स्थापित चौवीस जिनालयोंकी वन्दना करनेके लिये गये । उधर एक दिन स्वर्गमें सौधर्म इन्द्रने जयकुमारके परिग्रह परिमाण व्रतकी प्रशंसा की । उसे सुनकर रतिप्रभ नामका देव जयकुमारकी परीक्षा लेने आया । उसने स्त्रीका रूप बनाया और अन्य चार स्त्रियोंके साथ जयकुमारके समीप जाकर कहा–सुलोचनाके स्वयम्वरके समय जिसने तुम्हारे साथ संग्राम किया था उस विद्याधरोंके स्वामी नमिकी रानी बहुत सुन्दर और नवयुवती है । वह तुम्हें चाहती है । यदि उसका राज्य और जीवन चाहते हो तो उसे स्वीकार करो । यह सुनकर जयकुमार बोला–'सुन्दरि, मैं परिग्रहपरिमाणका व्रती हूँ । परवस्तु मेरे लिये तुच्छ है । अतः मैं राज्य और स्त्री स्वीकार नहीं कर सकता' । इसके पश्चात् उस देवने अपनी बात स्वीकार करानेके लिये जयकुमार पर बहुत उपसर्ग किया । किन्तु वह अपने व्रतसे विचलित

यास्तथा श्मश्रुनवनीतो यथाक्रमम् ॥" ३३९-४० ॥ इति स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायां पञ्चाणुव्रताधिकारः समाप्तः ॥ अथ पञ्चाणुव्रतानि व्याख्याय गुणव्रतानि व्याचक्षाणः प्रथमगुणव्रतं गाथाद्वयेन प्रथयति–

जह लोह-णासणट्ठं संग-पमाणं हवेइ जीवस्स ।
सव्व-दिसाणं पमाणं तह लोहं णासए[1] णियमा ॥ ३४१ ॥
जं परिमाणं कीरदि दिसाण सव्वाण सुप्पसिद्धाणं ।
उवओगं जाणित्ता गुणव्वदं जाण तं पढमं ॥ ३४२ ॥

[छाया–यथा लोभनाशनार्थं सङ्गप्रमाणं भवति जीवस्य । सर्वदिशानां प्रमाणं तथा लोभं नाशयति नियमात् ॥ यत् परिमाणं क्रियते दिशानां सर्वासां सुप्रसिद्धानाम् । उपयोगं ज्ञात्वा गुणव्रतं जानीहि तत् प्रथमम् ॥] तत् प्रथमम् आद्यं दिग्व्रताख्यं गुणव्रतं व्रतानां गुणकारकं जानीहि त्वं विद्धि, भो भव्य । तत् किम् । यत्क्रियते विधीयते । किं तत् । सुप्रसिद्धानां जगद्विख्यातानां दशदिशानाम् आशानां पूर्वदक्षिणपश्चिमोत्तरदिशानां चतसृणाम् अग्निनैर्ऋत्यवायवीशानविदिशानां चतसृणाम् ऊर्ध्वदिशः अधोदिशश्चेति दशदिशां परिमाणं मर्यादा योजनाद्यैः संख्या, अतः परम् अहं न गच्छामि इति नियमेन मर्यादा क्रियते । अथवा दशसु दिक्षु हिमाचलविन्ध्यपर्वतादिकम् अभिज्ञानपूर्वकं मर्यादा कृत्वा परतो नियमग्रहणं दिग्विरतिव्रतमुच्यते । किं कृत्वा । उपयोगं कार्यकारित्वं ज्ञात्वा परिज्ञाय । जह यथा येनैव प्रकारेण जीवस्यात्मनः लोभनाशनार्थं तृष्णाविनाशाय

नहीं हुआ । तब देवने अपनी मायाको समेटकर जयकुमारकी प्रशंसा की और आदर करके स्वर्गको चला गया । इन पांच अणुव्रतोंसे उल्टे पांच पापोंमें अर्थात् हिंसा, झूंठ, चोरी, कुशील और परिग्रहमें क्रमसे धनश्री, सत्यघोष, तापस, कोतवाल और श्मश्रुनवनीत प्रसिद्ध हुए हैं । इस प्रकार पाच अणुव्रतों का व्याख्यान समाप्त हुआ ॥ ३३९–३४० ॥ पांच अणुव्रतोंका व्याख्यान करके आगे गुणव्रतोका व्याख्यान करते है । प्रथमही दो गाथाओंसे प्रथम गुणव्रतको कहते हैं । **अर्थ–**जैसे लोभका नाश करनेके लिये जीव परिग्रहका परिमाण करता है वैसे ही समस्त दिशाओंका परिमाण भी नियमसे लोभका नाश करता है । अतः अपनी आवश्यकताको समझकर सुप्रसिद्ध सब दिशाओंका जो परिमाण किया जाता है वह पहला गुणव्रत है ॥ **भावार्थ–**पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशाओमें तथा आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशान नामक विदिशाओमें और नीचे व ऊपर, इन दस दिशाओमें हिमाचल, विन्ध्य आदि प्रसिद्ध प्रसिद्ध स्थानोंकी अथवा योजनोंकी मर्यादा बांधकर 'इनसे बाहर मैं नहीं जाऊंगा' ऐसा नियम लेने का नाम दिग्विरति व्रत है । किन्तु दिशाओंकी मर्यादा करते समय यह देख लेना चाहिये कि मुझे कहाँ तक जाना बहुत आवश्यक है, तथा इतनेमें मेरा काम चल जावेगा । विना आवश्यकताके इतनी लम्बी मर्यादा बांध लेना जो कभी उपयोगमें न आये, अनुचित है । अतः उपयोगको जानकर ही मर्यादा करनी चाहिये । जैसे परिग्रहका परिमाण करनेसे लोभ घटता है वैसे ही दिशाओंकी मर्यादा करलेनेसे भी लोभ घटता है, क्योंकि मर्यादासे बाहरके क्षेत्रमें प्रभूत लाभ होनेपर भी मन उधर नहीं जाता । इसके सिवाय दिग्विरतिव्रत लेनेसे, मर्यादासे बाहर रहनेवाले स्थावर और जंगम प्राणियोंकी सर्वथा हिंसा न करनेके कारण गृहस्थ महाव्रतीके तुल्य होजाता है । आचार्य वसुनन्दिने भी कहा है–'पूरब, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम दिशामें योजनका प्रमाण करके उससे बाहर जानेका त्याग करना प्रथम गुणव्रत है ।' आचार्य समन्तभद्रने कहा है–"मृत्युपर्यन्त सूक्ष्मपापकी निवृत्तिके लिये दिशाओंकी मर्यादा करके 'इसके बाहिर मैं नहीं जाऊंगा' इस प्रकारका संकल्प करना दिग्व्रत है ।"

---

१ ल म स ग दिसिद्ध । २ ब णासये ।

छेदनार्थं संगप्रमाणं परिग्रहप्रमाणं भवेत् जायेत, तह तथा नियमात् निश्चयात् सर्वासु दिक्षु दशसु दिशासु सुप्रमाणं मर्यादा-संख्यां लोभं तृष्णां नाशयेत्। तेन च दिग्विरतिव्रतेन बहिःस्थितस्थावरजङ्गमप्राणिसर्वथाविराधनाभावात् गृहस्थस्यापि महाव्रतमायाति। तस्माद्बहिःक्षेत्रे उक्तदिग्बाह्यप्रदेशे धनादिलाभे सत्यपि मनोव्यापारनिषेधात् लोभनिषेधश्चागारिणो भवति। तथा वसुनन्दिना चोक्तम्। "पुव्वुत्तरदक्खिणपच्छिमासु काऊण जोयणपमाणं। परदो गमणणियत्ती दिसि विदिसि गुणव्वदं पढमं॥" तथा समन्तभद्रेण "दिग्वलयं परिगणितं कृत्वातोऽहं बहिर्न यास्यामि। इति संकल्पो दिग्व्रतमामृत्यणुपाप-विनिवृत्यै॥" तथातिचाराः पञ्च वर्जनीयाः। ते के इति चेदुच्यते। "ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि।" वृक्षपर्वताद्यारोहणम् ऊर्ध्वव्यतिक्रमः ऊर्ध्वदिशः अतिलंघनम् अतिचारः। १। वापीकूपभूमिगृहाद्यवतरणम् अधोव्यतिक्रम. अधोदिश· अतिलंघनम् अतिचारः। २। सुरङ्गादिप्रवेशस्तिर्यग्व्यतिक्रमः तिर्यग्दिशः अतिलंघनम् अतिचारः। ३। व्यासंगमोहप्रमादादिवशेन लोभावेशात् योजनादिपरिच्छिन्नदिक्संख्याया अधिकाकांक्षणं क्षेत्रवृद्धिरुच्यते। यथा मान्या-खेटावस्थितेन केनचित् श्रावकेण क्षेत्रपरिमाणं यत् धारापुरीलंघनं मया न कर्तव्यम् इति, पश्चात् उज्जयिन्याम् अनेन भाण्डेन महान् लाभो भवतीति तत्र गमनाकांक्षा गमनं च क्षेत्रवृद्धिः। दक्षिणापथागतस्य धाराया उज्जयिनी पंचविंशति-गव्यूतिभिः किंचिन्न्यूनाधिकाभिः परतो वर्तते। ४। स्मृतेरन्तरं विच्छित्तिः विस्मरणं स्मृत्यन्तरं तस्य आधानं विधानं स्मृत्यन्तराधानम् अननुस्मरणं योजनादिकृतावधेर्विस्मरणमित्यर्थः। ५। तथा समन्तभद्रैः प्रोक्तं च। 'ऊर्ध्वाधस्तात् तिर्यग्व्यतिपाताः क्षेत्रवृद्धिरवधीनाम्। विस्मरणं दिग्विरतेरतिचाराः पञ्च मन्यन्ते॥' इति॥ ३४१-३४२॥ अथ द्वितीय-मनर्थविरतिगुणव्रतं गाथाषट्केनाह–

कज्जं किं पि ण साहदि णिच्चं पावं करेदि जो अत्थो।
सो खलु हवदि[1] अणत्थो पंच-पयारो वि सो विविहो॥ ३४३॥

[छाया-कार्यं किम् अपि न साधयति नित्यं पापं करोति यः अर्थः। स खलु भवति अनर्थः पञ्चप्रकारः अपि स विविधः॥] अनर्थदण्डाख्यं व्रतं व्याचक्षाणः अनर्थशब्दस्य अर्थं तद्भेदांश्च निगदति। खलु इति निश्चितम्। असौ अर्थः

इस व्रतकेभी पांच अतिचार छोड़ने चाहिये। वे इस प्रकार हैं–ऊर्ध्व अतिक्रम, अधोऽतिक्रम, तिर्यग्व्य-तिक्रम, क्षेत्रवृद्धि और स्मृत्यन्तराधान। वृक्ष पर्वत वगैरहपर चढ़कर ऊर्ध्व दिशाकी मर्यादाका उल्लंघन करना ऊर्ध्वातिक्रम अतिचार है। बावड़ी, कुआ, तलघरा वगैरहमें उतरकर अधो दिशाकी मर्यादाका उल्लंघन करना अधोऽतिक्रम अतिचार है। सुरंग वगैरहमें प्रवेश करके तिर्यग्दिशाका उल्लंघन करना तिर्यगतिक्रम अतिचार है। दिशाका यह उल्लंघन प्रमाद, अज्ञान अथवा अन्य तरफ ध्यान होनेसे होता है। यदि जान बूझकर उल्लंघन किया जायेगा तो व्रतभंग हो जायेगा। लोभमें आकर दिशाओंकी मर्यादाको बढ़ालेनेका भाव होना अथवा बढालेना क्षेत्रवृद्धि नामका अतिचार है। जैसे, मान्यखेट नगरके किसी श्रावकने क्षेत्रका परिमाण किया कि मैं धारानगरीसे आगे नहीं जाऊंगा। पीछे उसे मालूम हुआ कि उज्जयनीमें लेजाकर अमुक चीज बेचनेसे महान् लाभ होता है। अतः उज्जयनी जानेकी इच्छा होना और उज्जयनी चले जाना क्षेत्रवृद्धि नामका अतिचार है। क्योंकि मान्यखेट दक्षिणापथमें है, और दक्षिणापथसे आनेवालेके लिये धाराकी अपेक्षा उज्जयनी पचीस कोसके लगभग अधिक दूर है। अतः ऐसा करना सदोष है। की हुई मर्यादाको भूलजाना स्मृत्यन्तराधान नामका अतिचार है। समन्तभद्रस्वामीने भी कहा है– "ऊर्ध्वव्यतिपात, अधोव्यतिपात, तिर्यग्व्यतिपात, क्षेत्रवृद्धि और मर्यादाको भूल जाना, ये पांच दिग्विरति व्रतके अतिचार हैं॥ ३४१-३४२॥ आगे छः गाथाओंसे अनर्थदण्डविरति नामक

---

१ ल स ग हवे।

अनर्थः निरर्थकः, न विद्यते अर्थः प्रयोजनं यत्र स अनर्थः अनर्थक्रियाकारी यावत् तथानर्थकं पर्यटनविषयोऽसेवनम् । अनर्थदण्डः स कः । यः अर्थः किमपि कार्यम् इष्टानिष्टधनधान्यशत्रुनाशादिकं न साधयति न निर्मापयति, पुनः यः अर्थः शस्त्राग्निविषप्रमुख. नित्यं सदा पापं दुरितं करोति स अनर्थ पञ्चप्रकार. पञ्चभेद' पञ्चविध. । अपि पुनः स पञ्चप्रकारः विविधः विविधप्रकारः अनेकविध , एकस्मिन्नेकस्मिन्ननर्थदण्डे बहव. अनर्था सन्तीत्यभिप्राय' । अनर्थदण्डः पञ्चप्रकारः । अपध्यान १ पापोपदेश २ प्रमादचरित ३ हिंसाप्रदान ४ दुःश्रुति ५ भेदान् ॥ ३४३ ॥ तत्रापध्यानलक्षणं कथ्यते–

पर-दोसाण वि गहणं[1] पर-लच्छीणं समीहणं जं च ।
परइत्थी-अवलोओ[2] पर-कलहालोयणं पढमं ॥ ३४४ ॥

[छाया-परदोषाणाम् अपि ग्रहणं परलक्ष्मीना समीहनं यत च । परस्त्र्यवलोक' परकलहालोकनं प्रथमम् ॥] पञ्चप्रकारेष्वनर्थदण्डेषु प्रथमम् अनर्थदण्डं प्रथयते । तं प्रथमम् अपध्यानाख्यम् अनर्थदण्डं जानीहि । तं कम् । यच्च पर-दोषाणां ग्रहणं परेषाम् अन्येषा पुंसां दोषा अविनयादिलक्षणा तेषा ग्रहणम् अङ्गीकार' स्वीकार परजनानां दोषस्वीकारः, उपलक्षणत्वात् स्वकीयगुणप्रकाशनं च । च पुन. परलक्ष्मीना परेषा लक्ष्मीना गजवाजिरथस्वर्णरत्नमणिमाणिक्यवस्त्राभरणा-दीना संपदाना समीहनं वाञ्छा ईहाभिलाषः परधनापहरणेच्छा च, परस्त्रीणाम् आलोक' परयुवतीनां जघनस्तनवदनादिकं रागबुद्ध्यावलोकनं तद्वाञ्छा च, परकलहालोकन परै' अन्यै. कृत. कलह. कटक तस्यावलोकनं दर्शनं च वाञ्छा च, पर-प्राणिनां जयपराजयहननबन्धनकर्णाद्यवयवच्छेदनादिकं कथं भवेदिति मन.परिणामप्रवर्तनम् अपध्यानं प्रथमं भवति । १ ॥ ३४४ ॥ अथ पापोपदेशाख्यं द्वितीयानर्थदण्डं व्याचष्टे–

दूसरे गुणव्रतको कहते हैं । **अर्थ–**जिससे अपना कुछ प्रयोजन तो सधता नहीं, और केवल पाप ही बंधता है उसे अनर्थ कहते हैं। उसके पांच भेद है तथा अनेक भेदभी है ॥ **भावार्थ–**अनर्थदण्ड विरति व्रतका स्वरूप बतलाते हुये ग्रंथकारने पहले अनर्थ शब्दका अर्थ और उसके भेद बतलाये हैं । जिससे कुछ अर्थ यानी प्रयोजन सिद्ध नहीं होता वह अनर्थ है । अर्थात् जो इष्ट धनधान्यकी प्राप्ति या अनिष्ट शत्रु वगैरहका नाश आदि किसीभी कार्यको सिद्ध नहीं करता, बल्कि उल्टे पापका संचय करता है वह अनर्थ है । उसके पाच भेद हैं–अपध्यान, पापोपदेश, प्रमादाचरित, हिंसाप्रदान और दुश्रुति । इस एक एक अनर्थ दण्डके भी अनेक भेद है, क्यो कि एक एक अनर्थमें बहुतसे अनर्थ गर्भित होते है ॥ ३४३ ॥ आगे उनमेंसे अपध्यानका लक्षण कहते है । **अर्थ–**परके दोषोंको ग्रहण करना, परकी लक्ष्मीको चाहना, पराई स्त्रीको ताकना तथा पराई कलहको देखना प्रथम अनर्थ दण्ड है ॥ **भावार्थ**-पांच अनर्थदण्डोमेंसे प्रथम अनर्थदण्डका स्वरूप बतलाते हैं । दूसरे मनुष्योंमें जो दुर्गुण हैं उन्हें अपनाना, दूसरेके धनको छीननेके उपाय सोचना, रागभावसे पराई युवतियोंके जघन, स्तन,. मुख वगैरहकी ओर घूरना और उनसे मिलनेके उपाय सोचना, कोई लड़ता हो या मेढों की, तीतरोंकी. बटेरोंकी लड़ाई होती हो तो उसमें आनन्द लेना, ये सब अपध्यान नामका अनर्थदण्ड है । अपध्यानका मतलब होता है–खोटा विचार करना । अतः अमुककी जय या पराजय कैसे हो, अमुकको किसी तरह फासी हो जाये, अमुकको जेलखाना होजाये, अमुकके हाथ पैर आदि काट डाले जाये, इस प्रकार मनमे विचारना अपध्यान है । ऐसे व्यर्थके विचारोंसे

---

१ क म दोसाण गहण, (स गहण, ग गहण)। २ ल म स ग आलोओ ।

जो उवएसो दिज्जदि किसि-पसु-पालण-वणिज्ज-पमुहेसु ।
पुरसित्थी[1]-संजोए अणत्थ-दंडो हवे बिदिओ ॥ ३४५ ॥

[छाया-यः उपदेशः दीयते कृषिपशुपालनवाणिज्यप्रमुखेषु । पुरुषस्त्रीसंयोगे अनर्थदण्डः भवेत् द्वितीयः ॥] स द्वितीयः पापोपदेशनामानर्थदण्डो भवेत् । स कः । यः उपदेशः दीयते । क । कृषिपशुपालनवाणिज्यप्रमुखेषु, कृषिः कर्षणं भूमिखेटनं पामरादीनाम् अग्रे कथयति भूमिरेवं कृष्यते, उदकमेवं निःकाश्यते, वनदाह एवं क्रियते, क्षुद्रपादपतृणादयः एवमुत्पाट्यन्ते इत्याद्यारम्भः अनेनोपायेन क्रियते इत्यादिकथनम् आरम्भोपदेशः पापोपदेशः । तथा पशूनां पालनं रक्षणं गोमहिषीतुरगगजोष्ट्राश्वखरादीनां रक्षणं क्रियते, अनेनोपायेन वृद्धिर्जायते, इत्यादिकथनं पापोपदेशो भवति । वाणिज्ये व्यापारे क्रयविक्रयकरणे उपदेशः, अस्माद्देशात् गोमहिषीबलीवर्दोष्ट्रगजतुरङ्गादीन् यदि अन्यत्र देशे विक्रीणीते तदा महान् धनलाभो भवतीति तिर्यग्वणिज्यानामकः पापोपदेशो भवति । अस्मात् पूर्वादिदेशात् दासीदासान् अल्पमूल्यसुलभान् गृहीत्वा अन्यस्मिन् गुर्जरादिदेशे तद्विक्रयो यदि क्रियते तदा धनलाभो भवेदिति क्लेशवणिज्या कथ्यते । अथवा वाणिज्यं धनधान्यादिलाक्षामधुशस्त्रसाबुक्कर्कोटिकादिवस्तुव्यापारः । तानि प्रमुखानि नौचालनशकटादिखेटनादीनि तेषु उपदेशः । तथा शाकुनिकाः पक्षिमारकाः वागुरिकाः मृगवराहादिमारकाः धीवरा मत्स्यमारकाः इत्यादीनां पापकर्मोपजीविनाम् ईदृशीं वार्तां कथयति । अस्मिन् प्रदेशे वनजलाद्युपलक्षिते मृगवराहतित्तिरमत्स्यादयो बहवः सन्ति इति कथनं वधकोपदेशनामा-नर्थदण्डो भवति । पुरुसित्थीसंजोए पुरुषस्त्रीणां नरनारीणां संयोगे विवाहमेलने मैथुनादिसंयोजने उपदेशः इत्यादिपापोपदेश-नामा अनर्थदण्डोऽनेकविधो भवति ॥ ३४५ ॥ अथ तृतीयं प्रमादचर्याख्यमनर्थदण्डं दर्शयति-

विहलो जो वावारो पुढवी-तोयाण अग्गि-वाऊणं[2] ।
तह वि वणप्फदि-छेदो[3] अणत्थ-दंडो हवे तिदिओ ॥ ३४६ ॥

[छाया-विफलः यः व्यापारः पृथ्वीतोयानाम् अग्निवायूनाम् । तथा अपि वनस्पतिच्छेदः अनर्थदण्डः भवेत् तृतीयः ॥] स तृतीयः प्रमादचर्याख्यः अनर्थदण्डो भवेत् । स कः । यः पृथिवीतोयानां भूमिजलानां व्यापारः विफलः कार्यं विना

लाभ तो कुछ नहीं होता, उल्टे पापका बन्ध होता है ॥३४४॥ आगे, पापोपदेश नामके दूसरे अनर्थ दण्डको कहते हैं । अर्थ-कृषि, पशुपालन, व्यापार वगैरहका तथा स्त्रीपुरुषके समागमका जो उपदेश दिया जाता है वह दूसरा अनर्थदण्ड है ॥ भावार्थ-खेतिहरोंके सामने भूमि ऐसी जोती जाती है, पानी ऐसे निकला जाता है, जंगल इसतरह जलाया जाता है, छोटे छोटे वृक्ष छाल वगैरह ऐसे उखाड़े जाते हैं इस प्रकारके आरम्भका उपदेश देना पापोपदेश है । तथा गाय, भैंस, हाथी, घोड़ा, ऊंट वगैरह ऐसे पाले जाते हैं, ऐसा करनेसे उनकी वृद्धि होती है, ऐसा कहना पापोपदेश है, अमुक देशसे गाय, भैंस, बैल, ऊंट, हाथी, घोड़ा वगैरहको लेजाकर यदि अमुक देशमें बेचा जाये तो बड़ा लाभ होता है इस प्रकारका उपदेश देना तिर्यग्वाणिज्य नामका पापोपदेश है । अमुक देशमें दासी दास सस्ते हैं उन्हे वहाँसे लेजाकर यदि गुजरात आदिमें बेचा जाये तो बहुत लाभ होता है । यह भी पापोपदेश है । अथवा धन, धान्य, लाख, शहद, शस्त्र, आदि वस्तुओंके व्यापारका उपदेश देना तथा पक्षीमार, शिकारी, धीवर वगैरहसे कहना कि अमुक प्रदेशमें हिरन, सुअर, तीतर या मछलियां बहुत है यह वधकोपदेश नामका अनर्थदण्ड है । स्त्री-पुरुषोंको मैथुन आदिका उपदेश देना भी पापोपदेश है । इस तरह पापोपदेश नामका अनर्थदण्ड अनेक प्रकारका है ॥ ३४५ ॥ आगे तीसरे प्रमादचर्या नामक अनर्थदण्डको कहते हैं । अर्थ-पृथ्वी, जल, अग्नि और पवनके व्यापारमें निष्प्रयोजन प्रवृत्ति करना, तथा निष्प्रयोजन वनस्पतिको काटना तीसरा अनर्थदण्ड है ॥ भावार्थ-बिना प्रयोजनके

१ स पुरसत्थी । २ ल म स ग अग्गिपवणाणं । ३ ल म स ग छेउ (छेओ ?) ।

व्यापारः, प्रयोजनं विना पृथ्व्याः खननं भूमिकुट्टनं पाषाणचूर्णनम् इष्टिकानिष्पादनम्, जलानां व्यापारं कार्यं विना जल-निक्षेपः जलसेचनं जलसारिणीकूपसरउपकूपवापीप्रमुखेषु जलारम्भः। तथाग्निपवनानाम् अग्नीनां व्यापारः अग्नीनां विध्या-पनं दवप्रदानम् अन्येषां रन्धनादिनिमित्तमग्निदीपाद्यर्पणम्, वायूनां व्यापारः व्यजनवस्त्रादिना निक्षेपणम्। अपि पुनः, वनस्पतीनां छेदनं तृणवृक्षवल्लीपुष्पफलकन्दमूलशाखापत्रादीनां छेदः विनाशनं निःफलः। इति प्रमादचर्यानर्थदण्डः। ३ ॥ ३४६ ॥ अथ चतुर्थं हिंसादानाख्यमनर्थदण्डं समाचष्टे–

मज्जार-पहुदि-धरणं आउह-लोहादि-विक्कणं जं च।
लक्खा-खलादि-गहणं अणत्थ-दण्डो हवे तुरिओ ॥ ३४७ ॥

[छाया–मार्जारप्रभृतिधरणम् आयुधलोहादिविक्रयः यः च। लाक्षाखलादिग्रहणम् अनर्थदण्डः भवेत् तुरीयः ॥] स चतुर्थः हिंसादानाख्यः अनर्थदण्डो भवेत्। स कः। यत् मार्जारप्रभृतिधरणं, मार्जारः आखुभुक् प्रभृतिशब्दात् पर-प्राणिघातहेतूनां मार्जारकुक्कुरकुक्कुटशुकपारापतश्येनसर्पव्याघ्रनकुलादीनां हिंसकजीवानां धरणं रक्षणं पालनं पोषणं च। च पुनः, आयुधलोहादिविक्रयः, आयुधानां खड्गकुन्तच्छुरिकाधनुर्बाणमुद्गरदण्डयष्टितोमरशक्तित्रिशूलपरशुप्रमुखानां शस्त्राणां, लोहानां कुठारवाग्रखनित्रशृंखलाशाकखण्डनककचलोहगोलकादीनां च विक्रयः क्रयविक्रयः व्यापारेण ग्रहणं दानं च। लाक्षाखलादिग्रहणं, लाक्षा जतुका खलः पिण्याकः कर्कोटिकोषा वा तयोर्लाक्षाखलयोः आदिशब्दात् अहिफेनवत्स-नागविषपाशजालकशाधात्रुकीपुष्पसौराष्ट्रिकामधुपुष्पधितुफशाकमधुप्रमुखानां ग्रहणम् आदानम् अर्पणं च हिंसादान-नामानर्थदण्डश्चतुर्थो भवति ॥ ३४७ ॥ अथ पञ्चमं दुःश्रुत्याख्यमनर्थदण्डं दीपयति–

जं सवणं सत्थाणं भंडण-वसियरण-काम-सत्थाणं।
पर-दोसाणं च तहा अणत्थ-दण्डो हवे चरिमो ॥ ३४८ ॥

[छाया–यत् श्रवणं शास्त्राणां भण्डणवशीकरणकामशास्त्राणाम्। परदोषाणां च तथा अनर्थदण्डः भवेत् चरमः ॥] स चरमः पञ्चमः दुःश्रुत्याख्यः अनर्थदण्डो भवेत्। स कः। यत् शास्त्राणां कुनयप्रतिपादकानां भारतभागवतमार्कण्ड-

पृथ्वी खोदना, भूमि कूटना, पत्थर तोडना, ईंटे बनाना, पानी बिखराना, नल खुला छोड देना, आग जलाना, जंगल जलाना, दूसरोंको आग देना, हवा करना, तृण वृक्ष लता फूल फल पत्ते कन्दमूल टहनी वगैरहको व्यर्थ छेदना मेदना वगैरह प्रमादचर्या नामक अनर्थदण्ड है। ऐसे कामोंसे वस्तुओंका व्यर्थ दुरुपयोग होता है, और लाभ कुछ नहीं होता। जरूरतसे ज्यादा खाकर बीमार होना, अन्नको खराब करना, झूठन छोडना आदि भी प्रमादाचरितमें ही संमिलित है ॥ ३४६ ॥ आगे चौथे हिंसादान नामक अनर्थदण्डको कहते है। **अर्थ–**बिलाव आदि हिंसक जन्तुओंको पालना, लोहे तथा अस्त्र शस्त्रोंका देना लेना और लाख विष वगैरहका देना लेना चौथा अनर्थदण्ड है ॥ **भावार्थ–** बिल्ली, कुत्ता, मुर्गा, बाज, सांप, व्याघ्र, नेवला आदि जो जन्तु दूसरोंके घातक हैं, उनका पालन पोषण करना, जिनसे दूसरोंका घात किया जा सकता है अथवा दूसरोंको बांधा जा सकता है ऐसे तलवार, भाला, छुरी, धनुषबाण, लाठी, त्रिसूल, फासा आदि अस्त्र शस्त्रोंका तथा फावड़ा, कुल्हाडी, सांकल, दराती, आरा आदि लोहेके उपकरणोंका देन लेन करना–दूसरों को देना और दूसरोंसे लेना, लाखका व्यापार करना, अफीम, गांजा, चरस, धतूरा, संखिया, आदि जहरीली और नशीली वस्तुओंको लेना देना, यह हिंसादान (हिंसाके साधनोंका देन लेन करना) नामका अनर्थदण्ड है ॥ ३४७ ॥ आगे पांचवे दुश्रुति नामक अनर्थदण्डको कहते हैं। **अर्थ–**जिन शास्त्रों या पुस्तकोंमें गन्दे, मजाख,

१ छ स ग आउध। २ ब लक्ख। ३ ब चरमो।

विष्णुपुराणलिङ्गपुराणाथर्वणयजुःसामऋग्वेदस्मृतीनां श्रवणम् आकर्णनम्। च पुनः भण्डक्रियाप्रतिपादकशास्त्रं अदृश्यकुशलवशीकरणशास्त्रं नृपसचिवकोट्टपालप्रमुखनरनारीव्याघ्रगजादिवशीकरणशास्त्रं कुमन्त्रयन्त्रचूर्णौषधिमण्यादिप्रतिपादकशास्त्रं स्तम्भनमोहनशास्त्रं कामशास्त्रं कामोत्पत्तिप्रतिपादकरागशास्त्रं कुकोकमामादिशास्त्रं च तेषां भण्डनवशीकरणकामशास्त्राणां श्रवणं व्याख्यानं कथनं च। तथा परदोषाणां परेषां दोषाणाम् अपवादानां श्रवणं कथनं च, राजस्त्रीचोरद्रव्यादिपञ्चविंशतिविकथानां श्रवणं प्रतिपादनं च, तथा रणप्रतिपादकम् इन्द्रजालादिशास्त्रं गृह्यते इति दुःश्रुतिनामानर्थदण्डः पञ्चमः।५ ॥ १४८ ॥ अथानर्थदण्डव्याख्यामुपसंहरन्नाह–

एवं पंच-पयारं अणत्थ-दण्डं दुहावहं णिच्चं।
जो परिहरेदि[1] णाणी गुणव्वदी[2] सो हवे बिदिओ ॥ १४९ ॥

[छाया–एवं पञ्चप्रकारम् अनर्थदण्डं दुःखावहं नित्यम्। यः परिहरति ज्ञानी गुणव्रती स भवेत् द्वितीयः ॥] स पुमान् द्वितीयः अनर्थदण्डपरित्यागी गुणव्रती, पञ्चानामणुव्रतानां गुणस्य कारकत्वादनुवर्धकत्वात् गुणव्रतानि विद्यन्ते यस्य स गुणव्रती, भवेत् स्यात्। कथंभूतः सन्। ज्ञानी आत्मशरीरभेदज्ञानवान्। स कः। यः परिहरति त्यजति। कम्। अनर्थदण्डम्। कियत्प्रकारम्। एवं पूर्वोक्तप्रकारेण अपध्यानपापोपदेशप्रमादचर्याहिंसादानदुःश्रुतिपञ्चप्रकारं पञ्चभेदं परिहरति। कीदृक्षम्। नित्यं सदा निरन्तरं दुःखावहम् अनेकसंसारदुःखोत्पादकम्। तथानर्थदण्डस्य विरतेः पञ्चातिचारान्

वशीकरण, काम भोग वगैरहका वर्णन हो उनका सुनना और परके दोषोंकी चर्चावार्ता सुनना पांचवा अनर्थदण्ड है ॥ भावार्थ–दुःश्रुतिका मतलब है बुरी बातोंको सुनना। अतः जिन शास्त्रोंमें मिथ्या-बातोंकी चर्चा हो, अश्लीलता हो, कामभोगका वर्णन हो, स्त्री-पुरुषोंके नग्न चित्र हों, जिनके सुनने और देखनेसे मनमें विकार पैदा हो, कुरुचि उत्पन्न हो, विषयकषायकी पुष्टि होती हो, ऐसे तंत्रशास्त्र, मंत्रशास्त्र, स्तम्भन शास्त्र, मोहनशास्त्र, कामशास्त्र आदिको सुनना, सुनाना, बांचना वगैरह, तथा राजकथा, स्त्रीकथा, चोरकथा, भोजनकथा आदि खोटी कथाओंको सुनना, सुनाना, दुःश्रुति नामक पांचवा अनर्थदण्ड है। आजकल अखबारोंमें तरह तरहकी दवाओंके, कोकशास्त्रोंके, स्त्री पुरुषके नग्न चित्रोंके विज्ञापन निकलते हैं और अनजान युवक उन्हें पढ़कर चरित्रभ्रष्ट होते हैं। सिनेमाओंमें गन्दे गन्दे चित्र दिखलाये जाते और गन्दे गाने सुनाये जाते हैं जिनसे बालक बालिकाएँ और युवक युवतियां पथभ्रष्ट होते जाते हैं। अतः आजीविकाके लिये ऐसे साधनोंको अपनाना भी गृहस्थके योग्य नहीं है। धनसंचयके लिये भी योग्य साधन ही ठीक है। समाजको भ्रष्टकरके पैसा कमाना श्रावकका कर्तव्य नहीं है ॥१४८॥ आगे, अनर्थदण्डके कथनका उपसंहार करते हैं। अर्थ–इसप्रकार सदा दुःखदायी पांच प्रकारके अनर्थदण्डोंको जो ज्ञानी श्रावक छोड़ देता है वह दूसरे गुणव्रतका धारी होता है ॥ भावार्थ–जिनके पालनसे पांचों अणुव्रतोंमें गुणोंकी वृद्धि हो उन्हें गुणव्रत कहते हैं। दिग्विरति, अनर्थदण्डविरति आदि गुणव्रतोंके पालनसे अहिंसा आदि व्रत पुष्ट और निर्मल होते हैं, इसीसे इन्हें गुणव्रत कहते हैं। ऊपर जो पांच अनर्थदण्ड बतलाये हैं वे सभी दुःखदायी हैं, व्यर्थ पापसंचयके कारण हैं, बुरी आदतें डालनेमें सहायक हैं। अतः जो ज्ञानी पुरुष उनका त्याग कर देता है वह दूसरे गुणव्रतका पालन करता है। इस व्रतके भी पांच अतिचार छोड़ने चाहिये जो इस प्रकार हैं– कन्दर्प, कौत्कुच्य, मौखर्य, अतिप्रसाधन और असमीक्षिताधिकरण। रागकी उत्कटताके कारण हास्य

---

[1] ल म स ग परिहरेइ। [2] ग गुणव्वई, स गुणव्वदं, म गुणव्वदं होदि।

वर्जयति । तानाह । "कन्दर्पं १ कौत्कुच्यं २ मौखर्यं ३ मतिप्रसाधनं ४ पञ्च । असमीक्षिताधिकरणं ५ व्यतीतयोऽनर्थदण्डकृद्विरते ॥" ३४९ ॥ अथ भोगोपभोगपरिमाणाख्यं तृतीयं गुणव्रतं विवृणोति-

जाणित्ता संपत्ती भोयण-तंबोल-वत्थमादीणं[1] ।
जं परिमाणं कीरदि भोउवभोयं वयं तस्स ॥ ३५० ॥

[छाया-ज्ञात्वा सम्पत्तीः भोजनताम्बूलवस्त्रादीनाम् । यत् परिमाणं क्रियते भोगोपभोगं व्रतं तस्य ॥] तस्य पुंसः भोगोपभोगपरिमाणाख्यं तृतीयं व्रतं भवेत्, यः संपत्तीः गोगजतुरगमहिषीधनधान्यसुवर्णरूप्यादिसंपदाः लक्ष्मीः ज्ञात्वा परिज्ञाय स्ववित्तानुसारेण स्वशक्त्यनुसारेण च यत् भोजनताम्बूलवस्त्रादीनां परिमाणं मर्यादां संख्यां करोति विदधाति । भोजनम् अशनं खाद्यं स्वाद्यं लेह्यं पानम्, ताम्बूलं नागवल्लीदलपूगलवङ्गकर्पूरैलादिकम्, वस्त्रं पट्टकूलादिवस्त्रम्, आदिशब्दात् शयनभाजनवाहनगृहहट्टयुवतिधनधान्यगोमहिषीदासदासीप्रमुखानां परिमाणं मर्यादां संख्यां करोति विदधाति । तस्य भोगोपभोगव्रतं भवेत् । अशनपानचन्दनलेपपुष्पताम्बूलादिकं वस्तु सकृत् एकवारं भुज्यते इति भोगः परिभोगो वा, शय्यासनवस्त्राभरणभाजनभार्यादिकं वस्तु उपभुज्यते पुनः पुनः वारंवारं भुज्यते उपभोगः, तयोर्भोगोपभोगयोर्वस्तुनोः व्रतं नियमः भोगोपभोगव्रतं स्यात् ॥ ३५० ॥ अथ विद्यमानं वस्तु त्यजन् स्तवनार्हः इति स्तौति -

जो परिहरेइ संतं तस्स वयं थुव्वदे सुरिंदो[3] वि ।
जो मण-लड्डु[4] व भक्खदि तस्स वयं अप्प-सिद्धियरं[5] ॥ ३५१[6] ॥

[छाया-यः परिहरति सन्तं तस्य व्रतं स्तौति सुरेन्द्रः अपि । यः मनोलड्डुकम् इव भक्षयति तस्य व्रतम् अल्पसिद्धिकरम् ॥] यः पुमान् परिहरति त्यजति । कम् । सन्तं विद्यमानम् अर्थं वस्तु धनधान्ययुवतीपुत्रादिकं तस्य पुंसः व्रतं सयमं नियमं स्तूयते प्रशस्यते । कैः । सुरेन्द्रैः देवस्वामिभिः इन्द्रादिकैः । तस्य पुंसः व्रतम् अल्पसिद्धिकरं स्वल्पसंपदा-

---

सहित भण्डवचन बोलना कन्दर्प है। हास्य और भण्डवचनके साथ शरीरसे कुचेष्टा भी करना कौत्कुच्य है। धृष्टताको लिये हुए बहुत बकवाद करना मौखर्य है। आवश्यक उपभोग परिभोगसे अधिक इकट्ठा करलेना अति प्रसाधन है। बिना विचारे काम करना असमीक्ष्याधिकरण नामका अतिचार है। इस प्रकार ये पांच अतिचार अनर्थदण्डव्रतीको छोड़ने चाहियें ॥३४९॥ आगे भोगोपभोगपरिमाण नामक तीसरे गुणव्रतका वर्णन करते हैं। **अर्थ**-जो अपनी सामर्थ्य जानकर भोजन, ताम्बूल, वस्त्र आदिका परिमाण करता है उसके भोगोपभोगपरिमाण नामका गुणव्रत होता है॥ **भावार्थ**-जो वस्तु एक बार भोगनेमें आती है उसे भोग कहते हैं। जैसे भोजन पेय, चन्दनका लेप, फूल, पान वगैरह। और जो वस्तु बार बार भोगनेमें आती है उसे उपभोग कहते हैं। जैसे शय्या, बैठनेका आसन, वस्त्र, आभरण, बरतन, स्त्री वगैरह। अपनी शारीरिक और आर्थिक शक्तिको देखकर भोग और उपभोगका जन्म पर्यन्तके लिये अथवा कुछ समयके लिये नियम कर लेना कि मैं अमुक अमुक वस्तु इतने परिमाणमें इतने समय तक भोगूंगा, यह भोगोपभोगपरिमाण नामका तीसरा गुणव्रत है ॥ ३५० ॥ आगे, भोगोपभोगपरिमाण व्रतीकी प्रशंसा करते है। **अर्थ**-जो पुरुष विद्यमान वस्तुओंको भी छोड़ देता है उसके व्रतकी सुरेन्द्र भी प्रशंसा करते हैं। और जो मनके लड्डु खाता है उसका व्रत अल्प सिद्धिकारक होता है॥ **भावार्थ**-जो घरमें भोगोपभोगकी विपुल सामग्री होते हुए भी उसका व्रत लेता है, उसका व्रत अत्यन्त प्रशंसनीय है। किन्तु

---

१ क स स ग वत्थमाईणं। २ ब भोउवभोउं (यं?) तं तिदिओ (अ तदियं)। ३ क म स ग सुरिंदेहिं। ४ ब मणुलड्डु, म स मणलड्डुव, ग मणलट्टु। ५ स सिद्धिकर। ६ ब गुणव्रतनिरूपणं सामाइयस्स इत्यादि।

निष्पादकम्। यः पुमान् अविद्यमानं च बुभुक्षति खादति व्रतयति च तस्य स्वल्पसिद्धिकरं व्रतं स्यात्। किंवत्। मनोमोदकवत्, यथा मनोमोदकः बुभुक्षाक्षुधाविवारणं न करोति तथा अविद्यमानवस्तुनि त्यागे श्रेयो न भवति। अथवा मनोमोदकभक्षणप्रायम् अविद्यमानं वस्तु व्रतयति। तथा भोगोपभोगातिचारान् त्यजति। तान् कान्। 'सचित्त १ संबन्ध २ सन्मिश्रा ३ भिषव ४ दुःपक्वाहाराः ५।' जलकणादिसचित्तवस्त्वाहारः १, सचित्तसंघट्टमात्रेण दूषित आहारः संबन्धाहारः २, सचित्तेन संमिलितः सचित्तद्रव्यसूक्ष्मप्राण्यतिमिश्रोऽशक्यभेदकरणः आहारः सन्मिश्राहारः ३, अभिषवस्य रात्रिचतुःप्रहरैः क्लिन्न ओदनो द्रवः इन्द्रियबलवर्धनो माषादिविकारादिः वृष्यः द्रववृष्यस्याहारः अभिषवाहारः ४, अर्धपक्वः चीक्कणतया दुष्टः पक्वः दग्धपक्वः दुःपक्वः तस्य आहारः दुःपक्वाहारः ५। वृष्यदुःपक्वयोः सेवने सति इन्द्रियमदवृद्धिः। सचित्तोपयोगः वातादिप्रकोपोदरपीडादिप्रतीकारे अग्न्यादिप्रज्वालने महान् असंयमः स्यादिति तत्परिहार एव श्रेयान् ॥ ३५१ ॥ इति स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षाव्याख्याने गुणव्रतत्रयव्याख्यानं समाप्तम् ॥ अथ शिक्षाव्रतानि व्याचक्षाणः सामायिकसामग्रीं प्रतिपादयति-

---

जो मनुष्य अपने पासमें अविद्यमान वस्तुका व्रत लेता है, उसका व्रत मनके लड्डुओंकी तरह है। अर्थात् जैसें मनमें लड्डुओंकी कल्पना करलेनेसे भूख नहीं बुझती, वैसेही अनहोती वस्तुके त्यागसे कल्याण नहीं होता। परन्तु अनहोती वस्तुका नियम भी व्रत तो है ही, इसलिये उसका थोड़ासा फल तो होता ही है। जैसे एक भीलने मुनिराजके कहनेसे कौएका मांस छोड़ दिया था। उसने तो यह जानकर छोड़ा था कि कौएके मासको खानेका कोई प्रसंग ही नहीं आता। किन्तु एक बार वह बीमार हुआ और वैद्यने उसे कौएका मांस ही खानेको बतलाया। परन्तु व्रतका ध्यान करके उसने नहीं खाया और मर गया। इस दृढ़ताके कारण उसका जीवन सुधर गया। अतः अनहोती वस्तुका त्याग भी समय आनेपर अपना काम करता ही है, किन्तु विद्यमान वस्तुका त्याग ही प्रशंसनीय है। अस्तु, भोगोपभोग परिमाण व्रतकेभी पांच अतिचार छोड़ने योग्य हैं—सचित्त आहार, सचित्त सम्बन्धाहार, सचित्त सम्मिश्राहार, अभिषवाहार और दुष्पक्वाहार। अर्थात् सचित्त (सजीव) वस्तुको खाना, सचित्तसे सम्बन्धित वस्तुको खाना, सचित्तसे मिली हुई, जिसे अलग करसकना शक्य न हो, वस्तुको खाना, इन्द्रिय बलकारक पौष्टिक वस्तुओंको खाना, और जली हुई अथवा अधपकी वस्तुको खाना। इसप्रकारका आहार करनेसे इन्द्रियोंमें मदकी वृद्धि होती है, तथा वायुका प्रकोप, उदरमें पीडा आदि रोग हो सकते हैं। उनके होनेसे उनकी चिकित्सा करनेमें असंयम होना अनिवार्य है। अतः भोगोपभोग परिमाण व्रतीको ऐसे आहारसे बचना ही हितकर है। इस प्रकार गुणव्रतोंका वर्णन समाप्त हुआ। यहाँ एक बात विशेष वक्तव्य है। यहाँ भोगोपभोग परिमाण व्रतको गुणव्रतोंमें और देशावकाशिक व्रतको शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है, ऐसा ही आचार्य समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारमें कहा है। किन्तु तत्त्वार्थसूत्रमें देशावकाशिक व्रतको गुणव्रतोंमें गिनाया है और भोगोपभोग परिमाण व्रतको शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है। यह आचार्योंकी विवक्षाका वैचित्र्य है। इसीसे गुणव्रत और शिक्षाव्रतोंके इस अन्तरको लेकर दो प्रकारकी परम्परायें प्रचलित हैं। एक परम्पराके पुरस्कर्ता तत्त्वार्थसूत्रकार हैं और दूसरीके समन्तभद्राचार्य। किन्तु दोनोंमें कोई सैद्धान्तिक मतभेद नहीं है, केवल दृष्टिभेद है। जिससे अणुव्रतोंका उपकार हो वह गुणव्रत है, और जिससे मुनिव्रतकी शिक्षा मिले वह शिक्षाव्रत है। इस ग्रन्थमें भोगोपभोग परिमाण व्रतको अणुव्रतोंका उपकारी समझकर गुणव्रतोंमें गिनाया है। और तत्त्वार्थसूत्रमें उससे मुनिव्रतकी शिक्षा मिलती है, इसलिये शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है, क्योंकि भोगोपभोगपरिमाण व्रतमें

सामाइयस्स करणे खेत्तं[1] कालं च आसणं विलओ[2] ।
मण-वयण-काय-सुद्धी णायव्वा हुंति सत्तेव ॥ ३५२ ॥

[छाया-सामायिकस्य करणे क्षेत्रं कालं च आसनं विलयः । मनवचनकायशुद्धिः ज्ञातव्या भवन्ति सप्तैव ॥] समये आत्मनि भवं सामायिकम् । अथवा सम्यक् एकत्वेन अयनं गमनं समयः, स्वविषयेभ्यो विनिवृत्य कायवाङ्मनःकर्मणामात्मना सह वर्तनात् । द्रव्यार्थेन आत्मन एकत्वगमनमित्यर्थः । समये एव सामायिकं समयः प्रयोजनमस्येति वा सामायिकम् । अथवा संशब्दः एकत्वे एकीभावे वर्तते, अयनम् अयः सम् एकत्वेन एकीभावेन गमनं परिणमनं समयः । समय एव सामायिकं वा, समयः प्रयोजनमस्येति सामायिकम् । देववन्दनायां निःसंक्लेशं सर्वप्राणिसमताचिन्तनं सामायिकमित्यर्थः । सामायिकस्य करणे कर्तव्ये सति सप्तैव सामग्र्यो ज्ञातव्या ज्ञेया भवन्ति । ताः काः । क्षेत्रं प्रदेशलक्षणा १, कालं पूर्वाह्णमध्याह्नापराह्ण-काललक्षणा २, आसनं पद्मासनादिलक्षणा ३, विलय. ध्यानं तन्मयतालक्षणा ४, मनोवचनकायशुद्धा आर्तरौद्रध्यान रहिता धर्मध्यानसहिता मनसः शुद्धिः निर्मलतालक्षणा ५, अन्तर्बाह्यजल्पनरहिता वचनस्य शुद्धिः निर्मलता ६, कायस्य शरीरस्य शुद्धिः निर्मलता ७ ॥ ३५२ ॥ अथ ता गाथापञ्चकेन प्रतिपादयति-

जत्थ ण कलयल-सद्दो[3] बहु-जण-संघट्टणं ण जत्थत्थि ।
जत्थ ण दंसादीया एस पसत्थो हवे देसो ॥ ३५३ ॥

[छाया-यत्र न कलकलशब्दः बहुजनसंघट्टनं न यत्रास्ति । यत्र न दंशादिकाः एष प्रशस्तः भवेत् देशः ॥] सामायिकस्य करणे सति एष प्रत्यक्षीभूतः देशः प्रदेशः स्थानकं क्षेत्रम् । एष कः । यत्र प्रदेशे कलकलशब्दः नास्ति, जनानां वाद्यानां पश्वादीनां च कोलाहलशब्दो न विद्यते । च पुनः, यत्र प्रदेशे बहुजनसंघट्टनं बहुजनानां संघट्टनं संघातः परस्पर-मिलनं वा नास्ति, यत्र स्थाने दंशादिकाः दंशमशकवृश्चिककीटकमत्कुणचञ्चुपुटसर्पव्याघ्रविटपुरुषस्त्रीनपुंसकपशुमांसरक्तपूय-चर्मास्थिमलमूत्रमृतककलेवरादयो न विद्यन्ते स एव प्रदेशः सामायिककरणस्थानं प्रशस्यम् ॥ ३५३ ॥

अतिचार रूपसे सचित्त आदि भक्षणका त्याग करना होता है ॥ ३५१ ॥ आगे शिक्षाव्रतका व्याख्यान करते हुए सामायिक व्रतकी सामग्री बतलाते हैं । **अर्थ**—सामायिक करनेके लिये क्षेत्र, काल, आसन, विलय, मनःशुद्धि, वचनशुद्धि और कायशुद्धि, ये सात बातें जानने योग्य हैं ॥ **भावार्थ**—समय नाम आत्माका है । आत्मामें जो होती है उसे सामायिक कहते हैं । अथवा भलेप्रकार एक रूपसे गमन करनेको समय कहते हैं । अर्थात् काय वचन और मनके व्यापारसे निवृत्त होकर आत्माका एक रूपसे गमन करना समय है, और समयको ही यानी आत्माकी एक रूपताको सामायिक कहते है, अथवा आत्माको एक रूप करना ही जिसका प्रयोजन है वह सामायिक है । अथवा देववन्दना करते समय संक्लेश रहित चित्तसे सब प्राणियोंमें समताभाव रखना सामायिक है । सामायिक करनेके लिये सात बातें जान लेना जरूरी हैं । एक तो जहाँ सामायिक की जाये वह स्थान कैसा होना चाहिये । दूसरे सामायिक किस किस समय करनी चाहिये । तीसरे कैसे बैठना चाहिये । चौथे सामायिकमें तन्मय कैसे हुआ जाता है, पांचवे मनकी निर्मलता, वचनकी निर्मलता और शरीरकी निर्मलता को भी समझ लेना जरूरी है ॥ ३५२ ॥ आगे पांच गाथाओंसे उक्त सामग्रीको बताते हुए प्रथम ही क्षेत्रको कहते है । **अर्थ**—जहां कलकल शब्द न हो, बहुत लोगोंकी भीड़भाड़ न हो और डांस मच्छर वगैरह न हों वह क्षेत्र सामायिक करनेके योग्य है ॥ **भावार्थ**—जहाँ मनुष्योंका, बाजोंका और पशुओंका कोलाहल न हो, तथा शरीरको कष्ट देनेवाले डांस, मच्छर, बिच्छु, सांप, खटमल, शेर, आदि जन्तु न हों, सारांश यह कि चित्तको क्षोभ पैदा करनेके कारण जहां न हों वहाँ सामायिक करनी चाहिये ॥३५३॥

१ ब खित्तं । २ म विनउ । ३ क म स ग सद् ।

पुव्वण्हे मज्झण्हे अवरण्हे तिहि[1] वि णालिया-छक्को ।
सामाइयस्स कालो सविणय-णिस्सेस-णिद्दिट्ठो ॥ ३५४ ॥

[छाया-पूर्वाह्णे मध्याह्णे अपराह्णे त्रिषु अपि नालिकाषट्कम् । सामायिकस्य कालः सविनयनिःशेषनिर्दिष्टः ॥] सामायिकस्य सं सम्यक् आत्मनि अयति एकत्वम् एकीभावं गच्छति समय एव सामायिकः तस्य सामायिकस्य कालः । कथंभूतः कालः । स्वेभ्यः धनेभ्यः निष्क्रान्ताः निःस्वाः निर्ग्रन्थास्तेषामीशाः स्वामिनः गणधरदेवादयः सविनयेन दर्शनज्ञानचारित्रोपचारलक्षणेन सहिताः सविनयाः ते च ते निःस्वेशाश्च तैर्निर्दिष्टः कथितः विनयसंयुक्तगणधरदेवादिभिः कथितः कालः । स कियन्मात्रः कालः । पूर्वाह्णे पूर्वाह्णकाले सूर्योदयात् प्राक् रात्रेः घटिकात्रयम् एवं रात्रिपाश्चात्यघटिकात्रयं सूर्योदयादारभ्य च घटिकात्रयं पूर्वाह्णिकस्य सामायिकस्य योग्यकालः षट्घटिकाप्रमाणम् इत्यर्थः । मध्याह्णे मध्यदिवसे दिवसस्य मध्ये द्वितीयप्रहरस्य पाश्चात्यनाडीत्रयं तृतीयप्रहरस्य चाद्यनाडीत्रयं मध्याह्नसमयस्य योग्यकालः षड्घटिकावधिः । अपराह्णे संध्यायां चतुर्थप्रहरस्य पाश्चात्यघटीत्रयं रात्रिप्रथमप्रहरस्य घटीत्रयं चेति अपराह्णसामायिकस्य योग्यकालः घटिकाषट्कम् । तिहि वि त्रिविधं प्रत्येकं षट् षट् घटिकाकालः, अथवा त्रिष्वपि पूर्वाह्णमध्याह्नापराह्णकालेष्वपि नालिकाषट्कं प्रत्येकं घटिकाद्वय स्यात् । केचित् घटीचतुष्टयमित्याहुः । एवं प्रतिक्रमणादौ कालः ज्ञातव्यः । तथा चोक्तं च । "योग्यकालासनस्थानमुद्रावर्तशिरोनतिः । विनयेन यथाजातः कृतिकर्मामलं भजेत् ॥" इति योग्यकालः कथितः । तथा योग्यमासनम् उद्भासनं पर्यङ्कासनं चेति । अथवा दण्डकस्यादौ अन्ते चोपवेशनं योग्यासनम् । योग्यं स्थानं प्रदेशः स्त्रीपशुनपुंसकरहितमेकान्तस्थानम् । चित्तस्याक्षेपस्यानुत्पादकं वनं वेश्म वा स्थानं देवालयादिकं वा योग्यस्थानम् । योग्या मुद्रा नमस्कारमुद्रा । योग्यावर्ता भक्तिं भक्तिं प्रति द्वादशावर्ता भवन्ति । योग्याः शिरोनतयश्चत्वारः भवन्तीति ॥ ३५४ ॥

बंधित्ता पज्जंकं अहवा उड्ढेण उब्भओ ठिच्चा[2] ।
काल-पमाणं किच्चा इंदिय-वावार-वज्जिदो होउं[3] ॥ ३५५ ॥

आगे सामायिकका काल बतलाते है। अर्थ–विनय संयुक्त गणधर देव आदिने पूर्वाह्न, मध्याह्न और अपराह्न इन तीन कालोंमें छः छः घड़ी सामायिकका काल कहा है ॥ भावार्थ–सूर्योदय होनेसे पहले तीन घड़ी और सूर्योदयसे लेकर तीन घड़ी इसतरह छः घड़ी तक तो प्रभात समयमें सामायिक करनी चाहिये। मध्याह्न अर्थात् दिनके मध्यमें दूसरे प्रहरकी अन्तिम तीन घड़ी और तीसरे प्रहरकी शुरूकी तीन घड़ी इस तरह छः घड़ी सामायिकका काल है। अपराह्न अर्थात् सन्ध्याके समय दिनके चतुर्थ प्रहरकी अन्तिम तीन घड़ी और रातके पहले प्रहरकी शुरूकी तीन घड़ी इस तरह छः घड़ी सामायिकका काल है। अर्थात् सामायिक प्रतिदिन तीनबार करनी चाहिये और प्रत्येक बार छः छः घड़ी करनी चाहिये। किन्तु यह उत्कृष्ट काल है इसलिये ऐसाभी अर्थ किया जा सकता है कि तीनों कालोंमें छः घड़ीतक सामायिकका काल है। अर्थात् प्रत्येक समय दो दो घड़ीतक सामायिक करनी चाहिये। किन्हींके मतसे चार घड़ी है। इसी प्रकार प्रतिक्रमण वगैरहके लियेभी कालका जानना जरूरी है। कहा भी है–'योग्य काल, योग्य आसन, योग्य स्थान, योग्य मुद्रा, योग्य आवर्त, योग्य नमस्कार आदिको जानकर विनयपूर्वक निर्दोष कृतिकर्म करना चाहिये।' इसमेंसे योग्य स्थान और योग्य काल बतला दिया ॥ ३५४ ॥ आगे सामायिककी शेष सामग्रीको बतलाते हैं। अर्थ–पर्यंक आसनको बांधकर अथवा सीधा खड़ा होकर, कालका प्रमाण करके, इन्द्रियोंके व्यापारको छोड़नेके लिये जिनवचनमें मनको एकाग्र करके, कायको संकोचकर, हाथकी अंजलि करके, अपने स्वरूपमें लीन हुआ अथवा

---

१ ब तिहि छक्के (?)। २ क ग उब्भउ ठिच्चा, म उब्भउ ट्ठिच्चा, स उड्ढेण उब्भवो। ३ क होउ।

जिण-वयणेयग्ग-मणो संवुड[3]-काओ य अंजलिं किच्चा।
स-सरूवे संलीणो वंदण-अत्थं विचिंतंतो ॥ ३५६ ॥
किच्चा देस-पमाणं सव्वं-सावज्ज-वज्जिदो होउं[1]।
जो कुव्वदि सामइयं सो मुणि-सरिसो हवे[4] ताव ॥ ३५७ ॥[5]

वन्दनापाठके अर्थका चिन्तन करता हुआ, क्षेत्रका प्रमाण करके और समस्त सावद्य योगको छोडकर जो श्रावक सामायिक करता है वह मुनिके समान है ॥ **भावार्थ**—सामायिक करनेसे पहले प्रथम तो समस्त सावद्यका यानी पापपूर्ण व्यापारका त्याग करना चाहिये। फिर किसी एकान्त चैत्यालयमें, बनमें, पर्वतकी गुफामें, खाली मकानमें अथवा स्मशानमें जहाँ मनमें क्षोभ उत्पन्न करनेके कारण न हों, जाकर क्षेत्रकी मर्यादा करे कि मैं इतने क्षेत्रमें ठहरूंगा। इसके बाद या तो पर्यङ्कासन लगाये अर्थात् बाँए पैर पर दाहिना पैर रखकर बैठे या कायोत्सर्गसे खड़ा हो जाये, और कालकी मर्यादा करले कि मैं एक घड़ी, या एक मुहूर्त, या एक प्रहर अथवा एक दिन रात तक पर्यङ्कासनसे बैठकर अथवा कायोत्सर्गसे खड़ा होकर सर्व सावद्य योगका त्याग करता हूं। इसके बाद इन्द्रियव्यापारको रोक दे अर्थात् स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियाँ अपने अपने विषय स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण और शब्दमें प्रवृत्ति न करें। और जिनदेवके द्वारा कहे हुए जीवादितत्त्वोंमेंसे किसी एक तत्त्वके स्वरूपका चिन्तन करते हुए मनको एकाग्र करे। अपने अङ्गोपाङ्गको निश्चल रखे। फिर दोनों हाथोंको मिला मोती भरी सीपके आकारकी तरह अंजुलि बनाकर अपने शुद्ध बुद्ध चिदानन्द स्वरूपमें लीन होकर अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, सर्वसाधु, जिनवाणी, जिनप्रतिमा और जिनालयकी वन्दना करनेके लिये दो शिरोनति, बारह आवर्त, चार प्रणाम और त्रिशुद्धिको करे। अर्थात् सामायिक करनेसे पूर्व देववन्दना करते हुए चारों दिशाओंमें एक एक कायोत्सर्ग करते समय तीन तीन आवर्त और एक एक बार प्रणाम किया जाता है, अतः चार प्रणाम और बारह आवर्त होते है। देववन्दना करते हुए प्रारम्भ और समाप्तिमें जमीनमें मस्तक टेककर प्रणाम किया जाता है अतः दो शिरोनति होती हैं। और मन वचन और काय समस्त सावद्य व्यापारसे रहित शुद्ध होते हैं। इस प्रकार जो श्रावक शीत उष्ण आदिकी परीषहको सहता हुआ, विषय कषायसे मनको हटाकर मौनपूर्वक सामायिक करता है वह महाव्रतीके तुल्य होता है; क्यों कि उस समय उसका चित्त हिंसा आदि सब पापोंमें अनासक्त रहता है। यद्यपि उसके अन्तरंगमें संयमको घातनेवाले प्रत्याख्यानावरण कर्मके उदयसे मन्द अविरति परिणाम रहते हैं फिरभी वह उपचारसे महाव्रती कहा जाता है। ऐसा होनेसे ही निर्ग्रन्थलिंगका धारी और ग्यारह अंगका पाठी अभव्य भी महाव्रतका पालन करनेसे अन्तरंगमें असंयम भावके होते हुए भी उपरिम ग्रैवेयक तक उत्पन्न हो सकता है। इस तरह जब निर्ग्रन्थरूपका धारी अभव्य भी सामायिकके कारण अहमिन्द्र हो सकता है तब सम्यग्दृष्टि यदि सामायिक करे तो कहना ही क्या है। सामायिक व्रतके भी पाँच अतिचार हैं—योग दुःप्रणिधान,

१ ब वयणे पयग्ग। २ ब ग संवुड, [संवुड?]। ३ ब वज्जिओ होऊ, ग वज्जिदो होउ। ४ ब हवे सावय, म स हवे साव, ग हवे सावउं। ५ ब सिक्खावयं पढमं। ण्हाण इत्यादि।

[छाया-बद्धा पर्यङ्कम् अथवा ऊर्ध्वेन ऊर्ध्वतः स्थित्वा । कालप्रमाणं कृत्वा इन्द्रियव्यापारवर्जितः भूत्वा ॥ जिनवचनैकाग्रमनाः संवृतकायः च अञ्जलिं कृत्वा । स्वस्वरूपे संलीनः वन्दनार्थं विचिन्तयन् ॥ कृत्वा देशप्रमाणं सर्वसावद्यवर्जितः भूत्वा । यः कुर्वते सामायिकं स मुनिसदृशः भवेत् तावत् ॥] यः सामायिकं संपन्नः प्रतिपन्नः तावत् श्रावकः श्राद्धः संयमोपपन्नमुनिसदृशो भवति । यः श्रावकः श्राद्धः सामायिकं समताम् 'समता सर्वभूतेषु संयमे शुभभावना । आर्तरौद्रपरित्यागस्तद्धि सामायिकं व्रतम् ॥' वा अर्हदादिनवप्रकारदेववन्दनाम् इत्यादिलक्षणोपेतं सामायिकं करोति विदधाति । किं कृत्वा पूर्वम् । सर्वसावद्यवर्जितो भूत्वा सर्वपापव्यापारं परित्यज्य सर्वपापोपयोगं मुक्त्वा । पुनः किं कृत्वा । देशप्रमाणं कृत्वा निर्व्याक्षेपमेकान्तभवनं वनं चैत्यालयादिकं च देशं मर्यादीकृत्य, चैत्यालयगिरिगुहाशून्यगृहश्मशानप्रमुखस्थाने एतावति क्षेत्रे स्थाने अहं स्थास्यामीति प्रमाणं कृत्वा विधायेत्यर्थः । पुनः किं कृत्वा । पर्यङ्कं पर्यङ्कासनं वामपादमधः कृत्वा दक्षिणपादमुपरि कृत्वा उपवेशनं पद्मासनं बंधित्वा विबन्ध्य, अथवा ऊर्ध्वेन ऊर्ध्वीभूतेन उद्भू स्थित्वा उद्भीभूय, द्वात्रिंशद्दोषवर्जितः सन्, कायोत्सर्गेण स्थित्वा मकरमुखाद्यासनं कृत्वा वा । पुनः किं कृत्वा । कालप्रमाणं कृत्वा कालमवधिं कृत्वा, एतावत्कालं पर्यङ्कासनेन कायोत्सर्गेण च तिष्ठामि, तथा एतावत्कालं सर्वं सावद्ययोगं त्यजामि, इति एकघटिकामुहूर्तप्रहररात्रिदिवसादिकालपर्यन्तं कालमर्यादां कृत्वा । पुनः किं कृत्वा । इन्द्रियव्यापारवर्जितो भूत्वा, इन्द्रियाणां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणां व्यापाराः स्वस्वस्पर्श ८ रस ५ गन्ध २ वर्ण ५ शब्द ७ विषयेषु प्रवृत्तयः, तैर्वर्जितः भूत्वा, अथवा व्यापाराः क्रयविक्रयलक्षणाः तैर्वर्जितः रहितो भूत्वा । केशबन्धं मुष्टिबन्धं वस्त्रबन्धं च कृत्वा इत्यासनं तृतीयम् ३ । कीदृक् सन् श्रावकः सामायिकं करोति । जिनवचनैकाग्रमनाः, सर्वज्ञवचने एकाग्रं चिन्तानिरोध तत्र मनो यस्य स जिनवचनैकाग्रमना., सर्वज्ञवचनैकत्वगतचित्तः जीवादितत्त्वस्वरूपे एकलोलीचित्तः । च पुनः, संपुटकायः संकुचितशरीरः निश्चलीकृताङ्गोपाङ्गः । पुनः किं कृत्वा । अञ्जलिं कृत्वा हस्तौ द्वौ मुकुलीकृत्य मुक्ताशुक्तिकमुद्रावन्दनमुद्रां कृत्वा । पुनः कथंभूतः सन् । स्वस्वरूपे शुद्धबुद्धैकचिद्रूपे चिदानन्दे स्वपरमात्मनि संलीनः लयं प्राप्तः । पुनः कीदृक् सन् । वन्दनार्थं वन्दनायाः अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनवचनजिनप्रतिमाजिनालयलक्षणायाः अर्थः रहस्यं प्रति दण्डकं द्वे नती द्वादशावर्तान् चतुःशिरांसि त्रिशुद्धिं च चिन्तयन् ध्यायन्, एवंभूतः श्रावकः शीतोष्णादिपरीषहविजयी उपसर्गसहिष्णुः मौनी हिंसादिभ्यो विषयकषायेभ्यश्च विनिवृत्त्य सामायिके वर्तमानो महाव्रती भवति । हिंसादिषु सर्वेषु अनासक्तचित्तः अभ्यन्तरप्रत्याख्यानसंयमघातिकर्मोदयजनितमन्दाविरतिपरिणामे सत्यपि महाव्रत इत्युपचर्यते । एवं च कृत्वा अभव्यस्यापि निर्ग्रन्थलिङ्गधारिणः एकादशाङ्गधारिणो[1] महाव्रतपरिपालनादसंयमभावस्यापि उपरिमग्रैवेयकविमानवासित्वं उपपन्ना भवति । एवमभव्योऽपि निर्ग्रन्थरूपधारी सामायिकवशादहमिन्द्रस्थाने श्रीमान् भवति चेत् किं पुनः सम्यग्दर्शनपूतात्मा सामायिकमापन्नः । सामायिकव्रतस्य पञ्चातिचारा भवन्ति, ते के इति चेदुच्यते । 'योगदुःप्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ।' योगस्य कायवाङ्मनसां कर्मणः दुष्टानि प्रणिधानानि दुष्टप्रवृत्तयः, योगस्य अन्यथा वा प्रणिधानानि प्रवृत्तयः, सामायिकावसरे क्रोधमानमायालोभसहिताः कायवाङ्मनसां प्रवृत्तयः, क्रोधादिपरिणामवशाद्दुष्टं प्रणिधानं भवति । शरीरावयवानां हस्तपादादीनाम् अस्थिरत्वं चालनं कायस्यान्यथाप्रवृत्तिः कायदुष्टप्रणिधानम् १ । संस्काररहितार्थागमकवर्णपदप्रयोगो वाचोऽन्यथाप्रवृत्तिः वर्णसंस्कारे भावार्थे च अगमकत्वं चपलत्वविचक्षणं च वाग्दुःप्रणिधानम् २ । मनसोऽनर्पितत्वं मनसः

अनादर और स्मृत्यनुपस्थान । सामायिकके समय योग अर्थात् मन वचन और कायकी दुष्ट प्रवृत्ति करना, यानी परिणामोंमें कषायके आजानेसे मनको दूषित करना, सामायिकमें नहीं लगाना मनोदुष्प्रणिधान है । हाथ पैर वगैरहको स्थिर नहीं रखना कायदुष्प्रणिधान है । मंत्रको जल्दी जल्दी बोलना, जिससे मंत्रका उच्चारण अस्पष्ट और अर्थशून्य प्रतीत हो वचनदुष्प्रणिधान है । इस तरह सामायिकके ये तीन अतिचार हैं । सामायिक करते हुए भी सामायिकमें उत्साहित न होना अथवा अनादर का भाव रखना अनादर नामका चौथा अतिचार है । विस्मरण होना अर्थात् यह भूलजाना कि मैंने अमुकतक पढ़ा या नहीं ! यह स्मृत्यनुस्थापन नामका पाँचवा अतिचार है । रत्नकरंड श्रावकाचारमें भी कहा है–

---

१ 'एकादशाङ्गध्यायिनो' इत्यपि पाठः ।

अन्यथाप्रवृत्तिः मनोदुःप्रणिधानम् ३ । त्रयोऽतिचारा भवन्ति । चतुर्थोऽतिचारः अनादरः अनुत्साहः अनुद्यमः ४ । पञ्चमोऽतिचारः स्मृत्यनुपस्थापनं स्मृतेरनुपस्थापनं विस्मृतिः, न ज्ञायते मया पठितं किं वा न पठितम्, एकाग्रतारहितत्वमित्यर्थः ५ । तथा चोक्तं च । "वाक्कायमानसानां दु प्रणिधानान्यनादरास्मरणे । सामयिकस्यातिगमा व्यज्यन्ते पञ्च भावेन ॥" इति ॥ ३५५-५७ ॥ इति स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षाव्याख्याने प्रथमं सामायिकशिक्षाव्रतं व्याख्यातम् १ । अथ द्वितीयं शिक्षाव्रतं प्रोषधोपवासाख्यं गाथाद्वयेन व्याकरोति-

ण्हाण-विलेवण-भूसण इत्थी-संसग्ग-गंध-धूवादी[1] ।
जो परिहरेदि[2] णाणी वेरग्गाभूसणं किच्चा[3] ॥ ३५८ ॥
दोसु वि पव्वेसु सया उववासं एय-भत्त-णिव्वियडी ।
जो कुणदि एवमाई तस्स वयं पोसहं बिदियं ॥ ३५९ ॥

[छाया-स्नानविलेपनभूषणस्त्रीसंसर्गगन्धधूपादीन् । यः परिहरति ज्ञानी वैराग्याभूषणं कृत्वा ॥ द्वयोः अपि पर्वणोः सदा उपवासम् एकभक्तनिर्विकृती । यः करोति एवमादीन् तस्य व्रतं प्रोषधं द्वितीयम् ॥] तस्य द्वितीयं शिक्षाव्रतं

"वचनका दुष्प्रणिधान, कायका दुष्प्रणिधान, मनका दुष्प्रणिधान, अनादर और अस्मरण ये पांच सामायिकके अतिचार हैं।" इस प्रकार सामायिक नामक प्रथम शिक्षाव्रतका व्याख्यान समाप्त हुवा॥ ३५५-३५७॥ आगे दो गाथाओंसे प्रोषधोपवास नामक दूसरे शिक्षाव्रतको कहते हैं। **अर्थ**-जो ज्ञानी श्रावक सदा दोनो पर्वोंमें स्नान, विलेपन, भूषण, स्त्रीका संसर्ग, गंध, धूप, दीप आदिका त्याग करता है और वैराग्यरूपी आभरणसे भूषित होकर उपवास या एकबार भोजन अथवा निर्विकार भोजन आदि करता है उसके प्रोषधोपवास नामक दूसरा शिक्षाव्रत होता है ॥ **भावार्थ**-प्रोषधोपवासव्रतका पालक श्रावक प्रत्येक पक्षके दो पर्वोंमें अर्थात् प्रत्येक अष्टमी और प्रत्येक चतुर्दशीके दिन उपवास करता है अर्थात् खाद्य, स्वाद्य, लेह्य और पेय चारोंप्रकारके आहारको नहीं करता। वैसे तो केवल पेटको भूखा रखनेका ही नाम उपवास नहीं है, बल्कि पाँचों इन्द्रियाँ अपने स्पर्श, रस, गन्ध, रूप और शब्द इन पाचो विषयोंमें निरुत्सुक होकर रहें, यानी अपने अपने विषयके प्रति उदासीन हों, उसका नाम उपवास है। उपवासका लक्षण इस प्रकार बतलाया है-'जिसमें कषाय और विषयरूपी आहारका त्याग किया जाता है वही उपवास है। बाकी तो लांघन है।' अर्थात् खाना पीना छोड़ देना तो लंघन है जो ज्वर वगैरह हो जानेपर किया जाता है। उपवास तो वही है जिसमें खानपानके साथ विषय और कषायको भी छोड़ा जाता है। किन्तु जो उपवास करनेमें असमर्थ हों वे एकबार भोजन कर सकते हैं। अथवा दूध आदि रसोंको छोडकर शुद्ध मट्ठेके साथ किसी एक शुद्ध अन्नका निर्विकार भोजन कर सकते हैं उसे निर्विकृति कहते हैं। निर्विकृतिका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है-"इन्द्रियरूपी शत्रुओंके दमनके लिये जो दूध आदि पांच रसोंसे रहित भोजन किया जाता है उसे निर्विकृति कहते हैं।" गाथाके आदि शब्दसे उसदिन आचाम्ल या कांजी आदिका भोजन भी किया जा सकता है। गर्म काजीके साथ केवल भात खानेको आचाम्ल कहते हैं और चावलके माण्डसे जो माण्डिया बनाया जाता है उसे कांजी कहते है। अस्तु। उपवासके दिन श्रावकको स्नान नहीं करना चाहिये, तैलमर्दन नहीं करना चाहिये, चन्दन कपूर केसर अगरु कस्तूरी आदिका लेपन नहीं

१ क स ग गंधधूवदीवादि, म धूवादि । २ ब परिहरेद । ३ ल म वेरग्गा (ग वेरग्गा, स वेणा) भरणभूसणं किच्चा ।

प्रोषधाख्यं भवेत्। तस्य कस्य। यः द्वयोः पर्वणोः पर्वण्योः अष्टम्यां चतुर्दश्यां च सदा पक्षं पक्षं प्रति उपवासं स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दलक्षणेषु पञ्चसु विषयेषु परिहृतौत्सुक्यानि पञ्चापि इन्द्रियाणि उपेत्य आगत्य तस्मिन् उपवासे वसन्ति इत्युपवासः, अशनपानखाद्यलेह्यलक्षणचतुर्विधाहारपरिहार इत्यर्थः। उक्तं च उपवासस्य लक्षणम्। "कषायविषयाहारत्यागो यत्र विधीयते। उपवासः स विज्ञेयः शेषं लङ्घनकं विदुः॥" इति तम् उपवासं क्षपणाम् अनशनं करोति विदधाति। तच्छक्त्यभावे एकभक्तम् एकवारभोजनं करोति। तथा निर्विकृतिं शुद्धतक्रैः शुद्धैकान्नभोजनं करोति, वा दुग्धादिपञ्चरसादिरहितम् आहारं भुङ्क्ते। उक्तं च। "आहारो भुज्यते दुग्धादिकपञ्चरसातिगः। दमनायाक्षशत्रूणां यः सा निर्विकृतिर्मता॥" इति एवमुक्तप्रकारेणादिशब्दात् आचाम्लकाञ्जिकाहाररूक्षाहारं मनःचिन्त्यप्रमुखं करोति। "सदुष्णे काञ्जिके शुद्धमाम्लाव्य भुज्यतेऽशनम्। जितेन्द्रियैस्तपोऽर्थं यदाचाम्ल उच्यतेऽत्र सः॥" शुद्धोदनं जलेन सह भोजनं कांजिकाहारम्। तस्य कस्य। यः प्रोषधोपवासव्रती परिहरति निषेधयति त्यजति। कान्। स्नानविलेपनभूषणस्त्रीसंसर्गगन्धधूपप्रदीपादीन्, स्नानं शीतोष्णजलेन मज्जनं तैलादिमर्दनं कर्कोटिकादिकेन स्फेटनम्, विलेपनं चन्दनकर्पूरकुङ्कुमागरुकस्तूरिकादिभिर्विलेपनं शरीरविलेपनम्, भूषणं हारमुकुटकुण्डलकेयूरकटकमुद्रिकाद्याभरणम्, स्त्रीसंसर्गः स्त्रीणां युवतीनां मैथुनस्पर्शनपादसंवाहननिरीक्षणशयनोपवेशनवार्तादिभिः संसर्गः संयोगः स्पर्शनम्, गन्धः सुगन्धः पुष्पसुगन्धचूर्णागरुरसप्रमुखः, धूपः शरीरधूपनं केशवस्त्रादिधूपनं च दीपस्य ज्वलनं ज्वालनकरणं च द्वन्द्वसमासः त एवादिर्येषां ते तथोक्तास्तान्। आदिशब्दात् सचित्तजलकणलवणभूम्यग्निवातकरणवनस्पतितरुफलपुष्पकुड्मलच्छेदादिव्यापारान् परिहरति। कीदृक्षः। ज्ञानी भेदज्ञानी स्वपरविवेचनविज्ञानी। किं कृत्वा। वैराग्याभरणभूषणं कृत्वा भवाङ्गभोगविरक्त्याभरणेनात्मानं भूषयित्वा निरारम्भः

करना चाहिये, हार मुकुट कुण्डल, केयूर, कड़े, अगूंठी आदि आभूषण नहीं पहनने चाहिये, स्त्रियोंके साथ मैथुन नहीं करना चाहिये और न उनका आलिंगन करना चाहिये, न उनसे पैर वगैरह दबवाना चाहिये, न उन्हें ताकना चाहिये, न उनके साथ सोना या उठना बैठना चाहिये, सुगन्धित पुष्प चूर्ण वगैरहका सेवन नहीं करना चाहिये, न शरीर वस्त्र वगैरहको सुवासित धूपसे सुवासित करना चाहिये और न दीपक वगैरह जलाना चाहिये। भूमि, जल, अग्नि वगैरहको खोदना, जलाना बुझाना आदि कार्य नहीं करने चाहिये और न वनस्पति वगैरहका छेदन भेदन आदि करना चाहिये। संसार शरीर और भोगसे विरक्तिको ही अपना आभूषण बनाकर साधुओंके निवासस्थानपर, चैत्यालयमें अथवा अपने उपवासगृहमें जाकर धर्मकथाके सुनने सुनानेमें मनको लगाना चाहिये। ऐसे श्रावकको प्रोषधोपवासव्रती कहते हैं। आचार्य समन्तभद्रने भी लिखा है–'चतुर्दशी और अष्टमीके दिन सदा स्वेच्छापूर्वक चारों प्रकारके आहारका त्याग करना प्रोषधोपवास है। उपवासके दिन पाँचों पापोंका, अलंकार, आरम्भ, गन्ध, पुष्प, स्नान, अंजन और नास लेनेका त्याग करना चाहिये। कानोंसे बड़ी चाहके साथ धर्मरूपी अमृतका स्वयं पान करना चाहिये और दूसरोंको पान कराना चाहिये। तथा आलस्य छोड़कर ज्ञान और ध्यानमें तत्पर रहना चाहिये। चारों प्रकारके आहारके छोड़नेको उपवास कहते हैं, और एक बार भोजन करनेको प्रोषध कहते हैं। अष्टमी और चतुर्दशीको उपवास करके नौमी और पंद्रसको एक बार भोजन करना प्रोषधोपवास है। इस प्रोषधोपवास व्रतके पाँच अतिचार हैं–भूखसे पीड़ित होनेके कारण 'जन्तु हैं या नहीं' यह देखे बिना और मृदु उपकरणसे साफ किये बिना पूजाके उपकरण तथा अपने पहिरनेके वस्त्र आदिको उठाना, बिना देखी बिना साफ की हुई जमीनमें मलमूत्र करना, बिना देखी बिना साफ की हुई भूमिमें चटाई वगैरह बिछाना, भूखसे पीड़ित होनेके कारण आवश्यक छःकर्मोंमें अनादर

श्रावकः शुद्धावकाशे साधुनिवासे चैत्यालये च प्रोषधोपवासगृहे वा धर्मकथाश्रवणश्रावणचिन्तनावहितान्तःकरणः सन् उपवसन् एकाग्रमनाः सन् उपवासं कुर्यात्। स श्रावकः प्रोषधोपवासव्रती भवति। तथा समन्तभद्रस्वामिना प्रोक्तं च। "पर्वण्यष्टम्यां च ज्ञातव्यः प्रोषधोपवासस्तु। चतुरभ्यवहाराणां प्रत्याख्यानं सदेच्छाभिः॥ पञ्चानां पापानामलंक्रियारम्भगन्धपुष्पाणाम्। स्नानाञ्जननस्यानामुपवासे परिहृतिं कुर्यात्॥ धर्मामृतं सतृष्णः श्रवणाभ्यां पिबतु पाययेद्वाऽन्यान्। ज्ञानध्यानपरो वा भवतूपवसन्नतन्द्रालुः॥ चतुराहारविवर्जनमुपवासः प्रोषधः सकृद्भुक्तिः। स प्रोषधोपवासो यदुपोष्यारम्भमाचरति॥ ग्रहणविसर्गास्तरणान्यदृष्टमृष्टान्यनादरास्मरणे। यत्प्रोषधोपवासे व्यतिलंघनपञ्चकं तदिदम्॥" इति द्वितीयशिक्षाव्रतं प्रोषधोपवासाख्यं कथितम् २॥ ३५८–५९॥ अथ तृतीयं शिक्षाव्रतमतिथिसंविभागाख्यं गाथापञ्चकेनाह–

तिविहे पत्तम्हि[1] सया सद्धाई-गुणेहि संजुदो णाणी।
दाणं जो देदि सयं णव-दाण-विहीहि संजुत्तो॥ ३६०॥
सिक्खा-वयं च तिदियं[3] तस्स हवे सव्व-सिद्धि-सोक्खयरं।[4]
दाणं चउविहं पि य सव्वे दाणाणं[5] सारयरं॥ ३६१॥

[छाया–त्रिविधे पात्रे सदा श्रद्धादिगुणैः संयुतः ज्ञानी। दानं यः ददाति स्वयं नवदानविधिभिः संयुक्तः॥ शिक्षाव्रतं च तृतीयं तस्य भवेत् सर्वसिद्धिसौख्यकरम्। दानं चतुर्विधम् अपि च सर्वदानानां सारतरम्॥] तस्य श्रावकस्य शिक्षाव्रतं दानम् अतिथिसंविभागाख्यं तृतीयं भवेत् स्यात्। कीदृशं तत्। दानं चतुर्विधमपि चतुःप्रकारम्।

रखना तथा आवश्यक कर्तव्यको भी भूल जाना, ये पाँच अतिचार हैं। इन्हें छोड़ना चाहिये। आगे प्रोषध प्रतिमामें १६ प्रहरका उपवास करना बतलाया है। अर्थात् सप्तमी और तेरसके दिन दोपहरसे लेकर नौमी और पन्द्रसके दोपहर तक समस्त भोगोपभोगको छोड़ कर एकान्त स्थानमें जो धर्मध्यानपूर्वक रहता है उसके प्रोषधोपवास प्रतिमा होती है। परन्तु यहाँ सोलह प्रहरका नियम नहीं है इसीसे जिसमें उपवास करनेकी सामर्थ्य न हो उसके लिये एक बार भोजन करनाभी बतलाया है, क्यों कि यह व्रत शिक्षारूप है। इस तरह प्रोषधोपवास नामक दूसरे शिक्षाव्रतका व्याख्यान समाप्त हुआ॥ ३५८–३५९॥ आगे पाँच गाथाओंके द्वारा अतिथिसंविभाग नामक तीसरे शिक्षाव्रतका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**—श्रद्धा आदि गुणोंसे युक्त जो ज्ञानी श्रावक सदा तीन प्रकारके पात्रोंको दानकी नौविधियोंके साथ स्वयं दान देता है उसके तीसरा शिक्षाव्रत होता है। यह चार प्रकारका दान सब दानोंमें श्रेष्ठ है, और सब सुखोंका तथा सिद्धियोंका करनेवाला है॥ **भावार्थ**—पात्र तीन प्रकारके होते हैं–उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य। जो महाव्रत और सम्यक्त्वसे सुशोभित हो वह उत्तम पात्र है, जो देशव्रत और सम्यक्त्वसे शोभित हो वह मध्यम पात्र है और जो केवल सम्यग्दृष्टि हो वह जघन्य पात्र है। पात्र बुद्धिसे दान देनेके योग्य ये तीनही प्रकार के पात्र होते हैं। इन तीन प्रकारके पात्रोंको दान देने वाला दाता भी श्रद्धाआदि सात गुणोंसे युक्त होना चाहिये। वे सात गुण हैं—श्रद्धा, भक्ति, अलुब्धता, दया, शक्ति, क्षमा और ज्ञान। 'मैं बड़ा पुण्यवान् हूँ, आज मैंने दान देनेके लिये एक वीतराग पात्र पाया है', ऐसा जिसका भाव होता है वह दाता श्रद्धावान् है। पात्रके समीपमें बैठकर जो उनके पैर दबाता है, वह भक्तिवान् है। 'मुझे इससे काम है इसलिये मैं इसे दान देता हूँ ऐसा भाव जिसके

---

१ क पत्तम्हि, ब म पत्तम्मि। २ ब सद्धाई। ३ क म स तइयं, ग तईयं। ४ ब सव्वसोक्ख(-क्खा) सिद्धियरं। ५ ब सव्वे दाणाणि [सव्वंदाणाण]।

आहाराभयभैषज्यशास्त्रदानप्रकारं दानम्। अतिथिसंविभागं पुनः कथंभूतम्। सर्वसिद्धिसौख्यकरं, सिद्धेः मुक्तेः निर्वाणस्य सौख्यानि सर्वाणि च तानि सौख्यानि च तानि सर्वसौख्यानि करोतीति सर्वसिद्धिसौख्यकरम्। च पुनः, सर्वदानानां "गोहेमं गजवाजिभूमिमहिलादासीतिलस्यन्दनं सद्गेहप्रतिबद्धमत्र दशधा दानं शठैः कीर्तितम्। तद्दाता कुगतिं प्रजेच पुरतो हिंसादिसंवर्धनात् तद्भेतापि च तस्सदा त्यज बुधैर्निन्द्यं कलंकास्पदम्॥" इति दशविधदानानां मध्ये सारतरं दानम् उत्कृष्टम् अतिशयेनोत्कृष्टम् तस्य कस्य। यः श्रावकः स्वयमात्मना स्वहस्तेन वा दानम् आहारौषधाभयज्ञानप्रदानम्। तत्किम्। 'अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम्।' आत्मनः परस्य च उपकारः अनुग्रह उच्यते, सोऽर्थः प्रयोजनं यस्मिन् दानकर्मणि तत् अनुग्रहार्थं स्वोपकाराय विशिष्टपुण्यसंचयलक्षणाय परोपकाराय सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रवृद्धये स्वस्य धनस्य अतिसर्गोऽतिसर्जनं दानमुच्यते। ददाति प्रयच्छति। क केभ्यो वा। त्रिविधे पात्रे त्रिविधेषु पात्रेषु महाव्रतसम्यक्त्वविराजितमुत्तमं पात्रम्, श्रावकव्रतसम्यक्त्वपवित्रं मध्यमपात्रम्, सम्यक्त्वैकेन निर्मलीकृतं जघन्यपात्रम्, इति त्रिविधपात्रेभ्यः दानं ददाति। कीदृक्षः। श्राद्धो दाता सदा नित्यं निरन्तरं श्रद्धादिगुणैः संयुक्तः। श्रद्धा १ तुष्टि २ भक्ति ३ विज्ञानम् ४ अलुब्धता ५ क्षमा ६ शक्तिः ७। यत्रैते सप्त गुणास्तं दातारं प्रशंसन्ति। तथा प्रकारान्तरेण। "श्रद्धा १ भक्ति २ रलोलत्वं ३ दया ४ शक्तिः ५ क्षमा परा ६। विज्ञानं ७ चेति सप्तैते गुणा दातुः प्रकीर्तिताः॥" "वित्तरागो[1] भवेद्यस्य पात्रं लब्धं मयाधुना। पुण्यवानहमेवेति स श्रद्धावानिहोच्यते॥ १॥ आभुक्तेर्वरपात्रस्य संनिधौ व्यवतिष्ठते। तदङ्घ्रिसेवनं कुर्वन् सा भक्तिः परिकीर्तिता॥ २॥ अमुष्मादस्ति मे कार्यमस्मै दानं ददाम्यहम्। इदृक्मनो न यस्यास्ति स दाता नैव लोभवान्॥ ३॥ कार्यं प्रति प्रयातीति कीटादीनवलोकयन्। गृहमध्ये प्रयत्नेन स दाता स्याद्दयापरः॥ ४॥ सर्वमाहारमश्नाति ग्राहको बहुभोजकः। इत्येतन्नास्ति यच्चित्ते सा शक्तिः परिकल्प्यते॥ ५॥ पुत्रदारादिभिर्दोषे कृतेऽपि च न कुप्यति। यः पुनर्दानकालेऽसौ क्षमावानिति भण्यते॥ ६॥ पात्रापात्रे समायाते गुणदोषविशेषवित्। ज्ञानवान् स भवेद्दाता गुणैरेभिः समन्वितः॥ ७॥" इति सप्तगुणैः सहितो दाता भवति। पुनः कीदृक्। दाता ज्ञानी पात्रापात्रदेयादेयधर्माधर्मतत्त्वा-तत्त्वादिविचारज्ञः। पुनः कीदृग्विधः। नवदानविधिभिः संयुक्तः, नवप्रकारपुण्योपार्जनविधिभिः सहितः। तद्यथा— "पडिगह १ मुच्चट्ठाणं २ पादोदय ३ मच्चणं ४ च पणमं च ५। मण ६ वयण ७ कायसुद्धी ८ एसणसुद्धी य ९ णवविहं पुण्णं॥ १॥ पत्तं णियघरदारे दट्ठूणण्णत्थ वा विमग्गित्ता। पडिगहणं कायव्वं णमोत्थु ठाहु त्ति भणिदूण॥ २॥ णेदूणं णियगेहं णिरवज्जाणुवहउच्चठाणम्हि। ठविदूण तदो चलणाण धोवणं होदि कायव्वं॥ ३॥ पादोदयं पवित्तं सिरम्मि काढूण अच्चणं कुज्जा। गंधक्खयकुसुमणिवेज्जदीवधूवेहिं फलेहिं॥ ४॥ पुप्फंजलिं खिवित्ता पयपुरदो वंदणं तदो कुज्जा। चइऊण अट्टरुद्दं मणसुद्धी होदि कायव्वा॥ ५॥ णिट्ठुरकक्कसवयणाइवज्जणं सा वियाण वचिसुद्धी। सव्वत्थ

मनमें नहीं है वह दाता निर्लोभ है। जो दाता घरमें चींटी वगैरह जन्तुओंको देख कर सावधानता पूर्वक सब काम करता है वह दयालु है। 'यह पात्र बहुत खाऊ है, सारा भोजन खाये जाता है' ऐसा जिसके चित्तमें भाव नहीं है वह दाता शक्तिमान है। जो स्त्री पुत्र वगैरहके अपराध करनेपर भी दानके समय उनपर क्रुद्ध नहीं होता वह दाता क्षमावान् है। जिसे पात्र और अपात्र की समझ है वह दाता ज्ञानी है। इन सात गुणोंसे सहित दाता श्रेष्ठ होता है। ऐसा जो दाता उक्त तीन प्रकारके पात्रोंको यथायोग्य नवधाभक्ति पूर्वक आहार दान, अभय दान, औषध दान और शास्त्र दान देता है वह अतिथिसंविभाग व्रतका धारी होता है। परिग्रह, उच्चस्थान, पादोदक, अर्चन, प्रणाम, मनः-शुद्धि, वचनशुद्धि, कायशुद्धि और भोजनशुद्धि ये दानकी नौ विधियां हैं। प्रथम ही पात्रको अपने घरके द्वारपर देखकर अथवा अन्यत्रसे खोज लाकर 'नमोऽस्तु नमोऽस्तु' और 'तिष्ठ तिष्ठ' कह कर ग्रहण करना चाहिये। फिर अपने घरमें लेजाकर उसे ऊंचे आसनपर बैठाना चाहिये। फिर उसके पैर धोने चाहिये। फिर उस पैर धोवनके पवित्र जलको सिर पर लगाना चाहिये। फिर गन्ध, अक्षत, फूल, नैवेद्य, दीप, धूप और फलसे उसकी पूजा करनी चाहिये। फिर चरणोंके समीप नम-

[1] 'वीतरागो' इत्यपि पाठः।

संखुडंगस्स होदि तह कायसुद्धी वि ॥ ६ ॥ चोद्दसमलपरिसुद्धं जं दाणं सोहिदूण जयणाए । संजदजणस्स दिज्जदि सा णेया एसणासुद्धी ॥ ७ ॥ इति सप्तदातृगुणैर्नवविधपुण्योपार्जनविधिमिश्च कृत्वा त्रिविधपात्रेभ्यः अशनपानखाद्यस्वाद्यं चतुर्विधं दानं दातव्यमित्यर्थः ॥ ३६०-१ ॥ अथाहारादिदानमाहात्म्यं गाथात्रयेण व्यनक्ति-

भोयण-दाणं[1] सोक्खं ओसह-दाणेण[2] सत्थ-दाणं च ।
जीवाण अभय-दाणं सुदुल्लहं सव्व-दाणेसु[3] ॥ ३६२ ॥

[छाया-भोजनदानं सौख्यम् औषधदानेन शास्त्रदानं च । जीवानाम् अभयदानं सुदुर्लभं सर्वदानेषु ॥] भोजनदानेन अशनपानखाद्यस्वाद्यचतुर्विधाहारप्रदानेन सौख्यं भोगभूम्यादिजं सुखं भवति । कीदृशं तद्भोजनं न देयम् । उक्तं च । "विवर्णं विरसं विद्धमसात्म्यं प्रसृतं च यत् । मुनिभ्योऽन्नं न तद्देयं यच्च भुक्तं गदावहम् ॥ १ ॥ उच्छिष्टं नीचलोकार्हमन्योद्दिष्टं विगर्हितम् । न देयं दुर्जनस्पृष्टं देवयक्षादिकल्पितम् ॥ २ ॥ ग्रामान्तरात्समानीतं मन्त्रानीतमुपायनम् । न देयमापणक्रीतं विरुद्धं वायथर्तुकम् ॥ ३ ॥" इति । औषधदानेन सह शास्त्रदानं ज्ञानदानं स्यात् । च पुनः, सर्वजीवानाम् अभयदानं सर्वप्राणिनां रक्षणमभयदानम् । किंभूतम् । सर्वदानानां मध्ये सुदुर्लभं अतिदुःप्रापम्, तस्याभयदानस्य शास्त्रौषधाहारमयत्वात् ॥ ३६२ ॥ अथाहारदानस्य माहात्म्यं गाथाद्वयेनाह-

भोयण-दाणे दिण्णे तिण्णि वि दाणाणि होंति दिण्णाणि[4] ।
भुक्ख-तिसाए वाही दिणे दिणे होंति देहीणं[5] ॥ ३६३ ॥

स्कार करना चाहिये तथा आर्त और रौद्र ध्यानको छोड़ कर मनको शुद्ध करे, निष्ठुर कर्कश आदि वचनोको छोड़कर वचनकी शुद्धि करे और सब ओरसे अपनी कायाको संकोच कर कायशुद्धि करे। नख, जीवजन्तु, केश, हड्डी, दुर्गन्ध, मांस, रुधिर, चर्म, कन्द, फल, मूल, बीज आदि चौदह मलों से रहित तथा यत्न पूर्वक शोधा हुआ भोजन संयमी मुनिको देना एषणा शुद्धि है। इस तरह दाताको सात गुणोके साथ पुण्यका उपार्जन करनेवाली नौ विधिपूर्वक चार प्रकारका दान तीन प्रकारके पात्रोंको देना चाहिये ॥ ३६०-३६१ ॥ आगे तीन गाथाओंसे आहार दान आदि का माहात्म्य कहते हैं। **अर्थ**-भोजन दान से सुख होता है। औषध दानके साथ शास्त्रदान और जीवोंको अभयदान सब दानोंमें दुर्लभ है ॥ **भावार्थ**-खाद्य (दाल रोटी पूरी वगैरह), स्वाद्य (बर्फी लाडू वगैरह) लेह्य (रबड़ी वगैरह) और पेय (दूध पानी वगैरह) के भेदसे चार प्रकारका आहारदान सत्पात्रको देनेसे दाताको भोगभूमि आदिका सुख मिलता है। किन्तु मुनिको ऐसा भोजन नहीं देना चाहिये जो विरूप और विरस होगया हो अर्थात् जिसका रूप और स्वाद बिगड़ गया हो, अथवा जो मुनिकी प्रकृतिके प्रतिकूल हो या जिसके खानेसे रोग उत्पन्न हो सकता हो, या जो किसीका जूठा हो, या नीच लोगोंके योग्य हो, या किसी अन्यके उद्देशसे बनाया हो, निन्दनीय हो, दुर्जनके द्वारा छू गया हो, देव यक्ष वगैरहके द्वारा कल्पित हो, दूसरे गांवसे लाया हुआ हो, मंत्रके द्वारा बुलाया गया हो, भेटसे आया हो अथवा बाजारसे खरीदा हुआ हो, ऋतुके अननुकूल तथा विरुद्ध हो । औषधदान शास्त्रदान और अभयदानमें अभयदान सबसे श्रेष्ठ है, क्यों कि सब प्राणियोंकी रक्षा करनेका नाम अभयदान है अतः उसमें शास्त्रदान, औषधदान और आहारदान आ ही जाते हैं ॥ ३६२ ॥ आगे दो गाथाओंसे आहार दानका माहात्म्य कहते हैं। **अर्थ**-भोजनदान देने पर तीनों ही दान दिये

१ ब दाणं [दाणें], छ म स ग दाणेण । २ ब दाणेण सत्थदाणाणं, छ दाणेण ससत्थदाणं च । ३ छ म स ग दाणाणं । ४ ब दाणाइ (इं ?) हुति दिण्णाइ । ५ ब दिणिदिणि हुंति जीवाणं ।

भोयण-बलेण साहू सत्थं [1]सेवेदि रत्ति-दिवसं पि ।
भोयण-दाणे दिण्णे पाणा वि य रक्खिया होंति[2] ॥ ३६४ ॥

[छाया–भोजनदाने दत्ते त्रीणि अपि दानानि भवन्ति दत्तानि । बुभुक्षातृषाभ्यां व्याधयः दिने दिने भवन्ति देहिनाम् ॥ भोजनबलेन साधुः शास्त्रं सेवते रात्रिदिवसमपि । भोजनदाने दत्ते प्राणाः अपि च रक्षिताः भवन्ति ॥] भोजनदानेन अशनपानादिचतुर्विधाहारदाने दत्ते सति त्रीण्यपि दानानि औषधज्ञानाभयवितरणानि दत्तानि भवन्ति । अथाहारदाने दत्ते सति औषधदानं दत्तं कथं स्यादित्यत्र युक्तिं नियुङ्क्ते । देहिनां प्राणिनां दिने दिने दिवसे दिवसे क्षुधातृषाव्याधयो भवन्ति, क्षुत्तृड्रोगाः सन्ति तत् क्षुधातृषाव्याधिनिवारणार्थम् आहारदानं दत्तं सत् औषधदानं दत्तं भवेत् । "मरणसमं णत्थि भयं खुहासमा वेयणा णत्थि । वंछसमं णत्थि जरो दारिद्दसमो वइरिओ णत्थि ॥" इति वचनात् । ननु तद्दानं ज्ञानदानं कथमिति चेदुच्यते । भोजनबलेन आहारस्य शक्त्या माहात्म्याच्च साधुः मुनिः रात्रौ दिवसेऽपि च शास्त्रं सेवते अध्येति शिष्यान् अध्यापयति सदा निरन्तरं ध्यानाध्ययनं करोति कुरुते कारयति च इति हेतोः आहारदानं ज्ञानदानं स्यात् । ननु तद्दानमभयदानं कथमिति चेदुच्यते । भोजनदाने दत्ते सति पात्रस्य प्राणाः "पंच वि इंदियपाणा मणवचिकायेण तिण्णि बलपाणा । आणप्पाणप्पाणा आउगपाणेण होंति दह पाणा ॥" इति दशविधप्राणा रक्षिता भवन्ति । पात्राणां प्राणा जीवितव्यं रक्षिताः सन्तीति हेतोरभयदानं दत्तं भवति । तथा चोक्तं च । "देहो पाणा रूवं विज्जा धम्मं तवो सुहं मोक्खं । सव्वं दिण्णं णियमा हवेइ आहारदाणेणं ॥ १ ॥ भुक्खसमा ण हु वाही अण्णसमाणं च ओसहं णत्थि । तम्हा तद्दाणेण य आरोयत्तं हवे दिण्णं ॥ २ ॥ आहारमओ देहो आहारेण विणा पडेइ णियमेण । तम्हा जेणाहारो दिण्णो देहो हवे तेण ॥ ३ ॥ ता देहो ता पाणा ता रूवं ताम जाण विण्णाणं । जामाहारो पविसइ देहे जीवाण

होते हैं । क्यों कि प्राणियो को भूख और प्यास रूपी व्याधि प्रतिदिन होती है । भोजनके बलसे ही साधु रात दिन शास्त्रका अभ्यास करता है और भोजन दान देने पर प्राणोंकी भी रक्षा होती है ॥ **भावार्थ**—चार प्रकारका आहारदान देने पर औषधदान, ज्ञानदान और अभयदान भी दिये हुए ही समझने चाहिये । अर्थात् आहारदानमें ये तीनों ही दान गर्भित हैं । इसका खुलासा इस प्रकार है । आहार दान देने पर औषध दान दिया हुआ समझना चाहिये । इसमें युक्ति यह है कि प्राणियोंको प्रतिदिन भूख और प्यास रूपी रोग सताते हैं । अतः भूख और प्यास रूपी रोगको दूर करनेके लिये जो आहार दान दिया जाता है वह एक तरहसे औषध दान ही है । कहा भी है—"मृत्युके समान कोई भय नहीं । भूखके समान कोई कष्ट नहीं । वांछा समान ज्वर नहीं । और दारिद्र्यके समान कोई वैरी नहीं ।" अब प्रश्न यह है कि आहार दान ज्ञान दान कैसे है ? इसका उत्तर यह है कि भोजन खानेसे शरीरमें जो शक्ति आती है उसकी वजहसे ही मुनि दिन रात शास्त्रकी स्वाध्याय करता है, शिष्योंको पढ़ाता है तथा निरन्तर ध्यान वगैरहमें लगा रहता है । अतः आहार दान ज्ञान-दान भी है । अब प्रश्न होता है कि आहारदान अभयदान कैसे है ? इसका समाधान यह है कि भोजनदान देनेसे पात्रके प्राणोंकी रक्षा होती है इसलिये आहारदान अभयदान भी है । कहा भी है—"आहारदान देनेसे विद्या, धर्म, तप, ज्ञान, मोक्ष सभी नियमसे दिया हुआ समझना चाहिये । भूख के समान व्याधि नहीं और अन्नके समान औषधी नहीं । अतः अन्नदानसे औषधदान ही दिया हुआ होता है । यह शरीर आहारमय है । आहार न मिलनेसे यह नियमसे ठिक नहीं सकता । अतः जिसने आहार दिया उसने शरीर ही दे दिया ।' शरीर, प्राण,

१ क म स ग सेवदि रत्तिदिवहं (स सेवंदि ?) । २ ब हुंति ।

सुक्खयरो ॥ ४ ॥ आहारसणे देहो देहेण तवो तवेग रयमडणं । रयणासे वरणाणं णाणे मोक्खो जिणो भणइ ॥ ५ ॥" ३६३–६४ ॥ अथ दानस्य माहात्म्यं गाथाद्वयेन विशदयति–

इह-पर-लोय-णिरीहो दाणं जो देदि[1] परम-भत्तीए ।
रयणत्तए[2] सुठविदो[3] संघो सयलो हवे तेण ॥ ३६५ ॥
उत्तम-पत्त-विसेसे[4] उत्तम-भत्तीएँ उत्तमं दाणं ।
एय-दिणे वि य दिण्णं[5] इंद-सुहं उत्तमं देदि[6] ॥ ३६६ ॥[7]

[छाया–इह परलोकनिरीहः दानं यः ददाति परमभक्त्या । रत्नत्रये सुस्थापितः संघः सकलः भवेत् तेन ॥ उत्तम-पात्रविशेषे उत्तमभक्त्या उत्तमं दानम् । एकदिने अपि च दत्तम् इन्द्रसुखम् उत्तमं ददाति ॥] यः अतिथिसविभागशिक्षाव्रती श्रावको दाता दानं ददाति आहारादिकं प्रयच्छति । कया । परमभक्त्या उत्कृष्टानुरागेण परमप्रीत्या परमश्रद्धया रुच्या भावेन स्वयमेवात्मना स्वहस्तेन पात्राय दानं ददाति न तु परहस्तेन । उक्तं च । "धर्मेषु स्वामिसेवायां सुतोत्पत्तौ च कः सुधीः । अन्यत्र कार्यदैवाभ्या प्रतिहस्तं समादिशेत् ॥" कीदृक् दाता सन् । इहपरलोकनिरीहः य इहलोके यशःकीर्तिख्यातिमहिमा-धनसुवर्णरत्नमाणिक्यगोमहिषीबलीवर्दधान्यादिप्राप्तिः पुत्रकलत्रमित्रसुखाद्याप्तिः मन्त्रतन्त्रयन्त्रविद्याविभवादिप्राप्तिः परलोके स्वर्गाप्सरोराज्यरूपविमाननरेन्द्रदेवेन्द्रधरणेन्द्रसंपदाधनधान्यादिप्राप्तिश्च तत्र तेषु निरीहः वाञ्छारहितः कर्मक्षयार्थी तेन श्राद्धेन दात्रा सकलसंघः ऋषिमुनियत्यनगारः अथवा यत्यार्यिकाश्रावकश्राविकालक्षणः चतुर्विधसंघः स्थापितः स्थिरीकृतो भवति । केषु । रत्नत्रयेषु व्यवहारनिश्चयसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेषु सर्वसंघः स्थिरीकृतः । कथं रत्नत्रयेषु स्थापितो भवति संघ इति चेत्, सरसाहारेण संघस्य वपुषि शक्तिर्भवति, आरोग्यादिकं च स्यात्, तेन तु ज्ञानध्यानाभ्यासतत्त्वचिन्तनश्रद्धारुचि-पर्वोपवासादितीर्थयात्राधर्मोपदेशश्रवणश्रावणादिकं सुखेन प्रवर्तते इति । उत्तमपात्रविशेषे ध्यानाध्ययनविशिष्टनिर्ग्रन्थमुनये उत्तमदानं धात्र्यादिषट्चत्वारिंशद्दोषविरहितं चतुर्दशमलरहितं च दानं वितरणं प्रदानं दत्तं सत् । क्व । एकस्मिन्नपि

रूप, ज्ञान वगैरह तभी तक हैं जब तक शरीरमें सुख दायक आहार पहुंचता है। आहारसे शरीर रहता है। शरीरसे तपश्चरण होता है। तपसे कर्मरूपी रजका नाश होता है। कर्मरूपी रजका नाश होने पर उत्तम ज्ञानकी प्राप्ति होती है और उत्तम ज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति होती है।" ॥ ३६३–३६४ ॥ आगे दो गाथाओंसे दानका माहात्म्य स्पष्ट करते हैं। **अर्थ–**जो पुरुष इस लोक और परलोकके फलकी इच्छासे रहित होकर परम भक्तिपूर्वक दान देता है वह समस्त संघको रत्नत्रयमें स्थापित करता है। उत्तम पात्रविशेषको उत्तम भक्तिके द्वारा एक दिन भी दिया हुआ उत्तम दान इन्द्रपदके सुखको देता है ॥ **भावार्थ–**अतिथिसंविभागव्रतका पालक जो श्रावक इस लोकमें यश, ख्याति, पूजा, धन, सोना, रत्न, स्त्री, पुत्र, यंत्र, मंत्र, तंत्र आदिकी चाह न करके और परलोकमें देवांगना, राज्य, नरेन्द्र, देवेन्द्र और धरणेन्द्रकी सम्पत्ति तथा धनधान्यकी प्राप्तिकी चाह न करके अत्यन्त श्रद्धाके साथ स्वयं अपने हाथसे सत्पात्रको दान देता है, दूसरेसे नहीं दिलाता, क्यों कि कहा है–"यदि कोई बहुत जरूरी काम न हो या दैवही ऐसा न हो तो धर्मसेवा, स्वामीकी सेवा और संतान उत्पन्न करना, इन कामोंको कौन बुद्धिमान पुरुष दूसरेके हाथ सौंप सकता है?" वह पुरुष ऋषि, यति, मुनि और अनगारके भेदसे अथवा मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविकाके भेदसे चार प्रकारके संघको सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र रूप रत्नत्रयमें स्थापित करता है। क्योंकि सरस आहार करनेसे

१ ब देइ। २ ल स ग रयणत्तये। ३ ब सुइविदो (?)। ४ म विसेसो। ५ ग दिणे। ६ ब होदि। ७ ब दाणं। पुव्व इत्यादि।

दिने दिवसे, अपिशब्दात् सर्वस्मिन् दिने दत्तं दानं किं करोतीत्याह । उत्तमं सर्वोत्कृष्टम् इन्द्रसुखं कल्पवासिनां देवेन्द्राणां सौधर्मेन्द्रादीनां सुखं शर्म ददाति वितरति । उक्तं च तथा । "सम्मादिट्ठी पुरिसो उत्तमपत्तस्स दिण्णदाणेण । उप्पज्जइ दिवलोए हवेइ स महड्ढिओ देवो ॥ १ ॥ मिच्छादिट्ठी पुरिसो दाणं जो देदि उत्तमे पत्ते । सो पावइ वरभोए फुडु उत्तमभोयभूमीसु ॥ २ ॥ मज्झिमपत्ते मज्झिमभोयब्भूमीसु पावए भोए । पावइ जहण्णभोए जहण्णपत्तस्स दाणेण ॥ ३ ॥ उत्तमखेत्ते बीयं फलइ जहा कोडिलक्खगुण्णेहिं । दाणं उत्तमपत्ते फलइ तहा किमित्थ भणिएण ॥ ४ ॥" इति । तथा च सूत्रे 'विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात् तद्विशेषः' । सुपात्रप्रतिग्रहादिनवप्रकारपुण्योपार्जनं विधिरुच्यते । तस्य विधेः विशेषः आदरोऽनादरश्च । आदरेण विशिष्टं पुण्यं भवति । अनादरेण अविशिष्टं पुण्यमिति १ । द्रव्यं मकारत्रयरहितं तन्दुलगोधूमविकृतिघृतादिकं शुद्धं चर्मपात्रास्पृष्टं तस्य विशेषः ग्रहीतुर्मुनेस्तपःस्वाध्यायशुद्धपरिणामादिवृद्धिहेतुः विशिष्टपुण्यकारणम् अन्यथा अन्यादृशकारणम् । 'जो पुण हुंतइ कणधणई मुणिहिं कुभोयणु देइ । जम्मि जम्मि दालिद्दुउ पुट्ठि ण तहु छंडेइ ॥' २ । दाता द्विजनृपवाणिजवर्णवर्णनीयस्तस्य विशेषः पात्रेऽनसूयः त्यागे विषादरहितः दातुमिच्छुः दाता ददद्दत्तवत्प्रीतियोगः शुभपरिणामः दृष्टफलानपेक्षकः सप्तगुणसमेतः दाता ३ । पात्रमुत्तममध्यमजघन्यभेदम्, तत्रोत्तमं पात्रं महाव्रतविराजितं मध्यमपात्रं श्रावकव्रतपवित्रं जघन्यपात्रं सम्यक्त्वेन निर्मलीकृतम्, तस्य विशेषः सम्यग्दर्शनादिशुद्धा शुद्धिः तद्विशेषः तस्य दानस्य फलविशेषस्तद्विशेषः । तथा अतिथिसंविभागस्य पञ्चातिचारा वर्जनीयाः । ते के । 'सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः ।' सचित्ते

संघके शरिरमें शक्ति आती है । नीरोगता वगैरह रहती है और उनके होनेसे ज्ञान ध्यानका अभ्यास, तत्त्वचिन्तन, श्रद्धा, रुचि, पर्वमें उपवास, तीर्थयात्रा, धर्मका उपदेश सुनना सुनाना आदि कार्य सुखपूर्वक होते हैं । तथा ध्यानी ज्ञानी निर्ग्रन्थ मुनिको छियालिस दोषों और १४ मलोंसे रहित दान एक दिन भी देनेसे कल्पवासी देवोंके सौधर्मेन्द्र आदि पदोंका सुख प्राप्त होता है । कहा भी है-"जो सम्यग्दृष्टि पुरुष उत्तम पात्रको दान देता है वह उत्तम भोगभूमिमें जन्म लेता है । जो मध्यम पात्रको दान देता है वह मध्यम भोगभूमिमें जन्म लेता है । और जो जघन्य पात्रको दान देता है वह जघन्य भोग भूमिमें जन्म लेता है । जैसे उत्तम जमीनमें बोया हुआ बीज लाख करोड़ गुना फलता है वैसे ही उत्तम पात्रको दिया हुआ दान भी फलता है ।" तत्त्वार्थ सूत्रमें भी कहा है-'विधि विशेष, द्रव्य, विशेष, दाता विशेष और पात्र विशेषसे दानमें विशेषता होती है ।' आदरपूर्वक दान देना विधिकी विशेषता है क्यों कि आदर पूर्वक दान देनेसे विशेष पुण्य होता है और अनादर पूर्वक दान देनेसे सामान्य पुण्य होता है । मुनिको जो द्रव्य दिया जाये उसमें मद्य मांस मधुका दोष न हो, चावल गेहूं घी वगैरह सब शुद्ध हो, चमड़ेके पात्रमें रक्खे हुए न हो । जो द्रव्य मुनिके तप, स्वाध्याय और शुद्ध परिणामों आदिकी वृद्धिमें कारण होता है वह द्रव्य विशेष है । ऐसे द्रव्यके देनेसे विशिष्ट पुण्य बन्ध होता है, और जो द्रव्य आलस्य रोग आदि पैदा करता है उससे उल्टा पापबन्ध या साधारण पुण्यबन्ध होता है । कहा भी है-'जो पुरुष घरमें धन होते हुए भी मुनिको कुभोजन देता है अनेक जन्मोंमें भी दारिद्र्य उसका पीछा नहीं छोड़ता ।' दाता ब्राह्मण, क्षत्रिय अथवा वैश्यवर्णका होना चाहिये । पात्रकी निन्दा न करना, दान देते हुए खेदका न होना, जो दान देते हैं उनसे प्रेम करना, शुभ परिणामसे देना, किसी दृष्टफलकी इच्छासे न देना और सात गुण सहित होना, ये दाताकी विशेषता है । पात्र तीन प्रकारका बतलाया है-उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य । सम्यग्दर्शन, व्रत वगैरहका निर्मल होना पात्रकी विशेषता है । इन सब विशेषताओंके होने से दानके फलमें भी विशेषता होती है । अतिथिसंविभाग व्रतके भी पाँच अतिचार कहे हैं-सचित्त केले

कदलीपत्रोल्कपत्रपद्मपत्रादौ आहारस्य निक्षेपः मोचनम् १। सचित्तेन कदल्यादिपत्रादिना आहारस्य अपिधानम् आवरणम् आच्छादनम् २। अपरदातुर्देयस्यार्पणं मम कार्यं वर्तते त्वं देहीति परव्यपदेशः, परस्य व्यपदेशः कथनं वा, अत्र परे अन्ये दातारो वर्तन्ते नाहमत्र दायको वर्ते इति परव्यपदेश. ३। यद्दानं ददत् पुमान् आदरं न कुरुते अपरदातृगुणान् न क्षमते वा तन्मात्सर्यम् ४। अकाले भोजनं अनगारायोग्यकाले दानं क्षुधितेऽनगारे विमर्दकरणं च कालातिक्रमः ५। इत्यतिथिसंविभागाख्यं तृतीयशिक्षाव्रतं समाप्तम् ॥ ३६५-६ ॥ अथ देशावकाशिकशिक्षाव्रतं गाथाद्वयेन व्याचष्टे-

पुव्व-पमाण-कदाणं[1] सव्व-दिसीणं पुणो वि संवरणं।
इंदिय-विसयाण तहा[2] पुणो वि जो कुणदि संवरणं ॥ ३६७ ॥
वासादि-कय-पमाणं दिणे दिणे[3] लोह-काम-समणट्ठं[4]।
सावज्ज-वज्जणट्ठं तस्स चउत्थं वयं होदि ॥ ३६८ ॥

[*छाया-पूर्वप्रमाणकृतानां सर्वदिशानां पुनः अपि संवरणम्। इन्द्रियविषयाणां तथा पुनः अपि यः करोति संवरणम् ॥ वर्षादिकृतप्रमाणं दिने दिने लोभकामशमनार्थम्। सावद्यवर्जनार्थं तस्य चतुर्थं व्रतं भवति ॥*] तस्य पुंसः चतुर्थं शिक्षाव्रतं देशावकाशिकाख्यं भवति। तस्य कस्य। यः श्रावकः पुनरपि पूर्वप्रमाणकृतानां पूर्वस्मिन् दिग्गुणव्रते प्रमाणविषयकृतानां सर्वदिशानां पूर्वोत्तरपश्चिमदक्षिणदिग्विदिगधोर्ध्वदिगिति दशदिशां दिशानां काष्ठानां संवरणं संकोचनं करोति शालिप्रतोलिखातिकामार्गगृहहट्टनदीसरोवरकूपसमुद्रग्रामयोजनवनोपवनादिपरिमाणं मर्यादां प्रतिदिनं करोतीत्यर्थः। तथा इन्द्रियविषयाणाम् इन्द्रियाणां सेव्या ये विषया गोचराः गम्याः तेषाम् इन्द्रियविषयाणां स्पर्श ८ रस ५ गन्ध २ वर्ण ५ शब्दानां ७ पदार्थानां पुनरपि पूर्वं निषिद्धानामपि पुनः संवरणं संकोचनं निवृत्तिं प्रतिदिनं करोति। दिने दिने दिनं

के पत्ते, कमलके पत्ते वगैरहमें आहारका रखना १, केले के सचित्त पत्ते वगैरहसे आहारको ढांकना २, दूसरे दाताने जो द्रव्य देनेको रखा है उसे स्वयं दे देना अथवा दूसरेपर दान देनेका भार सौंप देना कि मुझे काम है तुम दे देना, अथवा और बहुतसे देनेवाले हैं, अतः मैं देकर क्या करूंगा, इस प्रकार दूसरोंके बहानेसे स्वयं दान न देना, दान देनेवाले अन्य दातासे ईर्षा करना, मुनियोंके भोजनके समयको टालकर अकालमें भोजन करना, अतिथिसंविभाग व्रतके ये पांच अतिचार छोड़ने चाहिये। अतिथिसंविभाग नामके तीसरे शिक्षाव्रतका कथन समाप्त हुआ ॥ ३६५-३६६ ॥ अब दो गाथाओंसे देशावकाशिक नामके शिक्षाव्रतको कहते हैं। **अर्थ-**जो श्रावक लोभ और कामको घटानेके लिये तथा पापको छोड़नेके लिये वर्ष आदिकी अथवा प्रति दिनकी मर्यादा करके, पहले दिग्विरतिव्रतमें किये हुए दिशाओंके परिमाणको तथा भोगोपभोगपरिमाणमें किये हुए इन्द्रियोंके विषयोंके परिमाणको और भी कम करता है उसके चौथा देशावकाशिक नामका शिक्षाव्रत होता है ॥ **भावार्थ-**दिग्विरति नामक गुणव्रतमें दसों दिशाओंकी मर्यादा जीवनपर्यन्तके लिये की जाती है, तथा भोगोपभोग परिमाण व्रतमें इन्द्रियोंके विषयोंकी मर्यादा की जाती है। किन्तु देशावकाशिक नामके शिक्षाव्रतमें कालकी मर्यादा बांध कर उक्त दोनों मर्यादाओंको और भी कम किया जाता है। अर्थात् जिस नगर या ग्राममें देशावकाशिक व्रती रहता हो उस नगरकी चार दीवारी, खाई, या अमुक मार्ग अथवा अमुक घर, बाजार, नदी, सरोवर, कुआ, समुद्र, गाव, वन, उपवन वगैरहकी मर्यादा बांध कर

[1] ब कयाणं। [2] ब तह (?)। [3] ब दिणि दिणि (?)। [4] ल म स ग समणत्थं।

दिनं प्रति वासादिकयपमाणं वर्षादिकृतप्रमाणं वर्षायनर्तुमासपक्षदिवसादिपर्यन्तकृतमर्यादं कृतसंवरणम् अथवा वासादिकयपमाणं वस्त्रादिचतुर्दशवस्तूनां सप्तदशवस्तूनां प्रतिदिनं नियमः परिमाणं वा मर्यादासंख्या कर्तव्यम् । उक्तं च 'तंबूल १ गंध २ पुप्फा ३ दिससंखा ४ वत्थ ५ वाहणं ६ जाण ७ । सच्चित्तवत्थुसंखा ८ रसबाओ ९ आसणं सेज्जा १० ॥ णियगाममग्गसंखा ११ उड्ढा १२ अहो १३ तिरयगमणपरिमाणं १४ । एदे चउदसणियमा पडिदिवसं होंति सावयाणं च ॥' 'भोजने १ षड्रसे २ पाने ३ कुङ्कुमादिविलेपने ४ । पुष्प ५ ताम्बूल ६ गीतेषु ७ नृत्यादौ ८ ब्रह्मचर्यके ९ ॥ स्नान १० भूषण ११ वस्त्रादौ १२ वाहने १३ शयना १४ सने १५ । सचित्त १६ वस्तुसंख्यादौ १७ प्रमाणं भज प्रत्यहम् ॥' इति । किमर्थं संवरणम् । लोभकामशमनार्थम्, लोभः तृष्णा परवस्तुवाञ्छा कामः कन्दर्पसुखं तयोर्लोभकामयोः शमनार्थं निरासार्थम् । पुनः किमर्थम् । सावद्यवर्जनार्थम्, सावद्यं हिंसादिकृतपापं तस्य पापकर्मणः वर्जनं विमुक्तिः तदर्थं पापव्यापारशमनाय पडिसंवरणं पूर्वकृतं संवरणमपि पुनः संवरणं प्रतिसंवरणम् । चतुर्थदेशावकाशिकशिक्षाव्रतस्याति-

---

और वर्ष, अयन, ऋतु, मास, पक्ष या दिनका परिमाण करके वह उतने समय तक उस मर्यादाके बाहर नहीं आता जाता। तथा इसी प्रकार इन्द्रियोंके विषयोंको भोगनेके परिमाणको भी घटाता है। अथवा गाथामें आये 'वासादिक पमाणं' पदका अर्थ 'वर्ष आदिका प्रमाण' न करके 'वस्त्र आदिका प्रमाण' अर्थ भी किया जा सकता है क्यों कि प्राकृतमें 'वास' का अर्थ वस्त्र भी होता है। अतः तब अर्थ ऐसा होगा कि देशावकाशिक व्रतीको वस्त्र आदि चौदह वस्तुओंका अथवा सतरह वस्तुओं का प्रतिदिन परिमाण करना चाहिये। वे चौदह वस्तुएँ इस प्रकार कही हैं–ताम्बूल, गन्ध, पुष्प वगैरह, वस्त्र, सवारी, सचित्तवस्तु, रस, वाद्य, आसन, शय्या, अपने गांवके मार्ग, ऊर्ध्वगमन, अधोगमन और तिर्यग्गमन। इन चौदह बातोंका नियम श्रावकको प्रति दिन करना चाहिये। सतरह वस्तुएँ इस प्रकार हैं–भोजन, षट् रस, पेय, कुंकुम आदिका लेपन, पुष्प, ताम्बूल, गीत, नृत्य, मैथुन, स्नान, भूषण, वस्त्र, सवारी, शय्या, आसन, सचित्त और वस्तु संख्या। इन सतरह वस्तुओंका प्रमाण प्रति दिन करना चाहिये कि मैं आज इतनी बार इतना भोजन करूँगा, या न करूँगा, आदि। यह प्रमाण लोभ कषाय और कामकी शान्तिके लिये तथा पापकर्मसे बचनेके लिये किया जाता है। इसीका नाम देशावकाशिक व्रत है। यह हम पहले लिख आये हैं कि किन्हीं आचार्योंने देशावकाशिक व्रतको गुणव्रतोंमें गिनाया है और किन्हींने शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है। जिन आचार्योंने देशावकाशिकको शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है उन्होंने उसे प्रथम शिक्षाव्रत रखा है तथा दिग्विरतिव्रतके अन्दर प्रतिदिन कालकी मर्यादा करके देशकी मर्यादाके सीमित करनेको देशावकाशिक कहा है। यही बात 'देशावकाशिक' नामसे भी स्पष्ट होती है। किन्तु इस ग्रन्थमें ग्रन्थकारने देशावकाशिकको चौथा शिक्षाव्रत रखा है तथा उसमें दिशाओंके परिमाणके संकोचके साथ भोगोपभोगके परिमाणको भी संकोचनेका नियम रखा है। ये बातें अन्यत्र हमारे देखनेमें नहीं आई। अस्तु, इस व्रतके भी पाँच अतिचार कहे हैं–काम पड़नेपर मर्यादित देशके बाहरसे किसी वस्तुको लानेकी आज्ञा देना आनयन नामक अतिचार है। मर्यादित देशसे बाहर किसीको भेजकर काम कराना प्रेष्यप्रयोग नामका अतिचार है। मर्यादित देशसे बाहर काम करनेवाले मनुष्योंको लक्ष्य करके खखारना वगैरह शब्दानुपात नामका अतिचार है। मर्यादित देशसे बाहर काम करनेवाले नौकरोंको अपना रूप दिखाना जिससे वे मालिकको देखता देखकर जल्दी २ काम करें, रूपानुपात नामका अतिचार है।

चाराः पञ्च। 'आनयन १ प्रेष्यप्रयोगः २ शब्द ३ रूपानुपात ४ पुद्गलक्षेपाः ५।' एते वर्जनीया इति शिक्षाव्रतं चतुर्थं संपूर्णम्। एतानि चत्वारि शिक्षाव्रतानि भवन्ति। मातृपित्रादिवचनवदपत्यानाम् अणुव्रतानां शिक्षाप्रदायकानि अविनाशकारकाणीत्यर्थः ॥ ३६७-६८ ॥ अथ संक्षेपेण सल्लेखनामुल्लिखन्ति -

बारस-वएहिँ[1] जुत्तो सल्लिहणं जो कुणेदि[2] उवसंतो।
सो सुर-सोक्खं[3] पाविय कमेण सोक्खं[4] परं लहदि ॥ ३६९ ॥

[छाया-द्वादशव्रतैः युक्तः सल्लेखनां यः करोति उपशान्तः। स सुरसौख्यं प्राप्य क्रमेण सौख्यं परं लभते ॥] स पूर्वोक्तद्वादशव्रतधारी श्रावकः सुरसौख्यं सुराणामिन्द्रादीनां सौख्यं सौधर्माद्यच्युतस्वर्गपर्यन्तइन्द्रसामानिकादीनां सुखम् अप्सरोविमानज्ञानविक्रियादिसंभवं सातं शर्म प्राप्य भुक्त्वा क्रमेण अनुक्रमेण जघन्येन द्वित्रिभवग्रहणेनोत्कृष्टेन सप्ताष्टभवग्रहणेन वा 'जहण्णेण दोतिण्णिभवगहणेण उक्कस्सेण सत्तट्ठभवगहणेण' इति वचनात् परं सौख्यं निर्वाणसौख्यं स्वात्मोपलब्धिभवं सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेतं शाश्वतम् अनुपमम् इन्द्रियातीतं सातं लभते प्राप्नोति। स कः। यः श्रावकः सल्लेखनां मारणान्तिकीं मरणकाले करोति। सत् सम्यग्लेखना कायस्य कषायाणां च कृशीकरणं तनूकरणं तुच्छकरणं सल्लेखना। कायस्य सल्लेखना बाह्यसल्लेखना, कषायाणां सल्लेखना आभ्यन्तरा सल्लेखना क्रमेण कायकारणान्नपानत्यजनं कषायाणां च त्यजनम्। शरीरसल्लेखनां कषायाणां सल्लेखनां च सं सम्यक् यथोक्तं भगवत्याद्युक्तप्रकारेण लेखनं कृशीकरणं करोति। कीदृक्षः सन्।

उन्हींको लक्ष्य करके उनका ध्यान आकृष्ट करनेके लिये पत्थर वगैरह फेंकना पुद्गलक्षेप नामका अतिचार है। ये अतिचार देशावकाशिक व्रतीको छोड़ने चाहिये। जैसे माता पिताके वचन बच्चोंको शिक्षादायक होते हैं वैसे ही ये चार शिक्षाव्रत भी अणुव्रतोंका संरक्षण करते हैं ॥ ३६७-३६८ ॥ आगे संक्षेपसे सल्लेखनाको कहते हैं। **अर्थ**-जो श्रावक बारहव्रतों को पालता हुआ अन्त समय उपशम भावसे सल्लेखना करता है, वह स्वर्गके सुख प्राप्त करके क्रमसे उत्कृष्ट सुख प्राप्त करता है ॥ **भावार्थ**-शरीर और कषायोंके क्षीण करनेको सल्लेखना कहते हैं। शरीरको क्षीण करना बाह्य सल्लेखना है और कषायोंको क्षीण करना अभ्यन्तर सल्लेखना है। यह सल्लेखना मरणकाल आनेपर की जाती है। जब पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतोंका पालक श्रावक यह देखता है कि किसी उपसर्गसे या दुर्भिक्ष पड़नेसे, या बुढ़ापेके कारण अथवा रोगके कारण मृत्यु सुनिश्चित है और उससे बचनेका कोई उपाय नहीं है तब वह अपने जीवन भर पाले हुए धर्मकी रक्षाके लिये तत्पर हो जाता है। और राग, द्वेष, मोह, परिग्रह वगैरहको छोड़कर, शुद्ध मनसे अपने कुटुम्बियों और नौकर चाकरोंसे क्षमा मांगता है तथा उनके अपराधोंके लिये उन्हें क्षमा कर देता है। उसके बाद स्वयं किये हुए, दूसरोंसे कराये हुए और अनुमोदनासे किये हुए अपने जीवन भर के पापोंकी आलोचना बिना छल छिद्रके करता है। उसके बाद मरणपर्यन्तके लिये पूर्ण महाव्रत धारण कर लेता है अर्थात् मुनि हो जाता है और शोक, भय, खेद, स्नेह वगैरह दुर्भावोंको छोड़कर अच्छे अच्छे शास्त्रोंकी चर्चा श्रवणसे अपने मनको प्रसन्न रखनेकी चेष्टा करता है। इस तरह कषायोंको क्षीण करके भोजन छोड़ देता है और दूध वगैरह परही रहता है। फिर क्रमसे दूध वगैरहको भी छोड़कर गर्मजल रख लेता है। और जब देखता है कि मृत्यु अत्यन्त निकट है तब गर्म जलको भी छोड़कर उपवास धारण कर लेता है। और मनमें पञ्चनमस्कार मंत्रका चिन्तन

---

१ छ म स ग वयेहि। २ छ म स ग जो सल्लेहणं (स संलेहण) करेदि, ब सल्लेहणं (?)। ३ ब सुक्खं। ४ ब मोक्खं (?)।

पूर्वोक्तैः पञ्चाणुव्रतत्रिगुणव्रतचतुःशिक्षाव्रतैर्द्वादशैर्युक्तः संयुक्तः सन्। पुनः किंभूतः। उपशान्तः अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यान-क्रोधमानमायालोभानामुपशामकः क्रोधादिरहितः रागद्वेषपरिणामविनिर्मुक्त इत्यर्थः। तस्याः अतिचाराः पञ्च। के ते इति चेदुच्यते। 'जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि।' जीवितस्याशंसा वाञ्छा अभिलाषः मरणस्याशंसा वाञ्छाभिलाषः। कथम्। निश्चितम् अध्रुव हेयं चेदं शरीरं तस्य स्थितौ आदरः जीविताशंसाभिलाषः १। रोगादिभीते-र्जीवसंक्लेशेन मरणे मनोरथो मरणाशंसाभिलाषः २। चिरन्तनं मित्रेण सह क्रीडानुस्मरणं कथमनेन ममाभीष्टेन मित्रेण मया सह पांशुक्रीडनादिकं कृतम्, कथमनेन ममाभीष्टेन व्यसनसहायत्वम् आचरितं, कथमनेन ममाभीष्टेन मदुत्सवे संभ्रमो विहितः इत्याद्यनुस्मरणं मित्रानुरागः ३। एवं मया शयनवस्त्रादिकं भुक्तम्, एवं मया हंसतूलोपरि दुकूलाच्छा-दितायां शय्यायां वरवनितया आलिङ्गितेन सुखं शयितम् इत्यादिसुखानि मम संपन्नानि अनुभूतप्रीतिप्रकारस्मृतिः वारं वारं स्मरणं सुखानुबन्धः पूर्वभुक्तसुखानुस्मरणमित्यर्थः ४। भोगाकाङ्क्षणेन निश्चितं दीयते मनो यस्मिन् येन वा तन्निदानम् ५। ॥ ३६९ ॥ इति सल्लेखनानामकं व्रतं समाप्तम्। पुनः व्रतमाहात्म्यं संटीकते–

एक्कं पि वयं विमलं सद्दिट्ठी जइ[1] कुणेदि दिढ-चित्तो।
तो विविह-रिद्धि-जुत्तं इंदत्तं पावए[2] णियमा ॥ ३७० ॥[3]

[छाया–एकम् अपि व्रतं विमलं सद्दृष्टिः यदि करोति दृढचित्तः। तत् विविधऋद्धियुक्तम् इन्द्रत्वं प्राप्नोति नियमात् ॥] यदि चेत् सद्दृष्टिः सम्यग्दृष्टिः सम्यक्त्वसहितः श्रावकः। किंभूतः। दृढचित्तः स्वकीयव्रतरक्षणे निश्चलचित्तः स्थिरमनाः एकमपि व्रतं द्वादशव्रतानां मध्ये एकमपि व्रतम् अपिशब्दात् सकलान्यपि व्रतानि करोति संधत्ते धरति। कीदृशं व्रतम्। विमलं विगताभिचारमलम्, मलाः एकैकस्मिन् व्रते पञ्चातिचाराः तैः रहितं निरतिचारं व्रतम्, तो तर्हि, नियमात् निश्चयतः, इन्द्रत्वं सुरस्वामित्वं कल्पवासिदेवानामीशत्वं प्राप्नोति लभते। कीदृक्षं तत्। विविधर्द्धियुक्तम्, सामा-निकादिसुरविमानदेवाङ्गनादिसुखैः संयुक्तम्। अथवा अणिमा विशच्छिद्रेऽपि चक्रवर्तिपरिवारविभूतिं सृजेत् १, महिमा

करते हुए शरीर को छोड़ देता है। इसी को सल्लेखना या समाधिमरण कहते हैं। इस समाधिमरणसे श्रावक मरकर नियमसे स्वर्गमें जन्म लेकर वहांके सुखोंको भोगता है और फिर कमसे कम दो तीन भव और अधिकसे अधिक सात आठ भव धारण करके स्वात्मोपलब्धिरूप अनुपम मोक्षसुखको प्राप्त करता है। इस सल्लेखना व्रतके भी पाँच अतिचार छोड़ने चाहिये। जो इस प्रकार हैं–समाधि मरण करते समय जीने की इच्छा करना पहला अतिचार है। रोग, कष्ट वगैरहके भयसे जल्दी मरण होनेकी इच्छा करना दूसरा अतिचार है। मित्रोंको याद करना कि अमुक मित्रके साथ मैं बचपनमें कैसा खेला करता था, कैसे मेरे मित्रने कष्टमें मेरा साथ दिया, यह सब याद करना तीसरा अतिचार है। 'मैं युवावस्थामें कितनी मौजसे खाता पीता था, गुलगुले गद्दोंपर स्त्रीके साथ सोता था' इस प्रकार पहले भोगे हुए भोगोंका स्मरण करना चौथा अतिचार है। 'मैं मरकर स्वर्गमें देव हूंगा. वहाँ तरह तरहके सुख भोगूँगा' इस प्रकार आगामी सुखोंकी चाह करना पाँचवा अतिचार है। इस प्रकार सल्लेखना व्रतका वर्णन समाप्त हुआ ॥ ३६९ ॥ आगे व्रतका माहात्म्य कहते हैं। **अर्थ**–यदि सम्यग्दृष्टि जीव अपने चित्तको दृढ करके एक भी निर्दोष व्रतका पालन करता है तो नियमसे अनेक प्रकारकी ऋद्धियोंसे युक्त इन्द्रपदको पाता है ॥ **भावार्थ**–एक भी व्रतका ठीक ठीक पालन करनेके लिये जीवको सम्यग्दृष्टि अवश्य होना चाहिये। बिना सम्यक्त्वके व्रतोंका पालन करना बिना बीजके वृक्ष उगानेके समान ही है। अतः सम्यग्दृष्टि श्रावक यदि दिलको मजबूत करके

---

१ ब जो करदि, क ग जइ कुणदि, म कुणेदि, स विजइ कुणदि। २ क ग पावइ। ३ ब वयफ्लाणं। जो इत्यादि।

मेरोरपि महच्छरीरं कुरुते २, लघिमा वायोरपि लघुता ३, गरिमा वज्रशैलादपि गुरुतरा ४, भूमौ स्थित्वा करेण शिखरादिस्पर्शनं प्राप्तिः ५, जले भूमाविव गमनं भूमौ जले इव मज्जनोन्मज्जनं प्राकाम्यं जातिक्रियागुणद्रव्यसैन्यादिकरणं वा प्राकाम्यम् ६, त्रिभुवनप्रभुत्वम् ईशत्वम् ७, अग्निमध्ये विग्रतीव गमनम् अप्रतीघातं अदृश्यरूपता अन्तर्धानम् अनेकरूपकरणं मूर्तामूर्ताकारकरणं वा कामिरूपत्वम् ८। अणिमा १ महिमा २ लघिमा ३ गरिमा ४ न्तर्धानं ५ कामरूपित्वं ६ प्राप्तिप्राकाम्यवशित्वेशित्वाप्रतिहतत्वमिति विक्रियिका', इत्याद्यनेकर्द्धिसंयुक्तम् ॥ इति श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायां भ० श्रीशुभचन्द्रकृतायां टीकायां द्वादशव्रतव्याख्या समाप्ता ॥ ३७० ॥ अथ सामायिकप्रतिमां गाथाद्वयेन व्यनक्ति -

जो कुंणदि काउसग्गं बारस-आवत्त-संजदो धीरो ।
णमण-दुगं पि कुणंतो' चदु-प्पणामो पसण्णप्पा ॥ ३७१ ॥
चिंतंतो ससरूवं जिण-बिंबं अहव अक्खरं परमं ।
झायदि कम्म-विवायं तस्स वयं होदि सामइयं ॥ ३७२ ॥'

[छाया-यः करोति कायोत्सर्गं द्वादशआवर्तसंयतः धीरः । नमनद्विकम् अपि कुर्वन् चतुःप्रणामः प्रसन्नात्मा ॥ चिन्तयन् स्वस्वरूपं जिनबिम्बम् अथवा अक्षरं परमम् । ध्यायति कर्मविपाकं तस्य व्रतं भवति सामायिकम् ॥] तस्य

एकभी व्रतका निरतिचार पालन करे तो उसे इन्द्रपद मिलना कोई दुर्लभ नहीं । अर्थात् वह मरकर कल्पवासी देवोंका स्वामी होता है जो अणिमा आदि अनेक ऋद्धियोंका धारी होता है । ऋद्धियां इस प्रकार हैं-इतना छोटा शरीर बना सकना कि मृणालके एक छिद्रमें चक्रवर्तिकी विभूति रच डाले इसे अणिमा ऋद्धि कहते है । सुमेरुसे भी बड़ा शरीर बना लेना महिमा ऋद्धि है । वायुसे भी हल्का शरीर बना लेना लघिमा ऋद्धि है । पहाड़से भी भारी शरीर बना लेना गरिमा ऋद्धि है । भूमिपर बैठकर अंगुलिसे सूर्य चंद्रमा वगैरहको छू लेना प्राप्ति ऋद्धि है । जलमें भूमिकी तरह गमन करना और भूमिमें जलकी तरह डुबकी लगाना प्राकाम्य ऋद्धि है । तीनो लोकोंका स्वामीपना ईशित्व ऋद्धि है । आकाशकी तरह बिना रुके पहाड़मेंसे गमनागमन करना, अदृश्य हो जाना अथवा अनेक प्रकारका रूप बनाना कामरूपित्व ऋद्धि है । इस तरह व्रत प्रतिमाका वर्णन करते हुए बारह व्रतोंका वर्णन पूर्ण हुआ ॥ ३७० ॥ अब दो गाथाओंसे सामायिक प्रतिमाको कहते हैं । **अर्थ**-जो धीर श्रावक बारह आवर्तसहित चार प्रणाम और दो नमस्कारोंको करता हुआ प्रसन्नतापूर्वक कायोत्सर्ग करता है । और अपने स्वरूपका, अथवा जिनबिम्बका, अथवा परमेष्ठीके वाचक अक्षरोंका, अथवा कर्मविपाकका चिन्तन करते हुए ध्यान करता है उसके सामायिक प्रतिमा होती है ॥ **भावार्थ**-सामायिक शिक्षाव्रतका वर्णन करते हुए सामायिकका वर्णन किया गया है । सामायिक प्रतिमामें उसका विशेष स्वरूप बतलाया है । सामायिक करनेवाला धीर वीर होना चाहिये अर्थात् सामायिक करते समय यदि कोई परीषह अथवा उपसर्ग आजाये तो उसे सहनेमें समर्थ होना चाहिये तथा उस समय भी परिणाम निर्मल रखने चाहिये । क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष और परिग्रह वगैरहकी चिन्ता नहीं होनी चाहिये । प्रथम ही सामायिक दण्डक किया जाता है । उसकी विधि इस प्रकार है-श्रावक पूर्वदिशाकी ओर मुंह करके दोनों हाथ मस्तकसे लगाकर भूमिमें नमस्कार करे । फिर खड़ा होकर दोनों हाथ नीचे लटकाकर शरीरसे ममत्व छोड़ कायोत्सर्ग करे ।

---

१ क म स ग कुणइ । २ म स आउत्त । ३ क म स ग करंतो । ४ ब सामाए (इ ?) यं । सत्तम इत्यादि ।

श्रावकस्य सामायिकाख्यं व्रतं सर्वसावद्ययोगविरतोऽस्मि लक्षणं भवति। तस्य कस्य। यः श्रावकः करोति विदधाति। कं तम्। कायोत्सर्गः कायस्य शरीरादेः उत्सर्गः ममतापरित्यागः तं कायोत्सर्गं शरीरादेर्ममत्वपरित्यागं करोति। दण्डके पञ्चनमस्कारवेलायां कायोत्सर्गं शरीरममत्वपरिहारम्। कथंभूतः सन् श्रावकः। द्वादशावर्तसंयुक्तः, करयोः आवर्तनं परिभ्रमणं आवर्तः, द्वादश चैते आवर्ताश्च हस्तपरिभ्रमणाः। दण्डकस्य प्रारम्भे त्रयः आवर्ताः पञ्चनमस्कारोच्चारेणादौ मनोवचनकायानां संयमनानि शुभयोगवृत्तयः त्रयः आवर्ताः ३, तथा पञ्चनमस्कारसमाप्तौ 'दुच्चरियं वोस्सरामि' अत्र आवर्तात्रयः मनोवचनकायानां शुभवृत्तयः त्रयः आवर्ताः ३, चतुर्विंशतिस्तवनादौ 'थोस्सामि हं जिणवरे' अत्र मनोवचनकायानां शुभवृत्तयः त्रीण्यपरावर्तनानि ३, तथा चतुर्विंशतिस्तवनसमाप्तौ 'सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' अत्र शुभमनोवचनकायावृत्तयस्त्रीण्यावर्तनानि ३, एवं द्वादशधा मनोवचनकायवृत्तयो द्वादशावर्ता भवन्ति १२। एवं द्वादशावर्तेन समेतः, अथवा चतुर्दिक्षु चत्वारः प्रणामाः एकस्मिन् भ्रमणे, एवं त्रिषु भ्रमणेषु द्वादसावर्ताः तैर्युक्तः। पुनः कीदृक्षः। धीरः धियं बुद्धिं राति गृह्णातीति धीरः भेदज्ञानी वा परीषहोपसर्गसहनसमर्थः। पुनः कीदृक्षः। नतिद्वयं कुर्वन् द्वे अवनती विदधानः, दण्डकस्यादौ अन्ते च नतिद्वयम्, हस्तद्वयं मस्तके कृत्वा भूमौ नमनं पञ्चनमस्कारादौ एकावनतिर्भूमिं संस्पृश्य तथा चतुर्विंशतिस्तवनान्ते द्वितीयावनतिः शरीरनमनम्, द्वे अवनती कुर्वन्। पुनरपि कीदृक्। चतुःप्रणामः चत्वारः प्रणामाः शिरोनतयः यस्य स तथोक्तः। दण्डकस्यादौ एकः प्रणामः १, मध्ये द्वौ प्रणामौ २, अन्ते एकः प्रणामः १। तथाहि पञ्चनमस्कारस्यादौ अन्ते च करमुकुलाङ्कितशिरःकरणं २, तथा चतुर्विंशतिस्तवादौ अन्ते च करमुकुलाङ्कितशिरःकरणमेवं २ चत्वारि शिरांसि चतुःशिरोनतयः चतुःप्रणामः। स पुनः कीदृक्। प्रसन्नात्मा प्रसन्नः कषायादिदुःपरिणामरहितः आत्मा स्वरूपं यस्य स प्रसन्नात्मा क्रोधमानमायालोभरागद्वेषसंगादिपरिणामरहितः निर्मलपरिणाम इत्यर्थः। पुनः कीदृक्षः। चिन्तयन् ध्यायन् अनुभवन्। किम्। स्वस्वरूपं स्वशुद्धचिद्रूपं स्वशुद्धबुद्धैकपरमानन्दस्वरूपपरमात्मानं चिन्तयन्, अथवा जिनबिम्बं जिनप्रतिमां ध्यायति, अथवा परमाक्षरं ध्यायति चिन्तयति॥ उक्तं च। 'पणतीस ३५ सोल १६ छ ६ प्पण ५ चदु ४ दुग २ मेगं १ च जवह झाएह। परमेट्ठिवाचयाणं अण्णं च गुरूवदेसेण॥' इति। तथा

कायोत्सर्गके अन्तमें दोनों हाथोंको मुकुलित करके मन वचन कायकी शुद्धताके सूचक तीन आवर्त करे, अर्थात् दोनों मुकुलित करोंको तीन बार घुमाये। और फिर दोनों हाथ मस्तकसे लगाकर प्रणाम करे। इस तरह चारों दिशाओंमें कायोत्सर्ग समाप्त करके पुनः दोनों हाथ मस्तकसे लगाकर भूमिमें नमस्कार करे। ऐसा करनेसे प्रत्येक दिशामें तीन तीन आवर्त और एक एक प्रणाम करनेसे बारह आवर्त और चार प्रणाम होते हैं, तथा दण्डकके आदि और अन्तमें दो नमस्कार होते हैं। इस तरह दण्डक कर चुकनेके पश्चात् ध्यान किया जाता है। ध्यान करते समय या तो शुद्ध बुद्ध परमानन्द स्वरूप परमात्माका चिन्तन करना चाहिये या जिनबिम्बका चिन्तन करना चाहिये या परमेष्ठीके वाचक मंत्रोंका चिन्तन करना चाहिये। कहा भी है–'परमेष्ठीके वाचक ३५, १६, ६, ५, ४, २, और एक अक्षरके मंत्रका जप करो और ध्यान करो। तथा गुरुके उपदेश से अन्य भी मंत्रोंको जपो और ध्यान करो।' सो पैंतीस अक्षरका मंत्र तो नमस्कार मंत्र है। 'अर्हन्त-सिद्ध-आचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु:' यह मंत्र १६ अक्षर का है। 'अरिहन्त सिद्ध' यह मंत्र छः अक्षरका है। 'अ सि आ उ सा' यह मंत्र पांच अक्षरका है। 'अरिहन्त' यह मंत्र चार अक्षरका है। 'सिद्ध' यह मंत्र दो अक्षरका है और 'ओं' यह मंत्र एक अक्षरका है। इन मंत्रोंका ध्यान करना चाहिये। और यदि सामायिकके समय कोई परीषह या उपसर्ग आजाये और मन विचलित होने लगे तो कर्मोंके उदयका विचार करना चाहिये। या वैसे भी ज्ञानावरण आदि कर्मोंके विपाकका चिन्तन करना चाहिये कि शुभ प्रकृतियोंका उदय गुड खाण्ड शर्करा और अमृतके समान

कर्मविपाकं ध्यायति, कर्मणां ज्ञानावरणादीनां विपाकः उदयः, शुभप्रकृतीनां विपाकः उदयः गुडखण्डशर्करामृतरूपः अशुभप्रकृतीनाम् उदयः निम्बकाञ्जीरविषहालाहलरूपः, तं ध्यायति चिन्तयति । श्रीवसुनन्दिसिद्धान्तिना तथा चोक्तं च । "होऊण सुई चेइयगिहम्मि सगिहे व चेइयाहिमुहो । अण्णत्थ सुइपएसे पुव्वमुहो उत्तरमुहो वा ॥ १ ॥ जिणवयण १ धम्म २ चेइय ३ परमेट्ठि ४ जिणालयाण ५ णिच्चं पि । जं वंदणं तियालं कीरइ सामाइयं तं खु ॥ २ ॥ काउसग्गम्हि ठिदो लाहालाहं च सत्तुमित्तं च । संजोगविप्पजोगं तिणकंचण चंदणं वासं ॥ ३ ॥ जो पस्सइ समभावं मणम्हि धरिऊण पंचणवकारं । वरअट्ठपाडिहेरेहिं संजुदं जिणसरूवं वा ॥ ४ ॥ सिद्धसरूवं झायदि अहवा झाणुत्तमं ससंवेयं । खणमेक्कमविचलंगो उत्तमसामाइयं तस्स ॥ ५ ॥" तथा "तिविहं तियरणसुद्धं मयरहियं दुविहठाणपुणरुत्तं । विणएण कमविसुद्धं किदियम्मं होदि कायव्वं ॥ किदिकम्मं पि करंतो ण होदि किदिकम्मणिज्जराभागी । बत्तीसाणण्णदरं साहू ठाणं विराहंतो ॥ २ ॥" इति सामायिकप्रतिमा, चतुर्थो धर्मः ४ ॥ ३७१-२ ॥ अथ प्रोषधप्रतिमाधर्मं गाथाषट्केनाह-

सत्तमि[1]-तेरसि-दिवसे अवरण्हे जाइऊणं[2] जिण-भवणे ।
किच्चा किरिया-कम्मं[3] उववासं चउविहं[4] गहियं[5] ॥ ३७३ ॥
गिह-वावारं चत्ता रत्तिं गमिऊण धम्म-चिंताए[6] ।
पच्चूसे उट्ठित्ता किरिया-कम्मं च कादूणं[7] ॥ ३७४ ॥
सत्थब्भासेण पुणो दिवसं गमिऊण वंदणं किच्चा ।
रत्तिं णेदूणं[8] तहा पच्चूसे वंदणं किच्चा ॥ ३७५ ॥
पुज्जण-विहिं[9] च किच्चा पत्तं गहिऊण णवरि ति-विहं पि ।
भुंजाविऊण[10] पत्तं भुंजंतो पोसहो होदि ॥ ३७६ ॥

होता है और अशुभ प्रकृतियोका उदय नीम, कांजीर, विष और हलाहल विषकी तरह होता है। इसे ही विपाक विचय धर्मध्यान कहते हैं। आचार्य वसुनन्दि सैद्धान्तिकने भी कहा है–"जो शुद्ध होकर जिन मन्दिरमें अथवा अपने घरमें, अथवा किसी अन्य पवित्र स्थानमें जिनबिम्बके सन्मुख या पूर्वदिशा अथवा उत्तर दिशाकी ओर मुख करके सदा त्रिकाल जिनवचन, जिनधर्म, जिनबिम्ब, परमेष्ठी और जिनालयकी वन्दना करता है वह निश्चयसे सामायिकको करता है ॥ तथा जो कायोत्सर्गसे स्थित होकर लाभ अलाभ, शत्रु मित्र, संयोग वियोग, तृण कांचन, चन्दन और विसौलाको समभावसे देखता है। तथा मनमें पंच नमस्कारको धारण करके आठ उत्तम प्रातिहार्योंसे युक्त जिन भगवान्के स्वरूपका अथवा सिद्धस्वरूपका ध्यान करता है, अथवा एक क्षणके लिये भी निश्चल अंग होकर आत्मस्वरूपका ध्यान करता है वह उत्तम सामायिकका धारी है ॥" और भी कहा है–"मन वचन और कायको शुद्ध करके, मद रहित होकर विनय पूर्वक क्रमानुसार कृतिकर्म करना चाहिये। वह कृतिकर्म दो नमस्कार, बारह आवर्त तथा चार प्रणामके भेदसे तीन प्रकारका है और पर्यङ्कासन अथवा खड्गासन ये दो उसके आसन हैं ॥ किन्तु यदि साधु बत्तीस दोषोंका निवारण करके कृतिकर्म नहीं करता तो कृतिकर्म करते हुए भी वह कृतिकर्मसे होनेवाली निर्जराका भागी नहीं होता ॥" इस प्रकार सामायिक प्रतिमाका वर्णन समाप्त हुआ ॥ ३७१-७२ ॥ आगे छः गाथाओंसे प्रोषध प्रतिमाको कहते

१ ब सत्तम । २ स जायऊण । ३ छ म स ग किरिया कम्मं काऊ (उं?), ब किच्चा किरिया । ४ सर्वत्र तु चउव्विहं । ५ ब ग गहियं । ६ ब चिंताइ । ७ ब काऊणं । ८ ब णेऊण । ९ ब पूजण । म तह य । १० ग भुंजाविऊण ।

[छाया–सप्तमीत्रयोदशीदिवसे अपराह्ने गत्वा जिनभवने । कृत्वा क्रियाकर्म उपवासं चतुर्विधं गृहीत्वा ॥ गृहव्यापारं त्यक्त्वा रात्रिं गमयित्वा धर्मचिन्तया । प्रत्यूषे उत्थाय क्रियाकर्म च कृत्वा ॥ शास्त्राभ्यासेन पुनः दिवसं गमयित्वा वन्दनां कृत्वा । रात्रिं नीत्वा तथा प्रत्यूषे वन्दनां कृत्वा ॥ पूजनविधिं च कृत्वा पात्रं गृहीत्वा सविशेषं त्रिविधम् अपि । भोजयित्वा पात्रं भुञ्जानः प्रोषधः भवति ॥] स प्रोषधः प्रोषधव्रतधारी भवति । स कः । यः सप्तम्यास्त्रयोदश्याश्च दिवसे अतिथिजनाय पात्राय भोजनं दत्त्वा पश्चात् स्वयं भुक्त्वा ततः अपराह्ने जिनभवने गत्वा श्रीजिनेन्द्रचैत्यालयं गत्वा, वसतिकायां वा गत्वा, ततः क्रियाकर्म कृतिकर्म देववन्दनां कृत्वा, अथवा सिद्धयोगभक्ती कृत्वा, दत्त्वा वा, उपवासं गृह्णातीत्यर्थः । ततः किं कृत्वा । उपवासं चतुर्विधं गृहीत्वा अङ्गीकृत्य श्रीगुरुमुखेन अशनपानखाद्यस्वाद्यादीनां प्रत्याख्यानं चतुर्विधम् उपोषणशोषकक्षपणं गृहीत्वा अङ्गीकृत्य, ततः गृहव्यापारं त्यक्त्वा वस्तूनां क्रयविक्रयस्नानभोजनकृषिमषिवाणिज्य-पशुपालनपुत्रमित्रकलत्रादिपालनप्रमुखं सर्वव्यापारं गृहस्थकर्म परित्यज्य, ततः रात्रिं धर्मचिन्तया गमयित्वा सप्तम्या रात्रिं रजनीं त्रयोदश्या रात्रिं रजनीं वा निर्गम्य नीत्वा । कया । धर्मचिन्तया धर्मध्यानचिन्तनेन 'आज्ञापायविपाकसंस्थान-विचयाय धर्म्यम्,' तथा पिण्डस्थपदस्थरूपस्थरूपातीतधर्मध्यानचिन्तनेन सप्तम्यास्त्रयोदश्या वा रात्रिं गमयति इत्यर्थः । ततः पश्चात् उट्ठित्ता अष्टम्यां चतुर्दश्यां वा प्रत्यूषे प्रभातकाले उत्थाय उद्भीभूय निद्रादिकं विहाय, ततः च पुनः कृतिकर्म क्रियाकर्म सामायिकचैत्यभक्त्यादिकं काऊण कृत्वा विधाय, ततः पुनः शास्त्राभ्यासेन दिवसं गमयित्वा अष्टम्या दिवसं चतुर्दश्या दिवसं गमयित्वा नीत्वा । केन । शास्त्राभ्यासेन श्रुतेन वा पठनपाठनश्रवणेन कृत्वा अष्टम्यां चतुर्दश्यां वा उपवासदिवसं निर्गमयतीत्यर्थः । ततः पुनः वन्दनां कृत्वा मध्याह्नकाले अपराह्णकाले माध्याह्निकापराह्णिकवन्दनां चैत्यवन्दनां सामायिकादिस्तवनस्तोत्रादिकृतिकर्म कृत्वा विधाय ततः पुनः तथा धर्मध्यानप्रकारेण रात्रिं नीत्वा अष्टम्याः चतुर्दश्या वा रजनीं निर्गम्य धर्मध्यानेन निर्गमयतीत्यर्थः । ततः पुनः तथा प्रत्यूषे वन्दनां कृत्वा तथा पूर्वोक्तप्रकारेण नवम्याः प्रभाते पूर्णिमाया अमावास्यायाः वा प्रभाते प्रातःकाले वन्दनां चैत्यवन्दनां सामायिकस्तवनादिकं कृत्वा विधाय, ततः

हैं। **अर्थ**–सप्तमी और तेरसके दिन दोपहरके समय जिनालयमें जाकर, सामायिक आदि क्रियाकर्म करके चार प्रकारके आहारको त्याग कर उपवास ग्रहण करे। और घरका सब कामधाम छोड़कर धर्मध्यान पूर्वक रात बितावे। फिर प्रातःकाल उठकर सामायिक आदि क्रियाकर्म करे। और शास्त्र स्वाध्याय पूर्वक दिन बिताकर सामायिक करे। फिर उसी तरह धर्म ध्यानपूर्वक रात बितावे और प्रातःकाल होनेपर सामायिक और पूजन वगैरह करके तीनों प्रकारके पात्रोंको पड़गाह कर भोजन करावे फिर स्वयं भोजन करे, उसके प्रोषध प्रतिमा होती है॥ **भावार्थ**–प्रोषध प्रतिमाका धारी सप्तमी और तेरसके दिन पात्रको भोजन कराकर फिर स्वयं भोजन करके दोपहरके समय जिनालय अथवा किसी अन्य शान्त स्थानमें जाकर पहले सामायिक करता है। उसके बाद चारों प्रकारके भोजनको त्याग कर उपवासकी प्रतिज्ञा ले लेता है। और वस्तुओंका खरीदना बेचना, स्नान, भोजन, खेती, नौकरी, व्यापार, पशुपालन पुत्र मित्र स्त्री वगैरहका पालन पोषण आदि सब घरेलु धन्धोंको छोड़कर आज्ञाविचय, अपायविचय, संस्थानविचय और विपाकविचय नामक धर्मध्यान पूर्वक अथवा पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीत नामक धर्मध्यान पूर्वक रात्रि बिताता है। फिर अष्टमी और चतुर्दशीके सबेरे उठकर सामायिक चैत्यभक्ति आदि क्रियाकर्म करता है। और अष्टमी तथा चतुर्दशीका पूरा दिन शास्त्रोंके पठन पाठनमें या सुनने सुनानेमें बिताता है। मध्याह्नके समय तथा सन्ध्याके समय सामायिक आदि करके अष्टमी और चतुर्दशीकी रात भी धर्मध्यान पूर्वक बिताता है। फिर नवमी और पूर्णमासी अथवा अमावस्याके प्रभातमें उठकर पहले सामायिक आदि करता है उसके बाद जिन भगवानके अभिषेकपूर्वक अष्ट द्रव्यसे पूजन करता है। फिर अपने घरपर आये हुए जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट पात्रको पड़गाह कर यथायोग्य नवधा

पुनः पूजनविधिं कृत्वा जिनस्नपनाष्टधार्चनविधिं कृत्वा विधाय, ततः पुनः णवरि विशेषेण त्रिविधपात्रं गृहीत्वा जघन्य-मध्यमोत्कृष्टपात्रं सम्यग्दृष्टिश्रावकमुनीश्वरलक्षणं नवरि सप्तदातृगुणनवविधपुण्योपार्जनविशेषेण गृहीत्वा गृहागतं पात्रं प्रतिगृह्य भोजयित्वा भोजनं कारयित्वा, त्रिविधपात्रेभ्य आहारदानं दत्त्वा इत्यर्थः । ततः पश्चात् भोजनपारणां कुर्वन् प्रोषधो भवति प्रोषधव्रतधारी स्यात् । सप्तम्यास्त्रयोदश्याश्च दिवसे मध्याह्ने भुक्त्वा उत्कृष्टप्रोषधव्रती चैत्यालये गत्वा प्रोषधं गृह्णाति, मध्यमप्रोषधव्रती तत्संध्यायां प्रोषधं गृह्णाति, जघन्यप्रोषधव्रती अष्टमीचतुर्दशीप्रभाते प्रोषधं गृह्णाति ॥ ३७३-७६ ॥
अथ प्रोषधमाहात्म्यं गाथाद्वयेनाह-

एक्कं पि णिरारंभं उववासं जो करेदि उवसंतो ।
बहु-भव-संचिय-कम्मं सो णाणी खवदि लीलाए ॥ ३७७ ॥

[छाया-एकम् अपि निरारम्भं उपवासं यः करोति उपशान्तः । बहुभवसंचितकर्म स ज्ञानी क्षपति लीलया ॥] स ज्ञानी भेदज्ञानी विवेकवान् प्रोषधव्रती पुमान् बहुभवसंचितकर्म क्षपयति बहुभवेषु अनेकभवेषु बहुजन्मसु संचितमुपार्जितं यत्कर्म ज्ञानावरणादिकं क्षयं नयति । कया । लीलया क्रीडया सुखेन प्रयासं विना । स कः । यः करोति विदधाति । कम् । एकमपि अद्वितीयमपि, अपिशब्दात् अनेकमपि, उपवासं प्रोषधं प्रोषधोपवासं करोति । कीदृक्षम् । निरारम्भं गृहव्यापारक्रयविक्रयादिगावद्यरहितम् । उक्तं च । 'कषायविषयाहारत्यागो यत्र विधीयते । उपवासः स विज्ञेयः शेषं लंघनकं विदुः ॥' ३७७ ॥

उववासं कुव्वंतो आरंभं जो करेदि मोहादो ।
सो णिय-देहं सोसदि ण झाडए कम्म-लेसं पि ॥ ३७८ ॥

[छाया-उपवासं कुर्वन् आरम्भं यः करोति मोहात् । स निजदेहं शोषयति न शातयति कर्मलेशम् अपि ॥] स प्रोषधोपवासं कुर्वन् शुष्यति कृशता नयति । कम् । निजदेहं स्वशरीरं कृशीकरोति, न झाडए नोज्झति न जीर्यते न

भक्ति पूर्वक उन्हें भोजन कराता है । उसके बाद स्वयं भोजन करता है । यह प्रोषध प्रतिमाके धारक श्रावककी विधि है । इसमें इतना विशेष है कि उत्कृष्ट प्रोषधव्रती सप्तमी और तेरसके दिन मध्याह्नमें भोजन करके चैत्यालयमें जाकर प्रोषधको स्वीकार करता है । मध्यम प्रोषधव्रती सप्तमी और तेरसकी सन्ध्याके समय प्रोषध ग्रहण करता है और जघन्य प्रोषधव्रती अष्टमी और चतुर्दशीके प्रभातमें प्रोषध ग्रहण करता है ॥ ३७३-३७६ ॥ आगे दो गाथाओंसे प्रोषधका माहात्म्य बतलाते हैं । **अर्थ**-जो ज्ञानी आरम्भको त्यागकर उपशमभावपूर्वक एकभी उपवास करता है वह बहुत भवोंमें संचित किये हुए कर्मको लीलामात्रमें क्षय कर देता है ॥ **भावार्थ**-कषाय और विषय रूपी आहारको त्यागकर तथा इसलोक और परलोकके भोगोंकी आशा छोड़कर जो एक भी उपवास करता है वह भेदज्ञानी विवेकी पुरुष भव भवमें संचित कर्मोंको अनायास ही क्षय करदेता है, क्यों कि वही उपवास सच्चा उपवास है जिसमें कषाय और विषयरूपी आहारका त्याग किया जाता है । भोजन मात्रका छोड़ देना तो उपवास नहीं है, लंघन है । ऐसे एक उपवाससे भी जब भव भवमें संचित कर्म नष्ट हो जाते हैं तब जो प्रोषध प्रतिमा लेकर प्रत्येक पक्षमें दो उपवास करता हे, उसका तो कहना ही क्या है ? ॥ ३७७ ॥ **अर्थ**-जो उपवास करते हुए मोहवश आरम्भ करता है वह अपने शरीरको सुखाता है उसके लेशमात्र भी कर्मोंकी निर्जरा नहीं होती ॥ **भावार्थ**-जो प्रोषध प्रतिमाधारी अष्टमी और चतुर्दशीको उपवास ग्रहण करके भी मोहमें पड़कर घर

१ ब खवदि, ग खविद । २ ग आरभो । ३ ब झाडइ ४ ब पोसह । सच्चिर्त्तं इत्यादि ।

निर्जरयति । कम् । कर्मलेशम् अपि एकदेशेन कर्मनिर्जराम् अपिशब्दात् साकल्येन न कर्मनिर्जरां करोति, लेशमात्रकर्म न निर्जरतीत्यर्थः । स कः । य आरम्भं करोति, आरम्भं गृहहट्टव्यापारक्रयविक्रयकृषिमषिवाणिज्यादुत्थम् आरम्भं करोति यः स लवलेशमात्रकर्म न निर्जरति । कुतः । मोहात् मोहनीयकर्मोद्रेकात् , ममत्वपरिणामाद्वा रागद्वेषपरिणामाद्वा । किं कुर्वन् । उपवासं प्रोषधं कुर्वन् विदधानः । प्रोषधप्रतिमाधारी अष्टम्यां चतुर्दश्यां च प्रोषधोपवासमङ्गीकरोतीत्यर्थः । व्रते तु प्रोषधोपवासस्य नियमो नास्तीति । तथा वसुनन्दिसिद्धान्तिना प्रोक्तं च । "उत्तममज्झमजहण्णं तिविहं पोसहविहाणमुद्दिट्ठं । सगसत्तीए मासम्मि चउसु पव्वेसु कायव्वं ॥ १ ॥ सत्तमितेरसिदिवसम्मि अतिहिजणभोयणावसाणम्मि । भोत्तूण भुंजणिज्जं तत्थ वि काऊण मुहसुद्धिं ॥ २ ॥ पक्खालिऊण वयणं करचलणे णियमिऊण तत्थेव । पच्छा जिणिंदभवणं गंतूण जिणं णमंसित्ता ॥ ३ ॥ गुरुपुरदो किरियम्मं वंदणपुव्वं कमेण कादूण । गुरुसक्खियमुववासं गहिऊण चउव्विहं विहिणा ॥ ४ ॥ वायणकहाणुपेहणसिक्खावणचिन्तणोवओगेहिं । णेदूण दिवससेसं अवरण्हियवंदणं किच्चा ॥ ५ ॥ रयणिसमयम्हि ठिच्चा काउस्सग्गेण णियसत्तीए । पडिलेहिदूण भूमिं अप्पपमाणेण संथारं ॥ ६ ॥ णेदूण किंचि रत्तिं सुइदूण जिणालए णियघरे वा । अहवा सयलं रत्तिं काउस्सग्गेण णेदूण ॥ ७ ॥ पच्चूसे उट्ठित्ता वंदणविहिणा जिणं णमंसित्ता । तह दव्वभावपुज्जं जिणसुदसाहूण काऊण ॥ ८ ॥ पुव्वुत्तविहाणेणं दियहं रत्तिं पुणो वि गमिदूण । पारणदियहम्मि पुणो पूयं काऊण पुव्वं व ॥ ९ ॥ गंतूण णिययगेहं अतिहिविभागं च तत्थ काऊणं । जो भुंजइ तस्स फुडं पोसहविहिमुत्तमं होदि ॥१०॥ जह उक्कस्सं तह मज्झिमं पि पोसहविहाणमुद्दिट्ठं । णवरं विसेसो सलिलं छंडित्ता वज्जए सेसं ॥११॥ मुणिऊण गुरुवकज्जं सावज्जविवज्जियं णियारंभं । जदि कुणदि तं पि कुज्जा सेसं पुव्वं व णायव्वं ॥ १२ ॥ आयंबिलणिव्वियडी एयट्ठाणं च एयभत्तं च । जं कीरदि तं णेयं जहण्णयं पोसहविहाणं ॥१३॥ सिण्हाणुवट्टणगंधधम्मिल्लकेसादिदेहसंकप्पं । अण्णं पि रागहेदुं विवज्जए पोसहदिणम्मि ॥ १४ ॥" इत्यनुप्रेक्षायां प्रोषधप्रतिमा, पञ्चमो धर्मः ५ ॥ ३७८ ॥ अथ सचित्तविरतिप्रतिमां गाथाद्वयेन वंभणीति–

दुकानका काम धाम नहीं छोडता अर्थात् विषय कषायको छोड़े बिना केवल आहार मात्र ही छोडता है वह उपवास करके केवल अपने शरीरको सुखाता है, कर्मोंकी निर्जरा उसके लवमात्र भी नहीं होती। यहां इतना विशेष जानना कि व्रत प्रतिमामें जो प्रोषधोपवास व्रत बतलाया है उसमें प्रोषधोपवासका नियम नहीं है । आचार्य वसुनन्दि सैद्धान्तिकने प्रोषधोपवासका वर्णन इस प्रकार किया है–"उत्तम मध्यम और जघन्यके भेदसे तीन प्रकारका प्रोषधोपवास कहा है जो एक महिनेके चार पर्वोंमें अपनी शक्तिके अनुसार करना चाहिये ॥ सप्तमी और तेरसके दिन अतिथिको भोजन देकर स्वयं भोजन करे और भोजन करके अपना मुँह शुद्ध करले ॥ फिर अपने शरीरको धोकर और हाथ पैरको नियमित करके जिनालयमें जाकर जिन भगवानको नमस्कार करे ॥ फिर वन्दनापूर्वक सामायिक आदि कृतिकर्म करके गुरुकी साक्षीपूर्वक चार प्रकारके आहारको त्यागकर उपवासको स्वीकार करे । शास्त्र वांचना, धर्मकथा करना, अनुप्रेक्षाओंका चिन्तना, दूसरोंको सिखाना आदि उपयोगोंके द्वारा शेष दिन बिताकर संध्याके समय सामायिक आदि करे ॥ रात्रिके समय भूमिको साफ करके उसपर अपने शरीरके बराबर संथरा लगाकर अपनी शक्तिके अनुसार कायोत्सर्ग करे ॥ कुछ रात कायोत्सर्गपूर्वक बिताकर जिनालयमें या अपने घर शयन करे । अथवा सारी रात कायोत्सर्गपूर्वक बितावे ॥ प्रातःकाल उठकर विधिपूर्वक जिनवन्दना करके देव शास्त्र और गुरुकी द्रव्यपूजा और भावपूजा करे ॥ फिर शास्त्रोक्त विधिके अनुसार वह दिन और रात बिताकर पारणाके दिन पहलेकी ही तरह पूजा करे ॥ फिर अपने घर जाकर अतिथियोंको भोजन कराके स्वयं भोजन करे । इस प्रकार जो करता है उसके उत्तम प्रोषधोपवास होता है ॥ उत्कृष्ट प्रोषधोपवासकी जो विधि है वही मध्यम प्रोषधोपवासकी है । केवल इतना अन्तर है कि मध्यम उपवासमें पानीके सिवाय अन्य सब वस्तुओंका त्याग होता है ॥ अत्यन्त आवश्यकता जानकर यदि कोई ऐसा कार्य करना चाहे जिसमें सावद्यका योग न हो और न आरम्भ करना पड़ता हो तो कर सकता है । शेष बातें उत्कृष्ट प्रोषधोपवासकी तरह जाननी चाहिये ॥ चावल या

सच्चित्तं पत्त-फलं छल्ली मूलं च किसलयं बीयं ।
जो ण यँ भक्खदि णाणी सँच्चित्त-विरदो हवे सो दु ॥ ३७९ ॥

[छाया-सचित्तं पत्रफलं त्वक् मूलं च किसलयं बीजम् । यः न च भक्षयति ज्ञानी सचित्तविरतः भवेत् स तु ॥] सोऽपि प्रसिद्धः, अपि शब्दात् न केवलमग्रेसरः, श्रावकः सचित्तविरतः सचित्तेभ्यः जलफलादिभ्यो विरतः विगतरागः निवृत्तः भवेत् यः ज्ञानी भेदविज्ञानविवेकगुणसंपन्नः श्रावकः न भक्षते न अश्नाति । किं तत् । सचित्तं चित्तेन चैतन्येन आत्मना जीवेन सह वर्तमानं सचित्तम् । किं तत् । पत्रफलं सचित्तनागवल्लीदललिम्बपत्रसर्षपचणकादिपत्रधत्तूरादिदलपत्रशाकादिकं नाश्नाति, फलं सचित्तचिर्भटकर्कटिकादिकूष्माण्डनीबूफलदाडिमबीजपूरापक्वाम्रकदलीफलादिकम्, छल्ली वृक्षवल्ल्यादिसचित्तत्वक् नात्ति, मूलम् आर्द्रकादिलिम्बादिवृक्षवल्लीवनस्पतीनां मूलं न खादति, किसलयं पल्लवं लघुपल्लवं कुँपलं नात्ति, बीजं सचित्तचणकमुद्गतिलवर्जरिकामाषाढकीजीरकगोधूमव्रीह्यादिकं न भक्षते । उक्तं च । 'मूलफलशाकशाखाकरीरकन्दप्रसूनबीजानि । नामानि योऽत्ति सोऽयं सचित्तविरतो दयामूर्तिः ॥' प्रासुकं कतिधेत्युच्यते । 'तत्तं पक्कं सुक्कं अंबिललवणेहिं मीसियं दव्वं । जं जंतेण य छिण्णं तं सव्वं पासुयं भणियं ॥' इति ॥ ३७९ ॥

जो ण य भक्खेदि सयं तस्स ण अण्णस्स जुज्जदे दाउं ।
भुत्तस्स भोजिदस्स हि णत्थि विसेसो जँदो को वि ॥ ३८० ॥

[छाया-यः न च भक्षयति स्वयं तस्य न अन्यस्मै युज्यते दातुम् । भुक्तस्य भोजितस्य खलु नास्ति विशेषः यतः कः अपि ॥] च पुनः, स्वयम् आत्मना यः सचित्तं जलफलदलमूलकिसलयबीजादिकं न भक्षयति न अत्ति तस्य सचित्तविरतश्रावकस्य अन्यस्मै पुरुषाय सचित्तं वस्तु भोक्तुं दातुं न युज्यते, दातुं युक्तं न भवति । यतः यस्मात् कारणात् स्वयं भुक्तस्य स्वयं सचित्तादिकं भोजनं कुर्वतः सचित्तादिकं भोजयिष्यतः परान् भोजनं कारयिष्यतः सतः अन्यान्, हि स्फुटम्, कोऽपि विशेषो न, उभयत्र सदोषत्वात् ॥ ३८० ॥

चावलका माण्ड लेना, या गोरस, इक्षुरस, फलरस और धान्यरससे रहित कोई ऐसी वस्तु लेना जो विकार पैदा न करे, या एक वस्तु खाना अथवा एक बार भोजन करना जघन्य प्रोषध है ॥ प्रोषधके दिन स्नान, उबटन, इत्र, फुलेल, केशोंका संस्कार, शरीरका संस्कार तथा अन्य भी जो रागके कारण हैं, उन्हें छोड़ देना चाहिये ॥" इस प्रकार पाँचवी प्रोषध प्रतिमाका वर्णन समाप्त हुआ ॥३७८॥ अब दो गाथाओंसे सचित्त विरत प्रतिमाको कहते हैं । **अर्थ**—जो ज्ञानी श्रावक सचित्त पत्र, सचित्त फल, सचित्त छाल, सचित्त मूल, सचित्त कोंपल और सचित्त बीजको नहीं खाता वह सचित्तविरत है ॥ **भावार्थ**—जो ज्ञानी श्रावक सचित्त अर्थात् जिसमें जीव मौजूद हैं ऐसे नागवल्लीके पत्तोंको, नीबूके पत्तोंको, सरसों और चनेके पत्तोको, धतूरेके पत्तोंको और पत्तोंकी शाक वगैरहको नहीं खाता, सचित्त खरबूजे, ककड़ी, पेठा, नीम्बु, अनार, बिजौरा, आम, केला आदि फलोंको नहीं खाता, वृक्षकी सचित्त छालको नहीं खाता, सचित्त अदरक वगैरह मूलोंको नहीं खाता, या वनस्पतियोंका मूल यदि सचित्त हो तो नहीं खाता, छोटी छोटी ताजी नई कोंपलोंको नहीं खाता, तथा सचित्त चने, मूंग, तिल, उड़द, अरहर, जीरा, गेहूं, जौ वगैरह बीजोंको नहीं खाता, वह सचित्त त्यागी कहा जाता है । कहा भी है—"जो दयालु श्रावक मूल, फल, शाक, शाखा, कोंपल, वनस्पतिका मूल, फूल और बीजोंको अपक्व दशामें नहीं खाता वह सचित्तविरत है ।" ॥ ३७९ ॥ **अर्थ**—तथा जो वस्तु वह स्वयं नहीं खाता उसे दूसरोंको देना भी उचित नहीं है । क्यों कि खानेवाले और खिलानेवालेमें कोई अन्तर नहीं है ॥ **भावार्थ**—सचित्त विरत श्रावकको चाहिये कि जिस सचित्त जल, फल, पत्र, मूल, कोंपल बीज वगैरहको वह स्वयं नहीं खाता उसे अन्य पुरुषकोभी खानेके लिये नहीं देना चाहिये । तभी सचित्त त्यागव्रत पूर्ण रूपसे पलता है । क्यों कि स्वयं खाना और अन्यको खिलाना एक ही है । दोनों ही सदोष हैं ॥ ३८० ॥

---

१ ग सच्चित्तं पत्ति० । २ क स ग बीज, म बीअं । ३ ब जो य ण य । ४ क म स ग सच्चित्तविरओ (उ ?) हवे सो वि । ५ 'निंब' इत्यपि पाठः । ६ 'कुंपलं' इत्यपि पाठः । ७ क म स ग तदो ।

जो वज्जेदि सचित्तं दुज्जय-जीहा विणिज्जिया तेण ।
दय-भावो होदि किओ[1] जिण-वयणं पालियं तेण ॥ ३८१ ॥[2]

[छाया-यः वर्जयति सचित्तं दुर्जयजिह्वा विनिर्जिता तेन । दयाभावः भवति कृतः जिनवचनं पालितं तेन ॥] तेन पुंसा दुर्जयजिह्वापि दुःखेन जीयते इति दुर्जया सा चासौ जिह्वा च दुर्जयजिह्वा दुःखेन जेतुमशक्या रसना, अपिशब्दात् शेषेन्द्रियाणि, निर्जिता जयं नीता वशं नीता इत्यर्थः । तेन दयाभावः कृपापरिणामः कृतः निष्पादितो भवति । तथा तेन पुंसा जिनवचनं पालितं सर्वज्ञवाक्यं पालितं रक्षितं भवति । तेन केन । यः सचित्तं जलफलदलकन्दबीजादिकं वर्जयति निषेधयति । इत्यनुप्रेक्षायां सचित्तविरतिप्रतिमा, षष्ठो धर्मो व्याख्यातः ६ ॥३८१॥ अथ रात्रिभोजनविरतिप्रतिमां गाथाद्वयेनाह-

जो चउ-विहं पि भोज्जं रयणीएँ[4] णेव भुंजदे[5] णाणी ।
ण य भुंजावदि[6] अण्णं णिसि-विरओ सो हवे भोज्जो[7] ॥ ३८२ ॥

[छाया-यः चतुर्विधम् अपि भोज्यं रजन्यां नैव भुङ्क्ते ज्ञानी । न च भोजयति अन्यं निशि विरतः स भवेत् भोज्यः ॥] स भोज्यः भक्तः श्राद्धः भवेत् जायते । अथवा निशि रात्रौ भोज्यात् भुक्तेः आहारात् विरतः निवृत्तः रात्रिभुक्तिविरत इत्यर्थः । स कः । यः ज्ञानी सन् ज्ञानवान् बुद्धिमान् रजन्यां निशायां चतुर्विधमपि भोज्यम् अशनपानखाद्यस्वाद्यादिकं भोजनम् आहारं नैव भुङ्क्ते नैवात्ति, च पुनः, अन्यं परपुरुषं न भोजयति भोजनं नैव कारयति ॥ ३८२ ॥

जो णिसि-भुत्तिं वज्जदि सो उववासं करेदि छम्मासं ।
संवच्छरस्स मज्झे आरंभं चयदि रयणीए ॥ ३८३ ॥[9]

अर्थ-जिस श्रावकने सचित्तका त्याग किया उसने दुर्जय जिह्वाको भी जीत लिया, तथा दयाभाव प्रकट किया और जिनेश्वरके वचनोंका पालन किया ॥ **भावार्थ**-जिह्वा इन्द्रियका जीतना बड़ा कठिन है । जो लोग विषयसुखसे विरक्त होजाते हैं उन्हें भी जिह्वाका लम्पटी पाया जाता है । किन्तु सचित्तका त्यागी जिह्वा इन्द्रियको भी जीत लेता है । वैसे सचित्तके त्यागनेसे सभी इन्द्रियाँ वशमें होती हैं, क्यों कि सचित्त वस्तुका भक्षण मादक और पुष्टिकारक होता है । इसीसे यद्यपि सचित्तको अचित्त करके खानेमें प्राणिसंयम नहीं पलता किन्तु इन्द्रिय संयमको पालनेकी दृष्टिसे सचित्त त्याग आवश्यक है । सुखाने, पकाने, खटाई, नमक वगैरहके मिलाने तथा चाकू वगैरहसे काट देनेपर सचित्त वस्तु अचित्त हो जाती है । ऐसी वस्तुके खानेसे पहला लाभ तो यह है कि इन्द्रियाँ काबूमें होती हैं । दूसरे इससे दयाभाव प्रकट होता है, तीसरे भगवानकी आज्ञाका पालन होता है, क्योंकि हरितकाय वनस्पतिमें भगवानने जीवका अस्तित्व बतलाया है । यहाँ इतना विशेष जानना कि भोगोपभोग परिमाण व्रतमें सचित्त भोजनको अतिचार मान कर छुडाया गया है, और यहाँ उसका व्रत रूपसे निरतिचार त्याग होता है ॥ इस प्रकार छठी सचित्त त्याग प्रतिमाका वर्णन समाप्त हुआ ॥ ३८१ ॥ अब रात्रिभोजन त्याग प्रतिमाको दो गाथाओंसे कहते हैं । **अर्थ**-जो ज्ञानी श्रावक रात्रिमें चारों प्रकारके भोजनको नहीं करता और न दूसरेको रात्रिमें भोजन कराता है वह रात्रि भोजनका त्यागी होता है ॥ **भावार्थ**-रात्रिमें खाद्य, स्वाद्य, लेह्य और पेय चारोंही प्रकारके भोजनको न स्वयं खाना और न दूसरेको खिलाना रात्रि भोजन त्याग प्रतिमा है । वैसे रात्रि भोजनका त्याग तो पहली और दूसरी प्रतिमामें ही हो जाता है क्योंकि रातमें भोजन करनेसे मांस खानेका दोष लगता है, रातमें जीवजन्तुओंका बाहुल्य रहता है और तेजसे तेज रोशनी होने परभी उनमें धोखा होजाता है । अतः त्रसजीवोंका घातभी होता है । परन्तु यहाँ कृत और कारित रूपसे चारोंही प्रकारके भोजनका त्याग निरतिचार रूपसे होता है ॥ ३८२ ॥ **अर्थ**-जो पुरुष रात्रिभोजनको छोड देता है वह एक वर्षमें छः महीना उपवास करता

---

१ स विणिज्जिदा । २ ब दयभावो वि य अजिड (?) । ३ ब सचित्त विरदी । जो चउविहं इत्यादि । ४ क म स ग रयणीये । ५ ब भुंजदि । ६ लमसग भुंजावइ (ए?) । ७ ब भुज्जो । ८ क म स ग भुयादि । ९ ब रायभत्तीए ॥ सब्वेसिं इत्यादि ।

[छाया-यः निशिभुक्तिं वर्जयति स उपवासं करोति षण्मासम् । संवत्सरस्य मध्ये आरम्भं त्यजति रजन्याम् ॥] यः पुमान् निशि भुक्तिं चतुर्धा रात्रिभोजनं वर्जयति नियमेन निषेधयति स पुमान् संवत्सरस्य मध्ये वर्षस्य मध्ये षण्मासमुपवासं करोति, तस्य षण्मासकृतोपवासफलं भवतीत्यर्थः । च पुनः, रजन्यां रात्रौ स रात्रिभोजनविरक्तः पुमान् आरम्भं गृहव्यापारं क्रयविक्रयवाणिज्यादिकं खण्डनीपीसनीचुल्लीउदकुम्भप्रमार्जनीपञ्चसूनादिकं त्यजति स रात्रिभोजनविरतः रात्रौ सावद्यपापव्यापारादिकं त्यजति । तथा चोक्तं च । 'अन्नं पान खाद्यं लेह्यं नाश्नाति यो विभावर्याम् । स च रात्रिभुक्तिविरतः सत्त्वेष्वनुकम्पमानमनाः. ॥ यो निशि भुक्तिं मुञ्चति तेनानशनं कृतं च षण्मासम् । संवत्सरस्य मध्ये निर्दिष्टं मुनिवरेणेति ॥' तथा च चारित्रसारे 'रात्रिभक्तव्रतः रात्रौ स्त्रीणां भजनं रात्रिभक्तं तत् व्रतयति सेवते इति रात्रिभक्तव्रतः दिवा ब्रह्मचारीत्यर्थः' । तथा वसुनन्दिना चोक्तं । 'मणवयणकायकदकारिदाणुमोदेहिं मेहुणं णवधा । दिवसम्मि जो विवज्जइ गुणम्मि सो सावओ छट्ठो ॥' इति रात्रिभुक्तिव्रतप्रतिमा, सप्तमो धर्मः ७ ॥ ३८३ ॥ अथ ब्रह्मचर्यप्रतिमां बभणीति-

> सव्वेसिं इत्थीणं जो अहिलासं ण कुव्वदे णाणी ।
> मण-वाया-कायेण[1] य बंभ-वई सो हवे सदओ ॥ ३८४ ॥
> जो[2] कय-कारिय-मोयणं[3] मण-वय-काएण मेहुणं चयदि ।
> बंभ-पवज्जारूढो बंभ-वई सो[4] हवे सदओ ॥ ३८४*१ ॥[5]

[छाया-सर्वासां स्त्रीणां यः अभिलाषं न कुरुते ज्ञानी । मनोवाक्कायेन च ब्रह्मव्रती स भवेत् सदयः ॥ यः कृतकारितमोदनमनोवाक्कायेन मैथुनं त्यजति । ब्रह्मप्रव्रज्यारूढः ब्रह्मव्रती स भवेत् सदयः ॥] स श्रावकः ब्रह्मचर्यव्रतधारी भवेत् । कीदृक्षः सदयः । स्त्रीशरीरोत्थजीवदयापरिणतः । उक्तं च । 'लिंगम्मि य इत्थीणं थणंतरे णाहिकक्खदेसेसु । भणिओ सुहुमो काओ तासिं कह होइ पव्वज्जा ॥" श्लोकः । 'मैथुनाचरणे मूढा म्रियन्ते जन्तु-

है । और रात्रिमें आरम्भका त्याग करता है ॥ भावार्थ-जो श्रावक रातमें चारोंही प्रकारके भोजनको ग्रहण नहीं करता वह प्रतिदिन रातभर उपवासी रहता है, क्यों कि चारों प्रकारके आहारको त्यागनेका नाम उपवास है । अतः वह एक वर्षमें छ. महीना भोजन करता है और छ· महीना उपवासी रहता है, इससे उसे प्रतिवर्ष छः महीनेके उपवासका फल अनायास मिल जाता है । तथा रातमें कूटना, पीसना, पानी भरना, झाड़ लगाना, चूल्हा जलाना आदि आरम्भ करनेसेभी वह बच जाता है । कहाभी है- 'जो रात्रिमें अन्न (अनाज) पान (पीने योग्य जल वगैरह) खाद्य (लड्डू वगैरह), लेह्य (रबडी वगैरह) को नहीं खाता वह प्राणियोंपर दया करनेवाला श्रावक रात्रिभोजनका त्यागी है ।' और भी कहा है-'जो रात्रिमें भोजनका त्याग करता है वह वर्षमें छ· महीना उपवास करता है ऐसा मुनिवरने कहा है ।' चारित्रसार नामक ग्रन्थमें रात्रिमेंही स्त्री सेवन करनेका व्रत लेनेवालेको रात्रिभुक्तव्रत कहा है, अर्थात् जो दिनमें मैथुनका त्याग करता है उसके यह प्रतिमा होती है । आचार्य वसुनन्दिका भी यही कहना है यथा-'जो मन, वचन, काय और कृत, कारित, अनुमोदना इन नौ प्रकारोंसे दिनमें मैथुनका त्याग कर देता है वह छठी प्रतिमाका धारी श्रावक है ।" इस प्रकार रात्रिभुक्तव्रतका कथन हुआ ॥ ३८३ ॥ अब ब्रह्मचर्य प्रतिमाको कहते हैं । अर्थ-जो ज्ञानी मन, वचन और कायसे सब स्त्रियोंकी अभिलाषा नहीं करता वह दयालु ब्रह्मचर्यव्रतका धारी है ॥ भावार्थ-स्त्रियाँ चार प्रकारकी होती हैं-एक तो देवागना, एक मानुषी, एक गाय, कुतिया वगैरह तिर्यञ्चनी और एक लकडी पत्थर

१ ब गणवयण कायेण (?) । २ एषा गाथा ब म पुस्तकयोरेव । ३ म पुस्तके 'मोयण' इति पदं नास्ति । ४ ब सो हुओ' इति मूलपाठः । ५ बंभवई ॥ जो इत्यादि।

कोदयः । योनिरन्ध्रसमुत्पन्ना लिङ्गसंघट्टपीडिताः ॥' 'धाए वाइ असंखेज्जा' इति । स कः । यः ज्ञानवान् अभिलाषं वाञ्छां न कुरुते न विदधाति । कासाम् । सर्वासां स्त्रीणां, देवी मानुषी तिरश्ची काष्ठपाषाणादिघटिताऽचेतना स्त्री इति चतुर्विधानां युवतीनाम्, अभिलाषं न कुरुते । केन । मनसा चित्तेन वाचा वचनेन कायेन शरीरेण, च शब्दात् कृतकारितानुमोदनेन च । मनःकृतकारितानुमोदनेन स्त्रीणां वाञ्छां न करोति न कारयति नानुमोदयति ३, [वाचा कृतकारितानुमोदनेन] स्त्रीणां वाञ्छां न करोति न कारयति नानुमोदयति ३, कायकृतकारितानुमोदनेन स्त्रीणां वाञ्छां न करोति न कारयति नानुमोदयति ३ । तथाष्टादशशीलसहस्रप्रकारेण शीलव्रतं पालयति । अट्ठारससीलसहस्सेसु 'जोगे ३ करणे ३ सण्णा ४ इंदिय ५ णिद्दा १० य समणधम्मो य । अण्णोण्णं हय अट्ठारससीलसहस्सा य ॥' देवी मानुषी तिरश्ची अचेतना चतस्रः स्त्रीजातयः ४, मनोवचनकायैस्ताडिताः भेदाः १२, ते कृतकारितानुमतैस्त्रिभिः करणैः ३ गुणिताः भेदाः ३६, ते पञ्चेन्द्रियैर्हताः भेदाः १८०, ते दशसंस्कारैर्गुणिताः १८०० । तथाहि, शरीरसंस्कारः १, शृङ्गाररसरागसेवा २, हास्यक्रीडा ३, संसर्गवाञ्छा ४, विषयसंकल्पः ५, शरीरनिरीक्षणं ६, शरीरमण्डनं ७, दानं ८, पूर्वरतस्मरणं ९, मनश्चिन्ता १०, ते दशसंस्कारैर्गुणिताः १८०० । ते दशकामचेष्टाभिर्गुणिताः भेदाः १८००० । तथाहि, चिन्ता १, दर्शनेच्छा २, दीर्घोच्छ्वासः ३ शरीरे आर्तिः ४, शरीरदाहः ५, मन्दाग्निः ६, मूर्च्छा ७, मदोन्मत्तः ८, प्राणसंदेहः ९, शुक्रमोचनम् १०, इति । तथा

वगैरहसे बनाई गई अचेतन स्त्री आकृति । जो इन सभी प्रकारकी स्त्रियोंको मन वचन कायसे और कृत, कारित, अनुमोदनासे नहीं चाहता, अर्थात् स्वयं अपने मनमें स्त्रीकी अभिलाषा नहीं करता, न दूसरेको वैसा करनेके लिये कहता है और न जो किसी स्त्रीको चाहता है उसकी मनसे सराहना करता है । न स्वयं स्त्रियोंके विषयमें रागपूर्वक बात चीत करता है, न वैसा करनेके लिये किसीको कहता है और न जो वैसा करता है उसकी सराहना वचनसे करता है । स्वयं शरीरसे स्त्रीविषयक वांछा नहीं करता, न दूसरेको वैसा करनेका संकेत करता है और न जो ऐसा करता हो उसकी कायसे अनुमोदना करता है । वह ब्रह्मचारी है । ब्रह्मचर्य अथवा शीलव्रतके अठारह हजार भेद बतलाये हैं जो इस प्रकार हैं–देवी, मानुषी, तिरश्ची और अचेतन ये स्त्रियोंकी चार जातियां हैं । इनको मन वचन और कायसे गुणा करने पर १२ भेद होते हैं । इन बारहको कृत, कारित और अनुमोदनासे गुणा करने पर ३६ भेद होते हैं । इनको पाँचों इन्द्रियोंसे गुणा करने पर १८० भेद होते हैं । इनको दस संस्कारोंसे गुणा करने पर १८०० अट्ठारहसौ भेद होते हैं । दस संस्कार इस प्रकार हैं–शरीरका संस्कार करना, शृङ्गाररसका रागसहित सेवन करना, हंसी क्रीडा करना, संसर्गकी चाह करना, विषयका संकल्प करना, शरीरकी ओर ताकना, शरीरको सजाना, देना, पहले किये हुए संभोगका स्मरण करना और मनमें भोगकी चिन्ता करना । इन १८०० भेदोंको कामकी दस चेष्टाओंसे गुणा करने पर १८००० अट्ठारह हजार भेद होते हैं । कामकी दस चेष्टायें इस प्रकार हैं–चिन्ता, दर्शनकी इच्छा, आहें भरना, शरीरमें पीड़ा, शरीरमें जलन, खाना पीना छोड़ देना, मूर्छित हो जाना, उन्मत्त होजाना, जीवनमें सन्देह और वीर्यपात । इन अट्ठारह हजार दोषोंको टालनेसे शीलके अट्ठारह हजार भेद होते हैं । पूर्ण ब्रह्मचारी इन भेदोंका पालन करता है । जो ब्रह्मचर्य पालता है वह बड़ाही दयालु होता है; क्यों कि स्त्रियोंके गुप्तांगमें, स्तन देशमें, नाभिमें और कांखमें सूक्ष्म जीव रहते हैं । अतः जब पुरुष मैथुन करता है तो उससे उन जीवोंका घात होता है । आचार्य समन्तभद्रने ब्रह्मचर्य प्रतिमाका स्वरूप इस प्रकार कहा है–"स्त्रीके गुप्त अंगका मूल मल है, वह मलको उत्पन्न करनेवाला है, उससे सदा मल

'मलबीजं मलयोनिं गलन्मलं पूतिगन्धि बीभत्सम् । पश्यन्नङ्गमनङ्गाद्विरमति यो ब्रह्मचारी सः ॥' 'यो न च याति विकारं युवतिजनकटाक्षबाणविद्धोऽपि । स त्वेव शूरशूरो रणशूरो नो भवेच्छूरः ॥' इति ब्रह्मचर्यप्रतिमा, अष्टमो धर्मः ॥ ३८४ ॥ अथारम्भविरतिप्रतिमां वक्तुमारभते–

> जो आरंभं ण कुणदि अण्णं कारयदि णेव अणुमण्णे[1] ।
> हिंसा-संतट्ठ-मणो चत्तारंभो हवे सो हु[2] ॥ ३८५ ॥[3]

[छाया– यः आरम्भं न करोति अन्यं कारयति नैव अनुमन्यते । हिंसासंत्रस्तमनाः त्यक्तारम्भः भवेत् स खलु ॥] हि निश्चितं, स त्यक्तारम्भः असिमषिकृषिवाणिज्याद्यारम्भनिवृत्तिप्रतिमापरिणतः श्रावको भवेत् । स कः । यः आरम्भम् असिमषिकृषिवाणिज्यादिगृहव्यापारजं प्रारम्भं स्वयम् आत्मना न करोति न विदधाति, च पुनः अन्यं परपुरुषं प्रेर्य आरम्भं नैव कारयति आरम्भं कुर्वन्तं नरं नानुमोदयति । परपुरुषम् आरम्भं पापकर्म सावद्यादिकं कुर्वन्तं दृष्ट्वा अनुमोदनामनाः हर्षादिकं न प्राप्नोतीत्यर्थः । कीदृक्षः सन् । हिंसासंत्रस्तमनाः हिंसायाः संत्रस्तं त्रासं भयं प्राप्तं मनो यस्य स हिंसासंत्रस्तमनाः हिंसायाः प्राणातिपातात् भयभीतचित्तः । तथा चोक्तं च । 'सेवाकृषिवाणिज्यप्रमुखादारम्भतो व्युपारमति । प्राणातिपातहेतोर्योऽसावारम्भविनिवृत्तः ॥' इत्यारम्भविरतिप्रतिमा, नवमः श्रावकधर्मः ९ ॥ ३८५ ॥ अथ परिग्रहविरतिप्रतिमां गाथाद्वयेन विवृणोति–

> जो परिवज्जइ[4] गंथं अब्भंतर-बाहिरं च साणंदो ।
> पावं ति मण्णमाणो णिग्गंथो सो हवे णाणी ॥ ३८६ ॥

[छाया–यः परिवर्जयति ग्रन्थम् अभ्यन्तरबाह्यं च सानन्दः । पापम् इति मन्यमानः निर्ग्रन्थः स भवेत् ज्ञानी ॥] स ज्ञानी भेदज्ञानी विवेकसंपन्नः निर्ग्रन्थः ग्रन्थेभ्यः बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहेभ्यः निःक्रान्तो निर्गतः निर्ग्रन्थः । निराद्यो निर्ग-

---

बहता रहता है, दुर्गन्धयुक्त है, देखनेमें बीभत्स है । ऐसे अंगको देखकर जो कामसे विरक्त होता है वह ब्रह्मचारी है ।" और भी कहा है–'जो युवतियोंके कटाक्षरूपी बाणोंसे घायल होनेपरभी विकारको प्राप्त नहीं होता वही पुरुष शूरवीरोंमें शूरवीर है । जो रणके मैदानमें शूर है वह सच्चा शूर नहीं है ।' इस प्रकार आठवीं ब्रह्मचर्य प्रतिमाका स्वरूप कहा ॥ ३८४ ॥ आगे आरम्भ त्याग प्रतिमाको कहते हैं । **अर्थ–**जो श्रावक आरम्भ नहीं करता, न दूसरेसे कराता है और जो आरम्भ करता है उसकी अनुमोदना नहीं करता, हिंसासे भयभीत मनवाले उस श्रावकको आरम्भ त्यागी कहते हैं ॥ **भावार्थ–** हिंसाके भयसे जो श्रावक तलवार चलाना, मुनीमी करना, खेती, व्यापार करना इत्यादि आरम्भोंको न तो स्वयं करता है, न दूसरे पुरुषोंको आरम्भ करनेकी प्रेरणा करता है और न आरम्भ करते हुए मनुष्यको देखकर मनमें हर्षित होता है वह आरम्भत्यागी है । कहा भी है–"जो हिंसाका कारण होनेसे खेती, नौकरी व्यापार आदि आरम्भसे विरक्त होजाता है वह आरम्भत्यागी है ।" इससे यह प्रकट होता है कि आरम्भत्यागी श्रावक जीविका उपार्जनके लिये कोई आरम्भ नहीं करता । किन्तु गृह सम्बन्धी आरम्भका त्याग उसके नहीं होता । अतः वह स्वयं भोजन बनाकर खा सकता है । इस प्रकार आरम्भत्याग प्रतिमाका स्वरूप कहा ॥ ३८५ ॥ आगे दो गाथाओंसे परिग्रहत्याग प्रतिमाको कहते हैं । **अर्थ–**जो ज्ञानी पुरुष पाप मानकर अभ्यन्तर और बाह्य परिग्रहको आनन्दपूर्वक छोड़

---

१ ब अणुमण्णे (°मण्णो ?) म अणुमण्णो, छ स अणुमण्णे (ग °मणो) । २ छ म स ग हि । ३ ब चत्तारंभा ॥ जो परिवज्जइ इत्यादि । ४ म पडिवज्जइ, स परिवज्जदि ।

भावर्वे पञ्चम्याः इति पञ्चमीतत्पुरुषः । स कः । यः अभ्यन्तरं ग्रन्थम्, 'मिथ्यात्ववेदहास्यादिषट्कषायचतुष्टयम् । रागद्वेषौ च संगाः स्युरन्तरङ्गाश्चतुर्दश ॥' इति चतुर्दशप्रकारपरिग्रहं परिवर्जयति । च पुनः, बाह्यं ग्रन्थम्, 'क्षेत्रं वास्तु धनं धान्यं द्विपदं च चतुःपदम् । यानं शय्यासनं कुप्यं भाण्डं चेति बहिर्दश ॥' इति दशभेदभिन्नपरिग्रहं परिवर्जयति त्यजति ग्रन्थं प्रश्नाति अनुबध्नाति संसारमिति ग्रन्थः परिग्रहः तं परिवर्जयति त्यजति । यः श्रावकः । कीदृक्षः । सानन्दः आनन्देन शुद्धचिद्रूपोत्थानानन्देन सुखेन वर्तमानः सानन्दः । पुनः कीदृक् । परिग्रहं पापमिति दुरितमिति मन्यमानः जानन् । तथा चोक्तं च । 'मोत्तूण वत्थमेत्तं परिग्गहं जो विवज्जए सेसं । तत्थ वि मुच्छं ण करेदि जाण सो सावओ णवमो ॥' तथा च । 'बाह्येषु दशसु वस्तुषु ममत्वमुत्सृज्य निर्ममत्वरतः । स्वस्थः संतोषपरः परिचितपरिग्रहाद्विरतः ॥' 'बाह्यग्रन्थविहीना दरिद्रमनुजाः स्वपापतः सन्ति । पुनरभ्यन्तरसंगत्यागी लोकेऽतिदुर्लभो जीवः ॥' क्रोधादिकषायाणामार्तरौद्रयोः हिंसादिपञ्चपापानां भवस्य च जन्मभूमिः दूरोत्सारितधर्मशुक्लः परिग्रह इति मत्वा दशविधबाह्यपरिग्रहाद्विनिवृत्तः स्वस्थः संतोषपरो भवतीति ॥ २८६ ॥

बाहिर-गंथ-विहीणा दलिद्द-मणुवा सहावदो होंति[1] ।
अब्भंतर-गंथं पुण ण सक्कदे को[2] वि छंडेदुं ॥ २८७ ॥[4]

[छाया-बाह्यग्रन्थविहीनाः दरिद्रमनुजाः स्वभावतः भवन्ति । अभ्यन्तरग्रन्थं पुनः न शक्नोति कः अपि त्यक्तुम् ॥] स्वभावतः निसर्गतः पापाद्वा दरिद्रमनुष्याः निर्द्रव्यपुरुषाः दरिद्रिणः नरा भवन्ति । कथंभूताः । बाह्यग्रन्थविहीनाः क्षेत्र-

देता है उसे निर्ग्रन्थ(परिग्रहत्यागी) कहते हैं ॥ **भावार्थ**–जो संसारसे बाँधता है उसे ग्रन्थ अथवा परिग्रह कहते हैं । परिग्रहके दो भेद हैं–अन्तरंग और बाह्य । मिथ्यात्व एक, वेद एक, हास्य आदि छै नोकषाय, क्रोध, मान, माया, लोभ, राग और द्वेष ये चौदह प्रकारका तो अन्तरंग परिग्रह है, और खेत, मकान, धन, धान्य, सोना, चांदी, दासी, दास, भाण्ड, सवारी ये दस प्रकारका बाह्य परिग्रह है । जो इन दोनोंही प्रकारके परिग्रहको पापका मूल मानकर त्याग देता है तथा त्याग करके मनमें सुखी होता है वही निर्ग्रन्थ अथवा परिग्रहका त्यागी है । वसुनन्दि श्रावकाचारमें भी कहा है–'जो वस्त्र मात्र परिग्रहको रखकर बाकी परिग्रहका त्याग कर देता है और उस वस्त्र मात्र परिग्रहमें भी ममत्व नहीं रखता वह नवमी प्रतिमाका धारी श्रावक है ।' रत्नकरंडश्रावकाचारमें कहा है–"बाह्य दस प्रकारकी वस्तुओंमें ममत्व छोडकर जो निर्ममत्वसे प्रेम करता है वह स्वस्थ सन्तोषी श्रावक परिग्रहका त्यागी है ॥" आशय यह है कि आरम्भका त्याग कर देनेके पश्चात् श्रावक परिग्रहका त्याग करता है । वह अपने पुत्र या अन्य उत्तराधिकारीको बुलाकर उससे कहता है कि 'पुत्र, आज तक हमने इस गृहस्थाश्रमका पालन किया । अब हम इससे विरक्त होकर इसे छोडना चाहते हैं अतः अब तुम इस भारको सम्हालो और यह धन, धर्मस्थान और कुटुम्बीजनोंको अपना कर हमें इस भारसे मुक्त करो ।' इस तरह पुत्रको सब भार सौंपकर वह गृहस्थ बडा हल्कापन अनुभव करता है और मनमें सुख और सन्तोष मानता है क्यों कि वह जानता है कि यह परिग्रह हिंसा आदि पापोंका मूल है, क्रोध अदि कषायोंका घर है और दुर्ध्यानका कारण है । अतः इसके रहते हुए धर्मध्यान और शुक्लध्यान नहीं हो सकते ॥ २८६ ॥ **अर्थ**–बाह्य परिग्रहसे रहित दरिद्री मनुष्य तो स्वभावसे ही होते हैं । किन्तु अन्तरंग परिग्रहको छोडनेमें कोईभी समर्थ नहीं होता ॥ **भावार्थ**–वास्तवमें परिग्रह तो ममत्व परिणाम ही है । धन धान्य वगैरहको तो इस

१ ब म स ग दलिद्दमणुवा (स मणुवा) । २ ब हुंति । ३ ब को वि । ४ ब निर्मम: । जो मणु इत्यादि ।

वास्तुधनधान्यादिबाह्यपरिग्रहरहिताः । पुनः अनूवः कोऽपि कश्चित्पुमान् न शक्नोति न समर्थो भवति । किं कर्तुम् । छण्डयितुं त्यक्तुं मोक्तुं । कं तम् । अभ्यन्तरं ग्रन्थं मिथ्यात्वादिपरिग्रहम्, इन्द्रियाभिलाषलक्षणं परिग्रहं वा मनोऽभिलाषरूपं त्यक्तुं कः समर्थः, अपि तु न । इति परिग्रहविरतिप्रतिमा, श्रावकस्य दशमो धर्मः १० ॥ ३८७ ॥ अथानुमोदनविरतिं गाथाद्वयेन विवृणोति-

जो अणुमणणं ण कुणदि गिहत्थ-कज्जेसु पाव-मूलेसु[1] ।
भवियव्वं भावंतो अणुमण-विरओ हवे सो दु ॥ ३८८ ॥

[छाया-यः अनुमननं न करोति गृहस्थकार्येषु पापमूलेषु । भवितव्यं भावयन् अनुमनविरतः भवेत् स तु ॥] स तु श्रावकः अनुमननविरतः अनुमोदनारहित' अनुमतरहितः श्राद्धो भवेत् । स कः । यः गृहस्थकार्येषु गृहस्थानां पुत्रपौत्रादिपरिवाराणां कार्याणि विवाहधनोपार्जनगृहहट्टनिर्मापणप्रमुखानि तेषु गृहस्थकार्येषु अनुमननम्, अनुमोदनां मनसा वचसा श्रद्धानं रुचिरूपां न करोति न विदधाति । कथंभूतेषु गृहस्थकार्येषु । पापमूलेषु पापकारणेषु पापानाम् अशुभकर्मणां मूलेषु कारणभूतेषु । कीदृक् सः । भवितव्यं किंचित् भवितव्यं तत् भविष्यत्येव इति भावयन् चिन्तयन् । स श्रावकः आहारादीनाम् आरम्भाणामनुमननादिनिवृत्तो भवति ॥ ३८८ ॥

जो पुणु[2] चिंतदि कज्जं सुहासुहं राय-दोस-संजुत्तो ।
उवओगेण[3] विहीणं स कुणदि पावं विणा कज्जं ॥ ३८९ ॥[4]

लिये परिग्रह कहा है कि वह ममत्व परिणामका कारण है । उनके होतेही मनुष्य उन्हें अपना मानकर उनकी रक्षा वगैरहकी चिन्ता करता है । किन्तु यदि भाग्यवश बाह्य परिग्रह नष्ट होजाये या मनुष्य जन्मसे ही दरिद्री हो तो भी उसके मनमें परिग्रहकी भावना तो बनी ही रहती है तथा बाह्य परिग्रहके न होने या नष्ट होजाने पर भी काम, क्रोध, आदि अन्तरंग परिग्रह बना ही रहती है । इसीसे आचार्य कहते हैं कि बाह्य परिग्रहके छोडनेमें तारीफ नहीं है, किन्तु अन्तरंग परिग्रहके छोडनेमें तारीफ है । सच्चा अपरिग्रही वही है जिसके अन्तरंगमें परिग्रहकी भावना नहीं है । इस प्रकार परिग्रहत्याग प्रतिमाका कथन सम्पूर्ण हुआ ॥ ३८७ ॥ आगे, दो गाथाओंसे अनुमोदनाविरतिको कहते हैं । **अर्थ**-'जो होना है वह होगा ही' ऐसा विचार कर जो श्रावक पापके मूल गार्हस्थिक कार्योंकी अनुमोदना नहीं करता, वह अनुमोदनाविरति प्रतिमाका धारी है ॥ **भावार्थ**-परिग्रहत्याग प्रतिमाका धारी श्रावक आरम्भ और परिग्रहको छोडने पर भी अपने पुत्र पौत्रोंके विवाह आदि कार्योंकी, वणिज व्यापारकी, मकान आदि बनवानेकी मन और वचनसे अनुमोदना करता था, क्यों कि अभी उसका मोह अपने घरसे हटा नहीं था तथा वह घरमें ही रहता था । किन्तु अनुमोदना विरत श्रावक यह सोचकर कि 'जिसका जो कुछ भला बुरा होता है वह होओ' अपने घरकी ओरसे उदासीन होजाता है । उसके पुत्र वगैरह कोई भी गार्हस्थिक काम करें उससे उसे कोई प्रयोजन नहीं रहता । अब वह घरमें रहता है तो उदासीन बनकर रहता है, नहीं तो घर छोडकर चैत्यालय वगैरहमें रहने लगता है । भोजनके लिये अपने घरका या पराये घरका जो कोई बुलाकर लेजाता है उसके घर भोजन कर लेता है । तथा ऐसा भी नहीं कहता कि हमारे लिये भोजनमें अमुक वस्तु बनवाना । जो कुछ गृहस्थ जिमाता है, जीम आता है । हाँ, भोजन शुद्ध होना चाहिये ॥ ३८८ ॥ **अर्थ**-जो बिना प्रयोजन राग द्वेषसे

१ म पावकेसेसु । २ ब पुणु । ३ म ग उवओगेण । ४ ब अणुमणविरओ । जो नव इत्यादि ।

[छाया-यः पुनः चिन्तयति कार्यं शुभाशुभं रागदोषसंयुक्तः। उपयोगेन विहीनं स करोति पापं विना कार्यम्॥] स प्रसिद्धः करोति विदधाति। किं तत्। कार्यं विना पापं साध्यमन्तरेण फलं विना दुरितं करोति। स कः। यः पुनः चिन्तयति ध्यायति। किं तत्। शुभाशुभकार्यं पुत्रजन्माशनचूडाकरणाध्यापनविवाहादिकं शुभं कर्म परपीडनमारणबन्धादिकं क्षितिखननादिकं वाशुभकार्यं चिन्तयति। कीदृशं तत्। उपयोगेन साध्यसाधकत्वेन विहीनं रहितं निरर्थकमित्यर्थः। कीदृक्षः सन्। रागद्वेषसंयुक्तः शुभेषु कार्येषु रागः प्रीतिः अशुभेषु कार्येषु द्वेषः अप्रीतिः ताभ्यां संयुक्तः रागद्वेषमय इत्यर्थः। एवंभूतस्य पुंसः अनुमननविनिवृत्तिः कथं भवतीति। तथा वसुनन्दिना चोक्तं च। 'पुट्ठो वापुट्ठो वा णियगपरेहिं च सगिहकज्जेसु। अणुमणणं जो ण कुणदि वियाण सो सावओ दहमो॥' तथा च। 'अनुमतिरारम्भे वा परिग्रहे वैहिकेषु कर्मसु वा। नास्ति खलु यस्य समधीरनुमतिविरतः स मन्तव्यः॥' इति। इत्यनुमतविरतिप्रतिमा, एकादशो धर्मः ११॥ ३८९॥ अथ गाथाद्वयेनोद्दिष्टविरतिप्रतिमां प्रपञ्चयति-

जो णव-कोडि-विसुद्धं[1] भिक्खायरणेण भुंजदे भोज्जं।
जायण-रहियं जोग्गं[3] उद्दिट्ठाहार-विरदो[4] सो॥ ३९०॥

[छाया-यः नवकोटिविशुद्धं भिक्षाचरणेन भुङ्क्ते भोज्यम्। याचनरहितं योग्यम् उद्दिष्टाहारविरतः सः॥] स श्रावकः उद्दिष्टाहारविरतः उद्दिष्टः पात्रं उद्दिश्य निर्मापितः उद्दिष्टः स चासौ आहारश्च उद्दिष्टाहारः तस्मात् उद्दिष्टाहारात् विरतः निवृत्तः उद्दिष्टाहारविरतः स्वोद्दिष्टपिण्डोपधिशयनवरासनवसत्यादेर्विरतः भवेत्। स कः। यः भुंक्ते अश्नाति भक्षयति। किं तत्। भोज्यं भोजनमाहारम् अशनपानखाद्यस्वाद्यादिकं चतुर्विधम्। केन। भिक्षाचरणेन आहारार्थं परगृहगमनेन परिभ्रमणेन। कीदृक्षं तत् भोज्यम्। नवकोटिविशुद्धं मनोवचनकायैः प्रत्येकं कृतकारितानुमोदनैः नवकोटिभिः नवोत्कृष्टप्रकारैः विशुद्धं दोषरहितं निर्मलं भोज्यं निर्दोषम्। मनःकृतं भोज्यं १, मनःकारितं भोज्यं २, मनोऽनुमतं भोज्यं ३, वचनकृतं भोज्यं ४, वचनकारितं भोज्यं ५, वचनानुमोदितं भोज्यं ६, कायकृतं भोज्यं ७, कायकारितं भोज्यं ८, काया-

संयुक्त होकर शुभ और अशुभ कार्योंका चिन्तन करता है वह व्यर्थ पापका उपार्जन करता है॥ **भावार्थ**-मनुष्योंमें प्रायः यह आदत होती है कि ये जिनसे उनका राग होता है उनका तो वे भला विचारा करते हैं और जिनसे उनका द्वेष होता है उनका बुरा चाहते हैं। किन्तु किसीके चाहने मात्रसे किसीका भला बुरा नहीं होता। अतः ऐसे आदमी व्यर्थमें ही पापका संचय किया करते हैं। किन्तु अनुमोदना विरत श्रावक तो आरम्भ और परिग्रहको छोड चुका है। घरसे भी उसका वास्ता नहीं रहा। ऐसी स्थितिमें भी यदि वह राग और द्वेषके वशीभूत होकर पुत्रजन्म विवाह आदि शुभ कार्योंकी और दूसरोंको पीडा देना मारना पीटना आदि अशुभ कार्योंकी अनुमोदना करता है तो वह व्यर्थही पाप बन्ध करता है। ऐसे श्रावकके अनुमतित्याग प्रतिमा नहीं हो सकती॥ वसुनन्दिनेभी कहा है-"अपने या दूसरे लोगोंके द्वारा घरेलु कामोंके बारेमें पूछनेपर या बिना पूछे जो सलाह नहीं देता वह दसवीं प्रतिमाका धारी श्रावक है।" रत्नकरंडश्रावकाचारमें भी कहा है-"खेती आदि आरम्भके विषयमें, धन धान्य आदि परिग्रहके विषयमें और इस लोक सम्बन्धी विवाह आदि कार्योंमें जो अपनी अनुमति नहीं देता वह समबुद्धि श्रावक अनुमतिविरत है।" इस प्रकार अनुमतिविरत श्रावकका कथन समाप्त हुआ॥ ३८९॥ आगे दो गाथाओंसे उद्दिष्ट विरति प्रतिमाका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**-जो श्रावक भिक्षाचरणके द्वारा बिना याचना किये, नव कोटिसे शुद्ध योग्य आहारको ग्रहण करता है वह उद्दिष्ट आहारका त्यागी है॥ **भावार्थ**-अपने उद्देश्यसे बनाये हुए आहारको ग्रहण न करने

१ ब णव। २ ब स ग विसुद्धं। ३ म भोग्गं। ४ क म स ग विरओ (द?)।

नुमोदितं भोज्यं ९ इति नवोत्कर्षप्रकारैः विशुद्धं दोषरहितमित्यर्थः । मनसाऽकृतभोजनमित्यादयः नवप्रकाराः ज्ञातव्याः । अथवा अन्नं पवित्रं सत् १ दातारं २ पात्रं च ३ पवित्रं करोति । दाता शुद्धः सन् १ अन्नं २ पात्रं च ३ शुद्धं करोति । पात्रं शुद्धं सत् १ दातारम् २ अन्नं च ३ शुद्धं करोति इति नवा नूतना कोटिः प्रकर्षः तया विशुद्धम् । पुनः कीदृक्षम् । याञ्चारहितं मह्यम् अन्नं देहीति, आहारप्रार्थनार्थं द्वारोद्घाटनशब्दज्ञापनम् इत्यादियाञ्चया प्रार्थनया रहितम् । पुनः कीदृक्षम् । योग्यं मकारत्रयरहितं चर्मजलघृततैलरामठादिभिरस्पृष्टं रात्रावकृतं चाण्डालनीचलोकमार्जारशुनकादिस्पर्शरहितं यतियोग्यं भोज्यम् ॥ ३९० ॥

जो सावय-वय-सुद्धो अंते आराहणं परं कुणदि ।
सो अच्चुदम्हि[1] सग्गे इंदो सुर-सेविदो[2] होदि ॥ ३९१ ॥[3]

[छाया-यः श्रावकव्रतशुद्धः अन्ते आराधनं परं करोति । सः अच्युते स्वर्गे इन्द्रः सुरसेवितः भवति ॥] यः श्रावकव्रतशुद्धः श्रावकस्य श्राद्धस्य व्रतैः सम्यग्दृष्टिदर्शनिकव्रतसामायिकप्रोषधोपवाससचित्तविरतरात्रिभुक्तिविरताब्रह्म-

वाला श्रावक उद्दिष्ट आहारका त्यागी होता है। आहारकी ही तरह अपने उद्देश्यसे बनाई गई वसतिका, आसन, चटाई वगैरहको भी वह स्वीकार नहीं करता, न वह निमंत्रण स्वीकार करता है। किन्तु मुनिकी तरह श्रावकोंके घर जाकर भिक्षा भोजन करता है। श्रावकोंके घर जाकर भी वह मांगता नहीं कि मुझे भोजन दो, और न आहारके लिये श्रावकोंका दरवाजा खटखटाता है। तथा मुनिके योग्य नव कोटिसे शुद्ध आहारको ही ग्रहण करता है। मन वचन कायके साथ कृत, कारित और अनुमोदनाको मिलानेसे नौ कोटियां अर्थात् नौ प्रकार होते हैं। अर्थात् उद्दिष्ट त्यागी जो भोजन ग्रहण करे वह उसके मनसे कृत न हो, मनसे कारित न हो, मनसे अनुमत न हो, वचनसे कृत न हो, वचनसे कारित न हो, वचनसे अनुमोदित न हो, कायसे कृत न हो, कायसे कारित न हो, कायसे अनुमोदित न हो। इन उत्कृष्ट नौ प्रकारोंसे युक्त विशुद्ध भोजनको ही उद्दिष्ट विरत श्रावक ग्रहण करता है ॥३९०॥ **अर्थ**–जो श्रावक व्रतोंसे शुद्ध होकर अन्तमें उत्कृष्ट आराधनाको करता है वह अच्युत स्वर्गमें देवोंसे सेवित इन्द्र होता है ॥ **भावार्थ**–जो श्रावक सम्यग्दृष्टि, दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषधोपवास, सचित्त विरत, रात्रिभुक्ति विरत, अब्रह्म विरत, आरम्भ विरत, परिग्रह विरत, अनुमति विरत, और उद्दिष्ट विरत इन बारह व्रतोंसे निर्मल होकर मरणकाल उपस्थित होनेपर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चारित्र और तप इन चार आराधनाओंको करता है वह मरकर अच्युत नामके सोलहवें स्वर्गमें जाता है, उससे आगे नवग्रैवेयक वगैरहमें नहीं जाता, ऐसा नियम है। तथा वहाँ देवोंसे सेवित इन्द्र होता है। श्रीवसुनन्दि सैद्धान्तिकने उद्दिष्टाहार विरत प्रतिमाका लक्षण इस प्रकार कहा है–"ग्यारहवीं प्रतिमाका धारी उत्कृष्ट श्रावक दो प्रकारका होता है। एक तो एक वस्त्र रखनेवाला और दूसरा लंगोटी मात्र रखनेवाला ॥ प्रथम उत्कृष्ट श्रावक अपने बाल उस्तरेसे बनवाता है अथवा कैंचीसे कतरवाता है। और सावधानी पूर्वक कोमल उपकरणसे स्थान आदिको साफ करके बैठता है ॥ बैठकर स्वयं अपने हाथरूपी पात्रमें अथवा बरतनमें भोजन करता है। और चारों पर्वोंमें नियमसे उपवास करता है। उसके भोजनकी विधि इस प्रकार है–पात्रको धोकर वह चर्याके लिये श्रावकके घर जाता है और आंगनमें खड़ा होकर 'धर्मलाभ' कहकर स्वयं भिक्षा मांगता है ॥ तथा भोजनके मिलने और न मिलनेमें सम-

१ ब अच्चुयम्मि । २ क म स ग सेविओ (उ?) । ३ ब उद्दिट्ठ-विरदो । दर्शं सावयधम्मो समासत्तोः ॥ जो रयणत्तय इत्यादि ।

विरतारम्भविरतपरिग्रहविरतानुमतविरतोद्दिष्टाहारविरतव्रतैर्द्वादशप्रमितैः शुद्धः निर्मलः षष्टिदोषरहितः श्राद्धः अन्ते अवसाने जीवितान्ते मरणकाले वा । तथा चोक्तम् । "उपसर्गे दुर्भिक्षे जरसि रुजायां च निःप्रतीकारे । धर्माय तनुविमोचनमाहुः सल्लेखनामार्याः ॥" आराधनं करोति विदधाति सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपसां व्यवहारनियमतः आराधनं करोति विदधाति । कथंभूतम् । परम् उत्कृष्टम् । स श्रावकधर्मशुद्धः पुमान् अच्युतस्वर्गे इन्द्रो मघवा भवति अच्युतनाम्नि षोडशनाके षोडशस्वर्गे गच्छति । ततः परं नवग्रैवेयकादिषु न याति इति नियमो ज्ञातव्यः । कीदृक् इन्द्रः । सुरसेवितः सुरैः सामानिकादिदेववृन्दैः सेवितः सेव्यः स्यात् । तथा वसुनन्दिसिद्धान्तिनोद्दिष्टाहारविरतिप्रतिमालक्षणं प्रोक्तं च । 'एयारसम्मि ठाणे उक्किट्ठो सावओ हवे दुविहो । वत्थेयधरो पढमो कोवीणपरिग्गहो बिदिओ ॥ १ ॥ धम्मिल्लाणवणयणं कारदि कत्तरिछुरेण वा पढमो । ठाणादिसु पडिलेहदि मिदोवकरणेण पयडप्पा ॥ २ ॥ भुंजेदि पाणिपत्तम्मि भायणे वा सयं समुवविट्ठो । उववासं पुण णियमा चउव्विहं कुणदि पव्वेसु ॥ ३ ॥ पक्खालिऊण पत्तं पविसदि चरियाए पंगणे ठिच्चा । भणिदूण धम्मलाभं जायदि भिक्खं सयं चेव ॥ ४ ॥ सिग्घं लाहालाहो अदीणवयणो णियत्तिदूण तदो । अण्णम्हि गिहे वच्चदि दरिसदि मोणेण कायं वा ॥ ५ ॥ जदि अद्धवहे कोइ वि भण्णइ एत्थेव भोयणं कुणह । भोत्तूण णिययभिक्खं तत्थिछं भुंजए सेसं ॥ ६ ॥ अह ण लहइ तो भिक्खं भमिज्ज णियपोट्टपूरणपमाणं । पच्छा एयम्हि गिहे जायज्जो पासुगं सलिलं ॥ ७ ॥ जं किं पि पडिदभिक्खं भुंजिज्जो सोहिदूण जत्तेण । पक्खालिदूण पत्तं गच्छेज्जो गुरुसयासम्मि ॥ ८ ॥ जदि एवं ण चएज्जो काउं रिसिगेहणम्मि चरियाए । पविसित्तु एयभिक्खं पवित्तिणियमेण ता कुज्जा ॥ ९ ॥ गंतूण गुरुसमीवं

बुद्धि रखकर, भोजन न मिलनेपर दीनमुख न करके वहाँसे शीघ्र निकल आता है, और दूसरे घर जाता है, तथा मौनपूर्वक अपना आशय प्रकट करता है ॥ यदि कोई भोजन करनेकी प्रार्थना करता है तो पहले ली हुई भिक्षाको खाकर शेष भिक्षा उससे लेकर खाता है ॥ यदि कोई मार्गमें भोजन करनेकी प्रार्थना नहीं करता तो अपने पेट भरने लायक भिक्षाकी प्रार्थना करता है और फिर किसी घरसे प्रासुक पानी मांगकर जो कुछ भिक्षामें मिला है उसे सावधानी पूर्वक शोधकर खा लेता है और पात्रको धोकर गुरुके पास चला जाता है ॥ किन्तु यदि किसी भी घरसे आहार नहीं मिलता तो उपवास ग्रहण कर लेता है ॥ यदि किसीको उक्त विधिसे गोचरी करना न रुचे तो वह मुनियोंके गोचरीका जानेके पश्चात् श्रावकके घरमें जावे, और यदि इस प्रकार भिक्षा न मिले तो उपवासका नियम लेलेना चाहिये ॥ गुरूके समीप जाकर विधि पूर्वक चार प्रकारके आहारका त्याग करता है। और यत्नपूर्वक गुरूके सामने अपने दोषोंकी आलोचना करता है ॥ दूसरे उत्कृष्ट श्रावककी भी यही क्रिया है। इतना विशेष है कि वह नियमसे केशलोंच करता है, पीछी रखता है और हाथमें भोजन करता है ॥ दिनमें प्रतिमायोग, स्वयं मुनिकी तरह भ्रामरीवृत्तिसे भोजनके लिये चर्या करना, त्रिकाल योग अर्थात् गर्मीमें पर्वतके शिखरपर, बरसातमें वृक्षके नीचे, और शीत ऋतुमें नदीके किनारे ध्यान करना, सूत्ररूप परमागमका और प्रायश्चित्त शास्त्रका अध्ययन, इन बातोंका अधिकार देश विरत श्रावकोंको नहीं है ॥ इस प्रकार ग्यारहवें उद्दिष्टविरत श्रावकके दो भेदोंका कथन संक्षेपसे शास्त्रानुसार किया ॥" समन्तभद्रस्वामीने भी कहा है-"घर छोड़कर, जिस वनमें मुनि रहते हैं वहाँ जाकर, जो गुरुके समीप व्रतोंको ग्रहण करता है, और भिक्षा भोजन करता है, तपस्या करता है तथा खण्ड वस्त्र रखता है वह उत्कृष्ट श्रावक है।" चारित्रसार नामक ग्रन्थमें लिखा है-'उद्दिष्ट त्यागी अपने उद्देशसे बनाये हुए भोजन, उपधि, शय्या, वसतिका आदिका त्यागी होता है। वह एक धोती रखता है, भिक्षा भोजन करता है और बैठकर अपने हाथमें ही भोजन करता है। रातमें प्रतिमायोग वगैरह तप करता है किन्तु आतापनयोग वगैरह नहीं करता। अणुव्रती और महाव्रती यदि समितियोंका

पच्चक्खाणं चउव्विहं विहिगा। गहिदूण तदो सव्वं आलोचेज्जो पयत्तेण ॥ १० ॥ एमेव होदि बिदिओ णवरि विसेसो कुणे

पालन करते हैं तो वे संयमी कहे जाते हैं। और बिना समितियोंके वे केवल विरत हैं। जैसा कि वर्गणाखण्डके बन्धाधिकारमें लिखा है–'संयम और विरतिमें क्या भेद है? समिति सहित महाव्रतों और अणुव्रतोंको संयम कहते हैं और संयमके बिना महाव्रत और अणुव्रत विरति कहे जाते हैं।' उक्त ग्यारह प्रतिमाओंमेंसे (सब श्रावकाचारोंमें दार्शनिकसे लेकर उद्दिष्टत्याग तक ग्यारह प्रतिमाएं ही बतलाई है) दर्शनिकसे लेकर शुरु की छ: प्रतिमावाले श्रावक जघन्य होते हैं, उसके बाद सातवीं, आठवीं और नौवीं प्रतिमावाले श्रावक मध्यम होते हैं। और अन्तिम दो प्रतिमाधारी श्रावक उत्कृष्ट होते हैं।' चारित्रसारमें श्रावक धर्मका विस्तारसे वर्णन किया है जिसे संस्कृत टीकाकारने उद्धृत किया है। "अत: वह संक्षेपमें दिया जाता है–गृहस्थलोग तलवार चलाकर, लेखनीसे लिखकर, खेती या व्यापार आदि करके अपनी आजीविका चलाते हैं, और इन कार्योंमें हिंसा होना संभव है अत: वे पक्ष, चर्या और साधनके द्वारा उस हिंसाको दूर करते हैं। अहिंसारूप परिणामोंका होना पक्ष है। गृहस्थ धर्मके लिये, देवताके लिये, मंत्र सिद्ध करनेके लिये, औषधके लिये, आहारके लिये और अपने ऐशआरामके लिये हिंसा नहीं करूंगा। यही उसका अहिंसारूप परिणाम है। तथा जब वह गार्हस्थिक कार्योंमें हुई हिंसाका प्रायश्चित्त लेकर सब परिग्रहको छोड़नेके लिये उद्यत होता है और अपना सब घरद्वार पुत्रको सौंपकर घर तक छोड़ देता है उसे चर्या कहते हैं। और मरणकाल उपस्थित होनेपर धर्मध्यानपूर्वक शरीरको छोड़नेका नाम साधन है। इन पक्ष, चर्या और साधनके द्वारा हिंसा आदिसे संचित हुआ पाप दूर हो जाता है। जैनागममें चार आश्रम अथवा अवस्थायें कही है–ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और भिक्षुक। ब्रह्मचारी पाँच प्रकारके होते हैं–उपनय ब्रह्मचारी, अवलम्ब ब्रह्मचारी, दीक्षा ब्रह्मचारी, गूढ ब्रह्मचारी, और नैष्ठिक ब्रह्मचारी। जो ब्रह्मचर्यपूर्वक समस्त विद्याओंका अभ्यास करके गृहस्थाश्रम स्वीकार करते हैं वे उपनय ब्रह्मचारी हैं। क्षुल्लक रूपसे रहकर आगमका अभ्यास करके जो गृहस्थाश्रम स्वीकार करते हैं वे अवलम्ब ब्रह्मचारी हैं। बिना किसी वेशके आगमका अभ्यास करके जो गृहस्थाश्रम स्वीकार करते हैं वे अदीक्षा ब्रह्मचारी हैं। जो कुमारश्रमण विद्याभ्यास करके बन्धुजन अथवा राजा आदिके कारण अथवा स्वयं ही गृहस्थधर्म स्वीकार करते हैं वे गूढ ब्रह्मचारी हैं। जो चोटी रखते हैं, भिक्षा भोजन करते हैं और कमरमें रक्त अथवा सफेद लंगौटी लगाते हैं वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी हैं। इज्या, वार्ता, दान, स्वाध्याय, संयम और तप ये गृहस्थके षट्र कर्म हैं। अर्हन्त देवकी पूजाको इज्या कहते हैं। उसके पाँच भेद हैं–नित्यपूजा, चतुर्मुखपूजा, कल्पवृक्षपूजा, अष्टाह्निकपूजा और इन्द्रध्वजपूजा। प्रति दिन शक्तिके अनुसार अपने घरसे अष्ट द्रव्य लेजाकर जिनालयमें जिनेन्द्र देवकी पूजा करना, चैत्य और चैत्यालय बनवाकर उनकी पूजाके लिये गांव जमीन जायदाद देना तथा मुनिजनोंकी पूजा करना नित्यपूजा है। मुकुटबद्ध राजाओंके द्वारा जो जिनपूजा की जाती है उसे चतुर्मुख पूजा कहते हैं, क्यों कि चतुर्मुख बिम्ब विराजमान करके चारोंही दिशामें की जाती है। बड़ी होनेसे इसे महापूजा भी कहते हैं। ये सब जीवोंके कल्याणके लिये की जाती है इसलिये इसे सर्वतोभद्र भी कहते हैं। याचकोंको उनकी इच्छानुसार दान देनेके पश्चात् चक्रवर्ती अर्हन्त भगवानकी

च नियमेण । लोचं धरिऊ पेच्छं भुंजिज्जो पाणिपत्तम्हि ॥ ११ ॥ दिणपडिमवीरचरियातियालजोगेसु णत्थि अहियारो । सिद्धंत-रहस्साणं अज्झयणे देसविरदाणं ॥ १२ ॥ उद्दिट्ठपिंडविरदो दुवियप्पो सावओ समासेण । एयारसम्मि ठाणे भणिओ सुत्ताणुसारेण ॥ १३ ॥" तथा समन्तभद्रेणोक्तं च । 'गृहतो मुनिवनमित्वा गुरूपकण्ठे व्रतानि परिगृह्य । भैक्ष्याशनस्तपस्य-न्नुत्कृष्टश्चेलखण्डधरः ॥' 'एकादशके स्थाने ह्युत्कृष्टः श्रावको भवेद्द्विविधः । वस्त्रैकधरः प्रथमः कौपीनपरिग्रहोऽन्यस्तु ॥ २ ॥ कौपीनोऽसौ रात्रिप्रतिमायोगं करोति नियमेन । लोचं पिच्छं धृत्वा भुङ्क्ते ह्युपविश्य पाणिपुटे ॥३॥ वीरचर्या च सूर्यप्रतिमात्रै-काल्ययोगनियमश्च । सिद्धान्तरहस्यादिष्वध्ययनं नास्ति देशविरतानाम् ॥ ४ ॥ आद्यास्तु षड् जघन्याः स्युर्मध्यमास्तदनु त्रयम् । शेषौ द्वावुत्तमावुक्तौ जैनेषु जिनशासने ॥ ५ ॥' चारित्रसारे "स्वोद्दिष्टपिण्डोपधिशयनवरासनादेर्विरतः एकशाटकधरो भिक्षाशनः पाणिपात्रपुटेन उपविश्य भोजी रात्रिप्रतिमादितपःसमुद्यतः आतपनादियोगरहितो भवति । अणुव्रतिमहाव्रतिनौ समितियुक्तौ संयमिनौ भवतः समितिं विना विरतौ[1] । तथा चोक्तं वर्गणाखण्डस्य बन्धनाधिकारे । 'संजमविरईणं को भेदो। ससमिदिमहव्वयाणुव्वयाइं संजमो, समिदीहिं विणा महव्वयाणुव्वयाइं विरदी[2]" इति । असिमषिकृषिवाणिज्यादिभिः गृहस्थानां हिंसासंभवे पक्षचर्यासाधकत्वैर्हिंसाऽभावः क्रियते । तत्राहिंसापरिणामत्वं पक्षः १ । धर्मार्थं देवतार्थं मन्त्रसिद्ध्यर्थम् औष-धार्थम् आहारार्थं स्वभोगार्थं च गृहमेधिनो हिंसां न कुर्वन्ति । हिंसासंभवे प्रायश्चित्तविधिना विशुद्धः सन् परिग्रहपरित्याग-करणे सति स्वगृहं धर्मं च वंश्याय समर्प्य यावद्गृहं परित्यजति तावदस्य चर्या भवति २ । सकलगुणसंपूर्णस्य शरीरकम्प-नोच्छ्वासनोन्मीलनविधिं परिहरमाणस्य निहितलोकाग्रमनसः शरीरपरित्यागः साधकत्वम् ३ । एवं पक्षादिभिस्त्रिभिर्हिंसाद्युप-चितं पापमपगतं भवति । जैनागमे आश्रमाश्चत्वारः । उक्तं चोपासकाध्ययने । 'ब्रह्मचारी १ गृहस्थश्च २ वानप्रस्थश्च ३ भिक्षुकः ४ । इत्याश्रमास्तु जैनानां सप्तमाङ्गाद्विनिःसृताः ॥' तत्र ब्रह्मचारिणः पञ्चविधाः । उपनयावलम्बादीक्षागूढ-नैष्ठिकभेदेन । तत्र उपनयब्रह्मचारिणो गणधरसूत्रधारिणः समभ्यस्तागमा [गृहधर्मानुष्ठायिनो भवन्ति १ । अवलम्बब्रह्म-चारिणः क्षुल्लकरूपेणागममभ्यस्य परिगृहीतगृहावासा भवन्ति २ । अदीक्षाब्रह्मचारिणः वेषमन्तरेणाभ्यस्तागमा] गृहधर्म-निरता भवन्ति ३ । गूढब्रह्मचारिणः कुमारश्रमणाः सन्तः स्वीकृतागमाभ्यासा बन्धुभिः दुस्सहपरीषहैरात्मना नृपादिभिर्वा निरस्तपरमेश्वररूपा गृहवासरता भवन्ति ४ । नैष्ठिकब्रह्मचारिणः समाधिगतशिखालक्षितशिरोलिङ्गा गणधरसूत्रोपलक्षितो-रोलिङ्गाः शुक्लरक्तवसनखण्डकौपीनलक्षितकटीलिङ्गाः स्नातका भिक्षावृत्तयो भवन्ति देवतार्चनपरा भवन्ति ५ । गृहस्थस्य इज्या १ वार्ता २ दत्तिः ३ स्वाध्यायः ४ संयमः ५ तपः ६ इत्यार्यषट्कर्माणि भवन्ति । तत्र अर्हत्पूजा इज्या, सा च नित्यमहः १ चतुर्मुखं २ कल्पवृक्षः ३ आष्टाह्निकं ४ ऐन्द्रध्वजः ५ इति । तत्र नित्यमहः नित्यं यथाशक्ति जिनगृहेभ्यो निजगृहाद्गन्धपुष्पाक्षतादिनिवेदनं चैत्यचैत्यालयं कृत्वा ग्रामक्षेत्रादीनां शासनदानं मुनिजनपूजनं च भवति १ । चतुर्मुखं मुकुटबद्धैः क्रियमाणा पूजा सैव महामहः सर्वतोभद्र इति २ । कल्पवृक्षः अर्थिनः प्रार्थितार्थैः संतर्प्य चक्रवर्तिभिः क्रिय-माणो महः ३ । आष्टाह्निकं प्रतीतम् ४ । ऐन्द्रध्वजः इन्द्रादिभिः क्रियमाणः बलिस्नपनं संध्यात्रयेऽपि जगत्त्रयस्वामिनः पूजा-

---

जो पूजन करता है उसे कल्पवृक्ष पूजा कहते हैं। अष्टाह्निकापर्वमें जो जिनपूजा की जाती है वह आष्टाह्निक पूजा है। इन्द्रादिकके द्वारा जो जिनपूजा की जाती है वह इन्द्रध्वज है। असि (तलवार) मषि (लेखनी) कृषि (खेती) वाणिज्य (व्यापार) और शिल्प (दस्तकारी) के द्वारा न्यायपूर्वक धन कमानेको वार्ता कहते हैं। दानके चार भेद हैं—दयादान, पात्रदान, समदान और सकलदान। दयाके पात्र प्राणियोंपर दया करके दान देना दयादान है। महातपस्वी साधुओंको नवधा भक्तिपूर्वक निर्दोष आहार देना, शास्त्र तथा पीछी कमंडलु देना पात्रदान है। गृहस्थोंमें श्रेष्ठ साधर्मी भाईको कन्या, भूमि, सोना, हाथी, घोड़ा, रथ वगैरह देना समदान है। अपने पुत्र अथवा दत्तकको घरका पूरा भार सौंपकर गृहस्थीके त्याग करनेको सकलदान कहते हैं, और इसीका नाम अन्वयदान भी है। ये दानके भेद हैं। तत्त्वज्ञानके अध्ययन अध्यापनको स्वाध्याय कहते हैं। पाँच अणुव्रतोंके पालन करनेका नाम संयम है। और बारह प्रकारका तप होता है। इन षट्कर्मोंका पालन करनेवाले गृहस्थ दो

---

१ मूलप्रतौ 'अविरतौ' इति पाठः। २ मूलप्रतौ 'अविरदी' इति पाठः।

मिषेककरणं ५ । पुनरप्येषां विकल्पाः अन्येऽपि पूजाविशेषाः सन्तीति । वार्ता असिमषिकृषिवाणिज्यादिशिल्पकर्मभि- विशुद्धवृत्त्या अर्थोपार्जनमिति । दत्ति· दया १ पात्र २ सम ३ सकलभेदा ४ चतुर्विधा । तत्र दयादत्तिः अनुकम्पया अनुग्राह्येभ्यः प्राणिभ्यस्त्रिशुद्धिभिरभयदानम् १। पात्रदत्ति· महातपोधनेभ्यः प्रतिग्रहार्चनादिपूर्वकं निरवद्याहारदानं ज्ञान- संयमोपकरणादिदानं च २ । समदत्तिः स्वसमक्रियाय मित्राय निस्तारकोत्तमाय कन्याभूमिसुवर्णहस्त्यश्वरथरत्नादिदानं, स्वसमानाभावे मध्यमपात्रस्यापि दानम् ३। सकलदत्तिः आत्मीयस्वसंततिस्थापनार्थं पुत्राय गोत्रजाय वा धर्मं धनं च समर्प्य प्रदानमन्वयदत्तिश्च सैव ४। तथा चोक्तं। "जं उप्पज्जइ दव्वं तं कायव्वं च बुद्धिवंतेण। छब्भायगयं सव्वं पढमो भागो हु धम्मस्स ॥ १ ॥ बीओ भागो गेहे दायव्वो कुडुंबपोसणत्थेण । तइओ भागो भोगे चउत्थओ सयणवग्गम्हि ॥ २ ॥ सेसा जे बे भागा ठायव्वा होंति ते वि पुरिसेण । पुजामहिमाकज्जे अहवा कालावकालस्स ॥३॥" इति । स्वाध्यायः तत्त्वज्ञानस्य अध्ययनमध्यापनं स्मरणं च । संयमः पञ्चाणुव्रतप्रवर्तनम्। तपः अनशनादिद्वादशविधानुष्ठानम् । इति आर्यषट्कर्मनिरता गृहस्था द्विविधा भवन्ति । जातिक्षत्रियास्तीर्थक्षत्रियाश्चेति । तत्र जातिक्षत्रियाः क्षत्रिय १ ब्राह्मण २ वैश्य ३ शूद्र ४ भेदा- श्चतुर्विधा· १ । तीर्थक्षत्रियाः स्वजीवनविकल्पादनेकधा विद्यन्ते २ । वानप्रस्थाः अपरिगृहीतजिनरूपा वस्त्रखण्डधारिणो निरतिशयतपःसमुद्यता भवन्ति । भिक्षवो जिनरूपधारिणस्ते बहुधा भवन्ति । अनगारा यतयो मुनय ऋषयश्चेति । तत्र अनगाराः सामान्यसाधव उच्यन्ते। यतय· उपशमक्षपकश्रेण्यारूढा भण्यन्ते । मुनयः अवधिमनःपर्ययज्ञानिनः केवलिनश्च कथ्यन्ते । ऋषयः ऋद्धिं प्राप्तास्ते चतुर्विधाः, राजब्रह्मदेवपरमऋषिभेदात् । तत्र राजर्षय. विक्रियाक्षीणर्द्धिप्राप्ता भवन्ति १, ब्रह्मर्षय· बुद्ध्यौषध्यर्द्धियुक्ताः कीर्त्यन्ते २, देवर्षयः गगनगमनर्द्धिसंपन्ना· कथ्यन्ते ३, परमर्षय· केवलज्ञानिनो निगद्यन्ते ४। अपि च वृत्तम् । 'देशप्रत्यक्षवित्केवलभृदिह मुनिः स्यादृषिः प्रोद्गतर्द्धिरारूढश्रेणियुग्मोऽजनि यतिरनगारोऽपरः साधु- रुक्त· । राजा ब्रह्मा च देव परम इति ऋषिर्विक्रियाक्षीणशक्ति-प्राप्तो बुद्ध्यौषधीशो वियदयनपटुर्विश्ववेदी क्रमेण ॥ ३९१ ॥ इति श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायां शुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां श्रावकधर्मव्याख्यानं समाप्तम् ॥ अथ यतिधर्मं व्याचष्टे-

जो रयण-त्तय-जुत्तो खमादि-भावेहिँ परिणदो णिच्चं ।
सव्वत्थ वि मज्झत्थो सो साहू भण्णदे धम्मो ॥ ३९२ ॥

[छाया-य रत्नत्रययुक्त क्षमादिभावैः परिणत· नित्यम् । सर्वत्र अपि मध्यस्थः स साधुः भण्यते धर्मः ॥] स साधुः, साधयति रत्नत्रयमिति साधुः, धर्म· भण्यते कथ्यते, कारणे कार्योपचारात् । स कः । य· नित्यं सदा निरन्तरं रत्नत्रययुक्त· व्यवहारनिश्चयभेदाभेदसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रैः सहितः । पुनः कीदृक्षः । क्षमादिभावैः परिणतः उत्तमक्षमादि-

प्रकारके होते हैं --जातिक्षत्रिय और तीर्थक्षत्रिय । जातिक्षत्रिय क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य और शूद्रके भेदसे चार प्रकारके होते हैं । और तीर्थक्षत्रिय अपनी जीविकाके भेदसे अनेक प्रकारके होते हैं । जो खंडवस्त्र धारण करते हैं और तपस्यामें लगे रहते हैं वे वानप्रस्थ कहे जाते हैं । जिनरूपके धारकोंको भिक्षु कहते हैं । ये भिक्षु अनेक प्रकारके होते हैं । सामान्य साधुओंको अनगार कहते हैं । जो साधु उपशम अथवा क्षपक श्रेणिपर आरूढ होते हैं उन्हें यति कहते हैं । अवधिज्ञानी, मनः- पर्ययज्ञानी और केवलज्ञानियोंको मुनि कहते हैं । ऋद्धिधारी साधुओंको ऋषि कहते हैं । ऋषिके चार भेद हैं--राजर्षि, ब्रह्मर्षि, देवर्षि और परमर्षि । विक्रिया ऋद्धि और अक्षीण ऋद्धिके धारी साधुओको राजर्षि कहते हैं । बुद्धि ऋद्धि और औषध ऋद्धि धारिओंको ब्रह्मर्षि कहते हैं । आकाशगामिनी ऋद्धिके धारकोंको देवर्षि कहते हैं, और केवलज्ञानियोंको परमर्षि कहते हैं । इस प्रकार श्रावक धर्मका निरूपण समाप्त हुआ ॥ ३९१ ॥ अब मुनिधर्मको कहते हैं । अर्थ-- जो रत्नत्रयसे युक्त होता है, सदा उत्तम क्षमा आदि भावोंसे सहित होता है और सबमें मध्यस्थ रहता है वह साधु है और वही धर्म है ॥ भावार्थ--जो व्यवहार और निश्चयरूप सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान

१ ब भावेण।

दशप्रकारैः परिणतिं प्राप्तः । पुनः किंभूतः । सर्वत्र मध्यस्थः, सर्वेषु सुखे दुःखे तृणे रत्ने लाभालाभे शत्रौ मित्रे च मध्यस्थः उदासीनः समचित्तः । रागद्वेषरहितः असौ साधुः यतीश्वरः धर्मो भण्यते ॥ ३९२ ॥ अथ दशप्रकारं धर्मं विवृणोति–

सो चेव दह-पयारो खमादि-भावेहिँ सुक्खसारेहिं¹ ।
ते पुणु भणिज्जमाणा मुणियव्वा परम-भत्तीए ॥ ३९३ ॥

[छाया–स चैव दशप्रकारः क्षमादिभावैः सुप्रसिद्धैः । ते पुनर्भण्यमानाः ज्ञातव्याः परमभक्त्या ॥] स एव यतिधर्मः दशप्रकारः दशभेदः । कैः । क्षमादिभावैः, उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्याख्यैः परिणामैः परिणतैः । कथंभूतैस्तैः । सौख्यसारैः सौख्यं शर्म सारं श्रेष्ठं येषां येषु येभ्यो वा ते सौख्यसारास्तैः सौख्यसारैः सौख्येन शर्मणा स्वर्गमुक्त्यादिजेन सारैः श्रेष्ठैः । अथोत्तरार्धेन दशधर्मस्य दशगाथासूत्रेण व्याख्यायमानस्य पातनिकां प्रतनोति । ते पुनः दश धर्माः दशविधधर्माः भणिज्जमाणा कथ्यमानाः मन्तव्याः ज्ञातव्याः । कया । परमभक्त्या परमधर्मानुरागेण श्रेष्ठभजनेन ॥ ३९३ ॥ अथोत्तमक्षमाधर्ममाचष्टे–

कोहेण जो ण तप्पदि सुर-णर-तिरिएहि कीरमाणे वि ।
उवसग्गे वि रउद्दे तस्स खमा णिम्मला होदि² ॥ ३९४ ॥

[छाया–क्रोधेन यः न तप्यते सुरनरतिर्यग्भिः क्रियमाणे अपि । उपसर्गे अपि रौद्रे तस्य क्षमा निर्मला भवति ॥] तस्य मुनेः क्षमा क्षान्तिर्निर्मला भवति, उत्तमक्षमा धर्मः स्यात् । उत्तमग्रहणं ख्यातिपूजालाभादिनिवृत्त्यर्थं तत्रत्येकमभिसंबध्यते । उत्तमक्षमा उत्तममार्दवादिष्विति । तस्य कस्य । यो मुनिः क्रोधेन कोपेन कृत्वा न तप्यति तापं संतापं न गच्छति न ज्वलते इत्यर्थः । क सति । रौद्रे घोरे उपसर्गेऽपि चतुर्विधोपसर्गे अपिशब्दात् न केवलं अनुपसर्गे । कीदृक्षे । क्रियमाणे निष्पाद्यमाने अपिशब्दात् अचेतनेनानध्यवसायेन च । कैः क्रियमाणे उपसर्गे । सुरनरतिर्यग्भिः सुराश्च नराश्च तिर्यञ्चश्च सुरनरतिर्यञ्चः तैः ॥ यथा श्रीदत्तमुनिः व्यन्तरकृतोपसर्गं प्राप्य शुद्धबुद्धैकशुद्धचिद्रूपस्वरूपं साम्यस्वरूपं वीतरागनिर्विकल्पसमाधिना समाराध्य घातिचतुष्टयं हत्वा केवलज्ञानं लब्ध्वा मोक्षं स्वात्मोपलब्धिं प्राप ॥ तथा विद्युच्चरमुनिः

और सम्यक् चारित्रका धारक होता है । उत्तम क्षमा आदि दस धर्मोंको सदा अपनाये रहता है और सुख दुःख, तृण रत्न, लाभ अलाभ और शत्रु मित्रमें समभाव रखता है, न किसीसे द्वेष करता है और न किसीसे राग करता है, वह साधु है । और वही धर्म है । क्योंकि जिसमें धर्म है वही तो धर्मकी मूर्ति है, बिना धार्मिकोंके धर्म नहीं होता ॥३९२॥ अब धर्म के दस भेदोंका वर्णन करते हैं । **अर्थ**–वह मुनिधर्म उत्तम क्षमा आदि भावोंके भेदसे दस प्रकारका है, उन भावोंका सार ही सुख है । आगे उसका वर्णन करेंगे । उसे परमभक्तिसे जानना उचित है ॥ **भावार्थ**–उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, अकिंचन्य और ब्रह्मचर्यके भेदसे मुनिधर्म दस प्रकारका है । इन दस धर्मोंका सार सुख ही है । क्योंकि इनका पालन करनेसे स्वर्ग और मोक्षका सुख प्राप्त होता है । आगे इनमेंसे प्रत्येकका अलग अलग व्याख्यान करेंगे ॥ ३९३ ॥ अब उत्तम क्षमा धर्मको कहते हैं । **अर्थ**–देव, मनुष्य और तिर्यञ्चोंके द्वारा घोर उपसर्ग किये जाने पर भी जो मुनि क्रोधसे संतप्त नहीं होता, उसके निर्मल क्षमा होती है ॥ **भावार्थ**–उपसर्गके चार भेद है–देवकृत, मनुष्यकृत, तिर्यञ्चकृत और अचेतनकृत । जो मुनि इन चारों ही प्रकारके भयानक उपसर्गोंसे विचलित होकर अपने मनमें भी क्रोधका भाव नहीं लाता, वही मुनि उत्तम क्षमाका धारी होता है । शास्त्रोंमें ऐसे क्षमा-

---

१ ब म स ग सुक्खसारेहिं । २ स होदि (ही ?) ।

चामुण्डाव्यन्तर्या कृतोपसर्गं सोढ्वा उत्तमक्षमाधर्मं भजन् वीतरागनिर्विकल्पसमाधिं प्राप्य केवलज्ञानमुत्पाद्य मोक्षं गतः ॥ श्रेणिकराजस्य पुत्रः चिलातीपुत्रः नाम्ना व्यन्तरीकृतोपसर्गं प्राप्य शरीरे निःस्पृहो भूत्वा परमक्षान्तिं प्राप्य उत्कृष्टधर्मध्यानबलेन समाधिना कालं कृत्वा सर्वार्थसिद्धिं गतः ॥ स्वामिकार्त्तिकेयमुनिः क्रोञ्चराजकृतोपसर्गं सोढ्वा साम्यपरिणामेन समाधिमरणेन देवलोकं प्राप्तः ॥ गुरुदत्तमुनिः कपिलब्राह्मणकृतोपसर्गं सोढ्वा परमक्षमाधर्मं प्राप्य कर्मक्षयं शुक्लध्यानेन कृत्वा मोक्षं गतः ॥ पञ्चशतमुनयः दण्डकराजेन यन्त्रमध्ये पीडिताः समाधिना मरणं कृत्वा सिद्धिं गताः ॥ गजकुमारमुनिः पांशुलश्रेष्ठिनरकृतोपसर्गं सोढ्वा समाधिमरणं कृत्वा सिद्धिं गतः ॥ चाणक्यादिपञ्चशतमुनयः मन्त्रिकृतोपसर्गं सोढ्वा शुक्लध्यानेन कर्मक्षयं कृत्वा सिद्धिं गताः ॥ सुकुमालस्वामी मुनिः शृगालीकृतोपसर्गं सोढ्वा शुभध्यानेन अच्युतस्वर्गे देवो जातः ॥ सुकोशलमुनिः मातृचरीव्याघ्रीकृतोपसर्गं सोढ्वा सर्वार्थसिद्धिं गतः ॥ श्रीपणिकमुनिः जलोपसर्गं सोढ्वा मुक्तिं गतः ॥ द्वात्रिंशत् श्रेष्ठिपुत्रा नदीप्रवाहे पतिताः सन्तः शुभध्यानेन मरणं प्राप्य स्वर्गे देवा जाताः ॥ इति देवमनुष्यपशुविचेतनकृतोपसर्गं सोढ्वा उत्तमक्षमां प्राप्य सद्गतिं गताः । चतुर्विधोपसर्गे क्रियमाणे कोपेन संतापं न गच्छन्ति तेषाम् उत्तमक्षमाधर्मो भवति । तथा हि । तपोवृंहणकारणशरीरस्थितिनिमित्तं निरवद्याहारान्वेषणार्थं परगृहाणि गच्छतो भिक्षोः भ्रमतः दुष्टमिथ्यादृग्जनाक्रोशनात् प्रहसनावज्ञानुताडनयष्टिमुष्टिप्रहारशरीरव्यापादनादीनां क्रोधोत्पत्तिनिमित्तानां संनिधाने कालुष्याभावः क्षमा प्रोच्यते । उत्तमक्षमाया व्रतशीलपरिरक्षणमिहामुत्र च दुःखानभिष्वङ्गः सर्वस्य जगतः सन्मानसत्कारलाभप्रसिध्यादिश्च गुणः, तत्प्रतिपक्षक्रोधस्य धर्मार्थकाममोक्षप्रणाशनं दोषः, इति विचिन्त्य क्षन्तव्यम् । किंच क्रोधनिमित्तस्यात्मनि भावानुचिन्तना । तावत् विद्यन्ते मयि विषये एते दोषाः, किमत्र असौ मिथ्या ब्रवीतीति क्षमितव्यम् । अभावचिन्तनादपि नैते मयि विषये विद्यन्ते दोषाः, अज्ञानादसौ ब्रवीतीति क्षमा कार्या । अपि च बालस्वभावचिन्तनं परोक्षप्रत्यक्षाक्रोशनताडनमारणधर्मभ्रंशनानामुत्तरोत्तररक्षार्थम् । परोक्षमाक्रोशति बाले मूर्खे मिथ्यादृष्टौ क्षमितव्यम् । एवंस्वभावा हि बाला भवन्ति, दिष्ट्या च स मा परोक्षमाक्रोशति, न च प्रत्यक्षम्, एतदपि बालेष्विति लाभ एव मन्तव्यः । प्रत्यक्षमाक्रोशति सोढव्यम्, विद्यते एतद्बालेषु, दिष्ट्या च मां प्रत्यक्षमाक्रोशति, न च ताडयति, एतदपि विद्यते बालेष्विति लाभ एव मन्तव्यः । ताडयत्यपि मर्षितव्यम्, दिष्ट्या च मां ताडयति, न प्राणैर्वियोजयति, एतदपि विद्यते बालेष्विति[1] लाभ एव मन्तव्यः ।

शील मुनियोंके अनेक कथानक पाये जाते हैं। श्रीदत्त मुनि व्यन्तर देवके द्वारा किये गये उपसर्गको जीतकर वीतराग निर्विकल्प ध्यानके द्वारा चार घातिया कर्मोंको नष्ट करके केवल ज्ञानको प्राप्त हुए और फिर मुक्त होगये। विद्युच्चर मुनि चामुण्डा नामकी व्यन्तरीके द्वारा किये हुए घोर उपसर्गको सहनकर वीतराग निर्विकल्प समाधिके द्वारा सर्वार्थ सिद्धि गये। राजा श्रेणिकका पुत्र चिलातीपुत्र व्यन्तरीके द्वारा किये गये उपसर्गको सहनकर उत्कृष्ट ध्यानके बलसे मरकर सर्वार्थ सिद्धि गया। स्वामी कार्तिकेयमुनिने क्रौंच राजाके द्वारा किये गये उपसर्गको साम्यभावसे सहनकर देवलोक प्राप्त किया। गुरुदत्तमुनि कपिल ब्राह्मणके द्वारा किये गये घोर उपसर्गको क्षमा भावसे सहनकर शुक्ल ध्यानके द्वारा कर्मोंका क्षय करके मोक्ष गये। दण्डक राजाने पांच सौ मुनियोंको कोल्हूमें पेल दिया। वे सभी समाधि मरण करके मुक्त हुए। गजकुमार मुनिने पांसुल सेठके द्वारा किये गये घोर उपसर्गको सहनकर मुक्ति प्राप्त की। चाणक्य आदि पांच सौ मुनि मंत्रीके द्वारा किये गये उपसर्गको सहकर शुक्ल ध्यानके द्वारा मुक्त हुए। सुकुमाल मुनि शृगालीके द्वारा खाये जानेपर शुभ ध्यानसे मर कर देव हुए। सुकोशल मुनि सिंहनीके द्वारा, जो पूर्व भवमें उनकी माता थी, खाये जानेपर शान्त भावोंसे प्राण त्यागकर सर्वार्थ सिद्धि गये। श्री पणिक मुनि जलका उपसर्ग सहकर मुक्त हुए। बत्तीस श्रेष्ठिपुत्र नदीमें बहनेपर शुभ ध्यानसे मरकर स्वर्गमें देव हुए। इस प्रकार घोर

---

१ कश्चिदादर्शेषु 'बालेष्वतिलाभः'।

प्राणैर्वियोजयत्यपि तितिक्षा कर्तव्या, दिष्ट्या च मां प्राणैर्वियोजयति, मदधीनाद्धर्मान्न भ्रंशयतीति। किंवान्यन्ममैवापराधोऽयं पुराचरितं तन्मद्दुःकर्म तत्फलमिदमाक्रोशवचनादि निमित्तमात्रं परोऽत्रमत्रेति सहितव्यमिति । उक्तं च । 'आक्रुष्टोऽहं हतो नैव हतो नैव द्विधाकृतः । द्विधाकृत हतो धर्मः प्रतीदं शत्रुमित्रतः' ॥ इत्युत्तमः क्षमाधर्मः ॥ ३९४ ॥ अथ उत्तममार्दवमाह–

उत्तम-णाण-पहाणो उत्तम-तवयरण-करण-सीलो वि ।
अप्पाणं जो हीलदि मद्दव-रयणं भवे[1] तस्स ॥ ३९५ ॥

[छाया–उत्तमज्ञानप्रधानः उत्तमतपश्चरणकरणशीलः अपि । आत्मानं यः हेलयति मार्दवरत्नं भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनेः मार्दवरत्नं मार्दवाख्यमुत्तमनिर्मलधर्मरत्नं भवेत् । तस्य कस्य । यः साधुः आत्मानं स्वयं हीलति हेलनाम्

उपसर्ग आनेपर भी जो क्षमा भावसे विचलित नहीं होते वही उत्तम क्षमाके धारी होते हैं । आशय यह है कि मुनि जन शरीरको बनाये रखनेके लिये आहारकी खोजमें गृहस्थोंके घर जाते हैं । उस समय दुष्ट मनुष्य उन्हें देखकर हंसते हैं, गाली बकते हैं, अपमान करते हैं, मार पीट करते हैं । किन्तु क्रोध उत्पन्न होनेके इन सब कारणोंके होते हुए भी मनमें जरा भी कलुषताका न आना उत्तम क्षमा है। ऐसे समयमें मुनिको उत्तम क्षमा धर्मकी अच्छाई और क्रोधकी बुराइयोंका विचार करना चाहिये । उत्तम क्षमा व्रत और शीलकी रक्षा करने वाली है, इस लोक और परलोकमें दुःखोंसे बचाती है, उत्तम क्षमाशील मनुष्यका सब लोक सन्मान करते हैं । इसके विपरीत क्रोध धर्म, अर्थ, काम और मोक्षका नाशक है । ऐसा सोचकर मुनिको क्षमा धारण करना चाहिये । तथा यदि कोई मनुष्य अपशब्द कहता है तो उस समय यह विचारना चाहिये कि ये मनुष्य मुझमें जो दोष बतलाता है वे दोष मुझमें हैं या नहीं ? यदि हैं तो वह झूठ क्या कहता है ! और यदि नहीं है तो वह अज्ञानसे ऐसा कहता है, यह सोचकर उसे क्षमा कर देना चाहिये। और भी यदि कोई पीठपीछे गाली देता हो तो विचारना चाहिये कि मूर्खोंका स्वभाव गाली बकनेका होता ही है। वह तो मुझे पीठपीछे ही गाली देता है, मूर्ख लोग तो मुँहपर भी गाली बकते हैं । अतः वह क्षमाके योग्य हैं । यदि कोई मुँहपर ही अपशब्द कहे तो विचारना चाहिये कि चलो, यह गाली ही बककर रह जाता है, मारता तो नहीं है । मूर्ख लोग तो मार भी बैठते हैं अतः वह क्षम्य है । यदि कोई मारने लगे तो विचारे, यह तो मुझे मारता ही है, जान तो नहीं लेता । मूर्ख लोग तो जान तक लेडालते हैं । अतः क्षम्य है । यदि कोई जान लेने लगे तो विचारे, यह मेरी जान ही तो लेता है, धर्म तो भ्रष्ट नहीं करता । फिर यह सब मेरे ही पूर्व किये हुए कर्मोंका फल है, दूसरा मनुष्य तो केवल इसमें निमित्त मात्र है अतः इसको सहना ही चाहिये । किन्तु यदि कोई अपनी कमजोरी के कारण क्षमाका भाव धारण करता है और हृदयमें बदला लेनेकी भावना रखता है तो वह क्षमा नहीं है । इस प्रकार मुनियोंके उत्तम क्षमा धर्मका व्याख्यान समाप्त हुआ ॥ ३९४ ॥ आगे उत्तम मार्दव धर्मको कहते हैं । **अर्थ**–उत्कृष्ट ज्ञानी और उत्कृष्ट तपस्वी होते हुए भी जो मद नहीं करता वह मार्दव रूपी रत्न का धारी है ॥ **भावार्थ**–जो मुनि सकल शास्त्रोंका ज्ञाता होकर भी वह मद नहीं करता कि मैं सकल शास्त्रोंका ज्ञाता हूँ,

---

१ ब हवे।

अनादरं करोति, निर्मदं मदरहितमात्मानं करोतीत्यर्थः । कीदृक्षो मुनिः । उत्तमज्ञानप्रधानः, उत्तमं श्रेष्ठं पूर्वापरविरुद्धरहितं ज्ञानं जैनश्रुतं भेदविज्ञानं प्रधानं यस्य स तथोक्तः । जिनकथितसकलशास्त्रज्ञः सन् आत्मानं हीलति अनादरति ज्ञानमदं करोति । अहं विद्वान् सकलशास्त्रज्ञः, कविरहम्, अहं वादी, गमकोऽहम्, चतुरोऽहम्, मत्सकाशात् कोऽपि विद्वान् शास्त्रज्ञो न कवीश्वरादिको न च इत्यादिकं गर्वं मदं न विदधाति । मत्सकाशात् अनेकज्ञानिनो भवन्ति, श्रुतज्ञानिभ्यः सकाशात् अवधिज्ञानिनां ज्ञानं बहुतरम्, ततो मनःपर्ययज्ञानिनां ज्ञानमधिकम्, ततः केवलज्ञानिनां ज्ञानं सर्वोत्कृष्टम्, अहं केनमात्रः अल्पज्ञः इत्यादिकं निरहंकारत्वं विदधाति । पुनः कथंभूतः । उत्तमतपश्चरणकरणशीलः, उत्तमानि तानि च तपश्चरणानि ख्यातिपूजालाभरहितान्यनशनावमोदर्यादिद्वादशविधतपश्चरणानि तेषां करणे कर्तव्ये शीलं स्वभावो यस्य स तथोक्तः । अथवा उत्तमतपांसि अनशनादीनि द्वादश, उत्तमचरणानि चारित्राणि पञ्चमहाव्रतादीनि त्रयोदशधा, सामायिकादीनि वा, तेषां करणे शीलं स्वभावो यस्य स उत्तमतपश्चरणशीलः सन्, आत्मनः हेलनां करोति, तपश्चरणादिगर्वं न करोति, अहं तपस्वी अहं चारित्रवान् साधुः इत्यादिमदं न करोति । तथाहि उत्तमजातिकुलरूपविज्ञानैश्वर्यश्रुतलाभवीर्यस्यापि सतः विद्यमानस्य मुनेः तत्कृतमदावेशाभावात् परप्रयुक्तपरिभवनिमित्ताभिमानाभावो मार्दवं माननिर्हरणमवगन्तव्यम् । मार्दवोपेतं शिष्यं गुरवोऽनुगृह्णन्ति, साधवोऽपि साधु मन्यन्ते, ततश्च सम्यग्ज्ञानादीनां पात्रीभवति । अतः स्वर्गापवर्गफलप्राप्तिः । मानमलिनमनसि व्रतशीलानि नावतिष्ठन्ते । साधवश्चैनं परित्यजन्ति, तन्मूलाः सर्वा विपद इति ॥ ३९५ ॥ अथ मायास्वभावमाह–

जो चिंतेइ ण वंकं ण[1] कुणदि वंकं ण जंपदे[2] वंकं ।
ण य गोवदि णिय-दोसं अज्जव-धम्मो हवे तस्स ॥ ३९६ ॥

[छाया–यः चिन्तयति न वक्रं न करोति वक्रं न जल्पति वक्रम् । न च गोपायति निजदोषम् आर्जवधर्मः भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनीश्वरस्य आर्जवधर्मो भवेत् । तस्य कस्य । यो मुनिः वक्रं न चिन्तयति, वक्रं कुटिलं कुटिलपरिणामं

कवि हूं, वादी हूं, गमक हूं, चतुर हूं, मेरे समान कोई भी विद्वान शास्त्रज्ञ अथवा कवि नहीं है, प्रत्युत यह विचारता है कि मुझसे बड़े अनेक ज्ञानी हैं क्यों कि श्रुतज्ञानियोंसे अवधि ज्ञानी बड़े होते हैं, उनसे मनःपर्ययज्ञानी बड़े होते हैं और उनसे बड़े सर्वोत्कृष्ट केवलज्ञानी होते हैं। मैं तो अल्पज्ञ हूँ। वह मुनि मार्दवधर्मका धारी है। तथा जो मुनि अनशनआदि बारह प्रकारके तपोंको और तेरह प्रकारके चारित्रको पालता हुआ भी अपने तपश्चरणका गर्व नहीं करता वह मुनि मार्दव धर्मका धारी है। सारांश यह है कि उत्तम जाति, उत्तम कुल, उत्तम रूप, उत्तम ज्ञान, उत्कृष्ट ऐश्वर्य और शक्तिसे युक्त होते हुए भी मद न करना उत्तम मार्दव है। क्योंकि मानके दूर होनेका नाम मार्दव है। जो शिष्य विनयी होता है उसपर गुरुकी कृपा रहती है। साधु जन भी उसकी प्रशंसा करते हैं। अतः वह सम्यग्ज्ञानका पात्र होता है। और सम्यग्ज्ञानका पात्र होनेसे उसे स्वर्ग और मोक्षकी प्राप्ति होती है। इसके विपरीत मानसे मलिन चित्तमें व्रत शील वगैरह नहीं ठहर सकते। साधु जन घमंडी पुरुषसे दूर रहते हैं। अतः अहंकार सब विपत्तियोंका मूल है॥ ३९५॥ आगे आर्जव धर्मको कहते हैं। **अर्थ**–जो मुनि कुटिल विचार नहीं करता, कुटिल कार्य नहीं करता और कुटिल बात नहीं बोलता, तथा अपना दोष नहीं छिपाता, उसके आर्जव धर्म होता है॥ **भावार्थ**–जिसके मनमें मायाचार नहीं है, जिसके कर्ममें मायाचार नहीं है और जिसकी बातोंमें मायाचार नहीं है, अर्थात् जो मनसे विचारता है, वही वचनसे कहता है और जो वचनसे कहता है वही कायसे करता है वह आर्जव धर्मका

१ क स ग कुणदि ण। २ क म स ग जंपए।

मनसा वक्रं कुटिलत्वं नाचरति न विदधाति, सरलत्वं मनसा चिन्तयतीत्यर्थः। वक्रं न करोति, मायात्वं कुटिलत्वं छलं छद्म कायेन न विदधाति। तथा वक्रं कुटिलवचनं वचनेन जिह्वया न जल्पति न वक्ति। 'मनोवचनकायकर्मणाम् अकौटिल्यमार्जवमभिधीयते' इति वचनात्। तथा निजदोषं स्वयंकृतापराधम् अतिचारादिदोषकृतं नैव गोपायति न प्रच्छादयति। स्वकृतदोषं गर्हानिन्दादिकं करोति प्रायश्चित्तं विदधाति च। योगस्य हि कायवाङ्मनोलक्षणस्य अवक्रता आर्जवमित्युच्यते। ऋजुहृदयमधिवसन्ति गुणा मायाभावं नाश्रयन्ति। मायाविनो न विश्वसिति लोकः। मायातिर्यग्योनिरिति गर्हिता च गतिर्भवतीति ॥ ३९६ ॥ शौचत्वमाह–

सम-संतोस-जलेणं जो धोवदि तिव्व-लोह-मल-पुंजं।
भोयण-गिद्धि-विहीणो तस्स सउच्चं हवे[1] विमलं ॥ ३९७ ॥

[छाया–समसंतोषजलेन यः धावति तीव्रलोभमलपुञ्जम्। भोजनगृद्धिविहीनः तस्य शौचं भवेत् विमलम् ॥] तस्य मुनेः सुचित्तम् उत्तममानसं शौचत्वं पवित्रं वा विमलं लोभादिमलरहितं शौचपरिणतचित्तमित्यर्थः भवति। तस्य कस्य। यः मुनिः तृष्णालोभमलपुञ्जं धोवदि प्रक्षालयति। तृष्णा परपदार्थाभिलाषः, लोभः परवस्तुग्रहणाकांक्षा, तृष्णा च लोभश्च तृष्णालोभौ तावेव मलः किल्बिषं तस्य पुञ्जः समूहः तं तृष्णालोभमलपुञ्जं, परपदार्थाभिलाषपरवस्तुग्रहणकांक्षारूपमलराशिं

धारी होता है। क्यों कि मन, वचन और कायकी सरलताका नाम आर्जव है। तथा जो अपने अपराधको नहीं छिपाता, व्रतोंमें जो अतिचार लगते हैं उनके लिये अपनी निन्दा करता है और प्रायश्चित्तके द्वारा उनकी शुद्धि करता है वह भी आर्जव धर्मका धारी है। वास्तवमें सरलता ही गुणोंकी खान है। जो मायावी होता है उसका कोई विश्वास नहीं करता तथा वह मरकर तिर्यञ्च गतिमें जन्म लेता है ॥ ३९६ ॥ आगे शौच धर्मको कहते हैं। **अर्थ**–जो समभाव और सन्तोष रूपी जलसे तृष्णा और लोभ रूपी मलके समूहको धोता है तथा भोजनकी गृद्धि नहीं करता उसके निर्मल शौच धर्म होता है॥ **भावार्थ**–तृण, रत्न, सोना, शत्रु, मित्र आदि इष्ट अनिष्ट वस्तुओंमें राग और द्वेष न होनेको साम्यभाव कहते है और संतोष तो प्रसिद्ध ही है। पदार्थोंकी अभिलाषा रूप तृष्णा और प्राप्त पदार्थोंकी लिप्सा रूप लोभ ये सब मानसिक मल है गन्दगी है। इस गन्दगीको जो समता और सन्तोष रूपी जलसे धोडालता है अर्थात् समताभाव और सन्तोषको अपनाकर तृष्णा और लोभको अपने अन्दरसे निकाल फेंकता है, वह शौच धर्मका पालक है। तथा मुनि कंचन और कामिनी का त्याग तो पहले ही कर देता है, शरीरकी स्थितिके लिये केवल भोजन ग्रहण करता है। अतः भोजनकी तीव्र लालसा नहीं होना भी शौच धर्मका लक्षण है। असलमें लोभ कषायके त्यागका नाम शौच है। लोभके चार प्रकार हैं–जीवनका लोभ, नीरोगताका लोभ, इन्द्रियका लोभ, और उपभोगका लोभ। इनमेंसे भी प्रत्येकके दो भेद हैं–अपने जीवनका लोभ, अपने पुत्रादिकके जीवनका लोभ, अपनी नीरोगताका लोभ, अपने पुत्रादिकके नीरोग रहनेका लोभ, अपनी इन्द्रियों का लोभ, पराई इन्द्रियोंका लोभ, अपने उपभोगका लोभ और परके उपभोगका लोभ। इनके त्याग का नाम शौच धर्म है। शौच धर्मसे युक्त मनुष्यका इसी लोकमें सन्मान होता है, उसमें दानादि अनेक गुण पाये जाते हैं इसके विपरीत लोभी मनुष्यके हृदयमें कोई भी सद्गुण नहीं ठहरता,

---

१ ग लिह (ह ?) [-तृण्हा]। २ ब म स ग तस्स सुचित्त हवे।

क्षालयति प्रक्षालयति । केन । समसंतोषजलेन, समः तृणरत्नकाञ्चनशत्रुमित्रेष्टानिष्टवस्तुसाम्यं समता संतोषः शुभाशुभेषु सर्वत्र माध्यस्थं समश्च संतोषश्च समसंतोषौ तावेव जलमुदकं तेन धोवति शुद्धं निर्मलं विदधाति । स मुनिः कीदृक्षः । भोजनगृद्धिरहितः भोजनम् आहारस्य उपलक्षणात् कनकयुवतिगजाश्ववस्त्रादीनां ग्रहणं तस्य अतिगृद्धिः अत्याकाङ्क्षा वाञ्छा तया विहीनः । शौचं लोभविनिर्मुक्तमित्युक्तत्वात् । तथाहि प्रकर्षप्राप्तलोभनिवृत्तिः शौचमित्युच्यते । शुच्याचारं नरमिहापि सन्मानयन्ति, सर्वे दानादयश्च गुणास्तमधितिष्ठन्ति, लोभभावनाक्रान्ते हृदये नावकाशं लभन्ते गुणाः । स च लोभः जीवितारोग्येन्द्रियोपभोगविषयभेदाच्चतुर्विधः । स्वपरविषयत्वात स प्रत्येकं द्विधा भिद्यते । स्वजीवितलोभः १ परजीवितलोभः २ स्वारोग्यलोभः ३ परारोग्यलोभ. ४ स्वेन्द्रियलोभः ५ परेन्द्रियलोभः ६ स्वोपभोगलोभः ७ परोपभोगलोभश्चेति ८ । अतस्तन्निवृत्तिलक्षणं शौचं चतुर्विधमिति ॥ ३९७ ॥ अथ सत्यधर्ममाह–

जिण-वयणमेव भासदि तं पालेदुं असक्कमाणो वि ।
ववहारेण वि अलियं ण वददि[1] जो सच्चवाई सो ॥ ३९८ ॥

[छाया–जिनवचनमेव भाषते तत् पालयितुम् अशक्नुवानो अपि । व्यवहारेण अपि अलीकं न वदति यः सत्यवादी सः ॥] स मुनिः सत्यवादी सत्यं वदत्येवंशीलः सत्यवादी सत्यधर्मपरिणतो भवेत् । स कः । यः जिनवचनमेव भाषते जिनस्य वचनं द्वादशाङ्गरूपं जैनसिद्धान्तशास्त्रं वक्ति ब्रूते । एवकारणेन न सांख्यसौगतभट्टवैशेषिकचार्वाकादिपरिकल्पितं नैव वक्ति । तत् जिनवचनं पालयितुं रक्षितुं ज्ञातुं वा, ये गत्यर्थास्ते ज्ञानार्था इति पालधातुः ज्ञानार्थेऽपि वर्तते, अशक्यमानोऽपि अशक्तोऽपि असमर्थोऽपि अपिशब्दात् न केवलं शक्तोऽपि, अपि न वक्ति न वदति न भाषते । किं तत् । अलीकं मृषावचनम् असत्यं न वक्ति । केन । व्यवहारेण दत्तिप्रतिग्रहभोजनादिव्यापारेण, अथवा पूजाप्रभावनाद्यर्थम् अलीकवचनं न वदति । अपिशब्दात् न केवलम् अव्यापारेण । तथाहि सत्सु प्रशस्तेषु दिगम्बरेषु महामुनिषु तदुपासकेषु च श्रेष्ठेषु लोकेषु साधुवचनं समीचीनवचनं यत् तत्सत्यमित्युच्यते । सन्तः प्रव्रज्या प्राप्ताः तद्भक्ताः वा ये वर्तन्ते तेषु यद्वचनं साधु तत्सत्यम् । तथा

अतः लोभका त्यागरूप शौचधर्म पालना चाहिये ॥ ३९७ ॥ अब सत्यधर्म को कहते हैं । **अर्थ**– जैन शास्त्रोंमें कहे हुए आचार को पालनेमें असमर्थ होते हुए भी जो जिन वचनका ही कथन करता है, उससे विपरीत कथन नहीं करता, तथा जो व्यवहारमें भी झूंठ नहीं बोलता, वह सत्यवादी है ॥ **भावार्थ**–जैन सिद्धान्तमें आचार आदिका जैसा स्वरूप कहा है, वैसा ही कहना, ऐसा नहीं कि जो अपनेसे न पाला जाये, लोक निन्दाके भयसे उसका अन्यथा कथन करे, तथा लोक व्यवहारमें भी सदा ठीक ठीक वरतना सत्य धर्म है । सत्यवचनके दस भेद हैं–नाम सत्य, रूप सत्य, स्थापना सत्य, प्रतीत्य सत्य, संवृति सत्य, संयोजना सत्य, जनपद सत्य, देश सत्य, भाव सत्य और समय सत्य । सचेतन अथवा अचेतन वस्तुमें नामके अनुरूप गुणोंके न होनेपर भी लोक व्यवहार के लिये जो इच्छानुसार नामकी प्रवृत्ति की जाती है उसे नाम सत्य कहते हैं जैसे कि मनुष्य अपने बच्चों का इन्द्र आदि नाम रख लेते हैं । मूल वस्तुके न होते हुए भी वैसा रूप होनेसे जो व्यवहार किया जाता है उसे रूप सत्य कहते हैं जैसे पुरुषके चित्रमें पुरुष के चैतन्य आदि धर्मों के न होने पर भी पुरुषकी तरह उसका रूप होनेसे चित्रको पुरुष कहते है । मूल वस्तुके न होते हुए भी प्रयोजनवश जो किसी वस्तुमें किसीकी स्थापना की जाती है उसे स्थापना सत्य कहते हैं । जैसे पाषाणकी मूर्तिमें चन्द्रप्रभकी स्थापना की जाती है । एक दूसरेकी अपेक्षासे जो वचन कहा जाता है वह प्रतीत्य सत्य है । जैसे अमुक मनुष्य लम्बा है । जो वचन लोकमें प्रचलित

---

१ ब जो ण वदवि ।

च हास्यचारित्रादिविहीनं प्रचुरमपि अमितमपि वचनं वक्तव्यम्। सत्यसद्भावो दशविधः नाम १ रूप २ स्थापना ३ प्रतीत्य ४ संवृति ५ संयोजना ६ जनपद ७ देश ८ भाव ९ समय १० सत्यभेदेन। तत्र सचेतनेतरद्रव्यस्य असत्यर्थे व्यवहारार्थं संज्ञाकरणं तन्नामसत्यम्, इन्द्र इत्यादि १। यदर्थासंनिधानेऽपि रूपमात्रेणोच्यते तद्रूपसत्यम्, यथा चित्रपुरुषादिषु असत्यपि चैतन्योपयोगादावर्थे पुरुष इत्यादि २। असत्यप्यर्थे यत्कार्यार्थं स्थापितं द्यूताक्षसारिनिक्षेपादिषु तत्स्थापनासत्यम्, चन्द्रप्रभप्रतिमा इत्यादि ३। सादनादीनौपशमिकादीन् भावान् प्रतीत्य यद्वचनं तत्प्रतीत्यसत्यं, पुरुषस्ताल इत्यादि ४। लोकसंवृत्यागतं वचस्तत्संवृतिसत्यम्, यथा पृथिव्याद्यनेककारणत्वेऽपि सति पङ्के जातं पङ्कजमित्यादि ५। धूपचूर्णवासनानुलेपनप्रकर्षादिषु पद्ममकरहंसचक्रसर्वतोभद्रक्रौञ्चव्यूहादिषु अचेतनेतरद्रव्याणां यथाभागविधाने संनिवेशाविर्भावकं यद्वचस्तत्संयोजनासत्यम् ६। द्वात्रिंशज्जनपदेषु आर्यानार्यभेदेषु धर्मार्थकाममोक्षाणां प्रापकं यद्वचस्तज्जनपदसत्यम्, राजा राणक इत्यादि ७। ग्रामनगरराजगणपाषण्डिजातिकुलादिधर्माणामुपदेशकं यद्वचस्तद्देशसत्यम्, ग्रामो वृत्त्यावृत इत्यादि ८। छद्मस्थज्ञानस्य द्रव्ययाथात्म्यादर्शनेऽपि संयतस्य संयतासंयतस्य वा स्वगुणपरिपालनार्थं प्रासुकमिदमप्रासुकमित्यादि यद्वचस्तद्भावसत्यम् ९। प्रतिनियतषड्द्रव्यपर्यायाणामागमगम्यानां याथात्म्याविष्करणं यद्वचनं तत्समयसत्यम्। समयोत्तरवृध्या बालो युवा पल्योपम इत्यादि १०। सत्यवाचि प्रतिष्ठिताः सर्वगुणसंपदः, अनृताभिभाषिणं नरं बन्धवोऽप्यवमन्यन्ते, मित्राणि च विरक्तिभावमुपयान्ति, विषाम्युदकादीन्यप्येनं न सहन्ते, जिह्वाछेदनसर्वस्वहरणादिव्यसनभागपि भवति इति ॥ ३९८ ॥ संयमधर्ममाचष्टे–

जो जीव-रक्खण-परो गमणागमणादि[1]-सव्व-कज्जेसु[2] ।
तण-छेदं[3] पि ण इच्छदि संजम-धम्मो[4] हवे तस्स ॥ ३९९ ॥

[छाया–यः जीवरक्षणपरः गमनागमनादिसर्वकार्येषु। तृणच्छेदम् अपि न इच्छति संयमधर्मः भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनेः संयमभावः संयमनं वशीकरणं स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियमनसां षट्पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसकायिकानां

व्यवहारके आश्रयसे कहा जाता है वह संवृति सत्य है। जैसे पृथिवी आदि अनेक कारणोंसे उत्पन्न होनेपर भी कमलको पंकज (कीचड़से पैदा होनेवाला) कहा जाता है। चूर्ण वगैरहसे जो माण्डनां वगैरह की स्थापना की जाती है उसमें जो यह कहा जाता है कि यह अमुक द्वीप है, यह अमुक जिनालय है, इसे संयोजना सत्य कहते हैं। जिस देशकी जो भाषा हो वैसा ही कहना जनपद सत्य है। ग्राम नगर आदिका कथन करनेवाले वचनको देश सत्य कहते हैं। जैसे जिसके चारों और बाड़ हो वह गांव है। छद्मस्थका ज्ञान वस्तुका यथार्थ दर्शन करनेमें असमर्थ होता है फिर भी श्रावक अथवा मुनि अपना धर्म पालनेके लिये जो प्रासुक और अप्रासुकका व्यवहार करते हैं वह भाव सत्य है। जो वस्तु आगमका विषय है उसे आगमके अनुसार ही कहना समय सत्य है, जैसे पल्य और सागर वगैरहके प्रमाणका कथन करना। इन सत्य वचनोंको बोलनेवाले मनुष्यमें ही गुणोंका वास रहता है। किन्तु जो मनुष्य झूठ बोलता है, बन्धु बान्धव और मित्रगण भी उसका विश्वास नहीं करते। इसी लोकमें उसकी जीभ कटवादी जाती थी, राजा उसका सर्वस्व छीन लेता था। अतः सत्य वचन ही बोलना चाहिये ॥ ३९८ ॥ आगे संयमधर्मको कहते हैं। **अर्थ**–जीवकी रक्षामें तत्पर जो मुनि गमन आगमन आदि सब कार्योंमें तृणका भी छेद नहीं करना चाहता, उस मुनिके संयमधर्म होता है ॥ **भावार्थ**–स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र और मनको वशमें करना तथा पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, और त्रसकायिक जीवोंकी रक्षा करनेका नाम संयम है। जो

१ ब गमणाइ। २ ल म स ग कम्मेसु। ३ ब तिणछेयं। ४ ल (म स ?) ग संयमभाऊ (ओ) ब संजम्म।

रक्षणं च तस्य भावः परिणामः भवेत्। तस्य कस्य। यः साधुः गमनागमनादिसर्वकर्मसु गमनम् अटनं परिभ्रमणम् आगमनम् आगतिः गमनागमने ते द्वे एवादिर्येषां तानि गमनागमनादीनि तानि सर्वकर्माणि च समस्तकार्याणि च तेषु गमनागमन-परिभ्रमणोपवेशनशयनादाननिक्षेपणभोजनमलमूत्रनिक्षेपणादिषु कार्येषु जीवरक्षणपर प्राणिरक्षापरायणः दयापरिणतः पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिककृमिकीटभूलतादियूकामत्कुणकीटककुन्थ्वादिदंशमशकपतङ्गमक्षिकादिगोमहिषाश्वमनुष्यदेवादित्रस-जीवानां रक्षणपरः मुनिः तृणच्छेदं शुष्कद्रव्यतृणकाष्ठपाषाणादिच्छेदम् अपिशब्दात् चालननिक्षेपणोच्चालनं स्थापनादिकं च न इच्छति। तथाहि धर्मोपबृंहणार्थं पञ्चसमितिषु वर्तमानस्य मुनेः तत्प्रतिपालनार्थं प्राणव्यपरोपणं परिहरन् षडिन्द्रिय-विषयपरिहरणं सयम उच्यते। स सयमो द्विविध, उपेक्षासंज्ञकः अपहृतसंज्ञकश्च। तत्रोपेक्षासंयमः देशकालविधानज्ञस्य, परेषामनुपरोधेन व्युत्सृष्टकायस्य त्रिगुप्तिगुप्तस्य मुनेः रागद्वेषयोरनभिषङ्गः इत्युपेक्षासंयम। अपहृतसंयमस्य मुनेः समितयः कार्यास्ता उच्यन्ते। ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः समितयः इति। तत्र ईर्यासमिति' नामकर्मोदयापादितविशेषैकद्वित्रिचतुः-पञ्चेन्द्रियभेदेन चतुर्द्विर्द्विर्द्विश्चतुर्विकल्पचतुर्दशजीवस्थानादिविधानवेदिनो मुने. धर्मार्थे पर्यटतः गच्छतः सूर्योदये चक्षुषो विषयग्रहणसामर्थ्यम् उपजायते। मनुष्यहस्त्यश्वशकटगोकुलादिचरणपातोपहतावश्यायप्राये प्रासुकमार्गे अनन्यमनसः शनैर्न्यस्तपादस्य संकुचितावयवस्य उत्सृष्टपार्श्वदृष्टेर्युगमात्रपूर्वनिरीक्षणावहितलोचनस्य स्थित्वा दिशोऽनवलोकयतः पृथिव्याद्या-रम्भाभावात् ईर्यासमितिरित्याख्यायते १। हितमितासंदिग्धाभिधानं भाषासमितिः। मोक्षपदप्रापणप्रधानफलं हितम्, तत् द्विविधं स्वहितं परहितं चेति। मितमनर्थकबहुप्रलपनरहितं स्फुटार्थं व्यक्ताक्षरं वा असंदिग्धं, तस्या' प्रपञ्चो मिथ्याभिधा-

मुनि आना, जाना, उठना, बैठना, सोना, रखना, उठाना, भोजन करना, मलमूत्र त्यागना आदि कार्योंमें जीवरक्षाका ध्यान रखता है, इन कार्योंको करते हुए पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, कीट, पतंग, जूं, डांस, मच्छर, मक्खी, गाय, भैंस, घोड़ा, मनुष्य आदि किसी भी जीवको अपने निमित्तसे कष्ट नहीं पहुँचने देता वह मुनि संयमधर्मका पालक होता है। संयमके दो भेद हैं–उपेक्षा संयम और अपहृत संयम। तीन गुप्तियोंका पालक मुनि कायोत्सर्गमें स्थित होकर जो राग द्वेषका त्याग करता है उसके उपेक्षा संयम होता है। उपेक्षाका मतलब उदासीनता अथवा वीतरागता है। अपहृत संयमके तीन भेद हैं–उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य। अपने उठने बैठनेके स्थानमें यदि किसी जीव जन्तुको बाधा पहुँचती हो तो वहाँसे स्वयं हट जाना उत्कृष्ट अपहृत संयम है, कोमल मयूर पिच्छसे उस जीवको हटादे तो मध्यम अपहृत संयम है और लाठी तिनके वगैरहसे उस जीवको हटाये तो जघन्य अपहृत संयम है। अपहृत संयमी मुनिको पाँच समितियोंका पालन करना चाहिये। अतः समितियोंका स्वरूप कहते हैं। समितियां पाँच हैं–ईर्या समिति, भाषा समिति, एषणा समिति, आदाननिक्षेपण समिति और उत्सर्ग समिति। मुनिको जगह जगह घूमना पड़ता है, अतः सूर्यका उदय हो जानेपर जब आंखें ठीक तरहसे सब वस्तुओंको देख सकें, मनुष्य, हाथी, घोड़ा, गाड़ी, गोकुल आदिके आवागमनसे प्रासुक हुए मार्गपर मनको एकाग्र करके चार हाथ आगेकी जमीनको देखकर इधर उधर नहीं ताकते हुए धीरे धीरे चलना ईर्या समिति है। हित मित और असंदिग्ध बोलना भाषा समिति है। जिसका फल मोक्षकी प्राप्ति हो उसे हित कहते हैं। व्यर्थ बकवाद नहीं करनेको मित कहते हैं। जिसका अर्थ स्पष्ट हो, अथवा अक्षरोंका उच्चारण स्पष्ट हो उसे असंदिग्ध कहते हैं। मिथ्या, निन्दा परक, अप्रिय, भेद डाल देनेवाले, सार हीन, संशय और भ्रममें डाल देनेवाले, कषायसे भरे हुए, परिहासको लिये हुए, अयुक्त, असभ्य, निष्ठुर, धर्मविरोधी, देश काल के विरुद्ध और अतिप्रशंसापरक वचन मुनिको नहीं बोलना चाहिये। जीवदया-

नासूयाप्रियसंभेदाल्पसारशङ्कितसंभ्रान्तकषायपरिहासायुक्तासभ्यशपननिष्ठुरधर्मविरोधिदेशकालविरोध्यतिसंस्तवादिवाग्दोषविरहिताभिधानम् २। अनगारस्य मोक्षैकप्रयोजनस्य प्राणिदयातत्परस्य कायस्थित्यर्थं प्राणयात्रानिमित्तं तपोबृंहणार्थं च चर्यानिमित्तं पर्यटतः शीलगुणसंयमादिकं संरक्षतः संसारशरीरभोगनिर्वेदत्रयं भावयतो दृष्टवस्तुयाथात्म्यस्वरूपं चिन्तयतो देशकालसामर्थ्यादिविशिष्टम् अगर्हितम् आहारं नवकोटिपरिशुद्धमेषणासमितिः। षड्जीवनिकायस्य उपद्रव उपद्रवणम्, अङ्गच्छेदनादिव्यापारो विद्रावणं, संतापजननं परितापनं, प्राणिप्राणव्यपरोपणम् आरम्भः, एवं उपद्रवणविद्रावणपरितापनारम्भक्रियया निष्पन्नमन्नं स्वेन कृतं परेण कारितं अनुमतं च आधाकर्म, तत्सेविनो अनशनादितपांसि अभ्रावकाशादियोगा वीरासनादियोगविशेषाश्च भिन्नभाजनभरिताम्बुवत् प्रक्षरन्ति ततस्तदभक्ष्यमिव परिहरतो भिक्षोः परकृतप्रशस्तप्रासुकाहारग्रहणेऽपि षट्चत्वारिंशद्दोषा भवन्ति। तद्यथा। षोडशविध उद्गमदोषः १६, षोडशविध उत्पादनदोषः १६, दशविध एषणादोषः १०, संयोजनप्रमाणाङ्गारधूमदोषाश्चत्वारः ४, एतैर्दोषैः परिवर्जितमाहारग्रहणमेषणासमितिरिति। नैःसंगिकीं चर्यामातिष्ठमानस्य पात्रग्रहणे सति तत्संरक्षणादिकृतो दोषः प्रसज्यते कपालमन्यद्वा भाजनमादाय पर्यटतो भिक्षोर्दैन्यम् आसज्यते। गृहिजनानीतमपि भाजनं न सर्वत्र सुलभं, तत्प्रक्षालनादिविधौ च दुःपरिहारः पापलेपः। स्वभाजनेन देशान्तरं नीत्वा भोजने च आशानुबन्धः स्यात्। स्वपूर्वविशिष्टभाजनाधिकगुणासंभवाच्च येन केनचित् भुञ्जानस्य दैन्यं स्यात्। ततो निस्संगस्य निःपरिग्रहस्य भिक्षोः स्वकरपुटभाजनाच्च नान्यद्विशिष्टमस्ति, तस्मात् स्वायत्तेन पाणिपुटेन निराबाधे देशे निरालम्बचतुरङ्गुला-

---

में तत्पर मुनि शरीरको बनाये रखने के लिये, और तपकी वृद्धिके लिये देश काल और सामर्थ्यके अनुसार जो नव कोटिसे शुद्ध निर्दोष आहार ग्रहण करता है उसे एषणा समिति कहते हैं। दूसरेके द्वारा दिये गये प्रासुक आहारको ही श्रावकके घर जाकर मुनि ग्रहण करता है। उसमें भी ४६ दोष होते हैं, जिनमें १६ उद्गम दोष, १६ उत्पादन दोष, १० एषणा दोष और चार संयोजन, प्रमाणातिरेक, अंगार और धूम दोष होते हैं। इन छियालीस दोषोंको टालकर अपने हस्तपुटमें आहार ग्रहण करना एषणा समिति है। मुनि पात्रमें भोजन नहीं करते। उनकी सब चर्या स्वाभाविक होती है। वे यदि अपने पास भोजनके लिये बरतन रखें तो उसकी रक्षाकी चिन्ता करनी पड़े और बरतन लेकर भोजनके लिये जानेसे दीनता प्रकट होती है। तथा यदि बरतनमें भोजन मांगकर कहीं लेजाकर खायें तो तृष्णा बढ़ती है। गृहस्थोंके घरपर बरतन मिल सकता है, किन्तु उसको मांजने धोनेका आरम्भ करना पड़ता है। इसके सिवाय यदि किसी गृहस्थने टूटा फूटा बरतन खानेके लिये दिया तो उसमें भोजन करनेसे दीनता प्रकट होती है। अतः निष्परिग्रही साधुके लिये अपने हस्तपुटसे बढ़िया दूसरा पात्र नहीं है। इस लिये शान्त मकानमें बिना किसी सहारेके खड़े होकर अपने स्वाधीन पाणिपात्रमें देख भाल कर भोजन करनेवाले मुनिको उक्त दोष नहीं लगते। यह एषणा समिति है। ज्ञान और संयमके साधन पुस्तक कमंडलु वगैरहको देखकर तथा पीछीसे साफ करके रखना तथा उठाना आदान निक्षेपण समिति है। स्थावर तथा त्रस जीवोंकी विराधना न हो इस प्रकारसे मल मूत्रादि करना उत्सर्ग समिति है। इन समितियोंका पालन करते हुए एकेन्द्रिय आदि प्राणियोंकी रक्षा होनेसे प्राणिसंयम होता है तथा इन्द्रियोंके विषयोंमें राग द्वेष न करनेसे इन्द्रियसंयम होता है। कहा भी है–समितियोंका पालन करनेसे पापबन्ध नहीं होता और असावधानता पूर्वक प्रवृत्ति करनेसे पापबन्ध होता है। और भी कहा है–जीव मरे या जिये, जो अयत्नाचारी है उसे हिंसाका पाप अवश्य लगता है। और जो सावधानता पूर्वक देख भाल कर प्रवृत्ति करता है उसे हिंसा हो जाने पर भी हिंसाका पाप नहीं लगता। और भी कहा है–'मुनिको यत्नपूर्वक चलना चाहिये, यत्नपूर्वक बैठना चाहिये, यत्नपूर्वक

अर्थ-'दया भाव ही धर्म है, हिंसा भावको धर्म नहीं कहते' इस प्रकार निश्चय करके सन्देहका न होना ही निर्मल निःशंकित गुण है ॥ **भावार्थ**-पूर्वोक्त प्रकारसे धर्मके स्वरूपके विषयमें सन्देहका न होना ही निःशंकित गुण है ॥ ४१५ ॥ आगे निःकांक्षित गुणको कहते हैं । **अर्थ**-दुर्धर तपके द्वारा मोक्षकी इच्छा करता हुआ जो प्राणी स्वर्गसुखके लिये धर्मका आचरण नहीं करता, उसके निःकांक्षित गुण होता है ॥ **भावार्थ**-इस लोक और परलोकमें भोगोंकी इच्छाको त्यागकर जो केवल ज्ञान आदि अनन्त गुणोंकी अभिव्यक्तिरूप मोक्षके लिये दान, पूजा, तपश्चरण आदि करता है उसके निःकांक्षा गुण कहा है । तथा निश्चयनयसे रत्नत्रयकी भावनासे उत्पन्न हुए सच्चे आत्मिक सुखरूपी अमृतसे चित्तका संतप्त होना ही निःकांक्षित गुण है ॥ ४१६ ॥ आगे निर्विचिकित्सा गुणको कहते हैं । **अर्थ**-दस प्रकारके धर्मोंसे युक्त मुनियोंके स्वभावसे ही दुर्गन्धित और अपवित्र शरीरकी जो निन्दा नहीं करता, उसके निर्विचिकित्सा गुण होता है ॥ **भावार्थ**-रत्नत्रयके आराधक भव्य जीवोंके दुर्गन्धित और घृणित शरीरको देखकर धर्मबुद्धि अथवा दया भावसे घृणा न करना निर्विचिकित्सा गुण है । अथवा, 'जैन धर्ममें और सब तो ठीक है, किन्तु साधुगणोंका नंगा रहना और स्नान आदि न करना ठीक नहीं है' इस प्रकारके कुत्सित विचारोंको विवेकके द्वारा रोकना निर्विचिकित्सा गुण है । इस

१ क म (स) ग भावे । २ ग संदेहोऽभावो । ३ क म स ग मुक्खं । ४ क म स ग कीरइ । ५ ब गुणो तस्स (?)

[छाया-दशविधधर्मयुतानां स्वभावदुर्गन्धाशुचिदेहेषु । यत् निन्दनं न क्रियते निर्विचिकित्सागुणः स खलु ॥] हु इति स्फुटं, निश्चयतो वा, स निर्विचिकित्सागुणो भवति जुगुप्सारहितगुणः स्यात्। स कः। यत् न क्रियते न विधीयते। किं तत्। निन्दनं दोषोत्पादनं घृणाम्। केषु। स्वभावदुर्गन्धाशुचिदेहेषु दुर्गन्धाः पूतिगन्धाः अशुचयः अपवित्राः देहाः शरीराणि स्वभावेन सहजेन दुर्गन्धाश्च ते अशुचयश्च ते देहाः शरीराणि स्वभावेन सहजेन दुर्गन्धाश्च ते अशुचयश्च ते देहाः स्वभावदुर्गन्धाशुचिदेहाः तेषु स्वभावदुर्गन्धादिदेहेषु । केषाम्। दशविधधर्मयुक्तानां दशलाक्षणिकधर्मसहितानाम् उत्तमक्षमादिधर्मनिष्ठानां महामुनीनां सहजेन दुर्गन्धापवित्रशरीरेषु निन्दनं घृणा न क्रियते। तथाहि भेदाभेदरत्नत्रयाराधकभव्यजीवानां दुर्गन्धबीभत्सादिकशरीरं दृष्ट्वा धर्मबुद्ध्या कारुण्यभावेन वा यथायोग्यं विचिकित्सापरिहरणं द्रव्यनेर्विचिकित्सागुणो भण्यते । यत्पुनर्जिनसमये सर्वं समीचीनं परं किंतु वस्त्रप्रावरणं जलस्नानादिकं च न कुर्वन्ति तदेव दूषणमित्यादिकुत्सितभावस्य विशिष्टविवेकबलेन परिहरणं सा भावनिर्विचिकित्सा भण्यते । इति निश्चयेन पुनस्तस्यैव व्यवहारनिर्विचिकित्सागुणस्य बलेन समस्तद्वेषादिविकल्पत्यागेन निर्मलात्मानुभूतिलक्षणे निजशुद्धात्मनि व्यवस्थानं निर्विचिकित्सागुण इति ॥ ४१७ ॥ अथामूढदृष्टिं गुणं दर्शयति-

भय-लज्जा-लाहादो[1] हिंसारंभो ण मण्णदे धम्मो।
जो जिण-वयणे लीणो अमूढ-दिट्ठी हवे सो दु[2] ॥ ४१८ ॥

[छाया-भयलज्जालाभात् हिंसारम्भः न मन्यते धर्मः। यः जिनवचने लीनः अमूढदृष्टिः भवेत् स तु ॥] दु इति निश्चयेन, स जगत्प्रसिद्धः अमूढसम्यग्दृष्टिः अमौढ्यगुणपरिणतो भवेत् । स कः । यः हिंसारम्भः यज्ञयागादौ पुण्यनिमित्तं हिंसायाः जीववधस्य आरम्भः प्रारम्भः विधानं धर्मो वृषो न मन्यते, हिंसाधर्मं न श्रद्दधाति तद्रुचिप्रतीतिविश्वासं न विदधाति। कुतः । भयलज्जालाभात्, भयात् राजामात्याधिकारिजनयक्षयक्षिणीभूतपिशाचादिग्रहपीडाडाकिनीशाकिन्यादिभयात् इहपरलोकादिसप्तभयाद्वा, लज्जातः पितृमातृभ्रातृबान्धवमित्रादित्रपातः, लाभात् यज्ञादौ दीयमानसुवर्णादिदानप्राप्तेः हिंसाधर्मं यो न मानयति स अमूढदृष्टिः सम्यग्दृष्टिः स्यात्। तथाहि वीतरागसर्वज्ञकथितागमबहिर्भूतैः कुदृष्टिभिर्यत्प्रणीतं धातुवादखन्यवादमणिमन्त्रयन्त्रतन्त्रादिवादक्षुद्रविद्याव्यन्तरविकुर्वणादिकर्म अज्ञानिजनचित्तचमत्कारोत्पादकं दृष्ट्वा श्रुत्वा च मूढभावेन योऽसौ धर्मबुद्ध्या तत्र रुचिं भक्तिं प्रतीतिं न करोति एवं व्यवहारेणामूढदृष्टिरुच्यते। निश्चयेन पुनः तस्यैव व्यवहारामूढदृष्टिगुणस्य प्रसादेन अन्तस्तत्त्वबहिस्तत्त्वनिश्चये जाते सति समस्तमिथ्यात्वरागादिषु शुभाशुभसंकल्पविकल्पेषु आत्मबुद्धिमुपादेयबुद्धिं हितबुद्धिं ममत्वभावं त्यक्त्वा त्रिगुप्तिरूपेण विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावे निजात्मनि निश्चलावस्थानं तदेवामूढदृष्टित्वमिति । संकल्पविकल्पलक्षणं कथ्यते। पुत्रकलत्रमित्रधनधान्यादौ बहिर्द्रव्ये ममेदमिति संकल्पनं संकल्पः, अभ्यन्तरे सुख्यहं दुःख्यहम् इति हर्षविषादकरणं विकल्प इति । अथवा वस्तुवृत्त्या संकल्पः इति कोऽर्थः, विकल्प इति तस्यैव पर्यायः ॥ ४१८ ॥ अथोपगूहनगुणं गृणाति-

---

व्यावहारिक निर्विचिकित्सा गुणके द्वारा द्वेष आदि समस्त विकल्पोंको त्यागकर निर्मल स्वानुभूतिरूप शुद्धात्मामें अपनेको स्थिर करना निश्चय निर्विचिकित्सा गुण है ॥ ४१७ ॥ आगे अमूढ दृष्टि गुणको कहते हैं। **अर्थ**-भय, लज्जा अथवा लालचके वशीभूत होकर जो हिंसा मूलक आरम्भको धर्म नहीं मानता, उस जिनवचनमें लीन पुरुषके अमूढ दृष्टि अंग होता है ॥ **भावार्थ**-जो सम्यग्दृष्टि पुरुष मिथ्यादृष्टियोंके द्वारा रचित और अज्ञानी मनुष्योंके चित्तमें चमत्कारको उत्पन्न करनेवाले मणि मंत्र तंत्र आदिको देखकर या सुनकर उनमें धर्मबुद्धिसे रुचि नहीं रखता वह व्यवहारसे अमूढ दृष्टि अंगका पालक कहा जाता है। और उसी व्यवहार अमूढ दृष्टि अंगके प्रसादसे अन्तस्तत्त्व और बाह्य तत्त्वोंका निश्चय होनेपर समस्त मिथ्यात्व राग वगैरहमें और शुभ तथा अशुभ संकल्प विकल्पोंमें ममत्वको त्यागकर विशुद्ध ज्ञान और विशुद्ध दर्शन स्वभाववाले अपने आत्मामें स्थिर होना निश्चय अमूढ दृष्टि अंग है

---

१ ब भयलज्जगारवेहि य (?)। २ म स ग (ला?) हु।

जो पर-दोसं गोवदि णिय-सुकयं[1] जो ण पयडदे लोए।
भवियव्व[2]-भावण-रओ उवगूहण-कारओ सो हु ॥ ४१९ ॥

[छाया—यः परदोषं गोपयति निजसुकृतं यः न प्रकटयति लोके। भवितव्यभावनारतः उपगूहनकारकः स खलु ॥] हु इति व्यक्तम्। स सम्यग्दृष्टिरुपगूहनकारकः उपगूहनं परेषामन्येषां दोषाच्छादनं तस्य कारकः कर्ता। स कः। यो भव्यः गोपयति आच्छादयति झम्पयति। कम्। परदोषं परेषामन्येषां सम्यग्दृष्टिश्रावकयतीनां सम्यक्त्वातिचारव्रतभङ्गादिजनितापराधः तं लोके जगति गोपयति तथा लोके न प्रकाशते प्रकटयति न। किं तत्। निजसुकृतं स्वयंकृतदानपूजातपश्चरणादिकं शास्त्राध्ययनाध्यापनादिकं च। कीदृक्षः सन्। यो भव्यः भवितव्यभावनारतः, यद्भाव्यं तद्भवत्येवमिति भावनायां रतः तत्परः निश्चयः। तथाहि भेदाभेदरत्नत्रयभावनारूपो मोक्षमार्गः स्वभावेन शुद्ध एव तावत्। तत्राज्ञानिजननिमित्तेन तथैवाभक्तजननिमित्तेन च धर्मस्य पैशून्यं दूषणम् अपवादो दुःप्रभावना यदा भवति तदागमाविरोधेन यथाशक्त्यर्थेन धर्मोपदेशेन वा यद्धर्मार्थं दोषस्य झम्पनं निवारणं क्रियते तद्व्यवहारनयेनोपगूहनं भण्यते। निश्चयेन पुनः तस्यैव सहकारित्वेन निजनिरञ्जननिर्दोषपरमात्मनः प्रच्छादकाः ये मिथ्यात्वरागादिदोषास्तेषां तस्मिन्नेव परमात्मनि सम्यक् श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूपं यद्ध्यानं तेन प्रच्छादनं विनाशनं गोपनं झम्पनं तदेवोपगूहनमिति ॥ ४१९ ॥ अथ स्थितिकरणं प्रकटयति—

धम्मादो चलमाणं जो अण्णं संठवेदि धम्मम्मि।
अप्पाणं पि सुदिढयदि ठिदि-करणं[3] होदि तस्सेव ॥ ४२० ॥

[छाया—धर्मतः चलन्तं यः अन्यं संस्थापयति धर्मे। आत्मानमपि सुदृढयति स्थितिकरणं भवति तस्य एव ॥] तस्यैव भव्यजीवस्यैव स्थितिकरणं भवति। सम्यक्त्वव्रतज्ञानधर्मात् प्रच्युतवतः जीवस्य पुनः तत्र सम्यक्त्वादिषु स्थित्वा दृढीकरणं स्थिरीकरणम्। तस्य कस्य। यः पुमान् धर्मात् चलमानं सम्यक्त्वात् व्रताद्वा चलनेन पतनोन्मुखम् अन्यं परपुरुषं सम्यग्दृष्टिं व्रतधारिणं वा धर्मे सम्यक्त्वव्रतलक्षणे स्थापयति स्थिरीकरोति निश्चलीकरोति, अपि पुनः स दृढयति सुष्ठु अतिशयेन दृढीकरोति। कम्। आत्मानं स्वदेहिनम्। क्व। धर्मे भेदाभेदरत्नत्रये स्वात्मानं दृढयतीत्यर्थः। तथाहि भेदा-

---

॥ ४१८ ॥ आगे उपगूहन गुणको कहते हैं। **अर्थ**—जो सम्यग्दृष्टि दूसरोंके दोषोंको तो ढाँकता है और अपने सुकृतको लोकमें प्रकाशित नहीं करता। तथा ऐसे भावना रखता है कि जो भवितव्य है वही होता है, उसे उपगूहन गुणका धारी कहते हैं ॥ **भावार्थ**—किसी सम्यग्दृष्टि, श्रावक अथवा मुनिके द्वारा सम्यक्त्वमें कोई अतिचार लगाया गया हो, या व्रतका भंग किया गया हो तो सम्यग्दृष्टि उसे लोकमें प्रकाशित नहीं करता। आशय यह है कि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्ररूप मोक्षमार्ग स्वभावसे ही शुद्ध है। किन्तु जब अज्ञानी अथवा अश्रद्धालु मनुष्योंके निमित्तसे धर्मका अपवाद होनेके कारण उस मार्गकी बदनामी होती हो तो आगमके अनुसार धर्मोपदेशके द्वारा यथाशक्ति जो उस बदनामीका निवारण किया जाता है उसे व्यवहारसे उपगूहन अंग कहते हैं। तथा अपने निरंजन निर्दोष परमात्माको ढांकनेवाले जो मिथ्यात्व राग आदि दोष हैं, उन दोषोंको दूर करनेका उपाय करना निश्चयसे उपगूहन अंग कहा है ॥ ४१९ ॥ आगे स्थितिकरण गुणको कहते हैं। **अर्थ**—जो धर्मसे चलायमान अन्य जीवको धर्ममें स्थिर करता है तथा अपनेको भी धर्ममें दृढ करता है उसीके स्थितिकरण गुण होता है ॥ **भावार्थ**—मुनि, आर्यिका और श्रावक श्राविकाके भेदसे चार प्रकारके संघमेंसे जब कोई व्यक्ति दर्शन मोहनीय अथवा चारित्र मोहनीयके उदयसे सम्यग्दर्शन या सम्यक् चारित्रको छोड़ना चाहता हो तो यथाशक्ति आगमानुकूल धर्मका उपदेश देकर

---

१ ब म स ग सुकयं णो पयासदे। २ म भविअव्व। ३ ब ट्ठिदियरणं।

भेदरत्नत्रयाधारस्य चातुर्वर्ण्यसंघस्य मध्ये यदा कोऽपि दर्शनचारित्रमोहोदयेन दर्शनं ज्ञानं चारित्रं वा परित्यक्तुं वाञ्छति तदागमाविरोधेन यथाशक्त्या धर्मश्रवणेन वाऽर्थेन वा सामर्थ्येन वा केनाप्युपायेन यद्धर्मे स्थिरत्वं क्रियते तद्व्यवहारेण स्थिरीकरणमिति। निश्चयेन पुनस्तेनैव व्यवहारस्थिरीकरणगुणेन धर्मदृढत्वे जाते सति दर्शनचारित्रमोहोदयजनितसमस्तमिथ्यात्वरागादिविकल्पजालत्यागेन निजपरमात्मस्वभावेनोत्पन्नपरमानन्दैकलक्षणसुखामृतरसास्वादेन तल्लयतन्मयपरमसमरसीभावेन चित्तस्थिरीकरणमिति ॥ ४२० ॥ अथ वात्सल्यगुणमुल्लिखति—

जो धम्मिएसु भत्तो अणुचरणं कुणदि परम-सद्धाए ।
पिय-वयणं जंपंतो वच्छल्लं तस्स भव्वस्स ॥ ४२१ ॥

[छाया—यः धार्मिकेषु भक्तः अनुचरणं करोति परमश्रद्धया। प्रियवचनं जल्पन् वात्सल्यं तस्य भव्यस्य ॥] तस्य भव्यस्य प्राणिनः वात्सल्यं वात्सल्याख्यगुणो भवेत्। स कः। यो भव्यः धार्मिकेषु सम्यग्दृष्टिषु श्रावकेषु ऋषिमुनियत्यनगारेषु च भक्तः भक्तियुक्तः धर्मानुरागः। पुनः करोति यो भव्यः विदधाति। किम्। अनुचरणं साधर्मिकेषु भोजनसार्धगमनोद्भीभवनादिपरिचर्यां करोति। कया। परमश्रद्धया उत्कृष्टभावेन उत्कर्षेण रुचिरूपेण। किंभूतः सन्। साधर्मिकजनेषु प्रियवचनं मृष्टवचनम् अहं तव किं करोमि इत्यादिकलक्षणं जल्पन् कथयन्। तथाहि बाह्याभ्यन्तररत्नत्रयाधारे चतुर्विधसंघे वत्से धेनुवत् पञ्चेन्द्रियविषयनिमित्तं पुत्रकलत्रसुवर्णादिस्नेहवत् वा यदकृत्रिमस्नेहकारणं तद्व्यवहारेण वात्सल्यं भण्यते। निश्चयवात्सल्यं पुनस्तस्यैव व्यवहारवात्सल्यगुणस्य सहकारित्वेन धर्मे दृढत्वे जाते सति मिथ्यात्वरागादिसमस्तशुभाशुभबहिर्भावेषु प्रीतिं त्यक्त्वा रागादिविकल्पोपाधिरहितपरमस्वास्थ्यसंवित्तिसंजातसदानन्दैकलक्षणसुखामृतरसास्वादे प्रीतिकरणं निश्चयवात्सल्यमिति ॥ ४२१ ॥ अथ प्रभावनागुणं गाथाद्वयेनाह—

जो दस-भेयं धम्मं[1] भव्व-जणाणं पयासदे विमलं ।
अप्पाणं पि पयासदि णाणेण पहावणा तस्स ॥ ४२२ ॥

[छाया—यः दशभेदं धर्मं भव्यजनानां प्रकाशयति विमलम्। आत्मानम् अपि प्रकाशयति ज्ञानेन प्रभावना तस्य ॥] तस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य प्रभावना प्रभावनाख्यगुणो भवति। तस्य कस्य। यः भव्यः भव्यजनानां भेदाभेदरत्नत्रयेण भवितुं स्वात्मोपलब्धिं प्राप्तुं योग्या भव्यास्ते च ते जनाः भव्यजनास्तेषां भव्यजनानां भव्यलोकानां भेदाभेदरत्नत्रये ज्ञापकानामग्रे दशभेदं धर्मम् उत्तमक्षमादिदशप्रकारं धर्मं प्रकाशयति प्रकटयति कथयति उपदेशयति। अपि पुनः ज्ञानेन भेदज्ञानेन कृत्वा निर्मलम् आत्मानं प्रकाशयति कर्ममलकलङ्करहितं शुद्धस्वरूपं परमात्मानं स्वस्वरूपं स्वयं स्वात्मानं प्रकटीकरोति। तथा भव्यलोकानामग्रे आत्मनः स्वरूपं प्रकाशयति इत्यर्थः ॥ ४२२ ॥

या धनकी सहायता देकर या शक्तिका प्रयोग करके अथवा किसी भी अन्य उपायसे जो उसे धर्ममें स्थिर किया जाता है उसे व्यवहारसे स्थितिकरण गुण कहते हैं। और मिथ्यात्व, राग वगैरह समस्त विकल्प जालको त्यागकर अपने आत्म स्वभावमें स्थिर होना निश्चयसे स्थितिकरण गुण है ॥ ४२० ॥ अब वात्सल्य गुणको कहते हैं। **अर्थ**—जो सम्यग्दृष्टि जीव प्रियवचन बोलता हुआ अत्यन्त श्रद्धासे धार्मिकजनोंमें भक्ति रखता है तथा उनके अनुसार आचरण करता है उस भव्य जीवके वात्सल्य गुण कहा है ॥ **भावार्थ**—जैसे गाय अपने बच्चेसे स्वाभाविक प्रेम करती है वैसे ही रत्नत्रयके धारी चतुर्विध संघसे स्वाभाविक स्नेहका होना व्यवहारसे वात्सल्य गुण है। और व्यवहार वात्सल्य गुणके द्वारा धर्ममें दृढ़ता होनेपर मिथ्यात्व राग वगैरह समस्त अशुभ भावोंसे प्रीति छोड़कर परमानन्द स्वरूप अपने आत्मासे प्रीति करना निश्चयसे वात्सल्य गुण है ॥ ४२१ ॥ आगे दो गाथाओंसे प्रभावना गुणको कहते हैं। **अर्थ**—जो सम्यग्दृष्टि अपने ज्ञानके द्वारा भव्यजीवोंके लिये दश प्रकारके धर्मको

---

१ ब दसविह च धम्मं।

जिण-सासण-माहप्पं बहु-विह-जुत्तीहि जो पयासेदि ।
तह तिव्वेण तवेण य पहावणा णिम्मला तस्स ॥ ४२३ ॥

[छाया–जिनशासनमाहात्म्यं बहुविधयुक्तिभिः यः प्रकाशयति । तथा तीव्रेण तपसा च प्रभावना निर्मला तस्य ॥] तस्य भव्यजनस्य प्रभावना प्रकर्षेण जिनशासनमाहात्म्यस्य भावना उत्साहेन प्रकटनं प्रभावनागुणो भवेत् । तस्य कस्य । यः भव्यः प्रकाशयति प्रकटयति । किम् । जिनशासनमाहात्म्यं जिनशासनस्य जिनधर्मस्य महिमानं प्रकटयति । कैः कृत्वा । बहुविधयुक्तिभिः अनेकप्रकारत्रैविद्यविद्याकुशलत्वेन छन्दोऽलंकारव्याकरणसाहित्यतर्कागमाध्यात्मशास्त्रैश्च प्रकाशनैः समुद्योतनैः यात्राप्रतिष्ठाप्रासादोद्धरणजिनपूजानिर्मापणगीतनृत्यवादित्रकरणप्रमुखप्रकारैः च प्रकाशयति । तथा तीव्रेण तपसा च तीव्रेण दुःसाध्येन तपसा अनशनावमोदर्यादिकायक्लेशादिद्वादशविधतपश्चरणेन जिनशासनमुद्योतयतीत्यर्थः । तद्यथा । श्रावकेण दानपूजादिना तपोधनेन च तपःश्रुतादिना जैनशासनप्रभावना कर्तव्येति व्यवहारेण प्रभावनागुणो ज्ञातव्यः । निश्चयेन पुनस्तस्यैव व्यवहारप्रभावनागुणस्य बलेन मिथ्यात्वविषयकषायप्रभृतिसमस्तविभावपरिणामरूपपरसमयानां प्रभावं हत्वा शुद्धोपयोगलक्षणस्वसंवेदनज्ञानेन विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावनिजशुद्धात्मनः प्रकाशनमनुभवनमेव निश्चयप्रभावनेति ॥ ४२३ ॥ अथ निःशङ्कितादिगुणानामाधारभूतं पुरुषं निरूपयति–

जो ण कुणदि पर-तत्तिं[1] पुणु पुणु[2] भावेदि[3] सुद्धमप्पाणं ।
इंदिय-सुह-णिरवेक्खो[4] णिस्संकाई गुणा तस्स ॥ ४२४ ॥

[छाया–यः न करोति परतप्तिं पुनः पुनः भावयति शुद्धमात्मानम् । इन्द्रियसुखनिरपेक्षः निःशङ्कादयः गुणाः तस्य ॥] तस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य निःशङ्काद्यष्टगुणा भवन्ति । तस्य कस्य । यः पुमान् न करोति न विदधाति । काम् । परतप्तिं परेषां निन्दां परदोषाभाषणं परापवादं न विदधाति न भाषते । तथा पुनः वारंवारं मुहुर्मुहुर्भावयति ध्यायति चिन्तयति

प्रकाशित करता है, तथा अपने आत्माको भी (दस प्रकारके धर्मसे) प्रकाशित करता है उसके प्रभावना गुण होता है ॥ ४२२ ॥ **अर्थ**–जो सम्यग्दृष्टि अनेक प्रकारकी युक्तियोंके द्वारा तथा महान् दुर्द्धर तपके द्वारा जिन शासनका माहात्म्य प्रकाशित करता है उसके निर्मल प्रभावनागुण होता है ॥ **भावार्थ**–अनेक प्रकारकी युक्तियोंके द्वारा मिथ्यावादियोंका निराकरण करके अथवा अनेक प्रकारके शास्त्रोंकी रचना करके या जिनपूजा, प्रतिष्ठा, यात्रा वगैरहका, आयोजन करके अथवा घोर तपश्चरण करके लोकमें जैन धर्मका महत्त्व प्रकट करना व्यवहारसे प्रभावनागुण है । और उसी व्यवहार प्रभावनागुणके बलसे मिथ्यात्व, विषयकषाय वगैरह समस्त विभाव परिणामोंके प्रभावको हटाकर शुद्धोपयोग रूप स्वसंवेदनके द्वारा विशुद्ध ज्ञान दर्शन स्वरूप अपनी आत्माका अनुभवन करना निश्चय प्रभावनागुण है ॥ ४२३ ॥ आगे बतलाते हैं कि निःशंकित आदि गुण किसके होते हैं ? **अर्थ**–जो पुरुष पराई निन्दा नहीं करता और वारंवार शुद्ध आत्माको भाता है तथा इन्द्रिय सुखकी इच्छा नहीं करता उसके निःशङ्कित आदि गुण होते हैं ॥ **भावार्थ**–यहाँ तीन विशेषण देकर यह बतलाया है कि जिसमें ये तीनों बाते होतीं हैं उसीमें निःशंकित आदि गुण पाये जाते हैं । इसका खुलासा इस प्रकार है–जो पुरुष दूसरोंकी निन्दा करता है उसके निर्विचिकित्सा, उपगूहन, स्थितिकरण और वात्सल्य नामके गुण नहीं हो सकते, क्यों कि बुरे अभिप्रायसे किसीके दोषोंको प्रकट करनेका नाम निन्दा है । अतः जो निन्दक है वह उक्त गुणोंका पालक कैसे हो सकता है ? तथा जो अपनी शुद्ध

१ ब तत्ती । २ म स पुण पुण (?) । ३ ब भावेइ । ४ म णिरविक्खो ।

अनुभवति । कम् । शुद्धम् आत्मानं द्रव्यभावनोकर्ममलरहितं शुद्धं शुद्धचिद्रूपं भावयति । कीदृक्षः सन् । इन्द्रियसुख-निरपेक्षः इन्द्रियाणां स्पर्शनादीनां सुखतः शर्मणः निर्गता अपेक्षा वाञ्छा यस्य स तथोक्तः पञ्चेन्द्रियविषयवाञ्छारहितः ॥ ४२४ ॥ क क निःशङ्कितत्वमित्युक्ते चाह—

णिस्संका-पहुडि-गुणा जह धम्मे तह य देव-गुरु-तच्चे ।
जाणेहि जिण-मयादो सम्मत्त-विसोहया[2] एदे ॥ ४२५ ॥

[छाया—निःशङ्काप्रभृतिगुणाः यथा धर्मे तथा च देवगुरुतत्त्वे। जानीहि जिनमतात् सम्यक्त्वविशोधकाः एते ॥] यथा येनैव प्रकारेण धर्मे उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्यलक्षणे धर्मे दशप्रकारे व्यवहारनिश्चयरत्नत्रये धर्मे वा निःशङ्काप्रभृतिगुणा इति । निःशङ्कित १ नि कांक्षित २ निर्विचिकित्साऽ ३ मूढदृष्टि ४ सोपगूहन ५ स्थितिकरण ६ वात्सल्य ७ प्रभावनागुणाः भवन्ति । तथा तेनैव प्रकारेण देवगुरुतत्त्वेषु तान् गुणान् जानीहि । देवे अष्टादशदोषरहितवीतरागसर्वज्ञदेवेऽष्टौ निःशङ्कितादिगुणान् त्वं भो भव्य जानीहि । तथा गुरौ निर्ग्रन्थाचार्ये चतुर्विंशतिपरिग्रहपरित्यक्तदिगम्बरगुरौ तान् निःशङ्कितायष्टौ गुणान् जानीहि । तथा तत्त्वेषु जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षेषु सप्तसु पुण्यपापद्वयसहितनवपदार्थेषु जीवाजीवधर्माधर्मकालाकाशेषु षट्सु द्रव्येषु पञ्चास्तिकायेषु व्रततपःसंयमसम्यक्त्वादिषु च निःशङ्कितायष्टगुणान् जानीहि । किं बहुना जिनोक्तसर्वपदार्थेषु शङ्कादयो न कर्तव्याः । जिनोक्तैकाक्षरार्थपदश्लोकादिषु शङ्कादिकं करोति तदा मिथ्यादृष्टिः स्यात् । कुतः । जिनमतात् जिनवचनात् सर्वज्ञवीतरागोपदेशात् जिनशासनमाश्रित्य । यतः एते निःशङ्कितादयो गुणाः सम्यक्त्वविशुद्धिकराः सम्यग्दर्शनस्य विशुद्धिकरा निर्मलकराः । अत्राञ्जनचोरादिकथा ज्ञातव्याः ॥ ४२५ ॥ युग्मम् ॥ अथ धर्मस्य ज्ञातृत्वकर्तृत्वदुर्लभत्वं व्यनक्ति—

आत्माको भाता है उसीके निःशंकित, अमूढ दृष्टि, प्रभावना नामके गुण हो सकते हैं; क्यों कि जिसको आत्माके खरूपमें सन्देह है और जिसकी दृष्टि मूढ है वह अपनी व आत्माकी वारम्वार भावना नहीं कर सकता। तथा जिसके इन्द्रियसुखकी चाह नहीं है उसीके निःकांक्षित गुण होता है, अतः जिसके इन्द्रिय सुखकी चाह है उसके निःकांक्षित गुण नहीं होता। इस तरह उक्त तीन विशेषणोंवालेके ही आठों गुण होते हैं ॥ ४२४ ॥ आगे बतलाते हैं कि निःशंकित आदि गुण कहाँ कहाँ होने चाहिये। **अर्थ—**ये निःशंकित आदि आठ गुण जैसे धर्मके विषयमें कहे वैसे ही देव गुरु और तत्त्वके विषयमें भी जैन आगमसे जानने चाहियें। ये आठों गुण सम्यग्दर्शनको विशुद्ध करते हैं ॥ **भावार्थ—**ऊपर उत्तम क्षमा आदि दस धर्मोंके विषयमें निःशंकित आदि गुणोंको बतलाया है। आचार्य कहते हैं कि उसीप्रकार अठारह दोष रहित वीतराग सर्वज्ञ देवके विषयमें, चौबीस प्रकारके परिग्रहसे रहित दिगम्बर गुरुओंके विषयमें, तथा जिन भगवानके द्वारा कहे हुए जीव अजीव आस्रव बन्ध संवर निर्जरा मोक्ष इन सात तत्त्वोंमें और इन्हींमें पुण्य पापको मिलानेसे हुए नौ पदार्थोंमें व जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन छः द्रव्योंमें भी निःशंकित आदि गुणोंका होना जरूरी है। अर्थात् सम्यग्दृष्टीको देव गुरु और तत्त्वके विषयमें शंका नहीं करनी चाहिये, उनकी यथार्थश्रद्धाके बदलेमें इन्द्रिय सुखकी कांक्षा (चाह) नहीं करनी चाहिये, उनके विषयमें ग्लानिका भाव नहीं रखना चाहिये, उनके विषयमें अपनी दृष्टि मूढताको लिये हुए नहीं होनी चाहिये, उनके दोषोंको दूर करनेका प्रयत्न करना चाहिये, उनके विषयमें अपना मन विचलित होता हो तो उसे स्थिर करना चाहिये, उनमें सदा वात्सल्य भाव रखना चाहिये, और उनके महत्त्वको प्रकट करते रहना चाहिये। इन गुणोंको धारण करने से सम्यग्-

---

१ ग तह देव । २ ब विसोहिया ।

धम्मं ण मुणदि जीवो[1] अहवा जाणेइ कह व कट्ठेण ।
काउं तो वि ण सक्कदि मोह-पिसाएण भोलविदो ॥ ४२६ ॥

[छाया-धर्मं न जानाति जीवः अथवा जानाति कथमपि कष्टेन । कर्तुं ततः अपि न शक्नोति मोहपिशाचेन भ्रामितः ॥] जीव आत्मा धर्मं श्रावकयतिभेदभिन्नं धर्मं जिनोक्तं न जानाति तत्त्वस्वरूपं न वेत्ति । अथवा कथमपि केनापि प्रकारेण महता कष्टेन दुःखेन धर्मं जानाति चेत् तो वि तर्हि तथापि कर्तुं धर्मम् आचरितुं न शक्नोति । कीदृक् सन् जीवः । मोहपिशाचेन भ्रामितः, मोह एव पिशाचः राक्षसः प्रतारकत्वात् तेन भ्रामितः प्रतारितः छलितः मोहनीयकर्मपिशाचेन गृहीतः विकलीकृतः ग्रथिल इत्यर्थः ॥ ४२६ ॥ अथ सोपहासं दृष्टान्तेन धर्मकर्तृत्वेन धर्मदुर्लभत्वं विवृणोति-

जह जीवो कुणइ रइं[2] पुत्त-कलत्तेसु काम-भोगेसु[3] ।
तह जइ जिणिंद[4]-धम्मे तो लीलाए सुहं लहदि ॥ ४२७ ॥

[छाया-यथा जीवः करोति रतिं पुत्रकलत्रेषु कामभोगेषु । तथा यदि जिनेन्द्रधर्मे तत् लीलया सुखं लभते ॥] यथा येनैव प्रकारेण उदाहरणोपन्यासे वा जीवः जन्तुः संसारी पुत्रकलत्रेषु रतिं करोति, तनुजकामिनीजनकजननीभ्रातृबन्धुमित्रभृत्यादिषु रागं प्रीतिं स्नेहं विदधाति । यथा जीवः कामभोगेषु कन्दर्पसुखेषु भोगेषु पञ्चेन्द्रियाणां विषयेषु धनधान्यमन्दिरवस्त्राभरणादिषु च रतिं करोति तथा तेनैव पुत्रकलत्रकामभोगप्रकारेण यदि जिनेन्द्रधर्मे जिनवीतरागसर्वज्ञोक्तधर्मे रतिं रागं प्रीतिं स्नेहं करोति चेत् तर्हि लीलया क्रीडया हेलामात्रेण सुखेन सुखं स्वर्गमोक्षोद्भवं सौख्यं लभते प्राप्नोति । तथा चोक्तं च । "जा दव्वे होइ मई अहवा तरुणीसु रूववंतीसु । सा जइ जिणवरधम्मे करयलमज्झट्ठिया सिद्धी ॥" इति ॥ ४२७ ॥ अथ लक्ष्म्याः वाञ्छादरः सुलभ इत्यावेदयति-

---

दर्शन निर्मल होता है । इन गुणोंके धारक अञ्जनचोर वगैरहकी कथा जैनशास्त्रोंमें वर्णित है वहाँसे जानलेनी चाहिये ॥ ४२५ ॥ आगे कहते हैं कि धर्मको जानना और जानकर भी उसका आचरण करना दुर्लभ है । **अर्थ**–प्रथम तो जीव धर्मको जानता ही नहीं है, यदि किसी प्रकार कष्ट उठाकर उसे जानता भी है, तो मोहरूपी पिशाचके चक्करमें पड़कर उसका पालन नहीं कर सकता ॥ **भावार्थ**–अनादिकालसे संसारमें भटकते हुए जीवको सच्चे धर्मका ज्ञान होना बहुत ही कठिन है, क्यों कि एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रियकी पर्यायमें तो हित-अहितको समझनेकी शक्ति ही नहीं होती । सैनी पञ्चेन्द्रिय पर्यायमें भी यदि नारकी या पशु हुआ तो नरकगति और पशुगतिके दुःखोंसे सदा आकुल रहता है । और यदि कदाचित् मनुष्य या देव हुआ तो प्रथम तो भोग विलासमें ही अपना जीवन बितादेता है । यदि काललब्धिके आजानेसे धर्मको जान भी लेता है तो स्त्री-पुत्रके मोहमें पड़कर धर्मका आचरण नहीं करता ॥ ४२६ ॥ आगे दृष्टान्तके द्वारा मोही जीवका उपहास करते हुए धर्मका माहात्म्य बतलाते हैं । **अर्थ**–जैसे यह जीव स्त्री पुत्र वगैरहसे तथा कामभोगसे प्रेम करता है वैसे यदि जिनेन्द्र भगवानके द्वारा कहे हुए धर्मसे प्रीति करे तो लीलामात्रसे ही सुखको प्राप्त कर सकता है ॥ **भावार्थ**–आचार्य कहते हैं कि स्त्री, पुत्र, माता, पिता, भाई, बन्धु, मित्र आदि कुटुंबी जनोंसे तथा धन, धान्य, मकान, वस्त्र, अलंकार आदि परिग्रहसे व कामभोगसे यह जीव जितना प्रेम करता है वैसा प्रेम यदि वीतराग सर्वज्ञके द्वारा कहे हुए धर्मसे करे तो उसे

---

१ म जीओ। २ ब (?) म स रई। ३ ब भोएसु। ४ ग जिणंद।

लच्छिं' वंछेइ णरो णेव सुधम्मेसु आयरं' कुणइ ।
बीएण विणा कत्थ वि किं दीसदि' सस्स-णिप्पत्ती ॥ ४२८ ॥

[छाया-लक्ष्मीं वाञ्छति नरः नैव सुधर्मेषु आदरं करोति । बीजेन विना कुत्र अपि किं दृश्यते सस्यनिष्पत्तिः ॥] नरः पुमान् जनो वा लक्ष्मीं वाञ्छति अश्वगजरथपदातिधनधान्यसुवर्णरत्नादिसंपदाम् इन्द्रधरणेन्द्रचक्रवर्त्यादिवैभवं वा ईहते आकांक्षति अभिलषति । सुधर्मेषु पूर्वापरविरोधरहितजिनकथितवृषेषु यतिश्रावकभेदभिन्नधर्मेषु नरः जनः आदरम् उद्यमम् अनुष्ठानं नैव कुरुते विदधाति नैव । धर्मं विना तां लक्ष्मीं कथं लभते इत्यत्रोदाहरणेन दृष्टान्तेन युनक्ति । कत्थ वि कुत्रापि धान्यनिष्पत्तिक्षेत्रकेदारभूम्यादौ बीजेन विना व्रीहिगोधूमचणकमुद्गयवादिधान्यवपनं विना सस्यनिष्पत्तिः धान्योत्पत्तिः व्रीह्यादिसमुद्भवः किं दृश्यते अवलोक्यते किम्, अपि तु न, तथा धर्मं विना संपदा न दृश्यते । तथा च । "तं पुण्णह अहिणाणु जं गहिलाण वि रिद्धडी । तं पावह परिणामु जं गुणवंतह भिक्खडी" ॥ ४२८ ॥ अथ धर्मस्थो जीवः किं किं करोतीति गाथाद्वयेनाह-

जो धम्मत्थो जीवो सो रिउ-वग्गे वि कुणइ खम-भावं ।
ता पर-दव्वं वज्जइ जणणि-समं गणइ पर-दारं' ॥ ४२९ ॥

[छाया-यः धर्मस्थः जीवः स रिपुवर्गे अपि करोति क्षमाभावम् । तावत् परद्रव्यं वर्जयति जननीसमं गणयति परदारान् ॥] स जीवः करोति । कम् । क्षमाभावं क्षान्तिपरिणामं क्रोधादिकषायाणामुपशान्तिम् । क्व । रिपुवर्गे शत्रुसमूहे यः क्षमाभावं करोति, अपिशब्दात् मित्रस्वजनादिवर्गे । स कः । यः धर्मस्थः धर्मे पूर्वोक्तदशलाक्षणिके वृषे तिष्ठतीति धर्मस्थः, यावत् जिनधर्मे स्थितः जीवः ता तावत्कालं परद्रव्यं वर्जयति परेषां रत्नसुवर्णमणिमाणिक्यधनधान्यवस्त्रादिकं वस्तु परिहरति । तथा परदारान् परेषां युवतीः जननीसमाः मातृतुल्याः स्वसृसमानाः सदृशाः गणयति मनुते जानाति ॥ ४२९ ॥

अनायासही स्वर्ग और मोक्षका सुख प्राप्त हो सकता है । कहा भी है-धनसम्पत्तिमें तथा रूपवती तरुणियोंमें तेरी जैसी रुचि है वैसी रुचि यदि जिनवर भगवानके कहे हुए धर्ममें हो तो मुक्ति तेरी हथेली पर रक्खी हुई है ॥ ४२७ ॥ आगे कहते हैं कि लक्ष्मीको चाहना सुलभ है किन्तु धर्मके बिना उसकी प्राप्ति सुलभ नहीं है । **अर्थ**-यह जीव लक्ष्मीको तो चाहता है किन्तु सुधर्मसे प्रीति नहीं करता । क्या कहीं बिना बीजकेभी धान्यकी उत्पत्ति देखी गई है ? ॥ **भावार्थ**-घोडा, हाथी, रथ, धन, धान्य, सुवर्ण, वगैरह सम्पदाकी तथा इन्द्र, धरणेन्द्र और चक्रवर्ती वगैरहके वैभवकी तो यह जीव इच्छा करता है, किन्तु सच्चे धर्मका पालन करना नहीं चाहता । ऐसी स्थितिमें धर्मके बिना उस लक्ष्मीको वह कैसे प्राप्त कर सकता है ? क्या कहीं बिना बीजके गेहूं, चना, मूंग, उड़द वगैरह पैदा होता देखा गया है ? अतः जैसे बिना बीजके धान्य पैदा नहीं होता वैसेही बिना धर्म किये लक्ष्मीकी प्राप्ति नहीं हो सकती ॥ ४२८ ॥ आगे धर्मात्मा जीव क्या २ करता है यह दो गाथाओंसे बतलाते हैं । **अर्थ**-जो जीव धर्मका आचरण करता है, वह शत्रुओंपर भी क्षमा भाव रखता है, पराये द्रव्यको ग्रहण नहीं करता, और पराई स्त्रीको माताके समान मानता है ॥ **भावार्थ**-धर्मात्मा जीव अपने मित्र वगैरह स्वजनोंकी तो बात हीक्या, अपने शत्रुओंपर भी क्रोध नहीं करता । तथा पराये रत्न, सुवर्ण, मणि, मुक्ता और धन धान्य वस्त्र वगैरहको पानेका प्रयत्न नहीं करता । और दूसरोंकी स्त्रियोंपर कभी कुदृष्टि नहीं डालता, उन्हें अपनी माता और बहिनके तुल्य समझता है ॥ ४२९ ॥

---

१ ब लच्छी । २ ग आयरं । ३ ब दीसइ । ४ ब (?) म परयारं ।

ता सव्वत्थ वि कित्ती ता सव्वत्थं वि हवेइ वीसासो।
ता सव्वं पिय भासइ ता सुद्धं माणसं कुणइ[1] ॥ ४३० ॥

[छाया-तावत् सर्वत्र अपि कीर्तिः तावत् सर्वत्र अपि भवति विश्वासः। तावत् सर्वं प्रियं भाषते तावत् शुद्धं मानसं करोति ॥] यावत्कालं जिनधर्मः यस्य जीवस्य भवति तावत्कालं सर्वत्रापि अधोमध्योर्ध्वलोके तस्य जीवस्य कीर्तिः यशः महिमा ख्यातिः स्यात्। अपि पुनः ता तावत्कालं तस्य धर्मवतः पुंसः सर्वस्यापि समस्तत्रैलोक्यजनस्य, अपिशब्दात् स्वकीयस्य, विश्वासः विश्रम्भः प्रतीतिः स्यात्। ता तावत् सर्वं प्रियं हितकारकं भाषते। सर्वलोकः तं धर्मवन्तं प्रति प्रियहितमितमधुरकर्णप्रियवचनं भाषते। स धर्मवान् जीवः सर्वान् प्रति हितमितमधुरादिवाक्यं वक्तीत्यर्थः। ता तावत्कालं तस्य धर्मवतः मानसं चित्तं शुद्धं निर्मलं करोति परेषां मानसं सधर्मः सन् शुद्धं करोतीत्यर्थः ॥ ४३० ॥ अथ धर्ममाहात्म्यं गाथाचतुष्केनाह—

उत्तम-धम्मेण जुदो होदि तिरिक्खो वि उत्तमो देवो।
चंडालो वि सुरिंदो उत्तम-धम्मेण संभवदि[4] ॥ ४३१ ॥

[छाया-उत्तमधर्मेण युतः भवति तिर्यक् अपि उत्तमः देवः। चण्डालः अपि सुरेन्द्रः उत्तमधर्मेण संभवति ॥] तिर्यग्जीवः गोगजाश्वसिंहव्याघ्रशृगालकुर्कुरकुर्कुटदर्दुरादिप्राणी। कथंभूतः। उत्तमधर्मेण युक्तः सन्, सम्यक्त्वव्रतादिपञ्चनमस्कारदानपूजादिभावनादिलक्षणधर्मेण सहितः तिर्यक् उत्तमदेवो भवति सौधर्मस्वर्गाद्यच्युतस्वर्गनिवासी देवो जायते। सम्यक्त्वं विना व्रतादिना युक्तः तिर्यग्जीवः भवनवासी देवो व्यन्तरदेवो वा ज्योतिष्कदेवो वा जायते। अपिशब्दात् उत्तमधर्मेण युक्तः मनुष्यः उत्तमदेवो भवति। श्रावकधर्मेण सहितः गृहस्थः सौधर्माद्यच्युतान्तकल्पवासी देवः इन्द्रप्रतीन्द्रसामानिकादिको जायते। यतिधर्मेण युतः सौधर्मादिसर्वार्थसिद्धिपर्यन्तनिवासी उत्तमदेवो जायते, सकलकर्मक्षयं कृत्वा सिद्धोऽपि जायते। तथा उत्तमधर्मेण जिनोक्तधर्मेण सम्यक्त्वाणुव्रतादिलक्षणेन कृत्वा चाण्डालो मातङ्गः उत्तमदेवः सुरेन्द्रः प्रतीन्द्रसामानिको वा संभवति जायते। के के नराः। तिर्यञ्चश्च क कोत्कृष्टेन जायन्ते येन, त्रैलोक्यसारे प्रोक्तं च

अर्थ—धर्मात्मा पुरुषकी सब जगह कीर्ति होती है, सब लोग उसका विश्वास करते हैं, वह सबके प्रति प्रिय वचन बोलता है, और अपने तथा दूसरोंके मनको शुद्ध करता है॥ भावार्थ—धर्मात्मा जीवका सब लोकोंमें यश फैल जाता है कि अमुक मनुष्य बड़ा सन्तोषी और सच्चा है, वह किसीकी वस्तुको नहीं हड़पता। इससे सब लोग उसका विश्वास करने लगते हैं। वह सबसे हितकारी मीठे वचन बोलता है, और सब लोग भी उससे मीठे वचन बोलते हैं। वह अपना मन साफ रखता है किसीका बुरा नहीं सोचता। इससे सब लोगभी उसके प्रति अपना मन साफ रखते हैं। कभी उसका बुरा नहीं चाहते। अतः धर्मात्मा जीव धर्मका पालन करनेसे केवल अपना ही भला नहीं करता किन्तु दूसरोंका भी भला करता है॥ ४३० ॥ आगे चार गाथाओंसे धर्मका माहात्म्य बतलाते हैं। अर्थ—उत्तम धर्मसे युक्त तिर्यञ्च भी उत्तम देव होता है। तथा उत्तम धर्मसे युक्त चाण्डाल भी सुरेन्द्र होजाता है॥ भावार्थ—सम्यक्त्व व्रत, पंच नमस्कार मंत्र, दान, पूजा आदि उत्तम धर्मका पालन करनेसे गाय, बैल, हाथी, घोड़ा, सिंह, व्याघ्र, शृगाल, कुत्ता, मुर्गा, मेंढक आदि प्राणी भी मरकर उत्तम देवपद पाते हैं। अर्थात् यदि वे सम्यग्दृष्टि होते हैं तो मरकर सौधर्म स्वर्गसे लेकर सोलहवें अच्युत स्वर्गतक जन्म लेते हैं। और यदि सम्यग्दर्शनके बिना व्रतादिका पालन करते है तो मरकर भवनवासी, व्यन्तर अथवा ज्योतिष्क जातिके

---

१ क म ग सव्वत्त। २ क ग हवइ। ३ क म स ग कुणई। ४ ब संभवइ।

"णरतिरिय देसअयदा उक्कस्सेणच्चुदो त्ति णिग्गंथा। णर अयदवेसमिच्छा गेवेज्जंतो त्ति गच्छंति ॥ सव्वट्ठो त्ति सुदिट्ठी महव्वई भोगभूमिजा सम्मा। सोहम्मदुगं मिच्छा भवणतियं तावसा य वरं ॥ चरया य परिव्वाजा बम्होत्तरपदो त्ति आजीवा। अणुदिसअणुत्तरादो चुदा ण केसवपदं जंति ॥" त्ति। तथा चोक्तं च। "प्रापदैवं तव नुतिपदैर्जीवकेनोपदिष्टैः, पापाचारी मरणसमये सारमेयोऽपि सौख्यम्। कः संदेहो यदुपलभते वासवश्रीप्रभुत्वं, जल्पन् जाप्यैर्मणिभिरमलैस्त्वन्नमस्कार-चक्रम् ॥" "अर्हच्चरणसपर्यामहानुभावं महात्मनामवदत्। भेकः प्रमोदमत्तः कुसुमेनैकेन राजगृहे ॥" तथा। "धर्मः सर्वसुखाकरो हितकरो धर्मं बुधाश्चिन्वते, धर्मेणैव समाप्यते शिवसुखं धर्माय तस्मै नमः। धर्मान्नास्ति परः सुहृद् भवभृतां धर्मस्य मूलं दया, धर्मे चित्तमहं दधे प्रतिदिनं हे धर्म मां पालय ॥" "सुकुलजन्मविभूतिरनेकधा प्रियसमागमसौख्यपरंपरा। नृपकुले गुरुता विमलं यशो भवति धर्मतरोः फलमीदृशम् ॥" इति ॥ ४२१ ॥

देव होते हैं। गाथामें आये हुए 'वि' शब्दसे इतना अर्थ और लेना चाहिये कि उत्तम धर्मसे युक्त मनुष्य मरकर उत्तम देव होता है। अर्थात् श्रावकधर्मका पालन करनेवाला मनुष्य मरकर सौधर्म स्वर्गसे लेकर अच्युत स्वर्ग पर्यन्त इन्द्र, प्रतीन्द्र, सामानिक आदि जातिका कल्पवासी देव होता है। तथा मुनिधर्मका पालक मनुष्य मरकर सौधर्मस्वर्गसे लेकर सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त जन्म लेता है। अथवा सकल कर्मोंको नष्ट करके सिद्धपदको प्राप्त करता है। तथा सम्यक्त्व व्रत आदि उत्तम धर्मका पालक चाण्डाल भी मरकर उत्तम देव होजाता है। कौन २ मनुष्य और तिर्यञ्च मरकर उत्कृष्टसे कहाँ २ उत्पन्न होते हैं, इसका वर्णन त्रिलोकसारमें इस प्रकार किया है–देशव्रती और असंयतसम्यग्दृष्टि मनुष्य और तिर्यञ्च मरकर अधिकसे अधिक सोलहवें स्वर्ग तक जन्म लेते हैं। द्रव्यलिंगी, किन्तु भावसे असंयत सम्यग्दृष्टि अथवा देशव्रती अथवा मिथ्यादृष्टि मनुष्य ग्रैवेयक तक जन्म लेते हैं ॥ सम्यग्दृष्टि महाव्रती मरकर सर्वार्थसिद्धि तक जन्म लेते हैं। सम्यग्दृष्टि भोगभूमिया जीव मरकर सौधर्मयुगलमें जन्म लेते हैं और मिथ्यादृष्टि भोगभूमिया जीव मरकर भवनत्रिकमें जन्म लेते हैं। तथा उत्कृष्ट तापसी भी मरकर भवनत्रिकमें जन्म लेते हैं ॥ नंगे तपस्वी और परिव्राजक ब्रह्मोत्तर स्वर्ग तक जन्म लेते हैं। आजीवक सम्प्रदायवाले अच्युत स्वर्ग तक जन्म लेते हैं। अनुदिश और अनुत्तरोंसे च्युत हुए जीव नारायण प्रतिनारायण नहीं होते ॥" वादिराजसूरिने एकीभावस्तोत्रमें नमस्कार मंत्रका माहात्म्य बतलाते हुए कहा है–'हे जिनवर, मरते समय जीवन्धरके द्वारा सुनाये गये आपके नमस्कार महामंत्रके प्रभावसे पापी कुत्ता भी मरकर देव गतिके सुखको प्राप्त हुआ। तब निर्मल मणियोंके द्वारा नमस्कार मंत्रका जप करने वाला मनुष्य यदि इन्द्रकी सम्पदाको प्राप्त करे तो इसमें क्या सन्देह है।' स्वामी समन्त भद्रने जिनपूजाका माहात्म्य बतलाते हुए श्री रत्नकरंडश्रावकाचारमें कहा है–'राजगृही नगरीमें आनन्दसे मत्त होकर भगवान महावीरकी पूजाके लिये एक फूल लेकर जाते हुए मेढ़कने महात्माओंको भी बतला दिया कि अर्हन्त भगवानके चरणोंकी पूजाका क्या माहात्म्य है ॥" धर्मका माहात्म्य बतलाते हुए किसी कविने कहा है–"धर्म सब सुखोंकी खान है और हित करने वाला है। (इसीसे) बुद्धिमान लोग धर्मका संचय करते हैं। धर्मसे ही मोक्ष सुखकी प्राप्ति होती है। उस धर्मको नमस्कार हो। संसारी प्राणियोंका धर्मसे बढ़कर कोई मित्र नहीं। धर्म का मूल दया है। अतः मैं प्रतिदिन अपना चित्त धर्ममें लगाता हूँ। हे धर्म! मेरी रक्षा कर ॥" और भी कहा है–अच्छे कुलमें जन्म, अनेक प्रकारकी विभूति, प्रिय जनोंका समागम, लगातार सुखकी प्राप्ति, राजघरानेमें आदर सन्मान और निर्मल यश,

अग्गी वि य होदि हिमं होदि भुयंगो वि उत्तमं रयणं ।
जीवस्स सुधम्मादो देवा वि य किंकरा होंति[1] ॥ ४३२ ॥

[छाया-अग्निः अपि च भवति हिमं भवति भुजङ्गः अपि उत्तमं रत्नम् । जीवस्य सुधर्मात् देवाः अपि च किङ्करा भवन्ति ॥] जीवस्यात्मनः सुधर्मात् श्रीजिनसर्वज्ञवीतरागोक्तयतिश्रावकधर्मात्, अपि च विशेषे, अग्निः वैश्वानरः हिमं शीतलो भवति । भुजङ्गोऽपि उत्तमं रत्नम् अनर्घ्यो मणिर्भवति । महाविषधरकृष्णसर्पः रत्नमाला पुष्पमाला च भवति । तथा च पुनः देवाः भवनव्यन्तरज्योतिष्ककल्पवासिनः सुराः किंकराः सेवका भृत्या भवन्ति । अपिशब्दात् मानवाः किंकरा भवन्ति । उक्तं च । "धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो । देवा वि तस्स पणमंति जस्स धम्मे सया मणो ॥" इति ॥ ४३२ ॥

तिक्खं खग्गं माला दुज्जय-रिउणो सुहंकरा सुयणा[2] ।
हालाहलं पि अमियं महावया संपया होदि ॥ ४३३ ॥

[छाया-तीक्ष्णः खड्गः माला दुर्जयरिपवः सुखंकराः सुजनाः । हालाहलम् अपि अमृतं महापदा संपदा भवति ॥] धर्मस्य माहात्म्येन धर्मवतः पुंसः इति सर्वत्र संबन्धनीयम् । तीक्ष्णः शितः खड्गः असिः माला पुष्पस्रग्भवति । तथा दुर्जयरिपवः दुःसाध्यशत्रवः सुखंकराः सुखसाधकाः सुजनाः सज्जना उत्तमपुरुषाः स्वपरहितकारकाः स्वकीयजना वा जायन्ते । तथा हालाहलं तात्कालिकमरणकारिविषं कालकूटविषम् अमृतं सुधा जायते । तथा महापदा महत्कष्टं संपदा संपत्तिर्भवति ॥ ४३३ ॥

अलिय-वयणं पि सच्चं उज्जम-रहिए[3] वि लच्छि-संपत्ती ।
धम्म-पहावेण णरो अणओ वि सुहंकरो होदि ॥ ४३४ ॥

[छाया-अलीकवचनम् अपि सत्यम् उद्यमरहिते अपि लक्ष्मीसंप्राप्तिः । धर्मप्रभावेण नरः अनयः अपि सुखंकरः भवति ॥] तथापि निश्चितं धर्मप्रभावेण श्रीजिनधर्ममाहात्म्यात् धर्मवतः पुंसः अलीकवचनं कार्यात् कारणाद्वा रागद्वेषाद्वा

ये सब धर्मरूपी वृक्षके सुफल हैं ॥ ४३१ ॥ **अर्थ**-उत्तम धर्मके प्रभावसे अग्नि शीतल हो जाती है, महा विषधर सर्प रत्नोंकी माला होजाता है, और देव भी दास हो जाते हैं ॥ ४३२ ॥ **अर्थ**-उत्तम धर्मके प्रभावसे तीक्ष्ण तलवार माला हो जाती है, दुर्जय शत्रु सुख देने वाले आत्मीय जन बन जाते हैं, तत्काल मरण करने वाला हालाहल विष भी अमृत हो जाता है, तथा बड़ी भारी आपत्ति भी संपदा हो जाती है ॥ ४३३ ॥ **अर्थ**-धर्मके प्रभावसे जीवके झूंठे वचन भी सच्चे हो जाते हैं, उद्यम न करनेवाले मनुष्यको भी लक्ष्मीकी प्राप्ति हो जाती है, और अन्याय भी सुखकारी हो जाता है ॥ **भावार्थ**-आशय यह है कि यदि जीवने पूर्वभवमें धर्मका पालन किया है तो उसके प्रभावसे उसकी झूंठी बात भी सच्ची हो जाती है, बिना परिश्रम किये भी सम्पत्ति मिल जाती है और अन्याय करते हुए भी वह सुखी रहता है । किन्तु इसका यह मतलब नहीं है कि अन्याय करने का फल उसे नहीं मिलता या झूंठ बोलना और अन्याय करना अच्छा है बल्कि धर्मके प्रभावसे अन्याय भी न्यायरूप हो जाता है । धर्मका प्रभाव बतलाते हुए किसी कविने भी कहा है-'जो लोग धर्मका आचरण करते हैं, उनपर सिंह, सर्प, जल, अग्नि आदि के द्वारा आई हुई विपत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं, सम्पत्तियाँ प्राप्त

---

१ ब होदि । २ ब ग क सुहंकरो सुवणो । ३ स रहिये ।

केनापि असत्यवचनं झुत्थम् अलीकम् आलं दत्तं सत्यं जायते, दिव्यादिकेन शपथेन सत्यो नरो जायते। उपशमरहितेऽपि पुंसि धर्मप्रभावात् लक्ष्मीः संपत्तिः संपदा नानाविधा भवति। धर्मप्रभावेण धर्ममाहात्म्येन नरः अनयोऽपि न्यायरहितः अन्यायी अन्यो वा शुभंकरः सुखंकरो वा हितकारको भवतीत्यर्थः। "व्याघ्रव्यालजलानलादिविपदस्तेषां व्रजन्ति क्षयं, कल्याणानि समुल्लसन्ति विबुधाः सांनिध्यमध्यासते। कीर्तिः स्फूर्तिमियर्ति यात्युपचयं धर्मः प्रणश्यत्यघम्, स्वर्निर्वाणसुखानि संविदधते ये शीलमाबिभ्रते॥" "तोयत्यग्निरपि स्रजत्यहिरपि व्याघ्रोऽपि सारङ्गति, व्यालोऽप्यश्वति पर्वतोऽप्युपलति क्ष्वेडोऽपि पीयूषति। विघ्नोऽप्युत्सवति प्रियत्यरिरपि क्रीडातडागत्यपां, नाथोऽपि स्वगृहत्यटव्यपि नृणां धर्मप्रभावाद् ध्रुवम्॥" इति॥ ४३४॥ अथ धर्मरहितस्य निन्दां गाथात्रयेण दर्शयति-

देवो वि धम्म-चत्तो मिच्छत्त-वसेण तरु-वरो होदि।
चक्की वि धम्म-रहिओ णिवडइ णरए ण संदेहो॥ ४३५॥

[छाया-देवः अपि धर्मत्यक्तः मिथ्यात्ववशेन तरुवरः भवति। चक्री अपि धर्मरहितः निपतति नरके न सन्देहः॥] देवोऽपि भवनव्यन्तरज्योतिष्ककल्पनिवासी सुरोऽमरः। अपिशब्दात् मनुष्यतिर्यग्जीवः। किंभूतः। धर्मत्यक्तः जिनोक्तधर्मरहितः सन् तरुवरो भवति चन्दनागरुकर्पूरकुङ्कुमसहकारद्राक्षादिरूपवृक्षवनस्पतिकायिको उपलक्षणात् पृथ्वीकायिकः अप्कायिकः पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवः हीनमनुष्यो वा भवति जायते उत्पद्यते। केन कृत्वा। मिथ्यात्ववशेन अतत्त्वश्रद्धानवशेन कुदेवकुधर्मकुगुरुकुशास्त्राराधनेन। मिथ्यादृष्टिर्देवः क्व जायते चेत्, तदुक्तं च। "देवीणं देवाणं संपज्जदि कम्मसण्णितिरियणरे। पत्तेयपुढविआऊबादरपज्जत्तगे गमणं॥" इति। तथा चक्र्यपि चक्रवर्त्यपि षट्खण्डाधिपतिः चक्रवर्ती त्रिखण्डाधिपतिरर्धचक्री वासुदेवः प्रतिवासुदेवः। अपिशब्दात् मुकुटबद्धमाण्डलिकादिकः नरः धर्मत्यक्तः, मिथ्यात्ववशेन कृत्वा नरके घर्मावंशामेघाञ्जनारिष्टामघवीमाघवीषु जायते सुभौमब्रह्मदत्तादिवत् धर्मत्यक्तः, पापं मिथ्यात्वं च संपदे संपन्निमित्तं न भवति संपदर्थं लक्ष्म्यर्थं न स्यात्॥ ४३५॥

होती हैं, विद्वान् लोग उनके निकट आकर बैठते हैं, सर्वत्र उनका यश फैलता है, धर्मका संचय होता है, पापका नाश होता है और स्वर्ग तथा मोक्षका सुख प्राप्त होता है॥' और भी कहा है- 'धर्मके प्रभावसे अग्नि भी जलरूप हो जाती है, सर्प भी माला रूप हो जाता है, व्याघ्र भी हिरनके समान हो जाता है, दुष्ट हाथी भी घोड़ेके तुल्य हो जाता है, पहाड़ भी पत्थरके टुकड़ेके तुल्य हो जाता है, विषभी अमृतके तुल्य हो जाता है, विघ्न भी उत्सवके रूपमें बदल जाता है, शत्रु भी मित्र हो जाता है, समुद्र भी तालाबके तुल्य हो जाता है, और जंगल भी अपने घरके तुल्य बन जाता है, यह निश्चित है॥४३४॥ आगे तीन गाथाओंसे धर्मरहित जीवकी निन्दा करते हैं। **अर्थ**-धर्मरहित देव भी मिथ्यात्वके वशमें होकर वनस्पतिकायमें जन्म लेता है। और धर्मरहित चक्रवर्ती भी मरकर नरकमें जाता है, क्योंकि पापसे सम्पत्तिकी प्राप्ति नहीं होती॥ **भावार्थ**-कुदेव, कुधर्म, कुगुरु और झूठे शास्त्रोंकी आराधना करनेसे मनुष्य और तिर्यञ्च की तो बात ही क्या, कल्पवासी देव भी मरकर एकेन्द्रिय हो जाता है। आगममें कहा है कि कर्मके वशसे देव और देवियाँ मरकर कर्मभूमिया तिर्यञ्च और मनुष्य होते हैं, तथा बादर पर्याप्तक पृथिवीकाय, बादर पर्याप्तक जलकाय और प्रत्येक वनस्पतिमें जन्म लेते हैं। तथा छखण्डोंका स्वामी चक्रवर्ती और तीन खण्डके स्वामी नारायण और प्रतिनारायण भी मरकर सुभौम और चक्रवर्ती ब्रह्म दत्तकी तरह मिथ्यात्वके प्रभावसे नरकमें चले जाते हैं। अतः पापसे

---

१ ब णिवडय। २ छ स ग ण संपदे होदि।

धम्म-विहूणो जीवो कुणइ असक्कं पि साहसं जइ वि।
तो ण वि पावदि इट्ठं सुट्ठु अणिट्ठं परं लहदि॥ ४३६॥

[छाया-धर्मविहीनः जीवः करोति अशक्यम् अपि साहसं यदि अपि। तत् न अपि प्राप्नोति इष्टं सुष्ठु अनिष्टं परं लभते॥] धर्मविहीनः जिनोक्तधर्मरहितो जीवः प्राणी यद्यपि असाध्यमपि साहसं करोति नौगमनपर्वतारोहणद्वीपद्वीपान्तरगमनसंग्रामप्रवेशनासिमषिकृषिवाणिज्यव्यापारप्रमुखं साहसमुद्यमं करोति। तथा असाध्यं कार्यं केनापि साधयितुमशक्यं कार्यं करोति यद्यपि यर्हि एतत् असाध्यमपि साहसं विदधाति, तो तर्हि नैव प्राप्नोति सुट्ठु अतिशयेन इष्टसुखं पुत्रकलत्रमित्रभ्रातृधनधान्यादिवाञ्छितं वस्तु, परं केवलम् अनिष्टं शत्रुसर्पदुर्जनदारिद्र्यरोगादिकं दुःखं प्राप्नोति॥ ४३६॥

इय पच्चक्खं पेच्छइ धम्माहम्माण विविह-माहप्पं।
धम्मं आयरह सया पावं दूरेण परिहरह॥ ४३७॥

[छाया-इति प्रत्यक्षं पश्यत धर्माधर्मयोः विविधमाहात्म्यम्। धर्मम् आचरत सदा पापं दूरेण परिहरत॥] सदा निरन्तरम् आदरस्व भो भव्यवरपुण्डरीक कुरुष्व त्वम्। कम्। धर्मं जिनोक्तवृषम्। दूरेण दूरतः अत्यर्थं पापं वृजिनं दुरितं यूयं परिहरत मिथ्यात्वासंयमाव्रतादिकं किल्बिषं भो भव्या यूयं सर्वथा त्यजतेत्यर्थः। किं कृत्वा। इति पूर्वोक्तप्रकारेण धर्माधर्मयोर्विविधमाहात्म्यं प्रत्यक्षं दृष्ट्वा, धर्मस्य अनेकप्रकारप्रभावमहिमास्वर्गमोक्षादिसुखप्राप्तिं प्रत्यक्षं साक्षात् दृष्ट्वा, अधर्मस्य पापस्य विविधमाहात्म्यं नरकतिर्यग्दारिद्र्यदुःखप्राप्तिं दृष्ट्वा पापं मुञ्च धर्ममादरस्व इति॥ ४३७॥ इति स्वामिकार्तिकेयकृतानुप्रेक्षायां त्रैविद्यविद्याकुशलषड्भाषाकविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रविरचितटीकायां यतिधर्मानुप्रेक्षाया वर्णनाधिकारः द्वादशः समाप्तः॥ अथ धर्मानुप्रेक्षायाश्चूलिकां व्याचक्षाणो द्वादशविधतपोविधानव्याख्यानं कार्तिकेयस्वामी वितनोति-

बारस-भेओ भणिओ णिज्जर-हेऊ तवो समासेण।
तस्स पयारा एदे भणिज्जमाणा मुणेयव्वा॥ ४३८॥

[छाया-द्वादशभेदं भणितं निर्जराहेतुः तपः समासेन। तस्य प्रकाराः एते भण्यमानाः ज्ञातव्याः॥] समासेन संक्षेपेण तपः तप्यते संतप्यते कर्मक्षयार्थं ख्यातिपूजालाभादिकमन्तरेण मुनीश्वरेण शरीरेन्द्रियाणीति। तपः कतिधा।

सम्पत्तिकी प्राप्ति नहीं हो सकती॥ ४३५॥ **अर्थ**-धर्म रहित जीव यदि अतुल साहस भी करे तो भी इष्ट वस्तुको प्राप्त नहीं कर सकता, बल्कि उल्टा अनिष्टको ही प्राप्त करता है॥ **भावार्थ**-पापी जीव ऐसा साहस भी करे जो किसी के लिये करना शक्य न हो, अर्थात् नौकासे समुद्र पार करे, दुर्लंघ्य पर्वतको लांघ जाये, द्वीपसे द्वीपान्तरको गमन करे, भयानक युद्धोंमें भाग ले, फिर भी उसे मन चाही वस्तुकी प्राप्ति नहीं होती, उल्टे शत्रु, सर्प, दुर्जन, गरीबी, रोग वगैरह अनिष्ट वस्तुओंकी ही प्राप्ति होती है॥ ४३६॥ **अर्थ**-अतः हे प्राणियों, इस प्रकार धर्म और अधर्मका अनेक प्रकार माहात्म्य प्रत्यक्ष देखकर सदा धर्मका आचरण करो और पापसे दूरही रहो॥ **भावार्थ**-धर्मका फल स्वर्ग और मोक्ष सुखकी प्राप्ति है, तथा अधर्मका फल नरकगति और तिर्यञ्च गतिके दुःखोंकी प्राप्ति है। अतः पापको छोड़ो और धर्मका पालन करो॥ ४३७॥ इस प्रकार स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षाकी टीकामें धर्मानुप्रेक्षा नामक बारहवाँ अधिकार समाप्त हुआ॥ आगे धर्मानुप्रेक्षाकी चूलिकाको कहते हुए कार्तिकेय स्वामी

---

१ ब विहीणो। २ ब जय। ३ ब तो विणु पावइ इ्ठं। ४ स पावइ। ५ ल म स ग लहइ (ई?)। ६ ल ग स पिच्छिय, म पिच्छिह (?)। ७ स धम्माधम्माण। ८ धम्माणुवेक्खा॥ बारसभेओ इत्यादि। ९ ब ग हेडं (ऊ?)। १० ब तवो।

द्वादशभेदं भणितं वक्ष्यमाणम् अनशनादिद्वादशप्रकारं कथितं जिनैरिति शेषः। द्वादशं तत्तपः निर्जराहेतुकं निर्जरया एकादश-भेदभिन्नया कर्मक्षपणकारणम्, तस्य तपसः प्रकारा भेदाः एते अनशनादयः भण्यमानाः कथ्यमानाः मन्तव्या ज्ञातव्याः। भेदाभेदरत्नत्रयाविर्भावार्थमिच्छानिरोधस्तपः, वा यदा परद्रव्याभिलाषां परिहरति तदा तपः वा, द्रव्यकर्मभावकर्मक्षयार्थं मार्गाविरोधेन साधुना, तप्यते इति तपः, वा शरीरेन्द्रियसंतापनार्थं शोषणार्थं साधुना तप्यते संतप्यते इति तपः, वा कर्मेन्धनं ताप्यते दह्यते भस्मीक्रियते इति तपः। तथा निश्चयतपोविधानमुक्तं च। "परद्रव्येषु सर्वेषु यदिच्छा तन्निवर्तनम्। तपः परममाम्नातं तन्निश्चयनयस्थितैः॥" ४३८॥ अथ तत्रानशननामतपोविधानं गाथाचतुष्केन व्याकरोति-

उवसमणो अक्खाणं उववासो वण्णिदो[1] समासेण[2]।
तम्हा भुंजंता वि य जिदिंदिया होंति उववासा॥ ४३९॥

[छाया-उपशमनम् अक्षाणाम् उपवासः वर्णितः समासेन। तस्मात् भुञ्जमानाः अपि च जितेन्द्रियाः भवन्ति उपवासाः॥] मुनीन्द्रैः प्रत्यक्षज्ञानवेदिभिः अवधिमनःपर्ययकेवलज्ञानिभिः तीर्थंकरगणधरदेवादिभिः वर्णितः व्याख्यातः। कः। उपवासः, उप-समीपे आत्मनः परमब्रह्मणः शुद्धबुद्धैकस्वरूपस्य वसतीत्युपवासः। अथवा स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दलक्षणेषु पञ्चसु विषयेषु परिहृतौत्सुक्यानि पञ्चापि इन्द्रियाणि उपेत्य आगत्य तस्मिन् उपवासे वसन्तीत्युपवासः। अशनादिचतुर्विधाहारस्य परित्यागो वा उपवासः। किमर्थमुपवासः कथितः। अक्षाणामुपशमने स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियाणां तद्विषयाणां रागद्वेषयोश्च उपशमने उपशमननिमित्तं शान्त्यर्थं निमित्तात् कर्मणि सप्तमी वाच्या। तस्मादिन्द्रियोपशमकारणात् भुञ्जमानाः भोजनं कुर्वाणाः चतुर्विधाहारं जिमन्तः गृह्णन्तः, अपिशब्दात् अभुञ्जमानाः जितेन्द्रिया जितानि इन्द्रियाणि यैस्ते जितेन्द्रियाः निर्जितपञ्चेन्द्रियमदाः इन्द्रियवशीकर्तारः उपवासाः उपवासिनो नराः सदा प्रोषधव्रतिनो भवन्ति। ये जितेन्द्रियास्ते सदोपवासिनो नरा भवन्तीत्यर्थः॥ ४३९॥

बारह प्रकारके तपका व्याख्यान करते हैं। **अर्थ**–कर्मोंकी निर्जराका कारण तप संक्षेपसे बारह प्रकारका कहा है। उसके भेद आगे कहेंगे। उन्हें जानना चाहिये॥ **भावार्थ**–ख्याति, लाभ, पूजा वगैरहकी भावनाको त्यागकर मुनीश्वरोंके द्वारा कर्मोंके क्षयके लिये जो तपा जाता है उसे तप कहते हैं। अथवा रत्नत्रयकी प्राप्तिके लिये इच्छाको रोकनेका नाम तप है। अथवा परद्रव्यकी अभिलाषाको दूर करनेका नाम तप है। अथवा शरीर और इन्द्रियोंका दमन करनेके लिये साधुके द्वारा जो तपा जाता है वह तप है। अथवा जिसके द्वारा कर्म रूपी ईंधनको जलाकर भस्म किया जाता है वह तप है। कहा भी है–'समस्त परद्रव्योंकी इच्छाको रोकनाही निश्चयसे उत्कृष्ट तप कहा है॥' संक्षेपसे उस तपके बारह भेद कहे हैं। अनशन, अवमोदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन और कायक्लेश ये छः प्रकारका बाह्य तप है। और प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान, ये छः प्रकारका अभ्यन्तर तप है। इनका स्वरूप आगे कहेंगे॥ ४३८॥ प्रथमही चार गाथाओंसे अनशन नामक तपका वर्णन करते हैं। **अर्थ**–तीर्थङ्कर, गणधर देव आदि मुनीन्द्रोंने इन्द्रियोंके उपशमनको (विषयोंमें न जाने देने को) उपवास कहा है। इस लिये जितेन्द्रिय पुरुष आहार करते हुए भी उपवासी है॥ **भावार्थ**–शुद्ध बुद्ध स्वरूप आत्माके उप अर्थात् समीपमें वसनेका नाम उपवास है। और आत्माके समीपमें वसनेके लिये पाँचों इन्द्रियोंका दमन करना आवश्यक है, तथा इन्द्रियोंके दमनके लिये चारों प्रकारके आहारका त्याग करना आवश्यक है, क्यों कि जो भोजनके लोलुपी होते हैं उनकी इन्द्रियाँ उनके वशमें नहीं होती, बल्कि वे स्वयं इन्द्रियोंके दास

---

१ ब वण्णिओ। २ ल म स ग मुणिंदेहिं।

जो मण-इंदिय-विजई इह-भव-पर-लोय-सोक्ख-णिरवेक्खो ।
अप्पाणे विय णिवसइ सज्झाय-परायणो होदि ॥ ४४० ॥

[छाया-यः मनइन्द्रियविजयी इहभवपरलोकसौख्यनिरपेक्षः । आत्मनि एव निवसति स्वाध्यायपरायणः भवति ॥] स भव्यजनः स्वाध्यायपरायणो भवति । स्वाध्याये वाचनाप्रच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशलक्षणे पञ्चप्रकारे परायणः तत्परः सावधानः एकत्वं गतः । स कः । यो भव्यजनः आत्मन्येव शुद्धबुद्धचिदानन्दैकरूपशुद्धचिद्रूपाभेदरत्नत्रयरूपपरमानन्दे परमात्मनि स्वात्मनि निवसति निवासं करोति तिष्ठति ध्यानेन एकत्वं गच्छति, स्वस्वरूपसुखामृतम् अनुभवति स भव्यः स्वाध्यायपरायणः । कीदृग्विधो भव्यः । मनइन्द्रियविजयी मनः मानसं चित्तम्, इन्द्रियाणि स्पर्शनादीनि तेषां विजयी जेता वशीकारकः इन्द्रियमनोव्यापारविरहितः । पुनः कथंभूतः । यो भव्यः इहभवपरलोकसौख्यनिरपेक्षः, इहभवभुज्यमानायुष्यजन्म परलोक अग्रे प्राप्यमानस्वर्गादिभवः द्वन्द्वः तयोः सौख्यानि, शरीरपोषणमृष्टाहारग्रहणयुवतिसेवनमानपूजालाभादीनि विमानाप्सरोदेवसेवादीनि च तेषु निरपेक्षः निःस्पृहः वाञ्छारहितः । दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकाङ्क्षारूपनिदानबन्धःख्यातिपूजामहत्त्वलाभादिरहित इत्यर्थः ॥ ४४० ॥

कम्माण णिज्जरट्ठं आहारं परिहरेइ लीलाए ।
एग-दिणादि[1]-पमाणं तस्स तवं अणसणं होदि ॥ ४४१ ॥[4]

[छाया-कर्मणां निर्जरार्थम् आहारं परिहरति लीलया । एकदिनादिप्रमाणं तस्य तपः अनशनं भवति ॥] तस्य भव्यस्य पुंसः अनशनं तपो भवति । न विधीयते अशनं भोजनं चतुर्विधाहारं यस्मिन्निति तदनशनम्, अशनपानखाद्यलेह्यादिपरिहरणम् अनशनाख्यं तपः स्यात् । तस्य कस्य । यो भव्यः लीलया अक्लेशेन स्वशक्त्या आहारं चतुर्विधं भोज्यम्

होते हैं । और जो इन्द्रियोंके दास होते हैं वे अपनी शुद्ध बुद्ध आत्मासे कोसों दूर बसते हैं । अतः स्पर्श, रस, गन्ध, रूप और शब्द इन पाँचों विषयोंकी ओर अपनी अपनी उत्सुकता छोड़कर पाँचों इन्द्रियोंका शान्त रहना ही वास्तवमें सच्चा उपवास है और इन्द्रियोंको शान्त करनेके लिये चारों प्रकारके आहारका त्याग करना व्यवहारसे उपवास है। अतः जिन्होंने अपनी इन्द्रियोंको जीतकर वशमें कर लिया है वे मनुष्य भोजन करते हुए भी उपवासी हैं । सारांश यह है कि जितेन्द्रिय मनुष्य सदा उपवासी होते हैं, अतः इन्द्रियोंको जीतनेका प्रयत्न करना चाहिये ॥ ४३९ ॥ **अर्थ**-जो मन और इन्द्रियोंको जीतता है, इस भव और परभवके विषयसुखकी अपेक्षा नहीं करता, अपने आत्मस्वरूपमें ही निवास करता है और स्वाध्यायमें तत्पर रहता है ॥ **भावार्थ**-सच्चा उपवास करने वाला वही है जो मन और इन्द्रियोंको अपने वशमें रखता है, इस लोक और परलोकके भोगोंकी इच्छा नहीं रखता अर्थात् इस लोकमें ख्याति लाभ और मन प्रतिष्ठाकी भावनासे तथा आगामी जन्ममें स्वर्ग लोककी देवांगनाओंको भोगनेकी अभिलाषासे उपवास नहीं करता, तथा जो शुद्ध चिदानन्द स्वरूप परमात्मामें अथवा स्वात्मामें रमता है और अच्छे अच्छे शास्त्रोंके अध्ययनमें तत्पर रहता है ॥ ४४० ॥ **अर्थ**-उक्त प्रकारका जो पुरुष कर्मोंकी निर्जराके लिये एक दिन वगैरहका परिमाण करके लीला मात्रसे आहारका त्याग करता है उसके अनशन नामक तप होता है ॥ **भावार्थ**-ऊपरकी गाथामें जो विशेषताएं बतलाई हैं विशेषताओंसे युक्त जो महापुरुष कर्मोंका एक देशसे क्षय करनेके लिये एक दिन, दो दिन आदिका नियम लेकर बिना किसी कष्टके

---

१ ब सुक्ख । २ ब वि णिवसइ । ३ ब एकदिणाइ । ४ ब अणसणं ॥ उववासं इत्यादि ।

एकदिनादिप्रमाणम् एकद्वित्रिचतुःपञ्चषट्सप्ताष्टनवदशादिदिवसपक्षमासऋत्वयनवर्षपर्यन्तं परिहरति चतुर्विधाहारं त्यजति। किमर्थम्। कर्मणां निर्जरार्थं ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाणाम् अष्टकर्मप्रकृतीनां निर्जरार्थं गलनार्थं क्षयार्थम्, एकदेशकर्मक्षयनिमित्तम्। तथाहि वसुनन्दियत्याचारे "इत्तिरियं जावज्जीवं दुविहं पुण अणसणं मुणेदव्वं। इत्तिरियं साकंखं णिरावकंखं हवे बिदियं॥" अनशनं पुनरित्वरिय-यावज्जीवभेदाभ्यां द्विविधं ज्ञातव्यम्, इत्तिरियं साकांक्षं कालादिभिः सापेक्षम्, एतावन्तं कालमहमनशनादिकमनुतिष्ठामीति, निराकांक्षं भवेत् द्वितीयं यावज्जीवम् आमरणान्तादपि न सेवनम्। साकांक्षानशनस्य स्वरूपमाह "छट्ठट्ठमदसमदुवालसेहि मासद्धमासखमणाणि। कणगेगावलिआदीतवोविहाणाणि णाहारे॥" अहोरात्रमध्ये द्वे भक्तवेले तत्रैकस्यां भक्तवेलायां भोजनमेकस्यां परित्यागः एकभक्तः। चतसृणां भक्तवेलानां परित्यागश्चतुर्थ एकोपवासः। षण्णां भक्तवेलानां त्यागः षष्ठो द्विदिनपरित्यागः। द्वौ उपवासौ। अष्टानां परित्यागः अष्टमः त्रयः उपवासाः। दशमः चत्वारः उपवासाः, द्वादशः पञ्चोपवासाः। आवलीशब्दः प्रत्येकम्, कनकावलीमुरजमध्यविमानपङ्क्तिसिंहविक्रीडितादीनि। अनाहारः अनशनं षष्ठाष्टमदशमद्वादशैर्मासार्धमासादिभिश्च यानि क्षमणानि कनकैकावल्यादीनि च यानि तपोविधानानि, तानि सर्वाण्यनाहारः यावत् उत्कृष्टेन षण्मासास्तत्सर्वं साकाक्षमनशनमिति। तथा चारित्रसारे। दृष्टफलं मन्त्रसाधनाद्यनुद्दिश्य क्रियमाणमुपवसनम् अनशनमित्युच्यते। तत् किमर्थम्। प्राणीन्द्रियसंयमरागद्वेषाद्युच्छेदबहुकर्मनिर्जरणशुभध्यानादिप्राप्त्यर्थम्। सकृद्भोजनचतुर्थषष्ठाष्टमदशमद्वादशपक्षमासऋतुअयनसंवत्सरेषु अशनपानखाद्यस्वाद्यलक्षणचतुर्विधाहारनिवृत्तिः॥४४१॥

उववासं कुव्वाणो आरंभं जो करेदि मोहादो।
तस्स किलेसो अपरं कम्माणं णेव णिज्जरणं॥४४२॥

छाया-[उपवासं कुर्वाणः आरम्भं यः करोति मोहतः। तस्य क्लेशः अपरं कर्मणां नैव निर्जरणम्॥] तस्य प्रोषधव्रतिनः पुंसः क्लेशः क्षुधातृषादिबाधया कायक्लेशः श्रमः निरर्थः निष्फलः। अपरम् अन्यच्च तस्य कर्मणां निर्जरणं

प्रसन्नता पूर्वक अशन, पान, खाद्य और लेह्यके भेदसे चारों प्रकारके भोजनको छोड़ देता है वही अनशन तपका धारक है। वसुनन्दि यत्याचारमें कहा है--अनशन दो प्रकारका होता है, एक साकांक्ष और एक निराकांक्ष। 'इतने काल तक मैं अनशन करूँगा' इस प्रकार कालकी अपेक्षा रखकर जो अनशन किया जाता है उसे साकांक्ष अनशन कहते हैं, और जीवन पर्यन्तके लिये जो अनशन किया जाता है उसे निराकांक्ष अनशन कहते हैं। साकांक्ष अनशनका स्वरूप इस प्रकार कहा है--एक दिनमें भोजनकी दो वेला होती है। उसमेंसे एक वेला भोजन करे और एक वेला भोजनका त्याग करे, इसे एकभक्त कहते है। चार वेला भोजनका त्याग करनेको चतुर्थ कहते हैं, यह एक उपवास है। छ वेला भोजनका त्याग करनेको षष्ठ कहते है, यह दो उपवास हैं। इसी प्रकार आठ वेला भोजनका त्याग करनेको अष्टम कहते हैं, यह तीन उपवास हैं। दस वेला भोजनका त्याग करनेको दशम कहते हैं। दशम अर्थात् चार उपवास। बारह वेला भोजनका त्याग करनेको द्वादश कहते हैं। द्वादश नाम पाँच उपवासका है। इसी तरह एक मास और अर्धमास आदि तक भोजनको त्यागना तथा कनकावली एकावली आदि तप करना साकांक्ष अनशन है। साकांक्ष अनशन उत्कृष्टसे छः महीना तक किया जाता है। चारित्रसारमें भी लिखा है--मंत्र साधन आदि लौकिक फलकी भावनाको त्यागकर प्राणिसंयम, इन्द्रियसंयम, राग द्वेषका विनाश, कर्मोंकी निर्जरा और शुभध्यान आदिकी सिद्धिके लिये एक बार भोजन करना, या चतुर्थ, षष्ठ, अष्टम, दशम, द्वादश, पक्ष, मास, ऋतु, अयन और संवत्सरमें चारों प्रकारके आहारका त्याग करना अनशन है॥ ४४१॥ **अर्थ--**जो उपवास करते हुए मोहवश

निर्जरा नैव जायते । ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मणां निर्जरा गलनं न भवतीत्यर्थः । तस्य कस्य । यः जन्तुः पुमान् उपवासम् उपवसत्वं क्षपणां कुर्वाणः सन् विदधाति करोति । कम् । आरम्भम् असिमषिकृषिवाणिज्यव्यापारखण्डनीपेषणीचुल्लीजल-कुम्भगालनप्रमार्जनवस्त्रक्षालनगृहलिम्पनादिप्रारम्भं कुर्वन् उपवासादिकः कायक्लेशः । कुतः । मोहात् मोहनीयकर्मोदयात् ममत्वात् अज्ञानत्वात् । उक्तं च । "कषायविषयाहारत्यागो यत्र विधीयते । उपवासः स विज्ञेयः शेषं लङ्घनकं विदुः ॥" "मोहात् द्रविणं भवनं मे मे युवतिः सुताश्च मे मे मे । इति मे मे मे कुर्वन् पशुरिव बद्धोऽस्ति संसारे ॥" इति ॥ ४४२ ॥ अथावमोदर्यतपोविधानं गाथाद्वयेन प्ररूपयति–

आहार-गिद्धि-रहिओ चरिया[1]-मग्गेण पासुगं[2] जोग्गं[3] ।
अप्पयरं जो भुंजइ अवमोदरियं[4] तवं तस्स ॥ ४४३ ॥

[छाया–आहारगृद्धिरहितः चर्यामार्गेण प्रासुकं योग्यम् । अल्पतरं यः भुङ्क्ते अवमोदर्यं तपः तस्य ॥] तस्य मुनेः भिक्षोः अवमोदर्यम् अवमोदर्याख्यं द्वितीयतपोविधानं भवेत् । तस्य कस्य । यो भिक्षुः अल्पतरमाहारं स्तोकतरं तुच्छम् आत्मीयप्रकृत्यौदनस्याहारस्य चतुर्भागेनार्धेन ग्रासेन वा ऊनाहारं भोजनं भुङ्क्ते अत्यश्नाति । कीदृक्षमाहारं भुङ्क्ते । प्रासुकं मनोवचनकायेन कृतकारितानुमोदितादिदोषरहितम् उद्गमोत्पादैषणेङ्गालदोषरहितं वा । पुनः कीदृक्षम् आहारम् । योग्यं यतीनां ग्रहणोचितम् । "णहरोमजंतुअट्ठीकणकुंडयरुहिरमंसचम्माणि । कंदफलमूलबीया छिण्ण मला चउदसा होंति ॥" इति चतुर्दशमलरहितं भोजनं योग्यमुचितम् । केन कृत्वाहारं भुङ्क्ते । चर्यामार्गेण यत्युक्ताहारप्रवृत्त्या सत्या-चारोक्तस्थितिभोजनैकभक्तचतुरङ्गुलपादाग्रान्तरालमौनस्थद्वात्रिंशदन्तरायरहितादिप्रवर्तनेन आहारं भुंक्ते । कथंभूतो भिक्षुः । आहारगृद्धिरहितः आहारस्य भोजनस्य गृद्धपक्षिवत् गृद्धिः अत्यासक्त्या मृष्टरसाद्याकांक्षा तया रहितः । तद्यथा भगवत्या-राधनायाम् । "बत्तीसं किर कवला आहारो कुक्खिपूरणो होइ । पुरिसस्स महिलिआए अट्ठावीसं हवे कवला ॥" पुरुषस्य कुक्षिपूरणो भवत्याहारः द्वात्रिंशत्कवलमात्रः, सहस्रतण्डुलैः कृत्वा एककवलमात्रः, तादृग्द्वात्रिंशत्कवलमात्रं ३२ नरस्य स्वाभाविकाहारो भवतीत्यर्थः । महिलायाः स्त्रियाः कुक्षिपूरणो भवत्याहारः अष्टाविंशतिकवलमात्रः । ततः तस्मादा-हारात् "एकुत्तरसेढीए जाव य कवलो वि होदि परिहीणो । अवमोदरियतवो सो अद्धकवलमेगसित्थं च ॥" एक कवलोत्तरश्रेण्या परिहीनः द्वात्रिंशत्कवलेभ्यः ३२ एकैककवलेनोनं ३१ द्वाभ्यां ३० त्रिभिः २९ चतुर्भिः २८ पञ्चभिः २७ इत्येवं यावत् एककवलः शेषः २६ । २५ । २४ । २३ । २२ । २१ । २० । १९ । १८ । १७ । १६ । १५ । १४ । १३ । १२ । ११ । १० । ९ । ८ । ७ । ६ । ५ । ४ । ३ । २ । १ ॥ ततः अर्धकवलं तस्य अर्धकवलं

आरम्भको करता है, उसके लिये यह एक और कष्ट तो हुआ किन्तु कर्मोंकी निर्जरा नहीं हुई ॥ **भावार्थ**–जो मनुष्य अथवा स्त्री मोह अथवा अज्ञानके वशीभूत होकर उपवासके दिन असि, मषि, कृषि, सेवा, व्यापार, आदि उद्योगोंको तथा पीसना, कूटना, पानी भरना, चूल्हा जलाना, झाड़ू देना, कपड़े धोना, घर लीपना आदि आरंभको करता है वह उपवास करके भूख प्यासकी बाधासे केवल अपने कष्टको ही बढ़ाता है । कहा भी है–जिसमें विषय कषाय रूपी आहारका त्याग किया जाता है वही उपवास है, केवल भोजनका त्याग करना तो लंघन है ॥ ४४२ ॥ आगे दो गाथाओंसे अवमोदर्य तपको कहते हैं । **अर्थ**–जो आहारकी तृष्णासे रहित होकर शास्त्रोक्त चर्याके मार्गसे थोड़ासा योग्य प्रासुक आहार ग्रहण करता है उसके अवमोदर्य तप होता है ॥ **भावार्थ**–जो साधु आहारमें अति आसक्ति नहीं रखता और ईर्यासमिति पूर्वक श्रावकके घर जाकर, उसके पड़गाहने पर दिनमें एक बार खड़े होकर तथा भोजनके बत्तीस अन्तराय टालकर चौदह प्रकारके मलसे रहित भोजन एक चौथाई अथवा आधा ग्रास कम खाता है उसके अवमोदर्य तप होता है । भगवती आराधनामें कहा है–मनुष्यका

---

१ ल चरिआ । २ ब पासुकं योग्गं । ३ क ग जोग्गं । अवमोदरियं तवं होदि तस्स भिक्खु ॥ ४ म अवमोदरियं ।

तवर्ध यावत् एकसिक्थकं सिक्थम् अवशिष्टम् आहारस्याल्पतोपलक्षणमिति अवमोदर्याख्यं तपोविधानं स्यात्। किमर्थं-मवमोदर्यवृत्तिरनुष्ठीयते इति पृष्टे उत्तरमाह। "धम्मे वासयजोगे णाणादीए उवग्गहं कुणदि। ण य इंदियप्पदोसयरी उवमोदरितवोवुत्ती ॥" अवमोदर्यतपोवृत्तिः धर्मे क्षमादिलक्षणे दशप्रकारे आवश्यकक्रियासु समतादिषु षट्सु योगेषु वृक्षमूलादिषु ज्ञानादिके पठनपाठनादिके स्वाध्याये चारित्रे च उपग्रहं करोति न चेन्द्रियप्रद्वेषकारी। न चावमोदर्यवृत्त्या इन्द्रियाणि प्रद्वेषं गच्छन्ति किंतु वशे तिष्ठन्तीति। बह्वाशी यतिः धर्मं नानुतिष्ठति, आवश्यकक्रियाश्च न संपूर्णाः पालयति, त्रिकालयोगं च न क्षेमेण मानयति, स्वाध्यायध्यानादिकं च न कर्तुं शक्नोति, तस्य इन्द्रियाणि च स्वेच्छाकारीणि न भवन्ति(?)। निद्राजयः वातपित्तश्लेष्मादिशान्तिश्च भवति ॥ ४४३ ॥

जो पुणु कित्ति-णिमित्तं [1]मायाए मिट्ठ-भिक्ख-लाहट्ठं।
अप्पं भुंजदि भोज्जं तस्स तवं णिप्फलं बिदियं ॥ ४४४ ॥

[छाया–यः पुनः कीर्तिनिमित्तं मायया मिष्टं भिक्षालाभार्थम्। अल्पं भुङ्क्ते भोज्यं तस्य तपः निष्फलं द्वितीयम् ॥] तस्य भिक्षोः द्वितीयं तपोविधानम् अवमोदर्याख्यं निष्फलं फलरहितं निरर्थकं वृथा भवेत्। तस्य कस्य। यो भिक्षुः भोजनमाहारम्, अल्पतरं स्तोकतरम् एकसिक्थमारभ्य एकात्रिंशत्कवलपर्यन्तं भुङ्क्ते वल्भते अत्ति अश्नाति। स्तोकतरं भोजनं करोति। किमर्थम्। कीर्तिनिमित्तम्। अनेन तपसा मम यशो महिमा ख्यातिः कीर्तिः प्रशंसा पूजालाभादिकं जायते इति यशोनिमित्तम्। पुनः अनु च किमर्थम् अल्पं भोज्यं भुंक्ते। मायया पाषण्डेन लोकप्रतारणार्थम्। पुनः अनु च किमर्थं स्तोकं भोजनं भुङ्क्ते। मृष्टभिक्षालाभार्थं मृष्टान्नमोदकपक्वान्नशर्करादिप्राप्तिनिमित्तम्। तस्य तपो वृथेति ॥ ४४४ ॥ अथ वृत्तिपरिसंख्यानं तपोविधानं प्ररूपयति–

[2]एगादि-गिह-पमाणं किच्चा[3] संकप्प-कप्पियं विरसं।
भोज्जं पसु व्व भुंजदि वित्ति-पमाणं तवो[4] तस्स ॥ ४४५ ॥

[छाया–एकादिगृहप्रमाणं कृत्वा संकल्पकल्पितं विरसम्। भोज्यं पशुवत् भुङ्क्ते वृत्तिप्रमाणं तपः तस्य ॥] तस्य भिक्षोः वृत्तिप्रमाणं वृत्तिपरिसंख्याख्यं तपोविधानं भवति। वृत्तेः प्रमाणं परिसंख्या वृत्तिपरिसंख्या। स्वकीयतपोविशेषेण

स्वाभाविक आहार बत्तीस ग्रास होता है और स्त्रीका स्वाभाविक आहार अट्ठाईस ग्रास होता है। अर्थात् एक हजार चावलका एक ग्रास होता है। और बत्तीस ग्रासमें मनुष्यका तथा अट्ठाईस ग्रासमें स्त्रीका पेट भर जाता है। उनमेंसे एक एक ग्रास घटाते घटाते एक ग्रास तक ग्रहण करना और उसमेंसे भी आधा ग्रास, चौथाई ग्रास या एक चावल ग्रहण करना अवमोदर्य तप है। अवमोदर्य तपके करनेसे इन्द्रियाँ शान्त रहती हैं, त्रिकाल योग शान्तिपूर्वक होता है, आवश्यक क्रियाओंमें हानि नहीं होती, स्वाध्याय ध्यान वगैरहमें आलस्य नहीं सताता, वात, पित्त और कफ शान्त रहते हैं, तथा निद्रापर विजय प्राप्त होती है ॥ ४४३ ॥ **अर्थ**–जो मुनि कीर्तिके लिये तथा मिष्ट भोजनकी प्राप्तिके लिये मायाचारसे अल्प भोजन करता है उसका अवमोदर्य तप निष्फल है ॥ **भावार्थ**–थोड़ा भोजन करनेसे लोग मेरी प्रशंसा करेंगे, पूजा करेंगे, मुझे लड्डू आदि अनेक प्रकारके मिष्टान्न खिलायेंगे, ऐसा विचार कर लोगोंको ठगनेके लिये जो मुनि अल्प भोजन करता है उसका अल्प भोजन करना निरर्थक है, वह अवमोदर्य नामका तप नहीं है ॥ ४४४ ॥ आगे वृत्तिपरिसंख्यान तपको कहते हैं। **अर्थ**–जो मुनि आहारके लिये जानेसे पहले अपने मनमें ऐसा संकल्प कर लेता है कि आज एक घर या दो घर तक

---

१ ब मायाये मिट्ठभक्खलाहट्ठ, क ग मिट्ठिभिक्खलाहिट्ठं, म लाहिट्ठ, स मिट्ठिभिक्ख। २ ब एयादि, स एमादि। ३ क ग किंवा। ४ ब तओ।

रसरुधिरमांसशोषणद्वारेणेन्द्रियसंयमं परिपालयतो भिक्षार्थिनो मुनेः एकगृहसप्तगृहैकमार्गार्धदायकभाजनभोजनादिविषयः संकल्पो वृत्तिः परिसंख्यानम्, आशानिवृत्त्यर्थं वा, गृहदायकभोजनकालादीनां परिसंख्यानपूर्वकोऽवग्रहो नियमः वृत्तिः। आहारादौ प्रवर्तनं तस्याः प्रमाणं संख्या मर्यादा, अस्मिन् मार्गे अस्मिन् गृहे अनेन दीयमानं भोज्यं भोक्ष्यामि इत्यादिसंकल्पेन मर्यादा। तस्य कस्य। यः मुनिः भुङ्क्ते अत्ति अश्नाति। किं तत्। भोज्यं आहारम्। कीदृशम्। एकादिगृहप्रमाणम्। एकस्मिन् गृहे द्वयोर्गृहयोः त्रिषु गृहेषु वा इत्यादिप्रमाणं परिसंख्यां मर्यादां विधाय अहम् आहारं भोक्ष्यामि, तदाहं भुञ्ज्ये भोजनं करिष्यामीति। अन्यथा न इत्यादिप्रमाणं यत्र भोज्ये किंवा अथवा संकल्पकल्पितं मनसा संकल्पितं विरसं विगतरसं रसरहितं नीरसम्। किंवत्। पशुवत् यथा हावभावविभ्रमशृङ्गारमण्डितनवयौवनिककामिनी गोः धेनोः तृणखलकर्पासादिकं ददाति। सा गौः अधोमुखेन तृणादिकमत्ति। न तु कामिन्यादिकावलोकनेन प्रयोजनम्। तथा भिक्षुर्भिक्षावलोकनमधोमुखेन करोति, न तु कामिन्यादिकावलोकनेन प्रयोजनं न तु परावरलोकनं गोवत् गोचर्यामार्गेण वा सुस्वादुनिःस्वादुभिक्षां नावलोकते॥ तद्यथा। यत्याचारे। "गोयरपमाण-दायगभाजणणाणाविधाण जं गहणं। तह एसणस्स गहणं विविधस्स य वुत्तिपरिसंखा॥" गोचरस्य प्रमाणं गोचरप्रमाणं गृहप्रमाणं एतेषु एकद्वित्रिकादिषु गृहेषु प्रविशामि नान्येषु बहुषु। अस्य गृहस्य परिकरतयावस्थितां भूमिं प्रविशामि न गृहमित्यभिग्रहः। पाटकस्य संख्यां पाटकस्य गृहस्य संख्यां च करोति। दायको दातारः स्त्रियैव तत्रापि बालया युवत्या स्थविरया निरलंकारया ब्राह्मण्या राजपुत्र्या, तथा एवंविधेन पुरुषेण इत्येवमादि-अवग्रहः। भाजनानि एवंभूतेन भाजनेनैवानीतं गृह्णामि सौवर्णेन कांस्यभाजनेन राजतेन मृण्मयेनेत्यादि अभिग्रहः। यन्नानाविधानं नानाकारणं तस्य ग्रहणं स्वीकरणम्। मार्गे गृहाङ्गणे च स्थितोऽहं कोऽपि मां प्रतिगृह्णाति तदाहं तिष्ठामीति। तथा अनशनस्य विविधस्य नानाप्रकारस्य यद्ग्रहणम् अवग्रहोपादानम्। अद्य यवान्नं प्रासुकं भोक्ष्ये नान्यत्। अथवाद्य मण्डकान्

जाऊँगा अथवा नीरस आहार मिलेगा तो आहार ग्रहण करूँगा और वैसा आहार मिलनेपर पशुकी तरह उसे चर लेता है, उस मुनिके वृत्तिपरिसंख्यान तप होता है॥ **भावार्थ**–तपस्वी मुनि धर्म पालनके लिये शरीरकी रक्षा करना आवश्यक समझते हैं, अतः वे शरीरको बनाये रखनेके लिये दिनमें एक बार श्रावकोंके घरकी तरफ जाते हैं और विधिपूर्वक भोजन मिलता है, तो उसे ग्रहण कर लेते हैं। सारांश यह है कि वे भोजनके लिये नहीं जीते किन्तु जीनेके लिये भोजन करते हैं। अतः वे भोजनके लिये जानेसे पहले अपने मनमें अनेक प्रकारके संकल्प कर लेते हैं। जैसे, आज मैं भोजनके लिये एक घर या दो घर ही जाऊँगा, या एक मार्ग तक ही जाऊँगा दूसरा मार्ग नहीं पकडूँगा, या अमुक प्रकारका दाता अथवा अमुक प्रकारका भोजन मिलेगा तो भोजन करूँगा, अन्यथा बिना भोजन किये ही लौट आऊँगा। इस प्रकारकी वृत्तिके परिसंख्यान अर्थात् मर्यादाको वृत्तिपरिसंख्यान तप कहते हैं। यह तप भोजनकी आशासे मनको हटानेके लिये किया जाता है। इस तपके धारी मुनि अपने किये हुए संकल्पके अनुसार भोजनके मिलनेपर उसे पशुकी तरह चर जाते हैं। अर्थात् जैसे गौको यदि हावभावसे युक्त, शृङ्गार किये हुए कोई सुन्दर तरुणी घास चारा देती है तो गौ नीचा मुख किये हुए उस चारेको चर जाती है, तरुणीके सौन्दर्यकी ओर नहीं निहारती। वैसे ही साधु भी नीचा मुख किये हुए अपने हस्तपुटमें दिये हुए आहारको खाता है, देनेवालेके सौन्दर्यकी ओर अथवा भोजनके स्वादकी ओर ध्यान नहीं देता। यत्याचारमें कहा भी है–'घरोंका प्रमाण करना कि मैं भोजनके लिये एक या दो या तीन आदि घर जाऊँगा, इससे अधिक घरोंमें नहीं जाऊँगा। भोजन देनेवाले दाताका प्रमाण करना कि भोजन देनेवाला पुरुष अथवा स्त्री अमुक प्रकारकी होगी तो भोजन करूँगा अन्यथा नहीं करूँगा। भोजनका प्रमाण करना कि अमुक प्रकारके पात्रमें लाये हुए भोजनको ही ग्रहण करूँगा।

भोक्ष्ये, ओदनं वा ग्रहीष्यामि, शाकाद्यमिदं मिलिष्यति तदा भोक्ष्ये नान्यत्, चणकवल्लमुद्गमाषमसूरिकादीनि अन्नानि भक्षयामीति नान्यत्, यदेवमाद्यवग्रहं तत्सर्वं वृत्तिपरिसंख्यानमिति । तथा । "पत्तस्स दायगस्स य अवग्गहो बहुविहो ससत्तीए । इच्चेवमादिविधिणा णादव्वा वुत्तिपरिसंखा ॥" इति ॥ ४४५ ॥ अथ रसपरित्यागं तपोविधानमाह–

संसार-दुक्ख-तट्ठो विस-सम-विसयं[1] विचिंतमाणो[2] जो ।
णीरस-भोज्जं भुंजइ रस-चाओ तस्स सुविसुद्धो ॥ ४४६ ॥

[छाया–संसारदुःखत्रस्तः विषसमविषयं विचिन्तयन् यः । नीरसभोज्यं भुङ्क्ते रसत्यागः तस्य सुविशुद्धः ॥] तस्य भिक्षोः रसत्यागः स्वशरीरेन्द्रियरागादिवृद्धिकरदुग्धदधिघृतगुडतैलादिरसानां त्यागः त्यजनं रसपरित्यागः, स्वामिलषित-स्निग्धमधुराम्लकटुकादिरसपरिहारो वा रसत्यागः । घृतादिरसानां क्रमेण युगपद्वा त्यजनं चतुर्थं रसपरित्यागाख्यं तपो भवेत् । कथंभूतो रसत्यागः । सुविशुद्धः मिश्रादिदोषरहितः । तस्य कस्य । यः भिक्षुः भुङ्क्ते अत्ति अश्नाति जेमति । किं तत् । नीरसं भोज्यं रसरहितं भोजनमाहारं दुग्धदधिघृततैलेक्षुरसलवणरहितं भोज्यम् । घृतपूरलड्डुकखाद्यादिरहितं रससंसृष्टसूपापूपशाकपाकपक्वान्नवटकमण्डकादिरहितं तिक्तकटुकषायाम्लमधुररसरहितं च भोजनं भुङ्क्ते । उक्तं च मूलाचारे । "खीरदधिसप्पितेलं गुडलवणाणं च जं परिच्चयणं । तित्तकडुकसायंबिलमधुररसाणं च जं चयणं ॥" इति । कीदृग्विधो भिक्षुः सन् । संसारदुःखत्रस्तः चतुर्गतिलक्षणसंसारदुःखात् त्रासं संत्रासं भयं गच्छन् पञ्चसंसारदुःखेभ्यः भीरुः कातरः कम्पित-देहो वा । अपि पुनः किंभूतः साधुः । विषसमविषयं विचिन्तयन् हालाहलनालकूटविषसदृशपञ्चेन्द्रियाणां सप्तविंशतिविषयान् चिन्तयन् स्मरन् । रसपरित्यागिना तपस्विना तर्हि कीदृशं भोजनं भोक्तव्यम् । "अरसं च अण्णवेलाकदं च सुद्धोदणं च लुक्खं च । आयंबिलमायामोदणं च विगडोदणं चेव ॥" अरसं स्वादरहितम्, अन्यवेलाकृतं वेलान्तरकृतं शीतलान्नम् शुद्धोदनं केनचित् अमिश्रम्, रूक्षं स्निग्धतारहितम् आचाम्लमसंस्कृतसौवीरमिश्रम्, आचाम्लोदनं अप्रचुरजलं सिक्थाढ्यं केचिद्वदन्ति । अवस्रावणसहितं इत्यन्ये । विगडोदनम् अतीव तीव्रपक्वम् उष्णोदकसन्मिश्रान्नम् इत्यपरे । तत् किमर्थं रसत्यागः । दान्तेन्द्रियत्वं तेजोहानिः संयमः अतिचारादिदोषनिवृत्तिरित्येवमाद्यर्थम् ॥ ४४६ ॥ अथ विविक्तशय्यासनं तपश्चरणं गाथात्रयेण प्राह–

तथा भोज्यका प्रमाण करना कि आज प्रासुक यवान्न मिलेगा तो भोजन करूंगा, अन्यथा नहीं करूंगा, या प्रासुक मांड, या शाक या भात मिलेगा तो भोजन करूंगा, अन्यथा नहीं करूंगा । इस प्रकारके संकल्प करनेको वृत्तिपरिसंख्यान कहते हैं ।' संकल्पके अनुसार भोजनका योग मिलना दैवाधीन है। अतः यह बड़ा कठिन तप है ॥ ४४५ ॥ आगे रसपरित्याग तपको कहते हैं । **अर्थ**–संसारके दुःखोंसे संतप्त जो मुनि इन्द्रियोंके विषयोंको विषके समान मानकर नीरस भोजन करता है उसके निर्मल रस परित्याग तप होता है ॥ **भावार्थ**–शरीर और इन्द्रियोंमें रागादिको बढ़ाने वाले घी, दूध, दही, गुड़, तैल आदि रसोंके त्यागको रस परित्याग कहते हैं । अथवा अपनेको अच्छे लगनेवाले स्निग्ध, मधुर, खट्टा, कडुआ आदि रसोंके त्यागको रसपरित्याग कहते हैं । इन रसोंका त्याग क्रमसे अथवा एक साथ किया जाता है । मूलाचारमें कहा है–'दूध, दही, घी, तेल, गुड़, और नमकका छोड़ना अथवा तीता, कडुआ, कसैला खट्टा, और मीठा रसका छोड़ना रसपरित्याग है ॥' रसपरित्यागसे इन्द्रियोंका दमन होता है, क्यो कि सभी रस मादक और उत्तेजक होते हैं । इसीसे साधुको कैसा भोजन करना चाहिये यह बतलाते हुए लिखा है–जो नीरस हो, तुरंतका बनाया हुआ गर्मागर्म न हो अर्थात् शीतल होगया हो, दालभात या दालरोटी इस तरह मिला हुआ न हो, अकेला भात हो, अकेली रोटी हो, अकेली दाल या अकेला शाक हो, रूखा हो, आचाम्ल (माड़िया) हो या आचाम्ल ओदन (गर्म पानीमें मिले हुए खूब पके चावल) हो इस तरहका भोजन साधुके लिये करने योग्य है ॥४४६॥

[1] स विसए । [2] ब विसयं वि चिंतमाणो ।

जो राय-दोस-हेदू आसण-सिज्जादियं परिच्चयइ ।
अप्पा णिव्विसय सया तस्स तवो पंचमो परमो ॥ ४४७ ॥

[छाया-यः रागद्वेषहेतुः आसनशय्यादिकं परित्यजति । आत्मा निर्विषयः सदा तस्य तपः पञ्चमं परमम् ॥] तस्य निर्ग्रन्थस्य पञ्चमं विविक्तशय्यासनाख्यं तपश्चरणं स्यात् । कीदृक्षं पञ्चमं तपः । परमं परमकाष्ठां प्राप्तं परमोत्कृष्टम् । तस्य कस्य । यः साधुः आसनशय्यादिकं सदा परित्यजति । आसनं सिंहासनपट्टपीठचञ्चलादिकम्, शय्या शयनं मञ्चकपल्यङ्ककाष्ठफलादिकम् । आदिशब्दात् तृणपाषाणशिलादिशयनस्थानम् । कीदृक्षम् आसनशय्यादिकं रागद्वेषहेतुकं रागः रतिः प्रेम स्नेहः, द्वेषः अरतिः अप्रेम इति रागद्वेषयोः कारणं शयनासनादिकं त्यजति, रागद्वेषकारणं वसत्यादिकमुत्पादादिदोषसहितं परिहरति । कीदृशो मुनिः । निर्विषयः आत्मविषयेभ्यः पञ्चेन्द्रियार्थेभ्यः अतिक्रान्तः रहितः । आत्मा स्वयं वा ॥ ४४७ ॥

पूयादिसु णिरवेक्खो संसार-सरीर-भोग-णिव्विण्णो ।
अब्भंतर-तव-कुसलो उवसम-सीलो महासंतो ॥ ४४८ ॥
जो णिवसेदि मसाणे वण-गहणे णिज्जणे महाभीमे ।
अण्णत्थ वि एयंते तस्स वि एदं तवं होदि ॥ ४४९ ॥

[छाया-पूजादिषु निरपेक्षः संसारशरीरभोगनिर्विण्णः । आभ्यन्तरतपःकुशलः उपशमशीलः महाशान्तः ॥ यः निवसति श्मशाने वनगहने निर्जने महाभीमे । अन्यत्र अपि एकान्ते तस्य अपि एतत् तपः भवति ॥] युग्मम् । तस्यानगारिणः इदं विविक्तशयनासनाख्यं तपो भवति । तस्य कस्य । यः भिक्षुः पूजादिषु निरपेक्षः पूजाख्यातियशोमहिमालाभादिषु निःस्पृहः दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकांक्षारूपनिदानरहितः । पुनः कथंभूतः । संसारशरीरभोगनिर्विण्णः, संसारः नरनारकादिचतुर्गतिलक्षणः, शरीरं देहः भोगः युवत्यादिसमुद्भवः इन्द्रियविषयोद्भवः द्वन्द्वः तेभ्यः निर्विण्णः विरक्तः

आगे तीन गाथाओंसे विविक्तशय्यासन नामक तपको कहते हैं । **अर्थ**–जो मुनि राग और द्वेषको उत्पन्न करने वाले आसन शय्या वगैरहका परित्याग करता है, अपने आत्मस्वरूपमें रमता है और इन्द्रियोंके विषयोंसे विरक्त रहता है उसके विविक्त शय्यासन नामका पाँचवा उत्कृष्ट तप होता है ॥ **भावार्थ**–आसन अर्थात् बैठनेका स्थान और शय्या अर्थात् सोनेका स्थान तथा 'आदि' शब्दसे मल मूत्र करनेका स्थान ऐसा होना चाहिये जहाँ राग द्वेष उत्पन्न न हो और वीतरागताकी वृद्धि हो । अतः मुनिको विविक्त अर्थात् ऐसे एकान्त स्थानमें बैठना और सोना चाहिये ॥ ४४७ ॥ **अर्थ**–अपनी पूजा महिमाको नहीं चाहने वाला, संसार शरीर और भोगोंसे उदासीन, प्रायश्चित्त आदि अभ्यन्तर तपमें कुशल, शान्त परिणामी, क्षमाशील महा पराक्रमी जो मुनि स्मशानभूमिमें, गहन वनमें, निर्जन महाभयानक स्थानमें अथवा किसी अन्य एकान्त स्थानमें निवास करता है, उसके विविक्त शय्यासन तप होता है ॥ **भावार्थ**–भगवती आराधनामें विविक्त शय्यासन तपका निरूपण करते हुए लिखा है–"जिस वसतिकामें मनको प्रिय अथवा अप्रिय लगने वाले शब्द रस रूप गन्ध और स्पर्शके निमित्तसे अशुभ परिणाम नहीं होते तथा जहाँ स्वाध्याय और ध्यानमें बाधा नहीं आती वह वसतिका (निवास स्थान) एकान्त कही जाती है ।" "जिसके द्वार बन्द हों अथवा खुले हों, जिसकी भूमि सम हो अथवा विषम हो,

---

१ ब हेदू । २ क स ग पूजादिसु, म पुजा० । ३ ब भोय । ४ ब स ग कुशलो । ५ स महासतो । ६ ब णिवसेइ । ७ क म श गहिणे । ८ ब एयतं, क म स (?) ग एकते । ९ ब जुगलं ।

वैराग्यं प्राप्तः। नरकादिगतिषु दुःखच्छेदनशूलारोपणकुम्भीपाकपचनक्षुधातृषावेदनोद्वेष्टानिष्टवियोगसंयोगमानसिकादिजं दुःखं वर्तते। शरीरं विनाशि सप्तधातुमयमिति। भोगः रोगगृहं विनाशकारीति चिन्तयन् वैराग्यवान्। पुनः कथंभूतः। अभ्यन्तर-तपःकुशल. अभ्यन्तरेषु तपस्सु तपश्चरणेषु प्रायश्चित्तादिषु कुशल· निपुणः निष्णातः दक्षः चतुरः विवेकी। पुनः कीदृक्षः। उपशमशील. क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादीनामुपशमस्वभावः अनुदयस्वरूपः। पुनः कीदृक्। महाशान्तः महान् पूज्यः स चासौ शान्त क्षमादिपरिणतः, यः एवंभूतः क्षपक· स श्मशाने निवसति पितृवने तिष्ठति। क्व क्व वसति संतिष्ठते। वनगहने महावने गहनारण्ये अन्यत्रापि उद्वसगृहगिरिगुफाकन्दरकोटरादिके। कथंभूते। विविक्ते ध्यानाध्ययन-विघ्नकरस्त्रीपशुपाण्डकादिवर्जिते। पुन· कथंभूते स्थाने। महाभीमे महारौद्रे अतिभयानके एवंभूते वासे वसति यः तस्य विविक्तशयनासनतपोविधानं स्यात्। तथा श्रीभगवत्याराधनायां विविक्तशयनासननिरूपणा कथ्यते। "जहिं ण विसोत्तिय अत्थि दु सद्दरसरूवगंधफासेहि। सज्झायज्झाणवाघादो वा वसधी विवित्ता सा॥" यस्यां वसतौ न विद्यते अशुभपरिणामः। कैः कृत्वा। शब्दरसरूपगन्धस्पर्शैः करणभूतैः मनोज्ञैः अमनोज्ञैर्वा सा विविक्ता वसतिः। स्वाध्यायध्यानयोर्व्याघातो वा नास्ति सा विविक्ता भवति। "वियडाए अवियडाए समविसमाए बहिं च अंतो वा। इत्थिणउंसयपसुवज्जिदाए सीदाए उसिणाए॥" विघटायाम् उद्घाटितद्वारायाम् अविघटितायाम् अनुद्घाटितद्वारायां वा समभूमिसमन्वितायां[1] वा बहिर्भागे अभ्यन्तरे वा स्त्रीभिर्नपुंसकैः पशुभिश्च वर्जितायां वसतौ शीतायाम् उष्णायाम्।

जो बाह्य भागमें हो अथवा अभ्यन्तर भागमें हो, जहाँ स्त्री नपुंसक और पशु न हों, जो ठंडी हो, अथवा गर्म हो वह वसतिका एकान्त वसतिका है।" जो वसतिका उद्गम, उत्पादन और एषणा दोषोंसे रहित है वह एकान्त वसतिका मुनिके योग्य है। उद्गम आदि दोष इस प्रकार हैं–वृक्ष काटना, काटकर लाना, ईंटे पकाना, जमीन खोदना, पत्थर बालु वगैरहसे गड्ढा भरना, जमीन कूटना, कीचड करना, खम्भे खड़े करना, अग्निसे लोहेको तपाकर पीटना, आरासे लकड़ी चीरना, विसोलेसे छीलना, कुल्हाड़ीसे काटना, इत्यादि कार्योंसे छ. कायके जीवोंको बाधा देकर जो वसतिका स्वयं बनाई हो अथवा दूसरोंसे बनवाई हो वह वसतिका अधःकर्मके दोषसे युक्त होती है। जितने दीन, अनाथ, कृपण अथवा साधु आयेंगे, अथवा निर्ग्रन्थ मुनि आयेंगे अथवा अन्य तापसी आयेंगे उन सबके लिये यह वसतिका होगी, इस उद्देश्यसे बनाई गई वसतिका उद्देशिक दोषसे युक्त होती है। अपने लिये घर बनवाते समय 'यह कोठरी साधुओं के लिये होगी' ऐसा मन में विचारकर बनवाई गई वसतिका अब्भोब्भव दोषसे युक्त होती है। अपने घरके लिये लायेगये बहुत काष्ठादिमें श्रमणोंके लिये लाये हुए काष्ठादि मिलाकर बनवाई गई वसतिका पूतिक दोषसे युक्त होती है। अन्य साधु अथवा गृहस्थोके लिये घर बनवाना आरम्भ करने पर पीछे साधुओके उद्देश्यसे ही काष्ठ आदिका मिश्रण करके बनवाई गई वसतिका मिश्र दोषसे दूषित होती है। अपने लिये बनवाये हुए घर को पीछे संयतोंके लिये दे देनेसे वह घर स्थापित दोषसे दूषित होता है। मुनि इतने दिनोंमें आयेंगे जिस दिन वे आयेंगे उस दिन सब घरको लीप पोतकर स्वच्छ करेंगे ऐसा मनमें संकल्प करके जिस दिन मुनिका आगमन हो उसी दिन वसतिकाको साफ करना पाहुडिग दोष है। मुनिके आगमनसे पहले संस्कारित वसतिका प्रादुष्कृत दोषसे दूषित होती है। जिस घरमें बहुत अंधेरा हो मुनियोंके लिये प्रकाश लानेके निमित्तसे उसकी दीवारमें छेद करना, लकड़ीका पटिया हटाना, उसमें दीपक जलाना, यह पादुकार दोष है। खरीदे हुए घरके दो भेद हैं–द्रव्यक्रीत और भावक्रीत। गाय बैल वगैरह सचित्त पदार्थ देकर अथवा गुड खांड वगैरह अचित्त पदार्थ देकर खरीदा हुआ मकान द्रव्य-

[1] टीका पाठ – वा विषमभूमिसमन्वितायां बहि°

"उग्गमउप्पादणएसणाविसुद्धाए अकिरियाए दु । वसदि असंसत्ताए णिप्पाहुडियाए सेज्जाए ॥" उद्गमोत्पादनैषणादोषरहितायां वसत्याम् । तत्रोद्गमदोषो निरूप्यते । वृक्षच्छेदनतदानयनम् इष्टिकापाकः भूमिखननं पाषाणसिकतादिभिः पूरणं धरायाः कुट्टनं कर्दमकरणं कीलनां करणमग्निना लोहतापनं कृत्वा प्रताड्य क्रकचैः काष्ठपाटनं परशुभिः छेदनमित्येवमादिव्यापारेण षण्णां जीवनिकायानां बाधां कृत्वा स्वेन वा उत्पादिता अन्येन वा वसतिः आधाकर्मशब्देनोच्यते । १ । यावन्तो दीनानाथकृपणा आगच्छन्ति लिङ्गिनो वा तेषामियमित्युद्दिश्य कृता पाषण्डिनामेवेति वा निर्ग्रन्थानामेवेति सा उद्देसिग-वसतिर्भण्यते । २ । अपवरकं संयतानां भवत्विति विकृतं अज्झोवज्झं । ३ । आत्मनो गृहार्थमानीतैः काष्ठादिभिः सह बहुभिः श्रमणार्थमानीयाल्पेन मिश्रिता यत्र गृहे तत्पूतिकमिति । ४ । पाषण्डिनां गृहस्थानां वा क्रियमाणे गृहे पश्चात् संयतान् उद्दिश्य काष्ठादिमिश्रेण निष्पादितं वेश्म मिश्रम् । ५ । स्वार्थमेव कृतं संयतार्थमिति स्थापितं ठविदं इत्युच्यते । ६ । संयतः स च यावद्भिर्दिनैरागमिष्यति तत्प्रवेशदिने गृहसंस्कारं सकलं करिष्यामः इति चेतसि कृत्वा यत्संस्कारितं वेश्म तत् पाहुडिगं, तदागमानुरोधेन गृहसंस्कारकालापह्रासं कृत्वा वा संस्कारिता वसतिः । ७ । यद्गृहमन्धकारबहुलं तत्र बहुलप्रकाशसंपादनाय यतीनां छिद्रीकृतकुड्यम् अपाकृतफलकं सुविन्यस्तप्रदीपकं वा तत्प्रादुष्कारशब्देन भण्यते । ८ । द्रव्यक्रीतं भावक्रीतमिति द्विविधं क्रीतं वेश्म सचित्तं गोबलीवर्दादिकं दत्त्वा संयतार्थं क्रीतम् अचित्तं वा घृतगुडखण्डादिकं दत्त्वा क्रीतं द्रव्यक्रीतं, विद्यामन्त्रादिदानेन वा क्रीतं भावक्रीतम् । ९ । अल्पमृणं कृत्वा वृद्धिसहितमवृद्धिकं वा गृहीतं संयतेभ्यः पामिच्छं । १० । मदीये वेश्मनि तिष्ठतु भवान् युष्मदीयं तावद्गृहं यतिभ्यः प्रयच्छेति गृहीतं परियट्टं । ११ । कुड्याद्यर्थं कुटीरककटादिकं स्वार्थं

क्रीत है। विद्या मंत्र वगैरह देकर खरीदा हुआ मकान भावक्रीत है। बिना ब्याजपर अथवा ब्याजपर थोड़ासा कर्जा करके मुनियोंके लिये खरीदा हुआ मकान पामिच्छ दोषसे दूषित होता है। आप मेरे घरमें रहें और अपना घर मुनियोंके लिये देदें इस प्रकार से लिया हुआ मकान परिवर्त दोषसे दूषित होता है। अपने घरकी दीवारके लिये जो स्तम्भ आदि तैयार किये हों वह संयतोंके लिये लाना अभ्याहृत नामक दोष है। इस दोषके दो भेद हैं–आचरित और अनाचरित। जो सामग्री दूर देशसे अथवा अन्य ग्रामसे लाई गई हो उसको अनाचरित कहते हैं और जो ऐसी नहीं हो उसे आचरित कहते हैं। ईंट, मिट्टी, बाड़ा, किवाड़ अथवा पत्थरसे ढका हुआ घर खोलकर मुनियोंके लिये देना उद्भिन्न दोष है। नसैनी वगैरहसे चढ़कर 'आप यहाँ आईये, यह वसतिका आपके लिये है' ऐसा कहकर संयतोंको दूसरी अथवा तीसरी मंजिल रहनेके लिये देना मालारोह नामका दोष है। राजा मंत्री वगैरहका भय दिखाकर दूसरेका मकान वगैरह मुनियोंके लिये दिलाना अछेद्य नामका दोष है। अनिसृष्ट दोषके दो भेद हैं–जिसे देनेका अधिकार नहीं है ऐसे गृहस्वामीके द्वारा जो वसतिका दी जाती है वह अनिसृष्ट दोषसे दूषित है। और जो वसतिका बालक और पराधीन स्वामीके द्वारा दीजाती है वह भी उक्त दोषसे दूषित है। यह उद्गम दोषोंका निरूपण किया। अब उत्पादन दोषोंका कथन करते हैं। धायके काम पाँच हैं। कोई धाय बालकको स्नान कराती है, कोई उसको आभूषण पहनाती है, कोई उसका मन खेलसे प्रसन्न करती है, कोई उसको भोजन कराती है, और कोई उसको सुलाती है। इन पाँच धात्री कर्मोंमेंसे किसी कामका गृहस्थको उपदेश देकर उससे वसतिका प्राप्त करना धात्रीदोष है। अन्य ग्राम, अन्य नगर, देश, देशान्तरके समाचार कह कर प्राप्त की गई वसतिका दूतकर्म दोषसे दूषित है। अंग, स्वर, व्यंजन, लक्षण, छिन्न, भौम, स्वप्न और अन्तरिक्ष ये आठ महानिमित्त हैं। इन आठ महानिमित्तोंके द्वारा शुभाशुभ फल बतलाकर प्राप्त की गई वसतिका निमित्त दोषसे दूषित है। अपनी जाति, कुल, ऐश्वर्य, वगैरहका माहात्म्य बत-

निष्पन्नमेव यत् उंयतार्थमानीतं तद् अभ्याहिडं इति । तद्विविधम् । दूरदेशाद्ग्रामान्तराद्वा आनीतम् अनाचरितम्, इतरदाच-रितम् । १२ । इष्टिकादिभिः मृत्पिण्डेन वृत्या कवाटेनोपलेन वा स्थगितम् अपनीय दीयते यत्तदुद्भिन्नम् । १३ । [निश्रेण्यादि-भिरारुह्य इत आगच्छत युष्माकमियं वसतिरिति या दीयते द्वितीया तृतीया वा भूमिः सा मालारोहमित्युच्यते । १४] राजामात्यादिभिर्भयमुपदर्श्य परकीयं यद्दीयते तत् अच्छेज्जं इति । १५ । अनिसृष्टं द्वेधा गृहस्वामिना अनियुक्तेन या दीयते यदस्वामिनापि बालेन परवशवर्तिना दीयते द्विविधमनिसृष्टमिति । १६ । उत्पादनदोषो निरूप्यते । पञ्चविधानां धात्रीकर्मणाम् अन्यतमेनोत्पादिता वसतिः, कश्चिद्दारकं स्नपयति भूषयति क्रीडयति आशयति स्वापयति वा वसत्यर्थमेवमुत्पादितवसति-र्धात्रीदोषदुष्टा । १ । ग्रामान्तरात् नगरान्तराच्च देशात् अन्यदेशतो वा संबन्धिनां वार्ताम् अभिधायोत्पादिता दूत-कर्मोत्पादिता । २ । अङ्गं १ स्वरो २ व्यञ्जनं ३ लक्षणं ४ छिन्नं ५ भौमं ६ स्वप्नः ७ अन्तरिक्षमिति एवंभूतनिमित्तोपदेशेन लब्धा वसतिर्निमित्तदोषदुष्टा । ३ । आत्मनो जातिं कुलमैश्वर्यं वाऽभिधाय स्वमाहात्म्यप्रकटनेनोत्पादिता वसतिराजीव-शब्देनोच्यते । ४ । भगवन् सर्वेषामाहारदानात् वा वसतिदानाच्च पुण्यं किमु महदुपजायते इति पृष्टे न भवतीत्युक्ते [गृहिजनः प्रतिकूलवचनरुष्टो वसतिं न प्रयच्छेदिति एवमिति] तदनुकूलमुक्त्वा या उत्पादिता सा [वणिवग-शब्देनो-च्यते] । ५ । अष्टविधया चिकित्सया लब्धा चिकित्सोत्पादिता । ६ । क्रोध [-मानमायालोभ-] उत्पादिताः च । ७-१० । गच्छतामागच्छतां च यतीना भवदीयमेव गृहमाश्रयः [इतीयं वार्ता दूरादेवास्माभिः श्रुतेति पूर्वं स्तुत्वा या लब्धा सा पूर्वसंस्तवदुष्टा । वसनोत्तरकालं च गच्छन्प्रशंसां करोति पुनरपि वसतिं लप्स्ये इति यत्प्रशंसति [मन्त्रेण, चूर्णेन, योगेन, मूलकर्मणा । सा पश्चात्संस्तव-] दोषदुष्टा । १३ । विद्यया मन्त्रादिना गृहिणं वशे स्थापयित्वा लब्धा वसतिः अभिहित-दोषा । १२-१६ । एषणादोषान् एवं जानीहि । किम् इयं योग्या वसतिर्नेति शङ्किता । १ । तदानीमेव सिक्ता लिप्ता वा म्रक्षित-दोष । २ । सचित्तपृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिबीजानां त्रसानाम् उपरि स्थापितं पीठफलकादिकम्, अत्र मया शय्या कर्तव्या या दीयते वसतिः सा निक्षिप्ता । ३ । सचित्तमृत्तिकापिधानमपाकृष्य या दीयते सा पिहिता । ४ । काष्ठादिकाकर्षणं कुर्वता पुरो यायिना उपदर्शिता वसतिः साहरणा । ५ । मृतजातसूतकयुक्तगृहिजनेन व्याधितेन ग्रथिलेन दीयमाना वसतिर्दायक-

---

लाकर प्राप्त की गई वसतिका आजीवक दोषसे दूषित है । 'भगवन्, सबको आहार दान देनेसे और वसतिकाके दानसे क्या महान् पुण्यकी प्राप्ति नहीं होती ?' ऐसा श्रावकका प्रश्न सुनकर श्रावकके अनुकूल उत्तर देकर वसतिका प्राप्त करना वनीपक दोष है । आठ प्रकारकी चिकित्सा करके वसतिका प्राप्त करना चिकित्सा दोष है । क्रोध आदिसे प्राप्त की गई वसतिका क्रोधाद्युत्पादित दोषसे दूषित है । 'आने जानेवाले मुनियोंको आपका ही घर आश्रय है' ऐसी स्तुति करके प्राप्त की गई वसतिका पूर्व-स्तुति नामक दोषसे दुष्ट है । वसतिका छोड़ते समय 'आगे भी कभी स्थान मिल सके' इस हेतुसे गृहस्थकी स्तुति करना पश्चात् स्तुति नामक दोष है । विद्या मंत्र वगैरहके प्रयोगसे गृहस्थको वशमें करके वसतिका प्राप्त करना विद्यादि दोष है । भिन्न जातिकी कन्याके साथ सम्बन्ध मिलाकर वसतिका प्राप्त करना अथवा विरक्तोंको अनुरक्त करके उनसे वसतिका प्राप्त करना मूलकर्म दोष है । इस प्रकार ये सोलह उत्पादन दोष हैं । आगे दस एषणा दोष कहते हैं । यह वसतिका योग्य है अथवा नहीं ऐसी शंका जिसमें हो वह वसतिका शंकित दोषसे दुष्ट है । उसी समय लीपी पोती गई या धोई गई वसतिका म्रक्षित दोषसे दूषित है । सचित्त पृथिवी, जल, अग्नि, वनस्पति वगैरह अथवा त्रस जीवोंके ऊपर आसन वगैरह रखकर 'यहाँ आप विश्राम करें' ऐसा कह कर दी गई वसतिका निक्षिप्त दोषसे दूषित है । सचित मिट्टी वगैरहके आच्छादनको हटाकर दी गई वसतिका पिहित दोषसे दूषित है । लकड़ी वगैरहको घसीट कर ले जाते हुए पुरुषके द्वारा बतलाई गई वसतिका साधारण दोषसे दुष्ट है । मरणके अशौच या जन्मके अशौचसे युक्त गृहस्थके द्वारा अथवा रोगी

दुष्टा । ६ । स्थावरैस्त्रसैः पिपीलिकामत्कुणादिभिः सहितोन्मिश्रा । ७ । अधिकवितस्तिमात्राया भूमेरधिकाया ग्रहणं प्रमाणातिरेकदोषः । ८ । शीतवातातपाद्युपद्रवसहिता वसतिरियं निन्दां कुर्वतो वसनं धूमदोषः । ९ । निर्वाता विशाला नात्युष्णा शोभनेयमिति तत्रानुराग इङ्गालदोषः । एवमेतैरुद्गमादिदोषैरनुपहता वसतिः शुद्धा, तस्याः दुःप्रमार्जनादिसंस्काररहितायाः जीवसंभवरहितायाः शय्यारहिताया वसत्याः अन्तर्बहिर्वा वसति यतिः विविक्तशय्यासनरतः । अथ का विविक्ता वसतिरित्यत्राह । "सुण्णघरगिरिगुहारुक्खमूलआगंतुगारदेवकुले । अकदप्पब्भारारामघरादीणि य विवित्ताइं ॥" शून्यं गृहं गिरेर्गुहावृक्षमूलं आगन्तुकानां वेश्म देवकुलं शिक्षागृहं केनचिदकृतम् अकृतप्राग्भारं कथ्यते । आरामगृहं क्रीडार्थमायातानामावासाय कृतम् एता विविक्ता वसतयः । अत्र वसतेर्दोषाभावमाचष्टे ॥ "कलहो बोलो झंझा वामोहो संकरो ममत्तिं च । झाणज्झयणविघादो णत्थि विवित्ताए वसधीए ॥" कलहो ममेदं च वसतिस्तवेदमिति कलहो न केनचित् अन्यजनरहितत्वात्, बोलो शब्दबहुलता, झंझा संक्लेशः, व्यामोहो वैचित्त्यम्, संकरम् अयोग्यैरसंयतैः सह मिश्रणम्, ममत्वं ममेदं नास्ति, ध्यानस्य अध्ययनस्य च व्याघातः । इति विविक्तशयनासनतपोविधानम् ॥ ४४९ ॥ अथ कायक्लेशतपोविधानं प्रतनोति-

दुस्सह-उवसग्ग-जई आतावण-सीय-वाय-खिण्णो वि ।
जो णवि खेदं गच्छदि काय-किलेसो तवो[1] तस्स ॥ ४५० ॥

[छाया-दुस्सहोपसर्गजयी आतापनशीतवातखिन्नः अपि । यः नैव खेदं गच्छति कायक्लेशं तपः तस्य ॥] तस्य निर्ग्रन्थमुनेः कायक्लेशः कायस्य शरीरस्य उपलक्षणात् इन्द्रियादेश्च क्लेशः क्लेशनं दमनं कदर्थनं तपो भवति । तस्य कस्य । यो मुनिः खेदं श्रमं चित्तक्लेशं मानसे खेदखिन्नत्वं नापि गच्छति नैव प्राप्नोति । कीदृग्विधो मुनिः । आतापनशीत-

गृहस्थके द्वारा दी गई वसतिका दायक दोषसे दूषित है। स्थावर जीवों और त्रस जीवोंसे युक्त वसतिका उन्मिश्र दोषसे दूषित है। मुनियोंको जितने वितस्ति प्रमाण जमीन ग्रहण करनी चाहिये उससे अधिक जमीन ग्रहण करना प्रमाणातिरेक दोष है। इस वसतिकामें हवा ठंड या गर्मी वगैरहका उपद्रव है ऐसी बुराई करते हुए वसतिकामें रहना धूम दोष है। यह वसतिका विशाल है, इसमें वायुका उपद्रव नहीं है, यह बहुत अच्छी है, ऐसा मानकर उसके ऊपर राग भाव रखना इंगाल दोष है। इस प्रकार इन उद्गम, उत्पादन और एषणा दोषोंसे रहित वसतिका मुनियोंके योग्य है। ऐसी वसतिकामें रहनेवाला मुनि विविक्त शय्यासन तपका धारी है ॥ ४४८--४९ ॥ आगे कायक्लेश तपको कहते हैं। **अर्थ**-दुःसह उपसर्गको जीतनेवाला जो मुनि आतापन, शीत वात वगैरहसे पीड़ित होनेपर भी खेदको प्राप्त नहीं होता, उस मुनिके कायक्लेश नामका तप होता है ॥ **भावार्थ**-तपस्वी मुनि ग्रीष्म ऋतुमें दुःसह सूर्यकी किरणोंसे तपे हुए शिलातलोंपर आतापन योग धारण करते हैं। तथा शीत ऋतुमें अर्थात् पौष और माघके महीनेमें नदी समुद्र आदिके किनारे पर अथवा वनके बीचमें किसी खुले हुए स्थानपर योग धारण करते हैं। और वर्षाऋतुमें वृक्षके नीचे योग धारण करते हैं, जहाँ वर्षा रुक जानेपर भी पत्तोंसे पानी टपकता रहता है और झंझा वायु बहती रहती है। इस तरह गर्मी सर्दी और वर्षा का असह्य कष्ट सहनेपर भी उनका चित्त कभी खिन्न नहीं होता। इसके सिवाय वे देव मनुष्य तिर्यञ्च और अचेतनके द्वारा किये हुए दुःसह उपसर्गोंको और भूख प्यासकी परीषहको भी सहते हैं, उन मुनिके कायक्लेश नामका तप होता है। चारित्रसार आदि ग्रन्थोंमें भी कहा है-वृक्ष के मूलमें ध्यान लगाना, निरभ्र आकाशके नीचे आतापन योग धारण करना, वीरासन, कुक्कुटासन, पर्यङ्कासन आदि अनेक प्रकारके आसन लगाना, अपने शरीरको संकुचित करके शयन करना, ऊपरको मुख

१ ब म स ग तउ (ओ!)।

वातखिन्नोऽपि आतापनं दुःसहसूर्यकिरणसंतप्तपर्वतशिलातलेषु वैशाखज्येष्ठमासादिषु आतापनम् आतापयोगधारणम्। उक्तं च। 'दिनकरकिरणनिकरसतप्तशिलानिचयेषु निःस्पृहा.' इत्यादिषु ज्ञेयम्। शीतकाले पौषे माघे च नद्यादिसमुद्रादिकूले वनमध्यस्थचतुष्पथे च हिमभवं शीतम्। तथा अविरतबहलतुहिनकणवारिभिरंघ्रिपपत्रपातनैरित्यादिकं ज्ञेयम्। वर्षाकाले वनमध्यस्थितवृक्षादिमूले झञ्झावातादिसहनं शिखिगलकज्जलालिमलिनैरित्यादिकं मन्तव्यम्। आतपनं च शीतं च वातश्च आतापनशीतवाता तैः खिन्न. खेदं प्राप्तः जर्जरीकृतः। अपिशब्दात् अखिन्नः। पुनः कीदृक्षः। दुःसहोपसर्गजयी दुःसहाः दु·खेन महता कष्टेन सह्यन्ते इति दु सहाः ते च ते उपसर्गाः देवमनुष्यतिर्यगचेतनकृताः, उपलक्षणात् क्षुत्पिपासादयः परीषहा गृह्यन्ते, तान् दु·सहोपसर्गान् परीषहांश्च जयतीत्येवंशीलः दु·सहोपसर्गजयी। तथा चारित्रसारादौ। वृक्षमूला-भ्रावकाशातापनयोगवीरासनकुक्कुटासनपर्यङ्कासनसंकुचितगात्रशयनउत्तानशयनमकरमुखहस्तिशुण्डमृतकशयनैः एकपार्श्वदण्ड-धनु शय्याभि· शरीरपरिखेद कायक्लेशः। तथा प्रमृष्टस्तम्भादिकमुपाश्रित्य स्थानमुद्भीभवनं स्थापितस्थानं निश्चयमवस्थानं कायोत्सर्ग। समौ पादौ कृत्वा स्थानम्, एकेन पादेनावस्थानम्, बाहू प्रसार्यावस्थानम् इत्यादिकैः कायोत्सर्गैः शरीरक्लेशनम्। रात्रौ अशयनम् अस्नानं दन्तानामशोधनम् इत्यादिकायक्लेशनम्। किमर्थं कायक्लेशः। वर्षाशीतातपविसंस्थुलासनविषम-शय्यादिषु शुभध्यानपरिचर्यार्थं दु खोपसहनार्थं विषयसुखभञ्जार्थं शासनप्रभावनाद्यर्थं स्वकायक्लेशानुष्ठानं क्रियते इति एतद्बाह्यं तप षड्विधं बाह्यजनाना मिथ्यादृष्टीनाम् अपि प्रकटं प्रत्याख्यातम्॥ ४५०॥ अथ आभ्यन्तरं षड्विधं तपो-विधानं व्याख्यायते। तत्र प्रायश्चित्तं तपो गाथापञ्चकेनाह–

दोसं ण करेदि सयं अण्णं पि ण कारएदि जो तिविहं।
कुव्वाणं पि ण इच्छदि[1] तस्स विसोही परा[2] होदि॥ ४५१॥

[छाया–दोषं न करोति स्वयम् अन्यम् अपि न कारयति यः त्रिविधम्। कुर्वाणम् अपि न इच्छति तस्य विशुद्धिः परा भवति॥] तस्य मुने. तपस्विन. परा विशुद्धिः परा उत्कृष्टा विशुद्धिः निर्मलता प्रायश्चित्तं भवति। तद्यथा। प्रकृष्टो

करके सीधा सोना, मगरके मुखकी तरह या हाथीकी सूंडकी तरह अथवा मुर्देकी तरह या दण्डकी तरह निश्चल शयन करना, एक करवटसे सीधा सोना या धनुषकी तरह शयन करना, इत्यादि प्रकारोंसे शरीरको कष्ट देना कायक्लेश तप है। तथा स्तम्भ वगैरह का आश्रय लेकर खड़े रहना, जहाँ रहे है वहाँ निश्चल खड़े रहना, दोनों पैरोंको समान करके कायोत्सर्ग पूर्वक खड़े रहना, एक पैरसे खड़े रहना या दोनो पैरो या बाहूको फैलाकर खड़े रहना इत्यादि प्रकारके कायोत्सर्गोंसे शरीरको कष्ट देना, रात्रिमें शयन न करके ध्यान लगाना, स्नान न करना, दातौन न करना, इन सबको कायक्लेश कहते हैं। वर्षामें, शीतमें, घाममें, पथरीले स्थानमें, ऊँचे नीचे प्रदेशमें भी शुभ ध्यान करनेके लिये, दुःख सहन करनेकी क्षमताके अभ्यासके लिये, विषयसुखसे मनको रोकनेके लिये तथा जिनशासनकी प्रभावना आदिके लिये इस कायक्लेश तपको किया जाता है। इन छः तपोंको बाह्य तप इस लिये कहते है कि बाह्य मिथ्यादृष्टि भी इन तपोंको करते हुए देखे जाते हैं, अथवा अन्य लोगोंको इनका प्रत्यक्ष हो जाता है॥ ४५०॥ आगे छः प्रकारके अभ्यन्तर तपका वर्णन करते हुए प्रथम ही पाँच गाथाओंसे प्रायश्चित्त तपको कहते है। **अर्थ**–जो तपस्वी मुनि मन वचन कायसे स्वयं दोष नहीं करता, अन्यसे भी दोष नहीं कराता तथा कोई दोष करता हो तो उसे अच्छा नहीं मानता, उस मुनिके उत्कृष्ट विशुद्धि होती है॥ **भावार्थ**–यहाँ विशुद्धिसे आशय प्रायश्चित्तसे है। 'प्रायः' का अर्थ है प्रकृष्ट चारित्र। अतः प्रकृष्ट चारित्र जिसके हो उसे भी 'प्रायः' कहते हैं। इस लिये 'प्रायः' माने

१ ब इच्छइ। २ ल म स परो।

अयः शुभावहो विधिर्यस्य साधुलोकस्य स प्रायः प्रकृष्टचारित्रः प्रायस्य साधुलोकस्य चित्तं यस्मिन् कर्मणि तत्प्रायश्चित्तम् आत्मशुद्धिकरम् । अथवा प्रगतः प्रणष्टः अयः प्राय अपराधः तस्य चित्तशुद्धिः प्रायश्चित्तमपराधं प्राय इत्युच्यते लोकश्चित्तं तस्य मनो भवेत् तस्य शुद्धिकरं प्रायश्चित्तम् । तथा च प्रायश्चित्तमपराधं प्राप्तः सन् येन तपसा पूर्वकृतात् पापात् विशुध्यते पूर्वव्रतैः संपूर्णो भवतीति प्रायश्चित्तं स्यात् । तस्य कस्य । यः तपस्वी स्वयमात्मना दोषम् अपराधं महाव्रतादिन्यूनताकरणलक्षणं न करोति न विदधाति । अपि पुनः अन्यं परं पुरुषं दोषं व्रतातिचारं न कारयति । दोषं कुर्वाणम् व्रतातिचारमाचरन्तं न प्रेरयतीत्यर्थः । अपि पुनः अन्यं दोषं कुर्वाणं व्रतातिचारमाचरन्तं न इच्छति न अनुमनुते । मनोवचनकायेन कृतकारितानुमतप्रकारेण व्रतातिचारादिकं दोषमपराधं स्वयं न करोति न कारयति नानुमोदयति १ । परं प्रेरयित्वा मनसादिकेन न करोति न कारयति नानुमोदयति १ । अन्यं कुर्वन्तं दृष्ट्वा मनसादिकेन न करोति न कारयति नानुमोदयति २ । दशप्रकारं प्रायश्चित्तं यत्याचारोक्तमाह । "आलोयणपडिकमणं उभय विवेगो तहा विउस्सग्गो । तव छेदो मूलं पि य परिहारो चेव सद्दहणा ॥" एकान्तनिषण्णाय प्रसन्नचेतसे विज्ञातदोषदेशकालाय सूरये गुरवे तादृशेन शिष्येण विनयसहितं यथा भवत्येवमवञ्चनशीलेन शिशुवत्सरलबुद्धिना आत्मप्रमादप्रकाशनं निवेदनम् आलोचनम् । १ । रात्रिभोजनपरित्यागव्रतसहितपञ्चमहाव्रतोच्चारणं संभावनं दिवसप्रतिक्रमणं पाक्षिकं वा । अथवा निजदोषमुच्चार्योच्चार्य मिथ्या मे दुष्कृतमस्तु इति प्रकटीकृतप्रतिक्रियं प्रतिक्रमणम् । २ । शुद्धस्याप्यशुद्धत्वेन यत्र संदेहविपर्ययौ भवतः, अशुद्धस्यापि शुद्धत्वेन वा यत्र निश्चयो भवति, तत्र तदुभयम् आलोचनप्रतिक्रमणद्वयं भवति । ३ । यद्वस्तु नियमितं भवति तद्वस्तु चेत्निजभाजने पतति मुखमध्ये वा समायाति यस्मिन् वस्तुनि गृहीते वा कषायादिकम् उत्पद्यते तस्य सर्वस्य वस्तुनः त्यागः क्रियते, तद्विवेकनामप्रायश्चित्तम् ।४। नियतकायस्य वाचो मनसश्च त्यागो व्युत्सर्गः कायोत्सर्गः ।५। उपवासादिपूर्वोक्तं षड्विधं बाह्यं तपः तपोनामप्रायश्चित्तम् ।६। दिवसपक्षमासादिविभागेन दीक्षाहापनं छेदो नाम प्रायश्चित्तम् ।७। पुनरद्यप्रभृति व्रतारोपणं मूलप्रायश्चित्तम् ।८।

साधु लोग, उनका चित्त जिस काममें हो उसे प्रायश्चित्त कहते हैं। अतः जो आत्माकी विशुद्धि करता है वह प्रायश्चित्त है। अथवा 'प्रायः' माने अपराध, उसकी चित्त अर्थात् शुद्धिको प्रायश्चित्त कहते हैं। सारांश यह है कि जिस तपके द्वारा पहले किये हुए पापकी विशुद्धि होती है अर्थात् पहलेके व्रतोंमें पूर्णता आती है उसे प्रायश्चित्त कहते हैं। इस प्रकार जो मुनि मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदनासे दोष नहीं करता उसके प्रायश्चित्त तप होता है। मुनियोंके आचारमें प्रायश्चित्तके दस भेद कहे हैं, जो इस प्रकार हैं–आलोचन, प्रतिक्रमण, उभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, मूल, परिहार और श्रद्धान। एकान्त स्थानमें बैठे हुए, प्रसन्न चित्त, और देश कालको जाननेवाले आचार्यके सामने विनयपूर्वक जाकर, बच्चेकी तरह सरल चित्तसे शिष्यके द्वारा अपना अपराध निवेदन करना आलोचन नामक प्रायश्चित्त है। अपने दोषको यह कह कर 'मेरा यह दोष मिथ्या हो' उस दोषके प्रति अपनी प्रतिक्रियाको प्रकट करना प्रतिक्रमण नामका प्रायश्चित्त है। शुद्ध वस्तुमें भी शुद्धताका सन्देह होनेपर या शुद्धको अशुद्ध अथवा अशुद्धको शुद्ध समझ लेने पर आलोचन और प्रतिक्रमण दोनों किये जाते हैं। इसे उभय प्रायश्चित्त कहते हैं। जो वस्तु त्यागी हुई हो वह वस्तु यदि अपने भोजनमें आजाये अथवा मुखमें चली जाये, तथा जिस वस्तुके ग्रहण करनेपर कषाय वगैरह उत्पन्न होती हो, उन सब वस्तुओंका त्याग किया जाता है। इसे विवेक नामका प्रायश्चित्त कहते हैं। कायोत्सर्ग करनेको व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त कहते हैं। पहले कहे हुए अनशन आदि छः बाह्य तपोंके करनेको तप प्रायश्चित्त कहते हैं। दिन, पक्ष और मास आदिका विभाग करके मुनिकी दीक्षा छेद देनेको छेद प्रायश्चित्त कहते हैं। पुनः दीक्षा देनेको

दिवसपक्षमासादिविभागेन दूरतः परिवर्जनं परिहारः । अथवा परिहारः द्विप्रकारः । गणप्रतिबद्धो, यत्र प्रश्रवणादिकं कुर्वन्ति मुनयः तत्र तिष्ठति पिच्छिकामग्रतः कृत्वा यतीनां वन्दनां करोति तस्य यतयः प्रतिवन्दनां न कुर्वन्ति । एवं या गणे क्रिया गणप्रतिबद्धः परिहारः । यत्र देशे धर्मो न ज्ञायते[1] तत्र गत्वा मौनेन तपश्चरणानुष्ठानकरणमगणप्रतिबद्धः परिहारः । ९ । तथा श्रद्धानं तत्त्वरुचौ परिणामः क्रोधादिपरित्यागो वा श्रद्धानम् । १० । तत्त्वार्थसूत्रे नवमोपस्थापना-प्रायश्चित्तं कथितमस्ति । महाव्रतानां मूलच्छेदनं विधाय पुनरपि दीक्षाप्रापणम् उपस्थापना । एतद्दशप्रकारं प्रायश्चित्तं दोषानुरूपं दातव्यमिति ॥ ४५१ ॥

अह कह[2] वि पमादेण य दोसो जदि एदि तं पि पयडेदि ।
णिद्दोस-साहु-मूले दस-दोस-विवज्जिदो[3] होदुं[4] ॥ ४५२ ॥

[छाया-अथ कथमपि प्रमादेन च दोष. यदि एति तम् अपि प्रकटयति । निर्दोषसाधुमूले दशदोषविवर्जितः भवितुम् ॥] अथ अथवा यदि चेत् कथमपि प्रमादेन पञ्चदशप्रमादप्रकारेण "विकहा तह य कसाया इंदियणिद्दा तहेव पणओ य । चदु चदु पणमेगेगं होंति पमादा हु पण्णरसा ॥" इति । विकथाः ४, कषायाः ४, इन्द्रियाणि ५, निद्रा १, प्रणयः स्नेहः १ इति पञ्चदशप्रकारप्रमादाचरणेन दोषः अपराधः व्रतातिचारादिकः एति आगच्छति प्राप्नोति तमपि दोषं व्रतातिचारादिकं प्रकट-यति प्रकटीकरोति । क्व । निर्दोषसाधुमूले निर्दोषा यथोक्ताचारचारिण· साधवः सूरिपाठकमुनयः निर्दोषाश्च ते साधवश्च निर्दोषसाधवः तेषां साधूनां सूरिप्रमुखाणां मूले पादमूले तदग्रे इत्यर्थः । किं कर्तुम् । होदु भवितुं दशदोषवर्जितः भूत्वा, दोषाः आकम्पितादयः दश ते च दोषाश्च दशदोषाः तैर्वर्जितो भूत्वा । उक्तं च भगवत्याराधनायाम् । दशदोषरहित-मालोचनं कर्तव्यम् । "आकंपिय १ अणुमाणिय २ जं दिट्ठं ३ बादरं ४ च सुहुमं च ५ । छण्णं ६ सद्दाउलयं ७ बहुजण

मूल प्रायश्चित्त कहते हैं । कुछ दिन, कुछ पक्ष या कुछ मासके लिये मुनिको संघसे पृथक् कर देनेको परिहार प्रायश्चित्त कहते हैं । अथवा परिहारके दो भेद हैं–गणप्रतिबद्ध और अगण प्रतिबद्ध । पीछी आगे करके मुनियोंकी वन्दना करनेपर मुनिगण उसे प्रतिवन्दना नहीं करते । यह गणप्रतिबद्धपरिहार प्रायश्चित्त है । जहाँ आचार्य आज्ञा दें वहाँ जाकर मौनपूर्वक तपश्चरण करना अगणप्रतिबद्धपरिहार प्रायश्चित्त है । तत्त्वोंमें रुचि होना अथवा क्रोध आदिका छोड़ना श्रद्धान प्रायश्चित्त है । तत्त्वार्थसूत्रके नौवें अध्यायमें श्रद्धानके स्थानमें उपस्थापना भेद गिनाया है । और उसका लक्षण मूल प्रायश्चित्तके समान है । अर्थात् महाव्रतोंका मूलसे उच्छेद करके फिरसे दीक्षा देना उपस्थापना प्रायश्चित्त है । यह दस प्रकार का प्रायश्चित्त (तत्त्वार्थसूत्रमें प्रायश्चित्तके नौ ही प्रकार बतलाये हैं) दोषके अनुसार देना चाहिये ॥ ४५१ ॥ **अर्थ**–अथवा किसी प्रकार प्रमादके वशीभूत होकर अपने चारित्रमें यदि दोष आया हो तो निर्दोष आचार्य, उपाध्याय अथवा साधुओंके आगे दस दोषोंसे रहित होकर अपने दोषको प्रकट करे ॥ **भावार्थ**–पाँच इन्द्रियाँ, चार विकथा (स्त्रीकथा, भोजनकथा, देशकथा, राजकथा), चार कषाय, एक निद्रा और एक स्नेह ये पन्द्रह प्रमाद हैं । इन प्रमादों के कारण साधुके आचारमें यदि दोष लगता है तो साधु अपने से बड़े साधुओंके सामने अपने दोषकी आलोचना करता है । भगवती आराधनामें भी कहा है कि आलोचना दस दोषोंसे रहित होनी चाहिये । आलोचनाके दस दोष इस प्रकार कहे हैं–आकम्पित, अनुमानित, दृष्ट, बादर, सूक्ष्म, प्रच्छन्न, शब्दाकुलित, बहुजन, अव्यक्त और तत्सेवी । आचार्यको उपकरण आदि देकर उनकी अपने ऊपर करुणा उत्पन्न करके आलोचना करना अर्थात् उपकरण

१ आदर्शे तु 'धर्मेऽनुज्ञायते'। २ ब कहव । ३ ब दसदोसविवज्जिउ । ४ ब होदि (?)।

८ अव्वत्त ९ तस्सेवी १० ॥" आकम्पितमुपकरणादिदानेन गुरोरनुकम्पामुत्पाद्य आलोचयति । १ । अनुमानितं वचनेनानुमान्यं वा आलोचयति । २ । यद्दृष्टं परैर्दृष्टं तदेवालोचयति । ३ । बादरं च स्थूलदोषमेवालोचयति । ४ । सूक्ष्मम् अल्पमेव दोषमालोचयति । ५ । छन्नं केनचित्पुरुषेण निजदोषः प्रकाशितः भगवन् यादृशो दोषोऽनेन प्रकाशितस्तादृशो दोषो ममापि वर्तते इति प्रच्छन्नमालोचयति । ६ । शब्दाकुलं यथा भवत्येवं यथा गुरुरपि न शृणोति तादृशे कोलाहलमध्ये आलोचयति । ७ । बहुजनं बहून् गुरुजनान् प्रत्यालोचयति । ८ । अव्यक्तम् अव्यक्तस्य अप्रबुद्धस्य गुरोरग्रे आलोचयति ।९। तस्सेवी यो गुरुस्तं दोषं सेवते तदग्रे आलोचयति । १० । ईदृग्विधमालोचनं यदि पुरुष आलोचयति तदा एको गुरुः एकः आलोचकः पुमान् स्त्री चेदालोचयति तदा चन्द्रसूर्यादिप्रकाशे एको गुरुः द्वे स्त्रियौ अथवा द्वौ गुरू एका स्त्रीति । प्रायश्चित्तमकुर्वतः पुंसः महदपि तपोऽभिप्रेतफलप्रदं न भवति ॥ अथ प्रायश्चित्तकरणे आचार्यमपृष्ट्वा आतापनादिकरणे आलोचना भवति, पुस्तकपिच्छादिपरोपकरणग्रहणे आलोचना, परोक्षे प्रमादतः आचार्यादिवचनाकरणे आलोचना, आचार्यमपृष्ट्वाचार्यप्रयोजनेन गत्वा आगमनेन आलोचना, परसंघमपृष्ट्वा स्वसंघागमने आलोचना, देशकालनियमेन अवश्यकर्तव्यस्य व्रतविशेषस्य धर्मकथाप्रसंगेन विस्मरणे सति पुनः करणे आलोचना स्यात् । पञ्चेन्द्रियेषु वचनादिदुःपरिणामे

भेंट करनेसे प्रसन्न होकर आचार्य मुझे थोड़ा प्रायश्चित्त देंगे ऐसा सोचकर आलोचना करना आकम्पित दोष है । गुरु थोड़ासा प्रायश्चित्त देकर मेरे ऊपर अनुग्रह करेंगे ऐसा अनुमान करके फिर आलोचना करना अनुमानित नामका दोष है । जो अपराध दूसरोंने देख लिया हो उसे तो कहे और जिस अपराधको करते हुए किसीने न देखा हो उसे न कहे, यह दृष्ट दोष है । स्थूल दोष तो कहे किन्तु सूक्ष्म दोषको न कहे, यह बादर दोष है । सूक्ष्म दोष ही कहे और स्थूल दोषको न कहे यह सूक्ष्म नामका दोष है । किसी साधुको अपना दोष कहते सुनकर आचार्यसे यह कहना कि 'भगवन् जैसा दोष इसने कहा है वैसाही दोष मेरा भी है' और अपने दोषको मुखसे न कहना प्रच्छन्न दोष है । कोई दूसरा न सुने इस अभिप्रायसे जब बहुत कोलाहल होरहा हो तब दोष को प्रकट करना शब्दाकुलित दोष है । अपने गुरुके सामने आलोचना करके पुनः अन्य गुरुके पास इस अभिप्रायसे आलोचना करना कि इस अपराधका प्रायश्चित्त ठीक है या नहीं, बहुजन नामा दोष है । जिस मुनिको आगमका ज्ञान नहीं है और जिसका चारित्र भी श्रेष्ठ नहीं है ऐसे मुनिके सामने आलोचना करना अव्यक्त नामका दोष है । जो गुरु स्वयं दोषी है उसके सामने अपने दोषोंकी आलोचना करना तत्सेवी नामक दोष है । इस प्रकार इन दोषोंसे रहित आलोचना करनेवाला यदि पुरुष हो तो एक गुरु और एक आलोचना करनेवाला पुरुष ये दो होना जरूरी हैं । और यदि आलोचना करनेवाली स्त्री हो तो चन्द्र सूर्य वगैरहके प्रकाशमें एक गुरु और दो स्त्रियाँ अथवा दो गुरु और एक स्त्री होना जरूरी है । जो साधु अपने दोषोंका प्रायश्चित्त नहीं करता उसकी बड़ी भारी तपस्या भी इष्ट फल दायक नहीं होती । यहाँ कुछ दोषोंका प्रायश्चित्त बतलाते हैं–पुस्तक पीछी आदि पराये उपकरणोंको लेलेने पर आलोचना प्रायश्चित्त होता है । प्रमादवश आचार्य वचनोंका पालन न करनेपर आलोचना प्रायश्चित्त होता है । आचार्यसे बिना पूछे आचार्यके कामसे जाकर लौट आनेपर आलोचना प्रायश्चित्त होता है । पर संघसे बिना पूछे अपने संघमें चले आनेपर आलोचना प्रायश्चित्त होता है । देश और कालके नियमसे अवश्य करने योग्य किसी विशेष व्रतको, धर्मकथामें लग जानेसे भूल जानेपर यदि बादको कर लिया हो तो आलोचना प्रायश्चित्त होता है । षट्कायके जीवोंके प्रति यदि कठोर वचन निकल गया हो तो प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होता है ।

१ लम किमु बहुवं वा, (स बहुवं य), ग थोवि किमु बहुव वा ।

प्रतिक्रमणम्, पैशून्यकलहादिकरणे प्रतिक्रमणम्, वैयावृत्त्यस्वाध्यायातिप्रमादे प्रतिक्रमणम्, आचार्यादिषु हस्तपादादिसंघट्टने प्रतिक्रमणम्, व्रतसमितिगुप्तिषु स्वल्पातिचारे प्रतिक्रमणम्, गोचरगतस्य मुनेः लिङ्गोत्थाने प्रतिक्रमणम्, परसंक्लेशकरणादौ च प्रतिक्रमणम्। दिवसरात्र्यन्ते भोजनगमनादौ आलोचनाप्रतिक्रमणद्वयम्, लोचनखच्छेदस्वप्नमैथुनाचरणरात्रिभोजनेषु उभयम्, पक्षमासचतुर्माससंवत्सरादिदोषादौ च उभयम्। मौनादिना विना लोचनविधाने व्युत्सर्गः, हरिततृणोपरि गमने व्युत्सर्गः, कर्दमोपरि गमने व्युत्सर्गः, उदरकृमिनिर्गमने व्युत्सर्गः, हिमदंशमशकादिवातादिरोमाञ्चे व्युत्सर्गः, आर्द्रभूम्युपरि गमने व्युत्सर्गः, जानुमात्रजलप्रवेशे व्युत्सर्गः, परनिमित्तवस्तुनः स्वोपयोगविधाने व्युत्सर्गः, नावादिनदीतरणे व्युत्सर्गः, पुस्तकपतने व्युत्सर्गः, प्रतिमापतने व्युत्सर्गः, पञ्चस्थावरविघातादृष्टदेशतनुमलविसर्गादिषु व्युत्सर्गः, पक्षादिप्रतिक्रमण-क्रियान्तरव्याख्यानप्रवृत्त्यादिषु व्युत्सर्गः, उच्चारप्रस्रवणादिषु व्युत्सर्गः। एवमुपवासच्छेदमूलपरिहारादिकरणं ग्रन्थतो ज्ञेयम् ॥ ४५२ ॥

जं किं पि तेण दिण्णं तं सव्वं सो करेदि सद्धाए।
णो पुणु हियए संकदि किं थोवं किं पि बहुयं वा[1] ॥ ४५३ ॥

[छाया-यत् किमपि तेन दत्तं तत् सर्वं स करोति श्रद्धया। नो पुनः हृदये शङ्कते किं स्तोकं किमपि बहुकं वा ॥] यत् किमपि प्रायश्चित्तम् आलोचनाप्रतिक्रमणादिदशभेदभिन्नं तेन श्रीगुरुणा दत्तं वितारितम् अर्पितं तत्सर्वं प्रायश्चित्तम् आलोचनादशभेदभिन्नं स साधुः तपस्वी मुमुक्षुः करोति विदधाति, सर्वं प्रायश्चित्तं श्रद्धया रुचिरूपेण अन्तःकरणभावनया करोति। पुनः हृदये स्वमनसि न शङ्कते शङ्कां संदेहं न करोति। मम प्रायश्चित्तं श्रीगुरुणा स्तोकं स्वल्पं दत्तं, वा अथवा, किं बहुतरं प्रचुरं दत्तम् इति नाशङ्कते ॥ ४५३ ॥

पुणरवि काउं णेच्छदि[1] तं दोसं जइ वि जाइ सयं-खंडं।
एवं णिच्छय-सहिदो पायच्छित्तं तवो होदि[3] ॥ ४५४ ॥

[छाया-पुनर् अपि कर्तुं न इच्छति तं दोषं यद्यपि याति शतखण्डम्। एवं निश्चयसहितः प्रायश्चित्तं तपः भवति।] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण प्रायश्चित्तं प्रायश्चित्ताख्यमाभ्यन्तरं तपो भवति। एवं कथम्। यः निश्चयसहितः जिनधर्मे जिनवचने च

किसीकी चुगली करनेपर या किसीसे कलह करने पर प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होता है। वैयावृत्य स्वाध्याय वगैरहमें आलस्य करनेपर प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होता है। आचार्य वगैरहसे हाथ पैरके टकरा जानेपर प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होता है। व्रत समिति गुप्ति वगैरहमें स्वल्प अतिचार लगनेपर, गोचरीके लिये जाते समय लिंगमें विकार आजानेपर और दूसरोंको संक्लेश पैदा करनेपर प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होता है। दिन या रात्रिके अन्तमें गमनागमन करनेपर, स्वप्नमें मैथुन सेवन या रात्रि-भोजन करनेपर और पाक्षिक मासिक चातुर्मासिक तथा वार्षिक दोष वगैरहमें उभय (आलोचना और प्रतिक्रमण) प्रायश्चित्त होता है। बिना मौन पूर्वक आलोचन करनेपर, हरे तृणोंके ऊपर चलने पर, कीचड़मेंसे जानेपर, पेटमेंसे कीड़े निकलने पर, शीत मच्छर वायु वगैरहके कारण रोमांच हो आनेपर, घुटनेतक जलमें प्रवेश करनेपर, दूसरेके लिये आई हुई वस्तुका अपने लिये उपयोग करनेपर, नौका आदिके द्वारा नदी पार करनेपर, प्रतिक्रमण करते समय व्याख्यान आदि प्रवृत्तियोंमें लग जानेपर या मल मूत्र करनेपर व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त होता है। इसी प्रकार उपवास, छेद, मूल, परिहार आदि प्रायश्चित्तोंकी विधि अन्य ग्रन्थोंसे जाननी चाहिये ॥ ४५२ ॥ **अर्थ**–दोषकी आलोचना करनेके पश्चात् आचार्यने जो प्रायश्चित्त दिया हो उस सबको श्रद्धा पूर्वक करना चाहिये। और हृदय

१ ब णेच्छदि (?), लमस णिच्छदि, ग णन्छदि। २ ग सइ। ३ ब होति।

निश्चयः प्रतीतः विश्वासः तेन सहितः युक्तः मुनिः श्रावको वा पुनरपि एकवारं दोषनिराकरणे कृते पुनः तं दोषं कर्तुं न इच्छति, अपराधं व्रतातिचारादिकं विधातुं न वाञ्छति ईहते नैव । यद्यपि स्वयं शतखण्डं याति परीषहैः उपसर्गैः व्याधिभिः शरीरं शतधा खण्डतां याति तथापि तं दोषं कर्तुं न इच्छति ॥ ४५४ ॥

जो चिंतइ अप्पाणं णाण-सरूवं पुणो पुणो णाणी ।
विकहा-विरत्त-चित्तो[1] पायच्छित्तं वरं[2] तस्स ॥ ४५५ ॥

[छाया-यः चिन्तयति आत्मानं ज्ञानस्वरूपं पुनः पुनः ज्ञानी । विकथाविरक्तचित्तः प्रायश्चित्तं वरं तस्य ॥] तस्य मुनेः श्रावकस्य वा प्रायश्चित्तं वरं श्रेष्ठं तपो भवति । तस्य कस्य । यः ज्ञानी भेदाभेदरत्नत्रयविज्ञानी भेदविज्ञानसंपन्नः चिन्तयति ध्यायति । कम् । कर्मतापन्नं पुनःपुनः वारंवारं मुहुर्मुहुः आत्मानं स्वपरमात्मानं शुद्धचिद्रूपम् । कीदृक्षम् । ज्ञानस्वरूपं शुद्धबोधमयं केवलज्ञानदर्शनमयम् । कीदृक् सन् । विकथादिविरक्तमनाः विरूपकथाकथनं विकथा, स्त्रीभोजनराजचोरादिकथाक्रोधमानमायालोभस्पर्शनाद्यीन्द्रियनिद्रास्नेहाः तेभ्यः विरक्तं निवृत्तं मनः चित्तं यस्य स तथोक्तः । पञ्चदशबाह्याभ्यन्तरप्रमादरहितः सार्धसप्तत्रिंशत्सहस्रप्रमादविरतो वा आत्मनः परा उत्कृष्टा विशोधनाम यथा स्यादित्येवमर्थः । स्वसाक्षिका परसाक्षिका च विशुद्धिरुत्कृष्टेति मन्यते । प्रायः इत्युच्यते लोकश्चित्तं तस्य मनो भवेत्, चित्तशुद्धिकरं कर्म प्रायश्चित्तमिति । प्रायश्चित्तफलं भावप्रसादनम् अनवस्थाया अभावः शल्यपरिहरणं धर्मदार्ढ्यादिकं च वेदितव्यम् ॥ ४५५ ॥ अथ विनयतपो गाथात्रयेण विवृणोति-

विणओ[3] पंच-पयारो दंसण-णाणे तहा चरित्ते य ।
बारस-भेयम्मि तवे उवयारो[4] बहु-विहो णेओ ॥ ४५६ ॥

[छाया-विनयः पञ्चप्रकारः दर्शन-ज्ञाने तथा चारित्रे च । द्वादशभेदे तपसि उपचारः बहुविधः ज्ञेयः ॥] विनयः कषायेन्द्रियाणां विनयनं स्ववशीकरणं विनयः, अथवा रत्नत्रयस्य तद्वतां रत्नत्रयवतां मुनीनां च नीचैर्वृत्तिर्विनयः । स पञ्चप्रकारः पञ्चभेदभिन्नः । क्व क्व । दर्शने सम्यग्दर्शने सम्यक्त्वे तत्त्वार्थश्रद्धाने शङ्काकाङ्क्षाविचिकित्सानां वर्जनं परिहारः उपगूहनस्थिरीकरणवात्सल्यप्रभावनाः भक्त्यादयो गुणाः पञ्चपरमेष्ठिभक्त्यानुरागस्तेषामेव पूजा तेषामेव गुणानुवर्तनम् । तथा । "उवगूहादिअ पुव्वुत्ता तह भत्तिआदिआ य गुणा । संकादिवज्जणं पि य दंसणविणओ समासेण ॥" इति दर्शने

में ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये कि आचार्यने मुझे जो प्रायश्चित्त दिया है वह थोड़ा है या बहुत है ॥ भले ही शरीरके खण्ड खण्ड होजायें फिर भी लगे हुए दोषका प्रायश्चित्त लेनेके पश्चात् जो उस दोषको नहीं करना चाहता उस दृढ निश्चयवाले साधुके प्रायश्चित्त नामक तप होता है ॥ **भावार्थ**-जो साधु यह निश्चय कर लेता है कि परीषह, उपसर्ग, व्याधि वगैरहके द्वारा यदि मेरे शरीरके खण्ड खण्ड भी होजायें तो भी मैं किये हुए दोषको पुनः नहीं करूँगा, उसी साधुका प्रायश्चित्त तप सफल है । और जो प्रायश्चित्त लेने के पश्चात् पुनः उसी दोषको कर बैठता है उसका प्रायश्चित्त निष्फल है ॥ ४५३-४ ॥ **अर्थ**-जो ज्ञानी मुनि ज्ञान स्वरूप आत्माका वारंवार चिन्तन करता है और विकथा आदि प्रमादोंसे जिसका मन विरक्त रहता है, उसीके उत्कृष्ट प्रायश्चित्त होता है ॥ **भावार्थ**-पन्द्रह अथवा साढ़े सैंतीस हजार प्रमादोंसे रहित होकर जो मुनि अपने शुद्ध ज्ञानस्वरूप आत्माका ही सदा चिन्तन करता है उसीके वास्तविक प्रायश्चित्त तप होता है; क्यों कि ऐसा करनेसे सब दोषोंसे छुटकारा हो जाता है ॥ ४५५ ॥ आगे तीन गाथाओंसे विनय तपको कहते हैं । **अर्थ**-विनयके पाँच भेद हैं । दर्शनकी विनय, ज्ञानकी विनय, चारित्रकी विनय, बारह प्रकारके तपकी विनय, और उपचार विनय । उपचार विनयके बहुतसे प्रकार हैं ॥

---

१ क म स ग विकहादिविरत्तमणो (म माणो?)। २ म तवो। ३ क म स ग विणयो। ४ म उअयारो।

विनयः । १ । ज्ञाने जिनोक्तसिद्धान्ते द्वादशाङ्गचतुर्दशपूर्वाणां कालशुद्ध्या पठनं व्याख्यानं परिवर्तनम् । हस्तपादौ प्रक्षाल्य पर्यायावस्थितस्याध्ययनम् । अवग्रहविशेषेण पठनम् । बहुमानं यत्पठति यस्मात् शृणोति तयोः पूजा गुणस्तवनम् । अनिह्नवः यत्पठति यस्मात्पाठयति तयोः कीर्तनम् । व्यञ्जनशुद्धम् अर्थशुद्धं व्यञ्जनार्थशुद्धम् इति । ज्ञाने अष्टप्रकारो विनयः । यः शिक्षते विद्योपादानं करोति, ज्ञानाभ्यासं करोति, ज्ञानं परस्मै उपदिशति । य एवं करोति स ज्ञानविनीतो भवति इति ज्ञाने विनयः । २ । तथा तेनैव प्रकारेण चारित्रे व्रतसमितिगुप्तिलक्षणे त्रयोदशप्रकारे सामायिकादिपञ्चप्रकारे वा तदाचरणं तल्लक्षणोपायेन यत्नः चारित्रे विनयः । तथा इन्द्रियकषायाणां प्रसरनिवारणम् इन्द्रियकषायव्यापारनिरोधनम् इति चारित्रविनयः । ३ । च पुनः द्वादशभेदे तपसि अनशनावमौदर्यादिद्वादशप्रकारे तपसि अनुष्ठानम् उत्साहः उद्योगः । तथा आतापनाद्युत्तरगुणेषु उद्यमः उत्साहः । समतास्तवबन्दनाप्रतिक्रमणप्रत्याख्यानकायोत्सर्गाणाम् आवश्यकानामपरिहाणिः । तथा यस्यावश्यकस्य यावन्तः पठिताः कायोत्सर्गाः तावन्त एव कर्तव्याः न तेषां हानिर्वृद्धिर्वा कार्या । द्वादशविधतपोऽनुष्ठाने भक्तिरनुरागः तपस्विनां भक्तिः इति तपसि विनयः । ४ । उपचारो विनयः, उपचर्यते उपचारेण क्रियते साक्षादिति उपचारो विनयः । बहुधा बहुप्रकारः । कायिकविनयः साधूनां दूरदर्शनात् आसनाद् उत्थानम्, सिद्धश्रुतगुरुभक्तिपूर्वकं कायोत्सर्गादिकरणम्, नमनं शिरसा प्रणामः, अञ्जलिपुटेन नमनम्, सन्मुखगमनम्, पृष्ठिगमनम्, देवगुरुभ्यः पुरतः नीचं स्थानम्, वामपार्श्वे स्थानम्, गुरोर्वामपार्श्वे पृष्ठतो वा गमनम्, इत्यादिकौपचारिककायविनयः । वाचिकविनयः । तद्यथा । पूज्यवचनं बहुवचनोच्चारणं यूयं भट्टारकाः पूज्याः इत्येवमादिकम् । हितस्य पथ्यस्य भाषणम् इहलोकपरलोकधर्मकारणं वचनम् । मितस्य परिमितस्य भाषणं वाल्पाक्षरबह्वर्थम् । मधुरं मनोहरवचनं श्रुतिसुखदम् । सूत्रानुवीचिवचनम् आगमदृष्ट्या भाषणं यथा पापं न भवति । निष्ठुरकर्कशकटुकादिकं वर्जयित्वा भाषणम् । क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिविरहितं वचनम् । वकारमकारादिरहितं वचनम् । बन्धनत्रासनताडनादिरहितं वचनम् । असिमसिकृष्यादिक्रियारहितं वचनम् । परसुखविधायकं वचनं धर्मोपदेशनम् । इत्यादिवाचिकविनयः यथायोग्यं कर्तव्यो भवति । मानसिकविनयः । यथा । हिंसादिपापकारिपरिणामस्य परित्यागः । आर्तरौद्रपरिणामस्य परित्यागः । सम्यक्त्वविराधनापरिणामरहितः । मिथ्यात्वपरिणामपरित्यागः । धर्मे सम्यक्त्वे ज्ञाने चारित्रे तद्वत्सु च शुभपरिणामः कर्तव्यः । कायादिको विनयः प्रत्यक्षः, दीक्षागुरौ श्रुतगुरौ तपोऽधिके साधुषु सूरिपाठकेषु आर्यिकासु गृहस्थश्रावकलोकेषु च यद्विद्यमानेषु यथायोग्यं विनयः कर्तव्यः । एतेषु परोक्षभूतेषु गुर्वादिषु कायादिको विनयः कर्तव्यः । गुरूणामाज्ञादेशतदुपदेशवचनप्रतिपालनतदुपदिष्टेषु जीवादिपदार्थेषु श्रद्धानं कर्तव्यं परोक्षविनयः । विनयस्य फलम्, विनये सति ज्ञानलाभो भवति, आचारविशुद्धिश्च संजायते । विनयहीनस्य शिक्षा श्रुताध्ययनं सर्वं निष्फलम् । विनयवान् सर्वकल्याणानि स्वर्गमोक्षसुखानि लभते । जन्मादिकपञ्चकल्याणकं चतुर्विधाराधनादिकं च लभते । तदुक्तं च । 'विणओ मोक्खद्दारं विणयादो संजमो तवो णाणं । विणएणाराहिज्जदि आयरिओ सव्वसंघो य ॥' विनयो मोक्षस्य द्वारं प्रवेशकः, विनयात् संयमः, विनयात् तपः, विनयात् ज्ञानं, विनयेन आराध्यते आचार्यः सर्वसंघ श्चापि । तथा च । 'कित्ती मेत्ती माणस्स भंजणं गुरुजणे य बहुमाणं । तित्थयराणं आणा गुणाणुमोदो य विणयगुणा ॥' विनयस्य कर्ता कीर्तिं यशः सर्वव्यापि प्रतापं लभते, तथा मैत्रीं सर्वैः सह मित्रभावं लभते, तथात्मनो मानं गर्वं निरस्यति, गुरुजनेभ्यो बहुमानं लभते, तीर्थकराणामाज्ञां पालयति, गुणानुरागं च करोति । इत्यादिविनयतपोविधानगुणाः ॥ ४५६ ॥

दंसण-णाण-चरित्ते सुविसुद्धो जो हवेइ परिणामो ।
बारस-भेदे[1] वि तवे[2] सो च्चिय[3] विणओ हवे तेसिं ॥ ४५७ ॥

भावार्थ—कषाय और इन्द्रियोंको अपने वशमें करना विनय है । अथवा रत्नत्रय और रत्नत्रयके धारी मुनियोंके विषयमें विनम्र रहना विनय है । उसके पाँच भेद हैं ॥ ४५६ ॥ **अर्थ**—दर्शन, ज्ञान और चारित्रके विषयमें तथा बारह प्रकारके तपके विषयमें जो विशुद्ध परिणाम होता है वही उनकी विनय है ॥ **भावार्थ**—तत्त्वार्थके श्रद्धानरूप सम्यग्दर्शनके विषयमें शंका, कांक्षा, विचिकित्सा आदि दोषोंको छोड़ना और उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य, प्रभावना, आदि गुणोंका होना

१ ब भेउ, म भेए । २ ब तवो (?) । ३ ब चिय ।

[छाया- दर्शनज्ञानचारित्रे सुविशुद्धः यः भवति परिणामः । द्वादशभेदे अपि तपसि स एव विनयः भवेत् तेषाम् ॥] तेसिं तेषां दर्शनज्ञानचारित्रतपसां सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपसां स एव विनयो भवेत् । स कः । यः सुविशुद्धः अतिशयेन निर्मलः तद्ग्राहकपरिणामो वा परिणामः परिणतिः भावो भवति । केषु । दर्शनज्ञानचारित्रेषु भेदाभेदरत्नत्रयरूपसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेषु, दर्शने तत्त्वार्थश्रद्धानलक्षणे निश्चयव्यवहारसम्यक्त्वे निःशङ्कितादिदोषरहिते स्वस्वरूपशुद्धबुद्धैकात्मनि श्रद्धानरुचिलक्षणं वा दर्शनविनयः १ । ज्ञाने द्वादशाङ्गलक्षणे व्यञ्जनोर्जितादिना पठनं पाठनं वा चिदानन्दैकस्वस्वरूपपरिज्ञाने वा ज्ञानविनयः २ । चारित्रे त्रयोदशप्रकारे सर्वातिचाररहित्येन पञ्चपञ्चभावनायुक्तत्वेन वा प्रवृत्तिः स्वस्वरूपानुभवनं वा चारित्रविनयः ३ । अपि पुनः द्वादशभेदे तपसि अनशनादिद्वादशभेदभिन्नतपोविधानेषु अखेदेन प्रवृत्तिः, तदाचरणे उत्साहः, आहारेन्द्रियकषायाणां रागद्वेषयोश्च परित्यागः इत्यादितपोविनयः ॥ ४५७ ॥

रयण-त्तय-जुत्ताणं अणुकूलं जो चरेदि[1] भत्तीए ।
भिच्चो जह[2] रायाणं उवयारो सो हवे विणओ ॥ ४५८ ॥

[छाया- रत्नत्रययुक्तानाम् अनुकूलं यः चरति भक्त्या । भृत्यः यथा राज्ञाम् उपचारः स भवेत् विनयः ॥] यो भव्यः रत्नत्रययुक्तानां सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रवताम् आचार्योपाध्यायसाधूनां दीक्षाशिक्षाश्रुतदानगुरूणां च भक्त्या धर्मानुरागेण परमार्थबुद्ध्या अनुकूलम् अभ्युत्थानमभिगमनं करयोटनं वन्दनानुगमनं पृष्ठगमनम् इत्यादिकम् आचरति, आनुकूल्येन

तथा पंच परमेष्ठीमें भक्ति होना, उन्हींके गुणोंका अनुसरण करना, ये सब दर्शनविनय है । कहा भी है–'उपगूहन आदि तथा भक्ति आदि आत्मगुणोंका होना और शंका आदि दोषोंको छोड़ना संक्षेपसे दर्शनविनय है ॥' काल शुद्धिका विचार करके जिन भगवानके द्वारा कहे हुए बारह अंग और चौदह पूर्वरूप सिद्धान्तका पढ़ना, व्याख्यान करना, पाठ करना, हाथ पैर धोकर पर्यङ्कासनसे बैठकर उसका मनन करना ज्ञान विनय है । ज्ञान विनयके आठ प्रकार हैं–योग्यकालमें स्वाध्याय करना, श्रुतभक्ति करना, स्वाध्याय कालतक विशेष नियम धारण करना, आदरपूर्वक अध्ययन करना, गुरुके नामको न छिपाना, दोषरहित पढ़ना, शुद्ध अर्थ करना, शुद्ध अर्थ और शुद्ध शब्द पढ़ना, ये क्रमशः काल विनय, उपधान, बहुमान, अनिह्नव, व्यंजन, अर्थ और तदुभय नामक आठ प्रकार हैं । इसी प्रकार व्रत, समिति और गुप्तिरूप तेरह प्रकारके चारित्रका अथवा सामायिक आदिके भेदसे पाँच प्रकारके चारित्रका पालन करना, इन्द्रिय और कषायोंके व्यापारको रोकना अथवा अपने स्वरूपका अनुभवन करना चारित्रविनय है । अनशन, अवमोदर्य आदि बारह प्रकारके तपका उत्साह पूर्वक पालन करना, तथा आतापन आदि उत्तरगुणोंमें उत्साहका होना, समता, स्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग इन छः आवश्यकोंमें कमी भी हानि नहीं करना, (जिस आवश्यकके जितने कायोत्सर्ग बतलाये हैं उतने ही करने चाहियें उनमें घटाबढ़ी नहीं करनी चाहिये) इस प्रकार बारह प्रकारके तपके अनुष्ठानमें तथा तपस्वियोंमें भक्तिका होना तपकी विनय है ॥ ४५७ ॥ **अर्थ**–जैसे सेवक राजाके अनुकूल प्रवृत्ति करता है वैसे ही रत्नत्रय अर्थात् सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके धारक मुनियोंके अनुकूल भक्तिपूर्वक प्रवृत्ति करना उपचार विनय है ॥ **भावार्थ**–औपचारिक विनयको उपचार विनय कहते हैं । पहले कहा है कि उपचार विनयके अनेक प्रकार हैं । अपने दीक्षागुरु, विद्यागुरु, तपस्वी साधुको दूरसे देखते ही खड़े होजाना, हाथ जोड़कर या सिर नवाकर नमस्कार करना, उनके सामने जाना, या पीछे पीछे

---

१ ब चरेइ । २ ग विइ ।

सन्मुखत्वेन परमभक्तत्वेन प्रवर्तते। यथा सेवकः राज्ञां सेवां करोति तथा रत्नत्रयधारिणां शिष्यः यो भव्यः अनुकूलत्वेन प्रवर्तते स प्रसिद्धः। उपचारो विनयः, औपचारिकोऽयं विनयो भवति। इति विनयतपोविधानं षष्ठम् ॥ ४५८ ॥ अथ वैयावृत्त्यं तपो गाथाद्वयेन विभावयति—

जो उवयरदि जदीणं उवसग्ग-जराइ-खीण-कायाणं।
पूयादिसु[1] णिरवेक्खं वेज्जावच्चं[2] तवो तस्स ॥ ४५९ ॥

[छाया-यः उपचरति यतीनाम् उपसर्गजरादिक्षीणकायानाम्। पूजादिषु निरपेक्षं वैयावृत्त्यं तपः तस्य ॥] तस्य साधोः वैयावृत्त्यं तपः। व्यावृत्तिः परदुःखादिहरणे प्रवृत्तिः व्यावृत्तेर्भावः वैयावृत्त्यम्। अथवा कायपीडादुःपरिणामविनाशार्थं कायचेष्टया द्रव्यान्तरेणोपदेशेन च व्यावृत्तस्य यत्कर्म तद्वैयावृत्त्यं नाम तपोविधानं भवेत्। तस्य कस्य। यो महान् भव्यः यतीनाम् आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्ष्यग्लानगणकुलसंघसाधुमनोज्ञानां दशविधानां पुरुषाणां दशविधं वैयावृत्त्यं भवति। पञ्चधाचारं स्वयमाचरन्ति शिष्यादीनामाचारयन्तीत्याचार्याः १। मोक्षार्थमुपेत्याधीयते शास्त्रं तस्मादित्युपाध्यायः श्रुतगुरुः २। महोपवासकायक्लेशादितपोऽनुष्ठानं विद्यते यस्य स तपस्वी ३। शास्त्राभ्यासशील· शैक्षः ४। रोगादिपीडितशरीरो ग्लानः ५। वृद्धमुनिसमूहो गण· ६। दीक्षकाचार्यशिष्यसंघातः कुलं वा स्त्रीपुरुषसंतानः कुलम् ७। ऋषिमुनियत्यनगारलक्षणश्चातुर्वर्ण्यश्रवणसमूहः संघ·, ऋष्यार्यिकाश्रावकश्राविकासमूहो वा संघः ८। चिरदीक्षितः साधुः ९।

जाना, देव और गुरुके सन्मुख नीचे स्थानपर बैठना, या उनके बाईं ओर खड़े होना, ये सब कायिक उपचार विनय है। आर्यिका और श्रावकोंके भी आने पर उनकी यथायोग्य विनय करना चाहिये। गुरुजनोंके परोक्षमें भी उनके उपदेशोंका ध्यान रखना, उनके विषयमें शुभ भाव रखना मानसिक उपचार विनय है। गुरु जनोंके प्रति पूज्य वचन बोलना–आप हमारे पूज्य हैं, श्रेष्ठ हैं इत्यादि, हित मित मधुर वचन बोलना, निष्ठुर कर्कश कटुक वचन न बोलना आदि वाचिक उपचार विनय है। इस प्रकार विनय तपके पांच भेद हैं। इस विनय तपका पालन करनेसे ज्ञानलाभ होता है और अतिचारकी विशुद्धि होती है। जिसमें विनय नहीं है उसका पठन पाठन सब व्यर्थ है। विनयी पुरुष स्वर्ग और मोक्षके सुखको प्राप्त करता है, तीर्थङ्करपद प्राप्त करके पाँच कल्याणकोंका पात्र होता है, और चारों आराधनाओंको भजता है। कहा भी है 'विनय मोक्ष का द्वार है, विनयसे संयम, तप और ज्ञानकी आराधना सरल होती है, विनयसे आचार्य और समस्त संघ भी वशमें हो जाता है।' और भी कहा है–'विनयी पुरुषका यश सर्वत्र फैलता है, सबके साथ उसकी मित्रता रहती है, वह अपने गर्वसे दूर रहता है, गुरुजन भी उसका सन्मान करते हैं, वह तीर्थङ्करोंकी आज्ञाका पालन करता है, और गुणानुरागी होता है।' इस प्रकार विनयमें बहुतसे गुण हैं। अतः विनय तपका पालन करना चाहिये ॥ ४५८ ॥ आगे दो गाथाओंसे वैयावृत्य तपको कहते हैं। **अर्थ**–जो मुनि उपसर्गसे पीड़ित हो और बुढ़ापे आदिके कारण जिनकी काय क्षीण होगई हो, जो अपनी पूजा प्रतिष्ठाकी अपेक्षा न करके उन मुनियोंका उपकार करता है उसके वैयावृत्य तप होता है ॥ **भावार्थ**–अपनी शारीरिक चेष्टासे अथवा किसी अन्य वस्तुसे अथवा उपदेशसे दूसरोंके दुःख दूर करनेकी प्रवृत्तिका नाम वैयावृत्य है। यह वैयावृत्य आचार्य, उपाध्याय, तपस्वी, शैक्ष्य, ग्लान, गण, कुल, संघ, साधु और मनोज्ञ इन दस प्रकारके मुनियोंकी की जाती है। इससे वैयावृत्यके दस भेद हो जाते हैं। जो पांच प्रकारके आचारका स्वयं पालन करते हैं और शिष्योंसे

१ ल म स ग पूजादिसु। २ ब (?) ल म ग विज्जावच्चं।

वक्तृत्वादिगुणविराजितो लोकाभिसंमतो विद्वान् मुनिर्मनोज्ञः, तादृशोऽसंयतसम्यग्दृष्टिर्वा मनोज्ञः १० । एतेषां दशविधानां यतीनाम् उपचरति उपकुर्वते उपकारं व्याधौ सति प्रासुकौषधभक्तपानादिपथ्यवसतिकासंस्तरणादिभिः उपकारं करोति, धर्मोपकरणैः पुस्तकैः सिद्धान्तदानैः उपकारं करोति, तथा परीषहविनाशनैः उपकारं विदधाति, मिथ्यात्वादिसंभवे सम्यक्त्वे प्रतिष्ठापनम्, बाह्यद्रव्यासंभवे कायेन श्लेष्माद्यन्तर्मलापनयनं तदनुकूल्यानुष्ठानं करोति । कथम् । पूजादिषु निरपेक्षां पूजाख्यातिलाभमहत्त्वादिषु अपेक्षा वाञ्छारहितं यथा भवति तथा । कीदृग्विधानां यतीनाम् । उपसर्गजराविक्षीणकायानां देवमनुष्यतिर्यग्जलाग्निवातपाषाणादिसंभवोपसर्गप्राप्तानां जरया ग्रस्तानां वृद्धानां क्षीणशरीराणां रोगैः कृत्वा क्षीणशरीराणां यतीनाम् उपकारं वैयावृत्त्यं करोति । तस्य वैयावृत्त्याख्यं तपो भवतीति । तथा चोक्तं । 'करचरणपुट्ठिसिरसाण महणब्भंगसेवकिरियाहिं । उव्वत्तणपरियत्तणपसारणाकुंचणाईहिं ॥ पडिजग्गणेहिं तणुजोयभत्तपाणेहिं भेसजेहिं तहा । उच्चारादीण विकिंचणेहिं तणुधोवणेहिं च ॥ संथारसोहणेहि य वेयावच्चं सया पयत्तेण । कायव्वं सत्तीए णिव्विदिगिच्छेण भावेण ॥ देहतवणियमसंजमसीलसमाही य अभयदाणं च । गदिमदिबलं च दिण्णं वेयावच्चं करंतेण ॥' इति । किंबहुना, वैयावृत्त्यकारी जीवः यशःकीर्तिजिनाज्ञारूपसंपदास्वर्गमोक्षसुखं प्राप्नोति ॥ ४५९ ॥

जो वावरइ सरूवे सम-दम-भावम्मि सुद्ध[1]-उवजुत्तो ।
लोय[2]-ववहार-विरदो[3] वेयावच्चं[4] परं तस्स ॥ ४६० ॥

पालन कराते हैं उन्हें आचार्य कहते हैं। जिनके समीप जाकर मोक्षके लिये शास्त्राध्ययन किया जाता है उन्हें उपाध्याय अर्थात् विद्यागुरु कहते हैं। जो बड़े बड़े उपवास करता हो, कायक्लेश आदि तपोंको करता हो उसे तपस्वी कहते हैं। जो शास्त्रोंका अभ्यास करता हो वह शैक्ष्य है। जिसका शरीर रोगसे पीड़ित हो वह ग्लान है। वृद्ध मुनियोंके समूहको गण कहते हैं। दीक्षाचार्यकी शिष्य-परम्पराको कुल कहते हैं। ऋषि यति मुनि और अनगारके भेदसे चार प्रकारके श्रमणोंके समूहको संघ कहते हैं। अथवा मुनि आर्यिका श्रावक श्राविकाके समूहको संघ कहते हैं। जिसको दीक्षा लिये चिरकाल होगया हो उसे साधु कहते हैं। जो विद्वान मुनि वक्तृत्व आदि गुणोंसे सुशोभित हो और लोकमें जिसका सन्मान हो उसे मनोज्ञ कहते हैं। उक्त गुणोंसे युक्त असंयत सम्यग्दृष्टि भी मनोज्ञ कहा जाता है। इन दस प्रकारके मुनियोंको व्याधि होने पर प्रासुक औषधि, पथ्य, वसतिका और संथरा वगैरहके द्वारा उनकी व्याधिको दूर करना, धर्मके उपकरण पुस्तक आदि देना, परीषहका दूर करना, उनके मिथ्यात्वकी ओर अभिमुख होनेपर उन्हें सम्यक्त्वमें स्थिर करना, उनके श्लेष्माआदि मलोंको फेंकना, तथा उनके अनुकूल चलना, ये सब वैयावृत्य है। यह वैयावृत्य ख्याति लाभ आदिकी भावनासे नहीं करना चाहिये। कहा भी है–हाथ, पैर, पीठ और सिर का दबाना, तेल मलना, अंग सेकना, उठाना, बैठाना, अंग फैलाना, सिकोड़ना, करवट दिलाना, आदि कार्योंके द्वारा, शरीरके योग्य अन्न पान तथा औषधियोंके द्वारा, मल मूत्र आदि दूर करनेके द्वारा, शरीरका धोना, संथरा आदि बिछाना आदि कार्योंके द्वारा ग्लानिरहित भावसे शक्तिके अनुसार वैयावृत्य करना चाहिये। वैयावृत्य करनेवाला देह, तप, नियम, संयम, शक्तिका समाधान, अभयदान, तथा गति, मति और बल देता है ॥ ४५९ ॥ **अर्थ**–विशुद्ध उपयोगसे युक्त हुआ जो मुनि शम दम भाव रूप अपने आत्मस्वरूपमें प्रवृत्ति करता है और लोकव्यवहारसे विरक्त रहता है, उसके उत्कृष्ट वैयावृत्य तप होता है ॥ **भावार्थ**–रागद्वेषसे रहित साम्य–भावको शम कहते हैं,

---

१ क म स ग सुद्धि । २ म ववहार । ३ ब विरओ । ४ म विज्जावच्चं (?), स वेज्जावच्चं ।

[छाया- यः व्याप्रोति स्वरूपे शमदमभावे शुद्ध-उपयुक्तः । लोकव्यवहारविरतः वैयावृत्त्यं परं तस्य ॥] तस्य भव्यजीवस्य परम् उत्कृष्टं वैयावृत्त्यं तपो भवेत् । तस्य कस्य । यो भव्य. स्वरूपे व्याप्रोति शुद्धबुद्धचिदानन्दरूपशुद्धचिद्रूपे अभेदरत्नत्रयस्वरूपपरमात्मनि व्यापारं करोति प्रवर्तते आत्मनात्मनि तिष्ठति, आत्मानमनुभवतीत्यर्थः । कथंभूतो भव्यः सन् । शुद्धिउपयुक्तः शुद्धिः निर्मलता तया उपयुक्तः सहित. शुद्धयष्टकेनाविष्टो वा । क्व । समदमभावे शमः उपशमः क्रोधाद्युपशान्तिः दमः पञ्चेन्द्रियनिग्रहः तयोर्भावः परिणाम., तस्मिन् शमदमभावे निर्मलतासहितः । अथवा कथंभूते स्वरूपे । शान्तदान्तपरिणामे निर्विकल्पसाम्यसमाधिपरिणामे । पुनः कीदृक्षः सन् । लोकव्यवहारविरतः लोकानां जनानां व्यवहारः अशनपानेन्द्रियविषयप्रवृत्तिनिवृत्तिरूपः व्यापारः तस्मात् विरतः विरक्त, दानपूजाख्यातिलाभादिविरहितो वा ॥ ४६० ॥ अथ स्वाध्यायतपोविधानं गाथाषट्केनाह—

पर-तत्ती[1]-णिरवेक्खो दुट्ठ-वियप्पाण णासण-समत्थो ।
तच्च-विणिच्छय-हेदू सज्झाओ झाण-सिद्धियरो ॥ ४६१ ॥

[छाया- परततिनिरपेक्षः दुष्टविकल्पानां नाशनसमर्थ. । तत्त्वविनिश्चयहेतु. स्वाध्यायः ध्यानसिद्धिकरः ॥] स्वाध्यायः सुष्ठु पूर्वापराविरोधेन अध्ययनं पठन पाठनम् आध्यायः सुष्ठु आध्याय स्वाध्यायः, सुष्ठु शोभनः आध्याय· स्वाध्यायो वा । स्वस्मै स्वात्मने हितः अध्याय. स्वाध्यायो वा सम्यग्युक्तोऽनुष्ठेय· इति स्वाध्यायो वा । स कथंभूतः स्वाध्यायः । परतातिनिरपेक्षः, परनिन्दानिरपेक्षः परेषामपवादवचनरहितः । स्वाध्याये प्रवृत्तः सन् मुनिः तद्गतचित्तवचनत्वात् परेषां निन्दां न विदधाति निन्दावचनं न वक्ति । पुन. कथंभूतः । दुष्टविकल्पाना रागद्वेषार्तध्यानरौद्रध्यानादिविकल्पानां परिणामानां नाशनसमर्थः विनाशने शक्तियुक्त· । अथवा बहिर्द्रव्यविषये पुत्रकलत्रादिचेतनाचेतनरूपे ममेदमिति स्वरूपः संकल्पः, अहं सुखी अहं दुःखीत्यादिचिन्तागतो हर्षविषादादिपरिणामो विकल्प इति दुष्टसंकल्पविकल्पानां संकल्पविकल्परूप-मनःपरिणामानां दुष्टानां स्फेटने समर्थ. । स्वाध्यायं कुर्वन् सन् तद्गतमानसत्वात् अन्यत्र मनोव्यापारं न करोतीत्यर्थः । भूयोऽपि कथंभूतः स्वाध्यायः । तत्त्वविनिश्चयहेतुः तत्त्वानां जीवादिपदार्थानां विनिश्चय· निर्णयः निर्धार· निःसंदेह. तस्य हेतुः कारणम्, जीवादिपदार्थानां संशयसंदेहस्फेटनहेतुरित्यर्थः । पुनरपि कथंभूत । ध्यानसिद्धिकर. धर्म्यध्यानशुक्लध्यानयोः सिद्धिं प्राप्तिं निष्पत्तिं करोतीति ध्यानसिद्धिकरः, अत. एतद्ध्यानयोः सिद्धिर्भवतीत्यर्थः ॥ ४६१ ॥

और पाँचों इन्द्रियोंके निग्रहको दम कहते हैं। जो शुद्धोपयोगी मुनि शम दम रूप अपनेआत्मस्वरूप में लीन रहता है, उसके खान पान और सेवा शुश्रूषामें प्रवृत्तिरूप लोकव्यवहार अर्थात् ऊपर कहा हुआ बाह्य वैयावृत्त्य कैसे हो सकता है? उसके तो निश्चय वैयावृत्त्य ही होता है। अतः बाह्य व्यवहारसे निवृत्त होकर निर्विकल्प समाधिमें लीन होना ही उत्कृष्ट वैयावृत्त्य है ॥ ४६० ॥ आगे छः गाथाओंसे स्वाध्याय तपको कहते हैं। **अर्थ**—स्वाध्यायतप परनिन्दासे निरपेक्ष होता है, दुष्ट विकल्पोंको नष्ट करनेमें समर्थ होता है। तथा तत्त्वके निश्चय करनेमें कारण है और ध्यानकी सिद्धि करनेवाला है॥ **भावार्थ**—सुष्ठु रीतिसे पूर्वापर विरोधरहित अध्ययन करनेको स्वाध्याय कहते हैं। अथवा 'स्व' अर्थात् आत्माके हितके लिये अध्ययन करनेको स्वाध्याय कहते हैं। स्वाध्याय परनिन्दासे निरपेक्ष होता है; क्यों कि स्वाध्यायमें लगे हुए मुनिका मन और वचन स्वाध्यायमें लगा होता है इस लिये वह किसी की निन्दा नहीं करता। तथा स्वाध्याय करनेसे राग द्वेष और आर्त रौद्र ध्यान रूप दुष्ट विकल्प नष्ट हो जाते हैं। अथवा पुत्र स्त्री धन धान्य आदि चेतन अचेतन बाह्य वस्तुओंमें 'यह मेरे हैं' इस प्रकारके परिणामोंको संकल्प कहते हैं, और 'मै सुखी हूँ' 'मैं दुःखी हूँ', इस प्रकार चित्तमें होने वाले हर्ष विषादरूप परिणामोंको विकल्प कहते है। स्वाध्याय करनेसे वे दुष्ट संकल्प विकल्प नष्ट हो जाते हैं, क्यों कि स्वाध्याय करनेवालेका मन स्वाध्यायमें ही लगा रहता है। इस लिये उसका मन इधर उधर नहीं जाता।

[1] ग परतित्ती।

पूयादिसु¹ णिरवेक्खो जिण-सत्थं जो पढेइ भत्तीए।
कम्म-मल-सोहणट्ठं सुय-लाहो² सुहयरो तस्स ॥ ४६२ ॥

[छाया-पूजादिषु निरपेक्षः जिनशास्त्रं यः पठति भक्त्या। कर्ममलशोधनार्थं श्रुतलाभः सुखकरः तस्य ॥] तस्य साधोः श्रुतस्य सिद्धान्तस्य जिनागमस्य लाभः प्राप्तिर्भवति। किंभूतः श्रुतलाभः। सुखकरः स्वर्गमुक्त्यादिशर्मनिष्पादकः। तस्य कस्य। यः साधुः पठति पाठयति स्वयमध्येति शिष्यान् अध्यापयति। किं तत्। जिनशास्त्रं जिनप्रणीतसिद्धान्तम्। कया। भक्त्या धर्मानुरागेण परमार्थबुद्ध्या वा। किमर्थम्। कर्ममलशोधनार्थम्, कर्माणि ज्ञानावरणादीनि तान्येव मलाः कर्दमास्तेषां विशोधनार्थं विशोधननिमित्तं स्फेटनार्थम्। यः कीदृक्षः। पूजादिषु निरपेक्षः पूजालाभख्यातिप्रशंसनाद्याद्यादि-प्राप्तिषु वाञ्छारहितः निरीहः ॥ ४६२ ॥

जो जिण-सत्थं सेवदि पंडिय-माणी फलं समीहंतो।
साहम्मिय-पडिकूलो सत्थं पि विसं हवे तस्स ॥ ४६३ ॥

[छाया-यः जिनशास्त्रं सेवते पण्डितमानी फलं समीहमानः साधर्मिकप्रतिकूलः शास्त्रम् अपि विषं भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनेः शास्त्रं श्रुतज्ञानम् अपि शब्दात् व्रतसंयमधर्मादिकं विषं हालाहलं कालकूटसदृशं शास्त्रं भवेत् जायते, संसार-दुःखप्राप्तिहेतुत्वात्। तस्य कस्य। यः पुमान् जिनशास्त्रं सेवते जिनोक्तप्रवचनं प्रथमानुयोगप्रमुखश्रुतज्ञानं भजते स्वयं पठति अन्यान् पाठयति। कीदृक् सन्। पण्डितमानी पण्डितोऽहं विद्वान् इत्यात्मानं मन्यते पण्डितमानी विद्यया गर्विष्ठः इत्यर्थः। उक्तं च। 'ज्ञानं मददर्पहरं माद्यति यस्य तेन तस्य को वैद्यः। अमृतं यद्विषजातं तस्य चिकित्सा कथं क्रियते ॥' इति। पुनः कीदृक् सन्। फलं समीहमानः फलं ख्यातियशःकीर्तिप्रशंसापूजापादमर्दनादिकधनलाभादिकभोजनभेषजादिकं वाञ्छन् वाञ्छां कुर्वन्। भूयोऽपि कीदृग्विधः। साधर्मिकप्रतिकूलः साधर्मिकेषु जनेषु सम्यग्दृष्टिश्रावकयतिषु पराङ्मुखः द्वेषकारीत्यर्थः ॥ ४६३ ॥

जो जुद्ध-काम-सत्थं रायादोसेहिं³ परिणदो पढइ।
लोयावंचण-हेदुं सज्झाओ णिप्फलो तस्स ॥ ४६४ ॥

तथा स्वाध्याय करनेसे तत्त्वोंके विषयमें होनेवाला सन्देह नष्ट हो जाता है और धर्म तथा शुक्ल ध्यानकी सिद्धि होती है ॥ ४६१ ॥ **अर्थ**–जो मुनि अपनी पूजा प्रतिष्ठाकी अपेक्षा न करके, कर्म मलको शोधन करनेके लिये जिनशास्त्रोंको भक्तिपूर्वक पढ़ता है, उसका श्रुतलाभ सुखकारी होता है। **भावार्थ**–आदर, सत्कार, प्रशंसा और धनप्राप्तिकी वाञ्छा न करके ज्ञानावरणआदि कर्म रूपी मलको दूर करनेके लिये जो जैन शास्त्रोंको पढ़ता पढ़ाता है, उसे स्वर्ग और मोक्षका सुख प्राप्त होता है ॥ ४६२ ॥ **अर्थ**–जो पण्डिताभिमानी लौकिक फलकी इच्छा रखकर जिन शास्त्रोंकी सेवा करता है और साधर्मी जनोंके प्रतिकूल रहता है उसका शास्त्रज्ञानभी विषरूप है ॥ **भावार्थ**–जो विद्याके मदसे गर्विष्ठ होकर अपनेको पण्डित मानता है और प्रशंसा, पूजा, धन, भोजन, औषधि वगैरहके लाभकी भावनासे जैन शास्त्रोंको पढ़ता तथा पढ़ाता है और सम्यग्दृष्टि, श्रावक तथा मुनियोंका विरोधी रहता है उसका शास्त्रज्ञान भी विषके तुल्य है; क्यों कि वह संसारके दुःखोंका ही कारण है। कहा भी है–'ज्ञान घमण्डको दूर करता है। किन्तु जो ज्ञानको ही पाकर मद करता है उसको इलाज कौन कर सकता है? यदि अमृत ही विष हो जाये तो उसकी चिकित्सा कैसे की जा सकती है?' ॥ ४६३ ॥ **अर्थ**–जो पुरुष रागद्वेषसे प्रेरित होकर लोगोंको ठगनेके लिये युद्धशास्त्र और कामशास्त्रको पढ़ता है

---

१ क पूजादिसु (ग °सु)। २ ब सज्झाओ (?), म सुअलाहो। ३ ल म स ग राय°, ब राया (?), [रायदोसेहिं]।

[छाया—यः युद्धकामशास्त्रं रागद्वेषाभ्यां परिणतः पठति । लोकवञ्चनहेतुं स्वाध्यायः निष्फलः तस्य ॥] तस्य पुंसः स्वाध्यायः शास्त्राध्ययनं निःफलं विद्धि वृथा फलदानपरिणतरहितः कार्यकारी न भवति । तस्य कस्य । यः पुमान् युद्धकामशास्त्रं पठति पाठयति चिन्तयति च । युद्धशास्त्रं खड्गकुन्तशक्तिगदाचक्रधनुर्बाणादिविद्यादिशस्त्रसंग्राममल्लयुद्धादिकशिक्षागजाश्वपरीक्षानरनारीलक्षणसामुद्रिकज्योतिष्कवैद्यकमन्त्रतन्त्रौषधियन्त्रादिशास्त्रं कामशास्त्रं वा रसायनकुक्कोशास्त्रस्त्रीसेवादिषु श्रुतं कामक्रीडासनशास्त्रं अध्येति परान् अध्यापयति अभ्यासयति। कीदृक् सन्। रागद्वेषाभ्यां परिणतः क्रोधमानमायालोभहास्यादिस्त्रीवेदादिरागद्वेषैः परिणतिं प्राप्तः, एकत्वं गतः। किमर्थम्। लोकवञ्चनार्थं जनानां प्रतारणनिमित्तम् ॥४६४॥

जो अप्पाणं जाणदि असुइ-सरीराद् तच्चदो भिण्णं ।
जाणग-रूव-सरूवं सो सत्थं जाणदे सव्वं ॥ ४६५ ॥

[छाया—यः आत्मानं जानाति अशुचि शरीरात् तत्त्वतः भिन्नम् । ज्ञायकरूपस्वरूपं स शास्त्रं जानाति सर्वम् ॥] स मुनिः जानाति वेत्ति । किं तत् । शास्त्रं जिनोक्तसिद्धान्तं परमागमम् । कियन्मात्रम् । सर्वं द्वादशाङ्गरूपम् । स कः । यो योगी मुमुक्षुः आत्मानं जानाति निर्विकल्पसमाधिना स्वस्वरूपं शुद्धबुद्धचिदानन्दमयपरमात्मानं जानाति वेत्ति अनुभवति । तत्त्वतः परमार्थतः निश्चयतः । कथम् । भिन्नं जानाति । कुतः । अशुचिशरीरात् सप्तधातुमलमूत्रात्मकदेहात् भिन्नं पृथग्भूतं स्वात्मानं जानाति । कीदृशमात्मानम् । ज्ञायकस्वरूपं ज्ञायकरूपः वेदकस्वभावः स्वरूपः आत्मा यस्य स तथोक्तस्तं केवलज्ञानदर्शनमयमात्मानमित्यर्थः । कथम् आत्मानं जानन् सर्वशास्त्रं जानातीति । तदुक्तं च । "जो हि सुदेण भिगच्छदि अप्पाणमिणं तु केवलं सुद्धं। तं सुदकेवलिमिसिणो भणंति लोयप्पदीवयरा॥ जो सुदणाणं सव्वं जाणदि सुदकेवली तमाहु जिणा। सुदणाणमाद सव्वं जम्हा सुदकेवली तम्हा ॥" इति ॥ ४६५ ॥

जो णवि जाणदि अप्पं णाण-सरूवं सरीरदो भिण्णं ।
सो णवि जाणदि सत्थं आगम-पाढं[1] कुणंतो वि ॥ ४६६ ॥

उसका स्वाध्याय निष्फल है ॥ **भावार्थ**—क्रोध, मान, माया, लोभ, स्त्रीवेद आदि राग द्वेषके वशीभूत होकर दुनियाके लोगोंको कुमार्गमें ले जानेके लिये युद्धमें प्रयुक्त होनेवाले अस्त्र शस्त्रोंकी विद्याका अभ्यास करना, स्त्रीपुरुषके संभोगसे सम्बन्ध रखने वाले कोकशास्त्र, रतिशास्त्र, भोगासनशास्त्र, कामक्रीडा आदि कामशास्त्रोंको पढ़ना पढ़ाना व्यर्थ है । अर्थात् जो शास्त्र मनुष्योंमें हिंसा और कामकी भावनाको जागृत करते हैं उनका पठन पाठन व्यर्थ है। ऐसे ग्रन्थोंके स्वाध्यायसे आत्महित नहीं हो सकता । इसी तरह लोगोंको ठगाकर धन उपार्जन करनेकी दृष्टिसे सामुद्रिकशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र और वैद्यकशास्त्रको भी पढ़ना व्यर्थ है । सारांश यह है कि जिससे अपना और दूसरोंका हित किया जा सके वही स्वाध्याय स्वाध्याय है ॥ ४६४ ॥ **अर्थ**—जो अपनी आत्माको इस अपवित्र शरीरसे निश्चयसे भिन्न तथा ज्ञायकस्वरूप जानता है वह सब शास्त्रोंको जानता है ॥ **भावार्थ**—स्वाध्यायका यथार्थ प्रयोजन तो अपने शरीरमें बसनेवाली आत्माको जानलेना ही है । अतः जो यह जानता है कि सात धातु और मलमूत्रसे भरे इस शरीरसे मेरी आत्मा वास्तवमें भिन्न है, तथा मैं शुद्ध बुद्ध चिदानन्द स्वरूप परमात्मा हूँ। केवल ज्ञान केवल दर्शन मेरा स्वरूप है, वह सब शास्त्रोंको जानता है । कहा भी है—'जो श्रुतज्ञानके द्वारा इस केवल शुद्ध आत्माको जानता है उसे लोकको जानने देखने वाले केवली भगवान् श्रुतकेवली कहते हैं ॥ जो समस्त श्रुतज्ञानको जानता है, उसे जिन भगवानने श्रुतकेवली कहा है । क्यों कि पूरा ज्ञान आत्मा अतः वह श्रुतकेवली है ॥ ४६५ ॥ **अर्थ**—जो ज्ञानस्वरूप आत्माको शरीरसे भिन्न नहीं जानता, वह आगमका पठन पाठन करते हुए भी शास्त्र

[1] ग पाठं (?)।

[छाया-यः नैव जानाति आत्मानं ज्ञानस्वरूपं शरीरतः भिन्नम्। स नैव जानाति शास्त्रम् आगमपाठं कुर्वन् अपि ॥] स मुनिः शास्त्रं जिनोक्तश्रुतज्ञानं नैव जानाति नैव वेत्ति। कीदृक् सन्। आगमपाठं प्रवचनपठनं जिनोक्तश्रुतज्ञानपठनं पाठनं च कुर्वन्नपि। अपिशब्दात् अकुर्वाण.। स कः। यो योगी नापि जानाति नापि वेत्ति। कम्। आत्मानं स्वचिदानन्दं शुद्धचिद्रूपम्। कीदृक्षम्। ज्ञानस्वरूपं शुद्धबोधस्वभावं केवलज्ञानदर्शनमयम्। पुनः कीदृशम्। शरीरात् भिन्नं पृथक्त्वं परमात्मानं न जानाति यः स किमपि शास्त्रं न जानातीत्यर्थः। तथाहि पञ्चप्रकारः स्वाध्यायः। 'वाचनापृच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशाः।' यो गुरुः पापक्रियाविरतः अध्यापनक्रियाफलं नापेक्षते स गुरुः शास्त्रं पाठयति। शास्त्रस्यार्थं वाच्यं कथयति ग्रन्थार्थद्वयं च व्याख्याति। एवं त्रिविधमपि शास्त्रप्रदानं पात्राय शिष्याय ददाति उपदिशति सा वाचना कथ्यते १। प्रच्छना प्रश्नः अनुयोगः, शास्त्रार्थं जानन्नपि पृच्छति। किमर्थम्। संदेहविनाशाय। निश्चितोऽप्यर्थः किमर्थं पृच्छयते। ग्रन्थार्थप्रबलतानिमित्तम्। सा प्रच्छना निजोन्नतिपरप्रतारणोपहासादिनिमित्तं यदि भवति तदा संवरार्थिका न भवति २। परिज्ञातार्थस्य एकाग्रेण मनसा यत्पुनः पुनरभ्यसनमनुशीलनं सानुप्रेक्षा, अनित्यादिभावनाचिन्तनानुप्रेक्षा ३। अष्टस्थानोच्चारविशेषेण यत् शुद्धं घोषणं पुनः पुनः परिवर्तनं स आम्नायः ४। दृष्टादृष्टप्रयोजनमनपेक्ष्य उन्मार्गविच्छेदनाय संदेहच्छेदनार्थम् अपूर्वार्थप्रकाशनादिकृते केवलमात्मश्रेयोऽर्थं महापुराणादिधर्मकथाद्यनुकथनं स्तुतिदेववन्दनादिकं च धर्मोपदेशः ५। अस्य स्वाध्यायस्य किं फलम्। प्रज्ञातिशयो भवति, प्रशस्ताध्यवसायश्च संजायते, परमोत्कृष्टसंवेगः संपद्यते। प्रवचनस्थितिर्जागर्ति, तपोवृद्धिर्भाति, अतीचारविशोधनं वर्वर्ति, संशयोच्छेदो जाघटीति, मिथ्यावाद्यभयायभावो भवति ॥ ४६६ ॥ अथ व्युत्सर्गतपोविधानं गाथात्रयेणाह—

> जल्ल-मल[१]-लित्त-गत्तो दुस्सह-वाहीसु णिप्पडीयारो।
> मुह-धोवणादि-विरओ भोयण-सेज्जादि-णिरवेक्खो ॥ ४६७ ॥
> ससरूव-चिंतण-रओ[२] दुज्जण-सुयणाण जो हु मज्झत्थो।
> देहे वि णिम्ममत्तो काओसग्गो तओ तस्स ॥ ४६८ ॥

को नहीं जानता ॥ **भावार्थ**—शास्त्रके पठन पाठनका सार तो आत्मस्वरूपको जानना है। शास्त्र पढ़कर भी जिसने अपने आत्मस्वरूपको नहीं जाना उसने शास्त्रको नहीं जाना। अतः आत्मस्वरूपको जानकर उसीमें स्थिर होना निश्चयसे स्वाध्याय है। और स्वाध्यायके पाँच भेद हैं—वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश। पापके कामोंसे विरत होकर जो पढ़ानेसे किसी लौकिक फलकी इच्छा नहीं रखता, ऐसा गुरु जो शास्त्रके अर्थको बतलाता है उसे वाचना कहते हैं। जाने हुए ग्रन्थके अर्थको सुनिश्चित करनेके लिये जो दूसरोंसे उसका अर्थ पूछा जाये उसे पृच्छना कहते हैं। यदि अपना बड़प्पन बतलाने और दूसरोंका उपहास करनेके लिये किसीसे कुछ पूछा जाये तो वह ठीक नहीं है। जाने हुए अर्थको एकाग्र मनसे पुनः पुनः अभ्यास करनेको अनुप्रेक्षा कहते हैं। शुद्धता पूर्वक पाठ करनेको आम्नाय कहते हैं। किसी दृष्ट अथवा अदृष्ट प्रयोजनकी अपेक्षा न करके उन्मार्गको नष्ट करनेके लिये, सन्देहको दूर करनेके लिये, अपूर्व अर्थको प्रकट करनेके लिये तथा आत्मकल्याणके लिये जो धर्मका व्याख्यान किया जाता है उसे धर्मोपदेश कहते हैं। स्वाध्याय करनेसे ज्ञानकी वृद्धि होती है, शुभ परिणाम होते हैं, संसारसे वैराग्य होता है, धर्मकी स्थिति होती है, अतिचारोंकी शुद्धि होती है, संशयका विनाश होता है, और मिथ्यावादियोंका भय नहीं रहता ॥ ४६६ ॥ आगे तीन गाथाओंसे व्युत्सर्ग तपको कहते है। **अर्थ**—जिस मुनिका शरीर जल्ल और मलसे लिप्त हो, जो दुस्सह रोगके

१ छ ग जल्लमल्ल। २ ग ससरूव चिंतणओ।

[छाया-जल्लमललिप्तगात्रः दुःसहव्याधिषु निःप्रतीकारः । मुखधोवनादिविरतः भोजनशय्यादिनिरपेक्षः ॥ स्वस्वरूपचिन्तनरतः दुर्जनसज्जनानां यः खलु मध्यस्थः । देहे अपि निर्ममत्वः कायोत्सर्गः तपः तस्य ॥] तस्य तपस्विनः मुमुक्षोः कायोत्सर्गः व्युत्सर्गः व्युत्सर्गाभिधानं तपः तपोविधानम् । कायं शरीरम् उत्सृजति ममत्वादिपरिणामेन त्यजतीति कायोत्सर्गः तपो भवेत्, व्युत्सर्गाभिधानं तपोविधानं स्यात् । हु इति स्फुटम् । यो मुमुक्षुः देहेऽपि शरीरेऽपि, अपिशब्दात् क्षेत्रवास्तुधनधान्यद्विपदचतुष्पदशयनासनकुप्यभाण्डेषु दशविधेषु बाह्यपरिग्रहेषु निर्ममत्वः ममतारहितः । दशप्रकारो बाह्यपरिग्रहः, तस्य त्यागो बाह्यो व्युत्सर्गः, देहस्य परित्यागश्च । आभ्यन्तरोपधिव्युत्सर्गः । तथा 'मिच्छत्त वेदरागा तहेव हस्सादिया य छद्दोसा । चत्तारि तह कसाया चोद्दस अब्भंतरा गंथा ॥' इति चतुर्दशाभ्यन्तरपरिग्रहाणां व्युत्सर्गः परित्यागः इति अभ्यन्तरव्युत्सर्गः । बाह्याभ्यन्तरोपध्योः इति व्युत्सर्गो द्विप्रकारः । पुनः कथंभूतः । दुर्जनस्वजनानां मध्यस्थः, दुर्जना धर्मपराङ्मुखा मिथ्यादृष्टय उपसर्गकारिणो वैरिणो वा, स्वजनाः सम्यग्दृष्ट्यादयः भाक्तिकजना वा, द्वन्द्वः तेषां तेषु मध्यस्थः रागद्वेषरहितः उदासीनपरिणामः समताभावः । पुनरपि कीदृक्षः । स्वस्वरूपचिन्तनरतः, स्वस्यात्मनः स्वरूपं केवलज्ञानदर्शनचिदानन्दादिमयं तस्य चिन्तने ध्याने रतः तत्परः । पुनः कीदृक्षः । जल्लमललिप्तगात्रः, सर्वाङ्गमलो जल्लः मुखनासिकादिभवो मलः ताभ्यां जल्लमलाभ्यां लिप्तं गात्रं यस्य स तथोक्तः । पुनः कीदृक्षः । दुस्सहव्याधिषु निःप्रतीकारः, दुर्निवाररोगेषु विद्यमानेषु अतिदुःखपीडावेदनाकारिकुष्ठोदरभगंदरजलोदरकुष्ठक्षयज्वरादिरोगसंभवेषु सत्सु औषधोपचारभोजनाच्छादनादिप्रतिकाररहितः । पुनः कीदृक्षः । मुखधोवनादिविरतः, मुखधोवनं वदनप्रक्षालनम् आदिशब्दात् शरीरप्रक्षालनं रागेण हस्तपादप्रक्षालनं दन्तधावनं नखकेशादिसंस्कारकरणं च, तेभ्यः विरतः विरक्तः । पुनरपि कीदृक्षः । भोजनशय्यादिनिरपेक्षः, भोजनम् अशनपानखाद्यस्वाद्यलेह्यादिकम्, शय्या शयनस्थानम्, पल्यङ्कमञ्चकादिकम्, आदिशब्दात् आसननिवासपुस्तककमण्डलुपिच्छिकादयो गृह्यन्ते तेषु तेषां वा निर्गता अपेक्षा वाञ्छा ईहा यस्य स निरपेक्षः निःस्पृहः निरीहः ॥ ४६७-६८ ॥

हो जाने पर भी उसका इलाज नहीं करता हो, मुख धोना आदि शरीरके संस्कारसे उदासीन हो, और भोजन शय्या आदिकी अपेक्षा नहीं करता हो, तथा अपने स्वरूपके चिन्तनमें ही लीन रहता हो, दुर्जन और सज्जनमें मध्यस्थ हो, और शरीरसे भी ममत्व न करता हो, उस मुनिके व्युत्सर्ग अर्थात कायोत्सर्ग नामका तप होता है ॥ **भावार्थ**–काय अर्थात् शरीरके उत्सर्ग अर्थात् ममत्व त्यागको कायोत्सर्ग कहते हैं । शरीरमें पसीना आने पर उसके निमित्तसे जो धूल वगैरह शरीरसे चिपक जाती है उसे जल्ल कहते हैं, और मुँह नाक वगैरहके मलको मल कहते हैं । कायोत्सर्ग तपका धारी मुनि अपने शरीरकी परवाह नहीं करता, इस लिये उसका शरीर मैला कुचैला रहता है, वह रागके वशीभूत होकर मुँह हाथ पैर वगैरह भी नहीं धोता और न केशोंका संस्कार करता है । अत्यन्त कष्ट देनेवाले भगन्दर, जलोदर, कुष्ट, क्षय आदि भयानक रोगोंके होजाने पर भी उनके उपचारकी इच्छा भी नहीं करता । खान पान और शयन आसनसे भी निरपेक्ष रहता है । न मित्रोंसे राग करता है और न अपने शत्रुओंसे द्वेष करता है, अर्थात् शत्रु और मित्रको समान मानता है । तथा आत्मस्वरूपके चिन्तनमें ही लगा रहता है । तत्त्वार्थसूत्रमें इस व्युत्सर्ग तपके दो भेद बतलाये हैं–एक बाह्य परिग्रह का त्याग और एक अभ्यन्तर परिग्रहका त्याग । खेत, मकान, धन, धान्य, सोना, चांदी, दासी, दास, वस्त्र और बरतन, इन दस प्रकारके बाह्य परिग्रहका त्याग तो साधु पहले ही कर चुकता है । अतः आहार वगैरहका त्याग बाह्योपाधि त्याग है और मिथ्यात्व, तीन वेद, हास्य आदि छः नोकषाय और चार कषाय, इन चौदह अभ्यन्तर परिग्रहके त्यागको तथा कायसे ममत्वके त्यागको अभ्यन्तर परिग्रह त्याग कहते हैं । इस प्रकार बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रहको त्यागना व्युत्सर्ग तप है

जो देह-धारण[1]-परो उवयरणादी-विसेस-संसत्तो ।
बाहिर-ववहार-रओ काओसग्गो कुदो तस्स ॥ ४६९ ॥

[छाया- यः देहधारणपरः उपकरणादिविशेषसंसक्तः । बाह्यव्यवहाररतः कायोत्सर्गः कुतः तस्य ॥] तस्य तपस्विनः कायोत्सर्गाख्यं तपोविधानं कुतः कस्माद्भवति, न कुतोऽपि भवति । तस्य कस्य । यः पुमान् देहपालनपरः, देहस्य शरीरस्य पालनं स्नानभोजनादिना रक्षणं पोषणं तत्र परः । पुनरपि कीदृक्षः । उपकरणादिविशेषसंसक्तः, उपकरणानि पिच्छिकाकमण्डलुपुस्तकानि, आदिशब्दात् आसनचकलोच्छीर्षफलककर्तरिकाछुरिकावालनखग्राहकादयो गृह्यन्ते । तेषां विशेषः चित्तचमत्कारकारणसमर्थः, तत्र संसक्तः । पुनरपि कीदृक्षः । बाह्यव्यवहाररतः । जिनकृतसमहोत्सवपूजायात्रा-प्रतिष्ठादानमानादिलक्षणः, तत्र रतः आसक्तः । तथाहि विविधानां बाह्याभ्यन्तराणां बन्धनहेतूनां दोषाणाम् उत्तम-स्त्यागो व्युत्सर्गः । आत्मना अनुपात्तस्य एकत्वमनापन्नस्य आहारादेः त्यागो बाह्योपधिव्युत्सर्गः । क्रोधमानमायालोभ-मिथ्यात्वहास्यरत्यरतिशोकभयादिदोषनिवृत्तिराभ्यन्तरोपाधिव्युत्सर्गः कायत्यागश्चाभ्यन्तरोपाधिव्युत्सर्गः । स च द्विविधः, यावज्जीवं नियतकालश्चेति । तत्र यावज्जीवं त्रिधा । भक्तप्रत्याख्यानं जघन्येनान्तर्मुहूर्तमुत्कृष्टेन द्वादशवर्षाणि, अवान्तरो मध्यमः उभयोपकारसापेक्षं भक्तप्रत्याख्यानमरणम् १ । परप्रतीकारनिरपेक्षमात्मोपकारं सापेक्षम् इङ्गिनीमरणम् २ । उभयोपकारनिरपेक्षं प्रायोपगमनमरणम् ३ । नियतकालो द्विविधः, नित्यकालः नैमित्तिकश्च । नित्य आवश्यकादयः, नैमित्तिकः पार्वणीक्रियाः निषद्याक्रियादयश्च । क्रियाकरणे वन्दनायाः द्वात्रिंशद्दोषाः, अनादरस्तब्धप्रविष्टपरिपीडित-

---

॥ ४६७–४६८ ॥ **अर्थ**–जो मुनि देहके पोषणमें ही लगा रहता है और पीछी, कमण्डलु आदि उपकरणोंमें विशेष रूपसे आसक्त रहता है, तथा पूजा, प्रतिष्ठा, विधान, अभिषेक, ज्ञान, सन्मान आदि बाह्य व्यवहारोंमें ही रत रहता है, उसके कायोत्सर्ग तप कैसे हो सकता है? ॥ **भावार्थ**–जैसा ऊपर कहा है कायसे ममत्वके त्यागका नाम ही व्युत्सर्ग तप है, इसीसे उसे कायोत्सर्ग या काय त्याग तप भी कहा है। ऐसी स्थितिमें जो मुनि शरीरके पोषणमें ही लगा रहता है, तरह तरहके स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनोंका भक्षण करता है, तेल मर्दन कराता है, यज्ञ विधान कराकर अपने पैर पुजवाता है, अपने नामकी संस्थाओंके लिये धनसंचय करता फिरता है, उस मुनिके व्युत्सर्ग तप नहीं हो सकता। काय-त्यागके दो भेद कहे हैं–एक जीवन पर्यन्त के लिये और एक कुछ कालके लिये। यावज्जीवनके लिये किये गये कायत्यागके तीन भेद हैं–भक्त प्रत्याख्यान मरण, इंगिनीमरण, और प्रायोपगमन मरण। जीवनपर्यन्तके लिये भोजनका परित्याग करना भक्तप्रत्याख्यान है। यह भक्तप्रत्याख्यान अधिकसे अधिक बारह वर्षके लिये होता है क्यों कि मुनिका औदारिक शरीर बारह वर्ष तक बिना भोजनके ठहर सकता है। जिस समाधिमरणमें अपना काम दूसरेसे न कराकर स्वयं किया जाता है उसे इंगिनी मरण कहते हैं। और जिस समाधिमरणमें अपनी सेवा न स्वयं की जाये और दूसरोंसे न कराई जाये उसे प्रायोपगमन मरण कहते हैं। नियत कालके लिये किये जानेवाले कायत्यागके दो भेद हैं–नित्य और नैमित्तिक। प्रतिदिन आवश्यक आदिके समय कुछ देरके लिये जो कायसे ममत्वका त्याग किया जाता है वह नित्य है। और पर्वके अवसरोंपर की जानेवाली क्रियाओंके समय जो कायत्याग किया जाता है वह नैमित्तिक है। छै: आवश्यक क्रियाओंमें से वन्दना और कायोत्सर्गके बत्तीस बत्तीस दोष बतलाये हैं। दोनों हाथोंको लटकाकर और दोनों चरणोंके बीचमें चार अंगुलका अन्तर रखकर

---

१ कमलवत पालण।

दोलायितादयः ३२। क्रियाकरणे कायोत्सर्गस्य द्वात्रिंशद्दोषाः। व्युत्सृष्टबाहुयुगले चतुरङ्गुलान्तरितसमपादे सर्वाङ्गचलनरहिते कायोत्सर्गेऽपि दोषाः स्युः। आर्षे चोक्तम्। 'वितस्त्यन्तरपादाग्रं तदर्धशान्तरपार्ष्णिकम्। समसृज्वायतस्थानमास्थाय रचितस्थितिः॥' इत्युक्तकायोत्सर्गः। घोटकपादं लतावक्रं स्तम्भावष्टम्भं कुड्याश्रितं मालिकोद्वहनं शबरीगुह्यगूहनं शृंखलितं लम्बितम् उत्तरितं स्तनदृष्टिः काकावलोकनं खलीनितं युगकन्धरं कपित्थमुष्टिः शीर्षप्रकम्पनं मूकसंज्ञा अङ्गुलिचालनं भ्रूक्षेपम् उन्मत्तं पिशाचम् अष्टदिगवलोकनं ग्रीवोन्नमनं निष्ठीवनम् अङ्गस्पर्शनमिति चाद्विंशदारा मन्तव्याः। किमर्थं व्युत्सर्गः। निःसंगत्वं निर्भयत्वं जीविताशानिरासः दोषोच्छेदो मोक्षमार्गभावनापरत्वमित्याद्यर्थम्॥ ४६९॥ अथ ध्यानमभिधत्ते—

अंतो-मुहुत्त-मेत्तं लीणं वत्थुम्मि[1] माणसं णाणं।
झाणं भण्णदि समए असुहं च सुहं च[2] तं दुविहं॥ ४७०॥

[छाया-अन्तर्मुहूर्तमात्रं लीनं वस्तुनि मानसं ज्ञानम्। ध्यानं भण्यते समये अशुभं च शुभं च तत् द्विविधम्॥] समये सिद्धान्ते जिनागमे भण्यते कथ्यते। किं तत्। ध्यानं ध्यायते चिन्त्यते इति ध्यानम्। तत् कियत्कालम्। अन्तर्मुहूर्तमात्रं मुहूर्तस्य घटिकाद्वयस्य मध्ये अन्तर्मुहूर्तमात्रम्, अन्तर्मुहूर्तकालं ध्यानं तिष्ठतीत्यर्थः। एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तर्मुहूर्तकालं ध्यानं तिष्ठतीत्यर्थः। उक्तं चोमास्वामिना। 'एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तर्मुहूर्तात्'। अन्तर्मुहूर्तकालं मर्यादीकृत्य ध्यानं भवति। अन्तर्मुहूर्तात् परतः एकाग्रचिन्तानिरोधलक्षणध्यानं न भवतीत्यर्थः। किं तत् ध्यानम्, वस्तुनि लीनं वस्तुनि पदार्थे जीवादिपदार्थे द्रव्ये पर्याये वा लीनं लयं प्राप्तम् एकत्वं गतम् एकाग्रताप्राप्तम्। मानसज्ञानमेव मनसि भवं मानसोत्पन्नज्ञानं ध्यानमेव। तत् ध्यानं द्विविधं द्विप्रकारम्, प्रशस्ताप्रशस्तभेदात् द्वैधम्, पापास्रवहेतुत्वादशुभम् अप्रशस्तमार्तरौद्रध्यानद्वयम्, शुभं कर्ममलकलङ्कनिर्दहनसमर्थं धर्मशुक्लद्वयं प्रशस्तम्॥ ४७०॥ अथ ते द्वे ध्याने विभजति—

निश्चल खड़े रहनेका नाम कायोत्सर्ग है। उसके बत्तीस दोष इस प्रकार हैं—घोड़ेकी तरह एक पैरको उठाकर या नमाकर खड़े होना, लताकी तरह अंगोंको हिलाना, स्तम्भके सहारेसे खड़े होना, दीवारके सहारेसे खड़े होना, मालायुक्त पीठके ऊपर खड़े होना, भीलनीकी तरह जंघाओंसे जघन भागको दबाकर खड़े होना, दोनों चरणोंके बीचमें बहुत अन्तराल रखकर खड़ा होना, नाभिसे ऊपरके भागको नमाकर अथवा सीना तानकर खड़े होना, अपने स्तनों पर दृष्टि रखना, कौवेकी तरह एक ओरको ताकना, लगामसे पीड़ित घोड़ेकी तरह दांतोंका कटकटाना, जुएसे पीड़ित बैलकी तरह गर्दनको फैलाना, कैथकी तरह मुट्ठियोंको करके कायोत्सर्ग करना, सिर हिलाना, गूंगेकी तरह मुँह बनाना, अंगुलियोंपर गिनना, भ्रुकुटी चलाना, शराबीकी तरह उंगना, पिशाचकी तरह लगना, आठों दिशाओंकी ओर ताकना, गर्दनको झुकाना, प्रणाम करना, थूकना या खकारना और अंगोंका स्पर्श करना, कायोत्सर्ग करते समय ये बत्तीस दोष नहीं लगाने चाहिये॥ ४६९॥ आगे ध्यानका वर्णन करते हैं। **अर्थ**—किसी वस्तुमें अन्तर्मुहूर्तके लिये मानस ज्ञानके लीन होनेको आगममें ध्यान कहा है। वह दो प्रकारका होता है—एक शुभ ध्यान और एक अशुभ ध्यान॥ **भावार्थ**—मानसिक ज्ञानका किसी एक द्रव्यमें अथवा पर्यायमें स्थिर होजाना ही ध्यान है। सो ज्ञानका उपयोग एक वस्तुमें अन्तर्मुहूर्त तक ही एकाग्र रहता है। तत्त्वार्थसूत्रमें भी कहा है—'एक वस्तुमें चिन्ताके निरोधको ध्यान कहते हैं, वह अन्तर्मुहूर्त तक होता है'। अतः ध्यान का उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। क्यों कि इससे अधिक काल तक एक ही ध्येयमें मनको एकाग्र रख सकना सम्भव

---

१ ल स ग वत्थुम्हि। २ म असुहं सुहं च।

असुहं अट्ट-रउद्दं धम्मं सुक्कं च सुहयरं होदि ।
अट्टं तिव्व-कसायं तिव्व-तम-कसायदो रुद्दं ॥ ४७१ ॥

[छाया-अशुभम् आर्तरौद्रं धर्म्यं शुक्लं च शुभकरं भवति । आर्तं तीव्रकषायात् तीव्रतमकषायतः रौद्रम् ॥] अशुभमार्तरौद्रं भवति । दुःखम् अर्दनं कष्टम् अर्तिर्वा ऋतमुच्यते, ऋते दुःखे भवमार्तम् । रुद्रः क्रूराशयः कृष्णलेश्यापरिणामः प्राणी । रुद्रस्य कर्म रौद्रं रुद्रे वा भवं रौद्रम् । अशुभम् अप्रशस्तम् । आद्यमार्तध्यानं प्रथमम् १ । द्वितीयं रौद्रध्यानमशुभमप्रशस्तपापप्रकृतिनिबन्धनं नरकगतिप्रदं कृष्णलेश्योद्भवमिति रौद्रध्यानमशुभं द्वितीयम् २ । धर्म्यं धर्मध्यानं शुभं प्रशस्तं पुण्यप्रकृतिबन्धनं स्वर्गादिसुखदायकं पारंपर्येण मोक्षहेतुकमिति शुभं प्रशस्तं धर्मध्यानम् । धर्मो वस्तुस्वरूपं धर्मादनपेतं धर्म्यं ध्यानं तृतीयम् ३ । च पुनः शुक्लं शुक्लध्यानं मलरहितजीवपरिणामोद्भवं शुचिगुणयोगाच्छुक्लं शुक्ललेश्योद्भवं वा शुभतरम् अतिशयेन श्रेष्ठम् अतिशयेन प्रशस्तं मोक्षदायकमिति चतुर्थं शुक्लध्यानमिति शुभतरम् ४ । अथ पूर्वगाथया ध्यानानां तीव्रतरादिकषायभेदान् निगदति । अट्टं आर्तम् अर्तौ पीडादिचिन्तने भवमार्तं ध्यानम् तीव्रकषायं तीव्राः दार्वादिसविशेषाः अनन्तानुबन्ध्यादिकषायाः क्रोधमानमायालोभादयो यस्मिन् आर्तध्याने तत् तथोक्तम् आर्तध्यानं तीव्रकषायं तीव्रकषायोदयजम् १ । रौद्रं रौद्राख्यं ध्यानं हिंसानन्दादिरूपम् । कुतः । तीव्रतमकषायतः तीव्रतमा अस्थिशिलाशक्तिविशिष्टाः अनन्तानुबन्ध्यादिक्रोधमानमायालोभादिकषायाः तेभ्यः जातं तीव्रतमकषायोत्पन्नं रौद्रध्यानं स्यात् ॥ ४७१ ॥

मंद-कसायं धम्मं मंद-तम-कसायदो हवे सुक्कं ।
अकसाए वि सुयड्ढे[1] केवल-णाणे वि तं होदि ॥ ४७२ ॥

[छाया-मन्दकषायं धर्म्यं मन्दतमकषायतः भवेत् शुक्लम् । अकषाये अपि श्रुताढ्ये केवलज्ञाने अपि तत् भवति ॥] धर्म्यं धर्मे स्वस्वरूपे भवं धर्म्यं ध्यानम् । कीदृक्षम् । मन्दकषायं मन्दाः दार्वनन्तैकभागलताशक्तिविशेषाः अप्रत्याख्यान-

---

नहीं है । ध्यान अच्छा भी होता है और बुरा भी होता है । जिस ध्यानसे पाप कर्मका आस्रव होता हो वह अशुभ है और जिससे कर्मोंकी निर्जरा हो वह शुभ है ॥ ४७० ॥ आगे इन दोनों ध्यानोंके भेद कहते हैं । **अर्थ**-आर्तध्यान और रौद्रध्यान ये दो तो अशुभ ध्यान हैं । और धर्म ध्यान तथा शुक्लध्यान ये दोनों शुभ और शुभतर हैं । इनमेंसे आदिका आर्तध्यान तो तीव्र कषायसे होता है और रौद्रध्यान अति तीव्र कषायसे होता है ॥ **भावार्थ**-अर्ति कहते हैं पीड़ा या दुःखको । दुःखसे होनेवाले ध्यानको आर्तध्यान कहते हैं । यह आर्तध्यान तीव्र कषायसे उत्पन्न होता है । कृष्ण लेश्यावाले क्रूर प्राणीको रुद्र कहते हैं, और रुद्रके कर्मको अथवा रुद्रमें होनेवाले ध्यानको रौद्र कहते है । यह रौद्रध्यान आर्तध्यानसे भी खराब है, चूंकि यह अत्यन्त तीव्र कषायसे होता है । इसीसे ये दोनों अशुभ ध्यान हैं । धर्मसे युक्त ध्यानको धर्मध्यान कहते हैं । यह धर्मध्यान शुभ है, क्योंकि इससे पुण्यकर्मोंका बन्ध होता है, अतः यह स्वर्ग आदिके सुखोंको देनेवाला है तथा परम्परासे मोक्षका भी कारण है । जीवके निर्मल परिणामोंसे अथवा शुक्ल लेश्यासे ही होनेवाले ध्यानको शुक्ल ध्यान कहते हैं । यह ध्यान सफेद रंगकी तरह स्वच्छ होता है, इस लिये 'शुचि' गुणसे युक्त होनेके कारण इसे शुक्ल ध्यान कहते हैं । यह ध्यान धर्मध्यानसे भी श्रेष्ठ है क्योंकि मोक्षकी प्राप्ति इसी ध्यानसे होती है ॥४७१॥ **अर्थ**-धर्मध्यान मन्द कषायसे होता है, और शुक्लध्यान अत्यन्त मन्द कषायसे होता है । तथा यह ध्यान कषाय रहित श्रुत ज्ञानीके और केवल ज्ञानीके भी होता है ॥ **भावार्थ**-धर्मध्यान अप्रत्याख्याना-

---

१ ब सुयड्ढे ।

प्रत्याख्यानसंज्वलनकषायाः क्रोधमानमायालोभादयः तारतम्यभावेन यस्मिन् धर्मध्याने तत् मन्दकषायम् । धर्मध्यानं मन्दकषायोदयेनोत्पन्नं शुभलेश्यात्रयबलेन जातं स्यात् । शुक्लं शुक्लध्यानं स्यात् । कुतः । मन्दतमकषायतः मन्दतमाः लतादिशक्तिविशिष्टा. संज्वलनादयः कषायाः क्रोधादयः तेभ्यः जातं शुभतरशुक्ललेश्याबलेनोत्पन्नम् । अपिशब्दात् न केवलं तत्र मन्दतमकषाये अकषाये ईषद्धास्यादिकषाये अपूर्वकरणादौ निष्कषाये उपशान्तकषाये क्षीणकषाये च । कीदृशे । श्रुताढ्ये पूर्वाङ्गधारिणि पृथक्त्ववितर्कवीचाराख्यम् एकत्ववितर्कावीचाराख्यं च भवति । तत् शुक्लं होदि भवति न केवलं तत्र केवलज्ञाने त्रयोदशगुणस्थाने चतुर्दशगुणस्थाने च केवलिनि सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरतक्रियानिवृत्तिलक्षणे द्वे शुक्ले ध्याने भवत. । तथाहि 'शुक्ले चाद्ये पूर्वविद.' । आद्ये द्वे शुक्लध्याने पृथक्त्ववितर्कवीचारैकत्ववितर्कावीचारसंज्ञे पूर्वविदः सकलश्रुतज्ञानिनः द्वादशाङ्गश्रुतवेदिन· नवदशचतुर्दशपूर्वधरस्य वा साधुवर्गस्य भवतः, श्रुतकेवलिनः संजायेते इत्यर्थः । चकाराद्धर्मध्यानमपि भवति 'व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्न संदेहादलक्षणम्' इति वचनात् । श्रेण्यारोहणात् पूर्वं धर्मध्यानं भवति । श्रेण्योरुपशमक्षायिकयोस्तु द्वे शुक्लध्याने भवतः । तेन सकलश्रुतधरस्यापूर्वकरणात् पूर्वं धर्म्यं ध्यानं योजितम् । अपूर्वकरणेऽनिवृत्तिकरणे सूक्ष्मसाम्पराये उपशान्तकषाये चेति गुणस्थानचतुष्टये पृथक्त्ववितर्कवीचारं नाम प्रथमं शुक्लध्यानं भवति । क्षीणकषायगुणस्थाने तु एकत्ववितर्कावीचारं भवति । 'परे केवलिन·' परे सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरतक्रियानिवर्तिनाम्नी द्वे शुक्लध्याने केवलिन· प्रक्षीणसमस्तज्ञानावृतेः सयोगकेवलिनोऽयोगकेवलिनश्चानुक्रमेण ज्ञातव्यम् । कोऽसौ अनुक्रमः । सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातितृतीयशुक्लध्यानं सयोगस्य केवलिनो भवति । व्युपरतक्रियानिवर्ति चतुर्थं शुक्लध्यानम् अयोगस्य

वरण, प्रत्याख्यानावरण और संज्वलन कषायके उदयमें होता है । इसलिये अविरत सम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत गुणस्थान तक होता है । क्यों कि इन गुणस्थानोंमें कषायकी मन्दता रहती है । किन्तु मुख्यरूपसे धर्मध्यान सातवें अप्रमत्त संयत गुणस्थानमें ही होता है; क्यों कि सातवें गुणस्थानमें अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण कषाय का तो उदय ही नहीं होता और संज्वलन कषायका भी मन्द उदय होता है । तथा शुक्लध्यान उससे भी मन्द कषायका उदय होते हुए होता है । अर्थात् जब कि धर्मध्यान तीन शुभ लेश्याओंमेंसे किसी एक शुभ लेश्याके सद्भावमें होता है तब शुक्लध्यान केवल एक शुक्ल लेश्यावालेके ही होता है । अतः शुक्लध्यान आठवें अपूर्वकरण आदि गुणस्थानोंमें होता है, क्यों कि आठवें नौवें और दसवें गुणस्थानमें संज्वलन कषायका उत्तरोत्तर मन्द उदय रहता है, तथा सातवें गुणस्थानकी अपेक्षा मन्दतम उदय रहता है । किन्तु शुक्लध्यान कषायके केवल मन्दतम उदयमें ही नहीं होता, बल्कि कषायके उदयसे रहित उपशान्त कषाय नामक ग्यारहवें गुणस्थानमें और क्षीण कषाय नामक बारहवें गुणस्थानमें भी होता है । तथा तेरहवें और चौदहवें गुणस्थानवर्ती केवली भगवानके भी होता है । आशय यह है कि शुक्लध्यानके चार भेद हैं–पृथक्त्ववितर्कवीचार, एकत्ववितर्क अवीचार, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवृत्ति । इनमेंसे आदिके दो शुक्ल ध्यान बारह अंग और चौदह पूर्वरूप सकल श्रुतके ज्ञाता श्रुतकेवली मुनिके होते हैं । इन मुनिके धर्मध्यान भी होता है । किन्तु एक साथ एक व्यक्तिके दो ध्यान नहीं हो सकते, अतः श्रेणि चढ़नेसे पहले धर्म ध्यान होता है, और उपशम अथवा क्षपक श्रेणिमें दो शुक्ल ध्यान होते हैं । अतः सकल श्रुत धारीके अपूर्वकरण नामक आठवे गुण स्थानसे पहले धर्मध्यान होता है, और आठवें अपूर्वकरण गुणस्थानमें, नौवें अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें, दसवें सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थानमें, ग्यारहवे उपशान्त कषाय गुणस्थानमें पृथक्त्व वितर्कवीचार नामक पहला शुक्लध्यान होता है । क्षीण कषाय नामक बारहवें गुणस्थानमें एकत्व वितर्क अवीचार नामक दूसरा शुक्ल ध्यान होता है । सयोग

केवलिनः स्यात् । धर्मध्यानं अप्रमत्तसंयतस्य साक्षाद्भवति । अविरतसम्यग्दृष्टिदेशविरतप्रमत्तसंयतानां तु गौणवृत्त्या धर्मं ध्यानं वेदितव्यमिति । 'परे मोक्षहेतू' परे धर्मशुक्ले द्वे ध्याने मोक्षहेतू मोक्षस्य परमनिर्वाणस्य हेतू कारणे भवतः । तत्र धर्म्यं ध्यानं पारंपर्येण मोक्षस्य कारणम्, शुक्लध्यानं तु साक्षात्तद्भवे मोक्षकारणमुपशमश्रेण्यपेक्षया तु तृतीये भवे मोक्षदायकम् । आर्तरौद्रे द्वे ध्याने संसारहेतुकारणे भवतः इति ॥ ४७२ ॥ अथ गाथाद्वयेन चतुर्विधमार्तध्यानं विवृणोति—

दुक्खयर-विसय-जोए केम इमं चयदि[1] इदि विचिंततो ।
चेट्ठदि[2] जो विक्खित्तो अट्ट-ज्झाणं[3] हवे तस्स ॥ ४७३ ॥
मणहर-विसय-विओगे[4] कह तं पावेमि इदि वियप्पो जो ।
संतावेण पयट्टो सो च्चिय अट्टं हवे झाणं ॥ ४७४ ॥

[छाया–दुःखकरविषययोगे कथम् इमं त्यजति इति विचिन्तयन् । चेष्टते यः विक्षिप्तः आर्तध्यानं भवेत् तस्य ॥ मनोहरविषयवियोगे कथं तत् प्राप्नोमि इति विकल्पः यः । संतापेन प्रवृत्तः तत् एव आर्तं भवेत् ध्यानम् ॥] तस्य जीवस्य आर्तध्यानं भवेत् । तस्य कस्य । यो जीवः इति चिन्तयेत् ध्यायेत् तिष्ठति आस्ते । इति किम् । दुःखकरविषययोगे दुःखकराः आत्मनः प्रदेशेषु दुःखोत्पादका विषयाः चेतनाचेतनाः । चेतनविषयाः कुत्सितरूपदुर्गन्धशरीरदौर्भाग्यदुष्टकलत्रदुष्टपुत्रमित्रभृत्यशत्रुसर्पादिकाः । अचेतनविषयाः परप्रयुक्तशस्त्रविषकण्टकादयः । तेषाम् अनिष्टानां संयोगे मेलापके सति इममनिष्टपदार्थं केन [केम] कथं केन प्रकारेण त्यजामि मुञ्चामि, इत्यपरध्यानरहितत्वेन पुनःपुनश्चिन्तनं प्रवर्तनम् ।

केवलीके सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति नामक तीसरा शुक्लध्यान होता है और अयोग केवलीके व्युपरतक्रिया निवृत्ति नामक चौथा शुक्लध्यान होता है ॥ शुक्लध्यान मोक्षका साक्षात् कारण है । किन्तु उपशम श्रेणि अपेक्षामें तीसरे भवमें मोक्ष होता है; क्यों कि उपशम श्रेणिमें जिस जीवका मरण हो जाता है वह देवगति प्राप्त करके और पुनः मनुष्य होकर शुक्ल ध्यानके बलसे मोक्ष प्राप्त करता है ॥ ४७२ ॥ आगे आर्त ध्यानका वर्णन करते हैं । **अर्थ**–दुःखकारी विषयका संयोग होनेपर 'यह कैसे दूर हो' इस प्रकार विचारता हुआ जो विक्षिप्त चित्त हो चेष्टा करता है, उसके आर्तध्यान होता है । तथा मनोहर विषयका वियोग होनेपर 'कैसे इसे प्राप्त करूँ' इस प्रकार विचारता हुआ जो दुःखसे प्रवृत्ति करता है यह भी आर्तध्यान है ॥ **भावार्थ**–पहले कहा है कि किसी प्रकारकी पीडासे दुःखी होकर जो संक्लेश परिणामोंसे चिन्तन किया जाता है वह आर्तध्यान है । यहाँ उसके दो प्रकार बतलाये हैं । दुःख देनेवाले स्त्री, पुत्र, मित्र, नौकर, शत्रु, दुर्भाग्य आदि अनिष्ट पदार्थोंका संयोग मिल जानेपर 'प्राप्त अनिष्ट पदार्थसे किस प्रकार मेरा पीछा छूटे' इस प्रकार अन्य सब बातोंका ध्यान छोडकर बारंबार उसीकी चिन्तामें मग्न रहना अनिष्ट संयोग नामका आर्तध्यान है । तथा अपनेको प्रिय लगनेवाले पुत्र, मित्र, स्त्री, भाई, धन, धान्य, सोना, रत्न, हाथी, घोडा, वस्त्र आदि इष्ट वस्तुओंका वियोग हो जानेपर 'इस वियुक्त हुए पदार्थको कैसे प्राप्त करूँ' इस प्रकार उसके संयोगके लिये बारंबार स्मरण करना इष्ट वियोग नामका दूसरा आर्तध्यान हैं । अन्य ग्रन्थों में आर्तध्यानके चार प्रकार बतलाये हैं । इस लिये संस्कृत टीकाकारने अपनी टीकामें भी चारों आर्तध्यानोंका वर्णन किया है । उन्होंने उक्त गाथा नं. ४७४ के उत्तरार्ध 'संतावेण पयत्ते'को अलग करके तीसरे आर्तध्यानका वर्णन किया है, और उसमें

१ [चयमि] । २ ब चिट्ठदि । ३ म अट्टं झाणं । ४ कसग वियोगे ।

कथम् एतस्य मत्सकाशात् विनाशो भविष्यति यास्यतीति चिन्ताप्रबन्धः । कीदृक्षः सन् । विक्षिप्तः अनिष्टसंयोगेन विक्षेपं व्याकुलतां प्राप्तः आकुलव्याकुलमना इति अनिष्टसंयोगाभिधानम् आर्तध्यानम् १ । सो च्चिय तदेवार्तध्यानं भवेत् । तत् किम् । यः इत्यमुना प्रकारेण विकल्पः मनसो वस्तुविषये परिचिन्तनं विकल्पः भेदो वा । इति किम् । मनोहरविषय-वियोगे सति, मनोहराः विषयाः इष्टपुत्रमित्रकलत्रभ्रातृधनधान्यसुवर्णरत्नगजतुरङ्गवस्त्रादयः तेषां वियोगे विप्रयोगे तं विमुक्तं पदार्थं कथं प्रापयामि लभे तत्संयोगाय वारंवारं स्मरणं विकल्पश्चिन्ताप्रबन्ध इष्टवियोगाख्यं द्वितीयमार्तध्यानम् २ । संतापेन पीडाचिन्तनेन वातपित्तश्लेष्मोद्भवकुठंदरभगंदरशिरोर्तिजठरपीडावेदनानां संतापेन पीडितेन प्रवृत्तः विकल्पः चिन्ताप्रबन्धः, कथं वेदनाया विनाशो भविष्यतीति पुनःपुनश्चिन्तनम् अङ्गविक्षेपाक्रन्दकरणादिपीडाचिन्तनं तृतीयमार्त-ध्यानम् ३ । चकारात् निदानं इष्टश्रुतानुभवेहपरलोकभोगाकाङ्क्षाभिलाषः निदानं चतुर्थमार्तध्यानं स्यात् ४ । तथा हि ज्ञानार्णवे तत्त्वार्थादौ च "अनिष्टयोगजन्माद्यं तथेष्टार्थात्ययात्परम् । रुक्प्रकोपात्तृतीयं स्यान्निदानात्तुर्यमङ्गिनाम् ॥" अनिष्टयोगम्, तद्यथा । "ज्वलनवनविषास्त्रव्यालशार्दूलदैत्यैः स्थलजलबिलसत्त्वैर्दुर्जनारातिभूपैः । स्वजनधनशरीरध्वंसि-भिस्तैरनिष्टैर्भवति यदिह योगादाद्यमार्तं तदेतत् ॥" "राजैश्वर्यकलत्रबान्धवसुहृत्सौभाग्यभोगात्यये, चित्तप्रीतिकरप्रसन्न-विषयप्रध्वंसभावेऽथवा । संत्रासभ्रमशोकमोहविवशैर्यत्खिद्यतेऽहर्निशं, तत्स्यादिष्टवियोगजं तनुमतां ध्यानं कलङ्कास्पदम् ॥" "कासश्वासभगन्दरोदरजराकुष्ठातिसारज्वरैः, पित्तश्लेष्ममरुत्प्रकोपजनितै रोगैः शरीरान्तकैः । स्यात्सत्त्वप्रबलैः प्रतिक्षणभ-वैर्यद्व्याकुलत्वं नृणां, तद्रोगार्तमनिन्दितैः प्रकटितं दुर्वारदुःखाकरम् ॥" "भोगा भोगीन्द्रसेव्यास्त्रिभुवनजयिनी रूपसाम्राज्य-लक्ष्मी, राज्यं क्षीणारिचक्रं विजितसुरवधूलास्यलीला युवत्यः । अन्यच्चेदं विभूतं कथमिह भवतीत्यादिचिन्तासुभाजां, यत्तद्भोगार्तमुक्तं परमगणधरैर्जन्मसंतानसूत्रम् ॥" "पुण्यानुष्ठानजातैरभिलषति पदं यज्जिनेन्द्रामराणां, यद्वा तैरेव वाञ्छत्य-हितकुलकुजच्छेदमत्यन्तकोपात् । पूजासत्कारलाभप्रभृतिकमथवा जायते यद्विकल्पैः, स्यादार्तं तन्निदानप्रभवमिह नृणां दुःख-

---

आये 'च' शब्दसे चौथे आर्तध्यानको ले लिया है। ज्ञानार्णव आदिमें इन चारों आर्तध्यानोंका विस्तारसे वर्णन किया है जो इस प्रकार है—अनिष्ट संयोग, इष्ट वियोग, रोगका प्रकोप और निदानके निमित्तसे आर्तध्यान चार प्रकारका होता है। अपने धन आप्त और शरीरको हानि पहुँचनेवाले अग्नि, विष, अस्त्र, सर्प, सिंह, दैत्य, दुर्जन, शत्रु, राजा आदि अनिष्ट वस्तुओंके संयोगसे जो आर्तध्यान होता है वह अनिष्ट संयोगज आर्तध्यान है। चित्तको प्यारे लगनेवाले राज्य, ऐश्वर्य, स्त्री, बन्धु, मित्र, सौभाग्य और भोगोंका वियोग हो जानेपर शोक और मोहके वशीभूत होकर जो रात दिन खेद किया जाता है वह इष्ट वियोगज आर्तध्यान है। शरीरके लिये यमराजके समान और पित्त, कफ और वायुके प्रकोपसे उत्पन्न हुए खांसी, श्वास, भगंदर, जलोदर, कुष्ठ, अतीसार, ज्वर, आदि भयानक रोगोंसे मनुष्योंका प्रतिक्षण व्याकुल रहना रोगज आर्तध्यान है। यह दुर्वार दुःखकी खान है। भोगी जनोंके द्वारा सेवनेयोग्य भोग, तीनो लोकोंको जीतनेवाली रूपसम्पदा, शत्रुओंसे रहित निष्कंटक राज्य, देवांगनाओंके विलासको जीतनेवाली युवतियाँ, अन्य भी जो संसारकी विभूति है वह मुझे कैसे मिले, इस प्रकारकी चिन्ता करनेवालोंके भोगज आर्तध्यान होता है। गणधर देवने इस आर्तध्यानको जन्म परम्पराका कारण कहा है। पुण्यकर्मको करके उससे देव देवेन्द्र आदि पदकी इच्छा करना, अथवा पूजा, सत्कार, धनलाभ आदिकी कामना करना अथवा अत्यन्त क्रोधित होकर अपना अहित करनेवालोंके कुलके विनाशकी इच्छा करना निदान नामका आर्तध्यान है। वह आर्तध्यान मनुष्योंके लिये दुःखोंका घर है। इस आर्तध्यानका फल अनन्त दुःखोंसे भरी हुई तिर्यञ्चगतिकी प्राप्ति ही है। यह आर्त ध्यान कृष्णनील आदि अशुभ लेश्याके प्रतापसे होता है। और पापरूपी दावानलके लिये ईंधनके समान है। मिथ्यादृष्टि, सासादन सम्यग्दृष्टि, सम्यक् मिथ्यादृष्टि और असंयत सम्यग्दृष्टि इन चार

दावोग्रधाम ॥" "अनन्तदुःखसंकीर्णमस्य तिर्यग्गतिः फलम् । क्षायोपशमिको भावः कालश्चान्तर्मुहूर्तकः ॥" "शङ्काशोकभय-प्रमादकलहश्चिन्ताभ्रमोद्भ्रान्तयः, उन्मादो विषयोत्सुकत्वमसकृन्निद्राङ्गजाड्यश्रमाः । मूर्च्छादीनि शरीरिणामविरतं लिङ्गानि बाह्यान्यलमार्ताधिष्ठितचेतसां श्रुतधरैर्व्यावर्णितानि स्फुटम् ॥" "कृष्णनीलाद्यसल्लेश्याबलेन प्रविजृम्भते । इदं दुरितदावार्चिः प्रसूतेरिन्धनोपमम् ॥" "अपथ्यमपि पर्यन्ते रम्यमप्यग्रिमक्षणे । विद्ध्यसज्ज्ञानमेतद्धि षड्गुणस्थानभूमिकम् ॥" "संयता-संयतेष्वेतच्चतुर्भेदं प्रजायते । प्रमत्तसंयतानां तु निदानरहितं त्रिधा ॥" तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानां तु मिथ्यादृष्टि-सासादनमिश्रासंयतसम्यग्दृष्टिगुणस्थानचतुष्टयवर्तिनामविरतानां तच्चतुर्विधमार्तध्यानं स्यात् । देशविरतानां श्रावकाणां पञ्चमगुणस्थानवर्तिनां निदानं न स्यात्, सशल्यानां व्रतित्वाघटनात् । अथवा स्वल्पनिदानशल्येनाणुव्रतित्वाविरोधात् । देशव्रतानां चतुर्विधमप्यार्तध्यानं संगच्छते एव । प्रमत्तसंयतानां मुनीनां षष्ठगुणस्थानवर्तिनां निदानं विना त्रिविधमार्तध्यानं स्यात् । तच्चार्तत्रयं प्रमादस्योदयाधिक्यात् कदाचित्संभवति । द्रव्यसंग्रहटीकायाम् "अनिष्टवियोगेष्टसंयोगव्याधिप्रतीकार-भोगनिदानेषु वाञ्छारूपं चतुर्विधमार्तध्यानम्, मिथ्यादृष्ट्यादितारतम्यभावेन षड्गुणस्थानवर्तिजीवसंभवम् । यद्यपि मिथ्यादृष्टीनां तिर्यग्गतिकारणं भवति, तथापि बद्धायुष्कं विहाय सम्यग्दृष्टीनां न भवति । कस्मादिति चेत्, स्वशुद्धात्मैवोपादेय इति विशिष्टभावनाबलेन तत्कारणभूतसंक्लेशाभावादिति ।" चारित्रसारे 'चतुर्विधमार्तध्यानं प्रमादाधिष्ठानं प्रागप्रमत्तात् षड्गुणस्थानभूमिकम्' इति । तथार्षे । 'प्राप्त्यप्राप्त्योर्मनोज्ञेतरार्थयोः स्मृतियोजने । निदानवेदनापायविषये चानुचिन्तने ॥' 'इत्युक्तमार्तमार्तात्मचिन्त्यं ध्यानं चतुर्विधम् । प्रमादाधिष्ठितं तत्तु षड्गुणस्थानसंश्रितम् ॥' इति ॥ ४७३-४ ॥ अथ चतुर्विधरौद्रध्यानं गाथाद्वयेन निगदति—

हिंसाणंदेण जुदो असच्च-वयणेण परिणदो जो हु[1] ।
तत्थेव अथिर-चित्तो रुद्दं झाणं हवे तस्स ॥ ४७५ ॥

[छाया-हिंसानन्देन युतः असत्यवचनेन परिणतः यः खलु । तत्र एव अस्थिरचित्तः रौद्रं ध्यानं भवेत् तस्य ॥] तस्य रौद्रप्राणिनः रौद्रं ध्यानं भवेत् । तस्य कस्य । यस्तु हिंसानन्देन युक्तः, हिंसायां जीववधादौ जीवानां बन्धनतर्जनताडन-पीडनपरदारातिक्रमणादिलक्षणायां परपीडायां संरम्भसमारम्भारम्भलक्षणायाम् आनन्दः हर्षः तेन युक्तः सहितः । परपीडायाम् अत्यर्थं सकल्पाध्यवसानं तीव्रकषायानुरञ्जनम् इदं हिंसानन्दाख्यं रौद्रध्यानम् । तथथा । "हते निःपीडिते

गुणस्थानवर्ती असंयती जीवोंके चारों प्रकारका आर्तध्यान होता है । तथा पंचम गुणस्थानवर्ती देश-विरत श्रावकोंके भी चारों प्रकारका आर्तध्यान होता है । किन्तु छठे गुणस्थानवर्ती प्रमत्तसंयत मुनियोंके निदानके सिवाय शेष तीनों आर्तध्यान प्रमादका उदय होनेसे कदाचित् हो सकते हैं । परन्तु इतनी विशेषता है कि मिथ्यादृष्टियोंका आर्तध्यान तिर्यञ्चगतिका कारण होता है, फिर भी जिसने आगामी भवकी आयु पहले बाँधली है ऐसे सम्यग्दृष्टी जीवोंको छोड़कर शेष सम्यग्दृष्टियोंके होनेवाला आर्तध्यान तिर्यञ्चगतिका कारण नहीं होता; क्यों कि 'अपनी शुद्ध आत्माही उपादेय है' इस विशिष्ट भावनाके बलसे सम्यग्दृष्टि जीवके ऐसे संक्लिष्ट भाव नहीं होते जो तिर्यञ्चगतिके कारण होते हैं ॥४७३-४७४॥ आगे दो गाथाओंके द्वारा चार प्रकारके रौद्रध्यानको कहते हैं । **अर्थ**—जो मनुष्य हिंसामें आनन्द मानता है और असत्य बोलनेमें आनन्द मानता है तथा उसीमें जिसका चित्त विक्षिप्त रहता है, उसके रौद्र ध्यान होता है ॥ **भावार्थ**—जीवोंको बांधने, मारने, पीटने और पीड़ा देनेमें ही जिसे आनन्द आता है अर्थात् जो तीव्र कषायसे आविष्ट होकर दूसरोंको पीड़ा देनेका ही सदा विचार करता रहता है उसके हिंसानन्द नामक रौद्रध्यान होता है । कहा भी है—'स्वयं अथवा दूसरेके द्वारा जन्तुओंको पीड़ा पहुँ-चनेपर या उनका विनाश होनेपर जो हर्ष होता है उसे हिंसा रौद्रध्यान कहते हैं । हिंसाके काममें

---

१ क म स ग द (?)।

ध्वस्ते जन्तुजाते कदर्थिते । स्वेन चान्येन यो हर्षस्तद्धिंसारौद्रमुच्यते ॥" "हिंसाकर्मणि कौशलं निपुणता पापोपदेशे भृशं, दाक्ष्यं नास्तिकशासने प्रतिदिनं प्राणातिपाते रति । संवासः सह निर्दयैरविरतं नैसर्गिकी क्रूरता, यत्स्यादेहभृतां तदत्र गदितं रौद्रं प्रशान्ताशयैः ॥" "केनोपायेन घातो भवति तनुमतां क प्रवीणोऽत्र हन्ता, हन्तुं कस्यानुरागः कतिभिरिह दिनैर्हन्यते जन्तुजातम् । हत्वा पूजां करिष्ये द्विजगुरुमरुतां पुष्टिशान्त्यर्थमित्थं, यत्स्याद्धिंसाभिनन्दो जगति तनुभृतां तद्धि रौद्रं प्रणीतम् ॥" "गगनजलधरित्रीचारिणां देहभाजां, दलनदहनबन्धच्छेदघातेषु यत्नम् । दतिनखकरनेत्रोत्पाटने कौतुकं यत्, तदिह गदितमुच्चैश्चेतसा रौद्रमेवम् ॥" जन्तुपीडने दृष्टे श्रुते स्मृते यो हर्षः हिंसानन्दः परेषां वधादिचिन्तने हिंसानन्दः, इति हिंसानन्दः प्रथमः १। असत्यवचने परिणतः मृषावादकथने परिणतः अनृतानन्दाख्यं रौद्रध्यानम् । तथाहि । "विधाय वञ्चकं शास्त्रं मार्गमुद्दिश्य निर्दयम् । प्रपात्य व्यसने लोकं भोक्ष्येऽहं वाञ्छितं सुखम् ॥" "असत्यचातुर्यबलेन लोकाद्वित्तं ग्रहीष्यामि बहुप्रकारम् । तथाश्वमातङ्गपुराकराणि कन्यादिरत्नानि च बन्धुराणि ॥" "असत्यसामर्थ्यवशादरातीन् नृपेण वान्येन च घातयामि । अदोषिणां दोषचयं विधाय चिन्तेति रौद्राय मता मुनीन्द्रैः ॥" "अनेकासत्यसंकल्पैर्यः प्रमोदः प्रजायते । मृषानन्दात्मकं रौद्रं तत्प्रणीतं पुरातनैः ॥" कीदृक्षः सन् । तत्रैव स्थिरचित्तः अनृतानन्दे विक्षिप्तचित्तः । इति मृषानन्दं द्वितीयं रौद्रध्यानम् २ ॥ ४७५ ॥

पर-विसय-हरण-सीलो सगीय-विसए सुरक्खणे दक्खो ।
तग्गय-चिंताविट्ठो[1] णिरंतरं तं पि रुद्दं[2] पि ॥ ४७६ ॥

[छाया-परविषयहरणशीलः स्वकीयविषये सुरक्षणे दक्षः । तद्गतचिन्ताविष्टः निरन्तरं तदपि रौद्रम् अपि ॥] अपि पुनः तदपि निरन्तरं रौद्रध्यानं भवेत् । तत् किम् । परविषयहरणशीलः, परेषां विषयाः रत्नसुवर्णरूप्यादिधनधान्य-

कुशल होना, पापका उपदेश देनेमें चतुर होना, नास्तिक धर्ममें पण्डित होना, हिंसासे प्रेम होना, निर्दय पुरुषोंके साथ रहना और स्वभावसे ही क्रूर होना, इन सबको वीतरागी महापुरुषोंने रौद्र कहा है । 'प्राणियोंका घात किस उपायसे होता है ? मारनेमें कौन चतुर है ? किसे जीवघातसे प्रेम है ? कितने दिनोंमें सब प्राणियोंको मारा जा सकता है ? मैं प्राणियोंको मारकर पुष्टि और शान्तिके लिये ब्राह्मण, गुरु और देवताओंकी पूजा करूँगा । इस प्रकार प्राणियोंकी हिंसामें जो आनन्द मनाया जाता है उसे रौद्रध्यान कहा है ।' आकाश, जल और थलमें विचरण करनेवाले प्राणियोंके मारने जलाने बांधने, काटने वगैरह का प्रयत्न करना, तथा दांत, नख वगैरहके उखाड़नेमें कौतुक होना यह भी रौद्र ध्यान ही है ॥' साराश यह है कि जन्तुको पीडित किया जाता हुआ देखकर, सुनकर या स्मरण करके जो आनन्द मानता है वह हिंसानन्दि रौद्रध्यानी है। तथा—'ठगविद्याके शास्त्रोंको रचकर और दयाशून्य मार्गको चलाकर तथा लोगोंको व्यसनी बनाकर मैं इच्छित सुख भोगूँगा, असत्य बोलनेमें चतुरताके बलसे मैं लोगोंसे बहुतसा धन, मनोहारिणी कन्याएँ वगैरह ठगूँगा, मैं असत्यके बलसे राजा अथवा दूसरे पुरुषोंके द्वारा अपने शत्रुओंका घात कराऊँगा, और निर्दोष व्यक्तियोंको दोषी साबित करूँगा, इस प्रकारकी चिन्ताको मुनीन्द्रोंने रौद्रध्यान कहा है ॥' इस प्रकार अनेक असत्य संकल्पोंके करनेसे जो आनन्द होता है उसे पूर्व पुरुषोंने मृषानन्दि रौद्र ध्यान कहा है ॥ ४७५ ॥ **अर्थ**—जो पुरुष दूसरोंकी विषयसामग्रीको हरनेका स्वभाववाला है, और अपनी विषयसामग्रीकी रक्षा करनेमें चतुर है, तथा निरन्तर ही जिसका चित्त इन दोनों कामोंमें लगा रहता है वह भी रौद्र ध्यानी है ॥ **भावार्थ**—दूसरोंके रत्न, सोना, चांदी, धन, धान्य, स्त्री, वस्त्राभरण वगैरहको चुरानेमें ही

१ लमसग चित्ता°। २ स त वि रुद्द।

कलत्रवस्त्राभरणादयः तेषां हरणे चौर्यकर्मणि ग्रहणे अदत्तादाने शीलं स्वभावो यस्य स तथोक्तः। इति स्तेयानन्दः। तद्यथा "यच्चौर्याय शरीरिणामहरहश्चिन्ता समुत्पद्यते, कृत्वा चौर्यमपि प्रमोदमतुलं कुर्वन्ति यत्संततम्। चौर्येणापहृते परैः परधने यज्जायते संभ्रमस्तच्चौर्यप्रभवं वदन्ति निपुणा रौद्रं सुनिन्दास्पदम् ॥" "द्विपदचतुष्पदसारं धनधान्यवराङ्गनासमाकीर्णम्। वस्तु परकीयमपि मे स्वाधीनं चौर्यसामर्थ्यात् ॥" "इत्थं चुराया विविधप्रकारः शरीरिभिर्यः क्रियतेऽभिलाषः। अपारदुःखार्णवहेतुभूतं रौद्रं तृतीयं तदिह प्रणीतम् ॥" इति तृतीयं चौर्यानन्दध्यानम् ३। स्वकीयविषयसुरक्षणे दक्षा स्वकीययुवतीद्विपदचतुष्पदस्वाद्यखाद्याशनपानसुस्वरश्रवणसुगन्धगन्धग्रहणधनधान्यगृहवस्त्राभरणादीनां रक्षणे रक्षायां यत्नकरणे दक्षः चतुरः निपुणः। इदं विषयानन्दाख्यं रौद्रध्यानम्। तद्यथा। "बह्वारम्भपरिग्रहेषु नियतं रक्षार्थमभ्युद्यते, यत्संकल्पपरम्परां वितनुते प्राणीह रौद्राशयः। यच्चालम्ब्य महत्त्वमुन्नतमना राजेत्यहं मन्यते, तत्तुर्यं प्रवदन्ति निर्मलधियो रौद्रं भवाशंसिनाम् ॥" इति विषयाभिलाषे आनन्दं हर्षः विषयानन्दश्चतुर्थं ध्यानम् ४। कीदृक्षः। तद्गतचित्ताविष्टः तेषु हिंसानृतस्तेयविषयेषु गतं चित्तं मनः तेनाविष्टः युक्तः। तद्यथा। हिंसानृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यो रौद्रमविरतदेशविरतयोर्भवति। पञ्चगुणस्थानस्वामिकमित्यर्थः। मिथ्यात्वादिपञ्चमगुणस्थानपर्यन्तानां जीवानां रौद्रध्यानं स्यात्। ननु अविरतस्य रौद्रध्यानं आघटीत्येव देशविरतस्य कथं संगच्छते। साधूक्तं भवता यत् एकदेशेन विरतस्य कदाचित्प्राणातिपाताद्यभिप्रायात्। धनादिसंरक्षणत्वाच्च कथं न घटते, परमयं तु विशेषो देशसंयतस्य रौद्रमुत्पद्यते एव परं नरकादिगतिकारणं तन्न भवति, सम्यक्त्वरत्नमण्डितत्वात्। तथा ज्ञानार्णवे। "कृष्णलेश्याबलोपेतं श्वभ्रपातफलाङ्कितम्। रौद्रमेतद्धि जीवानां स्यात् पञ्चगुणभूमिकम् ॥" "क्रूरतादण्डपारुष्यं वञ्चकत्वं कठोरता। निर्दयत्वं च लिङ्गानि रौद्रस्योक्तानि सूरिभिः ॥"

जिसे आनन्द आता है वह चौर्यानन्दि रौद्रध्यानी है। कहा भी है–प्राणियोंको जो रातदिन दूसरोंका धन चुरानेकी चिन्ता सताती रहती है, तथा चोरी करके जो अत्यन्त हर्ष मनाया जाता है, तथा चोरीके द्वारा पराया धन चुराये जानेपर आनन्द होता है, इन्हें चतुर पुरुष चोरीसे होनेवाला रौद्रध्यान कहते हैं, यह रौद्रध्यान अत्यन्त निन्दनीय है ॥ दास, दासी, चौपाये, धन, धान्य, सुन्दर स्त्री वगैरह जितनी भी पराई श्रेष्ठ वस्तुएँ हैं, चोरीके बलसे वे सब मेरी हैं। इस प्रकार मनुष्य अनेक प्रकारकी चोरियोंकी जो चाह करते हैं वह तीसरा रौद्र ध्यान है, जो अपार दुःखोंके समुद्रमें डुबानेवाला है ॥ अपने स्त्री, दास, दासी, चौपाये, धन, धान्य, मकान, वस्त्र, आभरण वगैरह विषय सामग्रीकी रक्षामें ही रात दिन लगे रहना विषयानन्दि रौद्रध्यान है। कहा भी है–इस लोकमें रौद्र आशयवाला प्राणी बहुत आरम्भ और बहुत परिग्रहकी रक्षाके लिये तत्पर होता हुआ जो संकल्प विकल्प करता है तथा जिसका आलम्बन पाकर मनस्वी अपनेको राजा मानते हैं। निर्मलज्ञानके धारी गणधर देव उसे चौथा रौद्रध्यान कहते हैं ॥ तत्त्वार्थसूत्रमें भी कहा है कि हिंसा, झूठ, चोरी और विषयसामग्रीकी रक्षामें आनन्द माननेसे रौद्रध्यान होता है। वह रौद्रध्यान मिथ्यादृष्टिसे लेकर, देशविरत नामक पञ्चमगुणस्थान पर्यन्त जीवोंके होता है। यहाँ यह शंका हो सकती है कि जो व्रती नहीं हैं, अविरत हैं उनके भले ही रौद्रध्यान हो, किन्तु देशविरतोंके रौद्रध्यान कैसे हो सकता है? इसका समाधान यह है कि हिंसा आदि पापोंका एक देशसे त्याग करनेवाले देशविरत श्रावकके भी कभी कभी अपने धन वगैरह की रक्षा करनेके निमित्तसे हिंसा वगैरहके भाव हो सकते हैं। अतः रौद्रध्यान हो सकता है, किन्तु वह सम्यग्दर्शन रूपी रत्नसे शोभित है इस लिये उसका रौद्रध्यान नरक गतिका कारण नहीं होता है। चारित्रसारमें भी कहा है–यह चार प्रकारका रौद्रध्यान कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावालेके होता है, और मिथ्यादृष्टिसे लेकर पंचमगुणस्थानवर्ती जीवोंके होता है। किन्तु मिथ्यादृष्टियोंका

"विस्फुलिङ्गनिभे नेत्रे भ्रूवंका भीषणाकृतिः । कम्पः स्वेदादिलिङ्गानि रौद्रे बाह्यानि देहिनाम् ॥" "क्षायोपशमिको भावः कालश्चान्तर्मुहूर्तकम् । दुष्टाशयवशादेतदप्रशस्तावलम्बनम् ॥" तथा चारित्रसारे । 'इदं रौद्रध्यानचतुष्टयम्, कृष्णनील-कापोतलेश्याबलाधानं प्रमादाधिष्ठानम् । प्राक् प्रमत्तात् पञ्चगुणस्थानभूमिकमन्तर्मुहूर्तकालम् अतःपरं दुर्धरत्वात् क्षायो-पशमिकभावं परोक्षज्ञानत्वात् औदयिकभावं वा भावलेश्याकषायप्रधानत्वात् नरकगतिफलम्' इति । तथा च तच्चतुर्विधं रौद्रध्यानं तारतम्येन मिथ्यादृष्ट्यादिपञ्चगुणस्थानवर्तिजीवसंभवम् । तत्र मिथ्यादृष्टीनां नरकगतिकारणमपि बद्धायुष्कं विहाय सम्यग्दृष्टीनां तत्कारणं न भवति । कुतः । सदृष्टीना विशिष्टभेदज्ञानबलेन तत्कारणभूततीव्रसंक्लेशाभावादिति ॥ ४७६ ॥ अथार्तरौद्रध्यानपरिहारेण धर्मध्याने प्रवृत्तिं दर्शयति—

बिण्णि वि असुहे झाणे पाव-णिहाणे य दुक्ख-संताणे ।
तम्हा दूरे वज्जह धम्मे पुणं आयरं कुणह ॥ ४७७ ॥

[छाया– द्वे अपि अशुभे ध्याने पापनिधाने च दुःखसंताने । तस्मात् दूरे वर्जत धर्मे पुनः आदरं कुरुत ॥] वर्जयत भो भव्या, यूयं त्यजत दूरे अत्यर्थं दूरं भृशं परिहरत । के । द्वे अपि अशुभे ध्याने, आर्तरौद्राख्ये ध्याने द्विके त्यजत । किं कृत्वा । ज्ञात्वा विदित्वा । कथंभूते द्वे । पापनिधाने दुरितस्य स्थाने, च पुनः, दुःखसंताने नरकतिर्यग्गति-दुःखोत्पादके पुनः आदरं सत्कारं कुरुध्व भो भव्य, विधेहि । क्व । धर्मे धर्मस्थाने आदरं त्वं कुरुष्व ॥ ४७७ ॥ को धर्मः इत्युक्ते, धर्मशब्दमभिधत्ते–

धम्मो वत्थु-सहावो खमादि-भावो यँ दस-विहो धम्मो ।
रयणत्तयं च धम्मो जीवाणं रक्खणं[4] धम्मो ॥ ४७८ ॥

[छाया–धर्मः वस्तुस्वभावः क्षमादिभावः च दशविधः धर्मः । रत्नत्रयं च धर्मः जीवानां रक्षणं धर्मः ॥] वस्तूनां स्वभावः जीवादीना पदार्थाना स्वरूपो धर्मः कथ्यते । निजशुद्धबुद्धैकस्वभावात्मभावनालक्षणो वा धर्मः । च पुनः,

रौद्रध्यान नरकगतिका कारण है, किन्तु बद्धायुष्कोंको छोड़कर शेष सम्यग्दृष्टियोंके होनेवाला रौद्रध्यान नरक गतिका कारण नहीं है, क्योंकि भेदज्ञानके बलसे सम्यग्दृष्टियोंके नरकगतिका कारण तीव्र संक्लेश नहीं होता । ज्ञानार्णव नामक ग्रन्थमें कहा है–'क्रूरता, मन वचन कायकी निष्ठुरता, ठगपना, निर्दयता ये सब रौद्रके चिह्न हैं ॥ नेत्रोंका अंगारके तुल्य होना, भ्रकुटिका टेढ़ा रहना, भीषण आकृति होना, क्रोधसे शरीरका काँपना और पसेव निकल आना, ये सब रौद्रके बाह्य चिह्न होते हैं ॥ ४७६ ॥ आगे आर्त और रौद्रध्यानको छोड़कर धर्मध्यान करनेकी प्रेरणा करते हैं । **अर्थ–** हे भव्य जीवों, पापके निधान और दुःखकी सन्तान इन दोनों अशुभ ध्यानोंको दूरसे ही छोड़ो और धर्मध्यानका आदर करो ॥ **भावार्थ–**आचार्य कहते हैं कि आर्त और रौद्र ये दोनों अशुभ ध्यान पापके भण्डार हैं और नरकगति व तिर्यञ्च गतिमें ले जानेवाले होनेसे दुःखोंके कारण हैं । अतः इन्हें छोड़कर धर्मध्यानका आचरण करो ॥ ४७७ ॥ आगे धर्मका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ–**वस्तुके स्वभावको धर्म कहते हैं । दस प्रकारके क्षमा आदि भावोंको धर्म कहते हैं । रत्नत्रयको धर्म कहते हैं और जीवोंकी रक्षा करनेको धर्म कहते हैं ॥ **भावार्थ–**यहाँ आचार्यने धर्मके विविध स्वरूपोंको बतलाया है । जीव आदि पदार्थोंके स्वरूपका नाम धर्म है । जैसे जीव शुद्ध बुद्ध चैतन्य स्वरूप है । यही चैतन्य उसका धर्म है । अग्निका स्वरूप उष्णता है । यही उसका धर्म है । तथा उत्तम

१ छ म स ग णष्णा । २ ब पुणु । ३ म अ । ४ म रक्खणे ।

क्षमादिभावः दशविधो धर्मः । उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्यपरिणामः परिणतिः दशप्रकारो धर्मः कथ्यते । च पुनः, रत्नत्रयं भेदसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रात्मकं रत्नानां त्रितयं धर्मो भण्यते । च पुनः, जीवानां रक्षणो धर्मः, पञ्चस्थावराणां सूक्ष्मबादराणां त्रसानां द्वीन्द्रियादीनां प्राणिनां रक्षणं कृपाकरणं धर्मो भण्यते । 'अहिंसा-लक्षणो धर्मः' इति वचनात् ॥ ४७८ ॥ अथ कस्य धर्मध्यानं इत्युक्ते प्ररूपयति–

धम्मे एयग्ग-मणो जो[1] णवि वेदेदि पंचहा-विसयं ।
वेरग्ग-मओ णाणी धम्मज्झाणं[2] हवे तस्स ॥ ४७९ ॥

[छाया– धर्मे एकाग्रमनाः यः नैव वेदयति पञ्चधाविषयम् । वैराग्यमयः ज्ञानी धर्मध्यानं भवेत् तस्य ॥] तस्य योगिनः ध्यातुर्भव्यस्य धर्माख्यं ध्यानं भवेत् । तस्य कस्य । यो भव्यः धर्मे एकाग्रमना धर्मे निजशुद्धबुद्धैकस्वभावात्मभावनालक्षणे पूर्वोक्तोत्तमक्षमादिदशविधे निश्चयव्यवहाररत्नत्रयरूपे वा । एकाग्रमना एकाग्रचित्त आर्तरौद्रध्यानं परित्यज्य तद्धर्मध्यानगतचित्त. । निश्चलत्वं धर्मे इत्यर्थः । कथंभूतः । स ध्याता इन्द्रियविषयं न वेदयति, पञ्चेन्द्रियाणां समुद्भवविषयम् अर्थं नानुभवति स्पर्शनादिपञ्चेन्द्रियाणां स्पर्शादिसप्तविंशतिविषयान् नानुभवति न सेवते न भजते इत्यर्थः । पुनः कीदृक्षः, वैराग्यमय. संसारशरीरभोगेषु विरक्तिर्विरमणं वैराग्यं तत्प्रचुरं यस्य स वैराग्यमयः । प्राचुर्ये मयट्प्रत्ययः । पुनः कीदृक्षः । ज्ञानी भेदज्ञानवान् ॥ ४७९ ॥ अथ धर्मध्यानस्योत्तमत्वं गाथात्रयेणाह–

सुविसुद्ध-राय-दोसो बाहिर-संकप्प-वज्जिओ धीरो ।
एयग्ग-मणो संतो जं चिंतइ तं पि सुह-झाणं ॥ ४८० ॥

[छाया–सुविशुद्धरागद्वेषः बाह्यसंकल्पवर्जितः धीरः । एकाग्रमनाः सन् यत् चिन्तयति तदपि शुभध्यानम् ॥] तदपि शुभध्यानं धर्मध्यानं भवेत् । तत् किम् । यत् चिन्तयति । कः । सन् सत्पुरुषः भव्यवरपुण्डरीकः । कीदृक् सन् । सुविशुद्धरागद्वेषः, सुष्ठु अतिशयेन विशुद्धौ शोधनं प्राप्तौ नाशितौ रागद्वेषौ येन स तथोक्तः । क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादि-

क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य रूप आत्मपरिणामको भी धर्म कहते हैं । इसीको शास्त्रोंमें धर्मके दस भेद कहा है । सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र रूप तीन रत्नोंको भी धर्म कहते हैं । तथा सब प्रकारके प्राणियोंकी रक्षा करनेको भी धर्म कहते हैं । क्यों कि ऐसा कहा है कि धर्मका लक्षण अहिंसा है ॥ ४७८ ॥ आगे धर्मध्यान किसके होता है यह बतलाते हैं । **अर्थ–**जो ज्ञानी पुरुष धर्ममें एकाग्र मन रहता है, और इन्द्रियोंके विषयोंका अनुभव नहीं करता, उनसे सदा विरक्त रहता है, उसीके धर्मध्यान होता है ॥ **भावार्थ–**उपर धर्मके जो जो स्वरूप बतलाये हैं, जो उन्हींमें एकाग्र चित्त रहता है, अर्थात् अपने शुद्ध बुद्ध चैतन्य स्वरूपमें ही सदा लीन रहता है अथवा उत्तम क्षमा आदि दस धर्मों और रत्नत्रय रूप धर्मका सदा मन वचन कायसे आचरण करता है, मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदनासे किसी भी जीव को कष्ट न पहुँचे इसका ध्यान रखता है, स्पर्शन आदि इन्द्रियोंके विषयोंका कभी सेवन नहीं करता, संसार, शरीर और भोगोंसे उदासीन रहता है, उसी ज्ञानीके धर्मध्यान होता है ॥ ४७९ ॥ आगे तीन गाथाओंसे धर्मध्यानकी उत्तमता बतलाते हैं । **अर्थ–**राग द्वेषसे रहित जो धीर पुरुष बाह्य संकल्प-विकल्पोंको छोड़कर एकाग्रमन होता हुआ जो विचार करता है वह भी शुभ ध्यान है ॥ **भावार्थ–** शुभ ध्यानके लिये कुछ बातोंका होना आवश्यक है । प्रथम तो राग और द्वेषको दूर करना चाहिये ।

१ ब म स ग जो ण वेदेदि इंदियं विसयं । २ म स ग धम्मं झा (ज्झा) णं ।

रहित इत्यर्थः । पुनः कीदृक् । बाह्यसंकल्पवर्जितः, बाह्यानां शरीरादीनां संकल्पः मनसा चिन्तनं तेन वर्जितः रहितः । क्षेत्रवास्तुधनधान्यद्विपदचतुष्पदादिषु पुत्रकलत्रादिषु ममेदं चिन्तनम् अहं सुखी इत्यादिचिन्तनारहितो वा । पुनः कीदृक् । धीरः धियम् आत्मधारणां बुद्धिं राति गृह्णातीति धीरः, उपसर्गपरीषहसहनसमर्थो वा । पुनः कथंभूतः । एकाग्रमनाः एकाग्रः धर्मध्याने चित्तः निश्चलः । एवंविधो ध्याता योगी शुभध्यानम् आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयं धर्मध्यानं चिन्तयतीत्यर्थः ॥ ४८० ॥

स-सरूव-समुब्भासो णट्ठ-ममत्तो जिदिंदिओ संतो ।
अप्पाणं चिंततो सुह-झाण-रओ[1] हवे साहू ॥ ४८१ ॥

[छाया-स्वस्वरूपसमुद्भासः नष्टममत्वः जितेन्द्रियः सन् । आत्मानं चिन्तयन् शुभध्यानरतः भवेत् साधुः ॥] साधुः साधयति स्वीकरोति स्वात्मानं स्वात्मोपलब्धिलक्षणं मोक्षमिति साधुः योगीश्वरः । कथंभूतः । शुभध्यानरतः धर्मध्यानतत्परो भवेत् । कीदृक्षः पुनः । स्वस्वरूपसमुद्भासः स्वस्यात्मनः स्वरूपं केवलज्ञानदर्शनानन्तसुखादिस्वभावः तस्य समुद्भासः प्राकट्यं प्रकटीकरणं यस्य स तथोक्तः । आत्मनः ज्ञानादिप्रकटकरणोद्यम इत्यर्थः । साधुः पुनरपि कीदृक्षः । नष्टममत्वः नष्टं गतं विनष्टं ममत्वं ममेदमिति ममता यस्य स तथोक्तः निरीहः निःस्पृह इत्यर्थः । पुनः कीदृक् । जितेन्द्रियः जितानि वशीकृतानि इन्द्रियाणि स्पर्शनादीनि येन स जितेन्द्रियः इन्द्रियवशीकर्ता । वशी पुनः कीदृक्षः । आत्मानं चिन्तयन् शुद्धचिदानन्दं ध्यायन् सन् एवंभूतः साधुः स्वात्मानं ध्यायतीत्यर्थः ॥ ४८१ ॥

वज्जिय-सयल-वियप्पो अप्प-सरूवे मणं णिरुंधंतो[2] ।
जं चिंतदि साणंदं तं धम्मं उत्तमं झाणं[3] ॥ ४८२ ॥

[छाया-वर्जितसकलविकल्पः आत्मस्वरूपे मनः निरुन्धन् । यत् चिन्तयति सानन्दं तत् धर्म्यम् उत्तमं ध्यानम् ॥] तत् उत्तमम् उत्कृष्टं श्रेष्ठं वरं धर्म्यं ध्यानं भवति । तत् किम् । यत् सानन्दम् आनन्दनिर्भरम् अनन्तसुखस्वरूपं परमात्मानं चिन्तयति ध्यायति । किं कृत्वा । आत्मस्वरूपे स्वशुद्धबुद्धैकचिदानन्दे मनः चित्तं संकल्पविकल्परूपं मानसं निरुध्यारोपयित्वा इत्यर्थः । कीदृक्षः सन् । वर्जितसकलविकल्पः, वर्जिताः दूरीकृताः सकलाः समस्ताः विकल्पाः अन्तरङ्गममत्वपरिणामाः

दूसरे, स्त्री पुत्र धनधान्य सम्पदा मेरी है । मैं इन्हें पाकर बहुत सुखी हूँ इस प्रकार बाह्य वस्तुओंमें मनको नहीं जाना चाहिये और तीसरे उपसर्ग परीषह वगैरहको सहनेमें समर्थ होना चाहिये । उक्त बातोंसे सहित मनुष्य जो भी एकाग्र मनसे विचार करता है वही धर्मध्यान है ॥ ४८० ॥ **अर्थ**-जिसको अपने स्वरूपका भान होगया है, जिसका ममत्व नष्ट होगया है और जिसने अपनी इन्द्रियोंको जीत लिया है, ऐसा जो साधु आत्माका चिन्तन करता है वह साधु शुभ ध्यानमें लीन होता है ॥ ४८१ ॥ **अर्थ**-सकल विकल्पोंको छोड़कर और आत्मस्वरूपमें मनको रोककर आनन्दसहित जो चिन्तन होता है वही उत्तम धर्मध्यान है ॥ **भावार्थ**-संकल्प विकल्पोंको छोड़कर अनन्त सुखस्वरूप आत्माका आनन्दपूर्वक ध्यान करना ही श्रेष्ठ धर्मध्यान है । इस धर्मध्यानके चार भेद कहे हैं-आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय । ये चारों प्रकारका धर्मध्यान असंयत सम्यग्दृष्टी, देशविरत, प्रमत्त संयत और अप्रमत्त संयत गुणस्थानवर्ती जीवोंके होता है । यद्यपि मुख्यरूपसे यह पुण्यबन्धका कारण है, फिर भी परम्परासे मुक्तिका कारण है । इन चारों धर्मध्यानोंका स्वरूप इस प्रकार है-अपनी बुद्धि मन्द होने और किसी विशिष्ट गुरुका अभाव होनेपर जिन भगवानके द्वारा कहे गये नौ पदार्थ और उत्पाद व्यय ध्रौव्य तथा गुण पर्यायसे युक्त छः द्रव्योंकी सूक्ष्म चर्चाका

---

१ ब सज्झाणरओ । २ ल म स ग णिरंभित्ता । ३ ब धम्मज्झाणं ॥ जत्थ इत्यादि ।

येन स तथोक्तः । तथा हि आर्तरौद्रपरित्यागलक्षणमाज्ञापायविपाकसंस्थानविचयसंज्ञाचतुर्भेदभिन्नं तारतम्यवृद्धिक्रमेणा-संयतसम्यग्दृष्टिदेशविरतप्रमत्तसंयताप्रमत्तसंयताभिधानचतुर्गुणस्थानवर्तिजीवसंभवं मुख्यवृत्त्या पुण्यबन्धकारणमपि परंपरया मुक्तिकारणं चेति । तद्यथा । स्वयं मन्दबुद्धित्वेऽपि विशिष्टोपाध्यायाभावेऽपि शुद्धजीवाजीवास्रवबन्धसंवर-निर्जरामोक्षपुण्यपापद्वयसहितनवपदार्थानां समतत्त्वानां जीवादिद्रव्याणां षण्णां द्रव्यपर्यायगुणयुक्तानाम् उत्पादव्ययध्रौव्य-सहितानां सूक्ष्मत्वे सति 'सूक्ष्मं जिनोदितं वाक्यं हेतुभिर्नैव हन्यते । आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथा वादिनो जिनाः ॥' इति श्लोककथितक्रमेण पदार्थानां निश्चयकरणमाज्ञाविचयधर्मध्यानं भण्यते १ । तथैव भेदाभेदरत्नत्रयभाव-नाबलेनास्माकं परेषां वा कर्मणामपायो विनाशो भविष्यतीति चिन्तनमपायविचयध्यानं ज्ञातव्यम् २ । शुद्धनिश्चयेन शुभाशुभकर्मविपाकरहितोऽप्ययं जीवः पश्चादनादिकर्मबन्धवशेन पापस्योदयेन नारकादिदुःखविपाकफलमनुभवति । पुण्योदयेन देवादिसुखविपाकफलमनुभवति । इति विचारणं विपाकविचयं विज्ञेयम् ३ । पूर्वोक्तलोकानुप्रेक्षाचिन्तनं संस्थानविचयमिति ४ । चतुर्विधधर्मध्यानं भवति । तथा दशविधं धर्मध्यानं भवति । "अपायोपायजीवाज्ञाविपाका जीवहेतवः । विरागभवसंस्थाना-न्येतेभ्यो विचयं भवेत् ॥ सदृष्ट्याद्यप्रमत्तान्ता ध्यायन्ति शुभलेश्यया । धर्मं विशुद्धिरूपं यद्रागद्वेषादिशान्तये ॥" स्वसंवेद्य-माध्यात्मिकं धर्मध्यानं दशप्रकारम् । एतद्दशविधमपि दृष्टश्रुतानुभूतेहपरलोकभोगाकांक्षादोषवर्जनपरस्परस्य मन्दतरकषाया-नुरञ्जितस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य भवति । एकान्तनिरञ्जनस्थाने बद्धपल्यङ्कासनस्य स्वाङ्के वामहस्ततलस्योपरि दक्षिणहस्ततल-स्थापितस्य नासिकाग्रस्थापितलोचनस्य पुंसः शुभध्यानं स्यात् । अपायविचयं नाम अनादिसंसारे यथेष्टचारिणो जीवस्य मनोवाक्कायप्रवृत्तिविशेषोपार्जितपापानां परिवर्जनं तत्कथं नाम मे स्यादिति । अथवा मिथ्यादर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः स्वजीवस्य अन्येषां वा कथम् अपायः विनाशः स्यादिति संकल्पः चिन्ताप्रबन्धः प्रथमं धर्म्यम् । १ । उपायविचयं प्रशस्तमनोवाक्कायप्रवृत्ति-विशेषोऽवश्यः कथं मे स्यादिति संकल्पोऽध्यवसानं वा, दर्शनमोहोदयाचिन्तादिकरणवशाज्जीवाः सम्यग्दर्शनादिभ्यः पराङ्मुखा इति चिन्तनम् उपायविचयं द्वितीयं धर्म्यम् । २ । जीवविचयं जीव उपयोगलक्षणो द्रव्यार्थादनाद्यनन्तो असंख्येयप्रदेशः स्वकृतशुभाशुभकर्मफलोपभोगी गुणवान् आत्मोपात्तदेहमात्रः प्रदेशसंहरणविसर्पणधर्मा सूक्ष्मः अव्याघातः ऊर्ध्वगतिस्वभाव

'जिन भगवानके द्वारा कहा हुआ तत्त्व बहुत सूक्ष्म है, युक्तियोंसे उसका खण्डन नहीं किया जा सकता। उसे जिन भगवानकी आज्ञा समझकर ग्रहण करना चाहिये, क्यों कि जिन भगवान मिथ्यावादी नहीं होते।' इस उक्तिके अनुसार श्रद्धान करना आज्ञाविचय धर्मध्यान है। रत्नत्रयकी भावनाके बलसे हमारे तथा दूसरोंके कर्मोंका विनाश होता है ऐसा विचारना अपायविचय धर्मध्यान है। अनादिकालसे यह जीव शुभाशुभ कर्मबन्धमेंसे पापकर्मका उदय होनेपर नरकादि गतिके दुःखोंको भोगता है और पुण्यकर्मका उदय होनेपर देवादि गतिके सुखोंको भोगता है, ऐसा विचार करना विपाक विचय धर्मध्यान है। पहले लोकानुप्रेक्षामें कहे गये लोकके स्वरूपका विचार करना संस्थानविचय धर्मध्यान है। इस प्रकार धर्मध्यानके चार भेद हैं। सम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत गुणस्थानवर्ती जीव राग द्वेषकी शान्तिके लिये शुभ भावोंसे इन धर्मध्यानोंको ध्याते हैं। इस लोक और परलोक सम्बन्धी भोगोंकी चाह को सदोष जानकर मन्दकषायी भव्य जीव निर्जन एकान्त स्थानमें पल्यंकासन लगावे और अपनी गोदमें बाईं हथेलीके ऊपर दाहिनी हथेलीको रखकर तथा दोनों नेत्रोंको नासिकाके अग्रभागमें स्थापित करके शुभध्यान करे। धर्मध्यानके दस भेद भी कहे हैं जो इस प्रकार हैं। इस अनादि संसारमें स्वच्छन्द विचरण करनेवाले जीवके मन वचन और कायकी प्रवृत्तिविशेषसे संचित पापोंकी शुद्धि कैसे हो ऐसा विचारना अपायविचय धर्मध्यान है। अथवा मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्रमें फँसे हुए जीवोंका कैसे उद्धार हो ऐसा विचार करते रहना अपायविचय धर्मध्यान है। मेरे मन वचन और कायकी शुभ प्रवृत्ति कैसे हो ऐसा विचार करना अथवा दर्शनमोहनीयके उदयके कारण

अनादिकर्मबन्धनबद्धस्तत् क्षयान्मोक्षभागी इत्यादिनामस्थापनाद्रव्यभावनिर्देशादिसदादिप्रमाणनयनिक्षेपविषय इत्यादि जीवस्वभावानुचिन्तनं वा जीवा उपयोगमया अनाद्यनिधना मुक्तेतररूपा जीवस्वरूपचिन्तनं जीवविचयः तृतीयं धर्म्यम् । ३ । अजीवविचयं जीवभावविलक्षणानाम् अचेतनानां पुद्गलधर्माधर्माकाशद्रव्याणाम् अनन्तविकल्पपर्यायस्वभावानुचिन्तनं चतुर्थं धर्म्यम् । ४ । विपाकविचयम् अष्टविधकर्माणि नामस्थापनाद्रव्यभावलक्षणानि मूलोत्तरोत्तरप्रकृतिविकल्पविस्तृतानि गुडखण्डसितामृतमधुरविपाकानि निम्बकाञ्जीरविषहालाहलकटुकविपाकानि चतुर्विधबन्धानि लतादारुअस्थिशैलस्वभावानि कासु कासु गतियोनिषु अवस्थासु च जीवानां विषया भवन्ति उदयं गच्छन्ति विपाकविशेषानुचिन्तनं पञ्चमं धर्म्यम् । ५ । विरागविचयं शरीरमिदमनित्यमपरित्राणं विनश्वरस्वभावमशुचि त्रिदोषाधिष्ठितं सप्तधातुमयं बहुमलमूत्रादिपरिपूर्णम् अनवरतनिष्यन्दितस्रोतोविलम् अतिबीभत्सम् आधेयम् शौचमपि पूतिगन्धि सम्यग्ज्ञानिजनवैराग्यहेतुभूतं नास्त्यत्र किंचित्कमनीयम् इन्द्रियमुख्यानि प्रमुखरसिकानि क्रियावसानविरसानि किंपाकपाकविपाकानि पराधीनानि अनवस्थानप्रचुर-भङ्गुराणि यावत् यावदेषा रामणीयकं तावत्तावद्भोगिनां तृष्णाप्रसंगोऽनवस्थः । यथाग्नेरिन्धनैर्जलनिधेर्नदीसहस्रेण न तृप्तिः तथा कस्याप्येतैः न तृप्तिरुपशान्तिश्च । ऐहिकामुत्रिकविनिपातहेतवः तानि देहिनः सुखानीति मन्यन्ते महादुःखकारणान्य-नात्मनीनत्वादिष्टान्यप्यनिष्टानीति वैराग्यकारणविशेषानुचिन्तनम् । अथवा संसारदेहविषयेषु दुःखहेतुत्वानित्यचिन्तनं विरागचिन्तनं षष्ठं धर्म्यम् । ६ । भवविचयं सचित्ताचित्तमिश्रशीतोष्णमिश्रसंवृतविवृतमिश्रभेदासु योनिषु जरायुजाण्डजपो-

जीव सम्यग्दर्शन वगैरहसे विमुख हो रहे हैं इनका उद्धार कैसे हो इसका विचार करना उपाय-विचय धर्मध्यान है । जीवका लक्षण उपयोग है, द्रव्यदृष्टिसे जीव अनादि और अनन्त है, असंख्यात प्रदेशवाला है, अपने किये हुए शुभाशुभ कर्मोके फलको भोगता है, अपने शरीरके बराबर है, आत्मप्रदेशोंके संकोच और विस्तार धर्मवाला है, सूक्ष्म है, व्याघात रहित है, ऊपरको गमन करनेका स्वभाववाला है, अनादि कालसे कर्मबन्धनसे बँधा हुआ है, उसके क्षय होनेपर मुक्त हो जाता है, इस प्रकार जीवके मुक्त और संसारी स्वरूपका विचार करना जीवविचय नामक तीसरा धर्मध्यान है । जीवसे विलक्षण पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल और आकाश इन अचेतन द्रव्योंकी अनन्त पर्यायोंके स्वरूपका चिन्तन करना अजीवविचय नामक चौथा धर्मध्यान है । आठो कर्मोकी बहुतसी उत्तर प्रकृतियाँ हैं, उनमेंसे शुभ प्रकृतियोंका विपाक गुड़ खांड शक्कर और अमृतकी तरह मधुर होता है तथा अशुभ प्रकृतियोंका विपाक लता, दारु, अस्थि और शैलकी तरह कठोर होता है, कर्मबन्धके चार प्रकार हैं, किस किस गति और किस किस योनिमें जीवोंके किन २ प्रकृतियों का बन्ध, उदय वगैरह होता है, इस प्रकार कर्मोके विपाकका विचार करना विपाकविचय नामक पाँचवा धर्मध्यान है । यह शरीर अनित्य है, अरक्षित है, नष्ट होनेवाला है, अशुचि है, वात पित्त और कफका आधार है सात धातुओंसे बना है, मलमूत्र वगैरहसे भरा हुआ है, इसके छिद्रोंसे सदा मल बहा करता है, अत्यन्त बीभत्स है, पवित्र वस्तुएँ भी इसके संसर्गसे दूषित होजाती हैं, सम्यग्ज्ञानी पुरुषोंके वैराग्यका कारण है, इसमें कुछ भी सुन्दर नहीं है, इसमें जो इन्द्रियाँ हैं वे भी किंपाक फलके समान उत्तरकालमें दुःखदायी हैं, पराधीन हैं, ज्यों ज्यों भोगी पुरुष इनसे भोग भोगता है त्यों त्यों इसकी भोगतृष्णा बढ़ती जाती है । जैसे ईन्धनसे अग्निकी और नदियोंसे समुद्रकी तृप्ति नहीं होती है वैसे ही इन इन्द्रियोंसे भी किसीकी तृप्ति नहीं होती । ये इन्द्रियाँ इसलोक और परलोकमें पतनकी कारण हैं, प्राणी इन्हें सुखका कारण मानता है, किन्तु वास्तवमें ये महादुःखकी कारण हैं, क्योंकि ये आत्माकी हितकारक नहीं है, इसप्रकार वैराग्यके कारणोंका चिन्तन करना विरागचिन्तन नामका छठा धर्मध्यान हैं ।

तोपपादसंमूर्च्छनजन्मनो जीवस्य भवाद्भवान्तरसंक्रमणे इषुगतिपाणिमुक्तालाङ्गलिकागोमूत्रिकाः चेति । तत्र इषुगतिरविग्रहा एकसामयिकी ऋज्वी संसारिणां सिद्धानां च जीवानां भवति । पाणिमुक्ता एकविग्रहा द्विसामयिकी संसारिणां भवति । लाङ्गलिका द्विविग्रहा त्रैसामयिकी भवति । गोमूत्रिका त्रिविग्रहा चतुःसामयिकी भवति । एवमनादिसंसारे भ्रमतो जीवस्य गुणविशेषानुपलब्धितस्तस्य भवसंक्रमणं निरर्थकमित्येवमादिभवसंक्रमणदोषानुचिन्तनं वा चतुर्गतिभवभ्रमणयोनिचिन्तनं भवविचयं सप्तमं धर्म्यम् । ७ । यथावस्थितमीमांसा संस्थानविचयं तत् द्वादशविधम् । अनित्यत्वम् १ अशरणत्वम् २ संसारः ३ एकत्वम् ४ अन्यत्वम् ५ अशुचित्वम् ६ आस्रवः ७ संवरः ८ निर्जरा ९ लोकः १० बोधिदुर्लभः ११ धर्मस्वाख्यातः १२ इत्यनुप्रेक्षाचिन्तनं संस्थानविचयम् अष्टमं धर्म्यध्यानम् । ८ । आज्ञाविचयम् अतीन्द्रियज्ञानविषयं ज्ञातुं चतुर्षु ज्ञानेषु बुद्धिशक्त्यभावात् परलोकबन्धमोक्षलोकालोकसदसद्विवेदनीयधर्माधर्मकालद्रव्यादिपदार्थेषु सर्वज्ञप्रामाण्यात् तत्प्रणीतागम[illegible]वितथं न सम्यग्दर्शनस्वभावत्वात् निश्चयचिन्तनं सर्वज्ञागमं प्रमाणीकृत्य अत्यन्तपरोक्षार्थावधारणं वा आज्ञाविचयं नवमं धर्म्यध्यानम् ९ । हेतुविचयम् आगमविप्रतिपत्तौ नैगमादिनयविशेषगुणप्रधानभावोपनयदुर्धर्षस्याद्वादशक्तिप्रति[illegible] तर्कानुसारिरुचेः पुरुषस्य स्वसमयगुणपरसमयदोषविशेषपरिच्छेदेन यत्र गुणप्रकर्षः तत्राभिनिवेशः श्रेयानिति [illegible]प्रवचने पूर्वापराविरोधहेतुपरिग्रहणसामर्थ्येन समवस्थानगुणानुचिन्तनं हेतुविचयं दशमं धर्म्यध्यानम् १० । सर्वमेतत् धर्मध्यानं पीतपद्मशुक्ललेश्याबलाधानम् अविरतादिसरागगुणस्थानभूमिकं द्रव्यभावात्मकसप्तप्रकृतिक्षयकारणम् । आ अप्रमत्तात् अन्तर्मुहूर्तकालपरिवर्तनं परोक्षज्ञानत्वात् क्षायोपशमिकभावं स्वर्गापवर्गगतिफलसंवर्तनीयं शेषैकविंशतिभावलक्षणमोहनीयोपशमक्षयनिमित्तम् । तत्पुनः धर्मध्यानमाभ्यन्तरं बाह्यं च । सहजशुद्धपरमचैतन्यशालिनि निर्भरानन्दमालिनि भगवति निजात्मन्युपादेयबुद्धिं कृत्वा पश्चादनन्तज्ञानोऽहमनन्तसुखोऽहमित्यादिभावनारूपमाभ्यन्तर-

---

सचित्त, अचित्त, सचित्ताचित्त, शीत, उष्ण, शीतोष्ण, संवृत, विवृत, संवृतविवृत ये नौ योनियाँ हैं। इन योनियोंमें गर्भ, उपपाद और सम्मूर्छन जन्मके द्वारा जीव जन्म लेता है। जब यह जीव एक भवसे दूसरे भवमें जाता है तो इसकी गति चार प्रकारकी होती है–इषुगति, पाणिमुक्ता गति, लांगलिका गति और गोमूत्रिका गति । इषुगति बाणकी तरह सीधी होती है, इसमें एक समय लगता है। यह संसारी जीवोंके भी होती है और सिद्ध जीवोंके भी होती है। शेष तीनो गतियाँ संसारी जीवोंके ही होती हैं । पाणिमुक्ता गति एक मोडेवाली होती है, इसमें दो समय लगते हैं। लांगलिका गति दो मोडेवाली होती है, इसमे तीन समय लगते हैं । गोमूत्रिका गति तीन मोडेवाली होती है, इसमें चार समय लगते हैं । इस प्रकार अनादिकालसे संसारमें भटकते हुए जीवके गुणोंमें कुछभी विशेषता नहीं आती, इसलिये उसका यह भटकना निरर्थक ही है, इत्यादि रूपसे भवभ्रमणके दोषोंका विचार करना भवविचय नामका सातवाँ धर्मध्यान है । अनित्य, अशरण आदि बारह भावनाओंका विचार करना संस्थानविचय धर्मध्यान है । सर्वज्ञके द्वारा उपदिष्ट आगमको प्रमाण मानकर अत्यन्त परोक्ष पदार्थोंमें आस्था रखना आज्ञाविचय धर्मध्यान है। आगमके विषयमें विवाद होनेपर नैगम आदि नयोंकी गौणता और प्रधानताके प्रयोगमें कुशल तथा स्याद्वादकी शक्तिसे युक्त तर्कशील मनुष्य अपने आगमके गुणोंको और अन्य आगमोंके दोषोंको जानकर 'जहाँ गुणोंका आधिक्य हो उसीमें मनको लगाना श्रेष्ठ है' इस अभिप्रायको दृष्टिमें रखकर जो तीर्थङ्करके द्वारा उपदिष्ट प्रवचनमें युक्तियोंके द्वारा पूर्वापर अविरोध देखकर उसकी पुष्टिके लिये युक्तियोंका चिन्तन करता है, वह हेतुविचय धर्मध्यान है। इस प्रकार धर्मध्यानके दस भेद हैं। धर्मध्यानके दो भेद भी हैं–एक आभ्यन्तर और एक बाह्य । सहज शुद्ध चैतन्यसे सुशोभित और

धर्मध्यानमुच्यते १। पञ्चपरमेष्ठिभक्त्यादि तदनुकूलशुभानुष्ठानं बहिरङ्गधर्मध्यानं भवति २। तथा पदस्थपिण्डस्थरूपस्थ-रूपातीतं चतुर्विधं ध्यानमाभ्यन्तरं धर्म्यं कथ्यते। "पदस्थं मन्त्रवाक्यस्थं पिण्डस्थं स्वात्मचिन्तनम्। रूपस्थं सर्वचिद्रूपं रूपातीतं निरञ्जनम् ॥" इति धर्मध्यानं विचित्रं ज्ञातव्यम् ॥ "पदान्यालम्ब्य पुण्यानि योगिभिर्यद्विधीयते। तत्पदस्थं मतं ध्यानं विचित्रनयपारगैः ॥" तद्यथा। "पणतीससोलछप्पण चदुदुगमेगं च जवह झाएह। परमेट्ठिवाचयाणं अण्णं च गुरूव-एसेण ॥" 'णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।' एतानि पञ्चत्रिंशदक्षराणि सर्वपदानि भण्यन्ते ३५। 'अरहंतसिद्धआयरियउवज्झायसाहू।' वा 'अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः।' एतानि षोडशाक्षराणि नामपदानि भण्यन्ते १६। 'अरहंतसिद्ध' एतानि षडक्षराणि अर्हत्सिद्धयोर्नामपदे द्वे भण्येते ६। पण, 'असिआउसा' एतानि पञ्चाक्षराण्यादिपदानि भण्यन्ते ५। चदु, 'अरहंत' इदमक्षरचतुष्टयमर्हतो नामपदम्। दुग, 'सिद्ध' 'अर्हं' वा इत्यक्षद्वयस्य सिद्धस्य अर्हतो वा नामादिपदम् २। 'अ' इत्येकाक्षरमर्हत आदिपदम् अथवा 'ओं' इत्येकाक्षरं पञ्चपरमेष्ठिनामादिपदम्। तत्कथमिति चेन्। "अरहंता असरीरा आयरिया तह उवज्झया मुणिणो। पढमक्खरणिप्पण्णो ओंकारो पंचपरमेट्ठी ॥" 'सवर्णे सह दीर्घः, उ ओ, मोनुस्वारः' इत्यादिना निष्पद्यते। एतेषां पदानां सर्वमन्त्रवादपदेषु मध्ये सारभूतानामिहलोकपरलोकेष्टफलप्रदानाम् अर्थं ज्ञात्वा पश्चादनन्तज्ञानादिगुण-स्मरणरूपेण वचनोच्चारणेन च जापं कुरुत। तथैव शुभोपयोगरूपत्रिगुप्तावस्थायां मौनेन ध्यायत। पुनरपि कथंभूतानां पञ्चपरमेष्ठिवाचकानाम्। अनन्तज्ञानादिगुणयुक्तोऽर्हद्वाच्योऽभिधेयः इत्यादिरूपेणार्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसाधुवाचकानाम्। अन्यदपि द्वादशसहस्रप्रमितपञ्चनमस्कारग्रन्थकथितक्रमेण लघुसिद्धचक्रं बृहत्सिद्धचक्रमित्यादिदेवार्चनविधानम्। तथाहि। यो

आनन्दसे भरपूर अपनी आत्मामें उपादेयबुद्धि करके पुनः 'मैं अनन्त ज्ञानवाला हूँ' 'मैं अनन्त सुखस्वरूप हूँ' इत्यादि भावना करना आभ्यन्तर धर्मध्यान है। और पंच परमेष्ठीमें भक्ति रखना, उनके अनुकूल प्रवृत्ति करना बहिरंग धर्मध्यान है। धर्मध्यानके चार भेद और भी हैं। पदस्थ, पिण्डस्थ, रूपस्थ और रूपातीत। ये चारो धर्मध्यान आभ्यन्तर हैं। पवित्र पदोंका आलम्बन लेकर जो ध्यान किया जाता है उसे पदस्थध्यान कहते हैं। द्रव्यसंग्रहमें कहा है–"परमेष्ठीके वाचक पैंतीस, सोलह, छः,पाँच, चार, दो और एक अक्षरके मंत्रोंको जपो और ध्याओ। तथा गुरुके उपदेशसे अन्य मंत्रोंको भी जपो और ध्याओ"। 'णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।' यह पैंतीस अक्षरोंका मंत्र है। 'अरहंतसिद्ध आयरिय उवज्झाय साहू' अथवा 'अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः' यह मंत्र सोलह अक्षरोंका है। 'अरहंत सिद्ध' यह छः अक्षरोंका मंत्र है। 'अ सि आ उ सा' यह पाँच अक्षरका मंत्र है। 'अरहंत' यह चार अक्षरोंका मंत्र है। 'सिद्ध' अथवा 'अर्हं' ये दो अक्षरोंके मंत्र हैं। 'अ' यह एक अक्षरका मंत्र अर्हन्तका वाचक है। अथवा 'ओं' यह एक अक्षरका मंत्र पंचपरमेष्ठीका वाचक है। कहाभी है–'अरहंत, असरीर (सिद्ध) आचार्य, उपाध्याय और मुनि (साधु) इन पाँचों परमेष्ठियोंके प्रथम अक्षरोंको लेकर मिलानेसे (अ+अ+आ+उ+म्) पंचपरमेष्ठीका वाचक 'ओं' पद बनता है।' ये मंत्र सब मंत्रोंमें सारभूत हैं तथा इस लोक और परलोकमें इष्ट फलको देनेवाले हैं। इनका अर्थ जानकर अनन्त ज्ञान आदि गुणोंका स्मरण करते हुए और मंत्रका उच्चारण करते हुए जप करना चाहिये। तथा शुभोपयोग पूर्वक मन, वचन और कायको स्थिर करके मौनपूर्वक इनका ध्यान करना चाहिये। इन मंत्रोंके सिवाय बारह हजार प्रमाण पंचनमस्कार ग्रन्थमें कही हुई विधिसे लघुसिद्धचक्र बृहत्सिद्ध-चक्र आदि विधानभी करना चाहिये। इस सिद्धचक्रके ध्यानकी विधि इस प्रकार है–नाभिमण्डलमें

भव्यः नाभिमण्डले षोडशदलसंयुक्तकमले दलं दलं प्रति षोडशस्वरश्रेणिं भ्रमन्तीं चिन्तयेत् । अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः । तथा हृदये चतुर्विंशतिपत्रसंयुक्तकमले पञ्चविंशतिककारादिमकारान्तान् व्यञ्जनान् स्मरेत् । क ख ग घ ङ । च छ ज झ ञ । ट ठ ड ढ ण । त थ द ध न । प फ ब भ म । ततः वदनकमलेऽष्टदलसहिते शेषयकारादिहकारान्तान् वर्णान् प्रदक्षिणं चिन्तयेत् । "इमां प्रसिद्धसिद्धान्तप्रसिद्धां वर्णमातृकाम् । ध्यायेद्यः स श्रुताम्भोधेः पारं गच्छेच्च तत्फलात् ॥" "अथ मन्त्रपदाधीशं सर्वतत्त्वैकनायकम् । आदिमध्यान्तभेदेन स्वरव्यञ्जनसंभवम् ॥ ऊर्ध्वाधो रेफसंरुद्धं सकलं बिन्दुलाञ्छितम् । अनाहतयुतं तत्त्वं मन्त्रराजं प्रचक्षते ॥" र्हं । "देवासुरनतं मिथ्यादुर्बोधध्वान्तभास्करम् । शुक्लमूर्धस्थचन्द्रांशुकलापव्याप्तदिग्मुखम् ॥" "हेमाब्जकर्णिकासीनं निर्मलं दिक्षु खाङ्गणे । संचरन्तं च चन्द्राभं जिनेन्द्रतुल्यमूर्जितम् ॥" "ब्रह्मा कैश्चिद्धरिः कैश्चिद्बुद्धः कैश्चिन्महेश्वरः । शिवः सार्वस्तथेशानो वर्णोऽयं कीर्तितो महान् ॥" "मन्त्रमूर्तिं किलादाय देवदेवो जिनः स्वयम् । सर्वज्ञः सर्वगः शान्तः साक्षादेष व्यवस्थितः ॥" "ज्ञानबीजं जगद्वन्द्यं जन्ममृत्युजरापहम् । अकारादिहकारान्तं रेफबिन्दुकलाङ्कितम् ॥" "भुक्तिमुक्त्यादिदातारं स्रवन्तममृताम्बुभिः । मन्त्रराजमिदं ध्यायेत् धीमान् विश्वसुखावहम् ॥" "नासाग्रे निश्चलं वापि भ्रूलतान्ते महोज्वलम् । तालुरन्ध्रेण वा यातं विशन्तं वा मुखाम्बुजे ॥" "सकृदुच्चारितो येन मन्त्रोऽयं वा स्थिरीकृतः । हृदि तेनापवर्गाय पाथेयं स्वीकृतं परम् ॥" इमं महामन्त्रराजं यो ध्यायति स कर्मक्षयं कृत्वा मोक्षसुखं प्राप्नोति । अर्हं । तथा हकारमात्रं सूक्ष्मचन्द्ररेखासदृशं शान्तिकारणं यो भव्यः चिन्तयति स स्वर्गेषु देवो महर्द्धिको भवेत् । यो भव्य ओंकारं पञ्चपरमेष्ठिप्रथमाक्षरोत्पन्नं देदीप्यमानं चन्द्रकलाबिन्दुना सितवर्णं धर्मार्थकाममोक्षदं हृदयकमलकर्णिकामध्यस्थं चिन्तामणिसमानं चिन्तयति स भव्यः सर्वसौख्यं लभते । ओं, इमं मन्त्रराजं शत्रुस्तम्भने सुवर्णाभं, विद्वेषे कृष्णाभं, वशीकरणे रक्तवर्णं, पापनाशने शुभ्रं, सर्वकार्यसिद्धिकरं चिन्तयेत् ॥ तथा,

---

सोलह पत्रवाले कमलके प्रत्येक दलपर अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः इन सोलह स्वरोंका क्रमसे चिन्तन करो। फिर हृदयमें चौबीस पत्तोंसे युक्त कमलके ऊपर क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न, प फ ब भ म, इन ककारसे लेकर मकार तक पचीस व्यंजनोंका चिन्तन करो। फिर आठ दल सहित मुखकमलपर बाकीके यकार से लेकर हकार पर्यन्त वर्णोंको दाहिनी ओर से चिन्तन करो। सिद्धान्तमें प्रसिद्ध इस वर्ण मातृकाका जो ध्यान करता है वह संसारसमुद्रसे पार हो जाता है ॥ समस्त मंत्रपदोंका स्वामी सब तत्त्वोंका नायक, आदि मध्य और अन्तके भेदसे स्वर तथा व्यंजनोंसे उत्पन्न, ऊपर और नीचे रेफसे युक्त, बिन्दुसे चिह्नित हकार (र्हं) बीजाक्षर है। अनाहत सहित इस बीजाक्षरको मंत्रराज कहते हैं। देव और असुर इसे नमस्कार करते हैं, भयंकर अज्ञानरूपी अन्धकारको दूर करनेके लिये वह सूर्य के समान है। अपने मस्तकपर स्थित चन्द्रमा (ँ) की किरणों से यह दिशाओंको व्याप्त करता है। सुवर्णकमलके मध्यमें कर्णिकापर विराजमान, निर्मल चन्द्रमाकी तरह प्रकाशमान, और आकाशमें गमन करते हुए तथा दिशाओंमें व्याप्त होते हुए जिनेन्द्र देवके तुल्य यह मंत्रराज है। कोई इसे ब्रह्मा कहता है, कोई इसे हरि कहता है, कोई इसे बुद्ध कहता है, कोई महेश्वर कहता है, कोई शिव, कोई सार्व और कोई ईशान कहता है। यह मंत्रराज ऐसा है मानो सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, शान्तमूर्ति देवाधिदेव जिनेन्द्र स्वयं ही इस मंत्ररूपसे विराजमान हैं ॥ यह ज्ञानका बीज है, जगतसे वन्दनीय है, जन्म मृत्यु और जराको हरनेवाला है, मुक्तिका दाता है, संसारके सुखोंको लाता है, रेफ और बिन्दुसे युक्त अर्हं इस मंत्रका ध्यान करो। नासिकाके अग्र भाग में स्थिर, भौहोंके मध्यमें स्फुरायमाण, तालुके छिद्रसे जाते हुए और मुखरूपी कमलमें प्रवेश करते हुए इस मंत्रराजका ध्यान करना चाहिये। जिसने एक बार भी इस मंत्रराजको उच्चारण करके अपने हृदयमें स्थिर करलिया, उसने मोक्षके लिये उत्तम कलेवा ग्रहण करलिया। आशय यह है कि जो इस महा-

"पञ्चगुरुनमस्कारलक्षणं मन्त्रमूर्जितम् । चिन्तयेच्च जगज्जन्तुपवित्रीकरणक्षमम् ॥" "स्फुरद्विमलचन्द्राभे दलाष्टकविभूषिते । कञ्जे तत्कर्णिकासीनं मन्त्रं सप्ताक्षरं स्मरेत् ॥" "दिग्दलेषु ततोऽन्येषु विदिक्पत्रेष्वनुक्रमात् । सिद्धादिकं चतुष्कं च दृष्टि-बोधादिकं तथा ॥" ओं णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं । अपराजितमन्त्रोऽयं दर्शनज्ञानचारित्रतपांसि । "श्रियमात्यन्तिकीं प्राप्ता योगिनो ये च केचन । अमुमेव महामन्त्रं ते समाराध्य केवलम् ॥" "अनेनैव विशुध्यन्ति जन्तव पापपङ्किताः । अनेनैव विमुच्यन्ते भवक्लेशान्मनीषिणः ॥" "एत-द्व्यसनपाताले भ्रमत्संसारसागरे । अनेनैव जगत्सर्वमुद्धृत्य विधृतं शिवे ॥" "कृत्वा पापसहस्राणि हत्वा जन्तुशतानि च । अमुं मन्त्रं समाराध्य तिर्यञ्चोऽपि दिवं गताः ॥" तथा यो भव्यः मस्तके भालस्थले मुखे कण्ठे हृदये नाभौ च प्रत्येकमष्ट-दलकमलं तन्मध्ये कर्णिका विधाय प्रत्येकं पञ्चनमस्कारान् पञ्चत्रिंशद्वर्णोपेतान् कमलं प्रति नवसंख्योपेतान् जपेत् चिन्तयति । अवरोहणारोहणेन द्वादशकमलेषु एकीकृता नमस्काराः अष्टोत्तरशतप्रमा भवन्ति । तत्फलमाह । "शतमष्टोत्तरं चास्य त्रिशुद्ध्या चिन्तयन्मुनि. । भुञ्जानोऽपि चतुर्थस्य प्राप्नोत्यविकलं फलम् ॥" "मस्तके वदने कण्ठे हृदये नाभिमण्डले । ध्याये-च्चन्द्रकलाकारे योगी प्रत्येकमम्बुजम् ॥" "स्मर मन्त्रपदोद्भूतां महाविद्यां जगन्नुताम् । गुरुपञ्चकनामोत्थषोडशाक्षरराजिताम् ॥" "अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नम ।" षोडशाक्षरविद्या । "अस्याः शतद्वयं ध्यानी जपन्नेकाग्रमानसः । अनिच्छन्न-प्यवाप्नोति चतुर्थतपस. फलम् ॥" "विद्यां षड्वर्णसंभूतामजय्यां पुण्यशालिनीम् । जपन् चतुर्थमभ्येति फलं ध्यानी शतत्रयम् ॥" 'अरहंतसिद्ध' अथवा 'अरहंतसाहु' ॥ "चतुर्वर्णमयं मन्त्रं चतुर्वर्गफलप्रदम् । चतुःशतीं जपन् योगी चतुर्थस्य फलं लभेत् ॥"

मंत्रका ध्यान करता है वह कर्मोंका क्षय करके मोक्षसुखको पाता है । जो भव्य 'अर्हं' इस मंत्रको अथवा सूक्ष्म चन्द्ररेखाके समान हकार मात्रका चिन्तन करता है वह स्वर्गोंमें महर्द्धिक देव होता है । जो भव्य पंचपरमेष्ठीके प्रथम अक्षरोंसे उत्पन्न ॐ का चिन्तन अपने हृदयकमलमें करता है वह सब सुखों को पाता है ॥ इस मंत्रराज ॐ को शत्रुका स्तम्भन करनेके लिये सुवर्णके समान पीला चिन्तन करे । द्वेषके प्रयोगमें कज्जलकी तरह काला चिन्तन करे, वशीकरणके प्रयोगमें लालवर्णका चिन्तन करे, और पापकर्मका नाश करनेके लिये चन्द्रमाके समान श्वेतवर्णका चिन्तन करे ॥ तथा पंच परमेष्ठियोंको नमस्कार करने रूप महामंत्रका चिन्तन करे । यह नमस्कार मंत्र जगतके जीवोंको पवित्र करनेमें समर्थ है ॥ स्फुरायमान निर्मल चन्द्रमाके समान और आठ पत्रोंसे भूषित कमलकी कर्णिका पर सात अक्षरके मंत्र 'णमो अरिहंताणं'का चिन्तन करे । और उस कर्णिकाके आठ पत्रों-मेंसे ४ दिशाओंके ४ पत्रोंपर क्रमसे 'णमो सिद्धाणं' 'णमो आइरियाणं' 'णमो उवज्झायाणं' 'णमो लोए सव्वसाहूणं' इन चार मंत्रपदोंका स्मरण करे । और विदिशाओंके ४ पत्रोंपर क्रमसे 'सम्यग्दर्शनाय नमः' 'सम्यग्ज्ञानाय नमः' 'सम्यक् चारित्राय नमः' 'सम्यक् तपसे नमः', इन चार पदोंका चिन्तन करें ॥ इस लोकमें जितने भी योगियोने मोक्षलक्ष्मीको प्राप्त किया उन सबने एकमात्र इस नमस्कार महामंत्रकी आराधना करके ही प्राप्त किया ॥ पापी जीव इसी महामंत्रसे विशुद्ध होते हैं । और इसी महामंत्रके प्रभावसे बुद्धिमान् लोग संसारके क्लेशोंसे छूटते हैं । दुःखरूप पातालोंसे भरे हुए संसाररूपी समुद्रमें भटकते हुए इस जगतका उद्धार करके इसी मंत्रने मोक्षमें रखा है ॥ हजारों पापोंको करके और सैकड़ों जीवोंको मारकर तिर्यञ्च भी इस महामंत्रकी आराधना करके स्वर्गको प्राप्त हुए ॥ मस्तक, भालस्थान, मुख, कण्ठ, हृदय और नाभिमेंसे प्रत्येकमें आठ पत्तोंका कमल और उसके बीचमें कर्णिकाकी रचना करके प्रत्येक कमलपर पैंतीस अक्षरके पंच नमस्कार मंत्रको नौ बार जपना चाहिये । इस प्रकार ऊपरसे नीचे और नीचेसे ऊपर बारह कमलोंपर जपनेसे १०८ बार जाप हो जाती है । जो मुनि मन वचन और कायको शुद्ध करके इस मंत्रको १०८ बार ध्याता है वह मुनि आहार करता हुआभी एक उपवासके पूर्ण फलको प्राप्त होता है ॥ पंच नमस्कार मंत्रके पाँच पदोंसे

अरहंत ॥ "वर्णद्वयं श्रुतस्कन्धे सारभूतं शिवप्रदम्। ध्यायेज्जन्मोद्भवाशेषक्लेशनिर्मूलनक्षमम् ॥' 'सिद्ध' 'अर्हं'वा ॥ "अवर्णस्य सहस्रार्धं जपन्नानन्दसंभृतः। प्राप्नोत्येकोपवासस्य निर्जरां निर्जिताशयः ॥" 'अः'। तथा "आदिमं चार्हतो नाम्नोऽकारं पञ्चशत-प्रमान्। वारान् जपेत् त्रिशुद्ध्या यः स चतुर्थफलं श्रयेत् ॥" अ ॥ "पञ्चवर्णमयीं विद्यां पञ्चतत्त्वोपलक्षिताम्। मुनिवीरैः श्रुतस्कन्धाद्बीजबुद्ध्या समुद्धृताम् ॥ 'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ साय नमः।' "अस्यां निरन्तराभ्यासाद्वशीकृत-निजाशयः। प्रोच्छिनत्त्याशु निःशङ्को निर्गूढं जन्मबन्धनम् ॥" "मङ्गलशरणोत्तमपदनिकुरम्बं यस्तु संयमी स्मरति। अवि-कलमेकाग्रधिया स चापवर्गश्रियं श्रयति ॥" चत्तारि मंगलं, अरहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगोत्तमा, अरहंत लोगोत्तमा, सिद्ध लोगोत्तमा, साहु लोगोत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगोत्तमो। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि ॥ "सिद्धेः सौधं समारोढुमियं सोपानमालिका। त्रयोदशाक्षरोत्पन्ना विद्या विश्वातिशायिनी ॥" 'ओं, अरहंत सिद्ध योगि केवली स्वाहा'। यो भव्यः इमम् ऋषिमण्डलमन्त्रराजं सप्तविंशति-वर्णोपेतम् 'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रौं ह्रः असिआउसासम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यो नमः।" इति ध्यायति जपति सहस्राष्टकम्। ८००० । स वाञ्छितार्थम् इहपरलोकसुखसर्वाभीष्टं प्राप्नोति। तथा ओं ह्रीं श्रीं अर्हं नमः। नमः सिद्धाणं। ओं नमो अर्हते केवलिने परमयोगिने अनन्तविशुद्धपरिणामविस्फुरदुरुशुक्लध्यानाग्निनिर्दग्धकर्मबीजाय

उत्पन्न सोलह अक्षरोंके मंत्रका भी जप करना चाहिये। वह मंत्र है–'अर्हत् सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः'। जो ध्यानी मनको एकाग्र करके दो सौ बार इस मंत्रका जप करता है वह नहीं चाहते हुएभी एक उपवासके फलको प्राप्त करता है ॥ 'अरहंत सिद्ध' अथवा 'अरहंत साहु' इन छः अक्षरोंके मंत्रको तीन सौ बार जप करनेवाला मनुष्य एक उपवासके फलको प्राप्त होता है ॥ 'अरहंत' इन चार अक्षरोंके मंत्रको चार सौ बार जप करनेवाला मनुष्य एक उपवासके फलको प्राप्त होता है ॥ 'सिद्ध' अथवा 'अर्हं' यह दो अक्षरोंका मंत्र द्वादशांगका सारभूत है, मोक्षको देनेवाला है और संसारसे उत्पन्न हुए समस्त क्लेशोंको नष्ट करनेमें समर्थ है। इसका ध्यान करना चाहिये ॥ जो मुनि 'अ' इस वर्णका पाँच सौ बार जप करता है वह एक उपवासके फलको प्राप्त करता है ॥ जो मन वचन कायको शुद्ध करके पाँच सौ बार 'अर्हत्' के आदिअक्षर 'अ' मंत्रका जाप करता है वह एक उपवासके फलको प्राप्त करता है ॥ पाँच तत्त्वोंसे युक्त तथा पाँच अक्षरमय 'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ साय नमः' इस मंत्रको मुनीश्वरोंने द्वादशांग वाणीमेंसे सारभूत समझकर निकाला है। इसके निरन्तर अभ्याससे अति कठिन संसाररूपी बन्धन शीघ्र कट जाता है ॥ जो मुनि 'चत्तारि मंगलं, अरहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा, अरहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंतसरणं पव्वज्जामि, सिद्धसरणं पव्वज्जामि, साहूसरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।' एकाग्र मनसे इन पदोंका स्मरण करता है वह महालक्ष्मीको प्राप्त करता है ॥ 'ॐ अर्हत् सिद्ध सयोग केवली स्वाहा' यह तेरह अक्षरोंका मंत्र मोक्ष महलपर चढ़नेके लिये सीढ़ियोंकी पंक्ति है ॥ 'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ साय सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यो नमः' इस सत्ताईस अक्षरोंके ऋषिमण्डल मंत्रको जो भव्य आठ हजार बार जपता है वह इस लोक और परलोकमें समस्त वाञ्छित सुखको पाता है ॥ तथा

प्राप्तानन्तचतुष्टयाय सौम्याय शान्ताय मङ्गलवरदाय अष्टादशदोषरहिताय स्वाहा । तथा । "स्मरेन्दुमण्डलाकारं पुण्डरीकं मुखोदरे । दलाष्टकसमासीनं वर्णाष्टकविराजितम् ॥ ओं णमो अरहंताणमिति वर्णानपि क्रमात् । एकशः प्रतिपत्रं तु तस्मिन्नेव निवेशयेत् ॥ स्वर्णगौरीं स्वरोद्भूतां केसरालीं ततः स्मरेत् । कर्णिकां च सुधास्यन्दबिन्दुव्रजविभूषिताम् ॥ (अकारादि) प्रोद्यत्संपूर्णचन्द्राभं चन्द्रबिम्बाच्छनैः शनैः । समागच्छत्सुधाबीजं मायावर्णं तु चिन्तयेत् ॥ विस्फुरन्तमतिस्फीतं प्रभामण्डलमध्यगम् । संचरन्तं मुखाम्भोजे तिष्ठन्तं कर्णिकोपरि ॥ ह्रीं ॥ भ्रमन्तं प्रतिपत्रेषु चरन्तं वियति क्षणे । छेदयन्तं मनोध्वान्तं स्रवन्तममृताम्बुभिः ॥ व्रजन्तं तालुरन्ध्रेण स्फुरन्तं भ्रूलतान्तरे । ज्योतिर्मयमिवाचिन्त्यप्रभावं चिन्तयेन्मुनिः ॥" 'ओं णमो अरहंताणं' इमे अष्टौ वर्णाः । ह्रीं । इमं महामन्त्रं स्मरन् योगी विघ्नाशसर्वशास्त्रपारगो भवति । निरन्तराभ्यासात् षड्भिर्मासैर्मुखमध्यात् धूमवर्तिं पश्यति । ततः संवत्सरेण मुखान्महाज्वालां निःसरन्तीं पश्यति । ततः सर्वज्ञमुखम् । ततः सर्वज्ञं प्रत्यक्षं पश्यति । यः 'क्ष्वीं' इति ध्यायति ललाटे स सकलकल्याणं प्राप्नोति । तथा । ओं ह्रीं । ह्रीं ओं ओं ह्रीं हंसः ॥ ओं अर्हं ॥ श्रीं ॥ ह्रीं ओं सः ॥ श्रीं हं ओं ह्रीं ॥ ह्रीं ओं ओं ह्रीं ॥ उं । छ । क्ष्वी । विद्या च । ओं जोगे मग्गे तच्चे भूए भव्वे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपारिस्से स्वाहा । ओ ह्रीं अर्हं णमो अरहंताणं ह्रीं नमः ॥ छ ॥ श्रीमद्-

---

'ओं ह्रीं श्रीं अर्हं नमः; णमो सिद्धाणं, और 'ओ नमो अर्हते केवलिने परमयोगिने अनन्तविशुद्धपरिणामविस्फुरदुरुशुक्लध्यानाग्निनिर्दग्धकर्मबीजाय प्राप्तानन्तचतुष्टयाय सौम्याय शान्ताय मंगलवरदाय अष्टादशदोषरहिताय स्वाहा' इन मंत्रोंका ध्यान करना चाहिये । मुखमें चन्द्रमण्डलके आकारका आठ अक्षरोंसे शोभायमान, आठ पत्रोंका एक कमल चिन्तन करना चाहिये ॥ 'ओं णमो अरहंताणं' इन आठ अक्षरोंको क्रमसे इस कमलके आठ पत्रोंपर स्थापन करना चाहिये ॥ इसके पश्चात् अमृतके झरनोंके बिन्दुओंसे शोभित कर्णिकाका चिन्तवन करे और इसमें स्वरोंसे उत्पन्न हुई तथा सुवर्णके समान पीतवर्ण वाली केशरकी पंक्तिका ध्यान करना चाहिये ॥ फिर उदयको प्राप्त हुए पूर्ण चन्द्रमाकी कान्तिके समान और चन्द्रबिम्बसे धीरे धीरे आनेवाले अमृतके बीज रूप मायावर्ण 'ह्रीं' का चिन्तन करना चाहिये ॥ स्फुरायमान होते हुए, अत्यन्त उज्ज्वल प्रभामण्डलके मध्यमें स्थित, कभी पूर्वोक्त मुखकमलमें संचरण करते हुए, कभी उसकी कर्णिकाके ऊपर स्थित, कभी उस कमलके आठों पत्रोंपर घूमते हुए, क्षणभरमें आकाशमें विचरते हुए, मनके अज्ञानान्धकारको दूर करते हुए, अमृतमयी जलसे टपकते हुए, तालुके छिद्रसे गमन करते हुए तथा भौंकी लगाओंमें स्फुरायमान होते हुए और ज्योतिर्मयके समान अचिन्त्य प्रभाववाले मायावर्ण 'ह्रीं' का चिन्तन करना चाहिये ॥ इस महामंत्रका ध्यान करनेसे योगी समस्त शास्त्रोंमें पारंगत हो जाता है । छःमासतक निरन्तर अभ्यास करनेसे मुखके अन्दरसे धूम निकलते हुए देखता है । फिर एक वर्ष तक अभ्यास करनेसे मुखसे निकलती हुई महाज्वाला देखता है। फिर सर्वज्ञका मुख देखता है । उसके बाद सर्वज्ञको प्रत्यक्ष देखता है । इस प्रकार, मुखकमलमें आठ दलके कमलके ऊपर 'ओं णमो अरिहंताणं' इन आठ अक्षरोंको स्थापन करके ध्यान करनेके फलका वर्णन किया । अब अन्य विद्याओंका वर्णन करते हैं । जो ललाट देशमें 'क्ष्वीं' इस विद्याका ध्यान करता है वह सब कल्याणोंको प्राप्त करता है ।'ह्रीं ओं ओं ह्रीं हं सः ओं जोग्गे मग्गे तच्चे भूदे भव्वे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपारिस्से स्वाहा' 'ओ ह्रीं अर्हं नमो णमो अरहंताणं ह्रीं नम,' 'श्रीमद् वृषभादिवर्द्धमानान्तेभ्यो नमः,' इस मंत्रोंका भी ध्यान करना

वृषभादिवर्धमानान्तेभ्यो नमः ॥ ओं अर्हन्मुखकमलवासिनि पापात्मक्षयंकरि श्रुतज्ञानज्वालासहस्र प्रज्वलिते सरस्वति मत्पापं हन हन दह दह क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः क्षीरधवले अमृतसंभवे वं वं हूं हूं स्वाहा । इयं पापभक्षिणी विद्या । सिद्धचक्रम् । असिआउसा । अवर्णं नाभिकमले, सि मस्तककमले, सा मुखकमले, आ कण्ठकमले, उ हृदये । नमः सर्वसिद्धेभ्यः । ओंकार-ह्रींकार-अकार-अर्हम् इत्यादिकं क स्मरणीयम् । "नेत्रद्वन्द्वे श्रवणयुगले नासिकाग्रे ललाटे, वक्त्रे नाभौ शिरसि हृदये तालुनि भ्रूयुगान्ते । ध्यानस्थानान्यमलमतिभिः कीर्तितान्यत्र देहे, तेष्वेकस्मिन् विगतविषयं चित्तमालम्बनीयम् ॥" इति । इति पदस्थध्यानं समाप्तम् ॥ अथ पिण्डस्थध्यानमुच्यते । पिण्डस्थध्याने पञ्च धारणा भवन्ति । ताः काः । पार्थिवी १, आग्नेयी २, मारुती ३, वारुणी ४, तात्त्विकी ५ चेति । निरञ्जनस्थाने योगी चिन्तयति । किम् । क्षीरसमुद्रं रज्जुप्रमाणमध्यलोकसमानं शब्दरहितमुपशमितकल्लोलं कर्पूरहारतुषारदुग्धवदुज्ज्वलं स्मरति । तस्य मध्ये जम्बूद्वीपप्रमाणं सहस्रदलकमलं सुवर्णं देदीप्यमानं तदुत्पन्नपद्मरागमणिसदृशकेसरालीविराजितं मनोभ्रमररञ्जकं स्मरति । तत्र जम्बूद्वीपप्रमाणसहस्रदलकमले हेमनिभे कनकाचलमयीं दिव्यकर्णिकां चिन्तयेत् । ततः तत्कर्णिकाया मध्ये शरत्कालचन्द्रसदृशमुन्नतं सिंहासनं चिन्तयति । ततः तस्य सिंहासनोपरि आत्मानं सुखासीनं शान्तदान्तरागद्वेषादिरहितं ध्यायेत् पार्थिवी । १ । ततोऽसौ ध्यानी निजनाभिमण्डले मनोज्ञकमनीयषोडशोन्नतपत्रकं कमलं, तस्य कमलस्य पत्रं पत्रं प्रति स्वरम्, एवं षोडशस्वरान् स्मरेत् । तत्कर्णिकाया मध्ये महामन्त्रं विस्फुरन्तम् ऊर्ध्वरेफं कलाबिन्दुसहितं चन्द्रकोटिकान्त्या व्याप्तदिग्मुखं 'अर्हं' इति चिन्तयेत् । ततस्तस्यार्हमित्यक्षरस्य रेफात् निर्गच्छन्तीं धूमशिखां स्मरेत् । ततस्तत्पश्चात् स्फुलिङ्गपङ्क्तीः अग्निकणान् चिन्तयेत् । ततः ज्वालावलीम् अग्निज्वालाश्रेणीं चिन्तयेत् । ततः तेन ज्वालाकलापेन वर्धमानेन हृदयस्थितं कमलं दहति । तत्कमलमष्टकर्मनिर्माणमष्टपत्राढ्यम् अधोमुखं महामन्त्रोत्पन्नवैश्वानरो दहति । ततः शरीरस्य बहिः त्रिकोणम् अग्निमण्डलम् । "वह्निबीजसमाक्रान्तं पर्यन्ते स्वस्तिकाङ्कितम् । ऊर्ध्वं वायुपुरोद्भूतं निर्धूमं कनकप्रभम् ॥" "अन्तर्दहति मन्त्रार्चिर्बहिर्वह्निपुरं पुरम् । धगद्धगिति विस्फूर्जज्ज्वालाप्रचयभासुरम् ॥ भस्मभावमसौ नीत्वा शरीरं तच्च पङ्कजम् । दाह्याभावात् स्वयं शान्तिं

चाहिये। 'ओं अर्हन्मुखकमलवासिनि पापात्मक्षयंकरि श्रुतज्ञानज्वालासहस्रप्रज्वलिते सरस्वति मत्पापं हन हन दह दह क्षां क्षीं क्षूं क्षौ क्षः क्षीरवरधवले अमृतसंभवे वं वं हूं हूं स्वाहा ।' ये पापभक्षिणी विद्याके अक्षर हैं । सिद्धचक्रमंत्रका भी ध्यान करना चाहिये । अ सि आ उ सा इन पाँच अक्षरोंमें से 'अकार' को नाभिकमलमें, 'सि' अक्षरको मस्तक कमलपर, 'आ' अक्षरको कंठस्थ कमलमें, 'उ' अक्षरको हृदय कमलपर और 'सा' अक्षरको मुखस्थ कमलपर चिन्तवन करना चाहिये । 'नमः सर्वसिद्धेभ्यः' यह भी एक मंत्रपद है । इस शरीरमें निर्मल ज्ञानियोंने मुख, नाभि, शिर, हृदय, तालु भृकुटियोंका मध्य इनको ध्यान करनेके स्थान कहा है । उनमेंसे किसी एकमे चित्तको स्थिर करना चाहिये । इस प्रकार पदस्थ ध्यानका वर्णन समाप्त हुआ । अब पिण्डस्थ ध्यानको कहते हैं । पिण्डस्थ ध्यानमें पाँच धारणाएँ होती हैं । पार्थिवी, आग्नेयी, मारुती, वारुणी और तात्त्विकी । इनमेंसे पहले पार्थिवी धारणाको कहते हैं । प्रथम ही योगी किसी निर्जन स्थानमें एकराजु प्रमाण मध्य लोकके समान निःशब्द निस्तरंग और कपूर अथवा बरफ़ या दूधके समान सफ़ेद क्षीरसमुद्रका ध्यान करे । उसमें जम्बूद्वीपके बराबर सुवर्णमय हजार पत्तों वाले कमलका चिन्तन करे । वह कमल पद्मरागमणिके सदृश केसरोंकी पंक्तिसे शोभित हो और मनरूपी भौंरेको अनुरक्त करने वाला हो । फिर उस जम्बूद्वीप जितने विस्तार वाले सहस्र दल कमलमें सुमेरुमय दिव्य कर्णिकाका चिन्तन करे । फिर उस कर्णिकामें शरद् कालके चन्द्रमाके समान श्वेतवर्णका एक ऊँचा सिंहासन चिन्तन करे । उस सिंहासनपर अपनेको सुखसे बैठा हुआ शान्त, जितेन्द्रिय और रागद्वेषसे रहित चिन्तवन करे । यह पार्थिवी धारणाका स्वरूप है । इसके पश्चात् वह ध्यानी पुरुष अपने नाभिमण्डलमें सोलह ऊँचे पत्तोंवाले एक मनोहर कमलका

याति बहिः शनैः शनैः ॥" इति आग्नेयी धारणा । २ । "अथापूर्य दिशाकाशं संचरन्तं महाबलम् । महावेगं स्मरेत् ध्यानी समीरणं निरन्तरम् ॥ तद्रजः शीघ्रमुद्धूय तेन प्रबलवायुना । ततः स्थिरीकृताभ्यासः पवनं शान्तिमानयेत् ॥" इति मारुती । ३ । "वारुण्यां जलदव्रातं संवर्षन्तं नभस्तलात् । स्थूलधाराव्रजैर्विद्युद्गर्जनैः सह चिन्तयेत् ॥ ततोऽर्धेन्दुसमं कान्तं पुरं वरुणलाञ्छितम् । स्मरेत्सुधापयःपूरैः प्लावयन्तं नभोंगणम् ॥ तेन ध्यानोत्थनीरेण दिव्येन प्रबलेन सः । प्रक्षालयेच्च निःशेषं तद्भस्म कायसंभवम् ॥ इति वारुणी । ४ । ततः योगी स्वात्मानं सर्वज्ञसदृशं सप्तधातुविनिर्मुक्तं चन्द्रकोटिकान्तिसमं सिंहासनारूढं दिव्यातिशयसंयुतं कल्याणमहिमोपेतं देववृन्दैरर्चितं कर्ममलकलङ्करहितं स्वस्वरूपं चिन्तयेत् । "तेओ पुरुसायारो झायव्वो णियसरीरगब्भत्थो । सियकिरणविप्फुरंतो अप्पा परमप्पयसरूवो ॥ णियणाहिकमलमज्झे परिट्ठियं विप्फुरंतरवितेयं । झाएह अरुहरूवं झाणं तं मुणह पिंडत्थं ॥ झायह णियकरमज्झे भालयले हिययकंठदेसम्हि । जिणरूवं रवितेयं पिंडत्थं मुणह झाणम्हि ॥" "मस्तके वदने कण्ठे हृदये नाभिमण्डले । ध्यायेच्चन्द्रकलाकारे योगी प्रत्येकमम्बुजम् ॥" सिद्धसादृश्यं गतसिक्थमूषिकागर्भसमानं स्वात्मानं ध्यानी ध्यायेत् सिद्धसुखादिकं लभते । इति पिण्डस्थध्यानं समाप्तम् ॥ अथ रूपस्थध्यानमुच्यते । ध्यानी समवसरणस्थं जिनेन्द्रचन्द्रं चिन्तयेत् । "मानस्तम्भाः सरांसि प्रविमलजलसत्खातिका पुष्पवाटी, प्राकारो नाट्यशालाद्वितयमुपवनं वेदिकान्तर्ध्वजाद्याः ।

ध्यान करे । फिर उस कमलके सोलह पत्रोंपर 'अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः' इन सोलह अक्षरोंका ध्यान करे । और उस कमलकी कर्णिकापर 'अर्हँ' (र्हं) इस महामंत्रका चिन्तन करे । इसके पश्चात् उस महामंत्रके रेफसे निकलती हुई धूमकी शिखाका चिन्तवन करे। उसके पश्चात् उसमेंसे निकलते हुए स्फुलिंगोंकी पंक्तिका चिन्तवन करे । फिर उसमेंसे निकलती हुई ज्वालाकी लपटोंका चिन्तन करे । फिर क्रमसे बढ़ते हुए उस ज्वालाके समूहसे अपने हृदयमें स्थित कमलको जलता हुआ चिन्तन करे । वह हृदयमें स्थित कमल आठ पत्रोका हो, उसका मुख नीचेकी ओर हो और उन आठ पत्रोंपर आठ कर्म स्थित हों । उस कमलको नाभिमें स्थित कमलकी कर्णिकापर विराजमान 'र्हं' से उठती हुई प्रबल अग्नि निरन्तर जला रही है ऐसा चिन्तन करे । उस कमलके दग्ध होनेके पश्चात् शरीरके बाहर त्रिकोण अग्निका चिन्तन करे । वह अग्नि बीजाक्षर 'र' से व्याप्त हो और अन्तमें स्वस्तिकसे चिह्नित हो । इस प्रकार वह धगधग करती हुई लपटोंके समूहसे देदीप्यमान अग्निमंडल नाभिमें स्थित कमल और शरीरको जलाकर राख कर देता है। फिर कुछ जलानेको न होनेसे वह अग्निमण्डल धीरे धीरे स्वय शान्त होजाता है । यह दूसरी आग्नेय धारणाका स्वरूप कहते है । आगे मारुती धारणाका स्वरूप कहते हैं । ध्यानी पुरुष आकाशमें विचरण करते हुए महावेगवाले बलवान वायुमण्डलका चिन्तन करे । फिर यह चिन्तन करे कि उस शरीर वगैरहकी भस्मको उस वायुमण्डलने उड़ा दिया फिर उस वायुको स्थिर रूप चिन्तवन करके शान्त कर दे । यह मारुती धारणाका स्वरूप है । आगे वारुणी धारणाका वर्णन करते हैं । फिर वह ध्यानी पुरुष आकाशसे गर्जन तर्जनके साथ बरसते हुए मेघोंका चिन्तन करे । फिर अर्ध चन्द्रमाके आकार मनोहर और जलके प्रवाहसे आकाश रूपी आगनको बहाते हुए वरुण मण्डलका चिन्तवन करे । उस दिव्य ध्यानसे उत्पन्न हुए जलसे शरीरके जलनेसे उत्पन्न हुई राखको धोता है ऐसा चिन्तन करे । यह वारुणी धारणा है । अब तत्त्ववती धारणाको कहते हैं । उसके बाद ध्यानी पुरुष अपनेको सर्वज्ञके समान, सप्तधातुरहित, पूर्णचन्द्रमाके समान प्रभावाला, सिंहासनपर विराजमान, दिव्य अतिशयोंसे युक्त, कल्याणकोंकी महिमा सहित, देवोंसे पूजित, और कर्मरूपी

शालः कल्पद्रुमाणां सुपरिवृतिवनं स्तूपहर्म्यावली च, प्राकारः स्फाटिकोऽन्तर्नृसुरमुनिसभापीठिकाग्रे स्वयंभूः ॥' आदिदेवस्य द्वादशयोजनप्रमाणम्, अजितस्य सार्धैकादशयोजनप्रमाणम्, शम्भवस्यैकादशयोजनमानमित्यादिक्रमेण हीयमानं महावीरस्य योजनप्रमाणं समवसरणम्। तथा विदेहक्षेत्रस्थितश्रीसीमंधरयुग्मंधरादीनां समवसरणं द्वादशयोजनप्रमाणम्। तत्र समवसरणस्य मध्ये तृतीयसिंहासनोपरि चतुरङ्गुलान्तरितं स्वयंभुवमर्हन्तं चिन्तयेत्। तद्यथा। "आर्हन्त्यमहिमोपेतं सर्वज्ञं परमेश्वरम्। ध्यायेद्देवेन्द्रचन्द्रार्कसभान्तस्थं स्वयंभुवम् ॥ सर्वातिशयसंपूर्णं दिव्यलक्षणलक्षितम्। अनन्तमहिमाधारं सयोगिपरमेश्वरम् ॥ सप्तधातुविनिर्मुक्तं मोक्षलक्ष्मीकटाक्षितम्। सर्वभूतहितं देवं शीलशैलेन्द्रशेखरम् ॥" तथा। 'भामण्डलादियुक्तस्य शुद्धस्फाटिकभासिनः। चिन्तनं जिनरूपस्य रूपस्थं ध्येयमुच्यते ॥' चतुस्त्रिंशदतिशयोपेतमष्टमहाप्रातिहार्यविराजितमनन्तज्ञानाद्यनन्तचतुष्टयमण्डितं द्वादशगणोपेतं जिनरूपं चिन्तयेद्ध्यानी। तथा च। 'घणघाइकम्ममहणो अइसयवरपाडिहेरसंजुत्तो। झाएह धवलवण्णो अरहंतो समवसरणत्थो ॥ एवं झाणं दुविहं सगयं तह परगयं च जं भणियं। सगयं

कलंकसे रहित चिन्तवन करे। फिर अपने शरीरमें स्थित आत्माको आठ कर्मोंसे रहित, अत्यन्त निर्मल पुरुषाकार चिन्तवन करे। इस प्रकार यह पिण्डस्थ ध्यानका वर्णन हुआ। अब रूपस्थ ध्यानको कहते हैं। ध्यानी पुरुषको समवसरणमें स्थित जिनेन्द्र भगवानका चिन्तन करना चाहिये। समवसरणकी रचना इस प्रकार होती है–सबसे प्रथम चारों दिशाओंमें चार मानस्तम्भ होते हैं, मानस्तम्भोंके चारों ओर सरोवर होते हैं, फिर निर्मल जलसे भरी हुई खाई होती है, फिर पुष्पवाटिका होती है, उसके आगे पहला कोट होता है, उसके आगे दोनों ओर दो दो नाट्यशालाएँ होती हैं, उसके आगे दूसरा उपवन होता है, उसके आगे वेदिका होती है, फिर ध्वजाओंकी पंक्तियाँ होती हैं, फिर दूसरा कोट होता है, उसके आगे वेदिकासहित कल्पवृक्षोंका उपवन होता है, उसके बाद स्तूप और मकानोंकी पंक्ति होती है, फिर स्फटिकमणिका तीसरा कोट होता है, उसके भीतर मनुष्य, देव और मुनियोंकी बारह सभाएँ हैं। फिर पीठिका है, और पीठिकाके अग्रभागपर स्वयंभू भगवान विराजमान होते हैं। ऋषभ देवके समवसरणका प्रमाण बारह योजन था। अजितनाथके समवसरणका प्रमाण साढ़े ग्यारह योजन था। संभवनाथके समवसरणका प्रमाण ग्यारह योजन था। इस प्रकार क्रमसे घटते घटते महावीर भगवानके समवसरणका प्रमाण एक योजन था। तथा विदेह क्षेत्रमें स्थित श्री सीमंधर जुगमंधर आदि तीर्थङ्करोंके समवसरणका प्रमाण बारह योजन है। ऐसे समवसरणके मध्यमें तीसरे सिंहासनके ऊपर चार अंगुलके अन्तरालसे विराजमान अर्हन्तका चिन्तन करे। लिखा भी है–'अर्हन्तपदकी महिमासे युक्त, समस्त अतिशयोंसे सम्पूर्ण, दिव्य लक्षणोंसे शोभित, अनन्त महिमाके आधार, सयोगकेवली, परमेश्वर, सप्तधातुओंसे रहित, मोक्षरूपी लक्ष्मीके कटाक्षके लक्ष्य, सब प्राणियोंके हित, शीलरूपी पर्वतके शिखर, और देव, इन्द्र, चन्द्र, सूर्य वगैरहकी सभाके मध्यमें स्थित स्वयंभू अर्हन्त भगवानका चिन्तन करना चाहिये। इस तरह चौंतीस अतिशयोंसे युक्त, आठ महाप्रातिहार्योंसे शोभित और अनन्त ज्ञान आदि अनन्त चतुष्टयसे मण्डित तथा बारह सभाओंके बीचमें स्थित जिनरूपका ध्यान करना रूपस्थ ध्यान है।' और भी कहा है–'घातियाकर्मोंसे रहित, अतिशय और प्रातिहार्योंसे युक्त, समवसरणमें स्थित धवलवर्ण अरहंतका ध्यान करना चाहिये। रूपस्थ ध्यान दो प्रकारका होता है–एक स्वगत और एक परगत। आत्माका ध्यान करना स्वगत है और अर्हन्तका ध्यान करना परगत है। इस प्रकार

णियअप्पाणं परगयं च जाण परमेट्ठी ॥' इति रूपस्थं तृतीयं ध्यानं समाप्तम् । अथ रूपातीतं ध्यानं कथ्यते । 'अथ रूपे स्थिरीभूतचित्तः प्रक्षीणविभ्रमः । अमूर्तमजमव्यक्तं ध्यातुं प्रक्रमते ततः ॥ चिदानन्दमयं शुद्धममूर्तं परमाक्षरम् । स्मरेद्यत्रात्मनात्मानं तद्रूपातीतमिष्यते ॥ विचार्येति गुणान् स्वस्य सिद्धानामपि व्यक्तितः । निराकृत्य गुणैर्भेदं स्वपरात्मविवात्मनाम् ॥ तद्गुणग्रामसंपूर्णं तत्स्वभावैकभावितम् । कृत्वात्मानं ततो ध्यानी योजयेत्परमात्मनि ॥ यः प्रमाणनयैर्नूनं स्वतत्त्वमवबुध्यते । बुध्यते परमात्मानं स योगी वीतविभ्रमः ॥ व्योमाकारमनाकारं निष्पन्नं शान्तमच्युतम् । चरमाङ्गात्किमप्यूनं स्वप्रदेशैर्घनैः स्थितम् ॥ लोकाग्रशिखरासीनं शिवीभूतमनामयम् । पुरुषाकारमापन्नमप्यमूर्तं च चिन्तयेत ॥ विनिर्गतमधूच्छिष्टप्रतिमे मूषिकोदरे । यादृग्गगनसंस्थानं तदाकारं स्मरेद्विभुम् ॥ सर्वावयवसंपूर्णं सर्वलक्षणलक्षितम् । विशुद्धादर्शसंक्रान्तप्रतिबिम्बसमप्रभम् ॥ इत्यसौ सतताभ्यासवशात्संजातनिश्चय. । अपि स्वप्राद्यवस्थासु तमेवाध्यक्षमीक्षते ॥ सोऽहं सकलवित्सार्वः सिद्धः साध्यो भवच्युतः । [परमात्मा परंज्योतिर्विश्वदर्शी निरञ्जनः ॥ तदासौ निश्चलोऽमूर्तो निष्कलङ्को जगद्गुरुः ।] चिन्मात्रः प्रस्फुरत्युच्चैर्ध्यातृध्यानविवर्जितः ॥ पृथग्भावमतिक्रम्य तथैक्यं परमात्मनि । प्राप्नोति स मुनिः साक्षाद्यथान्यत्वं न विद्यते ॥' उक्तं च । 'निःकल परामात्माहं लोकालोकावभासकः । विश्वव्यापी स्वभावस्थो विकारपरिवर्जितः ॥' तथा चोक्तं । 'ण य

तीसरा रूपस्थ ध्यान समाप्त हुआ । आगे रूपातीत ध्यानको कहते हैं–रूपस्थ ध्यानमें जिसका चित्त स्थिर होगया है और जिसका विभ्रम नष्ट होगया है ऐसा ध्यानी अमूर्त, अजन्मा और इन्द्रियोंके अगोचर परमात्माके ध्यानका आरम्भ करता है ॥ जिस ध्यानमें ध्यानी पुरुष चिदानन्दमय, शुद्ध, अमूर्त, परमाक्षररूप आत्माका आत्माके द्वारा ध्यान करता है उसे रूपातीत ध्यान कहते हैं ॥ इस ध्यानमें पहले अपने गुणोंका विचार करे । फिर सिद्धोंके भी गुणोंका विचार करे । फिर अपनी आत्मा, दूसरी आत्माएँ तथा मुक्तात्माओंके बीचमें गुणकृत भेदको दूर करे। इसके पश्चात् परमात्माके स्वभावके साथ एकरूपसे भावित अपनी आत्माको परमात्माके गुणोंसे पूर्ण करके परमात्मामें मिलादे । जो ध्यानी प्रमाण और नयोके द्वारा अपने आत्मतत्त्वको जानता है वह योगी बिना किसी सन्देहके परमात्माको जानता है ॥ आकाशके आकार किन्तु पौद्गलिक आहारसे रहित, पूर्ण, शान्त, अपने स्वरूपसे कभी च्युत न होनेवाले, अन्तके शरीरसे कुछ कम, अपने घनीभूत प्रदेशोंसे स्थिर, लोकके अग्रभागमें विराजमान, कल्याणरूप, रोगरहित, और पुरुषाकार होकर भी अमूर्त सिद्ध परमेष्ठीका चिन्तन करे ॥ जिसमेंसे मोम निकल गया है ऐसी मूषिकाके उदरमें जैसा आकाशका आकार रहता है तदाकार सिद्ध परमात्माका ध्यान करे ॥ समस्त अवयवोंसे पूर्ण और समस्त लक्षणोंसे लक्षित, तथा निर्मल दर्पणमें पड़ते हुए प्रतिबिम्बके समान प्रभावाले परमात्माका चिन्तन करे ॥ इस प्रकार निरन्तर अभ्यासके बशसे जिसे निश्चय होगया है ऐसा ध्यानी पुरुष स्वप्नादि अवस्थामें भी उसी परमात्माको प्रत्यक्ष देखता है ॥ इस प्रकार जब अभ्याससे परमात्माका प्रत्यक्ष होने लगे तो इस प्रकार चिन्तन करे–वह परमात्मा मैं ही हूँ, मैं ही सर्वज्ञ हूँ, सर्वव्यापक हूँ, सिद्ध हूँ, मैं साध्य हूँ, और संसारसे रहित हूँ । ऐसा चिन्तन करनेसे ध्याता और ध्यानके भेदसे रहित चिन्मात्र स्फुरायमान होता है ॥ उस समय ध्यानी मुनि पृथक्पनेको दूर करके परमात्मासे ऐसे ऐक्यको प्राप्त होता है कि जिससे उसे भेदका भान नहीं होता ॥ कहाभी है–'मैं लोक और अलोकको जानने देखनेवाला, विश्वव्यापी, स्वभावमें स्थिर और विकारोंसे रहित विकल परमात्मा हूँ ।' और भी कहा है–जिसमें न तो शरीरमें स्थित आत्माका विचार करे, न शरीरका विचार करे और न स्वगत या परगत

चिंतइ देहत्थं देहं च ण चिंतए किं पि। ण सगयपरगयरूवं तं गयरूवं णिरालंबं ॥ जत्थ ण झाणं झेयं झायारो णेव चिंतणं किंपि। ण य धारणावियप्पो तं झाणं सुट्ठु भाणिज्ज ॥' 'धर्मध्यानस्य विज्ञेया स्थितिरान्तर्मुहूर्तिका। क्षायोपशमिको भावो लेश्या शुक्लैव शाश्वती ॥' इति रूपातीतं चतुर्थं ध्यानम्। धर्मध्यानवर्णनं समाप्तम्॥ ४८२ ॥ अथ शुक्लध्यानं गाथापञ्चकेन विशदयति।

जत्थ गुणा सुविसुद्धा उवसम-खमणं[1] च जत्थ कम्माणं।
लेसा वि जत्थ सुक्का तं सुक्कं भण्णदे झाणं ॥ ४८३ ॥

[छाया-यत्र गुणाः सुविशुद्धाः उपशमक्षपणं च यत्र कर्मणाम्। लेश्या अपि यत्र शुक्ला तत् शुक्लं भण्यते ध्यानम् ॥] तत् प्रसिद्धं शुक्लं शुक्लाख्यं ध्यानं भण्यते कथ्यते जिनैरिति शेषः। तत् किम्। यत्र गुणाः सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रादयो गुणाः सकलमूलोत्तरगुणा वा। कथंभूतास्ते गुणाः। सुविशुद्धाः शङ्कादिमलरहिताः। च पुनः, यत्र ध्याने कर्मणां मिथ्यात्वादिप्रकृतीनाम् उपशमः करणत्रयविधानेन उपशमनम्। वज्रवृषभनाराचवज्रनाराचनाराचसंहननाविष्टो मुनिः अपूर्वोपशमकानिवृत्त्युपशमकसूक्ष्मसांपरायोपशमकोपशान्तकषायपर्यन्तगुणस्थानचतुष्टये उपशमश्रेणिचटितः उपशमसम्यग्दृष्टिरष्टाविंशतिमोहनीयकर्मप्रकृतीनाम् उपशमं विदधाति, पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानबलेन उपशमं करोति। क्षायिकसम्यग्दृष्टिस्तु एकविंशतिप्रकृतीनामुपशमं विदधाति। तद्ध्यानबलेनेत्यर्थः। अथवा क्षपणं कर्मणां निःशेषनाशनं च। वज्रवृषभनाराचसंहननस्थः क्षपकः अपूर्वकरणक्षपकानिवृत्तिकरणक्षपकसूक्ष्मसांपरायक्षपकाभिधानगुणस्थानत्रये क्षपकश्रेण्यारूढः प्रथमशुक्लध्यानबलेन ज्ञानावरणादीनां प्रकृतीनां क्षयं विदधाति इत्यर्थः। अपि पुनः, यत्र शुक्लध्याने लेश्यापि शुक्ला, अपिशब्दात् न केवलं ध्यानं शुक्लं शुक्ला शुक्ललेश्या, शुक्ललेश्यासहितं शुक्लं ध्यानं चतुर्थं स्यादित्यर्थः। तथा चोक्तं ज्ञानार्णवे। 'आदिसंहननोपेतः सर्वज्ञः पुण्यचेष्टितः। चतुर्विधमपि ध्यानं स शुक्लं ध्यातुमर्हति ॥' 'शुचिगुणयोगाच्छुक्लं कषायरजसः

रूपका विचार करे, उसे रूपातीत ध्यान कहते हैं ॥ जिसमें ध्यान धारणा ध्याता ध्येय, और का कुछ भी विकल्प नहीं है वही ध्यान श्रेष्ठ ध्यान है ॥ इस प्रकार चौथे रूपातीत ध्यानका वर्णन जानना चाहिये। धर्मध्यानका काल अन्तर्मुहूर्त है, उसमें क्षायोपशमिक भाव और शुक्ल लेश्या ही होती है ॥ इस तरह धर्म ध्यानका वर्णन समाप्त हुआ ॥ ४८२ ॥ आगे पाँच गाथाओंसे शुक्ल ध्यानको कहते हैं ॥ **अर्थ**—जहाँ गुण अतिविशुद्ध होते हैं, जहाँ कर्मोंका उपशम और क्षय होता है, तथा जहाँ लेश्या भी शुक्ल होती है, उस ध्यानको शुक्ल ध्यान कहते हैं ॥ **भावार्थ**—जिस ध्यानसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र आदि गुण निर्मल होजाते हैं, जिसमें वज्रवृषभ नाराच संहनन, वज्रनाराच-संहनन और नाराच-संहननका धारी उपशमसम्यग्दृष्टी मुनि उपशम श्रेणिपर चढकर पृथक्त्व वितर्क वीचार नामक शुक्लध्यानके बलसे मोहनीयकर्मकी अठाईस प्रकृतियोंका उपशम करता है और क्षायिक सम्यग्दृष्टी मोहनीयकी शेषवर्ची इक्कीस प्रकृतियोंका उपशम करता है, तथा जिसमें वज्रवृषभनाराच संहननका धारी मुनि क्षपक श्रेणिपर चढकर ज्ञानावरण आदि कर्मोंका क्षय करता है, और जिसमें लेश्या भी शुक्ल ही होती है वह ध्यान शुक्लध्यान है। ज्ञानार्णवमें भी कहा है—"जिसके पहला वज्रवृषभ नाराच संहनन है, जो ग्यारह अंग और चौदह पूर्वका जाननेवाला है, और जिसका चारित्र भी शुद्ध है वही मुनि चारों प्रकारके शुक्ल ध्यानोंको धारण करनेके योग्य है ॥ कषायरूपी रजके क्षय अथवा उपशमसे जो आत्मामें शुचिपना आता है उस शुचिगुणके सम्बन्धसे

---

[1] म ग खवणं।

क्षयादुपशमाद्वा । वैडूर्यमणिशिखा इव सुनिर्मलं निष्प्रकम्पं च ॥ कषायमलविश्लेषात्प्रशमाद्वा प्रसूयते । यतः पुंसामतस्तज्ज्ञैः शुक्लमुक्तं निरुक्तिकम् ॥' इति ॥ ४८३ ॥

पडिसमयं सुज्झंतो अणंत-गुणिदाएँ उभय-सुद्धीए ।
पढमं सुक्कं झायदि आरूढो उहय-सेढीसु ॥ ४८४ ॥

[*छाया–प्रतिसमयं शुध्यन् अनन्तगुणितया उभयशुद्ध्या । प्रथमं शुक्लं ध्यायति आरूढः उभयश्रेणीषु ॥*] ध्यायति स्मरति चिन्तयति । किं तत् । प्रथमं शुक्लं पृथक्त्ववितर्कवीचाराख्यं शुक्लध्यानं ध्यायति । कः । आरूढः मुनिः आरोहणं प्राप्तः चटितः । क्व । उभयश्रेणिषु अपूर्वकरणगुणस्थानादिषु उपशमश्रेण्यां च । कथंभूतः । उपशमको वा क्षपको वा मुनिः प्रतिसमयं शुध्यन् समयं समयं प्रति शुद्धिं निर्मलतां गच्छन् प्रतिसमयम् अनन्तगुणविशुद्ध्या वर्तमान इत्यर्थः । कया उभयशुद्ध्या अन्तर्बहिर्निर्मलतया । अथवा उपशमक्षपकश्रेण्योः अपूर्वकरणपरिणामानां शुद्ध्या अनन्तगुणविशुद्ध्या । कीदृक्षया तया । अनन्तगुणितया पूर्वपरिणामात् उत्तरपरिणामः अनन्तगुणविशुद्ध्या निर्मलतया वर्धमानः पूर्वपरिणामात् उत्तरपरिणामा बहुगुणवर्धमानाः अत एव अनन्तगुणिता तया वर्धमानः । तथा हि उपशमविधानं तावत्कथ्यते । वज्रवृषभनाराचवज्रनाराचनाराचसंहननेषु मध्ये अन्यतमसंहननस्थो भव्यवरपुण्डरीकः चतुर्थपञ्चमषष्ठमसप्तमेषु गुणस्थानेषु

ही इसका नाम शुक्ल पड़ा है ॥ ४८३ ॥ **अर्थ**–उपशम और क्षपक, इन दोनों श्रेणियोंपर आरूढ़ हुआ और प्रतिसमय दोनों प्रकारकी अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होता हुआ मुनि पृथक्त्व वितर्क वीचार नामक प्रथम शुक्लध्यानको ध्याता है ॥ **भावार्थ**–सातवें गुणस्थान तक तो धर्मध्यान होता है। उसके पश्चात् दो श्रेणियाँ प्रारम्भ होती हैं, एक उपशम श्रेणि और एक क्षपकश्रेणि। उपशम श्रेणिमें मोहनीयकर्मका उपशम किया जाता है, उपशमका विधान इस प्रकार कहा है–वज्रवृषभ नाराच, वज्रनाराच और नाराच संहननमेंसे किसी एक संहननका धारी भव्य जीव चौथे, पाँचवे, छठे और सातवें गुणस्थानमेंसे किसी एक गुणस्थानमें धर्मध्यानके बलसे अन्तरकरणके द्वारा अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, मिथ्यात्व, सम्यक्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व मोहनीय इन सात प्रकृतियोंका उपशम करके उपशमसम्यग्दृष्टि होता है, अथवा इन्हीं सात प्रकृतियोंका क्षय करके क्षायिक सम्यग्दृष्टि होता है। उसके पश्चात् सातवें गुणस्थानसे उपशम श्रेणि पर आरूढ़ होनेके अभिमुख होता है। तब अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणमेंसे अधःप्रवृत्त करणको करता है। उसको सातिशय अप्रमत्त कहते हैं। वह अप्रमत्त मुनि अपूर्वकरण नामक आठवें गुणस्थानमें उपशमश्रेणि पर चढ़कर पृथक्त्व वितर्क वीचार नामक प्रथम शुक्ल ध्यानके बलसे प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धिको करता हुआ प्रतिसमय कर्मोंकी गुणश्रेणि निर्जरा करता हैं। वहाँ अन्तर्मुहूर्त काल तक ठहरकर उसके बाद अनिवृत्तिकरण नामक नौवे गुणस्थानमें आता है। और पृथक्त्व वितर्क वीचार शुक्लध्यानके बलसे अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, संज्वलन क्रोध मान माया लोभ और हास्य आदि नोकषायों, चारित्रमोहनीयकर्मकी इन इक्कीस प्रकृतियोंका उपशम करता हुआ सूक्ष्म साम्पराय नामक दसवें गुणस्थानमें आता है। वहाँ सूक्ष्मकृष्टिरूप हुए लोभ कषायका वेदन करता हुआ अन्तिम समयमें संज्वलन लोभका उपशम करता है। उसके पश्चात् उपशान्त कषाय नामक ग्यारहवें गुणस्थानमें पृथक्त्व वितर्क वीचार शुक्लध्यानके बलसे समस्त मोहनीयकर्मका

१ ब गुणिदाय, स ग गुणदाय।

मध्ये अन्यतमगुणस्थाने अनन्तानुबन्धिचतुष्कस्य मिथ्यात्वप्रकृतित्रयस्य च करणविधानेन धर्मध्यानबलेन च उपशमं कृत्वा उपशमसम्यग्दृष्टिर्भवति, सप्तानामेतासां प्रकृतीनां क्षयं कृत्वा क्षायिकसम्यग्दृष्टिर्भवति वा। ततः अप्रमत्तगुणस्थानवर्ती उपशमश्रेण्यारोहणं प्रत्यभिमुखो भवति तदा करणत्रयमध्येऽधःप्रवृत्तकरणं करोति। स एव सातिशयः अप्रमत्त उच्यते। स अप्रमत्तमुनिः अपूर्वकरणगुणस्थाने उपशमश्रेणिमारूढः पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानबलेन प्रतिसमयानन्तगुणविशुध्या वर्तमानः प्रतिसमयसंख्यातगुणश्रेण्या प्रदेशनिर्जरां करोति। तत्र अन्तर्मुहूर्तकालं स्थित्वा ततः अनिवृत्तगुणस्थानोपशमश्रेण्यारूढ उपशमको मुनिः पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानबलेन, अप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधमानमायालोभहास्यादिनवनोकषायाः इत्येकविंशतिचारित्रमोहनीयप्रकृतीः उपशमयन् अन्तर्मुहूर्तकालस्थितिं कुर्वन्, ततः सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानोपशमश्रेण्यारूढः सूक्ष्मकृष्टिगतलोभानुरागोदयमनुभवन् सूक्ष्मकिट्टिकास्वरूपं लोभं वेदयन् प्रथमशुक्लध्यानबलेन सूक्ष्मसांपरायोपशमकः स्वचरमसमये लोभसंज्वलनं सूक्ष्मकिट्टिकास्वरूपं निःशेषमुपशमयति। ततः उपशान्तकषायगुणस्थानोपशमश्रेण्यारूढः पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानपरिणतः सन् एकविंशतिचारित्रमोहनीयप्रकृतीं निरवशेषं उपशमय्य यथाख्यातचारित्रधारी स्यात्। शेषकर्मणामुपशमाभावात् मोहनीयस्योपशमः कथितः। अथ क्षपणविधिं वक्ष्ये। अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभमिथ्यात्वसम्यग्मिथ्यात्वसम्यक्त्वाख्याः सप्त प्रकृतीः एताः। असंयतसम्यग्दृष्टिः संयतासंयतः प्रमत्तसंयतः अप्रमत्तसंयतो वा चतुर्षु मध्ये एक एव वज्रर्षभनाराचसंहननयुक्तः त्रीन् करणान् कृत्वा अनिवृत्तिकरणचरमसमये अनुक्रमेण चतुर्णां कषायाणां क्षपयति। कुतः। धर्मध्यानबलात्। पश्चात्पुनरपि त्रीन् करणान् कृत्वाधःप्रवृत्तिकरणापूर्वकरणौ द्वौ अतिक्रम्यानिवृत्तिकरणकालसंख्येयभागान् गत्वा मिथ्यात्वं धर्मध्यानबलेन क्षपयति। ततो अन्तर्मुहूर्तं गत्वा सम्यग्मिथ्यात्वं क्षपयति। तद्बलेन ततो अन्तर्मुहूर्तं गत्वा सम्यक्त्वं क्षपयति। क्षायिकसम्यग्दृष्टिः साधुः सातिशयाप्रमत्तसंयतो भूत्वा उत्कृष्टधर्मध्यानबलेन परिणतः सन् अपूर्वकरणगुणस्थानक्षपकश्रेण्यारूढः स्यात्। स अपूर्वकरणक्षपकः पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानबलेन समयं समयं प्रति अनन्तगुणविशुद्ध्या वर्धमानः सन् प्रतिसमयं असंख्येयगुणस्वरूपेण प्रदेशनिर्जरां करोति। ततः अनिवृत्तिकरणगुणस्थानक्षपकश्रेण्यारूढः क्षपकः अनिवृत्तिकरणस्य अन्तर्मुहूर्तस्य नव भागाः क्रियन्ते। तत्र अनिवृत्तिकरणस्य प्रथमभागे निद्रानिद्रा १ प्रचलाप्रचला १ स्त्यानगृद्धी १ नरकगति १ तिर्यग्गति १ एकेन्द्रियजाति १ द्वीन्द्रियजाति १ त्रीन्द्रियजाति १ चतुरिन्द्रियजाति

उपशम करके यथाख्यात चारित्रका धारी होता है। शेष कर्मोंका उपशम नहीं होता इस लिये केवल मोहनीय कर्मके ही उपशमका कथन किया है। आगे कर्मोंके क्षपणकी विधिको कहते हैं—असंयत सम्यग्दृष्टि अथवा संयतासंयत अथवा प्रमत्तसंयत अथवा अप्रमत्तसंयत गुणस्थानवर्ती जीव अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया और लोभका क्षपण करके पुनः तीन करण करता है। उन तीन करणोंमेंसे अधःकरण और अपूर्वकरणको बिताकर अनिवृत्तिकरणके कालका संख्यात भाग बीतने पर धर्मध्यानके बलसे मिथ्यात्वका क्षय करता है। फिर अन्तर्मुहूर्तके बाद सम्यक् मिथ्यात्वका क्षय करता है फिर अन्तर्मुहूर्तके बाद सम्यक्त्व प्रकृतिका क्षय करता है। इस तरह वह क्षायिक सम्यग्दृष्टि होकर सातिशय अप्रमत्त संयत होता हुआ क्षपक श्रेणिपर चढ़ता है। और अपूर्वकरण गुणस्थानमें पहुँचकर पृथक्त्व वितर्क वीचार नामक शुक्लध्यानके बलसे प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धिको करता हुआ प्रतिसमय गुणश्रेणि निर्जराको करता है। उसके बाद अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें जाता है। अनिवृत्तिकरणका काल अन्तर्मुहूर्त है उसके नौ भाग किये जाते हैं। प्रथम भागमें शुक्लध्यानके बलसे निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, दोइन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, आतप, उद्द्योत, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, इन सोलह कर्मप्रकृतियोंका क्षय करता है। दूसरे भागमें अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ और प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ, इन आठ प्रकृतियोंका क्षय करता है। तीसरे भागमें नपुंसक-

१ नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी १ तिर्यग्गत्यानुपूर्वी १ आतपोद्द्योतस्थावर १ सूक्ष्म १ साधारण १ नामिकानां षोडशानां कर्मप्रकृतीनां पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानबलेन प्रक्षयं नयति। द्वितीयभागे अप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानकषायाष्टकं ८ प्रथमशुक्लध्यानपरिणतः क्षयं नयति। तृतीयभागे तद्बलेन नपुंसकवेदं क्षपयति १। चतुर्थे भागे तद्बलेन स्त्रीवेदं क्षपयति १। पञ्चमे भागे तद्बलेन नोकषायषट्कं क्षपयति ६। षष्ठे भागे तद्बलेन पुंवेदं क्षपयति १। सप्तमे भागे तद्बलेन संज्वलनक्रोधं क्षपयति १। अष्टमे भागे तद्बलेन संज्वलनमायां क्षपयति १। एवं षट्त्रिंशत्प्रकृतीः ३६ अनिवृत्तिकरणक्षपकश्रेण्यारूढः क्षपकः पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानबलेन क्षपयतीत्यर्थः। ततः सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानक्षपकश्रेण्यारूढः क्षपको भूत्वा सोऽपि सूक्ष्मसांपरायात्मनः चरमसमये किट्टिकागतं सर्वलोभसंज्वलनं प्रथमं शुक्लध्यानबलेन क्षपयति १। ततो अनन्तरं क्षीणकषायः क्षपको भवति। सोऽपि क्षीणकषायक्षपकश्रेण्यारूढः अन्तर्मुहूर्तं गमयित्वा आत्मनो द्विचरमसमये एकत्ववितर्कावीचारद्वितीयशुक्लध्यानबलेन निद्राप्रचलासंज्ञके द्वे प्रकृती क्षपयति २। ततो अनन्तरं चरमसमये एकत्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानपरिणतः क्षपकः पञ्चज्ञानावरणचतुर्दर्शनावरणपञ्चान्तरायाख्याश्चतुर्दशप्रकृतीः १४ क्षपयति। क्षीणकषायक्षपकः द्वितीयशुक्लध्यानपरिणतः सन् षोडशप्रकृतीः क्षपयतीत्यर्थः। षष्टिकर्मप्रकृतिषु क्षीणेषु सयोगिजिनो भवति ॥ ४८४ ॥

णीसेस-मोह-विलए[१] खीण-कसाए[२] य अंतिमे काले।
स-सरूवम्मि[३] णिलीणो सुक्कं झाएदि[४] एयत्तं ॥ ४८५ ॥

[छाया-निःशेषमोहविलये क्षीणकषाये च अन्तिमे काले। स्वस्वरूपे निलीनः शुक्लं ध्यायति एकत्वम् ॥] निःशेषमोहविलये सति निःशेषस्य समग्रस्य मिथ्यात्वत्रयानन्तानुबन्ध्यादिषोडशकषायहास्यादिनवनोकषायस्य अष्टाविंशतिभेदभिन्नस्य मोहनीयकर्मणः विलये नष्टे क्षीणे सति, क्षीणकषायः क्षीणाः क्षयं नीताः कषायाः सर्वे यस्य येन वा स क्षीणकषायः क्षीणकषायगुणस्थानवर्ती संयतः परमार्थतो निर्ग्रन्थः स्फटिकभाजनगतप्रसन्नतोयसमविशुद्धान्तरङ्गः अन्तिमकाले स्वकीयान्त-

वेदका क्षय करता है। चौथे भागमें स्त्रीवेदका क्षय करता है। पाँचवे भागमें छः नोकषायोंका क्षय करता है। छठे भागमें पुरुषवेदका क्षय करता है। सातवें भागमें संज्वलन क्रोधका क्षय करता है। आठवें भागमें संज्वलन मानका क्षय करता है। नौवें भागमें संज्वलन मायाका क्षपण करता है। इस तरह क्षपक अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें पृथक्त्व वितर्क वीचार शुक्लध्यानके बलसे छत्तीस कर्म प्रकृतियोंका क्षय करता है। उसके बाद क्षपक सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें जाकर प्रथम शुक्लध्यानके बलसे उसके अन्तिम समयमें समस्त लोभ संज्वलनका क्षय कर देता है। उसके बाद क्षपक क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती होता है। वहाँ अन्तर्मुहूर्त काल बिताकर क्षीणकषाय गुणस्थानके उपान्त्य समयमें एकत्ववितर्क नामक दूसरे शुक्लध्यानके बलसे निद्रा और प्रचलाका क्षय करता है। और अन्तिम समयमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तराय इस प्रकार चौदह प्रकृतियोंका क्षय करता है। इस तरह दूसरे शुक्लध्यानसे सोलह कर्मप्रकृतियोंका क्षय करता है। ७+३६+१+१६=६० प्रकृतियोंका क्षय होने पर वह सयोग केवली जिन हो जाता है ॥ ४८४ ॥ **अर्थ**—समस्त मोहनीय कर्मका नाश होनेपर क्षीणकषाय गुणस्थानके अन्तिमकालमें अपने स्वरूपमें लीन हुआ आत्मा एकत्व वितर्क नामक दूसरे शुक्लध्यानको ध्याता है ॥ **भावार्थ**—मोहनीय कर्मकी मिथ्यात्व आदि तीन, अनन्तानुबन्धी आदि सोलह कषाय और हास्य आदि नौ नोकषाय, इन अठाईस प्रकृतियोंका नाश हो जाने पर

१ ब म स ग णिस्सेस विलये। २ ब ग म कसाओ (उ?), स कसाई। ३ स सरूवम्हि। ४ ब ग झायेहि।

मुहूर्तकालस्य अन्तिमे द्विचरमसमये एकत्वं ध्यायति, एकत्वं वितर्कवीचाराख्यं द्वितीयं शुक्लं ध्यायति चिन्तयति स्मरति तद्ध्यानबलेन असंख्यातगुणश्रेणिकर्मनिर्जरां करोति। द्वितीयशुक्लध्यानबलेन उपान्तसमये निद्राप्रचलाद्वयं क्षपयति। चरमसमये ज्ञानावरणीयपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणं चतुष्कं ४ दानलाभभोगोपभोगवीर्यान्तरायपञ्चकं ५ एवं चतुर्दश-प्रकृतीः क्षपयति। ज्ञानदर्शनावरणीयान्तरायरूपघातित्रयं द्वितीयशुक्लध्यानेन क्षपयतीत्यर्थः। कथंभूतः क्षीणकषायः। निर्ग्रन्थराट् स्वस्वरूपे विलीनः स्वस्य आत्मनः स्वरूपे शुद्धबुद्धचिदानन्दशुद्धचिद्रूपे विलीनः लयं गतः, एकत्वं प्राप्त इत्यर्थः। तथा हि द्रव्यसंग्रहटीकायाम्, निजशुद्धात्मद्रव्ये वा निर्विकारात्मसुखसंवित्तिपर्याये वा निरुपाधिस्वसंवेदनगुणे वा यत्रैकस्मिन् प्रवृत्तं तत्रैव वितर्कसंज्ञेन स्वसंवित्तिलक्षणभावश्रुतबलेन स्थिरीभूय वीचारं द्रव्यगुणपर्यायपरावर्तनं करोति यत् तदेकत्व-वितर्कावीचारसंज्ञं क्षीणकषायगुणस्थानसंभवं द्वितीयशुक्लध्यानं भण्यते। तेनैव केवलज्ञानोत्पत्तिरिति। तथा च ज्ञानार्णवे। 'अपृथक्त्वमवीचारं सवितर्कं च योगिनः। एकत्वमेकयोगस्य जायतेऽत्यन्तनिर्मलम्॥ द्रव्यं चैकं गुणं चैकं पर्यायं चैकमश्रमः। चिन्तयत्येकयोगेन यत्रैकत्वं तदुच्यते॥' तथा। 'एकं द्रव्यमथाणुं वा पर्यायं चिन्तयेद्यतिः। योगैकेन यदक्षीणं तदेकत्वमुदीरितम्॥ अस्मिंस्तु निश्चलध्यानहुताशे प्रविजृम्भिते। विलीयन्ते क्षणादेव घातिकर्माणि योगिनः॥' इति। इति द्वितीयशुक्लध्यानम्॥ ४८५॥

केवल-णाण-सहावो सुहुमे जोगम्हि[1] संठिओ काए।
जं झायदि सजोगि-जिणो तं तिदियं[2] सुहुम-किरियं च॥ ४८६॥

[छाया–केवलज्ञानस्वभावः सूक्ष्मे योगे संस्थितः काये। यत् ध्यायति सयोगिजिनः तत् तृतीयं सूक्ष्मक्रियं च॥] सयोगिजिनः सयोगिकेवलिभट्टारकः अष्टमहाप्रातिहार्यचतुस्त्रिंशदतिशयसमवसरणादिविभूतिमण्डितः परमौदारिकदेहस्थतीर्थकर-देवः, स्वयोग्यगन्धकुट्यादिविभूतिविराजमान इतरकेवली वा उत्कृष्टेन देशोनपूर्वकोटिकालं विहरति सयोगिभट्टारकः। स यदा

मुनि क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती होता है। कषायोंके क्षीण होजानेसे वही सच्चा निर्ग्रन्थ होता है। उसका अन्तरंग स्फटिकमणिके पात्रमें रखे हुए स्वच्छ जलके समान विशुद्ध होता है। क्षीणकषाय गुणस्थानका काल अन्तर्मुहूर्त है। उसके उपान्त्य समयमें मुनि एकत्व वितर्क नामक दूसरे शुक्ल-ध्यानको ध्याता है। उस ध्यानके बलसे उसके प्रतिसमय असंख्यातगुणी असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उसीके बलसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय नामक तीन घातिकर्मोंका विनाश होता है। द्रव्यसंग्रहकी टीका में एकत्व वितर्क शुक्लध्यानका वर्णन करते हुए लिखा है– 'अपने शुद्ध आत्मद्रव्यमें अथवा निर्विकार आत्मसुखानुभूतिरूप पर्यायमें अथवा उपाधिरहित स्वसंवे-दन गुणमें प्रवृत्त हुआ और स्वसंवेदनलक्षणरूप भावश्रुतके बलसे, जिसका नाम वितर्क है, स्थिर हुआ जो ध्यान वीचारसे रहित होता है उसे एकत्व वितर्क अवीचार कहते हैं। इसी ध्यानसे केवल-ज्ञानकी उत्पत्ति होती है।' ज्ञानार्णव में भी कहा है–'किसी एक योगवाले मुनिके पृथक्त्व रहित, वीचार रहित किन्तु वितर्क सहित अत्यन्त निर्मल एकत्व वितर्क नामक शुक्लध्यान होता है॥ जिस ध्यानमें योगी बिना किसी खेदके एक योगसे एक द्रव्यका अथवा एक अणुका अथवा एक पर्यायका चिन्तन करता है उसको एकत्व वितर्क शुक्लध्यान कहते हैं॥ इस अत्यन्त निर्मल एकत्व वितर्क शुक्लध्यान रूपी अग्निके प्रकट होने पर ध्यानीके घातियाकर्म क्षणमात्रमें विलीन हो जाते हैं॥' इस प्रकार दूसरे शुक्लध्यानका वर्णन समाप्त हुआ॥ ४८५॥ **अर्थ**–केवलज्ञानी सयोगिजिन सूक्ष्म काययोगमें स्थित होकर जो ध्यान करते हैं वह सूक्ष्मक्रिय नामक तीसरा शुक्ल ध्यान है॥ **भावार्थ**–आठ महाप्रातिहार्य

१ ब सुहमे योगम्मि। २ म स तदियं (?)।

अन्तर्मुहूर्तशेषायुष्कः तदा तत् प्रसिद्धं तृतीयं सूक्ष्मक्रियाप्रतिपात्यभिधानं शुक्लध्यानं ध्यायति स्मरति। तत् किम्। कत् केवलज्ञानस्वभाव. केवलज्ञानं केवलबोधः तदेव स्वभावः स्वरूपं यस्य स तथोक्तः। केवलज्ञानस्वरूपं वा, प्राकृते लिङ्गभेदो नास्तीति। च पुन·। कथंभूतः सूक्ष्मे योगे काये संस्थितः सूक्ष्मकाययोगे सम्यक्प्रकारेण स्थितिं प्राप्तः। औदारिकशरीरयोगे कीदृक्षे। सूक्ष्मे। पूर्वस्पर्धकापूर्वस्पर्धकबादरकृष्टिकरणानन्तरं सूक्ष्मकृष्टिकर्तव्यतां प्राप्ते बादरकाययोगे स्थित्वा क्रमेण बादरमनोवचनोच्छ्वासं निःश्वासं बादरकाययोगं च निरुध्य तत सूक्ष्मकाययोगे स्थित्वा क्रमेण सूक्ष्ममनोवचनोच्छ्वासनिःश्वासं निरुध्य सूक्ष्मकाययोग· स्यात्। स एव सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिध्यानं भवतीत्यर्थः। तथा ज्ञानार्णवे चोक्तम्। 'मोहेन सह दुर्धर्षे हते घातिचतुष्टये। देवस्य व्यक्तिरूपेण शेषमास्ते चतुष्टयम्॥ सर्वज्ञ क्षीणकर्मासौ केवलज्ञानभास्करः। अन्तर्मुहूर्तशेषायुस्तृतीयं ध्यानमर्हति॥' 'शेषे षण्मासायुषि संवृत्ता ये जिनाः प्रकर्षेण। ते यान्ति समुद्घातं शेषा भाज्याः समुद्घाते॥' 'यदायुरधिकानि स्यु· कर्माणि परमेष्ठिन·। समुद्घातविधिं साक्षात् प्रागेवारभते तदा॥' 'अनन्तवीर्यः प्रथितप्रभावो दण्डं कपाटं प्रतरं विधाय। स लोकमेनं समयैश्चतुर्भिः निःशेषमापूरयति क्रमेण॥ तदा स सर्वगः सार्वः सर्वज्ञः

चौतीस अतिशय और समवसरण आदि विभूतिसे शोभित तथा परमऔदारिक शरीरमें स्थित तीर्थङ्कर देव अथवा अपने योग्य गन्धकुटी आदि विभूतिसे शोभित सामान्य केवली अधिकसे अधिक कुछ कम एक पूर्व कोटि काल तक विहार करते हैं। जब उनकी आयु अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाती है तब वे सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति नामक तीसरे शुक्ल ध्यानको ध्याते हैं। इसके लिये पहले वह बादर काययोगमें स्थित होकर बादर वचन योग और बादर मनोयोगको सूक्ष्म करते हैं। फिर वचनयोग और मनोयोगमें स्थित होकर बादर काययोगको सूक्ष्म करते हैं। उसके पश्चात् सूक्ष्मकाय योगमें स्थित होकर वचन योग और मनोयोगका निरोध कर देते हैं। तब वह सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति ध्यान को ध्याते हैं॥ ज्ञानार्णवमें लिखा है—मोहनीयकर्मके साथ ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन चार दुर्धर्ष घातिया कर्मोंका नाश होजाने पर केवली भगवानके चार अघातिकर्म शेष रहते हैं॥ कर्मरहित और केवलज्ञान रूपी सूर्यसे पदार्थोंको प्रकाशित करनेवाले उस सर्वज्ञकी आयु जब अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाती है तब वह तीसरे शुक्लध्यानके योग्य होते है॥ जो अधिकसे अधिक छः महीनेकी आयु शेष रहने पर केवली होते हैं वे अवश्य ही समुद्घात करते हैं। और जो छः महीने से अधिक आयु रहते हुए केवली होते हैं उनका कोई नियम नहीं है वे समुद्घात करें और न भी करें। अतः जब अरहंत परमेष्ठीके आयुकर्मकी स्थितिसे शेष कर्मोंकी स्थिति अधिक होती है तब वे प्रथम समुद्घातकी विधि आरम्भ करते हैं॥ अनन्तवीर्यके धारी वे केवली भगवान् क्रमसे तीन समयोंमें दण्ड, कपाट और प्रतरको करके चौथे समयमें लोकपूरण करते हैं। अर्थात् मूल शरीरको न छोड़कर आत्माके प्रदेशोंके बाहर निकलनेको समुद्घात कहते हैं। सो केवलीसमुद्घातमें आत्माके प्रदेश प्रथम समयमें दण्डाकार लम्बे, दूसरे समयमें कपाटाकार चौड़े और तीसरे समयमें प्रतररूप तिकोने होते हैं और चौथे समयमें समस्त लोकमें भर जाते हैं॥ तब सर्वगत, सार्व, सर्वज्ञ, सर्वतोमुख, विश्वव्यापी, विभु, भर्ता, विश्वमूर्ति और महेश्वर इन सार्थक नामोंका धारी केवली लोकपूरण करके ध्यानके बलसे तत्क्षण ही कर्मोंको भोगमें लाकर वेदनीय, नाम और गोत्र कर्मकी स्थिति आयुकर्मके समान कर लेता है॥ इसके बाद वह उसी क्रमसे चार समयोंमें लोकपूरणसे लौटता है। अर्थात् लोकपूरणसे प्रतर, कपाट और दण्डरूप होकर चौथे समय आत्मप्रदेश शरीरके प्रमाण हो जाते हैं॥

सर्वतोमुखः । विश्वव्यापी विभुर्भर्ता विश्वमूर्तिर्महेश्वरः ॥ लोकपूरणमासाद्य करोति ध्यानवीर्यतः । आयुःसमानि कर्माणि भुक्तिमानीय तत्क्षणे ॥ ततः क्रमेण तेनैव स पश्चाद्विनिवर्तते । लोकपूरणतः श्रीमांश्चतुर्भिः समयैः पुनः ॥ काययोगे स्थितिं कृत्वा बादरेऽचिन्त्यचेष्टितः । सूक्ष्मीकरोति वाक्चित्तयोगयुग्मं स बादरम् ॥ काययोगं ततस्त्यक्त्वा स्थितिमासाद्य तद्द्वये । स सूक्ष्मीकुरुते पश्चात्काययोगं च बादरम् ॥ काययोगे ततः सूक्ष्मे पुनः कृत्वा स्थितिं क्षणात् । योगद्वयं निगृह्णाति सद्यो वाक्चित्तसंज्ञकम् ॥ सूक्ष्मक्रियं ततो ध्यानं स साक्षाद्ध्यातुमर्हति । सूक्ष्मैककाययोगस्थस्तृतीयं यद्धि पठ्यते ॥' इति ॥ ४८६ ॥ अथ चतुर्थशुक्लध्यानं निरूपयति—

जोग-विणासं किच्चा कम्म-चउक्कस्स खवण-करणट्ठं ।
जं झायदि 'अजोगि-जिणो णिक्किरियं तं चउत्थं' च ॥ ४८७ ॥'

[छाया—योगविनाशं कृत्वा कर्मचतुष्कस्य क्षपणकरणार्थम् । यत् ध्यायति अयोगिजिन. निष्क्रियं च तत् चतुर्थं च ॥] तत् चतुर्थं निष्क्रियं व्युपरतक्रियानिवृत्त्याख्यं शुक्लध्यानं समुच्छिन्नक्रियाध्यानमपराभिधानं भवेत् । तत् किम् । यत् ध्यायति स्मरति । कः । अयोगिजिनः योगातिक्रान्तः चतुर्दशगुणस्थानवर्ती अयोगिकेवलिभट्टारकः पञ्चलघ्वक्षरस्थितिकः । किं कृत्वा ध्यायति । योगविनाशं कृत्वा योगानाम् औदारिककाययोगादिसमस्तयोगानां विनाशः ध्वंसः तं विधाय विनष्टकर्मास्रव इत्यर्थः । किमर्थम् । कर्मचतुष्टयस्य कर्मणां वेदनीयनामगोत्रायुषां चतुष्टयस्य क्षपणकरणार्थं क्षयकरणनिमित्तम् । चतुर्थशुक्लध्यानस्यायोगी स्वामी । यद्यत्र मानसो व्यापारो नास्ति तथाप्युपचारक्रियया ध्यानमित्युपचर्यते । पूर्ववृत्तिमपेक्ष्य घृतघटवत्, यथा घटः पूर्वं घृतेन भृतः पश्चात् रिक्तः कृतः घृतघट आनीयतामित्युच्यते तथा पूर्वं मानसव्यापारत्वात् पुंवेदवद्वेति । तथा ज्ञानार्णवे । 'अयोगी त्यक्तयोगत्वात् केवलोऽत्यन्तनिर्वृतः । साधितात्मस्वभावश्च परमेष्ठी परं प्रभुः ॥' 'द्वासप्ततिर्विलीयन्ते कर्मप्रकृतयो द्रुतम् । उपान्त्ये देवदेवस्य मुक्तिश्रीप्रतिबन्धकाः ॥' 'तस्मिन्नेव क्षणे साक्षादाविर्भवति निर्मलम् । समुच्छिन्नक्रियं ध्यानमयोगिपरमेष्ठिनः ॥ विलयं वीतरागस्य पुनर्यान्ति त्रयोदश । चरमे समये सद्यः पर्यन्ते

जिनकी चेष्टा अचिन्त्य है ऐसे वे केवली भगवान् तब बादर काययोगमें स्थित होकर बादर वचनयोग और बादर मनोयोग को सूक्ष्म करते हैं ॥ पुनः काययोग को छोड़कर वचनयोग और मनोयोगमें स्थित होकर बादर काययोगको सूक्ष्म करते हैं ॥ उसके बाद सूक्ष्म काययोगमें स्थित होकर तत्क्षण ही वचनयोग और मनोयोगका निग्रह करते हैं ॥ उसके बाद सूक्ष्म काययोगमें स्थित हुए केवली भगवान् सूक्ष्मक्रिय नामक तीसरे शुक्लध्यानको ध्यानेके योग्य होते हैं ॥ इस प्रकार तीसरे शुक्ल ध्यानका वर्णन समाप्त हुआ ॥ ४८६ ॥ आगे चौथे शुक्लध्यानका निरूपण करते हैं । **अर्थ**—योगका अभाव करके अयोगकेवली भगवान चार अघातिकर्मोंको नष्ट करनेके लिये जो ध्यान करते हैं वह चौथा व्युपरतक्रियानिवृत्ति नामका शुक्ल ध्यान है ॥ **भावार्थ**—चौदहवें गुणस्थानमें समस्त योगोंका अभाव हो जाता है । इसीसे उसे अयोगकेवली कहते हैं । अयोगकेवली गुणस्थानमें चौथा शुक्ल ध्यान होता है । यद्यपि ध्यानका लक्षण मानसिक व्यापारकी चंचलताको रोकना है और केवलीके मानसिक व्यापार नहीं होता, तथापि ध्यानका कार्य 'कर्मों की निर्जरा' के होनेसे उपचारसे ध्यान माना जाता है । चौथे शुक्लध्यानका वर्णन करते हुए ज्ञानार्णवमें भी कहा है—'योगका अभाव हो जानेसे चौदहवे गुणस्थानवर्ती अयोगी कहलाते हैं, वे परमेष्ठी और उत्कृष्ट प्रभु होते हैं । उन देवाधिदेवके चौदहवें गुणस्थानके उपान्त्य समयमें मोक्षलक्ष्मीकी प्राप्तिमें रुकावट डालनेवाली बहत्तर कर्म प्रकृतियाँ तुरन्त ही नष्ट हो जाती हैं ॥

१ ग अयोगि, म अजोइ । २ ब तं णिक्किरियं च उरथं । ३ ब शुक्लाझणं ॥ एसो इत्यादि ।

या व्यवस्थिताः ॥' 'लघुपञ्चाक्षरोच्चारकालं स्थित्वा ततः परम् । स्वस्वभावाद्व्रजत्यूर्ध्वं शुद्धात्मा वीतबन्धनः ॥' इति । तथा कर्मप्रकृतिग्रन्थे । स एव सयोगिकेवली यद्यन्तर्मुहूर्तावशेषायुष्यस्थितिः ततोऽधिकशेषाघातिकर्मत्रयस्थितिस्तदाष्टभिः समयैर्दण्डकपाटप्रतरलोकपूरणप्रसरणसंहारस्य समुद्घातं कृत्वान्तर्मुहूर्तावशेषितायुष्यस्थितिसमानशेषाघातिकर्मस्थितिः सन् सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिनामतृतीयशुक्लध्यानबलेन कायवाङ्मनोयोगनिरोधं कृत्वा अयोगिकेवली भवति । यदि पूर्वमेव समस्थितिं कृत्वाऽघातिचतुष्टयस्तदा समुद्घातक्रियया विना तृतीयशुक्लध्यानेन योगनिरोधं कृत्वा अयोगिकेवली चतुर्दशगुणस्थानवर्ती भवति । पुन स एवायोगिकेवली व्युपरतक्रियानिवृत्तिनामचतुर्थशुक्लध्यानेन पञ्चलघ्वक्षरोच्चारणमात्रस्वगुणस्थानकालद्विचरम-समये देहादिद्वासप्ततिप्रकृती. क्षपयति । पुनः चरमसमये एकतरवेदनीयादित्रयोदशकर्मप्रकृतीः क्षपयति । तद्विशेषमाह । अयोगिकेवली आत्मकालद्विचरमे अन्यतरवेदनीयं १ देवगतिः २ औदारिकवैक्रियिकाहारकतैजसकार्मणशरीरपञ्चकं ५ तत बन्धनपञ्चकं १२ तत्संघातपञ्चकं १७ सस्थानषट्कं २३ औदारिकवैक्रियिकाहारकशरीराङ्गोपाङ्गत्रयं २६ संहननषट्कं ३२ प्रशस्ताप्रशस्तवर्णपञ्चकं ३७ सुरभिदुरभिगन्धद्वयं ३९ प्रशस्ताप्रशस्तरसपञ्चकं ४४ स्पर्शाष्टकं ५२ देवगत्यानुपूर्व्यम् ५३ अगुरु-लघुत्वम् ५४ उपघातः ५५ परघातः ५६ उच्छ्वासः ५७ प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगतिद्वयं ५९ पर्याप्तिः ६० प्रत्येकशरीरं ६१ स्थिरत्वमस्थिरत्वं ६३ शुभत्वमशुभत्वं ६५ दुर्भगत्वं ६६ सुस्वरत्वं ६७ दुःस्वरत्वम् ६८ अनादेयत्वम् ६९ अयशःकीर्तिः ७० निर्माणं ७१ नीचगोत्रमिति ७२ द्वासप्ततिप्रकृती. व्युपरतक्रियानिवृत्तिनामचतुर्थशुक्लध्यानेन क्षपयति ॥ अयोगिकेवलि-चरमसमये अन्यतरवेदनीयं १ मनुष्यायुः २ मनुष्यगति. ३ पञ्चेन्द्रियजातिः ४ मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्व्यं ५ त्रसत्वं ६ बादरत्वं ७ पर्याप्तकत्वं ८ सुभगत्वम् ९ आदेयत्वं १० यशःकीर्ति. ११ तीर्थकरत्वम् १२ उच्चैर्गोत्रं चेति १३ त्रयोदश प्रकृतीः चतुर्थशुक्लध्यानेन क्षपयति । पुनरपि तद्ध्यानशुक्लचतुष्टयं स्पष्टीकरोति । त्र्येकयोगकाययोगायोगाना पृथक्त्ववितर्कं त्रियोगस्य भवति । मनोवचनकायानामवष्टम्भेनात्मप्रदेशपरिस्पन्दम् आत्मप्रदेशचलनमीदृग्विधं पृथक्त्ववितर्कमाद्यं शुक्लध्यानं भवतीत्यर्थः १ । एकत्ववितर्कशुक्लध्यानं त्रिषु योगेषु मध्ये मनोवचनकायानां मध्ये अन्यतमैकावलम्बेनात्मप्रदेशपरिस्पन्दनम् आत्मप्रदेशचलनं द्वितीयमेकत्ववितर्कं शुक्लध्यानं भवति २ । सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिकाययोगावलम्बनेनात्मप्रदेशचलनं

उसी समय उनके समुच्छिन्नक्रिया नामक निर्मल ध्यान प्रकट होता है ॥ अन्तिम समयमें शेषवर्ती तेरह कर्मप्रकृतियाँ भी नष्ट हो जाती हैं ॥ इस तरह पाँच ह्रस्व अक्षरोंके उच्चारण करनेमें जितना समय लगता है उतने समय तक चौदहवे गुणस्थानमें रहकर वह शुद्धात्मा मुक्त हो जाता है ॥ कर्मप्रकृति नामक ग्रन्थमें भी लिखा है-'यदि सयोगकेवलीके आयु कर्मकी स्थिति अन्तर्मुहूर्त और शेष तीन अघातिकर्मोंकी स्थिति उससे अधिक रहती है तो वे आठ समयमें केवली समुद्घातके द्वारा दण्ड कपाट प्रतर और लोकपूरण रूपसे आत्मप्रदेशोंका फैलाव तथा प्रतर, कपाट, दण्ड और शरीरप्रवेश रूपसे आत्मप्रदेशोंका संकोच करके शेषकर्मोंकी स्थिति आयुकर्मके बराबर करते है । उसके पश्चात् तीसरे शुक्ल ध्यानके बलसे काययोग, वचनयोग और मनोयोगका निरोध करके अयोगकेवली हो जाते है । और यदि सयोगकेवलीके चारों अघातिया-कर्मोंकी स्थिति पहलेसे ही समान होती है तो समुद्घातके विना ही तीसरे शुक्लध्यानके द्वारा योगका निरोध करके चौदहवे गुणस्थानवर्ती अयोगकेवली हो जाते हैं । उसके बाद वह अयोगकेवली व्युपरतक्रियानिवृत्ति नामक चौथे शुक्लध्यानके बलसे अयोगकेवली गुणस्थानके द्विचरम समयमें बहात्तर कर्मप्रकृतियोंका क्षय करता है । फिर अन्तिम समयमें वेदनीय आदि तेरह कर्मप्रकृतियोंका क्षय करता है ॥ इसका खुलासा इस प्रकार है-'अयोगकेवलीके द्विचरम समयमें कोई एक वेदनीय, देवगति, औदारिक वैक्रियिक आहारक तैजस और कार्मण शरीर, पाँच बंधन, पाँच संघात, छः संस्थान, तीन अंगोपांग, छः संहनन, पाँच वर्ण, दो गन्ध, पाँच रस, आठ स्पर्श, देवगत्यानुपूर्व्य,

भवति ३ । व्युपरतक्रियानिवृत्तिशुक्लध्यानमेकमपि योगमवलम्ब्यात्मप्रदेशचलनं भवति ४ । वितर्कः श्रुतं विशेषणं विशिष्टं वा तर्कणं सम्यगूहनं वितर्कः श्रुतं श्रुतज्ञानम् । वितर्क इति कोऽर्थः । श्रुतज्ञानमित्यर्थः । प्रथमं शुक्लध्यानं द्वितीयं च शुक्लध्यानं श्रुतज्ञानबलेन ध्यायते इत्यर्थः । 'वीचारोऽर्थव्यञ्जनयोगसंक्रान्तिः ।' अर्थश्च व्यञ्जनं च योगसंक्रान्तिः अर्थश्च व्यञ्जनं च योगश्च अर्थव्यञ्जनयोगास्तेषां संक्रान्तिः परिवर्तनं वीचारो भवतीति । अर्थो ध्येयो ध्यानीयो ध्यातव्यः पदार्थः द्रव्यं पर्यायो वा १ । व्यञ्जनं वचनं शब्द इति २ । योगः कायवाग्मनःकर्म ३ । संक्रान्तिः परिवर्तनम् । तेनायमर्थः, द्रव्यं ध्यायति द्रव्यं त्यक्त्वा पर्यायं ध्यायति, पर्यायं च परिहृत्य पुनः द्रव्यं ध्यायति इत्येवं पुनः पुनः संक्रमणमर्थसंक्रान्तिरुच्यते १ । तथा श्रुतज्ञानशब्दमवलम्ब्य अन्यं श्रुतज्ञानशब्दमवलम्बते, तमपि परिहृत्यापरं श्रुतज्ञानवचनमाश्रयति । एवं पुनः पुनः श्रुतज्ञानाश्रयमाणश्च व्यञ्जनसंक्रान्तिं लभते २ । तथा काययोगं मुक्त्वा वाग्योगं मनोयोगं वा आश्रयति तमपि विमुच्य काययोगमागच्छति । एवं पुनः पुनः कुर्वन् योगसंक्रान्तिं प्राप्नोति ३ । अर्थव्यञ्जनयोगानां संक्रान्तिः परिवर्तनं वीचारः कथ्यते । तथाहि भव्यवरपुण्डरीकः उत्तमसंहननाविष्टः मुमुक्षुः द्रव्यपरमाणुं द्रव्यस्य सूक्ष्मत्वं भावपरमाणुं पर्यायस्य सूक्ष्मत्वं वा ध्यायन् समारोपितश्रुतज्ञानसामर्थ्यः सन् अर्थव्यञ्जने कायवचसी द्वे च पृथक्त्वेन संक्रामता मनसा असमर्थबालकोद्यमवत् अतीक्ष्णेनापि कुठारादिना चिराद्वृक्षं छिन्दन् इव मोहप्रकृतीरुपशमयन् क्षपयन् वा मुनिः पृथक्त्ववितर्कवीचारध्यानं भजते । स एव पृथक्त्ववितर्कवीचारध्यानभाग् मुनिः समूलतूलं मोहनीयं कर्म निर्दिधक्षन् मोहकारणभूतसूक्ष्मलोभेन सह निर्दग्धुमिच्छन् भस्मसान् कर्तुकामः अनन्तगुणविशुद्धिकं योगविशेषं समाश्रित्य प्रचुरतराणां ज्ञानावरणसहकारिभूतानां प्रकृतीनां बन्धनिरोधस्थितिह्रासौ च कुर्वन् सन् श्रुतज्ञानोपयोगः सन् परिहृतार्थव्यञ्जनसंक्रान्तिः सन् अप्रचलितचेताः क्षीणकषायगुणस्थाने स्थितः सन् वैडूर्यमणिरिव निःकलङ्कः निरुपलेपः सन् पुनरधस्तादनिवर्तमानः एकत्ववितर्कावीचारं ध्यानं ध्यात्वा निर्दग्धघातिकर्मेन्धनो भगवास्तीर्थकरदेवः सामान्यानगारकेवली वा गणधरकेवली वा प्रकर्षेण देशोनां पूर्वकोटीं भूमण्डले विहरति स भगवान् यदा अन्तर्मुहूर्तशेषायुर्भवति अन्तर्मुहूर्तस्थितिवेद्यनामगोत्रश्च भवति तदा सर्वं वाग्योगं

अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त और अप्रशस्त विहायोगति, अपर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, सुस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र, ये बहात्तर प्रकृतियाँ व्युपरतक्रियानिवृत्ति शुक्लध्यानके बलसे क्षय होती हैं । और अन्तिम समयमें कोई एक वेदनीय, मनुष्यायु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, मनुष्यगत्यानुपूर्व्य, त्रस, बादर, पर्याप्त, सुभग, आदेय, यशःकीर्ति, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र ये तेरह प्रकृतियाँ क्षय होती हैं ।' रविचन्द्रकृत आराधनासारमें कहा है– 'कर्मरूपी अटवीको जलानेवाला शुक्लध्यान कषायोंके उपशम अथवा क्षयसे उत्पन्न होता है और प्रकाशकी तरह स्वच्छ स्फटिक मणिकी ज्योतिकी तरह निश्चल होता है । उसके पृथक्त्ववितर्कवीचार आदि चार भेद हैं ॥ चौदह पूर्वरूपी श्रुतज्ञानसम्पत्तिका आश्रय लेकर प्रथम शुक्लध्यान अर्थ, व्यंजन और योगके परिवर्तनके द्वारा होता है ॥ तथा चौदह पूर्वरूपी श्रुत ज्ञानका वेत्ता जिसके द्वारा एक वस्तुका आश्रय लेकर परिवर्तन-रहित ध्यान करता है वह दूसरा शुक्ल ध्यान है ॥ समस्त पदार्थों और उनकी सब पर्यायोंको जाननेवाले केवली भगवान काययोगको सूक्ष्म करके तीसरे शुक्ल ध्यानको करते हैं ॥ और शीलके स्वामी अयोगकेवली भगवान् चौथे शुक्ल ध्यानको करते हैं ॥ आर्तध्यान आदिके छः गुणस्थानोंमें होता है । रौद्रध्यान आदिके पाँच गुणस्थानोंमें होता है और धर्मध्यान असंयत सम्यग्दृष्टिको आदि लेकर चार गुणस्थानोंमें होता है । तथा अपूर्वकरण आदि गुणस्थानोंमें पुण्यपापका अभाव होनेसे विशुद्ध शुक्लध्यान होता है ॥ उपशान्त कषायमें पहला शुक्लध्यान होता है, क्षीण कषायमें दूसरा शुक्लध्यान होता है, सयोग केवलीके तीसरा शुक्लध्यान होता है, और अयोग केवलीके चौथा शुक्लध्यान होता है ॥ इस प्रकार चारों शुक्लध्यानोंका वर्णन समाप्त हुआ । शंका–कुछ लोग

मनोयोगं बादरकाययोगं च परिहृत्य सूक्ष्मकाययोगे स्थित्वा सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिध्यानं समाश्रयति। यदा त्वन्तर्मुहूर्तशेषायुःस्थितिः ततोऽधिकस्थितिवेद्यनामगोत्रकर्मत्रयो भगवान् भवति तदात्मोपयोगातिशयव्यापारविशेषः यथाख्यातचारित्रसहायो महासंवरसहितः शीघ्रतरकर्मपरिपाचनपरः सर्वकर्मरजःसमुड्डायनसमर्थस्वभावः दण्डकपाटप्रतरलोकपूरणानि निजात्मप्रदेशप्रसरणलक्षणानि चतुर्भिः समयैः समुपहरति, ततः समानविहितस्थित्यायुर्वेद्यनामगोत्रकर्मचतुष्कः पूर्वशरीरप्रमाणो भूत्वा सूक्ष्मकाययोगावलम्बनेन सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिध्यानं ध्यायति। कथं दण्डकादिसमुद्धात इति चेदुच्यते। "काउस्सग्गेण ठिओ बारस अंगुलपमाणसमवट्टं। वादूणं लोगुदयं दंडसमुग्घादमेगसमयम्हि ॥ अह उवइट्ठो संतो मूलसरीरप्पमाणदो तिगुणं। बाहल्लं कुणइ जिणो दण्डसमुग्घादमेगसमयम्हि ॥ दण्डपमाणं बहुलं उदयं च कवाडणाम बिदियम्हि। समये दक्खिणवामे आदपदेससप्पणं कुणइ ॥ पुव्वमुहो होदि जिणो दक्खिणउत्तरगदो कवाडो हु। उत्तरमुहो दु जादो पुव्वावरगदो कवाडो हु ॥ वादतयं वज्जित्ता लोगे आदप्पसप्पणं कुणइ। तदिये समयम्हि जिणो पदरसमुग्घादणामो सो ॥ तत्तो चउत्थसमये वादत्तयसहिदलोगसंपुण्णो। होंति हु आदपदेसो सो चेव लोगपूरणो णाम ॥ जस्स ण दु आउसरिसाणि णामगोदाणि वेयणीयं वा। सो कुणदि समुग्घायं णियमेण जिणो ण संदेहो ॥ छम्मासाउगसेसे उप्पण्णं जस्स केवलं णाणं। ते णियमा समुग्घायं सेसेसु हवंति भयणिज्जा ॥ पढमे दंडं कुणइ बिदिये य कवाडयं तहा समये। तिदिये पयरं चेव य चउत्थए लोयपूरणयं ॥ विवरं पंचमसमये जोईमत्थाणयं तदो छट्ठे। सत्तमए य कवाडं संवरइ तदो अट्ठमे दंडं। दंडजुगे ओराल कवाडजुगले य तस्स मिस्सं तु। पदरे य लोयपूरे कम्मेव य होदि णायव्वो ॥" दण्डकद्वयकाले औदारिकशरीरपर्याप्तिः। कपाटयुगले औदारिकमिश्रः। प्रतरयोर्लोकपूरणे च कार्मणः। तत्र अनाहार इति। तदनन्तरं व्युपरतक्रियानिवर्तिनामधेयं समुच्छिन्नक्रियानिवृत्यपरनामकं ध्यानं प्रारभ्यते। समुच्छिन्न प्राणापानप्रचारः सर्वकायवाग्मनोयोगसर्वप्रदेशपरिस्पन्दक्रियाव्यापारश्च यस्मिन् तत्समुच्छिन्नक्रियानिवर्तिध्यानमुच्यते। तस्मिन् समुच्छिन्नक्रियानिवर्तिनि ध्याने सर्वास्रवबन्धनिरोधं करोति सर्वशेषकर्मचतुष्टयविध्वंसनं विदधाति। स भगवान् अयोगिकेवली तस्मिन् काले ध्यानाग्निनिर्दग्धकर्ममलकलङ्कबन्धनः

यह आपत्ति करते हैं कि आजकल शुक्ल ध्यान नहीं हो सकता; क्यों कि एक तो उत्तम संहननका अभाव है, दूसरे दस या चौदह पूर्वोंका ज्ञान नहीं है। इसका समाधान यह है कि इस कालमें शुक्ल ध्यान तो नहीं होता किन्तु धर्मध्यान होता है। आचार्य कुन्दकुन्दने मोक्षप्राभृतमें कहा भी है—'भरतक्षेत्रमें पंचमकालमें ज्ञानी पुरुषके धर्मध्यान होता है वह धर्मध्यान आत्मभावनामें तन्मय साधुके होता है। जो ऐसा नहीं मानता वह अज्ञानी है॥ आज भी आत्मा मन वचन कायको शुद्ध करके ध्यानकरनेसे इन्द्रपद और लौकान्तिक देवत्वको प्राप्त करता है तथा वहाँसे च्युत होकर मोक्ष जाता है॥' तत्त्वानुशासनमें भी कहा है—'जिन भगवानने आज कल यहाँपर शुक्लध्यानका निषेध किया है। तथा श्रेणीसे पूर्ववर्ती जीवोंके धर्मध्यान कहा है॥' तत्त्वार्थसूत्रमें सम्यग्दृष्टि, देशसंयत, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत इन चारोंको धर्मध्यानका स्वामी कहा है॥ धर्मध्यानके दो भेद हैं–मुख्य और औपचारिक। अप्रमत्त गुणस्थानमें मुख्य धर्मध्यान होता है और शेष तीन गुणस्थानोंमें औपचारिक धर्मध्यान होता है। और जो कहा जाता है कि अपूर्वकरण गुणस्थानसे नीचेके गुणस्थानोंमें उत्तम संहनन होने पर ही धर्मध्यान होता है सो आदिके तीन उत्तम संहननोंके अभावमें भी अन्तके तीन संहननोंके होते हुए धर्मध्यान होता है। जैसा कि तत्त्वानुशासनमें कहा है–आगममें जो यह कहा है कि वज्र शरीरवालेके ध्यान होता है सो यह कथन उपशम और क्षपकश्रेणिकी अपेक्षासे है। अतः नीचेके गुणस्थानोंमें ध्यानका निषेध नहीं मानना चाहिये॥ और यह जो कहा है कि दश या चौदह पूर्वोंका ज्ञान होनेसे ध्यान होता है यह भी उत्सर्ग कथन है। अपवाद कथनकी अपेक्षा पाँच समिति और तीन गुप्ति इन आठ प्रवचन माताओंका ज्ञान होनेसे भी ध्यान होता है, और केवल

सन् दूरीकृतकिट्टधातुपाषाणसंजातसार्धषोडशवर्णिकासुवर्णरूपसदृशः परिप्राप्तात्मस्वरूपः एकसमयेन परमनिर्वाणं गच्छति । अत्रान्त्यशुक्लध्यानद्वये यद्यपि चिन्तानिरोधो नास्ति तथापि ध्यानं करोतीत्युपचर्यते । कस्मात् । ध्यानकृत्यस्य योगापहार-स्याघातिघातस्योपचारनिमित्तस्य सद्भावात् । यस्मात् साक्षात्कृतसमस्तवस्तुस्वरूपेऽर्हति भगवति न किंचिद्ध्येयं स्मृतिविषयं वर्तते । तत्र यत् ध्यानं तत् असमकर्मणां समकरणनिमित्तम् । तथैवं निर्वाणसुखं तत्सुखं मोहक्षयात् १, दर्शनं दर्शनावरणक्षयात् २ ज्ञानं ज्ञानावरणक्षयात् ३, अनन्तवीर्यम् अन्तरायक्षयात् ४, जन्ममरणक्षयः आयुःक्षयात् ५, अमूर्तत्वं नामक्षयात् ६, नीचोच्च-कुलक्षयः गोत्रक्षयात् ७, इन्द्रियजनितसुखक्षयः वेद्यक्षयात् ८ । इति तत्त्वार्थसूत्रोक्तं निरूपितम् । तथा चारित्रसारे ध्यान-विचारः । शुक्लध्यानं द्विविधं पृथक्त्ववितर्कवीचारमेकत्ववितर्कावीचारमिति शुक्लं, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिसमुच्छिन्नक्रियानिवृत्तीनि परमशुक्लमिति । तद्विविधं बाह्यमाध्यात्मिकमिति । गात्रनेत्रपरिस्पन्दविरहितं जृम्भजृम्भोद्गारादिवर्जितम् उच्छिन्नप्राणापान-चारत्वम् अपराजितत्वं बाह्यं तदनुमेयं परेषाम् आत्मानं स्वसंवेद्यमाध्यात्मिकं तदुच्यते । पृथक्त्वं नानात्वं, वितर्को द्वादशाङ्ग-श्रुतज्ञानं, वीचारो अर्थव्यञ्जनयोगसंक्रान्तिः, व्यञ्जनमभिधानं, तद्विषयोऽर्थः, मनोवाक्कायलक्षणा योगाः, अन्योन्यतः परि-वर्तनं संक्रान्तिः । पृथक्त्वेन वितर्कस्य अर्थव्यञ्जनयोगेषु संक्रान्तिः वीचारो यस्मिन्नस्तीति तत्पृथक्त्ववितर्कवीचारं प्रथमं शुक्लम् । अनादिसंभूतदीर्घसंसारस्थितिसागरपारं जिगमिषुर्मुमुक्षुः स्वभावविजृम्भितपुरुषाकारसामर्थ्यात् द्रव्यपरमाणुं भाव-परमाणुं वा एकमवलम्ब्य संहृताशेषचित्तविक्षेपः महासंवरसंवृतः कर्मप्रकृतीनां स्थित्यनुभागौ ह्रासयन् उपशमयन् क्षपयंश्च परमबहुकर्मनिर्जरास्त्रिषु योगेषु अन्यतमस्मिन्वर्तमानः एकस्य द्रव्यस्य गुणं वा पर्यायं वा कर्म बहुनयगहनानि-लीनं पृथक्त्वेनान्तर्मुहूर्तकालं ध्यायति, ततः परमार्थान्तरं संक्रामति । अथवा अस्यैवार्थस्य गुणं वा पर्यायं वा संक्रामति पूर्वयोगात् योगान्तरं व्यञ्जनात् व्यञ्जनान्तरं संक्रामतीति अर्थादर्थान्तरं गुणाद्गुणान्तरं पर्यायपर्या-यान्तरेषु योगत्रयसंक्रमणेन तस्यैव ध्यानस्य द्वाचत्वारिंशद्भङ्गा भवन्ति । तद्यथा । षण्णां जीवादिपदार्थानां क्रमेण ज्ञानावरणगतिस्थितिवर्तनावगाहनादयो गुणास्तेषां विकल्पाः पर्यायाः । अर्थादन्योऽर्थः अर्थान्तरं गुणादन्यो

ज्ञान भी होता है । यदि ऐसा अपवादकथन नहीं है तो 'अपने रचे हुए दो तीन पदों को घोखते हुए शिवभूति केवली होगया' भगवती आराधनाका यह कथन कैसे घटित हो सकता है ? शायद कोई कहे कि पाँच समिति और तीन गुप्ति रूप तो द्रव्य श्रुतका ज्ञान होता है किन्तु भावश्रुतका सम्पूर्ण ज्ञान होता है । किन्तु ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्यों कि यदि पाँच समिति और तीन गुप्तिके प्रतिपादक द्रव्यश्रुतको जानता है तो 'मा रूसह मा दूसह' इस एक पदको क्या नहीं जानता ? अतः आठ प्रवचनमाताप्रमाणही भावश्रुत है द्रव्यश्रुत कुछ भी नहीं है । यह व्याख्यान हमारा कल्पित नहीं है किन्तु चारित्रसार आदि ग्रन्थोंमें भी ऐसाही कथन है । यथा–'अन्तर्मुहूर्तके पश्चात्ही जिन्हें केवलज्ञान उत्पन्न होजाता है ऐसे क्षीणकषाय गुणस्थानवर्तियोंको निर्ग्रन्थ कहते हैं । उनको उत्कृष्टसे चौदह पूर्वरूपी श्रुतका ज्ञान होता है और जघन्यसे पाँच समिति और तीन गुप्तिमात्रका ज्ञान होता है । कुछ लोग यह शंका करते हैं कि मोक्षके लिये ध्यान किया जाता है किन्तु आजकल मोक्ष नहीं होता, अतः ध्यान करना निष्फल है । किन्तु ऐसी आशंका ठीक नहीं है क्यों कि आजकल भी परम्परासे मोक्ष हो सकता है । जिसका खुलासा यह है–शुद्धात्माकी भावनाके बलसे संसारकी स्थितिको कम करके जीव स्वर्गमें जाते हैं । और वहाँसे आकर रत्नत्रयकी भावनाको प्राप्त करके मुक्त हो जाते हैं । भरत चक्रवर्ती, सगर चक्रवर्ती, रामचन्द्र, पाण्डव वगैरह जो भी मुक्त हुए वे भी पूर्वभवमें भेद और अभेदरूप रत्नत्रयकी भावनासे संसारकी स्थितिको कम करकेही पीछेसे मुक्त हुए । अतः सबको उसी भवसे मोक्ष होता है ऐसा नियम नहीं है ॥ इस तरह उक्त प्रकारसे थोडेसे श्रुतज्ञानसे भी ध्यान होता है ॥ ध्यानके दो भेद भी हैं–सविकल्पक और निर्विकल्पक । धर्मध्यान सविकल्पक होता है

गुणः गुणान्तरं पर्यायादन्यः पर्यायः पर्यायान्तरम् एवमर्थादर्थान्तरगुणगुणान्तरपर्यायपर्यायान्तरेषु षट्सु योगत्रय-संक्रमणाद् अष्टादश भङ्गा भवन्ति १८। अर्थाद्गुणगुणान्तरपर्यायपर्यायान्तरेषु चतुर्षु योगत्रयसंक्रमणेन द्वादश भङ्गा भवन्ति १२। एवमर्थान्तरस्यापि द्वादश भङ्गा भवन्ति १२। सर्वे पिण्डिता द्वाचत्वारिंशद्भङ्गा भवन्ति ४२। एवंविधप्रथम-शुक्लध्यानमुपशान्तकषायेऽस्ति क्षीणकषायस्यादौ अस्ति। तत् शुक्लतरलेश्याबलाधानम् अन्तर्मुहूर्तकालपरिवर्तनं क्षायोप-शमिकभावम् उपात्तार्थव्यञ्जनयोगसंक्रमणं चतुर्दशदशनवपूर्वधरयतिवृषभनिषेव्यमुपशान्तक्षीणकषायविषयभेदात् स्वर्गापवर्ग-गतिफलदायकमिति। उत्कृष्टेन कियद्वारम् उपशमश्रेणीमारोहतीति प्रश्ने प्राह। 'चत्तारि वारसमुवसमसेढिं समारुहदि खविद-कम्मंसो। बत्तीसं वाराइं संजममुवलहिय णिव्वादि॥' उपशमश्रेणिमुत्कृष्टेन चतुर्वारानेवारोहति क्षपितकर्मांशो जीवः। उपरि नियमेन क्षपकश्रेणिमेवारोहति। संयममुत्कृष्टेन द्वात्रिंशद्वारान् प्राप्य ततो नियमेन निर्वात्येव निर्वाणं प्राप्नोत्येव॥ द्वितीय-शुक्लध्यानमुच्यते। एकस्य भावः एकत्वं, वितर्कों द्वादशाङ्गः, [अवीचारोऽसंक्रान्तिः। एकत्वेन वितर्कस्य श्रुतस्यार्थव्यञ्जन-योगानामवीचारोऽसंक्रान्तिर्यस्मिन् ध्याने तदेकत्ववितर्कावीचारं ध्यानम्।] एकयोगेन अर्थगुणपर्यायेष्वन्यतममन्यस्मिन्नव-स्थानं पूर्ववित्पूर्वधरयतिवृषभनिषेव्यं द्रव्यभावात्मकज्ञानदर्शनावरणान्तरायघातिकर्मत्रयवेदनीयप्रभृत्यघातिकर्मसु केषाञ्चि-द्द्रावकर्मविनाशनसमर्थमुत्तमतपोऽतिशयरूपं पूर्वोक्तक्षीणकषायावशिष्टकालभूमिकम्, असंख्यातगुणश्रेणिकर्मनिर्जरं भवति। एवंविधद्वितीयशुक्लध्यानेन घातित्रयविनाशानन्तरं केवलज्ञानदर्शनादिसंयुक्तो भगवान् तीर्थंकर इतरो वा उत्कृष्टेन देशोनपूर्व-कोटिकालं विहरति सयोगिभट्टारकः। स यदा अन्तर्मुहूर्तशेषायुष्कः समस्थितिवेद्यनामगोत्रश्च भवति, तदा बादरकाययोगे स्थित्वा क्रमेण बादरमनोवचनोच्छ्वासनिःश्वासं बादरकायं च निरुध्य ततः सूक्ष्मकाययोगे स्थित्वा क्रमेण सूक्ष्ममनोवचनो-च्छ्वासनिःश्वासं निरुध्य सूक्ष्मकाययोगः स्यात्। स एव सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिध्यानं तृतीयमिति। यदा पुनरन्तर्मुहूर्तशेषायुष्कः तदधिकस्थितिकर्मांश. सयोगिजिनः समयैकखण्डके चतुःसमये दण्डकपाटप्रतरलोकपूर्णाभिस्स्वात्मप्रदेशविसर्पणे जाते ताव-द्भिरेव समयैरुपसंहृतप्रदेशविसर्पणः आयुष्यसमीकृताघातित्रयस्थितिः निर्वर्तितसमुद्धातक्रिय· पूर्वशरीरपरिमाणो भूत्वा

और शुक्लध्यान निर्विकल्पक होता है। आर्त और रौद्रध्यानको छोड़कर अपनी आत्मामें मनको लय करके आत्मसुख स्वरूप परमध्यानका चिन्तन करना चाहिये। परमध्यानही वीतराग परमानन्द सुखस्वरूप है, परमध्यान ही निश्चय मोक्षमार्गस्वरूप है। परमध्यानही शुद्धात्मस्वरूप है, परम ध्यानही परमात्म स्वरूप है, एक देश शुद्ध निश्चय नयसे अपनी शुद्ध आत्माके ज्ञानसे उत्पन्न हुए सुखरूपी अमृतके सरोवरमें राग आदि मलसे रहित होनेके कारण परमध्यान ही परमहंसस्वरूप है, परमध्यानही परमविष्णु स्वरूप है, परमध्यानही परम शिवस्वरूप है, परम ध्यानही परम बुद्ध स्वरूप है, परमध्यान ही परम जिनस्वरूप है, परम ध्यानही स्वात्मोपलब्धिलक्षण रूप सिद्धस्वरूप है, परम ध्यान ही निरंजन स्वरूप है, परम ध्यानही निर्मल स्वरूप है, परम ध्यानही स्वसंवेदन ज्ञान है, परमध्यान ही शुद्ध आत्मदर्शन है, परम ध्यान ही परमात्मदर्शनरूप है, परम ध्यानही ध्येयभूत शुद्ध पारिणामिक भाव स्वरूप है, परम ध्यान ही शुद्ध चारित्र है, परम ध्यान ही अत्यन्त पवित्र है, परम ध्यान ही परमतत्त्व है, परम ध्यान ही शुद्ध आत्मद्रव्य है, क्यों कि वह शुद्ध आत्मद्रव्यकी उपलब्धिका कारण है, परमध्यान ही उत्कृष्ट ज्योति है, परमध्यान ही शुद्ध आत्मानुभूति है, परमध्यान ही आत्म-प्रतीति है, परमध्यान ही आत्मसंवित्ति है, परमध्यान ही स्वरूपकी उपलब्धिमें कारण होनेसे स्वरूपो-पलब्धि है, परम ध्यान ही नित्योपलब्धि है, परमध्यान ही उत्कृष्ट समाधि है, परमध्यान ही परमानन्द है, परमध्यान ही नित्य आनन्दस्वरूप है, परमध्यान ही सहजानन्द है, परमध्यान ही सदा आनन्दस्वरूप है, परमध्यान ही शुद्ध आत्मपदार्थके अध्ययनरूप है, परमध्यान ही परम स्वाध्याय है, परमध्यान ही निश्चय मोक्षका उपाय है, परमध्यान ही एकाग्रचिन्ता-निरोध (एक विषयमें मनको लगाना) है,

अन्तर्मुहूर्तेन पूर्ववत् क्रमेण योगनिरोधं कृत्वा सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिध्यानं निष्ठापयन् तत्समये समुच्छिन्नक्रियानिवृत्तिध्यानं प्रारब्धुमर्हति । तत्पुनः अत्यन्तपरमशुक्लं समुच्छिन्नप्राणापानप्रचारसर्वकायवाङ्मनोयोगप्रदेशपरिस्पन्दनक्रियाव्यापारतया समुच्छिन्नक्रियानिवृत्तीत्युच्यते । तद्बलेन ब्यशीतिप्रकृतीः क्षपयित्वा मोक्षं गच्छतीत्यर्थः ॥ तथा द्रव्यसंग्रहोक्तं च । तद्यथा । पृथक्त्ववितर्कवीचारं तावत्कथ्यते द्रव्यगुणपर्यायाणां भिन्नत्वं पृथक्त्वं भण्यते स्वशुद्धात्मानुभूतिलक्षणं भावश्रुतं तद्वाचकम् अन्तर्जल्पनं वा वितर्को भण्यते । अनीहितवृत्त्यार्थान्तरपरिणमनं वचनाद्वचनान्तरपरिणमनं मनोवचनकाययोगेषु योगाद्योगान्तरपरिणमनं वीचारो भण्यते । अत्रायमर्थः । यद्यपि ध्याता पुरुषः स्वशुद्धात्मसंवेदनं विहाय बहिश्चिन्तां न करोति, तथापि यावतांशेन स्वरूपे स्थिरत्वं नास्ति तावतांशेनानीहितवृत्त्या विकल्पाः स्फुरन्ति, तेन कारणेन पृथक्त्ववितर्कवीचारं ध्यानं भण्यते । तच्चोपशमश्रेणिविवक्षायामपूर्वोपशमिकानिवृत्त्युपशमिकसूक्ष्मसांपरायोपशमिकोपशान्तकषायपर्यन्तगुणस्थानचतुष्टये भवति । क्षपकश्रेण्यां पुनरपूर्वकरणक्षपकानिवृत्तिकरणक्षपकसूक्ष्मसांपरायक्षपकाभिधानगुणस्थानत्रये चेति प्रथमं शुक्लध्यानं व्याख्यातम् ॥ द्वितीयशुक्लध्यानं पूर्वं कथितमस्ति ॥ सूक्ष्मकायक्रियाव्यापाररूपं च तदप्रतिपाति च सूक्ष्मक्रियाऽप्रतिपातिसंज्ञं तृतीयशुक्लध्यानं, तच्चोपचारेण सयोगिकेवलिजिने भवतीति ॥ विशेषेणोपरता निवृत्ता क्रिया यत्र तद्व्युपरतक्रियं व्युपरतक्रियं च तदनिवृत्ति च अनिवर्तकं च तद्व्युपरतक्रियानिवृत्तिसंज्ञं चतुर्थं शुक्लध्यानम् । तच्चोपचारेण अयोगिकेवलिजिने स्यात् ॥ तथा रविचन्द्रकृताराधनासारे । "आकाशस्फटिकमणिज्योतिर्वा निश्चलं कषायाणाम् । प्रशमक्षयजं शुक्लध्यानं कर्माटवीदहनम् ॥ सपृथक्त्ववितर्कान्वितवीचारप्रभृतिभेदभिन्नं तत् । ध्यानं चातुर्विध्यं प्राप्नोतीत्याहुराचार्याः ॥ अर्थेष्वेकं पूर्वश्रुतजनितज्ञानसंपदाश्रित्य । त्रिविधात्मकसंक्रान्त्या ध्यायत्याद्येन शुक्लेन ॥ वस्त्वेकं पूर्वश्रुतवेदी प्रव्यक्तमाश्रितो येन । ध्यायति संक्रमरहितं शुक्लध्यानं द्वितीयं तत् ॥ कैवल्यबोधनोऽर्थान् सर्वांश्च सपर्यायांस्तृतीयेन । शुक्लेन ध्यायति वै सूक्ष्मीकृतकाययोगः सन् ॥ शैलेशितामुपेतो युगपद्विश्वार्थसंकुलं सद्यः । ध्यायत्यपेतयोगो येन तु शुक्लं चतुर्थं तत् ॥ आद्येष्वार्तध्यानं षट्स्वपि रौद्रं च पञ्चसु गुणेषु । धर्ममसंयतसम्यग्दृष्ट्यादिषु भवति हि चतुर्षु ॥ तत्त्वज्ञानमुदासीनमपूर्वकरणादिषु । शुभाशुभमलाभावाद्विशुद्धं शुक्लमभ्यधुः ॥ उपशमितकषाये प्रथमं क्षीणकषाये द्वितीयशुक्लं तु । भवति तृतीयं योगिनि केवलिनि चतुर्थमुपयोगे ॥ इति चतुर्विधशुक्लध्यानव्याख्यानं समाप्तम् । किमप्याक्षेपं तन्निराकरणं चात्र शिष्यगुरुभ्यां क्रियते । अथ काले ध्यानं नास्ति, कुतश्चेत्, उत्तमसंहननाभावात् दशचतुर्दशपूर्वगतश्रुतज्ञानाभावाच्च । अत्र परिहारः शुक्लध्यानं नास्ति, धर्मध्यानमस्तीति । तथा चोक्तं मोक्षप्राभृते श्रीकुन्दकुन्दाचार्यैः । "भरहे दुस्समकाले धम्मज्झाणं हवेइ णाणिस्स । तं अप्पसहावठिए ण हु मण्णइ सो दु अण्णाणी ॥ अज्ज वि तियरणसुद्धा अप्पा झाऊण लहहि इंदत्तं । लोयंतियदेवत्तं तत्थ चुया णिव्वुदिं जंति ॥"

